संस्कृत-वाङ्मय का बृहद् इतिहास

अष्टादश-खण्ड
प्रकीर्ण-खण्ड

(कलाशास्त्र, संगीतशास्त्र, नाट्य, नृत्य एवं शिल्पशास्त्र, कामशास्त्र, क्रीडा-व्यायाम एवं कृषिशास्त्र, स्थापत्यशास्त्र)

प्रधान सम्पादक
स्व. पद्मभूषण आचार्य श्री बलदेव उपाध्याय
स्व. प्रो. श्रीनिवास रथ

सम्पादक
प्रो. श्रीकिशोर मिश्र

उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान
लखनऊ

प्रधान संपादक

पद्मभूषण आचार्य
बलदेव उपाध्याय

संक्षिप्त परिचय

जन्मस्थान - ग्राम-सोनवरसा, जनपद-बलिया (उ.प्र.)

जन्मतिथि - आश्विन शुक्ल द्वितीया वि.सं. १९५६ (१० अक्टूबर, १८९९ ई.)

मृत्यु - १० अगस्त, १९९९ ई.

उच्च शिक्षा - एम.ए. (संस्कृत) १९२२ ई., काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी। साहित्याचार्य १९२५ ई. काशीस्थ संस्कृत विश्वविद्यालय।

कार्यक्षेत्र - काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (संस्कृत विभाग) में ३८ वर्षों तक अध्यापन। सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में १९६२-१९६८ तक पुराण विभागाध्यक्ष तथा अनुसंधान संस्थान निदेशक।

प्रमुख कृतियाँ- संस्कृत में - भरतनाट्यशास्त्रम्, भामहकाव्यांलकारः, अग्निपुराणम्, विमर्शचिन्तामणिः, भक्तिचन्द्रिका, प्राकृतप्रकाशः, पारसीक प्रकाशः, आदि।

हिन्दी में - भारतीय दर्शन, संस्कृत साहित्य का इतिहास, वैदिक साहित्य और संस्कृति, बौद्धदर्शन मीमांसा, भारतीय वाङ्मय में श्रीराधा, आचार्य शंकर, भारतीय साहित्य शास्त्र, संस्कृत शास्त्रों का इतिहास, काशी की पाण्डित्य परम्परा आदि २८ ग्रन्थ।

पुरस्कार - मङ्गला प्रसाद पुरस्कार, डालमिया पुरस्कार, उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान प्रदत्त विशिष्ट एवं विश्वभारती पुरस्कार।

मानद उपाधियाँ - सर्टिफिकेट ऑफ आनर-राष्ट्रपति जाकिर हुसैन १९६७ ई.

वाचस्पति - सं.सं. विश्वविद्यालय, वाराणसी १९७७ ई.

पद्मभूषण - राष्ट्रपति ज्ञानी जैलसिंह १९८३ ई.

संस्कृत-वाङ्मय का बृहद् इतिहास

अष्टादश-खण्ड
प्रकीर्ण-खण्ड

(कलाशास्त्र, संगीतशास्त्र, नाट्य, नृत्य एवं शिल्पशास्त्र कामशास्त्र, क्रीडा-व्यायाम एवं कृषिशास्त्र, स्थापत्यशास्त्र)

प्रधान सम्पादक

स्व. पद्मभूषण आचार्य श्री बलदेव उपाध्याय

स्व. प्रो. श्रीनिवास रथ

सम्पादक

प्रो. श्रीकिशोर मिश्र

आचार्य, संस्कृत विभाग

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी

उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान

लखनऊ

प्रकाशक :
रामकिशोरपाण्डेयः
निदेशक :
उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ

प्राप्तिस्थान :
विक्रय विभाग
उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, नया हैदराबाद,
लखनऊ-226 007
फोन : 2780251, फैक्स : 2781352
ई-मेल : **nideshak@upsansthanam.org**

प्रथम संस्करण :
वि.सं. 2074 (2017 ई.)
प्रतियाँ : 1100
मूल्य : 400/- (चार सौ रुपये)
© उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ

मुद्रक : **शिवम् आर्ट्स,** निशातगंज, लखनऊ।
दूरभाष : 0522-4104922, मो. 9415061690 e-mail : shivamarts.lko@gmail.com

प्रकाशकीय

''संस्कृत वाङ्मय का वृहद् इतिहास'' का अष्टादश खण्ड ''प्रकीर्ण खण्ड'' के प्रथम संस्करण का प्रकाशन हो रहा है, सन्तोष का विषय है। संस्कृत वाङ्मय के वृहद् इतिहास के अष्टादश खण्ड में भारत के विभिन्न कलाओं, वाङ्मय में मूल्य नाट्य शास्त्र, हस्त मुद्राओं आदि का सुन्दर वर्णन इस खण्ड के लेखकों द्वारा अत्यन्त ही परिश्रम पूर्वक सुव्यवस्थित तरीके से शास्त्र को ध्यान में रखते हुए पूर्ण किया गया है, इस कार्य हेतु मैं इस खण्ड के सभी लेखकों के प्रति आभार प्रकट करता हूँ।

भारतीय संस्कृत मानव जीवन को ही अनुष्ठानपरक बनाने की प्रेरणा प्रदान करती है। यही कारण ही भारतीय संस्कृति की अजस्रधारा को प्रवाहित करने वाली भाषा देववाणी संस्कृत के माध्यम से ही भारतीय जीवन-दर्शन में समस्त संस्कार सम्पादित किये जाते हैं।

उ.प्र. संस्कृत संस्थान, संस्कृत भाषा, भारतीय संस्कृति और संस्कार को जन-जन से परिचित कराने के लिए कृत संकल्पित संस्थान है।

प्रस्तुत खण्ड जिस अर्थ में एक साहित्य के इतिहास से अपेक्षा की जा सकती है उसकी बहुत कुछ पूर्ति में समर्थ होगा ऐसा मुझे विश्वास है। इसके अध्याय के सभी लेखक साहित्य के विकास ग्रहण करते हुए काव्यरूपों तथा शैलियों से सुपरिचित ही नहीं, स्वयं निर्माण में दक्ष भी हैं। प्राचीन एवं आधुनिक युग के भारतीय नाट्यशास्त्र, हस्त मुद्रा, ललित कलाएँ आदि को भी आत्मसात् करते हुए अपनी गुणग्राहिणी दृष्टि का भी परिचय दिया है। इस कारण भी यह खण्ड उपयोगी होगा, ऐसा मेरा विश्वास है।

संस्कृत के क्षेत्र में अब भी स्वतन्त्र आधुनिक समीक्षा दृष्टि का विकास हुआ हो, यह मेरे संज्ञान में नहीं है, यदि नहीं हुआ हो तो प्रबुद्ध संस्कृतज्ञ समाज को इस दिशा में ध्यान देना चाहिए। प्राचीन आचार्यों के द्वारा निर्दिष्ट मार्ग पर चलते हुए आज के युग में, प्रकाश में आ रहे साहित्य का पर्यालोचन अवश्य करना चाहिए। तभी साहित्य को गति और दिशा मिल सकेगी। अन्यथा उसके गतिहीन तथा दिशाहीन होने का भय बना रहेगा।

इस इतिहास में, न केवल आधुनिक काल के संस्कृत रचनाकारों का समावेश हुआ है प्रत्युत समकालिक संस्कृत के रचनाकारों का साहित्य भी अधिक मात्रा में चर्चित हुआ है। इससे समकालिक रचनाकारों में उत्साहसंवर्धन के साथ और भी स्तरीय रचनाओं के निर्णय की प्रवृत्ति स्फरित होगी और संस्कृत का आधुनिक तथा समकालिक साहित्य अन्य भारतीय भाषाओं के साहित्य के बीच देवीयमान होगा।

अन्त में इस खण्ड के प्रथम संस्करण के प्रकाशन कराने में अपेक्षित सहयोग देने वाले संस्थान के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्री दिनेश कुमार मिश्र एवं सर्वेक्षक/प्रकाशनाधिकारी श्री महेन्द्र कुमार पाठक को साधुवाद देता हूँ।

राम किशोर पाण्डेय

निदेशक

भूमिका

अपारकरुणापारावारीणस्य दयानिधेः
वन्द्यस्य व्याहरन्नाम प्रारभे परमात्मनः
संसारनाट्यनिर्माणे यावकाशविधानतः
पूर्वरङ्गायते व्योममूर्तिं तां शांकरीं नुमः।।

यस्तन्मयाद् हृदयसंवदनक्रमेण
द्राक् चित्रशक्तिगणभूमिविभागभागी
हर्षोल्लसत्परविकारजुषः करोति
वन्देतमां तमहमिन्दुकलावतंसम्।।

कंवासूत्राम्बुपात्रं वहति करतले पुस्तकं ज्ञानसूत्रं
हंसारूढस्त्रिनेत्रः शुभमुकुटशिराः सर्वतो वृद्धकायः
त्रैलोक्यं येन सृष्टं सकलसुरगृहं राजहर्म्यादिसर्वं
देवोऽसौ सूत्रधारो जगदखिलहितः पातु वो विश्वकर्म्मा।।

सर्वसूत्रधारः परिमाणगजापरपर्यायं कंवादण्डं मानसूत्रं जलपात्रं ज्ञानमूलं पुस्तकं च चतुर्षु हस्तेषु धारयन् सर्वशिराः परमो देवो जगच्छिल्पमातनोतीति भारतीयपारम्पर्यविदां हृत्सम्मितं मतम्। तद्देवशिल्पमुपदिशत्यैतरेयश्रुतिः-**'शिल्पानि शंसन्ति देवशिल्पानि, एतेषां वै शिल्पानामनुकृतीह शिल्पमधिगम्यते, हस्ती कंसो वासो हिरण्यमश्वतरीरथः शिल्पम्, इति।** अत्राकार-समञ्जन-(प्रकाशन)-परिधाना-लङ्करणो-पकरणानामुपलक्षणं क्रमशः श्रुतौ। तदिदं शिल्पं भारतीयानामात्मानुभवेनात्मसंस्करणमेव। यथाह चैतरेयश्रुतिः-**यदेव शिल्पानि आत्मसंस्कृतिर्वाव शिल्पानि, च्छन्दोमयं वा एतैर्यजमान आत्मानं संस्कुरुते** (ऐ0 6/5/1) इति। अत्र सायणार्यः-शिल्पानि जीवात्मनः संस्कारकारणानि, तस्मादेतैर्यजमानो जीवात्मानं छन्दोमयं वेदमयो यथाभवति तथा संस्कुरुते, इत्याह। वस्तुतस्तु अज्ञानोपहितचैतन्ये आवरणापाकरणेन शुद्धब्रह्मानुभव एवात्मसंस्कृतिरुपदिष्टा। तदेवाद्वयत्वं शिल्पम्। तदनुकरणेन मानुषशिल्पेपि द्रष्टृदृश्ययोरद्वयभाव एव भारतीयशिल्पतत्त्वम्। स्वात्मस्थं कृत्स्नमप्यवैकल्येन निर्माता निर्मितावादधाति। तदेवं निर्मितिनिर्मात्रोरद्वैतं शिल्पम्। यथाह विश्वोत्तीर्णस्य विश्वमयत्वं श्रुतिः-**तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशदिति।** एवंविधया ज्ञानज्ञेययोरप्यैकात्म्यं भवति। अतश्चोदीरिता भगवती ज्ञानज्ञेयस्वरूपिणी सहस्रनामसु।

भूमिका

अपारकरुणापारावारीणस्य दयानिधेः
वन्द्यस्य व्याहरन्नाम प्रारभे परमात्मनः
संसारनाट्यनिर्माणे यावकाशविधानतः
पूर्वरङ्गायते व्योममूर्तिं तां शांकरीं नुमः।।

यस्तन्मयाद् हृदयसंवदनक्रमेण
द्राक् चित्रशक्तिगणभूमिविभागभागी
हर्षोल्लसत्परविकारजुषः करोति
वन्देतमां तमहमिन्दुकलावतंसम्।।

कंवासूत्राम्बुपात्रं वहति करतले पुस्तकं ज्ञानसूत्रं
हंसारूढस्त्रिनेत्रः शुभमुकुटशिराः सर्वतो वृद्धकायः
त्रैलोक्यं येन सृष्टं सकलसुरगृहं राजहर्म्यादिसर्वं
देवोऽसौ सूत्रधारो जगदखिलहितः पातु वो विश्वकर्म्मा।।

सर्वसूत्रधारः परिमाणगजापरपर्यायं कंवादण्डं मानसूत्रं जलपात्रं ज्ञानमूलं पुस्तकं च चतुर्षु हस्तेषु धारयन् सर्वशिराः परमो देवो जगच्छिल्पमातनोतीति भारतीयपारम्पर्यविदां हृत्सम्मितं मतम्। तद्देवशिल्पमुपदिशत्यैतरेयश्रुतिः-**'शिल्पानि शंसन्ति देवशिल्पानि, एतेषां वै शिल्पानामनुकृतीह शिल्पमधिगम्यते, हस्ती कंसो वासो हिरण्यमश्वतरीरथः शिल्पम्, इति।** अत्राकार-समञ्जन-(प्रकाशन)-परिधाना-लङ्करणो-पकरणानामुपलक्षणं क्रमशः श्रुतौ। तदिदं शिल्पं भारतीयानामात्मानुभवेनात्मसंस्करणमेव। यथाह चैतरेयश्रुतिः-**यदेव शिल्पानि आत्मसंस्कृतिर्वाव शिल्पानि, च्छन्दोमयं वा एतैर्यजमान आत्मानं संस्कुरुते** (ऐ0 6/5/1) इति। अत्र सायणार्यः-शिल्पानि जीवात्मनः संस्कारकारणानि, तस्मादेतैर्यजमानो जीवात्मानं छन्दोमयं वेदमयो यथाभवति तथा संस्कुरुते, इत्याह। वस्तुतस्तु अज्ञानोपहितचैतन्ये आवरणापाकरणेन शुद्धब्रह्मानुभव एवात्मसंस्कृतिरुपदिष्टा। तदेवाद्वयत्वं शिल्पम्। तदनुकरणेन मानुषशिल्पेपि द्रष्टृदृश्ययोरद्वयभाव एव भारतीयशिल्पतत्त्वम्। स्वात्मस्थं कृत्स्नमप्यवैकल्येन निर्माता निर्मितावादधाति। तदेवं निर्मितिनिर्मात्रोरद्वैतं शिल्पम्। यथाह विश्वोत्तीर्णस्य विश्वमयत्वं श्रुतिः-**तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशदिति।** एवंविधया ज्ञानज्ञेययोरप्यैकात्म्यं भवति। अतश्चोदीरिता भगवती ज्ञानज्ञेयस्वरूपिणी सहस्रनामसु।

शिल्पशास्त्रस्य श्रुतिमूलकता

अथ शिल्पं द्वेधा-अपूर्वकौशलकरणम्, प्रतिरूपकरणं च। यत्र प्रकृतिदृष्टस्यार्थस्य भूयसा वैरूप्यमेव संसाधयितुमिष्यते तदाद्यम्। यत्र तु प्रकृतिदृष्टस्यार्थस्य भूयसानुरूप्यमेव संसाधयितुमिष्यते तद् द्वितीयम्। तत्र-(का. सं. 37/9, तै0ब्रा0 2/7/15/2)

येभिः शिल्पैः पप्रथानामदृंहद् येभिर्द्यामभ्यपिंशत् प्रजापतिः।
येभिर्वाचं विश्वरूपेभिरव्ययन् तेनेममग्न इह वर्चसा समङ्धि।।
यत्ते शिल्पं कश्यप रोचनावद् इन्द्रियावत् पुष्कलं चित्रभानु।
यस्मिन् सूर्या अर्पिताः सप्त साकं तस्मिन् राजानमधिविश्रयेमम्।।

इति मन्त्रवर्णकसिद्धमाद्यप्रकारं शिल्पं दैशिकावच्छेदरूपं वा स्यात्परिमाणावच्छेदरूपं वेति तस्य वाजसनेयश्रुत्युक्तेषु मा-प्रमा-प्रतिमाभेदेषु माप्रमयोरेवान्तर्भावः। यत्तु **'यद्वै प्रतिरूपं तच्छिल्पम्'** (3/2/1/5) इति शतपथश्रुतिबोधितमनुकरणलक्षणं तद् द्वितीयं शिल्पम्।

अत्रैतरेयश्रुतौ शिल्पभूतस्यार्थस्य मानाद्यवच्छेदविलक्षणस्यापिच्छन्दस्त्वेन प्रतिज्ञानमित्योझामतम्। अत्रोच्यते-दैवतकाण्डे निरुक्ते भगवता यास्केन भक्तिसाहचर्यनिर्वचना-वसरे-**'यच्च किञ्चिद्दार्ष्टिविषयिकं तदग्नेः कर्म'** इत्येवं प्रतिजानानेन दार्ष्टिविषयिकाणां स्थानावरोधकानां सर्वेषामेवार्थानामग्निप्रधानत्वप्रतिबोधनात् ततस्वरूपावच्छेदकानां दिग्देशकालसंख्या-नानामेवानात्म-धर्माणां छन्दस्त्वेनाभिप्रेतानामाच्छादकत्वसाधने मैत्रायणीयश्रुतेस्तावत्तात्पर्यमुपलभ्यते। संवेशोपवेशयोरप्यवयवसंनिवेशरूपतया तैत्तिरीयश्रुतेरपि परिमाणावच्छेदतात्पर्यकत्वमेवावसीयते।

सर्जनस्य दार्शनिकी भूमिः

सर्गपदेन सृष्टिरुच्यते। सृष्टिशब्दः तौदादिक-विसर्गार्थकसृज् धातोः क्तिन् प्रत्यये निष्पद्यते । यद्यपि भावे, करणे, कर्मणि क्तिन् प्रत्ययः सम्भवति। सर्जनं सृष्टिः, सृज्यतेऽनेनेति, सृज्यते या सा सृष्टिः इति विवरणं सम्भाव्यते। तथापि सर्गपदं सृष्टिपदं वा कर्मसाधनमेवावगन्तव्यम् इति व्युत्पत्त्याऽत्र सृज्यते या सा सृष्टिः इति व्युत्पत्तौ धात्वर्थः सर्जनं प्रत्ययार्थो विषयता, तत्र सर्जनपालनलयानां ग्रहणम्। जगत्सर्गविषये जगतः सर्जनं, जगतः पालनं, जगतो लयः इति सर्वेषामपि जिज्ञासा भवति।

सर्जनविषये नैकविधं कल्पनं क्रियते। चार्वाक-जैन-बौद्ध-नैयायिकप्रभृतयः करणसमवधानादिवशेन नूतनामेव जगदुत्पत्तिमभ्युपगच्छन्ति। तेषां मते आद्यसम्बन्धरूपा उत्पत्तिरेव सर्जनपदार्थः। नैयायिका आरम्भवादिनो वदन्ति यत् कार्यमारभ्यते कारणवशात् यथा परमाणुभ्यो द्व्यणुकादि। ये च चार्वाकादयः स्वभाववादिनः तैरपि एवमेव नूतनस्य

कार्यस्यारम्भः स्वीक्रियते। तेषां मतेऽपि पूर्वोक्त एवार्थः सर्जनस्य। ये खलु सत्कार्यवादिनः सांख्य-वेदान्त-वैयाकरणादयः तेषां मते कार्यं सदेव न कदाचिदपि तदसत्त्वम्। न च मुसलप्रहारेण घटस्य असत्त्वं सर्वजनप्रसिद्धं कथं तैरपलप्यते इति शङ्क्यम्, कार्यस्य सूक्ष्मस्थूलत्वस्वीकारेणोक्तशङ्काया उत्थानासम्भवात्। तथा हि कार्यस्य द्विविधं रूपं, सूक्ष्मं स्थूलञ्च। कारणात्मना सूक्ष्ममुच्यते, कार्यात्मना स्थूलम् इति व्यपदेशः। तत्र मुसलप्रहारेण स्थूलस्य कार्यस्य विनाशे कारणात्मना तस्य सत्त्वं स्वीक्रियते। कारणरूपेण सूक्ष्मरूपेण मृदात्मना तदानीमपि तत्र विद्यमानत्वात्। न चैवं घटाद्युत्पत्तये कुलालादिकारकव्यापारोऽनर्थकः स्यादिति वाच्यम्, कार्याभिव्यक्तये कारकव्यापारस्य साफल्यसम्भवात्। तस्मादेतेषां मते नूतनस्य कार्यस्यानारम्भात् कार्याभिव्यक्तेरेव स्वीकारात् अभिव्यक्तिरेव सर्जनम्।

जगत्कारणविषये शास्त्रेषु महान् विचारो वर्तते। विचित्ररचनोपेतम् इदं जगत् कथमुत्पद्यते अहञ्च कुतो जातः, ममाधिष्ठाता कः? इत्यादिप्रश्नः स्वाभाविको भवति साधारणस्यापि। श्वेताश्वतरोपनिषदि (1-2) जिज्ञासितम्-

किं कारणं ब्रह्म कुतः स्म जाता जीवाम केन क्व च सम्प्रतिष्ठाः।
अधिष्ठिताः केन सुखेतरेषु वर्तामहे ब्रह्मविदो व्यवस्थाम्।। इति।

अस्यां कारणजिज्ञासायां तत्रैवोक्तम्-

कालः स्वभावो नियतिर्यदृच्छा भूतानि योनिः पुरुष इति चिन्त्यम्।
संयोग एषां नत्वात्मभावादात्माप्यनीशः सुखदुःखहेतोः।। इति।

व्याकरणमते शब्दतः सृष्टिः इति सिद्धान्तः। यथा अन्ये परमाण्वादिभ्यः जगत्सर्गं मन्यन्ते तथैव व्याकरणदर्शने शब्दत एव सृष्टिः स्वीक्रियते, तथा चोक्तम्-

अनादिनिधनं ब्रह्म शब्दतत्त्वं यदक्षरम्।
विवर्ततेऽर्थभावेन प्रक्रिया जगतो यतः।।

अयं संसारः शब्दब्रह्मणो विवर्तरूपः, विवर्तश्च अतात्त्विकोन्यथाभावः। यद्यपि वाक्यपदीये **"शब्दस्य परिणामोऽयं इत्याम्नायविदो विदुः"** इत्यादिकारिकायां परिणामवादोऽपि समायातः, तथापि प्राचीनकाले विवर्तपरिणामयोः समानार्थकत्वं स्वीकृतम्। किञ्च "पराख्यतत्त्वस्य विवर्तः पश्यन्त्याः परिणामः" इत्यपि समाधानम्।

शब्दसृष्टौ लौकिको दृष्टान्तः कलाशास्त्रेपि प्रवर्तते। यथा हि लोके पुरुषाः प्रातरुत्थाय सर्वामपि दैनिकीं क्रियां शब्देन बुद्धौ संगृह्य तदनन्तरं यथाकालं तासु तासु क्रियासु प्रवर्तन्ते, कुम्भकारः प्रथमं घटं करिष्यामि, इति संकल्पयति तदनन्तरं घटं निर्माति। जगत्सर्गविषये

श्रुतिरपि इममेवार्थं ब्रवीति **भूरिति व्याहरत् भुवमसृजत् इति**। भूरिति शब्दोच्चारणानन्तरमेव पृथिव्यादिसृष्टिः श्रूयते। यथा च यज्ञादिविधयोऽपि संकल्पमूलिका एव भवन्ति संकल्पश्च अद्येत्यादिरूपः शब्दात्मकः एव। एवं सति यथा घटादेः प्राक्स्थितस्य मृत्पिण्डादेरुपादानत्व-व्यवहारस्तथैव जगत्सृष्टिकालात् प्रागेव विद्यमानस्य शब्दस्य जगदुपादानत्वं, घटादीन् प्रत्यपि शब्दस्योपादानत्वकारणता च सिद्ध्यति। कलाशास्त्रेपि सङ्कल्पं बुद्धौ संगृह्य तत्सर्जनाय प्रवृत्तेन सर्गो विधीयते। स्थापत्यशिल्पादौ बुद्धिसंगृहीतस्याङ्कनं लघुनिर्माणादिकं चैतत्सिद्धान्तमूलकमद्यत्वे प्रत्यक्षम्।

सर्जने सौन्दर्यम्

आनन्दमयस्य जगतो निर्माता विश्वोत्पत्तिहेतुः सर्जनादेव सुन्दर इत्यभिधीयते, तथा हि विष्णुसहस्रनामभाष्ये शङ्करभगवत्पादैः सुष्ठु उनत्तीति सुन्दः इति सुन्दरपदव्याख्यानात्। विश्वातिशायिसौभाग्यशालित्वात् सुन्दर इत्यपि विष्णोर्नामभाष्ये (98) भगवत्पादाः । तस्यान्तर्यामिणः ऋतमेव दृश्यं भूत्वा वस्तुषु सौन्दर्यं सञ्जायते, इत्यरविन्दाभिप्रेतं कपालिशास्त्री व्याचख्यौ। तदिदं-**पुरुष एवेदं सर्वम्, तस्य भासा सर्वमिदं विभाति,** इत्यादिश्रुतिभिः सङ्गच्छते। शिल्पेषु सौन्दर्यातिशयाधानमात्मसंस्कारेणैव सम्भवति, यथोक्तं गोपथश्रुतिषु (3/7)-**आत्मसंस्कृतिर्वै शिल्पा** इति। संस्कृतात्मनः शिल्पं शुद्धान्तःकरणेनोपन्यस्तं तदुपभोक्तृणामपि संस्काराधायकं भवतीत्यनुभवसिद्धम्। अतो भरताचार्याः कलाशास्त्रे अध्यात्मप्रामाण्यमुपदिशन्ति-

लोको वेदस्तथाध्यात्मं प्रमाणत्रयमुच्यते इति नाट्यशास्त्रे। इदमध्यात्ममान्तरशब्दनमाग-माभिधमपि। यथोक्तम्-

आन्तरं चित्स्वभावस्य शब्दनं यद्विमर्शनम्।
अन्तरङ्गस्वरूपं तत् प्रत्यक्षस्यापि जीवनम्।।
यद्यद् विमृश्यते तेन तत्तदेव भवेद् ध्रुवम्।
आगमः स विमर्शो हि प्रोच्यते मुख्यतो बुधैः।। इति।

आगमग्रन्थेषु कलापदार्थः

शिवसूत्रे कलाशब्दः कर्मपरत्वेन तद्भाष्ये व्याख्यातः (सौ0भा 20)। कला लावण्यमप्युच्यत इति भास्करराय: (सौ0भा023)। अतः उभयस्वारस्येन कर्मणि लावण्यप्रथनं कलेति फलति। कलाशब्दस्तन्त्रपरोपीति भास्करे (109)। तन्त्रस्वरूपं निरूप्यते कामिकागमे यथा-

तनोति विपुलानर्थान् तत्त्वमन्त्रसमन्वितान्।
त्राणं च कुरुते यस्मात् तन्त्रमित्यभिधीयते।।

इति। अलौकिककलास्वत्रालौकिकार्था मन्त्राः, लौकिककलासु सूत्र-(formula) रूपा लौकिका इति समन्वयः सम्भाव्यते। ततो विपुलार्थसमन्विता दुःखत्राणादानन्दमयी कलेत्यपि सङ्गतं भवति। चतुष्षष्टितन्त्राणि वामकेश्वरतन्त्रे गणितानि। चतुष्षष्टिकलाः शार्ङ्गधरीये श्रीधरीये कथाकोशे लक्ष्मीपीठिकायाञ्च वैविध्येन परिगण्यन्ते। ताः समासेन भास्कररायेणैवमुक्ताः (सौ0भा0109)-

अष्टादशलिपिबोधस्तल्लेखनशीघ्रवाचने चित्रम्।

बहुविधभाषाज्ञानं तत्कविताश्रुतनिगादिता द्यूतम्।
वेदा उपवेदाश्चत्वारः शास्त्राङ्गषट्के द्वे।
शान्तिर्वश्याकर्षणविद्वेषोच्चाटमारणानि च षट्।
गतिजलदृष्टत्तयन्यायुधवाग्रेतःस्तम्भसप्तकं शिल्पम्।
गजहयरथनरशिक्षाः सामुद्रकमल्लसूदगारुडकाः।
तत्तत्सुषिरानद्धघनेन्द्रजालनृत्तानि गीतरसवादौ।
रत्नपरीक्षा चौर्यं धातुपरीक्षाप्यदृश्यत्वम्।
इति भास्करकविनोक्ता निष्कृष्य कलाश्चतुष्षष्टिः। इति।

कलाशास्त्रस्यागमसम्प्रदायः

आगमशास्त्राणि कलाशिल्पादीनां तत्त्वं प्रयोगधर्मोपबृंहितमुपदिशन्ति। पूर्णत्वम् (absolute conviction) एवागमस्य स्वरूपम्। तच्च तदुपदिष्टप्रयोगैः प्रसाध्यते। वस्तुतश्चैतन्यस्वरूप आगमोयमविच्छिन्नपारम्पर्यागत इति भर्तृहरिपादैर्निरूपितम् (वा.प.)। अतो लोकस्यापि प्रामाण्यं कलाशास्त्रेभ्युपगम्यते। वस्तुतत्त्वानुसारि प्रमाणमागमः। प्रत्यक्षानुमाने तु वस्त्वनुसारिणी। प्रत्यक्षस्य विषयः प्रकाश्यः आगमस्य तु विषयो विमृश्य इति विशेषः कश्चन। अत एवोच्यते प्रसिद्धिरागमो नामेति। अमुमेवार्थं संगृह्य सौन्दर्यदर्शनकारिकायाम् (1/87)-

आस्वाद्यो ज्ञानमात्रेण विमृश्यश्च स्वभावतः।
आकारगतोत्कर्षस्तत् सौन्दर्यमभिधीयते।।

इति सौन्दर्यलक्षणे आगममूलता ज्ञाप्यते संकेतेन। पारम्पर्यक्रमेणागच्छतीत्यागम इत्यनेनार्थेनास्य सम्प्रदायाविच्छेदो बोध्यते। ततश्च मूलतत्त्वानामपौरुषेयसिद्धान्तानुगामित्वादस्य वेदरूपत्वमपि। वस्तुतस्तु कर्मोपासनाज्ञानकाण्डात्मकस्य वेदस्योपासनाकाण्डमागमपरम्परायां भूयस्तरां प्रतिपाद्यते। उपासनाप्राधान्येन कलाशास्त्रं मूर्ति-शिल्प-स्थापत्य-सङ्गीत-चित्र-नाट्य-सौन्दर्य-रसविधानादि-नानाविधविशिष्टविद्यासमन्वितं चतुर्वर्गसाधनार्थम्। सम्यगागच्छतीत्यागमः

इति सिद्धान्तसंरक्षणार्था व्युत्पत्तिः। तृतीया व्युत्पत्तिस्तु सर्वजनपरिग्राह्यत्वेन सर्वोपकारकत्वेन सर्वाधिकृतत्वेन च आसमन्ताद् गच्छतीत्यागम इति वेदादपि विशिष्यते। अत उच्यते-

आगच्छति प्रसिद्धिर्या कालेनाकलिता भुवि।
निबद्धा चानिबद्धापि सैवागमपदाभिधा।। इति।

अयमेवागमगुणः कलाशास्त्रस्य सर्वव्यापकत्वमाविष्करोति। कलास्वानन्दानुभवः पूर्णतामूलक एव। यतोहि पूर्णताया (paradigm) विषयः (content) आनन्दः। तस्याः प्रत्यभिज्ञानमात्रेणानन्दलाभः परिशीलनात्तु सहस्रसम्भोगसम्प्राप्तिरित्यागमाचार्यैरभिधीयते। पूर्णतेयं सामस्त्य-(totality) कुल-(organic unity) व्यवस्था-(systam) तत्त्वैः सञ्जायते। तदिदं त्रयमेवैकत्र वैदिकयागप्रयोगेषु समनुभूयते अपूर्वोत्पादकत्वेन।

कलाशास्त्रस्य यागानुविधिः

वास्तुशिल्पे पूर्णतेयं यज्ञमुखेनैवोपदिश्यते श्रुतौ-**वास्तु हि तद् यद् हुतेषु यज्ञेष्ववशिष्यते** (श. 1.7.3.7.) इति। वास्तुसमुत्कर्षः चयनयागे मृदाहरणमारभ्य चयनान्तो दृश्यते ब्राह्मणग्रन्थेषु। तदुपकरणादीनामुपबृंहणमाचार्यैः स्थापत्यविद्भिर्विहितमागमग्रन्थेषु।

सङ्गीतशास्त्रमपि शिल्परूपेणोपदिष्टं श्रुतौ यथा-**त्रिवृद्वै शिल्पं नृत्यं गीतं वादितमिति** (कौ. 29/5)। अतः सङ्गीतकलायामपि यागप्रयोगानुगतिराचार्यैः स्फुटमुच्यते। तथा हि-

आर्चिकं गाथिकं चैव सामिकं च स्वरान्तरम्।
कृतान्ते सर्वशास्त्राणां प्रयोक्तव्यं विशेषतः।। इति।

अत्र कल्लिनाथटीकायां संगीतरत्नाकरे एवं विवेकः-यज्ञप्रयोगेष्वृचामेकस्वराश्रयत्वात्, तत्सम्बन्धादार्चिकः। तथा गाथासम्बन्धाद् गाथिको द्विस्वरः। सामसम्बन्धात् त्रिस्वरः सामिकः, इति। एवं श्रौतप्रयोगः सश्रद्धमाचार्यैर्मूलत्वेन सङ्गीतेपि स्मर्यते।

श्रौतयागविधाने ऋत्विजः सोमादौ षोडश भवन्ति। षोडश कलास्त एवेति श्रूयते शतपथश्रुतौ-**षोडशकला एते ते षोडशर्त्विजः** (10.4.1.19) इति। अयम्भावः-सर्गयागे ब्रह्मणः कलाः षोडश ऋत्विग्रूपाः। जैमिनीयोपनिषदि श्रूयते (जै.उ.ब्रा. 3.38.8)-**षोडशकलं वै ब्रह्म** इति। वस्तुतस्तु सर्गविधौ प्रजापतित्वे ब्रह्मणः षोडशकलत्वम्। तदुच्यते शतपथब्राह्मणे (7.2.2.17) **षोडशकलः प्रजापतिः**, जैमिनिश्रुतौ **षोडशकलो वै पुरुषः** (जै.उ.ब्रा. 3.39. 2) इति च। ब्रह्मणः सृष्टिशक्तिः सौन्दर्यम् तस्याभिव्यक्तिरेव कलोच्यते। नात्र जैमिनीयोपनिषदुक्तस्य ब्रह्मणः शतपथोक्तप्रजापतेश्च वैभिन्न्योपगमः। जैमिनीयोपनिषद्येव

(1.46.2) पुनः प्रजापतिं प्रकृत्य-'**स षोडशधा आत्मानं व्यकुरुत**' इत्येवमुपदेशादुभय-श्रुतिवचनसङ्गतिः।

षोडशकलत्वं ब्रह्मणः सकलत्वेन पूर्णताप्रत्यायकम्। जैमिनीयश्रुतौ षोडशकलोपदेश इत्थम्-**'भद्रञ्च समाप्तिश्चाभूतिश्च सम्भूतिश्च भूतञ्च सर्वञ्च रूपञ्चापरिमितञ्च श्रीश्च यशश्च नाम चाग्रञ्च सजाताश्च पयश्च महीया च रसश्च'** इति।

श्रुतौ कलायाः षोउश तत्वानि

अत्र श्रुत्युपदिष्टानि कलायाः षोडश तत्त्वानीत्थं व्याख्यायन्ते-

(1) भद्रं कल्याणानुशंसि, एतेनामङ्गलपरत्वं निषिध्यते।

(2) समाप्तिः सर्वतः प्रापकत्वम्, कलोपादानानां सार्वत्रिकसमन्वय उपयोगश्च।

(3) आभूतिः जीवनशक्तितत्त्वम्, प्राण इति जैमिनीयोपनिषदि (2/4/4)। एतेन कलासु चेतनत्वमुपदिष्टम्। शिल्पेषु प्राणस्य प्रकाशने वैशिष्ट्यमुपदिश्यते-**प्राणाः शिल्पानि** (कौ. 25/12,13) इति श्रुतौ।

(4) सम्भूतिर्ब्रह्मतत्त्वावगतिः। कलायां परतत्त्वोपस्थितिधिया सा स्यादित्युवटाद्याचार्याशयादवगम्यते।

(5) भूतमिति भौतिकसर्गानुगतम्, अन्यथा अश्राव्यमस्पृश्यमदृश्यमनास्वाद्यमनाघ्रेयं लोकेऽव्यवहार्यं स्यात्। कलाया लोकव्याप्तेर्भूततत्त्वं तत्रोपदिश्यते।

(6) सर्वमिति सर्वानुग्राहकं तत्त्वम्, सर्वोपयोगयोग्यतेति भावः।

(7) रूपमाकृतिर्बाह्या तत्क्षणाकृष्टिगुणा।

(8) अपरिमितत्वं नाम भविष्योपादेयत्वं सार्वकालिकत्वञ्च।

(9) श्रीराश्रययोग्यता आश्रीयते सर्वैरिति श्रीरितिव्युत्पत्तेः। स्वरेषु तस्याः प्रकाशनवैशिष्ट्यं ससंज्ञान्तस्संज्ञासंज्ञानां समेषामावर्जकत्वात्, तथा च श्रुतिः-**श्रीर्वै स्वरः** (श. 11/4/2/10) इति।

(10) यशो यशस्करत्वं कर्तुरधिष्ठानस्याधिकारिणश्च।

(11) नामेति पदार्थस्य शाब्दिकः सम्प्रत्ययोऽनितरसाधारणः। तथाह शब्देनोच्चरितेनेत्यादि बृहद्देवतायां शौनकः। तत्प्रथनाभिप्रायेणात्र नामतत्त्वम्। यथोदाहृतम्-**अपि**

कुत्खितनामायमिह जीवेच्चिरं कथमित्यादिना शौनकादिभिः।

(12) अग्रत्वमग्रगण्यत्वम्।

(13) सजाताः समाना धर्माः। साजात्यमेकधर्मरूपं तत्त्वम्। अस्य बहुषु व्याप्तेः **भूमा वै सजाता** (श.1.2.1.7) इति श्रुत्युक्तिः। एतेन तत्त्वेन सङ्गीते विविधानामपि सङ्गतिः शिल्पे नैकानामेकरूपता कलासु साम्यमित्यादि लभ्यते। साजात्येन गुरुपारम्पर्यक्रमस्य प्रतिष्ठा कलाशास्त्रेऽभिहिता।

(14) पय आभ्यन्तरमोजः प्राणोद्दीपकं तत्त्वम्, **प्राणः पयः** (श. 6/5/4/15), **यत्पयस्तद्रेतः** (गो.उ. 2/6), **अन्तर्हितमिव वा एतद् यत्पयः** (तां. 9/9/3) इत्यादिश्रुतेः।

(15) महीया सर्वत्र प्रसृतिः। एतेन सार्वदेशिकत्वं कलाया निरूप्यते देशपरिच्छिन्नत्वं च निवार्यते।

(16) रसश्चेति चरमं तत्त्वमुपदिश्यते। तच्चानुभूतिगम्यं ब्रह्मानन्दसहोदरादिरूपेणाचार्यैर्व्याख्यातं कलास्वपरिहार्यम्।

एवञ्च भद्रतत्त्वाश्रितो रसतत्त्वपरिणतश्च सकलावान्तरतत्त्वसमन्वितः प्रजापतिः कलाब्रह्मत्वेन श्रुत्युपदिष्टः। यथोपसंह्रियते जैमिनीयश्रुतौ (जै.उ.ब्रा. 1/40/7-8)-**स हैवं षोडशधात्मानं विकृत्य सार्धं समैत् ....। स एवैष हिरण्मयः पुरुषः उदतिष्ठत् प्रजानां जनयिता,** इति। अतः कलायाः परिपूर्णता षोडशभिरेतैः सञ्जायत इत्येषा शास्त्रपद्धतिः।

कलायां सौन्दर्यम्

अनयैव पूर्णतया सौन्दर्यं प्रकाशते। अतः कलात्मिका ब्रह्मरूपा भगवती ब्रह्मजननी (त्रि.सह.) महात्रिपुरसुन्दरी षोडशीत्यभिधीयते, **सूनर्यसि** (तै.सं. 1.6.3.1), **सूनरी विश्वा त्वा भूतानुप्राणन्तु** (मै.सं. 4/2/5,26/14) इत्यादिश्रुतिभिश्च गीयते। यथाहुः शंकरभगवत्पादाः त्रिशतीव्याख्याने-अन्यूनातिरिक्तभाववत्त्वात् सुन्दरी अथवा सर्वेषामङ्गेषु ब्रह्मस्वरूपतया अत्यन्तप्रेमविषयत्वेन सुन्दरपदार्थवदविनाभाववाञ्छाविषयत्वात् तथा सर्वाङ्गसुन्दरी यथाशास्त्रोक्तावयवविन्यासविशेषत्वेन। न तस्य प्रतिमा अस्तीतिश्रुतेः।

सौन्दर्यस्यातिशयाद् ब्रह्म वामपदेनोच्यते-अस्य वामस्य पलितस्येत्यस्यावामीये सूक्ते। आगमेषु शिवः अर्थः शक्तिश्च वागित्युपदिश्यते। तेन वाङ्मये अर्थो रस एव सौन्दर्यम्, शब्दः कला वाग्रूप इति फलति। वागर्थाविवेति कालिदासोक्तिरप्यत्रावधेया। शास्त्रेषु सौन्दर्यं सिद्धान्तः प्रतिपादनञ्च कला। एवं सर्वत्रापि जगति सौन्दर्यप्रसृतिर्ब्रह्मणः सर्वव्याप्तिं प्रकाशयति। यथा

ढक्कशब्दोऽपि प्रियप्रवासे सुन्दरः, वसन्ते कोकिलध्वनिरपि। रिक्ता तिथौ रोगनिर्मुक्तस्नाने सुन्दरी चन्द्रदर्शने च पौर्णमासी। अतः ससञ्ज्ञान्तःसञ्ज्ञासञ्ज्ञेषु सर्वत्रापि सौन्दर्यमनुभूयते।

कलासौन्दर्यशास्त्रागमस्याचार्यपरम्परा

आगममूलस्य कलाशास्त्रस्याद्यप्रवक्तृत्वेन भगवान् शिवः सर्वविधकलापरम्परासु समाद्रियते।

आगतं पञ्चवक्त्रात्तु गतञ्च गिरिजानने।

मतञ्च वासुदेवस्य तस्मादागममुच्यते।।

इत्यादिवचनैर्भगवतः शिवस्यैव आगममूलस्य कलाशास्त्रस्यापि प्रवर्तकत्वं सिद्ध्यति। **'छन्दोज्ञानमिदं भवाद् भगवतो लेभे सुराणां गुरुः'** इत्यादिना छन्दश्शास्त्रस्य, **'महादेवानुचरश्च नन्दी सहस्रेणाध्यायानां पृथक् कामसूत्रं प्रोवाच'** इत्यादिना वात्स्यायनोक्तशास्त्रस्य, तत्प्रतिपादित-चतुष्षष्टिकलाशास्त्रस्य च, स्कन्दपुराणोक्त्या (4/2/86/16-59) विश्वकर्मणो गुरुत्वात् स्थापत्यशास्त्रस्य च प्रवक्तृत्वेन सर्वविधकलानां परम्परा नटराजस्य महादेवस्यैव सकाशात् समुद्भूतेति नातितिरोहितम्। सङ्गीतशास्त्रेऽपि भगवान् शिव एवाद्याचार्यत्वे-नावधार्यते।

संगीतशास्त्रसम्प्रदायः

भगवान् नटराजः शिवो नाट्यविधानप्रवर्त्तक उक्तः। तस्य ढक्कानादेन यथा शब्दशास्त्रोद्भूतिर्वर्ण्यते तथैव वाद्यप्रियस्य तस्य संगीतशास्त्रप्रवर्त्तकत्वमपि। डमरुक-रुद्रवीणादिवाद्यानि तदुपदेशादद्यत्वेपि व्यवहृतानि। नाट्यविषये भरतादाद्याचार्यादपि पूर्व गुरुसम्प्रदायक्रमेण प्रयोगः परम्परया प्रवर्तित आसीदिति वाल्मीकिरामायणे-**अङ्गहारैस्तथैवान्या कोमलैर्नृत्यशालिनी** (सु0का0) इत्येवमङ्गहाराद्युल्लेखेन प्रमाणितं भवति। अतो यथा वेदानां श्रुतिपरम्परातः सम्प्राप्तिर्भवति तथा कलाशास्त्रस्य प्रयोगपरम्परया सम्प्राप्तिरिति फलितम्। संगीतशास्त्रस्याचार्यपरम्परा तच्छास्त्रीयग्रन्थेषु स्मृता, सात्र समासेनोपस्थाप्यते।

1. **शिवः**-दाशतय्यां वाजसनेयके आथर्वणेऽन्यत्र च श्रुतिषु रुद्रादिरूपेण स्तुतो देवः पुराणेषु च शिवः सदाशिवो वा आगमोक्तो ज्ञानाधिष्ठातृत्वेन सर्वकलाशास्त्रगुरुरूपेणोपदिष्टः संगीतरत्नाकरे (1.1.15) संगीतराजे च संगीतशास्त्रप्रवर्तकत्वेन वर्ण्यते।

2. **पार्वती**-शैलसुता पार्वती माता रत्नाकरस्य व्याख्यातृभ्यां सिंहभूपालकल्लिनाथाभ्यां (4/82-93) स्मृता, पञ्चदशैलाभेदसन्दर्भे संगीतराजेऽप्युल्लिखिता।

3. **गौरी**-शिवेयं संगीतशास्त्रस्यागमपरम्परायामाचार्यत्वेन स्मर्यते। संगीतरत्नाकरे (1.1.15) संगीतराजे चेयं गौरी नुता।

4. **नन्दिकेश्वरः**-पुराणेषु शिवपरिकरे वर्णितो नन्दी सङ्गीतच्छन्दो-व्याकरण-तन्त्र-कामशास्त्रादीनामाचार्यरूपेण वर्णितः। चतुस्सहस्रश्लोकात्मको भरतार्णव एतत्सम्बद्धो ज्ञायते। अस्याभिनयभागस्तमिलाङ्गूलानुवादयुतो 1957 वर्षे मुद्रितः। अभिनयदर्पणाख्यो ग्रन्थो नन्दिकेश्वर-भरतस्याङ्गभूतः प्रकाशितो विद्यते। नन्दिभरतापरपर्यायस्यास्य ग्रन्थस्य सङ्करहस्ताध्यायांशः मद्रपुरीस्थपाण्डुलिपिग्रन्थालये वर्तते। तंजौरग्रन्थालयेताललक्षणाख्यं पुस्तकं नन्दिकेश्वरस्य विद्यते। भरतार्थचन्द्रिका नन्दिकेश्वर-पार्वतीसंवादरूपा मद्रपुर्यां पाण्डुग्रन्थालयेऽस्ति। द्वादशशताब्दीकालिकस्य संगीतसुधाकरकर्तुर्हरिपालस्य मतानि नन्दिकेश्वरानुरोधेन वर्तन्ते। भरताद् विभिन्नान्यपि मतानि नन्दिकेश्वरस्य दृश्यन्ते।

काव्यमीमांसायामुच्यते यत्काव्यशास्त्रीयसिद्धान्ताः शिवेन ब्रह्मणे समुपदिष्टास्स चान्येभ्यः समुपदिदेश। अत्र रसभागो नन्दिकेश्वरेण संगृहीतः। नाट्यशास्त्रस्योपसंहृतिः कुत्रचित् नन्दिभरतसंगीतपुस्तकमितिरूपेणापि दृश्यते। अभिनवगुप्तपादेनाङ्गहारप्रसंगे नन्दिमतं चित्र-पूर्वरङ्गविधौ चोक्तम्। एलाप्रबन्धे तालमार्गविषये च नान्यदेवेन, ब्रह्मणे नाट्यवेदोपदेशाय, नन्दिकेश्वरप्रसंगे शारदातनयेनायं स्मृतः। संगीतराजे द्वादशस्वर-मूर्च्छना-षड्जमध्याजातिविषये नन्दिकेश्वरः मात्रैलाप्रसंगे नन्दिमाता चोल्लिख्यत इति आचार्यो नन्दी सङ्गीतशास्त्रस्याद्याचार्येषु अन्यतमः।

5. **षण्मुखः**-नटराजस्य शिवस्य सुतः पुराणेषूपवर्णितः षण्मुखो देवः संगीतमार्तण्डे (20) संगीतशास्त्रोपदेष्टृत्वेन स्मर्यते। संगीतराजेऽपि श्रुतिसाधारणप्रसंगेऽयमाचार्यत्वेन वर्णितः।

6. **दुर्गा**-शक्तिरियं दुर्गा भगवती गीति-रागलक्षणप्रसंगेषु मतंगेन वारषट्कं स्मृता। संगीतप्रवक्तृरूपेण रत्नाकरे (1.1.15, 2.2.65) तथा च पञ्चविधगीत्य-ष्टविधोपाङ्ग-नर्त्तराग-षड्जग्रामादिविषयेषु दुर्गा शक्तिः मतोल्लेखपुरस्सरं संगीतराजे स्मर्यते।

7. **वायुः**-रत्नाकरे (1.1.16) मार्तण्डे (19) संगीतराजे च वायुर्देवः संगीतशास्त्रोपदेष्टृत्वेन स्मर्यते। वायुपुराणे शिवपुराणत्वेन प्रथिते 86, 87 तमाध्याययोः स्वर-मूर्च्छना-देवता-मूर्च्छनातान-यज्ञनाम-वर्ण-गीतकभेद-वृत्ति-तालादि-संगीतशास्त्रीया विषया निरूपिताः। संगीतराजेऽपि जाति-विविधयज्ञीयमूर्च्छनातानादिप्रसंगे वायुपुराणमतोद्धृतिर्दृश्यते।

8. **नारदः**-ब्रह्मसूनुर्देवर्षिर्वीणावादननैपुणीमादधानो भृशं पुराणेषु वर्ण्यते। भरताचार्यस्य प्रथमनाट्यप्रयोगे वृतोऽयं नाट्यशास्त्रे (5/32) गन्धर्वरूपेण, मुनित्वेन (36/4),

गान्धर्वाचार्यत्वेन (32/484), ध्रुवानिष्णातत्वेन (32/1), वाद्यविशारदत्वेन च (33/3) भूयस्तरां समादृतः। नारदीयशिक्षायाः आचार्याः सममिच्छन्तीति पद्यं नाट्यशास्त्रे (34/198) संगृहीतं दृश्यते। महाभारतस्य शान्तिपर्वणि (210/21) गान्धर्ववेदस्याद्यप्रवर्तकत्वेन नारदो निर्दिष्टः। भावप्रकाशे रसोत्पत्तिप्रसंगे स्मृतोऽयं गीतज्ञत्वेनाभिनवगुप्तपादेन (ना0शा0) गेयाधिकारे सामगान्धर्वादिसन्दर्भे, मतङ्गेन स्वरनिर्णये षड्जग्रामस्य माहात्म्ये, नान्यदेवेन प्रायः विंशतिषु स्थानेषु, दत्तिलेन मूर्च्छनातान-(31)-गान्धर्वोपदेशादौ (2) वर्ण्यते।

संगीतमकरन्दग्रन्थः चत्वारिंशच्छतरागनिरूपणग्रन्थोपि च नारदेन सम्बद्धौ। विपश्चितो नारदानां पञ्चविधत्वमुल्लिखन्ति-गान्धर्ववेद-शिक्षा- मकरन्द-रागनिरूपणकर्तृत्वेन देवर्षित्वेन च। अयं मन्त्रद्रष्टा (ऋ. 9/104, 105, 8/13), ब्रह्मवेत्ता (छा. उ.7/1/1), सनत्कुमारपर्वतादीनां मुनीनां सहवर्ती (ऐ0ब्रा0), धर्मवेत्तृषु द्वादशस्वन्यतमः, नारायणस्यानुचरः, मौनेयगान्धर्वः (भा. 12/11/34, ब्रह्मा. 3/7/4, वायु.30/46, 69/3, विष्णु.2/10/5), स्थापत्यशास्त्रोपदेष्टा (मत्स्य.252/2), कश्यपसूनुः (वायु. 61/85) पुराणेषु प्रथितः। ब्रह्मा देवोस्य पिता दशमश्चायं तस्य सुत इत्यपि वर्णितम्। पितुः सकाशाद् गृहीत्वा भागवतं व्यासायोपदिदेश। सात्वततन्त्रस्याप्ययमुपदेष्टा। नारदर्षिः संगीतराजे संगीतशास्त्रोपदेष्टृत्वेन, मूर्च्छनापरिगणने रागालप्तिप्रसंगे चोपवर्णितः।

9. **मारुतिः**-संगीतराजे संगीतशास्त्रीयाद्याचार्येषु मारुतिर्निर्दिश्यते। नाट्यशास्त्राचार्यत्वेन भावप्रकाशे नुत आञ्जनेयः उत्सृष्टिकांङ्कप्रसंगेऽपि उल्लिखितः। संगीतरत्नाकरे कल्लिनाथटीकायां देशीरागप्रसंगे (2.2.158-159) रागविषये च स्मर्यते आञ्जनेयः। संगीतदर्पणे आञ्जनेयो नादवर्णने हनुमन्माता च रागरागिनीभेदप्रसंगे वर्ण्येते। रत्नाकरे (1.1.17) मार्तण्डे (19) चाद्येषु संगीतोपदेष्टृषु निर्दिश्यते देवो मरुत्सूनुः। हनुमद्भरताख्या काचन कृतिरपि नाट्यविषयिणी श्रूयते।

10. **राक्षसराजः**-राक्षसराजो रत्नाकरे (1.1.17) मार्तण्डे (20) संगीतराजे च संगीतशास्त्रोपदेष्टृषु परिगणितो रावण एव भवितुमर्हति। रावणहस्तकाख्या वीणापि प्रवर्तिता अनेनैवेति परम्पराविदः।

11. **रम्भा**-पुराणेषु प्रथिताप्सरा रम्भा संगीतरत्नाकरे संगीतराजे च प्राचीनोपदेष्टृत्वेनाभिहिता।

12. **अर्जुनः**- सव्यसाची धनञ्जयापरपर्यायः संगीतरत्नाकरे (4.103-104) संगीतराजे च एलाप्रबन्धमतप्रसंगे समुल्लिखितः। पौराणिकोऽर्जुनः श्वेतवाहनः संगीतरत्नाकरे (1.1.16) रम्भया सह संगीतराजे च संगीतशास्त्रोपदेष्टृत्वेन स्मर्यते।

13. **तुम्बरुः**-पुराणेषु प्रथितोयमभिनवगुप्तपादेन नाट्यशास्त्रवृत्तौ (4/248) ताण्डवलक्षणविषये स्मृतः। नारदशिष्यो गन्धर्वस्तुम्बरुः (भा. 1.13.37,59) अनन्तस्तुतिं (भा. 5/25/8) नारदेन सह कृतवान् कृष्णञ्च गोवर्धनोद्धरणे (भा. 10/25/32,10/27/24) स्तुतवानिति देवसंगीताचार्यः (वा.पु. 69/47,49) संगीतराजे संगीताद्याचार्येषु निर्दिष्टः।

14. **महेन्द्रः**-वैदिकसूक्तेषु वर्णितः पुराणेषु प्रथितो देवोऽयं संगीतराजे संगीतशास्त्रप्रवर्तकत्वेनोल्लिखितः।

15. **याज्ञवल्क्यः**-वैदिकः स्मृतिकारश्च याज्ञवल्क्यः संगीतविधिं (या.स्मृ. 3/4/111-118) सभाजयति। नान्यदेवेनायं शब्दब्रह्मविषये निर्दिश्यते। तानयज्ञफलप्रसंगेऽन्यत्र च याज्ञवल्क्यर्षिः संगीतराजे स्मृतः।

16. **विश्वावसुः**-मार्कण्डेयादिपुराणोक्तो गन्धर्वराजो विश्वावसुः संगीताचार्यो मतङ्गेन रत्नाकरव्याख्याकर्त्रा सिंहभूपालेन संगीतराजकर्त्रा च स्वरान्तरश्रुतिप्रसंगे मतोल्लेखपुरस्सरं स्मर्यते।

17. **स्वातिः** -अभिनवभारत्यामयमानद्धवित् (वाद्यनिपुणः) उच्यते। भरताचार्यस्य नाट्यप्रयोगे नारदेन साकमयमुल्लिखितः। संगीतरत्नाकरे संगीतराजे च शास्त्रोपदेष्टृत्वेनायं स्तूयते।

18. **विशाखिलः**-कलाशास्त्रादिप्रवक्तृत्वेन काव्यालङ्कारकारिकावृत्तौ (1.3.7) अभिनवगुप्तपादेन गेयाधिकारे च स्मृतो विशाखिलाचार्यो दत्तिलेनापि अपरान्तकाख्यशुद्धगीतभेदप्रसंगे निर्दिष्टो नान्यदेवेन जातिवंशयोः सन्दर्भे कुट्टनीमते च भरतदत्तिलयोः साकं समाद्रियते। संगीतराजे लोप्यस्वर-शुद्धगीतविषययोः पञ्चाधिकस्थानेषु विशाखिलस्य निर्देशः।

19. **कश्यपः**-महर्षिरयमभिनवगुप्तेनापि स्मृतो रागाणां रसप्रयोगविषयेऽनुष्टुप्छन्दसां कृते। ग्रामरागाणां भाषाणां प्रसंगे च मतङ्गेनायं स्मृतः। रागाणां भाषाणां च विषये नान्यदेवेन प्रायशः 75 वारमयं स्मृतः। संगीतरत्नाकरे (1.1.15.) संगीतमार्तण्डे (18) वर्णितोऽयं संगीतराजे कपालगान-रागस्वरूप-गीति-रागगीतिग्राम-टक्ककैशिकराग-गान्धारगत्यादिविषयेषु मतोपन्यासेन सादरं स्मर्यते।

20. **कम्बलाश्वतरौ**-उभावपि ऋषी पुराणेषु बाहुल्येन वर्णितौ संगीतशास्त्रस्याचार्यौ संगीतरत्नाकरे (1.1.16, 1.7.22) जातिषु स्वरसाधारणप्रयोगे स्मृतौ। भरताचार्यमतमत्रोद्धृतम्। महाभारते (आदि. 35), मार्कण्डेयपुराणे (23/49-56) चैतौ नागरूपेण वर्णितौ। सरस्वत्या अनुग्रहेण परां नादविद्यां सप्तस्वर-सप्तग्रामराग-

सप्तगीतक-सप्तमूर्च्छनैकोनपञ्चाशत्तानात्मिकामाप्तवन्तौ शिवस्य कुण्डलरूपेण चावस्थितौ। अश्वतरो वत्साद् विष्णुपुराणं श्रुत्वा कम्बलायावोचत् (वि0पु0 4/8/46) इत्यश्वतरस्य प्राथम्यम्।

21. **यष्टिकः**-ग्रामरागाणां भाषाणां च प्रसङ्गे मतङ्गेनान्यदेवेन च समुल्लिखितो यष्टिकः कल्लिनाथेनापि मधुरीभाषाविषये स्मर्यते। रत्नाकरे प्राचीनाचार्येषु गणितो यष्टिको गीतित्रयप्रसङ्गे रागोल्लासे चैकत्रिंशद्वारं समुल्लिखितः।

22. **भरतः**-नाट्यशास्त्रप्रवर्तको मुनिर्भरतः संगीतशास्त्रस्यापि आद्याचार्यत्वेन सर्वैरङ्गीक्रियते। भूयांसः सन्दर्भाः संगीतविषयका विविधग्रन्थेषु भरताचार्यस्य समुपलभ्यन्ते। संगीतराजग्रन्थे मङ्गलाचरणे, आद्यप्रवक्तृषु, पाठ्यरत्नकोशेऽन्यत्र वारत्रयं, स्वरोल्लासे चतुर्दशसु स्थानेषु, रागोल्लासे षट्सु स्थानेषु, प्रबन्धोल्लासे गीतक-प्रबन्धजातिविषयेषु अष्टवारमुट्टङ्कितो विद्यते भरतमुनिः। नन्दिभरतसंगीतपुस्तकमित्युल्लेखेनायं नन्दिकेश्वरसम्प्रदायसंयुक्तो ज्ञायते।

23. **शार्दूलः**-संगीतोपदेष्ट्त्वेन संगीतरत्नाकरे (1/1/15), संगीतराजे, संगीतमार्तण्डे (श्लो. 19) च परिगणितः शार्दूलो भाषागीतिप्रसंगे बृहद्देशीग्रन्थे षोडशभाषालक्षणविषये च मतोद्धरणेन निर्दिष्टः कल्लिनाथटीकायां (सं.र.7) शार्दूलकोहलसंवादे च। अभिनयविषयककृतिकारत्वेनापि ज्ञातः शार्दूलो भरतसमकालिकः स्मर्यते। भाषागीति-भाषाजनकराग-बोट्टराग-शार्दूलीयभाषालाप-तानवलितविभाषा-भिन्नषड्जभाषादि- प्रसंगेषु शार्दूलाचार्यः संगीतराजे स्मर्यते।

24. **मतङ्गः**-बृहद्देशीग्रन्थस्य प्रवक्ता पुराणप्रथितो मुनिर्मतंगो नाट्यशास्त्रप्रवक्तुर्भरतस्य चतुर्षु तनयेष्वन्यतम आसीदिति सिंहभूपालेन (र.सु. 52-54) वर्णितम्। अयं वायु-प्रयुक्तवाद्यानामाचार्यः कुट्टनीमते (श्लोक 877) समुक्तः। नाट्यशास्त्रवृत्तौ (30/1) अभिनवगुप्तपादेनायं स्मृतो वंशीवाद्यप्रवीणः ।धातुमयं वेणुवाद्यमपि मतङ्गमतेनोल्लिखितम्। वेणोर्मृदुतीव्रध्वनिभेदेन विविधरसपरिपाकेऽपि मतङ्गमतमुद्धृतं (30/11) नाट्यशास्त्रीयव्याख्यायाम्। सर्वमेतन्मतङ्गस्य वायुवाद्यवैशारदीं बोधयति। परं बृहद्देशीग्रन्थस्य वाद्यनिरूपकोऽशो नोपलभ्यते सम्प्रति। संगीतरत्नाकरस्य कल्लिनाथसिंहभूपालव्याख्ययोः स्वराध्याय-रागाध्याय-प्रबन्धाध्यायेषु स्मृतः, नान्यदेवेन रागभाषादिप्रसंगे प्रायशः षष्टिवारम् वीणावादनप्रसंगे चासकृद् वर्णितो रसरत्नप्रदीपिकायां जयसिंहस्य नृत्तरत्नावल्यां चायमाचार्यः समुट्टंकितो मतप्रदर्शनपुरस्सरम्।

बृहद्देशीग्रन्थस्य कालः काणेमतेन 750 ई0, राघवनूमतेन तु नवमशताब्दीतः परवर्ती वर्तते। बृहद्देशीग्रन्थे काश्यप-कोहल-दत्तिल-नन्दिकेश्वर-भरत-वल्लभ-

यष्टिक-शार्दूल-विश्वावसु-नारद-ब्रह्म-दुर्गाशक्ति-महेश्वरादयः आचार्याः स्मर्यन्ते। देशीरागाणां मुख्यतयोपदेशोऽत्र ग्रन्थे वैशिष्ट्यमावहति। सप्तस्वरानन्तरं द्वादशस्वरमूर्च्छनाविषये जातिमूर्च्छनयोः सम्बन्धे चात्र भरताचार्यान् मतवैभिन्न्यं प्रतीयते। नाट्यविषयं परित्यज्य संगीतमात्रविषयको बृहद्देशीग्रन्थः प्रथम एवेति प्रतिभाति। मतङ्गाचार्यः संगीतराजे आद्याचार्येषु, स्वरोल्लासे नववारं, रागोल्लासे पञ्चविंशतिवारं, प्रबन्धोल्लासे च पञ्चवारं स्मृतः तद्ग्रन्थश्च पुनः पञ्चवारमुल्लिखितः। बृहद्देशीग्रन्थस्य गद्यवृत्तिभागः मतङ्गेनैवारचितो न वेत्यत्रास्ति विदुषां मतवैविध्यम्।

25. **कोहलः**-भरताचार्यस्य शिष्यशतके प्रथमचतुष्टयेऽन्यतमोऽयं नाट्यशास्त्रप्रयोक्तृषु (ना.शा.36/71) गण्यते। अभिनवभारत्यां गेयाधिकारादौ स्मृतो नाट्य-नृत्त-संगीतादावाचार्योनुमीयते कोहलः। श्रुतिस्वरनिर्णयादिप्रसंगेन बृहद्देशीग्रन्थे, नृत्तप्रसंगेन भावप्रकाशे, नृत्याचार्यत्वेन कुट्टनीमते दामोदरकृते बालरामायणे च, शुद्धगीतस्योत्तरप्रसंगेन दत्तिले (128), नाट्यग्रन्थप्रणेतृत्वेन रसार्णवसुधाकरे (1/50-52) वाद्ययन्त्राणां पञ्चविधोपदेशकत्वेन अभिनवभारतसारसंग्रहे वर्णितोऽयमाचार्यः भरतवदेव सभाज्यते। अस्य संगीतमेरुनामा ग्रन्थोऽनुष्टुप्छन्दसि शार्दूल-कोहलसंवादरूपः भागद्वये नाट्यसंगीतयोर्विषयबोधक आसीदिति नर्त्तनाध्यायस्य कल्लिनाथवृत्त्युल्लेखेभ्योनुमातुं शक्यते। मद्रपुरीस्थग्रन्थालये काललक्षणम्, तञ्जौरग्रन्थालये च दत्तिलकोहलीयमिति ग्रन्थद्वयमेतन्नाम्ना वर्तते। संगीतराजे द्वादशस्वरमूर्च्छना-भाषाङ्ग-प्रबन्धजातिप्रसंगेषु कोहलमतं स्मर्यते।

26. **दत्तिलः**-दन्तिलापरपर्यायो दत्तिलाचार्यो नाट्यशास्त्रे (1/25-26) कोहलेन साकं स्मृतो गीतविषयकग्रन्थस्य 'दत्तिलम्' इत्यस्य प्रणेतृत्वेन (अनन्तशयनसंस्कृतग्रन्थमालायां 102) मन्यते। अनेनानुमीयते यद् गीत-वाद्य-नृत्य-नाट्यप्रकरणात्मको मूलग्रन्थो दत्तिलप्रणीतो न सम्प्रत्युपलभ्यत इति। मतङ्गेन मूर्च्छनातानविषये वारचतुष्टयम्, सिंहभूपालेन (र.सु. 1/52-54), कुट्टनीमते, दत्तकाचार्यनाम्ना गेयाधिकारे ध्रुवाविषये अभिनवगुप्तपादेनायं स्मृतः। नान्यदेवेन जातिविषये 17 वारं गीतकविषये पञ्चवारमस्योल्लेखो विहितः। ध्रुवाणां तालानां च विषयको गान्धर्ववेदसाराख्यः कश्चन ग्रन्थो दत्तिलकृतोनुमीयते।

दत्तिलेन नारदकोहलविशाखिलानां नामानि समुट्टंकितानीति तत्परवर्ती अयमाचार्यः। रागसागराख्यो ग्रन्थः (मद्रपुरीपाण्डुलिपिग्रन्थालयस्थः 13015) तरङ्गत्रयात्मको दत्तिलनारदसंवादरूपेणोपलभ्यते। प्रयोगस्तबकव्याख्यापि दत्तिलकृतौ ज्ञायते।

27. **क्षेत्रराजः**-संगीतशास्त्रस्य प्राचीनाचार्येषु रत्नाकरे (1.1.17) क्षेत्रराजो गण्यते। संगीतराजेऽपि स्वरसाधारण-वर्णप्रसङ्गयोः क्षेत्रराजसन्दर्भो मन्यते।

28. **चन्द्रशेखरः**-अभिनयमुकुर- संगीतलक्षण-भरतसारसंग्रहाख्यानां त्रयाणां ग्रन्थानां प्रणेतृत्वेन प्रथितोऽयमाचार्यः संगीतराजे गान्धारग्रामलक्षणसन्दर्भे समुट्टंकितः।

29. **मातृगुप्तो भट्टः**-भर्तृमेण्ठसमकालिको मातृगुप्तो राजतरंगिण्यां हर्षवर्द्धनस्य राजकविः सप्तमशतके ईशवीये वर्णितः । अभिनवगुप्तेन वीणावादनस्य पुष्पप्रसंगे (ना. 29/23) संगीतराजे च सर्वसंवाद-श्रुत्यादीनां सन्दर्भे स्मर्यतेऽनुमीयते चास्य संगीत-नाट्यविषयकग्रन्थस्य कर्तृत्वं विद्वद्भिः। साहित्यशास्त्रप्रसंगेषु शारदातनय-सागरानन्दि-कुन्तक-क्षेमेन्द्र-वल्लभदेव-कल्हण-राघवभट्ट-सर्वानन्द-वासुदेवादिभिः स्मर्यतेऽयं नाट्यशास्त्रनिष्णातः।

30. **अभिनवगुप्तपादः**-प्रत्यभिज्ञादर्शनविशारदो ध्वनिसम्प्रदायधुरीणो पञ्चाशद-धिककृतिभिर्दर्शन-तन्त्र-काव्यशास्त्र-नाट्यशास्त्र-स्तोत्रादिविविधविधासु प्रख्यातो लोचनाभिनवभारती-टीकाद्वयेन प्रथितो योगनिष्णातश्च ख्रीष्टीयदशमैकादशशताब्दी-मध्यगः अभिनगुप्तपादाचार्यः कैशिकस्वरसाधारणप्रसंगे स्वरसंवादिलोपप्रसंगे च संगीतराजे स्मृतः। परन्तु 28 तमाध्यायस्य तदीयसंगीतमतप्रकाशकोंऽशः सम्प्रति नोपलभ्यते बहुत्र।

31. **भोजराजः**-भोजप्रबन्धादिप्रणेता प्रबन्धचिन्तामण्यादिचतुरशीत्यधिककृतिकारो राजा मनीषी कविविद्वत्कलानिपुणानां संरक्षकः शृंगारप्रकाश-सरस्वतीकण्ठाभरण-समराङ्गण-सूत्रधार-राजमार्तण्ड-युक्तिकल्पतरु-तत्त्वप्रकाशादिरचनाभिः प्रथितयशाः एकादशशताब्दकालिको महाराजो भोजः संगीतप्रकाशप्रणेतृत्वेनोच्यते। संगीतरत्नाकरे संगीतराजे च संगीतशास्त्राचार्यत्वेन मेलापकै-लालक्षणयोः प्रसंगे चायं स्मर्यते।

32. **सोमेश्वरः**-संगीतरत्नावलीकारः सोमेश्वरः ईशवीयशतकेषु द्वादश-त्रयोदशशतक-मध्यवर्ती। मानसोल्लासेऽपि सोमेश्वरविरचिते गीत-वाद्य-नृत्तानां प्रकरणानि विद्यन्ते। संगीतरत्नाकरे भावप्रकाशे च सोमेश्वरः स्मर्यते संगीतराजे च प्राचीनसंगीताचार्येषु।

33. **शार्ङ्गदेवः**-निश्शङ्कशार्ङ्गदेवविरचितः संगीतरत्नाकरः सङ्गीतशास्त्रस्य रत्नाकरसन्निभः सप्तस्वध्यायेषु निबद्धः। तत्र क्रमशः स्वरगताध्यायः, रागविवेकाध्यायः, प्रकीर्णकाध्यायः, प्रबन्धाध्यायः, तालाध्यायः, वाद्याध्यायः, नर्तनाध्यायश्चेति नामानि। तेषु प्रथमे (श्लोकाः 580½) पदार्थ-पिण्ड-वर्णालंकार-जाति-गीत्यादितत्त्वानां संग्रहः। द्वितीये (श्लोकाः 241) राग-रागाङ्गादीनाम्। तृतीये (श्लोकाः 223) वाग्गेय-

गायकादिनिरूपणम्। चतुर्थे (श्लोकाः 380) नाट्यभिन्नसंगीतप्रबन्धभेदादयो विवेचिताः। पञ्चमे (श्लोकाः 409 ½) तालतत्त्व-तद्भेदाश्च। षष्ठे (श्लोकाः 1219) तालावनद्ध-घनसुषिरवाद्यानां निरूपणम्। सप्तमे (श्लोकाः. 1678) नृत्त-रसादीनां प्रस्तुतिः। एवं सप्तसु श्लोकसंख्या 7951 अस्ति। लक्षणग्रन्थोयं काव्यप्रतिभामपि कर्तुः परिचाययति। अस्य प्रणेता शार्ङ्गदेवः काश्मीरको महाराष्ट्रेषु देवगिरिनरेशस्य यादवभिल्लमस्य राज्याश्रये श्रीकरणाग्रणी आसीत् सिंघणस्य (1210-1247 ई.) काले। अतः संगीतरत्नाकरस्य रचनाकालस्त्रयोदशशतकस्य पूर्वार्द्धभागः। सिहभूपालेन संगीतसुधाकराख्या संस्कृतव्याख्या चतुर्दशशतकस्योत्तरार्धे प्रणीता कलकत्तातः प्रकाशिता प्राप्यते। पञ्चदशशतकस्योत्तरार्द्धे कल्लिनाथेन कलानिधिसंज्ञा व्याख्या रचिता, सा आनन्दाश्रमद्वारा पुण्यपत्तनतः प्रकाशिता। मद्रपुरीस्थाड्यारग्रन्थालयेन व्याख्याद्वयमपि प्रकाशितम्। केशवो हंसभूपालश्चापि व्याख्याकाराविति प्रसिद्धिः। कुम्भकर्णगङ्गारामावपि टीकाकृतौ। काचन चन्द्रिकानाम्नी टीकाप्यस्ति। गंगारामस्तु व्रजभाषायामनूद्य प्रस्तुतवान् ग्रन्थमिमम्। अस्य हिन्दी-तेलुगु-मराठी-कन्नडां-ग्लभाषास्वप्यनुवादा दृश्यन्ते। सुभद्राचौधरीमहोदयया हिन्दीव्याख्यानुवादसंयुतं रुचिरं प्रकाशनं संगीतरत्नाकरस्य 1999-2000 वर्षे सञ्जातम्।

34. **कुम्भकर्णमहाराजः**-संगीतराजग्रन्थः मेदपाट-(मेवाड) भूपतिना कुम्भकर्णेन विरचित उपलभ्यते। सोऽयं 1509 वैक्रमाब्दे (1456 ईशवीयाब्दे) पूर्णतां गत इति संगीतराजग्रन्थान्तपुष्पिकायां स्फुटमुल्लिखितम्। महाराणाभिधः कुम्भापरसंज्ञः कुम्भकर्णो राजत्वे 1433 ईशवीयाब्दे प्रतिष्ठापितः पितुर्मोकलस्य निधनानन्तरम्। स पञ्चत्रिंशद् वर्षाणि यावद् राज्यमलञ्चकार। इयं कुम्भकर्णसंज्ञा तस्य शिवभक्तत्वं प्रसाधयति, वायुपुराणे (30/183) शिवस्यैव कुम्भकर्णाभिधानोपलब्धेः। संगीतराजमहाग्रन्थस्य पञ्च भागाः - पाठ्यरत्नकोश - गीतरत्नकोश-वाद्यरत्नकोश-नृत्यरत्नकोश- रसरत्नकोश-संज्ञाभिः। तत्र प्रत्येकं कोशे उल्लासाः प्रत्येकमुल्लासे च परीक्षणसंज्ञया विभागः। महाग्रन्थेऽस्मिन् कियती साहस्री पद्यानामिति न याथार्थ्येन वक्तुं शक्यते। पाठ्यरत्नकोश-गीतरत्नकोशात्मके खण्डे एव चतुस्सहस्रं प्रायशस्तदधिकं वा पद्यजातं संगीतशास्त्रस्य विविधानामङ्गानामुपदेशकं दृश्यते। अयं ग्रन्थः कोशाद्वयात्मकः प्रेमलताशर्ममहोदयया सम्पादितः काशीहिन्दूविश्वविद्यालयात् 1962 ईशवीयाब्दे प्रकाशितः। अस्यैवापरं नामधेयं संगीतमीमांसा इत्यप्युपलभ्यते। महाग्रन्थोऽयं श्लोकाक्षरगणनया 16000 श्लोकात्मक उच्यते। अतः परिमाणे ग्रन्थोयं नाट्यशास्त्राद् द्विगुणः संगीतरत्नाकराच्च त्रिगुणः।

अन्येपि संगीतशास्त्रग्रन्थाः संगीतदामोदर-संगीतदर्पण-संगीतमकरन्दादयो वर्तन्ते। श्रुतिपारम्पर्यप्रतिष्ठाभूतः संगीतोपनिषत्-सारोद्धाराख्यो ग्रन्थोऽपि इन्दिरागान्धीराष्ट्रियकलाकेन्द्रतः प्रकाशितः।

विविधाः कलाः

भूयस्यः कलाः संस्कृतशास्त्रेषु बहोः कालात् पूर्वमेवोपदिष्टास्ताश्चाद्यत्वेऽभिनवा मन्यन्ते पाश्चात्त्यदेशोद्गताश्चेति पारम्पर्यज्ञानाभाव एवात्र हेतुः। काश्चनात्र कला उदाह्रियन्ते-ललितविस्तरोक्ता विडिम्बितकला साम्प्रतम् miniature अथवा mimicry रूपेणावधार्यते। शुक्रनीतिसारोक्तमनेकवाद्यविकृतौ तद्वादने ज्ञानम् सम्प्रति orkestra पदेन व्यपदिश्यते। वात्स्यायनोक्त-नेपाथ्यकलान्तर्गतं वधूनेपथ्यं शुक्रनीतिसाराभिमतं स्त्रीपुंसोर्वस्त्रालंकारसन्धानञ्च beauty parlor व्यवसाये परिणतं दृश्यते। शुक्रनीतिसारोक्तं कञ्चुकादीनां सीवने विज्ञानमद्यत्वे ladies teller संज्ञैः कर्मकरैर्व्यवह्रियते। कृत्रिमस्वर्णरत्नादिज्ञानकला च imitation कर्मणि प्रयोज्यते। वात्स्यायनोक्ता विशेषकच्छेद्यकलाद्यत्वे tatto निर्माणरूपेण विश्वप्रथिता। वसनरागकला च रञ्जन-(dying) व्यवसायेऽर्थकरी साम्प्रतं वर्तते। क्रीडास्वपि वाजिवाह्यालिक्रीडा (पृ.297) polo पदेनाभिधीयते। धरणीपात-भासुर-मारादियुद्धानि (पृ. 312) freestyle wrestling रूपेण प्रवर्तितानि जगति प्रभूतार्थोपार्जनसाधनानि मन्यन्ते।

राज्यशासने सीताध्यक्षादिपदानि (पृ0 337) साम्प्रतं न दृश्यन्ते, कानिचन च समाहर्तादिपदानि (पृ0 337) Collector रूपेण पूर्वं प्रयुक्तान्यासन्। चतुष्षष्टिकलासु कुसुमतण्डुलबलिविकारकला (पृ.46) रङ्गवल्ली (रंगोली)-निर्माणकलारूपेण साम्प्रतमपि दक्षिणापथे प्रतिग्रामं प्रतिगृहञ्च प्रसृता दृश्यते। तत्रोक्ता प्रतिमाला (पृ.59) अद्यत्वे अन्त्याक्षरी-संज्ञया भारतेषु दृष्टप्रचारा सर्वलोकरञ्जनेन प्रशस्यते। पुस्तकवाचनकलापि (पृ0 60) वेदाध्ययनादेव समुद्भूतेति वक्तुं युज्यते। वेदाध्ययने पाठदोषाः, पाठगुणाः, पाठकदोषाः, पाठकगुणाश्चेति सर्वं शिक्षोक्तमाश्रित्य पुस्तकवाचनकला परिपुष्टा। तत्सम्बद्धा ग्रन्थलेखन-ग्रन्थसंरक्षण-ग्रन्थप्रचारादिविधयोपि भारतीयकलाशास्त्रान्तर्भुक्ता राजन्ते वेदादेव सम्प्रवृत्ताः।

ग्रन्थलेखनवाचनकला

परमेश्वरप्रणीतस्य जगतः प्रादुर्भावादेव सनातनी भारतीयार्षपरम्परा संसारस्थितिविधौ धर्मार्थकाममोक्षपुरुषार्थानुपदिशन्ती जीवजातस्योपकृत्यै लयान्तां काञ्चन सर्गसञ्चालनपद्धतिं

प्रसाधयति। सेयं शाश्वती पद्धतिरार्षशास्त्रेषु श्रुतिस्मृत्यादिषु प्रतिष्ठिता। भगवती श्रुतिर्हि गुरुमुखोच्चारणानूच्चारणक्रमेण सम्प्रदायविधया स्वरवर्णमात्रादिविपर्ययलेशराहित्येनानादिकालात् प्रवृत्तेदङ्कालमपि तथैव स्थानकरणप्रयत्नादिभिरविकृतोच्चार्यत इति महदाश्चर्यास्पदं भवति विश्वमनीषिणाम्। यतो हि विश्वस्य बह्व्यो भाषा अविज्ञाता विलुप्ता विस्मृता विपरिणता विकृताश्चेति तैरनुभूयतेऽवलोक्यते च साम्प्रतमपि। तादृशेन करालकालप्रभावेणासंस्पृष्टेयं संस्कृतभाषेत्यस्या अमरभारतीत्वं सुतरां सिद्ध्यति। अमरवाण्यां ग्रन्थलेखनपरम्परापि सुतरां प्राचीना।

परमत्र गुणसन्निपातेऽपि केचनावगुणान्वेषकाः संशेरते यदियं परम्परा श्रुतिप्राप्ता प्रथितेति लेखनविहीनासीत् पुराकाले, पश्चाच्च पाश्चात्त्यादिप्रभावेणात्र ग्रन्थलेखनादि-विधिर्व्यवस्थित इति। परमनवगतपारम्पर्याणां तथ्यातिरिक्तानुसन्धानपराणां वराकाणामियमन्यथाख्यातिरेव। यतो हि द्रष्टुरुपदेशः श्रुतिः श्रोतुरुपदेशः स्मृतिरिति राद्धान्तः परम्परासिद्धः। अतश्च ऋषयो मन्त्रद्रष्टारोऽभिधीयन्ते, यथा निरुच्यते यास्केन ऋषिर्दर्शनादिति। अनेनैव पथा वेदानां स्वतः प्रामाण्यं प्रत्यक्षप्रमाणत्वञ्च प्रसाध्यते, यथा वेदान्तसूत्रेषु-प्रत्यक्षं श्रुतिः प्रमाणं प्रत्यनपेक्षत्वादित्यादिना। अत्र चक्षुरिन्द्रियग्राह्यमतीन्द्रियं वा दर्शनं रूपमपेक्षत इति नातितिरोहितम्। तेन च लेखविधिः स्फुटमापद्यते। मन्त्रवर्णेऽप्यस्य प्रामाण्यं प्राप्यते, यथा-**उत त्वः पश्यन्न ददर्श वाचमुत त्वः शृण्वन्न शृणोत्येनाम् इति।** अत्र वाचो दर्शनं स्पष्टमुपदिष्टं, तच्च लिपिसंकेताविज्ञेन कर्तुं न पार्यत इत्यपि संकेतः। श्रुतावस्यामध्ययनाध्यापनक्रमे लेखनश्रवणयोरुभयविधा पद्धतिरुपदिश्यत इत्यस्ति विशेषः। किञ्च **'प्रास्मै गायत्रमर्चत'** (ऋ. 8.1.8) इत्यादिस्थलेष्वपि 'अस्मै इन्द्राय गायत्रं लेखं प्रार्चत प्रकर्षेणार्पयत' एवंविधोऽर्थ उपपद्यते मन्त्रच्छन्दोलेखविधिप्रत्यायकः।

वाजसनेयकेऽपि **क्षुरोभ्रजश्छन्दः** (मा.सं. 15/4) इत्येवं लेखनविधानम्, **अक्षरपंक्तिश्छन्दः, पदपंक्तिश्छन्दः विष्टारपंक्तिश्छन्दः** (मा.सं 15/4) इत्यादिना च वर्ण-पद-संहितादिविस्तरेण लेखसंकेत उपदिश्यते। छन्दःपदेन कृत्स्नं वाङ्मयमुच्यते, नाच्छन्दसि वागुच्चरतीति श्रुतिसमन्वयात्। वस्तुतोऽत्र लिखनविधिद्वयमुपदिशति भगवती श्रुतिः-क्षुरश्छन्दः भ्रजश्छन्द इति च (द्र.मा.सं. 15/4,5)। क्षुरादिना लोहादिलेखिन्या शिलादौ निखननकर्तनादिद्वारा वाङ्मयाङ्कनं क्षुरश्छन्दः। भ्राजमानमस्यादिना पत्रादौ लेपनद्वारा वाङ्मयप्रकाशनं भ्रजश्छन्दः। तदुभयमपि सनातनपरम्पराप्रथितं बहुकालानन्तरं भारतातिरिक्त-देशान्तरेषु प्रसृतिंगतमित्यवगम्यते। यतो हि वर्णप्रकाशने लेखः लिपिश्चेति द्वावपि शब्दौ सुरभारत्यां सुतरां प्रयुक्तौ विद्येते। पाणिनिनये क्षुर विलेखने धातौ लेखनं छेदनमित्याचार्याः।

लिखधातुश्चाक्षरविन्यासार्थक उपदिश्यत इति च्छेदनेनाक्षरविन्यासो लेखनमिति निर्गलितोऽर्थः। एवमेव लिप उपदेहे धातुस्तत्र चोपदेहो वृद्धिरित्यर्थः। एवमाधारे न्यूनतामकृत्वा

रङ्गमस्यादिसाधनेन वृद्धिं सम्पाद्याक्षरसन्निवेशो लिपिरित्यपि स्फुटम्। अतो भारतानां श्रुतिप्रामाण्यवादिनामक्षरविन्यासपद्धतिरनवगतासीदिति कल्पनं सर्वथा भ्रान्तिविजृम्भितमेव भवति।

प्रमाणान्तराण्यप्यत्रोपस्थितानि दृश्यन्ते, यथा निरुक्ते-**बिल्मग्रहणायेमं ग्रन्थं समाम्नासिषुरित्यत्र** वाङ्मयसन्दोहस्य विभजने बिल्मं भिल्ममिति यास्काचार्यो (1.6.5) निर्वक्ति। भिल्मं भेदनं च लिपिद्वारेणैव सम्भवतीति स्फुटम्। महाभारतेऽपि-

इत्येते चतुरो वर्णा येषां ब्राह्मी सरस्वती।
विहिता ब्रह्मणा पूर्वं लोभात् त्वज्ञानतां गता।। (म.भा.शा.१८८/१५)

इत्थं ब्राह्मीलिपिरभिधीयते। ततश्च ऋज्राश्वस्य दौहित्रो जरदस्त्रः ब्राह्मीलिपिद्वेष्यासीत्, तेन च खरोष्ठी प्रवर्तितेत्यपि केषाञ्चन मतं प्राप्यते। वाल्मीकिरामायणे **तु-रामनामांकितं चेदं पश्य देव्यंगुलीयकम्** (सु.का. 36/2) इत्येतेन नामवर्णांकनप्रकारोऽलंकारेष्वपि निर्दिश्यते। वर्णानां संख्यानं सुनियतं शिक्षाप्रातिशाख्यव्याकरणादिशास्त्रेषु यथामतं परिभाष्यते, यथा पाणिनिशिक्षायां-**त्रिषष्टिश्चतुष्षष्टिर्वा वर्णाः शम्भुमते मता इत्यादिना।** तत्रैव शुद्धवर्णलेखस्यापरिहार्यत्वमपि निर्दिष्टं पाठकाधमगणनायां यथा-

गीती शीघ्री शिरःकम्पी यथालिखितपाठकः।
अनर्थज्ञोऽल्पकण्ठश्च षडेते पाठकाधमाः ।। इति।

पुस्तकलिखितस्य शोधनं तच्चार्थानुसन्धानपूर्वकं कर्तव्यमित्यत्र विधीयते शिक्षास्मृतौ पाठकगुणत्वप्रतिष्ठापनार्थम्। किञ्च पाठकपदमेव तत्सम्मुखस्थं वाङ्मयपुस्तकं प्रकाशयति, अन्यथा श्रोत्रधीयानादिपदप्रयोगः स्यात्।

सुश्रुतसंहितायामपि समुक्ताः पाठगुणा यथा- (3/54-56)

'अथ वत्स! तदेतदध्येयं यथा तथोपधारय मया प्रोच्यमानम्-अथ शुचये कृतोत्तरासङ्गायाव्याकुलायोपस्थितायाध्ययनकाले शिष्याय यथाशक्ति गुरुरुपदिशेत् पदं पादं श्लोकं वा। ते च पदपादश्लोका भूयः क्रमेणानुसन्धेयाः। एवमेकैकशो घटयेदात्मना चानुपठेत्। अद्रुतमविलम्बितमविशंकितमननुनासिकं व्यक्ताक्षरमपीडितवर्णमक्षिभ्रुवौष्ठ-हस्तैरनभिनीतं सुसंस्कृतं नात्युच्चैर्नातिनीचैश्च स्वरैः पठेत्। न चान्तरेण कश्चिद् व्रजेत् तयोरधीयानयोः। भवतश्चात्र-

शुचिर्गुरुपरो दक्षस्तन्द्रानिद्राविवर्जितः।
पठन्नेतेन विधिना शिष्यः शास्त्रान्तमाप्नुयात्।।
वाक्सौष्ठवेऽर्थविज्ञाने प्रागल्भ्ये कर्मनैपुणे।
तदभ्यासे च सिद्धौ च यतेताध्ययनान्तगः।। इति।

अत्रापि पद-पाद-श्लोकानामनुपठनमर्थविज्ञानञ्चाध्ययने पुस्तकप्रयोगं सूचयति। एवञ्चार्षशास्त्रेषु प्रतिष्ठिते स्तम्भलेखपुस्तकलिप्यादिसिद्धान्ते साम्प्रतं किं भवेदाद्यं पुस्तकं ग्रन्थालयेष्विति निरूपयामः। तदर्थं प्राच्यप्रमाणानां न भवत्यपेक्षा, पाश्चात्यैरेव वक्ष्यमाणांगीकारेण। तथोच्यते मोक्षमूलरवर्येण-

The Ṛgveda is the oldest book in the library of the world इति। रेवरेण्डमौरिसमनीषी च The teachings of the Vedas प्रबन्धे प्रतिपादयति- 'We may safely now call Ṛgveda as the oldest book, not only of the Aryan race but of the whole world' इति। हीरेनमहोदयेनापि Historical Researches इत्यत्रांगीकृतं यत्-The Vedas are without doubt the oldest books composed in Sanskrit इत्यादि। इत्थं विश्वग्रन्थालयेषु प्रथमपुस्तकत्वेनाभ्यर्हितो वेदः पुस्तकालयगौरवे भारतीयमाद्य-विधिं विदधाति।

आगमशास्त्रेषु पुस्तकलेखादक्षरब्रह्मसन्निधानमुपदिश्यते, यथा (प्रा.तो.स. 7 परि.)-

सर्वं चराचरं विश्वं वर्णात्तु जायते ध्रुवम्।
नानाशास्त्रं पुराणञ्च इतिहासञ्च सुन्दरि।।
वेदश्च स्मृतिशास्त्रञ्चान्यानि यानि कानि च।
अक्षराज्जायते सर्वं परं ब्रह्म स्वयं प्रिये।।

योगिनीतन्त्रे तृतीयभागे सप्तमपटले भूमौ पुस्तकलेखनं तेषां भूमौ स्थापनं च निषिध्यते। यथा-

न भूमौ विलिखेद्वर्णं मन्त्रं न पुस्तके लिखेत्।
न भूमौ पुस्तकं स्थाप्यं न मुक्तमाहरेत्तु तत्।।
भूकम्पे ग्रहणे चैव अक्षरं वाथ पुस्तकम्।
भूमौ तिष्ठति देवेशि जन्मजन्मसु मूर्खता।।
तदा भवति देवेशि तस्मात्तत्परिवर्जयेत् ।।

लेखिनीस्वरूपमपि तत्रोच्यते यथा-

वंशसूच्या लिखेद्वर्णं तस्य हानिर्भवेद् ध्रुवम्।
ताम्रसूच्या तु विभवो भवेन्न तत्क्षयो भवेत्।।
महालक्ष्मीर्भवेन्नित्यं सुवर्णस्य शलाकया।
बृहन्नलस्य सूच्या वै मतिवृद्धिः प्रजायते।।
तथा अग्निमयैर्देवि पुत्रपौत्रधनागमः।

रौप्येन विपुला लक्ष्मीः कांस्येन मरणं भवेत्।।
अष्टांगुलप्रमाणेन दशांगुलेन वाथवा।
चतुरंगुलसूच्या वा यो लिखेत् पुस्तकं शुभे।।
तत्तदक्षरसंख्ये तु स्वल्पायुर्याति वै दिने।।

अत्राग्निमयैश्चित्रकाष्ठमयै रौप्येन पित्तलेन चेत्यर्थः। यथा रौप्येनेत्यादिवचने एकत्रैव विधिनिषेधौ, तथात्राप्यष्टांगुलदशांगुलयोर्विधिर्निषेधश्चतुरंगुले। पुस्तकमानमपि तत्रैवोक्तं यथा-

मानं वक्ष्ये पुस्तकस्य शृणु देवि समासतः।
मानेनापि फलं विन्द्यादमाने श्रीर्हता भवेत्।।
हस्तमात्रं मुष्टिमात्रमाबाहु द्वादशाङ्गुलम्।
दशाङ्गुलं तथाष्टौ च अतो हीनं न कारयेत्।।

पुस्तकेषु वेधफलमभिधीयते यथा-

वेधद्वयं मुष्टिहस्तं बाहुमात्रे चिरन्तनम्।
समभागे महेशानि हस्तादौ रूपबन्धकम्।।
अष्टाङ्गुलं परित्यज्य मध्ये वेधं न कारयेत्।
प्रादेशादौ भवेद्रन्ध्रो द्व्यङ्गुले वा समाचरेत्।
पुस्तकस्य च आद्यन्ते यन्त्रवेधं विकल्पयेत्।
भार्याहानिर्भवेदाशु धनानां वा क्षयो भवेत्।।
दग्धरन्ध्रे भवेत् पीडा वर्त्तुलं शुभदं भवेत्।
चतुष्कोणे विप्लवस्तु त्रिकोणे मरणं भवेत्।।

पुस्तकेषु पत्रकरणं विधीयते यथा-

भूर्जे वा तेजपत्रे वा तथा च तालपत्रके।
अगुरुणापि देवेशि पुस्तकं कारयेत् प्रिये।।
सम्भवे स्वर्णपात्रे च ताम्रपात्रे च शङ्करि।
अन्यवृक्षत्वचि देवि तथा केतकिपत्रके।।
मार्त्तण्डपत्रे रौप्ये वा वटपत्रे वरानने।
अन्यपत्रे च सुदले लिखित्वा यः समभ्यसेत्।।
स दुर्गतिमवाप्नोति धनहानिर्भवेद् ध्रुवम्।।

श्रुतिग्रन्थानां यथालिखितपाठस्य निषेधस्तत्रैव-

वेदस्य लिखनं कृत्वा यः पठेद् ब्रह्महा भवेत्।
पुस्तकं वा गृहे स्थाप्यं वज्रपातो भवेद् ध्रुवम् ।। इति।

पुस्तकाक्षरेषु देवस्थितिः प्रतिपादिता यथा-

सत्येऽक्षरे स्थितः शम्भुः शूलपाणिस्त्रिलोचनः।
प्रजापतिर्द्वापरे च त्रेतायां सूर्य एव च।।
कृते युगे पिनाकी च कलौ लिप्यक्षरे हरिः।
आरम्भे च समाप्तौ च लेखकं प्रतिपूजयेत्।।
हरिञ्च गन्धपुष्पाद्यैर्वस्त्रैश्च सुमनोहरैः।
यावदक्षरसंख्यानं प्रतिपत्रे च सुन्दरि ।।
तावद् युगसहस्राणि ब्रह्मलोके वसेच्चिरम्।।
वेतनं यस्तु गृह्णीयात् लिखित्वा पुस्तकं स तु।
यावदक्षरसंख्यानं तावच्च नरके वसेत्।।

पुस्तकालयादिस्थापने ग्रन्थप्रदानेनानन्तफलं पुराणेषूपदिश्यते यथा-

विप्राय पुस्तकं दत्त्वा धर्म्मशास्त्रस्य च द्विज।
पुराणस्य च यो दद्यात् स देवत्वमवाप्नुयात्।।
शास्त्रदृष्ट्या जगत् सर्वं सुश्रुतञ्च शुभाशुभम्।
तस्मात् शास्त्रं प्रयत्नेन दद्याद्विप्राय कार्तिके।।
वेदविद्याञ्च यो दद्यात् स्वर्गे कल्पत्रयं वसेत्।
आत्मविद्याञ्च यो दद्यात्तस्य संख्या न विद्यते।।

त्रीणि तुल्यप्रदानानि त्रीणि तुल्यफलानि च।
शास्त्रं कामदुधा धेनुः पृथिवी चैव शाश्वती।।

इति पाद्मोत्तरखण्डे (110 अध्याये)। वेदशास्त्रादिदानफलं गारुडेऽप्यभिहितं यथा-

वेदार्थयज्ञशास्त्राणि धर्म्मशास्त्राणि चैव हि।
मूल्येन लेखयित्वा यो दद्यात् याति स वैदिकम्।।
इतिहासपुराणानि लिखित्वा यः प्रयच्छति।
ब्रह्मदानसमं पुण्यं प्राप्नोति द्विगुणीकृतम् ।। इति (२/५ अध्याये)

भागवतदानविधानमपि भूयस्तरां फलदमुपदिष्टम्। धर्मशास्त्रेषु पुस्तकैकप्रदानं सहस्रगोदानफलप्रदमित्युक्तं यथा-

कपिलादानसहस्रेण सम्यग् दत्तेन यत्फलम्।
तत्फलं समवाप्नोति पुस्तकैकप्रदानतः ।। इति।

पुस्तकप्रदानेन यशःसाम्राज्यमपि वर्ण्यते यथा-

पुराणं तर्कशास्त्रञ्च छन्दोलक्षणमेव च।
वेदं मीमांसकं दत्त्वा शिवधर्मञ्च वै नृप।
सप्तद्वीपपृथिव्याञ्च राजराजो भवेद्धि सः ।। इति।

एवं यशःसाम्राज्यफलेन पुस्तकप्रदानेन मनुजो राजमानो भवत्येवेति फलितोऽर्थो धर्मशास्त्रवचसाम्। एवं प्रभूतैरुल्लेखैः लिपि-लेख-पाठ-वाचन-पुस्तकनिर्माण-रक्षणादिकलाः संस्कृतशास्त्रेषु समुपदिष्टा विद्यन्ते।

विविधाः क्रीडाः

आचार्यो मंखकः साहित्यमीमांसायामाह क्रीडाः (168)-

क्रीडामहिम्न्यो देश्याश्च निवेश्यन्तां यथोचितम्।
द्यूतान्दोलनकौमुद्यो यक्षरात्रिस्मरोत्सवौ ।।
सुवसन्तकमुख्याश्च महिम्न्यः परिकीर्तिताः ।
द्यूतं दुरोदराद्या स्याच्चुम्बनादिपणा क्रिया।।

आलिङ्गनादिग्लहं दुरोदरादिक्रीडा। द्यूते यथा सरस्वतीकण्ठाभरणे (2/357,5/424)।

दोलामारुह्य मार्गादौ विहारो डोलनं भवेत्।

मार्गशीर्षाद्यादिषु डोलामारुह्य विहार आन्दोलनक्रीडा। आदिशब्देन चतुर्थ्यादयोऽपि गृह्यन्ते। यत्र स्त्रियो दोलामारोहन्ति सान्दोलनचतुर्थीति कण्ठाभरणे (5 पृ0 664)। अत्राश्वलायने (2/2) शांखायने च (4/16) द्रष्टव्यम्। आश्विने पौर्णमासी कौमुदीति कण्ठाभरणे (5 पृ0 688)।

क्रीडाश्वयुक्पौर्णमास्यां रात्रौ स्यात् कौमुदीति च।
दीपावल्युत्सवो यक्षरात्रिर्दीपादिहेतुकः।

अयमुत्सवः पाद्मे (उत्त. 122), स्कान्दे (कार्ति. 4/11), कण्ठाभरणे (5 पृ0 661) अप्युक्तः।

त्रयोदश्यां भवेत् कामदेवपूजामहोत्सवः।

अयं मदनोत्सवः कण्ठाभरणे (5 पृ0 665) रत्नावल्याम् (1/22) चोदाहृतः-

भवेद् वसन्तावतारदिवसः सुवसन्तकः।

अयं कामसूत्रे (1/4/27) जयमङ्गलायां कण्ठाभरणे च (5 पृ0 665) समुक्तः।

क्वचित् क्वचित् भवेच्चूतभञ्जिकाभ्यूषखादिका।
यत्रानङ्गायोपहृत्यावतंस्याच्चूतमञ्जरीम् ।।
सा चूतभञ्जिका पक्वशूकधान्यादिखादनम् ।
अभ्यूषखादिका चैवं महिम्न्यः परिकीर्तिताः।।

यत्राङ्गनाभिश्चूतमञ्जर्योऽवरुज्यानङ्गायोपहृत्यावतंस्यन्ते, सा चूतभञ्जिका। इयं कामसूत्रे टीकायां (1/4/24-28) कण्ठाभरणे चोक्ता सहकारभञ्जिका।

शिम्बिधान्यशूकधान्यानामार्द्राणामेवाग्निपक्वानामभ्यवहारोऽभ्यूषखादिका। अत्रेक्षुभक्षिका च द्रष्टव्या।

देश्याः क्रीडाः

उदकक्ष्वेलिका मध्यदेश्यानां भूतमातृका।
विदेहानां विदर्भाणां स्मृता स्यादेकशाल्मली।।
कदम्बयुद्धं पुण्ड्राणां वने स्यान्नवपत्रिका।
प्रायेणानूपदेशेषु प्रथते बिसखादिका।।

जयमङ्गलायां (1/4/27,28) कण्ठाभरणे चाभूषखादिकात्वेनेयं क्रीडा नवेक्षुभक्षिका चापि समुक्ता (5 परि.)। उदकपूर्णा क्ष्वेला वंशनाली यस्यां क्रीडायां सा उदकक्ष्वेलिका। उदकक्ष्वेडिका कण्ठाभरणे जयमङ्गलायां चोक्ता। अद्यत्वे होलिकापर्वणीयं क्रीडा पिचकारीसाधनेन सम्पाद्यते।

शृङ्गाणि द्रुतकनकोज्ज्वलानि गन्धाः
कौसुम्भं पृथुकुचकुम्भसङ्गि वासः।
मार्द्वीकं प्रियतमसन्निधानमासन्
नारीणामिति जलकेलिसाधनानि ।।

इति माघकाव्योक्तमुदाहृतं शृंगारप्रकाशे।

पाञ्चालविहिता भिन्नभाषावेषोपचेष्टितैः।
क्रीडा पाञ्चालानुयांनं प्रहासाद्यनुरञ्जितम्।।
तत्रैव मुख्या ख्यातानुकरणी भूतमातृका।
केचित् पाञ्चालानुयानं पाञ्चाल्युद्वाहमूचिरे।।

पाञ्चालमुनिप्रवर्तिता भिन्नभाषावेषचेष्टितैः प्रहासक्रीडा पाञ्चालानुयानम् । यास्यानुकरणिका भूतमातृकेति च प्रसिद्धिः। पाञ्चालीपरिणयादिप्रवर्तनं पाञ्चालानुयानम् इति केचित्। अस्योदाहरणमनर्घराघवे (3/5)

पुष्पितं शाल्मलीवृक्षमाश्रितैः स्थगितेक्षणैः।
स्त्रीजनैरस्य चेष्टैर्वा क्रीडा स्यादेकशाल्मली।।

एकमेव कुसुमनिर्भरं शाल्मलीवृक्षमाश्रित्य सुनिमीलितकादिभिः क्रीडतां क्रीडा एकशाल्मली। इयमुक्ता कण्ठाभरणेऽपि, कदम्बयुद्धमपि तत्र।

कादम्बनीपहारिद्रकुसुमैः प्रावृडागमे।
क्रीडा कदम्बयुद्धं स्याद् वधूनां वल्लभैः सह।।

वर्षासु कदम्बनीपहरिद्राकुसुमैः प्रहरणभूतैर्द्विधा बलं विभज्य कामिनां क्रीडा कदम्बयुद्धम्। यथोदाहरणं गाथासप्तशत्याम् (863)।

आद्यवर्षोदिततृणे वर्षासु नवशाद्वले।
या कृत्रिमविवाहादिक्रीडा सा नवपत्रिका।।

प्रथमवर्षप्ररूढनवतृणाङ्कुरासु स्थलीषु शाड्वलमभ्यर्च्य भूभुक्तपीतानां कृत्रिमविवाहादिक्रीडा नवपत्रिका। तत्र वरणविधानादेवैवंविधाः परिहासा भवन्ति इति कण्ठाभरणेपि।

अभ्येत्य या भवेत् क्रीडा सरो नूत्नबिसाङ्कुरम्।
तत्खादनादिका नानारूपा सा बिसखादिका।।

अभिनवबिसाङ्कुरोद्भेदसमये सरः समाश्रित्य नानाक्रीडा बिसखादिका। जयमङ्गलाकण्ठाभरणयोरपीयम्। यथा गाथासप्तशत्याम् (952)।

द्रष्टव्यानि प्रकीर्णानि चेष्टितानि मनीषिभिः।
अष्टमीचन्द्रिका कुन्दचतुर्थी च तथाविधा।।

पुष्पावचायिकेत्यन्या तथा दौहदिकेति च।
ज्ञेया तथान्या च नवलतिका तत्प्रवर्तिका ।।
शक्रार्चा च तथा तोयक्रीडा च प्रेक्ष्यदर्शनम्।
मधुपानादिकमिति प्रयोज्यानि यथाविधि ।।
अन्यच्च क्रीडितं तत्तत्स्थानेषु विनियोजयेत्।

आदिशब्दादुदीयमानादिर्गृह्यते। अष्टमीचन्द्रिकाकुन्दचतुर्थीपुष्पावचायिकादौहदिकानवलतिकाशक्रार्चातोयक्रीडाप्रेक्ष्यदर्शनमधुपानादिप्रकीर्णकान्यपि द्रष्टव्यानीत्यर्थः।

स्पृहयन्ति मनोभूतमष्टमीशशिनो यथा।
क्रिया चैत्रचतुर्थी सा अष्टमीचन्द्रिका भवेत्।।

अस्या उल्लेखः कण्ठाभरणेपि।

नानाविधाना या यूनां हिमर्तौ यवसंस्तरे।
अबलालोकनी कुन्दचतुर्थी सा प्रकीर्तिता।।

यस्यां यवस्रस्तरेष्वबला लोलन्ति सा कुन्दचतुर्थीति कण्ठाभरणे। तत्र पुष्पावचायिका दोहदिका समन्वयेनोक्ता। मंखकेन तु-

पुष्पावचयकर्म स्याद् यूनां पुष्पावचायिका।।
उपवनेषु कामिमिथुनानां पुष्पावचयः पुष्पावचायिका।
चरणाघातगण्डूषालिङ्गनाद्यैस्तु दोहदैः।
कुसुमोत्पादिका कङ्केल्यादौ दौहदिका मता।।

यत्र युवतयो वारुणीगण्डूषचरणप्रहारपरिरम्भविभ्रमेक्षणादिभिर्बकुलकङ्केलिकुरबकतिलकादीन् पुष्पयन्ति, सा दौहदिका।

तरून् नवलतायुक्तान् भावयन्ति ययाङ्गनाः।
क्रिया मनोज्ञा तु नवलतिकाख्या भवेत् तु सा।।

यत्र कस्ते प्रिय इति पृच्छद्भिः पलाशादिनवलतादिभिः प्रियजनो हन्यते, सा नवलतिका। इयं चूतलतिकेति कण्ठाभरणे। उदाहरणञ्च गाथासप्तशत्याम् (28)।

इन्द्रोत्सवस्य दिवसः शक्रार्चेति प्रकीर्त्यते। इयं कण्ठाभरणेपि।
जलावगाहो ग्रीष्मादौ जलक्रीडेति कथ्यते।।

ग्रीष्मादौ जलाशयावगाहनं तोयक्रीडा वात्स्यायनेन कण्ठाभरणे चोक्ता।

यत् प्रियावेक्षणं रागात् स्वतो व्याजेन वा भवेत्।
तत् प्रेक्ष्यदर्शनं चित्तचमत्कार्यभिधीयते।।

प्रेक्ष्यदर्शनं कण्ठाभरणेप्युदाहृतम्। कुमारसम्भवे (7/91, 8/11, 8/29), वक्रोक्तिजीविते (2/61) कण्ठाभरणे चोदाहरणानि द्रष्टव्यानि। मदाय मदिरापानं मधुपानं तदुच्यते। माध्वीकादिसेवा मधुपानम्। यथोदाहणं कण्ठाभरणे (5/321) रागोद्दीपनाय मधुसेवेति।

महाचतुर्थ्यां कामिन्या दभिन्याया कलिता भवेत्।
उदीयमानानाक्रीडा प्रयोज्याः सम्प्रदायतः।।

अत्र वयोवस्थानुरूपाणि गोलक्रीडा-गूढाभिव्याहार-घुटीप्रवर्तनपट्टिका-यष्टिकालेखन-मुष्टिक्षुल्लकद्यूत-मध्यमाङ्गुलिग्रहणाक्षपरिवर्तन-षट्पाषाणकलूरन्धिका-गोधूमपुञ्जका-लवणवीथिकानिलताडितिका-वस्त्रग्रन्थिकासौभनिकामण्डलिन्यादीनि देश्यान्यन्यान्यपि निवेशयेयुः। कुट्टिमादौ पतितोत्पतितसूत्रमयकन्दुकास्फालनादिभिर्गोलक्रीडा। इयं जयमङ्गलायामप्युक्ता। साङ्केतिकोक्तिर्गूढाभिव्याहारः। एवं यथालोकमन्यान्यपि प्रयोगेष्वनुसन्धेयानि।

विविधक्रीडोपबृंहितं साम्प्रतिकं प्रेमविज्ञानं स्मरशास्त्राभिख्यया भारतेषु प्रथितमासीत्। श्वेतकेतुराचार्यः प्राथम्येन कामशास्त्रोपदेष्टृत्वेन गण्यते। तदीयसिद्धान्तानां बाभ्रव्येणाचार्येण विततिर्विहिता। शौनकस्याचार्यस्य शिष्य आसीद् बाभ्रवः कौशिकगोत्रोत्पन्न इति वायुपुराणे (61/53) वर्णितम्। मत्स्यपुराणे (21/30) तु कुशिककुलस्यायं त्र्यार्षेयप्रवरप्रवर्त्तकः ऋषिरुपदिष्टः। बाभ्रव्य इति ब्राह्मणेषु गोत्रसंज्ञा निर्दिष्टा शान्तिपर्वणि (342/103) महाभारते। गालवः ऋषिर्बाभ्रव्यगोत्रीय आसीदित्यपि पुराणे लभ्यते। मत्स्यपुराणे (21/30) बाभ्रव्यस्यैवान्यन्नाम सुबालक इति दृश्यते। तस्यापरं नाम वाङ्काल इत्यप्यासीत्।

एवं भारतीयमार्षवाङ्मयं विविधकलोपदेशकं कृषि-वाणिज्य-शिल्पादिलोकोपकृति-करविद्यानिरूपकं सुरभारतीसंग्रथितं राजते। तासु विद्याकलासु काश्चनात्र प्रकीर्णखण्डे स्थालीपुलाकन्यायेनोपस्थापिता इति शम्।

श्रीकिशोरमिश्रः
सम्पादकः
प्रोफेसर एवं पूर्वविभागाध्यक्षः
संस्कृतविभागस्य
काशीहिन्दूविश्वविद्यालयः

श्रीरामनवमी 2074

भूमिका

कला एवं सौन्दर्य चिन्तन के ऐसे महत्वपूर्ण पक्ष हैं जो मानवजीवन को सुन्दर, प्राञ्जल एवं परिष्कृत बनाने में सर्वाधिक सहायक हैं। कला विशेषसाधना है, जिसके द्वारा मनुष्य अपनी उपलब्धियों को सुन्दरतम रूप में दूसरों तक सम्प्रेषित कर सकने में समर्थ होता है। शिवस्वरूपविमर्शिनी में आचार्य हेमराज द्वारा प्रस्तुत यह विवेचन इसी तथ्य की पुष्टि करता है-**''कलयति स्वस्वरूपावेशेन तत्तद् वस्तु परिच्छिनत्ति इति कला व्यापारः। कलयति स्वरूपमावेशयति वस्तुनि वा तत्र तत्र प्रमातरि कलनमेव कला।''** अर्थात् जो नव-नवस्वरूप प्रथमोल्लेखशालिनी संवित् वस्तुओं में प्रमाता के स्व अर्थात् आत्मा को परिमित करती है, वह कला है। स्व का कलन अर्थात् आत्माभिव्यञ्जन कला है। कला किसी भी देश की साहित्यिक, सांस्कृतिक, सांगीतिक, आध्यात्मिक, वैज्ञानिक एवं शिल्पशास्त्रीय उपलब्धियों का प्रतीक होती है। इसका स्वरूप विविधवर्णी होता है एवम् आयाम अत्यन्त व्यापक है। भारतीय चिन्तन के परिप्रेक्ष्य में कलासाधन की परम्परा अत्यन्त प्राचीन है और इसका इतिहास भी अत्यन्त समृद्ध रहा है। कलाचर्चा में संख्याभेद के साथ-साथ अर्थभेद भी द्रष्टव्य है। उपनिषत्-साहित्य में आत्मा को सोलह कलाओं से पूर्ण माना गया है। ऐतरेय उपनिषद् के तृतीय अध्याय (3/2) में आत्मा की इन सोलह कलाओं का संकेत किया गया है-**'संज्ञानमाज्ञानं विज्ञानं प्रज्ञानं मेधा इष्टिर्धृतिर्मनीषा जूतिः स्मृतिः संकल्पः क्रतुरसुः कामो वश इति सर्वाण्येवैतानि प्रज्ञानस्य नामधेयानि भवन्ति।'** इन सोलह कलाओं से समुपेत होने के कारण आत्मा को षोडशी भी कहा जाता है। इसीप्रकार प्राचीन साहित्य में पूर्णावतार की सोलह कलाये भी कथित हैं। वात्स्यायन के कामसूत्र एवं शुक्रनीति में कला के 64 प्रकारों का विवेचन है तथा ललित-विस्तर इसके 86 प्रभेदों का निरूपण करता है। जैन एवं बौद्ध परम्परा के ग्रन्थों में चौंसठ कलाओं की सूची मिलती है और जैन आचार्य शेखरसूरि के प्रबन्धकोष में इसके 72 प्रकारों का विश्लेषण है।

कला एवं सौन्दर्य का अन्योन्याश्रित सम्बन्ध है। कला की उत्पत्ति सौन्दर्यबोध से मानी जाती है और कला की सिद्धि के मूल में भी सौन्दर्य का अधिकाधिक निवेश कारण है। कलारूप को देखते हुए मन द्रवीभूतः विगलित हो जाये वह सन्निवेश सौन्दर्य का आधार है-**'सुष्ठु उनत्ति चित्तं द्रवीकरोति तत् सौन्दर्यम्।'** संस्कृतवाङ्मय सौन्दर्य एवं कला के विविध स्वरूपों का अक्षय आगार है। इस आगार के आलोडन के द्वारा संस्कृतवाङ्मय में सम्प्राप्त कलामौक्तिकों का सञ्चयन ज्ञानराशि के अन्वेषण एवं संवर्धन की दृष्टि से अत्यावश्यक है। संस्कृतवाङ्मय के कलाशास्त्रीय विषयों के संगुम्फन के लिये बृहद् इतिहास के प्रकीर्ण खण्ड की प्रस्तुति कीगयी है।

अपौरुषेय वैदिक शब्दराशि से प्रारम्भ होकर अद्यावधि अविच्छन्न संस्कृत-वाङ्मय की परम्परा पाश्चात्त्य दृष्टिकोण से भी विश्व की प्राचीनतम विद्यमान परम्परा मानी जाती है। इस वाङ्मय की कालगत तथा स्थानगत विशालता को परिचयात्मक रीति से एकत्र उपलब्ध कराने की दृष्टि से संस्कृतवाङ्मय का बृहद् इतिहास संकलित करने की परिकल्पना पद्मभूषण आचार्य श्री बलदेव उपाध्याय जी की सन्निधि में प्रारम्भ की गयी थी। मुझे यह स्मरण करते हुये गौरवानुभूति है कि उत्तरप्रदेश संस्कृत संस्थान की इस महती परियोजना के लिये प्रथम बैठक आचार्य पं0 करुणापति त्रिपाठी जी के आवास पर आयोजित की गयी थी, जिसमें मुझे भी उपस्थित होने का सौभाग्य मिला था। काशी एवम् अन्य प्रदेशों के वरिष्ठ मनीषी इसमें सम्मिलित थे तथा सबके परामर्श तथा पूज्यचरण आचार्य बलदेव उपाध्याय जी के निर्देशानुसार इतिहासलेखन की खण्डशः प्रस्तुति की रूपरेखा निश्चित की गयी। आचार्यजनों को प्रत्येक खण्ड के सम्पादन का दायित्व आचार्य करुणापति त्रिपाठी जी के द्वारा प्रदान किया गया था तथा संस्कृतसाहित्य के शलाकापुरुष गुरुवर्य उपाध्याय जी ने प्रधानसम्पादकत्व स्वीकार करने का अनुग्रह किया। मुझे भी दोनों श्रद्धेय आचार्यों ने विभिन्न खण्डों में कुछ आलेख देने का आदेश दिया था। मैंने यथाशक्ति उसका परिपालन करने का प्रयास भी किया है।

सत्रह खण्डों में संस्कृतवाङ्मय के विविध पक्षों तथा कृतियों का परिचयात्मक स्वरूप प्रस्तुत करने की रीति कार्यान्वित होजाने के अनन्तर भी संस्कृत में निबद्ध अनेक महनीय विषयों का समावेश उनमें नहीं हो सका था। अपने इस व्यक्तिगत विचार को मैंने संस्थान के तत्कालीन स0 निदेशक डॉ0 चन्द्रकान्त द्विवेदी के समक्ष प्रस्तुत किया। मेरे सुहृद् डॉ0 द्विवेदी ने इसकी उपादेयता को ध्यान में रखकर माननीय प्रधानसम्पादक तथा अन्य अधिकारियों के परामर्श से अष्टादश प्रकीर्णखण्ड की स्वीकृति प्राप्त की तथा इसका सम्पादन-दायित्व मुझे प्रदान किया। इसके माध्यम से सुरभारती के विशाल ज्ञानरत्नाकर से कुछ बिन्दु सञ्चित कर इस खण्ड में प्रस्तुत करने का सौभाग्य मुझे मिला, यह मैं विद्याधिदेवता विश्वेश्वर की कृपा मानता हूँ।

इस खण्ड में संस्कृतभाषा में प्राप्त विविध व्यावहारिक, प्रयोगप्रधान तथा लोकोपकारी, ज्ञान-तत्त्वों का परिचय संकलित किया जाये, यह अवधारणा रही है। इस दृष्टि से मुख्यतः कलाशास्त्र, कामशास्त्र, कृषिशास्त्र तथा स्थापत्यशास्त्र से सम्बन्धित सामग्री इस खण्ड में संगृहीत कीगयी है। वस्तुतः विज्ञान तथा तकनीकी के विविधपक्षों के प्रयोगशास्त्र, विमानशास्त्र, वाणिज्यशास्त्र, पशुपक्षिशास्त्र, संगीतशास्त्र तथा कला के विभिन्न लोकोपकारी प्रयोगों के निरूपण हेतु संस्कृतवाङ्मय में उपलब्ध उल्लेखों का परिचय इस खण्ड में समन्वित हो सके, यह भी मेरी भावना थी। परन्तु समय तथा मुद्रण की मर्यादा के कारण

प्रकीर्णखण्ड के वर्तमान स्वरूप में उतने विशाल आयाम को आकार देना सम्भव नहीं हो सका।

संगीतशास्त्र की परम्परा की संक्षिप्त सूचना भूमिका में देने का प्रयास किया गया है। इसीप्रकार कला एवं कृषि से सम्बद्ध आलेखों में भी वाणिज्य तथा पशुशास्त्र से सम्बन्धित तत्वों की सूचना उपलब्ध है। तथापि विमानशास्त्र, अर्थशास्त्र, विज्ञान तथा तकनीकी से सम्बद्ध अनेक पक्ष अभी भी अवशिष्ट तथा संग्रहाह्य हैं। संस्कृतभाषा में मानवजीवन के प्रत्येक व्यावहारिक पक्ष पर सूक्ष्मेक्षिका से चिन्तन किया गया है तथा प्राचीन आचार्यों ने समाजोपयोगी अनेक आविष्कारों को लिपिबद्धरूप से उपस्थापित किया है। ऋषिप्रोक्त उन तत्त्वों का परिज्ञान तथा प्रयोग आज भी समाज को नवीन कलात्मक दृष्टि तथा सुविधाओं के सफल उपयोग का मार्ग प्रदर्शित करता है।

संस्कृतवाङ्मय के बृहद् इतिहास को जनसामान्य के लिये सुलभ कराने की महत्वाकांक्षी परियोजना की प्रकाशभूमि उत्तरप्रदेश संस्कृत संस्थान है। प्रकीर्णखण्ड के प्रकाशन के लिये उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान (लखनऊ) के अध्यक्ष, निदेशक तथा समस्त सहयोगी भूरिशः साधुवाद के अधिकारी हैं। उनके सफल संकल्प तथा उदार सहयोग के फलस्वरूप यह खण्ड प्रस्तुत हो रहा है।

इस अवसर पर इसके आद्य प्रधानसम्पादक गुरुवर्य पं0 बलदेव उपाध्यायजी, मूल अवधारक पं0 करुणापति त्रिपाठी जी तथा खण्ड के स्वरूपोयदेष्टा आचार्य पं0 श्रीनिवास रथ जी के यशश्शरीर का संनति स्मरण प्रकीर्णखण्ड के लिए विपुल अभ्युदयकारी है।

आचार्य रथ जी के महाप्रयाण के कुछ मास पूर्व ही प्रकीर्ण खण्ड की सम्पूर्ण सामग्री को सम्पादित कर मैंने उनके सम्मुख पूर्णता का निवेदन प्रस्तुत कर दिया था तथा एतदर्थ आचार्य रथ जी स्वस्त्ययन प्राप्त किया था इसका मुझे हार्दिक सन्तोष है।

इस खण्ड में अपने सारसन्दृब्ध आलेख प्रदान कर अनुगृहीत करने वाले मनीषियों में अग्रगण्य डॉ0 नीलकण्ठ पुरुषोत्तम जोशी जी का कीर्तिकाय भी हमारे लिये प्रेरणास्पद है। मेरे आदरणीय आत्मीय विद्वान् डॉ0 केदारनाथ शुक्ल, डॉ0 गणेश उमाकान्त थिटे, प्रो0 कमलगिरि, डॉ0 चन्द्रकान्ता राय, डॉ0 इला घोष, डॉ0 पुरु दधीच, डॉ0 नवलता, डॉ0 शैलजा पाण्डेय, डॉ0 संकर्षण त्रिपाठी तथा डॉ0 कल्पना द्विवेदी के प्रति भी मैं कृतज्ञ हूँ, जिन्होंने मेरे अनुरोध को स्वीकार कर इस ज्ञानसत्र में अपना साहाप्य समर्पित किया है। विशेषतः डॉ0 चन्द्रकान्त राय ने सम्पूर्णखण्ड को संयोजित तथा संशोधित करने में अतिशय श्रम तथा मेधासंवलित सहयोग किया है। मैं डॉ0 राय के प्रति विशेष धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

भारतीय परम्परा में ज्ञान की अनन्तता का सिद्धान्त किसी रचनाप्रस्तुति को निरवद्यता की अहंकृति से सुरक्षित करता है, और मेरे जैसे सीमितमतिशक्तियुक्त अध्येता केलिये तो सुदोषप्रस्तुति की सम्भावना अधिक प्रबल है। संस्कृतवाङ्मय के सहृदय मनीषी तथा गुणग्राही पाठक इस ग्रन्थ के गुणों का ही ग्रहण करेंगे यह विश्वास इस प्रस्तुति को पूर्णता प्रदान करता है।

श्रीकिशोर मिश्र
सम्पादक-प्रकीर्णखण्ड
आचार्य, संस्कृत विभाग,
काशीहिन्दूविश्वविद्यालय, वाराणसी

संस्कृतवाङ्मय का बृहद् इतिहास

प्रकीर्ण-खण्ड (अष्टादश)

विषय-सूची

भूमिका (संस्कृत) १-२७

शिल्पशास्त्रस्य श्रुतिमूलकता 2, सर्जनस्य दार्शनिकी भूमिः 2, सर्जने सौन्दर्यम् 4, आगमग्रन्थेषु कलापदार्थः 4, कलाशास्त्रस्यागम सम्प्रदायः 5, कलाशास्त्रस्य यागानुविधिः 6, कलायाः षोडश तत्त्वानि 6, कलायां सौन्दर्यम् 8, कलासौन्दर्यशास्त्रागमस्याचार्यपरम्परा 9, सङ्गीतशास्त्रसम्प्रदायः 9, शिवः 9, पार्वती 9, गौरी 10, नन्दिकेश्वरः 10, षण्मुखः 10, दुर्गा 10, वायुः 10, नारदः 10, मारुतिः 11, राक्षसराजः 11, रम्भा 11, अर्जुनः 11, तुम्बरुः 12, महेन्द्रः 12, याज्ञवल्क्यः 12, विश्वावसुः 12, स्वातिः 12, विशाखिलः 12, कश्यपः 12, कम्बलाश्वतरौ 12, यष्टिकः 13, भरतः 13, शार्दूलः 13, मतङ्गः 13, कोहलः 14, दत्तिलः 14, क्षेत्रराजः 15, चन्द्रशेखरः 15, मातृगुप्तो भट्टः 15, अभिनवगुप्तपादः 15, भोजराजः 15, सोमेश्वरः 15, शार्ङ्गदेवः 15, कुम्भकर्णमहाराजः 16, विविधाः कलाः 17, ग्रन्थलेखनवाचनकला 17, विविधाः क्रीडाः 23, देश्याः क्रीडाः 24।

भूमिका (हिन्दी) २९-३२

विषयसूची ३३-४०

विषय एवं लेखकसंकेत ४१-४३

संस्कृतवाङ्मय का कलाशास्त्र १-७५

शिल्पकलाओं का उद्भव एवं विकास 2, संस्कृतवाङ्मय की शिल्पकलायें 3, वैदिक वाङ्मय 3, रामायण एवं महाभारत 7, अर्थशास्त्र 8, कामसूत्र 10, नाट्यशास्त्र 11, अमरकोश 12, बृहत्संहिता 14, शुक्रनीति 15, पुराण 16, मत्स्यपुराण 17, गरुडपुराण 18, स्कन्दपुराण 18, अग्निपुराण 19, वास्तुकला 19, निमित्तज्ञान 19, औपनिषदिक कलायें 19, विष्णुधर्मोत्तरपुराण 19, आगम एवं तन्त्र 20, लौकिक साहित्य 21, स्वतंत्र्य ग्रन्थ 21, शिल्प एवं कला का अर्थ, स्वरूप तथा प्रयोजन 23, कलाओं की संख्या एवं प्रकार 28, ललितविस्तर की कलासूची 30, शुक्रनीतिसार 34, प्रबन्धकोश 36, रूपगोस्वामी 37, कलाओं का वर्गीकरण 38, कलाओं का संक्षिप्त परिचय 39, गान्धर्व 40, वाद्यम् 41, नृत्यम् 42, आलेख्यम् (चित्रकला) 43, विशेषकच्छेद्यम् (तिलक एवं पत्रावली रचना) 44, तण्डुलकुसुमबलिविकाराः 45, पुष्पास्तरणम् (पुष्पसज्जा) 46, दशनवसनाङ्गरागाः 47, दशनराग 47, वसनराग 47, अंगराग 47, चरणराग 48, मणिभूमिकाकर्म 48, उदकवाद्यम्-उदकघातः 49, चित्रयोगाः 50, माल्यग्रथनविकल्पाः 51, शेखरकापीडयोजनम् 52, नेपथ्यप्रयोगाः 53, कर्णपत्रभंगाः 53, गन्धयुक्तिः 54, भूषणयोजनम् 55, शिरोभूषण 55, कर्णाभूषण 55, कण्ठाभूषण 55, कराभूषण 55, पादाभूषण 55, ऐन्द्रजालयोगाः 55, कौचुमारयोगाः 56, हस्तलाघवम् 56, विचित्रशाक-यूष-भक्ष्यविकारक्रिया 56, पानकरस-राग-आसवयोजनम् 57, सूचीवानकर्माणि 58, सूत्रक्रीडा 58, वीणाडमरुकवाद्यानि 59, प्रहेलिका एवं प्रतिमाला 59, दुर्वाचकयोगाः 60, पुस्तकवाचनम् 60, नाटक-आख्यायिका-दर्शनम् 60, काव्यसमस्यापूरणम् 61, पट्टिकावान-वेत्रविकल्पः 61, तक्षणम् 61, तक्षकर्माणि 62, वास्तुविद्या 63, रूप्यरत्नपरीक्षा 63, धातुवादः 64, मणिराग-आकरज्ञानम् 64, वृक्षायुर्वेदयोगाः 65, मेषकुक्कुट-लावकयुद्ध- विधिः 65,

शुकसारिकाप्रलापनम् 66, उत्सादने संवाहने केशमर्दने च कौशलम् 67, अक्षरमुष्टिकाकथनम् 67, म्लेच्छितविकल्पाः 68, देशभाषाविज्ञानम् 68, पुष्पशकटिका 69, निमित्तज्ञानम् 69, यन्त्रमातृका 69, धारणमातृका 70, सम्पाठ्यम् 70, मानसी काव्यक्रिया 71, अभिधानकोशच्छन्दोज्ञानम् 71, क्रियाकल्पः 72, छलितकयोगाः 72, वस्त्रगोपनानि 72, द्यूतविशेषाः, 72, आकर्षक्रीडा 72, बालक्रीडनकानि 73, वैनयिकीनां विद्यानां ज्ञानम् 73, वैजयिकीनाम् विद्यानां ज्ञानम् 74, व्यायामिकीनां विद्यानां ज्ञानम् 74।

सङ्गीतशास्त्र के वैदिक उत्स तथा गान्धर्ववेद की दार्शनिक भूमिका ७६-८७

गान्धर्ववेद का आदित्यसम्प्रदाय 76, गान की सर्वोपकारकता 77, गान्धर्ववेद की अपौरुषेयसिद्धान्तानुगामिता 78, गान्धर्ववेद के आद्य उपदेष्टा 79, गान्धर्ववेद की परम्परा 80, संगीतशास्त्र में श्रुतिपरम्परागत शिक्षण 82, संगीतशास्त्र में वैदिक स्वरों की व्याप्ति 82, राग का वैशिष्ट्य 83, गान्धर्ववेद का अलौकिकोपायबोधकत्व 85, राग की आध्यात्मिक अवस्थिति 86, नादब्रह्म की अनुभूति तथा मोक्षानन्दाधिगम 87।

भारतीय नृत्यकला की परम्परा ८८-१०१

संस्कृतवाङ्मय में नाट्य और नृत्य १०२-१३६

नाट्य 102, नाट्योत्पत्ति 103, नाट्य का क्षेत्र 106, नाट्य-प्रयोजन 106, नाट्य-विस्तार 108, नाट्य-संग्रह 110, रूपकभेद 111, प्रयोगवैशिष्ट्य 113, प्रमुख नाटककार 114, नृत्त 118, नृत्त का उद्भव 119, नृत्त का स्वरूप-विधान 119, नाट्यशास्त्र में वर्णित करण-भेद 120, करणरचना 121, अंगहार 122, नाट्यशास्त्र में वर्णित अंगहार-भेद 122, अंगहाररचना 123, स्थान, चारी, मंडल तथा रेचक 123, नृत्य 126, नृत्य का लक्षण 127, नृत्य का विकास 128, संस्कृत के नाट्यविषयक लक्षणग्रन्थ 132।

नृत्यकला में नाट्यशास्त्र की हस्तमुद्रायें १३७-१८३

आचार्य भारत के अनुसार मुद्राओं के भेद 139, परवर्ती आचार्यों के अनुसार मुद्राओं के भेद 140, आङ्गिक अभिनय के अङ्ग 142, उपाङ्ग 142, नाट्यशास्त्रोक्त हस्तमुद्रायें 145, पताकमुद्रा 146, स्वस्तिकमुद्रा 146, त्रिपताक-हस्तमुद्रा 147, कर्तरीमुखमुद्रा 149, अर्धचन्द्र-मुद्रा 150, अराल-मुद्रा 151, शुकतुण्ड-मुद्रा 152, मुष्टिमुद्रा 153, शिखर-मुद्रा 153, कपित्थ-मुद्रा 154, खटकामुख-मुद्रा 154, सूचीमुख-मुद्रा 155, पद्मकोष-मुद्रा 158, सर्वशिरा-मुद्रा 159, मृगशीर्ष-मुद्रा 160, अलपल्लव-मुद्रा 161, चतुरहस्त-मुद्रा 161, भ्रमर-मुद्रा 163, हंसास्य-मुद्रा 163, हंसपक्ष-मुद्रा 164, सन्दंश-मुद्रा 165, मुकुल-मुद्रा 166, ऊर्णनाभ-मुद्रा 167, कराङ्गुल (ताम्रचूड)-मुद्रा 167, ताम्रचूड-मुद्रा 168, अञ्जलि-मुद्रा 168, कपोत-मुद्रा 169, कर्कटमुद्रा 169, स्वस्तिक-मुद्रा 170, कटक-मुद्रा 170, उत्संग-मुद्रा 170, निषध-मुद्रा 171, दोला-मुद्रा 172, पुष्पपुट-मुद्रा 172, मकर-मुद्रा 173, गजदन्त-मुद्रा 173, अवहित्थ-मुद्रा 173, वर्धमानक-मुद्रा 174, वर्धमानमुद्रा 174, चतुरस्रमुद्रा 175, उद्वृत्त, तलमुख (तालवृन्तक)-मुद्रा 175, बोधक-मुद्रा 175, स्वस्तिक-मुद्रा 175, अलपल्लव और अरालकटका-मुद्रा 176, आविद्धवक्र-मुद्रा 176, सूचीमुख-मुद्रा 176, सूचीमुखस्वस्तिक-मुद्रा 177, रेचित एवं रेचितसंस्थान-मुद्रा 177, अर्धरेचित-मुद्रा 177, उत्तानवंचित-मुद्रा 177, नितम्ब-मुद्रा और पल्लवहस्त-मुद्रा 178, केशबन्ध-मुद्रा 178, लतामुद्रा 178, करिहस्त-मुद्रा 178, पक्षवंचित-मुद्रा 178, पक्षप्रद्योतक और गरुडपक्ष-मुद्रा 179, दण्डपक्ष-मुद्रा 179, ऊर्ध्वमण्डल, पार्श्वमण्डल-मुद्रा 179, उरोमण्डल-मुद्रा 179, उरःपार्श्वमण्डल-मुद्रा 180, मुष्टिस्वस्तिक-मुद्रा 180, नलिनीपद्मकोष-मुद्रा 180, उल्बण-मुद्रा 180, वलित और ललित हस्तमुद्रायें 181।

नृत्य और पाषाणशिल्प १८४-१९२

साहित्यिक सन्दर्भ 184, मूर्तिकला एवं नृत्य 188।

कामशास्त्र १९३-२९२

कामशास्त्र का उद्‌भव एवं विकास 196, कामशास्त्रीय ग्रन्थपरम्परा 200, वात्स्यायनीय कामसूत्र से पूर्ववर्ती ग्रन्थ 201, नन्दिप्रोक्त कामसूत्र 201, श्वेतकेतुकृत-सुखशास्त्र 202, बाभ्रव्य पाञ्चाल-कृत कामसूत्र 204, दत्तकसूत्र 207, चारायणकृत साधारण-अधिकरणीय ग्रन्थ 201, कन्यासम्प्रयुक्तकाश्रित ग्रन्थ 209, साम्प्रयोगविधानतन्त्र 210, भार्याधिकारिक तन्त्र 211, पारदारिक तन्त्र 213, कुचुमारसंहिता 214, कामतन्त्र 215, स्मरशास्त्र 216, वात्स्यायनीय कामसूत्र एवं परवर्तीग्रन्थ 216, मल्लनाग वात्स्यायनकृत कामसूत्र 216, कामसूत्र-ग्रन्थवैशिष्टय 219, वात्स्यायनोक्त 64 कलायें 229, कामसूत्र के व्याख्याग्रन्थ 243, कामसूत्र के संस्करण 243, कामसूत्र के अनुवाद 243, मदनोदय 244, अज्ञातकर्तृक गुणपताकाशास्त्र 244, नागार्जुनप्रणीत रतिशास्त्र 245, दामोदरगुप्तप्रणीत कुट्टनीयतम् 246, कोक्कोकप्रणीत रतिरहस्यम् 247, कात्यायनप्रणीत कामशास्त्रीय ग्रन्थ 250, भिक्षु पद्‌मश्रीज्ञान-प्रणीत नागरसर्वस्वम् 251, क्षेमेन्द्रप्रणीत वात्स्यायनसूत्रसार एवं समयमातृका 254, कविशेखर ज्योतिरीश्वर-प्रणीत पंचसायक 255, प्रौढ़देवराजप्रणीत रतिरत्नप्रदीपिका 256, जगद्धरप्रणीत रतिसर्वस्व 259, अनन्तप्रणीत कामसमूह 259, हरिहरप्रणीत शृंगाररस-प्रबन्धदीपिका 259, जयदेवप्रणीत रतिमञ्जरी 261, कल्याणमल्ल-भूपतिप्रणीत अनंगरंग 361, सामराजदीक्षितप्रणीत रतिकल्लोलिनी 364, जनार्दनव्यासप्रणीत कामप्रबोध 266, मीननाथप्रणीत स्मरदीपिका 267, गणेशप्रसादप्रणीत कामप्रकाश 268, केलिकुतूहलम् (मथुराप्रसाददीक्षित) 269, कामशास्त्रीय ग्रन्थानुक्रमणिका 271-292।

क्रीडा एवं मनोरञ्जन कलायें २९३-३०५

मृगया 293, धनुर्विद्या 293, मल्लक्रीडा 294, नटों के खेल 295, पशुओं से युद्ध 296, वाजिवाह्यालि-विनोद या चौगान 297, द्वन्द्वयुद्ध 297, मनोरंजन के विशेष आयोजन 298, उद्यानक्रीडायें 298, घर में खेलेजानेवाले खेल 304, मनोरंजन के अन्य साधन 305।

व्यायामकला ३०६-३१२

कृषिशास्त्र ३१३-३५७

कृषिशब्द का अभिप्राय 313, अन्न का सृष्टिक्रम 315, कृषिशास्त्र का कालवर्गीकरण 318, वैदिक वाङ्मय में कृषितत्त्व 319, संहिताओं में कृषि-चर्चा 320, कृषिमहत्त्व 320, कृषिक्रम 320, सेचन तथा क्षेत्ररक्षण 323, पशुपालन 324, ब्राह्मणसाहित्य में कृषिशास्त्र-विषयक तत्त्व 325, आरण्यक-साहित्य में कृषिविषयक उल्लेख 327, उपनिषदों में कृषिशास्त्रीय-चिन्तन 327, वेदाङ्ग-वाङ्मय में कृषिशास्त्रीय तत्त्व 328, धर्मसूत्र 329, श्रौतसूत्र 329, ज्योतिष 330, स्मार्तवाङ्मय 330, पौराणिक वाङ्मय में कृषिशास्त्रीय निर्देश 332, रामायण तथा महाभारत में कृषिशास्त्रीय तत्त्व 334, आयुर्वेद तथा कृषिशास्त्र 335, प्राचीन वृक्षायुर्वेद 336, अष्टाध्यायी तथा महाभाष्य 336, अर्थशास्त्र 336, बृहत्संहिता 338, कोशसाहित्य में कृषिशास्त्रीय उल्लेख 340, कृषिपराशर 341, कृषिपराशर का रचनाकाल 341, कृषिपराशर का प्रतिपाद्य 342, काश्यपीय कृषिसूक्ति 344, ग्रन्थ का परिचय 345, काश्यपोक्त कृषि-प्रयोजन तथा विधि 345, वृक्षायुर्वेद 347, ग्रन्थपरिचय 347, कुणपनिर्माणविधि 348, वृक्षरोग तथा उपचार 349, प्रसङ्गतः कृषिशास्त्र के प्रतिपादक ग्रन्थ 350, कृत्यकल्पतरु 350, उपवनविनोद 350, गणिकारिका 352, क्षेत्रतत्त्वप्रदीपिका 352, सङ्ग्रहशिरोमणि 352, कृषिविषयक आधुनिक ग्रन्थ 352, संस्कृत में उपलब्ध कृषि-विज्ञान की व्यापकता 353।

स्थापत्यशास्त्र ३५८-३६४

स्थापत्यशास्त्र के वैदिक उत्स 357

स्थापत्यशास्त्र का विस्तार ३६५-३८५

स्थापत्यशास्त्र का अन्य शास्त्रों से सम्बन्ध 364, स्थापत्यशास्त्र का कलातत्त्व एवं शास्त्रत्व 365, प्रतिपाद्य विषय 366, वेदों में स्थापत्यविद्देवगण 366, वैदिक देवता 366, स्थापत्यवित् पौराणिक देवता 368, स्थापत्यशास्त्र के आचार्य 368, अन्य स्थापत्यविद् 369, विश्वकर्मा 369, मय 372, गर्ग 373, नारद, अत्रि, शुक्र, बृहस्पति, नग्नजित् 374, स्थापत्यशास्त्र का ऐतिह्यक्रम 375, आधुनिक वास्तुविद् एवं विचारक 378, वास्तुपुरुष एवं वास्तुमण्डल 378, वास्तुमण्डल तथा वास्तुपदविन्यास 379, एकाशीतिपद वास्तुमण्डल 379, विविध वास्तुविन्यास 380, रंगमंच में वास्तुविन्यास 381, वास्तुपदसंख्या 381, वास्तुपुरुष-प्रकल्पन 381, वास्तुपद-विन्यास में निहित दर्शन 382, वास्तु-पूजन 383।

स्थापत्यशास्त्र की परम्परा ३८६-४५७

शिल्पविद्यारहस्योपनिषद् 385, वास्तुसूत्रोपनिषद् 387, पुराणों, आगमों तथा अन्य ग्रन्थों में स्थापत्य 389, काश्यशिल्प 389, विश्वकर्मप्रकाश 392, विश्वकर्मवास्तुशास्त्र (विश्वकर्मा) 393, दीपार्णव (विश्वकर्मा) 395, क्षीरार्णव (विश्वकर्मा) 397, वृक्षार्णव (विश्वकर्मा) 398, मयमत 398, मानसार 400, बृहत्संहिता (तराहमिहिर) 403, शिल्पप्रकाश (रामचन्द्र महापात्र) 405, समराङ्गणसूत्रधार (भोजदेव) 407, अपराजितपृच्छा (भुवनदेव) 410, मानसोल्लास, अभिलषितार्थचिन्तामणि (सोमेश्वरदेव) 413, ईशानशिवगुरुदेवपद्धति (ईशानशिवगुरुदेव) 414, प्रमाणमंजरी (मल्ल सूत्रधार) 417, तन्त्रसमुच्चय (नारायण) 418, राजवल्लभमण्डन (मण्डन सूत्रधार) 420, प्रासादमण्डन

(मण्डन सूत्रधार) 423, देवतामूर्तिप्रकरण (मण्डन सूत्रधार) 425, रूपमण्डन (मण्डन सूत्रधार) 428, वास्तुसारमण्डन (मण्डन सूत्रधार) 431, आयतत्त्व (मण्डन सूत्रधार) 432, प्रासादमञ्जरी (नाथजी) 434, मुहूर्तचिन्तामणि (श्रीराम दैवज्ञ) 434, मनुष्यालयचन्द्रिका (नीलकण्ठन मूसत) 435, वास्तुसौख्य (टोडरमल्ल) 438, शिल्परत्न (श्रीकुमार) 442, शिल्परत्नकोश (निरंजन महापात्र) 444, वास्तुमाणिक्यरत्नाकर (मातृप्रसादपाण्डेय दैवज्ञ) 445, वास्तुप्रकरण 447, शिल्पशास्त्र 447, वास्तुरत्नाकर (विन्ध्येश्वरीप्रसादद्विवेदी) 448, शिल्परत्नाकर (नर्मदाशङ्कर सोमपुरा) 449, वास्तुसारसङ्ग्रह (कमलाकान्त शुक्ल) 450, वास्तुसार (देवीप्रसाद त्रिपाठी) 453, स्थापत्यशास्त्र के सन्दर्भ में सूचित अन्य ग्रन्थ 455।

विशिष्टपद एवं ग्रन्थनाम-अनुक्रमणी ४५८-४८०

विषय एवं लेखक-संकेत

क्र.सं.	विषय	लेखक
1.	संस्कृतवाङ्मय का कलाशास्त्र	**डॉ. इला घोष** (एम.ए., पीएच.डी.) अध्यक्ष-संस्कृत विभाग (से.नि.) शासकीय महाकोशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, जबलपुर (म0प्र0) प्राचार्य (से.नि.) गवर्नमेंट तिलक पी.जी. कालेज, कटनी
2.	सङ्गीतशास्त्र के वैदिक उत्स तथा गान्धर्ववेद की दार्शनिक भूमिका	**प्रो. श्रीकिशोर मिश्र** (एम.ए., पीएच.डी., आचार्य, विद्यावारिधि) प्रोफेसर-संस्कृत विभाग कलासंकाय, उपाध्यक्ष, गीता समिति, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी
3.	भारतीय नृत्यकला की परम्परा	**डॉ. केदारनाथ शुक्ल** (एम.ए., पीएच.डी.) पूर्वधारितपद-कोषाध्यक्ष-म.सा. राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठाना, मानवसंसाधनविकास मंत्रालय (भारत शासन), सचिव-कालिदास समिति, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म0प्र0)
4.	संस्कृतवाङ्मय में नाटय और नृत्य	**डॉ. पुरु दाधीच** (एम.ए., पीएच.डी.) प्राचार्य (से.नि.) भातखण्डे संगीत महाविद्यालय
5.	नृत्यकला में नाट्यशास्त्र की हस्तमुद्रायें	**डॉ. कल्पना द्विवेदी** (एम.ए., आचार्य, पीएच, डी.) असिस्टेंट प्रोफेसर एकरसानन्द संस्कृत महाविद्यालय मैनपुरी (उत्तर प्रदेश)

6.	नृत्य और पाषाणशिल्प	**प्रो. कमल गिरि** (एम.ए., पीएच.डी.) भूतपूर्व विभागाध्यक्ष-कला-इतिहास विभाग काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, मानद निदेशिका, ज्ञानप्रवाह सांस्कृतिक अध्ययन एवं शोधकेन्द्र, वाराणसी
7.	कामशास्त्र	**डॉ. सङ्कर्षण त्रिपाठी** (एम.ए., पीएच.डी., साहित्याचार्य) वरिष्ठ प्रवक्ता संस्कृत राजकीय इण्टर कालेज, भेटाबडौली अल्मोडा (उत्तराखण्ड)-263622
8.	क्रीडा एवं मनोरंजन-कलायें	**डॉ. नीलकण्ठ पुरुषोत्तम जोशी** (एम.ए., पीएच.डी., डी.लिट) पूर्वधारित पद-निदेशक, राज्य संग्रहालय, लखनऊ मानद आचार्य, ज्ञानप्रवाह, सांस्कृतिक अध्ययन एवं शोध केन्द्र, वाराणसी कस्टोडियन, प्रान्तीय संग्रहालय, लखनऊ क्यूरेटर, राज्य संग्रहालय, मथुरा असिस्टेंट प्रोफेसर-पुराणेतिहासविभाग, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय
9.	व्यायामकला	**डॉ. गणेश उमाकान्त थिटे** (एम.ए., पीएच.डी.) से.नि. उपाचार्य-संस्कृतविभाग, पुणे विद्यापीठ, पुणे (महाराष्ट्र)
10.	कृषिशास्त्र	**डॉ. नवलता** (एम.ए., पीएच.डी., व्याकरणाचार्य) संस्कृतविभागाध्यक्ष विक्रमाजीत सिंह सनातनधर्म महाविद्यालय कानपुर (उ.प्र.)

11.	स्थापत्यशास्त्र	**प्रो. श्रीकिशोर मिश्र** (एम.ए., पीएच.डी., आचार्य, विद्यावारिधि) पूर्वधारित सचिव पद महर्षि सा. राष्ट्रिय वेदविद्या प्रतिष्ठान, मानवसंसाधनविकास मंत्रालय (भारत सरकार), अध्यक्ष-संस्कृतविभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी
12.	स्थापत्यशास्त्र का विस्तार	**डॉ. शैलजा पाण्डेय** आचार्य, राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान गंगानाथ झा परिसर, इलाहाबाद (उ.प्र.)
13.	स्थापत्यशास्त्र का विस्तार	**डॉ. चन्द्रकान्ता राय** (एम.ए., पीएच.डी., आचार्य) अध्यक्ष-संस्कृतविभाग, आर्यमहिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, का.हि.वि.वि., वाराणसी

संस्कृतवाङ्मय का कलाशास्त्र

कला की सृष्टि के लिये श्रुति का उपदेश है-

यद्येकवृषोऽसि सृजारसोऽसि....
यदि दशवृषोऽसि सृजारसोऽसि यद्येकादशोऽसि सोपोदकोऽसि।।[1]

इसका भाव है-एक वृष के समान सर्जनशक्ति हो अथवा दस वृष के समान; सर्जन अवश्य करो। अन्यथा तुम अरस हो; इस सृष्टि के लिये तुम्हारा कोई प्रयोजन नहीं है।

अथर्ववेद के इस मन्त्र में सर्जन में ही मानव जीवन की सार्थकता मानी गई है। अतः समग्र विश्व में प्रागैतिहासिक काल से अद्यतन युग तक शिल्पकलाओं की एक समृद्ध परम्परा देखी जाती है।

शिल्पकला के जो असंख्य रूप; वास्तु, भास्कर्य, चित्र और तक्षणकला के प्रतिमानों के रूप में; विश्व भुवन में इतस्ततः विकीर्ण हैं या जो संगीत, नृत्य, नाट्य आदि के रूप में मानव जीवन में रच बस गये हैं; उनमें सौन्दर्य, अर्थवत्ता और माङ्गल्य की दृष्टि से भारतीय शिल्प सर्वोपरि है क्योंकि हमारी शिल्प-साधना; सदा से ही उस परम पुरुष को प्राप्त करने का माध्यम रही है-

अरा इव रथनाभौ कला यस्मिन्प्रतिष्ठिताः।
तं वेद्यं पुरुषं वेद मा वो मृत्युः परिव्यथाः।।[2]

'कला' भारतीय संस्कृति का वह महनीय अङ्ग है जिसने भारत को विश्व-संस्कृतियों में विशिष्ट बनाया है। भारतीय मनीषा के सर्वोच्च निदर्शन; दर्शन और साहित्य भी कलात्मक सौन्दर्य और सर्जन के आनन्द से अनुप्राणित हैं। यह सृष्टि ब्रह्म की कला है, महादेव शिव नृत्य-शिरोमणि 'नटराज' हैं, वीणावादिनी सरस्वती ललित कलाओं की अधिष्ठात्री देवी, तो कृष्ण चराचर जगत् को वेणु की मधुर तान से रस-विभोर करने वाले सर्वश्रेष्ठ 'वंशी-वादक'।

भारतीय मान्यता के अनुसार शिव की उपलब्धि के लिये सत्य की सौन्दर्यमयी अभिव्यक्ति का नाम ही **कला** है। शिल्पकलाएँ करती हैं-अपूर्ण को पूर्ण, असुन्दर को सुन्दर, अशिव को शिव-मंगलमय। **शिल्प** जीवन का छन्द है, प्राणों का सरस उच्छलन है, सृष्टि का मूल मन्त्र है, दिव्य आनन्द का अक्षय उत्स है, इस मृत्युलोक में जन्म लेकर भी अमृत हो जाने का माध्यम है।

---

1. अथर्ववेद 5/16/1-11
2. प्रश्नोपनिषद् 6/6/6

इस देश की कला में हस्तकौशल, बौद्धिक वैभव, हार्दिक सौन्दर्य और आत्मिक आनन्द का मणि-कांचन संयोग हुआ है। शिल्पी के मनोमय जगत् और बौद्धिक जगत् के मध्य सेतुरूप इन कला-स्मारकों के माध्यम से हम जान पाते हैं कि भारत-जन ने एक विश्ववरणीय संस्कृति की सृष्टि के लिये कितना उदात्त चिन्तन और भव्य सर्जन किया था। हमारे देव-मंदिर या प्रासाद; स्तूप, चैत्य और विहार; बाघ और अजन्ता की कलावीथियाँ; शिव, विष्णु, सूर्य, बुद्ध और महावीर की प्रतिमायें; जनजीवन को अंकित करने वाले असंख्य प्रस्तरफलक भारतीय कला के आत्मिक ऐश्वर्य को ज्ञापित करते हैं। तथापि कला का यह एक ही पक्ष है।

भारतीय शिल्प की सहस्रों वर्ष पुरातन वह महान् धरोहर और सार्वजनीन व्याप्ति जो हमारे कला-स्मारकों में सुरक्षित नहीं रह पाई हैं; उन्हें संरक्षित करने का महनीय कार्य हमारे प्राचीन वाङ्मय ने किया है। संस्कार-सम्पन्न समृद्ध संस्कृत भाषा में ही आत्मा का संस्कार करने वाले शिल्पों की सशक्ततम अभिव्यञ्जना हुई है। ईसापूर्व दस सहस्र वर्ष से लेकर मध्य युग तक; लगभग बारह हजार वर्षों की सुदीर्घ शिल्प-साधना को संस्कृत वाङ्मय स्वयं में संजोये हुए है क्योंकि वाङ्मय और शिल्प का सम्बन्ध चिरन्तन है। वाङ्मय ने शिल्पकलाओं को शब्दमय विग्रह प्रदान किया है तो शिल्पकलाओं ने वाङ्मय को ललित विषयवस्तु। शिल्पसाहित्य के शिव तत्व से अनुप्राणित हुये हैं; तो साहित्य शिल्प के सौन्दर्य तत्त्व से।

'द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया'[1] ऋग्वेद के इस मनन को मूर्त किया है सारनाथ के शिल्पी ने। जहाँ एक स्तम्भ पर दो हंस **द्राक्षालता** (अंगूर की बेल) के मध्य अंकित किये गये हैं, जिनमें से एक फल का आस्वाद ले रहा है, दूसरा नहीं।

मांगलिक **कल्पवृक्ष** के साहित्यिक अभिप्राय को आकार दिया है-बेसनगर के स्तम्भ शीर्ष[2] ने। भरहुत और साँची की शालभञ्जिका प्रतिमायें संस्कृत साहित्य में बहुशः वर्णित हुई हैं। भारत की चतुष्षष्टि कलाओं का सैद्धान्तिक पक्ष संस्कृतशास्त्रों में और व्यावहारिक पक्ष संस्कृतसाहित्य में ही रूपायित हो पाया है।

शिल्पकलाओं का उद्‌भव एवं विकास

शिल्प का उद्‌भव मानव की सौन्दर्यचेतना, कल्पनाशक्ति और सर्जनेच्छा से हुआ। ऐतिहासिक दृष्टि से प्राचीन भारतीय शिल्प की परम्परा को निम्नलिखित युगों में वर्गीकृत किया जा सकता है-

1. ऋग्वेद 1/164/20
2. स्तम्भशीर्ष बेसनगर, तृतीय श.ई.पू., भारतीय संग्रहालय, कलकत्ता

(1) प्रागैतिहासिक युग की कला
(2) सिन्धु घाटी की कला
(3) वैदिक कला
(4) महाजनपद युग की कला
(5) शैशुनाग-नन्द युग की कला
(6) मौर्य कला
(7) शुङ्ग कला
(8) मथुरा की कुषाण कला
(9) गन्धार कला
(10) आन्ध्र-सातवाहन युग की कला
(11) गुप्त कला
(12) मध्यकालीन कला
(13) मुगल कला आदि।

इस प्रतिपादन का लक्ष्य ऐतिहासिक दृष्टि से शिल्प कलाओं का निरूपण नहीं है। संस्कृत वाङ्मय में निबद्ध भारतीय शिल्प और कलाओं की समृद्ध परम्परा का अन्वेषण, पुरस्करण एवं प्रख्यापन ही उद्देश्य है; क्योंकि देववाणी में निबद्ध संस्कृत वाङ्मय कला की अधिष्ठात्री सरस्वती का वह मणिदर्पण है जिसमें भारतीय कलाएँ अपने उज्ज्वलतम रूप में प्रतिबिम्बित हुई हैं।

संस्कृतवाङ्मय में शिल्पकलाएँ

संस्कृत वाङ्मय में शिल्पकला विषयक सामग्री तीन रूपों में प्राप्त होती है-

(1) महाकाव्य, नाट्य, गद्य, पद्य, चम्पू आदि साहित्य में इतस्ततः विकीर्ण कला-सन्दर्भों के रूप में।
(2) शिल्पेतर विषय के शास्त्रों में आनुषंगिक रूप से निबद्ध विषयों के रूप में।
(3) स्वतन्त्र शिल्पग्रन्थों के रूप में।

इन तीन उत्सों के सम्मिलित विवेचन से ही भारतीय शिल्प की परम्परा को समझा जा सकता है।

वैदिक वाङ्मय

विश्व के आद्यतम ग्रन्थ 'ऋग्वेद' में 'शिल्प' और 'कला' शब्द के प्रथम प्रयोग के साथ ही शिल्पों के वे सन्दर्भ भी हैं जिन्होंने मानव जीवन को **सुपेशस्** (सुन्दर), छन्दोमय और अमृत के योग्य बनाया था। अतः ऋग्वेद भारतीय शिल्पकलाओं का प्रथम वाचिक

साक्ष्य है। यहाँ सत्य, शिव और सुन्दर का आदर्श प्रतिमान हैं-उज्ज्वल रूपमयी 'उषा' जो विश्व को ज्योतिर्मय करती हुई प्रतिदिन अवतरित होती हैं, जो चिरपुरातन भी हैं और चिर नूतन भी।

अधिपेशांसि वपते नृतूरिव.......ज्योतिर्विश्वस्मै भुवनाय कृण्वती।[1]

सुन्दर और शिव की सम्पादिका है-नेपथ्य (प्रसाधन) कला; उसमें भी सर्वोपरि है-**वधूनेपथ्य**। अतः देखें इस कला से प्रसाधित सूर्य-पुत्री सूर्या का रूप-

सुमङ्गलीरियं वधूरिमां समेत पश्यत। तथा-
सूर्यायाः पश्य रूपाणि।।[2]

सुन्दर वस्त्रों और अलंकारों के प्रति जनमानस की विशेष अभिरुचि ऋग्वैदिक मन्त्रों में भी देखी जाती है, यथा-सुन्दर वेश से शोभित युवा की प्रशंसा-

युवा सुवासाः परिवीत आगात्।[3]

हिरण्य (स्वर्ण) सौन्दर्य और यश का[4] तथा मणि (रत्न) ऐश्वर्य, बल, वीर्य और आयु को बढाने वाला[5] माना जाता था। आभूषण, वस्त्र, प्रसाधनद्रव्य आदि बनाने का शिल्प पूर्ण विकसित था।

नाना प्रकार के पात्र, गृहोपकरण, अस्त्र-शस्त्र, धातुवाद, यंत्रमातृका, उत्तम भोजन और पेय बनाने की कला भी वैदिक आर्यों ने अधिगत की थी।

ऋग्वैदिक वर्णन में शिल्प का सर्वोत्तम उदाहरण था 'रथशिल्प' जो उत्तम काष्ठ से रचित (सुकिंशुक शल्मलिं) नाना रूपों (विश्वरूपं), स्वर्णिम नक्काशी (हिरण्यवर्णं) सुन्दर आवरण (सुवृतं) तथा सुगठित चक्रों वाला (सुचक्रं) होता था।[6] अन्य शिल्पों की उपमा भी प्रायः रथशिल्प से दी जाती थी; जैसे कि ब्रह्मवादिनी घोषा कहती हैं-

वां स्तोमं.......तक्षाम भृगवो न रथम्।[7]

अर्थात् जैसे भृगु रथ बनाते हैं; हमने यह स्तोत्र बनाया है। ऋग्वैदिक मन्त्रों में विश्वकर्मा, त्वष्टा और भृगु श्रेष्ठ शिल्पी के रूप में प्रतिष्ठित हुये थे। त्वष्टा ने इन्द्र के लिये वह दिव्य वज्र बनाया था जिससे इन्द्र ने वृत्र का संहार कर पृथिवी पर जल बरसाया था।[8]

---

1. ऋग्वेद 1/92/4
2. ऋग्वेद 10/85/33-35
3. ऋग्वेद 3/8/4
4. रूपं हिरण्यम्। यशो वै हिरण्यम् (ऐतरेय ब्राह्मण 33/1/6)
5. अथर्ववेद 3/5/2
6. ऋग्वेद 10/85/20
7. ऋग्वेद 10/39/14
8. ऋग्वेद 1/32/2

ऋग्वेद में अश्मन्मयी वाशी[1] और आयसी वाशी[2] का उल्लेख है, जिनसे तक्षा तक्षण-शिल्प को सम्पादित करते हैं। **'वाशी'** से हिन्दी शब्द 'बंसूला' या 'वसुली' निष्पन्न हुये हैं।

ऋग्वेद में सृष्टि की कल्पना एक सुन्दर 'तक्षण शिल्प' के रूप में हुई है।[3] सहस्रस्थूणा (हजारों खम्भे वाले) भवनों[4] का भी उल्लेख है। इन महाप्रासादों के सभामण्डप में सहस्रस्थूण उसी प्रकार लगाये जाते थे जिस प्रकार मध्यकाल में मदुरा एवं चिदम्बरम् के आस्थानमण्डपों में लगाये गये हैं। ऋग्वैदिक देवता वास्तोष्पति[5] वास्तु के अधिष्ठातृ देवता हैं।

ऋग्वेद में स्तोत्र के सर्जक की संज्ञा 'कारु'[6] थी। परवर्ती युग में वह शिल्प का पर्याय[7] बन गया। कारुशिल्प, कारुकार्य, **कारुशिल्पी**[8] आदि अभिधान इसी से विकसित हुये हैं। बौद्ध कला के विशिष्ट प्रतिमान 'स्तूप' की प्रथम कल्पना ऋग्वेद में ही प्राप्त होती है।[9]

भारतीय शिल्पपरम्परा में 'यजुर्वेदी' का वैशिष्ट्य यह है कि इस वेद (माध्यन्दिन संहिता) के 30वें अध्याय में शिल्पों की प्रथम विस्तृत सूची शिल्पकारों के नाम के रूप में प्राप्त होती है। यहाँ-रथकार, तक्षा, कुलाल (कुम्हार), कर्मार (लुहार), मणिकार, वप्ता-इषुकार (बाण बनाने वाले), ज्याकार (प्रत्यंचा बनाने वाले), रज्जुकार, विदलकारी, कण्टकीकारी, **पेशस्करी** (कसीदे का काम करने वाली), **उत्सादक**, वासपल्पूली (धोबी), रजयित्री (वस्त्र रंगने वाली), अंजनीकारी (कागज बनाने वाली), कोशकारी (तलवार आदि के म्यान की रचना करने वाली), **अजिनसन्ध** (चमड़ा छीलने वाले), चर्मकार (चमड़े का काम करने वाले), हिरण्यकार, वीणावादक, तूणवादक, शंखवादक, **पाणिघ्न** (हाथ से ताल देने वाले), **तलव** (ताली बजाने वाले) वंशनर्तक (बाँस पर नाचने वाले) और कितव इन 29 शिल्प-कर्मियों का उल्लेख हुआ है। यह संदर्भ कई दृष्टियों से अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। वैदिक समाज में शिल्पों की समृद्धि के साथ ही प्रत्येक कार्य में विशेषज्ञता का ज्ञान भी इससे होता है जैसे-इषुकार, धनुष्कार और ज्याकार तीन अलग-अलग विशेषज्ञ शिल्पी हैं।

---

1. वाशीभिस्तक्षताश्मन्मयीभिः। (ऋग्वेद/10/101/10)
2. ऋग्वेद 8/29/3
3. ऋग्वेद 10/81/4
4. ऋग्वेद 1/41/5; 5/63/6
5. ऋग्वेद 7/54-55
6. कारुरहं ततो भिषग् (ऋग्वेद 9/112/3)
   कारुः स्तोमानां कर्ता। (सायणभाष्य 9/112/3)
7. कारुः शिल्पी (अमरकोश 2/10/5)
8. कारुशिल्पनो विंशतिशतिकाः (अर्थशास्त्र 5/3/18)
9. (i) उप स्पृश दिव्यं सानु स्तूपैः सं रश्मिभिस्ततनः सूर्यस्य (ऋग्वेद 7/1/1)
   (ii) अबुध्ने राजा वरुणो वनस्योर्ध्वं स्तूपं ददते पूतदक्षः (ऋग्वेद 1/24/7)

'सामवेद' तो भारतीय संगीत का मूल ही है। साम का अर्थ है गान अथवा गीति-गीतिषु सामाख्या (जै. 2।1।36)। साममन्त्रों के गायक की संज्ञा 'उद्गाता' थी। ब्रह्मा द्वारा नाट्यवेद में गीततत्त्व का समावेश सामवेद से ही किया गया है।[1]

'अथर्ववेद' के पृथिवी सूक्त में कहा गया है कि इस पृथिवी पर मानव चिरन्तन काल से ही गीत और नृत्य के माध्यम से अपने आनन्द की अभिव्यक्ति करते रहे हैं-**यस्यां गायन्ति नृत्यन्ति भूम्यां मर्त्या व्यैलवाः।**[2]

अथर्ववेद के शालासूक्तों (3/12; 9/3) में शाला निर्माण की विधि एवं शाला के अवान्तर भागों का विस्तृत विवरण प्राप्त होता है। विशाल शालाओं को सहस्राक्ष, ओपश से युक्त कहा गया है-**ओपशं विततं सहस्राक्षं विषूवति।**[3]

ओपश को ही बौद्धकला में स्तूपिका या थूपी कहा गया है। यह चैत्यों के ढोलाकार छत की विशेषता थी। इसकी अनुकृति काष्ठशिल्प एवं बाद में पाषाणशिल्प में की गई जैसा कि महाबलीपुरम् की गजपृष्ठाकृति छतों में देखा जाता है। अलंकृत शालाओं की उपमा अलंकृत हथिनी से दी गई है-**हस्तिनी पद्वती मिता पृथिव्याँ तिष्ठति।**[4] यह विशेषता कार्ले के चैत्यगृहों में देखी जा सकती है।

'ऐतरेय ब्राह्मण' भारतीय शिल्प की व्याख्या करने वाला एक महत्त्वपूर्ण ग्रंथ है। तदनुसार शिल्प दो प्रकार के हैं-देवशिल्प और मानुषशिल्प। देवशिल्प के सदृश ही **मानुषशिल्प** की सृष्टि होती है।[5]

उपनिषद् सम्पूर्ण सृष्टि को ब्रह्म की कला मानते हैं।[6] भारतीय कलाओं के अध्ययन के लिये वेदांग साहित्य भी उपयोगी है। शिक्षाग्रंथों में वर्णों के शुद्ध उच्चारण पर विशेष बल दिया गया है। पाणिनीय शिक्षा में पाठक के गुण और दोषों की विशद समीक्षा हुई है।[7] 'सम्पाठ्य' या पठनशिल्प के मूल आधार शिक्षाग्रन्थ ही हैं।

---

1. (i) सामभ्यो गीतमेव च। (नाट्यशास्त्र 1/171)
   (ii) सामवेदादिदं गीतं संजग्राह पितामहः (संगीतरत्नाकर 1/24)
2. अथर्ववेद 12/1/41
3. अथर्ववेद 9/3/8
4. अथर्ववेद 9/3/17
5. ऐतरेय ब्राह्मण 6/5/1/2
6. छान्दोग्योपनिषद् 14/5/2-4; श्वेताश्वतरोपनिषद् 5/14
7. (i) व्याघ्री यथा हरेत् पुत्रान् द्रष्ट्राभ्यां न च पीडयेत्।
   भीता पतनभेदाभ्यां तद्वद् वर्णान् प्रयोजयेत्।।
   (ii) एवं वर्णाः प्रयोक्तव्या नाव्यक्ता न च पीडिताः।
   सम्यग्वर्णप्रयोगेण ब्रह्मलोके महीयते।
   (iii) गीती शीघ्री शिरःकम्पी यथालिखितपाठकः।।
   अनर्थज्ञोऽल्पकण्ठश्च षडेते पाठकाधमाः।।
   (iv) माधुर्यमक्षरव्यक्तिः पदच्छेदस्तु सुस्वरः।
   धैर्यं लयसमत्वञ्च षडेते पाठका गुणाः।। (पाणिनीय शिक्षा 25, 31, 32, 33)

'निरुक्त' नामक वेदांग अपने निर्वचनों से 'अभिधानकोषज्ञान' कला के तथा 'छन्द' छन्दोज्ञान नामक कला के पोषक होते हैं। इन दोनों कलाओं में नैपुण्य काव्यरचना के लिये परमावश्यक है।

'कल्पसूत्र' यज्ञीय विधि-विधान के साथ ही नाना शिल्पों का भी परिचय देते हैं। 'आश्वलायन', शाङ्खायन आदि गृह्यसूत्र भवननिर्माण संबंधी नियमों का निरूपण करते हैं। 'शुल्बसूत्र' नाना प्रकार की यज्ञवेदियों के निर्माण संबंधी नियमों का वर्णन करते हैं। शुल्ब का अर्थ है-रज्जु या डोरी। रज्जु द्वारा मापी गई वेदि की रचना शुल्बसूत्रों का मुख्य प्रतिपाद्य है।

व्याकरण वेदांग में परिगणित 'पाणिनीय-व्याकरण में शिल्पों को **जानपदी वृत्ति'** कहा गया है। शिल्पियों के संगठन 'श्रेणि' कहे जाते थे। ऊर्णा (ऊनीवस्त्र), अवाय (करघा), **प्रवाणि** (ढरकी) 'तन्त्र' आदि के उल्लेख से बुनकरी वृत्ति[2] का ज्ञान होता है। वस्त्रों को रंगने के लिये नील, लाख, गोरोचना, कर्दम और मिट्टी के ठीकरों से बनने वाले रंगों[3] का उल्लेख हुआ है। गायन और नर्तन जैसी ललित कलाओं के साथ ही मृदङ्ग, मड्डुक, झर्झर (झाँझ) और तूर्याङ्ग (वृन्दवाद्य) के सन्दर्भ[4] भी अष्टाध्यायी में प्राप्त होते हैं।

रामायण एवं महाभारत

रामायण एवं महाभारत-ये दोनों ही विशालतम आर्षकाव्य प्राचीन भारतीय शिल्प-साधना को अपने उदात्त जीवनादर्शों के साथ संजोये हुये हैं।

रामायण में भरत की चित्रकूट यात्रा के प्रसंग में शिल्पकारों की सूची इस प्रकार प्रस्तुत है-सूत्रकर्मविशारद, खनक, यंत्रक, **कर्मान्तिक** (लुहार), स्थपति, वर्धकी (बढ़ई), वृक्षतक्षक (वृक्ष काटने वाले), सूपकार (पाककला के ज्ञाता), **सुधाकार** (मकानों में चूना पोतने वाले), **वंशकृत** (बाँस का काम करने वाले), चर्मकृत, मणिकार, कुम्भकार, शस्त्रोपजीवी, **मायूरक** (मोर पंख का शिल्प), **क्राकचिक** (लकड़ी चीरने वाले), **वेधक** (मणि, मुक्ता आदि में छेद करने वाले), **रोचक** (दीवारों, वेदी आदि को सजाने वाले), दन्तकार (हाथी दाँत का काम करने वाले), **गन्धोपजीवी** (सुगंधित द्रव्य बनाने वाले), सुवर्णकार, कम्बलकारक, **स्नापक** (स्नान कराने के शिल्प में निपुण) उष्णोदक (गर्म जल देने वाले), वैद्य, **धूपक**, शौण्डिक (मद्य बनाने-बेचने वाले), रजक, **तुन्नवाय** (वस्त्र बुनने वाले), शैलूष (नट) तथा **कैवर्त** (जुलाहे)।[5]

1. अष्टाध्यायी 4/1/42
2. अष्टाध्यायी 4/3/158; 5/4/160; 5/2/70
3. अष्टाध्यायी 4/1/42; 4/2/2
4. अष्टाध्यायी 3/1/145-46; 4/4/85; 4/4/56; 2/2/2
5. रामायण, अयोध्याकाण्ड 8/1-14; 83/12-15

इनके अतिरिक्त अन्य अनेक कलाओं-संगीत[1], वाद्य[2] नृत्य[3] **आलेख्य** (चित्र)[4] स्थापत्य[5], आदि ललित कलाओं के भी बहुल सन्दर्भ रामायण में प्राप्त होते हैं।

महाभारत में कला के सैद्धान्तिक और प्रायोगिक दोनों ही पक्षों के सूत्र विकीर्ण हैं। शांतिपर्व के मोक्षधर्म अध्याय में रूप के 19 भेदों का परिगणन हुआ है जिनका उपयोग शिल्पकार कलासृष्टि में करते हैं।[6]

महाभारत के सभापर्व में वर्णित युधिष्ठिर की सभा स्थापत्य, भास्कर्य, चित्र, मणिभूमिका कर्म, धातुवाद, मणिरागाकरज्ञान आदि कलाओं का श्रेष्ठतम निदर्शन है।[7] महाभारत में गीत, नृत्य एवं वाद्य कला के भी विपुल सन्दर्भ प्राप्त होते हैं।[8]

अर्थशास्त्र

ईसापूर्व चतुर्थ शती के पूर्वार्द्ध में रचित कौटिल्य का अर्थशास्त्र मूलतः दण्डनीति या राजनीति का ग्रंथ होते हुये भी भारतीय शिल्पकलाओं के अध्ययन के लिये अत्यन्त उपयोगी है। कौटिल्य एवं चाणक्य के नाम से विख्यात आचार्य विष्णुगुप्त मगध के पराक्रमी सम्राट् चन्द्रगुप्त मौर्य के प्रधानामात्य थे जिन्होंने नन्द वंश का उन्मूलन कर मौर्यवंश की स्थापना की थी।[9] 15 अधिकरणों और 180 प्रकरणों में निबद्ध अर्थशास्त्र सूत्रशैली में रचित दण्डनीति का विश्वकोशात्मक ग्रंथ है। कौटिल्य ने गीत, नृत्य, वाद्य आदि के अतिरिक्त कारुशिल्पी या शिल्पकारिकाओं द्वारा सम्पादित-शयनरचना, संवाहन, प्रसाधन (नेपथ्य कला), **संज्ञालिपि**, सम्पाठ्य आदि शिल्पों का भी उल्लेख किया है।[10] अर्थशास्त्र में सैन्य अभ्यास को भी शिल्प[11] कहा गया है।

---

1. तौ चापि मधुरं रक्तं स्वचित्तायतनिःस्वनम्।
   तन्त्रीलयवदत्यर्थं विश्रुतार्थमगायताम्।
   ह्लादयत् सर्वगात्राणि मनांसि हृदयानि च।
   श्रोत्राश्रयसुखं गेयं तद् बभौ जनसंसदि।। (रामायण, बालकाण्ड 4/33-34)
2. रामायण, सुन्दरकाण्ड 10/37-45
3. रामायण, बालकाण्ड 73/38; अयोध्याकाण्ड 6/14; सुन्दरकाण्ड 10/32, 36
4. रामायण, अयोध्याकाण्ड 10/13; सुन्दरकाण्ड 2/18/7/14
5. रामायण, सुन्दरकाण्ड 7/1-4
6. ज्योतिः पश्यति रूपाणि रूपञ्च बहुधा स्मृतम्।
   ह्रस्वो दीर्घस्तथा स्थूलश्चतुरस्रोऽनुवृत्तवान्।। (महाभारत, शान्तिपर्व 184/33-34)
7. महाभारत, सभापर्व अध्याय 3,47
8. गान्धर्वमतुलं नृत्यं वादित्रं चोपलब्धवान्।। (महाभारत, वनपर्व 44/10)
9. येन शास्त्रं च शस्त्रं च नन्दराजगता च भूः। अमर्षेणोद्धृतान्याशु तेन शास्त्रमिदं कृतम्।।
   (अर्थशास्त्र 15/1/37)
10. अर्थशास्त्र 1/12/13, 15; 7/17/49
11. अर्थशास्त्र 5/3/38-39

अर्थशास्त्र निम्नलिखित कलाओं का विवेचन प्रस्तुत करता है-

(i) वास्तुकला-दुर्गनिवेश (अधिकरण 2 अध्याय 1, 3, 4)

(ii) भूषणयोजनम् (अधिकरण 2 अध्याय 11, 13)

(iii) सूचीवानकर्माणि (सिलाई एवं कशीदाकारी) (अधिकरण 2 अध्याय 11, 23)

(iv) रूप्यरत्नपरीक्षा (अधिकरण अध्याय 13,15)

(v) मणिराग-आकरज्ञानम् (अधिकरण 2 अ.11)

(vi) नेपथ्ययोगाः (अधिकरण 2 अ.11, सूत्र 108-10, 112-119)

(vii) तक्षणम् (रथशिल्प) छह प्रकार के रथों का उल्लेख हुआ है। (अधिकरण 2 अध्याय 33 सूत्र 1-2,5)

(viii) धातुवादः-(अधिकरण 2 अध्याय 6 सूत्र 4; अ.12; अ.13, 15)

(ix) वृक्षायुर्वेदः (अधिकरण 2, अ. 24)

(x) पानकरस-राग-आसवयोजनम् (अधिकरण 2 अ. 25)

(xi) म्लेच्छितविकल्पाः (गुप्तभाषाज्ञान) (अधिकरण 2 अ. 25 अधिकरण 1 अ.12)

(xii) चित्रयोगाः (अधिकरण 14 अ. 1)

(xiii) कौचुमारयोगाः-औषधि-मणि-मन्त्र आदि के रहस्यमय प्रयोग (अधि. 14/1-3)

(xiv) छलितकयोगाः (अधिकरण 13 अ.1)

(xv) द्यूतविशेषः (अधिकरण 3 अ. 20)

(xvi) वैनयिकीनां विद्यानां ज्ञानम् (अधिकरण 1 अध्याय 1,4)

(xvii) वैजयिकीनां विद्यानां ज्ञानम् (अधिकरण 1 अध्याय 1, 3)

अर्थशास्त्र का रचनाकाल निश्चित होने के कारण ऐतिहासिक दृष्टि से कलाओं के युग निर्धारण के लिये भी यह एक महत्त्वपूर्ण साक्ष्य है। कौटिल्य शिल्पकारिकाओं का उपयोग **'आभ्यन्तर चर'** (गुप्तचर) के रूप में करते हैं।[1] नगरयोजना और दुर्गसन्निवेश में शिल्पियों के लिये पूर्व दिशा में विशेष बाजारों, आवासों[2] और शासन की ओर से वेतनव्यवस्था[3] के निर्देश भी दिये गये हैं।

---

1. स्थापक-संवाहक-आस्तरक...........आभ्यन्तरचारं विद्युः (अर्थशास्त्र 1/12/11)
2. अर्थशास्त्र 2/5/13
3. अर्थशास्त्र 5/3/18

कामसूत्र

'काम' नामक पुरुषार्थ का विशद विवेचन करने वाला आचार्य वात्स्यायन रचित 'कामसूत्र' काम की अङ्गभूत विद्याओं के रूप में चतुष्षष्टि कलाओं की एक सूची प्रस्तुत करता है, जिन पर यशोधर ने 'जयमंगला' नामक टीका में विस्तृत टिप्पणी की है।

यशोधर के अनुसार वात्स्यायन का वास्तविक नाम **मल्लनाग**[1] था। सुबन्धु भी 'वासवदत्ता' में कामसूत्रकार का नाम मल्लनाग बताते हैं।[2] कतिपय विद्वान् न्यायभाष्यकर्त्ता वात्स्यायन से इनकी अभिन्नता स्थापित करते हैं। वात्स्यायन का रचनाकाल तृतीय अथवा चतुर्थ शती ई.पू. के लगभग माना गया है।

कामसूत्र एक विशालकाय ग्रंथ है, जिसमें 7 अधिकरण, 36 अध्याय, 64 प्रकरण एवं 1250 सूत्र हैं। वात्स्यायन ने ब्रह्मा से लेकर बाभ्रव्य तक कामशास्त्र की महती किन्तु विकीर्ण परम्परा को सर्वांगीण रूप में 'कामसूत्र' में संकलित किया है।

वात्स्यायन के अनुसार चौंसठ कलायें काम नामक पुरुषार्थ को प्राप्त कराने वाली 'अंगविद्या' या 'चातुःषष्टिक' योग हैं, जिनका अभ्यास एक सुन्दर, सुखी और सार्थक जीवन के लिये कन्याओं को अवश्य ही करना चाहिये-**अभ्यासप्रयोज्यांश्च चातुःषष्टिकान् योगान् कन्या अभ्यसेत्**। गीतम्, वाद्यम्, नृत्यम् इति चतुःषष्टिरङ्गविद्याः कामसूत्रस्यावयविन्यः।[3]

स्त्री और पुरुष दोनों के लिये ही ये कलायें उपयोगी हैं। इनका परिशीलन जीवन में सौभाग्य का वाहक होता है-**कलानां ग्रहणादेव सौभाग्यमुपजायते**।[4]

कला-सूची के साथ ही कामसूत्र में इन कलाओं का प्रसंगानुकूल निरूपण भी हुआ है। प्रथम अधिकरण के **'नागरकवृत्त प्रकरण'** नामक चतुर्थ अध्याय में वास्तु, शयनरचना, गीत, वाद्य, चित्र, माल्यग्रथन, पुष्पसज़्जा, गंधयुक्ति, पुस्तकवाचन, द्यूतक्रीड़ा, शुकसारिका प्रलापन, वृक्षायुर्वेद, वेतसशिल्प, तक्षण, नेपथ्य, लावक कुक्कुट मेषयुद्ध, घटानिबन्धन, समापानक, उद्यानविहार, प्रहेलिका आदि समस्या क्रीडाओं एवं कलाओं का उल्लेख हुआ है। प्राचीन भारतीय नागरक के आभिजात्य कलामय जीवन का परिचय भी इससे मिलता है-

बाह्ये च वासगृहे सुश्लक्ष्णमुपधानं मध्ये विनतं शुक्लोत्तरच्छदं शयनीयं स्यात्। प्रतिशय्यिका च। तस्य शिरोभागे कूर्चस्थानं वेदिका च। तत्र रात्रिशेषमनुलेपनं माल्यं सिक्थकरण्डकं सौगन्धिकपुटिका मातुलुङ्गत्वचस्ताम्बूलानि च स्युः। ......नागदन्तावसक्ता वीणा। चित्रफलकम्। वर्तिकासमुद्गकः। यः कश्चित्पुस्तकः कुरण्टकमालाश्च।.....आकर्षकफलकं

---

1. आचार्यमल्लनागः पूर्वाचार्यमतानुसारेण शास्त्रमिदं प्रणीतवान् (जयमंगला टीका)
2. कामसूत्रविन्यास इव मल्लनागघटित कान्तारसमोदः।
3. कामसूत्र 1/3/13,15
4. कामसूत्र 1/3/22

द्यूतफलकं च। तस्य बहिः क्रीडाशकुनिपंजराणि। एकान्ते च तक्षतक्षणस्थानम्......स्वास्तीर्णा प्रेङ्खादोला वृक्षवाटिकायां सप्रच्छाया। स्थण्डिलपीठिका च सकुसुमेति भवनविन्यासः।... भोजनान्तरं शुकसारिकाप्रलापनव्यापाराः। लावककुक्कुटमेषयुद्धानि तास्ताश्च कलाक्रीडाः। प्रदोषे च संगीतकानि।........[1]

पूर्ववर्ती वाङ्मय में इतस्ततः विकीर्ण कलाओं को सूचीबद्ध कर एक परिनिष्ठित रूप देने का श्रेय वात्स्यायन को ही है। परवर्ती संस्कृत वाङ्मय; विशेष रूप से महाकाव्य, नाट्य, कथा आदि साहित्य में कलाओं के वर्णन के लिये कामसूत्र को ही आधार बनाया गया है।

नाट्यशास्त्र

भरतमुनि का नाट्यशास्त्र मात्र नाट्यकला का विवेचन करने वाला शास्त्र नहीं है, अपितु गीत, वाद्य, नृत्य आदि ललितकलाओं तथा नेपथ्ययोग, भूषणयोजना, माल्यग्रथन आदि शिल्पों का व्यापक कोश भी है।

छत्तीस अध्यायों और छह हजार श्लोकों में निबद्ध नाट्यशास्त्र के रचयिता आचार्य भरत को संस्कृत वाङ्मय में 'मुनि' के रूप में स्मरण किया गया है[2] जिन्होंने नाट्य का वेदत्व प्रतिष्ठित किया था। नाट्यशास्त्र के अनुसार मुनि भरत ने ब्रह्मा से **नाट्यवेद** को प्राप्त किया था तथा अपने एक सौ पुत्रों को इस वेद की शिक्षा दी थी। नाट्यशास्त्र का प्राचीनतम रूप सूत्रबद्ध था। अतः इसे 'भरतसूत्र' तथा आचार्य भरत को **'तौर्यत्रिक सूत्रधार'**[3] भी कहा गया है।

नाट्यशास्त्र के रचनाकाल के विषय में विद्वान् एकमत नहीं हैं। ईसापूर्व पाँचवीं शती से लेकर तृतीय शती तक लगभग आठ सौ वर्षों के विस्तार में नाट्यशास्त्र का काल निर्धारण किया गया है।

ए.बी. कीथ तथा रेप्सन ने नाट्यशास्त्र का रचनाकाल तृतीय शती; प्रो. सिल्वाँ लेवी ने द्वितीय शती; महामहोपाध्याय पी.व्ही. काणे ने प्रथम शती; पी.रेग्नों तथा जे.ग्राँसे ने ई. पू. प्रथम शती; म.म. हरप्रसाद शास्त्री ने ई.पू. द्वितीय शती, म.म. रामकृष्ण कवि ने महाकवि भास के पूर्व, ईसापूर्व पंचम शती माना है।

महाविषय नाट्य में सभी शिल्पों और कलाओं की व्याप्ति[1] देखी जाती है। अतः नाट्यशास्त्र में कलाओं का विवेचन नाट्य के अंग के रूप में हुआ है। भरत मुनि नाट्य की पूर्णता गीत, वाद्य और नृत्य से मानते हैं।

1. कामसूत्र 1/4/4/-10
2. मुनिना भरतेन यः प्रयोगो भवतीष्वष्टरसाश्रयो प्रयुक्तः, (विक्रमोर्वशीय 2/171)
3. भगवतो भरतस्य तौर्यत्रिकसूत्रधारस्य (उत्तररामचरित चतुर्थ अंक)

गीते प्रयत्नः प्रथमं तु कार्यः शय्यां हि नाट्यस्य वदन्ति गीतम्।
गीते च वाद्ये च सुप्रयुक्ते नाट्यप्रयोगो न विपत्तिमेति।।[2]

नाट्य में नृत्य की योजना पूर्वरंग के अन्तर्गत की जाती है।

नाट्यशास्त्र में निम्नलिखित कलाओं का शास्त्रीय विवेचन हुआ है-

(i) वास्तुकला-प्रेक्षागृह निर्माण (अ. 2)

(ii) नृत्यकला-तांडवनृत्य, अंगहार, करण, रेचक, नृत्तहस्त आदि (अ.4,9,16)

(iii) गायनकला-ध्रुवागीति (अ. 5) स्वर, श्रुति, ग्राम, मूर्च्छना, जाति, आदि (अ.28, 29, 30, 31, 32)

(iv) पुस्तकवाचन, सम्पाठ्यम् (अ.15, 19)

(v) छन्दोज्ञान (अ.16)

(vi) नेपथ्ययोग (अ.23)

(vii) भूषणयोजन (अ.23)

(viii) विशेषकच्छेद्य तिलक एवं पत्रावली रचना (अ.23)

(ix) दशन-वसन-अंगरागाः (अ.23)

(x) वादनकला (अध्याय 28, 29, 30, 31, 33)

(xi) देशभाषाज्ञान (अ.18)

सभी प्रकार की कलाओं में आत्मतत्त्व रूप में प्रतिष्ठित 'रस', 'भाव' आदि का सर्वांगीण विवेचन भी प्रथम बार नाट्यशास्त्र मे ही हुआ है।

अमरकोश

अमरसिंह का 'अमरकोश' जिसका अपरनाम 'नामलिङ्गानुशासनम्' है; कलाविषयक सामग्री एवं पर्यायों का परिचय देने के कारण शिल्पकलाओं के अध्ययन में विशेष रूप से सहायक होता है।

---

1. सर्वशास्त्राणि शिल्पानि कर्माणि विविधानि च।
अस्मिन्नाट्ये समेतानि तस्मादेतन्मया कृतम्।। (नाट्यशास्त्र 1/118)
2. नाट्यशास्त्र 32/8

अमरकोष के टीकाकार क्षीरस्वामी तथा सर्वानन्द के अनुसार **अमरसिंह** बौद्ध थे। 'ज्योतर्विदाभरण' के अनुसार अमरसिंह विक्रमादित्य के नवरत्नों में अन्यतम थे।[1] अमरसिंह ने प्राचीन कोशों की शैली से पृथक् नाम और लिङ्ग दोनों का समावेश करते हुये अपने कोशग्रंथ को सर्वाङ्गपूर्ण बनाया है। अमरकोश तीन काण्डों एवं अनेक वर्गों में विभक्त है। सम्पूर्ण ग्रंथ अनुष्टुप् छन्दों में निबद्ध है, जिनकी संख्या 1533 है। अमरकोश का रचनाकाल 225 ई. के लगभग माना गया है।

अमरकोश में कलाविषयक पदावली एवं कलासामग्री का संकलन निम्न वर्गों में हुआ है-

(1) शिल्प की परिभाषा (2/10/35)

(2) शिल्प परिचय-द्वितीय काण्ड के दशम वर्ग में निम्नलिखित शिल्पकारों एवं शिल्पों का वर्णन है-कारु, रथकार, मालाकार, कुम्भकार, लेपक, तन्तुवाय, तुन्नवाय या सौचिक (सूची कर्म का विशेषज्ञ), चित्रकार, चर्मकार, लोहकार, स्वर्णकार, शाङ्खिक (शङ्खवादक अथवा शङ्ख की कलात्मक वस्तुओं का निर्माता) ताम्रकार, तक्षा (वर्धकी या बढ़ई), मायाकार (जादूगर, शैलूष, नट, चारण, कुशीलव मार्दङ्गिक, मौरजिक, पाणिवाद, वैणविक (वेणुवादक) वैणिक (वीणावादक), शाकुनिक, जालिक, आदि। (2/10)

(3) शिल्पसामग्री-द्वितीय काण्ड के नवम एवं दशम वर्ग में नाना शिल्पों की उपादान सामग्री का संकलन हुआ है। जैसे कि-

(i) आभूषणयोजन, रूप्यरत्नपरीक्षा, मणिरागाकरज्ञान, धातुवाद आदि कलाओं के लिये स्वर्ण-रत्नादि का परिचय। (2/9, 91-305; 2/6/101-110)

(ii) पानकरस-राग-आयोजन-के लिये कादम्बरी आदि नाना पेयों का परिचय (2/10/39-43)

(iii) पाककला-के लिये भोज्य पदार्थों का संग्रह (3/3/24-56)

(iv) द्यूतकला-के लिये द्यूतक्रीड़ा विषयक पारिभाषित पदावली (2/10/43-46)

(v) तक्षणशिल्प-रथ, शिविका, दोला, (2/8/52-58) पर्यङ्क, पीठ (2/6/138)

(vi) नेपथ्ययोग-केशसज्जा, वस्त्रयोग, भूषणयोग गन्धयुक्ति, माल्यग्रथन, विशेषकच्छेद्य (2/6/96-137)

(vii) वृक्षायुर्वेद-के लिये वनौषधिवर्ग (2/14) उपयोगी है।

(viii) वास्तुविद्या-के लिये पुरवर्ग (2/4) उपयोगी सूचनाओं एवं अभिधानों का संग्रह हुआ है।

1. धन्वन्तरिक्षपणकामरसिंहशङ्कुन्नेतालभट्टघटकर्परकालिदासाः।
ख्यातो वराहमिहिरो नृपतेः सभायां रत्नानि वै वररुचिनवविक्रमस्य।। (ज्योतिर्विदाभरण 22/10

(ix) पुस्तकवाचन एवं सम्पाठ्य के लिये नाना प्रकार की ध्वनियों एवं उनके नामों का बोध आवश्यक है जिनका निरूपण शब्दादिवर्ग (1/6/12-25) में हुआ है।

(x) गीत, वाद्य, नृत्य एवं नाट्य के लिये नाट्यवर्ग (1/7/1-38) में बहुमूल्य अभिधानों तथा उनके पर्यायों का संग्रह हुआ है।

(xi) आलेख्य या चित्रकला के लिये नाना वर्णों एवं रञ्जक द्रव्यों का ज्ञान उपयोगी है। अमरकोश में (1/5/12-17) कलाविषयक विपुल सामग्री को देखते हुये जहाँ एक ओर कलाओं की मानवजीवन में व्याप्ति का ज्ञान होता है वहीं दूसरी ओर 'कोश विषयक' निम्न सुभाषित भी चरितार्थता को प्राप्त करता है-

विदुषां भूभुजां वापि शब्दविद्या तथा प्रजा।
संसारे वशतामेति न विना कोशसङ्ग्रहम्।।

बृहत्संहिता

आचार्य वराहमिहिर की बृहत्संहिता मूलतः ज्योतिष शास्त्र की रचना होते हुये भी भारतीय शिल्प-कलाओं के परिज्ञान के लिये अत्यंत उपयोगी है। मध्यप्रदेश के स्वनामधन्य खगोलविज्ञानी एवं ज्योतिषज्ञ थे आचार्य वराहमिहिर, जिनका जन्म उज्जयिनी से पंद्रह मील पूर्व की ओर छोटी काली सिन्ध नदी के तट पर अवस्थित कपित्थ (वर्तमान कायथा) नामक ग्राम में हुआ था। आदित्यदास के पुत्र **वराहमिहिर** 'बृहज्जातक' ग्रंथ के अंत में अपना परिचय देते हुये लिखते हैं-

आदित्यदासतनयस्तदवाप्तबोधः
कापित्थके सवितृलब्धवरप्रसादः।
आवन्तिको मुनिमतानवलोक्य सम्यग्
होरां वराहमिहिरो रुचिरं चकार।।[1]

भोजराज ने वराहमिहिर को ज्योतिष के प्रथम प्रवक्ता सूर्यदेव का अवतार माना है।[2] जिसप्रकार भगवान् विष्णु ने वराह रूप में भूतधात्री धरित्री का उद्धार किया था उसी प्रकार सविता देवता ने वराहमिहिर के रूप में ज्योतिर्विद्या का पुनरुद्धार किया था। वराहमिहिर का रचनाकाल पंचम शती के अंतिम दशक से षष्ठ शती के द्वितीय दशक तक माना गया है।

---

1. बृहज्जातक 28/9
2. राजमार्तण्ड 1

वराहमिहिर की 'बृहत्संहिता' नाम के अनरूप ही एक विशालकाय ग्रन्थ है जिसमें 104 अध्याय हैं। बृहत्संहिता में निम्नलिखित कलाओं का विशद विवेचन हुआ है-

(1) वास्तु या स्थापत्य कला-वास्तुविद्या (अ.53); प्रासाद-लक्षण (अ. 55); वज्रलेपलक्षण (अ.56)

(2) मूर्तिकला या भास्कर्य-प्रतिमालक्षण (अ.57); वनप्रवेश विधान (अ.58); प्रतिमा प्रतिष्ठापन (अ.59)

(3) वृक्षायुर्वेद-(अ.54)

(4) गन्धयुक्ति-(अ.75)

(5) तक्षणशिल्प-शय्यालक्षण एवं आसनलक्षण (अ.77, 78)

(6) निमित्तज्ञान-शकुन-अपशकुन का ज्ञान (अ.84-93)

(7) कौचुमारयोग-वाजीकरण आदि (अ.74)

(8) मणिरागाकरज्ञान-(अ. 79, 81)

(9) रूप्यरत्नपरीक्षा-(अ. 79, 81)

बृहत्संहिता की प्रसिद्धि एक ज्योतिष ग्रंथ के रूप में है। विज्ञान एवं शिल्प ग्रंथ के रूप में भी इसके अवदान का अध्ययन आवश्यक है।

शुक्रनीति

अर्थशास्त्र एवं ज्योतिषग्रंथों की भाँति नीतिशास्त्र भी कलाविषयक जानकारी से अछूता नहीं है। शुक्राचार्य की शुक्रनीति इस दृष्टि से एक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है।

नीतिशास्त्र के इतिहास में शुक्राचार्य एक उल्लेखनीय व्यक्तित्व हैं। उन्हें उशना, कवि, भार्गव आदि कहा गया है। महाभारत में **उशना** के नाम से शुक्राचार्य की नीतियों का अनेकशः उल्लेख हुआ है।[1] कौटिल्य ने अर्थशास्त्र में औशनस सम्प्रदान को उद्धृत करते हुये दण्डनीति को ही एकमात्र विद्या माना है।[2] समाज के चारों वर्ण अपने धर्म-पथ से विचलित न हों, उचित मार्ग से चलते हुये पुरुषार्थों को प्राप्त कर सकें; इस प्रयोजन से नीतिशास्त्र की रचना हुई है-

सर्वोपजीवकं लोकस्थितिकृन्नीतिशास्त्रकम्।
धर्मार्थकाममूलं हि स्मृतं मोक्षप्रदः यतः।।[3]

1. महाभारत, शान्तिपर्व 56/29,30; 57/3
2. दण्डनीतिरेका विद्या इत्यौशनसाः/तस्यां हि सर्वविद्यारम्भाः प्रतिबद्धाः (अर्थशास्त्र 1/1/4)
3. शुक्रनीति 1/5

वर्तमान शुक्रनीति मूलतः भृगपुत्र **शुक्राचार्य** द्वारा प्रोक्त शतलक्षश्लोकात्मक नीतिशास्त्र[1] का संक्षिप्त रूप है। इसका रचनाकाल सातवीं शती के लगभग माना गया है। शुक्रनीति या 'शुक्रनीतिसार' में पाँच अध्याय एवं 2454 श्लोक हैं। वर्तमान ग्रंथ के चतुर्थ अध्याय में 'विद्याकलानिरूपण प्रकरण' के अन्तर्गत चतुःषष्टि कलाओं का संक्षिप्त वर्णन हुआ है। यह अध्याय भारतीय विद्याओं, शास्त्रों और कलाओं के ज्ञान के लिये अत्यंत मूल्यवान् है। इसमें लक्ष्य और लक्षण को एक ही श्लोक में प्रस्तुत किया गया है। शिल्पशास्त्र को परिभाषित करते हुये आचार्य कहते हैं-

प्रासादप्रतिमारामगृहवाप्यादिसंस्कृतिः।
कथिता यत्र तच्छिल्पशास्त्रमुक्तं महर्षिभिः।।[२]

जिस शास्त्र में प्रासाद (राजभवन-देवमन्दिर), प्रतिमा, उद्यान, गृह, वापी (बावड़ी, सरोवर) आदि के सुन्दर रीति से निर्माण एवं संस्कार की विधि वर्णित हो, उस शास्त्र को महर्षियों ने **'शिल्पशास्त्र'** कहा है।

इसी प्रकार नृत्य एवं वादनकला को भी सूत्ररूप में परिभाषित किया गया है-

हावभावादिसंयुक्तं नर्तनं तु कला स्मृता।
अनेकवाद्यविकृतौ ज्ञानं तद्वादनं कला।।[३]

शुक्रनीति की कलासूची कामसूत्र की कलासूची से पार्थक्य रखती है। यहाँ कलाओं के वर्गीकरण का प्रयास भी परिलक्षित होता है। कला और शिल्प जीवनशैली के अंग हैं, मानवीय वृत्ति और जीवन-यात्रा के साधक हैं। अतः मानवीय कर्तव्य के निदर्शक शुक्रनीति में कलाओं का वर्णन भी हुआ है।

पुराण

शिल्पकलाओं की व्याप्ति; सर्ग, प्रतिसर्ग, वंश, मन्वन्तर और वंशानुचरित रूप पञ्च-लक्षण समन्वित पुराण साहित्य में भी है।

'पुराण' शब्द का निर्वचन अनेक प्रकार से किया गया है-पुरा नवं भवति[4], पुरा अनति (जो प्राचीन काल में जीवित था[5]) पुरा परम्परां वष्टि कामयते (जो परम्परा की

---

1. शुक्रनीति 1/2
2. शुक्रनीति 4 विद्याकलानिरू. 58
3. शुक्रनीति 4 वि.क.निरू. 67
4. निरुक्त 3/19
5. वायुपुराण 1/203

कामना करता हैं[1]), पुरा एतत् अभूत्[2], पुरा परम्परां वक्ति[3], पुरावृत्तं पुराणम्[4] आदि। इन निर्वचनों से स्पष्ट है कि पुराण विद्या अत्यंत प्राचीन है एवं प्राचीन इतिहास, वंशावली, सृष्टि-उत्पत्ति आदि विषयों का वर्णन करती है।

अथर्ववेद के अनुसार ऋक्, साम, छन्दस् और यजुष् के साथ ही पुराणों की उत्पत्ति **'उच्छिष्ट'** से हुई है-

ऋचः सामानिच्छन्दांसि पुराणं यजुषा सह।
उच्छिष्टाज्जज्ञिरे सर्वे दिवि देवा दिविश्रतः।।[५]

पुराण ऋषिप्रोक्त शास्त्र हैं।[6] वेदार्थ का उपबृंहण इनका मुख्य प्रयोजन है तथा **लोकवृत्त** से संपृक्त है।[7] अतः पारम्परिक विषयों के साथ ही कला और शिल्पों की भी चर्चा करते हैं।

भारतीय मान्यता के अनुसार महर्षि वेदव्यास ने पुराणसंहिता को संकलित कर सुव्यवस्थित रूप दिया तथा अपने शिष्य रोमहर्षण को इस संहिता का अध्ययन कराया। **रोमहर्षण** की शिष्य-परम्परा से इस विद्या का विस्तार हुआ।

मुख्य पुराणों की संख्या अठारह[8] मानी गई है। इनमे से निम्नलिखित 10 पुराणों में कलाविषयक सामग्री पाई जाती है-

(१) मत्स्यपुराण

मत्स्यपुराण प्राचीनता तथा वर्ण्यविषय की व्यापकता की दृष्टि से पुराण साहित्य में विशिष्ट स्थान रखता है, अतः कहा गया है-पुराणेषु तथैव मात्स्यम्।

कल्पारम्भ में मत्स्य रूप में भगवान् विष्णु द्वारा इस पुराण का व्याख्यान किया गया था।[9] इस महापुराण में 291 अध्याय तथा 15,000 के लगभग श्लोक हैं। मत्स्यपुराण में वास्तुकला का विशद वर्णन अठारह अध्यायों (अ० 252-270) में हुआ है जिनमें मुख्यतः चार विषयों का प्रतिपादन है-(1) वास्तुकला के मूल सिद्धान्त (2) भूमिचयन एवं निर्माण की रूपरेखा (3) देवप्रासाद एवं राजप्रासादों की रचना, (4) प्रतिमाविज्ञान।

---

1. पद्मपुराण 5/2/3
2. ब्रह्माण्डपुराण 1/1/173
3. वायुपुराण 1/2/53
4. महाभारत 1/5/1 पर नीलकण्ठ की टीका
5. अथर्ववेद 11/7/24
6. पौरुषेयं तु पुराणम् (काव्यमीमांसा अध्याय-2)
7. लोकवृत्तमितिहासपुराणस्य विषयः (कामसूत्र 4/1/61)
8. (i) तथाष्टदशधा कृत्वा भूलोकेऽस्मिन् प्रकाश्यते।
   (ii) पुराणानि दशाष्टौ च साम्प्रतं तदिहोच्यते।। (मत्स्यपुराण 53/10-11)
9. मत्स्यरूपेण च पुनः कल्पादावुदकार्णवे।
   अशेषमेतत् कथितमुदकान्तर्गतेन च।। (मत्स्य पु. 53/6-7)

गृहनिर्माण काल (अ.253), भवन-निर्माण (अ.254), स्तम्भ-माननिर्णय (अ.255), द्रवाहरण (अ.257), नवताललक्षण (प्रतिमा-मान अ. 259), लिङ्गलक्षण (अ. 263), प्रासाद-लक्षण (अ.269), मण्डपलक्षण (अ.270), एवं पीठिकालक्षण (अ. 292) इसके कुछ मुख्य विषय हैं।

गरुडपुराण

गरुडपुराण में 264 अध्याय एवं 18,000 श्लोक हैं। इस पुराण के अध्याय 46-47 में भारतीय वास्तुशिल्प पर महत्त्वपूर्ण सामग्री प्राप्त होती है। इसमें वास्तु के लगभग सभी अंगों-प्रासाद, दुर्ग, आराम, देवमन्दिर, मठ, त्रिविध आवासीय भवनों-गृहवास्तु, सैन्यनिवेश एवं देव-भवन आदि का निरूपण हुआ है।

गरुडपुराण के पाँच अध्यायों (अ.59-64) में फलित ज्योतिष के अन्तर्गत शकुन या **निमित्तज्ञान** की कला का भी निरूपण हुआ है।

स्कन्दपुराण

स्कन्दपुराण में विश्वकर्मा श्रेष्ठ शिल्पी एवं कलाकार के रूप में वर्णित हुये हैं। उन्हें 'शिल्पीनां वरः' 'कलाविदां वरः' कहा गया है क्योंकि समग्र कलायें विश्वकर्मा के विश्वकर्म में समाहित हैं।

स्कन्दपुराण भी चतुःषष्टि कलाओं[1] को मान्यता देता है। इन कलाओं में से लगभग सत्रह कलाओं को एकत्र सूचीबद्ध किया गया है-(i) धातुवाद, (ii) काष्ठकला (iii) प्रस्तर कला (iv) मणिराग-आकरज्ञान (v) गन्धयुक्ति (vi) पानक-रस-आसव योजन (vii) नेपथ्यरचना (viii) पाककला (ix) तौर्यत्रिक-गीत, वाद्य एवं नृत्य (xi) सर्वशिल्पकर्म (xii) माल्यग्रथन (xiii) वस्त्रनिर्माण (xiv) यन्त्रमातृका (xv) आयुधविधान (xvi) वापी रचना-दुर्ग रचना (वास्तुविद्या) एवं (xvii) इन्द्रजाल।[2]

---

1. स्कन्दपुराण 5/3/21/14
2. त्वं सुवर्णादिधातूनां दारूणां दृषदामपि।
मणीनामपि रत्नानां पुष्पाणामपि वाससाम्।
कर्पूरादिसुगन्धीनां.....कन्दमूलफलानां च।।......
सर्वा नेपथ्यरचना सर्वा सूपस्य संस्कृतिः।
सर्वाणि शिल्पकार्याणि तौर्यत्रिकमथापि च।।
सर्वं ज्ञास्यसि कर्तुं त्वं द्वितीय इव पद्मभूः।
नानाविधानि यन्त्राणि नानायुधविधानकम्।।
जलाशयानां रचनाः सुदुर्गरचनास्तथा।
कलाजातं हि सर्वं त्वमेव यास्यसि मे वरात्।।
सर्वेन्द्रजालिकी विद्या त्वदधीना भविष्यति।
सर्वकर्मसु कौशल्यं सर्वबुद्धिवरिष्ठताम्।। (स्कन्दपुराण 4/86/74-89)

स्कन्दपुराण की यह सूची; उपलब्ध पौराणिक कलासूचियों में बृहत्तम है।

अग्निपुराण

शिल्पकलाओं के निरूपण एवं विषयगत विविधता की दृष्टि से अग्निपुराण का विशेष महत्त्व है। इसे प्राचीन भारतीय विद्याओं का विश्वकोश कह सकते हैं जैसा कि स्वयं अग्निपुराण में ही कहा गया है-

आग्नेये हि पुराणेऽस्मिन् सर्वा विद्याः प्रदर्शिताः।[1]

383 अध्यायों में निबद्ध इस विश्वकोशात्मक पुराण में ज्योतिष, आयुर्वेद, धर्म, दर्शन, राजनीति, छन्द, अलंकार, अभिधानकोश एवं शिल्पकला आदि विषयों का समावेश हुआ है। कला-परिशीलन की दृष्टि से अग्निपुराण की निम्नलिखित विषयवस्तु उल्लेखनीय है-

(i) **वास्तुकला**-अग्निपुराण में वास्तुकला का निरूपण लगभग सोलह अध्यायों में विकीर्ण रूप में हुआ है जिनमें कुछ मुख्य विषय हैं-प्रासादलक्षण-कथन (अ.42); प्रासादलक्षण (अध्याय 104) नागरादिवास्तु (अ.106)। प्रतिमानिर्माण या मूर्तिकला (अ.40, 93-94, 105-106 एवं 247)। अग्निपुराण में प्रासाद-वास्तु का प्रवक्ता **हयग्रीव** को कहा गया है।

(ii) **निमित्तज्ञान**-अ.121 में शुभाशुभनिमित्तों का निरूपण हुआ है।

(iii) **औपनिषदिक कलायें**-गान्धारी विद्या (124/12), मोहिनी तथा जृम्भणी विद्या (323/4-20), वशीकरणविद्या (123/26) आदि औपनिषदिक कलाओं का परिचय भी अग्निपुराण में प्राप्त होता है।

(iv) **नृत्यकला** (अ.340-41)

विष्णुधर्मोत्तरपुराण

वास्तु, मूर्ति एवं चित्र कलाओं के परिज्ञान के लिये विष्णुधर्मोत्तर पुराण एक बहुमूल्य ग्रन्थरत्न है। विष्णुधर्मोत्तर का चित्रसूत्र (अ.35-43) भारतीय चित्रकला का सर्वांगीण विवेचन करने वाला आधारभूत ग्रन्थ कहा जा सकता है। **चित्रकला** की प्रशंसा करते हुये यहाँ कहा गया है-

यथा सुमेरुः प्रवरो नगानां यथाण्डजानां गरुडः प्रधानः।
यथा नराणां प्रवरः क्षितीशस्तथा कलानामिह चित्ररूपः।।[2]

---

1. अग्निपुराण 383/52
2. विष्णुधर्मोत्तरपुराण 43/30

चित्रसूत्र में आनुषङ्गिक रूप से नृत्य, आतोद्य (वाद्य) एवं प्रतिमालक्षण आदि की भी चर्चा हुई है क्योंकि ये कलायें अन्योन्याश्रित हैं एवं एक के बिना दूसरे का परिज्ञान सम्भव नहीं है।[1]

नारद, वायु, भविष्य, ब्रह्मवैवर्त, ब्रह्माण्ड आदि पुराणों में भी वास्तुविद्या का यथावसर निरूपण हुआ है।

आगम एवं तन्त्र

अपनी रहस्यमयी साधना-पद्धति के लिये विख्यात आगम एवं तन्त्रसाहित्य में कलाओं का विशेष रूप से वास्तु एवं मूर्तिकला का विस्तृत वर्णन हुआ है। कामिकागम में तन् धातु से 'तन्त्र' शब्द का निर्वचन करते हुये कहा गया है-

तनोति विपुलानर्थान् तत्त्वमन्त्रसमन्वितान्।
त्राणं च कुरुते यस्मात् तन्त्रमित्यभिधीयते।।

पुराणों की भाँति तन्त्र अथवा आगम भी सृष्टिवलय आदि का वर्णन करते हैं। वाराही तन्त्र के अनुसार जिस ग्रंथ में-सृष्टि, प्रलय, देवार्चन, सर्वसाधन, पुरश्चरण, षट्कर्म (शान्ति, वशीकरण, स्तम्भन, विद्वेषण, उच्चाटन तथा मारण) एवं चतुर्विध ध्यानयोग-ये सात लक्षण पाये जाते हैं उस ग्रंथ को **आगम** कहते हैं।

स्थापत्य कला की दृष्टि से आगमों में कामिकागम विशेष रूप से उल्लेखनीय है जिसके कुल 75 अध्यायों में से 60 अध्यायों में वास्तुशिल्प का निरूपण हुआ है। इस ग्रंथ में प्रासाद-निर्माण की त्रिविध शैलियों-नागर, द्रविड़ एवं बेसर का साङ्गोपाङ्ग विवेचन है। प्रासादों के नाना प्रकार के वर्गीकरण, पुरुष-स्त्री-नपुँसक; शुद्ध-मिश्र-संकीर्ण; सञ्चित, असञ्चित-अपसञ्चित; **स्थानक,** आसन और शयन (प्रतिमा-मुद्रा के अनुसार) आदि कलात्मक पक्षों का विशद विवेचन इसे एक महत्त्वपूर्ण शिल्प ग्रंथ के रूप में प्रतिष्ठित करता है।

'कर्णागम', 'सुप्रभेदागम', 'वैखानस-आगम' आदि आगम ग्रंथ भी देवार्चन के विधि-विधानों के साथ ही प्रासाद-वास्तु एवं 'प्रतिमा लक्षण' का निरूपण करते हैं। देवालयों का निर्माण और देवता की प्रतिष्ठा अत्यंत पुण्य कार्य और शिवलोक की प्राप्ति कराने वाली मानी जाती है, जैसा कि शैवागम-निबन्धन में कहा गया है-

---

1. (i) नृत्तं चित्रं परं मतम्।
   (ii) विना तु नृत्यशास्त्रेण चित्रसूत्रं सुदुर्विदम्।
   (iii) चित्रसूत्रं न जानाति यस्तु सम्यङ्नराधिप। प्रतिमालक्षणं वेत्तुं न शक्नोति कर्हिचित्।।
   (iv) आतोद्यं यो न जानाति तस्य नृत्यं हि दुर्विदम्। (वि.ध.पु. 35/7-13)

यो वै शिवालयं भक्त्या शुभं कारयतीप्सितम्।
त्रिसप्तपुरुषाँल्लोकं शम्भोर्नयति स ध्रुवम्।।
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन महादेवस्य मन्दिरम्।
सर्वैरवश्यं कर्तव्यं आत्माभ्युदयकाङ्क्षिभिः।।

अतः विशुद्ध रूप से धार्मिक उद्देश्य से लिखे गये ग्रंथ भी कलाओं का वर्णन करते हैं। हयशीर्ष-पांचरात्र, अत्रिसंहिता, महानिर्वाणतन्त्र, शारदातन्त्र आदि ग्रंथ भी शिल्पों का वर्णन करते हैं।

लौकिक साहित्य

लौकिक संस्कृत साहित्य-महाकाव्य, नाट्य, कथा, चम्पू आदि ग्रंथों में भी कला-विषयक प्रभूत सन्दर्भ प्राप्त होते हैं। महाकवि कालिदास का मालविकाग्निमित्र, शूद्रक का मृच्छकटिक, बाणभट्ट की कादम्बरी एवं हर्षचरित, राजशेखर की विद्धशालभञ्जिका एवं काव्यमीमांसा, श्रीहर्ष का नैषधीयचरित, कल्हण की राजतरङ्गिणी आदि भारतीय कला की प्रभूत सामग्री को संजोये हुये हैं।

स्वतन्त्र ग्रन्थ

वेदादि शास्त्रों में आनुषङ्गिक रूप से निबद्ध भारतीय शिल्प-परम्परा के अवलोकन के पश्चात् स्वतंत्र रूप से विरचित शिल्पग्रंथों का परिचय आवश्यक है।

आचार्य राजशेखर ने कलाओं को **उपविद्या** कहा है। इनकी संख्या चौसठ है तथा इन्हें काव्य का जीवन माना गया है।

उपविद्यास्तु चतुःषष्टिः, ताश्च कला इति विदग्धवादः आजीवः काव्यस्य।

कलाओं का विवेचन करने वाला शास्त्र 'शिल्प-शास्त्र' कहा जाता है। कतिपय आचार्य शिल्पशास्त्र को अष्टादश विद्याओं में परिगणित करते हैं। चार उपवेदों आयुर्वेद, धनुर्वेद, गान्धर्ववेद एवं स्थापत्यवेद से ही शिल्प-कलाओं का विकास हुआ है। इस शास्त्र के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुये विश्वकर्मा-वास्तुशास्त्र में कहा गया है-

शास्त्रेणानेन सर्वस्य लोकस्य परमं सुखम्।
चतुर्वर्गफलप्राप्तिस्सल्लोकश्च भवेद्ध्रुवम्।।
शिल्पशास्त्रपरिज्ञानान्मर्त्योऽपि सुरतां व्रजेत्।
परमानन्दजनकं देवानामिदमीरितम्।।
शिल्पं विना न हि जगत्त्रिषु लोकेषु विद्यते। (२/२८-३२)

पुराणों तथा शिल्पग्रन्थों में शिल्प के प्रवक्ता आचार्यों की एक सूची प्राप्त होती है। मत्स्यपुराण के अनुसार ये आचार्य हैं-(1) भृगु (2) अत्रि (3) वशिष्ठ (4) विश्वकर्मा (5) मय (6) नारद (7) नग्नजित् (8) विशालाक्ष (9) शक्र (पुरन्दर) (10) ब्रह्मा (11) कुमार (12) नन्दीश (शम्भु) (13) शौनक (14) गर्ग (15) वासुदेव (16) अनिरुद्ध (17) शुक्र (18) बृहस्पति (19) मनु।

अन्य स्रोतों से हयशीर्ष, गालव, यम, अगस्त्य, मार्कण्डेय, कश्यप, मरीचि आदि आचार्यों का ज्ञान होता है। सम्भवतः सबने पृथक्-पृथक् शिल्प ग्रन्थों की रचना की हो किन्तु निम्नोक्त कतिपय आचार्यों के ही ग्रन्थ उपलब्ध होते हैं-

(1)	अत्रि	-	आत्रेयतन्त्र
(2)	विश्वकर्मा	-	विश्वकर्म-वास्तुशास्त्र
(3)	मय	-	मयमत
(4)	नारद	-	नारदवास्तुविधान, नारदशिल्पशास्त्र।
(5)	शुक्र	-	शुक्रनीति
(6)	भृगु	-	वैखानसागम

विभिन्न सूचीग्रन्थों के माध्यम से ज्ञात शिल्पग्रन्थों की एक सूची निम्नलिखित है-

(1) विश्वकर्मा - शिल्प
(2) विश्वकर्म - प्रकाश
(3) विश्वकर्म - वास्तुशास्त्र
(4) वास्तुशास्त्र
(5) विश्वकर्ममत
(6) वास्तुप्रकाश
(7) वास्तुविधि
(8) वास्तुसङ्ग्रह
(9) वास्तुसमुच्चय
(10) मानसार
(11) मयमत
(12) नग्नजित्-चित्रलक्षण
(13) काश्यपशिल्प
(14) वास्तुपुरुषविधान (नारदीय)
(15) सनत्कुमार-वास्तुशास्त्र
(16) समराङ्गणसूत्रधार
(17) युक्तिकल्पतरु
(18) अपराजितपृच्छा
(19) जय-पृच्छा
(20) वास्तुराजवल्लभ
(21) मानसोल्लास
(22) प्रासाद-मण्डन
(23) रूप-मण्डन
(24) राजसिंह-वास्तुशास्त्र
(25) भुवन-प्रदीप
(26) बृहत् शिल्पशास्त्र
(27) वास्तुविद्या
(28) वास्तुरत्नावली
(29) वास्तुमुक्तावली
(30) प्रयोग-मञ्जरी
(31) प्रयोग-पारिजात
(32) शिल्परत्न
(33) शिल्पसंग्रह
(34) शुक्रनीतिसार
(35) तन्त्रसमुच्चय

संगीतविषयक ग्रन्थों की भी निम्नांकित सूची है-

(1) नारदीयशिक्षा-नारद
(2) दत्तिलम् (गान्धर्वशास्त्र)-दत्तिल
(3) बृहद्देशी-मतङ्ग
(4) सङ्गीतचूड़ामणि-जगदेकमल्ल
(5) सङ्गीतरत्नावली-सोमभूपाल
(6) अभिनयभूषण-शृंगारशेखर
(7) सङ्गीतरत्नाकर-शार्ङ्गदेव
(8) सङ्गीत-सुधाकर-शिङ्गभूपाल
(9) सङ्गीतसमयसार-पार्श्वदेव
(10) रागार्णव-भावभट्ट
(11) सङ्गीतकलिका-हेमाद्रि
(12) भरत-संग्रह-विद्याचक्रवर्ती
(13) सङ्गीत-सार-विद्यारण्य
(14) शार्ङ्गधरपद्धति -शार्ङ्गदेव (राघव-पुत्र)
(15) सङ्गीतोपनिषत्सारोद्धार-सुधाकर
(16) सङ्गीतराज-राणा कुम्भा
(17) सङ्गीतदामोदर-शुभङ्कर
(18) सङ्गीतचिन्तामणि-वेमभूपाल
(19) सङ्गीतकल्पतरु-कमललोचन
(20) तालदीपिका-तिम्य भूपाल
(21) रागमञ्जरी-पुण्डरीकविट्ठल
(22) रागविबोध-सोमनाथ
(23) सङ्गीतदर्पण-दामोदर

नृत्यकला से संबंधित ग्रंथ हैं-

(1) नाट्यशास्त्र-भरतमुनि
(1) अभिनयदर्पण-नन्दिकेश्वर
(2) अभिनयलक्षण
(3) नृत्याध्याय-अशोकमल्ल
(4) नृत्यरत्नाकर
(5) भावप्रकाशन-शारदातनय

पाककला

(1) पाकदर्पण-नल

'शिल्प' एवं 'कला' का अर्थ, स्वरूप तथा प्रयोजन

संस्कृत वाङ्मय में 'शिल्प' एवं 'कला' शब्द का परस्पर पर्य्याय रूप में भी प्रयोग हुआ है। अमरकोश के अनुसार-कला आदि कर्म **शिल्प** हैं-शिल्पं कर्म कलादिकम्।[1]

वैदिक वाङ्मय में कला की अपेक्षा शिल्प शब्द अधिक प्राचीन एवं व्यापक है। 'शिल्प' शब्द का प्रथम प्रयोग हम विश्व के प्रथम वाङ्मय ऋग्वेद में पाते हैं-

सुशिल्पे बृहती मही पवमानो वृषण्यति।
नक्तोषासा न दर्शते.........................।[2]

अर्थात्-पवमान साम ऐसी रात्रि एवं उषा की कामना करते हैं जो सुशिल्प (सुरूप), बृहत्, महान् और दर्शनीय हैं।

1. अमरकोश 2/10/35
2. ऋग्वेद 9/5/6

ऋग्वेद के भाष्यकार सायण के अनुसार यहाँ सुशिल्प का अर्थ है-'सुरूप'। यह पद रात्रि और उषा के विशेषण के रूप में आया है। शिल्प शब्द का यह प्रथम प्रयोग शिल्प के संबंध में निम्न सूत्र देता है-

(1) शिल्प सुन्दर रूप की सृष्टि है।
(2) शिल्प (रूप) की कामना 'पवमान' करता है।
(3) पावन सौन्दर्य की सृष्टि ही शिल्प है।
(4) शिल्प चिरन्तनकाल से काम्य रहा है।
(5) शिल्पसृष्टि दर्शनीय होती है।
(6) शिल्प-सृष्टि आकार में छोटी होते हुये भी मूल्य में बड़ी होती है।
(7) वह रचना महती अर्थात् किसी महान् भाव की अभिव्यञ्जक होती है।

शिल्प के सम्बन्ध में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण सन्दर्भ 'ऐतेरय-ब्राह्मण' में प्राप्त होता है-

शिल्पानि शंसन्ति, देवशिल्पान्येतेषां वै शिल्पानामनुकृतीह शिल्पमधिगम्यते-हस्ती कंसो वासो हिरण्यमश्वतरीरथः शिल्पम्।[1]

यह सृष्टि **'देवशिल्प'** है। इस देवशिल्प के अनुकरण पर मानुषी शिल्प-सृष्टि देखी जाती है। जैसे मिट्टी आदि से रचित हाथी, काँसे से निर्मित चमकता हुआ कंस (दर्पण), तन्तुवाय रचित बहुवर्णी वस्त्र, हिरण्यमय आभूषण, रथ आदि शिल्प हैं।

कौषीतकिब्राह्मण में नृत्य, गीत और वादित को शिल्प कहा गया है-**त्रिवृद् वै शिल्पं नृत्यं गीतं वादितमिति।**[2]

'कला' शब्द का प्रथम प्रयोग भी ऋग्वेद में हुआ है। अष्टम मण्डल के मंत्र-यथा कलां यथा शफं यथा ऋणं संनयामसि[3] में कला शब्द का प्रयोग 'अवयव' या 'अंश' के अर्थ में हुआ है। वस्तुतः कला उस विधाता की सृष्टि का एक लघुतम अंश ही तो है।

वेदों में जहाँ 'शिल्प' शब्द का बाहुल्य है वहाँ उपनिषदों में 'कला' का। **'कला'** की सबसे सुन्दर व्याख्या छान्दोग्य उपनिषद् में है। यहाँ पृथिवी-अन्तरिक्ष, सूर्य-चन्द्र, प्राण-चक्षु आदि को ब्रह्म की कला कहा गया है-

(1) प्राची दिक्कला प्रतीची दिक्कला दक्षिणा दिक्कलोदीची दिक्कलैष वै सोम्य चतुष्कलः पादो ब्रह्मणः प्रकाशवान्नाम।।
(2) पृथिवी कलान्तरिक्षं कला द्यौः कला समुद्रः कलैष वै सोम्य चतुष्कलः पादो ब्रह्मणोऽनन्तवान्नाम।।

---

1. ऐतरेयब्राह्मण 6/5/1
2. कौषीतकिब्राह्मण 29/5
3. ऋग्वेद 8/47/16

(3) अग्निः कला सूर्यः कला चन्द्रः कला विद्युत् कलैष वै सोम्य चतुष्कलः पादो ब्रह्मणः ज्योतिष्मान्नाम।

(4) प्राणः कला चक्षुः कला श्रोत्रं कला मनः कलैष वै सोम्य चतुष्कलः पादो ब्रह्मण आयतनवान्नाम।[1]

ब्रह्म के चार पाद क्रमशः चार-चार कलाओं से युक्त हैं। ये चार पाद हैं-प्रकाशवान्, अनन्तवान्, ज्योतिष्मान् और आयतनवान्। चार पादों वाला ब्रह्म षोडश कलाओं का अधिष्ठाता और कलासर्जक है।

शैवागमों में 'कला' को माया का पाँचवा कञ्चुक माना गया है। ये पाँच कञ्चुक हैं-काल, नियति, राग, विद्या और कला। इन पाँचों से आवृत होकर शिवरूप व्यापक चैतन्य स्वयं को जीवात्मा समझने लगता है। माया के आवरण से व्यापक चैतन्य की सहज शक्तियाँ -नित्यता, व्यापकता, पूर्णता, सर्वज्ञता और सर्वशक्तिमत्ता-क्षीण हो जाती हैं। **'कला' चैतन्य की सर्वकर्तृत्व शक्ति का क्षीण रूप है,** जिससे सृष्टि की व्यापक शक्ति छोटी मोटी रचनाओं में ही आत्मतृप्ति का अनुभव करती है।

'कला' माया की रूपविधायिनी शक्ति है; जिसके द्वारा माया जीवत्वप्राप्त शिव को; कुछ नया रचने की बुद्धि और प्रेरणा देती है।

महामाया द्वारा पूर्व में ही प्रस्तुत उपादानों से जीवात्मा 'सुन्दर' की रचना करता है और 'लीला' का आनन्द पाता है। उसकी यह रचना-लीला जब परमतत्त्व के प्रति उन्मुख होती है तब वह मुक्ति का, परमानन्द का साधन बन जाती है। **शिवस्वरूपविमर्शिनी** में कला को परिभाषित करते हुये कहा गया है-**'कलयति स्व-स्वरूपावेशेन तत्तद् वस्तु परिच्छिनत्ति इति कला व्यापारः।'**

इस सूत्र पर टीका करते हुये क्षेमराज कहते हैं-'कलयति, स्वरूपम् आवेशयति वस्तुनि वा तत्र तत्र प्रमातरि कलनमेव कला व्यञ्जयति कर्तृशक्तिं कलेति कथिता सा।'

भिन्न भिन्न वस्तुओं अर्थात् कलासृष्टियों में या प्रमाता में जीवात्मा स्वयं को आवेशित करता है अर्थात् सृष्टि के माध्यम से स्व की अभिव्यञ्जना ही कला है।

यह जीवात्मा की कर्तृत्वशक्ति की व्यंजना है। व्युत्पत्ति के आधार पर 'कला' शब्द के कई अर्थ हो सकते हैं। 'कला' शब्द कल् धातु से निष्पन्न है जो पाणिनीय धातुपाठ में 'गति' और 'संख्यान' अर्थ में उपदिष्ट है।[2]

---

1. छान्दोग्योपनिषद् 4/5/8
2. कल गतौ संख्याने च (धातुपाठ संख्या 1865)

(i) इसका तात्पर्य है कि 'कला' वह लोकोत्तर सर्जन की प्रक्रिया है जिसके द्वारा कलाकार एवं सहृदय (कला-आस्वादक) की चेतना संकीर्ण भौतिक धरातल से रसास्वाद या आनन्द की लोकोत्तर अवस्था में 'गमन' करती है।

(ii) **'संख्यान'** का अर्थ है-पर्यवेक्षण, सूक्ष्मनिरीक्षण, मनन, चिन्तन, अन्तर्दर्शन एवं सभ्यता-अभिव्यञ्जन। अतः कला इनसे स्फूर्त मानवीय भावनाओं की शिव-सुन्दर अभिव्यक्ति है।

(iii) 'कम्' उपपदपूर्वक 'ला' धातु से निष्पन्न 'कला' शब्द "कं सुखं लाति इति कला" इस निरुक्ति के अनुसार सुख या आनन्द की वाहिका होती है।

ये तीनों अर्थ क्रमशः **कलास्वाद** की मनोभूमि, कला के सर्जन की प्रक्रिया एवं कला के फल या प्रयोजन को रेखाङ्कित करते हैं। 'शिल्प' शब्द की व्युत्पति शिल् धातु से हुई है (शिल दीप्तौ, उणादि 3/28) जिसका अर्थ है-'दीप्ति या प्रकाश'। इस प्रकार कला और शिल्प दोनों ही प्रकाशरूप हैं एवं उनमें प्रकाशन की शक्ति है। ब्रह्म के प्रकाशवान् और 'ज्योतिष्मान्' नामक पाद इसी अर्थ के संकेतक हैं। कोई भी सुन्दर शिल्प केवल मानव के बाह्य पक्ष को ही सौन्दर्य से उद्भासित नहीं करता, अपितु अन्तर्मन को भी दिव्य ज्योति से आलोकित करता है। अतः प्रसिद्ध शिल्पाचार्य नन्दलाल बसु कहते हैं-

"स्वार्थ और अज्ञान के घने अन्धकार में भी हम अन्तःकरण में जिस आलोक को देखते हैं, साहित्य और शिल्प उसी की छटायें हैं।"[1]

'निघण्टु' में शिल्प को कर्म के 26 नामों में गिना गया है। सायण ने शिल्प को 'कौशल'[2] या 'आश्चर्यकर कर्म' के रूप में परिभाषित किया है।[3] कर्मों में कौशल ही 'योग' है। शिल्प का संबंध शील् (समाधौ) धातु से भी है। योगसाधना और शिल्प-साधना में समानता है। साधक की जो धारा है, वही शिल्पी की भी धारा है, क्योंकि रूप की मानसी सृष्टि समाधि-दशा में ही होती है।[4] इस प्रकार शिल्प अथवा कला की निम्न विशेषताओं का ज्ञान होता है-

(1) शिल्प अनन्त रूपों की सृष्टि है-[5] इस रूप सृष्टि के कई माध्यम हो सकते हैं-वर्ण, रेखा, गीत, शब्द और स्पर्श आदि। यह रूप चाक्षुष भी हो सकता है और मानस भी, मूर्त भी हो सकता है और अमूर्त भी। सभी श्रेष्ठ कलायें रूप से अरूप की ओर ही ले जाती हैं।

---

1. शिल्पकथा, भूमिका
2. अपः दंसः वेशः.....व्रतम्......ऋतुः...धीः
   शक्तिः शिल्पम् इति षड्विंशतिः कर्मनामानि (निघण्टु 2/1)
3. ऐतरेय ब्राह्मण 6/5/1
4. मालविकाग्निमित्र 2/2
5. विश्वा रूपाणि प्रतिमुञ्चते कविः (ऋग्वेद 5/81/2)

(2) यह रूप-सृष्टि आत्माभिव्यञ्जना के लिये है।[1]

(3) मानवशिल्प देवशिल्प का अनुकीर्तन है। ब्राह्मी सृष्टि में सर्जन की जो तीव्र लालसा है और तीव्र भावावेग अनवरत क्रियाशील है, शिल्पी के अन्तःकरण में उसी का सतत स्पन्दन है। देवशिल्प ही मानव शिल्प की प्रेरणा है। शिल्प के विषय और उपादान मानव इस **देवशिल्प** से ही प्राप्त करता है।

(4) शिल्प छन्दोमय (कोमल, रसात्मक) रूप में आत्मा का संस्कार करता है।[2]

(5) शिल्प या कला आनन्द के लिये हैं अतः कहा गया है-

विश्रान्तिर्याऽस्य संभोगे सा कला न कला मता।
लीयते परमानन्दे ययात्मा सा परा कला।।

(6) शिल्प अमृतप्राप्ति का मार्ग है।[3] भौतिक सम्पत्ति और सौभाग्य[4] की प्राप्ति तो कलाकार को होती ही है; इन सबसे भी बढ़कर चरम उपलब्धि है-मोक्ष की प्राप्ति-**कलसर्गकरं देवं ये विदुस्ते जहुस्तनुम्।**[5]

(7) प्रयोजनों के बिना मानवजीवन संभव नहीं है किन्तु अप्रयोजनों के बिना भी मनुष्य जी नहीं सकता। इसी अप्रयोजन का जो प्रयोजन है वही **कला** है।[6]

(8) कला के चार अंग हैं-रूप, अर्थ, छन्द और रस। **'रस'** कला की आत्मा है। यह ऐसा आत्मिक गुण है जिसमें कलासृष्टि का स्थायी मूल्य निहित होता है।

(9) भारतीय कला में प्रतीकों और अलङ्करणों का विशेष स्थान है।

(10) भारतीय कला की परम्परा भी साहित्य, दर्शन, धर्म की परम्परा के समान समृद्ध है।

(11) प्राचीन भारतीय परम्परा में कला और शिल्प के मध्य भेद नहीं है। कौटिल्य जिन नैपुण्यपूर्ण क्रियाओं को शिल्प कहते हैं-यथा गीत, वाद्य, नृत्य, पाठ्य, संवाहन, आस्तरण, आदि उन्हें ही वात्स्यायन कला कहते हैं। कालिदास शिल्प शब्द के प्रयोग में अधिक रुचि रखते हैं। वे स्पष्ट रूप से नाट्य, नृत्य, अभिनय, नगरनिर्माण, दन्तकर्म (हाथी दाँत का काम) आदि सभी को शिल्प कहते हैं। यहाँ कलाकार की सामान्य संज्ञा शिल्पी या **शिल्पकारिका**[7] है।

---

1. तदस्य रूपं प्रतिचक्षणाय (ऋग्वेद 6/47/18)
2. आत्मसंस्कृतिर्वाव शिल्पानिच्छन्दोमयं वा एतैर्यजमान आत्मानं संस्कुरुते (ऐतरेयब्राह्मण 6/5/1,3)
3. अथैता वाजा अमृतस्य पन्थां गणं देवानामृभवः सुहस्ताः। (ऋग्वेद 4/35/3)
4. कलानां ग्रहणादेव सौभाग्यमुपजायते (कामसूत्र 1/3/22)
5. श्वेताश्वतरोपनिषद् 5/14
6. कला, हंसकुमार तिवारी, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी 2001, पृ. 15
7. (i) न केवलं रूपे शिल्पेऽपि अद्वितीया मालविका (मालविकाग्निमित्र अंक 1)
   (ii) राजा-कस्यां कलायामभिविनीते भवत्यौ।
   शिल्पकारिके-भर्तः सङ्गीतकेऽभ्यन्तरे स्वः (मालवि. अङ्क 5)

शूद्रक **'संवाहन'** को सुकुमार कला कहते हैं।[1] बाणभट्ट नृत्य, गीत आदि के साथ ही व्यायामविद्या, **रथचर्या**, गन्धशास्त्र, रत्न-परीक्षा, मन्त्र-प्रयोग, तरण-लङ्घन आदि को कभी शिल्प संज्ञा प्रदान करते हैं तो कभी कला।[2]

शुक्रनीति में कला-अभिज्ञ को ही शिल्पी कहा गया है।[3] यह कला की जो परिभाषा दी गई है वह वस्तुतः शिल्प की ही परिभाषा है–

शक्तो मूकोऽपि यत्कर्तुं कलासंज्ञं तु तत् स्मृतम्।[4]

कालिदासोत्तर काल में कलाशब्द का प्रचलन अधिक रहा है, किन्तु शिल्प एवं कला में कोई विभाजन रेखा नहीं है।

कलाओं की संख्या एवं प्रकार

भारतीय परम्परा में कलाओं की परिनिष्ठित संख्या चतुःषष्टि (चौंसठ) मानी गई है। इनकी सूची के संबंध में सर्वाधिक परिगणित ये चौंसठ कलायें[5] इस प्रकार हैं–

1. गीतम्
2. वाद्यम
3. नृत्यम्
4. आलेख्यम् (चित्रकला)
5. विशेषकच्छेद्यम् – तिलकरचना, पत्रावलीरचना के साँचे बनाना।
6. तण्डुलकुसुमबलिविकाराः – पूजा के लिये अक्षत एवं पुष्पों को सजाना।
7. पुष्पास्तरणम् – पुष्पसज्जा।
8. दशन-वसनांगरागः – दाँत-वस्त्र एवं शरीर के अंगों को रंगना।
9. मणिभूमिकाकर्म – भूमि को मणियों से सजाना।
10. शयनरचनम् – शय्या की रचना।
11. उदकवाद्यम् – जल पर हाथ से इस प्रकार आघात करना कि मृदङ्ग आदि वाद्यों के समान ध्वनि उत्पन्न हो।
12. उदकाघातः – जलक्रीड़ा के समय कलात्मक ढंग से छींटे मारना या जल को उछालना।
13. चित्रयोगाः – औषधि, मणि, मंत्र आदि के रहस्यमय प्रयोग।

---

1. सुकुमारा कला शिक्षिता आर्येण (मृच्छकटिक अंक 2)
2. तस्मिन् संचक्राम सकलः कलाकलापः। तथा हि व्यामविद्यासु रथचर्यासु वीणावेणुमुरजप्रभृतिषु वाद्येषु भरतादिप्रणीतेषु नृत्यशास्त्रेषु...गन्धर्ववेदविशेषेषु...गन्धशास्त्रेषु शकुनिरुतज्ञाने.........सर्वशिल्पेषु...परं कौशलमवाप (कादम्बरी, चन्द्रापीडस्य शिक्षा पृ. 232)
3. संस्कर्ता तत्कलाभिज्ञः शिल्पी प्रोक्तो मनीषिभिः (शु.नी. राजधर्मनिरूपण 4/303
4. शुक्रनीति-विद्याकलानि. 4/24
5. कामसूत्र 1/3/15

14.	माल्यग्रथनविकल्पाः	–	माला एवं पुष्पाभूषणों की रचना।
15.	शेखरकापीडयोजनम्	–	शेखरक और आपीड (शिर पर धारण किये जाने वाले पुष्पाभरण) की योजना।
16.	नेपथ्यप्रयोगाः	–	वेश-भूषा धारण की कला।
17.	कर्णपत्रभङ्गाः	–	हाथीदाँत के पत्तरों आदि से कर्णाभूषण की रचना।
18.	गंधयुक्तिः	–	सुगंध की योजना।
19.	भूषणयोजनम्	–	आभूषण निर्माण की कला।
20.	ऐन्द्रजालाः	–	इन्द्रजाल या जादू का खेल।
21.	कौचुमारयोगाः	–	कुचुमारतंत्र में बताये गये वाजीकरण आदि प्रयोग।
22.	हस्तलाघवम्	–	हाथ की सफाई।
23.	विचित्र-शाकयूषभक्ष्यविकारक्रिया	–	नाना प्रकार के व्यंजन, यूष-सूप आदि बनाने की कला।
24.	पानकरसरागासवयोजनम्	–	प्रपाणक, आराव आदि पेय बनाने की कला।
25.	सूचीवानकर्माणि	–	वस्त्ररचना एवं कढ़ाई का शिल्प।
26.	सूत्रक्रीडा	–	हाथ के सूत्र (धागा आदि) से नानाप्रकार की आकृतियाँ बुनना।
27.	वीणाडमरुकवाद्यानि	–	वीणा, डमरु आदि बजाना।
28.	प्रहेलिका	–	पहेलियाँ बुझाना।
29.	प्रतिमाला	–	अंत्याक्षरी।
30.	दुर्वाचकयोगाः	–	कठिन उच्चारण और गूढ अर्थों वाले श्लोकों की रचना।
31.	पुस्तकवाचनम्	–	पुस्तक बाँचने का शिल्प।
32.	नाटकाख्यायिकादर्शनम्	–	नाट्य एवं कथा-काव्यों का रसास्वादन।
33.	काव्यसमस्यापूरणम्	–	समस्यापूर्ति।
34.	पट्टिकावानवेत्रविकल्पाः	–	बेंत ओर बाँस का शिल्प।
35.	तक्षकर्माणि	–	नक्काशी का काम।
36.	तक्षणम्	–	काष्ठकर्म।
37.	वास्तुविद्या	–	स्थापत्य शिल्प।
38.	रूप्यरत्नपरीक्षा	–	चाँदी-सोना आदि धातुओं तथा रत्नों की परीक्षा।
39.	धातुवादः	–	धातु-शोधन, मिश्रण आदि।

40. मणिरागाकरज्ञानम्	–	मणियों को रंगना एवं उनके आकर का ज्ञान।
41. वृक्षायूर्वेदयोगाः	–	वृक्षों के दीर्घायुष्य का शिल्प एवं उपवन लगाने की कला।
42. मेषकुक्कुटलावकयुद्धविधिः	–	मेष आदि पशु पक्षियों को लड़ाना।
43. शुक-सारिकाप्रलापनम्	–	तोता-मैना आदि को बोलना सिखाना।
44. उत्सादने संवाहने केशमर्दने च कौशलम्	–	शरीर दबाने, सिर पर तेल लगाने आदि की कला।
45. अक्षरमुष्टिकाकथनम्	–	संकेत-भाषा का ज्ञान।
46. म्लेच्छितविकल्पाः	–	गुप्तभाषा का ज्ञान।
47. देशभाषाविज्ञानम्	–	लोकभाषाओं का ज्ञान।
48. पुष्पशकटिका	–	पुष्पों से गाड़ी आदि बनाना या सजाना।
49. निमित्तज्ञानम्	–	शकुनज्ञान।
50. यंत्रमातृका	–	यंत्ररचना का शिल्प।
51. धारणमातृका	–	स्मरणशक्ति बढ़ाने की कला।
52. सम्पाठ्यम्	–	काव्यपाठ की कला।
53. मानसीकाव्यक्रिया	–	मौखिक काव्यरचना।
54-55 अभिधानकोश-च्छन्दोज्ञानम्	–	शब्दकोश एवं छन्द का ज्ञान।
56. क्रियाकल्पः	–	काव्यालंकार का ज्ञान।
57. छलितकयोगाः	–	छलने का कौशल।
58. वस्त्रगोपनानि	–	असुंदर को छिपाते हुये वस्त्रधारण का कौशल।
59. द्यूतविशेषाः	–	द्यूतक्रीडा।
60. आकर्षक्रीडा	–	पासे का खेल।
61. बालक्रीडनकानि	–	बच्चों की विभिन्न क्रीडाओं का ज्ञान।
62. वैनयिकीनां विद्यानां ज्ञानम्	–	विनय सिखाने वाली विद्याओं का ज्ञान।
63. वैजयिकीनां विद्यानां ज्ञानम्	–	विजय ।देलाने वाली विद्र्याओं का ज्ञान।
64. व्यायामिकीनां विद्यानां ज्ञानम्	–	व्यायामविद्या।

ललितविस्तर की कलासूची

बौद्ध ग्रंथ-ललितविस्तर में **षडशीतिकलाओं** की एक सूची प्राप्त होती है। कहा जाता है कि बोधिसत्व को गोपा से विवाह करने के लिये इन शिल्पों के ज्ञान की परीक्षा देनी पड़ी थी। ये शिल्प निम्नानुसार हैं-

1. ललितविस्तर, शिल्पसंदर्शनपरिवर्त अ. 2

1. लङ्घितम्-कूदना।
2. प्राक्चलितम्-उछलना।
3. लिपिमुद्रागणनासंख्यासालम्भधनुर्वेदाः
लिपि-लेखनकला
मुद्रा-एक हाथ, दोनों हाथों के द्वारा या/अथवा हाथ की उंगलियों से भिन्न-भिन्न आकृतियों को बनाना।
गणना - गिनना, हिसाब।
संख्या - संख्याओं की गिनती।
सालम्भ - कुश्ती लड़ना।
धनुर्वेद - धनुष-विद्या।
4. जवितम् - दौड़ना।
5. प्लवितम् - पानी में डुबकी लगाना।
6. तरणम् - तैरना।
7. इष्वस्त्रम् - तीर चलाना।
8. हस्तिग्रीवा - हाथी की सवारी करना।
9. रथः रथ से सम्बद्ध ज्ञान।
10. धनुष्कलाप - धनुष-सम्बन्धी विज्ञान।
11. अश्वपृष्ठम् - घोड़े की सवारी।
12. स्थैर्यम् - स्थिरता।
13. स्थाम - बल।
14. सुशौर्यम् - साहस।
15. बाहुव्यायाम - बाहु का व्यायाम।
16. अङ्कुशग्रहपाशग्रहाः-अंकुश और पाश, इन दोनों हथियारों का ग्रहण करना।
17. उद्याननिर्माणम्-ऊँची वस्तु को फाँदकर और दो ऊँची वस्तु के बीच से कूदकर पार जाना।
18. अपयानम् - पीछे की ओर से निकलना।
19. मुष्टिबन्ध - मुट्ठी और घूसे की कला।
20. शिखाबन्ध - शिखा बाँधना।
21. छेद्यम्- भिन्न-भिन्न सुन्दर आकृतियों को काटकर बनाना।
22. भेद्यम् - छेदना।
23. तरणम् -नाव खेना या जहाज चलाना या तैरना।
24. स्फालनम् - (कन्दुक आदि को) उछालने का कौशल।

25. अक्षुण्णवेधित्वम् - भाले से लक्ष्यबेध करना।
26. मर्मवेधित्वम् - मर्मस्थल का बेधना।
27. शब्दवेधित्वम् - शब्दबेधी बाण चलाना।
28. दृढप्रहारित्वम्- मुष्टिप्रहार करना।
29. अक्षक्रीडा - पाशा फेंकना।
30. काव्यव्याकरणम् - काव्य की व्याख्या करना।
31. ग्रन्थरचितम् - ग्रन्थ-रचना।
32. रूपम् - रूप-निर्माण-कला (लकड़ी-सोना इत्यादि में आकृति बनाना)।
33. रूपकर्म - चित्रकारी।
34. अधीतम् - अध्ययन करना।
35. अग्निकर्म - आग पैदा करना।
36. वीणा - वीणा बजाना।
37. वाद्यनृत्यम् - नाचना और बाजा बजाना।
38. गीतपठितम् - गाना और कविता- पाठ करना।
39. आख्यातम् - कहानी सुनाना।
40. हास्यम् - मजाक करना।
41. लास्यम् - सुकुमार नृत्य।
42. नाट्यम् - नाटक, अनुकरण नृत्य।
43. विडिम्बितम् - दूसरे का व्यंगात्मक अनुकरण, कैरिकेचर, मिमिक्री।
44. माल्यग्रन्थनम् - माला गूंथना।
45. संवाहितम्-शरीर की मालिश।
46. मणिरागः - बहुमूल्य पत्थरों को रँगना।
47. वस्त्ररागः - कपड़ा रँगना।
48. मायाकृतम् - इन्द्रजाल।
49. स्वप्नाध्यायः - सपनों का अर्थ लगाना।
50. शकुनिरुतम् - पक्षी की बोली समझना।
51. स्त्रीलक्षणम् - स्त्री का लक्षण जानना।
52. पुरुषलक्षणम् - पुरुष का लक्षण जानना।
53. अश्वलक्षणम् - घोड़े का लक्षण जानना।
54. हस्तिलक्षणम् - हाथी का लक्षण जानना।
55. गोलक्षणम् - गाय, बैल का लक्षण जानना।
56. अजलक्षणम् - बकरा, बकरी का लक्षण जानना।
57. मिश्रितलक्षणम् - मिलावट पहचानने की या भिन्न-भिन्न जन्तुओं को पहचानने की कला।

58. कैटभेश्वरलक्षणम् - लिपि-विशेष।
59. निर्घण्टुः - कोष।
60. निगमः - श्रुति।
61. पुराणम् - पुराण।
62. इतिहासः - इतिहास।
63. वेदः - वेद।
64. व्याकरणम् - व्याकरण।
65. निरुक्तम् - निरुक्त।
66. शिक्षा - उच्चारणविज्ञान।
67. छन्दः - छन्द।
68. यज्ञकल्पः - यज्ञ-विधि।
69. ज्योतिः - ज्योतिष।
70. सांख्यम् - सांख्यदर्शन।
71. योगः - योगदर्शन।
72. क्रियाकल्पकः - काव्य और अलंकार।
73. वैशेषिकम् - वैशेषिक दर्शन।
74. वेशिकम् - 'कामसूत्र' के अनुसार वेशिक विज्ञान का प्रकरण (दत्तक नामक आचार्य ने पाटलिपुत्र की वेश्याओं के अनुरोध से प्रणीत किया था)।
75. अर्थविद्या -राजनीति और अर्थशास्त्र।
76. बार्हस्पत्यम् -लोकायत मत।
77. आश्चर्यम्-
78. आसुरम् - असुर-सम्बन्धी विद्या।
79. मृगपक्षिरुतम् - पशुपक्षी की बोली समझना।
80. हेतुविद्या - न्याय-दर्शन।
81. जतुयन्त्रम् - लाख के यन्त्र बनाना।
82. मधूच्छिष्टकृतम् - मोम का काम।
83. सूचीकर्म - सुई के काम।
84. विदलकर्म - दलों या हिस्सों को अलग कर देने का कौशल।
85. पत्रच्छेद्यम् - पत्तियों को काट-छाँटकर विभिन्न आकृतियाँ बनाना।
86. गन्धयुक्तिः - कई द्रव्यों के मिश्रण से सुगन्धि तैयार करना।

शुक्रनीतिसार

शुक्रनीतिसार के अनुसार कलाओं की गणना इस प्रकार है-

1. हावभावादिसंयुक्तं नर्त्तनम्-हावभाव के साथ नाचना।
2. अनेकवाद्यविकृतौ तद्वादने ज्ञानम्-आरकेस्ट्रा में अनेक प्रकार के बाजे बजा लेना।
3. स्त्रीपुंसोः वस्त्रालंकारसन्धानम्-स्त्री और पुरुषों को वस्त्र-अलंकार पहनाने की कला।
4. अनेकरूपाविर्भावकृतिज्ञानम्-पत्थर, काठ आदि पर भिन्न-भिन्न आकृतियों का निर्माण।
5. शय्यास्तरणसंयोगपुष्पादिग्रथनम्-फूल का हार गूंथना और शय्या सजाना।
6. द्यूताद्यनेकक्रीडाभी रञ्जनम् - जुआ इत्यादि से मनोरंजन करना।
7. अनेकासनसन्धानै रम तेर्ज्ञानम्-कामशास्त्रीय आसनों आदि का ज्ञान।
8. मकरन्दासवादीनां मद्यादीनां कृतिः-भिन्न-भिन्न भाँति के शराब बनाना।
9. शल्यगूढाहृतौ सिराघ्रणव्यधे ज्ञानम्-शरीर में घुसे हुए शल्य को शस्त्रों की सहायता से निकालना, जर्राही।
10. हीनाद्रिरससंयोगान्नादिसम्पाचनम्-नाना रसों का भोजन बनाना।
11. वृक्षादिप्रसवारोपपालनादिकृतिः-पेड़-पौधों की देखभाल, रोपाई, सिंचाई का ज्ञान।
12. पाषाणधात्वादिदृतिभस्मकरणम्-पत्थर और धातुओं को गलाना तथा भस्म बनाना।
13. यावदिक्षुविकाराणां कृतिज्ञानम्-फल के रस से मिश्री, चीनी आदि भिन्न-भिन्न चीजें बनाना।
14. धात्वोषधीनां संयोगक्रियाज्ञानम्-धातु और औषधों के संयोग से रसायनों का बनाना।
15. धातुसाङ्कर्यपार्थक्यकरणम्-धातुओं के मिलाने और अलग करने की विद्या।
16. धात्वादीनां संयोगापूर्वविज्ञानम्-धातुओं के नये संयोग बनाना।
17. क्षारनिष्कासनज्ञानम्-खार बनाना।
18. पदादिन्यासतः शस्त्रसन्धाननिक्षेपः-पैर ठीक करके धनुष चढ़ाना और बाण फेंकना।
19. सन्ध्याघाताकृष्टिभेदैः मल्लयुद्धम्-तरह-तरह के दाँव-पेंच के साथ कुश्ती लड़ना।
20. अभिलक्षिते देशे यन्त्राद्यस्त्रनिपातनम्-शस्त्रों को निशाने पर फेंकना।
21. वाद्यसंकेततो व्यूहरचनादि-बाजे के संकेत से सेना की व्यूह रचना।
22. गजाश्वरथगत्या तु युद्धसंयोजनम्-हाथी, घोड़े या रथ से युद्ध करना।
23. विविधासनमुद्राभिः देवतातोषणम्-विभिन्न आसनों तथा मुद्राओं के द्वारा देवता को प्रसन्न करना।
24. सारथ्यम् - रथ हाँकना, वाहन चलाना।
25. गजाश्वादेः गतिशिक्षा - हाथी-घोड़ों आदि की चाल सिखाना।

26. मृत्तिकाकाष्ठपाषाणधातुभाण्डादिसत्क्रिया-मिट्टी, लकड़ी पत्थर और धातु के बर्तन बनाना।
27. चित्राद्यालेखनम्-चित्र बनाना।
28. तटाकवापीप्रसादसमभूमिक्रिया-कुँआ, पोखरे खोदना तथा जमीन बराबर करना।
29. घट्याद्यनेकयन्त्राणां वाद्यानां कृतिः-वाद्य-यन्त्र तथा पनचक्की जैसी मशीनों का बनाना।
30. हीनमध्यादिसंयोगवर्णाद्यै रंजनम्-रंगों के भिन्न-भिन्न मिश्रणों से चित्र रँगना।
31. जलवाटवग्निसंयोगनिरोधैः क्रिया जल, वायु, अग्नि को साथ मिलाकर और अलग-अलग रखकर कार्य करना, इन्हें बाँधना।
32. नौकारथादियानानां कृतिज्ञानम् - नौका, रथ आदि सवारियों का बनाना।
33. सूत्रादिरज्जुकरणविज्ञानम्-सूत और रस्सी बनाने का ज्ञान।
34. अनेकतन्तुसंयोगैः पटबन्धः - सूत से कपड़ा बुनना।
35. रत्नानां वेधादिसदसद्ज्ञानम् - रत्नों की परीक्षा, उन्हें काटना-छेदना आदि।
36. स्वर्णादीनान्तु याथार्थ्यविज्ञानम् - सोने आदि के जाँचने का ज्ञान।
37. कृत्रिमस्वर्णरत्नादिक्रियाज्ञानम् - बनावटी सोना, रत्न (इमिटेशन) आदि बनाना।
38. स्वर्णाद्यलंकारकृतिः-सोने आदि का गहना बनाना।
39. लेपादिसत्कृतिः - मुलम्मा देना, पानी चढ़ाना।
40. चर्मणां मार्दवादिक्रियाज्ञानम् - चमड़े को नर्म बनाना।
41. पशुचर्माङ्गनिर्हारज्ञानम्-पशु के शरीर से चमड़ा, मांस आदि को अलग कर सकना।
42. दुग्धदोहादिघृतान्तं विज्ञानम् - दूध दुहना और उससे घी आदि निकालना।
43. कञ्चुकादीनां सीवने विज्ञानम् - चोली आदि का सीना।
44. जले बाहूवादिभिस्तरणम् - हाथ की सहायता से तैरना।
45. गृहभाण्डादेर्मार्जने विज्ञानम् - घर तथा घर के बर्तनों को साफ करने में निपुणता।
46. वस्त्रसंमार्जनम् - कपड़ा साफ करना।
47. क्षुरकर्म - हजामत बनाना।
48. तिलमांसादिस्नेहानां निष्कासने कृतिः-तिल और मांस आदि से तेल निकालना।
49. सीराद्याकर्षणे ज्ञानम्-खेत जोतना, निराना आदि।
50. वृक्षाद्यारोहणे ज्ञानम् - वृक्ष आदि पर चढ़ना।
51. मनोनुकूलसेवायाः कृतिज्ञानम् - अनुकूल सेवा द्वारा दूसरों को प्रसन्न करना।
52. वेणुतृणादिपात्राणां कृतिज्ञानम् -बाँस, नरकट आदि से बर्तन आदि बना लेना।
53. काचपात्रादिकरणविज्ञानम् - शीशे का बर्तन आदि बनाना।
54. जलानां संसेचनं संहरणम् - जल लाना और सींचना।

55. लोहाभिसारशस्त्राकृतिज्ञानम्-धातुओं से हथियार बनाना।
56. गजाश्ववृषभोष्ट्राणां पल्याणादिक्रिया-हाथी, घोड़ा, बैल, ऊँट आदि का जीन, चारजामाओं का हौदा बनाना।
57. शिशोस्संरक्षणे धारणे क्रीडने ज्ञानम्-बच्चों को पालना और खेलाना।
58. अपराधिजनेषु युक्तताडनज्ञानम्-अपराधियों को ढंग से दण्ड देना।
59. नानादेशीयवर्णानां सुसम्यग्लेखने ज्ञानम्-भिन्न-भिन्न देशीय लिपियों का लिखना।
60. ताम्बूलरक्षादिकृतिविज्ञानम्-पान को रखने, बीड़ा बनाने की विधि।
61. आदानम् - कलामर्मज्ञता।
62. आशुकारित्वम् - शीघ्र काम कर सकना।
63. प्रतिदानम् - कलाओं को सिखा सकना।
64. चिरक्रिया - देर-देर से काम करना।

प्रबन्धकोश

प्रबन्धकोश में कलाओं के नाम इस प्रकार हैं-

1. लिखितम्
2. गणितम्
3. गीतम्
4. नृत्यम्
5. पठितम्
6. वाद्यम्
7. व्याकरणम्
8. छन्दः
9. ज्योतिषम्
10. शिक्षा
11. निरुक्तम्
12. कात्यायनम्
13. निघण्टुः
14. पत्रच्छेद्यम्
15. नखच्छेद्यम्
16. रत्नपरीक्षा
17. आयुधाभ्यासः
18. गजारोहणम्
19. तुरगारोहणम्
20. तपःशिक्षा
21. मन्त्रवादः
22. यन्त्रवादः
23. रसवादः
24. स्वन्यवादः
25. रसायनम्
26. विज्ञानम्
27. तर्कवादः
28. सिद्धान्तः
29. विषवादः
30. गारुडम्
31. शाकुनम्
32. वैद्यकम्
33. आचार्यविद्या
34. आगमः
35. प्रासादलक्षणम्
36. सामुद्रिकम्
37. स्मृतिः

38. पुराणम्
39. इतिहासः
40. वेदः
41. विधिः
42. विद्यानुवादः
43. दर्शनसंस्कारः
44. खेचरीकला
45. भ्रामरीकला
46. इन्द्रजालम्
47. पातालसिद्धिः
48. धूर्तशम्बलम्
49. गन्धवादः
50. वृक्षचिकित्सा
51. कृत्रिममणिकर्म
52. सर्वकरणी
53. वश्यकर्म
54. पणकर्म
55. सूचित्रकर्म
56. काष्ठघटनकर्म
57. पाषाणकर्म
58. लेपकर्म
59. चर्मकर्म
60. यन्त्रकरसवती
61. काव्यम्
62. अलंकारः
63. हसितम्
64. संस्कृतम्
65. प्राकृतम्
66. पैशाचिकम्
67. अपभ्रंशम्
68. कपटम्
69. देशभाषा
70. धातुकर्म
71. प्रयोगोपायः
72. केवलिविधिः

शुक्रनीति में प्रत्येक छोटे बड़े कार्य, जैसे-वस्त्रसम्मार्जन, क्षुरकर्म आदि को भी कला माना गया है जबकि प्रबन्धकोश में इतिहास, पुराण, वेद आदि को भी कला कहा गया है।

वस्तुतः जीवनोपयोगी ऐसा कोई भी कर्म; जिसमें थोड़ा सा भी कौशल अपेक्षित था; कला माना गया।

रूपगोस्वामी के अनुसार पूर्णावतार भगवान् कृष्ण में ही संपूर्ण कलायें देखी जाती हैं, किसी अन्य में नहीं-

चतुःषष्टिकलानान्तु विद्यानां पारदृश्वनः।
ऋते कृष्णाद् भगवतः कः क्षमो देहवान्नरः।।

कलाओं की यह चौंसठ संख्या संभवतः ऋग्वेद के चौंसठ अध्यायों के अनुसार स्वीकार की गई थी। भारतीय परंपरा में 16 और 64 की संख्या का विशेष महत्त्व रहा है। छान्दोग्य उपनिषद् में ब्रह्म की सोलह कलाओं का उल्लेख है। ऐतरेय ब्राह्मण के अनुसार दो अनुष्टुप् छन्दों के चौंसठ अक्षरों से स्वर्ग की प्राप्ति होती है।

द्वयोर्वा अनुष्टुभयोश्चतुःषष्टिरक्षराणि........
स्वर्ग एव लोके चतुःष्टितमेन प्रतितिष्ठति।[1]

कलाओं का वर्गीकरण

कलाओं या शिल्पों के वर्गीकरण की प्रवृत्ति आधुनिक है। संस्कृत वाङ्मय में कलाओं का परिगणन हुआ है, वर्गीकरण नहीं, यद्यपि इसके बीज संस्कृत वाङ्मय में परिलक्षित होते हैं। आचार्य भरत ने-न तज्ज्ञानं न तच्छिल्पं न सा विद्या न सा कला[2] के द्वारा संभवतः कला और शिल्प के सूक्ष्म अन्तर को व्यक्त किया है तथापि ऐसा कोई स्पष्ट सङ्केत नहीं है।

'ललितकला' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम कालिदाससाहित्य[3] में हुआ है, यद्यपि कलाओं का वर्गीकरण उनका अभिप्राय नहीं है।

कलाओं के वर्गीकरण का किञ्चित् प्रयास शुक्रनीति में परिलक्षित होता है। यहाँ स्रोत की दृष्टि से कलाओं के चार वर्ग कहे गये हैं[4]।

(i) **गान्धर्ववेदोक्त कला**-नृत्य, वाद्य, वस्त्रालङ्कार, संधान, पुष्पग्रथन, शयन-रचना, द्यूत-क्रीडा, रतिज्ञान आदि सात कलायें इस वर्ग में आती हैं।

(ii) **आयुर्वेदोक्त कला**-आसव-मद्य आदि बनाने की कला, शल्य-क्रिया की कला, पाककला, धातुवाद, **क्षार-निष्कासन** आदि दस कलायें इस श्रेणी में परिगणित होती हैं।

(iii) **धनुर्वेदोक्त कला**-शस्त्रसन्धान, मल्लयुद्ध, यन्त्रादि, संचालन, अस्त्रसंचालन, व्यूहरचना आदि पाँच धनुर्वेदोक्त कलायें हैं।

(iv) **विविध**-मृत्तिका-काष्ठ-पाषाण और धातु से भाण्डरचना, चित्रादि आलेखन, तडाग-वापी-प्रासाद आदि की रचना पृथक्-पृथक् कलायें हैं।

यह वर्गीकरण उपजीव्य स्रोत की दृष्टि से है। शिल्प और कला का भेद यहाँ नहीं है। वस्तुतः प्राचीन वाङ्मय में जिस व्यापक अर्थ में शिल्प शब्द का प्रयोग होता था उस अर्थ में वर्तमान युग में कला शब्द का प्रयोग होता है तथा शिल्प, कला का विशेषण बन गया है। आधुनिक विचारकों ने कला को मुख्यतः दो वर्गों में रखा है-

(1) **ललित कलायें (Fine Arts)**-इसके अंतर्गत वास्तु, मूर्ति, चित्र, संगीत और काव्य को रखा गया है। यद्यपि अधिकांश विद्वान् काव्य को कला मानने के पक्ष में नहीं

---

1. ऐतरेय ब्राह्मण 1/5
2. नाट्यशास्त्र 1/117
3. गृहिणी सचिवः सखी मिथः प्रियशिष्या ललिते कलाविधौ (रघुवंश 8/67)
4. शुक्रनीति, विद्याकलानिरू.अ.4/66-101

हैं। इसे **चारुशिल्प** भी कहा गया है। यह कलाकार की महान् साधना, अंतःप्रज्ञा, प्रमा और अभ्यास से प्रसूत होती है। सौंदर्य, रस और आनन्द की सृष्टि ही इसका मूल लक्ष्य है।

(2) **शिल्प कलायें (Useful Arts)**-दैनन्दिन जीवन की आवश्यकताओं को सुन्दर ढंग से पूर्ण करने के लिये जो कौशल विकसित हुए हैं, यथा-पुष्पसज्जा, गंधयुक्ति, वृक्षायुर्वेद, तक्षण कर्म आदि उन्हें इस वर्ग में रखा गया है। इसे **कारुशिल्प**, व्यवसायिक या उपयोगी कलायें भी कहा गया है। नन्दलाल बसु इन दोनों प्रकार के शिल्पों के प्रयोजन पर प्रकाश डालते हुए कहते हैं-

''शिल्प चर्चा के भी दो पक्ष हैं.........चारुशिल्प की चर्चा हमारे दैनन्दिन दुःखद्वन्द्व से संकुचित मन को आनन्दलोक में मुक्ति देती है। और कारुशिल्प हमारे नित्य प्रयोजन की वस्तुओं को सौंदर्य के सुनहरे स्पर्श द्वारा न केवल हमारी जीवन यात्रा के पथ को सुंदर बना देता है बल्कि अर्थागम के लिये भी रास्ता बना देता है।

इन शिल्पों या कलाओं के माध्यम से प्राचीन भारत ने मानव के बौद्धिक और ललित दोनों ही पक्षों के विकास पर पूर्ण बल दिया था। वहाँ मनुष्य केवल धन उपार्जन का यन्त्र नहीं था अपितु सौन्दर्य-बोध, कल्पनाशीलता आदि से समन्वित रस-भावप्रवण सहृदय सामाजिक भी था।

विद्याओं के साथ ही इन चौंसठ उपविद्याओं या कलाओं का अध्ययन भी भारत का सुबुद्ध नागरक करता था क्योंकि शिल्पकला जीवन जीने की कला है तथा प्रेममय दाम्पत्य जीवन, सुखी परिवार और सुन्दर समाज की आधारशिला है।

संस्कृत वाङ्मय में निबद्ध शिल्पकलायें पुरातन भारतीय जीवन, सभ्यता, संस्कृति, धर्म और दर्शन को समझने तथा वर्तमान जीवनशैली को सँवारने की दृष्टि देती हैं।

कलाओं का संक्षिप्त परिचय

(1) **गीतम्**-संस्कृत वाङ्मय में 'गीत, वाद्य तथा नृत्य' इन तीनों की त्रयी को संगीत कहा गया है-**गीतं वाद्यं तथा नृत्तं त्रयं संगीतमुच्यते।**[1]

वाद्य गीत का अनुगामी है और नृत्य वाद्य, का; अतः संगीत में गीत ही प्रधान और प्रथम है।[2] गीत 'नादब्रह्म' की साधना है, फलतः पुरुषार्थचतुष्टय की साधक है-**धर्मार्थकाममोक्षाणामिदमेवैकसाधनम्।**[3]

1. संगीतरत्नाकर 1/21
2. नृत्यं वाद्यानुगं प्रोक्तं वाद्यं गीतानुवर्ति च।
   अतो गीतं प्रधानत्वादत्रादावभिधीयते।। (संगीतरत्नाकर 1/25)
3. संगीतरत्नाकर 1/30

आचार्य शार्ङ्गदेव के अनुसार मनोरंजक स्वरसमुदाय की संज्ञा गीत है-**रंजकः स्वरसन्दर्भो गीतमित्यभिधीयते**[1]।

संगीतकला के उद्भावक ब्रह्मा अथवा आदिदेव भगवान् शिव हैं। उनके पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण और आकाशोन्मुख इन पाँच सुखों से क्रमशः भैरव, हिण्डोल, मेघ, दीपक और श्रीराग उद्भूत हुये हैं।[2] **नन्दिकेश्वर,** नारद, स्वाति, भरत, **तुम्बरु** आदि संगीत के आद्य आचार्य हैं। गायन कला का स्रोत वेदों में 'सामवेद' और उपवेदों में 'गान्धर्ववेद' है। बृहदारण्यक उपनिषद् में **'साम'** शब्द की अत्यन्त सुन्दर निरुक्ति है-सा च अमश्चेति तत्साम्नः सामत्वम्।[3] 'सा' का अर्थ है- 'ऋक्' और 'अम्' का अर्थ है-गान्धार आदि स्वर ऋक् से सम्बद्ध स्वरबद्ध गायन ही साम है।

ऋग्वेद में भी सामगान का बहुशः उल्लेख हुआ है।[4]

सामगान के चार प्रकार हैं-

(1) वेयगान या (ग्राम) गेय गान

(2) आरण्य गान

(3) ऊहगान

(4) ऊह्यगान

नारदीय शिक्षा के अनुसार साम के स्वरमण्डल में-7 स्वर, 3 ग्राम, 21 मूर्च्छनायें तथा 49 तान आते हैं।

गीत-कला के दो भेद हैं-गान्धर्व और गान।

(1) **गान्धर्व**-सनातनकाल से प्रचलित, गन्धर्वों द्वारा प्रयुक्त, श्रेयस् का हेतु गीत सम्प्रदन्य 'गान्धर्व' कहा जाता है।'[5] इसे ही भरतादि आचार्यों द्वारा प्रयुक्त मार्ग संगीत कहते हैं। भगवान् विरिञ्चि द्वारा इसका मार्गण या खोज होने के कारण इसे **'मार्ग'** कहा गया है।[6]

---

1. संगीतरत्नाकर 4/1
2. मयैव पंचभिर्वक्त्रैः सृष्टाः पूर्वकुतूहलात् (औमापतम्)
3. बृहदारण्यक उपनिषद् 1/3/22
4. (i) अङ्गिरसा सामभिः स्तूयमानाः (1/107/2)
   (ii) उद्गातेव शकुने साम गायसि (ऋग्वेद 2/43/2)
5. अनादिसम्प्रदायं यद्गन्धर्वैः सम्प्रयुज्यते।
   नियतं श्रेयसो हेतुस्तद् गान्धर्वं जगुर्बुधाः।। (संगीतरत्नाकर 4/2)
6. मार्गो देशीति तद् द्वेधा तत्र मार्गः स उच्यते।
   यो मार्गितो विरिञ्च्याद्यैः प्रयुक्तो भरतादिभिः।। (संगीतरत्नाकर 1/22)

(2) **गान**–लोकगायकों द्वारा रचित देशी रागादि से युक्त लोकरंजक गीत गान कहा जाता है। इसी की संज्ञा 'देशी' गीत है।[1]

(2) **वाद्यम्**–

कामसूत्र की 64 कलाओं में द्वितीय कला है वाद्यम् अर्थात् वादन-कला। गीत, नृत्य और नाट्य की पूर्णता वाद्य से मानी गई है।[2] अतः संगीत के अन्तर्गत वाद्य का विशेष महत्त्व है।

संगीत के स्वरों की उत्पत्ति सर्वप्रथम मानव की शरीररूपी वीणा पर हुई, तत्पश्चात् दारवी (लकड़ी की) वीणा पर। तदन्तर ये स्वर **पुष्कर** एवं घन वाद्यों में संक्रान्त हुये हैं।[3]

नारदीयशिक्षा के अनुसार वाद्य पाँच प्रकार के हैं। प्रथम ईश्वरनिर्मित मानव कण्ठ **नैसर्गिक वाद्य** है, अन्य चार मनुष्यनिर्मित हैं[4]। मानवनिर्मित वाद्य चार प्रकार के हैं-

ततं चैवावनद्धं च घनं सुषिरमेव च।
चतुर्विधं तु विज्ञेयमातोद्यं लक्षणान्वितम्।।[५]

(1) तत (2) अवनद्ध (3) घन तथा (4) सुषिर वाद्य। वीणा आदि तन्त्री-वाद्य **तत** वाद्य कहे जाते हैं। मृदङ्ग, मर्दल, दुन्दुभि आदि पुष्करवाद्य **अवनद्ध** (चमड़े की डोरियों से बँधे हुये) वाद्य हैं। ताल, घण्टा, मंजीरा आदि की संज्ञा **घनवाद्य** है। वंशी, तूर्य, शंख, शृङ्ग आदि **सुषिर** (छिद्रयुक्त) वाद्य हैं।[6]

इन चतुर्विध वाद्यों की उत्पत्ति, प्रकार, वाद्यवादनपद्धति, उत्तम वादक के गुण, वाद्यवादन के अवसर एवं फल का वर्णन भरत के नाट्यशास्त्र में विस्तार से हुआ है।[7]

वादनकला के सन्दर्भ ऋग्वेद से ही प्राप्त होने लगते हैं। यहाँ वीणा के लिये 'वाण' शब्द का प्रयोग हुआ है।[8] हिरण्यकेशी सूक्त में **'आघाटी'** शब्द का प्रयोग वाद्यवृन्द के लिये

---

1. यत्तु वाग्गेयकारेण रचितं लक्षणान्वितम्।
देशरागादिषु प्रोक्तं तद्गानं जनरंजनम्।। (संगीतरत्नाकर 4/3)
2. (i) आतोद्येन विना नृत्तं विद्यते न कथंचन। (विष्णुधर्मोत्तरपुराण 35/14)
(ii) वाद्येषु यत्नः प्रथमं तु कार्यः शय्या हि नाट्यस्य वदन्ति वाद्यम् (नाट्यशास्त्र 33/301)
3. पूर्वं शरीरादुद्भूतास्ततो गच्छन्ति दारवीम्। ततः पुष्करजं चैवमनुयान्ति घनं पुनः।।
(नाट्यशास्त्र 33/32)
4. एकम् ईश्वरनिर्मितं नैसर्गिकम् अन्यच्चतुर्विधं मनुष्यनिर्मितं चेति पंच प्रकारा महावाद्यानाम्।
(संगीत-चूडामणि में उद्धृत।)
5. नाट्यशास्त्र 28/1
6. ततं तन्त्रीकृतं ज्ञेयमवनद्धं तु पौष्करम्।
घनं तालस्तु विज्ञेयः सुःषिरो वंश उच्यते।। (नाट्यशास्त्र 28/2)
7. नाट्यशास्त्र अ.28-33
8. वाणस्य सप्तधातुः (ऋग्वेद 10/32/4)

हुआ है।[1] रामायण में लव-कुश द्वारा रामकथा का गायन तन्त्री-लय के साथ किया गया है।[2]

उत्सव, पुत्रजन्म, विवाह, नृप-मंगल (राज्याभिषेक, दिग्विजय), नाट्यप्रयोग आदि वाद्यकला के प्रयोग के अवसर हैं। ऋतु के अनुकूल वाद्ययोजना भी भारत का वैशिष्ट्य है। वर्षा में घनगर्जन के समान गम्भीर मृदङ्ग की थाप तो ग्रीष्म में शीतल वंशी की सुरीली तान, सब कुछ प्रकृति के छन्द मिलाते हुये हैं।[3]

(3) नृत्यम्

मानव की अन्तश्चेतना में निहित आनन्दोपासना की चिरन्तन प्रवृत्ति नृत्यकला को जन्म देती है। 'नृत्य' संगीत का अंग भी है और एक स्वतन्त्र कला भी। सृष्टि का प्रारम्भ इस 'नर्तन' से ही हुआ है **अत्रा वो नृत्यतामिव तीव्रो रेणुरपातयत।**[4]

सुसंरब्ध, निष्पन्द अवस्था में विद्यमान सृष्टि के उपादानों में स्पन्दन एवं तीव्र विक्षोभ ही सृष्टि का आरम्भ है अतः नर्तन मूल प्रवृत्ति के रूप में प्राणिजगत् में सर्वत्र देखा जाता है। 'हम दीर्घजीवी होकर नृत्य और आनन्द के लिये अभ्युदय की ओर अग्रसर हों' यह कामना विश्व के प्रथम ग्रंथ ऋग्वेद में सुस्पष्ट है।[5]

'नृत्य' शब्द की व्युत्पत्ति 'नृत्' धातु से हुई है, जिसका अर्थ है नर्तन या अङ्गविक्षेप। यह नर्तन दो प्रकार से हो सकता है-

(1) केवल ताल और लय के आधार पर नर्तन, इसे ही 'नृत्त', **'देशी'** अथवा 'लोकनृत्य' कहा जाता है।

(2) रस और भाव के अभिनय से युक्त नर्तन को 'नृत्य' कहा जाता है। **'भावाश्रय नृत्य'**[6] नृत्य में भावाभिव्यञ्जना प्रमुख होती है। अतः नन्दिकेश्वर ने नृत्य की 'परिभाषा इस प्रकार दी है-**रसभावव्यंजनादियुक्तं नृत्यमितीर्यते।**[7]

नर्तक द्वारा गीत और वाद्य के साथ करणों और अंगहारों का प्रदर्शन करते हुये; रस एवं भाव की कलात्मक अभिव्यक्ति नृत्य कही जाती है।

भरतमुनि के अनुसार नृत्य के आद्य आचार्य भगवान् शिव हैं। दक्ष के यज्ञध्वंस के पश्चात् भगवान् शिव द्वारा रेचक, अङ्गहार, पिण्डीबन्ध आदि के साथ नृत्य की शिक्षा तण्डु मुनि को दी गई। तण्डु द्वारा गीत और वाद्य के साथ इसका नाट्य में प्रयोग किया गया।

1. ऋग्वेद 10/146/2
2. रामायण बालकाण्ड 4/34
3. हरन्ति हृदयानि यच्छ्रवणशीतला वेणवो शालभञ्जिका (4/4)
4. ऋग्वेद 10/72/6
5. ऋग्वेद 10/18/3
6. तालयाश्रयं नृत्तं........भावाश्रयं नृत्यम्। पदार्थाभिनयो मार्गो देशी तथा परम् (दशरूपक 1/9-10)
7. अभिनयदर्पण 16

तण्डु द्वारा प्रयुक्त होने के कारण इसकी संज्ञा **'ताण्डव'** है। ताण्डव उद्धत नृत्य है। नृत्य में मधुर भावों के निवेश के लिये पार्वती ने **'लास्य नृत्य'** की उद्भावना की।[1]

नाट्यदर्पण में नृत्य के चार अङ्ग कहे गये हैं-गीत, अभिनय, भाव एवं ताल।[2] यशोधर ने इनमें करणों और अङ्गहारों का योग कर इनकी संख्या छः बताई है।[3] लौकिक संस्कृत साहित्य में संगीतकला का सबसे सुन्दर उदाहरण मालविका द्वारा प्रस्तुत **'छलिक'** नृत्य (मा.ग्नि.2।8) है। अप्सरायें नृत्यकला में विशेष निपुण कही गई हैं।

(4) आलेख्यम् (चित्रकला)

संस्कृत वाङ्मय में चित्रकला के लिये लेख्य या आलेख्य पद का तथा चित्रांकन के लिये 'लिखितम्', 'लिखितानि', 'आलिखन्ती' आदि पदों का बहुल प्रयोग हुआ है। 'लिख् धातु' का प्रयोग चित्रकला में रेखा (लेखा) के महत्त्व को स्पष्ट करता है। रेखाओं में चित्र उसी प्रकार प्रतिष्ठित होता है, जिस प्रकार रीतियों में काव्य।[4] 'लेखा' से ही चित्र के अंगप्रत्यङ्ग का लावण्य उन्मीलित होता है।[5] 'चित्र' शब्द का प्रयोग सामान्य रूप से अलोकसामान्य या विस्मयजनक के लिये किया जाता है। ब्राह्मी और मानसी सृष्टि के असंख्य रूपों और भावों को वर्णों और रेखाओं के माध्यम से प्रत्यक्ष कराता हुआ **चित्र**, विस्मयजनक आनन्द की सृष्टि के कारण 'चित्र' कहा जाता है।

चित्रकला रूपात्मक ललितकलाओं में सर्वोपरि है। इसे सभी शिल्पों में प्रमुख शरीर में मुख के समान माना गया है-**चित्रं हि सर्वशिल्पानां मुखं लोकस्य च प्रियम्।**[6] चित्रकला इहलौकिक और पारलौकिक दोनों ही प्रयोजनों को सिद्ध करती है। अतः विष्णुधर्मोत्तर पुराण में कहा गया है-**कलानां प्रवरं चित्रं धर्मकामार्थमोक्षदम्।**[7]

'चित्रसूत्र' के अनुसार नारायण मुनि ने लोकहित की कामना से देवाङ्गनाओं के अहंकार को समाप्त करने के लिये अपने ऊरु पर सहकाररस से एक सुन्दर स्त्री का चित्र बनाया जिससे **उर्वशी** नामक अप्सरा का जन्म हुआ। सर्वलक्षणसमन्वित वह प्रथम चित्र था जिसकी शिक्षा एक कला के रूप में **नारायण मुनि** द्वारा विश्वकर्मा को दी गई।[8]

---

1. नाट्यशास्त्र 4/261-267
2. नृत्यं गीताभिनयनं भावतालयुतं भवेत् (नाट्यदर्पण 35)
3. करणान्यङ्गहाराश्च विभावो भाव एव च।
   अनुभावो रसाश्चेति संक्षेपान्नृत्यसंग्रहः।। (कामसूत्र 1/3/15 पर जयमंगला टीका)
4. रेखास्विव चित्रं काव्यं प्रतिष्ठितम् (काव्यालंकार सूत्र/1)
5. यथा चित्रस्य लेखा अङ्गप्रत्यङ्गलावण्योन्मीलनक्षमा तथा रीतिरिति (भोज के सरस्वतीकण्ठाभरण पर रत्नेश्वर की टीका)।
6. समराङ्गणसूत्रधार 51/1
7. विष्णुधर्मोत्तरपुराण 43/48
8. विष्णुधर्मोत्तरपुराण 35/1-4

शास्त्रीय ग्रंथों में **आलेख्य कला** से सम्बद्ध निम्न विषयों का वर्णन हुआ है- (1) चित्र का महत्त्व, उद्देश्य एवं उत्पत्ति, (2) चित्र के प्रकार एवं विषय, (3) भूमिबन्ध एवं लेप्य कर्म (4) अण्डक प्रमाण एवं मान (5) ऋज्वायतादि स्थानलक्षण (5) चित्र के गुण-दोष (6) रस-दृष्टि (7) चित्रद्रव्य-वर्तिका, लेखनी, वर्ण आदि (8) चित्र के **षडङ्ग**।

यशोधर के अनुसार चित्र के ये छह अंग हैं-

रूपभेदाः प्रमाणानि लावण्यं भावयोजनम्।
सादृश्यं वर्णिकाभङ्ग इति चित्रं षडङ्गकम्।।[1]

चित्र के कई प्रकार हैं-पटचित्र, पट्टचित्र एवं भित्तिचित्र, विद्धचित्र, अविद्धचित्र, रसचित्र एवं धूलिचित्र आदि।

जो तरङ्ग, अग्निशिखा, धूम, ध्वजा और स्वरलहरी को वायु की गति के साथ उठता-गिरता, काँपता और लहराता हुआ दिखा पाता है, जो सोये हुये को चेतनायुक्त, मृत को चेतनारहित तथा निम्नोन्नत विभागपूर्वक चित्ररचना में समर्थ है वही श्रेष्ठ **चित्रकार** है।[2]

चित्र के संबंध में दर्शकों की अभिरुचियाँ भिन्न होती हैं। आचार्य रेखाओं के समीक्षक और प्रशंसक होते हैं, तो समालोचक वर्तना के। स्त्रियाँ चित्र के अलंकरण से आकर्षित होती हैं तो सामान्य जन वर्णों की चमक-दमक से।[3] चित्रकला के सुन्दर उदाहरण रामायण[4], महाभारत,[5] मालविकाग्निमित्र,[6] अभिज्ञानशाकुन्तल[7] उत्तररामचरित[8] कादम्बरी[9], नैषध[10] आदि काव्यग्रंथों में देखे जा सकते हैं।

(5) विशेषकच्छेद्यम् (तिलक एवं पत्रावली रचना)-

कस्तूरी, अगुरु, चन्दन आदि से तिलकरचना एवं बिन्दी आदि रचना के लिये छेद्य (खाके) बनाने की कला 'विशेषकच्छेद्य' कही जाती है। प्राचीन भारत में तिलक रचना के लिये भूर्ज-तमाल-स्वर्णादि पत्रों को विभिन्न आकृतियों में काटकर खाके बनाये जाते थे।[11]

---

1. कामसूत्र 1/3/15 पर यशोधर की टीका।
2. सुप्तं च चेतनायुक्तं मृतं चैतन्यवर्जितम्।
   निम्नोन्नतविभागं च यः करोति स चित्रवित्।। (विष्णुधर्मोत्तरपुराण 43/28-29)
3. रेखां प्रशंसन्त्याचार्या वर्तनां च विचक्षणाः। स्त्रियो भूषणमिच्छन्ति वर्णाढ्यमितरे जनाः।।
   (विष्णुधर्मो. 41/11)
4. रामायण सुन्दरकाण्ड 7/14
5. महाभारत अनुशासनपर्व 54/4
6. मालविकाग्निमित्र अंक.1
7. अभिज्ञानशा कुन्तल अंक.6
8. उत्तररामचरित अंक.1
9. चित्रभित्तिविलिखितानि चक्रवाकमिथुनानि (कादम्बरी, पृ. 446)
10. नैषधीयचरित 10/35
11. कामसूत्र 1/3/15 पर यशोधर की टीका।

अथवा उन पत्राकृतियों को ही चिपका लिया जाता था। अतः इस कला को **पत्रच्छेद्य** भी कहा गया है।

विशेषक का अर्थ है-तिलक। विलासिनियों को अति प्रिय होने के कारण; विशेष आदर की अभिव्यक्ति के लिये इसे विशेषक[1] नाम दिया गया है। माघ भी कहते हैं-

स्निग्धांजनश्यामरुचिः सुवृत्तो वध्वाः।
विशेषको वा विशिशेष यस्याः श्रियम्।[२]

अमरकोश के अनुसार विशेषक के तीन पर्य्याय हैं-तमालपत्र, तिलक एवं चित्रक। तिलकरचना के दो नाम हैं-पत्रलेखा एवं पत्रांगुलि[3]। संस्कृत साहित्य में-पत्रलता, पत्रप्रपंच, पत्ररचना, पत्रप्रबन्ध, पत्रभङ्ग, पत्रविशेषक, पत्रभक्ति, भक्तिच्छेद, विच्छिति आदि पद इस कला के लिये प्रयुक्त हुये हैं।

पत्रलता की आकृतियाँ बारीक तूलिका या लेखनी से ललाट, कपोल, चिबुक, वक्षःस्थल, बाहु आदि पर लिखी जाती थीं। शुक्ल अगुरु या चन्दन के लेप से त्वचा को गौर बनाकर उस पर कृष्ण अगुरु के गाढ़े घोल अथवा कुंकुम रस से पत्ररचना की जाती थी-**कालागुरुदत्तपत्रभक्तिर्भुवश्चन्दनकल्पितेव।**[4]

पत्रलेख से स्त्रीशरीर की शोभा उसी प्रकार खिल उठती थी जैसे चक्रवाक मिथुनों से अङ्कित सैकततट वाली गंगा की शोभा।

विन्यस्तशुक्लागुरु चक्रुरङ्गं गोरोचनापत्रविभक्तमस्याः।
सा चक्रवाकाङ्कितसैकतायास्त्रिस्रोतसः कान्तिमतीत्य तस्थौ।।[५]

पत्ररचना में कटावदार पत्राकृतियों के साथ अन्य आकृतियाँ भी बनाई जाती थीं; यथा-परस्परसंसक्त चक्रवाकमिथुन, उड़ते हुये हंस, गुँथे हुये मत्स्य एवं मकरसमूह।[6] भक्तिरचना भूति, श्री और मंगल के लिये की जाती थी। यह निसर्ग के सुन्दर चित्रों को सुगंधित वर्णों से स्वयं अपने शरीर पर सजा लेने की कला थी। यह आधुनिक 'टेटू' रचना का उत्कृष्ट स्वास्थ्यकर स्वरूप है।

(6) **तण्डुलकुसुमबलिविकाराः**-

अक्षत (अखण्डित चावल) और पुष्पों को पूजा के लिये सजाना भी एक कला है। अक्षतों को अनेक वर्णों में रंगकर देवमदिरों या गृहभूमि पर सुन्दर आकृति की रचना तथा

1. विशेषकग्रहणमादरार्थम्, विलासिनीनामतिप्रियत्वात् (यशोधर की टीका)
2. शिशुपालवध 3/63
3. अमरकोश 2/122-23
4. रघुवंश 13/55
5. कुमारसंभव 7/15
6. मृच्छकटिक 5/5

बहुवर्णी पुष्पों के संयोजन से पुष्पोपहार की रचना, प्राचीन भारत की एक ललित कला है, जिसे आचार्य वात्स्यायन ने 'तण्डुलकुसमबलिविकाराः' कहा है।

दानार्थक बल् धातु से 'इन्' प्रत्यय द्वारा निष्पन्न 'बलि' शब्द का अर्थ है-पूजा के लिये भक्तिपूर्वक दिया गया उपहार या नैवेद्य। मेघदूत की विरहिणी यक्षिणी पति के माङ्गल्य के लिये प्रायः पुष्पबलि देती हुई दिखाई पड़ती है।[1] राजभवनों की मणिमय भूमि (फर्श) पर चम्पकदलों के उपहार स्वर्णदीप के समान प्रतीत होते हैं-**कांचनदीपायमानं चम्पकदलोपहारैः**।[2]

प्रातःकाल और संध्याकाल इस ललितकला से भवनद्वार को श्रीसम्पन्न किया जाता था-अहो विविधसुगन्धिकुसुमोपहारचित्रलिखितभूमिभागस्य.......भवनद्वारस्य सश्रीकता।[3] यह एक मनोहारी कला मानी गई थी[4]। यह रंगोली के रूप में विकसित हुई है।

7. पुष्पास्तरणम् (पुष्पसज्जा)

भारत पुष्पों की विविधता का देश है। षड् ऋतुओं ने नाना रूप, रंग और सुगन्ध के ऋतुपुष्पों से इस भारतभूमि का शृंगार किया है। निसर्ग की इस मनोरम पुष्प समृद्धि को, कला के कोमलतम उपादान को, मानव ने गृहवाटिकाओं एवं उद्यानों में संजोया तथा पुष्पास्तरण की सुकुमार कला के रूप में जीवन्त किया है। यशोधरा के अनुसार-नानावर्णों के पुष्पों को गूँथकर या बाँधकर वासगृह, उपस्थान-मण्डप आदि की कलात्मक सज्जा पुष्पास्तरण कही जाती है।[5] पुष्प-समृद्धि के उस युग में यह सज्जा पुष्प-आधारों या पात्रों में ही नहीं की अपितु गृहभूमि, उपवनवेदिका, राजमार्ग आदि पर पुष्पों को बिछाकर की जाती थी; अतः इसकी संज्ञा पुष्पास्तरण थी। पुष्पशयन की रचना भी इसी कला का एक अंग थी।

श्रीराम के अभिषेक के अवसर पर पुरवासियों द्वारा सम्पूर्ण राजपथ को कमलों और उत्पलों से सजाया गया था-**सिक्तराजपथां कृत्स्नां प्रकीर्णकमलोत्पलाम्**।[6] लाल या गुलाबी कमलों और नील उत्पलों का संयोजन नयनाभिराम होता था।

कालिदास के अनुसार, हर्म्यों में सजाये गये पुष्पों की गंध दूर से ही पथिकों के मार्गश्रम को हर लेती थी।[7]

---

1. मेघदूत 2/25
2. कादम्बरी पृ.536
3. मृच्छकटिक अंक 4
4. न ह्यतोऽन्यद्गृहस्थानां चित्तग्राहकमस्तीति गोनर्दीयः (कामसूत्र 4/1/4)
5. कामसूत्र 1/3/15 पर यशोधर की टीका।
6. रामायण, अयोध्याकाण्ड 8/2
7. हर्म्येष्वस्याः कुसुमसुरभिष्वध्वखेदं नयेथाः (मेघदूत 1/36)

वात्स्यायन ने **पुष्पसज्जा** को गृहिणी का आवश्यक दैनिक कर्तव्य माना है। उस युग में जीवन का कोई भी उत्सव पुष्पसज्जा के बिना पूर्ण नहीं होता था। पुष्पसज्जा की कला का आज भी व्यापक उपयोग है।

(8) **दशनवसनाङ्गरागाः**

जीवन को सुन्दर रंगों से सजाने का शिल्प था दशनवसनाङ्गराग, अर्थात् दाँत, वस्त्र और शरीर के अंगों को **रंगने की कला**। रञ्ज धातु से भाव अथवा करण अर्थ में घञ् प्रत्यय लगकर निष्पन्न 'राग' शब्द रंजन क्षमता को व्यक्त करता है। इस रंजनक्षमता के कारण ही सभ्यता के उषःकाल से मानव-मन रंगों के प्रति आकर्षित होता आया है।

(i) **दशनराग**-प्राचीन भारत में विलासिनी स्त्रियाँ सामने के कुछ दाँतों को रँगती थीं। आचार्य भरत ने नेपथ्यविधि के अन्तर्गत इस कला का उल्लेख किया है[1]। संस्कृत साहित्य में इसके अन्य सन्दर्भ अन्वेषणीय हैं।

(ii) **वसनराग**-उज्ज्वल रंगों से वस्त्रों को रंगकर पहनने की कला है। संस्कृत साहित्य में नाना रंगों-कुसुम्भराग-अरुण, तरुण अर्कराग, बाल अरुण-बभ्रु पाटल, कुसुम्भ-बभ्रु लाक्षालोहित, रक्त, नील, मेचक, शुकपिच्छनील, अलिनील, शुकोदरश्याम, हरिद्रापिञ्जर आदि नाना रंगोंवाले वस्त्रों का वर्णन हुआ है। विलासिनी स्त्रियाँ वसन्त ऋतु में कुङ्कुमराग-पिंजर अंशुकों का प्रयोग करती थीं तो हेमन्त में सराग कौशेयक का। रक्त वर्ण के प्रति अंगनाओं की अभिरुचि अधिक थी-तनूनि लाक्षारसरञ्जितानि धत्ते जनः काममदालसाङ्गः।[2] इस कला में निपुण रंजकों का वर्ग तो था ही, घर की कन्यायें, वधुयें और प्रौढ़ायें भी इस कला में निपुण होती थीं। हर्षचरित में विभिन्न प्रकार की बाँधनू की रंगाई और वस्त्रों पर फूल-पत्तों की छपाई के कार्य में निपुण स्त्रियों का वर्णन हुआ है।[3] वस्त्र रंगने की इस 'डाइंग' कला का आज भी विस्तृत कारोबार है।

(iii) **अंगराग**-शरीर के सौंदर्य की वृद्धि के लिये अंगराग का उपयोग अत्यंत प्राचीन काल से होता रहा है। साहित्य में अंगराग के दो गुणों का बहुशः वर्णन हुआ है- प्रथम-लाल रंग, द्वितीय-मनोरम गंध। अंगराग से ललाट, मुख, कपोल एवं वक्षःस्थल को रंजित किया जाता था। अधरराग और चरणराग की कला भी संस्कृत कवियों का वर्ण्य विषय बनी है। आचार्य भरत ने **'अधर-संस्कार'** को अधरों का 'विभूषक' माना है। रतिसर्वस्व अधरों में अति माधुर्य, उच्छूनता एवं लालिमा की सृष्टि के लिये निपुण हाथों से रंग भरकर, अधरों की रेखाओं को जब कुछ

1. नाट्यशास्त्र 23/28-29
2. ऋतुसंहार 6/15
3. बहुविधभक्तिनिर्माणचतुरपुराणपुरन्ध्रिबध्यमानैः (हर्षचरित, उच्छ्वास 4)

अधिक गाढ़े रंग से स्पष्ट कर दिया जाता था, तब उनकी छवि अपूर्व लावण्य से भर उठती थी।[1]

चरण-राग के लिये लाक्षारस या अलक्तक का प्रयोग होता था। इसका सर्वाधिक मनोरम वर्णन मालविकाग्निमित्र में हुआ है।[2] नैसर्गिक रूप से अरुण चरणों पर अलक्तक की मसृण शोभा वैसी ही होती थी जैसी कमलकोश पर बाल-अरुण की कोमल धूप।[3] वस्तुतः 'दशन-वसन-अंगरागाः' वस्त्रों के साथ ही शरीर के विभिन्न अंगों की उज्ज्वल रंग से रंगने एवं उसके माध्यम से जीवन में रागसृष्टि की कला थी।

(9) मणिभूमिकाकर्म

अपने भासुर वर्ण और स्थायी चमक के कारण मणियाँ प्राचीन काल से ही मानव को लुब्ध करती रही हैं। अंधकार में भी आलोक बिखेरने वाली दमकती हुई मणियों को आभूषणों में तो गूँथा गया ही है, राजभवनों और प्रासादों के भूमिनिर्माण के कार्य में भी इनका उपयोग हुआ है। प्राचीन भारत में बहुवर्णी मणियों से कलात्मक डिज़ाइनों में भवन के फर्श की रचना एक शिल्प या कला के रूप में मान्य रही है जिसे वात्स्यायन ने मणि-भूमिका कर्म कहा है। संस्कृत-साहित्य में राज-प्रासादों के वर्णनप्रसंग में इस मणि-भूमि या मणि-कुट्टिम का बहुलता से वर्णन हुआ है।

ऋतु, अवसर और स्थान के अनुकूल मणि-भूमि की रचना में ही कला थी। ग्रीष्म ऋतु में श्वेत स्फटिक मणि की योजना होती थी जिसे मलयज रस से धोकर और अधिक शीतल बना लिया जाता था।[4] आकाश की नील शोभा की सृष्टि के लिये इन्द्रनीलमणि का प्रयोग होता था तो उपवनों की हरीतिका के मध्य मरकतमणि से भूमिरचना की जाती थी।[5]

'मणिभूमिका-कर्म' द्वारा रत्नगर्भा भूमि को रत्नों से सजाने की कला द्वारा गृह-प्राङ्गण और उपवन की भूमि पर मणियों से रचे गये पुष्पचित्र और इन्द्र-धनुष हजारों वर्ष बाद भी म्लान नहीं हुये हैं।

(10) शयनरचनम्-

'शयन-रचन' शय्या की विरचना (विशेष रचना) की कला है जिसमें शयन सुख का आनन्द भी समाहित है। शय्या पति-पत्नी के दाम्पत्य जीवन का मर्मस्थान है।[6] व्यक्ति की आयु, वैभव, आवश्यकता, ऋतु, प्रसंग आदि के अनुरूप विविध प्रकार की सुन्दर, सुखद,

1. कुमारसंभव 6/18
2. मालविकाग्निमित्र अंक 3
3. बालातप इव रक्तारविन्दकोशयोः........चरणयोरलक्तकरसः (कादम्बरी पृ.189)
4. कादम्बरी पृ.50
5. (i) वापी चास्मिन् मरकतशिलाबद्धसोपानमार्गा (मेघदूत 2/5)
   (ii) मूले बद्धा मणिभिरनतिप्रौढवंशप्रकाशैः (मेघदूत 2/19)
   (iii) कदलीगृहमरकतवेदिका (कादम्बरी, पृ.533)
6. बृहत्संहिता 74/1

सुकोमल, कमनीय शय्यायों की रचना एक ऐसी जीवनोपयोगिनी कला है जिसमें सौन्दर्यबोध और कौशल दोनों ही निहित है।

प्रसंगानुकूल **शय्या** के लिये उपयुक्त स्थान एवं सामग्री का चयन, शय्या की कल्पना, साज-सज्जा एवं अलंकरण आदि का बहुल वर्णन संस्कृत साहित्य में हुआ है। नानाप्रकार की पत्र-पुष्प शय्यायें, यथा-तमालपत्रास्तरण[1], नवपल्लवसंस्तर[2] प्रवालशय्या[3] हेमपल्लवविभङ्गसंस्तर[4], नलिनीदलशयन[5] कमलकुमुदकुवलयशयन[6], कदलीतल्प[7] सुश्लक्ष्ण उपधान, धवल उत्तरच्छद[8], हंसधवलशयनतल[9] आदि 'शयन-रचन' की विविधता को सूचित करते हैं।

शय्या की सार्थकता पति-पत्नी के मधुरमिलन में थी। इसका लक्ष्य था-स्वस्थ, सुन्दर सर्जन अर्थात् प्रजनन। 'प्रजायै शयनम्' ही शयनरचना का सार था जिसे वैदिक मन्त्र भी कहते हैं-आरोह तल्पं सुमनस्यमानेह प्रजां जनय पत्ये अस्मै।[10]

११-१२-उदकवाद्यम्-उदकघातः

उदकवाद्य और उदकघात ये दोनों ही कलाएँ जलक्रीड़ा से सम्बद्ध हैं।[11] विधाता की आद्या सृष्टि 'जल' के अनेक पर्यायों में से एक है 'उदक'। सृष्टि का प्रथम कारण, जीवन का अनिवार्य तत्त्व, तापहारक और समस्त मलों का प्रक्षालक होने के कारण 'जल' के प्रति अनन्तकाल से ही मानव का आकर्षण रहा है। अतः नदियों और सरोवरों में अवगाहन दैनन्दिन जीवन का नित्यकर्म भी है और मनोरंजन का साधन भी। प्राचीन भारत के कलात्मक विनोदों में इसकी गणना हुई है।

(i) **उदकवाद्य**-उदकवाद्य का शाब्दिक अर्थ है-जलवाद्य, अर्थात् हाथ आदि से जल पर इस प्रकार आघात करना कि जलप्रवाह से मुरज आदि वाद्यों[12] के समान स्वरलहरियाँ उत्पन्न हों।

---

1. रघुवंश 6/64
2. रघुवंश 8/57
3. कुमारसंभव 3/8
4. कुमारसम्भव 8/22
5. कादम्बरी पृ.466
6. उत्तरकादम्बरी पृ.139
7. काव्यमीमांसा अ.18
8. कामसूत्र 1/4/4
9. कादम्बरी पृ.286
10. अथर्ववेद 14/2/31
11. तदुभयं जलक्रीडाङ्गम् (कामसूत्र 1/3/15 पर यशोधर की टीका)
12. तीरस्थलीबर्हिभिरुत्कलापैः प्रस्निग्धकेकैरभिनन्द्यमानम्।
    श्रोत्रेषु सम्मूर्च्छति रक्तमासां गीतानुगं वारिमृदङ्गवाद्यम्।। (रघुवंश 16/64)

'रघुवंश' महाकाव्य में महाराज कुश की कलानिपुण अन्तःपुरिकाओं को सरयू नदी में इस कला का आनन्द लेते हुये वर्णित किया गया है। इस वारि-मृदंग ध्वनि का अभिनन्दन तटवर्ती मयूर अपनी केका ध्वनि से करते हैं।

वस्तुतः जलप्रवाह में स्वयं ही एक नाद और छन्द होता है। जल के इस नाद को राग और लय में बाँध लेना ही मानवीय कौशल है जिसे प्राचीन भारत की नागरिकाओं ने जलक्रीड़ा के माध्यम से अधिगत किया था।

(ii) **उदकघात**-'उदकघात' का अर्थ है-जल से आघात; अर्थात् मनोरंजन के लिये एक दूसरे पर जल के छींटे मारना। यह दो प्रकार से संभव है-हाथ से अथवा यन्त्र (पिचकारी) से। जलक्रीड़ा में सच्चा विनोद या मनोरंजन इसी क्रिया से होता है। मोती के समान स्थूल जलकणों से जब प्रहार किया जाता है, तब विलासिनियों को अपने टूटते हुये मुक्ताहारों का भी बोध नहीं रहता।[1] जल से मोती की लड़ियों या चाँद की कतारों[2] का बनना तभी संभव है जब निरन्तर एक लय में पानी उछाला जाये और यही इस विनोद का कलात्मक पक्ष है।

इस कला का दूसरा रूप है-पिचकारी से **जलाघात**। महाकवि माघ के अनुसार इस कलात्मक विनोद के साधन हैं-स्वर्णरचित चमकते हुये शृंग, कस्तूरी-कुङ्कुमादि सुगन्धित द्रव्य, कुसुम्भी रंग के वस्त्र, मादक मदिरा और प्रिय का सान्निध्य।[3] वर्तमान 'होली' या 'फाग' के रूप में यह कला आज भी जीवित है।

13. **चित्रयोगाः**

मणि, मन्त्र, औषधियों के विचित्र प्रयोगों की विद्या या इनकी शक्ति से असंभव को भी संभव बना लेने की कला 'चित्रयोग' कही गई है। इस कला का बीज ऋग्वेद में एवं विकसित स्वरूप अथर्ववेद में प्राप्त होता है। ऋग्वेद में यज्ञों में प्रयुक्त हवि से असपत्न (शत्रुहीन) होने की कामना की गई है-

अभीवर्तेन हविषा येनेन्द्रो अभिवावृते।
तेनास्मान् ब्रह्मणस्पतेऽभि राष्ट्राय वर्तय।।
येनेन्द्रो हविषा कृत्व्यभवद्युम्न्युत्तमः।
इदं तदक्रि देवा असपत्नः किलाभुवम्।।[४]

1. रघुवंश 16/62
2. अनवरतकरास्फालन-स्फुरत्फेनबिन्दुचन्द्रकितम् (कादम्बरी पृ.182)
3. शिशुपालवध 8/30
4. ऋग्वेद 10/174/1,4

अथर्ववेद में 'जङ्गिड' मणि को कृत्या-नाशिनी, आरोग्यदायिनी और आयुष्यवर्धिनी कहा गया है।[1] कौटिल्य अर्थशास्त्र के औपनिषदिक अधिकरण में ऐसे अनेक अद्भुत योगों, भैषज्य और मन्त्र प्रयोगों का वर्णन है, जिनसे रूपपरिवर्तन, महीनों तक भूख न लगना, श्वेतीकरण, कुष्ठयोग, शरीर पर बिना पीड़ा के आग जला लेना, अंगारों के ऊपर चलना, मुँह से आग छोड़ना, जल में आग जलाना, घन अंधकार में भी वस्तुओं को देख पाना, अदृश्य हो जाना, पानी पर चलना आदि अद्भुत क्रियाओं को किया जा सकता है। **'प्रस्वापन'** मंत्र की शक्ति से सभी को सुला देना, बन्द दरवाजे को खोल देना, आदि विस्मयजनक यौगिक क्रियायों का वर्णन भी हुआ है।[2] कामसूत्र के औपनिषदिक अधिकरण में **'चित्रयोग'** नामक प्रकरण में भी ऐसे अद्भुत प्रयोगों का निरूपण हुआ है।

14. माल्यग्रथनविकल्पाः

संस्कृत साहित्य में 'माल्य' शब्द का प्रयोग दो अर्थों में हुआ है, पुष्प के अर्थ में[3] तथा पुष्पों से रचित माला[4] के अर्थ में। अतः 'माल्यग्रथनविकल्प' से अभिप्राय-पुष्पों को सुन्दर कलात्मक ढंग से गूँथकर या बाँधकर माला, करधनी, कर्णाभूषण, शिरोभूषण आदि बनाने की कला है। सभ्यता के प्रथम चरण में जब सामान्य जन ने स्वर्णादि धातुओं का प्रयोग नहीं सीखा था; तब माल्य ही मानव के प्रथम प्रसाधन बने। प्राचीन भारत में माल्य देवता और मनुष्य दोनों के ही नेपथ्यविधान का अनिवार्य अंग था।[5] वैदिक उल्लेखों से लेकर अद्यतन युग तक, संपूर्ण संस्कृत साहित्य में शायद ही कोई ऐसी कृति हो जिसमें माल्य का उल्लेख न हुआ हो।

ऋग्वेद में अश्विनीकुमारों को **'पुष्करस्रज'** कमलपुष्पों की माला धारण करने वाला कहा गया है।[6] रामायण में कमलों की माला को धारण करती हुई वनवासिनी सीता की उपमा पद्मिनी से दी गई है।[7]

संस्कृत साहित्य में नाना प्रकार की मालाओं का वर्णन हुआ है-कदम्ब, नवकेसर और केतकी की सिर पर धारण की जाने वाली मालायें, बकुलमाला, **वेणीस्रक्,** वनमाला, वक्षःस्थल को सुशोभित करने वाले पुष्पहार, कण्ठ से वक्षःस्थल तक लटकती हुई **'प्रालम्ब'** मालायें, **कण्ठमालिका**, आजानुलम्बी **वैकक्षक** (बाँये कन्धे से दाहिनी ओर एवं दाहिने

---

1. कृत्यादूषिरयं मणिरथो अरातिदूषिः।
   अथो सहस्वान् जङ्गिडः प्र ण आयूँषि तारिषत्।। (अथर्ववेद 2/4/6)
2. प्रलम्भने अद्भुतोत्पादनम्, भैषज्यमन्त्रप्रयोगः (अर्थशास्त्र/अधि. 14/अ.2,3)
3. विटपी माल्यधारिणः (रामायण, अरण्यकाण्ड 73/20,25)
4. माल्येन तां निर्वचनं जघान (कुमारसम्भव 7/19)
5. कामसूत्र 1/3/15 पर यशोधर की टीका।
6. ऋग्वेद 10/184/2
7. रामायण अरण्यकाण्ड 46/16

कंधे से बाँई ओर जाती हुई मध्य में स्वस्तिकाकार) मालायें, पैरों का स्पर्श करती हुई **आप्रपदीन** माला, **कौतुकमालिका**, वन्दनमाला आदि।

इसी प्रकार केसरदामकांची, **विलासमेखला**, शिरीषकुसुमस्तबक-कर्णपूर आदि पुष्पाभरणों का सौन्दर्य भी देखा जा सकता है।

भरतमुनि के अनुसार संरचना की दृष्टि से माल्य पाँच प्रकार के होते हैं-**वेष्टिम**, **वितत**, **संघात्य**, **ग्रन्थिमत्** एवं **प्रलम्बित**।[1]

'माल्यग्रथन' एक सुन्दर हस्तशिल्प था जिसमें अन्य कलाओं की भाँति ही विदग्धता की अपेक्षा रहती थी। माल्यग्रथन की अनेक व्यक्तिगत शैलियाँ थीं। **कुन्दमाला** नाटक इसका सुन्दर उदाहरण है। माल्यग्रथनविकल्प जीवन के शृंगार की कला है। यह प्रेम की ऐसी मूक भाषा है, जिसे मानव ने कोमल पुष्पों के बहुवर्णी वैविध्य के माध्यम से मुखर किया है।

15. शेखरकापीडयोजनम्

'शेखरक' और 'आपीड' सिर पर धारण किये जाने वाले दो पुष्परचित अलंकार हैं।[2] यह कला माल्यग्रथन का ही अङ्ग है तथापि सुन्दर ढंग से इसकी योजना में भी एक प्रकार की कलात्मकता है[3]। अतः वात्स्यायन ने इसे एक स्वतन्त्र कला माना है। यशोधर के अनुसार **शेखर** और **आपीड** में सूक्ष्म भेद है। शेखर शिखास्थान में अवलम्बन्यास से पहना जाता है तथा इसकी रचना शिखराकार होती है। आपीड मालाकार गूँथा जाता है तथा सिर को घेरते हुये **काष्ठिका** (पिन) आदि की सहायता से पहना जाता है।

कालिदास के युग में मौलिमाला या मौलिस्रक्[4] का ही प्रयोग हुआ है। बाणभट्ट के युग में इसने शेखर का रूप ले लिया। शूद्रक के मस्तक को आमोदित मालती-कुसुम-शेखर अलंकृत करते हैं तो राजकुमार चन्द्रापीड की पहचान ही चन्द्रमा की किरणों के समान उज्ज्वल शेखर से होती है।[5]

वाल्मीकि के अनुसार आपीड दाक्षिणात्यों का विशिष्ट शिरोभूषण था।[6] बाणभट्ट इसके स्थान पर **'मुण्डमाला'**[7] शब्द का प्रयोग करते हैं। वर्तमान समय में शेखरक विवाह के अवसर पर वर द्वारा धारण किये गये सेहरे के रूप में एवं आपीड वधुओं की शिरोमाला के रूप में दिखाई देते हैं।

---

1. नाट्यशास्त्र 23/11
2. शिखाविन्यस्तमालायाम् आपीडः शेखरोऽपि च (शब्दरत्नावली)
3. ग्रथनविकल्प एवायं किन्तु योजनं कलान्तरम् (यशोधर)
4. ऋतुसंहार 2/21, 25; रघुवंश 17/23
5. शशिकरकलापो मालतीकुसुमशेखरोऽभिलक्ष्यते (कादम्बरी पृ.260)
6. कुर्वन्ति कुसुमापीडाशिरःसु सुरभीनमी.....दाक्षिणात्या नरा यथा। (रामायण अयोध्याकाण्ड 93/13)
7. शशिकलामिव कल्पयित्वा सितकुसुममुण्डमालिकां शिरसि (हर्षचरित पृ. 360)

16. **नेपथ्यप्रयोगाः**

वात्स्यायन द्वारा वर्णित चौंसठ कलाओं में से एक महत्त्वपूर्ण कला है-'नेपथ्ययोग' अर्थात् वेशभूषाधारण करने की कला या **'प्रसाधनकला'**। यशोधर के अनुसार देश और काल के अनुरूप वस्त्र, माल्य, आभूषणादि से स्वयं को या दूसरों को, शोभा के लिये मण्डित करने की कला नेपथ्ययोग है।

'नेपथ्य' नाट्यशास्त्र का पारिभाषिक शब्द है, जिसका व्युत्पत्तिलभ्य अर्थ है-नेता का पथ्य (नेः नेता तस्य पथ्यम्), अर्थात वे साधन जो सामाजिक को रसानुभूति की ओर ले जाने वाले अभिनयव्यापार में सहयोगी होते हैं-नेपथ्य हैं। आचार्य भरत के अनुसार **'आहार्य'** अभिनय का नाम ही नेपथ्यविधान है[1]। संस्कृत साहित्य में नेपथ्य शब्द का प्रयोग प्रारम्भ में केवल नटों द्वारा धारण की जाने वाली वेशभूषा, मंचसज्जा आदि के लिये हुआ। आद्य नाट्यकार भास ने इसी अभिप्राय से **नेपथ्यपालिनी**[2] शब्द का प्रयोग किया है। बाद में जन-जीवन में स्त्री-पुरुष द्वारा धारण की जाने वाली विशिष्ट वेशभूषा को भी नेपथ्य कहा गया। भरत के पश्चात् नेपथ्यकला का सर्वप्रथम साङ्गोपांग वर्णन कालिदास की कृतियों में हुआ है। नेपथ्ययोग कलात्मक ढंग से सुसज्जित होने की कला थी। स्नान के पश्चात् नेपथ्यविधि प्रारम्भ होती थी। इसके निम्नलिखित मुख्य अंग थे-(1) केशरचना (2) अनुलेप या अंगराग (3) पत्रावलीरचना (4) अलंकारयोग (5) वस्त्रयोग एवं (6) माल्यप्रयोग।

सुरुचिपूर्ण नेपथ्य सुसंस्कृत अभिरुचि, आभिजात्य और समृद्धि का परिचायक था। नेपथ्यकला की कसौटी **'वधूनेपथ्य'** को माना गया था।[3] इस कला का सम्प्रति 'ब्यूटीपार्लर' द्वारा व्यवसाय के स्वरूप में प्रचलन है।

17. **कर्णपत्रभंगाः**

हाथीदाँत, शंख, आदि से पत्राकृति कर्णाभूषण बनाने की कला कर्णपत्रभंग कही जाती है। पुष्पों के अनुकरण पर जिस प्रकार कनक-कमल आदि आभूषणों की रचना हुई उसी प्रकार कटावदार तरंगायित पत्रों के अनुकरण पर **'कर्णपत्र'** की। भंग का अर्थ है-अंश या टुकड़ा। अतः कर्णपत्रभंग से अभिप्राय है, हाथीदाँत के टुकड़ों से पत्ते के आकार की आभरणरचना जिसकी विशेष संज्ञा 'दन्तपत्र' है। दन्तपत्र को धारण करने के सन्दर्भ अत्यंत प्राचीन काल से ही प्राप्त होते हैं उदाहरण स्वरूप विवाह के अवसर पर पार्वती के मुख को शोभित करने वाला कर्णावसक्त **दन्तपत्र**।[4] दन्तपत्र के प्रति स्त्रियों की अनुरक्ति का सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि चन्द्रापीड से मिलने आई कादम्बरी ने अन्य आभूषणों का

---

1. आहार्याभिनयो नाम ज्ञेयो नेपथ्यजो विधिः (नाट्यशास्त्र 23/2)
2. प्रतिमानाटक अंक 1
3. यत् त्वं प्रसाधनगर्वं वहसि तद् दर्शय मालविकायाः शरीरे विवाहनेपथ्यमिति। (मालविका. अंक 5)
4. कुमारसंभव 7/23

परित्याग कर एक कान में दन्तपत्र और दूसरे कान में कुमुददल का **कर्णचूर** धारण किया था।[1]

सामान्य रूप से दन्तपत्र आपाण्डु (ईषत्पाण्डु) या धवल वर्ण के होते थे। प्राकृतिक परिवेश के साथ छन्द मिलाते हुये धवल प्रसाधनों के साथ दन्तपत्र की योजना अत्यंत मनोरम होती थी। विशेष शोभा के लिये इन्हें रंगा भी जाता था। दन्तपत्र को **विदग्धलीलोचित** आभरण[2], माना गया था।

18. **गन्धयुक्तिः**

गन्ध पृथ्वी का गुण है। प्रत्येक पार्थिव तत्त्व में यही गन्ध बसी हुई है। प्रकृति ने मानव को उपहार के रूप में पुष्प, चन्दन, केसर, कुङ्कुम, अगुरु, कस्तूरी जैसे सुगंधित द्रव्य प्रदान किये हैं। निसर्ग के इन उपादानों का बहुविध संयोजन कर मानव ने गन्धयुक्ति की कला विकसित की है। कलाप्रेमी भारत के नागरक-नागरिकाओं को संभवतः सर्वाधिक प्रेम सुगन्धित द्रव्यों से रहा है। वाल्मीकि का साक्ष्य इसका प्रमाण है। अयोध्या के नागरिकों में ऐसा कोई भी व्यक्ति नहीं है जो सुगन्ध का उपयोग न करता हो।[3] वस्तुतः प्राचीन भारत में गर्भाधान से लेकर, अन्त्येष्टि पर्यन्त मानव के सम्पूर्ण जीवन में सुगन्ध रची बसी थी।

मूलतः पाँच प्रक्रियाओं से गन्ध प्राप्त की जा सकती थी-

(i) चूर्ण से; यथा-लोध्रचूर्ण, पारिजातचूर्ण आदि।

(ii) घर्षण से; यथा-चन्दन, अगुरुपंक आदि को पानी के साथ घिस कर प्राप्त किया जाता था।

(iii) दाहाकर्षण से-विभिन्न प्रकार की धूप, गुग्गुलु आदि को जलाकर सुगन्ध पाई जाती थी।

(iv) सम्मर्दन से-करवी, बिल्व, गन्धिनी, केतकी आदि के पत्र-पुष्पों के निष्पीडन से सुगन्धित रस निकाला जाता था।

(v) प्राणी के अंग से; यथा मृगनाभि से उत्पन्न कस्तूरी से।

बृहत्संहिता में निम्नलिखित सुगन्धित यौगिकों की निर्माण विधि एवं उपयोग का वर्णन हुआ है-गन्धोदक, गन्धद्रव्य, **गन्धधूप**, गन्धतेल, शिरःस्नान, **स्नानचूर्ण**, **पटवास** एवं मुखवास। वराहमिहिर के अनुसार गणित के प्रकार एवं प्रस्तार भेद से गन्धों की संख्या एक लाख चौहत्तर हजार सात सौ बीस तक हो सकती है। बकुल चम्पक, अतिमुक्तक, उत्पल आदि के समान **कृत्रिम गन्ध** भी बनाई जा सकती है।[4]

---

1. कादम्बरी पृ. 590
2. शिशुपालवध 1/60
3. नामृष्टो नानुलिप्ताङ्गो नासुगन्धश्च विद्यते (रामायण, अयो.)
4. बृहत्संहिता अ.77

19. भूषणयोजनम्

शरीर के विभिन्न अंगों को भूषित करने वाले आभूषणों की योजना भी एक कला है। मानव के अत्यधिक अलंकरण-प्रेम, जीवन के प्रति कलात्मक दृष्टिकोण एवं प्राचीनभारत की भौतिक समृद्धि ने भूषण-योजन की कला को जन्म दिया है।

इस कला के दो रूप हैं-प्रथम विभिन्न अंगों में इस प्रकार आभूषणों की योजना करना कि वे सम्पूर्ण शरीर एवं उसके माध्यम से समग्र व्यक्तित्व को मण्डित करने वाले वन जायें। कला का यह रूप नेपथ्य-विधि का अंग है। द्वितीय प्रकार है कि आभूषणों में इस प्रकार मणि-मुक्ता रत्नादि की योजना करना कि वे स्वयं एक ललित कलासृष्टि बन जायें। अतः इस शिल्प का सम्बन्ध आभूषणरचना या निर्माण की कला से है। संस्कृत साहित्य में निम्नलिखित आभूषणों की योजना हुई हैं-

(1) **शिरोभूषण**-मस्तकी, अर्द्धमुकुट, पट्टबन्ध, शिखापाश, चूड़ामणि, मुकुट, किरीट, चूड़ामणिमकरिका, चटुला तिलकमणि, आदि।

(2) **कर्णाभूषण**-कुण्डक, शिखिपत्र, वेणीगुच्छ, मोचक, कर्णिका, कर्णवलय, पत्रकर्णिका, कुण्डल, कर्णमुद्रा, कर्णपूर, कर्णोत्कीलक तथा नानाविध रत्नजटित दन्तपत्र, अवतंस आदि।

(3) **कण्ठाभूषण**-मणिग्रीव, रुक्म, हार, मुक्ताहार, एकावली, हारयष्टि, ताराहार, शेषहार, महाहार, मुक्ताकलाप, प्रालम्बहार रत्नावली, कण्ठसूत्र आदि।

(4) **कराभूषण**-अंगद, वलय, कांचनवलय, शिंजावलय, दोलावलय, कटक, कङ्कण, केयूर, अंगुलीयक आदि।

(5) **कटि एवं श्रोणि-देश के आभरण**-शृंखला, कटिसूत्र, कांची, क्वणितकनककांची, मेखला, रशना, मुक्ताजाल, तलक और कलाप।

(6) **पादाभूषण**-नूपुर, शिञ्जितनूपुर, मणिनूपुर, मंजीर, पादहंसक, किङ्किणीका, घण्टिका, रत्नजालक, कटक, पैरों की अंगुलियों में अंगुलीय और अंगुष्ठ में तिलक।[1]

20. ऐन्द्रजालयोगाः

मनोरंजनात्मक कलाओं में प्रमुख है-इन्द्रजाल या जादू का खेल। इसके मूल में निहित है चमत्कार या अलौकिकता का तत्त्व। यह कला विस्मयजनक आनन्द द्वारा मानव का मनोरंजन करती है। **'इन्द्रजाल'** का शाब्दिक अर्थ है -'इन्द्र का जाल' या 'इन्द्रियों की शक्ति को बांध लेने वाला जाल'। यह शब्द वैदिक आर्यों के महान् देवता इन्द्र के नाम से प्रचलित हुआ है जो अपनी माया शक्ति से असंख्य रूपों को धारण कर सकते हैं।[2] शक्तिशाली इन्द्र का यह जाल भी महान् है-

1. नाट्यशास्त्र अ.23
2. इन्द्रो मायामिः पुरुरूप ईयते (ऋग्वेद, 6, 47, 18)

बृहद्धि जालं बृहतः शक्रस्य वाजिनीवतः[1] जिसे फैलाकर वे अनेक चमत्कारपूर्ण मायावी कार्य करते हैं।

जादूगर या ऐन्द्रजालिक का मायाजाल भी दर्शकों की दृष्टि को आच्छन्न कर असत्य दृश्यों की सृष्टि करता है। संस्कृत साहित्य में इस कला के संबंध में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण जानकारी 'दशकुमारचरित' में प्राप्त होती है। इस कला में सर्वप्रथम सामाजिकों के मन को बाँधने के लिये उच्च स्वर में वाद्य बजाये जाते हैं, फिर गायिकाओं द्वारा मधुर गीत गाया जाता है, तत्पश्चात् ऐन्द्रजालिक मयूरपिच्छ को घुमाते हुये दर्शकों की दृष्टि को बाँधता है।[2]

21. कौचुमारयोगाः

कुचुमार द्वारा कथित वाजीकरण, सुभगंकरण आदि औपनिषदिक (रहस्यमय गुप्त) योग इस कला के अन्तर्गत आते हैं। मानव कितना भी सभ्य या सुसंस्कृत क्यों न हो जाये, आज भी ऐसी क्रियाओं पर विश्वास रखनेवाले एवं इनका प्रयोग करने वाले लोग मिल जाते हैं। कौचुमार योग का बीज हम ऋग्वेद में पाते हैं। इन्द्रपत्नी इन्द्राणी सपत्नी-बाधन और पति-वशीकरण के लिये औषधि का प्रयोग करती हैं।[3]

कामसूत्र के औपनिषदिक अधिकरण के सुभगंकरण, वशीकरण, वृष्ययोग, नष्टरागप्रत्यायन, औपरिष्टक आदि प्रकरणों में इन गुप्त योगों का सविस्तार निरूपण हुआ है। **'वृष्य योग'** में बल-वीर्य, राग और रतिक्षमतावर्धक कुछ नुस्खे दिये गये हैं। भास के नाटक स्वप्नवासवदत्तम् में 'अविधवाकरण' एवं 'सपत्नीमर्दन' नामक औषधियों का उल्लेख है जिन्हें **कौतुकमाला** (विवाहमाला) के साथ गूँथा जाता था।[4]

22. हस्तलाघवम्

हाथ की सफाई या फुर्ती से यन्त्र के समान हस्त-संचालन 'हस्तलाघव' कहा जाता है। सभी कार्यों में लघुहस्तताशिल्प एक विशिष्ट गुण है जिसकी अपेक्षा शिल्पी में की जाती है। इस कला में वे सभी क्रियायें आ जाती हैं जो विस्मयसृष्टि और जनानुरंजन के लिये की जाती हैं। इन्द्रजाल या जादू के खेल का यही प्राण तत्त्व है।

23. विचित्रशाक-यूष-भक्ष्यविकारक्रिया

नानाप्रकार के शाक, यूष (सूप, रसा) एवं भोज्य पदार्थ बनाने की कला या पाक-कला भी चतुःषष्टि कलाओं में परिगणित होती है।

---

1. ऋग्वेद 8/8/8
2. दशकुमारचरित, पूर्वपीठिका उच्छ्वास-5
3. इमां खनाम्योषधिं वीरुधं बलवत्तमाम्।
   यया सपत्नीं बाधते यया संविदते पतिम्।। (ऋग्वेद 10/145/1)
4. स्वप्नवासवदत्तम् अंक. 3

सृष्टिप्रक्रिया में अग्नि में सोम की निरन्तर आहुति दी जाती है। मनुष्य भी अपनी जठराग्नि में भक्ष्य और पेय की हवि देता है। इस हवि को ही 'आहार' कहा गया है। आहार की सामान्य संज्ञा 'अन्न' है। मानव ने सृष्टिकर्ता द्वारा प्रदत्त नैसर्गिक अन्न को अपने कौशल से सुसंस्कृत कर 'पाककला' का विकास किया है।

ग्रहण की पद्धति के आधार पर आहार पाँच प्रकार के हो सकते हैं-भक्ष्य, भोज्य, लेह्य, चोष्य और पेय। संस्कृत साहित्य में इनका उल्लेख अत्यन्त प्राचीन काल से ही प्राप्त है। भरद्वाज मुनि के आश्रम में कुमार भरत और उनकी सेना के स्वागत में जो भोजन प्रस्तुत किया गया था उसमें ये पाँचों प्रकार के पदार्थ थे-**भक्ष्यं भोज्यं च लेह्यं च विविधं बहु**।[1]

कालिदास के अनुसार राजप्रासादों के महानस में इन पंचविध आहारों को बनाने की विपुल सामग्री और सुनियोजित तैयारी को देखकर ही विदूषक जैसे भोजनप्रिय आनन्दित हो उठते थे। जनश्रुति के अनुसार राजा नल पाककला में अत्यंत निपुण थे।[2] उनका **'पाकदर्पण'** पाककला का एक संग्रहणीय ग्रंथ है जिसमें नानाप्रकार के यूष, सूप आदि बनाने की विधि का वर्णन हुआ है।

विवाह, राज्याभिषेक, उत्सव आदि के अवसर पर असंख्य प्रकार के भोज्य पदार्थ बनाये जाते थे। दमयन्ती के विवाह में इतने प्रकार के भोजन बने थे कि बारातियों के लिये उन्हें जीमना (खाना) तो दूर, गिनना भी कठिन हो गया था।[3] भोजन को परोसना भी एक कला मानी जाती थी। मनु के अनुसार परोसने वाले को प्रसन्नचित्त होकर एक-एक व्यंजन के गुणों की प्रशंसा करते हुये, सावधानी के साथ धीरे-धीरे भोजन कराना चाहिये।[4]

इस प्रकार परमब्रह्म के उपासक इस देश ने 'अन्नं ब्रह्म के उपासक इस देश ने **'अन्नब्रह्म'** साधना भी पूर्ण मनोयोग से की है।

24. पानकरस-राग-आसवयोजनम्

जल ही जीवन है। इस जीवन-रस से स्वयं को जीवन्त करने के साथ ही रसनेन्द्रिय की तृप्ति के लिये मानव ने विविध प्रकार के पानक रसों (पेय पदार्थों) को बनाने की कला विकसित की है। इसे ही वात्स्यायन ने पानकरसराग आसवयोजन कहा है।

---

1. रामायण, अयो. 91/20
2. साधितमन्न-मीन-रसादिपीयूषातिशायि (नैषधीयचरित 14/78)
3. नैषधीयचरित सर्ग 16
4. मनुस्मृति 3/233

यशोधर के अनुसार पेय दो प्रकार के होते हैं-(1) अग्निनिष्पाद्य (2) अनग्निनिष्पाद्य। ये भी दो प्रकार के हो सकते हैं-सन्धानकृत तथा असंधानकृत। संस्कृत साहित्य में-रसाल, सहकारभंग, तिन्तिका-पानक, प्रपाणक, आसव, पुष्पा सव, फलासव, मधु, कादम्बर मधु, द्राक्षामधु, मैरेय, शीधु, वारुणी आदि पेयों के सन्दर्भ प्राप्त होते हैं।

गन्धमाल्य से सुसज्जित ऋतु के अनुकूल आकर्षक 'पानभूमि' की रचना[1] और **'समापान'**[2] सामूहिक पानगोष्ठियों का आयोजन भी इस कला का एक अंग था।

25. सूचीवानकर्माणि

यशोधर के अनुसार सूची (सुई) का काम 'सूचीवान' कहा जाता है। इसके अन्तर्गत तीन क्रियायें आती हैं-

(i) **सीवन**-कंचुकादि वस्त्रों को सिलना।

(ii) **ऊतन**-कटे-फटे वस्त्रों को इस प्रकार सिलना, रफू करना कि त्रुटि या दोष दिखाई न दे।

(iii) **विरचन**-कुथा (गलीचा) आस्तरण (बिछौना) आदि बनाना तथा दुइल, चोलक आदि वस्त्रों पर बेलबूटे काढ़ना।

'कसीदाकारी' की कला वैदिक समाज से ही प्रचलित थी। इस कार्य में लगी हुई स्त्रियों को **'पेशस्करी'** कहा जाता था।[3] ऋग्वेद में उषा और रात्रि की कल्पना ऐसी स्त्रियों के रूप में की गई है जो आकाशरूपी वस्त्र पर धागे से सुन्दर रूप की सृष्टि करती हैं।[4]

प्राचीन भारत में कढ़ाई में सोने के तारों के साथ माणिक्य, मूँगा, मरकत आदि रत्न पिरोकर भी पत्र-पुष्प-लता आदि की डिज़ाइन बनाई जाती थीं। बाणभट्ट ऐसी दो डिज़ाइनों का वर्णन करते हैं-(i) स्तबकित-पुष्पगुच्छ के समान डिजाइन, (ii) उपचीयमान-सम्पूर्ण वस्त्र को भर देने वाली डिज़ाइन। इसमें मोतियों को सीधी, तिरछी, आड़ी, लहरदार, कोणाकार आदि रेखाकृतियों में टाँका जाता था।[5] कालिदास ऐसे रत्नखचित उत्तरीय[6] और राजशेखर मणिखचित कञ्चुक[7] का वर्णन करते हैं।

26. सूत्रक्रीडा

सूत्र, मृणाल-नाल आदि से मनोरंजन के लिये नाना प्रकार की आकृतियाँ बनाना और उनका प्रदर्शन भी कला मानी गयी है किन्तु इस कला के सन्दर्भ विरल ही हैं।

---

1. घ्राणकान्तमधुगन्धकर्षिणीः पानभूमिरचनाः (रघुवंश 19/11)
2. कामसूत्र, 1/4/14, 22; नागानन्द आपानकोत्सव अंक.3
3. माध्यन्दिन यजुर्वेद 30/9
4. तन्तुं ततं संवयन्ती समीची यज्ञस्य पेशः सुदुघे पयस्वती (ऋग्वेद 2/3/6)
5. हर्षचरित, उच्छ्वास 7, उच्छ्वास 4
6. रघुवंश 16/43
7. विद्धशालभंजिका अंक. 4

27. **वीणाडमरुकवाद्यानि**

वात्स्यायन के अनुसार 'वीणा' और डमरुक वाद्य का वादन एक कला है। यद्यपि 'वाद्य' कला के अन्तर्गत ही इस कला का भी अन्तर्भाव होता है, तथापि वाद्यों में तन्त्रीवाद्यों में भी वीणा के महत्त्व व को प्रदर्शित करने के लिये **'वीणावादन'** को एक स्वतन्त्र कला माना गया है। यशोधर इसी तथ्य को रेखांकित करते हुये कहते हैं-वादित्रान्तर्गतत्वेऽपि तन्त्रीवाद्यं प्रधानम्। तत्रापि वीणावाद्यम्।

वीणा को असमुद्रोत्पन्न रत्न[1] माना गया है। देवी सरस्वती की **'कच्छपी वीणा'**, ब्रह्म के नाम से प्रसिद्ध **'ब्रह्मवीणा'**, रुद्रों से सम्बद्ध **'रुद्रवीणा'**, पिनाकपाणि से सम्बद्ध **'पिनाकीवीणा;** देवर्षि नारद की **'महतीवीणा'**, तुम्बरु ऋषि की **'तुम्बरु वीणा'**, ऋषि स्वाति की **'विपंचीवीणा'**, विश्वावसु गन्धर्व की **'बृहती वीणा'**, किन्नरों की **'किन्नरी वीणा'**, रावण की रावणी अथवा **'रावणहस्ता'** आदि वीणा की प्राचीनता एवं महत्ता को प्रमाणित करते हैं।[2]

डमरुक वाद्य अवनद्ध वाद्य है। इसका स्वतन्त्र परिगणन भी संगीतसृष्टि में इसकी महत्ता को सूचित करने के लिये है। **'डमरु'** नटराज भगवान् शिव का वाद्य है। वर्णमाला की ध्वनियों की सृष्टि इसी वाद्य से हुई है। डमरु वाद्य से ही पाणिनि के 14 सूत्रों[3] एवं संगीत के स्वरों की सृष्टि हुई है।

28-29 **प्रहेलिका एवं प्रतिमाला**

प्रहेलिका अर्थात् 'पहेली बूझना' और प्रतिमाला अर्थात् 'अन्त्याक्षरी'[4], दोनों ही लोक प्रसिद्ध मनोविनोदात्मक क्रीडायें हैं। ऋग्वेद के सृष्टिविषयक दार्शनिक प्रश्नों को प्रहेलिका के माध्यम से भी प्रस्तुत किया गया है जिसे विभिन्न भाष्यकारों ने अपनी-अपनी दृष्टि से बूझा है। दण्डी ने क्रीडागोष्ठियों, गुप्तभाषण, परिहास आदि के लिये प्रहेलिका को उपयोगी माना है-

क्रीडागोष्ठीविनोदेषु तज्ज्ञैराकीर्णमन्त्रणे।
परव्यामोहने चापि सोपयोगाः प्रहेलिकाः।।[5]

समागता, वंचिता, परुषा, **संख्याता** आदि इसके भेद-प्रभेद हैं। कादम्बरी में महाराज शूद्रक को **अक्षरच्युतक**, मात्राच्युतक, बिन्दुमती-प्रहेलिका आदि काव्यक्रीडाओं से मनोरंजन करते हुये वर्णित किया गया है।

---

1. मृच्छकटिक
2. संगीरत्नाकर अ.6; संगीतमकरन्द; वाद्यप्रकाश
3. नृत्तावसाने नटराजराजो ननाद ढक्कां नवपञ्चवारम्।
4. प्रतिश्लोकं क्रमाद्यत्र संधायाक्षरमन्तिमम्।
   पठेतां श्लोकमन्योन्यं प्रतिमालेति सोच्यते।। (यशोधर की टीका)।
5. काव्यादर्श 3/97

30. **दुर्वाचकयोगाः**

ऐसी पदावली जिसका उच्चारण और अर्थबोध दोनों ही कठिन हो, का प्रयोग एवं अर्थबोध भी एक कला है। इसका प्रयोजन भी मनोरंजन और प्रतिस्पर्धा है।

ऐसी पद्यरचना बौद्धिक व्यायाम के साथ ही चमत्कृतिजन्य आनन्द की भी सृष्टि करती थी। इस प्रकार के कवि कवित्वशक्ति के क्षीण होने पर भी, विदग्धगोष्ठियों में विहार के योग्य हो जाते हैं-कृशे कवित्वेऽपि जनाः कृतश्रमाः विदग्धगोष्ठीषु विहर्तुमीशते।

31. **पुस्तकवाचनम्**

वाक्सौन्दर्य पर आश्रित वाचिक कलाओं में से एक है-'पुस्तकवाचन' अर्थात् पुस्तक बाँचने की कला। ज्ञान-विज्ञान, धर्म-दर्शन, कला और शिल्प की महनीय विरासत को एक पीढ़ी से एक दूसरी पीढ़ी तक पहुँचाती हुई पुस्तकें हजारों वर्षों से ज्ञानवर्धन और आत्मिक आनन्द का स्रोत रही हैं।[1] प्राचीन भारत में और आज भी रामायण, महाभारत, श्रीमद्भागवत, पुराण आदि के वाचन की लोकानुरंजिनी परम्परा रही है। इस कला में विशेष रूप से निपुण पुस्तक-वाचक या कथा-वाचक होते थे। बाणभट्ट की मित्रमण्डली में पुस्तकवाचक 'सुदृष्टि' भी था जो सरस्वती की नूपुर ध्वनि के समान, **गमक** नामक मधुर स्वर में, श्रोताओं को आकर्षित करता हुआ पुराण वाचन करता था।[2]

सरस गीतों के साथ वंशी आदि वाद्यों की संगत इस कलाप्रस्तुति को अत्यंत मनोरम और श्रुतिसुभग बना देती थी। वस्तुतः वाचन-कौशल द्वारा श्रव्य से ही दृश्य का भी आनन्द देने की कला है-पुस्तकवाचन।

32. **नाटक-आख्यायिका-दर्शनम्**

जनमानस का समाराधन करने वाली कलाओं में से एक कला है-'नाटक-आख्यायिका-'दर्शन'। 'दर्शन' शब्द यहाँ केवल प्रत्यक्ष दर्शन या अवलोकन का पर्याय नहीं अपितु चिन्तन-दृष्टि, समझ और परिज्ञान का भी वाचक है। अतः इस कला का अर्थ हुआ-नाटक और आख्यायिका को देखने-परखने और रस-आस्वादन की कला।

'नाटक' और 'आख्यायिका' काव्यशास्त्र के पारिभाषिक शब्द हैं। नाट्य को दृश्य होने के कारण 'रूप' कहा जाता है।[3] संस्कृत वाङ्मय में इतिहासपुरुषों के जीवन को आख्यायिकाओं के माध्यम से संगृहीत किया गया है। आख्यानों के अभिनेय प्रसंगों का नटों द्वारा अभिनय भी किया जाता था। कृष्णलीला, हर-लीला, मदन-लीला आदि का भी अभिनय होता था। इस प्रकार यह कला कविहृदय के साथ संवाद स्थापित करने की और साहित्य के शिव तत्त्व से जीवन को मंगलमय बनाने की कला है।

---

1. इतिहासान् वाचयन्तीभिः पुस्तकानि दधतीभिः धर्मोपदेशान् निवेदयन्तीभिः जरत्प्रव्राजिताभिः विनोद्यमानाम् (कादम्बरी पृ.288)
2. हर्षचरित, उच्छ्वास-3
3. रूपं दृश्यतयोच्यते (दशरूपक 1/7)

33. काव्यसमस्यापूरणम्

'समस्यापूर्ति या **'पादपूर्ति'** प्राचीन भारत की एक मनोरंजक काव्य-क्रीडा रही है जिसमें समस्या के रूप में दिये गये किसी एक पाद (चरण) के आधार पर शेष तीन चरणों की रचना करनी होती है। आशुकवि इस कला में विशेष निपुण होते थे। इस कला के माध्यम से काव्यरचना का अभ्यास, मनोरंजन और राजसभाओं में सम्मान की प्राप्ति होती थी। गोष्ठी समवायों में ऐसी काव्य समस्यायों की पूर्ति नागरकवृत्त का एक सहज अंग था।[1]

34. पट्टिकावान-वेत्र-विकल्पाः

बाँस की बारीक पट्टियों, सरकण्डे की तीलियों तथा बेंत से विभिन्न प्रकार के कलात्मक उपकरण बनाना भी एक कला है। यजुर्वेद में बेंत और बाँस का काम करने वाले स्त्री-पुरुष को **'विदलकारी'** तथा 'विदलकार[2] कहा गया है। अर्थशास्त्र के अनुसार बेंत और बाँस से मोटी रस्सियाँ बनाई जाती थीं जिन्हें **'वरत्र'** कहा जाता था। इनका उपयोग 'कवच' बनाने के लिये होता था।[3] रामायण के अनुसार बाँस का काम करने वाले शिल्पी **'वंशकृत'** कहे जाते थे। सैन्ययात्रा आदि के प्रसंग में रथकार, इषुकार आदि शिल्पियों के साथ ये वंशकार भी चलते थे। सैन्य शिविर की रचना एवं शय्या-आसन आदि आवश्यक वस्तुओं को तत्काल तैयार करने में इनका नैपुण्य परिलक्षित होता था।[4] संस्कृत साहित्य में इस कला से निर्मित इन वस्तुओं के सन्दर्भ प्राप्त होते हैं-वेत्रासन, आसन्दी, **वेत्रपट्टिका** (शीतल पाटी), करण्डक, पिटारी, पिंजर, यष्टि, तितउ (चलनी), **शरशलाका यन्त्र** (सरकण्डों का पीढ़ा) आदि। वेत्र के सुन्दर आसन, आसन्दी, चटाइयाँ और पिटारियाँ राजभवनों तक पहुँचती थीं।

35. तक्षणम्

तक्ष् (काटना या छीलना) धातु से निष्पन्न 'तक्षण' शब्द का अर्थ है-लकड़ी को काट-छील कर आसन, रथ आदि बनाने की कला; जिसे वर्धकीकर्म[5], **दारुकर्म**[6] तथा काष्ठविधि[7] भी कहा गया है। वैदिक सन्दर्भों में तक्षणकार्य करने वाले शिल्पी की संज्ञा **'तक्षा'** थी। साहित्य में तक्षणशिल्प के निम्न उदाहरण प्राप्त होते हैं-

अष्टास्र यूप[8], स्तम्भ[9], शयन, तल्प, पर्यङ्क, सिंहासन, पीठ, पीठिका, शिबिका, रथ

---

1. वेश्याभवने सभायाम्...समानविद्याबुद्धिशीलवित्तवयसां सह....गोष्ठी।
   तत्र चैषां काव्यसमस्या कलासमस्या वा (कामसूत्र 1/4/19-20)
2. यजुर्वेद 30/8
3. अर्थशास्त्र 2/23/23
4. रामायण अयो. 80/3, 13-20
5. रामायण अयो. 80/2

6-7. नाट्यशास्त्र 280,84

8. रामायण, बालकाण्ड 14/26
9. अपराजितपृच्छा में पाँच प्रकार के स्तम्भ कहे गये हैं-(i) रुचक (ii) भद्रक (iii) वर्धमान, (iv) अष्टास्र तथा (v) स्वस्तिक (184/13-33)

एवं नौका। प्राचीन भारत में इस कला ने एक व्यवस्थित व्यवसाय या उद्योग का रूप ले लिया था। सभी प्रकार के काष्ठकर्म के लिये लकड़ी का चयन अत्यंत सावधानी से किया जाता था। काष्ठचयन से लेकर उपकरणनिर्माण तक निर्दोषता तथा शुभ-अशुभ का विशेष ध्यान रखा जाता था। एक कुशल शिल्पी के रूप में स्थपति का यह कर्तव्य माना जाता था कि वह ऐसी कलाकृति का सर्जन करें जो-सुश्लिष्ट, दृढ, स्थिर, निर्दोष और सुन्दर वर्ण (पॉलिश) से आकर्षक हो-

सुश्लिष्टां तामतः कुर्यान्निर्दोषां वर्णनशालिनीम्।
दृढां स्थिरां च स्थपतिः पत्युः कामविवृद्धये।।[1]

36. तक्षकर्माणि

तक्षणकला या काष्ठकर्म से ही विकसित हुआ था-तक्षकर्म अर्थात् नक्काशी का काम या बेलबूटे बनाने की कला। नक्काशी-लकड़ी, बहुमूल्य पत्थर, स्वर्ण रजतादि धातुओं, हाथीदाँत, शंख, सीप, सींग और चर्म आदि विविध आधारों पर सम्भव थी। अतः ये सभी तक्षकर्म के उपादान थे। नक्काशी का काम-शयन, आसन, पीठिका, मंजूषा, पानपात्र, रथ, विमान आदि उपकरणों, भवन, द्वार एवं वातायनों की चौखटों, प्रासादभित्तियों, स्तम्भों, रेलिंग और तोरणों पर किया जाता था। उस युग के कुछ बहुप्रचलित अलंकरण थे। पत्रलता, कुमद एवं कमल की बेल[2], हंसमण्डली[3], मकर[4], मरकमुख, गज, गजमस्तक[5], शुण्डाकृति (सोपानपट्टिका), **ईहामृग**[6] (काल्पनिक पशु), मयूर, नक्र, सिंह, एवं व्याल[7] (चीन के प्रसिद्ध ड्रेगान के सदृश अलंकरण), पुत्रिका, शालभंजिका, यक्ष, किन्नर, गन्धर्व, विद्याधर, अप्सरायें, देव-देवांगनायें एवं जाल आदि। तक्षकर्म की दो विधियाँ थीं-

(1) **निर्व्यूह**-इसमें आकृति का अंकन पृष्ठभूमि से बाहर की ओर उभार देकर किया जाता था।

(2) **कुहर**-भीतर की ओर खोदकर बनाने की विधि थी। गवाक्षों के जाल इसी विधि से बनाये जाते थे। पत्रलता के अलंकरण के लिये दोनों विधियाँ प्रचलित थीं।[8]

---

1. समराङ्गणसूत्रधार 29/29
2. कुमुददलावलीभिः पर्यन्तलिखितदन्तपत्रलतम् (कादम्बरी पृ. 590)
3. उज्ज्वलनिचोलक-अवगुण्ठ्यमान-हंसकुलैश्च शयनीयैः (हर्षचरित उ.4)
4. देवद्विजनृपाणां तु शस्तं मकरतोरणम् (शिल्परत्न 23/13)
5. मत्तवारणयोर्वरण्डकेन (वासवदत्ता पृ.33)
6. सुकृतेहामृगाकीर्णम् (रामायण अयो. 56/10)
7. बहुव्यालोपशोभितम् (नाट्यशास्त्र 2/81)
8. नाट्यशास्त्र 2/822

यह शिल्प अवधान, बुद्धिनैपुण्य, पर्यवेक्षण एवं कल्पनाशीलता की अपेक्षा रखता था। इस शिल्प ने विश्व को अलंकृत त्रासाद, स्तूप और चैत्य जैसी अनुपम कलाकृतियाँ उपहार में दी हैं। यह सुन्दर और शिव को दृश्य बनाने की कला थी, इसी कारण ललिविस्तर में इसे 'रूपम्' कहा गया है।

37. वास्तुविद्या

वास्तुविद्या या भवननिर्माण कला का विस्तृत वर्णन 'विश्वकर्मा-वास्तुशास्त्र' आदि शिल्पग्रंथों की विषयवस्तु के वर्णन प्रसंग में किया जा चुका है। स्थापत्य के आठ अंग माने गये थे-(i) वास्तुपुरुष-विकल्पना (ii) पुरविनिवेश (iii) प्रासाद-निवेश (iv) ध्वजोच्छ्रय (v) नृपति-वेश्म (vi) चातुर्वर्ण्य-गृह-विभाग (vii) यज्ञशालानिर्माण (viii) राजशिविरनिवेश (दुर्गकर्म)। इन अष्टांगों का ज्ञाता ही **'राजस्थपति'** पद का अधिकारी होता था।[1]

38. रूप्यरत्न-परीक्षा

कोशग्रंथों में 'रूप्य' शब्द का प्रयोग रजत और स्वर्ण दोनों के लिये हुआ है।[2] वज्र (हीरा), मुक्ता, प्रवाल (मूँगा), गोमेद, इन्द्रनील (नीलम), वैदूर्य, पुष्पराग (पुखराज), मरकत और माणिक्य **महारत्न** कहे गये हैं।[3] रजत और स्वर्ण का उपयोग मुद्राओं के अतिरिक्त आभूषण, पात्र, छत्रदण्ड, तलवार की मूँठ, भवन-तोरण, प्रासाद- शिखर, सिंहासन, पादपीठ, पर्यङ्कपाद आदि की रचना के लिये होता था। रत्नों का सर्वाधिक उपयोग आभूषणों के रूप में होता था। राजकोश में संग्रह से पूर्व रूप्य एव रत्नों की भलीभाँति परीक्षा कर ली जाती थी।[4] भूषा के अतिरिक्त ग्रहदोष, शान्ति, अनिष्टनिवारण, इष्टप्राप्ति आदि के लिये भी शुभ-अशुभ रत्नों की परीक्षा के बाद ही रत्न धारण किये जाते थे।[5] रत्न श्रेष्ठता, गुणातिशयता और बहुमूल्यता का प्रतीक था। इस श्रेष्ठता को जाँचने की कला ही 'रूप्यरत्न-परीक्षा' कही गई है।

प्रथमदृष्ट्या रजत और स्वर्ण की शुद्धता की परीक्षा उज्ज्वल वर्ण तथा स्निग्ध-कोमल स्पर्श से होती थी। अन्य परीक्षणें में कसौटी पर कसना[6] तथा अग्नि में तपाना[7] प्रमुख था। रत्नों की परीक्षा उनके गुण-दोषों के आधार पर की जाती थी, जिनका विस्तृत वर्णन अर्थशास्त्र, बृहत्संहिता, राजनिघण्टु आदि ग्रंथों में हुआ है।

---

1. तस्मात् कर्म च शास्त्रं च यो वेत्ति द्वितयं नरः।
   अष्टाङ्गमपि यो वेत्ति स राज्ञः स्थपतिर्भवेत्।। (समराङ्गणसू, 45/1-9)
2. रूप्यं तदूद्वयमाहतम् (अमरकोश 2/9/91)
3. शुक्रनीति 4/2/156
4. अर्थशास्त्र 5/8/13
5. बृहत्संहिता 80/1
6. सकेसरस्निग्धो मृदुर्भ्राजिष्णुश्च निकषरागः श्रेष्ठः (अर्थशास्त्र 2/13/24)
7. हेम्नः संलक्ष्यते ह्यग्नौ विशुद्धिः श्यामिकापि वा (रघुवंश 1/10)

39. **धातुवादः**
स्वर्ण, रजत, ताम्र, रीति (पीतल), काँस्य, त्रपु (रांगा), सीस (सीसा) और कालायस (लोहा) आदि धातुओं को खनि से निकालकर, शुद्ध करने, गलाने, मिलाने तथा इनसे विविध प्रकार के उपकरण, रसायन आदि बनाने का शिल्प 'धातुवाद' है। इस शिल्प के ज्ञाता को **'धातुवादविद्'** कहा जाता था। धातुशोधन की प्रक्रिया वैदिक मन्त्रों से ही ज्ञात थी। कच्ची धातु को गलाकर लोहा, सोना आदि निकालने की प्रक्रिया का उल्लेख शतपथ ब्राह्मण में हुआ है-

तस्मादश्मनोऽयो धमन्ति अयसो हिरण्यम्।[1]

कर्मार (लुहार) धातुओं को गलाने के लिये धौंकनी का प्रयोग करता था[2]। परवर्ती युग में 'धातुवाद' का शिल्प अपने चरम उत्कर्ष पर पहुँचा था। भू-गर्भ में निहित धातुओं का मानवीय हित और समृद्धि के लिये उपयोग का यह शिल्प था।

40. **मणिराग-आकरज्ञानम्**
मणि-राग (मणियों को रंगने) एवं उनके आकर अर्थात् स्रोत (उत्पत्तिस्थान) का ज्ञान भी प्राचीन भारत में एक कला मानी थी। अपने चिरस्थायी चमकदार रंग एवं प्रभामण्डल के कारण मणियाँ अनादिकाल से ही मानव को आकर्षित करती रही हैं। चूडामणि से लेकर नूपुर-मणि तक आभूषणों में इनका उपयोग हुआ है। मन्दिरों और राजभवनों को भी मणियों ने अपने रश्मिजाल से उद्भासित किया है। मणि शब्द का अभिप्राय उन बहुमूल्य चमकदार पत्थरों से है जो अन्धकार में प्रकाश बिखेरते हैं। कोशग्रंथों में मणि और रत्न को पर्यायवाची माना गया है तथा मुक्ता एवं प्रवाल को भी मणि कहा गया है। मणियों के अपने विशिष्ट रंग हैं। पद्म के समान लाल रंग की मणि पद्मराग कही जाती है। शुक, वंश-पत्र, कदली और शिरीष पुष्प के समान आभा वाली हरित वर्ण मणि की संज्ञा मरकत है[3]। अतः मणि-राग का अभिप्राय स्फटिक या 'काचमणि' को नाना रंगों में रंगकर पद्मराग आदि बहुमूल्य मणियों के समान वर्णशोभा को उत्पन्न करना है। मणि को रंगने की प्रक्रिया विज्ञान का अंग थी तो उनमें वर्णों की सुन्दर योजना कला का अंग। इसका प्रयोजन शोभा, भूषा और धन की प्राप्ति थी।[4]

इस कला का द्वितीय पक्ष मणियों के आकर का ज्ञान था। कौटिल्य ने मणियों के तीन आकरों का उल्लेख किया है-खनि, स्रोत (जलप्रवाह) एवं प्रकीर्ण।[5] महाकवि कालिदास

---

1. शतपथब्राह्मण 5/1/2/19
2. ब्रह्मणस्पतिरेता सं कर्मार इवाधमत (ऋग्वेद/10/72/2)
3. अर्थशास्त्र 2/11/30-40
4. स्फटिकमणीनां रञ्जनविज्ञानमर्थार्थं भूषणार्थं च (कामसूत्र 1/3/15 पर यशोधर की टीका)
5. अर्थशास्त्र 2/11/39

ने 'न रत्नमन्विष्यति मृग्यते हि तत्' कहकर रत्न की बहुमूल्यता के साथ उसकी दुर्लभता को भी सूचित किया है। प्राचीन भारत ने इस शिल्प को एक व्यवसाय के रूप में विकसित किया था।

41. **वृक्षायुर्वेदयोगाः**

मानव ने प्रकृति की जिस हरी-भरी गोद में जन्म लिया है; वनस्पति जगत् के जिस अवदान से वह पुष्ट हुआ है; निसर्ग की जिस पावन सुन्दरता ने उसे मन की उदात्तता और विश्रान्ति दी है-उसी निसर्ग को अपने समीप बसा लेने की, आत्मीय बना लेने की कला है-**वृक्षायुर्वेदयोग**।

आयुर्वेद का अर्थ है-आयु को देने वाला वेद या शास्त्र। वृक्षायुर्वेद वृक्षों को दीर्घायुष्य एवं स्वास्थ्य प्रदान करने वाला शास्त्र है। अतः यह वृक्षों के रोपण, पोषण, चिकित्सा एवं **'दोहद'** आदि के द्वारा मनचाहे फल, फूलों की समृद्धि को प्राप्त करने की कला है। इस कला का उद्देश्य है-मनोरम उद्यान या उपवन की रचना।[1]

प्राचीन भारत में उद्यान; नगरनिवेश एवं भवन-वास्तु के अनिवार्य अंग माने गये थे। वराह के अनुसार उद्यानों से युक्त नगरों में देवता सर्वदा निवास करते हैं-**रमन्ते देवता नित्यं पुरेषूद्यानवत्सु च**।[2]

इस कला के अन्तर्गत निम्न विषयों का निरूपण हुआ है-उपवनयोग्य भूमि का चयन, वृक्षरोपण के लिये भूमि तैयार करना, मांगलिक वृक्षों का प्रथम रोपण, पादप-संरोपण, पादप-सिंचन, वृक्ष-चिकित्सा, बीजोपचार, वृक्षदोहद, कतिपय अलौकिक प्रयोग आदि।[3]

वस्तुतः वृक्षायुर्वेदयोग विज्ञान और कला, प्रयोग और चमत्कार का रोचक समन्वय है।

42. **मेषकुक्कुट-लावकयुद्धविधिः**

यह प्राचीन भारत की एक मनोरंजक कला है जिसका अर्थ है-भेड़, मुर्गा और तीतर लड़ाने की कला। वात्स्यायन इसे **कलाक्रीड़ा** या कलात्मक विनोद कहते हैं।[4] पशु-पक्षियों को लड़ाकर उनके युद्ध, घात-प्रतिघात, हार और जीत से उत्तेजना प्राप्त करने की प्रवृत्ति मानव में चिरन्तन से रही है। चीन-तुर्किस्तान की चंगबाजी और रोमन पशु-युद्ध का उन्माद विश्वप्रसिद्ध रहा है। प्राचीन भारत में इन क्रीडाओं के लिये हाथी, घोड़े आदि के साथ मेढ़े एवं शुक-सारिकाओं के साथ तीतर-लाव आदि पक्षी भी पाले जाते थे। राजभवनों के द्वितीय प्रकोष्ठ में इन पशुओं को तथा छठें प्रकोष्ठ में पक्षियों को रखा जाता था।

मृच्छकटिक में वसन्तसेना के भवन में ऐसे पशुओं की खातिरदारी एवं शिक्षा देखी जा सकती है जहाँ एक मल्ल के समान मेष की गर्दन पर मालिश की जा रही है, लावक

---

1. रोपणपुष्टिचिकित्सावैचित्र्यकृतो गृहोद्यानार्थाः (कामसूत्र पर यशोधर की टीका)
2. बृहत्संहिता 56/8
3. बृहत्संहिता अ.56
4. लावककुक्कुटमेषयुद्धानि तास्ताश्च कलाक्रीडाः (कामसूत्र 1/4/8)

कराया जा रहा है।[1] कादम्बरी में उज्जयिनी के राजकुल में पक्षियों को युद्ध का अभ्यास कराया जा रहा है। हम ऐसा ही पक्षि-युद्ध देखते हैं।[2] दशकुमारचरित में हाट में होने वाले **'कुक्कुट-युद्ध'** का एक रोचक वर्णन प्राप्त होता है।[3]

ये युद्ध पण या बाजी लगाकर लड़े जाते थे। अतः इन्हें 'प्राणि-द्यूत' **'संजीवद्यूत'** और समाह्वय भी कहा गया है।[4]

यह शास्त्र और कौशल द्वारा पशु-पक्षियों को साधकर उनके युद्ध से उत्तेजना, जोश और वीर रस का आनन्द प्राप्त करने की कला है।

43. शुकसारिकाप्रलापनम्

आकाशचारी विहग और इस धरती पर बसने वाले मानव के स्नेह संबंध से जो कला विकसित हुई है; उसे 'शुकसारिका-प्रलापन' अर्थात् तोता-मैना को पढ़ाने की कला कहा गया है। नाना प्रकार के पक्षियों में से तोता-मैना इस प्रकार के पक्षी हैं जिनमें मनुष्य के समान ध्वनियों के उच्चारण की क्षमता पाई जाती है। प्राचीन काल से आज तक भारतीय घरों में जिन पक्षियों को पाला जाता है, उनमें से प्रमुख हैं-शुक और उसकी संगिनी सारिका। प्राचीन भारत के इन वाङ्निपुण पक्षियों ने राजभवनों, गणिकावाटों और नागरकों के गृहों के साथ ही गुरुकुलों और आश्रमों की शोभा भी बढ़ाई थी। उज्जयिनी के राजभवनों में निशा का अवसान शुक्र-सारिकाओं के मंगलगीतों से होता था।[5] बौद्धभिक्षु दिवाकरमित्र के आश्रम में शुक्र-सारिकायें 'धर्मदेशना[6] करते थे तो मीमांसक मण्डनमिश्र के घर में स्वतःप्रमाण और परतःप्रमाण पर शास्त्रार्थ।[7]

शुक-सारिकाओं की इस योग्यता के तीन कारण माने गये थे-(i) पूर्व जन्मों के संचित संस्कार (ii) पुरुष का प्रयत्न और शिक्षा तथा (iii) निरन्तर श्रवण। पोषित शुकों को विधिवत् शिक्षा दी जाती थी। नागरक मध्याह्न भोजन के बाद अपने शयनगृह में आराम करता हुआ इन्हें बोलना सिखाता था।[8] कन्यान्तःपुरों में इन्हें उपदेश दिया जाता था।[9] मानव के पक्षीप्रेम और इन विहगों की विशिष्ट योग्यता से यह मनोरम कला विकसित हुई थी।

---

1. मृच्छकटिक, अंक.-4
2. आबद्धमेषकुक्कुट-कुरर-कपिंजललाववर्तिकायुद्धम् (कादम्बरी पृ.271)
3. दशकुमारचरित मध्यपीठिका उ.5
4. (i) प्राणिद्यूतं समाह्वयः (अमरकोश 2/10/46)
   (ii) सजीवद्यूतविधानमेतत् (कामसूत्र 1/3/15 पर यशोधर की टीका)
5. कादम्बरी पृ.165
6. हर्षचरित उद्वास-8
7. स्वतः प्रमाणं परतः प्रमाणं कीराङ्गना यत्र गिरो गिरन्ति।
   द्वारस्थनीडान्तरसन्निरुद्धा, जानीहि तन्मण्डनमिश्रधाम।।
8. भोजनान्तरं शुकसारिकाप्रलापनव्यापाराः (कामसूत्र 1/4/8)
9. हरिणिके, देहि पञ्जरशुसारिकामुपदेशम् (कादम्बरी पृ.533)

44. उत्सादने संवाहने केशमर्दने च कौशलम्

मानव को सुन्दर, स्वस्थ और आकर्षक बनाये रखनेवाली कलाओं में से एक कला है-मर्दनकला (मालिश या मसाज की कला)। यशोधर के अनुसार वात्स्यायन-प्रोक्त ये तीनों क्रियायें मर्दन के ही प्रकार हैं। पैर से किया जाने वाला मर्दन **उत्सादन** है। हाथ से तेल आदि से शिर का मर्दन **केशमर्दन** है। शेष अंगों का मर्दन **संवाहन** है। आयुर्वेद में इन तीनों के ही विशिष्ट गुण कहे गये हैं। साहित्य में संवाहन का वर्णन एक सुकुमार कला के रूप में हुआ है। भास के चारुदत्त नाटक में गणिका वसन्तसेना इस कला की प्रशंसा करते हुये कहती हैं-सुकुमारकला शिक्षितार्येण।[1] 'शिक्षिता' पद का प्रयोग यह सूचित करता है कि इस कला की विधिवत् शिक्षा प्राप्त की जाती थी। इस कला में निपुण व्यक्ति को **'संवाहक'** या अंगमर्दक कहा जाता था। इस कला के कई मनोरम चित्र साहित्य में प्राप्त होते हैं। महाराज दुष्यन्त अस्वस्थ शकुन्तला को सुख देने के लिये उसके पद्मताम्र चरणों को अपने अंक में रखकर दबाना चाहते हैं।[2]

महाराज शूद्रक शय्या पर बैठे हैं। भूमितल पर बैठी हुई प्रतिहारी नवनलिनदल-कोमल करसम्पुट से उनके चरणों को दबा रही है।[3] आयुर्वेद में संवाहन के निम्नलिखित लाभ बताये गये हैं-

प्रीतिनिद्राकरं वृष्यं कफवातश्रमापहम्।
संवाहनं मांसरक्तत्वक्प्रसादकरं मतम्।।

यही कारण है कि सभी वर्ग के स्त्री-पुरुष यहाँ तक कि राजकुमार भी इस कला को सीखते थे। युवतियाँ इस कला से अपने प्रेमियों को वश में कर लेती थीं[4] तो पुरुष अपनी प्रेयसियों को प्रसन्न। सुन्दर रूप-रस और गन्ध से मिलने वाले आनन्द के समान सुन्दर स्पर्श का भी एक आनन्द है और इसी आनन्द को देती है-संवाहनकला।

45. अक्षरमुष्टिकाकथनम्

मनुष्य ने अपनी अभिव्यक्ति के माध्यम 'भाषा' का मनोरञ्जन के लिये प्रयोग करते हुये अपने बुद्धिचातुर्य और कल्पना-कौशल से जिन कलाओं को विकसित किया है, उनमें से एक है-'अक्षरमुष्टिका-कथन' अर्थात् सङ्केताक्षरों का अर्थ बताने की कला। अक्षरमुष्टिका की व्याख्या दो प्रकार से की जा सकती है-

1. चारुदत्त, अंक-2
2. अङ्के निधाय करभोरु यथासुखं ते
   संवाहयामि चणावुत पद्मताम्रौ (अभि.शाकु 3/9)
3. कादम्बरी पृ.51
4. कामसूत्र 3/3/40

प्रथम-अक्षरमुष्टिका अर्थात् 'अक्षरों की मुट्ठी'। इसमें पदों को अक्षरों की मुट्ठी में बन्द कर दिया जाता है। अक्षरों के माध्यम से उनका अनुमान करते हुये उन पदों को बताना होता है।

द्वितीय-अक्षरमुष्टिका अर्थात् 'अक्षरों को बताने वाली मुट्ठी'। इसमें मुट्ठी खोलना, अंगुली उठाना आदि हस्त-संकेतों से अक्षरों को जानकर उनसे पद बनाकर उनका अर्थ बताना होता है।[1] इष्टमित्रों की गोष्ठियों और कविसमवायों में इस प्रकार की क्रीड़ाओं द्वारा मनोविनोद के साथ ही बुद्धि की धार को तेज किया जाता था।

46. **म्लेच्छितविकल्पाः**

भाषाबोध के ही एक कौशल का प्रकार है-'म्लेच्छितविकल्प' अर्थात् गुप्तभाषा का ज्ञान। यशोधर के अनुसार-साधु शब्दों की; अक्षरविन्यास के कारण अस्पष्टता म्लेच्छित कही जाती है, इसके विकल्प या प्रकारों को 'म्लेच्छित-विकल्प' कहते हैं। यह उच्चारण या लेखन में अस्पष्टता के द्वारा अपनी बात को रहस्यमय या गुप्त बनाने की कला है। ऐसी भाषा को समझना और उसका स्वयं प्रयोग करना दोनों ही इस कला के अन्तर्गत आते हैं। इस प्रकार की भाषा का प्रयोग विशेष रूप से गुप्तचरों की संस्था के लिये होता था। कौटिल्य इसके लिखित रूप को 'गूढलेख' या **'संज्ञालिपि'** कहते हैं।[2] इसे **कूटभाषा** भी कहा जा सकता है।

47. **देशभाषाविज्ञानम्**

देश-भाषाओं का ज्ञान भी एक कला है। संस्कृत में देशभाषा शब्द का प्रयोग जातिभाषा, लोकभाषा या क्षेत्रीय बोलियों के अर्थ में हुआ है। भरतमुनि ने नाट्यप्रयोग के सन्दर्भ में भाषाओं के चार प्रकारों की चर्चा की है-(i) **अतिभाषा** (ii) आर्यभाषा (iii) जातिभाषा तथा (iv) **योन्यन्तरी भाषा**। इनमें से जातिभाषा को ही **देशभाषा** कहा गया है। प्राचीन भारत में सात देश-भाषायें मुख्य मानी गई थीं- मागधी, आवन्ती, प्राच्या, शौरसेनी, अर्द्धमागधी, बाह्लीका और दाक्षिणात्या।[3]

प्राचीन भारत के नागरक, राजकुमार, राजकुमारियाँ, गणिकायें, कवि और अभिनेता देशभाषाओं की विधिवत् शिक्षा प्राप्त करते थे। बाणभट्ट ने उज्जयिनी के प्रधान पुरुषों को 'शिक्षित-अशेष-देशभाषा' तथा **'सर्वलिपिज्ञ'** कहा है।[4] राजकुमार चन्द्रापीड ने भी सभी भाषाओं और लिपियों में कौशल अर्जित किया था।[5]

---

1. अक्षराणां मुष्टिरिव मुष्टिका गुप्तिरीतिः। सा साभासा निराभासा च।
(कामसूत्र 1/3/15 पर यशोधर की टीका)
2. संज्ञालिपिभिश्चारसंचारं कुर्युः, गूढलेख्यसंज्ञाभिर्वा चारं निर्हारयेयुः, (अर्थशास्त्र 1/12/13,15)
3. नाट्यशास्त्र 18/27, 28, 47, 48
4. कादम्बरी पृ. 158
5. चन्द्रापीडोऽपि अचिरेणैव कालेन.....सर्वलिपिषु, सर्वदेशभाषासु....परं कौशलमवाप (कादम्बरी पृ.232)

अथर्ववेद के ऋषि ने नाना भाषा-भाषी लोगों के लिये पृथिवी के रूप में जिस 'एकघर' की आराधना की थी-जनं बिभ्रती बहुधा विवासं नानाधर्माणं पृथिवी यथौकसम्[1] उसी घर के स्वप्न को साकार करने की कला है-देशभाषाविज्ञान।

48. पुष्पशकटिका

छोटी गाड़ी या खिलौनागाड़ी को 'शकटिका' कहा जाता है। शकटिका को पुष्पों से सजाना या **शकटिका** बनाना भी एक कला थी। किन्तु इस कला के विशेष सन्दर्भ प्राप्त नहीं हैं।

49. निमित्तज्ञानम्

मनुष्य ने अपने सूक्ष्म प्रकृतिनिरीक्षण और सुदीर्घ अनुभव से जिन कलाओं को विकसित किया है, उनमें से एक है-निमित्तज्ञान अर्थात् शकुन-अपशकुन के विचार की कला। मानव के अदृष्ट या नियति के सूचक ग्रहनक्षत्रों की गति, प्राकृतिक परिदृश्य आदि अनेक तत्त्वों में से कुछ संकेत ऐसे हैं जो आसन्न (तुरन्त या निकट भविष्य में घटने वाली) घटनाओं, शुभ और अशुभ की सूचना देते हैं, इन्हें ही **निमित्त** कहा गया है। फल के आधार पर समस्त निमित्तों को दो वर्गों में रखा जा सकता है-1. शुभ एवं 2. अशुभनिमित्त। इन निमित्तों में प्राकृतिक परिदृश्य (पवन की अनुकूलता[2] दिशाओं की निर्मलता, फल-पुष्प समृद्धि), पशु-पक्षियों की गतिविधियाँ एवं ध्वनि[3], अङ्गस्पन्दन[4], स्वप्न[5] आदि आते हैं। बाणभट्ट के अनुसार-जैसे वृक्ष का विकार भूगर्भ में छिपे धन का, सब ओर छिटकता हुआ प्रकाश श्रेष्ठ मणि का, लाली सूर्योदय का तथा तेज हवा का झोंका वर्षा के आगमन का सूचक होता है उसी प्रकार निमित्त शुभ-अशुभ के सूचक होते हैं।[6]

प्रकृति और जीव-जगत् के इङ्गित को समझकर अनिष्ट के निवारण, इष्ट की प्राप्ति तथा अवश्यम्भावी मंगल-अमङ्गल के लिये स्वयं को मानसिक रूप से तैयार करने की कला थी-निमित्तज्ञान।

48. यन्त्रमातृका

यंत्र-रचना की विद्या या कला यंत्रमातृका कही जाती है। 'यन्त्र' शब्द की निष्पत्ति 'यम्' धातु से हुई है। भूतों की स्वैच्छिक गति को जिस उपकरण में नियन्त्रित कर दिया जाता है; उसे **यन्त्र** कहते हैं।[7] यन्त्र के बीज चार हैं-भूमि, जल, वायु और अग्नि। इनका

---

1. अथर्ववेद 12/1/45
2. पवनश्चानुकूलत्वात्प्रार्थनासिद्धिशंसिनः (रघुवंश 1/42)
3. बृहत्संहिता, शकुनरुत अध्याय 88
4. स्पन्दते मे दृढं बाहुरुद्विग्नमिव मे मनः।
   प्रायश्चाप्यनिष्टानि निमितान्युपलक्षये।। (रामायण अरण्य का. 69/2)
5. हर्षचरित, उच्छ्वास-5
6. हर्षचरित, उच्छ्वास 4/34
7. यदृच्छया प्रवृत्तानि भूतानि स्वेन वर्त्मना।
   नियम्यास्मिन् नयति यत् तद् यन्त्रमिति स्मृतम्।। (समराङ्गण सू. 31/3)

आश्रय होने के कारण आकाश भी बीज या उपादान होता है। जल, वायु और अग्नि यंत्र में शक्ति या ऊर्जा के रूप में प्रयुक्त होते हैं। भौम या पार्थिव तत्त्वों से यन्त्र के विविध अंगों की रचना होती है।

संचालन या गति की दृष्टि से यन्त्र चार प्रकार के होते हैं-(i) स्वयंवाहक (Automatic), (ii) **सकृत्प्रेर्य** (प्रथमवार प्रेरित किये गये), (iii) **अन्तरितवाह्य** (मध्य-मध्य में प्रेरित), (iv) **अदूरवाह्य** (दूर से संचालित (Remote controlled), उपयोग की दृष्टि से यन्त्र मुख्य रूप से चार प्रकार के होते हैं-(i) यानयन्त्र (ii) उदक यन्त्र (iii) संग्रामयन्त्र (iv) गृह्ययन्त्र।

यन्त्र के निम्नलिखित गुण माने गये हैं-यथावद्बीजसंयोग, सौश्लिष्ट्य, श्लक्ष्णता, अलक्षता, निर्वहण, लघुत्व, शब्दहीनता, अशैथिल्य, अस्खलद्गति, अभीष्टकारित्व, लयतालानुगामिता, सम्यक् संवृत्ति, अनुल्बणत्व, ताद्रूप्य (मूल के सदृश रूप), दृढता, मसृणता एवं चिरकालसहत्व।[1] ये गुण ही **यन्त्रविज्ञान** को एक कला के रूप में प्रतिष्ठित करते हैं।

51. धारणमातृका

शास्त्रों के अवबोध एवं स्मरणशक्ति को बढाने वाली विद्याओं का ज्ञान, उनसे अलोकसामान्य **धारणाशक्ति** की प्राप्ति एवं जीवन में प्रयोग भी एक कला मानी गई है। यशोधर ने धारणशक्ति को बढाने वाली विद्या के पाँच अंग कहे हैं-वस्तु कोशस्तथा द्रव्यं लक्षणं केतुरेव च।[2]

52. सम्पाठ्यम्

वाचिक कलाओं में से एक है-'सम्पाठ्य' अर्थात् भली भाँति पढ़ने की कला। यशोधर ने इसे-'किसी पढ़े हुये श्लोक को सुनकर ज्यों का त्यों दोहराने या मिलकर पढने की कला' कहा है। 'पाठ्य' के साथ जुड़ा हुआ 'सम्' उपसर्ग-'भली भाँति' और 'साथ' इन दोनों ही अर्थों का बोधक है। प्राचीन भारत में जब मुद्रित ग्रंथ नहीं थे, तब ज्ञान की धारा इस 'सम्पाठ्य' की कला से ही आगे बढ़ी है। वेदों की 'श्रुति' संज्ञा इस कला से ही सार्थक हुई है।

इस कला की प्राचीनता का एक रोचक साक्ष्य हम ऋग्वेद के 'मण्डूक सूक्त' में पाते हैं[3]। सम्पाठ्य का सबसे सुन्दर उदाहरण-काव्यपाठ है। राजशेखर के अनुसार कवि जैसे-तैसे काव्यरचना तो कर लेता है किन्तु काव्यपाठ करना वही जानता है, जिसे सरस्वती सिद्ध होती है।[4]

---

1. समराङ्गणसूत्रधार 31/45-50
2. कामसूत्र 1/3/15 पर यशोधर की टीका।
3. ऋग्वेद 7/103/1,4,5
4. करोति काव्यं प्रायेण संस्कृतात्मा यथा तथा।
   पठितुं वेत्ति स परं यस्य सिद्धा सरस्वती।। (काव्यमीमांसा अ.7)

गम्भीरता, सस्वरता, ऊँचे-नीचे स्वर का भली भाँति निर्वाह और संयुक्ताक्षरों को पढ़ने में लावण्य-ये पाठक के गुण कहे गये हैं। ललित स्वर से, काकुयुक्त, सुस्पष्ट, अर्थ के अनुसार विराम देते हुये, कलमधुर ध्वनि से एक-एक अक्षर को स्पष्ट रूप से पढ़ना प्रशंसनीय कहा गया है।[1] वस्तुतः-**'पाठसौन्दर्यं नैकजन्मविनिर्मितम्'** है।

53. मानसी काव्यक्रिया

यशोधर के अनुसार इस कला के दो रूप हैं। प्रथम-केवल लिखित व्यंजनों अथवा पद्म, उत्पलादि आकृतियों से श्लोक की रचना करना; द्वितीय प्रकार **चित्रकाव्य खड्गबन्ध,** मुरजबन्ध आदि में देखा जा सकता है। मानसी काव्य-क्रिया में ही काव्यार्थ की कल्पना है। इसका प्रयोजन मनोरंजन और प्रतिस्पर्द्धा है।

54.-55 अभिधानकोशच्छन्दोज्ञानम्

शब्दकोष और छन्दों का ज्ञान भी कला मानी गई है। इस नामरूपात्मक जगत् के असंख्य रूपों और उनकी क्रियायों को अलग-अलग भाषाओं में अलग-अलग नामों से कहा गया है। इन नामों या पदों के संग्रह तथा इनका अर्थ बताने वाले शास्त्र को ही **अभिधानकोश** कहते हैं। व्याकरणशास्त्र केवल शब्द का अनुशासन करता है, जबकि अभिधानकोश शब्द और अर्थ दोनों का। अतः यह व्याकरण का सर्वस्व एवं विद्यास्थान है। इस कला का प्राचीनतम उदाहरण 'निघण्टु' नामक वैदिक पदकोश है। 'अभिधानकोशज्ञान' की कला मनुष्य को कवि, मनीषी और वाग्मी बनाने का साधन है।

'छन्द' कला सृष्टि का मूल है, क्योंकि शिल्प के लिये आवश्यक है-सौन्दर्य; जो लय, संतुलन, अनुपात और सुसंगति से ही साध्य होता है। शिल्पी के मन में रूप का एक ऐसा सजीव छन्द सृजित होता है जो विश्व-व्यापी समष्टिछन्द से मिलकर शब्द, नाद, रेखा, वर्ण, गति और अभिनय से अभिव्यक्त होकर गीत, नृत्य, चित्र आदि कला बन जाता है। विद्या या कला के रूप में 'छन्द' की गणना षड्वेदांगों में होती है। वेदों की स्थिति ओर गति दोनों का कारण ही 'पादभूत' छन्द हैं।[2] छन्दश्शास्त्र का प्राचीन अभिधान 'छन्दोविचिति' है। आचार्य पिङ्गल द्वारा प्रणीत छन्दस्सूत्र इस विद्या का मान्य प्रामाणिक ग्रंथ है। छन्द-विद्या के आद्य प्रवर्तक भगवान् शिव हैं। ऋग्वेद में गायत्री, उष्णिक्, अनुष्टुप् आदि छन्दों को अग्नि, सविता, सोम आदि देवों से संबद्ध किया गया है।[3] न केवल काव्यसृष्टि अपितु जीवन को सुन्दर, कलामय बनाने के लिये भी छन्दोज्ञान आवश्यक है।

---

1. काव्यमीमांसा अ.7
2. छन्दः पादौ तु वेदस्य (पाणिनीय शिक्षा 41)
3. ऋग्वेद 10/130/4-5

56. **क्रियाकल्पः**

'काव्यकरण विधि'[1] अर्थात् अलंकारशास्त्र या काव्यशास्त्र को क्रिया-कल्प कहा जाता है। भारतीय काव्यशास्त्र की परम्परा अतिप्राचीन है। भरतमुनि के नाट्यशास्त्र से लेकर भामह, वामन, दण्डी, आनन्दवर्धन, अभिनवगुप्त, राजशेखर, कुन्तक, महिमभट्ट, क्षेमेन्द्र, भोजराज, मम्मट, विश्वनाथ, पण्डितराज जगन्नाथ आदि आचार्यों ने काव्यशास्त्र के साथ ही कला के विविध पक्षों-कलासृष्टि, कला-प्रयोजन, कला-आस्वाद, कला-समीक्षा आदि की भी चर्चा की है। अतः क्रियाकल्प का ज्ञान भी एक कला है।

57. **छलितकयोगा**

'परातिसंधान' (दूसरों को छलने की) विद्या छलितक योग कही जाती है। कूटनीति अथवा राजनीति का यह एक आवश्यक अंग है।[2] इसमें रूपपरिवर्तन, वेशपरिवर्तन आदि उपाय आते हैं। कौटिल्य ने इस कला का उपयोग विशेष रूप से गुप्तचरों के लिये किया है।[3] शूर्पणखा का रूपपरिवर्तन इसी कला का उदाहरण है।

58. **वस्त्रगोपनानि**

वेश या वस्त्रों का प्रयोजन जहाँ शीत-ताप आदि से शरीर की रक्षा है वहीं अप्रकाश्य का गोपन और त्रुटित का संवरण भी है। वस्त्र 'से गोपनानि की कला कुत्सित और अश्लील के संगोपनपूर्वक रूप के उन्मीलन की कला है।

59-60. **द्यूतविशेषा-आकर्षक्रीडा**

अक्षक्रीड़ा या द्यूतक्रीड़ा और **पाशकक्रीड़ा** (पासे का खेल) प्राचीन भारत के व्यसनात्मक विनोद रहे हैं। इनकी निन्दा भी हुई है और दुर्निवार आकर्षण शक्ति[4] का वर्णन भी। प्राचीन युग में बहेरे का फल अक्ष रूप में व्यवहृत होता था। **शारि-फलक** (dice board) को 'इरिण' कहा जाता था। महाभारत के सभापर्व के अन्तर्गत द्यूत पर्व और अनुद्यूत पर्व में पाशकक्रीड़ा के दुष्परिणामों को बताया गया है। व्यसन के रूप में यह क्रीडा हानिकारक होते हुये भी एक विशुद्ध कीड़ा के रूप में मनोविनोद का साधन रही है। विवाह के अवसर पर वधू की सखियाँ वर को द्यूतक्रीडा में नाना प्रकार के पण रखकर छकाने का उपाय करती थीं। स्त्री-पुरुषों के प्रेमद्यूतों में हारना भी जीतने का आनन्द देता था।

---

1. काव्यकरणविधिः काव्यालङ्कार इत्यर्थः (कामसूत्र 1/3/15 पर यशोधर की टीका)
2. परातिसन्धानमधीयते यैर्विद्येति (अभिज्ञान शा. 5/25)
3. रागापरागौ भर्तरि रन्ध्रं च प्रकृतीनां तापसवैदेहकव्यंजनाभ्यामुपलभेत (अर्थशास्त्र 1/15/27)।
4. (i) द्यूतं हि नाम पुरुषस्य असिंहासनं राज्यम्
   द्रव्यं लब्धं द्यूतेनैव, दारा मित्रं द्यूतेनैव।
   दत्तं भुक्तं द्यूतेनैव, सर्वं नष्टं द्यूतेनैव।। (मृच्छकटिक 2/7)
   (ii) ऋग्वेद (अक्षसूक्त) 10/34

61. बालक्रीडनकानि

बच्चों को प्रसन्न करने के लिये बालक्रीडाओं का ज्ञान एवं बालक्रीडनकों की रचना एक कला मानी गई है। 'क्रीडारस' से आनन्द प्राप्त करने की प्रवृत्ति चिरन्तन है। अतः यह कला भी मनोविनोद के लिये है। संस्कृत साहित्य में नानाप्रकार की बालक्रीडाओं का वर्णन हुआ है-यथा कन्दुकक्रीड़ा, पुत्रिका-क्रीड़ा, सैकतवेदिका-रचना, नदियों के बालुकामय तट पर मणियों को छिपाने और ढूँढ़ने का खेल आदि।

नगाधिराज-तनया पार्वती, अपनी सखियों के साथ इन बालक्रीडाओं का आनन्द लेते हुये वर्णित हुई हैं।[1] मगधराजकन्या पद्मावती का प्रिय खेल कन्दुकक्रीड़ा[2] है तो अलकापुरी की यक्षकन्याओं का मणियों को छिपाने ढूँढ़ने का खेल।[3] कन्दुकक्रीड़ा की कला का चरमपरिपाक राजकुमारी कन्दुकावती के **कन्दुकनृत्य** में देखा जाता है।[4]

62. वैनयिकीनां विद्यानां ज्ञानम्

यह वैनयिकीविद्या'-अर्थात् विनय का आधान करने वाली विद्याओं के ज्ञान से स्व एवं पर को विनीत बनाने की कला है। 'विनय' एक ऐसा आंतरिक गुण है जो न केवल मनुष्य के वैदुष्य को शोभित करता है अपितु सम्पूर्ण व्यक्तित्व को ही उद्भासित करता हुआ जीवन-पथ को सुगम बना देता है। इस विद्या के अन्तर्गत नीतिशास्त्र या **आचारशास्त्र** आता है। कौटिल्य विनय का हेतु इन्द्रियजय को मानते हैं-**विद्याविनयहेतुरिन्द्रियजयः**।

विद्या-वृद्धों का नित्यसंयोग भी विनय की वृद्धि करता है। विद्याविनीत राजा ही प्रजा को विनीत करता हुआ लोकमंगल का साधक होता है-

विद्याविनीतो राजा हि प्रजानां विनये रतः।
अनन्यां पृथिवीं भुङ्क्ते सर्वभूतहिते रतः।।[५]

इस कला के अन्तर्गत हस्तिशिक्षा, अश्वशिक्षा आदि का ज्ञान भी परिगणित होता है जिसके द्वारा इन पशुओं को नियंत्रित किया जाता है। कौटिल्य ने विद्याध्ययन काल में दिन का पूर्वभाग इन विद्याओं की शिक्षा के लिये नियत किया है।[6]

---

1. मन्दाकिनीसैकतवेदिकाभिः सा कन्दुकैः कृत्रिमपुत्रकैश्च।
   रेमे मुहुर्मध्यगता सखीनां क्रीडारसं निर्विशतीव बाल्ये।। (कुमारसंभव 3/29)
2. स्वप्नवासवदत्तम् अंक.2
3. अन्वेष्टव्यैः कनकसिकतामुष्टिनिक्षेपगूढैः
   संक्रीडन्ते मणिभिरमरप्रार्थिता यत्र कन्याः (मेघदूत 2/4)
4. दशकुमारचरित, मध्यपी. उच्छ्वास-6
5. अर्थशास्त्र 1/4,5
6. पूर्वमहर्भागं हस्त्यश्वरथप्रहरणविद्यासु विनयं गच्छेत् (अर्थशास्त्र 1/4/6)

63. **वैजयिकीनाम् विद्यानां ज्ञानम्**

सभी कलाएँ, शिल्प और शास्त्र जीवन-संग्राम में मानव को विजयी बनाने के लिये हैं, तथापि यशोधर ने इन विद्याओं को दो प्रकार का माना है (1) दैवी और (2) मानुषी। **'अपराजिता'** आदि दैवी विद्यायें हैं। संग्रामविद्या, युद्धकौशल और शस्त्रविद्या मानुषी विद्यायें हैं। इनका ज्ञान भी एक कला है। विक्रमोर्वशीय के एक सन्दर्भ के अनुसार देवगुरु बृहस्पति के द्वारा अपराजिता विद्या[1] की शिक्षा उर्वशी को दी गई थी। विश्वामित्र ने बला और अतिबला नामक दिव्य विद्याओं की शिक्षा श्रीराम को प्रदान की थी।[2]

64. **व्यायामिकीनां विद्यानां ज्ञानम्**

मृगया, मल्लविद्या आदि व्यायामिकी विद्याओं आदि का ज्ञान भी एक कला है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिये इस विद्या का ज्ञान आवश्यक है। मृगया की प्रशंसा करते हुये महाकवि कालिदास कहते हैं-

मेदश्छेदकृशोदरं लघु भवत्युत्थानयोग्यं वपुः
सत्त्वानामपि लक्ष्यते विकृतिमच्चित्तं भयक्रोधयोः।
उत्कर्षः स च धन्विनां यदिषवः सिध्यन्ति लक्ष्ये चले
मिथ्यैव व्यसनं वदन्ति मृगयामीदृग् विनोदः कुतः।।[3]

कादम्बरी में स्नान से पूर्व महाराज शूद्रक द्वारा व्यामामशाला में व्यायाम किये जाने का वर्णन हुआ है।[4] इस प्रकार स्वास्थ्य और सौन्दर्य, आत्मोत्कर्ष और विजय, इन सभी को उपर्युक्त तीन विद्याओं से साधा जाता था।

परमानन्द की उपलब्धि को ही जीवन का चरम लक्ष्य मानने वाली भारतीय संस्कृति चतुःषष्टि कलाओं के माध्यम से दैनन्दिन जीवन में भी आनन्द की उपासना करती रही है, क्योंकि महाशिव की आद्याशक्ति महामाया इस जगत् को प्रपञ्चित करती हैं, 'सदानन्द' ही जिनका आहार है। ललितास्तवराज में कहा गया है-

---

1. चित्रलेखा-भगवता देवगुरुणा अपराजितां नाम शिखाबन्धनविद्यामुपदिशता त्रिदशप्रतिपक्षस्यालङ्घनीये कृते स्वः (विक्रमोर्वशीय अंक 2)
2. मन्त्रग्रामं गृहाण त्वं बलामतिबलां तथा।
   न श्रमो न ज्वरो वा ते न रूपस्य विपर्ययः।।
   न च सुप्तं प्रमत्तं वा धर्षयिष्यन्ति नैर्ऋताः।
   न बाह्वोः सदृशो वीर्ये पृथिव्यामस्ति कश्चन।। (रामायण बालकाण्ड 22/13-14)
3. अभिज्ञानशाकुन्तल 2/5
4. अपनीताभरणश्च समुपाहृत-समुचित-व्यायामोपकरणां व्यायामभूमिमयासीत्।
   स तस्याञ्च समानवयोभिः सह राजपुत्रैः कृतमधुरव्यायामः श्रमवशदुन्मिजन्तीभिःस्वेदजलकणिका-सन्ततिभिरलङ्क्रियमाणमूर्तिः (कादम्बरी पृ.44)

क्रीडा ते लोकरचना सखा ते चिन्मयः शिवः।
आहारस्ते सदानन्दो वासस्ते हृदये सताम्।।

संस्कृतवाङ्मय शिल्प-साधना का साक्षी भी है और प्रवक्ता भी। अतः प्रस्तुत खण्ड में शिल्पकलाओं की समृद्ध परम्परा को उस सारस्वत चक्षु के माध्यम से देखने का प्रयास है, जिसकी उपस्थिति सुकवियों की जिह्वा पर रही है।

संगीतशास्त्र के वैदिक उत्स तथा गान्धर्ववेद की दार्शनिक भूमिका

नीलोत्पलदलाभासः सामवेदो हयाननः।
अक्षमालान्वितो दक्षे वामे कम्बुधरः स्मृतः।।
श्रावण्यां श्रवणे जातः पूर्वं हयशिरा हरिः।
जगाद सामवेदं तु सर्वकल्मषनाशनम्।।
(निर्णयसिन्धु में कल्पतरूक्ति)

सामवेद तथा गान्धर्ववेद की शास्त्रीय परम्परा का संगीतशास्त्र के साथ अविच्छिन्न सम्बन्ध भारतीय संस्कृति में निरन्तर अनुस्यूत है क्योंकि भारतीय मनीषा अपने पारम्परिक ज्ञान का स्रोत वेद को ही स्वीकार करती है। यह तथ्य **वेदशब्देभ्य एवादौ पृथक् संस्थाश्च निर्ममे** तथा **भूतं भवद् भविष्यं च सर्वं वेदात् प्रसिद्ध्यति** इत्यादि उक्तियों से मनु द्वारा (म.स्मृ.) प्रतिज्ञात है। भारतीय परम्परा में सामवेद का आधिदैविक स्वरूप हयवदनात्मक है। इनके वामहस्त में शोभित शंख प्राणवायु से उद्भूत ध्वनिमाधुर्य का तथा दाहिने हाथ में धृत माला हस्तादि-अंगोद्गत ध्वनिलहरी का उपलक्षक है। ये दो ही विधायें सम्पूर्ण संगीतशास्त्र को व्याप्त करती हैं। सामवेद के आद्य प्रवक्ता भगवान् **हयग्रीव** हैं। अश्व द्वारा सामवेद का प्रातिनिध्य गान्धर्ववेद में भी प्राप्त होता है। अतः अश्व का विशेष सम्बन्ध गान्धर्ववेद से है।

गान्धर्ववेद का आदित्यसम्प्रदाय

वस्तुतः अश्वस्वरूप, आदित्य का आधिभौतिक संकेत है तथा सूर्य का इस परम्परा में विशिष्ट अभिप्राय है। सूर्य का अनेकधा अश्वस्वरूप उपदिष्ट है। मनु का वचन है-

अग्निवायुरविभ्यस्तु त्रयं ब्रह्म सनातनम्।
दुदोह यज्ञसिद्ध्यर्थमृग्यजुस्सामलक्षणम्।। (म.स्मृ.१/२३)

इस उक्ति के द्वारा अग्नि से ऋग्वेद की, वायु से यजुर्वेद की तथा सूर्य से सामवेद की परम्परा का प्रवर्तन बतलाया गया है।

ऋग्वेद एवाग्नेरजायत यजुर्वेदो वायोः सामवेद आदित्यात् (ऐ.ब्रा. 25/7)

इस श्रुति में भी सूर्य से सामवेद का आविर्भाव उपदिष्ट है। शतपथ ब्राह्मण (11/5/8/3) में **अजायन्ताग्नेर्ऋग्वेदो वायोर्यजुर्वेदः सूर्यात् सामवेदः** द्वारा स्पष्टतः सूर्य को सामवेद का प्रथम उपदेष्टा कहा गया है। सूर्य द्वारा साम के उपदेश का विशेष अभिप्राय

भी है। सामगान की विविधताओं की अध्येता में वैविध्य से संक्रान्ति का भाव सूर्य के स्वरूप में संकेतित है। शतपथब्राह्मण का ही कथन है कि सूर्य की अगणित रश्मियाँ सामों की स्वरूप हैं-(आदित्यस्य) **अर्चिः सामानि** (श. 10/5/1/5)। इस सामसमूह का पिण्ड (अधिष्ठान) होने के कारण आदित्य की 'साम' संज्ञा भी मानी गयी है।

गान की सर्वोपकारकता

इस अभिधान का एक अन्य वैशिष्ट्य यह भी है कि समस्त लोक-प्राणियों के लिये समानरूप से उपकारक, अनुग्राहक होने के कारण सूर्य को **साम** कहा गया है-**तद् यदेष सर्वैर्लोकैः समस्तस्मादेष एव साम** (जै.उप.1/12/5)।

समानरूप से अनुग्राहकता का यह साम-तत्त्व गान्धर्ववेद की परम्परा में अद्यावधि प्रत्यक्ष होता है। सांगीतिक विषयों के अभिज्ञ अथवा अपरिचित, सभी प्रकार के जनों के लिये गानादि के प्रयोग समान रूप से आकर्षक, उपकारक तथा रसानुभव के साधक होते हैं। काव्यादि से रसानुभूति तद्विज्ञ श्रोता अथवा पाठक को ही हो सकती है। किन्तु गान्धर्ववेद से सामान्यजन को भी समानरूप से रसानुभूति प्रत्यक्षसिद्ध है। अतः सूर्य से सामवेद के उपवेद गान्धर्ववेद की उद्भूति का भौतिक साक्ष्य सांगीतिक आनन्दातिरेक में प्राप्त होता है। सम्पूर्ण सामश्रुतियाँ, विभिन्न सामगान तथा सांगोपांग संगीतशास्त्र भगवान् आदित्य से ही प्रादुर्भूत हैं। जिसप्रकार भगवान् सूर्य का अनुग्रह सम्पूर्ण जगत् पर है उसी प्रकार उनके वेद और संगीत से समस्त विश्व अनुगृहीत है।

इस सन्दर्भ में तैत्तिरीय श्रुति ने एक अन्य तथ्य भी प्रतिपादित किया है। वेदात्मा भगवान् सूर्य अविरत श्रुतियों से समन्वित होकर संचरण करते हैं। उसमें भी सामवेद का समय विशेषतः सायंकाल से प्रारम्भ होता है। तैत्तिरीय ब्राह्मण (3/12/9/1) का वचन है- **सामवेदेनास्तमये महीयते वैदैरशून्यैस्त्रिभिरेति सूर्यः**।

इस वैदिक निर्देश का अनुगमन संगीतशास्त्र की परम्परा में भी किया जाता है। यह अनुभूत है कि सांगीतिक प्रयोग-विधान विशेषतः सायंकाल से प्रारम्भ होकर प्रातःकाल पर्यन्त सम्पन्न होता है।

जनसामान्य के प्रति अनितरसाधारण माहात्म्य के कारण सामवेद को सभी वेदों का रस अर्थात् सार कहा गया है। शतपथ तथा गोपथ श्रुतियों का वचन है-**सर्वेषां वा एष वेदानां रसो यत्साम** (श.ब्रा. 12/8/3/23, गो.ब्रा. उ. 5/6)। इसी तथ्य को श्रीमद्भगवद्गीता में **'वेदानां सामवेदोऽस्मि'** (10/22) द्वारा प्रकाशित किया गया है। सामगान को प्राणभूत प्रतिपादित करते हुए श्रुति ने सामगान विद्या को मानव ही नहीं अपितु समस्त पांचभौतिक जगत् में प्राणसंचारकर्ता निर्दिष्ट किया है। शतपथब्राह्मण (14/8/14/3) एवं जैमिनीय उपनिषद् में उक्ति है-**प्राणो वै साम प्राणे हीमानि भूतानि सम्यञ्चि**।

गानविद्या द्वारा ससंज्ञ, असंज्ञ तथा अन्तस्संज्ञ भौतिक पदार्थों को प्राण-ऊर्जा से सम्पन्न करने के प्रयोग आधुनिक विज्ञान में भी प्रत्यक्षसिद्ध हैं। सामगान-प्रयोग के इस सर्वातिशायी गुण के कारण इसको श्रेष्ठता का पर्याय स्वीकार करते हुए इसके प्रयोक्ता को श्रेष्ठ माना गया-

यः श्रेष्ठतामश्नुते स सामन् भवति (ऐब्र. 12/12)
सामन् भवति श्रेष्ठतां गच्छति (गो.ब्रा. उ.3/20)

गान्धर्ववेद की अपौरुषेय-सिद्धान्तानुगामिता

भारतीय आचार्यों द्वारा वेदों की अपौरुषेयता के सम्बन्ध में पर्याप्त युक्ति-तर्क-प्रमाणों से संवलित सिद्धान्त प्रतिपादित हैं। सामवेद की अपौरुषेयता भी इन्हीं प्रमाणों से सिद्ध है। सामवेद के अन्तर्गत सामगानों का विधान अन्य वेदों से विशिष्ट है। अतः आचार्यों ने गानों की अपौरुषेयता के विषय में भी पृथक् विचार किया है। ऋचा के समान प्रत्येक गान ऋषिदृष्ट है तथा इनका विनियोग भी निरूपित है। अतः ऋचाओं की भांति अविच्छिन्न परम्पराप्राप्त आनुपूर्वी से अध्ययन तथा अपूर्वजनकता के कारण गानों का भी अपौरुषेयत्व है।

यह अवधेय है कि यद्यपि गान ऋचाओं पर आश्रित होते हैं, तथापि उनमें अनेक वर्ण ऋचा से अधिक अथवा परिवर्तित रूप में उच्चरित होते हैं। इन अधिक वर्णों की संज्ञा स्तोभ है-**अधिकत्वे सति ऋग्विलक्षणवर्णत्वं स्तोभत्वम्**। स्तोभानुसंहार परिशिष्ट में इनके वर्णस्तोभ, पदस्तोभ, वाक्यस्तोभ आदि भेद बतलाये गये हैं। स्तोभ सार्थक भी होते हैं तथा अनेक स्तोभों के द्वारा सामान्य रूप से अर्थप्रतीति नहीं होती। परन्तु दोनों प्रकार के स्तोभ अपौरुषेय हैं, यह निदानकार का सिद्धान्त है, क्योंकि इनमें मानवकृत परिवर्तन संभव नहीं है तथा ऐसे भी गान हैं जिनका मूल ऋक्पाठ (योन्यृक्) नहीं है। ये सभी ऋषिदृष्ट हैं, उनका विनियोग, अदृष्टजनकत्व तथा स्वाध्यायाध्ययन अनादि परम्परा से प्रवर्तित है।

स्तोभपदों के प्रयोग से फलप्राप्ति ताण्ड्यमहाब्राह्मण में इसप्रकार वर्णित है-**हीषीति वृष्टिकामाय निधनं कुर्यादूर्गित्यन्नाद्यकामाय ऊ इति स्वर्गकामाय** आदि। यह फलप्राप्ति ऊहग्रन्थ के सौभरसाम के प्रसंग में (ता.ब्रा. 8/8) कही गयी है। यह ज्ञातव्य है कि आरण्य, ऊह और ऊह्य गानों में अधिकाधिक स्तोभ पठित हैं। अतः उनसे अधिकाधिक फलावाप्ति हो सकती है। इस प्रकार ध्रुपद आदि में अधिकाधिक आलाप वैदिक दृष्टि से फलावाप्ति के अतिशय साधक हैं। निदानकार ने जैमिनीय न्यामालाकार के संकोच के बाद भी ऊहग्रन्थों की अपौरुषेयता पर विशेष बल दिया है। इसीकारण आचार्यों ने हाई, हाऊ आदि स्तोभों से युक्त गान-भाग का भी अपौरुषेयत्व माना है।

वर्तमान शास्त्रीय गान की परम्परा के **आलाप** में यद्यपि सामान्यतः अर्थप्रतीति नहीं

होती, परन्तु संगीतशास्त्र के आचार्य मानते हैं कि वह आलाप सार्थक होता है, फलद होता है। उनके वैपरीत्य से राग बिगड़ जाता है तथा स्वर में अशुद्धि हो जाती है। संगीत के आचार्यगण इसको महती त्रुटि मानते हैं। इन आलापों की गुरुमुखोच्चारणानूच्चारणपूर्वक अभ्यास की परम्परा आज भी परिपालित की जाती है। शास्त्रीय नृत्य में भी झण्टुम आदि पद स्तोभ-परम्परा के अनुकरणभूत हैं। इसप्रकार सामवेदानुसारी गान्धर्व-वेद के सिद्धान्तों का भारतीय संगीतशास्त्र में आज भी समादर है। इन अपौरुषेय सिद्धान्तों के कारण गान्धर्ववेद का वेदत्व है। सामगान के इन मूलतत्त्वों के परिपालन के कारण संगीतशास्त्र की परम्परा सहस्रों वर्षों से सुरक्षित है तथा भविष्य में भी रहेगी, जबकि विश्व के अनेक भागों में प्रचलित एवं तदनुकूल आधुनिक भारतीय स्वर तथा लय आदि निरन्तर परिवर्तित तथा अस्मरणीय हो जाते हैं। कुछ गेय स्वर-लय दो दशक, पाँच दशक अथवा एक शताब्दी तक स्मृति में रहते हैं। इनकी दीर्घजीविता इसी पर आश्रित है कि उनमें पारम्परिक आर्ष सिद्धान्तों का कितना पालन किया गया है।

स्वर और वर्ण की अशुद्धि तथा प्रयोग का दोष फलसिद्धि में बाधक तो होता ही है, प्रयोक्ता के लिये हानिकारक भी है, यह वेदांग शिक्षा में उपदिष्ट है-

मन्त्रो हीनः स्वरतो वर्णतो वा मिथ्याप्रयुक्तो न तमर्थमाह।
स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोऽपराधात्।। (पा.शि. 52)

यह वैदिक अनुशासन भारतीय संगीतशास्त्र में पूर्णतः समादृत किया जाता है। स्वर के सम्यक् प्रयोग के लिये शास्त्रीयसंगीत अत्यन्त प्रतिबद्ध है। वस्तुतः यही गान का देदीप्यमान सर्वोत्कृष्ट आभरण है, वैदिक भाषा में यह गान का सुवर्ण है। सामविधान ब्राह्मण (1/1) का निर्देश है-**तस्य हैतस्य साम्नो सुवर्णं वेद, भवति हास्य सुवर्णं, तस्य वै स्वर एवं सुवर्णम्।**

गान्धर्ववेद के आद्य उपदेष्टा

वाक्सौरभ्य की इस आनन्दमयी गान्धर्वपरम्परा के आद्य उपदेष्टा कौन हैं, यह तथ्य भी वेदोक्त प्रमाणों से ही ज्ञात हो सकता है। सामवेद के आद्य उपदेष्टा आदित्य हैं, यह पूर्वोद्धृत अनेक उल्लेखों से स्पष्ट है। सामवेद के उपवेद गान्धर्ववेद के भी **आद्य आचार्य** सूर्य हैं, यह **संहितो विश्वासामा सूर्यो गन्धर्वः** इस श्रुति (मा.स. 18/37) से ज्ञात होता है। इसमें समस्त सामगानों के उपदेष्टा सूर्य को **गन्धर्व** अभिहित किया गया है। ये दिव्य गन्धर्व हैं-**असौ वा आदित्यो दिव्यो गन्धर्वः** (श.ब्रा. 6/3/1/19) तथा अश्व-रूप से इन्होंने गन्धर्वों की परम्परा का प्रवर्तन किया, यह भी श्रुति का संकेत है-**वाजी** (भूत्वा) **गन्धर्वान्** (अवहत्) आदि (श.ब्रा.10/6/4/1)।

वाजसनेय संहिता में वाणी के शोधक, पालक, दिव्यगन्धर्व भगवान् आदित्य को वाक्सौरभ के समर्पण की स्तुति के साथ शोधन की कामना की गयी है-**दिव्यो गन्धर्वः केतपूः केतन्नः पुनातु वाचस्पतिर्वाचं नः स्वदतु** (30/1)।

यहाँ वाणी का अधिपति गान्धर्ववेद के आद्य उपदेष्टा आदित्य को कहा गया है। भगवान् आदित्य से गान्धर्ववेद की इस परम्परा का प्रसार हुआ जिसका निर्देश माध्यन्दिनीय संहिता (18/38-43) के अनुसार शतपथ ब्राह्मण (9/4/1/7-12) में **अग्निर्हि गन्धर्वः, सूर्यो गन्धर्वः, चन्द्रमा गन्धर्वः, वातो गन्धर्वः, यज्ञो गन्धर्वः, मनो गन्धर्वः** आदि द्वारा विवृत किया गया है। यहाँ यज्ञ के गन्धर्वत्व से प्रयोगदशा में संगीतशास्त्र का उपयोग तथा मन के गन्धर्वत्व से अध्यात्मदशा में भी संगीतशास्त्र का आनन्दातिरेक अभिव्यक्त होता है, क्योंकि वेद का चरमलक्ष्य पारमार्थिक अध्यात्मसाधना है।

पुराणोक्त गन्धर्वजातिविशेष इसी परम्परा को पूर्णतः आत्मसात् कर संरक्षित, पोषित तथा प्रचारित करने के कारण प्रसिद्ध है। परन्तु गान्धर्ववेद की परम्परा में समग्र देवगण भी समन्वित हैं, यह वाजसनेयी श्रुति में संकेतित है। माध्यन्दिनसंहिता (8/21) के मन्त्र-देवा **गातुविदो गातुं वित्त्वा गातुमित** में देवताओं को गातुवित् माना गया है। शतपथ (4/4/4/13) में **गातुविदो हि देवाः** के अनुसार गातु यज्ञ है। शब्दार्थक गै धातु से **गीयते नानाविधैर्वैदिकशब्दैः प्रतिपाद्यत इति गातुर्यज्ञः** इस प्रकार यज्ञपरक अर्थ किया जाता है। परन्तु इसका स्पष्ट अर्थ है कि गायनतत्त्वों के सुविज्ञ देवगण हैं। भारतीय देवशास्त्र में प्रत्येक देवता के पृथक् पृथक् वाद्य-सन्धारण की परम्परा का मूल यह वैदिक निर्देश है तथा वाद्य द्वारा देवोपासना से अनेक संगीतकारों को सितार, शहनाई आदि में अपूर्व सिद्धि का फल भी प्रत्यक्ष अनुभूत है। देवताओं ने भी अलभ्य पदार्थ का लाभ सामगान के द्वारा किया, यही साम का सामत्व है, यह तैत्तिरीय श्रुति (2/2/8/7) में प्रतिपादित है-(देवाः) **साम्ना समानयन् तत् साम्नः सामत्वम्**। इसका कारण यह है कि वाणी स्वयं की इच्छा से देवताओं के पास से गन्धर्वों में गयी यह आख्यायिका ऐतरेयश्रुति (5/1) मे वर्णित है।

गान्धर्ववेद की परम्परा

चरणव्यूह में सामवेद का उपवेद गान्धर्ववेद को बतलाया गया है। यद्यपि इसकी शब्दानुपूर्वी पौरुषेय है तथापि सिद्धान्त, ज्ञान एवं प्रयोग की अविच्छिन्न परम्परा से अपौरुषेय होने के कारण इसका वेदत्व है। **'गन्धर्व'** पद का प्रयोग इस शास्त्र की अनितरसाधारणता को अभिव्यक्त करता है। गन्धर्वशब्द की व्युत्पत्ति इस प्रकार की जाती है-**गन्ध्यते प्राप्यते घ्राणेन्द्रियेण श्रोत्रेन्द्रियेण वा गन्धः सौरभम् स्वरो वा, गन्ध अर्दन (गमने) धातोः कर्मणि घञ्। गन्धं सौरभम् अर्वति गच्छतीति गन्धर्वः** (कर्मण्यण् पा. 3/2/1 इत्यण् प्रत्यये शकन्ध्वादिषु पररूपं वाच्यमिति वार्तिकेन पररूपे गन्ध+अर्व इति सन्धौ गन्धर्वः (द्र.अ.को. 3/3/132 टि.)।

उपर्युक्त व्युत्पत्ति के अनुशीलन से यह संकेत प्राप्त होता है कि घ्राणेन्द्रिय से प्राप्त गन्ध तो सर्वजनसामान्य है। उसके प्रति गमन के उद्देश्य से गन्धर्व शब्द का वैशिष्ट्य नहीं है। मुख्यतः श्रोत्रेन्द्रिय से ग्राह्य गन्ध के प्रति गमन, प्राप्ति की विशेषता के कारण 'गन्धर्व' कहा गया है। नैरुक्त दृष्टि से गन्धर्वशब्द का निर्वचन **'गन्धरवाः एव गन्धर्वा'** इस प्रकार किया गया है। अर्थात् जिनकी वाणी से ही सौरभ, सुगन्ध प्रवाहित होती है वे गन्धर्व हैं। आज भी परिनिष्ठित संगीताचार्यों की **वाणी की सुगन्ध** से समग्र परिवेश प्रफुल्लित हो उठता है। आगम के आचार्य पृथ्वीधर ने भी वाणी के सौरभ्य को इन पंक्तियों में वर्णित किया है-**सौरभ्यं परमभ्युदेति वदनाम्भोजे गिरां विभ्रमैः** (भुवनेश्वरीमहास्तोत्र 22)।

पृथ्वीधर आचार्य के अनुसार यह वाक्सौरभ वाग्देवता की अनन्त कृपा से उद्भूत होता है। पौराणिक सन्दर्भों में गन्धर्व जाति संगीतशास्त्र में अपनी महनीयता के लिये सुप्रथित है। जैमिनीय उपनिषद् में भी (3।25।4) गन्ध, आमोद-प्रमोद के लिये सृष्टि के अन्तर्गत गन्धर्वों में प्रतिष्ठान निर्धारित किया गया है-**गन्धो मे मोदो मे प्रमोदो मे तन्मे युष्मासु (गन्धर्वेषु)**।

वैदिक सृष्टि-संविधान प्राणिमात्र के लिये श्रोत्रेन्द्रिय-ग्राह्य गन्ध, मोद-प्रमोद को जीवनधारण हेतु विशेषतः आवश्यक मानता है। सम्भवतः इसीकारण से माध्यन्दिनीय संहिता में विश्व की आमयनिवृत्ति के लिये विश्वावसु गन्धर्व का कर्तृत्व उपदिष्ट है-**गन्धर्वस्त्वा विश्वावसुः परिददातु विश्वस्यारिष्ट्यै** (मा.सं. 2/3)।

संगीत की सुगन्ध जो श्रोत्र से ग्रहण की जाती है वह जागतिक पदार्थों में प्राण का अद्भुत संचार करती है। वेद में यह जीवनी शक्ति की आधायिका कही गयी है-**प्राणो वै गन्धर्वः** (जै.उ. 3/36/3)। यह भी ज्ञातव्य है कि गान्धर्ववेद संज्ञा किसी ग्रन्थविशेष के लिये निर्धारित नहीं है अपितु यह सम्पूर्ण शास्त्र का अभिधान है। संस्कृत-अध्ययन की परम्परा में प्रत्येक शास्त्र के विशिष्ट अभिधान के अन्तर्गत अनेक ग्रन्थ होते हैं। यथा-'वेद' संज्ञा से संहिता, ब्राह्मण दोनों भागों का बोधन है। 'संहिता' के अन्तर्गत शाकल, माध्यन्दिनीय, काण्व, तैत्तिरीय, कौथुम, शौनक आदि सभी संहिताग्रन्थ हैं तथा ब्राह्मणभाग में ऐतरेय, शतपथ, गोपथ आदि ब्राह्मणग्रन्थ हैं। इसी प्रकार आयुर्वेद, धनुर्वेद, नाम से कोई एक ग्रन्थ नहीं है। वेदाङ्गशास्त्रों में भी ग्रन्थ-समूह एक शास्त्र के अन्तर्गत है। यथा व्याकरणशास्त्र में ऐन्द्र, चान्द्र, काशकृत्स्न, पाणिनीय, कातन्त्र, सारस्वत आदि व्याकरण सम्मिलित हैं। इसीप्रकार 'गान्धर्ववेद' संज्ञा भी संगीत, नाट्य आदि विधाओं के प्रतिपादक अनेक ग्रन्थों के समूह की अभिधायक है जिसका मूल वेद में संकेतित है तथा वेद से प्रारम्भ होकर परवर्ती आचार्यों द्वारा अनेक ग्रन्थों में इसको उपबृंहित किया गया है।

संगीतशास्त्र में श्रुतिपरम्परागत शिक्षण

गायन एवं वाद्य आदि संगीतशास्त्रीय विद्याओं में श्रुतिपरम्परागत शिक्षा एवम् अभ्यास की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। विविध घरानों की अपनी विशेषता इस गुरु-सम्प्रदायानुसारी अध्ययन-प्रशिक्षण के कारण ही शताब्दियों से सुरक्षित रही है। सामान्य पाठ तथा पारम्परिक गायन-इन विधाओं में पारम्परिक सूक्ष्मता तथा कला की उत्कर्षानुभूति के कारण गान को प्रशस्त माना गया है। इसके वैदिक सिद्धान्त को जैमिनीय न्यायमाला (9/2/8) में-

ऋक्सामाभ्यां विकल्पेन स्तुतिः साम्नैव वाग्रिमः।
पुरेव मैवमृङ्निन्दा सामप्राशस्त्यदर्शनात्।।

इसप्रकार प्रतिपादित किया गया है। इस प्राशस्त्य का कारण यह है कि साम की गान-परम्परा में अनर्ह का प्रवेश नहीं हो सकता। इस विषय में वैदिक आख्यायिका है कि-

यद् ऋचा स्तुवते तदसुरा अन्ववायन्,
यत् साम्ना स्तुवते तदसुरा नान्ववायन्,
य एवं विद्वान् साम्ना स्तुवीत।। (द्र.सा.भा.भू.)

इसका अर्थ है कि यदि ऋचा से स्तुति करते हैं तो असुर उसका अनुकरण कर लेते हैं, परन्तु यदि सामगान से स्तुति करते हैं तो असुर अनुकरण नहीं कर सकते। असुर का अभिप्राय है अनधिकारी। ऋचा के पाठ की, यजुर्गद्य के पाठ की नकल की जा सकती है। अतः ऋक्, यजुष् अथवा अथर्व के द्वारा स्तुति करना सामान्य है। परन्तु गान की नकल अनधिकारी नहीं कर सकता। उसको गुरुपरम्परा में जाकर सीखना होगा तथा तदनुसार अभ्यास करना होगा। यही गान की प्रकृष्टता है। संगीतशास्त्र की निपुणता भी गुरु से दीक्षापूर्वक तदुपदिष्ट अभ्यास से सिद्ध होती है। सामान्य श्रम से उनकी नकल नहीं की जा सकती। अतः गान्धर्ववेद में **अनधिकारी**, अनर्ह का प्रवेश नहीं है। यह तथ्य जानकर गानस्तवन से अलौकिक फलद यागप्रयोग की पूर्णता और लौकिक फलावाप्ति अवश्यम्भावी है। इस परम्पराभ्यास के अभाव में फलसिद्धि सम्भव नहीं है। यह महर्षि जैमिनि के सिद्धान्त से अद्यावधि प्रत्यक्ष है तथा यही गानविद्या की प्रकृष्टता है।

संगीतशास्त्र में वैदिक स्वरों की व्याप्ति

भारतीय परम्परा में सस्वर उच्चारण द्वारा ही वेदत्व माना जाता है। गान्धर्ववेद के अन्तर्गत उपदिष्ट होने के कारण सांगीतिक परम्परा में भी वेदानुमोदित स्वर स्वतः प्राप्त होते हैं। एतदर्थ याज्ञवल्क्यशिक्षा (1/6) में नियम है-

गन्धर्ववेदे ये प्रोक्ताः सप्त षड्जादयः स्वराः।
त एव वेदे विज्ञेयास्त्रय उच्चादयः स्वराः।।

वेद के उदात्त, अनुदात्त तथा स्वरित स्वर ही गान्धर्ववेद में षड्ज आदि सात स्वरों में व्याप्त हैं। त्रैस्वर्य का सात स्वरों में वितान याज्ञवल्क्य शिक्षा (1/7) में इसप्रकार निर्दिष्ट है-

उच्चौ निषादगान्धारौ नीचावृषभधैवतौ।
स्वरितप्रभवा ह्येते षड्जमध्यमपञ्चमाः।।

इन **सात स्वरों** की नियमित प्रयोगविधि आज भी भारतीय संगीतशास्त्र की आधारभूमि है। यह जिज्ञासा भी स्वाभाविक है कि शास्त्रीय संगीत की परम्परा सात स्वरों को ही क्यों आधार मानती है। इसका मूल स्रोत भी वेद में उपदिष्ट है, क्योंकि ऐतरेय ब्राह्मण (7/7) में वर्णित है कि वाणी ने सात प्रकार से ही स्वयं को प्रकाशित किया है-**सप्तधा वै वागवदत् तावद्वै वागवदत्।**

आचार्य सायण ने इसकी व्याख्या की है-**लोके गानरूपा या वागस्ति सा सप्तधावदत्, षड्जऋषभादिस्वरोपेता प्रवृत्ता तावदेव वैदिकवागप्यवदत्।** अर्थात् मुख्यतः इतने ही स्वरों में वाणी को अभिव्यक्त करना चाहिये, यह श्रुति का निर्देश है। इसका पालन शास्त्रीय संगीत में नियमतः किया गया है। स्वरों के ग्राम एवं मूर्च्छना आदि का निर्देश भी वैदिक शिक्षांग में प्राप्त होता है यथा-**सप्त स्वरास्त्रयो ग्रामा मूर्च्छनास्त्वेकविंशतिः** इत्यादि। इनमें षड्जग्राम तथा मध्यमग्राम का प्रयोग प्रचलित है। गान्धर्वग्राम दुर्लभ है। मन्द्र, मध्य तथा तार की अवधारणा भी वेद से प्राप्त होती है। वेदोपाङ्ग ऋक्प्रातिशाख्य (13/42) में-**त्रीणि मन्द्रं मध्यममुत्तरं च स्थानान्याहुः सप्त यमानि वाचः** द्वारा सात स्वरों के त्रिवृत् स्थानों का उपदेश है, जो भारतीय संगीत में अद्यावधि प्रचलित है। इनका यागगत प्रयोग वेदत्रिरात्र में निर्दिष्ट है-**मन्द्रे प्रातः स्तुवीरन्, उत्तरोत्तर्युत्तरयोः मध्यमेन वोभयोः** आदि। इसप्रकार स्वर, ग्राम, गायन का कालविधान आदि समग्र सिद्धान्तों का उत्स वैदिक सामगान में उपलब्ध है। इन्हीं के अनुसार गान्धर्ववेद की परम्परा प्रतिष्ठापित हुई जो स्वर, ताल तथा लय पर आधारित है। आचार्य भरत की उक्ति है-**गान्धर्वमिति विज्ञेयं स्वरताललयाश्रयम्।**

राग का वैशिष्ट्य

गान्धर्ववेद का स्वरताललयाश्रित स्वरूप गान में राग के द्वारा प्रकाशित होता है। संगीतरत्नाकर में **राग** का स्वरूप इसप्रकार है-

योऽसौ ध्वनिविशेषस्तु स्वरवर्णविभूषितः।
रञ्जको जनचित्तानां स रागः कथितो बुधैः।।

स्वरवर्ण से अलंकृत ध्वनि सामान्य रूप से राग नहीं होता, अपितु उसमें चित्तरंजनता अर्थात् अनुराग से योग होता है तब वर्ण-पदविशेष राग बन जाता है। वैदिक दृष्टि में सामान्य ऋक् अथवा यजुश्छन्द के पाठ में गान की रागात्मकता नहीं हैं। राग के सिद्धान्त की स्पष्टता के सन्दर्भ में वर्णों में रंजन पर विचार के लिये ऋक्प्रातिशाख्य में उपदिष्ट रक्त संज्ञा का स्वरूपज्ञान आवश्यक है। ऋक्प्रातिशाख्य की पारिभाषिक पदावली में अनुनासिक को 'रक्त' संज्ञा दी गयी है। इसका तात्पर्य है कि नासिका की ध्वनि से वर्ण को रंजित अर्थात् रंग लेने या ढक लेने के कारण यह रक्त है। वर्ण अपने निर्धारित उच्चारणस्थान से उच्चरित हुए होते भी नासिका से पूर्णतः अनुरंजित हो जाता है। वर्णों का यह **अनुरंजन** ही राग है। गायन तथा आलाप आदि में वर्ण अपने मूल स्थान-प्रयत्न से उच्चरित होते हुए भी जब एक विशेष स्वरध्वनि की लय से अनुरञ्जित होकर प्रकाशित होता है तब वह रागात्मक हो जाता है। यह **राग** ही लोकचित्त का रंजक हो सकता है।

इसी तथ्य को आचार्य शौनक ने यम वर्णों के द्वारा उपदिष्ट किया है-**सप्त स्वरा ये यमास्ते** (13/44)। ऋक्प्रातिशाख्य के भाष्यकार ने यमवर्णों के निरूपण में स्पष्ट कहा है-

ये ते सप्त स्वराः षड्जर्षभगान्धारमध्यमपञ्चमधैवतनिषादाः स्वरा इति गान्धर्ववेदे समानाम्नाताः तथा सामसु.......ते यमा नाम वेदितव्याः।

जो वर्ण अवस्थाविशेष अर्थात् रंजना के साथ सात स्वरों में गान्धर्ववेद में प्रयुक्त होते हैं, वे यम कहलाते हैं। इसका तात्पर्य है कि गायन में यदि अरंजित अथवा सीधी-सादी ध्वनि का उच्चारण हो तो वह श्रोता के राग का कारण नहीं बनता। परन्तु कोई वर्ण जब अनुनासिक या अन्य ध्वनिविशेष से रंग दिया जाता है अथवा वर्ण को रंजना प्राप्त कर लेती है तो वह अनुरक्त होकर सौन्दर्य का साधक हो जाता है। इसको यम इसलिये कहा गया है कि वह वर्ण ध्वनिरंजकत्व से पूर्णतः आवृत (ढका हुआ) है, उसका व्याप्य हो जाता है। स्वय में पूर्ण रंजित न होने पर श्रोता के चित्त का अनुरंजन असंभव है। वैदिक यम के उदाहरणों-कुं खुं इत्यादि द्वारा समस्त स्पर्श वर्णों का बोधन किया गया है तथा यम को मूलवर्ण के सदृश ध्वनि कहा गया है-**यमः प्रकृत्यैव सदृक्** (ऋ.प्रा. 6/32)। ये सम्पूर्ण वर्ण रञ्जना को प्राप्त कर राग के रूप में प्रकाशित होते हैं। यही राग का वैदिक सिद्धान्त है जो प्रातिशाख्य उपांगशास्त्र में प्रतिपादित है।

राग का सम्पूर्ण सौन्दर्य वाणी पर आधारित है, अतः वाणी का माधुर्य गान्धर्ववेद की प्रतिष्ठा का मूल है। जैमिनीय उपनिषद् में **'वाग् वाव साम्नः प्रतिष्ठा'** (1/39/3) द्वारा यह तथ्य प्रतिपादित किया गया है। साम द्वारा आनन्दमय जगत् की सृष्टि के लिये पुंस्तत्व तथा स्त्रीतत्त्व के रूप में प्राण तथा वाक् का अलौकिक योग होता है। जैमिनीय श्रुति है-**प्राणो वा वामो वाक् सा तत्साम** (4/23/3)। इस आनन्दमय सृष्टि के लिये मन, कर्ण और नेत्र इन तीन अवयवों की एकनिष्ठता भी आवश्यक है। जैमिनीय श्रुति कहती है-

मनो वाव साम्नः श्रीः, चक्षुर्वाव साम्नोऽपचितिः,
श्रोत्रं वाव साम्नः श्रुतिः (१/३६/२,५,६)

गान में शोभा, समृद्धि और यथार्थता (सत्य) क्रमशः मन, नयन तथा श्रोत्र इन तीन करणों के समाहार से प्राप्त होती है। भारतीय संगीत की परम्परा में इन सबकी सन्नद्धता दृष्टिगोचर होती है तथा ये अंग संयुक्त तथा समाहित रहते हैं, यह प्रत्यक्ष अनुभूत है।

गान्धर्ववेद का अलौकिकोपायबोधकत्व

शास्त्रों में अलौकिक उपाय का बोधन कराने के कारण वेदत्व माना गया है। वेद का लक्षण है **इष्टप्राप्त्यनिष्टपरिहारयोरलौकिकमुपायं यो ग्रन्थो वेदयति स वेदः।** इसके अनुसार अभीष्ट हित की प्राप्ति तथा अनिष्ट के निवारण के लिये अलौकिक उपाय के रूप में गान्धर्ववेद को वेद-विशेषण दिया गया है। इसका लौकिक स्वरूप अधिक व्यापक होने के कारण यह उपवेद है। यह अवधेय है कि आजकल गान्धर्ववेदीय संगीतशास्त्र का लौकिक उपयोग ही प्रचलित है तथा इसका लोकानुरूप प्रयोग किया जा रहा है। परन्तु वस्तुतः यह अलौकिक पुरुषार्थ का साधक है। याज्ञवल्क्य का वचन है-

वीणावादनतत्त्वज्ञः श्रुतिजातिविशारदः।
तालज्ञश्चाप्रयासेन मोक्षमार्गं नियच्छति।। (या.स्मृ 3/115)

यह निर्देश किसी संगीतशास्त्र के ग्रन्थ का नहीं है, अपितु धर्म में प्रमाणभूत स्मृतिशास्त्र के यतिधर्मप्रकरण का है। इसमें क्रमशः वादन, गायन तथा तालाश्रित नृत्य तीनों अंगों, विधाओं का संकेत वीणा आदि उपलक्षणों से किया गया है तथा इनकी तत्त्वज्ञता को चरम पुरुषार्थ का साधक माना गया है। इस मार्ग की यह विशेषता है कि इसमें ज्ञानमार्ग की सर्वनिरपेक्षता, भक्तिमार्ग की अन्यनिरपेक्षता तथा योगमार्ग की आत्मनिष्ठता का गम्भीर प्रयास नहीं करना पड़ता, अपितु यह अल्पप्रयाससाध्य रुचिकर मार्ग है। परन्तु उसका प्रयोजन चरम लक्ष्य की प्राप्ति होना चाहिये। मिताक्षरा में-

तत्स्वरूपज्ञश्च तदनुविद्धब्रह्मोपासनतया तालादिभङ्गभयात्
चित्तवृत्तेरैकाग्रतायाः सुकरत्वादल्पयासेनैव मुक्तिपथं नियच्छति प्राप्नोति'

इन पंक्तियों में तथा वीरमित्रोदयकार ने-**''मोक्षमार्गं चित्तसमाधियोगरूपं नियच्छति प्राप्नोति''** इस प्रकार संगीत से चरमपुरुषार्थ की प्राप्ति का सोपान प्रतिपादित किया है। यह प्रसिद्धि है कि तानसेन ने जब तक लौकिक आनन्द-प्रदान के लिये **संगीत-साधना** की तब तक उसे पूर्ण सिद्धि नहीं प्राप्त हुई और स्वामी हरिदास जी महाराज आदि ने इसी तत्त्वज्ञता से चरम लक्ष्य को प्राप्त किया। अतः यह तत्त्वाराधन तथा परतत्त्वाधिगम के लिये आनन्दमय मार्ग है।

राग की आध्यात्मिक अवस्थिति

महर्षि याज्ञवल्क्य के श्लोक में वीणा के निर्देश में भी रहस्याभिप्राय है। तैत्तिरीय आरण्यक (3/2/5) में **दैवी वीणा** तथा मानुषी वीणा का स्वरूप बतलाया गया है। आगम शास्त्र में यह वीणा षट्चक्राराधन के रूप में मेरुदण्ड पर आधारित है। मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूर, अनाहत, विशुद्धि तथा आज्ञाचक्र-ये स्थान शरीरवीणा में छः स्वरों के अधिष्ठान हैं एवम् अधःसहस्रार तथा ऊर्ध्वसहस्रार प्रथम षड्ज एवं अन्तिम, इन दो 'स' को प्रकाशित करते हैं। शरीर-पिण्डगत यह योगवीणा **ब्रह्माण्डवीणा** की अनुकृति है। 'यथा पिण्डे तथ ब्रह्माण्डे' इस मान्यता के अनुसार ब्रह्माण्ड भी वीणा-स्वरूप है जिससे सृष्टि का राग संचालित होत है। परवीणा की अनुकृति के रूप में गायन में **वाक्यवीणा** तथा वादन में तन्त्रीवीणा की साधना उसी प्रकार होती है जिस प्रकार प्राकृत सृष्टियाग की अनुकृति में दर्शपूर्णमास, चातुर्मास्य आदि वैकृत यागों का अनुष्ठान सम्पन्न होता है। वैकृतयागों के अन्तर्गत सामगान में यही स्वर **करवीणा** से प्रदर्शित होते हैं। इसीप्रकार वैदिक यागविधानों में उपयोक्तव्य दुन्दुभि आदि वाद्ययन्त्र भी उपलक्षण हैं तथा विविध तत्त्वों के निर्देशक हैं। नाद की साधना का यह सम्पूर्ण विधान परतत्त्व की प्राप्ति का साधन है क्योंकि वाजसनेय श्रुति में वाक् की उभयतोमुखता इस प्रकार उपदिष्ट है-

चिदसि मनोसि धीरसि दक्षिणासि क्षत्रियासि.....
अदितिरस्युभयतः शीर्ष्णी (मा.सं. ४/१९)

इस यजुर्मन्त्र में वाक् को उभयतः 'शीर्ष्णी अर्थात् लोकोपकारिणी तथा अलौकिकत्त्वसाधिका कहा गया है। अतः संगीतमयी वाक् दृष्टादृष्टोभयप्रापिणी सर्वतोमुखी है।

नादब्रह्म की अनुभूति तथा मोक्षानन्दाधिगम

महर्षि याज्ञवल्क्य द्वारा वाद्यलयताल की साधना से प्रकाशित मोक्षमार्ग का गन्तव्य नादब्रह्म की अनुभूति है। इन तीनों अंशों का आधार नाद ही है। संगीतरत्नाकर में स्पष्ट किया गया है कि-

गीतं नादात्मकं वाद्यं नादव्यक्त्या प्रशस्यते।
तद्द्वयानुगतं नृत्यं नादाधीनमतस्त्रयम्।।

अतः यह समस्त साधना नाद में पर्यवसित होती है। नाद की एकात्म साधना का परिपाक आनन्दमय ब्रह्म का अनुभव है। नादब्रह्म का अनुभव भी योगसिद्धि का स्वरूप है यह संगीतशास्त्रकार नहीं, अपितु श्रुति कहती है। वाराहोपनिषद् (2/82-83) का वचन है-

पुंखानुपुखविषयेक्षणतत्परोऽपि
ब्रह्मावलोकनधियं न जहाति योगी।
संगीततालवाद्यवशं गतापि
मौलिस्थकुम्भपरिरक्षणधीर्नटीव।।
सर्वचिन्तां परित्यज्य सावधानेन चेतसा।
नाद एवानुसन्धेयो योगसाम्राज्यमिच्छता।।

नाद के अनुसन्धान का मार्ग आहत नाद की प्रक्रिया से प्रारम्भ कर अनाहत नाद पर्यन्त चरम परिणति को प्राप्त करता है। यही **नादयोग** का क्रम है। उत्कृष्ट संगीतशास्त्री जो गान्धर्ववेद की आराधना में एकनिष्ठ तत्पर हैं, वे नादयोग के पूर्णयोगी के रूप में उसी परतत्त्व नादमय ब्रह्म का अनुभव करते हैं जिसका अन्य योगी योगमार्ग से, भक्त भक्तिमार्ग से, यायजूक यागमार्ग करते हैं।

इस साधना से पूर्णत्व की अनुभूति होने पर सर्वमयता की अध्यात्म चेतना प्राप्त हो जाती है, यह भी वेदवाक्य से प्रमाणित है। एतदर्थ शतपथ श्रुति है-**यः सर्वः कृत्स्नो मन्यते गायति वैव गीते वा रमते** (श.ब्रा. 6/1/1/15)। इस श्रुति ने नादोपासन की विशेषता प्रतिपादित की है कि यह प्रयोक्ता तथा उपयोक्ता (श्रोता) दोनों में पूर्णत्व का सन्धारण करता है। अन्य योग, ज्ञान, कर्म आदि मार्ग द्वारा प्रयोक्ता में ही पूर्णता का अवधारण होता है। इसप्रकार नादब्रह्म के साक्षात्कार की आत्माराम अवस्था हो जाती है। भारतीय दार्शनिक सिद्धान्त में सर्वत्व, पूर्णत्व की प्राप्ति ब्रह्म-साक्षात्कार का फल है तथा अखण्ड आनन्दमय ब्रह्मरूपता होने के कारण यावल्क्यस्मृति में गान्धर्ववेद को श्रुत्यनुमोदित मोक्षमार्ग के चरम लक्ष्य का प्रापक माना गया है।

भारतीय नृत्यकला की परम्परा

नृत्यकला की भारतीय परम्परा वैदिक वाङ्मय से ही परिज्ञात होती है। वैदिक संहिताओं में इन्द्र को नायक की दृष्टि से भी महत्त्व प्राप्त है। इन्द्रदेव के वर्णन-सूक्तों में भारतीय नृत्यकला तथा नाट्य शैली के भी आद्य सङ्केत उपलब्ध होते हैं।

इन्द्र अन्तरिक्षस्थानीय देवता हैं। वैदिक उल्लेखों में इन्द्र शक्ति, बल, ओज तथा वीरता के प्रतीक हैं। ऋग्वेद में उनके स्तुतिपरक सूक्तों की संख्या सबसे अधिक (लगभग 250) है। ऋग्वेद में वे सर्वाधिक मानवीय तत्त्वों से परिपूर्ण देवता इन्द्र हैं।

यास्क ने ''इन्द्र'' शब्द की व्याख्या तेरह प्रकार से की है। परन्तु मुख्यतः यास्क की व्युत्पत्तियों में ''इन्द्'' धातु से ''इन्द्र'' की निष्पत्ति (इदि ऐश्वर्ये) की गई है।[1]

इन्द्र सर्वाधिक स्पष्ट व्यक्तित्व वाले देवता हैं। उनके सिर, उदर, भुजाओं तथा हाथों की सुन्दरता का वर्णन किया गया है। प्रायः उनके शिप्र (ओष्ठ या हनु) का वर्णन भी प्राप्त होता है। ''सुशिप्र'' विशेषण इन्द्र के लिए प्रयुक्त हुआ है। उनकी श्मश्रु तथा मूछें भी हैं जो सोमपान के पश्चात् कम्पित होती हैं। वे सूर्य के समान तेजस्वी हैं। उनकी केशराशि भूरी है। कठोर एवं सशक्त बाहु वाले होने के कारण उन्हें **''वज्रबाहु''** भी कहा गया है। अपनी माया के द्वारा वे रूपपरिवर्तन में निष्णात हैं-

रूपंरूपं प्रतिरूपो बभूव तदस्य रूपं प्रतिचक्षणाय।
इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते युक्ता ह्यस्य हरयः शता दश।।

(ऋग्वेद 6/47/18)

सायणाचार्य ने इसका अर्थ किया है कि-

अयमिन्द्रः प्रतिरूपः रूपाणां प्रतिनिधिः सन् रूपंरूपं तत्तदग्न्यादिदेवतास्वरूपं बभूव प्राप्नोति। 'भूप्राप्तौ' इति धातुः। इन्द्रः स्वमाहात्म्येन तत्तद्देवतारूपो भवतीत्यर्थः। अस्य चेन्द्रस्य तत् प्राप्तमग्न्यादिदेवतास्वरूपं प्रतिचक्षणाय प्रतिनियतदर्शनाय अयमग्निरयं विष्णुरयं रुद्र इत्येवमसंकीर्णदर्शनाय भवति। अपि चायम् इन्द्रो मायाभिः। ज्ञाननामैतत्। ज्ञानैः आत्मीयैः संकल्पैः पुरुरूपः बहुविधशरीरः सन् ईयते बहून् यजमानान् गच्छति।...हि यस्मादेवं तस्माद्बहुशरीराणि स्वीकृत्य युगपत् हविष्मतो यजमानान् गच्छतीत्यर्थः।...स चाकाशवत् सर्वगतः सदानन्दरूपः।

---

1. संस्कृत हिन्दी कोष-वा.शि. आप्टे-पृ. 175

इस सन्दर्भ में ऋग्वेदसंहिता का एक अन्य मन्त्र भी अवधेय है-

रूपंरूपं मघवा बोभवीति मायाः कृण्वानस्तन्वं परि स्वाम्।
त्रिर्यद् दिवः परि मुहूर्तमागात्स्वैर्मन्त्रैरनृतुपा ऋतावा।।

(ऋग्वेद 3/53/8)

इसका निम्नांकित गद्यांश भी अवलोकनीय है-

मघवा धनवानिन्द्रः रूपंरूपं यद्यद्रूपं कामयते तत्तद्रूपं बोभवीति भृशं प्राप्नोति। तत्तद्रूपात्मको भवति। तत्र कारणमुच्यते। मायाः अनेकरूपग्रहणसामर्थ्योपेताः कृण्वानः कुर्वाणः स्वां तन्वं स्वकीयां तनूम्। परि पञ्चम्यर्थे। स्वस्माच्छरीरान्नानाविधानि शरीराणि निर्मिमीते। यद्वा स्वां तनूं नानाविधरूपोपेतां करोति।

उपर्युक्त दो सन्दर्भ इन्द्र के व्यक्तित्व में नाट्य होने की अवधारणा तथा नृत्यकला के वैदिक स्रोतों को रेखाङ्कित करने में सहज रूप से प्रमाण हो सकते हैं। सायणाचार्य ने अपनी व्याख्या में इन्द्र को अनेक रूपों वाला तथा बहुविधशरीरधारी कहा है। इन्द्र अपने माहात्म्य से कभी अग्नि, कभी विष्णु तो कभी रुद्र का रूप धारण कर लेते हैं। जिस प्रकार एक ही नायक प्रसंगवश कभी दुष्यन्त, कभी पुरूरवा, कभी नल तो कभी चारुदत्त का रूप धारण करता है, उसी प्रकार इन्द्र बहुविध शरीर धारण कर एक ही मुहूर्त में अनेक यजमानों के समीप जाते हैं। इन्द्र और नायक के साक्षात् सम्बन्ध का पुष्ट प्रमाण नाट्यशास्त्र में प्राप्त होता है-

नायकं रक्षतीन्द्रस्तु नायिकां च सरस्वती।
विदूषकमथौङ्कारः शेषास्तु प्रकृतीर्हरः।।

(नाट्यशास्त्र 1/97)

यहाँ नायक के रक्षार्थ इन्द्र, नायिका के रक्षार्थ सरस्वती और विदूषक के रक्षार्थ ऊँकार को नियुक्त किया गया है।

इन्द्र नृत्यकला के पोषक देवता हैं। उनके आश्रय में मेनका, उर्वशी, रम्भा, तिलोत्तमा जैसी श्लाघनीया, दिव्या, प्रबुद्धा नर्तकियों की कला का विकास हुआ है। इन अप्सराओं की कला में इतना अधिक बल था कि इन्होंने अनेक ऋषियों व तपस्वियों की साधना को भी प्रभावित कर दिया था। ''विक्रमोर्वशीय'' में इन्द्र द्वारा आठ रसों से युक्त ललित अभिनय की चेष्टा इसी तथ्य को बल प्रदान करती है-

मुनिना भरतेन यः प्रयोगो भवतीष्वष्टरसाश्रयो नियुक्तः।
ललिताभिनयं तमद्य भर्ता मरुतां द्रष्टुमनाः सलोकपालः।।

(विक्रमोर्वशीय 2/17)

सङ्ग्राम काल में इन्द्र को "नृत्यकर्ता" कहा गया है। नृत्यशील इन्द्र ने दिवोदास राजा के लिए वज्र द्वारा नगरों को नष्ट किया-

भिनत्पुरो नवतिमिन्द्र पूरवे दिवोदासाय
महि दाशुषे नृतो वज्रेण दाशुषे नृतो।
अतिथिग्वाय शम्बरं गिरेरुग्रो अवाभरत्।
महो धनानि दयमान ओजसा विश्वा धनान्योजसा।।

(ऋग्वेद 1/130/7)

इसका भाष्य है-

हे इन्द्र नृतो रणे नर्तनशील त्वं दाशुषे हविर्दत्तवते पूरवे अभिमतापूरकाय। ..तथा हे नृतो गात्रविक्षेपणकुशल हस्तपादादिप्रक्षेपेण शत्रूणां हिंसक वज्रेण क्षेपणासमर्थेनायुधेन दाशुषे हविर्दत्तवते दिवोदासाय अन्यस्मै वा भिनत्।

इन्द्रदेवता विषयक यह उल्लेख नृत्यसम्बन्धी मूल अवधारणा की प्रतिपत्ति में अतिशय महत्त्वपूर्ण प्रमाण प्रस्तुत करता है। ऋग्वेद के 2/12 सूक्त में (स जनास इन्द्रः) इन्द्र को बलिष्ठ, पराक्रमी, दस्युहन्ता एवं जलप्रबन्धकर्ता के रूप में चित्रित किया गया है। किन्तु आलोच्य ऋचा 'भिनतपुरो नवतिमिन्द्र' में इन्द्र की कलात्मक अभिव्यक्ति एवं नृत्य-निपुणता, हविर्दाता यजमानभूत दिवोदास के लिए और उन सभी यजमानों के लिए, जो उसके अर्चक हैं, शत्रुओं को पराभूत करने में सक्रिय है। आचार्य सायण ने व्याख्या में स्पष्टतः नृत्य सम्बन्धी आङ्गिक चेष्टाओं में हस्त एवं पाद का विशेष उल्लेख किया है। वे इन्द्र को नृत्यकला में कुशल कलाकार के रूप में व्याकृत कर रहे हैं। वस्तुतः पराक्रम और कला का यह सङ्गम भारतीय कलादर्शन की आत्मा को प्रतिबिम्बित करता प्रतीत हो रहा है। कलासाधना में कला के लक्ष्यों को नाट्यशास्त्रकार **भरतमुनि** प्रथम अध्याय में इस प्रकार मुद्रित करते हैं-

दुःखार्तानां श्रमार्तानां शोकार्तानां तपस्विनाम्।
विश्रान्तिजननं काले नाट्यमेतद्भविष्यति।।
धर्म्यं यशस्यमायुष्यं हितं बुद्धिविवर्धनम्।
लोकोपदेशजननं नाट्यमेतद्भविष्यति।।
न तज्ज्ञानं, न तत्कर्म नाट्येऽस्मिन् यन्न दृश्यते।।
सर्वशास्त्राणि शिल्पानि कर्माणि विविधानि च।
अस्मिन्नाट्ये समेतानि तस्मादेतन्मया कृतम्।।

(नाट्यशास्त्र 1/115-118)

अर्थात् नृत्यकर्ता कलारूप अनुष्ठान के संवर्धन में व्यापृत सहृदय दर्शक के समस्त दुःखकारणों की निवृत्ति में सक्षम होता है। यहाँ वज्रधारी इन्द्र की यह कलाचेष्टा इसी संकल्प का रूपायन करती है। महाकवि कालिदास ने कला से ही शत्रुपराभव की योजना का वर्णन रघुवंश के पंचम सर्ग में किया है। वहाँ हस्तिभूत गन्धर्व की महाराज अज द्वारा बाणविक्षेप से शापमुक्ति के फलस्वरूप प्राप्त गान्धर्व उपकरण के वर्णन में इसी वैदिक परम्परा के बीज का पल्लवन दिखाई देता है-

संमोहनं नाम सखे ममास्त्रं
प्रयोगसंहारविभक्तमन्त्रम्।
गान्धर्वमादत्स्व यतः प्रयोक्तुर्न
चारिहिंसा विजयश्च हस्ते।।
(रघुवंश ५/५७)

कालिदास के प्रस्तुत पद्य में यह मर्म संगोपित है कि शत्रुपराभव में कलारूपों का प्रयोग कर प्राणिहिंसा से बचते हुए विजयप्राप्ति के लक्ष्य को सुगमता के साथ हस्तगत किया जा सकता है। कालिदास का यह पद्य भारतीय आदर्श की वह अभिव्यक्ति है जहाँ रसात्मक अनुभूति के माध्यम से शत्रु के हृदयपरिवर्तन की सामर्थ्यशीलता का प्रमाण प्रस्तुत है। इस कण्डिका के लेखन में यदि पुनः नाट्यशास्त्र की ओर दृष्टि डालें तो हम पायेंगे कि कला की उत्पत्ति और संवर्धन के प्रसंग में ब्रह्मा की शरण में पहुँचे देववृन्द का नेतृत्व इन्द्र के हाथों में ही सौंपा गया था। आशय स्पष्ट है कि नेता के रूप में उसे ही स्वीकार किया जाता है जो स्वयं समस्या की सूक्ष्मताओं से अवगत हो। ऋग्वेद की प्रस्तुत ऋचा के अनुसार इन्द्र कलाशास्त्र का विज्ञ था। इसी दृष्टि से कदाचित् 'इन्द्र' नाट्ययाचना[1] **(कलायाचना)** की प्रमुख भूमिका में उपस्थित किया गया है :

ग्राम्यधर्मे प्रवृत्ते तु कामलोभवशं गते।
ईर्ष्याक्रोधादिसंमूढे लोके सुखितदुःखिते।।
देवदानवगन्धर्व -यक्षरक्षोमहोरगैः।
जम्बूद्वीपे समाक्रान्ते लोकपालप्रतिष्ठिते।।
महेन्द्रप्रमुखैर्देवैरुक्तः किल पितामहः।
क्रीडनीयकमिच्छामो दृश्यं श्रव्यं च यद्भवेत्।।
(नाट्यशास्त्र 1/9-11)

1. ना.शा. 1/14-15

इन्द्र को महती सेना तथा यज्ञ का नायक[1] सबका अग्रगामी[2] आदि संज्ञाएँ प्रदान की गई हैं। वे सर्व-दर्शक हैं।[3] इन्द्र का रूप अत्यन्त विचित्र है।[4] इन्द्र तीन प्रकार की मूर्तियाँ धारण करते हैं[5] और विविध रूपों में प्रकट होते हैं। अपनी माया द्वारा अनेक रूपों को धारण कर वे यजमानों के समीप उपस्थित होते हैं। इन्द्र का यह बहुविध रूप नृत्यकौशल के रूप में भी परखा जा सकता है।

इन्द्र ओज और वीरता के प्रतीक माने गये हैं। अतः उनके द्वारा किये गये नृत्य में भी यह दिखाई देता है। सम्भवतः इन्द्र का नृत्य वीररसप्रधान रहा होगा। वे कुशल योद्धा भी हैं। उनके कन्धे विस्तृत, उदर स्थूल तथा भुजाएँ सुन्दर हैं।[6] वे सर्वगन्ता हैं और वज्र द्वारा वृत्र का वध करते हैं।[7] इन्द्र द्वारा जो शत्रुओं का वध किया गया इसलिए यजमान इन्द्र के मनोरंजनार्थ सोम प्रस्तुत करते हैं।[8] इस प्रकार इन्द्र सोमपान कर विशिष्ट रीति से आमोद करते हैं।[9]

इन्द्र के लिये ''विशेष द्रष्टा'' विशेषण का प्रयोग किया गया है।[10] यह विशेषण इन्द्र की कल्पनाशीलता का परिचय देता है। नर्तक अथवा नाट्य-निर्देशक अपनी कल्पनाशक्ति से ही नवीनतम नृत्यों का सृजन करते हैं। एक सन्दर्भ के आधार पर इन्द्र को ''कथक'' नाम से सम्बोधित किया जा सकता है। वहाँ कहा गया है-''आज हविर्दाता यजमान के उत्साह के लिए कथा कहो।''[11]

''कथक'' शब्द की व्युत्पत्ति व अर्थ की ओर दृष्टि डालें तो ज्ञात होता है कि ''कथक'' संस्कृत के दशम गण की ''कथ्'' धातु से विनिर्मित (कथ्+कर्तरि+ण्वुल) एक कृदन्त शब्द है। इसकी व्युत्पत्ति है-कथयति यः स कथकः, अर्थात् जो कथन करता है वह कथक है। पारम्परिक नर्तक भी इसकी यही व्याख्या करते हैं-

---

1. ऋ. 2/12/1, 6/42/1
2. ऋ. 6/42/1
3. ऋ. 6/44/4
4. ऋ. 5/39/1
5. ऋ. 6/47/18
6. ऋ. 8/17/8
7. ऋ. 10/138/5
8. ऋ. 10/112/5
9. ऋ. 10/167/2
10. ऋ. 8/17/7
11. ऋ. 1/132/1

"कथन करे सो कथक कहावे" अथवा "कथा कहे सो कत्थक कहिये" आदि।

श्री वामन शिवराम आप्टे ने संस्कृत-हिन्दी शब्दकोष में इसका अर्थ-कहानी कहने वाला, वर्णन करने वाला, मुख्य अभिनेता, झगड़ालू व कहानी सुनाने वाला किया है।[1] पाली शब्दकोष में इसे उपदेशक के अर्थ में प्रयोग किया गया है। नेपाली शब्दकोष में इसका अर्थ-वर्णन करने वाला या व्याख्याता बताया गया है। इस प्रकार "कथक वह व्यक्तिविशेष है जो लोकोपदेश के लिए अभिनय के माध्यम से कथा की प्रस्तुति करे।"

कथक शब्द का प्रयोग महाभारत में भी दृष्टिगोचर है। यथा-

'कथकाश्चापरे राजन् श्रमणाश्च वनौकसः।'

(महाभारत १/२५१/३)

पौराणिक साहित्य में भी यह शब्द बहुलता से व्यवहृत है। ब्रह्ममहापुराण में अभिनेता, गायक एवं नर्तकों के लिए "कथक" शब्द प्रयुक्त हुआ है। इसी अर्थ में अग्निपुराण व विष्णुपुराण में यह शब्द प्राप्य है।

"कथक" शब्द के अर्थानुसार हमें स्पष्ट सङ्केत प्राप्त होते हैं जिसके द्वारा इन्द्र को कथक का उपदेष्टा कह सकते हैं अर्थात् वस्तुविन्यास या कथात्मक आधार (Text) पर उसे नृत्यकर्ता या नृत्योपदेशक कहा जा सकता है। वर्तमान में स्थान-स्थान पर कृष्ण और राम की कथाओं पर आधारित ऐसी देशी या मार्गी विधानों का दर्शन सहज है।

ऋग्वेद में कुछ प्रसङ्ग ऐसे प्राप्त होते हैं जहाँ इन्द्र को सबको नचानेवाला कहा है।[2] प्रकृत प्रसङ्ग द्वारा इन्द्र को नृत्यनिर्देशक या नृत्यगुरु कह सकते हैं। इन्द्र अनेक उपासकों द्वारा आमन्त्रित किये जाते हैं।[3] नृत्यनिर्देशन के लिए विभिन्न देवताओं द्वारा इन्द्र को आहूत किया जाता होगा। इन्द्र के निमित्त स्तोत्र-पात्र[4] विशेषण का प्रयोग भी किया गया है।

जो व्यक्ति विद्वानों से प्राप्त शिक्षण और शास्त्र के सिद्धान्तों के आधार पर अपने ज्ञान से गीत, वाद्य, नृत्य तथा पाठ्य को एकसाथ रखते हुए नाट्यप्रयोग द्वारा उन्हें प्रत्यक्षतः लागू करता है, उस सूत्रधार को ही **"नाट्याचार्य"** समझना चाहिए। नाट्यशास्त्र में आचार्य के गुणों को निर्देशित करते हुए कहा है कि सङ्गीत, नृत्य या नाट्य के आचार्य में छः गुण होने चाहिए-स्मृति, मति, मेधा, शास्त्र का विचारपूर्वक खण्डन-मण्डन तथा शिष्य को शिक्षण देने की क्षमता।[5]

संगीतरत्नाकर में **'नृत्याचार्य'** के गुण-लक्षण इस प्रकार बताए गए हैं-कुलीन, अनेक

---

1. संस्कृत-हिन्दी शब्दकोष-वा.शि.आप्टे पृ. 242
2. ऋ. 2/22/4, 8/81/3, 8/24/9
3. ऋ. 8/24/9
4. ऋ. 8/24/9
5. ना. शा. पृ. 343

शिल्पों का प्रयोग जानने वाला, वाद्य-वादन में निपुण, सम्प्रदाय का ज्ञाता, लय-ताल का मर्मज्ञ, नृत्यभेदों को जानने वाला, ग्रह-मोक्ष (ताल को पकड़ना व छोड़ना) में कुशल, नर्तक के हृदय की बात जानने वाला, सदा प्रसन्न रहने वाला, राग-वाद्य-प्रबन्ध व पाटाक्षर का ज्ञाता, सभा को सम्मोहित करने वाला तथा भावप्रदर्शन में समर्थ। इसी ग्रन्थ में अन्यत्र ''आचार्यलक्षण'' बताते हुए आचार्य शार्ङ्गदेव ने लिखा है-तौर्यत्रय (गायन-वादन-नर्तन) के लक्ष्य-लक्षण का विद्वान् ''आचार्य'' कहा जाता है। वह वाग्मी, सुरूपवेश, सरसस्तुति कोविद, सभा में परिहासज्ञ और वाद्यवादनविद् होता है।[1]

इन्द्र के नृत्यसंयोजक (कोरियोग्राफर) होने के सन्दर्भ में कतिपय ऋग्वेदीय स्थल हैं। सोमरस का पानकर इन्द्र ने घनीभूत अन्धकार का भेदन किया और सूर्य तथा उषा को अपने-अपने स्थान पर निवेशित किया।[2] इन्द्र ने कुशल निर्देशन करते हुए नृत्य के पात्रों-सूर्य व उषा को स्व-स्व स्थानों पर सञ्चरणार्थ प्रवर्तित किया। निर्देशक ही पात्रों की भूमिका व स्थान का चयन करता है। उषादेवी स्वयं नर्तकी हैं और सूर्य के साथ उनका सम्बन्ध घनिष्ट है। यह दृश्यबन्ध परवर्ती साहित्यकारों के लिए अत्यन्त स्पृहणीय रहा है। अनेक कृतियों में उषारूपी नायिका के साथ सूर्यरूप नायक की इस गतिशीलता को स्वीकार किया गया है। अन्यत्र एक मन्त्र में इन्द्र ने कहा-प्रायोगि, तुम नीचे देखो, ऊपर नहीं, यही धर्म है। पैरों को संकुचित रखो (मिलाये रखो)[3]। यहाँ यह कथन पुनः इन्द्र की नृत्यकला में पारङ्गतता का सङ्केत करता है। सायणाचार्य ने मन्त्र की व्याख्या इस प्रकार की है-

एवमन्तरिक्षादागच्छन् रथस्थ इन्द्रः स्त्रियं सन्तं स्वस्मात् पुंस्त्वमिच्छन्तं प्लायोगिं यदुवाच तदाह। हे प्लायोगे त्वं स्त्री सती अधः पश्यस्व। एष स्त्रीणां धर्मः। उपरि मा पश्यस्व। उपरिदर्शनं स्त्रीणां धर्मो न भवति हि। पादकौ पादावपि संतरां संश्लिष्टौ यथा भवतस्तथा हर। यथा पुरुषो विश्लिष्टपादनिधानो भवति तथा त्वया स्त्रिया न कर्तव्यमित्यर्थः। अपि च ते कशप्लकौ। कशश्च प्लकश्च कशप्लकौ। कशतिराहननकर्मा। कशप्लकावुभे अङ्गे मा दृशन् पुरुषा न पश्यन्तु तयोरदर्शनं वाससः सुष्ठु परिधानेन भवति। अतः सुष्ठु वाससा परिधानं कुरु। स्त्रियो हि आगुल्फादभिसंवीता भवन्तीत्यर्थः। हि यस्मात् कारणात् ब्रह्मा सन् स्त्री बभूविथ।

स्पष्ट है कि इन्द्र, प्रायोगि को दृष्टिभेद व पादभेद सम्बन्धी निर्देश दे रहे हैं। भरत, नन्दिकेश्वर आदि आचार्यों ने नेत्राभिनय के महत्त्व को देखते हुए आठ प्रकार के दृष्टिभेदों का वर्णन किया है जिनके नाम हैं-सम, **साची**, प्रलोकित, आलोकित, निमीलित, उल्लोकित, **अनुवृत्त** व अवलोकित।

---

1. संगीतरत्नाकर 7/1337
2. ऋ. 6/17/5
3. ऋ. 8/33/19

सम्भवतः यहाँ **'अवलोकित'** दृष्टिभेद का प्रयोग है। नीचे की ओर देखने को "अवलोकित दृष्टि" कहते हैं। इसका विनियोग बताते हुए कहा है-छाया, विचा, शय्या, श्रम प्रकट करना तथा अपने अंगों की ओर देखना आदि क्रियाओं में इस दृष्टि का प्रयोग होता है।[1] तथैव पादगति के लक्षण व उदाहरण नाट्यशास्त्र में वर्णित हैं। चतुर्थाध्याय में करणविषयक विचार, ग्यारहवें अध्याय में नारी व स्थानों का वर्णन तथा बारहवें अध्याय में मण्डलविषयक विचार वर्णित हैं। करणों की योजना में भरतमुनि का निर्देश है-

नृत्ते युद्धे नियुद्धे च तथा गतिपरिक्रमे।
गतिप्रचारे वक्ष्यामि युद्धचारीविकल्पनम्।।

(नाट्यशास्त्र 4/56)

चारी और स्थानविवरण में पादसञ्चालन एवं उनकी अवस्थिति को विश्लेषित करते हुए स्थान को छः प्रभागों में विभक्त किया गया है। **"मण्डलस्थान"** नामक भेद के अधिदेवता इन्द्र हैं। यह सन्दर्भ इन्द्र की नृत्यकलाप्रियता एवं नृत्यगुरु के रूप में परम्परया प्रमाण प्रस्तुत करता प्रतीत होता है-

ऐन्द्रे तु मण्डले पादौ चतुस्तालान्तरस्थितौ।
यस्रौ पक्षस्थितौ चैव कटिजानू समौ तथा।
धनुर्वज्राणि शस्त्राणि मण्डलेन प्रयोजयेत्।।

(नाट्यशास्त्र 11/65-66)

इन्द्र को उषा के उपासक के रूप में भी देखा गया है। सोमाभिलाषी होकर इन्द्र उषा की अर्चना करते हैं और सूर्य को भी प्रदीप्त करते हैं।[2] इन्द्र और उषा स्वयं नर्तक हैं। इस स्थान पर दो नृत्य कलाकारों के परस्पर सम्बन्ध का साक्ष्य मानना उचित होगा।

पराक्रम, शक्ति, ओज एवं महात्म्य में इन्द्र अप्रतिम हैं। वे योद्धा हैं अतः उनका आहार्यवर्णन भी इसी से सम्बद्ध है। वृत्रादि शत्रुओं के विनाश हेतु इन्द्र हाथों में आयुध धारण करते हैं।[3] वे दक्षिण हस्त में वज्र धारण करते हैं।[4] इन्द्र शोभन कपोलवाले[5]

---

1. अभिनयदर्पण 77-78
2. ऋ. 3/44/2
3. ऋ. 6/20/9
4. ऋ. 6/8/9
5. ऋ. 6/17/2

तथा दिव्यदर्शन[1] हैं। सोमपान से प्रमुदित हो इन्द्र शोभन कर्म करते हैं।[2] इन्द्र का रथ स्वर्णमय है, उनकी विशाल बाहुएँ हैं जिनमें रश्मियाँ नियमित हैं।[3] इन्द्र द्वारा दोनों हाथों से धनुष आयामित करने का वर्णन भी ऋग्वेद में प्राप्त होता है।[4] ये कतिपय तत्त्व ऐसे हैं जो नृत्यकर्ताओं के लिये आहार्य के आवश्यक साधनों में माने गये हैं।

नेपथ्यविधान के अनन्तर इन्द्र के अभिनय का विवेचन अपेक्षित है जिसके सम्बन्ध में ऋग्वेदीय सूक्तों में कतिपय सन्दर्भ प्राप्त होते हैं। आङ्गिक अभिनय के अन्तर्गत प्रथमतः **हस्ताभिनय** पर विचार किया जा रहा है। प्राचीन भारतीय नृत्यशास्त्रों में मुद्रा को "हस्त" तथा "हस्ताभिनय" कहा गया है। नाट्यशास्त्र, अभिनयदर्पण, नृत्याध्याय आदि ग्रन्थों में इन हस्ताभिनयों का विस्तृत वर्णन एवं प्रयोजन दर्शाया गया है।

हस्तानान्तु प्रवक्ष्यामि कर्म नाट्यप्रयोजनम्।
यथा येनाभिनेयञ्च गदतो मे निबोधत।।

(नाट्यशास्त्र 9/2)

इसी तारतम्य में हस्तमुद्राओं के अनेक प्रभेद नाट्यशास्त्र में प्रस्तावित हैं जिनसे कर्ता आवाहन, अवतरण, विसर्जन, उष्णीष, मुकुटधारण, छात्र, दान, वरदान, अभयदान आदि अनेक अभिनयों को सम्पन्न करता है। इन्द्रदेवताक प्रस्तुत वर्णन में यही भाव विचारणीय है। "त्रिपताक हस्त" की उत्पत्ति तो स्वयं इन्द्र से मानी गई है। प्रकृत विवरण के अनुसार-"जब देवराज इन्द्र ने वज्र को ग्रहण किया तब उनका हाथ तीन अङ्गुलियों के अलग करने से (तीन भाग वाले) ध्वज जैसा हो गया। तभी से इस त्रिपताक मुद्रा का प्रचलन हुआ।[5] अशोकमल्ल ने नृत्याध्याय में इन्द्राभिनय के लिए हस्तविशेष का वर्णन किया है।

अधोमुखी ललाटस्था हराभिनयने मता।
इन्द्राभिनयने त्वेषा तिरश्चीना तथोन्नता।।

(नृत्याध्याय 95)

1. ऋ. 6/22/9
2. ऋ. 6/27/2
3. ऋ. 6/29/2
4. ऋ. 6/59/7
5. ना.शा. बाबूलालशुक्लशास्त्री पृ. 43

इन्द्र के हाथों को विस्तीर्ण, निरन्तर क्रियाशील तथा अतिशय दानशील कहा गया है।[1] संसार की रक्षा के लिये इन्द्र भुजाओं को विस्तारित करते हैं।[2] इन्द्र का वाम तथा दक्षिण दोनों हाथ सुन्दर, शोभन है।[3] इन्द्र को महान् हस्तवाला कहा गया है।[4] धनवान् इन्द्र द्वारा वाम हस्त और दक्षिण हस्त से धनदान करने का वर्णन है।[5] यहाँ इन्द्र की दानमुद्रा का उल्लेख है। नृपति **अशोकमल्ल** ने मणिबन्ध के **"निकुञ्च"** नामक भेद का विनियोग दान तथा अभयदान के अभिनय में बताया है-

बिहर्यो निम्नतां प्राप्तो निकुञ्चोऽसौ मतः सताम्।
दाने त्वभयदानेऽपि मुनिना संप्रदर्शितः।।
(नृत्याध्याय 418)

मुकुलहस्त का प्रयोग भी दान के अभिनय में किया जाता है। इस हस्त का लक्षण निर्देश करते हुए नृत्याध्याय में कहा गया है कि यदि ऊपर उठी हुई पाँचों अंगुलियों के अग्रभाग को परस्पर मिला दिया जाए तो उस मुद्रा को "मुकुलहस्त" कहते हैं।[6]

दानमुद्रा एवं अभयमुद्रा का प्रयोग भारतीय कलाजगत् में मूर्तिकला में प्रभूत हुआ है। प्रतिमाशास्त्र में हस्तमुद्राओं से विभिन्न देवताओं को चिह्नित किया जाता रहा है।

योद्धा इन्द्र अपने अस्त्र वज्र को दक्षिण हस्त में धारण करते हैं।[7] कहीं इन्द्र द्वारा दोनों हाथों में वज्र धारण करने का उल्लेख भी मिलता हे।[8] वज्रधारण में शिखर हस्तमुद्रा का प्रयोग व्यवहृत है। अशोकमल्ल ने नृत्याध्याय में **"शिखरहस्त"** का विनियोग लिखा है-

कुशाङ्कुशग्रहे चापवज्रयोर्ग्रहणेऽपि च।।
अलकोत्क्षेपणेऽप्येषोऽलक्तकोत्पीडने तथा।
मोक्षणे तोमरस्यासौ शक्तेरपि सतां मतः।।
(नृत्याध्याय 53-54)

इन्द्र दोनों हाथों से धनुष आयामित करते हैं।[9] धनुष के मध्य भाग को खींचने में

---

1. ऋ. 6/19/3
2. ऋ. 8/32/10
3. ऋ. 8/33/5
4. ऋ. 8/70/1
5. ऋ. 5/36/4
6. नृत्याध्याय 184-188
7. ऋ. 6/18/9, 6/22/9
8. ऋ. 6/23/1
9. ऋ. 6/59/7

"खटकामुख" नामक असंयुक्त हस्त का प्रयोग नृत्य में निर्धारित है। नृत्याध्याय के अनुसार "खटकामुख" का लक्षण इस प्रकार है-

कपित्थस्योत्थिते वक्रे यत्रानामाकनिष्ठिके।।
यदा तदासौ खटकामुखः प्रोक्तो मनीषिभिः।
(नृत्याध्याय 72-73)

ऋग्वेद प्रथम मण्डल में एक स्थान पर इन्द्र के निमित्त दसों अङ्गुलियों को संयुक्त पर अञ्जलि मुद्रा से उपासना करने का विवरण है। इस प्रकार की मुद्राओं से इन्द्र की प्रसन्नता में अभिवृद्धि होती है।[1]

इन्द्रसम्बन्धी नृत्यविषयक सन्दर्भों में उसकी ललित गति के लिए भाव है जहाँ यजमान संस्तुत इन्द्र को वृत्ताकार चक्रगति से अपने समीप उपस्थित होने के लिए आवाहन करता है।[2] गति के इसी अनुक्रम में इन्द्र की गजगति का उल्लेख है।[3] अभिनयदर्पण में दस **गतिभेदों** का उल्लेख उपलब्ध होता है, जिनमें एक "गजलीला गति" है। दोनों हाथों से पताकमुद्रा धारण कर समपाद गति से दाएँ-बाएँ झूलते हुए धीरे-धीरे गमन किया जाए जो उसे **"गजलीला गति"** कहते हैं।[4] इसके अतिरिक्त "संगीतदर्पण" में भी सप्तधा गतिभेदों का वर्णन प्राप्त होता है। इनमें से गजलीला गति का लक्षण लिखा है कि "जब नृत्य करते समय नर्तकी की गति मतवाले हाथी के समान विलासपूर्ण और धीमी हो तो उसे "गजलीला" या **"गजगामिनी गति"** कहा जाता है। यह गति लास्यनृत्य में प्रयुक्त होती है।

नृत्यतत्त्वों में गेय एवं वाद्य तत्त्व की यथासम्भव अनिवार्यता अपेक्षित है। इन्द्र को गेय एवं वाद्य तत्त्वों के साथ समीकृत करने में तीन सन्दर्भ यहाँ द्रष्टव्य हैं। यजमान इन्द्र से अनुनय कर रहा है कि हमारे गीतों को स्वीकार करते हुए हमारे साथ गान करो।[5] इन्द्र को प्रसन्न करने के लिये यजमान सुरीले वाद्य का प्रयोग करता है अर्थात् कर्णप्रिय वाद्य इन्द्र की अर्चना का उपकरण है क्योंकि स्वयं इन्द्र भी इस कला का पोषक है।[6] इन्द्र के गतिशील घोड़े मेघगर्जन-सी ध्वनि करते हैं।[7] यह रूपक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। मेघगर्जन

---

1. "अञ्जलिबन्धनेन इन्द्रं प्रीणयन्तीत्यर्थः। अवनीः, अवनयोऽङ्गुलयो भवन्त्यवन्ति कर्माणि (नि. 3/9) इति यास्कः।" (ऋ. 1/62/10 पर सायणभाष्य)
2. ऋ. 4/31/4
3. ऋ. 8/33/8
4. अभिनयदर्पण 314
5. ऋ. 1/10/4
6. ऋ. 1/53/1
7. ऋ. 2/11/7

की ध्वनि मृदङ्ग की ध्वनि से साम्य रखती है। मृदङ्ग नृत्यप्रदर्शन में आधारभूत वाद्य है। इस प्रसङ्ग में मालविकाग्निमित्र (1।21) का उदाहरण लेखनीय है-

(नेपथ्ये मृदगङ्ध्वनिः। सर्वे कर्णं ददति) परिव्राजिका-हन्त। प्रवृत्तं सङ्गीतम्। तथा ह्येषा-

जीमूतस्तनितविशङ्किभिर्मयूरैरुद्ग्रीवैरनुरसितस्य पुष्करस्य।
निर्ह्लादिन्युपहितमध्यमस्वरोत्था मायूरी मदयति मार्जना मनांसि।।

प्रस्तुत प्रसङ्ग में मृदङ्गध्वनि नृत्यारम्भ की सूचना देती है, जिसे मेघगर्जन समझकर मयूर उद्ग्रीव हो मायूरी नामक ध्वनि करने लगे।

दशरूपककार ने मेघगर्जन, मृदंग की ताल, मयूर का नृत्य, शिव का ताण्डव आदि का **खण्डश्लेषोपमा** के माध्यम से अतिशय अभिराम मङ्गलाचरण प्रस्तुत कर श्रीगणेश की स्तुति सम्पन्न की है-

नमस्तस्मै गणेशाय यत्कण्ठः पुष्करायते।
मदाभोगघनध्वानो नीलकण्ठस्य ताण्डवे।।

मेघदूत में भगवान् महाकाल की संध्या-आरती में मेघ को गर्जनरूपी नगाड़ा बजाने का निर्देश दिया जाता है।[1] यह पद्य भी मेघगर्जन व मृदङ्गध्वनि में समानता दिखलाता है।

इन्द्र के ऋग्वेदीय उल्लेखों के आधार पर उनकी कलाप्रियता एवं नृत्यनिपुणता की परम्परा पौराणिक साहित्य में अनुस्यूत हुई है। देवराज की राजधानी अमरावती उनसे संरक्षित कलाओं से पोषित और नृत्यों की निरन्तर प्रस्तुति से सुशोभित थी। श्रीमद्भागवत के दो पद्य यहाँ प्रासङ्गिक हैं-

मुक्तावितानैर्मणिहेमकेतुभिर्नानापताकावलभीभिरावृताम्।
शिखण्डिपारावतभृङ्गनादितां वैमानिकस्त्रीकलगीतमङ्गलाम्।।
मृदङ्ग-शंखानकदुन्दुभिस्वनैः सतालवीणामुरजर्ष्टिवेणुभिः।
नृत्यैः सवाद्यैरुपदेवगीतकैर्मनोरमां स्वप्रभया जितप्रभाम्।।

(श्रीमद्भागवत 8/15/20-21)

1. अप्यन्यस्मिञ्जलधर महाकालमासाद्य काले स्थातव्यं ते नयनविषयं यावदत्येति भानुः।
कुर्वन्सन्ध्याबलिपटहतां शूलिनः श्लाघनीयामामन्द्राणां फलमविकलं लप्स्यसे गर्जितानाम्।।
(पूर्वमेघ 63)

नृत्य तत्त्व से सम्बन्धित इन्द्र देवता के ऋग्वेदीय सन्दर्भों यथा-सङ्ग्रामकाल में नृत्य करना, उनका कुशल योद्धा होना, हाथों में वज्र धारण करना, हाथों द्वारा धनुष आयामित करना, बल एवं वीरता का प्रतीक होना आदि, पर दृष्टि डालने से यह अनुमेय है कि युद्धावस्था में इन्द्र द्वारा किया जाने वाला नृत्य युद्धकला सम्बन्धी नृत्य रहा होगा। छऊ, थांगला आदि नृत्यविधाएँ युद्ध से सम्बन्धित हैं।

विद्वानों का मत है कि **छऊनृत्य** युद्ध से आया है। आदिमानव तलवार व ढाल लेकर युद्धक्षेत्र में उतर आता था तथा विजय प्राप्ति परताललय में डूबकर उल्लासमय वातावरण की सृष्टि करता था। प्रकृति से लोकनृत्य व युद्धनृत्य से प्रेरणा लेकर कलाकारों ने एक नई शैली बनाई जो छऊनृत्य के नाम से प्रचलित हुई। बंगाल में पुरुलिया, बिहार में सरई केला व उड़ीसा में मयूरभंज छऊनृत्य के लिये जाना जाता है।

छऊ का मुख्य विषय देवी-देवताओं की कथा तथा उनका अनुकरण है। चैत्र पर्व के अतिरिक्त खेतिहारी, खुशहाली में, शिकार के समय, देवी-देवताओं की स्तुति में छऊ नृत्य किया जाता है। इसी कारण इसमें पशु-पक्षी, युद्धनृत्य अत्यन्त परिपक्वता के साथ होते हैं। आदिवासी नारी के शृंगार से लेकर धान कूटना, हल्दी पीसना आदि कार्य भी नृत्य के विषय हैं।

बचपन से ही छऊनृत्य के अनुकूल तेल-मालिश कर शरीर को साँचे में ढाला जाता है जिसमें शरीर का एक-एक अंग नृत्य के अनुकूल बन सके। प्रारम्भ में केवल पुरुषवर्ग द्वारा ही यह नृत्य किया जाता था परन्तु कालान्तर में महिलाएँ भी आगे आ रही हैं।

छऊ का अर्थ है- ''छाया-दर्पण''। जिस प्रकार दर्पण में अपनी छवि देख सकते हैं उसी प्रकार अङ्ग-प्रत्यङ्ग व उपाङ्ग के द्वारा छऊ नृत्य में मन की भावना को अभिव्यक्त किया जाता है। इसमें छः चाली अर्थात् छः प्रकार की चाल होती है जो शरीर के अलग-अलग अङ्ग पर प्रकाश डालती है।

छऊ नृत्य मुख्यतः तीन प्रकार का है-पुरुलिया, मयूरभंज व सरईकेला। पुरुलिया व सरईकेला में मुखौटे का प्रयोग किया जाता है, जबकि मयूरभंज में मुखौटे का उपयोग नहीं होता। अतः उसमें अभिनय पर जोर दिया जाता है। अभिनय के आधार पर रसनिष्पत्ति और चरित्र की शक्तता निर्भर करती है। आभूषणों का प्रयोग भी पर्याप्त होता है, क्योंकि चरित्र को उभारने के लिये वेशभूषा तथा आभूषणों का सहारा मयूरभंज शैली में लिया जाता है। लेकिन पुरुलिया व सरईकेला में अङ्गसञ्चालन एवं मुद्राओं पर ही बल दिया जाता है।

छऊ नृत्य प्रारम्भ करने के पूर्व जो वाद्य बजता है उसे ''रङ्ग बाजा'' कहते हैं। यह रंगमञ्च को जमाता है। दर्शक एवं कलाकार में सम्बन्ध जोड़ता है। नृत्य प्रारम्भ करने के पहले जो वाद्य बजता है उसे ''जोड़म'' कहते हैं। यह कलाकार को मानसिक रूप से तैयार करने के लिये नृत्य से पूर्व बजाया जाता है।

नृत्य का आरम्भ ''चौक'' से होता है। इसमें शरीर-सौन्दर्य लाने के लिये स्थिरस्थिति धारण की जाती है। इसके बाद ''कीता'' अर्थात् मापना, नृत्यस्थिति कितने पैमाने पर हो यह कलाकारों के अङ्गों के अनुसार तय किया जाता है। अन्त में थाठ होता है। थाठ में रङ्मञ्च सज्जा, वेशभूषा व मुखसज्जा का ध्यान रखा जाता है। फिर विभिन्न चाली को लेकर नृत्य आरम्भ करते हैं। छऊ नृत्य में कथानक नृत्य का प्रदर्शन अधिक होता है। किसी भी कथानक का प्रदर्शन करते समय इसके तीन भाग होते हैं-चाली, नाटो एवं नाटको। इन तीनों भागों को देखकर नाटक के शास्त्रीय स्वरूप की झलक स्मरण हो आती है। छऊ नृत्य नाटकप्रधान होने के कारण नाट्यशास्त्र की परम्परा को बनाये रखने की चेष्टा करता रहा है।

नाट्यप्रधान होने के कारण ही इसमें ताण्डव अङ्ग अधिक है। इसी आधार पर छऊ नृत्य के तीन प्रमुख अङ्ग हैं-(1) कोलीभोंगा, (2) कोलीकाटा और (3) हथियार धोरा। कोलीभोंगा में लास्य भाव अधिक है तो कोलीकाटा में ताण्डव। परन्तु हथियार धोरा में दोनों का मिश्रण है।

छऊ शुद्धतः युद्धनृत्य है। एक हाथ में तलवार दूसरे में ढाल लेकर नाचते हैं जो छऊनृत्य का प्रतीक भी माना जाता है। यह नृत्य रौद्र एवं वीर रसप्रधान होता है।

इस प्रकार वैदिक उल्लेखों से प्रारम्भ होकर भारतीय नृत्यकला की अविच्छिन्न परम्परा आज भी प्रयोगधर्मिता में विद्यमान है।

संस्कृतवाङ्मय में नाट्य और नृत्य

भारतीय परम्परा में नटन (नर्तन) क्रिया के तीन भेद माने गए हैं-नाट्य, नृत्त और नृत्य। इनमें से नाट्य एवं नृत्त मूल कलाएँ हैं, जो क्रमशः मनुष्य की अनुकरणात्मक एवं आमोदात्मक मूल प्रवृत्तियों से उत्पन्न हैं तथा भारतीय परम्परा जिन्हें क्रमशः ब्रह्मा और शिव द्वारा सृजित मानती है। कालान्तर में इन दोनों के सांकर्य से जिस तीसरी कला का जन्म हुआ वह है-नृत्य। संस्कृत वाङ्मय में प्राप्त इन तीनों कलाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है।

नाट्य

आचार्य धनंजय ने 'नाट्य' का स्वरूप बतलाते हुए लिखा है-

अवस्थानुकृतिर्नाट्यं रूपं दृश्यतयोच्यते।
रूपकं तत्समारोपात् दशधैव रसाश्रयम्।।[1]

अवस्थाविशेष के अनुकरण को 'नाट्य' कहते हैं। जो देखे जाने के कारण **'रूप'** कहा जाता है। उस (रूप) के आरोपण के कारण इसे 'रूपक' कहा जाता है, जो रस का आश्रय लेकर दस प्रकार का होता है।

यहाँ नाट्य के दो पर्याय प्राप्त होते हैं रूप और रूपक। कालान्तर में रूप का समाहार भी रूपक शब्द में हो गया। इस प्रकार दो शब्द ही विशेष प्रचार में रहे-नाट्य और रूपक। पाणिनि (4/3/129) ने नाट्य शब्द की व्युत्पत्ति ''नट्'' धातु से मानी है। रामचन्द्र ने इसका उद्भव ''नाट्'' धातु से माना है।[2] वेबर और मोनियर विलियम्स का मत है कि 'नट्' धातु 'नृत्' धातु का ही प्राकृत रूप है[3]। श्री मंकड का मत है कि ''नृत्'' धातु बहुत प्राचीन है और ''नट्'' का प्रचलन अपेक्षाकृत कम पुराना है।[4] किन्तु कतिपय विद्वानों का यह भी मत है कि ''नृत्'' और ''नट्'' दोनों धातुएँ ऋग्वेद से प्रचलित है तथा दोनों का प्रयोग स्वतंत्र व निरपेक्ष रूप से होता आया है। इसके प्रमाण में विशेष रूप से सायण को उद्धृत किया जाता है जिसने अपने भाष्य में ''नट्'' का अर्थ ''व्याप्नोति'' किया है तथा ''नृत्'' का अर्थ-गात्रविक्षेपण।[5] इस प्रसंग में दशरथ ओझा का मत है कि-ऐसा प्रतीत होता है कि वेदोत्तर काल में दोनों धातुएँ समानार्थक होती गईं, किन्तु कालान्तर में

---

1. दशरूपक 1/7
2. नाट्यदर्पण
3. ए हिस्ट्री ऑफ इण्डियन लिटरेचर, पृ. 197
4. टाइप्स ऑफ संस्कृत ड्रामा, पृ. 5
5. सायण, 4/105/23 एवं 10/8/3

"नट्" धातु का अर्थ अधिक व्यापक बन गया और "नृत्" के अर्थ के साथ-साथ अभिनय का अर्थ इससे सिमटता चला गया।[1] "सिद्धान्तकौमुदी" के तिङन्त प्रकरण में नाट्य की व्युत्पत्ति इस प्रकार बतलायी गयी है-**नट नृत्तौ। इत्थमेव पूर्वमपि पठितम्। तत्रायं विवेकः। पूर्व-पठितस्य नाट्यमर्थः। यत्कारिषु नटव्यपदेशः। वाक्यार्थाभिनयो नाट्यम्। घटादौ तु नृत्यं नृत्तं चार्थः। यत्कारिषु नर्तकव्यपदेशः। पदार्थाभिनयो नृत्यम्। गात्रविक्षेपमात्रं नृत्तम्। केचित्तु घटादौ नट-नताविति पठन्ति। गतावित्यन्ये।**[2] इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि "नट" धातु का अर्थ गात्रविक्षेपण एवं अभिनय दोनों ही था, किन्तु कालान्तर में "नृत्" धातु का प्रयोग गात्रविक्षेपण के अर्थ में होने लगा और 'नट्' का प्रयोग अभिनय के अर्थ में।

भरत मुनि के समय तक नाट्य व नृत्त ये दोनों कलाएँ स्वतंत्र आकार ग्रहण कर चुकी थीं। तदनन्तर इन दोनों के सांकर्य से नृत्यकला का विकास हुआ। धनंजय ने नाट्य, नृत्त का परस्पर अन्तर स्पष्ट करते हुए कहा है कि नाट्य रसाश्रित होता है, **नृत्त** ताल-लयाश्रित और नृत्य भावाश्रित।[3] इनके ये ही लक्षण अन्य ग्रंथों में भी प्रकारान्तर से कहे गए हैं। भरत मुनि के समय से नाट्य के सुव्यवस्थित रूप से स्थापित हो जाने पर नृत्त एवं नृत्य को उसके शोभाविधायक तत्त्वों के रूप में अंगीकार किया गया।

नाट्योत्पत्ति

नाटयकला का आविर्भाव किस प्रकार हुआ इस विषय में भरत मुनि ने एक कथा नाट्यशास्त्र के प्रथम अध्याय में बतलायी है जो इस प्रकार है-

सत्ययुग बीत जाने पर जब त्रेतायुग प्रारंभ हुआ तब प्रजाजन काम और लोभ के वशीभूत होकर इन्द्रिय-लोलुप हो गए और ईर्ष्या, क्रोध आदि से अभिभूत होकर अपने-अपने कर्मों के अनुसार सुखी या दुःखी रहने लगे। स्त्री और शूद्रों के लिए वेद का सुनना तक संभव नहीं था। अतः उन्हें सत्कर्मो का ध्यान कराने का कोई साधन नहीं था। ऐसे समय में एक दिन इन्द्र आदि देवगण ब्रह्मा के पास जाकर प्रार्थना करने लगे कि आप पाँचवें वेद के रूप में हमारे लिये एक ऐसा क्रीडनीयक (खेल, मनोरंजन का साधन) बनाइये जो दृश्य भी हो और श्रव्य भी तथा जिसे सभी वर्णों के लोग अपना सकें। देवताओं का अनुरोध स्वीकार कर ब्रह्मा ने ऋग्वेद से पाठ्य (कथानक), यजुर्वेद से अभिनय, सामवेद से संगीत और अथर्ववेद से रस को ग्रहण कर पाँचवें "नाट्यवेद" की रचना की। देवताओं ने इसके ग्रहण, धारण और प्रयोग करने में अपनी असमर्थता व्यक्त करते हुए ऋषियों के

1. नाट्य-समीक्षा, पृ.6
2. व्याकरणसिद्धान्तकौमुदी 7।4।68 पर वृत्ति
3. अवस्थानुकृतिर्नाट्यम्। नृत्तं तालयाश्रयम्। अन्यद्भावाश्रयं नृत्यम्। दशरूपक, 1।7।1।9

द्वारा इसका प्रयोग करवाने का आग्रह किया। तब ब्रह्मा ने भरत मुनि को इस **नाट्यवेद** की शिक्षा दी तथा उन्हें अपने सौ पुत्रों के सहयोग से इसका प्रयोग करने का आदेश दिया। भरत मुनि ने अपने सौ पुत्रों को इस नाट्य की शिक्षा देकर जब ब्रह्मा के सामने अभिनय करवाया तब इसमें **कैशिकी वृत्ति** (गीत, नृत्य आदि से युक्त शृंगारपूर्ण अभिनय) की योजना करने का परामर्श दिया और इस कार्य के लिए अपने मन से अप्सराओं की सृष्टि कर भरत मुनि को प्रदान की। इस प्रकार नाट्य को पूर्ण रूप प्राप्त होने पर **इन्द्रध्वज** महोत्सव में इसका प्रथम प्रदर्शन किया गया, जिसमें देवासुर-संग्राम में देवताओं की विजय दिखलायी गयी थी। इसे देखकर दैत्यगण नाराज हो गये और विघ्न उत्पन्न करने लगे। तब नाट्यमंडप की आवश्यकता अनुभव की गयी। विश्वकर्मा ने विचारपूर्वक एक श्रेष्ठ प्रेक्षागृह का निर्माण किया। उधर ब्रह्मा ने दैत्यों को समझाया। तब इस बन्द रंगमंडप में "अमृतमंथन" नाम का नाटक सर्वप्रथम किया गया। इसके बाद विभिन्न देवलोकों में नाट्य के नियमित प्रदर्शन होने लगे। देवताओं से लगातार प्रशंसा पाकर भरतपुत्रों को अपने नाट्यकला के ज्ञान का बहुत अभिमान हो गया। एक बार उन्होंने किसी नाट्य प्रदर्शन में दूसरे ऋषि-मुनियों की खिल्ली उड़ाते हुए उन पर आक्षेपपूर्ण व्यंग्य प्रस्तुत कर डाला। इससे मुनिजन क्रुद्ध हो गए और उन्होंने भरतपुत्रों को शाप दिया कि इस नाट्य का नाश हो जाए तथा **भरतपुत्र** शूद्र हो जायें। इसको सुनकर देवता चिन्तित हो गये और उन्होंने ऋषियों के पास जाकर अपना शाप वापस लेने की प्रार्थना की। तब ऋषियों ने कहा कि नाट्यविद्या तो नष्ट नहीं होगी, लेकिन शाप का शेष प्रभाव वैसा ही बना रहेगा।

इसके बाद राजा नहुष को देवलोक में इन्द्र का पद प्राप्त हुआ, तब उन्होंने स्वर्ग में अप्सराओं द्वारा अभिनीत नाट्यप्रयोग देखा। इसे देखकर उन्होंने देवताओं से प्रार्थना की कि पृथ्वी पर स्थित राजमहल में भी इस नाट्य का प्रदर्शन किया जाये। तब देवताओं ने कहा कि अप्सराओं के द्वारा भूलोक में नाट्य का प्रदर्शन संभव नहीं है, लेकिन यह कार्य आप भरतपुत्रों को पृथ्वी पर ले जाकर अवश्य सम्पन्न करा सकते हैं। नहुष ने भरतमुनि से भूतल पर नाट्य प्रस्तुत करने की प्रार्थना की, जिसे स्वीकार कर भरतमुनि ने अपने पुत्रों को पृथ्वी पर जाकर नाट्य-प्रदर्शन करने की आज्ञा देते हुए समझाया कि इस प्रकार करने से ऋषियों के दिये हुए शाप का अन्त हो जाएगा। भरतपुत्रों ने स्वर्ग से उतरकर नहुष के राजमहल में नाट्यप्रयोग प्रस्तुत किया। कुछ दिनों तक पृथ्वी पर मानुषी स्त्रियों के साथ गृहस्थभाव से समय बिताकर शाप की समाप्ति होने पर स्वर्ग लौट गये। किन्तु जाने से पूर्व वे अपनी संतानों को इस नाट्य के प्रयोग आदि की शिक्षा दे गये थे जिससे पृथ्वी पर नाट्य स्थित हो गया।

नाट्योत्पत्ति के सम्बन्ध में नाट्यशास्त्र में वर्णित उपर्युक्त कथा से पृथक् विभिन्न देशी-विदेशी विद्वानों ने संस्कृत-नाट्य की उद्भूति के संबंध में भिन्न-भिन्न उपस्थापनायें प्रस्तुत की हैं। इन मतों का विवरण इस प्रकार है-1. ऋग्वेद में कुछ संवादसूक्त हैं। इनके

मंत्रो के आधार पर प्रोफेसर **लेवी** ने यह सिद्ध करने का प्रयास किया है कि इन संवादों में भारतीय नाट्य के लक्षण मिल जाते हैं जो अपने स्वरूप में आनुष्ठानिक था, जिसमें पुरोहित स्वर्ग की घटनाओं की अनुकृति पृथ्वी पर प्रस्तुत करने के लिये देवताओं और मुनियों की भूमिका में अपने आपको निवेशित कर लेते थे।

प्रोफेसर **वॉन श्रोडर** की यह स्थापना है कि संवादसूक्त तथा कुछ स्वगतकथन वैदिक रहस्यों के अवशेष हैं, भारत-यूरोपीय समय के रहस्यों के रिक्थ हैं।

हर्टेल वैदिकसंवाद को रहस्य नाटक के रूप में देखते हैं और **"सुपर्णाध्याय"** में वास्तविक संस्कृत नाटक का विकसित रूप देखते हैं।

श्रोडर गंधर्व और अप्सराओं को लैंगिक देवता मानते हैं तथा भारतीय नाट्य के विकास में लैंगिक नृत्य की परोक्ष भूमिका स्वीकारते हैं।

ओल्डेनबर्ग ने **मूक अभिनय** की मुद्राओं से युक्त पवित्रनृत्य में नाटक के तत्त्वों को देखा है।

कीथ ने संस्कृत नाटक का विकास ऋतुपरिवर्तन के साम्य पर सिद्ध किया है।

हिलब्रान्ड और **कोनो** के अनुसार संस्कृत नाटक का उद्भव **धार्मिक** नहीं माना जा सकता, तथापि नाटकों के विकास में धार्मिक महोत्सवों का विशेष योगदान रहा है।

पिशेल ने संस्कृत नाटक के उद्भव के मूल उत्स के रूप में **पुत्तलिका-नृत्य** को स्वीकार किया है। उनकी यह स्थापना है कि पुत्तलिका-नृत्य का मूल भारत में ही है और यहीं से अन्य देशों में प्रसार हुआ है। इसी पुत्तिलकानृत्य से संस्कृतनाटकों के सूत्रधार और स्थापक शब्द लिए गए है।

प्रोफेसर पिशेल की दूसरी स्थापना यह है कि **छाया नाटकों** से संस्कृत नाटकों का विकास हुआ है।

लूडर्स ने इसे संस्कृत नाटकों के विकास में अत्यंत आवश्यक तत्त्व माना है।

वेबर ने संस्कृत नाटकों पर **यूनानी प्रभाव** प्रस्थापित करने का प्रयास किया है। **विंडिश** ने इसका समर्थन करते हुए लिखा है कि जिस प्रकार **गांधार शैली** पर यूनानी प्रभाव स्पष्टतः परिलक्षित होता है उसी प्रकार नाटकों पर भी यूनानी प्रभाव होना अवश्यंभावी है।

हरमन रीक ने भी अन्य प्रकार से इसी सिद्धान्त का समर्थन किया है।

मनमोहन घोष ने लिखा है कि नाट्यकला संभवतः पूर्ववैदिकधर्मों से संबद्ध थी, नाट्यशास्त्र के रचनाकार ने इसे वैदिक प्रयोगों के समकक्ष स्तर प्रदान करने का प्रयास किया है।

जागीरदार ने संस्कृत नाटकों का विकास धार्मिक, वैदिक क्रिया-कलापों में न मानकर वेदविरोधीप्रवृत्ति में माना है।

इसी प्रकार की कतिपय अन्य प्रस्थापनाएँ भी विभिन्न विद्वानों ने प्रस्तुत की है। वस्तुतः

यह सत्य है कि वैदिक साहित्य में नाट्य की सूत्र रूप में अवस्थिति है। स्वयं नाट्यशास्त्र की उपुर्यक्त कथा भी इस तथ्य को स्वीकारती है। यह भी सत्य है कि नाट्य के स्वरूप-विधायक तत्त्वों-संगीत, नृत्य, वेषविन्यास आदि का विकास वैदिक प्रयोगों में हो चुका था। कदाचित् तत्कालीन प्रयोग **ग्राम्यधर्मी** अधिक थे, तथापि इसे लोकानुरंजन के साथ-साथ **लोकोपदेश** का सशक्त माध्यम मानकर भरत ने इसे परिष्कृत रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया और इस प्रकार एक महान् परंपरा की नींव रखी।

नाट्य का क्षेत्र

भारतीय आचार्यों की दृष्टि में नाट्य का स्वरूप जितना व्यापक है उतना ही विस्तृत है उसका क्षेत्र। भरत मुनि कहते हैं कि इसमें कहीं धर्म है, कहीं क्रीडा, कहीं अर्थ (राजनीति या अर्थनीति), कहीं श्रम, कहीं हास्य, कहीं युद्ध, कहीं काम तथा कहीं वध है। धर्मपरायणों के लिए इसमें धर्म है, काम के प्रयोजन में वृत्ति रखनेवालों के लिए इसमें काम हैं। इसमें दुर्विनीतों के लिए दण्ड-व्यवस्था तथा मदमत्त व्यक्तियों का दमन करने की क्रियाएँ हैं। यह नपुंसकों में धृष्टता का तथा अपने को वीर समझने वाले मनुष्यों में उत्साह का उत्पादक है। यह अबोधजनों को विशेष ज्ञान प्रदान करनेवाला तथा विद्वानों के ज्ञान को बढ़ाने वाला है। यह ऐश्वर्यशाली प्रभुओं के लिए विलास, दुःख से पीड़ित व्यक्तियों के लिए स्थिरता, अर्थाश्रित व्यक्तियों के लिए अर्थ तथा विकलचित्त व्यक्तियों को धैर्य देने वाला है[1]। इस नाट्य में सभी शास्त्रों, सभी प्रकार के शिल्पों और विविध प्रकार के अन्य कार्यों का सन्निवेश रहता है।[2] यह नाट्य संसार में वेदों, विद्याओं और इतिहास की गाथाओं की परिकल्पना प्रस्तुत करने वाला है और यही नाट्य श्रुति, स्मृति, सदाचार तथा शेष बचे हुए अर्थों की संकल्पना करने वाला है।[3] भरत मुनि की यह उक्ति तो सर्वजनविदित है-

न तज्ज्ञानं न तच्छिल्पं न सा विद्या न सा कला।
नासौ योगो न तत्कर्म नाट्येऽस्मिन् यन्न दृश्यते।।[४]

जो इस नाट्य में न मिल सके, ऐसा कोई ज्ञान, शिल्प, विद्या, कला, योग और कोई अन्य कार्य नहीं हो सकता है।

वस्तुतः नाट्य-प्रयोग विभिन्न ज्ञान, विद्या, कला, शिल्प, योग एवं कर्मों की एक संयुक्त प्रस्तुति है। भरत-वर्णित नाट्योत्पत्ति की कथा से भी यही तथ्य प्रकट होता है। भारत में वेद को संसार के समस्त ज्ञान का आदि-स्रोत माना गया है और नाट्यशास्त्र के लिये

1. ना.शा. 1/108-111
2. ना.शा. 1/118
3. ना.शा. 1/122-123
4. ना.शा., 1/117

भी अपना वेदत्व प्रतिष्ठापित करने के लिए इन सबको स्वयं में समाहित करना अनिवार्यता है। सम्पूर्ण भारतीय साहित्य में या तो महर्षि **वेदव्यास** ने ही अपने महाभारत में यह गर्वोक्ति की है कि **"यदिहास्ति तदन्यत्र यन्नेहास्ति न तत् क्वचित्"** अथवा भरत ने ही "नैतज्ज्ञानं न तच्छिल्पं" आदि कहा है। इसी कारण ये दोनों ही रचनाएँ **पंचमवेद** अभिधान से विभूषित हैं।

नाट्य-प्रयोजन

नाट्य के स्वरूप और क्षेत्र से ही जुड़ा हुआ प्रश्न नाट्य-प्रयोजन का है अर्थात् इस नाट्य का सृजन किसके लिये (और किस अर्थ की सिद्धि के लिए) हुआ है। इसके प्रत्युत्तर में नाट्यशास्त्र में नाट्योत्पत्ति की जो कथा है, उसमें इन्द्रादि देवगण ब्रह्मा से यही प्रार्थना करते हैं कि (विधि-निषेधात्मक और दुर्बोध होने के कारण) वेद-व्यवहार सबके सुनने योग्य नहीं है, अतएव आप सभी वर्णों के लिए उपयोगी एक ऐसे पाँचवें वेद की रचना कीजिये, जो दृश्य-श्रव्यात्मक क्रीडनीयक (खेल, मनोविनोद के साधन) के रूप में हो।[1] तब ब्रह्मा ने सभी वेदों का स्मरण करते हुए संकल्प किया कि मैं नाट्य नामक ऐसे पाँचवें वेद की इतिहास-सहित रचना करता हूँ जो धर्म और अर्थ की प्राप्ति कराने वाला, यशःप्रदाता, उपदेश तथा संग्रह से युक्त, भावी जगत् के सभी कार्यों का पथप्रदर्शक, सब शास्त्रों के अर्थों से परिपूर्ण और शिल्पों को प्रदर्शित करने वाला होगा।[2]

यह नाट्य धृति, क्रीडा व सुखादि सम्पादित कर हितावह उपदेशों का जनक होगा। यह नाट्य रसों, भावों तथा इन सभी के कार्य और क्रियाओं के द्वारा उपदेश प्रदान करने वाला होगा। यह नाट्य दुःख से, थकावट से तथा शोक से पीड़ित दीन-दुःखियों के लिए विश्राम देने वाला होगा। यह नाट्य धर्म, यश और आयु का संवर्धक, हितकारी, बुद्धि का विकास करनेवाला तथा संसार को उपदेश देने वाला होगा।[3] यह नाट्य संसार में मनोविनोद का जनक होगा।[4]

भरत मुनि के उपर्युक्त वचनों पर विचार करने पर नाट्य-रचना के प्रमुख रूप से दो प्रयोजन स्पष्टतः प्रतीत होते हैं-लोकानुरंजन और लोकोपदेश। ये दोनों उद्देश्य भी मूलतः परस्पर सम्बद्ध हैं। नाट्य लोक-शिक्षण का ऐसा माध्यम है जो मनोरंजन से युक्त है और सार्वजनीन है। इससे प्राचीन भारतीय मनीषियों के सर्वकल्याणकारी उदार दृष्टिकोण का परिचय प्राप्त होता है। नाट्यशास्त्र को केवल अपने युग की आवश्यकता का ही ध्यान न

1. ना.शा., 1/11-12
2. ना.शा., 1/14-15
3. ना.शा., 1/113-116
4. ना. शा. 1/123

होकर भावी युग की आवश्यकताओं का भी ध्यान रहा है। इसीलिए भरत कहते हैं कि भावी युग में मानव-बुद्धि का ह्रास हो सकता है। जब लोगों का बुद्धिसामर्थ्य नष्ट हो सकता है, तब विभिन्न कलाओं और शिल्पों का नष्ट होना भी स्वाभाविक है। अतः नाट्य के द्वारा कलाओं का संरक्षण परमावश्यक है।[1]

इसी प्रकार महाकवि कालिदास ने भी कहा है-नाट्य विभिन्न रुचि के लोगों का एक साथ समाधान करने वाला अनोखा साधन है।[2]

नाट्य-विस्तार

नाट्यशास्त्र यह सूचित करता है कि जब ब्रह्मा ने ऋग्वेद से पाठ्य (संवाद), यजुर्वेद से अभिनय, सामवेद से संगीत व अथर्ववेद से रस को ग्रहण कर नाट्यवेद का सृजन कार्य आरंभ किया[3] तब उसमें अपनी ओर से 'इतिहास' को भी मिला दिया था।[4] इन्हीं **पंच-तत्त्वों** से निर्मित नाट्य भरत को "प्रयोग" के लिए प्राप्त हुआ। भरत ने अपने साधनाकाल में इस नाट्य में तीन वृत्तियों की योजना की। वाक्-प्रधाना **भारती**, सत्त्वाधिकारयुक्ता **सात्वती** तथा आंगिकादि अभिनयप्रधान आरभटी वृत्तियों का प्रयोग तो वे अपने शिष्यों सहित सहजता से कर गए किन्तु कोमल शृंगारोपचारयुक्त **कैशिकी** वृत्ति के प्रयोग का जब ब्रह्मा ने आदेश दिया तब उन्होनें कहा कि यह वृत्ति तो पुरुषों के वश की नहीं है। ऐसी स्थिति में ब्रह्मा ने अप्सराओं की सृष्टि कर प्रदान किया।[5] यह नाट्य का द्वितीय संस्कार था। इसके अनन्तर देवराज इन्द्र के ध्वजमहोत्सव के अवसर पर प्रथम बार चारों वृत्तियों से युक्त **अमृतमन्थन** नामक रूपक का प्रयोग प्रस्तुत किया जाने लगा तब दैत्यों ने उसमें विघ्न उत्पन्न करना आरंभ कर दिया। उससे बचने के लिये **रंगपूजा** की विधि "पूर्वरंग" का इसमें समावेश हुआ। इतना होने पर "त्रिपुरदाह" नामक डिम के रूप में यह नाट्य शिव के सम्मुख प्रस्तुत हुआ। शिव ने इसकी प्रशंसा करते हुए कहा कि मैंने संध्या काल में नृत्य करते हुए **नृत्त** का स्मरण किया है जो अनेक करणों से संयुक्त व अंगहारों से विभूषित है। पूर्वरंग की यह विधि शुद्ध है, इसमें नृत्त को जोड़ देने पर वह **चित्र** हो जायेगा अर्थात् उसमें वैचित्र्य आ जाएगा।[6] यह नाट्य का चौथा संस्कार था।

---

1. ना.शा. 21/127-128
2. नाट्यं भिन्नरुचेर्जनस्य बहुधाप्येकं समाराधनम्।-मालविका. 1/4
3. ना.शा., 1/17
4. ना.शा. 1/15
5. ना.शा., 1/46
6. ना.शा. 4/15-16

भारतीय परम्परा के अनुसार इन चार कक्षाओं का अतिक्रमण करने के अनन्तर ही नाट्य को पूर्णता प्राप्त हुई है।

नाट्यशास्त्र का यह विवरण भारतीय नाट्य-प्रयोग के ऐतिहासिक विकासक्रम के अध्ययन की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। इससे प्रमाणित होता है कि नाट्यशास्त्र के रचनाकाल से पूर्व में ही नाट्य के स्वरूप-विधायक तत्त्व-संवाद, गीत, अभिनय, और रस भी विद्यमान थे किन्तु वे सब पृथक्-पृथक् रूप से और मनोविनोद के क्षेत्रीय साधनों के रूप में प्रायशः ग्राम्य-धर्मिता से पूरित थे। इतिहास की योजना के रूप में इनका संश्लिष्ट भाव में उदात्तीकरण हुआ है। इन्हें एक लक्ष्य विषयवस्तु और ''जग्राह पाठ्यमृग्वेदात्'' आदि के द्वारा एक आदर्श भी प्राप्त हुआ किन्तु यह तो संस्कृत नाट्यप्रयोग के आद्य-स्रष्टा का संकल्पन था। भरत ने उस आदर्श के क्रियात्मक रूप से प्रस्तुतीकरण की संभावनाओं पर भी विचार किया।

वृत्ति को **नाट्यमाता** कहा जाता है।[1] इस कथन का तात्पर्य यही है कि नाट्यगत भावाभिव्यक्ति शब्दप्रधान (Mainly in dialogue form) भी हो सकती है, इसके साथ सात्त्विक भावों से पूरित भी हो सकती है और दौड़-भाग, कूर्दन, इन्द्रजाल माध्यमों से भी। तीनों माध्यमों से भी। अथवा तीनों माध्यम पुरुष-कृत होने से इनमें लालित्य की न्यूनता है, जिसकी सम्पूर्ति कैशिकी वृत्ति से होती है। कैशिकी वृत्ति की योजना-कथा से विदित होता है कि भारतीय नाट्यप्रयोग में स्त्री-पात्रों का प्रवेश कुछ काल के बाद हुआ है।

वृत्तियों के रूप में नाट्यस्थिति के अनुकूल अभिव्यक्ति के सशक्त माध्यमों की तलाश हो जाने के बाद पूर्वरंग विधि की योजना भी उद्देश्य से की गई है। इसका धार्मिक प्रयोजन तो स्पष्ट ही है; स्थाई रंगमंडप बनाने का विचार दैत्य-जनित-बाधा के समुत्थित होने के अनन्तर ही उभर कर सामने आया है। इससे सिद्ध होता है कि पहले नाट्य-प्रयोग खुले मैदानों में आयोजित किया जाता था। नाट्य में स्त्री-पात्रों के प्रवेश के कारण प्रयोक्ताओं की सुरक्षा की आवश्यकता तीव्रता से अनुभव की गई। स्थायी नाट्यगृह का निर्माण व रंगदैवतपूजन का विधान जहाँ प्रेक्षकों में नाट्य-प्रयोग के प्रति आस्था एवं प्रयोक्ता में ईश्वरीय अनुग्रह के रूप में आत्मविश्वास उत्पन्न करने का साधन है, वहीं मुख्य नाट्य के आरंभ होने से पूर्व दर्शकों की चित्त-वृत्तियों का केन्द्रीकरण कर रस-सृष्टि के अनुकूल वातावरण तैयार करने का भी प्रयास है। किन्तु शुद्ध पूजा-विधि दर्शकों को कब तक बाँधे रख सकती थी? विशेषकर जब कि प्रेक्षक-समुदाय में सभी प्रकार के धर्म हों। इस ओर सर्वप्रथम शिव का ध्यान गया और उन्होंने वर्धमान, आसारित, गीत और महागीत के साथ नृत्त की योजना का आदेश देकर पूर्वरंग को वैचित्र्यपूर्ण बनाया। इस प्रकार

1. वृत्तयो नाट्यमातरः।

मानवीय कलाओं में समुद्भूत नृत्त, जो नाट्य-प्रयोक्ताओं के द्वारा उपेक्षित था, की महत्ता सार्वजनीन रूप से स्वीकारी गई और पूर्वरंग से आरंभ कर क्रमशः सम्पूर्ण नाट्यप्रयोग में नृत्त के माध्यम से सौंदर्य और लालित्य की व्यंजना कर उसे पूर्णता प्रदान की गई। इसीलिए विष्णुधर्मोत्तरपुराण में कहा गया है कि नृत्त नाट्य का संस्कारक है, जो उसकी शोभा को बढ़ाने वाला है।[1] इस प्रकार पाठ्य, गीतादिक से आरंभ कर नृत्तयोजना तक भारतीय नाट्यप्रयोग का क्रमिक विस्तार हुआ है। इन चतुर्विध संस्कारों से ही उसे पूर्णता प्राप्त हुई है।

नाट्य-संग्रह

भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र के उद्देश्य-कथन के रूप में छठें अध्याय में ''एकादश नाट्य-संग्रह' की चर्चा की है। अत्रि आदि ऋषियों के उत्तर में वे कहते हैं कि इस 'नाट्य-विद्या' का किसीप्रकार अन्त (निश्चयात्मक ज्ञान) पाना संभव नहीं है; क्योंकि ज्ञान तथा शिल्पों का (जो इस नाट्य से सम्बद्ध हैं) कोई अन्त नहीं है। जब इनमें से किसी एक (अंगभूत) विषय का ही सामग्र्येण ज्ञान संभव नहीं, जो समुद्र के समान विस्तीर्ण है, तब समस्त ज्ञानों के तात्त्विक आशय तथा उनके समग्र तत्त्वों के अन्तिम छोर तक पहुँचना कैसे संभव हो सकता है? तथापि मैं आपको नाट्य के रस और भाव के ''संग्रह'' को बतलाता हूँ, जो अल्प परिमाण वाला, सूत्रभूत अर्थों वाला तथा अनुमान से सिद्ध होने वाला है।[2] उनके अनुसार नाट्य के संग्रह (संग्राहक) कहे जाने वाले एकादश अंग ये हैं-1. रस 2. भाव 3. अभिनय 4. धर्मी 5. वृत्ति 6. प्रवृत्ति 7. सिद्धि 8. स्वर 9. आतोद्य 10. गान एवं 11. रंग।[3]

यद्यपि आचार्य अभिनवगुप्त ने व्याख्या में बतलाया है कि भरताचार्य-सम्मत अंग केवल पाँच ही हैं (आंगिक, वाचिक तथा आहार्य-इन तीन प्रकार के अभिनय एवं गान और वाद्य मिलकर नाट्य के पाँच अंग हो जाते है)। एकादश अंग तो कोहलाचार्य के मत में होते हैं।[4] किन्तु अभिनवगुप्त की इस व्याख्या का आधार स्पष्ट नहीं है, जबकि नाट्यशास्त्र में इन एकादश अंगों का लगभग इसी क्रम में (कतिपय अपवादों को छोड़कर) विस्तार से वर्णन किया गया है। अतएव ''पाठ्य'' (रूपकों की शाब्दिक संरचना) के अनन्तर इन एकादश नाट्य-संग्रहों को ही नाट्य-प्रयोगविज्ञान का आरंभक या आधार-तत्त्व कहा जा

---

1. तस्य संस्कारकं नृत्तं भवेच्छोभाविवर्धनम् (विष्णुधर्मोत्तर 3/20/1)
2. ना.शा., 6/6-8
3. रसा भावा ह्यभिनयाः धर्मिवृत्तिप्रवृत्तयः।
   सिद्धिः स्वरास्तथातोद्यं गानं रंगश्च संग्रहः।। (ना.शा., 6/10)
4. हिन्दी अभिनवभारती, पृ. 417

सकता है; क्योंकि नाट्य-वेद के शेष तीनों उपादान (गीत, अभिनय व रस) भी इन्हीं में समाश्रित हैं। इस कारण "प्रयोग" के संदर्भ में नाट्य के इन एकादश अंगों का सर्वप्रथम ज्ञान लेना आवश्यक है।

इन एकादश नाट्यांगों में से रस तो नाट्य का परम आराध्य ही है। कवि और अभिनेता का मुख्य प्रयोजन दर्शकों में रसोद्रेक करना है। इस रस की निष्पत्ति का कारण है-भाव। दर्शकों की रसानुभूति का साधन है-अभिनय। आंगिक, वाचिक, सात्त्विक और आहार्य। इन चतुर्विध अभिनयों के द्वारा ही काव्य के अर्थ दृश्यमान होते हैं। इसी दृश्यमानता के प्रसंग में "वृत्तियों" के रूप में नाट्य-स्थितियों के अनुकूल अभिव्यक्ति के सशक्त माध्यमों को तलाशा गया है। समस्त अभिनयों की समाप्ति इन्हीं वृत्तियों में होती है[1] इसीलिए ये वृत्तियाँ "नाट्यमाता" कही गई हैं। नायक, नायिका, प्रतिनायक एवं अन्य पात्रों का कायिक, वाचिक और मानसिक व्यापार (चेष्टा) ही **वृत्ति** है। चतुर्विध वृत्तियों में से भारती वृत्ति में वाणी की प्रधानता रहती है। **सात्वती** वृत्ति में मानस-व्यापार का प्राधान्य रहता है। कैशिकी वृत्ति स्त्रीसंयुक्त, नृत्य-गीतमय कामोपभोगकार्य व्यापार के प्राधान्य वाली होती है तथा आरभटी वृत्ति उद्धत पुरुषों के क्रोध, आवेग आदि गुणों तथा वंचना, दम्भ, अनृत वचन आदि से युक्त होती है। मनुष्य की बाह्य प्रवृत्ति अर्थात् देश, वेष, भाषा तथा अन्य व्यवहार ही "प्रवृत्ति" है।

लोक के सहज जीवन का अनुकरण करने वाला स्वाभाविक अभिनय **लोक-धर्मी** तथा शास्त्रीय परम्पराओं का अनुगमन करने वाला प्रतीकात्मक एवं ललित अभिनय **नाट्यधर्मी** होता है। नाट्य-प्रयोग की सफलता-विफलता का आकलन ही **सिद्धि-विधान** है। स्वर, आतोद्य और गान परस्पर सम्बद्ध हैं, जो प्रयोग की रंजकता में वृद्धि करने वाले उपकरण हैं। रंग अर्थात् रंगमंडप तो नाट्य-प्रयोग के साथ अनिवार्यरूप से जुड़ा हुआ है। इस प्रकार हम देखते हैं कि इन एकादश नाट्यांगों के रूप में भरत मुनि द्वारा नाट्य के साध्य, साधन और परिणाम इन तीनों ही अंशों पर विस्तृत विचार किया गया है। रस तथा उससे असम्पृक्त रूप से जुड़ा हुआ भाव नाट्य-प्रयोग का परिणाम है।

कवि और विशेषकर प्रयोक्ता को इन तीनों स्तरों पर ही समान रूप से दृष्टि रखनी होती है। इन एकादश अंगों की सम्यक् योजना से ही नाट्यपुरुष की देह पूर्णता को प्राप्त होती है।

रूपकभेद

नाट्य-प्रयोग एक त्रिकोणात्मक व्यापार है। इसके तीन बिन्दु हैं-कवि (नाट्यकार), अभिनेता और प्रेक्षक। प्रेक्षकों में रसोद्रेक के लिए ही अभिनेता अपने कौशल से कवि की

1. वृत्त्यन्त एवोऽभिनयो मयोक्तः। -(ना.शा. 20/77)

कल्पना को साकार (सादृश्य) ''रूप'' प्रदान करने का प्रयास करता है। इस प्रकार नाट्य-व्यापार का आरंभक बिन्दु कवि ही सिद्ध होता है। किन्तु नाट्य के प्रसंग में कवि अभिव्यक्ति के लिए सर्वथा स्वतंत्र नहीं है। भरत ने अभिनेता के समान ही नाट्यकार को भी नियमों से बाँधा है। प्रयोग की दृष्टि से एक मार्ग निश्चित कर दिया गया है कि किस रस की प्रमुख रूप से उद्भावना के लिए किस प्रकार के पात्रों को लेकर कथानक का किस प्रकार विकास किया जाये। इसी का नाम **'दशरूपविकल्पन''** है। नाटयशास्त्र के 20वें अध्याय में जिन दस रूपकभेदों का आख्यान है, उनके नाम हैं-1. नाटक, 2. प्रकरण, 3. अंक, 4. व्यायोग, 5. भाण, 6.समवकार, 7. वीथी, 8. प्रहसन, 9. डिम तथा 10. ईहामृग। यद्यपि भरत ने दशरूपविकल्पन का आधार वृत्तियों को माना है किन्तु प्रायः समस्त परवर्ती शास्त्रकारों ने रूपकों के तीन भेदक तत्त्व माने हैं-वस्तु, नेता और रस। **वस्तु** से तात्पर्य है-कथावस्तु। **नेता** का अर्थ है-नायक-नायिका तथा अन्य पात्र। रस शृंगार, वीर, वीभत्स आदि। स्रोत की दृष्टि से नाट्य-वस्तु तीन प्रकार की होती है- प्रख्यात, उत्पाद्य, एवं मिश्र। **फलाधिकार** की दृष्टि से वस्तु दो प्रकार की होती है-आधिकारिक और प्रासंगिक। अभिनय की दृष्टि से इसके चार भेद किये गये हैं सूच्य, प्रयोज्य, अभ्यूह (कल्पनीय) तथा उपेक्ष्य। संवादात्मक अभिव्यक्ति के अनुसार पाँच भेद हैं-प्रकाश, स्वगत, अपवारित, जनान्तिक और आकाशभाषित।

कथा के विकास की दृष्टि से नाट्यशास्त्र रूपक के समग्र इतिवृत्त को कुछ स्थितियों में बाँटता है। यह विभाजन तीन प्रकार से सम्पन्न हुआ है, जिन्हें कार्यावस्था, अर्थप्रकृति और संधि कहा जाता है। इनमें से प्रत्येक के पाँच-पाँच भेद हैं। किसी भी पूर्ण विकसित कार्य में विकास की पाँच अवस्थाएँ हैं। इन **कार्यावस्थाओं** के नाम हैं-आरंभ, यत्न, प्रत्याशा, नियताप्ति एवं फलागम। इन पाँचों अवस्थाओं के प्रयोजन को सिद्ध करने वाली पाँच अर्थप्रकृतियाँ हैं-बीज, बिन्दु, पताका, प्रकरी एवं कार्य। **संधियाँ** कार्यावस्था को स्वाभाविक अवसान तक ले जाती हैं। वे भी पाँच हैं-मुख, प्रतिमुख, गर्भ, विमर्श और निर्वहण। इनके अतिरिक्त नाट्यशास्त्र में 64 प्रकार के संध्यंग, 21 संध्यन्तर, संधियों के 6 प्रयोजन तथा 36 **नाट्य-लक्षण** या नाट्यालंकार बतलाए गये हैं। इन सबको दृष्टि में रख कर ही कथावस्तु का स्वरूप तैयार किया जाता है। इस स्वरूप के सर्वांग पूर्ण होने पर ही उसका प्रयोग नयनाभिराम होगा।

भरतोत्तर काल में कतिपय उपरूपकों का भी विकास हुआ। उपर्युक्त रूपक-भेदों में कथावस्तु का प्राधान्य रहता है और चारों प्रकार के अभिनय-भेदों की सम्यक् विनियोजना रहती है। परन्तु उपरूपक गीत-नृत्यादि प्रधान होते हैं, इसीलिए इन्हें गेय रूपक, नृत्त-भेद आदि नामों से भी पुकारा गया है। विभिन्न ग्रंथों में इनकी संख्या अलग-अलग बतायी गई

है। भावप्रकाश में 20 उपरूपकों का वर्णन प्राप्त है, उनके नाम हैं-नाटिका, त्रोटक, गोष्ठी, सल्लाप, शिल्पक, डोम्बी, श्रीगदित, भाग, भाणी, प्रस्थान, काव्य, प्रेक्षणक, नाट्य रासक, लासक, उल्लोप्यक, हल्लीस, दुर्मल्लिका, मल्लिका, कल्पवल्ली एवं पारिजातक।

इन समस्त रूपकभेदों में "नाटक" को ही समस्त आचार्यों ने एक स्वर से सर्वश्रेष्ठ रूपक-प्रकार माना है। इसका कारण यह है नाटक में सभी प्रकार के पात्र, समस्त अभिनयभेद, सम्पूर्ण वृत्तियाँ तथा नाट्य के अन्य समस्त शोभा एवं स्वरूपविधायक तत्त्वों के एक साथ समीकृत होने के कारण अन्य रूपकों की अपेक्षा उसमें **"रंजना"** का आधिक्य रहता है, अधिकाधिक रसाविर्भाव और सर्वांगीण प्रयोगसौन्दर्य परिलक्षित होता है। नाट्य का प्रयोजन सरसोपदेश है, इसीकारण नाटक का नायक कोई प्रख्यात राजर्षि होता है, जिसके माध्यम से आशा-निराशा का द्वन्द्व चित्रित होता है। यह सामान्यतः किसी देवता को नायक बनाने पर संभव नहीं। इस प्रकार समस्त कलात्मक उपायों के माध्यम से किसी आदर्श की प्रस्थापना ही नाटक की परिकल्पना के मूल में है।

प्रयोगवैशिष्ट्य

नाट्य को दृश्य काव्य अर्थात् आँखों को सम्बोधित कविता कहा गया है। अतः काव्यगत छन्दोबद्धता, गत्यात्मकता, भावप्रवणता, लालित्य, अलंकरण और चमत्कार का निर्वाह नाट्यप्रयोग में भी आवश्यक है। प्राचीन भारतीय नाट्यप्रयोक्ता को अन्य विशेषताओं के अतिरिक्त एक साथ अभिनेता, गायक व नर्तक होना आवश्यक है क्योंकि उसे किसी पात्र का न केवल रूप प्रदर्शित करना होता है, अपितु अभिनय में आँखों को भला लगने वाला सौष्ठव भी अपेक्षित होता है। इसीलिए भरत मुनि ने अंग-प्रत्यंग भेदों का विस्तार से वर्णन किया है। इन्हीं अभिनयभेदों को परवर्ती काल में नृत्यशास्त्रियों द्वारा अपना लिया गया था। अतः यदि यह कहा जाए तो आश्चर्य नहीं किया जाना चाहिए कि प्राचीन भारतीय रूपक मात्र खेले नहीं जाते थे वरन् नृत्यित होते थे। स्वयं रूपकों व अन्य नाट्यसाहित्य में भी इस सत्य को भूरिशः स्वीकारा गया है। हरिवंश पुराण (विष्णु पर्व अ.13, श्लो, 28) में कहा गया है-"नाट्यं ननृतु" अर्थात् नाट्य नाचा गया। इसी प्रकार राजशेखर ने कर्पूरमंजरी की प्रस्तावना में कहा है-"सट्टकं णच्चिदव्वम्" अर्थात् एक सट्टक नाचा जा रहा है।

नृत्य के साथ लय-ताल तो जुड़ी ही हुई है, गायन-वादन भी उससे पृथक् नहीं है। संस्कृत रूपकों का पात्र भावात्मक स्थितियों के प्रदर्शन में गीत का माध्यम अपनाता है और इस तरह प्रेक्षकों में रसोद्रेक करना उसके लिए सहज हो जाता है। गीत-वादित्र के आसन पर प्रतिष्ठित ये भाव-भंगिमाएँ अपनी अभिव्यक्ति में इतनी पूर्ण और सशक्त होती हैं कि न किसी दृश्य-सज्जा की आवश्यकता रह जाती है और न विशिष्ट प्रकाश-व्यवस्था की।

लेकिन दर्शकों में स्त्रियाँ, बच्चे व अल्पमति लोग भी हैं जिनकी सादृश्य-प्रतीति के लिये थोड़ा-बहुत शृंगार एवं वेश-विन्यास कर लिया जाता है। अतः नेपथ्यविधान भी अभिनय का ही एक अंश है।

इस प्रकार संस्कृत नाट्यप्रयोग के तीन आधारभूत तत्त्व ठहरते हैं-काव्य, संगीत व अभिनय।

संगीत व नृत्य की इसी महत्ता को दृष्टि में रख कर लोग संस्कृत नाट्यप्रयोग को कभी "ओपेरा" कहने लगते हैं और कभी "बैले" जबकि संस्कृत रूपकों की प्रकृति इन दोनों से ही वस्तुतः भिन्न है। **ओपेरा** (opera) में प्रत्येक संवाद गीतमय होता है किन्तु संस्कृत रूपकों में गद्य व पद्य दोनों का प्रयोग होता है। विशेष यह है कि पद्यों की भी अवसरानुकूल पाठ व गान दोनों की व्यवस्था है। इसी प्रकार **बैले** में शाब्दिक अभिव्यक्ति नहीं होती, हर बात नृत्य के माध्यम से कही जाती है, जबकि संस्कृत रूपकों का प्रथम तत्त्व ही काव्य है, शब्दरचना है। नृत्य तो नाट्यगत अनुकरण को सौंदर्य व लालित्य से मण्डित करने का साधन है, उसका संस्कारक है। इस प्रकार भारतीय नाट्यप्रयोग काव्य, गीत, नृत्य, साज-सज्जा आदि समस्त उपकरणों के समानुपातिक प्रयोग में ही आस्था रखता है। इनमें से किसी एक को विशेष महत्ता प्रदान कर अभिव्यक्ति के प्रमुख माध्यम का दर्जा नहीं देता क्योंकि नट का कार्य तो कवि की कल्पना को सादृश्यरूप देना है। अतः प्रमुखता कविता को पहिले ही प्राप्त है। अब जो शेष है वह उस काव्यरचना को रंगमंच पर दृश्यमान बनाने का साधनमात्र है। गीत और नृत्य क्रमशः उस काव्य की श्रव्यता और दृश्यता को अधिक मनोरम रूप दे सकते हैं, इसी कारण इन्हें अपनाया गया है।

यहाँ हम पुनः वृत्तियों को स्मरण कर सकते हैं। नाटकीय इतिवृत्त में बहुत सी स्थितियाँ ऐसी हो सकती हैं जिनका केवल शाब्दिक कथन ही रुचिकर लगेगा जबकि अन्य स्थितियों में वचन-प्रचार रसानुभूति में बाधक सिद्ध हो सकता है। इस प्रकार भारतीय नाट्य-प्रयोग में नाट्य के समस्त तत्त्वों का काव्यरचना के परिप्रेक्ष्य में समानुपातिक व संश्लिष्ट प्रयोग ही विवक्षित है। यही संस्कृत नाट्यप्रयोग का सर्वोपरि वैशिष्ट्य है।

प्रमुख नाटककार

संस्कृत के नाट्यलक्षण-ग्रंथों में रूपक तथा उपरूपकों के जितने प्रकार बतलाये गये हैं निश्चय ही उनके अनुरूप नाट्यलेखन भी होता रहा है। शास्त्र और प्रयोग दोनों एक-दूसरे का अनुगमन करते रहते हैं। कभी शास्त्रसम्मत रूपक रचना होती है और कभी प्रयोग देखकर उसे शास्त्रबद्ध किया जाता है। उपरूपकों के संदर्भ में यही तथ्य और भी अधिक उभरकर सामने आता है। विभिन्न शास्त्रग्रंथों में उपरूपकों की संख्या, उनके नाम तथा लक्षणों में अंतर इसके प्रमाण हैं। दुर्भाग्यवश अनेक रूपक-उपरूपक भेदों के उदाहरण आज प्राप्त नहीं हैं और इसी प्रकार अतीत के अनेक नाटककारों, जिनमें से कुछ के

नामोल्लेख विभिन्न ग्रंथों में पाये जाते हैं, उनकी रचनाएँ भी काल-कवलित हो गई हैं, तथापि वर्तमान में जिन संस्कृत नाटककारों की रचनाएँ उपलब्ध हैं उनमें सर्वप्रथम नाम **भास** का है।

यद्यपि सन् 1912 ईसवी में महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री द्वारा अनंतशयनम् ग्रंथमाला के अंतर्गत प्रकाशित भास के तेरह नाटकों से पूर्व कालिदास ही प्रथम उपलब्ध नाटककार माने जाते रहे। किन्तु स्वयं कालिदास ने भी मालविकाग्निमित्र नाटक की प्रस्तावना में भास का उल्लेख सम्मानपूर्वक किया है। अतः निश्चितरूप से वे उनके पूर्ववर्ती थे। विद्वान् उन्हें केरल का निवासी मानते हैं और कुछ लोग उपलब्ध रचनाओं में से कतिपय रचनाओं के भासकृत होने पर संदेह भी व्यक्त करते हैं। भास निःसंदेह उत्कृष्ट कोटि के नाटककार हैं। उनका उल्लेख अनेक विद्वानों ने उद्धरणों सहित किया है तथा जयदेव ने उन्हें "कविताकामिनी का हास" माना है। उनकी रचनाओं के नाम इस प्रकार हैं-1. प्रतिमा नाटक 2. अभिषेक 3. पांचरात्र, 4. मध्यमव्यायोग, 5. दूतघटोत्कच, 6. कर्णभार, 7. दूतवाक्य, 8. उरुभंग, 1 बालचरित, 10. दरिद्रचारुदत्त, 11. अविमारक, 12, प्रतिज्ञायौगंधरायण 13. स्वप्नवासवदत्त।

संस्कृत नाटककारों में दूसरा उल्लेखनीय नाम महाकवि **कालिदास** का है, जिनका स्थितिकाल कुछ विद्वान् चन्द्रगुप्त द्वितीय के शासनकाल छठीं शताब्दी मानते हैं और अन्य विद्वान् इन्हें उज्जयिनी के शासक विक्रमादित्य के नवरत्नों में से एक मानकर प्रथम शताब्दी ईसवी पूर्व का बतलाते हैं। कवि और नाटककार के रूप में जितनी प्रसिद्धि कालिदास को प्राप्त हुई है उतनी किसी अन्य रचनाकार को नहीं। कालिदास द्वारा रचित चार काव्य ग्रंथ-रघुवंश, कुमारसंभव, मेघदूत और ऋतुसंहार तथा तीन नाटक-अभिज्ञानशाकुन्तल, विक्रमोर्वशीय एवं मालविकाग्निमित्र हैं। इनमें से शाकुन्तल उनकी विश्वप्रसिद्ध रचना है जिसकी प्रशंसा अनेक विदेशी विद्वानों ने भी की है।

कालिदास के समकालीन कवियों में एक महत्त्वपूर्ण नाम अश्वघोष का है जिनकी अविस्थिति प्रथम शताब्दी ईसवी पूर्व मानी जाती है। **साकेतक** (अयोध्या) निवासी अश्वघोष बौद्ध दार्शनिक, महाकवि तथा **महावादी** अर्थात् बड़े तार्किक विद्वान् थे। उनके नाम से विभिन्न विषयों के अनेक ग्रंथ प्रचारित हैं किन्तु संदेहरहित रूप से अश्वघोष की केवल तीन साहित्यिक रचनाएँ मानी जाती हैं-बुद्धचरित, सौन्दरनन्द तथा शारिपुत्रप्रकरण। इनमें से प्रथम दो महाकाव्य हैं तथा अंतिम नौ अंकों में रचित एक प्रकरण (रूपक) है, जिसमें शारिपुत्र की बौद्धधर्म में दीक्षा का प्रसंग नाट्यबद्ध किया गया है।

संस्कृत नाटकों में **विशाखदत्त** का मुद्राराक्षस अपनी महत्ता और गौरव आज भी रखता है। यह नाटक कूटनीति के प्रपंचों का आलेख है। चाणक्य अपने बुद्धिबल से राक्षस को परास्त कर चन्द्रगुप्त का मंत्री बनाना चाहता है और इसके लिए वह जिस बौद्धिक

कौशल को प्रदर्शित करता है, वह राजनीतिज्ञों के लिए भी महनीय है। लगभग छठीं शताब्दी के उत्तरार्ध में स्थित विशाखदत्त की दूसरी कृति देवीचन्द्रगुप्त नाटक है, जिसके कतिपय उद्धरण ही नाट्यग्रंथों में प्राप्य हैं।

वर्तमान भारतीय रंगमंच पर संस्कृत नाटकों में से जो कृति सर्वाधिक लोकप्रिय है वह है शूद्रक रचित मृच्छकटिकम्। यह दस अंकों का एक नाटक है, जिसमें उज्जयिनी की वारवनिता वसंतसेना और दरिद्र किन्तु संस्कारवान् चारुदत्त के प्रेम और राजा के श्यालक शकार द्वारा वसंतसेना को अपने वश में करने की चेष्टा के साथ ही तत्कालीन राजपरिवर्तन की घटनाओं का रोचक वर्णन है। शूद्रक का स्थितिकाल पांचवीं शताब्दी माना जाता है। इनकी एक अन्य रचना पद्मप्राभृतक नामक भाण है।

थानेश्वर के अधिपति और बाणभट्ट, मयूरभट्ट तथा दिवाकर जैसे कविरत्नों के आश्रयदाता सम्राट् **हर्षवर्धन** सरस्वती के भी वरदपुत्र थे। इनके द्वारा रचित तीन रूपक सम्प्रति उपलब्ध हैं-रत्नावली, प्रियदर्शिका और नागानन्द। इसमें से प्रथम दो नाटिकाएँ हैं, जिनका संबंध वत्सराज उदयन की प्रेम-गाथाओं से है। तीसरा नागानन्द पूर्णकालिक नाटक है। इसमें जीमूतवाहन के द्वारा गरुड से नागों को बचाने के लिए आत्मसमर्पण का वर्णन हैं। हर्षवर्धन का काल सातवीं शताब्दी माना जाता है।

आठवीं शताब्दी के प्रथमार्ध में भट्टनारायण-रचित वेणीसंहार नाटक अपनी शास्त्रीय संरचना के लिए विद्वत्समाज में अत्यंत लोकप्रिय है। गौड़ी रीति तथा ओजगुण प्रधान छः अंकों के इस नाटक में महाभारत-युद्ध का वर्णन किया गया है।

अपनी अप्रतिम काव्य प्रतिभा से करुण को ही एकमात्र रस प्रस्थापित करने वाले महाकवि भवभूति विदर्भ के निवासी थे, जिनका स्थितिकाल सातवीं शताब्दी माना जाता है। इनके द्वारा रचित महावीरचरित, मालती-माधव तथा उत्तरामचरित-ये तीन नाटक प्राप्य हैं। इनमें से महावीरचरित में रामचरित का संपूर्ण वर्णन छः अंकों में किया गया है। उत्तररामचरित में रामायण के उत्तरार्ध की कथा वर्णित है। मालतीमाधव दस अंकों का एक विशाल प्रकरण है जिसकी कथावस्तु कविकल्पनाप्रसूत है।

संस्कृत के अन्य महत्त्वपूर्ण नाटककारों में एक नाम **अनंगहर्ष** का है जिनकी नाट्यरचना तापसवत्सराज है। छः अंकों के इस नाटक में बताया गया है कि वासवदत्ता के वियोग में उदयन तापस बन जाता है और आत्महत्या करने के लिए उद्यत हो जाता है। अनंगहर्ष, जिनका अन्य नाम मातृराज भी है, आठवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में स्थित थे।

आठवीं शताब्दी के उत्तरार्ध के ही एक अन्य चर्चित कवि मुरारि हैं जिनकी एक मात्र रचना अनर्घराघव है। इसमें भी रामकथा वर्णित है।

नवीं शताब्दी के आरंभ में कविराज **राजशेखर** हुए जिन्होंने काव्यमीमांसा नामक अलंकारशास्त्रसंबंधी ग्रंथ के अतिरिक्त चार रूपकों की रचना की है, जिनके नाम हैं-बालरामायण, बालभारत या प्रचंड-पांडव, विद्धशालभंजिका और कर्पूरमंजरी। इनमें से

प्रथम दो नाटक हैं, विद्धशालभंजिका नाटिका और कर्पूरमंजरी सट्टक है। यद्यपि समीक्षक इन्हें बहुत सफल नाटककार नहीं मानते किन्तु उनके उत्कृष्ट कोटि के कवि होने में कोई संदेह नहीं है।

संस्कृत के अन्य नाटककारों में ख्यातनामा **जयदेव** हैं, जिनकी रचना प्रसन्नराघव नामक सात-अंकीय नाटक है। राजशेखर के समकालीन कवि **क्षेमेश्वर** है जिन्होंने चंडकौशिक नामक नाटक लिखा है। **कुलशेखर** (दसवीं शताब्दी) ने तपतीसंवरण और सुभद्राधनंजय नामक नाटकों की रचना की है। हनुमन्नाटक के दो संस्करण उपलब्ध हैं जिनमें से प्रथम नौ-दस अंकों का नाटक **मधुसूदन मिश्र** रचित है और दूसरा चौदह अंकों का **दामोदर मिश्र** विरचित है। इसी प्रकार **रामचन्द्र** (बारहवीं शताब्दी) में नलविलास तथा निर्भयभीम व्यायोग, **जयसिंह सूरि** (तेरहवीं शताब्दी) ने हम्मीरमदमर्दन, **रवि वर्मा** (चौदहवीं शताब्दी) ने प्रद्युम्नाभ्युदय, **वामनभट्ट बाण** (पन्द्रहवीं शताब्दी) ने पार्वतीपरिणय और शृंगारभूषण भाण, **महादेव** (सत्रहवीं शताब्दी) ने अद्भुतदर्पण, **शक्तिभद्र** ने आश्चर्यचूडामणि, **धीरनाग** ने कुन्दमाला नामक नाटकों की रचना की है। इनके अतिरिक्त कतिपय अन्य नाम हैं जिनकी चर्चा विभिन्न ग्रंथों में प्राप्त होती है।

नाटक के समान ही अन्य रूपकभेदों के उदाहरणग्रंथ प्राप्य हैं, जैसे **नाटिका** के उदाहरण रूप में **बिल्हण** की कर्णसुन्दरी, **मदनपाल सरस्वती** की पारिजातमंजरी आदि हैं। प्राकृत में लिखी गई नाटिका सट्टक कहलाती है। **घनश्याम** कविकृत आनंदसुन्दरी तथा **विश्वेश्वर** पंडित की शृंगारमंजरी इसके उदाहरण रूप में प्राप्य हैं। **प्रकरण** के परवर्ती उदाहरणग्रंथों में **उद्दण्डकवि** रचित मल्लिकामारुत, **रामचन्द्र** रचित कौमुदीमित्रानन्द, रामभद्र का प्रबुद्धरौहिणेय, **यशचन्द्र** का मुद्रित कुमुदचंद्र आदि हैं।

भाण के उदाहरणों में **वररुचि** की उभयाभिसारिका, **शूद्रक** का पद्मप्राभृतक, **ईश्वरदत्त** का धूर्तविटसंवाद तथा **श्यामलिक** रचित पादताडितक आदि हैं जो चतुर्भाणी के नाम से विख्यात हैं। **प्रहसन** के प्राचीन उदाहरणों में **शंखधर** कविराज का लटकमेलक, **ज्योतिरीश्वर कविशेखर** का धूर्तसमागम, **जगदीश्वर** का हास्यार्णव, **गोपीनाथ चक्रवर्ती** का कौतुकसर्वस्व, **सामराज दीक्षित** का धूर्तनर्तक हैं। अन्य रूपकभेदों में से **डिम** के उदाहरण में **वत्सराज** का त्रिपुरदाह, **व्यंकटवर्य** का कृष्णविजय तथा **राम कवि** का मन्मथोन्मथन है। **व्यायोग** के उदाहरणरूप में **प्रह्लाददेव**-रचित पार्थपराक्रम, **कांचनाचार्य** का धनंजयविजय, रामचन्द्र का निर्भयभीम, विश्वनाथ का सौगंधिकाहरण है। **समवकार** का एकमात्र उपलब्ध उदाहरण **वत्सराजकृत** समुद्रमंथन है। डॉ. पिशेल आदि ने जिस छायानाटक से भारत में नाट्यकला का उद्भव माना है, उसका एक मात्र उदाहरण **सुभट कवि** का दूतांगद है। इसी प्रकार संस्कृत में कतिपय प्रतीक-नाटक भी लिखे गए जिनके

रचनाकारों में अश्वघोष, कृष्णमिश्र, यशपाल, वेंकटनाथ, कवि कर्णपूर तथा **आनंदराय मखि** के नाम चर्चित हैं। आधुनिक युग में अनेक विद्वानों ने संस्कृत में नाटकलेखन का प्रयास किया है किन्तु ये रचनायें शास्त्रीय परंपरा के अंतर्गत कठिनता से आती हैं।

नृत्त

ताल-लय के साथ भावविहीन किन्तु सौन्दर्यपूर्ण अंगविक्षेप का नाम है-नृत्त। यह मानवीय उल्लास की चरम अभिव्यक्ति है और समस्त कलारूपों में सर्वप्रथम प्रस्फुटित हुआ है। वेदों में स्थान-स्थान पर प्राप्त होने वाले नृत्त के उल्लेख[1] इस विश्वास की पुष्टि करते हैं कि **नृत्त** का प्रचार नाट्य से पहले हुआ है। किन्तु इस प्रसंग में यह जान लेना आवश्यक है कि वैदिक युग में यज्ञवेदी के आस-पास किए जाने वाले मंडलाकार नृत्त या **समन** (जो महाभारत काल में **समज्जा** नाम से प्रचलित था) जैसे सामाजिक उत्सवों में सभी वर्गों के युवक-युवतियों द्वारा उन्मुक्त भाव से किए जाने वाले ये समूह नृत्त निश्चय ही अपनी प्रकृति से आज की भाषा में **लोकनृत्य** (Folk Dance) रहे होंगे। इनकी रूपरचना पर किसी प्रकार के शास्त्रीय नियमों का आरोपण उन परिस्थितियों में नहीं किया जा सकता।

कौषीतकि ब्राह्मण में नृत्त की गणना शिल्प में की गई है।[2] तैत्तिरीय ब्राह्मण में "पुरुषमेध" के अंतर्गत सूची में नृत्त के लिए शैलूष की नियुक्ति करने की बात कही गई है।[3] यह एक महत्त्वपूर्ण साक्ष्य है जिससे विदित होता है कि जो नृत्त-गीतादि ऋग्वेद से अथर्ववेद तक धार्मिक और सामाजिक उत्सवों के अवसर पर सामूहिक उल्लास की अभिव्यक्ति के माध्यम थे, वे कालखंड में एक वर्गविशेष के जातिगत व्यवसाय बन गये।

पाणिनि ने "अष्टाध्यायी" में शिलालि व कृशाश्व के **नटसूत्रों** की चर्चा की है।[4] इन नटसूत्रों को बहुत विश्वासपूर्वक भारतीय नाटक की प्राचीनतम पाठ्यपुस्तक (हिलब्रान्ड के मतानुसार) नहीं माना जा सकता क्योंकि "नट" शब्द का आरंभिक अर्थ तो "नर्तक" है और संपूर्ण वैदिक उल्लेखों में नृत्त के ही विकासचिह्न दृष्टिगोचर होते हैं। ऐसी स्थिति में इन नटसूत्रों को नाट्य से भी अधिक नृत्तप्रयोग से संबद्ध माना जा सकता है। विशेषकर इसलिए कि "काशिका वृत्ति" हमें सूचित करती है कि नटसूत्रकार **शैलालक** ऋग्वेदीय चरण का था। कात्यायन ने इस चरण के अध्येता को शैलालि या शिलालि शब्द से संबोधित किया है।[5] इस तथ्य को दृष्टिपथ में रखते हुए ऋग्वेद में प्रमुख रूप से जिन

---

1. अधि पेशांसि वपते नृतूरिवापोर्णुते वक्ष उस्रेव बर्जहम् (ऋग्वेद 1/92/4)
   नृत्तमानो अमर्तः (ऋग्वेद, 5/33/6 तथा इसी प्रकार 6/77/4, 10/55/5 आदि)
   यस्यां गायन्ति नृत्यन्ति भूम्यां मर्त्याः (अथर्ववेद, 12/1/41)
2. त्रिविधं शिल्पं नृत्तं गीतं वादित्रं च (कौषीतकिब्राह्मण 21/5)
3. गीताय सूतम्। नृत्ताय शैलूषम्। अवक्रुष्टाय मागधम् (तैत्तिरीय ब्राह्मण 3/4/2/1, वाजसनेयिसंहिता 30/6)
4. पाराशर्यशिलालिभ्यां भिक्षुनटसूत्रयोः। (4/3/110), कर्मन्द-कृशाश्वादिनिः। (4/3/111)
5. नाट्यशास्त्रप्रदीप, प्रस्तावना, पृ. 22

कलाओं (शिल्पों) का उल्लेख हुआ है वे हैं-गीत और नृत्त। गीत के क्रमिक विकास का ज्ञान तो हमें "गांधर्व" उपवेद तथा उसके संपूरक ग्रंथों द्वारा बड़ी सीमा तक हो जाता है, किन्तु उसके समानान्तर नृत्तविषयक किसी सूत्रग्रंथ की यदि अनिवार्यतः कल्पना की जाए तो वे ये नटसूत्र ही हो सकते हैं। वेबर, स्टैनकोनो, कीथ प्रभृति विद्वानों ने भी इन नटसूत्रों को प्रमुखतः नृत्त से संबद्ध माना है। यहाँ स्मरण कर सकते हैं कि भरत ने भी नृत्त की पूर्ववर्ती एक सुसमृद्ध परंपरा की बात स्वीकार की है, जिसकी शिक्षा उन्होंने शिवजी के आदेशानुसार **तण्डु** से प्राप्त की थी।

नृत्त का उद्भव

भारतीय परंपरा नृत्त का आरंभ भगवान् शंकर से मानती है। इसी कारण उन्हें नटराज तथा अर्धनारीश्वर, नटेश्वर आदि नामों से संबोधित किया गया है। महेश्वर शिव का यह नित्य-नर्तन "ताण्डव" जाना जाता है। इसे ताण्डव कहे जाने का कारण यह है कि जब ब्रह्मा की प्रेरणा से भरतमुनि ने अपने दल के साथ हिमालय पर "त्रिपुरदाह" नामक डिम (रूपक का एक प्रकार) शिव के सम्मुख प्रस्तुत किया तब उसे देखकर शिव परम प्रसन्न हुए और उसकी प्रशंसा कर कहने लगे कि मैंने भी संध्याकाल में नाचते हुए नानाप्रकार के करणों एवं अंगहारों से विभूषित "नृत्त" का स्मरण किया है। उस नृत्त का प्रयोग आप भी अपने पूर्वरंग से संयुक्त कीजिए। तब ब्रह्मा ने नृत्त-विधि के उपदेश की प्रार्थना की। शिव ने अपने अनुचर तण्डु मुनि को बुलाकर भरत को नृत्त-विधि की शिक्षा देने का आदेश दिया। तण्डु के द्वारा शिक्षा दिए जाने के कारण ही भगवान् शिव के द्वारा प्रवर्तित नृत्त **"ताण्डव"** नाम से विख्यात हुआ।[1]

नृत्त का स्वरूप-विधान

नृत्त अंगहारों से निष्पन्न होने वाला एवं करणों पर आश्रित होता है।[2] इनके अतिरिक्त रेचक, पिण्डीबंध, चारी, स्थान, मंडल और नृत्त-हस्तों का भी इसकी स्वरूपरचना में महत्त्वपूर्ण योगदान है। इनमें से स्थान, चारी तथा नृत्त-हस्तों को मातृकाएँ कहा गया है, जिनके संयोजन से **'करण'** बनते हैं।[3] अतः उनके स्वरूप को जान लेना आवश्यक है। भरत मुनि कहते हैं कि हस्त और पाद का समायोग ही "नृत्तकरण" होता है।[4] इसकी व्याख्या करते हुए अभिनवगुप्त ने बतलाया है कि बिना रसविच्छेद के हस्त-पादादि की जो

1. ना.शा. 4/1-17
2. अंगहारविनिष्पन्नं नृत्तन्तु करणाश्रयम्। ना.शा. 4/15
3. ना.शा. 4/51-60
4. हस्तपादसमायोगो नृत्तस्य करणं भवेत्। ना.शा. 4/30

क्रिया विलासपूर्ण प्रकार से प्रस्तुत की जाती है उसका पूर्ण नाम है-**नृत्तकरण**। व्यवहार में इसे पूरा न कहकर इसके एक भाग करण को ही अभिहित किया जाता है, जैसे भीमसेन को भीम। स्थिति (अवस्थान या खड़े होने की दशा) और गति अर्थात् पैरों की चाल जैसे दो तत्त्वों के आधार पर करण प्रवृत्त हुआ है। इनमें से भी अवस्थान की दशा में स्थानों (स्थानकों) का एवं गति में चारियों का प्रयोग होता है। शरीर के ऊपरी भाग (अंग) के साथ गति में नृत्त-हस्त एवं दृष्टियों का तथा स्थिति में पताका आदि हस्तों का प्रयोग होता है। इस कारण यद्यपि गति व स्थिति के सम्मिलित रूप में करण माना गया है, परन्तु अंगहारों के निर्माण में करणों का विनियोजन शास्त्र व परंपरा में संगत है। इसीकारण मान्य करणों की संख्या 108 है, तथापि गति व स्थिति के आधार पर इनके असंख्य भेद हो सकते हैं। यहाँ संक्षेप में कह सकते हैं कि हस्त-पादादि विभिन्न अंग-उपांग के अभिनयभेदों की विविध इकाई (Unit) की एक संक्षिप्त संरचना (Small Composition) ही करण है। इन करणों के स्वरूप को भलीभाँति तब तक नहीं समझा जा सकता जब तक कि पैर, जंघा, कटि, हस्त आदि के अभिनय-भेदों को नहीं जान लिया जाता। इनका वर्णन भरत ने आठ, नौ, दस एवं ग्यारहवें अध्याय में किया है।

नाट्यशास्त्र में वर्णित करण-भेद

नाट्यशास्त्र में जिन 108 करणों का वर्णन किया गया है उनके नाम हैं- 1. तलपुष्पपुट, 2. वर्तित, 3. वलितोरु, 4. अपविद्ध, 5. समनख, 6. लीन, 7. स्वस्तिक रेचित, 8 मंडल-स्वस्तिक, 9. निकुट्ट, 10. अर्धनिकुट्ट, 11. कटिच्छिन्न, 12. अर्धरेचित, 13. वक्षस्वस्तिक, 14. उन्मत्त, 15. स्वस्तिक, 16. पुष्पपुट, 17. दिक्-स्वस्तिक, 18. अलात, 19. कटिसम, 20. आक्षिप्त-रेचित, 21. विक्षिप्ताक्षिप्तक, 22. अर्धस्वस्तिक, 23. चित, 24. भुजंगत्रासित, 25. ऊर्ध्वजानु, 26. निकुंचित, 27. मतल्लि, 28. अर्धमतल्लि, 29. रेचकनिकुट्ट, 30. पादपविद्धक, 31. वलित, 32. घूर्णित, 33. ललित, 34. दण्ड-पक्ष, 35. भुजंगत्रस्त-रेचित, 36. नूपुर, 37. वैशाखरेचित, 38. भ्रमर, 39. चतुर, 40. भुजंगांचितक, 41. दण्डरेचित, 42. वृश्चिककुट्टित, 43. कटिभ्रान्त, 44. लतावृश्चिक, 45. छिन्न, 46. वृश्चिकरेचित, 47. वृश्चिक, 48. व्यंसित, 49. पार्श्वनिकुट्ट, 50. ललाटतिलक, 51. क्रांत, 52. कुंचित, 53. चक्रमंडल, 54. उरोमंडल, 55. आक्षिप्त, 56. तलविलसित, 57. अर्गल, 58. विक्षिप्त, 59. आवृत्त, 60. दोलपादक 61. विवृत्त, 62. विनिवृत्त, 63. पार्श्वक्रांत, 64. निशुम्भित, 65. विद्युतभ्रांत, 66. अतिक्रांत, 67. विवर्तिक, 68. गजक्रीडित, 69. तलसंस्फोटि, 70. गरुडप्लुतक, 71. गण्डसूची, 72. परिवृत्त, 73. पार्श्वजानु,

74. गृध्रावलीनक, 75. सन्नत, 76. सूची, 77. अर्धसूची, 78. सूचीविद्ध, 79. अपक्रांत, 80. मयूरललित, 81. सर्पित, 82. दण्डपाद, 83. हरिणप्लुत, 84. प्रेंखोलित, 85. नितम्ब 86. स्खलित, 87. करिहस्तक, 88. प्रसर्पितक, 89. सिंहविक्रीडित, 90. सिंहाकर्षित, 91. उद्वृत्त, 92. उपसृत, 93. तलसंघट्टित, 94. जनित, 95. अवहित्थक, 96. निवेश, 97. एलकाक्रीडित, 98. ऊरूद्वृत्त, 99. मदस्खलितक, 100. विष्णुक्रान्त, 101, संभ्रांत, 102. विष्कंभ, 103. उद्घट्टित, 104. वृषभक्रीडित, 105. लोलितक, 106. नागापसर्पितक, 107. शकटास्य, 108. गंगावतरण।

करणरचना

करण्रचनाविधान समझने के लिए इनमें से एक तलपुष्पपुट करण का विवेचन पर्याप्त होगा। भरत मुनि कहते हैं कि बांयीं ओर पुष्पपुट हस्त और अग्रतलसंचर पैर रखते हुए यदि कोख (पार्श्व) को सन्नत रखें तो तलपुष्पपुट करण होता है।[1] इसका तात्पर्य यह है कि इस करण में हाथ पुष्पपुट मुद्रा में रहते हैं। यदि एड़ी उठी हुई हो तो अग्रतल संचर नामक पाद होता है। इसमें पार्श्व को सन्नत रखा जाता है। यदि कटि और उसी तरफ का पार्श्व थोड़ा झुका हुआ हो तथा कंधा भी झुका हुआ रखा जाए तो उसे नतपार्श्व कहते हैं। पुष्पपुट हस्त को उन्नत उरोदेश के निकट स्थापित करते हैं। इस करण में पुष्पपुट हस्त और अग्रतलसंचर पाद के मेल के एक भाग की सूचना देने के कारण ही इसका नाम "तलपुष्पपुट" रखा गया है। कतिपय परंपराओं के अनुसार इसकी योजना पुष्पांजलि-विकीर्ण करने तथा लज्जा के अभिनय में की जाती है।

इन करणों के संदर्भ में भरत यह भी कहते हैं कि प्रायः करणों में बायां हाथ छाती पर तथा दाहिना हाथ दाहिने चरण का अनुसरण करता हुआ होना चाहिए।[2] जहाँ कटि तथा कर्ण समान स्थिति वाले हों, मस्तक तथा बाजू भी ऐसे ही हों और छाती ऊंची उठाई जाए तो वह **"सौष्ठव"** कहलाता है। यह सौष्ठव सभी करणों में सौन्दर्याधान की दृष्टि से संयोजित करना चाहिए।[3] करणों का उपयोग सामान्य तथा विस्तृत रूप से नृत्तप्रयोग में तो किया ही जाता है, कभी-कभी अभिनय के मध्य बचने वाले समय की पूर्ति के लिए भी किया जाता है। इसके अतिरिक्त शस्त्र आदि से युद्ध, बाहुयुद्ध तथा नृत्तसौष्ठव के लिए भी करणों का व्यवहार होता है। भरत का मन्तव्य है कि आचार्यगण इन करणों की योजना नाट्य के सामर्थ्य के अनुसार उचित प्रकार से करें।

---

1. वामे पुष्पपुटः पार्श्वे पादोऽग्रतलसंचरः। तथा च सन्नतं पार्श्वं तलपुष्पपुटं भवेत्।। ना.शा. 4/61
2. ना.शा. 4/57
3. कटी कर्णसमा यत्र कौर्परांसशिरस्तथा। समुन्नतपुरश्चैव सौष्ठवं नामवद् भवेत्।। ना.शा. 4/60-61

अंगहार

करणों के योग से अंगहार निर्मित होते हैं। अंगहार शब्द का सामान्य अर्थ है शरीर का हलन-चलन। आचार्य अभिनवगुप्त ने अंगहार शब्द की व्याख्या की है-'अंगो को अन्य स्थान पर समुचित प्रकार से रखना ही **अंगहार** है। यह शिव का हार अर्थात् प्रयोग है अथवा अंगनिर्वृत्ति अर्थात् अंगों की बनावट का हार है।[1] संक्षेप में अंगहार वह प्रधान नृत्यप्रकार है जो संक्षिप्त करणों द्वारा निष्पन्न होता है। इस प्रकार यह अंगसंचालन का एक सुनिश्चित अनुक्रम (Sequence of movement) है। इसकी संरचना-विधि के लिये भरतमुनि कहते हैं कि दो करणों के संयोग से एक मातृका बनती है। (मातृका का अर्थ है नृत्य से उत्पन्न करने में कारणभूत) दो, तीन या चार मातृकाओं से एक अंगहार बनता है। तीन करणों के द्वारा एक **कलापक** तथा चार से एक **मंडल** (षण्डक) और पांच करणों के **संघातक** होते हैं। इसी प्रकार अंगहार सात, आठ या नौ करणों से भी बनते हैं। एकाधिक करणों के मेल से ही नृत्य का निर्माण होता है जो संख्यागत आधिक्य होने पर देर तक चलते हुये स्पष्ट रूप प्राप्त करता जाता है। इस प्रकार यहाँ दो से अधिक संख्या का मेल ही वांछित है। तीन करणों के मेल वाले भेद कलापक से लेकर नौ करणों के भेद संघातक बनते हैं और इसप्रकार समुदाय बनाकर अंगहारों का निर्माण करते हैं। इस प्रकार सभी अंगहार करणों के द्वारा ही निष्पन्न होते हैं।[2]

नाट्यशास्त्र में वर्णित अंगहार-भेद

तण्डु के द्वारा जो करणों तथा रेचकों से युक्त अंगहार बताये गये हैं उनकी संख्या 32 है। उनके नाम हैं-

1. स्थिरहस्त, 2. पर्यस्तक, 3. सूचीविद्ध 4. अपविद्ध 5. आक्षिप्तक, 6. उद्घाटित, 7. विष्कम्भ, 8. अपराजित, 9. विष्कम्भापसृत, 10. मत्ताक्रीड, 11. स्वस्तिकरेचित, 12. पार्श्वस्वस्तिक, 13. वृश्चिकापसृत, 14. भ्रमर, 15. मत्तस्खलित, 16. मदविलसित, 17. गतिमंडल, 18. परिच्छिन्न, 19. परिवृत्तरेचित, 20. वैशाखरेचित, 21. परावृत्त, 22. अलातक, 23. पार्श्वच्छेद, 24. विद्युद्भ्रांत, 25. ऊरूद्वृत्त 26. आलीढ 27. रेचित, 28. आच्छुरित, 29. आक्षिप्तरेचित, 30. संभ्रान्त, 31. अपसर्प तथा 32. अर्धनिकुट्टक।

---

1. अंगानां देशान्तरे समुचितप्रापणप्रकारो अंगहारः। हरस्य योऽयं हारः प्रयोगः। अंगनिर्वृत्त्या हारो अंगहारः। (अ.भा., पृ. 89)
2. ना.शा. 4/30-34 तथा अ.भा.पृ.92

अंगहाररचना

प्रथम स्थिरहस्त अंगहार का लक्षण है कि दोनों हाथों को ऊपर की ओर फैलाकर (उत्सित करके) समपाद चारी का प्रदर्शन करें। बायें हाथ को ऊपर की ओर व्यंसित तथा अपव्यंसित अवस्था में फैलायें (अर्थात् उसे कंधे से ऊपर तक ले आयें) फिर प्रत्यालीढ में स्थित होकर निकुट्टक, ऊरुद्वृन्त, आक्षिप्त, स्वस्तिक, नितम्ब, करिहस्त था कटिच्छिन्न करणों को क्रमशः प्रदर्शित करें तो स्थिरहस्त नामक अंगहार बन जाता है। यह भगवान् शिव को अत्यन्त प्रिय है।[1]

इस अंगहार के आरंभ में दोनों हाथों को **उत्सित** करने का अर्थ है-लीन करण का सम्पादन (करण सं. 6)। समपाद स्थान में चरणों को न्यस्त करते हुए ''समनख'' करण (सं. 49) को प्रस्तुत कर अपसृत एवं विप्रकीर्ण हस्तों को ऊपर की ओर उठाते हुए ''आलीढस्थान'' (सं.5) में स्थित होते हैं और फिर परिवर्तन कर ''प्रत्यालीढस्थान'' (सं. 6) में स्थित हो जाते हैं। इसके पश्चात् क्रमशः निकुट्टित (सं.1), ऊरूद्वृत्त (सं. 71), आक्षिप्त (सं. 55), स्वस्तिक (सं. 7), नितंब (सं. 75), करिहस्त (सं. 95) तथा अंत में कटिच्छिन्न (सं. 11) को प्रस्तुत करते हैं। इस प्रकार इस अंगहार में एकादश करणों का प्रयोग होता है। कुछ आचार्य इन अंगहारों में अभिहित अंग एवं करणों की चारों दिशाओं में प्रस्तुति का निर्देश करते हैं। मुनि ने स्वयं भी ''परिवृत्तरेचित'' अंगहार के लक्षण के प्रसंग में ''पराङ्मुखविधिर्भूय एवमेव भवेत् पुनः'' कह कर इसी तथ्य का संकेत किया है। इसी पद्धति से अन्य अंगहारों के लक्षण नाट्यशास्त्र के चतुर्थ अध्याय में श्लोक संख्या 170 से 240 तक बतलाये गये हैं।

स्थान, चारी, मंडल तथा रेचक

नृत्त की स्वरूपरचना के अन्य महत्त्वपूर्ण तत्त्व हैं-स्थान या स्थानक, चारी, मंडल, रेचक और पिण्डबंध या पिण्डी। निश्चत अंगों का विशिष्ट सन्निवेश ही नृत्तस्थान कहलाता है। खड़े रहना, बैठना या शयन अवस्था में अंगों को स्थिर रखना **स्थानक** होता है। भरत मुनि ने पुरुषों के जिन छः स्थानकों का वर्णन किया है, उनके नाम हैं-1. वैष्णव, 2. समपाद, 3. वैशाख, 4. मंडल, 5. आलीढ और 6. प्रत्यालीढ।

चारी-सामान्य रूप से एक पैर से भरा जाने वाला डग चारी कहा जाता है, किन्तु भरत कहते हैं कि पैर, जंघा, ऊरु तथा कटि आदि अंगों की एक साथ चलनात्मक चेष्टा **चारी** कहलाती है।[2] चारी के दो भेद है-भूमिचारी तथा आकाशचारी। भूमिचारी से तात्पर्य है ऐसे डग भरना जिसमें पैर भूमि से लगा रहे। इसी प्रकार आकाशचारी में पैर ऊपर

1. ना.शा. 4/170-173
2. ना.शा. 11/3

की ओर उछाला जाता है। नाट्यशास्त्र में इन दोनों के ही सोलह-सोलह भेद बताए गए हैं।

मंडल-जिस प्रकार करणों के योग से अंगहार निर्मित होते हैं उसी प्रकार चारियों के योग से **मंडल** बनते हैं और तदनुरूप इनके दो भेद **भौमिकमंडल** और **आकाशिक मंडल** होते हैं। इनमें से प्रत्येक के दस-दस प्रकार नाट्यशास्त्र में बताए गए हैं।

रेचक-रेचक या **रेचित** प्रक्रिया अंगों के पृथक्-पृथक् व्यवस्थित रूप से वलन या चक्राकार घुमाव को कहते हैं। इसके भी पाद, कटि, हस्त और ग्रीवा-रेचक नामक चार भेद बताए गए हैं।

पिण्डीबंध-यह नृत्त की एक आकृतिविशेष होती है जिसमें करण तथा अंगहार विनियोजित होते हैं। अभिनवगुप्त ने आकार-सादृश्य को पिण्डीबंध कहा है। इसके चार प्रकार है-1. पिण्डी, 2. शृंखलिका, 3. लताबंध और 4. भेद्यक।

इस प्रकार गति और स्थिति जैसे दो परस्पर भिन्न तत्त्वों के आधार पर नृत्त में किया जाने वाला समस्त अंग-व्यापार किसी भी अर्थविशेष की अभिव्यक्ति से रहित है। ऐसी स्थिति में **आत्रेय** आदि ऋषियों का यह प्रश्न स्वाभाविक है कि जब अर्थों की (रूपकों में अवस्थित गीत व संवाद) प्राप्ति विद्वानों को अभिनय के माध्यम से हो जाती है तब नृत्त का सृजन किस उद्देश्य की पूर्ति के लिए किया गया है? उसकी प्रकृति किस प्रकार की रखी गई है? विशेषकर जब यह नृत्त न गीतों से और न उनके प्रतिपाद्य अर्थों से संबंध रखता है तब इसकी रचना आसारित आदि गीतों से संबद्ध करके क्यों की गई है? इसके प्रत्युत्तर में भरत मुनि कहते हैं कि यद्यपि नृत्त किसी अर्थाभिव्यक्ति की उपयोगिता से रहित है, किन्तु यह नाट्य की शोभा बढ़ायेगा- ऐसा मानकर प्रवर्तित हुआ है। सभी लोगों को स्वाभाविक रूप से ही नृत्त इष्ट होता है।[1] यह मंगलप्रद भी है। इसीलिए इसका सृजन हुआ है। यह नृत्त विवाह, पुत्रजन्म, जामाता की बारात में उपस्थिति और विजयप्राप्ति के उपलक्ष्य में किये जाने वाले आमोद-प्रमोद के लिए बनाया गया है। इसीप्रकार गीत के मध्य नृत्त का उचित प्रकार से विभाजन कर प्रयुक्त किये जाने वाले **प्रतिक्षेपों** (गीत के मध्य नृत्त की पृथक् से स्थापना) का भूतगणों ने प्रवर्तन किया है। भगवान् शंकर ने भी नृत्त को तण्डु को बतलाते हुए कहा है कि इसका गीतों से संबंध करते हुए प्रयोग किया जाये। यह नृत्त प्रायः देवताओं की वंदना हेतु ही किया जाता है। परन्तु यह शृंगार रस से युक्त तथा उसमें उद्भूत सुकुमार भावों के प्रयोग से भी संबद्ध हो सकता है।[2]

भरतमुनि ने नाट्यप्रयोग के उन अवसरों एवं स्थितियों का भी वर्णन किया है जहाँ गीत के साथ नृत्त की योजना की जाती है। यथा-जब गीत की या वर्णों की विषयवस्तु के

1. प्रायेण सर्वलोकस्य नृत्तमिष्टं स्वभावतः। ना.शा. 4/261
2. ना.शा. 4/263-271

अंगों में अत्यंत समीपतर स्थिति हो या किसी पात्र के अभ्युदय का अवसर हो तब नृत्त की योजना की जाये। इसी प्रकार जहाँ नायक-नायिका का प्रणयाश्रित सामीप्य हो तब उनके अतिशय हर्ष को प्रस्तुत करने के लिए इस नृत्त की योजना की जाए। रूपक के उस दृश्य में जहाँ नायक-नायिका के समीप हो, अनुकूल ऋतु या समय आह्लादप्रद हो तब गीत के अर्थ से संबद्ध नृत्त की योजना करनी चाहिये। रूपक के किसी भाग में जब हर्ष की उपलब्धि हो तो उस प्रसंग में नृत्त की योजना इसप्रकार की जाये जो उस स्थिति की पूर्णता तक प्रदर्शित होता रहे। यदि रूपक का कोई भाग देवताओं की प्रार्थना से सम्बद्ध हो तो वहाँ महेश्वर द्वारा निदर्शित उद्धत या आवेगपूर्ण अंगहारों से युक्त नृत्त की योजना की जाये। इसी प्रकार जहां स्त्री तथा पुरुष पात्रों का शृंगार रस से संबद्ध या प्रणयात्मक सहगान हो वहां भगवती पार्वती के द्वारा रचित ललित अंगहारों से पूर्ण नृत्त की योजना की जाये।[1]

भरतमुनि ने रूपक में नृत्त के निषिद्ध क्षेत्र भी इसप्रकार बतलाए हैं-रूपक के जिस भाग में विप्रलब्धा या कलहान्तरिता नायिका नायक से वियुक्त हो गई हो तब वहाँ नृत्त की योजना नहीं करनी चाहिए। यदि दो सखियों का संवाद चल रहा हो, नायिका के समीप नायक न हो या प्रोषित हो तो नृत्त की योजना नहीं करें। यदि दूती के द्वारा ऋतु या समय का वर्णन किया जा रहा हो और औत्सुक्य या चिन्तायुक्त अवस्था का अनुभव इन वर्णनों से किया जा रहा हो तो नृत्त की योजना न की जाये।[2]

इस प्रकार भरत मुनि ने भारतीय नृत्तकला का शास्त्रीय विवेचन प्रस्तुत किया है। कलात्मक सौन्दर्य से युक्त अंगों का लयबद्ध संचालन ही नृत्त है। नृत्त की यह रूप-रचना दार्शनिक मान्यताओं के अनुरूप है। यह भारतीय विश्वास है कि संपूर्ण सृष्टि परात्पर ब्रह्म के सनातन सत्-चित्-आनन्दमय विग्रह में से प्रकट होती है, आकार धारण करती है और पुनः उसी में लीन हो जाती है। उसी प्रकार नृत्त की समस्त क्रियायें, करण, चारी, अंगहार आदि भी **सम** स्थिति से आरंभ होकर विभिन्न आकारों को धारण करते हुए पुनः सम स्थिति में समाप्त होते हैं।

नृत्त मुख्य रूप से आकारात्मक सौन्दर्य (Formal Beauty) पर ही अवलंबित है, जो संपूर्ण शरीर की अखंड निर्दोष संरचना से प्राप्त होता है। इस संरचना (Composition) में समस्त ज्यामितीय गुण-लक्षण अंतर्भुक्त हैं, साथ ही विभिन्न अवयवों का समुचित संतुलन भी अपेक्षित होता है। नृत्त करते समय पृथक्-पृथक् अंगों का आपसी संबंध एक अनिवार्यता है। जब किसी अंगविशेष के संचालन का निर्देश दिया जाता है तब अन्य अवयव या तो अनुकर्ता होने चाहिये अथवा प्रतिकर्ता। इनमें परस्पर सामञ्जस्यपूर्ण और स्पष्ट रेखाओं का निर्बन्ध प्रवाह होना चाहिए। यह सहजता तभी संभव है जब

1. ना.शा. 4/310, 316-318
2. ना.शा. 4/313-315

शारीरिक प्रक्रियाओं के नैसर्गिक सिद्धान्तों (Anatomical Principles) का निर्वाह किया जाए। समस्त गुण-विशेषण-विशिष्ट अंग-व्यापार तालक्रिया के अनुरूप इस प्रकार प्रस्तुत होना चाहिए कि करणों के रूप क्रमशः निखरते जायें। करण एक ओर तो स्थानकों से बँधे हैं और दूसरी ओर चारियों से गतिमान् हैं। इस प्रकार नृत्त की प्रत्येक इकाई (यूनिट), करण, चारी आदि का सृजन अपने में संपूर्ण और विचारपूर्वक हुआ है। अतः नृत्त में भी सार्वदेशिक और सार्वकालिक पूर्णता विद्यमान है। राजसभा में प्रस्तुत किया जाये या मंदिर के प्रांगण में, प्रेक्षकों के समक्ष किसी रंगमंच पर अथवा एकाकी, इससे कोई अंतर नहीं होता। इसे सुबह, संध्या, रात्रि में, अथवा ग्रीष्म, शरद् या वसंत में कभी करे, अंतर नहीं पड़ता। विशिष्ट वेशभूषा व शृंगार धारण है अथवा नहीं, इससे भी कोई अंतर नहीं पड़ता, क्योंकि नृत्त अपने में पूर्ण है और समस्त तात्कालिकताओं से मुक्त है।

नृत्य

नाट्य एवं नृत्त के स्वस्थ सम्मिश्रण से ही नृत्य की उद्भावना हुई है जिसका श्रेय भरत मुनि को भी है। उन्हें इसकी प्रेरणा स्वयं शिवजी से प्राप्त हुई थी। जब शिवजी ने अपने आविष्कृत नृत्त की शिक्षा भरत मुनि को प्रदान करने की अनुमति ब्रह्मा को दी, तब नृत्त की विनियोजना नाट्यप्रयोग में कहाँ किस प्रकार की जाये, यह बतलाते हुए कहा कि (पूर्वरंग में) वर्धमानक, आसारित, गीत और महागीत के योग में नृत्त के द्वारा अर्थों को भली प्रकार से अभिनीत कर सकोगे।[1]

शिव का नृत्त, लक्षण से स्पष्ट है कि अभिनय (भावाभिव्यक्ति) से रहित था। तब यह कैसे कहा गया कि-इसके द्वारा अर्थों को ठीक प्रकार से व्यक्त कर सकोगे? यहाँ ऐसी कल्पना की जा सकती है कि भरत द्वारा प्रदर्शित त्रिपुरदाह नामक डिम (रूपक) का प्रयोग देखकर शिव को यह विचार उत्पन्न हुआ हो कि इस अभिनयव्यापार की योजना में नृत्त द्वारा भी भावाभिव्यक्ति की जा सकती है। भरत को नाट्य व नृत्त के सम्मिश्रण का संकेत दिया गया हो। शिवजी के संकेत पर भरत ने नृत्त और अभिनय को परस्पर मिलाने का कार्य विस्तार से सम्पादित किया, जिससे एक नई कला नृत्य को जन्म मिला।

नृत्त और अभिनय के संयोग से एक नवीन कला रूप की सृष्टि हुई-इसका प्रमाण हमें आगे अभिनवभारती की टीका में आचार्य कोहल के नाम से उद्धृत इन दो पद्यों में भी प्राप्त होता है-

संध्यायां नृत्यतः शम्भोः भवत्यग्रे नारदः पुरा।

x x x

1. वर्धमानकयोगेषु गीतेष्वासारितेषु।।
महागीतेषु चैवार्थान् सम्यगेवाभिनेष्यसि।। ना.शा. 4/14-15

चकाराभिनयं प्रीतस्ततस्तण्डुं च सोऽब्रवीत्।
नाट्योक्ताभिनयेनेदं वत्स योजय ताण्डवम्।।

अर्थात् प्राचीनकाल में संध्या के समय नृत्त करते हुए शिव के समक्ष नारद ऋषि ने भक्तिपूर्वक एक गीत गाया, जिसमें शिवजी के त्रिपुरविजय का वर्णन था। तब शिवजी ने प्रसन्न होकर नाचते-नाचते ही उस गीत के भावों का अभिनय किया और तण्डु से कहा-हे वत्स, नाट्य वाले इस अभिनय की ताण्डव में योजना करो।

कोहल-कथित यह वृत्तान्त सिद्ध करता है कि भारत में प्रत्येक ज्ञान की दैवी उत्पत्ति की परम्परा का निर्वाह करते हुए नृत्य को कोहलाचार्य ने दैवी गरिमा से मंडित किया है। इसी परम्परा का अनुसरण परवर्ती शास्त्रकारों द्वारा किया गया। नृत्य के संस्कारकर्ता भरत तथा प्रचारक कोहल का नाम भी इस संदर्भ में स्मरणीय है।

नृत्य का लक्षण

धनंजय ने नृत्य को भावाश्रित कहा है[1]। नन्दिकेश्वर ने इसे भाव के साथ रस की अभिव्यंजना से भी युक्त मानते हुए कहा है-'रसभावादिव्यंजनायुक्तं नृत्यमितीर्यते'[2] अर्थात् रस, भाव आदि की अभिव्यंजना से युक्त नृत्य कहा गया है। इस नृत्य का आधार गीत होता है। अभिनयदर्पण में कहा गया है-"नृत्यं गीताभिनयनं भावतालयुतं भवेत्"[3] अर्थात् किसी गीत पर किया जाने वाला अभिनयन ही नृत्य होता है, जो भाव और ताल से युक्त होता है। इसकी प्रक्रिया हैं-मुख से गीत को धारण करना (गाना) चाहिए, हाथों (की मुद्राओं) से उसके अर्थों को प्रदर्शित करना चाहिए, नेत्रों से भाव दिखाना चाहिए और पैरों से ताल का निधान देना चाहिए। जहाँ हाथ हों वहीं दृष्टि, जहाँ दृष्टि हो वहीं मन, जहाँ मन हो वहीं भाव और जहाँ भाव हो वहीं रस होता है।[4]

नृत्य की स्वरूपरचना के लिए एक ओर तो ताण्डव नृत्त के आधारभूत करण, चारी, अंगहार, स्थानक आदि का ग्रहण किया गया और दूसरी ओर भरत द्वारा नाट्य के प्रसंग में वर्णित आंगिक आदि अभिनय-भेदों का अनुग्रहण किया गया। इस प्रकार अभिनयभेदों के नृत्य में समीकृत हो जाने के कारण मध्यकालीन नाट्यपरक लक्षण ग्रंथों में उनकी वर्णना

---

1. अन्यद् भावाश्रयं नृत्यम्। दशरूपक 1/9
2. अभिनयदर्पण, श्लोक 16
3. अभिनयदर्पण, श्लोक 35
4. आस्येनालम्बयेद् गीतं हस्तेनार्थं प्रदर्शयेत्।
   चक्षुर्भ्यां दर्शयेत् भावं पादाभ्यां तालमाचरेत्।।
   यतो हस्तस्ततो दृष्टिर्यतो दृष्टिस्ततो मनः।
   यतो मनस्ततो भावो यतो भावस्ततो रसः।। अभिनयदर्पण, श्लोक 36-37

का अभाव है और वे संगीत-शास्त्रों के नर्तनाध्याय में प्राप्त होते हैं। नृत्य के स्वरूप को कह सकते हैं कि जैसे काव्य के क्षेत्र में बड़े-बड़े प्रबंध या महाकाव्य के साथ ही मुक्तककाव्यों या गीतों की रचना का भी प्रचलन प्रारंभ हुआ, तथैव नाट्य या रूपक प्रबंधकाव्य की भाँति है और नृत्य मुक्तक या गीत की भाँति है। महाकाव्यों में एक विस्तृत कथानक के माध्यम से विभिन्न पात्रों का चरित्र करते हुए रसों की अवतारणा की जाती है और ऐसा ही प्रयास नाट्य में भी होता है। गीत किसी एक भाव-भूमि को लेकर रचा जाता है, यही स्थिति नृत्य की है। इन दोनों में कथानक के विकास की सम्भावना नहीं होती। इसी प्रकार नाट्य को रसाश्रित और नृत्य को भावाश्रित कहा गया है। नृत्य का प्रमुख आधार गीत होता है और उसी के आश्रय से विभिन्न भावों की अभिव्यक्ति इसमें प्रधान होती है। यद्यपि भावहीन रस नहीं होता और रसहीन भाव नहीं होता। इनके पारस्परिक संबंध के सहारे से ही अभिनय में सिद्धि दिखाई देती है[1], तथापि जैसे इन दोनों शब्दों की अपनी पृथक् सत्ता है और स्थानभेद से उनमें प्रधानत्व या गौणत्व व्याप्त होता है उसी प्रकार नाट्य रसप्रधान और नृत्य भावप्रधान होता है।

नाट्य में संवाद (Dialogue) के साथ अलग-अलग अंगविक्षेप (Action) नहीं किया जाता। किसी एक भाव-भंगिमा में ही पूरे वाक्य को बोल दिया जाता है, यही उसकी **वाक्यार्थाभिनयता** है। नृत्य में गीत के प्रत्येक शब्द को अलग-अलग प्रतीकात्मक मुद्राओं से व्यक्त किया जाता है। जो नर्तक एक शब्द को जितनी अधिक मुद्राओं से, जितने अधिक अंदाज में व्यक्त कर सकता है, वह उतना ही श्रेष्ठ कलाकार माना जाता है। यही नृत्य की **पदार्थाभिनयात्मकता** है। इन्हीं स्वभावगत विशेषताओं के कारण नाट्य प्रमुख रूप से **लोकधर्मी** (Realistic) है और नृत्य सर्वात्मना **नाट्यधर्मी** (Conventional) है। नाट्यान्तर्गत अभिनय-व्यापार में लय-ताल का बंधन नहीं है, किन्तु नृत्त से उद्भूत होने के कारण नृत्य की संपूर्ण भावाभिव्यक्ति लयात्मक होती है।

नृत्य का विकास

दो परस्पर भिन्न तत्त्वों (नाट्य एवं नृत्त) के समन्वय से एक नवीन कला की सृष्टि का अभिनव प्रयोग भरत मुनि ने किया। यह प्रयोगधर्मिता अनुपात भेद से शताब्दियों तक चलती रही है। इस कला (Hybrid form of Art) को दिया गया नाम ''नृत्य'' न तो नाट्यशास्त्र में प्राप्त होता है और न कोहल ने इस संज्ञा का उल्लेख किया है, जिनके विषय में कहा जाता है कि उन्होंने नृत्य को माध्यम बनाकर अनेक उपरूपकों की सृष्टि की। सर्वप्रथम अमरसिंह के ''नामलिंगानुशासनम्'' (अमरकोश) में नृत्य शब्द प्राप्त होता है[2]। यह

---

1. ना.शा. 6/37
2. ताण्डवं नटनं नाट्यं लास्यं नृत्यं च नर्तने। अमरकोश, काण्ड-1 नाट्यवर्ग, श्लोक 10

प्रमाण है कि पाँचवीं शताब्दी तक यह कला अपने स्वतंत्र अभिधान के साथ पर्याप्त लोकप्रिय हो चुकी थी। परन्तु इसे यह नृत्य-संज्ञा कब प्राप्त हुई-इसका कोई निश्चित प्रमाण नहीं मिलता।

सातवीं, विशेषकर दसवीं से पन्द्रहवीं शताब्दी के मध्य लिखे गए संगीत व नाट्यपरक अनेक लक्षणग्रंथ प्राप्त होते हैं जिनमें नृत्य का उल्लेख नाट्य एवं नृत्त से पृथक् स्वतंत्र कला के रूप में उपलब्ध है। इन ग्रंथों का अध्ययन करने पर जो तथ्य सामने आते हैं, वे इस प्रकार है-

1. तीसरी शताब्दी के लगभग अभिनयपरक एक और संज्ञा का उदय हुआ, वह है-नटन। इसी का पर्याय या संस्कृतरूप है-नर्तन। अमरकोश में नटन तथा नर्तन दोनों ही संज्ञाएँ प्राप्त होती हैं। नटन के ही तीन भेद माने गये हैं-नाट्य, नृत्त तथा नृत्य। पुण्डरीक विट्ठल ने नर्तन का लक्षण भी इस प्रकार बतलाया है-देश, भाषा काल, भाव एवं रस को जानने वाला, वृन्द का नायक, लक्ष्य-लक्षण को जानने वाला नर्तक जो नर्तन में नाचता है, वह जनचित्तानुरंजक अंग-विक्षेप का वैशिष्ट्य नर्तन कहा जाता है। यह नर्त्तन तीन प्रकार का बताया गया है-नाट्य, नृत्त और नृत्य।[1]
2. अभिनय के तीन स्वरूप (नाट्य, नृत्त एवं नृत्य) निर्धारित होने के अनुसार काव्य के समान ही इनमें भी उत्तम, मध्यम और अधम-इस प्रकार का श्रेणी-विभाजन किया गया। कुछ आचार्यों ने नाट्य को उत्तम, नृत्य को मध्यम और नृत्त को अधम बतलाया तो अन्य ने नृत्य को उत्तम, नाट्य को मध्यम तथा नृत्त को अधम माना है। इस प्रकार उत्तम-मध्यम का मतभेद नाट्य और नृत्य के बीच है, परन्तु नृत्त को सभी ने एक स्वर से अधम पद प्रदान किया।[2]
3. नृत्य को गीत-वादित्र से जोड़कर **तौर्यत्रिक** की अवधारणा की गई और इस प्रकार गायन, वादन व नृत्य तीनों मिलकर **संगीत** कहे गये।[3] नृत्य के संगीत का अंग बन जाने पर नृत्यविषयक समस्त लक्षण-विनियोग संगीतशास्त्रों में ही लिखे जाने लगे और क्रमशः वह नाट्य से दूर होता गया।

---

1. देशभाषाकालभावरसविद् वृन्दनायकः।
   नर्तने लक्ष्यलक्ष्मज्ञो यो नर्तयति नर्तकः।।
   अंगविक्षेपवैशिष्ट्यं जनचित्तानुरंजनम्।
   नरेण दर्शितं यत्र नर्तनं कथ्यते तथा।।
   नाट्यं नृत्यं नृत्तमिति त्रिविधं तत्प्रकीर्तितम्। नर्तननिर्णय, पत्रांक 47
2. भरतकोश में उद्धृत राणाकुम्भा व विप्रदास के अभिमत, पृ. 875 व 340
3. गीतं वाद्यं तथा नृत्यं त्रयं संगीतमुच्यते। संगीतरत्नाकर, 1/7

4. सातवीं शताब्दी के लगभग मतंग ने संगीत को मार्गी व देशी-इन दो श्रेणियों में विभक्त किया। इन्हें आज की भाषा में शास्त्रीय व लोकसंगीत कह सकते हैं, परन्तु इनका समुचित यही अर्थ नहीं है। इसी पद्धति का अनुसरण करते हुए इस युग में शास्त्रकारों ने नृत्य व नृत्त को क्रमशः मार्गी व देसी विशेषणों से विभूषित किया। इसका तात्पर्य यह है कि नृत्त के मूलभूत तत्त्व-करण, चारी, अंगहार आदि का समाहार तो नृत्य में हो चुका था, अतः विभिन्न जनपदों के लोकनृत्यों के अर्थ में ही नृत्त शब्द का प्रयोग इस काल में प्रचलित हुआ और इसी कारण शास्त्रीय नियमों के अभाव में इस नृत्त को अधम श्रेणी प्राप्त हुई।

5. मध्यकालीन ग्रंथकारों ने नृत्य के दो भेद माने हैं-ताण्डव और लास्य। इनके मतानुसार ताण्डव की उद्भावना शिव से हुई है और लास्य की पार्वती से। इस प्रकार ताण्डव **उद्धत** नृत्यभेद है और लास्य **सुकुमार**। यह अवधारणा भी दीर्घकाल की प्रतीत होती है क्योंकि कालिदास ने भी मालविकाग्निमित्र में कहा है-स्वयं महादेव ने ही उमा से विवाह करके अपने शरीर में इसके दो भाग कर दिये हैं- एक ताण्डव और दूसरा लास्य।[1] यह प्रतीत होता है कि ताण्डव और लास्य पहले नृत्तभेद के रूप में विकसित हुए हैं। नाट्यशास्त्र विष्णुधर्मोत्तरपुराण में भी नृत्त दो प्रकार का बताया गया है-ताण्डव और लास्य।[2] जब मार्गनृत्त (भरतवर्णित) का समाहार नृत्य में हो गया तब ताण्डव और लास्य नृत्य के भेद बन गए। यहाँ उल्लेखनीय है कि धनंजय ने ताण्डव और लास्य को नृत्त और नृत्य दोनों का ही भेद माना है।[3]

6. मध्यकालीन ग्रंथकारों में से अनेक ने ताण्डव और लास्य को ही क्रमशः नृत्त और नृत्य कहा है। सेनापति ने कहा है-नृत्त पुरुषों के द्वारा किया जाता है और नृत्य स्त्रियों के द्वारा।[4] व्यावहारिक रूप से भी समस्त जीवन्त नृत्यशैलियों में इस परम्परा का परिपालन है। इस प्रकार मध्यकाल में दो परम्पराओं का विकास साथ-साथ होता दृष्टिगोचर होता है-एक में ताण्डव और लास्य का परिगणन नृत्त या नृत्य अथवा दोनों के ही भेदों के रूप में किया गया। दूसरी परम्परा में नृत्त व नृत्य को ही क्रमशः ताण्डव व लास्य मान लिया गया।

---

1. मालविकाग्निमित्रम्-1/4
2. नृत्तं द्विविधं प्रोक्तं ताण्ड्यलास्याश्रयं सदा। विष्णुधर्मोत्तरपुराण, 3/20/2
3. मधुरोद्धतभेदेन तद् द्वयविधं पुनः।
   लास्यताण्डवरूपेण नाटकाद्युपकारकम्।। दशरूपक 1/10
4. नृत्तं पुरुषकृतं ज्ञेयं नृत्यं नारीकृतं तथा। नृत्तरत्नावली

7. यह भी उल्लेखनीय है कि नृत्य संज्ञा नाट्यवेद से अनुमोदित नहीं होने के कारण कुछ परम्परावादी शास्त्रकारों ने ग्रंथरचना नृत्यशिक्षा-संबंधी की किन्तु उनका नाम नृत्तसंबंधी रखा है, जैसे-विष्णुधर्मोत्तर का वृत्तसूत्रम् तथा सेनापति की नृत्तरत्नावली आदि। इसीप्रकार नाट्याचार्य व नृत्याचार्य शब्द भी परस्पर पर्याय हो गए।
8. मध्यकालीन शास्त्रकारों ने नृत्य के संदर्भ में विभिन्न सम्प्रदायों का भी उल्लेख किया है तथा उनमें परम्परागत रूप से प्रचलित अर्थों के अनुग्रहण का आग्रह भी किया है। विप्रदास कहते हैं कि यद्यपि नृत्त और नृत्य दोनों ही शब्द गात्रविक्षेप अर्थ वाली ''नृत्' धातु से निष्पन्न होने के कारण समानार्थी हैं तथापि सम्प्रदायज्ञ जिसप्रकार प्रयोग करते हैं उनका वैसा ही अर्थ ग्रहण करना चाहिये, इसका कारण विवक्षा है। जैसे संसार में हस्त शब्द में एकदेशत्व का बोध होने पर भी वह विभिन्न अर्थों में प्रयुक्त होता है उसी प्रकार नृत्त और नृत्य में एकदेशत्व का बोध होने पर भी नृत्य शब्द पृथक् अर्थ में विद्यमान है।[1]

तात्पर्य है कि शिव से उद्भूत नृत्त में अभिनय की योजना करने से नृत्य उत्पन्न हुआ। भरत के समय तक यह प्रयोग पूर्वरंग तक ही सीमित था। भरत के अनन्तर कोहल ने नृत्य को माध्यम बनाकर अनेक उपरूपकों की सृष्टि की। नाटक, प्रकरण आदि रूपकभेदों में भी नृत्य का उपयोग होने लगा। कालिदास की नायिका मालविका का बहुचर्चित ''छलिअं णाम णट्टअम्'' प्रकृति से नृत्य ही है क्योंकि कवि उसका ''यथारस अभिनयन'' कहता है। किसी निबद्ध गीत पर किया जाने वाला अभिनयव्यापार ही नृत्य है। नृत्य केवल रूपकभेदों का विशिष्ट अंश बनकर था, परन्तु स्वतंत्र और समर्थ कला के रूप में विकसित होना उचित था। कोहल के समय से गायन-वादन के एकाकी (Solo) प्रदर्शन की परम्परा प्रारंभ हो चुकी थी। गायन-वादन से प्राप्त आनन्द केवल सुख से सम्बद्ध होने के कारण एकांगी था। इसके समानान्तर दर्शनसुख के लिए अभिनयविधाओं से ज्ञात होता है कि नाट्य प्रयोग अनिवार्यतः एक सामूहिक प्रयास है और भरत ने जिस नृत्त की वर्णना की है वह भी ''बहुनर्तकी-समायुक्त'' है। अतः एकल प्रदर्शन की आवश्यकता ने अभिनय के क्षेत्र में जिस **एकल प्रयोज्या** (Solo Performing) कला को जन्म दिया, वह है नृत्य। आज भी सम्पूर्ण भारत में जितनी भी शास्त्रीय नृत्य शैलियाँ हैं, यथा-दक्षिण का भरतनाट्यम् उत्तर भारत का कथक अथवा पूर्व का ओडिसी, सभी का अनिवार्यतः एकल प्रदर्शन ही होता आया है।

1. यद्यप्येती समानार्थी प्रत्ययी क्लक्यपी स्मृती। तथापि सम्प्रदायज्ञैर्यादृशो यः प्रयुज्यते।। तादृगर्थस्य विज्ञेयो विवक्षा चात्र कारणम्। लोके हस्तैकदेशेऽपि हस्तशब्दो यथा तथा।। नृत्ते नृत्यैकदेशत्वान्नृत्तशब्दोऽपि वर्तते। विप्रदास, भरतकोष, 340

इस प्रसंग में महत्त्वपूर्ण यह है कि दर्शनसुख का विशेष संबंध सुकुमार सौन्दर्य से है। कामंदक का कथन है कि नारी-यह तो नाम ही आह्लादक है।[1] भर्तृहरि के मत से नारी एक साथ पाँचों ज्ञानेन्द्रियों को प्रभावित कर आनन्द का उद्रेक करती है।[2]

अतः प्रेक्षक कवि-कलाकार सभी का ध्यान आनन्द के प्रमुख उत्स तथा सौकुमार्य के अधिष्ठान के रूप में नारी-सौन्दर्य पर ही आश्रित रहता है। सौन्दर्यानुभूति के द्वारा आनन्द की स्थापना करना ही कला का ध्येय है और इस दृष्टि से नारी कला की सबसे बड़ी प्रेरणा रही है। यही कारण है कि जाय सेनापति ने नृत्य को नारीकृत कहा है। भारतीय साहित्य में अनेक नर्तकियों का नामोल्लेख हुआ है और आज भी लगभग समस्त नृत्यशैलियाँ स्त्री-प्रयोज्या ही हैं।

संस्कृत के नाट्यविषयक लक्षणग्रन्थ

संस्कृत नाट्य-प्रयोग के समान ही तद्विषयक शास्त्रीय चिन्तन की परम्परा भी अत्यन्त प्राचीन है। नाट्य के शास्त्रीय एवं प्रायोगिक पक्ष का व्याख्यान करने वाली सामग्री अनेक रूपों में प्राप्त है। इस सामग्री के सर्वाधिक प्रामाणिक एवं महत्त्वपूर्ण स्रोत मूल लक्षणग्रंथ एवं उन पर प्राप्त होने वाली टीकाएँ तथा वृत्तियाँ हैं। इनके अतिरिक्त पौराणिक साहित्य में भी नाट्य एवं संगीतसंबंधी प्रामाणिक जानकारी प्राप्त होती है तथा स्थापत्य, मूर्ति एवं संगीत कला के प्राचीन लक्षणग्रन्थों में भी आनुषंगिक रूप से नाट्यसंबंधी सामग्री सुरक्षित है। काव्य का नाट्य से सीधा संबंध है। अतः काव्यशास्त्रीय ग्रंथों में भी नाट्य, विशेषकर रूपक-रचना के सिद्धान्तों पर विस्तृत विचार किया गया है। संस्कृत नाट्य-प्रयोग के ऐतिहासिक विकासक्रम के अध्ययन की दृष्टि से इन सबका परिशीलन आवश्यक है।

यद्यपि संस्कृत नाट्य-प्रयोग के संस्थापक आचार्य के रूप में भरतमुनि की ही प्रसिद्धि है तथा उन्हीं की रचना को नाट्यविद्या के आधारग्रंथ के रूप में 'वेद' और 'शास्त्र' का आदर दिया जाता है। किन्तु स्वयं भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र में अपने पूर्ववर्ती अनेक आचार्यों का उल्लेख किया है, जैसे गांधर्व के प्रसंग में स्वाति, छन्दोनिरूपण के प्रसंग में गुह, ध्रुवाओं के निरूपण के प्रसंग में नारद, अंगहार तथा करणों (नृत्त) के प्रसंग में तण्डु या नन्दी, मानवीय गुणों के प्रसंग में बृहस्पति, शब्दलक्षण तथा अन्य प्रसंगों में **पूर्वाचार्य** पद का उल्लेख मिलता है। इसके अतिरिक्त नाट्यशास्त्र में प्राप्य अनेक **अनुवंश्य श्लोक** और आर्याओं आदि की पूर्ववर्ती आचार्यों द्वारा निर्मिति होने की स्थिति वैसी ही है जैसी पाणिनि

---

1. स्त्रीति नामापि संह्लादयति। कामंदक 4/52
2. द्रष्टव्येषु किमुत्तमं मृगदृशां प्रेमप्रसन्नं मुखं
घ्रातव्येषु किं तदास्यपवनः श्राव्येषु किं तद्वचः।
किं स्वाद्येषु तदोष्ठपल्लवरसः स्पृश्येषु किं
तत्तनुर्ध्येयं किं नवयौवनं सुहृदयैः सर्वत्र तद्विभ्रमः।। शृंगारशतक 7

के प्रथम आचार्य होने पर भी 'अष्टाध्यायी' रचे जाने से पूर्व अनेक आचार्यों की स्थिति का विद्यमान होना है। भरतमुनि के नाट्यशास्त्रीय उल्लेखों के अतिरिक्त भी ऐसे उल्लेख प्राप्य हैं जिनसे नाट्यशास्त्र के पूर्ववर्ती नाट्यविषयक ग्रंथ तथा उनके प्रणेताओं का आभास मिलता है। इनमें सबसे प्राचीन उल्लेख पाणिनि की अष्टाध्यायी (4/3/110-111) में हैं, जिससे पता चलता है कि शिलालिन तथा **कृशाश्व** नामक आचार्यों ने 'नट-सूत्रों' की रचना की थी, जिन्हें आम्नायवत् पवित्रता प्राप्त थी। इन अनुपलब्ध कृतियों के संबंध में विद्वानों का यह अभिमत है कि उनमें नटों की शिक्षा के लिए नियमों का निरूपण था और वे भारतीय नाट्य-विद्या के प्राचीनतम ग्रन्थ थे। इस संबंध में विद्वानों की यह भी धारणा है कि 'नटसूत्रों' का 'नाट्यशास्त्र' में उसी प्रकार प्रतिसंस्कार (विलयन का समावेश) हो गया जैसा अग्निवेश के 'आयुर्वेद-तंत्र' का 'चरक-संहिता' में। इनके अतिरिक्त अन्य ग्रंथों एवं टीकाओं में भरत से पूर्ववर्ती जिन नाट्याचार्यों का नामोल्लेख या उद्धरण प्राप्त होता है वे हैं-तुम्बरु, व्यास, **द्रोहिण**, आंजनेय, सदाशिव, पद्मभू, काश्यप आदि।

भरतमुनि ने नाट्योत्पत्ति के प्रसंग में अपने एक सौ पुत्रों का उल्लेख किया है उनमें से अनेक नाट्य-प्रयोक्ता होने के अतिरिक्त शास्त्र-प्रणेता भी हैं। इनमें कोहल, दत्तिल, अश्मकुट्ट, बादरायण, शातकर्णी, शाण्डिल्य, धूर्तिल, एवं वात्स्य आदि का उल्लेख परवर्ती आचार्यों ने शास्त्रप्रणेताओं के रूप में किया है तथा विभिन्न प्रसंगों में उनके द्वारा प्रणीत नाट्य-ग्रंथों के उद्धरण भी दिए हैं। नाट्यशास्त्र के अंत में यह भविष्यवाणी है कि नाट्यशास्त्र के अवशिष्ट अंशों पर कोहल द्वारा शास्त्रग्रंथ रचे जाएंगे। इसी प्रकार शाण्डिल्य, धूर्तिल व वात्स्य द्वारा भी मनुष्यों के बुद्धि के विकास के लिए नाट्यशास्त्र पर और भी ग्रंथ लिखे जाएंगे।[1]

भरतमुनि के इन समकालीन आचार्यों में सबसे प्रसिद्ध नाम कोहल का है। अभिनवगुप्त, शारदातनय, हेमचंद्राचार्य और रामचन्द्र-गुणचंद्र ने रूपकों के संख्यावर्धन का कर्ता कोहल को माना है। कोहल ने नृत्त एवं संगीतसहित नाट्य के विविध अंगों पर अधिकृत रूप से रचनाएँ की थीं, जिनके सम्प्रति अनेक उद्धरण अनेक लक्षण-ग्रंथों में तथा टीकाओं में प्राप्त हैं, जैसे शार्ङ्गदेव का संगीत-रत्नाकर और उसकी सिंहभूपाल तथा चतुरदामोदर की टीकाएँ, पार्श्वदेव का **संगीत-समयसार** आदि। कोहलप्रोक्त एक ग्रंथ का मात्र तेरहवाँ अध्याय मद्रास के शासकीय हस्तलिखित ग्रंथागार में सुरक्षित है जिसका नाम **कोहल-रहस्य** है। लन्दन के इण्डिया आफिस संग्रहालय में भी एक पाण्डुलिपि अवस्थित है, जिसका नाम **कोहलीयम्** है। इनके अलावा एक ग्रंथ **कोहलमतम्** नाम से भी प्राप्त है।

1. शेषमुत्तरतंत्रेण कोहलः कथयिष्यति। ना.शा. 36/69

भरत के अनन्तर शास्त्रकारों में दूसरा स्थान दत्तिल का है। तंजोर ग्रंथागार में एक ग्रंथ **दत्तिल-कोहलीयम्** नाम से विद्यमान है, जिसमें नृत्यकला का विशद विवेचन है। रामकृष्ण कवि ने इनके एक अन्य ग्रंथ **गान्धर्ववेदसार** का भी उल्लेख किया है। इनका सर्वविदित एवं प्राप्य ग्रंथ **दत्तिलम्** है। इन दो के अतिरिक्त भरत के समकालीन किसी अन्य आचार्य की कोई स्वतंत्र रचना वर्तमान में प्राप्य नहीं है, मात्र विभिन्न टीकाओं में उनके प्रसंगवश उद्धरण ही मिलते हैं।

नाट्यशास्त्र के मध्यकालीन आचार्यों के नामोल्लेख अभिनव-भारती, नाट्य लक्षणकोश आदि में प्राप्त होते हैं उनमें विशाखिल, चारायण, कात्यायन, राहुल, गर्ग, शकलीगर्भ, घण्टक तथा सुबन्धु प्रमुख हैं। इनके अतिरिक्त श्रीहर्ष तथा मातृगुप्त के **वार्तिक** ग्रंथों की भी चर्चा प्राप्त होती है। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि मध्य युग में भरत मुनि का नाट्यशास्त्र विद्वत्ता की परीक्षा-स्थली माना जाता था और इस दृष्टि से अनेक आचार्यों द्वारा इस पर अपने दार्शनिक सिद्धान्तों के अनुसार टीकाएँ लिखी जाती रही हैं।

इनमें से अब केवल 'अभिनव-भारती' ही उपलब्ध है। इसमें आचार्य अभिनवगुप्त ने जिन व्याख्याकारों का सोद्धरण उल्लेख किया है उनमें प्रमुख हैं-भट्ट उद्भट, भट्ट लोल्लट, शंकुक, भट्टनायक, भट्टतौत, भट्टयंत्र एवं कीर्तिधर। इनके अतिरिक्त अभिनवगुप्त ने भट्ट गोपाल, प्रियातिथि, भागुरी, भट्टबुद्धि, रुद्रक, भट्टसुमनस, भट्टशंकर जैसे आचार्यों का भी यत्र-तत्र उल्लेख किया है। किन्तु इनमे से कितने नाट्यशास्त्र के विवेचक, टीकाकार थे, यह ज्ञात नहीं होता है। इस प्रसंग में यह जान लेना भी रुचिकर होगा कि नाट्यशास्त्र की सर्वाधिक व्याख्याएँ केवल काश्मीर के विद्वानों द्वारा ही लिखी गई हैं। इन सबके अतिरिक्त संगीत-ग्रंथों के विवरण से भी कतिपय नाट्यशास्त्रीय व्याख्याओं का पता चलता है, जिनमें **संगीत-शिरोमणि** ग्रंथ के अनुसार नाट्यशास्त्र पर **भरत-बालबोध** नाम की व्याख्या लिखी गयी थी। **संगीतरत्नाकर** की एक आंध्र-व्याख्या में **सिंगाचार्य** कृत **भरत-मिति** व्याख्या का उल्लेख उनके पौत्र द्वारा किया गया है। कांची के शासक **शम्भुराज** ने भी नाट्यशास्त्र पर एक व्याख्या लिखी थी जिसका उल्लेख **पण्डित-मण्डली** ने किया है। रामकृष्ण कवि के अनुसार कीर्तिधर ने नाट्यशास्त्र पर **भरतोत्तर** नाम की टीका लिखी थी। सोलहवीं शती के आसपास श्रीरंगराज ने नाट्यशास्त्र पर टीका की थी, जिसका उल्लेख **अच्युतराय** ने **तालाब्धि** नामक ग्रंथ में किया है।

नाट्यशास्त्र की इन मध्यकालीन व्याख्याओं के बीच एक स्वतंत्र लक्षणग्रंथ उपलब्ध होता है, महेन्द्र विक्रम (7वीं श.ई.) का **भरतकोश**। 10वीं से 17वीं शताब्दी के मध्य रचे गए नाट्यविषयक अनेक छोटे लक्षण-ग्रंथ प्राप्त होते हैं। साहित्य के इन उत्तर-कालीन आचार्यों की रचनाओं को मुख्यतः दो श्रेणियों में रखा जा सकता है-प्रथम वर्ग उन शास्त्रग्रंथों का है जिनमें रूपकों के वस्तु-विधान या शाब्दिक-संरचना पर ही विचार किया

गया है दूसरा वर्ग उन लक्षणग्रंथों का है जिनमें केवल अभिनय-भेदों पर ही विचार किया गया है। आरंभ में अलंकारशास्त्र का विवेचन नाट्यशास्त्र के अन्तर्गत होता रहा। परवर्ती काल में अलंकारशास्त्र के स्वतंत्र रूप से विकसित होने पर नाट्य तत्त्वों का विचार काव्यशास्त्रीय ग्रंथों में किया जाने लगा। इस दृष्टि से भी काव्यशास्त्रीय ग्रंथों को दो श्रेणी में विभाजित किया जा सकता है। प्रथम श्रेणी उन रचनाओं की है जो मुख्यतः काव्यशास्त्रीय ग्रंथ हैं और उनमें संक्षिप्त रूप से नाट्य के स्वरूप, रूपक-भेद आदि का भी विवेचन कर दिया गया है। इस प्रकार की रचनाओं में मम्मट का 'काव्यप्रकाश', सिंह भूपाल का 'रसार्णव सुधाकर', विद्यानाथ का 'प्रतापरुद्र-प्रकाश', तथा भोज का 'सरस्वती-कण्ठाभरण' और 'शृंगारप्रकाश' प्रमुख हैं। दूसरी श्रेणी केवल नाट्य-विवेचक प्रकरण-ग्रंथों की है। इस वर्ग की प्रमुख रचनायें-धनंजय का 'दशरूपक', सागरनन्दी का 'नाट्य-लक्षणरत्नकोश', रामचंद्र का 'नाट्यदर्पण', सिंहभूपाल की 'नाटकपरिभाषा', रूपगोस्वामी की 'नाटक-चंद्रिका', रुय्यककृत 'नाटक-मीमांसा' एवं सुन्दरमिश्र का 'नाट्य-प्रदीप' आदि हैं।

काव्यशास्त्रीय ग्रंथों के समान ही उत्तर-कालीन अभिनय-विषयक लक्षणग्रंथों को भी दो वर्गों में रखा जा सकता है। प्रथम श्रेणी उन संगीतशास्त्रीय ग्रंथों की है जिनके नर्तनाध्याय में अभिनय-भेदों का विवेचन किया गया है। ऐसे ग्रंथों में शार्ङ्गदेव का 'संगीत रत्नाकर', पार्श्वदेव का 'संगीतसमयसार', सुधाकलश का 'संगीतोपनिषद्, कुम्भकर्ण का 'संगीतराज', 'संगीत दामोदर', पुण्डरीक का 'नर्तन-निर्णय' आदि प्रमुख हैं। दूसरी श्रेणी अभिनय की विवेचना करने वाले लघु प्रकरण-ग्रंथों की है। इस वर्ग की रचनाओं में नन्दिकेश्वर का अभिनयदर्पण, राणाकुम्भा का 'नृत्यरत्नकोश', जायसेनापति की 'नृत्त-रत्नावली', अशोकमल्ल का 'नृत्याध्याय' एवं 'नाट्यशास्त्रसंग्रह' आदि प्रकाशित एवं प्रसिद्ध ग्रंथ हैं। इनके अतिरिक्त भी इसी परम्परा के ग्रंथ संपूर्ण भारत तथा सुदूर नेपाल आदि स्थानों में प्राप्त होते हैं, जिनमें से कुछ ज्ञात नाम इस प्रकार है-**हस्तलक्षण-दीपिका**, अर्जुनभरतम्, आदिभरतम्, नृत्यरत्नहार, बालरामभरतम् आदि। इन प्रकरणग्रंथों के मध्य भरतमुनि की परम्परा में नाट्य की साहित्यिक संरचना और उसके अभिनय-दोनों ही पक्षों पर एक साथ प्रकाश डालने वाली एकमात्र उत्तरकालीन रचना शारदातनय का **भावप्रकाशन** है।

भरतोत्तर नाट्यसाहित्य पर समग्ररूप से दृष्टिपात करने पर ज्ञात होता हैं कि ये प्रकरणग्रंथ नाट्य के संपूर्ण स्वरूप की विवेचना करने की अपेक्षा रूपकरचना से संबद्ध विषयों के निकटवर्ती दृष्टिगोचर होते हैं अथवा नृत्योपयोगी आंगिक अभिनय के भेदों तथा करण, चारी, अंगहारादि की वर्णना तक सीमित हैं। नाट्य के अन्य अंगों, जैसे-प्रेक्षागृह, नाट्यलक्षण, धर्मी, वृत्ति, प्रवृत्ति आदि के स्वरूप में चर्चा इनमें नहीं की गई है, जो नाट्य के लिए परमोपयोगी हैं। तथापि संस्कृत नाट्य-प्रयोग एवं विकास के जो सूत्र इन लक्षणग्रंथों में प्राप्त होते हैं, उनकी उपेक्षा नहीं की जा सकती।

भरतोत्तर शास्त्रकारों ने यद्यपि भरत की मान्यताओं को आर्षवचनों की तरह ग्रहण किया है और उन्हें लगभग उन्हीं शब्दों में, बिना किसी परिवर्तन के अपने प्रकरणग्रंथों में सर्वप्रथम आदरसहित स्थान प्रदान किया है; किन्तु उनकी सजग दृष्टि समसामयिक गतिविधियों पर भी रही है और उन्होंने नवीन प्रवृत्तियों की उचित परीक्षा करके उन्हें उपर्युक्त स्थान प्रदान किया है। शास्त्रग्रंथों में प्राप्त नाट्यभेद या देशी नृत्तांगों के परस्परविरोधी प्रतीति वाले विवरण उनकी विकासगाथा के क्रमिक सोपान हैं जिनके बहुत सावधानी से निरीक्षण की आवश्यकता है अन्यथा भ्रमजाल में जाना स्वाभाविक है।

नृत्यकला में नाट्यशास्त्र की हस्तमुद्रायें

यह सम्भावना है कि प्राचीनकाल में जब भाषा का विकास नहीं हुआ था उस समय मानव इंगित से अपने आशय स्पष्ट करता होगा। आज भी मूक-बधिर अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति इशारों के माध्यम से करते हैं। ये इंगित धीरे-धीरे कुछ विशिष्ट आशयों में प्रयुक्त होकर मानवमन के हर्षोल्लासमय विचारों की अभिव्यक्ति का एक माध्यम बन गये।

मानव हर्षोल्लास को हाव-भाव व नृत्य-गीत आदि के माध्यम से प्रकट करता है। इसके लिए वह अपने हाथ, पैर, कमर, मुख, ग्रीवा, आदि अंगों को विविधप्रकार से घुमाकर मोड़कर नवीन अर्थों को दूसरे व्यक्ति को समझा देता है।

भारतीय परम्परा में प्राचीन काल से ही कलातत्त्व पर सूक्ष्म गवेषण हुआ है। हमारी समस्त विद्याओं, कलाओं का एकमात्र उत्स वेद है। वेद में समस्त विद्याएँ एवं कलाएँ अपने सूक्ष्मतम रूप में (बीज रूप में) विद्यमान हैं। यजुर्वेद में तीस मुख्य कलाओं का वर्णन मिलता है।[1] इनमें नृत्य को द्वितीय स्थान प्राप्त है। भारतीय कलाओं के प्राचीनतम आचार्यों में आचार्य वात्स्यायन ने अपने ग्रन्थ कामसूत्र में चौंसठ कलाओं का निरूपण किया है।

इनमें से कुछ कलाएँ कर्माश्रित तथा कुछ क्रियाश्रित हैं। चौंसठ कलाओं में एक कला नृत्यगीत भी है[2] जिसमें व्यक्ति अपने अभिनय, अंगहार व मुद्राओं के माध्यम से मानसी गंगा की उत्ताल तरंगों को मूर्त रूप प्रदान करता है, वह कलानृत्य है। रसार्णवसुधाकर में नर्तक की परिभाषा इस प्रकार दी गई है-

नानाप्रकाराभिनयकर्तारो नर्तकाः स्मृताः।

नर्तक जो कर्म करता है, वह नृत्य कहलाता है। शास्त्रीय दृष्टि से नृत्य के दो भेद होते हैं-नृत्य और नृत्त। जिसमें ताल, लय, गीत के साथ भावों का आशय लिया जाय वह नृत्य है जिसमें ताल, लय की ही प्रमुखता हो वह नृत्त है।

नृत्य भावों पर आश्रित होता है, तो नृत्त अंगविक्षेपयुक्त होता है और ताल-लय पर आधारित। नृत्य में किसी पदार्थ या विषय पर अभिनय किया जाता है परन्तु नृत्त किसी विशेष विषय पर नहीं रहता। नृत्य भावाभिनय का सहकारी बनता है, पर नृत्त सौन्दर्य विधायक रहता है। नृत्य का क्षेत्र व्यापक और नृत्त का क्षेत्र स्थानीय होता है। इस प्रकार स्पष्ट है कि नाट्य, नृत्य और नृत्त ये तीनों नाट्यशास्त्र की विकास परम्परा के द्योतक हैं जिनमें सुख-दुःखात्मक मानवचित्त की विविधता प्रतिफलित होकर नृत्य और नाट्य के माध्यम से गतिशील रहती है।

1. स्वतन्त्र कलाशास्त्र, डॉ. कान्तिचन्द्र पाण्डेय, चौखम्बा प्रकाशन, पृ.12
2. स्वतन्त्र कलाशास्त्र, डॉ. कान्तिचन्द्र पाण्डेय, चौखम्बा प्रकाशन, पृ.23

नृत्य और नृत्त पुनः दो भागों में विभक्त हो जाते हैं-एक ताण्डव दूसरा लास्य। इन दोनों नृत्यभेदों को भरतमुनि ने भगवान् शिव से अंगहारसहित सीखा था-

नृत्तांगहारसम्पन्ना रसभावक्रियात्मिका।
दृष्टा मया भगवतो नीलकण्ठस्य नृत्यतः।।[1]

भरतमुनि ने नृत्त, अंगहार, रसभावयुक्त क्रियात्मकता से मण्डित भगवान् नीलकण्ठ का नृत्य देखकर समस्त क्रियाओं को सीखा। अभिनव गुप्त के अनुसार सन्ध्याकाल में आनन्दमग्न हो भगवान् शिव नृत्य करते हैं। अतः नाट्य में तथा उसको अलंकृत करने वाले नृत्त में उनकी प्रवृत्ति दृष्टिगोचर होती है-

भगवाँश्चानन्दनिर्भरतया क्रीडाशीलः सन्ध्यादौ नृत्यतीति।
नाट्ये तदुपस्कारिणि च नृत्ते तदुपज्ञम्।।[2]

अतः यह नृत्य व नृत्त दोनों शिव-शिवा से ही प्राप्त हुए हैं। शिव से प्राप्त नृत्य-भेद ताण्डव कहलाता है। यह उद्धतकरणों, अंगहारों तथा आरभटी वृत्ति से युक्त होता है-

उद्धतैः करणैरंगहारैः निर्वर्तितं यदा।
वृत्तिरारभटी गीतकाले तत्ताण्डवं विदुः।[3]

भरतमुनि ने अपने चतुर्हस्त प्रमाण (सात्त्विक, वाचिक, आहार्य एवम् आंगिक) लक्षणग्रन्थ में ताण्डव नृत्य के तीन भेद स्वीकार किये हैं-चण्डताण्डव, प्रचण्डताण्डव और **उच्चण्ड ताण्डव**।

जो नृत्य सुकुमारी पार्वती से प्राप्त है, अत्यन्त सुकोमल अंगहार, करण मुद्राओं से अलंकृत, ललितातिललित ताल, लय व गति से युक्त है वह नृत्य का लास्य नामक भेद है-

ललितैरंगहारैश्च निर्वृत्यं ललितैर्लयः।
वृत्तिः स्यात्कैशिकी गीतिर्यत्र तल्लास्यमुच्यते।।[4]

आचार्य भरत ने अपने ग्रन्थ में वीथी नामक नाट्य-भेद के अन्तर्गत द्वादशविध **लास्य** का वर्णन किया है। ये भेद निम्नलिखित हैं-1. गेयपद 2. स्थितपाठ्य 3. आसीन 4. पुष्पगण्डिका 5. प्रच्छेदक 6. त्रिमूढ 7. द्विमूढ 8. सैन्धव 9. उत्तमोत्तमक 10. विचित्रपद 11. उक्तप्रयुक्त 12. भावित।

---

1. नाट्यशास्त्र 1/44 जयपुर प्रकाशन-पृ. 13
2. अभिनवभारती
3. शारदातनय, भावप्रकाशन 10/80
4. शारदातनय, भावप्रकाशन 7/79

गेयपदं स्थितं पाठ्यमासीनं पुष्पगण्डिका।
प्रच्छेदकस्त्रिमूढञ्च सैन्धवाख्यं द्विमूढकम्।।
उत्तमोत्तकञ्चैव विचित्रपदमेव च।
उक्तप्रत्युक्तभावञ्च लास्यांगानि विदुर्बुधाः।।[1]

इसप्रकार भरतमुनि ने नृत्य व नृत्त के भेद उपदिष्ट किये हैं। अन्य ग्रन्थों में लास्य के भेद प्राप्त नहीं होते हैं। इनका क्रम निम्नांकित है-

आचार्य भरत के अनुसार मुद्राओं के भेद



1. नाट्यशास्त्र 20/135-136

परवर्ती आचार्यों के अनुसार मुद्राओं के भेद (शारदातनय)



अभिनयप्रयोग की स्थिति में नाट्य के पश्चात् नृत्य का दूसरा स्थान है। इस शब्द की निष्पत्ति नृत् धातु से है। धनंजय के अनुसार जो भाव पर आश्रित होता है वह नृत्य है। जिसमें अभिनय के द्वारा किसी पदार्थ को अभिव्यक्त कर आन्तर भावों को अभिव्यक्त किया जाता है, वह नृत्य है। अभिनयदर्पणकार ने भी रस तथा भावों के व्यंजनाकार प्रदर्शन को **नृत्य** कहा है। नृत्त शब्द की उत्पत्ति नृती गात्रविक्षेपे धातु से हुई है।

नन्दिकेश्वर के अनुसार-''भावाभिनयहीनं नृत्यमित्यभिधीयते।'' ताल-लय के अनुरूप हस्त-पाद आदि अंगसंचालन नृत्त है। नन्दिकेश्वर के अनुसार इसे निर्दिष्ट अवसरों पर किया जाता है-

> नृत्तं तत्र नरेन्द्राणामभिषेकमहोत्सवे।
> यात्रायां देवयात्रायां विवाहे प्रियसंगमे।।
> नगराणामगाराणां प्रवेशे पुत्रजन्मनि।
> शुभार्थिभिः प्रयोक्तव्यं मांगल्यं सर्वकर्मभिः।।[1]

1. नाट्यशास्त्र

नाट्यशास्त्र में नृत्त के दो भेद माने गये हैं-ताण्डव और लास्य। उद्धत प्रयोग वाला ताण्डव नृत्त पुरुषों के लिए है। इसकी उत्पत्ति के सम्बन्ध में कथा है कि दक्ष प्रजापति के यज्ञ-ध्वंसावसर पर सन्ध्या में शिव ने विविध अंगहारों, रेचकों के साथ ताण्डव किया। अंगहार, पिण्डीबन्ध, रेचकों के साथ नृत्त की सृष्टि हुई। शिवपार्षद महामति **तण्डु** ने वाद्य यन्त्रों के साथ संगति की, अतः इस नृत्य का नाम **ताण्डव** पड़ा। ताण्डव में परिलक्षित क्रियाएँ-सृष्टि, स्थिति, लय, तिरोभाव और अनुग्रह को प्रदर्शित करती हैं जिनमें सहानुभूति, दक्षिणामूर्ति, अनुग्रहमूर्ति व नृत्यमूर्ति आदि शिव के प्रसिद्ध रूप हैं। लास्य मनोरम अङ्गहार, लय, ताल व कैशिकी वृत्ति पर आधारित होता है। इसके चार भेद माने गये हैं। शारदातनय ने इसके अतिरिक्त गुण्डली व वृन्द भेद भी माने हैं। शारदातनय ने लास्य का कोई भेद नहीं माना है। परन्तु ताण्डव नृत्य के तीन भेद-चण्ड, प्रचण्ड, उच्चण्ड माने गये हैं। **गुण्डली** नृत्य के भी तीन भेद-शुद्ध गुण्डली, मिश्र गुण्डली और चित्र गुण्डली माने गये हैं। नृत्य एवं नृत्त समूह में अधिक चित्ताकर्षक होते हैं, अतः नृत्य का एक भेद वृन्द भी माना गया है। यह वृन्द नृत्य दो भेदों से संवलित है-बाह्य वृन्द एवं आभ्यन्तर वृन्द-

नाट्यं नृत्यञ्च वृन्दहीनं न शोभते।
अतो वृन्दं प्रकल्प्यं स्यादित्याहुः भरतादयः।।[1]

इन्हीं नृत्यभेदों के आधार पर भारत में विभिन्न शास्त्रीय व लोकनृत्य प्रचलित हुए हैं, जिन्हें मार्गी और देशी भी कहते हैं। उत्तरप्रदेश में बनारस, लखनऊ तथा राजस्थान के जयपुर घराने का कथक नृत्य, असम का मणिपुरी नृत्य, उड़ीसा का ओडिसी नृत्य, तमिलनाडु का भरतनाट्यम्, आन्ध्रप्रदेश का कुचिपुड़ी, केरल का कथकली नृत्य, मोहिनी-अट्टम्, कुडियाट्टम् जैसे शास्त्रीय नृत्य अत्यन्त प्रसिद्ध हैं जिनमें आचार्य भरत द्वारा बनाये गये करण, अङ्गहार और मुद्राओं का उचित प्रयोग है। इनके अतिरिक्त विविध लोकनृत्य जैसे-छाऊ, भवई, तमाशा, बिसुरतिया इत्यादि प्रचलित हैं। ये एक प्रकार से गुंडली और वृन्द नामक नृत्य भेदों से प्रभावित अवान्तर भेद हैं।

नाट्यशास्त्र को **चतुर्हस्तप्रमाणग्रन्थ** कहते हैं। इसके चार अंग सात्त्विक, आहार्य, वाचिक और आङ्गिक भेद माने गए हैं। आङ्गिक अभिनय में अंगहार, करण और मुद्राओं का प्रयोग होता है। इन सबके माध्यम से नाट्य की प्रस्तुति को अत्यन्त प्रभावपूर्ण शैली में सहृदयों के सम्मुख प्रस्तुत किया जा सकता है-

आङ्गिको वाचिकश्चैव ह्याहार्यः सात्त्विकस्तथा।
ज्ञेयस्त्वभिनयो विप्राश्चतुर्धा परिकल्पितः।।[2]

1. भावप्रकाशन 10/89
2. नाट्यशास्त्र 8/9

अतः नाट्यशास्त्र (नट) नर्तकों के लिए एक अनुशासन प्रस्तुत करता है और बतलाता है कि मनोभाव, वाणी, वेशभूषा और हावभाव को किस प्रकार प्रस्तुत करें कि वह सहृदयग्राह्य हो।

नाट्यशास्त्र में नाट्याभिनय के अन्तर्गत आङ्गिक अभिनय मुख, नेत्र, अधर, हस्त, कटि, पाद, उरस् एवं पार्श्व के माध्यम से किया जाता है। नाट्यशास्त्र में षड्विध आङ्गिक अभिनय बताया गया है-

शिरोहस्तकटीवक्षःपार्श्वपादसमन्वितः।
अङ्गप्रत्यङ्गसंयुक्तः षडङ्गो नाट्यसंग्रहः।।[1]

सिर, हाथ, कमर, वक्ष, पार्श्व और पैर यह अभिनय में प्रयुक्त होने वाले छः मुख्य अंग है। इनके अतिरिक्त छः उपाङ्गों का भी प्रयोग अभिनय (आशय) के स्पष्टीकरण में होता है जिसका उल्लेख आचार्य भरत ने इस प्रकार किया है-

तस्य शिरोहस्तोरःपार्श्वकटीपादतः षडङ्गानि।
नेत्रभ्रूनासाधरकपोलचिबुकान्युपाङ्गानि।।[2]

नेत्र, भ्रू, नासिका, अधर, कपोल, चिबुक ये छः उपाङ्ग भी आङ्गिक अभिनय में होते हैं।

आङ्गिक अभिनय के अङ्ग



1. नाट्यशास्त्र 8/12
2. नाट्यशास्त्र 8/13

ये ही अंग-प्रत्यंग नृत्य के अंकुर हैं तथा वस्तु-अभिनय में प्रयुक्त होते हैं। आङ्गिक अभिनय अंगहार, करण, मुद्राओं के आश्रय से उत्पन्न होता है। किन्तु नृत्त में करण की ही प्रमुखता रहती है। आङ्गिक अभिनय के मध्य हस्ताभिनय को मुख्य अंग में गिना गया है जिनसे विविध मुद्राएँ बनाकर आशय को सरलता से स्पष्ट कर देते हैं।

नाट्यशास्त्र के नवम अध्याय में हाथ की विभिन्न चौंसठ मुद्राओं का वर्णन है। ये चौसठ हस्तमुद्राएँ प्रयोग की दृष्टि से तीन भागों में विभक्त कर दी गयी हैं। जिन मुद्राओं का निर्माण मात्र एक हाथ से किया जाता है वे **असंयुत-हस्त मुद्राएँ** कहलाती हैं। ये चौबीस हस्तमुद्रायें हैं-1. पताक 2. त्रिपताक 3. कर्तरीमुख 4. अर्धचन्द्र 5. अराल 6. शुकतुण्ड 7. मुष्टि 8. शिखर 9. कपित्थ 10. कटकामुख 11. सूचीमुख 12. पद्मकोष 13. सर्पशीर्ष 14. मृगशीर्ष 15. लाङ्गल 16. उत्पल पद्म 17. चतुर 18. भ्रमर 19. हंसास्य 20. हंसपक्ष 21. सन्देश 22. मुकुल 23. ऊर्णनाभ 24. ताम्रचूड।

पताकस्त्रिपताकश्च तथा वै कर्तरीमुखः।
अर्धचन्द्रो ह्यरालश्च शुकतुण्डस्तथैव च।।
मुष्टिश्च शिखराख्यश्च कपित्थः कटकामुखः।
सूच्यास्यः पद्मकोषश्च तथा वै सर्पशीर्षकः।।
मृगशीर्षः परो ज्ञेयो हस्ताभिनययोक्तृभिः।
लाङ्गलोत्पलपद्मश्च चतुरो भ्रमरस्तथा।।
हंसास्यो हंसपक्षश्च संदंशो मुकुलस्तथा।।
ऊर्णनाभस्ताम्रचूडश्चतुर्विंशतिरीरिताः।।[1]

वे मुद्राएँ जिनमें दोनों हाथों का संयुक्त प्रयोग होता है, **संयुक्तहस्तमुद्राएँ** कहलाती हैं। ये तेरह मुद्रायें हैं-अञ्जलिमुद्रा, कपोतमुद्रा, कर्कटमुद्रा, स्वस्तिकमुद्रा, कटकवर्धमानमुद्रा, उत्सवमुद्रा, निषधमुद्रा, दोलमुद्रा, पुष्पपुटमुद्रा, मकरमुद्रा, गजदन्तमुद्रा, अवहित्थमुद्रा और वर्धमानमुद्रा-

अञ्जलिश्च कपोतश्च कर्कटः स्वस्तिकस्तथा।
कटकावर्धमानश्च ह्युत्सङ्गो निषधस्तथा।।
दोलः पुष्पपुटश्चैव तथा मकर एव च।
गजदन्तोऽवहित्थश्च वर्धमानस्तथैव च।।
एते तु संयुक्ता हस्ता मया प्रोक्तास्त्रयोदश।
नृत्तहस्तानतश्चोर्ध्वं गदतो मे निबोधत।।[2]

1. नाट्यशास्त्र 9/4-7
2. नाट्यशास्त्र 9/8-11

संयुक्त एवम् असंयुक्त हस्त मुद्राओं के अतिरिक्त अन्य मुद्रायें भी होती हैं। जैसे-स्वस्तिक-मुद्रा, विप्रकीर्ण-मुद्रा, अराल-मुद्रा, खटकामुख-मुद्रा, आविद्धवक-मुद्रा, सूचीमुख-मुद्रा, रेचित-मुद्रा, अर्धरेचित-मुद्रा, उत्तान-मुद्रा, अवञ्चित-मुद्रा, पल्लव-मुद्रा, नितम्ब-मुद्रा, केशबन्ध-मुद्रा, लता-मुद्रा, करिहस्त-मुद्रा, पक्षवञ्चित-मुद्रा, पक्षप्रद्योतक-मुद्रा, गरुडपक्ष-मुद्रा, हंसपक्ष-मुद्रा, उर्ध्वमण्डल-मुद्रा, उरमण्डल-मुद्रा, पार्श्वमण्डल-मुद्रा, उरपार्श्वमण्डल-मुद्रा, मुष्टिका-मुद्रा, स्वस्तिक-मुद्रा, नलिनी-मुद्रा, पद्मकोष-मुद्रा, अलपल्लव-मुद्रा, ललित-मुद्रा और बलित-मुद्रा।

स्वस्तिकौ विप्रकीर्णौ चाप्यरालकटकामुखौ।
आविद्धवक्रौ सूच्यास्यौ रेचितावर्धरेचितौ।।
उत्तानवञ्चितौ चैव पल्लवौ च तथा करौ।

नितम्बावपि विज्ञेयौ केशबन्धौ तथैव च।
लताख्यौ च तथा प्रोक्तौ करिहस्तौ तथैव च।।
पक्षवञ्चितकौ चैव पक्षप्रद्योतकौ तथा।
ज्ञेयौ गरुडपक्षौ च हंसपक्षौ तथैव च।।

उर्ध्वमण्डलिनौ चैव पार्श्वमण्डलिनौ तथा।
उरोमण्डलिनौ चैव उरःपार्श्वार्धमण्डलौ।।

मुष्टिकः स्वस्तिकश्चापि नलिनी-पद्मकोषकौ।
अलपल्लवोल्बणौ चापि ललितौ वलितौ तथा।।

चतुष्षष्टिकरा ह्येते नामतोऽभिहिता मया।
यथालक्षणमेतेषां कर्माणि च निबोधत।।[1]

इस प्रकार आचार्य भरत ने चौसठ हस्त मुद्राओं का उल्लेख किया है। इनमें चौबीस असंयुक्त, तेरह संयुक्त तथा सत्ताइस उभय मुद्राएँ (24+13+27=64) हैं।

हस्तमुद्राओं का चित्रपट इस प्रकार है-

1. नाट्यशास्त्र 9/11-11-17



नाट्यशास्त्रोक्त हस्तमुद्राएँ
असंयुत
संयुत
उभय
पताका
त्रिपताक
कर्तरीमुख
अर्द्धचन्द्र
अराल
शुकतुण्ड
मुष्टि
शिखर
कपित्थ
सूची
खटकामुख
पद्मकोष
मुकुल
सर्पशीर्षक
मृगशीर्ष
लांगल
सन्दंश
उत्पल
ऊर्णनाभ
ताम्रचूड
चतुर
भ्रमर
हंसास्य
हंसपक्ष
अंजलि
कपोत
कर्कट
स्वस्तिक
कटक
वर्धमान
उत्संग
निषध
दोला
पुष्पपुट
मकर
गजदन्त
अवहित्थ
नितम्ब
अलपल्लव
पल्लव
पद्मकोष
अवचित
उत्तान
अर्धरेचित
रेचित
सूचीमुख
अविद्धवक्र
गरुडपक्ष
अराल
विप्रकीर्ण
स्वस्तिक
केशबन्ध
पार्श्वमण्डल
लता
उ:पार्श्वमंडल
करिहस्त
मुष्टिका
पक्षवंचित
पक्षप्रद्योत
उल्बण
नलिनी
ललित
वलित
अर्धमण्डल

इस प्रकार आचार्य भरत ने चौंसठ हस्तमुद्राओं का निर्देश किया है। आचार्य भरत ने उनकी संरचना तथा कौन-सी मुद्रा कितने भावों को, कैसे स्पष्ट करेगी, यह विशद रीति से समझाया है। नाट्यशास्त्र में उपदिष्ट चौबीस असंयुक्त मुद्राओं का विवरण निम्नवत् है-

पताकमुद्रा

आचार्य भरत ने असंयुक्त हस्तमुद्राओं में सर्वप्रथम पताक-मुद्रा की संरचना समझाते हुए लिखा है कि अङ्गुलियों को फैलाकर और अंगूठे को संकुचित कर हथेली से मिलाने पर पताकमुद्रा बनेगी। यह पताकमुद्रा मन्दिर की पताका (ध्वज) के सदृश है।

प्रसारिताग्राः सहिता यस्याङ्गुल्यो भवन्ति हि।
कुञ्चितश्च तथाङ्गुष्ठः स पताक इति स्मृतः।।[1]

पताकमुद्रा का प्रयोग प्रहार करने में, प्रताप प्रकट करने में होता है। इसे मोद को स्पष्ट करने में, हर्ष का अनुभव करने में, गर्व दर्शाने में, अहंकार दिखलाने में बनाना चाहिए।

एष प्रहारपाते प्रतापने नोदने प्रहर्षे च।
गर्वेऽप्यहमिति तज्ज्ञैर्ललाटदेशस्थितः कार्यः।[2]

इस मुद्रा के द्वारा अग्नि के विस्तार को, मेघ से जल बरसने की क्रिया को, पुष्पों की वर्षणक्रिया को दिखाने का प्रयोग करना चाहिए। पल्लव, पुष्प, घास लाने के लिए इस मुद्रा का विशेष प्रयोग होता है-

एषोऽग्निवर्षधारानिरूपणे पुष्पवृष्टिपतने च।
संयुतकरणः कार्यः प्रविरलचलिताङ्गुलिर्हस्तः।।[3]

यह पताकमुद्रा समय के साथ-साथ विभिन्न अर्थों में प्रयुक्त होने लगी है। जैसे-रोकने में, वाहनों को रुकवाने में, आशीर्वाद में प्रयुक्त होती है। यह मुद्रा पर्वत धारण करने में, शिला-उत्पाटन में भी प्रयोग की जाती है।

---

1. नाट्यशास्त्र 9/18
2. नाट्यशास्त्र 9/19
3. नाट्यशास्त्र 9/20, 25-26

स्वस्तिकमुद्रा

अलग-अलग करणों से करने पर यह मुद्रा फूल लाने, उपहार देने में, घास लाने में, कुछ वस्तु या बात छिपाने में, किसी वस्तु को प्रकट करने में, बालक या जीव को पालने में, किसी वस्तु, शाक, फल आदि को काटने में, किसी वस्तु, व्यक्ति को ढँकने या छिपाने में प्रयोग होनी चाहिए। वायु का आवेग दर्शाने में, लहरों के उठने, गिरने का आवेग प्रकट करने में, सीमा बतलाने में, वेला बतलाने में, आन्तरिक मनःक्षोभ दर्शाने में, हाव-भाव के विक्षोभ दिखलाने में, उत्साह-प्रदर्शन में, महाजन-समूह के प्रदर्शन में, किरणों के विकरण में, पुष्कर को दर्शाने में, पक्षियों के पंख फड़फड़ाने में इस मुद्रा का प्रयोग किया जाता है।

त्रिपताक-हस्तमुद्रा

जब पताकहस्तमुद्रा में अनामिका अंगुली झुका ली जाये तो त्रिपताकहस्त मुद्रा कहलाएगी-

अतः परं प्रवक्ष्यामि त्रिपताकस्य लक्षणम्।
पताके तु यदा वक्रानामिका त्वङ्गुलिर्भवेत्।।[1]

त्रिपताकहस्त आचार्य भरत के अनुसार बुलाने में (आवाहन), ऊँचाई से उतरने में, विसर्जित करने में, कार्य का समापन दिखाने में, किसी को किसी कार्य से रोकने में प्रयोग की जानी चाहिए। प्रवेश करना हो, नाम के प्रसार को अर्थात् यश को दिखाना हो, प्रणाम करना हो, किसी को कुछ निर्देश देना हो तथा विविध वचनों को प्रदर्शित करना हो, उसमें यह मुद्रा प्रयोग की जाती है-

आवाहनमवतरणं विसर्जनं वारणं प्रवेशश्च।
उन्नामनं प्रणामो निदर्शनं विविधवचनञ्च।।[2]

त्रिपताकमुद्रा का प्रयोग मांगलिक द्रव्य के स्पर्श में, मंगलाभूषण शिरोधार्य करने में, कोई वस्तु पहनने में, लेने में, प्रयोग में इसे करना चाहिए। इसी मुद्रा के द्वारा पगड़ी पहनना, मुकुट धारण करना आदि प्रदर्शित होता है। नासिका में आभूषण पहनने में, मुख पर अंगराग आदि का प्रयोग करने में, कानों में आभूषण पहनने में भी इसका प्रयोग करना चाहिए-

माङ्गल्यद्रव्याणां स्पर्शः शिरसोऽथ संनिवेशश्च।
उष्णीषमुकुटधारण-नासास्यश्रोत्रसंवरणम्।।[3]

---

1. नाट्यशास्त्र 9/26-27
2. नाट्यशास्त्र 9/27
3. नाट्यशास्त्र 9/28

अनामिका अंगुली को नीचे करके उठाया जाए, इसप्रकार बार-बार किया जाए, तो वह स्वाभाविक तुच्छता को प्रकट करता है। यह त्रिपाताकमुद्रा लघुमुख अर्थ में, वायु के स्रोत दर्शाने में प्रयोग की जाती है। इसका भुजङ्ग की चाल में, भ्रमर आदि के उड़ने को दर्शाने में प्रयोग करना चाहिए-

अस्यैव चाङ्गुलीभ्यामधोमुखप्रस्थितोत्थितचलाभ्याम्।
लघुमुख-पवनस्रोतो-भुजग-भ्रमरादिकान् कुर्यात्।।[1]

इस मुद्रा का प्रयोग अश्रुप्रमार्जन में होता है। तिलक लगाना, विरोचन क्रिया, नेत्रों में काजल आँजना तथा कार्य की समाप्ति बताने के लिए त्रिपताक की अनामिका का स्पर्श दर्शाना चाहिए-

अश्रुप्रमार्जनं तिलकविरचनं लोचनालभनकं च।
त्रिपताकानामिकयोः स्पर्शनमलकस्य कर्तव्यम्।।[2]

त्रिपताक और स्वस्तिक दोनों ही मुद्राओं का प्रयोग गुरुओं के चरणवन्दन में होता है। इन्हीं मुद्राओं के अलग-अलग करण से करने पर चलन अर्थ में, स्थिर अर्थ में और नृपदर्शन के अर्थ में प्रयोग किया जाता है-

स्वस्तिकौ त्रिपताकौ तु गुरूणां पादवन्दनम्।

x x x

विच्युतौ चलितावस्थौ कर्तव्यौ नृपदर्शने।।[3]

स्वस्तिक मुद्रा को तिर्यक् बनाने पर वह ग्रहदर्शन की द्योतक होती है। इसी मुद्रा से यदि तपस्वी-दर्शन दिखाना हो तो ऊपर पराङ्गमुख इसको बनाना चाहिये-

तिर्यक्स्वस्तिकसम्बद्धौ स्यातां तौ ग्रहदर्शने।
तपस्विदर्शने कार्यौ चोर्ध्वौ चापि पराङ्मुखौ।।[4]

यदि दो पताकामुद्राएँ आमने-सामने की जाएँ तो द्वारदर्शन में प्रयुक्त होंगी। यदि एक पताका में हस्त उठा हुआ और पताका अधोमुखी हो तो यह पृथ्वीस्थानीय वस्तुओं का निर्देश करेगी-

1. नाट्शास्त्र 9/29
2. नाट्यशास्त्र 9/30
3. नाट्यशास्त्र 9/31
4. नाट्यशास्त्र 9/32

परस्पराभिमुखौ च कर्तव्यौ द्वारदर्शने।
उत्तानाधोमुखौ कार्यावग्रे वक्त्रस्य संस्थितौ।।[1]

स्वस्तिक-मुद्रा वाडवाग्नि के प्रसार में, मकरादि के दर्शन में, बन्दर-प्लवगादि के अभिनय में प्रयुक्त की जाये। किसी के गिरने के आशय में प्रयोग स्वस्तिक-मुद्रा का ही होता है-

वडवानलसंक्रामे मकराणां च दर्शने।
अभिनेयास्त्वनेनैव वानरप्लवनोर्मयः।।[2]

त्रिपताकमुद्रा में यदि अंगूठे को फैलाया जाए तो वह उगते हुए चन्द्रमा के तुल्य आकृति में आ जाता है और इससे बालेन्दु का निर्माण नृत्य में किया जाता है। यदि त्रिपताक हस्त परस्पर पराङ्मुख बनाये जायें तो यान (वाहन) को प्रदर्शित करते हैं तथा उनके मानवीय प्रयोग में प्रयुक्त होते हैं-

तन्मुखप्रसृताङ्गुष्ठः कार्यो बालेन्दुदर्शने।
पराङ्मुखस्तु कर्तव्यो याने नृणां प्रयोक्तृभिः।।[3]

कर्तरीमुख-मुद्रा

त्रिपताकमुद्रा वाले हाथ का पिछला हिस्सा दिखाई दे तथा तर्जनी व मध्यमा ऊपर उठे हों और अनामिका तथा कनिष्ठिका अंगुष्ठ से दबे हों, उस मुद्रा को कर्तरीमुख मुद्रा कहते हैं-

त्रिपताके यदा हस्ते भवेत्पृष्ठावलोकिनी।
तर्जनी मध्यमायाश्च तदासौ कर्तरीमुखः।।[4]

कर्तरीमुख का प्रयोग राहगीर (पथिक), को बताने के लिए, चरणों में आलक्तक द्रव लगाने में, किसी वस्तु को रगड़ने में अथवा किसी वस्तु के नीचे रखने के अर्थ में नृत्यकला में किया जाता है। इस मुद्रा को यदि सिर के ऊपर दिखाया जाय तो यह सींग (शृंग) के आशय में और यदि घुमाते हुए दिखायें तो आलेख में प्रयुक्त होता है-

पथिकचरणरचनरञ्जनरङ्गणकरणान्यधोमुखेनैव।
ऊर्ध्वमुखेन तु कुर्याद् दृष्टं शृगं च लेख्यं च।।[5]

1. नाट्यशास्त्र 9/33
2. नाट्यशास्त्र 9/34-35
3. नाट्यशास्त्र 9/35
4. नाट्यशास्त्र 9/36
5. नाट्यशास्त्र 9/37

यदि किसी का गिरना दिखाना हो, किसी व्यक्ति की मृत्यु दिखानी हो, आवश्यक कार्यों में व्यवधान स्पष्ट करना हो तो कर्तरीमुख मुद्रा का प्रयोग करना चाहिए। व्यक्ति की भ्रमण की प्रवृत्ति को परिलक्षित करने में, वितर्क को प्रस्तुत करने में तथा अपने तर्क रखने में नृत्य में कर्तरीमुख-मुद्रा का प्रयोग होता है-

पतनमरण-व्यतिक्रम-परिवृत्त-वितर्कितं तथा न्यस्तम्।
भिन्नवलितेन कुर्यात्कर्तर्यास्याङ्गुलीययुगलेन।।[1]

अर्धचन्द्र-मुद्रा

अंगुलियाँ कुछ झुकी हुई और अंगूठा चाप के सदृश हो तो अर्धचन्द्र मुद्रा होगी। यह अर्धचन्द्र मुद्रा द्वितीया के चन्द्रमा के समान दिखाई देती है-

यस्याङ्गुल्यस्तु विनताः सहाङ्गुष्ठेन चापवत्।
सोऽर्धचन्द्र इति ख्यातः करः कर्मास्य वक्ष्यते।।[2]

इस मुद्रा से छोटे-छोटे वृक्षों को नृत्य में सम्प्रेषित करते हैं। इससे चन्द्रमा की कलाएँ प्रदर्शित की जाती हैं। इस मुद्रा से कलश, कंगन, लोहे के घिसने की क्रिया को नृत्य में दिखाते हैं। किसी वस्तु को मध्यम आकार बताने के लिए अर्धचन्द्रमुद्रा का प्रयोग किया जाता है। इसी मुद्रा से उपमाओं को दर्शाते हैं। इसी मुद्रा से शरीर की स्थूलता को भी दिखाते हैं।

एतेन बालतरवः शशिलेखाकम्बुकलशवलयानि।
निर्घाटनमायस्तं मध्यौपम्यं च पीनं च।।[3]

अर्धचन्द्रमुद्रा से करधनी, जघन, कटि, आनन आदि को प्रदर्शित करते हैं। चित्रसंरचना को दिखाने में, स्त्रियों की भाँति आचरण दिखाने में, योग आदि क्रियाओं को दिखाने में इस मुद्रा का प्रयोग किया जाता है। यदि इसी मुद्रा में अंगूठे को संकुचित कर लिया जाय तो उससे धनुष तथा लता आदि को दर्शाया जाता है-

रसनाजघनकटीनामाननतलपत्रकुण्डलादीनाम्।
कर्तव्यो नारीणामभिनययोगोऽर्धचन्द्रेण।।
आद्या धनुर्लता कार्या कुञ्चितोङ्गुष्ठकस्तथा।[4]

1. नाट्यशास्त्र 9/38
2. नाट्यशास्त्र 9/39
3. नाट्यशास्त्र 9/40
4. नाट्यशास्त्र 9/41-42

अराल-मुद्रा

समस्त अंगुलियों को फैलाकर तर्जनी व अंगुष्ठ का वलय बनाये जाने पर अराल मुद्रा कहलाती है-

शेषा भिन्नोर्ध्ववलिता ह्यरालेऽङ्गुलयः करे।[1]

सत्त्व (शक्तिप्रदर्शन) में, पासों के खेल को दिखलाने में, किसी विषम परिस्थिति में धैर्य धारण करने में, शारीरिक कान्ति को दर्शाने में, किसी वस्तु की, देवता की दिव्यता को दर्शाने में, गम्भीरता बताने में तथा आशीर्वाद बताने में या उसी जैसे भावों को दिखाने में अराल-मुद्रा का प्रयोग किया जाता है-

एतेन सत्त्वशौण्डीर्यधृतिकान्ति-दिव्य-गाम्भीर्यम्।
आशीर्वादाश्च तथा भावा हितसंज्ञकाः कार्याः।।[2]

स्त्रियों के केशविन्यास को प्रदर्शित करने के लिए अराल-मुद्रा का प्रयोग होता है। इस मुद्रा से व्यक्ति का उत्कर्ष भी दिखाते हैं और सम्पूर्ण अंगों का वर्णन भी करते हैं। यदि स्वयं को बताना हो तो अराल-मुद्रा का प्रयोग करते हैं-

एतेन पुनः स्त्रीणां केशानां संग्रहस्तथोत्कर्षः।
सर्वाङ्गिकं तथैव च निर्वर्णनमात्मनः कार्यम्।।[3]

आश्चर्यचकित स्थिति में आश्चर्य प्रदर्शन को दर्शाने में तथा विवाह को प्रदर्शित करने में भी अराल मुद्रा से दिखाते हैं। संयोग की दशा दिखाने में, देवों की परिक्रमा करने या गुरुजन-परिक्रमा में तथा नवीन प्रयोगों को बताने और शत्रुसमूह को आख्यायित करने में भी इसका प्रयोग किया जाता है-

कौतुकविवाहयोगं प्रदक्षिणेनैव संप्रयोगं च।
अंगुल्यग्रस्वस्तिकयोगान् परिमण्डलेनैव।।[4]

अराल-मुद्रा से अत्यधिक उदारता को प्रदर्शित करने के लिए हाथों को कुछ घुमाते हैं। यदि जनसमूह को इंगित करना हो तो भी इसे विपरीत करण में घुमाते हुए अराल मुद्रा से प्रदर्शित किया जाता है। किसी वस्तु को पृथ्वीस्थानीय बताने के लिए और द्रव्य रखने के अर्थ में भी यह मुद्रा प्रयुक्त होती है-

1. नाट्यशास्त्र 9/42
2. नाट्यशास्त्र 9/43
3. नाट्यशास्त्र 9/44
4. नाट्यशास्त्र 9/45

प्रादक्षिण्यं परिमण्डलं च कुर्यान्महाजनं चैव।
यच्च महीतलनिहितं द्रव्यं तच्चाभिनेयं स्यात्।[1]

किसी को निकट बुलाने के लिए, अग्नि इत्यादि के प्रसार को बुझाने के लिए, किसी व्यक्ति विशेष की निन्दा करने, आरोप लगाने इत्यादि में और अनेक बातों को एक साथ पूछने के सन्दर्भ में अराल-मुद्रा प्रयुक्त होती है। परिश्रमजन्य स्वेद बिन्दुओं को पोंछने में, सुगन्धि की महक सूँघने में, शुभकर्मों के प्रदर्शन में अराल-मुद्रा का प्रयोग किया जाता है-

आवाहने निवापे निन्दाद्याक्षेपवचने च।
स्वेदस्य चापनयने गन्धाघ्राणे शुभे चैव।।[2]

जो कर्म त्रिपताका के हैं जैसे-बुलाना, उतरना, विर्सजन, प्रवेश, मांगलिक द्रव्यालंकरण, लघुता, वायुस्रोत, भुजंगप्रचलन, भ्रमरगति, अश्रुप्रक्षालन, विरेचन, काजल-तिलक लगाना, कार्य की समाप्ति, गुरु-चरणवन्दन आदि समस्त कार्य इस मुद्रा से भी प्रदर्शित किए जा सकते हैं। इस मुद्रा से शीघ्रता तथा स्त्रीजनों को भी दर्शाया जाता है-

त्रिपताकहस्तजानि तु पूर्वं यान्यभिहितानि कर्माणि।
तानि त्वरानुयोगात् स्त्रीभिः सम्यक् प्रयोज्यानि।।[3]

शुकतुण्ड-मुद्रा

अराल मुद्रा में ही अनामिका को आगे झुका लें तो शुकतुण्ड-मुद्रा बनती है-

अरालस्य यदा वक्रानामिका त्वङ्गुलिर्भवेत्।
शुकतुण्डस्तु स करः कर्म चास्य निबोधत।।[4]

शुकतुण्ड-मुद्रा स्वयं तथा अन्य किसी के न होने की स्थिति को प्रदर्शित करती है। किसी कार्य को न करना हो तो भी इसका प्रयोग होता है। यही मुद्रा प्रयोजन बतलाने में, आवाहन करने में तथा विश्व की प्रलयावस्था को भी प्रदर्शित करने में प्रयोग की जाती है। धिक्कार दिखाने में और अवज्ञा में भी इसका प्रयोग होता है-

---

1. नाट्यशास्त्र 9/46
2. नाट्यशास्त्र 9/47
3. नाट्यशास्त्र 9/48
4. नाट्यशास्त्र 9/49

एतेन त्वभिनेयं नाहं न त्वं न कृत्यमिति चार्थे।
आवाहने विसर्गे धिगिति वचने च सावज्ञम्।।[1]

मुष्टि-मुद्रा

अँगुलियों को हस्ततल के मध्य में रखकर उसके ऊपर अंगूठा रख देने से मुट्ठी मुद्रा नाट्यशास्त्र में वर्णित है-

अंगुल्यो यस्य हस्तस्य तलमध्येऽग्रसंस्थिताः।
तासामुपरि चाङ्गुष्ठः स मुष्टिरिति संज्ञितः।।[2]

मुष्टि-मुद्रा का प्रयोग मारने, विविध शारीरिक व्यायामों को दर्शाने, भीड़ से निकलने, हाथ को दबाने, गुरुजनों के चरण दबाने, तलवार, लाठी, भाला, डण्डा आदि पकड़ने तथा इन्हें भाँजने में होता है-

एष प्रहारे व्यायामे निर्गमे हस्तपीडने।
संवाहनेऽसियष्टीनां कुन्तदण्डग्रहे तथा।।[3]

शिखर-मुद्रा

मुष्टि-मुद्रा में अंगूठा ऊपर की ओर उठा लिया जाय तो वह शिखरमुद्रा कहलाएगी। इस मुद्रा का प्रयोग इस प्रकार निर्दिष्ट है-

अस्यैव तु यदा मुष्टेरूर्ध्वोङ्गुष्ठः प्रयुज्यते।
हस्तः स शिखरो नाम तदा ज्ञेयः प्रयोक्तृभिः।[4]

शिखरमुद्रा का प्रयोग अश्व की लगाम पकड़ने में, कुशों को एकत्र करने व लाने के अर्थ में, धनुष, तोमर, शक्ति आदि शस्त्रों को पकड़ने व प्रयोग करने में किया जाता है। इसी मुद्रा का दर्शन अधररंजन, पैरों पर आलक्तक द्रव लगाने में, केशों को बिखेरने में करना चाहिए-

रश्मिकुशाङ्कुशधनुषां तोमरशक्तिप्रमोक्षणं चैव।
अधरोष्ठ-पादरञ्जनमलकस्योत्क्षेपणं चैव।।[5]

---

1. नाट्यशास्त्र 9/50
2. नाट्यशास्त्र 9/51
3. नाट्यशास्त्र 9/52
4. नाट्यशास्त्र 9/53
5. नाट्यशास्त्र 9/54

कपित्थ-मुद्रा

शिखर मुद्रा में उठे अंगूठे के अग्र भाग को जब तर्जनी को टेढ़ा करके दबाया जाये तब कपित्थमुद्रा बनती है-

अस्यैव शिखराख्यस्य मुखेऽङ्गुष्ठनिपीडिता।
यदा प्रदेशिनी वक्रा स कपित्थस्तदा स्मृतः।।[1]

तलवार, धनुष, चक्र, तोमर, भाला, गदा, शक्ति, वज्र, बाण आदि शस्त्रास्त्रों को अभिनीत करने में, उन सबके प्रयोगों को दर्शाने में इस मुद्रा का प्रयोग होता है। यह मुद्रा सत्यस्थिति के स्पष्टीकरण में, रोगी के पथ्य को दर्शाने में भी प्रयुक्त होती है-

असिचापचक्रतोमरकुन्तगदाशक्तिवज्रबाणानि।
शस्त्राण्यभिनेयानि तु कार्यं सत्यं च पथ्यं च।।[2]

खटकामुख-मुद्रा

कपित्थमुद्रा में जब अनामिका और कनिष्ठका अंगुली टेढ़ी करके ऊपर उठा ली जाये, उसे खटकामुख मुद्रा कहते हैं-

उत्क्षिप्तवक्रा तु यदानामिका सकनीयसी।
अस्यैव तु कपित्थस्य तदासौ कटकामुखः।।[3]

यह मुद्रा हवन करने, हविष्य का प्रयोग करने, छत्र को ग्रहण करने, किसी वस्तु को खींचने, पंखा झलने की क्रिया, शीशा पकड़ने, वस्त्र-अलंकार धारण करने, आदर्शवादी व्यक्ति को बताने, आदशों के खण्डन मण्डन में तथा अनाज इत्यादि पीसने में प्रयोग की जाती है-

होत्रं हव्यं छत्रं प्रग्रह-परिकर्षणं च व्यञ्जनकम्।
आदर्शधारणं खण्डनं तथा पेषणं चैव।।[4]

---

1. नाट्यशास्त्र 9/55
2. नाट्यशास्त्र 9/56
3. नाट्यशास्त्र 9/57
4. नाट्यशास्त्र 9/58

खटकामुख मुद्रा द्वारा माला पहनाने, वस्त्र धारण करने, कार्य की समाप्ति दिखाने, आलम्बन के बतलाने, दधि मथने, बाण आदि खींचने, पुष्पों के चयन, वाद्य यन्त्रों के वादन में प्रदर्शन किया जाता है। आयात दर्शाने, दण्ड ग्रहण करने, मोती आदि पिरोने, मोती उठाने, हाथी आदि पर अंकुश लगाने, रस्सी से वस्तु खींचने के अभिनय में, स्त्री आदि को देखने में इस मुद्रा का प्रयोग होना चाहिए-

आयतदण्डग्रहणं मुक्ताप्रालम्बसंग्रहं चैव।
स्रग्दामधारणं खलु वस्त्रान्तालम्बनं चैव।।
मन्थानशराकर्षण-पुष्पावचय-प्रतोदकार्याणि।
अंकुशरज्ज्वाकर्ष-स्त्रीदर्शनमेव कार्यं च।।[1]

सूचीमुख-मुद्रा

खटकामुख मुद्रा में तर्जनी को फैला दिया जाये तो प्रयोगकर्ता इसे सूचीमुख मुद्रा के नाम से जानते हैं-

कटकाख्ये यदा हस्ते तर्जनी संप्रसारिता।
हस्तः सूचीमुखो नाम तदा ज्ञेयः प्रयोक्तृभिः।[2]

इस मुद्रा के विभिन्न प्रयोगों को संक्षेप में आचार्य भरत ने बताया है। जब तर्जनी को ऊपर-नीचे किया जाय और कँपाया जाये तब इस मुद्रा का जम्भाई लेने में, वस्त्रालंकार धारण करने में प्रयोग किया जाता है-

अस्या विविधान्योगान्वक्ष्यामि समासतः प्रदेशिन्याः।
ऊर्ध्वनतलोलकम्पितविजृम्भितोद्वाहित-चलायाः।।[3]

इस मुद्रा का चक्र धारण करने में, मेघसमूह में, बिजली-गर्जन में, वृक्षों पर नवीन मञ्जरी का प्राकट्य दर्शाने में, कर्ण-चूलिका आदि में प्रयोग करना चाहिए। टेढ़ी-मेढ़ी चाल दर्शाने में, सभी प्रकार के दिशा-निर्देश में तथा साधुवाद देने में भी इसका प्रयोग करना चाहिए-

चक्रं तडित्पताकामञ्जर्यः कर्णचूलिकाश्चैव।
कुटिलगतयश्च सर्वे निर्देश्याः साधुवादाश्च।।[4]

---

1. नाट्यशास्त्र 9/59-60
2. नाट्यशास्त्र 9/61
3. नाट्यशास्त्र 9/62
4. नाट्यशास्त्र 9/63

छोटे सर्प के अर्थ में, नये पत्ते बताने के लिए, सूर्य के प्रकाश को निर्देशित करने में, दीप दिखलाने में, लता-वल्लरी आदि को दिखाने में, मोरों को दिखाने में, गिरने में, तिरछे मण्डल को दर्शाने में इस मुद्रा का प्रयोग करना चाहिए-

बालोरग-पल्लवधूपदीपवल्लीलताशिखण्डाश्च।
परिपतन-वक्रमण्डलमभिनेयान्यूर्ध्वलोलितया।।[1]

सूचीमुख मुद्रा को बार-बार ऊपर करने पर तारामण्डल को दर्शाते हैं, इससे नासिका, दण्ड और लाठी को बताने के लिए, डाल इत्यादि को झुकाने पर दन्ति आदि के प्रयोग में इसी मुद्रा को बनाया जाता है-

भूयश्चोर्ध्वविरचिता तारा घोणैकदण्डयष्टिषु च।
विनता च तथा कार्या दंष्ट्रिषु च तथास्ययोगेन।।[2]

सूचीमुख मुद्रा से बारम्बार मण्डल बनाने पर ग्रहण की स्थिति को स्पष्ट करते हैं और संसार को प्रदर्शित किया जाता है। तर्जनी झुका दी जाये, तो यह कार्य पर ध्यान के अर्थ को (प्रयोजन को) और दिवस को बताती है-

पुनरपि मण्डलगतयः सर्वग्रहणं तथैव लोकस्य।
प्रणतीकृता च कार्या ध्यायेदर्थे च दिवसे च।।[3]

मुख आदि को बताने में, बार-बार अभ्यास में, संकुचन में, वाक्य पूरा करने में, सुनने के सतत अभ्यास में, वस्तु, पदार्थ की वक्रता बताने में, विजृम्भण में, वाक्यकथन में और कार्य करने में, वस्तुओं को फैलाने में, तर्जनी को हिलाते हुए दिखलाना चाहिए-

वदनाभ्याशे कुञ्चितविजृम्भिता वाक्यरूपेण कार्या।
श्रवणाभ्याशे वक्रा विजृम्भणे वाक्यरूपणे च मुखे।।
सेति वादति च योज्या प्रसारितोत्कम्पितोत्ताना।[4]

क्रोध के प्रदर्शन में, कम्पन करते हुए दिखाने में, पसीना आदि पोंछने में, केशों को निर्देशित करने में, कुण्डल और अंगदादि आभूषणों को दर्शाने तथा पहनने में, माथे आदि का आश्रय लेने में इस सूचीमुख मुद्रा का प्रयोग होता है-

1. नाट्यशास्त्र 9/64
2. नाट्यशास्त्र 9/65
3. नाट्यशास्त्र 9/66
4. नाट्यशास्त्र 9/67-68

कार्या प्रकम्पिता रोषदर्शने स्वेदमार्जने चैव।
कुन्तलककुण्डलाङ्गदगण्डाश्रयसंश्रयेऽभिनये।।[1]

गर्वानुभव में, अंहकार के आशय में और क्रोध में सूचीमुख मुद्रा का प्रयोग होता है। यह कौन है, इस अर्थ में सूचीमुख-मुद्रा करनी चाहिए। निर्देश देने में, कान खुजलाने में भी इस मुद्रा का प्रयोग किया जाता है-

गर्वेऽहमिति ललाटे रिपुनिर्देशे तथैव च क्रोधे।
कोऽसाविति निर्देशेऽथ कर्णकण्डूयने चैव।।[2]

यदि दोनों तर्जनी मुद्राओं का संयुक्त रूप से प्रयोग किया जाए तो वह संयोग की दिशा को बताती हैं और और अलग-अलग करने पर वियोगी दिशा को बताती हैं। लड़ाई के निर्देश में स्वस्तिकयुक्त तर्जनी तथा परस्पर पीड़ा पहुँचाने में बन्धयुक्त दिखानी चाहिए-

संयुक्ता संयोगे कार्या विश्लेषिता वियोगेन च।
कलहे स्वस्तिकयुक्ता परस्परोत्पीडिता बन्धे।।[3]

यदि दोनों तर्जनी वाम पार्श्व पर स्थिर की जायें तो दक्षिण आदि दिशानिर्देश में, दिन, रात्रि आदि अवसान को बताने में, साम्मुख्य, पराङ्गमुख, अलग-अलग होने में इस मुद्रा का प्रयोग होता है-

द्वाभ्यां तु वामपार्श्वे दक्षिणतो दिननिशावसानानि।
अभिमुखपराङ्मुखीभ्यां विश्लिष्टाभ्यां प्रयुञ्जीत।।[4]

सूचीमुख-मुद्रा के अग्रभाग को मुख पर घुमाया जाये, तो यह सौन्दर्य को दर्शाती है। इससे चट्टान, आवर्त्त, पर्वत आदि दिखाये जाते हैं। यह छिपाने में तथा अधोमुख वस्तु बताने में प्रयुक्त होती है।

पुनरपि च भ्रमिताग्रा रूपशिलावर्तयन्त्रशैलेषु।
परिवेषणे तथैव हि कार्या चाधोमुखी नित्या।।[5]

---

1. नाट्यशास्त्र 9/69
2. नाट्यशास्त्र 9/70
3. नाट्यशास्त्र 9/71
4. नाट्यशास्त्र 9/72
5. नाट्यशास्त्र 9/73

आपस में तर्जनी जोड़ने पर ललाटपट्ट को, अधोमुखी मुद्रा द्वारा शिव के रूप को और इन्द्र के उत्थान में तिरछा करके यह प्रयुक्त होती है-

शिलष्टा ललाटपट्टेष्वधोमुखी शम्भुरूपेण।
शक्रस्याभ्युत्थानात्तज्ज्ञैस्तिर्यक् स्थिता कार्या।।[1]

दोनों अंगुलियों से नित्यप्रति की स्थिति दर्शायी जाती है। सम्पूर्ण चन्द्रमण्डल को शिलष्ट सूचीमुखी से दर्शाते हैं। माथे पर तिलक लगाने, इन्द्र के कार्यों को दिखाने हेतु तिरछा करने पर इसका प्रयोग होता है-

द्वाभ्यां प्रदर्शयेन्नित्यं सम्पूर्णं चन्द्रमण्डलम्।
शिलष्टा ललाटे शक्रस्य कार्या ह्युत्तानसंश्रया।।[2]

चतुर्दिक मण्डल बनाकर घुमाने के द्वारा मण्डल को दिखाते हैं और पूर्ण चन्द्रमा बताते हैं। शिव के तीसरे नेत्र को मस्तक पर और इन्द्र के कार्यों को तिरछा हाथ ऊपर करने पर प्रकट किया जाता है-

परिमण्डलं भ्रमितया मण्डलयोर्दर्शयेच्च चन्द्रस्य।
हरनयने च ललाटे शक्रस्य च तिर्यगुत्ताना।[3]

पद्मकोष-मुद्रा

अंगुलियों को अलग-अलग फैली हुई अवस्था में संकुचित किया जाये और अंगूठे को वैसा ही कर लिया जाय तो ऊपर की ओर अग्रभाग अलग-अलग करने से पद्मकोष मुद्रा बनती है-

यस्याङ्गुल्यस्तु विरलाः सहाङ्गुष्ठेन कुञ्चिताः।
ऊर्ध्वा ह्यसंगताग्राश्च स भवेत्पद्मकोषकः।।[4]

पद्मकोष मुद्रा से श्रीफल (बिल्व) को दिखाते हैं। कपित्थ तथा अन्यान्य दूसरे फलों के लपकने की क्रिया को इस मुद्रा द्वारा ही दिखाया जाता है। इस मुद्रा द्वारा नृत्यादि में कुचमर्दन, आमिषभक्षण, धनलाभ की स्थिति को दिखलाते हैं। धनलाभ की स्थिति में अग्रभाग की अंगुलिओं का संकुचन बढ़ जाता है-

1. नाट्यशास्त्र 9/74
2. नाट्यशास्त्र 9/75
3. नाट्यशास्त्र 9/76
4. नाट्यशास्त्र 9/77

बिल्वकपित्थफलानां ग्रहणं कुचदर्शनं च नारीणाम्।
ग्रहणे ह्यामिषलाभे भवन्ति ताः कुञ्चिताग्रास्तु।।[1]

देवपूजन के लिए बलि आदि देने में जलाञ्जलि आदि प्रदान को, पिण्डदान को, पुष्पों के विकसन को पद्मकोष-मुद्रा से प्रकट करतें हैं-

देवार्चन-बलिहरणे समुद्गके साग्रपिण्डदाने च।
कार्याः पुष्पप्रकरश्च पद्मकोषेण हस्तेन।।[2]

इस मुद्रा में मुट्ठी से धीरे-धीरे खुलती हुई चलायमान अंगुलियों द्वारा कार्य की समाप्ति की ओर अग्रसर होने की तथा कमलादि पुष्पों के विकसन की क्रिया को प्रदर्शित किया जाता है-

मणिबन्धशिलष्टाभ्यां प्रविरलचलिताङ्गुलीयुतकराभ्याम्।
कार्यो विवर्तिताभ्यां विकसितकमलोत्पलाभिनयः।।[3]

सर्वशिरा-मुद्रा

सभी अंगुलियों को इकट्ठा कर अंगूठे सहित जब नीचे की ओर किया जाए, वह सर्वशिरा-मुद्रा है। यह पद्मकोष-मुद्रा के ठीक विपरीत दिशा में बनेगी-

अङ्गुल्यः संहताः सर्वाः सहाङ्गुष्ठेन यस्य च।
तथा निम्नतलश्चैव स तु सर्वशिराः करः।।[4]

यह मुद्रा पौधों के सिञ्चन में, पितरों के लिए जलाञ्जलि दान में प्रयोग की जाती है। आस्फोटन में, सिंह-योद्धाओं द्वारा हाथी के गण्डस्थल के विदीर्णन में इसका प्रयोग होता है-

एष सलिलप्रदाने भुजगगतौ तोयसेचने चैव।
आस्फोटने च योज्यः करिकुम्भास्फालनाद्येषु।।[5]

---

1. नाट्यशास्त्र 9/78
2. नाट्यशास्त्र 9/79
3. नाट्यशास्त्र 9/80
4. नाट्यशास्त्र 9/81
5. नाट्यशास्त्र 9/82

मृगशीर्ष-मुद्रा

तर्जनी, मध्यमा और अनामिका को झुका लिया जाये और अंगूठे व कनिष्ठिका को सीधा रखा जाय तो मृगशीर्ष-मुद्रा बनती है-

अधोमुखीनां सर्वासामाङ्गुलीनां समागमः।
कनिष्ठकाङ्गुष्ठकावूर्ध्वौ स भवेन्मृगशीर्षकः।।[1]

मृगशीर्ष मुद्रा यहाँ, साम्प्रत, अद्य आदि अर्थो में प्रयुक्त होती है। लालन-पालन तथा अक्षों के फेंकने में, स्वेद के प्रक्षालन में तथा कुट्टमित में भी यह मुद्रा प्रयुक्त होती है-

इह साम्प्रतमस्त्यद्य शक्यश्चेल्लालनेऽक्षपाते च।
स्वेदापमार्जनेषु च कुट्टमिते प्रचलिते तु भवेत्।।[2]

त्रेताग्नि की स्थापना में मध्यमा, तर्जनी, अनामिका को टेढ़ा कर कनिष्ठिका ऊपर करें और अंगूठे की तर्जनी पर रखें तो यह गणना-प्रसंग में प्रयुक्त होगा-

त्रेताग्निसंस्थिता मध्यातर्जन्यङ्गुष्ठका यदा।
अङ्गुलेऽनामिका वक्रा तथा चोर्ध्वा कनीयसी।।[3]

इस मुद्रा से तरुण अवस्था के विभिन्न फलों, तुच्छ कार्यो, रोष, स्त्रीवचन एवं आक्षेप को निरूपित किया जाता है:-

एतेन तरुणफलरूपाणि नानाविधानि च लघूनि।
कार्याणि रोषजानि स्त्रीवचनान्यङ्गुलिक्षेपैः।।[4]

मरकत, वैदूर्य, हीरा इत्यादि रत्नों को दर्शाने, रत्नों तथा अन्य वस्तुओं को पकड़ने तथा बिल्ली इत्यादि पशुओं के पदचिह्नों के निरूपण में इस मुद्रा का प्रयोग किया जाता है-

मरकतवैडूर्यादीनां निदर्शनं कार्यम्।
ग्राह्यं विडालपदमिति चैव प्रयोगेषु।।[5]

---

1. नाट्यशास्त्र 9/83
2. नाट्यशास्त्र 9/84
3. नाट्यशास्त्र 9/85
4. नाट्यशास्त्र 9/86
5. नाट्यशास्त्र 9/87

अलपल्लव-मुद्रा

हथेलियों को घुमाते हुए जब पार्श्व में आकर अंगुलियों को फैलाया जाए तो वह अलपल्लव-मुद्रा होती है-

आवर्तिन्यः करतले यस्याङ्गुल्यो भवन्ति हि।
पार्श्वागतविकीर्णाश्च स भवेदलपल्लवः।।[1]

निषेध करने, किसी वस्तु को जोड़ने अथवा तुम कौन हो, आदि वचन-शून्य स्थिति को दर्शाने और अपने को उपन्यस्त करने में यह मुद्रा प्रयुक्त होती है-

प्रतिषेधकृते योज्यः कस्य त्वं नास्ति शून्यवचनेषु।
पुनरात्मोपन्यासः स्त्रीणामेतेन कर्तव्यः।।[2]

चतुरहस्त-मुद्रा

तीन अङ्गुलियों को फैलाकर तथा कनिष्ठा को ऊपर करके बीच में अंगूठा करने पर चतुरहस्त नामक मुद्रा बनती है-



तिस्रः प्रसारिता यत्र तथा चोर्ध्वा कनीयसी।
तासां मध्ये स्थितोऽङ्गुष्ठः स करश्चतुरः स्मृतः।।[3]

नीति में, विनय में, निपुणता दर्शाने में, बचपना दर्शाने में, आतुरता प्रकट करने में, चालाकी प्रकट करने में, वाक्यप्रयोग बताने में, रोगी द्वारा पथ्यसेवन में, सत्य तथा प्रथमता में इसी मुद्रा का प्रयोग होता है-

नयविनयनियमनिपुणबालातुरसत्त्वकैतवार्थेषु।
वाक्ये युक्ते पथ्ये सत्ये प्रथमे च विनियोज्यः।।[4]

एक हाथ अथवा दोनों हाथों से मण्डल-निर्माण करने पर द्वार खोलने, रोकने, निर्माण करने, तर्क-वितर्क करने और लज्जा में इसका प्रयोग करना चाहिए।

---

1. नाट्यशास्त्र 9/88
2. नाट्यशास्त्र 9/89
3. नाट्यशास्त्र 9/90
4. नाट्यशास्त्र 9/91

एकेन द्वाभ्यां वा किञ्चन् मण्डलकृतेन हस्तेन।
विवृत-विचारिचरितं वितर्कितं लज्जितं चैव।।[1]

नेत्रों की उपमा किसी वस्तु से करने में, पद्मदल को स्पष्ट करने में, हिरण के कान दिखाने में, संयुक्त करणवाली चतुर-मुद्रा का प्रयोग करना चाहिए-

नयनौपम्यं पद्मदलरूपणं हरिणकर्णनिर्देशम्।
संयुक्तकरेणैव चतुरेणैतानि कुर्वीत।।[2]

लीला दिखाने में, रति में, रुचि प्रकट करने में, स्मृति में, बुद्धिमत्ता दिखाने में, विभावना में तथा क्षमा, पुष्टि, संज्ञा, दिशा-बोध, प्रणय, विचार, संगत, शुचिता आदि में इसका प्रयोग करना चाहिए-

लीलां रतिं रुचिं च स्मृतिबुद्धिविभावनाः क्षमां पुष्टिम् च।
संज्ञामाशां प्रणयं विचारणं संगतं शौचम्।।[3]

चतुराई, मधुरता, दाक्षिण्य, मार्दव, वेष-संरचना, शील, प्रश्न पूछना, वार्ता, युक्ति, सुख, मृदुशाद्वलता तथा अल्पता में इस मुद्रा का प्रयोग किया जाता है-

चातुर्यं माधुर्यं दाक्षिण्यं मार्दवं सुखं शीलम्।
प्रश्नं वार्तायुक्तिं वेषं मृदुशाद्वलं स्तोकम्।।[4]

ऐश्वर्य, अनैश्वर्य, सुरत, गुण, अवगुण, स्त्रियों के यौवन तथा विविध वर्णों को स्पष्ट करने में चतुर-मुद्रा का प्रयोग करना चाहिए-

विभवाविभवौ सुरतं गुणागुणौ यौवनं गृहान् दारान्।
नानावर्णांश्च तथा चतुरेणैवं प्रयुञ्जीत।।[5]

पदार्थ की धवलता बताने के लिए, सिर के बराबर पर चतुर-हस्तमुद्रा बनायी जाती है। लाल-पीले आदि रंगों को बताने में चतुरहस्त को मण्डल में घुमाते हैं तथा मूर्धा पर रगड़ने से नीले एवं लाल रंग को दर्शाते हैं-

---

1. नाट्यशास्त्र 9/92
2. नाट्यशास्त्र 9/93
3. नाट्यशास्त्र 9/94
4. नाट्यशास्त्र 9/95
5. नाट्यशास्त्र 9/96

सितमूर्ध्वेन तु कुर्याद्रक्तं पीतं च मण्डलकृतेन।
परिमृदितेन तु नीलं वर्णांश्चतुरेण हस्तेन।।[1]

भ्रमर-मुद्रा

मध्यमा तथा तर्जनी को टेढ़ा कर अंगुष्ठ के ऊपर रखते हुए शेष दो अंगुलियों को फैलाया जाये तो भ्रमरमुद्रा का निर्माण होगा-

मध्यमाङ्गुष्ठसन्दष्टो वक्रा चैव प्रदेशिनी।
ऊर्ध्वमन्ये प्रकीर्णे च द्व्यङ्गुल्यौ भ्रमरे करे।।[2]

पद्म, उत्पल, कुमुद तथा अन्यान्य दीर्घवृन्त पुष्पों को ग्रहण करने में, कर्णपूर की भाँति धारण करने में इस मुद्रा का प्रयोग होता है-

पद्मोत्पलकुमुदानामन्येषां चैव दीर्घवृन्तानाम्।
पुष्पाणां ग्रहणविधिः कर्तव्यः कर्णपूरश्च।।[3]

गिरने में, शब्द के प्रयोग होने में, भर्त्सनादि में, बालकों के वार्तालाप में, भ्रमरमुद्रा का प्रयोग होता है। यह मुद्रा शीघ्रता, ताल, विश्वास आदि में भी प्रयुक्त होती है-

विच्युतश्च सशब्दश्च कार्यो निर्भर्त्सनादिषु।
बलालापे च शीघ्रे च ताले विश्वासने तथा।।[4]

हंसास्य-मुद्रा

तर्जनी, मध्यमा अंगूठे से सतत जुड़ी हुई और अनामिका व कनिष्ठका फैली हुई हो तो हंसास्यमुद्रा निर्माण होता है-

तर्जनीमध्यमाङ्गुष्ठास्त्रेताग्निस्था निरन्तराः।
भवेयुर्हंसवक्त्रस्य शेषे द्वे संप्रसारिते।।[5]

सुलक्षणों के आख्यान में, अल्पता, शैथिल्य, लाघव, निस्सारता, मृदुलता के योग में, कार्याभिनय में तथा पानी, दूध, शहद आदि के टपकने को दर्शाने में हंसास्यमुद्रा का प्रयोग होता है-

1. नाट्यशास्त्र 9/97
2. नाट्यशास्त्र 9/98
3. नाट्यशास्त्र 9/99
4. नाट्यशास्त्र 9/100
5. नाट्यशास्त्र 9/101

श्लक्ष्णाल्पशिथिललाघव-निःसारार्था मृदुत्वयोगे च।
कार्योभिनयविशेषः किंचित्प्रस्यन्दिताग्रेण।।[१]

हंसपक्ष-मुद्रा

तर्जनी मध्यमा, अनामिका को झुकाकर अंगूठे पर रखते हुए कनिष्ठका को ऊपर उठाने से हंसपक्षनामक मुद्रा बन जाती है-

समाः प्रसारितास्तिस्रस्तथा चोर्ध्वा कनीयसी।
अंगुष्ठः कुञ्चितश्चैव हंसपक्ष इति स्मृतः।।[२]

हंसपक्षमुद्रा जलग्रहण करने, जलप्रदान करने, गन्धादि को सूँघने, किसी दीवार, पेड़ आदि का आश्रय लेने, कार्य के प्रतिग्रहण में तथा अवमानना में और ब्राह्मणों को भोजनादि क्रिया दर्शाने में प्रयुक्त होती है-

एष च निवापसलिले दातव्ये गन्धसंश्रये चैव।
कार्यः प्रतिग्रहावमानभोजनार्थेषु विप्राणाम्।।[३]

हंसपक्षमुद्रा आलिंगन, अत्यधिक स्तब्धता, रोमहर्षण, रोमांच, स्पर्श में, शरीर में विविध द्रव्यों का लेप करने में, शरीर दबाने में प्रयुक्त होती है-

आलिङ्गने महास्तम्भनिदर्शने रोमहर्षणे चैव।
स्पर्शेऽनुलेपनार्थे योज्यः संवाहने चैव।।[४]

स्त्रियों के स्तन के मध्य का अन्तर बताने में, विभ्रम दिखाने में, दुःख के अनुभव में तथा हनु बताने में इस मुद्रा का प्रयोग होता है-

पुनरेष च नारीणां स्तनान्तरस्थेन विभ्रमविशेषाः।
कार्या यथा रसाः स्युर्दुःखे हनुधारणे चैव।।[५]

1. नाट्यशास्त्र 9/102
2. नाट्यशास्त्र 9/103
3. नाट्यशास्त्र 9/104
4. नाट्यशास्त्र 9/105
5. नाट्यशास्त्र 9/106

सन्दंश-मुद्रा

तर्जनी-अंगूठे से सन्दंश मुद्रा का निर्माण होता है। अरालमुद्रा की भांति ही अभुग्नतल तथा मध्य वाली सन्दंश-मुद्रा बनती है-

तर्जन्यङ्गुष्ठसन्दंशो ह्यरालस्य यथा भवेत्।
आभुग्नतलमध्यश्च स सन्दंश इति स्मृतः।।[१]

अग्रज सन्दंश, मुखजसन्दंश तथा पार्श्वगत सन्दंश भेद से युक्त यह तीन अन्तरों वाली मुद्रा विविध रस-भावों को बताने में प्रयुक्त होती है-

सन्दंशस्त्रिविधो ज्ञेयस्त्वग्रजो मुखजस्तथा।
तथा पार्श्वगतश्चैव रसभावोपबृंहितः।।[२]

पुष्पचयन में, किसी वस्तु को ग्रहण करने में, धागे आदि पकड़ने में, काँटे आदि निकालने में, केशों को पकड़ने में यह मुद्रा प्रयोग की जाती है-

पुष्पापचयग्रथने ग्रहणे तृणपर्णकेशसूत्राणाम्।
शल्याकर्षग्रहणापकर्षणे चाग्रसन्दंशः।।[३]

वृन्त से फूलों को अलग करने में, वर्तिका के आशय में, शलाका आदि को बताने, किसी को धिक्कारने, वाक्यों को बोलने, क्रोधपूर्ण मुख को बताने के लिए सन्दंशमुद्रा का प्रयोग होता है-

वृन्तात्पुष्पोद्धरणं वर्तिशलाकादिपूरणं चैव।
धिगिति च वचनं रोषान्मुखसन्दंशस्य कर्माणि।।[४]

यज्ञोपवीत धारण करने, कर्णभेदन, गुणों में सूक्ष्मता दिखाने, बाण से लक्ष्य भेदने तथा योग-आसनादि दर्शाने तथा ध्यान में, किंचित् संयुक्त हस्त वाली सन्दंशमुद्रा बनानी चाहिये-

यज्ञोपवीतधारण-वेधन-गुणसूक्ष्मबाणलक्ष्येषु।
योगे ध्याने स्तोके संयुक्तकरस्तु कर्तव्यः।।[५]

---

1. नाट्यशास्त्र 9/107
2. नाट्यशास्त्र 9/108
3. नाट्यशास्त्र 9/109
4. नाट्यशास्त्र 9/110
5. नाट्यशास्त्र 9/111

पेलव अर्थ में, कुत्सित अर्थ में, असूया में, दोषों के सहित वचन बोलने में, वाम हस्त से मुद्रा बनाते हुए किञ्चित् परिवर्तित अग्रभाग वाली पार्श्वस्थ सन्दंशमुद्रा बनानी चाहिये-

पेलवकुत्सासूयासदोषवचने च वामहस्तेन।
किंचिद्विवर्तिताग्रः प्रयुज्यते पार्श्वसंदंशः।।[1]

चित्रसंरचना, नेत्र में अञ्जन डालने में, तर्क-वितर्क में, प्रवालरचना में, वस्त्रादि को निचोड़ने में, आलता लगाने में इस मुद्रा का प्रयोग होता है-

आलेख्यनेत्ररञ्जन-वितर्कवृन्तप्रवालरचनं च।
निष्पीडनं तथालक्तकस्य कार्यं च नारीभिः।।[2]

मुकुल-मुद्रा

समस्त अंगुलियाँ और अंगूठे जिसमें समान रूप से आगे कर लिये जायें और ऊपर की ओर यह स्थिति की जाए तो वह मुकुलमुद्रा होती है-

समा नताग्राः सहिता यस्याङ्गुल्यो भवन्ति हि।
ऊर्ध्वा हंसमुखस्यैव स भवेन्मुकुलः करः।।[3]

देवपूजन में, बलिप्रदान में, पद्मोत्पलादि की कलिका-संदर्शन में, रूपसौन्दर्य बताने में, विट आदि के चुम्बन को दर्शाने में और कुत्सित कार्य फैलाने में इस मुद्रा का प्रयोग होता है-

देवार्चनबलिकरणे पद्मोत्पलमुकुलरूपणे चैव।
विटचुम्बने च कार्यो विकुत्सिते विप्रकीर्णे च।।[4]

इस मुद्रा से भोजनक्रिया, स्वर्णमुद्रा गिनना, मुख कुम्हलाना, लेन-देन, शीघ्रता एवं मुकुलित पुष्प को प्रदर्शित किया जाता है-

भोजनहिरण्यगणनामुखसंकोचप्रदानशीघ्रेषु।
मुकुलितकुसुमेषु तथा तज्ज्ञैरेष प्रयोक्तव्यः।।[5]

---

1. नाट्यशास्त्र 9/112
2. नाट्यशास्त्र 9/113
3. नाट्यशास्त्र 9/114
4. नाट्यशास्त्र 9/115
5. नाट्यशास्त्र 9/116

ऊर्णनाभ-मुद्रा

पद्मकोष-हस्तमुद्रा की अंगुलियों के ऊपरी भाग को संकुचित कर लिया जाये, तो ऊर्णनाभ-मुद्रा बन जाती है। यह मुद्रा केशग्रहण करने, चोरी को बताने आदि में प्रयुक्त होती है-

पद्मकोषस्य हस्तस्य ह्यङ्गुल्यः कुञ्चिता यदा।
ऊर्णनाभः स विज्ञेयः केशचौर्यग्रहादिषु।।[1]

ऊर्णनाभ-मुद्रा द्वारा सिर खुजलाना, कुष्ठरोगपीड़ित व्यक्ति को बताना, सिंह एवं व्याघ्रादि हिंसक जन्तुओं का निरूपण, पत्थर आदि पकड़ना आदि प्रदर्शित किया जाता है-

शिरःकण्डूयने चैव कुष्ठव्याधिनिरूपणे।
सिंहव्याघ्रेष्वभिनयः प्रस्तरग्रहणे तथा।।[2]

कराङ्गुल (ताम्रचूड) -मुद्रा

मध्यमा सन्दंश मुद्रा के अनुरूप वक्रकर अंगुष्ठ पर रख ली जाये तथा प्रदेशिनी भी कुछ टेढ़ी कर ली जाये तथा शेष अंगुलियाँ तलगत हों तो कराङ्गुल (ताम्रचूड) मुद्रा होती है-

मध्यमाङ्गुष्ठसन्दंशो वक्रा चैव प्रदेशिनी।
शेषे तलस्थे कर्तव्ये ताम्रचूड-कराङ्गुली।।[3]

यह हस्तमुद्रा किसी वस्तु से अलग होने की दशा को, शब्द होने की स्थिति को, निर्भर्त्सना को प्रदर्शित करती है-

विच्युतश्च सशब्दश्च कार्यो निर्भर्त्सनादिषु।
तालेष्विष्वसिते चैव शीघ्रार्थे संज्ञितेषु च।।[4]

यह मुद्रा कलाओं के निर्देशन में, लकड़ी आदि बनाने में, निमिष, क्षण, पल आदि समय के अंश दर्शाने में, स्त्रियों के परस्पर वार्तालाप में, निमन्त्रण में प्रयोग की जाती है-

1. नाट्यशास्त्र 9/117
2. नाट्यशास्त्र 9/118
3. नाट्यशास्त्र 9/119
4. नाट्यशास्त्र 9/120

तथा कलासु काष्ठासु निमेषे तु क्षणे तथा।
एष एव करः कार्योऽबालालापनिमन्त्रणे।।[1]

ताम्रचूड-मुद्रा

अंगुलियों को तिरछा करके ऊपर से अंगूठे को दबाने तथा कनिष्ठका को फैलाने पर ताम्रचूड-मुद्रा बन जाती है-

अङ्गुल्यः संयुता वक्रा उपर्यङ्गुष्ठपीडिताः।
प्रसारिता कनिष्ठा च ताम्रचूडः करः स्मृतः।।[2]

इस मुद्रा से शत, सहस्र, लक्ष आदि बताया जाता है। शीघ्रता से अंगुलियों के खोलने पर स्फुलिङ्ग अर्थ में यह प्रयुक्त होती है-

शतं सहस्रं लक्षं च करेणैकेन दर्शयेत्।
क्षिप्रमुक्ताङ्गुलीभिस्तु स्फुलिङ्गान् विप्रुषस्तथा।।[3]

इस प्रकार भरत मुनि ने असंयुत हस्तमुद्राओं का निरूपण किया है। तत्पश्चात् उन्होंने संयुत हस्तमुद्राओं को प्रतिपादित किया है।

अञ्जलि-मुद्रा

यह संयुक्त करमुद्रा है। दो पताकाहस्तमुद्राएँ आपस में जोड़ ली जायें तो अञ्जलि-मुद्रा का निर्माण होता है। यह देवताओं, गुरुओं तथा मित्रों के अभिवादन में प्रयुक्त होती है-

पताकाभ्यां तु हस्ताभ्यां संश्लेषादञ्जलिः स्मृतः।
देवतानां गुरूणां च मित्राणां चाभिवादने।।[4]



देवताओं को प्रणाम निवेदन करना हो तो इस मुद्रा को सिर पर बनायें, गुरुओं को प्रमाण करना हो तो मुख पर एवं मित्रों का अभिवादन करना हो तो इसे वक्षः स्थल पर बनाएं। शेष लोगों के लिए इसे बनाने का नियम नहीं है-

1. नाट्यशास्त्र 9/121
2. नाट्यशास्त्र 9/122
3. नाट्यशास्त्र 9/123
4. नाट्यशास्त्र 9/124

देवतानां शिरःस्थस्तु गुरूणामास्यसंस्थितः।
वक्षःस्थश्चैव मित्राणां शेषे त्वनियमो भवेत्।।[1]

कपोत-मुद्रा

यह भी संयुक्तकरमुद्रा है। दोनों हाथों के पार्श्व मिले हुये तथा मध्य भाग में दूरी बनाये जाने पर कपोतमुद्रा का निर्माण होता है-

उभाभ्यामपि हस्ताभ्यामन्योन्यं पार्श्वसंग्रहात्।
हस्तः कपोतको नाम कर्म चास्य निबोधत।।[2]

यह हस्तमुद्रा अभिनय को दर्शाने, आगम को बताने में प्रयुक्त होती है। इससे गुरुओं को प्रणाम निवेदन तथा गुरुओं से वार्तालाप भी प्रकट किया जाता है। शीतादि ऋतुओं के प्रदर्शन, भय आदि में वक्ष पर रखकर उनकी स्थिति को दर्शाते हैं-

एषो विनयाभ्युपगमे प्रणामकरणे गुरोश्च संभाषे।
शीते भये च कार्यो वक्षस्थः कम्पितः स्त्रीभिः।।[3]

इस मुद्रा में ही अङ्गुलियों के परस्पर घर्षण से वाक्यजनित खिन्नता को प्रकट करते हैं। इस मुद्रा से कार्यों के विभागों को भी दर्शाया जाता है-

अयमेवाङ्गुलिपरिघृष्यमाणमुक्तस्तु खिन्नवाक्येषु।
एतावदिति च कार्यो भेदाङ्गीकृत्यमिति चार्थे।।[4]

कर्कट-मुद्रा

यह संयुतहस्तमुद्रा, अंगुलियाँ हाथों में परस्पर एक दूसरे से गुँथी जायें और उनके आर-पार अग्रभाग हों तो बन जाती है-

अंगुल्यो यस्य हस्तस्य ह्यन्योन्योत्तरनिःसृताः।।
स कर्कट इति ज्ञेयः करः कर्म च वक्ष्यते।।[5]

1. नाट्यशास्त्र 9/126
2. नाट्यशास्त्र 9/127
3. नाट्यशास्त्र 9/128
4. नाट्यशास्त्र 9/129
5. नाट्यशास्त्र 9/130

यह मुद्रा रतिप्रसंग में, अंगों के मर्दन में, सोकर उठने में, जम्भाई लेने में, अंगड़ाई लेने में, वस्त्रादि धारण करने में तथा शंख पकड़ने में प्रयुक्त होती है-

एष मदनाङ्गमर्दे सुप्तोत्थितजृम्भणे बृहद्देहे।
हनुधारणे च योज्यः शंखग्रहणेऽर्थतत्त्वज्ञैः।।[1]

स्वस्तिक-मुद्रा

मणिबन्ध पर जुड़ी हुई दो अराल मुद्राएँ बनाई जाएँ, तो स्त्रियों द्वारा वामपार्श्व पर ऊपर उठा कर स्वस्तिक-मुद्रा बनायी जाती है-

मणिबन्धनविन्यस्तावरालौ स्त्रीप्रयोजितौ।
उत्तानौ वामपार्श्वस्थौ स्वस्तिकः परिकीर्तितः।।[2]

स्वस्तिक-मुद्रा अलग-अलग करण द्वारा किए जाने पर दिशा-बोध को बताती है। यह मेघ, आकाश, वन, समुद्र, ऋतुओं के परिवर्तन, पृथ्वी के विस्तार एवं अन्य वस्तुओं के विस्तार को दिखाने में प्रयोग की जाती है-

स्वस्तिकविच्युतिकरणाद् दिशो घनाः खं वनं समुद्राश्च।
ऋतवो मही तथान्यद् विस्तीर्णं चाभिनेयं स्यात्।।[3]

कटक-मुद्रा

कटकमुद्रा कटक धारण करने में, कटक वर्धमानक में, शृंगार में और करण के प्रयोग सहित प्रणाम के अर्थ में प्रयुक्त होती है। यह मुद्रा संयुतकरहस्त है-

कटकः कटकैर्न्यस्तः कटको वर्धमानकः।
शंगारार्थेषु योक्तव्यः प्रणामकरणे तथा।।[4]

उत्संग-मुद्रा

अराल मुद्रा को अलग-अलग हाथों से करने पर वर्धमानक रूप में ऊपर करने से उत्सङ्ग मुद्रा बनती है। इसको संयुतहस्तमुद्रा में, सिंहावलोकन में प्रयुक्त करते हैं-

---

1. नाट्यशास्त्र 9/131
2. नाट्यशास्त्र 9/132
3. नाट्यशास्त्र 9/133
4. नाट्यशास्त्र 9/134

अरालौ तु विपर्यस्तावुत्तानौ वर्धमानकौ।
उत्सङ्ग इति विज्ञेयः स्पर्शस्य ग्रहणे करः।।[1]

संनिपेषकर में, रोष में, अमर्ष में, निष्पीडन करने के अर्थ में, स्त्रियों की परस्पर ईर्ष्या के अर्थ में उत्संगमुद्रा का प्रयोग होता है-

संनिष्पेषकरश्चैव रोषेऽमर्षेऽपि च स्मृतः।
निष्पीडितः पुनश्चैव स्त्रीणामीर्ष्याकृते भवेत्।।[2]

बायें हाथ से ग्रहण करने में, कूर्पर के अन्दर भुजा डालने में, दक्षिण अथवा वाम हस्त को कूर्पर के अन्दर करने में इसका प्रयोग है-

गृहीत्वा वामहस्तेन कूर्पराभ्यन्तरे भुजम्।
दक्षिणं चापि वामस्य कूर्पराभ्यन्तरे न्यसेत्।।[3]

निषध-मुद्रा

यह भी संयुतहस्त मुद्रा है। दाहिने एवं बायें हाथ से भलीभाँति मुष्टि बनाकर एक दूसरे कोहनी के ऊपर रखी जाए तो निषधमुद्रा होती है-

स चापि दक्षिणो हस्तः सम्यङ्मुष्टिकृतो भवेत्।
इत्येष निषधो हस्तः कर्म चास्य निबोधत।।[4]

यह मुद्रा अंहकारदर्शन गर्वसौष्ठव, उत्सुकता, पराक्रम, आक्षेप, अभिमान, अवष्टम्भ, स्थिरता आदि के प्रदर्शन में प्रयोग होती है-

एतेन मदगर्वसौष्ठवौत्सुक्य-विक्रमाटोपाः।
अभिमानावष्टम्भस्तम्भस्थैर्यादयः कार्याः।।[5]

निषधमुद्रा का निर्माण दो प्रकार से होता है। पहला जो वर्णित है। दूसरी मुद्रा हंसपक्ष मुद्रा को पराङ्मुख करके बनायी जाती है। खिड़की, झरोखे आदि के अभिघट्टन में यह मुद्रा प्रयुक्त होती है-

1. नाट्यशास्त्र 9/135
2. नाट्यशास्त्र 9/136
3. नाट्यशास्त्र 9/137
4. नाट्यशास्त्र 9/138
5. नाट्यशास्त्र 9/139

ज्ञेयो वै निषधो नाम हंसपक्षौ पराङ्मुखौ।
जालवातायनादीनां प्रयोक्तव्योऽभिघट्टने।।[१]

दोला-मुद्रा

कन्धों को ढीला छोड़ते हुए स्वतन्त्र पताकाहस्तों को लटकने दिया जाये तो दोला नामक मुद्रा होती है। यह भी संयुतकर मुद्रा है। इसमें करणों का प्रयोग होता है-

अंसौ प्रशिथिलौ मुक्तौ पताकौ तु प्रलम्बितौ।
यदा भवेतां करणे स दोल इति संज्ञितः।।[२]

सम्भ्रम दर्शाने में, विषाद में, मूर्च्छा में, अहंकार में, मदाभिघात में, आवेग में, व्याधि की वृद्धि में, शस्त्रों से घायल होने के प्रदर्शन में इस मुद्रा का प्रयोग होता है-

सम्भ्रमविषादमूर्च्छितमदाभिघाते तथैव चावेगे।
व्याधिप्लुते च शस्त्रक्षते च कार्योऽभिनययोगः।।[३]

पुष्पपुट-मुद्रा

असंयुक्त हस्त में सर्पशीर्षक मुद्रा बतायी गयी है, उसमें निरन्तर अंगुलियों को पार्श्व से जोड़ने पर पुष्पपुट-मुद्रा बनती है-

यस्तु सर्पशिराः प्रोक्तस्तस्याङ्गुलिनिरन्तरः।
द्वितीयः पार्श्वसंश्लिष्टः स तु पुष्पपुटः स्मृतः।।[४]

यह मुद्रा धन-धान्य के प्रदर्शन में, फल, पुष्प आदि की समानता दर्शाने में, विविध कार्यों के प्रयोग में, जल लाना दर्शाने में प्रयोग की जाती है-

धान्यफलपुष्पसदृशान्यनेन नानाविधानि युक्तानि।
ग्राह्याण्युपनेयानि च तोयानयनापनयने च।।[५]

---

1. नाट्यशास्त्र 9/140
2. नाट्यशास्त्र 9/141
3. नाट्यशास्त्र 9/142
4. नाट्यशास्त्र 9/143
5. नाट्यशास्त्र 9/144

मकर-मुद्रा

पताकहस्तमुद्राओं को ऊपर, नीचे मुख करके एक के ऊपर दूसरे को रखने पर मकरमुद्रा बनती है। यह भी संयुतकरमुद्रा है-

पताकौ तु यदा हस्तादूर्ध्वाङ्गुष्ठावधोमुखौ।
उपर्युपरि विन्यस्तौ तदा स मकरः करः।।[1]

मकरमुद्रा में सिंह, सर्प, द्वीपी, नक्र, मकर और मांसभक्षी जन्तुओं का प्रदर्शन किया जाता है-

सिंहव्यालद्वीपिप्रदर्शनं नक्रमकरमत्स्यानाम्।
ये चान्ये क्रव्यादा अभिनेयास्तेऽर्थयोगेन।।[2]

गजदन्त-मुद्रा

कर्पूरांश के संयुक्त हस्त जब सर्पशीर्षक मुद्रा में परिवर्तित होते हैं तब गजदन्तमुद्रा का निर्माण होता है। यह भी संयुतकरमुद्रा है-

कूर्परासंचितौ हस्तौ यदास्तां सर्पशीर्षकौ।
गजदन्तः स तु करः कर्म चास्य निबोधत।।[3]

यह मुद्रा वधूवर के विवाह के आशय में, अत्यधिक भार वहन करने के अर्थ में, स्तम्भादि पकड़ने में, चट्टान, पर्वत आदि के उखाड़ने में बनानी चाहिये-

एष च वधूवराणामुद्वाहे चातिभारयोगे च।
स्तम्भग्रहणे च तथा शैल-शिलोत्पाटने चैव।।[4]

अवहित्थ-मुद्रा

दोनों हाथों से शुकतुण्ड मुद्रा बनाकर उन्हें वक्ष के सम्मुख संकुचित किया जाये तथा अंगुलियाँ अधोमुखी हों तो अवहित्थमुद्रा का निर्माण होता है। यह भी संयुतकरमुद्रा है-

---

1. नाट्यशास्त्र 9/145
2. नाट्यशास्त्र 9/146
3. नाट्यशास्त्र 9/147
4. नाट्यशास्त्र 9/148

शुकतुण्डौ करौ कृत्वा वक्षस्यभिमुखाञ्चितौ।
शनैरधोमुखाविद्धौ सोवहित्थ इति स्मृतः।।[1]

इस मुद्रा से शारीरिक कृशता, दुर्बलता, प्रश्वासप्रक्रिया, शरीर का प्रदर्शन, उत्कण्ठा आदि को प्रदर्शित किया जाता है-

दौर्बल्ये निःश्वसिते गात्राणां दर्शने तनुत्वे च।
उत्कण्ठिते तज्ज्ञैरभिनययोगश्च कर्तव्यः।।[2]

वर्धमानक-मुद्रा

मुकुलहस्तमुद्रा को कपित्थक मुद्रा से आच्छादित कर लिया जाये तो वर्धमानकमुद्रा बनती है-

मुकुलस्तु यदा हस्तः कपित्थपरिवेष्टितः।
वर्धमानः स विज्ञेयः कर्म चास्य निबोधत।।[3]

यह मुद्रा धनादि के संग्रहण में, परिग्रहण, धारण करने योग वस्तु को बताने में, समय ज्ञान में, सत्यवचन में, अत्यधिक पीड़ा में तथा वचन और वस्तु की संक्षिप्तता में प्रयुक्त होती है-

संग्रहपरिग्रहौ धारणं च समयश्च सत्यवचनं च।
संक्षेपतस्तु संक्षिप्तं निपीडितेनाभिनेतव्यम्।।[4]

वर्धमान-मुद्रा

हंसपक्षमुद्रा को विपरीत रूप से बनाने पर वर्धमानमुद्रा निर्मित होती है। इस मुद्रा द्वारा जाल, झरोखे, खिड़की इत्यादि का प्रदर्शन और उन्हें खोलने आदि की क्रिया प्रदर्शित की जाती है-

ज्ञेयो वै वर्धमानस्तु हंसपक्षौ पराङ्मुखौ।
जालवातायनादीनां प्रयोक्तव्यो विघट्टने।।[5]

---

1. नाट्यशास्त्र 9/149
2. नाट्यशास्त्र 9/150
3. नाट्यशास्त्र 9/151
4. नाट्यशास्त्र 9/152
5. नाट्यशास्त्र 9/153

इस प्रकार संयुक्तहस्तमुद्राओं का निरूपण नाट्यशास्त्र में है। इन मुद्राओं के अतिरिक्त नृत्य-नाट्यादि में विविध व्यवहारों को प्रकट करने के लिए अन्य मुद्राएँ भी हैं। नाट्य, नृत्य तथा नृत्त में त्रिविध मुद्राविधान प्रचलित है। उत्तान, पार्श्वस्थ एवं अधोमुख प्रयोग विविध अर्थों का प्रख्यान कर देते हैं। प्राङ्मुख, खटकामुख मुद्रा, समान एवं कूर्परांश-ये चार प्रकार की ऊर्ध्वगा मुद्राएँ कही जाती हैं। इनमें वक्ष पर अंगुलियों को सामने रखते हुए नृत्य व अभिनय किया जाता है।

चतुरस्रमुद्रा

वक्षसोऽष्टाङ्गुलस्थौ तु प्राङ्मुखौ खटकामुखौ।
समानकूर्परांसौ तु चतुरस्रौ प्रकीर्तितौ।।[1]

उद्वृत्त, तलमुख (तालवृन्तक) मुद्रा

हंसपक्ष मुद्रा को शनैः शनैः खोलने पर वह तालवृन्त के समान बन जाती है। इसे उद्धतकरण में करना चाहिए। यह तालवृन्तक मुद्रा है-

हंसपक्षकृतौ हस्तौ व्यावृत्तौ तालवृन्तवत्।
उद्वृत्ताविति विज्ञेयावथवा तालवृन्तकौ।।[2]

बोधक-मुद्रा

चतुरस्र तथा हंसपक्ष मुद्राओं को तिरछा बनाते हुये आमने-सामने तलाभिमुख किया जाता है, वह बोधकमुद्रा कहलाती है-

चतुरस्रस्थितौ हस्तौ हंसपक्षकृतौ तथा।
तिर्यक्स्थतौ चाभिमुखौ ज्ञेयौ तलमुखाविति।।[3]

स्वस्तिक-मुद्रा

इसी प्रकार मणिबन्ध पर जुड़ी हुए हंसपक्ष मुद्रा बनाने पर स्वस्तिकमुद्रा का निर्माण होता है। यह मुद्रा अलग होने तथा वस्तु के विस्तार के अर्थ में प्रयुक्त होती है-

---

1. नाट्यशास्त्र 9/176
2. नाट्यशास्त्र 9/177
3. नाट्यशास्त्र 9/178

तावेव मणिबन्धान्ते स्वस्तिकाकृतिसंस्थितौ।
स्वस्तिकाविति विख्यातौ विच्युतौ विप्रकीर्णकौ।।[1]

अलपल्लव और अरालकटकामुद्रा

पद्मकोष मुद्रा ऊर्ध्वमुखी बनाई जाय तो वह अलपल्लव कहलाती है। अराल कटकामुख मुद्रा का निर्माण दो प्रकार से होता है-1. अराल और कटकामुख मुद्राएँ अलग-अलग हाथों से एक साथ बनाई जायें। 2. इन दोनों मुद्राओं को दाएँ व बाएँ हाथ से बनाकर उन्हें मणिबन्ध पर जोड़ लिया जाये, यह अरालकटकामुख मुद्रा कही जाएगी-

अलपल्लवसंस्थानावूर्ध्वास्यौ पद्मकोषकौ।
अरालकटकाख्यौ वाप्यरालकटकामुखौ।।
तथैव मणिबन्धान्ते ह्यरालविच्युतावुभौ।
ज्ञेयौ प्रयोक्तृभिर्नित्यमरालकटकाविति।।[2]

आविद्धवक्र-मुद्रा

कंधो को कूर्परांस मुद्रा से कुछ कुटिलता प्रदर्शित करते हुए पकड़ने पर और फिर पराङ्मुख से आविद्ध करने पर आविद्धवक्र नामक मुद्रा का निर्माण होता है-

भुजांसकूर्परागैस्तु कुटिलावर्तितौ करौ।
पराङ्मुखतयाविद्धौ ज्ञेयावाविद्धवक्रकौ।।[3]

सूचीमुख-मुद्रा

सर्पशीर्षक मुद्रा के मध्य में अंगुष्ठ को तिरछे फैलाया जाये, वह सूचीमुख मुद्रा कहलाती है-

हस्तौ तु सर्पशिरसौ मध्यस्थाङ्गुष्ठकौ यदा।
तिर्यक्प्रसारितास्यौ च तथा सूचीमुखौ स्मृतौ।।[4]

---

1. नाट्यशास्त्र 9/179
2. नाट्यशास्त्र 9/180-181
3. नाट्यशास्त्र 9/182
4. नाट्यशास्त्र 9/183

कामशास्त्र

क्रान्तदर्शी ऋषियों ने मानव-जीवन में उत्कृष्टत्व की कामना से धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष-रूप चतुर्विध पुरुषार्थों के रूप में अपने दार्शनिक विचारों को नियोजित एवं विवेचित करते हुए सुख के दो आधार स्वीकार किये-लौकिक एवं आध्यात्मिक। लौकिक सुख में सांसारिक आकर्षण एवं ऐश्वर्य का प्राधान्य होता है, जबकि आध्यात्मिक सुख में त्याग, आत्मसंतुष्टि एवं तपस्या का प्राधान्य होता है। ये दोनों सुख के आधार **पुरुषार्थ** में ही अन्तर्निहित हैं, जो लौकिक एवं पारलौकिक भेद से द्विधा विभक्त हैं:-

(1) **लौकिक पुरुषार्थ**-धर्म, अर्थ एवं काम; जो लोक में त्रिवर्ग के नाम से भी जाने जाते हैं, लौकिक पुरुषार्थ के अन्तर्गत आते हैं।

(2) **पारलौकिक पुरुषार्थ**-मोक्ष पारलौकिक पुरुषार्थ के रूप में गृहीत है।

मोक्षरूप पारलौकिक पुरुषार्थ की प्राप्ति अन्योन्याश्रित त्रिवर्ग के परस्पर अविरोधी भाव से सेवन के द्वारा ही हो सकती है। जब तक मानव धर्म, अर्थ एवं काम का सम्यक्तया निर्वाह नहीं करता है, तब तक वह मोक्ष-प्राप्ति की ओर उन्मुख नहीं हो सकता है। क्योंकि जब तक हृदय की वासनाएं शान्त नहीं होंगी तब तक मोक्ष की प्राप्ति संभव नहीं है। मोक्ष-प्राप्ति हेतु आवश्यक है कि मानव विद्याग्रहण करने के अनन्तर अपनी वर्ण-परम्परा के अनुसार अर्थोपार्जन करते हुए शास्त्रोचित मर्यादा के पालनपूर्वक गृहस्थ जीवन का सुव्यवस्थित रूप से आचरण करे। ऐसा व्यक्ति ही चतुर्थ पुरुषार्थ का अधिकारी होता है। यही कारण है कि कामशास्त्र के प्रतिष्ठापक आचार्य **मल्लनाग** वात्स्यायन कामसूत्र के मंगलाचरण-परक अपने प्रथम सूत्र **''धर्मार्थकामेभ्यो नमः''** (काम.1/1/1) के द्वारा किसी देवी-देवता की वन्दना न कर ग्रन्थ-प्रतिपाद्य धर्म, अर्थ एवं काम-रूप **त्रिवर्ग** की वन्दना करते हैं।

ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एवं शूद्र; ये चतुर्वर्ण तथा ब्रह्मचर्य, गार्हस्थ, वानप्रस्थ एवं संन्यास; ये चार आश्रम हैं। इनमें स्थित प्रायः सभी प्राणी मोक्ष की कामना नहीं करते हैं, क्योंकि धर्म, अर्थ एवं काम रूप त्रिवर्ग में जो प्राणी पूर्णता प्राप्त कर लेता है वह स्वतः ही मोक्ष का अधिकारी हो जाता है। त्रिवर्ग एवं मोक्ष; यह चतुर्वर्ग ही भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति की आधारभित्ति है। मानव मात्र की समस्त आकांक्षाएँ-अभिलाषाएं इन्हीं में सन्निहित हैं। इन कामनाओं की परितुष्टि हेतु मानव में शरीर, बुद्धि, मन एवं आत्मा; ये चार अंग हैं; जो कि अनन्त कामनाओं एवं आवश्यकताओं के केन्द्र में स्थित हैं। इनमें बुद्धि के लिए धर्म की, शरीर-पोषण के लिए अर्थ की, मनस्तुष्टि के लिए काम की तथा आत्मसंतुष्टि के लिए मोक्ष की आवश्यकता पड़ती है। ये आवश्यकताएँ अनिवार्य एवं अपरिहार्य हैं।

इस प्रकार जीवन-निर्वहन की आकांक्षा **'अर्थ'** में; स्त्रीपुत्रादि की **'काम'** में; यश, ज्ञान, न्याय आदि की **'धर्म'** में एवं पारलौकिक अभ्युदय की कामना **'मोक्ष'** में समाविष्ट रहती है। परन्तु इस चतुर्वर्ग में मानवमात्र ही नहीं, अपितु प्राणिमात्र पर यदि किसी पुरुषार्थ का दुर्धर्ष प्रभाव है तो केवल **"काम"** का है। अतः इस काम एवं तद्विषयक शास्त्र की उत्पत्ति पर विचार करना अत्यन्त आवश्यक एवं समीचीन है। काम का आधार क्या है? इस पर विचार करते हुए वैदिक मंत्र कहता है-

कामस्तदग्रे समवर्तताधि मनसो रेतः प्रथमं यदासीत्।
सतो बन्धुमसति निरविन्दन् हृदि प्रतीष्या कवयो मनीषा।।
(ऋग्वेद 10/129/4)

अर्थात् 'सृष्ट्युत्पत्ति के समय सर्वप्रथम 'काम' अर्थात् सृष्टि उत्पन्न करने की इच्छा हुयी, जो परब्रह्म के हृदय में सर्वप्रथम सृष्टि का रेतस् अर्थात् बीजरूप कारण विशेष था, जिसे शुद्ध-बुद्ध ज्ञानवान् मनीषी कवियों ने हृदयस्थ परब्रह्म का गम्भीर अनुशीलन कर प्राप्त किया था।' अतः ऋग्वेद का कथन स्पष्ट करता है कि सृष्टि के मूलकारण **"काम"** की उत्पत्ति परब्रह्म के हृदय से हुयी और उस परमात्मा ने हृदय में सनातन रूप में अवस्थित काम-भावना के कारण ही इच्छा की कि वह बहुत सी प्रजा उत्पन्न करे-

'सोऽकामयत बहुस्यां प्रजायेत। एवायं पुरुषः।' (तैत्तिरीय. 2/3)

क्योंकि वह जो परमपुरुष है, उसका सर्गगत स्वरूप, उसकी शक्ति एवं प्रकृति सभी कुछ काममय है। किन्तु जब वह अकेला था, तो क्या मात्र कामना से ही सृष्टि उत्पन्न हुयी? नहीं, क्योंकि एकाकी पुरुष रमण नहीं कर सकता है। अतः उसने दूसरे की इच्छा की और आलिंगित युगल के परिणामवाला होकर अपने शरीर को द्विधा विभक्त किया, उससे पति एवं पत्नी अर्थात् स्त्री एवं पुरुष उत्पन्न हुए-

'स वै नैव रेमे, तस्मादेकाकी न रमते, स द्वितीयमैच्छत् स हैतावानास यथा स्त्री पुमांसौ सम्परिष्वक्तौ स इममेवात्मानं द्वैधापातयत्ततः पतिश्च पत्नी चाभवताम्।' (बृहदारण्यक. 1/2/6)

उस परमात्मा का अर्धभाग पुरुषरूपी अग्नि है। उसमें जब देवगण अन्न होमते हैं तो उस आहुति से वीर्य की उत्पत्ति होती है-

'तस्मिन्नेतस्मिन्नग्नौ देवा अन्नं जुह्वति तस्या आहुते रेतः संभवति।' (छान्दोग्य. 5/7/2)।

वह वीर्य ही प्राण एवं यश है-**'प्राणो वै यशो वीर्यम्।'** (बृहदारण्यक. 1/2/6) तथा शेष अर्धभाग स्त्रीरूपी अग्नि है। उसका उपस्थ ही समिधा है, पुरुष जो उपमन्त्रण करता है वह धूम है, योनि ज्वाला है एवं रतिरूप जो व्यापार है वह अंगार है और उससे जिस सुख की प्राप्ति होती है वही विस्फुलिंग है-

'योषा वाव गौतमाग्निः तस्या उपस्थ एव समिद्यदुपमन्त्रयते स धूमो योनिरर्चिर्यदन्तः करोति तेऽगारा अभिनन्दा विस्फुलिंगाः।'

(छान्दोग्य. 5/8/1)।

बृहदारण्यक श्रुति सृष्टि में प्राप्त होने वाले सभी प्रकार के आनन्द का अधिष्ठान उपस्थ को स्वीकार करती है-

'सर्वेषामानन्दानामुपस्थमेकायनम्।' (2/4/11)

उस स्त्री-उपस्थ-रूपी अग्नि में देवगण पुरुषोपमन्त्रण के माध्यम से वीर्य का हवन करते हैं और उस आहुति से गर्भ की उत्पत्ति होती है-

'तस्मिन्नेतस्मिन्नग्नौ देवा रेतो जुह्वति तस्या आहुतेर्गर्भः संभवति।'

(छान्दोग्य. 5/8/2)

पुनः वह जरायु से आवृत गर्भ नव या दश माह मातृगर्भ में शयन के अनन्तर उत्पन्न होता है-

'उल्बावृतो गर्भो दश वा नव वा मासानन्तः शयित्वा यावद्वाथ जायते।'

(छान्दोग्य. 5/9/1)

इस प्रकार कामबीज का उद्गमस्थल परमपुरुष का हृदय है एवं उस कामबीज को धारण करने वाली मातृशक्ति उस पुरुष की माया या प्रकृति है। योगेश्वर श्रीकृष्ण ने गीता में कहा भी है-

'सर्वयोनिषु कौन्तेय मूर्त्तयः संभवन्ति याः।
तासां ब्रह्म महद्योनिरहं बीजप्रदः पिता।।' (गीता 14/4)

उस परमात्मा का स्वरूप एवं उसकी स्थिति का ज्ञान कराने वाला वेद ही कामशास्त्र का आदिकारण है। जो क्रमशः विकास को प्राप्त होता हुआ एक शास्त्र-विशेष के रूप में परिणत हो गया।

कामशास्त्र का उद्भव एवं विकास

कामशास्त्र के उद्भव का वेद में आदि उल्लेख **'काम'** की उत्पत्ति को परमपुरुष से स्वीकारता है। काम के कारण ही एक वस्तु दूसरी वस्तु पर आकृष्ट होकर संयोग करती है, क्योंकि संकल्प के मूल में काम की भावना होती है। इसीकारण काम को सृष्टि माना गया है जिसका प्राणिमात्र पर दुर्दमनीय प्रभाव है। प्राणिमात्र को अभिभूत करने वाले दुर्धर्ष 'काम-का स्वरूप क्या है? इसके समाधान में आचार्य वात्स्यायन **''श्रोत्रत्वक्चक्षुर्जिह्वा-घ्राणानाम् आत्मसंयुक्तेन मनसाधिष्ठितानां स्वेषु स्वेषु विषयेष्वानुकूल्यतः प्रवृत्तिः कामः''** (1/2/11) कह कर पंच ज्ञानेन्द्रियों की अपने-अपने विषयों में मनसाधिष्ठित आत्मसंयुक्त प्रवृत्ति को ही **'काम'** स्वीकार करते हैं। इस प्रकार श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, जिह्वा, घ्राण-इन पांच ज्ञानेन्द्रियों के माध्यम से आत्मा को मन-बुद्धि के द्वारा रूप, रस, गन्ध, स्पर्श, शब्दरूपी सांसरिक कार्य-व्यापारात्मक विषय का उपभोग करने में जिस अनुकूलता अर्थात् सुख का अनुभव होता है, वह प्रवृत्ति ही **'काम'** है। किन्तु **'काम'** का यह स्वरूप सार्वभौमिक है। सृष्टि की सभी अनुकूलनात्मक क्रियाएँ इसमें अन्तर्भुक्त हो जाती हैं। क्योंकि धर्मपालन में, अर्थसाधन में, स्त्रीपुत्रादि-स्नेह में, विद्याध्ययन में, परोपकार में, प्रकृति की रमणीयता के दर्शन इत्यादि में आत्मा को ज्ञानेन्द्रियों के माध्यम से अनुकूलता की प्रतीति होने के कारण ये क्रियाएँ भी काम का परिणाम ही हैं।

आचार्य वात्स्यायन काम की सार्वभौमिक परिभाषा देने के अनन्तर पुनः काम के लोक में रूढ व्यावहारिक स्वरूप को परिभाषित करते हैं कि नारी-पुरुष के परस्पर विशेष अंगस्पर्शरूप आनन्द की जो फलवती अर्थप्रतीति होती है, प्रधानतः उसे ही लोक में **'काम'** कहा गया है-

'स्पर्शविशेषविषयात्त्वस्याभिमानिकसुखानुविद्धा फलवत्यर्थप्रतीतिः प्राधान्यात्कामः'।

(कामसूत्र 1/2/12)

यहाँ पर पंचकर्मेन्द्रियों के द्वारा व्यवहृत प्रासंगिक सुख के साथ-साथ स्त्रीत्व एवं पुंस्त्व भाव को उद्दीप्त करने वाले त्वगिन्द्रियविषयक स्पर्श-विशेषरूप विचित्र, अवर्णनीय एवं आत्मिकरूपेण आनन्ददायक व्यवहारात्मक फलवती अर्थप्रतीति को **'कामविशेष'** कहा गया है। वाक्, पाणि, पाद, पायु एवं उपस्थ-इन पांच कर्मेन्द्रियों के द्वारा क्रमशः वचन, आदान, विहरण, उत्सर्ग एवं आनन्द-कर्म सम्पन्न होते हैं। इनमें से स्त्री एवं पुरुष के अधोभाग में स्थित जननांग, जो स्वभावतः त्वगिन्द्रिय ही है; परस्पर संसर्गावस्था में अनिर्वचनीय आनन्द को उत्पन्न करते हैं। इस प्रकार स्त्री एवं पुरुष को परस्पर संसर्गजन्य जिस विचित्र एवं अनिर्वचनीय आनन्द की प्राप्ति होती है तथा उस आनन्द की प्राप्ति के साथ-साथ संतति रूपी जिस फल की प्राप्ति होती है, वही काम की फलवती अर्थप्रतीति है; क्योंकि सम्यग्रूपेण सम्पन्न होने वाले संसर्ग से ही सृष्टिप्रक्रिया का सातत्य भी अविच्छिन्न बना रहता है।

इस फलवती अर्थप्रतीति को मानव इसप्रकार सम्पादित करे, जिससे उसकी सामाजिक मर्यादा भी सुरक्षित रहे एवं वह नैसर्गिक सुख-आनन्द का समुचित उपभोग कर अपने गार्हस्थ्य-जीवन को सुखमय बनाते हुए सृष्टि-प्रक्रिया की सातत्य-परंपरा का अंग बन सके। इसके लिए आचार्य वात्स्यायन कहते हैं कि कामविषयक ज्ञान को कामसूत्र एवं विदग्ध नागरिकों से प्राप्त किया जाना चाहिये-

'तं कामसूत्रान्नागरिकजनसमवायाच्च प्रतिपद्येत' (काम.1/2/13)

कामसूत्र के अध्ययन से तथा कामशास्त्र के ज्ञाता नागरिकों से काम की फलवती अर्थसिद्धि हेतु ज्ञान प्राप्त करके लोक-जीवन की जैविक आवश्यकताओं की सम्यक्तया पूर्ति करनी चाहिए, जिससे सामाजिक अपवाद न हो एवं धार्मिक अनुकूलता भी बनी रहे। आचार्य वात्स्यायन द्वारा कथित ''फलवती अर्थप्रतीति'' शब्द में ही कामशास्त्र के विकास की प्रक्रिया को व्यंग्यात्मक रूप में स्पष्ट किया गया है, क्योंकि कामशास्त्र का जो धर्मार्थ समन्वित, अनुमोदित एवं मर्यादित कामोपभोगरूप उद्देश्य है उसकी आधारशिला वेदों में उपलब्ध है। अथर्ववेद में क्रान्तदर्शी ऋषि कहता है-

आ रोह तल्पं सुमनस्यमानेह प्रजां जनय पत्ये अस्मै।
इन्द्राणीव सुबुधा बुध्यमाना ज्योतिरग्रा उषसः प्रति जागरासि।। (14/2/31)

देवा अग्रे न्यऽपद्यन्त पत्नीः समस्पृशन्त तन्वस्तनूभिः।
सूर्येव नारि विश्वरूपा महित्वा प्रजावती पत्या सं भवेह।। (14/2/32)

तां पूषं दिवतमामेरयस्व यस्यां बीजं मनुष्या वपन्ति।
या न ऊरू उशती विश्रयाति यस्यामुशन्तः प्रहरेम शेपः।। (14/2/38)

प्र त्वा मुंचामि वरुणस्य पाशाद् येन त्वाबध्नात् सुशेवा।
उरुं लोकं सुगमत्र पन्थां कृणोमि तुभ्यं सहपत्न्यै वधु।। (14/1/58)

आरोहोरुमुपधत्स्व हस्तं परिष्वजस्व जायां सुमनस्यमानः।
प्रजां कृण्वाथामिह मोदमानौ दीर्घं वामायुः सविता कृणोतु।। (14/2/39)

यद् दुष्कृतं यच्छमलं विवाहे वहतौ च यत्।
तत् संभलस्य कम्बले मृज्महे दुरितं वयम्।। (14/2/66)

उपर्युक्त वेदमन्त्र एवं इन्हीं के समान अन्य मन्त्र कामशास्त्ररूपी भवन की आधारशिला प्रस्तुत करते हैं। अतः प्रजापति ब्रह्मा द्वारा प्रवर्तित वेद ही त्रयी विद्या या त्रिवर्गशास्त्र का आदिकारण है। क्योंकि आचार्य वात्स्यायन कामसूत्र के प्रथम

अधिकरण में कामशास्त्र की परम्परा बताते हुए कहते हैं कि प्रजापति ने प्रजा उत्पन्न करके उनके जीवन को सुव्यवस्थित एवं नियमित करने के उद्देश्य से त्रिवर्गशास्त्रपरक संविधान का सर्वप्रथम एक लक्ष श्लोकों प्रवचन किया-

'प्रजापतिर्हि प्रजाः सृष्ट्वा तासां स्थितिनिबन्धनं त्रिवर्गस्य साधनमध्यायानां शतसहस्रेणाग्रे प्रोवाच' (काम. 1/1/5)

इसका समर्थन करते हुए छान्दोग्य श्रुति का कथन है कि 'प्रजापति ने लोक कल्याण के उद्देश्य से ध्यान-तप किया। उन अभितप्त लोकों से त्रयी विद्या की उत्पत्ति हुयी-

'प्रजापतिः लोकान् अभ्यतपत् तेभ्योऽभितप्तेभ्यः त्रयीविद्या संप्रास्रवत्ताम् अभ्यतपत्।' (छान्दोग्य.2/23/2)

साधारणतः विद्वान् त्रयीविद्या का आशय 'ऋग्यजुःसाम' लगाते हैं। किन्तु वेद तो स्वयमेव विद्या के अधिष्ठान हैं और त्रयीविद्या उसके अंगरूप है। यदि कामसूत्र के त्रिवर्गशात्र प्रवचन एवं महाभारत के शान्तिपर्व 59/29-30 और मत्स्यपुराण 54/3-4 में कथित प्रजापति द्वारा लक्षश्लोक-प्रतिपादित त्रिवर्गशास्त्र के साथ इस त्रयीविद्या का सामंजस्य स्थापित किया जाय, तो संगति स्वयमेव बैठ जाती है कि छान्दोग्यश्रुति द्वारा कथित त्रयी विद्या, त्रिवर्गशास्त्र है तथा यह त्रयीविद्या (त्रिवर्गशास्त्र) ब्रह्मविद्या का ही अंग है। मुण्डकोपनिषद् का कथन भी है कि-संपूर्ण देवों में सर्वप्रथम ब्रह्मा उत्पन्न हुए, जो विश्व के रचयिता एवं त्रिभुवन के रक्षक थे। उन्होंने अपने ज्येष्ठ पुत्र अथर्वा को सर्वविद्याओं की आश्रयभूत ब्रह्मविद्या का उपदेश दिया-

ब्रह्म देवानां प्रथमः सम्बभूव विश्वस्य कर्त्ता भुवनस्य गोप्ता।
स ब्रह्मविद्यां सर्वविद्याप्रतिष्ठामथर्वाय ज्येष्ठपुत्राय प्राह।। (मुण्डक. 1/1)

इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि प्रजापति ब्रह्मा ने संपूर्ण विद्याओं की आश्रयभूत जिस ब्रह्मविद्या का प्रवचन किया, वह विद्या ही त्रयीविद्या, त्रिवर्गशास्त्र आदि मूल आधार है।

वेदों में निदर्शित यत्किंचित् कामशास्त्रीय विचार-पद्धति उपनिषत्काल में और विकसित हुयी। छान्दोग्योपनिषद् में संभोग की तुलना सामवेद के वामदेव्य-गान से करते हुए कहा गया है कि-प्रेयसी को संदेश भेजना 'हिंकार' है। उसे प्रसन्न करने की चाटुकारिता 'प्रस्ताव' है। उसके साथ शयन 'उद्गीथ' है। संभोग 'प्रतिहार' है तथा मैथुनक्रिया की समाप्ति पर होने वाला वीर्य-स्खलन 'निधन' है।

'उपमन्त्रयते स हिंकारो ज्ञपयते स प्रस्तावः स्त्रिया सह शेते स उद्‌गीथः स्त्रीं सह शेते स प्रतिहारः कालं गच्छति तन्निधनं पारं गच्छति तन्निधनमेतद्वामदेव्यं मिथुने प्रोतम्'। (छान्दोग्य.2/13/1)

इसप्रकार जो पुरुष वामदेव्य साम को मिथुन-भाव से ओत-प्रोत जानता है, वह दाम्पत्त्य-सुख सम्पन्न होता है। यहाँ दाम्पत्त्य-सुख की तुलना पवित्र वामदेव्य-गान से करते हुए उसकी महत्ता का प्रतिपादन किया गया है।

बृहदारण्यक श्रुति के षष्ठ अध्याय के चतुर्थ ब्राह्मण में प्रतिपादित पुत्रमन्थकर्म या सन्तानोत्पत्तिविज्ञान है। यह सम्भवतः कामशास्त्र का अब तक प्राप्त व्यवस्थित प्राचीनतम स्वरूप है। इसके द्वारा मर्यादित एवं सुव्यवस्थित दाम्पत्त्य सुख के कार्य-व्यापार को निम्नरूपेण प्रस्तुत किया गया है-''संपूर्ण भूतों का रस पृथिवी है, पृथिवी का रस जल, जल का रस औषधियाँ, उनका रस पुष्प, पुष्पों का रस फल, फलों का रस पुरुष एवं पुरुष का रस रेतस् अर्थात् शुक्र है। प्रजापति ने इस वीर्य की स्थापना के लिए योग्य आधार-भूमि के निर्माण की इच्छा होने पर स्त्री की सृष्टि की। उसकी सृष्टि करके प्रजापति ने उसके अधोभाग की उपासना अर्थात् मैथुन-कर्म का विधान किया। तदनन्तर प्रजापति ने परमोत्कृष्ट, गतिशील एवं प्रस्तरखण्ड सदृश शिश्नेन्द्रिय को उत्पन्न तथा प्रेरित कर उससे संसर्ग किया। उस स्त्री की उपस्थेन्द्रिय वेदी है, वहाँ के रोम कुशाएँ हैं, योनि का मध्य भाग प्रज्ज्वलित अग्नि है। योनि के पार्श्वभाग में दो कठोर मांसपिण्ड हैं वे दोनों मुष्क 'अधिवषण' नाम से ख्यात चर्ममय सोमफलक हैं। इस भावनिष्ठ कर्म से वाजपेय यज्ञ के समान पुण्य प्राप्त होता है। यह कर्म वाजपेय यज्ञ के समान होने के कारण महर्षि आरुणि उद्दालक, मौद्‌गल्य नाक एवं कुमारहारीत मुनि यह विधान करते हैं जो व्यक्ति ऋतुकाल से पूर्व ही इस वीर्य का पत्नी में आधान करते हैं अथवा जल में स्खलन करते हैं, वे समाज से बहिष्कृत होते हैं। इसके लिए उन्हें प्रायश्चित करना पड़ता था।

प्रजापति द्वारा प्रेरित पुरुष अपनी प्रेयसी के पास जाकर उसकी प्रशंसा करे एवं उसके रजस्वलापन के चिन्ह को देखने के पश्चात् पुत्रोत्पत्ति हेतु संसर्गकर्म करने लिए निवेदन करे। यदि पत्नी पति को संसर्ग न करने दे तो पति उसे वस्त्राभूषण आदि के द्वारा उस पर अपना प्रेम प्रकट करे। पत्नी उसे जब संसर्ग का अवसर दे, तो पुरुष अपनी पत्नी को हृदय से चाहते हुए उसकी योनि में अपनी इन्द्रिय को स्थापित करके एवं अपने मुख से उसके मुख को मिलाकर उसके उपस्थभाग का स्पर्श करते हुए कहे कि-'हे वीर्य ! तुम मेरे प्रत्येक अंग में प्रकट होते हो, विशेषतः हृदय से नाड़ी के द्वारा तुम्हारा आविर्भाव होता है, तुम मेरे अंगों के रस हो। अतः जिस प्रकार विषविद्ध बाण से घायल मृगी मूर्च्छित हो जाती है; उसी प्रकार तुम मेरी पत्नी को मेरे प्रति उन्मत्त बना दो, इसे मेरे वश में कर दो।' पुनः अपानन क्रिया करके अभिप्राणन कर्म करते हुए कहे कि-मैं इन्द्रिय रूप वीर्य

के द्वारा तुम्हारे रेतस् का आधान करता हूँ। तब वह स्त्री गर्भिणी होती है। जिसकी पत्नी व्यभिचारिणी हो, वह ब्राह्मण उस जारपुरुष को अभिचारकर्म द्वारा पुण्यहीन बना दे। जिसकी पत्नी ऋतुमती हो, वह उससे तीन दिन तक सर्वथा पृथक् रहे। जब स्त्री में विधिवत् स्थापित गर्भ पूर्ण हो जाय, तब वह सद्गृहस्थ जातकर्मादि कृत्यों को सम्पन्न करे।''

इस प्रकार उपनिषद् में ऋषि शिष्य को पूर्णरूपेण शिक्षित करने के बाद उसका समावर्तन संस्कार कर गृहस्थाश्रम में प्रवेश की अनुमति देते हुए उससे कहता है-

'सत्यं वद। धर्मं चर। स्वाध्यायान्मा प्रमदः। आचार्याय प्रियं
धनमाहृत्य प्रजातन्तुं मा व्यवच्छेत्सीः' (तैत्तिरीय.1/11/1)

अर्थात् ''वत्स ! सदा सत्य बोलना, धर्म का आचरण करते रहना, अप्रमत्त होकर वेदों का स्वाध्याय करना तथा गृहस्थाश्रम में प्रवेश करके सन्तानोत्पादन की परम्परा की वृद्धि करना।'' यहाँ सन्तानपरम्परा का विच्छेद न होने पाये, इसलिये गृहस्थाश्रम में प्रवेश करने से पूर्व ब्रह्मचारी को विधिवत् सन्तानोत्पत्तिविज्ञान के लिये पुत्रमन्थकर्म की शिक्षा दी जाती थी; जो कामशास्त्र का औपनिषदिक रूप है।

उपर्युक्त उद्धरण यह स्पष्ट करते हैं कि कामशास्त्र का उद्भव एवं विकास वेद, उपनिषदादि में चरणबद्ध रूप से स्फुट होता हुआ वात्स्यायन द्वारा कथित औद्दालकि श्वेतकेतु द्वारा पृथक शास्त्र के रूप में प्रथमत उपदिष्ट हुआ। श्वेतकेतु वैवाहिक जीवन में दाम्पत्य-मर्यादा के प्रतिष्ठापक माने जाते हैं। उनको यह विद्या पैतृक परम्परा से प्राप्त हुयी थी।

कामशास्त्रीय ग्रन्थ-परम्परा

आचार्य वात्स्यायन कामसूत्र से पूर्व की कामशास्त्रीय ग्रन्थ-परम्परा पर प्रकाश डालते के क्रम में कहते हैं-

'प्रजापतिर्हि प्रजाः सृष्ट्वा तासां स्थितिनिबन्धनं त्रिवर्गस्य
साधनमध्यायानां शतसहस्रेणाग्रे प्रोवाच' (काम.1/1/5)

अर्थात् प्रजापति ब्रह्मा द्वारा प्रवर्तित यह शतसहस्र अध्यायों वाला त्रिवर्गशास्त्र धर्म, अर्थ एवं काम के सांगोपांग विवेचन एवं विधि-व्यवस्था से परिपूर्ण था। ब्रह्मा ने उस शास्त्र के द्वारा समाज की व्यवस्था, सुरक्षा एवं उत्तरोत्तर विकास की भूमिका प्रस्तुत की। प्रजापति द्वारा प्रवर्तित इस संविधानरूप त्रिवर्गशास्त्र का समर्थन एवं उल्लेख करते हुए महर्षि कृष्ण द्वैपायन वेदव्यास कहते हैं-

ततोऽध्यायसहस्राणां शतं चक्रे स्वबुद्धिजम्।
यत्र धर्मस्तथैवार्थः कामश्चैवाभिवर्णितः।।

त्रिवर्ग इति व्याख्यातो गण एष स्वयम्भुवा।।
(महा. शान्ति. 59/29-30)

मत्स्यपुराण में भी शतकोटिप्रविस्तर त्रिवर्गसाधनभूत पुराण-संहिता का उल्लेख करते हैं:-

पुराणं सर्वशास्त्राणां प्रथमं ब्रह्मणा स्मृतम्।
पुराणमेकमेवासीत् तदा कल्पान्तरेऽनघ।।
त्रिवर्गसाधनं पुण्यं शतकोटिप्रविस्तरम्।। (53/3-4)

शतसहस्रप्रविस्तर पुराणसंहिता त्रिवर्गशास्त्र के धर्म, अर्थ एवं काम-इन तीनों स्तम्भों को क्रमशः स्वायम्भुव मनु, बृहस्पति एवं महादेवानुचर नन्दी ने पृथक्-पृथक् प्रवर्तित किया। यहीं से कामशात्र की स्वतंत्र ग्रन्थ-परम्परा का प्रारम्भ हुआ। इस ग्रन्थ परम्परा को सुविधा की दृष्टि से दो भागों में विभक्त किया जा सकता है-(क) वात्स्यायनीय कामसूत्र से पूर्ववर्ती ग्रन्थ तथा (ख) वात्स्यायनीय कामसूत्र एवं परवर्ती ग्रन्थ।

(क) वात्स्यायनीय कामसूत्र से पूर्ववर्ती ग्रन्थ

कामसूत्र की पूर्ववर्ती ग्रन्थ-परम्परा का अधिकांश विवरण कामसूत्र से ही प्राप्त होता है। आचार्य वात्स्यायन ने कामसूत्र के प्रथम अधिकरण में पूर्ववर्ती कामशास्त्रीय ग्रन्थों का उल्लेख किया है, जिनका विवरण इस प्रकार है:-

01. आचार्य नन्दी या नन्दिकेश्वर द्वारा प्रोक्त कामसूत्र

आचार्य वात्स्यायन कामसूत्र का आदि आचार्य महादेवानुचर नन्दी को स्वीकारते हुए कहते हैं कि प्रजापति द्वारा प्रवर्तित त्रिवर्गशास्त्र में से एक हजार अध्यायों वाले कामशास्त्रीय भाग को त्रिवर्गशास्त्र से पृथक् कर महादेवानुचर नन्दी ने उसे स्वतंत्र रूप दे दिया-

महादेवानुचरश्च नन्दी सहस्रेणाध्यायानां
पृथक् कामसूत्रं प्रोवाच। (काम. 1/8)

महादेवानुचर नन्दी का विस्तृत परिचय शिवपुराण की शतरुद्रसंहिता के अध्याय 6 एवं 7 से प्राप्त होता है। जिसके अनुसार नन्दी शालंकायनपुत्र शिलादि ऋषि के पुत्र थे। इनका जन्म शिव के वरदान-स्वरूप हुआ था। इन्होंने सांगोपांग वेदों सहित अन्यान्य शास्त्रों का भी अध्ययन किया था। इनका विवाह मरुद्गणों की कन्या सुयशा के साथ हुआ था। भगवान् शिव ने इन्हें अमरत्व प्रदान कर अपने गणनायकों का अध्यक्ष बना दिया। ऐसा ही उल्लेख वराहपुराण एवं कूर्मपुराण में भी प्राप्त होता है। कामसूत्र में सूत्र 1/1/8 की टीका में आचार्य यशोधर नन्दी के कामसूत्र के विषय में एक अनुश्रुति का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि-ऐसा सुना जाता है कि भगवान् शंकर के द्वारा सहस्रों दिव्य वर्षों तक

भगवती उमा के साथ सुरत-सुख का अनुभव करते समय, उनके आमोद-भवन के रक्षार्थ द्वार पर नियुक्त नन्दी ने ही (सर्वप्रथम) कामसूत्र का प्रवचन किया-

तथा हि श्रूयते-'दिव्यवर्षसहस्रम् उमया सह सुरतसुखम् अनुभवति महादेवे वासगृहद्वारगतो नन्दी कामसूत्रं प्रोवाच' इति।

कामसूत्र के टीकाकार यशोधर के मतानुसार प्रतीत होता है कि वात्स्यायन के समय में नन्दी-प्रोक्त कामसूत्र लगभग नष्ट हो चुका था। रतिरहस्यकार आचार्य कोक्कोक भी **रतिरहस्य** में कामशास्त्र के आदि आचार्य के रूप में **नन्दिकेश्वर** का स्मरण करते हैं। **रसरत्नसमुच्चयकार** इनका स्मरण आयुर्वेदज्ञ के रूप में करते हुए इन्हें **नाभियन्त्र** का आविष्कारक बताते हैं-

'नाभियन्त्रमिदं प्रोक्तं नन्दिना सर्ववेदिना'
(रसरत्नसमुच्चय, पूर्वखण्ड-9/26)

काव्यमीमांसा के प्रथम अध्याय (शास्त्रसंग्रह) में राजशेखर ने नन्दिकेश्वर को रस का आधिकारिक आचार्य स्वीकार किया है। मेघदूत की **विद्युल्लता टीका** में उत्तरमेघ के 15वे श्लोक की टीका में टीकाकार **पूर्णसरस्वती** ने पद्मिनी नायिका का लक्षण प्रस्तुत करते हुए उस लक्षण-वाक्य को नन्दीश्वरमत बताया है।

उपर्युक्त विवरणों के आलोक में कहा जा सकता है कि आचार्य नन्दी या नन्दिकेश्वर नाट्यशास्त्र, कामशास्त्र, रसशास्त्र, आयुर्वेद, वेदविद्या आदि के प्रामाणिक आचार्य थे।

02. औद्दालकि श्वेतकेतु-कृत सुखशास्त्र कामसूत्र

आचार्य नन्दी के पश्चात् कामशास्त्रीय आचार्य-परम्परा में अगले महत्वपूर्ण आचार्य औद्दालकि श्वेतकेतु ने नन्दी-प्रोक्त कामसूत्र को संक्षिप्त कर पाँच सौ अध्यायों में सम्पादित किया-

तदेव तु पञ्चभिरध्यायशतैः औद्दालकिः श्वेतकेतुः संचिक्षेप। (काम.1/1/9)

आचार्य औद्दालकि श्वेतकेतु के विषय में विभिन्न ग्रन्थों का अनुशीलन करने पर विशिष्ट तथ्य प्राप्त होते हैं। महाभारत में सभापर्व के तृतीय अध्याय के अनुसार आचार्य श्वेतकेतु पंचाल निवासी महर्षि **आरुणि** पांचाल, उद्दलन कर्म के कारण **उद्दालक** नाम से प्रसिद्ध थे। छान्दोग्य एवं बृहदारण्यक आदि उपनिषदों में इन्हें **आरुणेय** नाम से भी स्मरण करते हुये गौतम गोत्रीय ब्राह्मण बताया गया है।

महाभारत में ही शान्तिपर्व के 220वें अध्याय के अनुसार इनका विवाह शाण्डिल्य गोत्रीय ब्राह्मणों में प्रवर के रूप में स्मृत ब्रह्मर्षि **देवल** की परमविदुषी कन्या **सुवर्चला** के साथ हुआ था। ये परम योगी, न्यायविशारद, क्रियाकल्पविद् एवं विविध शास्त्रों के मर्मज्ञ थे। इनके एवं आचार्य नन्दी के मध्य सुरतकर्म अर्थात् कामशास्त्र को वाजपेय-यज्ञ के समान स्वीकारने वाले आरुणि उद्दालक, मौद्गल्य नाक एवं कुमारहारीत आदि मुनि हुए थे-

एतद्ध स्म वै तद् विद्वानुद्दालक आरुणिराहैतद्ध स्म वै तद्विद्वान्नाको मौद्गल्य आहैतद्ध स्म वै तद्विद्वान् कुमारहारीत आह......।

(बृहदारण्यक 06/4/4)

किन्तु इन सभी ने सम्भवतः नन्दी-प्रोक्त कामशास्त्र को यथावत् रहने दिया। आरुणि उद्दालक के बाद उनके पुत्र **श्वेतकेतु** ने नन्दी द्वारा प्रोक्त कामशास्त्र में क्रान्तिकारी परिवर्तन करते हुए उसको पाँच सौ अध्यायों में संक्षिप्त कर दिया। कामसूत्र की **जयमंगला टीका** के प्रणेता यशोधर औद्दालकि श्वेतकेतु द्वारा **सुखशास्त्र** कामशास्त्र की रचना पर एक कथन उद्धृत करते हुए कहते हैं कि लोक को मर्यादित करने के उद्देश्य से पिता की आज्ञा होने पर तपोनिष्ठ श्वेतकेतु ने सुखशास्त्र की रचना की-

तथाचोक्तम्-
मद्यपानान्निवृत्तिश्च ब्राह्मणानां गुरोः सुतात्।
परस्त्रीभ्यश्च लोकानां ऋषेरौद्दालकादपि।।
ततः पितुरनुज्ञानाद् गम्यागम्यव्यवस्थया।
श्वेतकेतुस्तपोनिष्ठः सुखं शास्त्रं निबद्धवान्।। (काम.जय.1/1/9)

बृहद्देवता के उल्लेखानुसार श्वेतकेतु, गालव आदि नौ ऋषियों को पौराणिक कवि माना गया है-

नवभ्य इति नैरुक्ताः पुराणाः कवयश्च ये।
मधुकः श्वेतकेतुश्च गालवश्चैव मन्वते।। (1/24)

श्वेतकेतु वैदिक ऋषि-परम्परा के मान्य विद्वान् हैं। आचार्य वात्स्यायन कामसूत्र में इनके मतों का स्पष्ट उद्धरण साम्प्रयोगिक अधिकरण के रतावस्थापन प्रकरण में स्त्री-पुरुष के कामसंवेगों एवं स्खलन की पुष्टि हेतु, पारदारिक अधिकरण के दूतीकर्म प्रकरण में दूती-प्रयोग के विषय में खण्डन हेतु तथा वैशिक अधिकरण के अर्थानर्थानुबन्ध संशय-विचार प्रकरण में अर्थानर्थरूप उभयतोयोग कथन हेतु प्रस्तुत करते हैं।

03. बाभ्रव्य पांचाल-कृत कामसूत्र

श्वेतकेतु के पश्चात् कामशास्त्र को विशिष्ट स्वरूप प्रदान किया पंचालवासी आचार्य बाभ्रव्य ने। इन्होंने श्वेतकेतु द्वारा सम्पादित सुखशास्त्रपरक कामशास्त्र का पुनः संपादन कर उसे साधारण, साम्प्रयोगिक, कन्यासंप्रयुक्तक, भार्याधिकारिक, पारदारिक, वैशिक एवं औपनिषदक; इन सात अधिकरणों में विभाजित कर एक सौ पचास अध्यायों में संक्षिप्त कर दिया। इसका उल्लेख करते हुए वात्स्यायन कहते हैं-

तदेव तु पुनरध्यर्धेनाध्यायशतेन साधारण-साम्प्रयोगिक-कन्यासंप्रयुक्तक-भार्याधिकारिक-पारदारिक-वैशिक-औपनिषदिकैः सप्तभिरधिकरणैः बाभ्रव्यः पाञ्चालः संचिक्षेप। (कामसूत्र 1/1/10)

आचार्य बाभ्रव्य के विषय में विविध पौराणिक एवं अन्य ग्रन्थों में जो तथ्य प्राप्त होते हैं, उनमें मत्स्यपुराण के अनुसार बाभ्रव्य पंचालनरेश ब्रह्मदत्त के मंत्री थे। इनका पूर्ण नाम **सुबालक बाभ्रव्य** था। ये कामशास्त्र प्रणेता एवं सर्वशास्त्रज्ञ थे तथा लोक में पाञ्चाल के नाम से प्रसिद्ध थे-

कामशास्त्रप्रणेता च बाभ्रव्यस्तु सुबालकः।
पाञ्चाल इति लोकेषु विश्रुतः सर्वशास्त्रवित्।। (50/24-25)

हरिवंशपुराण में हरिवंशपर्व के 23-24वें अध्याय के अनुसार बाभ्रव्य पांचाल बह्वृच शाखानुयायी, धर्म-अर्थ-काम के तत्त्वज्ञ थे। उन्होंने वैदिकों में प्रसिद्ध ऋग्वेद के क्रमपाठ की विधि एवं शिक्षा वेदांग का प्रणयन किया था। यह सन्दर्भ **ऋक्प्रातिशाख्य** के क्रमहेतुपटल के 65वें सूत्र में भी प्राप्त होता है, जिसके अनुसार **बाभ्रव्य** ऋग्वेद के क्रमपाठ के प्रवक्ता भी थे-

इति प्र बाभ्रव्य उवाच च क्रमं, क्रमप्रवक्ता प्रथमं शशंस च।

उपर्युक्त तथ्यों की पुष्टि महाभारत के शान्तिपर्व के 342 वें अध्याय के इस उद्धरण से भी होती है-

पाञ्चालेन क्रमः प्राप्तस्तस्माद् भूतात्सनातनात्।
बाभ्रव्यगोत्रः स बभौ प्रथमं क्रमपारगः।।१०३।।
नारायणाद् वरं लब्ध्वा प्राप्य योगमनुत्तमम्।
क्रमं प्रणीय शिक्षां च प्रणयित्वा स गालवः।।१०४।।

अर्थात् गालव (अपरनाम) बाभ्रव्यगोत्रीय पांचाल ने नारायण की उपासना से प्राप्त वर के प्रभाव से ऋग्वेद के क्रमपाठ का प्रवर्तन करने के साथ ही शिक्षाग्रन्थ का भी प्रणयन

किया। ये ऋग्वेद की शाखा के प्रवर्तक आचार्य भी थे। आचार्य वात्स्यायन भी इन्हें बह्वृच शाखा का प्रवर्तक स्वीकारते हुए कहते हैं कि कुछ लोगों के अनुसार बाभ्रव्य पांचाल ने ही बह्वृच शाखा को 64 भागों में विभक्त किया था। अतः कामशास्त्र के वेद के साथ संबन्ध की पुष्टि एवं कामशास्त्र की महत्ता प्रकट करने के लिए ऋग्वेद की भाँति ही साम्प्रयोगिक अधिकरण को भी बाभ्रव्य पांचाल ने 64 अंगों वाला बनाया-

पञ्चालसम्बन्धाच्च बह्वृचैरेषां पूजार्थं
संज्ञा प्रवर्तिता इत्येके (कामसूत्र 2/2/3)

इस सूत्र को विवेचित करते हुए कामसूत्र के प्रामाणिक व्याख्याकार यशोधर कहते हैं कि-पांचाल बाभ्रव्य के संबन्ध से भी इस कामशास्त्र को **चतुःषष्टि** कहा गया है। महर्षि बाभ्रव्य पांचाल ने ऋग्वेद को 64 अध्यायों में विभक्त किया है और अपने द्वारा संपादित कामसूत्र के साम्प्रयोगिक अधिकरण को भी इन्होंने आलिंगन, चुम्बन, नखक्षत, दन्तक्षत, संवेशन, सीत्कार, पुरुषायित एवम् औपरिष्टक संज्ञक 64 भागों में विभक्त किया। सुश्रुतसंहिता के टीकाकार आयुर्वेदाचार्य **डल्हण** के अनुसार व्याकरणशास्त्र के प्रवक्ता बाभ्रव्य पांचाल **गालव** भगवान् धन्वन्तरि के शिष्य थे। संस्कृत साहित्य का बृहद् इतिहास (पृ. 537) में वाचस्पति गैरोला के उल्लेखानुसार **बाभ्रव्य** ने संहिता, ब्राह्मण, क्रमपाठ, कामसूत्र, शिक्षा, निरुक्त, व्याकरण, दैवतग्रन्थ, शालाक्यतंत्र आदि विषयों एवं नामों से विभिन्न ग्रन्थों का प्रणयन किया था।

बृहद्देवता (1/24) के उल्लेखानुसार महर्षि गालव भी **श्वेतकेतु** की भाँति पौराणिक कवि एवं निरुक्तकार थे। गालव अपरनामवाले बाभ्रव्य पांचाल के मतों का उल्लेख ऐतरेय आरण्यक, बृहद्देवता, निरुक्त, अष्टाध्यायी, वायुपुराण, चरकसंहिता, **भाषावृत्ति**, कामसूत्र आदि ग्रन्थों में प्राप्त होता है।

बाभ्रव्य पांचाल द्वारा संपादित कामसूत्र तो काल के प्रवाह में विलुप्त हो गया। परन्तु वात्स्यायन ने कामसूत्र के प्रत्येक अधिकरण में यत्र-तत्र अनेक स्थलों पर अपने मतों की पुष्टि तथा उनके कुछ मतों का खण्डन कर नवीन मत की स्थापना के सन्दर्भ में आचार्य बाभ्रव्य के मतों का उल्लेख किया है।

कामसूत्र में बाभ्रव्य पांचाल के मतों का स्पष्ट उद्धरण 'साधारण अधिकरण के नायकसहायदूतकर्मविमर्शप्रकरण में परस्त्री के गम्यागम्यत्व के कथन के अवसर पर पाँच पुरुषों के द्वारा भुक्त परस्त्री को पूर्णतः गम्य नायिका स्वीकार करने के प्रसंग में; साम्प्रयोगिक अधिकरण के रतावस्थापनप्रकरण में रति-जनित आनन्द के विवेचन के प्रसंग में, आलिगंनविचारप्रकरण में बाभ्रव्य द्वारा संभोग-कला को आलिंगन, चुम्बन, नखक्षत, दन्तक्षत, संवेशन, सीत्कृत, पुरुषायित एवं औपरिष्टक-इन आठ भेदों में विभक्त कर पुनः

उनके आठ-आठ उपभेद कर कामकला को **चतु:षष्टि पांचालिकी** कला बताने तथा बाभ्रव्य द्वारा प्रवर्तित आलिंगन के आठ भेदों के कथन के प्रसंग में, संवेशनविधिप्रकरण में बाभ्रव्य द्वारा प्रवर्तित संवेशन के भेदकथन के प्रसंग में; भार्याधिकारिक अधिकरण के ज्येष्ठादिवृत्तप्रकरण के पुनर्भूप्रकरण में तत्कालीन समाज में कई स्त्रियों का पति से असंतुष्ट होकर अन्य प्रणयी एवं समर्थ पुरुष को पति के रूप में स्वीकार करने के लोक-व्यवस्था के कथन के प्रसंग में; पारदारिक अधिकरण के दूतीकर्मप्रकरण में परदाराभियोग हेतु दूती-प्रयोग एवं परदारा-समागम के लिए उपयुक्त स्थान के संबन्ध में तथा अन्तःपुरिकावृत्तप्रकरण में राजाओं के अन्तःपुर में रहने वाली रमणियों के स्वभाव-परीक्षण के संबन्ध में; वैशिक अधिकरण के अर्थादिविचारप्रकरण में वेश्या द्वारा अर्थागम के संदर्भकथन में; औपनिषदिक अधिकरण के नष्टरागप्रत्यानयनप्रकरण में प्रमदासंतुष्टिकारक त्रपु (रांगा), शीशक आदि के कृत्रिम लिंग के गुणकथन के संदर्भ में, नामसहित प्राप्त हैं। इसके अतिरिक्त कामसूत्र टीकाकार यशोधर ने भी **जयमंगला** टीका में बाभ्रव्य पांचाल के मतों को उद्धृत किया है, वह इस प्रकार है-

अत्र बाभ्रवीयाः श्लोकाः

पौरुषं मेहनं यत्र मेहने परिघृष्यते ।
भावकालौ समानौ च तद्रतं श्रेष्ठमुच्यते ।।१।।

भिद्यते मेहनं यत्र घृष्यते च न सर्वशः ।
विषमौ कालभावौ च कनिष्ठं तदुदाहृतम् ।।२।।

सुरतं सर्वसाम्ये स्याद्वैषम्ये दूरतं स्मृतम् ।
मध्यमानि तु सर्वाणि तेषु चाहुर्बलाबलम् ।।३।।

बलीयान्सर्वतः कालः कालेऽपि हि शशोऽपि सन् ।
संस्पृशत्येव सर्वत्र हस्तिनी मेहनोदरम् ।।४।।

एवं वाजी च कथ्येत मृगीकालप्रकर्षणः ।
तस्मात्प्रमाणमेवाहुः बलीयः सर्वतः परे ।।५।।

बलीयान्वेग इत्यन्ये यस्मादश्वोऽप्यवेगवान् ।
नैवं साधयितुं शक्तो वेगः कालप्रकर्षणः ।।६।।

एवं तु नैव खिद्येत मन्दवेगापि नायिका ।
यथाविषयमेतासां तस्माज्ज्ञेयं बलाबलम् ।।७।।

हीनो भावप्रमाणाभ्यां वेगवान्कालवर्जितः ।
कालप्रमाणहीनश्च तत्र शेषेण साधयेत् ।।८।।
(काम. जयमं. 2/1/34)

यथाहुर्बाभ्रवीयाः

पुत्रिका चित्ररूपाणि पशवः शुकसारिका।
सर्वेषां गूढभावानां दूतकर्माणि कुर्वते।।
(काम. जयमं 05/4/62)

इसके अतिरिक्त सप्तदश शतक के सामराज दीक्षित के पुत्र **कामराज दीक्षित** ने कामसूत्र में प्राप्त सामान्य श्लोकों एवं आनुवंश्य श्लोको को बाभ्रव्यकृत मानते हुए उनका पृथक् **बाभ्रव्यकारिका** नाम से संग्रह कर उस पर लघुटीका का प्रणयन किया था। यह ग्रन्थ पं. ढुण्ढिराज शास्त्री द्वारा संपादित होकर **कामकुंजलता** की अष्टम मंजरी के रूप में चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी से सन् 1976 ई. में प्रकाशित हुआ है।

इसप्रकार कामशास्त्र को बाभ्रव्य का ऋणी मानते हुए यह स्पष्टरूपेण कहा जा सकता है कि वर्तमान में कामसूत्र का जो स्वरूप प्राप्त होता है, उसकी क्रमबद्ध आधारशिला आचार्य बाभ्रव्य ने ही रखी। बाभ्रव्य वैदिक ऋषि-परम्परा के आचार्य एवं ऐतरेयब्राह्मण आदि से पूर्व उद्धृत हैं।

04. **दत्तक-कृत दत्तकसूत्र**

बाभ्रव्य के पश्चात् कामशास्त्रीय ग्रन्थ-परम्परा एकांगी होने लगी। कामसूत्र में प्राप्त विवरण के अनुसार पाटलिपुत्र निवासी माथुर ब्राह्मण आचार्य **दत्तक** ने पाटलिपुत्र की गणिकाओं के अनुरोध पर कामसूत्र के छठें अधिकरण वैशिक अधिकरण को आधार बनाकर स्वतन्त्र रूप से **दत्तकसूत्र** नामक कामशास्त्रीय ग्रन्थ की रचना की-

तस्य षष्ठं वैशिकमधिकरणं पाटलिपुत्रिकाणां गणिकानां
नियोगाद्दत्तकः पृथक्चकार। (कामसूत्र 1/1/10)

दत्तक एवं तत्कृत दत्तकसूत्र के विषय में यत्किंचित् विवरण कुछ कामशास्त्रीय ग्रन्थों, नाट्यकृतियों एवं अभिलेखीय संदर्भ से ही प्राप्त होते हैं। उपर्युक्त सूत्र की टीका में यशोधर दत्तक के विषय में विवरण देते हुए कहते हैं कि ये पाटलिपुत्र निवासी किसी माथुर ब्राह्मण के पुत्र थे। इनके जन्मकाल के कुछ समय पश्चात् ही इनके माता-पिता दिवंगत हो गये थे। एक ब्राह्मणी ने इन्हें अपना दत्तकपुत्र बना लिया जिसके कारण ये **दत्तक** नाम से प्रसिद्ध हो। वयःसन्धि तक ये सभी विद्याओं एवं कलाओं में प्रवीण हो गए थे। कलाओं के प्रति आसक्ति होने से दत्तक प्रायः पाटलिपुत्र की कलाशास्त्र में प्रवीण गणिकाओं के संसर्ग में रहा करते थे, जिसके कारण कामशास्त्र के आचार्य के रूप में इन्हें विशेष प्रसिद्धि प्राप्त हुयी। बाद में पाटलिपुत्र की गणिकाओं के अनुरोध पर कामशास्त्र के वैशिक अधिकरण पर इन्होंने स्वतन्त्र रूप से **दत्तकसूत्र** नामक कामशास्त्रीय ग्रन्थ का प्रणयन किया।

कामसूत्र के अतिरिक्त दत्तक का उल्लेख अष्टम शतक के कश्मीरी कवि दामोदरगुप्त प्रणीत **'कुट्टनीमतम्'** नामक वैशिक अधिकरणीय काव्यग्रन्थ में 77वें एवं 122वें श्लोक में प्राप्त होता है। रूपककार **शूद्रक** स्वकृत **'पद्मप्राभृतकम्'** नामक भाणरूपक में 'दत्तकसूत्र' ग्रन्थ का नामतः उल्लेख करते हुए कहते हैं कि वेश्या के आंगन में घुसा हुआ भिक्षु उसीप्रकार शोभित नहीं होता है, जिस प्रकार वैशिक-अधिकरण पर आधारित 'दत्तकसूत्र' नामक ग्रन्थ में पवित्र ओंकार शब्द शोभित नहीं होता है-

वेश्याङ्गणं प्रविष्टो मोहाद् भिक्षुर्यदृच्छया वाऽपि।
न भ्राजते प्रयुक्तो दत्तकसूत्रेष्विवोंकारः।।२४।।

दत्तकप्रणीत तीन सूत्रों के स्पष्ट विवरण प्राप्त होते हैं। जिनमें से प्रथम उल्लेख गुप्तकालीन कवि **ईश्वरदत्त** प्रणीत **'धूर्तविटसंवाद'** नामक भाणरूपक में **'आपुमन शब्दकाम इति दात्तकीयाः'** है। द्वितीय उल्लेख सप्तम शतक के कवि आर्य **श्यामलिक** प्रणीत **'पादताडितकम्'** नामक भाणरूपक में **'दत्तकेनाप्युक्तं** कामोर्थनाशः पुंसाम्' मिलता है। तृतीय उल्लेख कामसूत्र की जयमंगलाटीका (6/3/20 की टीका) में **'भाण्डसम्प्लवे विशिष्टग्रहणम् इति दत्तकसूत्रस्पष्टार्थं** कहकर प्राप्त होता है।

'दत्तकसूत्र' पर गंगवंश के शासक **माधवमहाधिराज** ने टीका का प्रणयन किया था। 'केरेगालूर' में प्राप्त गंगवंशी नरेश के दानपत्र के अनुसार गंगवंशी राजा **दुर्विनीत** ने **बृहत्कथा** को देवभारती के स्वरूप में उपनिबद्ध किया था एवं उसके पूर्वज श्रीमन्माधवमहाधिराज ने 'दत्तकसूत्र' पर वृत्ति लिखी थीः-

स्वस्ति श्री जितं। भगवता गतधनगगनाभेन पद्मनाभेन। श्रीमज्जाह्नवेयकुलामलव्योमावभासनभास्करः सुखंगैकप्रहारखण्डित-महाशिलास्तम्भबलपराक्रमः काण्वायनसगोत्र-श्रीमत्कोंगुणिमहाधिराजो भुवि विभुतमोऽभवत्। तत्पुत्रो नीतिशास्त्रकुशलो दत्तकसूत्रस्य वृत्तेः प्रणेता श्रीमन्माधवमहाधिराजः।

दत्तकसूत्र के वृत्तिकार श्रीमन्माधवमहाधिराज काण्वायनगोत्रीय गंगवंशीय ब्राह्मण नरेश थे। इनका समय इतिहासज्ञों द्वारा पंचम शतक पूर्वार्द्ध स्वीकृत है। A Triennial Catalogue of manuscripts collected for the Government Oriental Manuscripts Library में संख्या 3220(b) में प्राप्त विवरण के अनुसार दत्तकसूत्र पर एक अज्ञात विद्वान् द्वारा रचित वृत्ति अपूर्ण रूप में गवर्नमेन्ट ओरिएण्टल मैन्युस्क्रिप्ट लाइब्रेरी (चेन्नई) में सुरक्षित है।

उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में कहा जा सकता है कि आचार्य दत्तक का यह सूत्रग्रन्थ संभवतः दशम शतक तक पूर्णतया सुरक्षित रहा। कालान्तर में सुरक्षा के अभाव के कारण यह ग्रन्थ लुप्तप्राय हो गया। आचार्य वात्स्यायन के कथनानुसार कामसूत्र के वैशिक

अधिकरण का संपूर्ण आधार प्रायः दत्तकसूत्र से ही ग्रहण किया गया है। मान्यतानुसार इस ग्रन्थ में तत्कालीन सामाजिक विधान को दृष्टिगत रखते हुए गणिका-जनों के लाभ-हानि के बारे में विस्तृत निर्देश-सहित वेश्याजनोचित चतुःषष्टि पांचालिकी कामकलाओं का पूर्ण विवरण भी था। इनका समय ईशवीय पूर्व में माना जा सकता है।

05. **चारायणकृत साधारण-अधिकरणीय ग्रन्थ**

कामसूत्र के अनुसार आचार्य चारायण ने दत्तक की ही भाँति कामसूत्र के साधारण अधिकरण को आधार बनाकर स्वतंत्र रूप से ग्रन्थ का प्रणयन किया-

तत्प्रसंगात् चारायणः साधारणमधिकरणं पृथक्प्रोवाच (कामसूत्र 1/1/12)

कामसूत्र के अतिरिक्त **चारायण** का स्मरण कौटिलीय **अर्थशास्त्र** में **'तृणमिति दीर्घचारायणः** (5/93/4) कहकर एवं पातंजल **महाभाष्य** (सूत्र 1/1/72) में किया गया है। अर्थशास्त्र से यह प्रतीत होता है कि ये किसी राज्य के महामात्य थे। ये कृष्णयजुर्वेद की चारायणीय शाखा के प्रर्वतक, चारायणीय शिक्षा के रचयिता एवं अर्थशास्त्र के मर्मज्ञ थे। इन्होंने कामशास्त्र के सुसंस्कृत मानव जीवनचर्या के साधारण अधिकरण पर विशेष प्रकाश डाला है। इनका समय ई.पू. तृतीय शतक से पूर्व था। वस्तुतः चारायण समाजविज्ञानी थे। वात्स्यायन ने साधारण अधिकरण के अधिकारी विद्वान् के रूप में इनके मतों का उल्लेख किया है अतएव इनका कामशास्त्र के आचार्य के रूप में यहाँ उल्लेख किया गया है।

आचार्य वात्स्यायन कामसूत्र में चारायण के मतों का स्पष्ट उद्धरण 'साधारण अधिकरण के नागरकवृत्तप्रकरण में नागरक की भोजन-व्यवस्था के प्रसंग में एवं नायकसहायदूतकर्मप्रकरण में नायिकाभेद-कथन के समय विधवा स्त्री को पंचम प्रकार की नायिका स्वीकार करने के प्रसंग में प्रस्तुत करते हैं।

06. **घोटकमुख-कृत कन्यासम्प्रयुक्तकाश्रित ग्रन्थ**

कामसूत्र में प्राप्त विवरणानुसार आचार्य **घोटकमुख** ने कामसूत्र के तृतीय अधिकरण कन्यासम्प्रयुक्तक को आधार बनाकर अपने ग्रन्थ की रचना की-

घोटकमुखः कन्यासम्प्रयुक्तम् (कामसूत्र 1/1/12)

घोटकमुख का उल्लेख बौद्ध ग्रन्थ मज्झिम-निकाय, अर्थशास्त्र, जैन ग्रन्थ **नन्दिसूत्र** एवं अनुयोगदारसूत्र में प्राप्त होता है। **'मज्झिमनिकाय'** के घोटकमुखसुत्त के अनुसार आचार्य घोटकमुख अंगराज के अमात्य थे। इन्हें पाँच सौ कार्षापण (तत्कालीन मुद्रा की एक इकाई) दैनिक वेतन प्राप्त होता था, बाद में ये बौद्ध बन गये थे। आचार्य कौटिल्य ने **'शीटा शाटीति घोटकमुखः'** (कौ. अर्थ.4/93/5) कहकर इन्हें किसी राजा का अमात्य स्वीकार किया है। घोटकमुख कौटिल्य द्वारा स्मृत हैं। अतः इनका समय चतुर्थ शतक ई.पू. अनुमानित है।

कामसूत्रीय विवरणनुसार घोटकमुख ने विवाह योग्य कन्या हेतु उसके अभिभावक द्वारा अथवा अवस्थाप्राप्त कन्या द्वारा स्वयं अनुकूल वर चयन कर सामाजिक जीवननिर्वाह को आधार बनाकर कन्यासम्प्रयुक्तकाश्रित ग्रन्थ का निर्माण किया। ये मुख्यरूपेण अर्थशास्त्र एवं गौणरूपेण कामशास्त्र के आचार्य माने गये हैं।

आचार्य वात्स्यायन कामसूत्र में घोटकमुख के मतों का स्पष्ट उद्धरण 'साधारण अधिकरण के नायकसहायदूतकर्मप्रकरण में नायिकाभेद कथन के समय गणिका की अक्षतयोनि पुत्री अथवा परिचारिका को सप्तम प्रकार की नायिका स्वीकार करने के प्रसंग में; कन्यासम्प्रयुक्तक अधिकरण के वरणसंविधानप्रकरण में योग्य कन्या के विषय में पुष्टि हेतु, कन्याविस्रम्भणप्रकरण में लज्जाशील कन्या के स्वभाव-कथन हेतु, बालोपक्रमप्रकरण में बाल्यकालिक प्रेम की उत्कृष्टता हेतु तथा एकपुरुषाभियोगप्रकरण में अनुरक्त कन्या की प्राप्ति के विषय में नायक द्वारा निरन्तर प्रयास किये जाने के प्रसंग में प्रस्तुत करते हैं।

07. सुवर्णनाभ-कृत साम्प्रयोगविधान-तन्त्र

कामसूत्र में प्राप्त विवरणानुसार आचार्य सुवर्णनाभ ने कामसूत्र के द्वितीय अधिकरण साम्प्रयोग अधिकरण को आधार बनाकर पृथग्रूपेण साम्प्रयोगविधानतन्त्र का प्रणयन किया- **सुवर्णनाभः साम्प्रयोगिकम्।** (कामसूत्र 1/1/12)

सुवर्णनाभ का उल्लेख कामसूत्र के अतिरिक्त काव्यमीमांसा एवं **आपस्तम्बधर्मसूत्र** में प्राप्त होता है। **राजशेखर** ने **'रीतिनिर्णयं सुवर्णनाभः'** (का.मी. 1/2) कह कर सुवर्णनाभ को काव्यपुरुष की रीतिनिर्णयविद्या का आधिकारिक आचार्य स्वीकार किया है। आपस्तम्बधर्मसूत्रकार सुवर्णनाभ का उल्लेख तन्मतानुसार उदुम्बरकाष्ठ के द्वारा निर्मित चमस के प्राशस्त्य के उल्लेख के संदर्भ में करते हुए कहते हैं- **औदुम्बरश्चमसः सुवर्णनाभः प्रशास्तः** (आ.ध. 2/19/3)

इसके अतिरिक्त इनका कोई अन्य उल्लेख नहीं प्राप्त होता है। सुवर्णनाभ ने अपनी नवीन उद्भावनाओं सहित बाभ्रवीय कामसूत्र के रतिक्रीडापरक साम्प्रयोगिक अधिकरण को आधार बनाकर सम्प्रयोगविधानतन्त्रपरक ग्रन्थ का प्रणयन किया था, जिसमें सहृदय नागरिकों की सुव्यवस्थित जीवनचर्या का निरूपण करते हुए बाभ्रवीय संप्रयोगविधान के अतिरिक्त विविध प्रकार के आलिंगन, संवेशन आदि के नवीन विधानों का प्रवर्तन भी किया गया है। ये धर्मशास्त्र एवं कामशास्त्र के आचार्य माने गये है।

आचार्य वात्स्यायन कामसूत्र में सुवर्णनाभ के मतों का स्पष्ट उद्धरण 'साधारण अधिकरण के नायकसहायदूतकर्मप्रकरण में नायिकाभेद कथन के समय प्रव्रजिता स्त्री को षष्ठ प्रकार की नायिका स्वीकार करने के प्रसंग में; साम्प्रयोगिक अधिकरण के आलिंगनविचारप्रकरण में बाभ्रव्य द्वारा बताए गए आलिङ्गनभेदों के अतिरिक्त चार प्रकार के नवीन आलिंगनभेद कथन के प्रसंग में, नखरदनजातिप्रकरण में रतिक्रीड़ा में प्रवृत्त

व्यक्ति के लिए विधिनिषेध से परे होने के प्रसंग में, दशनच्छेदविधिप्रकरण में देशपरक रीति की अपेक्षा व्यक्ति की अपनी स्वाभाविक रुचि एवं प्रीति की श्रेष्ठता के कथन के प्रसंग में, संवेशनविधिप्रकरण में बाभ्रव्य द्वारा बताए गए संवेशनविधान के अतिरिक्त ग्यारह प्रकार के नवीन संवेशनविधि कथन के प्रसंग में तथा पुरुषायितप्रकरण में संवेशनक्रम में स्त्री के आनन्दप्राप्ति के रहस्यकथन के प्रसंग में प्रस्तुत करते हैं।

08. गोनर्दीय-प्रणीत भार्याधिकारिक तन्त्र

गोनर्दीय मुख्यतः व्याकरणशास्त्र के आचार्य है। इन्होंने कामसूत्र के चतुर्थ अधिकरण भार्याधिकारिक अधिकरण, जो पारिवारिक दृष्टिकोण से युक्त था; पर स्वतन्त्र रूप से नवीन ग्रन्थ 'भार्याधिकारिक तन्त्र' का प्रणयन किया-

'गोनर्दीयो भार्याधिकारिकम्' (कामसूत्र १/१/१२)

कामसूत्र के अतिरिक्त **गोनर्दीय** का स्मरण महाभाष्य में सूत्र संख्या 1/1/21, 1/1/29, 3/1/92 एवं 7/2/102 के व्याख्यान के प्रसंग में किया गया है।

आचार्य गोनर्दीय के बारे में यत्किंचित् विवरण उपलब्ध होता है, उनमें से एक मत के अनुसार आचार्य पतंजलि का ही देशज नाम **गोनर्दीय** था। क्योंकि गोनर्दीय शब्द का अर्थ गोनर्द-प्रान्तीय व्यक्ति होता है। भारत में गोनर्द नाम से तीन स्थान प्रसिद्ध हैं। प्रथम-कश्मीर राज्य का गोनर्द स्थान, द्वितीय-मध्यदेश में गोनर्द नामक नगर तथा तृतीय-अयोध्या के समीप गोनर्द नगर (वर्तमान में गोण्डा जनपद)।

इन तीनों स्थानों में से व्याकरण की दृष्टि से कश्मीरीय या मध्यदेशीय गोनर्द की अपेक्षा प्राच्य गोनर्द से ही गोनर्दीय प्रयोग उत्पन्न होता है। क्योंकि **'एङ् प्राचां देशे'** सूत्र से पूर्वदेशवाची शब्द की ही वृद्धि संज्ञा होती है एवं वृद्धि संज्ञा होने पर ही **'वृद्धाच्छः'** सूत्र से 'ईय्' प्रत्यय सम्भव है। काशिका में (सूत्र सं. 1/1/75) गोनर्द को प्राच्य देश माना गया है। ब्रह्माण्डपुराण में गोनर्द जनपद का स्मरण मल्ल एवं मगध के साथ किया गया है-

मल्लमगधगोनर्दाः प्राच्यां जनपदाः स्मृताः। (1/2/17/54)

ध्यातव्य है कि मल्ल जनपद की पूर्वी सीमा मगध से लगती थी एवं पश्चिमी सीमा गोनर्द (वर्तमान में उत्तर प्रदेश के गोण्डा) जनपद से। अतः कहा जा सकता है कि गोनर्द (गोण्डा) देश का निवासी होने के कारण शास्त्रकार का देशज नाम **'गोनर्दीय'** पड़ा था। इसके अतिरिक्त महाभारत के शान्तिपर्व में कथित शिवसहस्रनाम के अनुसार 'गोनर्द' भगवान् शंकर का ही एक नाम है। अतः **'वा नामधेयस्य'** वार्तिक से नामधेय की विकल्प से वृद्धिसंज्ञा हो जाने के कारण भी गोनर्दीय प्रयोग उत्पन्न होता है। इस स्थिति में भर्तृहरि,

कैयट, राजशेखर, वैजयन्तीकोषकार, शिवरामेन्द्र सरस्वती, **नागेशभट्ट** आदि विद्वान् आचार्य गोनर्दीय को महाभाष्यकार पतंजलि का ही अपरनाम स्वीकार करते हैं। किन्तु आचार्य युधिष्ठिर मीमांसक, वाचस्पति गैरोला आदि विद्वान् इन्हें पतंजलि से भिन्न मानते हैं।

यदि भर्तृहरि जो कि आचार्य पतंजलि के सर्वाधिक निकट हैं; के कथन पर ध्यान दिया जाय तो पतंजलि को गोनर्दीय मानने में कोई अत्युक्ति नहीं होगी। क्योंकि प्रचलित मान्यतानुसार परमशैव आचार्य पतंजलि शुंगवंशीय शासक सेनापति **पुष्यमित्र** के राजपुरोहित थे तथा पुष्यमित्र की राजधानी साकेत के निकटवर्ती गोनर्द नामक स्थान के निवासी थे। अतः आचार्य पतंजलि के देशज नाम एवं शैवाचार्य के रूप में गोनर्दीय उपनाम के साथ संगति उचित है। किन्तु आचार्य पतंजलि के नाम से प्राप्त अन्य ग्रन्थ सामवेदीय **निदानसूत्र** एवं योगसूत्र में इस प्रकार के विशेषण का कोई आधार नहीं प्राप्त होता है। इस प्रकार आचार्य पतंजलि के रूप में संभावित गोनर्दीय का समय ई.पू. द्वितीय शतक से पूर्व स्वीकार किया जा सकता है।

यदि पतंजलि ही गोनर्दीय हैं तो उनके द्वारा कामसूत्र के भार्याधिकारिक अधिकरण पर स्वतन्त्ररूपेण से नवीन ग्रन्थ का प्रणयन करना उनकी प्रतिष्ठा के अनुरूप ही है।

आचार्य वात्स्यायन कामसूत्र में गोनर्दीय के मतों का स्पष्ट उद्धरण साधारण अधिकरण के नायकसहायदूतकर्मप्रकरण में नायिकाभेद कथन के समय किशोरावस्था को प्राप्त कुलीन घर की कन्या को अष्टम प्रकार की नायिका स्वीकार करने के प्रसंग में; भार्याधिकारिक अधिकरण के एकचारिणवृत्तप्रकरण में पति-पत्नी के परस्पर समर्पण को गार्हस्थजीवन के लिए संतुष्टिदायक एवं चित्तग्राहक मानने के प्रसंग में, इसी प्रकरण में पति-पत्नी के द्वारा एक-दूसरे के दुर्गुणों को किसी अन्य से न प्रकाशित करने के प्रति सचेत करने के प्रसंग में तथा ज्येष्ठादिवृत्तप्रकरण में अपनी सपत्नी के प्रति आदरभाव रखने और पुनर्भू नायिका द्वारा योग्य पुरुष के चयन के प्रसंग में प्रस्तुत करते हैं। इसके अतिरिक्त आचार्य गोनर्दीय के वचनों को विभिन्न प्रसंगों में **मल्लिनाथ** ने रघुवंश एवं कुमारसंभव की टीकाओं में निम्नलिखित प्रकरणों में उद्धृत किया है-

(क) **प्रणयसन्धि के विषय में** रघुवंश के उन्नीसवें सर्ग के 16वें श्लोक की टीका में प्रणयसन्धि को विवेचित करने के प्रसंग में-

अत्र गोनर्दीयः-सन्धिर्द्विविधः सावरणः प्रकाशश्च।
सावरणो भिक्षुक्यादिना प्रकाशः स्वयमुपेत्य केनापि। इति।

(ख) **रतावसान के संदर्भ में** रघुवंश के उन्नीसवें सर्ग के 29वें श्लोक की टीका में रतावसान को विवेचित करने के प्रसंग में-

अत्र गोनर्दीयः-'रतावसाने यदि चुम्बनादि प्रयुज्य यायान्मदनोऽस्य वासः। इति।

(ग) **गृहस्थ द्वारा वेश्यागमन के संदर्भ में** रघुवंश के उन्नीसवें सर्ग के 31वें श्लोक की टीका में गृहस्थ द्वारा वेश्यागमन काल को विवेचित करने के प्रसंग में-

अत्र गोनर्दीयः- ऋतुस्नाताभिगमने मित्रकार्ये तथापदि।
त्रिष्वेतेषु प्रियतमः क्षन्तव्यो वारगम्यया।। इति।

(घ) **नवोढा के प्रति सखीजनों के कर्त्तव्य के संदर्भ में** कुमारसंभव के सातवें सर्ग के 95वें श्लोक की टीका में नवविवाहिता स्त्री के प्रति सखीजनों के द्वारा करणीय कर्त्तव्य को विवेचित करने के प्रसंग में-

यथाह गोनर्दः- हासेन मधुना नर्मवचसा लज्जितां प्रियाम्।
विलुप्तलज्जां कुर्वीत निपुणैश्च सखीजनैः।। इति।

वस्तुतः गोनर्दीय द्वारा प्रणीत भार्याधिकारितंत्रपरक कामशास्त्रीय ग्रन्थ परिवार की मर्यादा को सुरक्षित रखते हुए दम्पती द्वारा रतिक्रीडाजनित नैसर्गिक आनंद की सम्यक् प्राप्ति का प्रतिपादक ग्रन्थ था।

09. **गोणिकापुत्र-प्रणीत पारदारिक तन्त्र**

वात्स्यायन के उल्लेखानुसार बाभ्रव्य पांचाल के द्वारा संपादित कामसूत्र के पंचम अधिकरण का आश्रय ग्रहण कर **गोणिकापुत्र** ने उसे नवीन स्वरूप देते हुए स्वतन्त्र रूप से **'पारदारिकतन्त्र'** परक नवीन ग्रन्थ का प्रणयत किया-

'गोणिकापुत्रः पारदारिकम्' (कामसूत्र 1/1/12)

गोणिकापुत्र व्याकरणशास्त्र के प्रामाणिक आचार्य थे। पतंजलि ने महाभाष्य में (सूत्र संख्या 1/4/51) इनका स्मरण किया है। इसके अतिरिक्त इनका उल्लेख कामशास्त्रीय ग्रन्थ **रतिरहस्य, रतिरत्नप्रदीपिका** आदि में प्राप्त होता है। नागेशभट्ट महाभाष्य की टीका में गोणिकापुत्र को आचार्य पतंजलि के ही अपर नाम की संभावना करते हैं-**'गोणिकापुत्रो भाष्यकारः इत्याहुः'**। किन्तु भर्तृहरि, कैयट आदि वैयाकरण तथा कोशकारों ने इस नाम को पतंजलि का पर्याय नहीं माना है। पतंजलि के देशवाचक नाम के रूप में संभावित गोनर्दीय के साथ ही कामसूत्र में गोणिकापुत्र का पारदारिक अधिकरण के आचार्य के रूप में स्मरण किया गया है। अतएव यदि गोनर्दीय आचार्य पतंजलि का अपर नाम है, तो गोणिकापुत्र उनका अपरनाम नहीं माना जा सकता है।

उपर्युक्त तथ्यों का विचार करने पर यही माना जा सकता है कि गोणिकापुत्र महर्षि पतंजलि के पूर्ववर्ती विद्वान् थे। गोणिकापुत्र द्वारा विरचित 'पारदारिकतंत्र' ग्रन्थ तो नहीं प्राप्त होता है। परन्तु कामसूत्र, रतिरहस्य, रतिरत्नप्रदीपिका आदि में इनके मतों का सादर उल्लेख अवश्य प्राप्त होता है।

आचार्य वात्स्यायन कामसूत्र में गोणिकापुत्र के मतों का स्पष्ट उद्धरण साधारण अधिकरण के नायकसहायदूतकर्मप्रकरण में नायिकाभेद कथन के समय पुत्रोत्पादन अथवा दैहिक सुख की प्राप्ति हेतु गृहीत अन्य स्त्री को **पाक्षिकी नायिका** स्वीकार करने के प्रसंग में, इसी प्रकरण में अगम्या स्त्री के सन्दर्भ में बाभ्रव्य के मत कि 'जिस स्त्री ने पांच पुरुषों के साथ संबन्ध स्थापित कर लिया हो, उसके साथ संबन्ध स्थापित करने में कोई दोष नहीं होता है' के संशोधन में गोणिकापुत्र के पक्ष कि 'पांच पुरुषों से संबन्ध स्थापित कर लेने पर भी संबन्धी, मित्र, विद्वान् ब्राह्मण, गुरु, तथा राजा की स्त्री सदा अगम्या ही होती है' को प्रस्तुत करने के प्रसंग में; पारदारिक अधिकरण के शीलावस्थापनादि प्रकरण में सौन्दर्य के महत्त्व को प्रकट करने के उद्देश्य से कि 'किसी स्वस्थ एवं आकर्षक परपुरुष के प्रति स्त्री की अनुरक्ति तथा उसी प्रकार किसी लावण्यमयी परस्त्री के प्रति पुरुष की अनुरक्ति, एक सहज और नैसर्गिक प्रवृत्ति है' के कथन के संदर्भ में, दूतीकर्मप्रकरण में परपुरुष के साथ अपने प्रणय व्यापार के माध्यम हेतु विश्वस्त दूती के चयन के प्रसंग में, इसी प्रकरण में बिना परिचय एवं संकेत के सम्पन्न होने वाले दूतीकर्म के तथा सखी, भिक्षुकी, तापसी, सन्यासिनी आदि के घर को परपुरुष के साथ संबन्ध बनाने के स्थान के कथन के प्रसंग में एवं अन्तःपुरिकावृत्त प्रकरण में अन्तःपुर में प्रवेश करने के लिए वहाँ के रक्षकों को साम, दान, भेद आदि का प्रदर्शन कर वशीभूत कर स्वार्थसिद्धि करने के प्रसंग में प्रस्तुत करते हैं।

इसके अतिरिक्त रतिरहस्य में **कोक्कोक** ने चन्द्रकला वर्णन के प्रसंग में तथा रतिरत्नप्रदीपिका में **प्रौढ़देवराज** ने स्त्रीजाति एवं चन्द्रकला वर्णन के प्रसंग में गोणिकापुत्र के मत का सादर स्मरण किया है।

10. कुचुमार-प्रणीत कूचिमारतन्त्र वा कुचुमारसंहिता

कामसूत्रकार के उल्लेखानुसार बाभ्रव्यपांचाल के द्वारा संपादित कामसूत्र के सप्तम अधिकरण, औपनिषदिक अधिकरण का आश्रय ग्रहण कर कुचुमार ने उसे नवीन स्वरूप देते हुए स्वतन्त्र रूप से 'औपनिषदिकतन्त्र' परक कूचिमारतन्त्र का प्रणयन किया-

'कुचुमार औपनिषदिकमिति' (कामसूत्र 1/1/12)

कुचुमार औपनिषदिकतन्त्र के प्रामाणिक आचार्य थे। बर्नेल म्यूजियम में संगृहीत पुस्तकों के सूचीपत्र के अनुसार 8 पटलों में विभक्त कूचिमारतन्त्र अथवा कुचुमारसंहिता

नामक एक ग्रन्थ सन् 1922 ई. में लाहौर से तथा सन् 1925 ई. में धन्वन्तरि ग्रन्थावली अलीगढ़, विजयगढ़ से प्रकाशित हुआ था।

11. कर्णीसुत मूलदेव-प्रणीत कामतन्त्र

आचार्य कर्णीसुत मूलदेव का कामशास्त्रज्ञ के रूप में रतिरहस्य एवं **पूर्णसरस्वती** विरचित मालतीमाधव की टीका (पृ. 170) में स्मरण किया गया है। कर्णीसुत मूलदेव को संस्कृत साहित्य में बहुमान्य व्यक्तित्व से परिपूर्ण व्यक्ति के रूप वर्णित किया गया है। संस्कृत साहित्य में जिस प्रकार कुलीन नायक के रूप में वत्सराज उदयन समादृत हैं, उसी प्रकार का सम्मान **कर्णीसुत मूलदेव** को वैशिक नायक के रूप में प्राप्त है। बाणभट्ट ने कादम्बरी में विन्ध्याटवी वर्णन के समय-**'कर्णीसुतकथेव संनिहितविपुलाचला शशोपगता च'**-कह कर कर्णीसुत कथा की प्रसिद्धि का उल्लेख किया है।

इस पंक्ति की व्याख्या करते समय कादम्बरी के टीकाकार **भानुचन्द्र गणि** बृहत्कथा से उद्धरण प्रस्तुत करते हुए कर्णीसुत को चौर्यशास्त्र का प्रवर्तक स्वीकार करते हैं-**'कर्णीसुतः करटकः स्तेयशास्त्रप्रवर्तकः ....।'**

महाकवि शूद्रक ने 'पद्मप्राभृतकम्' नामक भाणरूपक में कर्णीसुत मूलदेव की वैशिक प्रणय-लीला का अत्यन्त मनोहारी चित्रण प्रस्तुत किया है। पद्मप्राभृतकम् के अनुसार कर्णीसुत मूलदेव पाटलिपुत्र के निवासी थे। ये कलामर्मज्ञ, कामशास्त्र के वैशिक प्रकरण के आधिकारिक विद्वान् तथा चौर्यशास्त्र के मान्य आचार्य थे एवं वाणिज्य-व्यापार, कला-संस्कृति तथा साहित्य का अन्तराष्ट्रीय का केन्द्र होने के कारण अवन्ती (उज्जयिनी) में ही निवास करते थे। चौर्यशास्त्र का आचार्य होने के कारण वेश्यालय के साथ उनका घनिष्ट संबन्ध था। क्योंकि वाणिज्य हेतु अन्य देशों से आये व्यापारियों एवं कला के उपासकों की संतुष्टि गणिका-भवन के साहचर्य के अभाव में संभव नहीं थी और अपने अभीष्ट की चौर्यसिद्धि में साधनभूत गणिका को वही व्यक्ति वशीभूत कर सकता है, जो चौंसठ सामान्य कलाओं एवं चौंसठ कामक्रीडापरक कलाओं का मर्मज्ञ हो। इन्हीं विशेषताओं के कारण कर्णीसुत उज्जयिनी की एक प्रमुख गणिका **विपुला** का प्रणयभाजन बन जाते हैं, किन्तु अपनी भ्रमरवृत्ति के कारण विपुला द्वारा ठुकराये जाने पर वे दूसरी प्रमुख वेशयुवती **देवदत्ता** के साथ अपना प्रेम-संबन्ध बना लेते हैं। देवदत्ता के साथ प्रेम-प्रसंग काल में ही उनकी दृष्टि उसकी छोटी बहिन **देवसेना** पर पड़ती है। कर्णीसुत देवसेना के अनिंद्य सौन्दर्य के मोहपाश में उलझ कर कामज्वर से पीड़ित हो जाते हैं। तब उनका शश नामक मित्र अपने प्रयत्नों के द्वारा देवदत्ता को अनुकूल बनाते हुए कर्णीसुत का देवसेना के साथ सम्मिलन करवाता है। इसी प्रसंग में कर्णीसुत के लिए कवि दो बार **'कामतन्त्रसूत्रधार'** विशेषण का उल्लेख करता है। इसके अतिरिक्त **धूर्तविटसंवाद** नामक भाणरूपक तथा भरतमुनि कृत नाट्यशास्त्र में अनेक स्थानों पर **कामतन्त्र** नामक ग्रन्थ का सादर उल्लेख प्राप्त होता है।

अतः निष्कर्षतः यही कहा जा सकता है कि कर्णीसुत मूलदेव वैशिक कामशास्त्र, कलाशास्त्र एवं चौर्यशास्त्र आदि के बहुमान्य आचार्य थे। इनका समय ई.पू. चतुर्थ शतक से ई.पू. षष्ठ शतक के मध्य संभावित है। **रतिरहस्यकार** ने उत्कलदेश की रमणियों को संतुष्टि प्रदान करने वाले विविध उपचारों के वर्णन के प्रसंग में आचार्य मूलदेव के मत का उल्लेख किया है।

12. कश्मीरनरेश वसुनन्द-कृत स्मरशास्त्र

महाकवि कल्हण कृत **राजतरंगिणी** में प्राप्त विवरणानुसार कश्मीरनरेश क्षितिनन्द के पुत्र वसुनन्द ने कामशास्त्र पर एक प्रसिद्ध ग्रन्थ लिखा था-

'द्वापंचाशतमब्दान्क्ष्मां द्वौ च मासौ तदात्मजः।
अपासीद्वसुनन्दाख्यः प्रख्यातः स्मरशास्त्रकृत्।।' (राजतरंगिणी 1/337)।

इस राजा ने 52 वर्ष 2 माह तक कश्मीर पर शासन किया था। इसके अतिरिक्त वसुनन्द का उल्लेख वैशिक ग्रन्थ **कुट्टनीमतम्** में श्लोक संख्या 76 पर किया गया है। वसुनन्द कृत **स्मरशास्त्र** समय की धारा में विलीन हो गया। इस ग्रन्थ एवं ग्रन्थकार के विषय में मात्र इतना ही विवरण प्राप्त होता है।

(ख) वात्स्यायनीय कामसूत्र एवं परवर्ती ग्रन्थ-

13. मल्लनाग वात्स्यायन-कृत कामसूत्र

भास, कालिदास आदि की भाँति ही आचार्य वात्स्यायन अपने विषय में सर्वथा मौन हैं। कामसूत्र के प्रसिद्ध टीकाकार यशोधर एवं वासवदत्ताकार **सुबन्धु** के उल्लेखानुसार इनका वास्तविक नाम **मल्लनाग** था। **वात्स्यायन** इनका गोत्रवाचक नाम था। आचार्य मल्लनाग वात्स्यायन ने लोकजीवन को सरल, सफल, सुचारु एवं मर्यादित बनाने के लिए बाभ्रवीय कामसूत्र का आधार ग्रहण करते हुए ब्रह्मचर्यपूर्वक एकाग्रचित्त होकर इस गम्भीर कृति का निर्माण किया-

बाभ्रवीयांश्च सूत्रार्थान् आगमय्य विमृश्य च।
वात्स्यायनश्चकारेदं कामसूत्रं यथाविधि।।
तदेतद् ब्रह्मचर्येण परेण च समाधिना।
विहितं लोकयात्रार्थं न रागार्थोऽस्य संविधिः।। (7/2/56-57)

ऐसी गम्भीर कृति का अध्ययन कर उसके तत्त्व को भलीभाँति आत्मस्थ करने वाला व्यक्ति धर्म, अर्थ एवं काम में परस्पर समन्वय रखते हुए अपने लोकजीवन का निर्वाह करते हुए निश्चय ही जितेन्द्रियत्व को प्राप्त होता है। यही कामसूत्रकार की घोषणा भी है-

रक्षन्धर्मार्थकामानां स्थितिं स्वां लोकवर्तिनीम्।
अस्य शास्त्रस्य तत्त्वज्ञो भवत्येव जितेन्द्रियः।। (7/2/57)

कालविवेचन

कामसूत्रकार आचार्य वात्स्यायन के स्थितिकाल के विषय में प्रामाणिक सामग्री का नितान्त अभाव है। क्योंकि आचार्य वात्स्यायन तो अपने विषय में सर्वथा मौन हैं ही, उनके समकालीन किसी अन्य आचार्य ने भी उनके विषय में कुछ नहीं लिखा है। अतः वात्स्यायन के समय के विषय में जो कुछ भी मत प्रस्तुत हुए हैं, वे यत्किंचित् अन्तर्बाह्यसाक्ष्यजनित अनुमान पर ही आधारित हैं। परवर्ती ग्रन्थों में भी उनके जीवन के विषय में कोई उल्लेख नहीं प्राप्त होता है। विविध कोषकारों के कथन की पुष्टि करती हुयी यह किंवदती प्रचलित है कि-'वात्स्यायन अर्थशास्त्र के प्रणेता आचार्य कौटिल्य का ही अपर नाम है। कौटिल्य ने अपने गोत्रवाचक छद्म□नाम से अर्थशास्त्र की ही रचना-पद्धति पर कामसूत्र का भी प्रणयन किया था'। किन्तु अन्तःसाक्ष्यों एवं बाह्यसाक्ष्यों पर तर्कपूर्ण विचार करने पर यह किंवदन्ती एवं कोषकारों का प्रामाण्य स्वतः निरस्त हो जाता है। क्योंकि कौटिल्य ने अर्थशास्त्र का प्रारम्भ करने के समय ही यह घोषणा की कि 'पृथिवी की प्राप्ति एवं रक्षा के लिए पूर्वाचार्यों के ग्रन्थों का सार-संकलन कर अर्थशास्त्र की रचना की गयी'-

पृथिव्या लाभे पालने च यावन्त्यर्थशास्त्राणि पूर्वाचार्यैः प्रस्थापितानि प्रायशस्तानि संहृत्यैकमिदमर्थशास्त्रं कृतम्। (कौ.अ.1/1/1)

यहाँ पर आचार्य चाणक्य पूर्वाचार्यों के मतों का मात्र सारभाग ग्रहण कर ही ग्रन्थ प्रणयन की बात करते हैं, पूर्वाचार्यों के ग्रन्थों का आधार ग्रहण कर ग्रन्थ प्रणयन की नहीं तथा इसके साथ ही ग्रन्थ में स्थान-स्थान पर पूर्वाचार्यों के अनभिप्रेत मतों का 'नेति कौटिल्यः' कहकर स्पष्ट विरोध भी प्रकट करते हैं। जबकि वात्स्यायन आदरपूर्वक कामशास्त्र की पूर्व-परम्परा का विवरण प्रस्तुत करने के साथ नम्रतापूर्वक कहते हैं कि 'आचार्य बाभ्रव्य पांचाल ने औद्दालकि श्वेतकेतु द्वारा पाँच सौ अध्यायों में सम्पादित कामशास्त्र का पुनः संपादन कर उसे साधारण, साम्प्रयोगिक, कन्यासंप्रयुक्तक, भार्याधिकारिक, पारदारिक, वैशिक एवं औपनिषदिक; इन सात अधिकरणों में विभाजित कर एक सौ पचास अध्यायों में संक्षिप्त कर दिया-

तदेव तु पुनरध्यर्धेनाध्यायशतेन साधारण-साम्प्रयोगिक-कन्यासंप्रयुक्तक-भार्याधिकारिक-पारदारिक-वैशिक-औपनिषदिकैः सप्तभिरधिकरणैः बाभ्रव्यः पांचालः संचिक्षेप। (कामसूत्र 1/1/10)

किन्तु दत्तक आदि आचार्यों द्वारा पृथक्-पृथक् अधिकरणों का आश्रय लेकर प्रणीत ग्रन्थों के एकांगी होने के और बाभ्रव्यीय कामसूत्र के अतिविस्तृत एवं दुरध्येय होने के कारण आचार्य वात्यायन ने उस बाभ्रव्यीय ग्रन्थ को संक्षिप्त कर थोड़े में ही संपूर्ण कामशास्त्रीय विषयों से सम्पन्न इस कामसूत्र का प्रणयन किया-

तत्र दत्तकादिभिः प्रणीतानां शास्त्रावयवानामेकदेशत्वात् महदिति च बाभ्रव्यीयस्य दुरध्येयत्वात् संक्षिप्य सर्वमर्थमल्पेन ग्रन्थेन कामसूत्रमिदं प्रणीतम्। (कामसूत्र 1/1/14)

अतः अर्थशास्त्रकार एवं कामसूत्रकार में ऐक्य कथमपि संभव नहीं है। कामसूत्र जैसी महनीय कृति का निर्माण शान्ति एवं समृद्ध वातावरण में ही हो सकता है और भारतीय इतिहास में ईशापूर्व प्रथम शतक से ईशवीय प्रथम शतक पर्यंत का सातवाहन शासनकाल तथा गुप्तकाल यही दो समय विशेष सुख एवं समृद्धि के माने जाते हैं। अन्तःसाक्ष्यों एवं बाह्यसाक्ष्यों पर विमर्श करने पर आचार्य वात्स्यायन इन दोनों कालों में से **सातवाहन शासनकाल** के सर्वाधिक निकट प्रतीत होते हैं।

पूर्वसीमा

आचार्य वात्स्यायन कामसूत्र के साम्प्रयोगिक अधिकरण के प्रहणनसीत्कार प्रकरण में सातवाहन नरेश कुन्तलशातकर्णि का उल्लेख करते हुए कहते हैं-

'कर्तर्या कुन्तलःशातकर्णिः शातवाहनो महादेवीं मलयवतीं जघान।' (कामसूत्र 2/7/29)

कामसूत्र के प्रामाणिक टीकाकार यशोधर **'कुन्तल'** शब्द से कुन्तल जनपद अर्थ का ग्रहण करते हैं। किन्तु प्रो. गुर्ती वेंकटराव ने अपने 'प्राक्-सातवाहन काल और सातवाहन काल' नामक बृहद् शोधनिबन्ध में ऐतिहासिक अनुशीलन करते हुए यह स्पष्ट किया है कि **कुन्तल शातकर्णि** आन्ध्रभृत्य सातवाहन वंश का तेरहवां शासक था, जिसका समय ई.पू. 52 से ई.पू. 44 तक रहा। इसने मात्र आठ वर्ष तक ही शासन किया था। अतः आचार्य वात्स्यायन ई.पू. प्रथम शतक से पूर्व के नहीं माने जा सकते हैं; यह कामसूत्रकार की पूर्व सीमा है।

अपरसीमा

महाकवि सुबन्धु ने **'वासवदत्ता'** नामक अपने कथापरक उपन्यास में **'कामसूत्र विन्यास इव मल्लनागघटितकान्तारसामोदः'** कहकर वात्स्यायन के मूल नाम का उद्घाटन

किया, जिसका समर्थन बाद में यशोधर ने भी किया। इनसे भी पूर्ववर्ती संस्कृत कथासाहित्य के अनुपम ग्रन्थ **'पंचतंत्र'** के प्रणेता विष्णुशर्मा ने पंचतंत्र में **'ततो धर्मशास्त्राणि मन्वादीनि, अर्थशास्त्राणि चाणक्यादीनि, कामशास्त्राणि वात्स्यायनादीनि'** कहते हुए वात्स्यायन का ग्रन्थसहित स्मरण किया है। इनमें से सुबन्धु षष्ठ शतक में तथा **विष्णु शर्मा** तृतीय से चतुर्थ शतक के मध्य में हुए थे।

इसप्रकार उपर्युक्त विवरणों के आलोक में आचार्य वात्स्यायन का समय ईशापूर्व प्रथम शतक से चतुर्थ शतक ईशवीय के मध्य ठहरता है।

आचार्य वात्स्यायन के काल के साथ-साथ उनके निवासस्थान के विषय में भी विवाद है। डॉ. ए.बी. कीथ, डॉ. सूर्यकान्त, नरेन्द्रनाथ भट्टाचार्य आदि आलोचक इन्हें पश्चिमोत्तर भारत का निवासी मानते हैं। देवदत्त शास्त्री इन्हें उत्तर भारत के वत्स देश का निवासी मानते हैं। किन्तु व्यापक दृष्टिकोण से उपर्युक्त स्थापनाएँ एकांगी हैं। आचार्य वात्स्यायन वत्स/वात्स्य गोत्रीय ब्राह्मण थे। भारतीय परम्परा के अनुसार प्रत्येक गोत्र किसी वेद की शाखा से संबन्धित होता है। उस शाखा के अपने धर्मविधान, गृह्यविधान, यज्ञविधान आदि होते हैं, जो सूत्र कहे जाते हैं। कामसूत्र एवं कल्पसूत्र साहित्य पर तुलनात्मक दृष्टिपात करने पर ज्ञात होता है कि आचार्य वात्स्यायन ने कामसूत्र में अनेक स्थानों पर **आपस्तम्बगृह्यसूत्र** के सूत्रों को पूर्णतः मूल रूप में ही उद्धृत किया है।

इसप्रकार ऐतिहासिक विवेचनों एवं कतिपय नवीन प्रमाणों का आधार ग्रहण करते हुए आचार्य मल्लनाग वात्स्यायन का समय ईशा पूर्व प्रथम शतक के उत्तरार्द्ध से प्रथमशतक ईशवीय के पूर्वार्ध के मध्य सातवाहनकाल में स्वीकार करते हुए उन्हें आन्ध्रदेशीय आपस्तम्ब शाखा एवं सूत्र से संबन्धित वत्स/वात्स्य गोत्रीय ब्राह्मण माना जाना उचित है। इनके काल एवं निवासस्थान के संबन्ध में विस्तृत विवरण 'कामसूत्रकालीन समाज एवं संस्कृति' ग्रन्थ में प्रस्तुत किये गये हैं।

आचार्य मल्लनाग वात्स्यायन ने तत्कालीन सुखी समाज में सामाजिकों के यौन जीवन को सुव्यवस्थित एवं मर्यादित बनाए रखने के उद्देश्य से कामसूत्र जैसे महनीय ग्रन्थ का पुनःप्रतिष्ठापन किया। इन्होंने बाभ्रव्य पांचाल कृत **कामसूत्र** को आधार बनाकर कामसूत्र को 1250 श्लोकों के प्रमाण में सात अधिकरणों, 36 अध्यायों एवं 64 प्रकरणों में विभक्त किया है।

कामसूत्र-ग्रन्थवैशिष्ट्य

चराचर जगत् दो रूपों में विभक्त है-जड़ एवं चेतन। इनमें भी चेतन जगत् अज्ञ एवं विज्ञ रूप से दो भागों में विभाजित है। पशु, पक्षी, कीटादि अज्ञ होने के कारण

संभोग-सुख के लिए स्वतंत्र होते हैं। उनकी स्वाभाविक कामेच्छा ही उनके रतिसुख के लिए पर्याप्त होती है। किन्तु मानव विज्ञ होने के कारण रतिसुख के लिए परतंत्र होते हैं। क्योंकि उनमें संकोच, लज्जा, लोकभय आदि की भावनाएं व्याप्त रहती हैं, जो अज्ञों में नहीं होती हैं। मानव में परस्पर रतिभाव उत्पन्न करने और विषयसुख की अनुभूति करने के लिये यह आवश्यक है कि वह रतिभाव के संबन्ध में विशेष ज्ञान प्राप्त करे, जिससे वह लोक को संतुष्ट एवं मर्यादित रख सके। अतः मानव के लिए रतिभाव एवं कामसुख का भौतिक एवं आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए जो उपाय-विशेष कहे गये हैं, वे कामसूत्र के द्वारा ही जाने जा सकते हैं। इस प्रकार कामसूत्र के पुनःप्रतिष्ठापन का प्रयोजन स्पष्ट करते हुए आचार्य वात्स्यायन कहते हैं-

संप्रयोगपराधीनत्वात् स्त्रीपुंसयोः उपायम् अपेक्षते।
सा च उपायप्रतिपत्तिः कामसूत्रादिति वात्स्यायनः। (कामसूत्र 1/2/18-19)

आचार्य वात्स्यायन द्वारा विरचित कामसूत्र का प्रतिपाद्य विषय है 'काम'। **काम सृष्टि की एक अत्यन्त प्रबल शक्ति है। इस चराचर जगत् में ऐसा कोई भी प्राणी नहीं है जो काम के प्रभाव से अभिभूत न हुआ हो।** आचार्य वात्स्यायन काम के सार्वभौमिक स्वरूप को परिभाषित करते हुए कहते हैं कि 'श्रोत्र, त्वाक्, चक्षु, जिह्वा एवं नासिका-ये पाँचों ज्ञानेन्द्रियाँ अपने अपने विषयों में आत्मा को मन-बुद्धि के माध्यम से रूप, रस, गन्ध, स्पर्श, शब्द-रूपी सांसारिक कार्य-व्यापार के विषय का उपभोग करने में जिस अनुकूलनात्मक आनन्द-सुख का अनुभव कराती हैं, वह अनुकूलनात्मक प्रवृत्ति ही 'काम' कही जाती है'-

श्रोत्रत्वक्चक्षुर्जिह्वाघ्राणानां आत्मसंयुक्तेन मनसाधिष्ठितानां स्वेषु
स्वेषु विषयेष्वानुकूल्यतः प्रवृत्तिः कामः (कामसूत्र 1/2/11)

काम की यह परिभाषा धर्म-अर्थ-काम-रूप त्रिवर्ग को पूर्णतया अपने में समाहित कर लेती है। किन्तु काम यह स्वरूप सार्वभौमिक है। सृष्टि की सभी अनुकूलनात्मक क्रियाएँ इसमें अन्तर्भुक्त हो जाती हैं। क्योंकि धर्मपालन में, अर्थसाधन में, पुत्रस्नेह में, दारादि रतिप्रीति में, विद्याध्ययन में, परोपकार में, प्रकृति की रमणीयता के दर्शन इत्यादि में आत्मा को ज्ञानेन्द्रियों के माध्यम से अनुकूलता की प्रतीति होने के कारण ये सभी क्रियाएँ काम का ही परिणाम हैं। अतएव कामसूत्रकार पुनः काम के लौकिक स्वरूप को परिभाषित करते हैं-

स्पर्शविशेषविषयात्त्वस्याभिमानिकसुखानुविद्धा फलवत्यर्थप्रतीतिः
प्राधान्यात् कामः (कामसूत्र 1/2/11)

यहाँ पर पाँच कर्मेन्द्रियों के द्वारा व्यवहृत प्रासंगिक सुख के साथ-साथ स्त्रीत्व एवं पुंस्त्व भाव को उद्दीप्त करने वाले त्वगिन्द्रिय विषयक स्पर्शविशेष की विचित्र, अवर्णनीय एवं आत्मिकरूपेण आनन्ददायक व्यवहाररूप फलवती अर्थप्रतीति को **'कामविशेष'** कहा गया है। वाक्, पाणि, पाद, पायु एवं उपस्थ-इन पाँच कर्मेन्द्रियों के द्वारा क्रमशः वचन, आदान, विहरण, उत्सर्ग एवं आनन्द-कर्म सम्पन्न होते हैं।

इनमें से स्त्री एवं पुरुष के अधोभाग में स्थित जननांग, जो स्वभावतः त्वगिन्द्रिय ही है; परस्पर संसर्गावस्था में अनिर्वचनीय आनन्द को उत्पन्न करते हैं। इस प्रकार स्त्री एवं पुरुष को परस्पर संसर्गजन्य जिस विचित्र एवं अनिर्वचनीय आनन्द की प्राप्ति होती है तथा उस आनन्द की प्राप्ति के साथ-साथ संततिरूप जिस फल की प्राप्ति होती है, वही काम की फलवती अर्थप्रतीति है; क्योंकि सम्यग्रूपेण सम्पन्न होने वाले संसर्ग से ही सृष्टि प्रक्रिया का सातत्य भी अविच्छिन्न बना रहता है। इस फलवती अर्थप्रतीति को मानव किस प्रकार सम्पादित करे, जिससे उसकी सामाजिक मर्यादा भी सुरक्षित रहे एवं वह नैसर्गिक सुख-आनन्द का समुचित रूप से उपभोग करते हुए अपने गृहस्थ जीवन को सुखी भी बना सके यह अपेक्षित है। इसके लिए आचार्य वात्स्यायन कहते हैं कि कामविषयक ज्ञान को कामसूत्र एवं विदग्ध सम्भ्रान्त नागरिकों से प्राप्त किया जाना चाहिये। क्योंकि शास्त्र एवं श्रेष्ठ पुरुष ही सामान्य जनों को सुव्यवस्थित सामाजिक मर्यादा का पालन करते हुए सफल जीवन व्यतीत करने की कला सिखा सकते हैं।

इस सिद्धान्त के व्यवस्थित निरूपण हेतु प्रणीत कामसूत्र सात अधिकरणों, 36 अध्यायों एवं 64 प्रकरणों में विभक्त है। इसके प्रथम अधिकरण का नाम **साधारण अधिकरण** है। इस अधिकरण के प्रत्येक अध्याय में एक-एक प्रकरण है, इस प्रकार इस अधिकरण में कुल पाँच अध्याय एवं पाँच प्रकरण हैं। प्रथम अध्याय में **शास्त्रसंग्रह** नामक प्रकरण है। आचार्य वात्स्यायन इस प्रकरण के द्वारा ग्रन्थ का प्रारम्भ करते समय मंगलाचरण के रूप में धर्म-अर्थ-काम रूप त्रिवर्ग पुरुषार्थ को नमस्कार करते हैं; क्योंकि उन्होंने इस शास्त्र के द्वारा धर्म एवं अर्थ के द्वारा अनुमोदित एवं अनुशासित काम के सेवन का उपदेश किया है। पुनः धर्म, अर्थ एवं काम-सम्बन्धी ग्रन्थों का प्रणयन कर समाज की मनोवृत्तियों को नियमित एवं मर्यादित करने वाले उन-उन शास्त्रों के तत्त्वज्ञ आचार्यों को भी नमन किया है। इसप्रकार मंगलाचरण करते हुए आचार्य वात्स्यायन कामशास्त्र की प्राचीनता एवं प्रामाणिकता को सिद्ध करने के लिए इसकी पूर्व-परम्परा का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि ''सर्वप्रथम **प्रजापति ब्रह्मा** ने प्रजा की सृष्टि करने के अनन्तर प्रजा की सामाजिक स्थिति एवं मर्यादा का नियमन करने के उद्देश्य से कर्त्तव्य एवं अकर्त्तव्य का बोध कराने वाले धर्म-अर्थ-काम रूप त्रिवर्ग के साधनभूत एक लाख श्लोकों में मानवसंविधान-परक शास्त्र का प्रवचन किया। कालान्तर में प्रजापति ब्रह्मा द्वारा प्रवर्तित उस

संविधानपरक शास्त्र के धर्मशास्त्र विषयक अंश को **स्वायम्भुव मनु** ने पृथक् रूप से मानव **धर्मशास्त्र** के रूप में संपादित कर स्वतंत्र स्वरूप दिया। **आचार्य बृहस्पति** ने उस संविधानपरक शास्त्र के अर्थशास्त्र विषयक अंश का सम्यक् अध्ययन करने के पश्चात् उस अंश को पृथक् रूप से **बार्हस्पत्य अर्थशास्त्र** के रूप में संपादित कर स्वतंत्र स्वरूप दे दिया।

इस परम्परा का अनुसरण करते हुए भगवान् शिव के अनुगामी **नन्दी** ने उस संविधानपरक शास्त्र के कामशास्त्र विषयक अंश को पृथक् कर एक हजार अध्यायों में **कामसूत्र** के रूप में संपादित कर स्वतंत्र स्वरूप दिया। नन्दी द्वारा संपादित कामसूत्र अत्यन्त विशद था। अतः पंचालनिवासी गौतमगोत्रीय उद्दालक ऋषि के पुत्र **महर्षि श्वेतकेतु** ने उस कामसूत्र का पुनः संपादन कर पाँच सौ अध्यायों में संक्षिप्त कर दिया। किन्तु बाद के समय में यह कामसूत्र भी जनसामान्य के लिए कठिन हो गया।

अतः पंचाल देश के निवासी बभ्रु गोत्रीय **बाभ्रव्य पांचाल** ने श्वेतकेतु के पाँच सौ अध्यायों वाले कामसूत्र को एक सौ पचास अध्यायों में संक्षिप्त कर विषयानुसार 'साधारण, साम्प्रयोगिक, कन्यासम्प्रयुक्तक, भार्याधिकारिक, पारदारिक, वैशिक एवं औपनिषदिक' इन सात अधिकरणों में विभक्त कर दिया। परवर्ती समय में आचार्य दत्तक ने पाटलिपुत्र की गणिकाओं के अनुरोध पर कामसूत्र के छठें वैशिक अधिकरण का आश्रय ग्रहण कर पृथक् रूप से **दत्तकसूत्र** नामक ग्रन्थ का प्रणयन किया। जिस प्रकार दत्तक ने वैशिक अधिकरण का स्वतंत्र रूप से ग्रन्थ प्रणयन किया, उसी प्रकार विषय-विशेष का व्यवस्थित एवं विस्तृत विवेचन करने के उद्देश्य से आचार्य चारायण ने साधारण अधिकरण, आचार्य सुवर्णनाभ ने साम्प्रयोगिक अधिकरण, आचार्य घोटकमुख ने कन्यासम्प्रयुक्तक अधिकरण, आचार्य गोनर्दीय ने भार्याधिकारिक अधिकरण, आचार्य गोणिकापुत्र ने पारदारिक अधिकरण एवं आचार्य कुचुमार ने औपनिषदिक अधिकरण का स्वतंत्र रूप से विस्तृत विवेचन किया। किन्तु भिन्न-भिन्न आचार्यों द्वारा बाभ्रव्य पांचाल विरचित कामसूत्र के अधिकरणों को भिन्न-भिन्न खण्डों में लिखे जाने के वह महाग्रन्थ बिखर-सा गया।

दत्तक आदि आचार्यों ने पृथक्-पृथक् अधिकरणों का आश्रय ग्रहण कर अपने-अपने ग्रन्थों की रचना की थी। अतः ये ग्रन्थ कामसूत्र के अंशमात्र होने के कारण उसके प्रयोजन को पूरा करने में असमर्थ थे। फिर बाभ्रव्य द्वारा रचित कामसूत्र विशाल होने के कारण जन-सामान्य के लिए कठिन हो गया था। इन सभी परिस्थितियों पर भलीभाँति विचार करके आचार्य वात्स्यायन ने बाभ्रव्य-विरचित कामसूत्र को समसामयिक जनसमुदाय की बुद्धि के अनुकूल सरलतापूर्वक समझे जाने योग्य, पूर्ण एवं संक्षिप्त रूप में इस कामसूत्र की रचना की।

वात्स्यायन कामसूत्र के प्रकरण, अध्याय, अधिकरण आदि का निर्देश करते हैं कि 'इसके प्रथम साधारण अधिकरण में पांच अध्याय और पांच प्रकरण हैं। द्वितीय

साम्प्रयोगिक अधिकरण में दश अध्याय एवं सत्रह प्रकरण हैं। तृतीय कन्यासम्प्रयुक्तक अधिकरण में पाँच अध्याय एवं नौ प्रकरण हैं। चतुर्थ भार्याधिकारिक अधिकरण में दो अध्याय एवं आठ प्रकरण हैं। पंचम पारदारिक अधिकरण में छः अध्याय एवं दश प्रकरण हैं। षष्ठ वैशिक अधिकरण में छः अध्याय एवं बारह प्रकरण हैं। सप्तम औपनिषदिक अधिकरण में दो अध्याय एवं छः प्रकरण हैं। इस प्रकार एक हजार दो सौ पचास श्लोक के परिमाणवाले इस 'कामसूत्र' में कुल छत्तीस अध्याय, चौंसठ प्रकरण एवं सात अधिकरण हैं।

द्वितीय अध्याय में **त्रिवर्गप्रतिपत्ति** नामक प्रकरण है। भारतीय विचारधारा के अनुसार शास्त्र का परिणाम है त्रिवर्ग की प्रतिपत्ति अर्थात् धर्म-अर्थ-काम-रूप त्रिवर्ग की प्राप्ति। त्रिवर्ग की प्राप्ति के साधन क्या हैं, उसके उपाय की खोज करना शास्त्र के लिए आवश्यक है। अतः शास्त्रसंग्रह के पश्चात् आचार्य वात्स्यायन इस प्रकरण को प्रस्तुत करते हैं। त्रिवर्ग की प्रतिपत्ति के तीन भेद हैं- अनुष्ठान, अवबोध एवं संप्रतिपत्ति। इनमें से त्रिवर्ग की प्राप्ति के लिए किये जाने वाले उपाय को **अनुष्ठान** कहा जाता है। धर्म-अर्थ-काम त्रिवर्ग के स्वरूप को यथार्थ रूप में समझने की प्रक्रिया को **अवबोध** कहते हैं तथा त्रिवर्ग पर अधिकार कर लेने को **संप्रतिपत्ति** कहा गया है।

इन तीनों में अनुष्ठान पर विचार करते हुए कहा गया है कि 'शतंजीवी मानव को चाहिये कि वह अपने जीवन को आश्रमों में विभाजित कर धर्म-अर्थ-काम त्रिवर्ग का इस प्रकार सेवन करे कि वे तीनों एक-दूसरे से परस्पर संबद्ध भी रहें एवं परस्पर अनिष्टकारी भी न हों'-

शतायुर्वै पुरुषो विभज्य कालमन्योन्यानुबद्धं परस्परस्यानुपघातकं त्रिवर्गं सेवेत (कामसूत्र 1/2/1)

इस कथन के द्वारा आचार्य वात्स्यायन ने भारतीय मनीषा की चिन्तन प्रणाली का सार ही प्रस्तुत कर दिया है। भारतीय जीवन-पद्धति में मानव की आयु सौ वर्ष की मानी गयी है। इसलिए कल्याणमय जीवन-यापन की कामना करनेवाले मानव को चाहिए कि वह अपने जीवन को विभिन्न आश्रमों में विभाजित कर अन्योन्यानुबद्ध एवं परस्पर अनुपघातक त्रिवर्ग का सेवन करे। यहाँ अन्योन्यानुबद्ध एवं अनुपघातक शब्द का आशय है कि त्रिवर्ग के उपभोग में धर्म, अर्थ एवं काम में से किसी एक पुरुषार्थ की प्रधानता होगी, किन्तु अन्य पुरुषार्थ भी गौण रूप से सम्मिलित हों और उनमें किसी भी प्रकार का विरोध नहीं हो सके। यदि जीवन में धर्म की प्रधानता हो तो अर्थ एवं काम सहायक हों विरोधी नहीं; अर्थ की प्रधानता हो तो धर्म एवं काम सहायक हों विरोधी नहीं तथा काम की प्रधानता हो तो धर्म एवं अर्थ सहायक हों, विरोधी नहीं। वात्स्यायन सौ वर्ष की अवस्था का क्रमानुसार विभाजन करते हुए करते हुए कहते हैं कि 'बाल्यावस्था में विद्योपार्जन आदि बाल्यकाल के

विद्या-भूमि-हिरण्य-पशु-धान्य-भाण्डोपस्कर-मित्रादीनामर्जनम्,
अर्जितस्य विवर्धनमर्थः।
तम् अध्यक्षप्रचाराद्वार्तासमयविद्भ्यो वणिग्भ्यश्चेति। (कामसूत्र 1/2/9, 10)

जिस प्रकार धर्म से बुद्धि सम्बन्धित है, उसी प्रकार जीवन-यापन हेतु करणीय समस्त व्यापार अर्थ से सम्बन्धित है। पुनः अपना अभिमत देते हुए कहते हैं कि सम्पूर्ण कार्य-प्रवत्तियाँ पुरुषार्थ-पराक्रम से ही सम्पन्न होती हैं। अतः अर्थसाधन के उपाय का ज्ञान होना अत्यन्त आवश्यक है। क्योंकि अवश्यंभावी कार्यों की सिद्धि भी बिना उपाय अथवा पराक्रम के नहीं होती है एवं अकर्मण्य पुरुष का कभी कल्याण नहीं होता है।

धर्म एवं अर्थ का निरूपण करने के पश्चात् काम के स्वरूप पर विचार प्रस्तुत करते हुए वात्स्यायन सृष्टि के अनुकूलनात्मक कार्य-व्यापार को काम का ही परिणाम मानते हैं। श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, जिस्वा, घ्राण इन पंच ज्ञानेन्द्रियों के माध्यम से आत्मा को मन-बुद्धि के द्वारा रूप, रस, गन्ध, स्पर्श, शब्द रूपी सांसारिक कार्य-व्यापार रूप विषय का उपभोग करने में जिस अनुकूलता अर्थात् सुख का अनुभव होता है, वह प्रवृत्ति ही 'काम' है। किन्तु काम यह स्वरूप सार्वभौमिक है। सृष्टि की सभी अनुकूलनात्मक क्रियाएँ इसमें अन्तर्भुक्त हो जाती हैं। क्योंकि धर्मपालन में, अर्थसाधन में, पुत्रस्नेह में, विद्याध्ययन में, परोपकार में, प्रकृति की रमणीयता के दर्शन इत्यादि में आत्मा को ज्ञानेन्द्रियों के माध्यम से अनुकूलता की प्रतीति होने के कारण ये क्रियाये काम का ही परिणाम कही जायेंगी। अतएव कामसूत्रकार काम के लौकिक स्वरूप को परिभाषित करते हैं कि पंचकर्मेन्द्रियों के द्वारा व्यवहृत प्रासंगिक सुख के साथ-साथ स्त्रीत्व एवं पुंस्त्व भाव को उद्दीप्त करने वाले त्वगिन्द्रिय विषयक स्पर्शविशेष रूप विचित्र, अवर्णनीय एवं आत्मिक रूपेण आनन्ददायक व्यवहार की फलवती अर्थप्रतीति को 'कामविशेष' कहा गया है। वाक्, पाणि, पाद, पायु एवं उपस्थ इन पंचकर्मेन्द्रियों के द्वारा क्रमशः वचन, आदान, विहरण, उत्सर्ग एवं आनन्द कर्म सम्पन्न होते हैं। इनमें से स्त्री एवं पुरुष के अधोभाग में स्थित जननांग, जो स्वभावतः त्वगिन्द्रिय ही है; परस्पर संसर्गावस्था में अवर्णनीय आनन्द को उत्पन्न करते हैं। इस प्रकार स्त्री एवं पुरुष को परस्पर संसर्गजन्य जिस विचित्र एवं अवर्णनीय आनन्द की प्राप्ति होती है, वही काम की फलवती अर्थप्रतीति है; क्योंकि सम्यग्रूपेण सम्पन्न होने वाले संसर्ग से ही सृष्टि प्रक्रिया का सातत्य भी अविच्छिन्न बना रहता है।

इस फलवती अर्थप्रतीति को मानव किस प्रकार सम्पादित करे, जिससे उसकी सामाजिक मर्यादा भी सुरक्षित रहे एवं वह नैसर्गिक सुख-आनन्द का समुचित रूप से उपभोग करते हुए अपने गृहस्थ जीवन को सुखी भी बना सके। इसके लिए आचार्य वात्स्यायन कामविषयक ज्ञान का कामसूत्र एवं विदग्ध नागरिकों से प्राप्त करने का परामर्श देते हैं। कामसूत्र के अध्ययन से तथा कामशास्त्र के ज्ञाता नागरिकों के संसर्ग से काम की

फलवती अर्थसिद्धि हेतु ज्ञान प्राप्त करके लोक-जीवन की जैविक आवश्यकताओं की सम्यक्तया पूर्ति करनी चाहिये, जिससे सामाजिक अपवाद न हो एवं धार्मिक अनुकूलता भी बनी रहे।

पुनः आचार्य वात्स्यायन त्रिवर्ग में काम की अपेक्षा अर्थ एवं अर्थ की अपेक्षा धर्म के श्रेष्ठत्व का प्रतिपादन भी करते हैं-

एषां समवाये पूर्वः गरीयान् (कामसूत्र 1/2/14)

किन्तु यह सभी के लिए प्रमाण नहीं है। कारण कि राजा के लिए धर्म एवं काम की अपेक्षा अर्थ अधिक श्रेयस्कर है। सामाजिक वर्णाश्रम-मर्यादा का सुव्यवस्थित परिपालन राजा का कर्त्तव्य है, उसके लिए प्रभुशक्ति की आवश्यकता होती है और प्रभुत्व कोश, दण्ड एवं बल पर ही निर्भर है। ये सभी अर्थशक्ति पर निर्भर हैं; अतएव शासक वर्ग के लिए अर्थ अधिक श्रेयस्कर है। इसीप्रकार वेश्या की जीविका भी अर्थशक्ति पर ही निर्भर है। यही कारण है कि वह धर्म की दृष्टि से कामातुर ब्राह्मण एवं प्रेम की दृष्टि से अपने प्रियतम नागरिक को छोड़कर धन की दृष्टि से समर्थ व्यक्ति के साथ अपने रागात्मक संबन्ध स्थापित करती है। क्योंकि उसके लिए धनप्राप्ति महत्त्वपूर्ण है, न कि रागात्मक सम्बन्ध की भावनात्मकता एवं सार्थकता।

कामसूत्रकार फलवती अर्थप्रतीति-रूप काम का विवेचन करने वाले शास्त्र की आवश्यकता को बताते हैं कि 'धर्म' अलौकिक है, अतः उसका सम्यक् परिज्ञान कराने वाले शास्त्र का होना युक्तिसंगत भी है एवं आवश्यक भी। अर्थ की सिद्धि भी उपाय से ही होती है, अतएव अर्थसिद्धि के उपायों को बतलानेवाले तद्विषयक शास्त्र अर्थशास्त्र की भी आवश्यकता है। 'काम' एवं तद्विषयक शास्त्र की भी प्रयोजकता है। धर्म के व्यापक स्वरूप को न समझने वाले व्यक्ति प्रायः कामशास्त्र की उपयोगिता नहीं मानते हैं। मोक्षमार्गी इसे अनैतिक एवं अश्लील मानते हुए त्याज्य समझते हैं तथा नीतिज्ञ काम को स्वभावसिद्ध मानकर मानव एवं पशु को एक समान कोटि में खड़ा कर देते हैं। वस्तुतः काम न तो अनैतिक है और न ही अश्लील एवं त्याज्य। काम को स्वभवसिद्ध मानकर मानव एवं पशु को एक समान स्वीकार करना भी युक्तिसंगत नहीं है। इसीलिए कामसूत्रकार कहते हैं कि मानवेतर जीवों में भी काम की स्वतः प्रवृत्ति पायी जाती है तथा यह नित्य-अविनाशी है, क्योंकि आत्मा रूपी पदार्थ में काम, क्रोध, लोभ, मोह आदि गुण सदैव विद्यमान रहते हैं। अतः प्राणियों को संसर्गसुख की प्राप्ति हेतु उनकी स्वाभाविक इच्छा ही पर्याप्त होती है। पशु-पक्षियों में स्त्री जाति स्वतंत्र, बन्धनरहित एवं आवरणरहित होती है। ऋतुकाल में ही उनकी सोद्देश्य पूर्ति हो जाती है और यह प्रवृत्ति बुद्धिपूर्वक नहीं होती है। अतः उनका यह सहजधर्म किसी प्रकार के शास्त्ररूपी उपाय की आवश्यकता नहीं रखता है।

किन्तु मानव की स्थिति भिन्न है। परस्पर संसर्ग में स्त्री-पुरुष एक-दूसरे के अधीन होते हैं। अतः उन्हें अपनी जैविक इच्छा की पूर्ति एवं पारस्परिक पराधीनता से बचने के

लिए शास्त्ररूपी उपाय की आवश्यकता होती है। **अतएव ऐसे प्रकार के उपाय, जो दाम्पत्य-जीवन को सफल बनाने में सहायक हैं; का ज्ञान कामसूत्र का भलीभाँति अध्ययन करने से ही संभव है, क्योंकि शारीरिक स्थिति को व्यवस्थित बनाने में सहयोगी होने के कारण 'काम' भी आहार के ही समान है एवं धर्म-अर्थ-फलभूत भी यही है।** यह आचार्य वात्स्यायन की स्पष्ट धारणा है कि सभी प्रकार की प्रवृत्तियाँ पुरुषार्थ से ही सम्पन्न होती हैं। अतः उसके उपाय को जानना आवश्यक है। 'काम' को यदि त्याज्य मान लिया जायेगा तो धर्म और अर्थ पूर्णतः निष्प्रयोज्य हो जायेंगे।

इस अध्याय की समाप्ति में वात्स्यायन प्राचीन विचारकों का मत व्यक्त करते हुए कहते हैं कि जिस कार्य को करने में यह आशंका न हो कि परलोक में क्या होगा तथा जो कार्य सुख का नाश न करे; बुद्धिमान् पुरुष ऐसे ही कार्य को करते हैं। अतः जो कार्य त्रिवर्ग का साधक हो या दो-एक का भी साधक हो उसे ही करना चाहिये जो धर्म, अर्थ या काम केवल अपना ही साधक हो एवं शेष का विघातक हो उसे नहीं करना चाहिए। इस प्रकार परस्पर साधक **'धर्म, अर्थ एवं काम की प्राप्ति के लिये प्रयत्नशील मानव इस लोक में तथा परलोक में भी निष्कंटक आत्यन्तिक सुख प्राप्त करता है।'**

तृतीय अध्याय में **विद्यांसमुद्देश** नामक प्रकरण है। वात्स्यायन ने त्रिवर्ग की सिद्धि में सहायक प्रथम उपाय विद्या एवं उसकी प्राप्ति का उल्लेख करने के उद्देश्य से विद्यासमुद्देश नामक इस प्रकरण की रचना की है। विद्यासमुद्देश का अर्थ है विद्या का संक्षिप्त उल्लेख। कामसूत्र और उसकी अंगविद्याओं को कैसे ग्रहण किया जाय, इस पर विचार करते हुए कामसूत्रकार कहते हैं कि 'पुरुषों को धर्मशास्त्र, अर्थशास्त्र एवं इन दोनों की अंगविद्याओं के साथ ही कामसूत्र एवं उसकी अंगविद्याओं का भी अध्ययन किया जाना चाहिए।'

धर्मार्थाङ्गविद्याकालाननुपरोधयन् कामसूत्रं तदङ्गविद्याश्च
पुरुषोऽधीयीत (कामसूत्र 1/3/1)

शास्त्र-अध्ययन की प्रासंगिकता को स्पष्ट करते हुए आचार्य वात्स्यायन कहते हैं कि यह केवल कामशास्त्र के विषय में ही नहीं है, अपितु व्याकरण, धर्मशास्त्र, अर्थशास्त्र आदि सभी शास्त्रों के विषय में ऐसा देखा जाता है कि उन शास्त्रों के अधिकारी विद्वान् कम होते हैं, किन्तु समर्थ एवं असमर्थ सभी व्यक्ति शास्त्रों के तात्पर्य को ग्रहण कर उसके उपदेशों का पालन करते हैं। अतः शास्त्रग्रहण से प्रयोग-ग्रहण प्रधान है, क्योंकि शास्त्र के उपदेश को ग्रहण करने के पश्चात् ही प्रयोग में लाया जा सकता है। स्त्रियों के शास्त्रज्ञान के सन्दर्भ में भी इतिहास में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं, जो यह स्पष्ट करते हैं कि प्राचीनकाल में शास्त्रज्ञान एवं शिक्षा के क्षेत्र में स्त्रियों की कितनी महत्त्वपूर्ण भागीदारी रहती थी। ऋषिपुत्रियाँ, राजपुत्रियाँ, मंत्रिपुत्रियाँ, गणिकाएं एवं समृद्ध वंश में उत्पन्न नारियाँ आदि शास्त्रों में निष्पन्न बुद्धि वाली होती थीं। विशेषतः कामशास्त्र में भी वे विचक्षण होती थीं।

स्त्रियों को कामशास्त्र की शिक्षा किस प्रकार दी जाय, इस समस्या का समाधान करते हुए आचार्य वात्स्यायन कहते हैं कि कामशास्त्र की शिक्षा में शास्त्रग्रहण एवं प्रयोगग्रहण दोनों होता है। इसलिए लज्जा के निवारण हेतु किसी विश्वस्त शिक्षक अथवा शिक्षिका से एकान्त में कामशास्त्र के समस्त प्रयोग, सम्पूर्ण शास्त्र अथवा उसके एक अंग की शिक्षा अपनी बुद्धि के अनुरूप स्त्रियों को प्राप्त करनी चाहिये। सामाजिक एवं दाम्पत्त्य जीवन को सफल बनाने में सहयोगी अभ्यास के द्वारा प्रयोग में आने वाली चौंसठ कलाओं के प्रयोगों को भी कन्या को विश्वस्त आचार्य से एकान्त में ही अभ्यास कराना चाहिए। स्त्रियाँ किस प्रकार के आचार्य के द्वारा शास्त्रग्रहण एवं प्रयोगग्रहण करें, इस विषय पर विचार करते हुए कामसूत्रकार कहते हैं कि स्त्रियों की स्थिति पुरुषों से भिन्न है, अतः उनके लिए उपदेशक कम ही होते हैं। स्त्रियों के लिए कामशास्त्र के रहस्यों एवं प्रयोगों का प्रथम उपदेष्टा उनका पति होता है। इसके अतिरिक्त दाम्पत्त्यसुख के रहस्यों से भलीभाँति परिचित एवं कन्या के साथ पली-बढ़ी धाय की लड़की जो अतिविश्वस्त तथा पवित्रभाव से युक्त हो, वह कामकला का ज्ञान कराने में प्रथम आचार्य है। जिसने दाम्पत्त्यसुख का भलीभाँति उपभोग कर लिया हो, ऐसी निर्दोष संभाषणवाली अतिविश्वस्त सखी द्वितीय आचार्य है। यदि इनमें से कोई भी उपलब्ध न हो, तो समान अवस्था वाली मौसी, जो कन्या के प्रति स्नेहभाव एवं विश्वास से युक्त हो, उसको कामकला के ज्ञान हेतु तृतीय आचार्य माना जा सकता है। माता की अवस्था वाली दासी जो अतिविश्वस्त तथा पवित्रभाव वाली हो चतुर्थ आचार्य मानी जा सकती है। ऐसी स्त्री जो प्रेम, आत्मीयता आदि के कारण कन्या के परिवार की अतिविश्वस्त हो तथा जिसने कुशल दाम्पत्त्यजीवन के बाद भिक्षुणी का जीवन स्वीकार कर लिया हो, वह कन्या को कामशास्त्र की शिक्षा देने में पञ्चम आचार्य हो सकती है। बड़ी बहन, जो स्नेह एवं विश्वास होने के कारण अपनी छोटी बहन के दाम्पत्त्यजीवन को सुखमय बनाने वाले रहस्यों एवं प्रयोगों के बारे में बता सके, वह कामशास्त्र की शिक्षा देने में छठीं आचार्य मानी गयी है।

अतः स्त्रियों को चाहिए कि वे अपने माता-पिता अथवा अभिभावक की सहमति से समाजोपयोगी एवं जीवनोपयोगी शास्त्रीय शिक्षा ग्रहण करें तथा इसके साथ ही विवाह से पूर्व उपरिनिर्दिष्ट आचार्यों के द्वारा कामशास्त्र के विविध पक्षों का समुचित सैद्धान्तिक ज्ञान प्राप्त कर विवाहानन्तर पति के द्वारा व्यावहारिक प्रयोगज्ञान प्राप्त करते हुए धर्म एवं अर्थ के द्वारा अनुमोदित दाम्पत्त्यजीवन का आनन्दमय उपभोग करें और सफल गार्हस्थजीवन को व्यतीत करें।

वात्स्यायनोक्त ६४ कलायें

आचार्य वात्स्यायन सामाजिक एवं दाम्पत्त्यजीवन को सफल बनाने में सहयोगी इन 64 कलाओं का निर्देश करते हैं-

(1) गीत, (2) वाद्य, (3) नृत्य, (4) आलेख्य, (5) विशेषकच्छेद्य, (6) तण्डुलकुसुमबलिविकार, (7) दशनवसनाङ्गराग, (9) मणिभूमिकाकर्म, (10) शयनरचन, (11) उदकवाद्य, (12) उदकघात, (13) चित्रयोग, (14) माल्यग्रथनविकल्प, (15) शेखरकापीडयोजन, (16) नेपथ्यप्रयोग, (17) कर्णपत्रभंग, (18) गन्धयुक्ति, (19) भूषणयोजन, (20) ऐन्द्रजाल, (21) कौचुमारयोग, (22) हस्तलाघव, (23) विचित्रशाकयूषभक्ष्यविकारक्रिया, (24) पानकरसरागासवयोजन, (25) सूचीवानकर्म, (26) सूत्रक्रीड़ा, (27) वीणाडमरुकवाद्य, (28) प्रहेलिका, (29) प्रतिमाला, (30) दुर्वाचकयोग, (31) पुस्तकवाचन, (32) नाटकाख्यायिकादर्शन, (33) काव्यसमस्यापूरण, (34) पट्टिकावानवेत्रविकल्प, (35) तक्षकर्म, (36) तक्षण, (37) वास्तुविद्या, (38) रूप्यपरीक्षा, (39) धातुवाद, (40) मणिरागाकरज्ञान, (41) वृक्षायुर्वेदयोग, (42) मेषकुक्कटलावकयुद्ध-विधि, (43) शुकसारिकाप्रलापन, (44) उत्सादन-संवाहन-केशमर्दनादिकौशल, (45) अक्षरमुष्टिकाकथन, (46) म्लेच्छितविकल्पज्ञान, (47) देशभाषाविज्ञान, (48) पुष्पशकटिकानिर्माणज्ञान, (49) निमित्तज्ञान, (50) यन्त्रमातृका, (51) धारणमातृका, (52) सम्पाठ्य, (53) मानसीकाव्यक्रियाज्ञान, (54) अभिधानकोशज्ञान, (55) छन्दोविज्ञान, (56) क्रियाकल्प, (57) छलितकयोग, (58) वस्त्रगोपन, (59) द्यूतविशेष, (60) आकर्षक्रीड़ा, (61) बालक्रीडनक, (62) वैनयिकीविद्याज्ञान, (63) वैजयिकी-विद्याज्ञान एवं (64) व्यायामिकीविद्याज्ञान।

चौंसठ कलाओं का उल्लेख कर कामात्मक चौंसठ प्रकार की **पांचालिकी कलाओं** का वर्णन सांप्रयोगिक अधिकरण में करने का निर्देश करते हुए आनुवंश्य श्लोकों द्वारा कलाभिज्ञ नागरक की प्रसंशा करते हैं।

चतुर्थ अध्याय में **नागरकवृत्त** नामक प्रकरण है। यह प्रकरण कामसूत्ररूपी भवन का शरीर है। आचार्य वात्स्यायन इस प्रकरण में एक नागरिक की दिनचर्या का सुन्दर विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए कहते हैं कि विधिवत् विद्याग्रहण करने के अनन्तर नवयुवक अपने वर्ण के अनुरूप दान, विजय, व्यापार या भृतिका के द्वारा अथवा पैतृक संपत्ति के द्वारा जीवन-निर्वाह हेतु नियमित धनार्जन की व्यवस्था बनाने के साथ योग्य कन्या से विवाह कर गृहस्थजीवन का उपभोग करते हुए विदग्ध नागरिक की भाँति आचरण-व्यवहार करे-

गृहीतविद्यः प्रतिग्रह-जय-क्रय-निर्वेशाधिगतैरर्थैरन्वयागतैरुभयैर्वा
गार्हस्थ्यमधिगम्य वर्तेत (कामसूत्र 1/4/1)

गृहस्थ के लिए निवास के योग्य स्थानों का उल्लेख वात्स्यायव करते हैं कि लोकव्यवहार में निपुण व्यक्ति पत्तन, नगर, महत् खर्वट आदि में जहाँ सज्जनों का निवास हो अथवा जहाँ समुचित रूप से जीविकोपार्जन हो सके, ऐसे स्थान पर जल की सुलभता वाले स्थान के समीप वृक्ष-वाटिका से युक्त घर बनाये। गृहनिर्माण एवं गृहसज्जा के निर्देश

तथा स्वस्थ एवं प्रसन्न जीवन-यापन करने के अभिलाषी पुरुष की दिनचर्या का उपदेश करते हैं कि वह प्रतिदिन प्रातः उठकर नित्यकर्म से निवृत्त होकर शरीर में चन्दनादि का लेपन एवं बालों को सुवासित कर सुगन्धित ताम्बूलादि का सेवन करते हुए दैनिक कार्यों में लगे। वह नित्य स्नान करे, हर दूसरे दिन शरीर की मालिश करावे, हर तीसरे दिन **फेनक** अर्थात् साबुन का प्रयोग करे, हर चौथे दिन दाढ़ी-मूछ बनवाये, पाँचवें या दसवें दिन शरीर के अन्य बालों को साफ करे तथा शरीर में पसीने से उत्पन्न दुर्गन्ध को दूर करने के लिए सुगन्धि-चूर्ण का प्रयोग करे। पूर्वाह्ण एवं अपराह्ण में भोजन करे, भोजनोत्तर कुछ काल पर्यन्त विविध साधनों के द्वारा मनोरंजन करे। अपराह्ण में सुसज्जित होकर सज्जनों के मध्य गोष्ठी में सम्मिलित होवे; उसके बाद सुरभित आवास में प्रिया की प्रतीक्षा करे। नागरक यथासमय घटानिबन्धन, गोष्ठीसमवाय, समापानक, उद्यानगमन, समस्याक्रीड़ा आदि में प्रवृत्त होवे तथा पक्ष या निश्चित किसी नियत दिन में सरस्वतीभवन में समाज के पक्षों पर शास्त्रीय विमर्श करे। संभोगसुख की स्थिति, अनुभूति एवं आनन्द के भेद को स्पष्ट करते हुए निष्कर्षतः स्त्री की कामसंतुष्टि का भार पुरुष पर रखते हुए स्त्री-पुरुषों के भाव, काल एवं प्रमाण के आधार पर नौ प्रकार के **समरतिसंयोग** वात्स्यायन द्वारा निर्दिष्ट हैं। रति एवं सुरत के पर्यायों का निर्देश कर विविध प्रकार के रतों में तर्कबुद्धि द्वारा प्रयुक्त होने के परामर्श द्वारा प्रकरण की समाप्ति होती है। द्वितीय प्रकरण का नाम **प्रीतिविशेषप्रकरण** है। इसमें अभ्यासिकी, आभिमानिकी, सांप्रत्ययिकी एवं वैषयिकी प्रीति को परिभाषित कर इस अध्याय का उपसंहार होता हैं।

द्वितीय अध्याय में **आलिंगनविचार** नामक प्रकरण है। इस प्रकरण का प्रारम्भ करते हुए आचार्य वात्स्यायन संभोग के 64 अंगों की चर्चा के क्रम में कहते हैं कि कलाओं की संख्या 64 मानी गयी है। अतः कामशास्त्र को भी 64 कलाओं वाला माना गया। ऋग्वेद की शाखा से सम्बन्धित होने के आचार्य बाभ्रव्य पांचाल ने ग्रन्थ की महत्ता प्रकट करने के उद्देश्य से सांप्रयोगिक अधिकरण को दश अध्यायों एवं संप्रयोगांगों के भेदोपभेद को 8-8 भागों में विभक्त कर 64 अंगों वाला बनाया। बाभ्रव्य द्वारा कथित संप्रयोग के आलिंगन, चुम्बन, नखच्छेद, संवेशन, सीत्कृत, पुरुषायित एवं औपरिष्टक आदि 8 भेदों का निर्देश कर बाभ्रवीय आचार्यों द्वारा बताए गए अविवाहित कामुक स्त्रीपुरुषों के परस्पर प्रेमसंवर्धनपरक स्पृष्टक, विद्धक, उद्घृष्टक एवं पीड़ितक और संभोग के अवसर के उपयुक्त लतावेष्टितक, वृक्षाधिरूढ़क, तिलतण्डुलक एवं क्षीरनीरक नामक आठ प्रकार के आलिंगनभेदों तथा सुवर्णनाभ के द्वारा कथित ऊरूपगूहन, जघनोपगूहन, स्तनालिंगन एवं ललाटिका नामक चार प्रकार के आलिंगनभेदों का वर्णन है। अन्त में अध्याय का उपसंहार करते हुए कहा गया है कि ग्रन्थान्तरों में इसके अतिरिक्त भी अनेक प्रकार के आलिंगनभेदों का वर्णन किया गया है, किन्तु अशास्त्रीय होने के कारण उनका यहाँ वर्णन नहीं किया गया है।

तृतीय अध्याय में **चुम्बनविकल्प** नामक प्रकरण है। इस प्रकरण का प्रारम्भ करते हुए आचार्य वात्स्यायन ने संभोगकाल में चुम्बन, नखक्षत, दन्तक्षत आदि के क्रम के विषय में अपना मत व्यक्त किया है कि 'राग समय एवं नियम की अपेक्षा नहीं रखता हैं। अतः चुम्बन, नखक्षत, दन्तक्षत आदि के पौर्वापर्य के विषय में कोई नियम नहीं है'। चुम्बन के सार्वजनीन स्थानों एवं लाट देश के निवासियों के प्रिय चुम्बनस्थानों का उल्लेख कर निमित्तक, स्फुरितक, घट्टितक, सम, तिर्यक्, उद्भ्रान्त, अवपीडितक आदि चुम्बनों को निर्देश है। चुम्बनकलह रूपी कपटद्यूत के बारे में बताकर उसी प्रकार नखक्षत, दन्तक्षत आदि में भी कपटद्यूत का निर्देश कर उत्तरचुम्बन, संपुटक, जिह्वायुद्ध, मुखयुद्ध, दन्तयुद्ध का निर्देश है। इसके अनन्तर शरीर के अन्य अंगों में किए जाने वाले सम, पीड़ित, अंचित, मृदु आदि चुम्बनभेदों को बताकर रागदीपन, चलितक, प्रातिबोधिक, **छायाचुम्बन**, अंगुलिचुम्बन आदि प्रेमभाव-प्रदर्शक चुम्बनविधियों का वर्णन करते हुए इस अध्याय का उपसंहार होता है।

चतुर्थ अध्याय में **नखरदनजाति** नामक प्रकरण है। संभोगकाल में कामसंवेग के उत्कर्ष में सहायक नखक्षत के प्रयोगकाल के वर्णन से इस प्रकरण का प्रारम्भ करते हुए आचार्य वात्स्यायन ने नखक्षत के आच्छुरितक, अर्धचन्द्र, मण्डल, रेखा, व्याघ्रनख, मयूरपदक, शशप्लुतक एवं उत्पलपत्रक आदि आठ भेद निर्दिष्ट किये हैं। नखक्षत के स्थानों तथा नखगुण को बताकर गौडों, दाक्षिणात्यों एवं महाराष्ट्रियों के **नखोत्कर्ष** का उल्लेख है। इसके अनन्तर नखक्षत के लक्षणों एवं प्रत्येक के करणीय स्थानों का निर्देश करते हुए नायिका के हृदय पर नखक्षत के प्रभाव का वर्णन कर इस प्रकरण का उपसंहार होता है।

पञ्चम अध्याय में दो प्रकरण हैं। प्रथम प्रकरण का नाम **दशनच्छेद्यविधि** प्रकरण है। दशनक्षत के योग्य स्थानों के निर्देश से इस प्रकरण का प्रारम्भ है। वात्स्यायन दाँतों के गुण-दोष का उल्लेख कर दशनक्षत के गूढक, उच्छूनक, बिन्दु, बिन्दुमाला, प्रवालमणि, खण्डाभ्रक एवं वराहचर्वितक आदि भेदों के लक्षणों का निर्देश करते हैं तथा प्रत्येक दशनक्षत के करणीय स्थानों का निर्देश करते हैं। द्वितीय प्रकरण का नाम **देश्योपचार** प्रकरण है। इस प्रकरण में देशभेद से मध्यदेश, बाह्लीक, अवन्ती, मालव, आभीर, सप्तसिन्धु-परिक्षेत्र, अपरान्त, लाट, स्त्रीराज्य, कोसल, आन्ध्र, महाराष्ट्र, नागर, द्रविड़, वनवासी, गौड़ आदि देश की स्त्रियों के रत्यासक्तिजन्य स्वभाव का वर्णन करने के बाद सुवर्णनाभ का मत- 'देशज स्वभाव की अपेक्षा व्यक्ति की अपनी स्वाभाविक प्रकृति श्रेष्ठ होती है' यह उल्लेख है। अन्त में रतिकालिक रागवर्द्धन में आलिंगन, चुम्बन, नख-दशनक्षत, सीत्कार एवं प्रणहन आदि की उपयोगिता बताते हुए अध्याय का उपसंहार है।

षष्ठ अध्याय में दो प्रकरण हैं। प्रथम का नाम **संवेशनविधि** प्रकरण है। स्त्री-पुरुष के जातिभेदानुसार संप्रयोग की सामान्य विधियों के उल्लेख से प्रकरण का प्रारम्भ करते हुए

आचार्य वात्स्यायन बाभ्रवीय मतानुसार **मृगी** नायिका के लिए उच्च एवं उच्चतर रत में संभोग हेतु उपयोगी उत्फुल्लक, विजृतम्भतक एवं इन्द्राणी प्रकारों का वर्णन करते हैं। **हस्तिनी** नायिका के लिए नीच एवं नीचतर रत में संभोग हेतु उपयोगी संपुटक प्रकार तथा **वडवा** नायिका के योग्य संपुटक, पीडितक, वेष्टितक एवं बाडवक प्रकारों का वर्णन है। सुवर्णनाभ द्वारा कहे गए भुग्नक, जृम्भितक, उत्पीडितक, अर्धपीडितक, वेणुदारितक, शूलाचितक, कार्कटक, पीडितक, पद्मासन, परावृत्तक, जलसंयोग आदि प्रकारों का वर्णन भी है। किन्तु अशास्त्रीय होने के कारण आचार्य वात्स्यायन जलसंयोग का निषेध कर प्रकरण समाप्त करते हैं। द्वितीय प्रकरण का नाम **चित्ररत** प्रकरण है। इस प्रकरण में स्थितरत, अवलम्बितक, धेनुक, विविधपशुविशेषयोग, एक पुरुष एवं दो स्त्रियों द्वारा संपाद्य संघाटकरत, एक पुरुष एवं अनेक स्त्रियों द्वारा संपाद्य गोयूथिकरत आदि विचित्र संभोग प्रकारों का निर्देश करने के अनन्तर ग्रामनारीविषय, स्त्रीराज्य एवं बाल्लीक में राजकुल की स्त्रियों द्वारा अपने महलों में छिपा कर रखे गए युवकों द्वारा एक स्त्री का अनेक युवकों के साथ सामूहिक संयोग; यदा-कदा वेश्याओं द्वारा भी इस प्रकार के संयोग करने तथा दाक्षिणत्यों में अधोरत की प्रवृत्ति का निर्देश कर आनुवंश्य श्लोकों के द्वारा अध्याय का उपसंहार है।

सप्तम अध्याय में **प्रणहन एवं सीत्कृत** नामक दो प्रकरण है; जिनके विषयों का वर्णन एक साथ किया गया है। कलहरूप सुरतपरक इस अध्याय के प्रारम्भ में प्रहणन के स्थानों का निर्देश कर अपहस्तक, प्रसृतक, मुष्टि, समतल नामक चार प्रकार के प्रणहनों का उल्लेख कर नामनिर्देशपूर्वक सीत्कृत को परिभाषित किया गया है। उसके हिंकार, स्तनित, कूजित, रुदित, सूत्कृत, फूत्कृत आदि भेदों एवं तज्जनित विधानों का वर्णन और आनुवंश्य श्लोकों द्वारा इसे समर्थित कर दाक्षिणात्यों में प्रसिद्ध कीला, कर्त्तरी, विद्धा एवं संदंशिका नामक चार अन्य भेदों का निर्देश है। प्रहणन को कष्टकारी मानकर निषेध करते हुए उसके दुष्परिणामों को उदाहृत एवं आनुवंश्य श्लोकों द्वारा समर्थित कर अध्याय का उपसंहार किया गया है।

अष्टम अध्याय में **पुरुषायित एवं पुरुषोपसृप्त** नामक दो प्रकरण हैं, जिनके विषयों का वर्णन इस प्रकार है। पुरुषायित को परिभाषित कर इस अध्याय का प्रारम्भ करते हुए वात्स्यायन नारी के द्वारा किए जाने वाले विपरीत रति के बाह्य एवं आभ्यन्तर भेद में से प्रथमतः बाह्यभेद का वर्णन है। भिन्न-भिन्न अवस्था की नायिकाओं के अनुकूल प्रयोग में लाये जाने वाले बाह्यपुरुषोपसृप्त के विविध उपायों का वर्णन कर अन्तःपुरुषोपसृप्त के उपसृप्तक, मन्थन, हुल, अवमर्दन, पीडितक, निर्घात, वराहघात, वृषाघात, चटकविलसित एवं संपुट आदि दश प्रकारों का निर्देश है। 'उपसृप्तक को न्याययुक्त एवं अन्य शेष को हेय' मानकर उपर्युक्त सभी को परिभाषित करने के अनन्तर अन्तःपुरुषायित के संदंश, भ्रमरक एवं

प्रेंखोलितक भेदों का वर्णन है। विपरीतरति के विषय में आनुवंश्य श्लोकों को उद्धृत कर अध्याय की समाप्ति होती है।

नवम अध्याय में **औपरिष्टक** नामक प्रकरण है। तृतीयाप्रकृति के स्त्रीरूपिणी एवं पुरुषरूपिणी के भेदनिर्देशपूर्वक इस प्रकरण का प्रारम्भ होता है। तृतीयाप्रकृति के मुख में किए जाने वाले जघनकर्म को औपरिष्टक के रूप में परिभाषित करते हुए औपरिष्टककर्म के निमित, पार्श्वतोदंष्ट, बहिःसंदंश, अन्तःसंदंश, चुम्बितक, परिमृष्टक, आम्रचूषितक एवं संगर नामक आठ भेदों का वर्णन है। इसके अनन्तर कुछ कुलटा, स्वैरिणी, परिचारिक, संवाहिका आदि के द्वारा भी औपरिष्टककर्मप्रयोग को रेखांकित कर औपरिष्टकर्म को अनार्यवृत्त एवं शास्त्रविरुद्ध मानकर निषिद्ध किया गया है। पुनः प्राच्य, अहिच्छत्र, साकेत, नगर, शूरसेन आदि देश के निवासियों के औपरिष्टकपरक विधिनिषेध को प्रस्तुत करने के अनन्तर देशाचार एवं अपनी अनुकूलता के अनुसार कामव्यवहार का परामर्श देकर आनुवंश्य श्लोकों के द्वारा लोक में प्रचलित औपरिष्टककर्मपरक उदाहरणों को प्रस्तुत किया गया है। स्त्री-पुरुष द्वारा परस्पर करणीय काकिल नामक औपरिष्टकभेद के उल्लेख के अनन्तर विधिनिषेध का निर्देश कर अध्याय का उपसंहार होता है।

दशम अध्याय में तीन प्रकरण हैं। प्रथम प्रकरण का नाम **रतारम्भावसानिक** है। इस प्रकरण में नागरिक के द्वारा संभोग के प्रारम्भ, अवसान एवं पुनः भोगेच्छा उत्पन्न करने के अनेक उपायों का वर्णन कर आनुवंश्य श्लोकों द्वारा उसे पुष्ट किया गया हैं। द्वितीय का नाम **रतविशेष** प्रकरण है। इस प्रकरण में रागवत्, आहार्यराग, कृत्रिमराग, व्यवहितराग, पोटारत, खलरत एवं अयंत्रितरत नामक रतविशेषों की विधियों का वर्णन है। तृतीय प्रकरण का नाम **प्रणयकलह** प्रकरण है। इस प्रकरण में नायिकाओं द्वारा प्रणयकालिक मानरूप कलह तथा कलहनिवारण के उपायों का वर्णन करने के अनन्तर आनुवंश्य श्लोकों के द्वारा पांचालिकी चतुःषष्टि कलाओं की प्रसंशा एवं चतुःषष्टिकलाभिज्ञ पुरुष के प्रति होने वाले सम्मान का उल्लेख कर अधिकरण का उपसंहार होता है।

तृतीय अधिकरण का नाम **कन्यासम्प्रयुक्तक अधिकरण** है। इसमें कुल पाँच अध्याय एवं नव प्रकरण हैं। प्रथम अध्याय में दो प्रकरण हैं। प्रथम प्रकरण का नाम **वरणसंविधान** है। इस प्रकरण में आचार्य वात्स्यायन कन्या वरण-विधान पर मत व्यक्त करते हैं कि अक्षतयोनि सवर्णा कन्या से शास्त्रोक्त विधिपूर्वक विवाह करने से धर्म की वृद्धि, धन की प्राप्ति, उत्तम पुत्र के द्वारा वंशवृद्धि, ज्ञातिसंबन्ध-संतुष्टि एवं रतिवृद्धिपूर्वक कामवासना की तृप्ति होती है। अतः बुद्धिमान् पुरुष ऐसी कन्या से विवाह करे जो आभिजात्य गुणवती, मातृपितृमती, अपने से न्यूनतम तीन वर्ष की छोटी हो, कुलीन-सम्पन्न-प्रसिद्ध एवं भरे-पूरे कुल की हो तथा रूप, गुण, शील, सौन्दर्य आदि से सम्पन्न हो। ऐसी कन्या से विवाह निश्चित करने में ज्योतिषियों, निमित्तज्ञों, कुटुम्बियों तथा सम्बन्धियों से भी परामर्श लेना चाहिये।

इसके पश्चात् आपस्तम्बगृह्यसूत्र के चार सूत्रों के द्वारा कन्या के दोषों का निर्देश है। विवाह निश्चित हो जाने पर कन्या को वस्त्राभूषणादि से अलंकृत कर किसी बहाने से वर एवं उसके घरवालों को दिखाया जाय तथा दैवपरीक्षण विधि सम्पन्न होने के पश्चात् कन्या प्रदान करने का निश्चय कर देशाचार एवं कुलाचार के अनुसार ब्राह्म, प्राजापत्य, आर्ष एवं दैव विवाहों में से किसी एक के द्वारा शास्त्रविधि से कन्या का विवाह करना चाहिये। द्वितीय प्रकरण का नाम **सम्बन्धनिश्चय** प्रकरण है। इसमें आनुवंश्य श्लोकों के द्वारा अपने से उच्च एवं हीन सम्बन्धों को निन्दित और समान सम्बन्ध को उत्तम मानते हुए 'जिस विवाह से पति-पत्नी को परस्पर आनन्द की अनुभूति हो और दोनों एक-दूसरे के पूरक एवं शोभावर्द्धक हों वही विवाह करणीय होता है' इस सिद्धान्त द्वारा अध्याय का उपसंहार किया गया है।

द्वितीय अध्याय में **कन्याविश्रम्भण** नामक प्रकरण हैं। इस प्रकरण में कामसूत्रकार विवाह के अनन्तर कन्या को विश्वास में लिए जाने के उपायों का निर्देश करते हैं कि स्त्रियाँ पुष्प के समान कोमल होती हैं। उनके साथ अत्यन्त सुकुमारता-पूर्वक व्यवहार करना चाहिये जिससे ये पति के प्रति उनके हृदय में पूर्ण विश्वास उत्पन्न हो जाए। सुकुमारतापूर्वक पत्नी का विश्वास पाकर पति को आलिंगन, चुम्बन, नख-दशनक्षत, संवेशन आदि कामशास्त्रीय विधानों का प्रयोग कर दाम्पत्यजीवन का सुखमय प्रारम्भ करना चाहिये। अन्त में आनुवंश्य श्लोकों के माध्यम से पति के द्वारा पत्नी-प्रसादन की युक्तियुक्तता का निर्देश है कि 'चतुर पति को चाहिये कि वह न तो स्त्री का क्रीतदास बने और न उसके प्रति कठोर बने; अपितु मध्यम मार्ग अपनाकर पत्नी के हृदय में अपने प्रति प्रेम उत्पन्न कर, उसके मान की रक्षा करते हुए उसे अपने प्रति विश्वस्त बनावे।'

तृतीय अध्याय में दो प्रकरण हैं। इसके प्रथम प्रकरण का नाम **बालोपक्रमप्रकरण** है। जिसका विवाह ब्राह्म, प्राजापत्य, आर्ष एवं दैव; इन चार प्रकार के विवाहों में से किसी भी विधि के द्वारा न हो सके उसके लिए गान्धर्वविधि से विवाह के प्रयत्न को उचित मानकर देश-भेद को उदाहृत करते हुए इसमें निर्दिष्ट है कि यदि पुरुष दक्षिणापथ का निवासी एवं धनहीन है तो वह अपने मातुलगृह में रहकर मामा की पुत्री के साथ, भले ही वह किसी अन्य की वाग्दत्ता हों; से गान्धर्वविवाह कर ले। जिस देश में **मातुली कन्या** के साथ विवाह निषिद्ध हो वहाँ के विवाहेच्छुक पुरुष को चाहिये कि वह सापिण्ड्य का विचार कर कन्या की प्राप्ति करे। इसके पश्चात् गान्धर्वविवाह के निमित्त कन्या को अनुरक्त बनाने के विविध उपायों का निर्देश कर प्रकरण समाप्त होता है। द्वितीय प्रकरण का नाम **इंगितकारसूचनप्रकरण** है। इसमें स्त्रियों के हाव-भाव एवं अनुराग-प्रदर्शक भावों का विवेचन करने के पश्चात् तत्सम्बन्धी दो आनुवंश्य श्लोकों के साथ इस अध्याय का उपसंहार है।

चतुर्थ अध्याय में तीन प्रकरण हैं। इसके प्रथम प्रकरण का नाम **एकपुरुषाभियोग प्रकरण** है। इस प्रकरण में किसी अन्य व्यक्ति का सहयोग लिए बिना ही विवाहेच्छु पुरुष

द्वारा अकेले ही अभीष्ट कन्या की प्राप्ति हेतु किए जानेवाले विविध प्रकार के बाह्य एवं आभ्यन्तर उपायों का वर्णन है कि जिन स्त्रियों के भावों की परीक्षा अनेक बार हो चुकी हो, ऐसी स्त्रियाँ अपने प्रणयी के प्रति अत्यन्त समर्पित होती हैं। द्वितीय प्रकरण का नाम **प्रयोज्योपावर्तन प्रकरण** है। जिस प्रकार पूर्व के प्रकरणों में पुरुष द्वारा गान्धर्वविवाह हेतु अनुकूल कन्या की प्राप्ति के उपायों का उल्लेख किया गया है, उसी प्रकार इस प्रकरण में मनोनुकूल वर का चयन कर गान्धर्वविवाह करने वाली युवतियों के विषय में अभिमत है कि 'यदि हीन कुल में उत्पन्न होकर भी कन्या गुणवती हो, किन्तु उसके अभिभावक उसका विवाह न कर रहें हों या कुलीन गृह की गुणवती हो फिर भी निर्धनता के कारण उसका विवाह न हो पा रहा हो अथवा अभिजात्य कुल में उत्पन्न होने पर भी माता-पिता से हीन होने के कारण कन्या का विवाह न हो पा रहा हो, ऐसी गुणवती कन्याओं को चाहिये कि वे गान्धर्वविवाह हेतु किसी ऐसे गुणवान्, शक्तिशाली एवं सुन्दर युवक का चयन करें जो कि उनके बाल्यावस्था का साथी हो।'

इसके पश्चात् अनुकूल पुरुष को अनुरक्त बनाने हेतु अनेक प्रकार के बाह्य एवं आभ्यन्तर उपायों का वर्णन हैं। तृतीय प्रकरण का नाम **अभियोगतः कन्यायाः प्रतिपत्तिः** है। इस प्रकरण में आनुवंश्य श्लोकों द्वारा स्वयंकृत उपायों से अनुकूल एवं वशीभूत पति के चयन में कन्या के स्वातन्त्र्य तथा विवाह हेतु स्वयं प्रयास करने वाली युवतियों को वर-चयन में गुणी, अनुरक्त एवं वशवर्ती वर के चयन के प्रति सतर्कता का परामर्श है। युवतियों द्वारा किए जानेवाले उपायों आदि के निर्देश द्वारा इस अध्याय का उपसंहार करते हैं।

पंचम अध्याय में **विवाह** प्रकरण हैं। इस प्रकरण में विवाहेच्छु पुरुष द्वारा मनोनुकूल कन्या के साथ विवाह हेतु कन्या एवं उसके कुटुम्ब के लोगों को अनुकूल बनाने, सामान्य अनुकूल न होने पर धन-प्रभाव आदि के द्वारा अनुकूल बनाने तथा इस पर भी अनुकूल न होने पर आसुर-विधि से विवाह के प्रयास का उल्लेख है। इस प्रसंग में आचार्य वात्स्यायन-**अग्निसाक्षिका हि विवाहा न निवर्तन्त इत्याचार्यसमयः** (3/5/14) द्वारा विवाह में अग्नि के साक्षित्व के महत्त्व का उल्लेख करते हैं। पैशाच एवं राक्षस विधि से किये जाने वाले विवाह के उपायों का तदनन्तर वर्णन करते हैं। अन्त में आनुवंश्य श्लोकों के द्वारा विवाह की आठों विधियों में धार्मिक दृष्टि से प्रथम ब्राह्मविवाह-विधि को सर्वश्रेष्ठ एवं क्रम से उत्तरोत्तर विवाह-विधि को पूर्व की अपेक्षा अवर स्वीकार करते हुए भी **गान्धर्वविवाह** का श्रेष्ठत्व प्रतिपादित करते हैं-

व्यूढानां हि विवाहानामनुरागः फलं यतः।
मध्यमोऽपि हि सद्योगो गान्धर्वस्तेन पूजितः।।
सुखत्वादबहुक्लेशाद् अपि चावरणादिह।
अनुरागात्मकत्वाच्च गान्धर्वः प्रवरो मतः।। (३/५/२९-३०)

चतुर्थ **भार्याधिकारिक अधिकरण** में दो अध्याय एवं आठ प्रकरण हैं। **यह अधिकरण कामसूत्र का प्राण है।** इस अधिकरण में आचार्य वात्स्यायन ने भार्या को एकचारिणी एवं सपत्निका भेद से द्विधा विभक्त करते हुए एकचारिणी-भार्या के द्वारा करणीय कृत्य के वर्णन के माध्यम से गृह-व्यवस्था का सुन्दर एवं हृदयावर्जक स्वरूप प्रस्तुत किया है। प्रथम अध्याय में दो प्रकरण हैं। प्रथम का नाम **एकचारिणीवृत्त प्रकरण** है। इस प्रकरण में वात्स्यायन ने गृह-व्यवस्था का केन्द्र कुलवधू को मानते हुए शास्त्रीय विधि से विवाहित कन्या को पतिगृह में गुरुजनों के आदेश से सम्पूर्ण गृह-व्यवस्था के समुचित संचालन का परामर्श दिया है। योग्य भार्या के लक्षण बताये गये हैं कि 'पतिव्रता भार्या वही है, जो पति की विश्वासपात्र बनकर उसे अपना हृदयेश मानते हुए उसकी चित्तानुगामिनी होती है। वह अपने पति एवं गुरुजनों की अनुमति से गृह-प्रबन्ध का भार अपने ऊपर ले कर गृह को समुचित रूप से स्वच्छ एवं पवित्र रखे। उपयुक्त स्थानों को सुगन्धित पुष्पों से सुसज्जित रखे, आँगन को दर्शनीय एवं सुकोमल बनाये। प्रातः, मध्याह्न एवं सायं तीनों समय देवकर्म करें तथा गृह के अन्दर के देवमन्दिर में पूजन-प्रबन्ध उचित समय पर करे। क्योंकि गृहस्थों के लिए इससे बढ़कर और कुछ नहीं है।

कुलवधू अपने सास-ससुर, ननद-ननदोई एवं नौकर-चाकर आदि के साथ यथायोग्य समुचित व्यवहार करे। घर के आगे-पीछे खाली भूमि में साफ सुथरी क्यारियाँ बनवा कर नित्य उपयोग में आने वाले साग-सब्जियों तथा औषधीय पौधों को लगवा दे। **गृहवाटिका** में विविध प्रकार के उपयोगी वृक्षों लगवाने के साथ ही चलने के लिए सुन्दर पगडण्डियों एवं बीच-बीच में बैठने के लिए चौकोर चबूतरों तथा उस वाटिका के मध्य में उत्तम जलस्रोत का निर्माण करावे।

अपनी सच्चरित्रता की रक्षा के लिए कुलवधू भिखारिनों, बौद्ध एवं जैन सन्यासिनियों, नाच-गाना-तमाशा दिखाने वाली स्त्रियों, कुलटाओं, सगुन कराने वाली स्त्रियों, व्यभिचारिणी स्त्रियों एवं जादू-टोना करने वाली स्त्रियों के साथ किसी भी प्रकार का सम्पर्क न रखे; क्योंकि इनका संसर्ग चारित्रिक भ्रष्टता उत्पन्न करता है। पति की चर्या में स्वयं प्रस्तुत रहे।

पति के सामने कभी अलंकारविहीन होकर न जाये। यदि पति अधिक धन व्यय करते हों या व्यर्थ व्यय करते हों तो उन्हें एकान्त में अच्छी तरह समझाये।

कुलवधू को किसी सम्बन्धी के यहाँ आवाह-विवाह-यज्ञ आदि में जाना हो, सखियों के साथ खान-पान, गोष्ठी या देवदर्शन हेतु जाना हो तो पति से पूछ कर जाये एवं पति की अनूकूलता होने पर ही विभिन्न प्रकार की क्रीड़ाओं में भाग लेवे। पति के सो जाने पर सोवे तथा जगने से पूर्व जग जाए। यदि पति कोई विरुद्ध आचारण करता हो तो उस पर किंचित् रोष प्रकट करते हुए उसे भविष्य में ऐसा न करने की मधुर चेतावनी देनी चाहिए। यदि प्रयोजनवशात् पति को उलाहना देना हो, तो उसे एकान्त में या घनिष्ठ मित्रों के

मध्य ही देवे; अन्य किसी के सामने नहीं। पति को वशवर्ती बनाने के लिए जादू-टोना आदि के प्रयोग का प्रयास कदापि न करे, क्योंकि जादू-टोने का प्रयोग ही पति-पत्नी के मध्य परस्पर अविश्वास उत्पन्न करने का मूल कारण होता है।

साध्वी स्त्री को बुरी आदतों से यथासंभव दूर रहना चाहिए। कुलवधू अपने शरीर को सदैव सुगन्धित रखे तथा पति के पास अभिगमन हेतु जाने से पूर्व स्वयं को आभूषण लेप, अंगराग आदि एवं शुभ्र वस्त्र से सुसज्जित कर लेवे। यदि **गोष्ठीविहार** आदि सार्वजनिक उत्सवादि में जाना हो तो हल्का अनुलेपन, हल्के वस्त्र एवं आभूषण धारण कर केशो को विभिन्न पुष्पों से सजावे।'

भोजन व्यवस्था के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए आचार्य वात्स्यायन का निर्देश है कि 'रसोई घर ऐसी जगह पर बनवाना चाहिए जहाँ पर एकान्त एवं पर्याप्त स्वच्छता हो।

उत्तम गृहिणी अपनी समवयस्क स्त्रियों के मध्य स्वयं को कुशल, पवित्र, विविध व्यंजन बनाने में दक्ष, स्वाभिमानिनी एवं अन्य व्यवहारों में उत्तम बनावे तथा पति एवं घर के अन्य सदस्यों की रुचि और उनके पथ्यापथ्य का ध्यान रखते हुए भोजन निर्माण करें। **कुशल गृहिणी** को चाहिए कि वह साल भर की आय-व्यय का बजट बना कर उसी के अनुरूप व्यय करे तथा अपने परिवार के आर्थिक स्रोत, आय एवं पति द्वारा बतायी गई गुप्त चर्चा किसी को भी न बतावे। यदि कोई गृहोपयोगी वस्तु अल्प मूल्य में प्राप्त होती हो, तो उपयोगानुसार उसे खरीद लेवे तथा स्निग्ध पदार्थ, विविधगन्धद्रव्य, विविध प्रकार की औषधियां तथा जो वस्तुएं कठिनाई से प्राप्त होती हों या जो दुर्लभ हों, उन्हें संचित कर सुरक्षित रखे। यथावसर खेत में बोने के लिए विविध प्रकार की सब्जियों एवं औषधियों के बीजों को संभाल कर रखे। उपयोग के पश्चात् शेष बची वस्तुओं को न फेंककर उसे पूर्णतः उपयोग में लावे।

नौकरों के वेतन एवं **भरण-पोषण** की जानकारी रखे। कृषि एवं पशुपालन की चिन्ता करे तथा वाहन आदि के रखने के स्थान का निरीक्षण करे। घर के पालतू पशु-पक्षियों की देखरेख करे तथा दिन भर के आय-व्यय आदि का समुचित रूप से हिसाब रखे। अच्छा काम करने वाले परिचारकों को यथावसर पुरस्कृत करती रहे तथा जो वस्त्र किसी को देने लायक न हो तो उनका अन्य उपयोग करे। सुरा एवं आसव आदि के पात्रों को रखने एवं उसके उपयोग करने की प्रक्रिया को जाने तथा आवश्यकता पड़ने पर उसके क्रय-विक्रय से होने वाले **लाभ-हानि** का भी निरीक्षण करती रहे।

अपने पति के मित्रों का उचित सत्कार करे। सास-ससुर की सेवा करे, उनकी आज्ञाओं का पालन करे, उन्हें उलट कर जवाब न देवे, उनके सामने धीरे एवं कम बोले तथा मन्द स्वर में ही हँसे। जो लोग परिवार के सदस्यों के प्रिय हों, उनके साथ सदाचार-पूर्ण व्यवहार करे। उपलब्ध सुख-सुविधाओं के भोग के विषय में अभिमान न करे

एवं परिवार के सभी सदस्यों के साथ उदारता-पूर्ण व्यवहार करे। पति की जानकारी के बिना कोई भी वस्तु किसी को न देवे। परिचरों को उनके कार्य पर नियत रखे तथा विविध उत्सवों के अवसर पर उन्हें यथोचित पारितोषिक आदि देकर सम्मानित भी करे।'

द्वितीय प्रकरण का नाम **प्रवासचर्याप्रकरण** है। इस प्रकरण में पति के प्रवास पर जाने के पश्चात् कुलवधू द्वारा करणीय कर्त्तव्यों का उल्लेख है कि 'पति के प्रवासी हो जाने पर कुलवधू को चाहिए कि वह अपनी सास के निकट सोवे, उनके कथनानुसार कार्यों का निर्वाह करे। नित्य-नैमित्तिक कार्यों में यथोचित व्यय ही करे, पति के द्वारा प्रारम्भ किये गये कार्यों को पूर्ण कराने का प्रयास करे। अपने मायके तभी जाये जब कोई विशेष कार्य हो। सास-ससुर की अनुमति से ही व्रत-उपवास आदि करे। स्वामिभक्त सेवकों के माध्यम से ही क्रय-विक्रय आदि करे तथा यथासंभव न्यूनतम व्यय करे। पति के प्रवास से वापस आने पर देवपूजन आदि के द्वारा उसकी मंगलकामना करे।' प्रकरण के अन्त में आनुवंश्य श्लोकों के माध्यम से सदाचारिणी कुलवधू की उत्कृष्टता का प्रतिपादन करते हुए अध्याय का उपसंहार होता है।

द्वितीय अध्याय में छः प्रकरण हैं। इसके प्रथम का नाम **ज्येष्ठावृत्त प्रकरण** है। इस प्रकरण में पुरुष द्वारा दूसरा विवाह किये जाने के कारणों का उल्लेख करते हुए सपत्नियों के मध्य परस्पर व्यवहार का वर्णन है। **ज्येष्ठावधू** को चाहिए कि वह दूसरी नवविवाहिता वधू को अपनी सपत्नी न समझ कर अपनी छोटी बहन समझे। यदि नववधू कुछ कड़वी बात कह भी दे तो उस पर विचार न करे। नववधू पति के प्रति कोई असावधानी करे तो ज्येष्ठावधू उसे स्वस्थचित्त से एकान्त में ऐसा व्यवहार न करने की सीख देवे। ज्येष्ठावधू कनिष्ठावधू के बच्चों को अपने बच्चों की भांति ही स्नेह दे, उसके सेवकों एवं संबन्धियों को अपने संबन्धियों की भांति ही सम्मान देवें।

द्वितीय प्रकरण का नाम **कनिष्ठावृत्त** है। इस प्रकरण में कनिष्ठावधू के द्वारा ज्येष्ठावधू के प्रति करणीय व्यवहार का वर्णन है। कनिष्ठावधू अपने पति की ज्येष्ठावधू को माता की भांति माने एवं अपने मायके से प्राप्त वस्तु को उसकी आज्ञा के अनुसार ही उपयोग में लावे। वह अपने समस्त कार्यभार ज्येष्ठा के अधीन कर दे एवं उसकी आज्ञा लेकर पति के समीप जावे। उसकी बातों एवं रहस्यों को किसी से न कहे, उसके बच्चों को अपने बच्चों की अपेक्षा अधिक स्नेह देवे। पति से प्राप्त प्रेम पर गर्व न करे, यदि ज्येष्ठावधू सन्तानहीन है तो उसका और भी आदर करे।

तृतीय प्रकरण का नाम **पुनर्भूवृत्त** है। इस प्रकरण में आचार्य वात्स्यायन स्त्रियों की एक विशिष्ट कोटि **पुनर्भू** को परिभाषित करते हैं कि 'जब कोई विधवा इन्द्रियदौर्बल्य के कारण अपनी कामनाओं को नियंत्रित करने में असमर्थ हो तो उसे चाहिए कि वह अपने चित्तानुकूल किसी सम्पन्न एवं गुणी व्यक्ति को अपना पति बना ले, ऐसी स्त्री पुनर्भू कहलाती है।' पुनर्भू के द्वारा करणीय कृत्यों का वर्णन भी इसमें है।

चतुर्थ प्रकरण का नाम **दुर्भगावृत्त** है। इस प्रकरण में प्रतिकूल स्वभाव वाली अथवा भाग्यहीन स्त्रियों के द्वारा सौभाग्य प्राप्ति के उपायों का वर्णन किया गया है। पंचम प्रकरण **आन्तःपुरिकावृत्त** है। इस प्रकरण में राजाओं के अन्तःपुर में किये जाने वाले आचरणों का वर्णन किया गया है। षष्ठ प्रकरण का नाम **पुरुषस्य बह्वीषु प्रतिपत्तिः** है। इस प्रकरण में आनुवंश्य श्लोकों के माध्यम से राजाओं को अपने अन्तःपुर की रमणियों को संतुष्ट करने के उपायों का वर्णन तथा सौभाग्य की आकांक्षा रखने वाली नारी की वृत्ति का उल्लेख है। जो स्त्री अपने क्रोध एवं अमर्ष का परित्याग कर शास्त्रीय निर्देशानुसार व्यवहार करती है, वह निश्चितरूपेण पति को अनुकूल बना कर सौभाग्य प्राप्त करती है' इस निर्देश द्वारा अधिकरण का उपसंहार है।

पंचम **पारदारिक अधिकरण** में छः अध्याय एवं दश प्रकरण हैं। इसके प्रथम अध्याय में चार प्रकरण हैं। प्रथम प्रकरण का नाम **स्त्रीपुरुषशीलावस्थापन** है। स्त्रीगमन की प्रासंगिकता तथा काम के दस स्थानों का निर्देश इस प्रकार है-

कामस्य तु दश स्थानानि-चक्षुः प्रीतिर्मनस्सङ्गः सङ्कल्पोत्पत्तिर्निद्राच्छेदस्तनुता विषयेभ्यो व्यावृत्तिर्लज्जाप्रणाश उन्मादो मूर्च्छा मरणमिति तेषां लिंगानि (का.सू. ५।१।४)।

इसके अनन्तर परविषयक अनुराग एवं तदर्थ प्रयत्न का उल्लेख इस प्रकरण में है। द्वितीय **व्यावर्तनकारण** प्रकरण है। इसमें स्त्रियां परपुरुष की कामना जिन कारणों से नहीं करती हैं, उनका विवरण है। तृतीय **स्त्रीसिद्धपुरुष** प्रकरण है। इस प्रकरण में परस्त्री को अपने में अनुरक्त करने में सफल पुरुषों का वर्णन किया गया है। चतुर्थ प्रकरण का नाम **अयत्नसाध्ययोषित** है। इस प्रकरण में बिना प्रयत्न के सहज ही वशीभूत हो जाने वाली स्त्रियों के लक्षणों का निर्देश किया गया है।

द्वितीय अध्याय में दो प्रकरण हैं। इसके प्रथम प्रकरण का नाम **परिचयकारण** है। इसमें अभीष्ट परस्त्री को अनुकूल बनाने हेतु उससे परिचय बढ़ाने के विविध उपायों का वर्णन किया गया है। द्वितीय प्रकरण का नाम **अभियोग प्रकरण** है। इस प्रकरण में परिचय हो जाने पर उसकी अन्तंरगता प्राप्त करने के उपायों का वर्णन किया गया है। तृतीय अध्याय में **भावपरीक्षा** नामक प्रकरण है। इस प्रकरण में स्त्री की अन्तंरगता प्राप्त करने के अनन्तर उसके परपुरुषजन्य संप्रयोगविषयक भावों के परीक्षण करने के उपायों का वर्णन किया गया है। चतुर्थ अध्याय में **दूतीकर्म** नामक प्रकरण है। इस प्रकरण में अभीष्ट परस्त्री को अनुरक्त बनाने हेतु दूतीप्रयोग एवं दूतियों के द्वारा इस कार्य को सिद्ध करने में प्रयुक्त होने वाले उपायों का उल्लेख है। दूती के निसृष्टार्था, परिमितार्था, **पत्रकारी**, स्वयंदूती, मूढदूती, भार्यादूती, **मूकदूती** एवं **वातदूती** आदि भेदों को परिभाषित कर दौत्यकार्य में सफल होने वाली स्त्रियों का भी वर्णन किया गया है।

पंचम अध्याय में **ईश्वरकामित** नामक प्रकरण में राजाओं एवं राजकर्मचारियों के द्वारा परस्त्रीगमन में प्रयुक्त किये जाने वाले विविध उपायों के उल्लेखपूर्वक परस्त्रीगमन से उन पर पड़ने कुप्रभावों वर्णन है। आन्ध्र, **वत्सगुल्म**, विदर्भ, सौराष्ट्र आदि देशों में तत्कालीन राजाओं द्वारा प्रचलित परस्त्रीगमन की विविध कुप्रथाओं का निर्देश कर राजाओं से प्रजा के प्रति सद्व्यवहार का आचरण करने की अपेक्षा की गयी है।

षष्ठ अध्याय में **अन्तःपुरिक-दाररक्षितक** नामक प्रकरण में राजाओं के अन्तःपुर में अतृप्त वासनाजन्य सुखाभिलाषी रानियों के द्वारा अपनी दैहिक वासना की शान्ति हेतु **अपद्रव्यादि** कृत्रिम उपायों के प्रयोग, परपुरुषाभिलाषिणी रानियों के द्वारा प्रयोग किये जाने वाले परपुरुषनियोग के विविध उपायों तथा अन्तः पुर में गुप्तप्रवेश करने वाले पुरुषों को आत्मसुरक्षात्मक उपायों का निर्देश है। अपरान्त, आभीर, वत्सगुल्म, विदर्भ, **स्त्रीराज्य**, गौड़, सिन्ध, हैमवत, अंग, बंग, कलिंग, प्राच्य आदि देशों के राजाओं के अन्तःपुर में दैहिक सुखार्थ रानियों द्वारा प्रयुक्त उपायों एवं प्रवृत्तियों का वर्णन किया गया है। अन्तःपुर की रमणियों की शीलरक्षा के उपायों, स्त्रियों के हृदय में परपुरुषानुराग के भाव जागृत होने के कारणों के निर्देशपूर्वक परगमन को गर्हित बताकर पुरुषों की भलाई एवं स्त्रियों की शीलरक्षा के उद्देश्य को ही इस अधिकरण का प्रयोजन बता कर उपसंहार किया गया है।

षष्ठ **वैशिक अधिकरण** में छः अध्याय एवं बारह प्रकरण हैं। इसके प्रथम अध्याय में तीन प्रकरण हैं। प्रथम प्रकरण का नाम **गम्यागम्यचिन्ता** है। इसमें लोकसुखदायिनी गणिका के व्यवहार, उसके कार्य में सहायक व्यक्ति, धनाभिलाषिणी एवं प्रणयानुरागिणी गणिकाओं के द्वारा गम्य तथा अगम्य व्यक्तियों के लक्षण आदि का निरूपण है। द्वितीय का नाम **गमनकारण** प्रकरण है। इस प्रकरण में वेश्या के द्वारा गमन के कारणों पर विमर्श किया गया है। तृतीय प्रकरण का नाम **गम्योपावर्तनिविधि** है। इस प्रकरण में वेश्या द्वारा गम्यपुरुष के साथ किये जानेवाले कपटप्रेमविधिपूर्वक संप्रयोगस्वीकृति का वर्णन किया गया है।

द्वितीय अध्याय में **कान्तानुवर्तन** नामक प्रकरण है। इस प्रकरण में वेश्या को प्रचुर अर्थलाभ की दृष्टि से समृद्ध प्रणयी के प्रति एकचारिणी स्त्री की भाँति व्यवहार करने को निर्देशित किया गया है।

तृतीय अध्याय में चार प्रकरण हैं। प्रथम प्रकरण का नाम **अर्थागमोपाय** प्रकरण है। इस प्रकरण में वेश्या द्वारा समृद्ध प्रणयी से अधिकाधिक धनलाभ के उपायों का वर्णन किया गया है। द्वितीय प्रकरण का नाम **विरक्तलिंग** प्रकरण है। इस प्रकरण में वेश्या द्वारा से विरक्त प्रणयी के भावों की पहचान का वर्णन किया गया है। तृतीय **विरक्तप्रतिपत्ति** प्रकरण है। इस प्रकरण में वेश्या के विरक्त प्रणयी से यथासंभव धनलाभ करने का निर्देश दिया गया है। चतुर्थ प्रकरण का नाम **निष्कासनप्रकार** है। इस प्रकरण में धनाभिलाषिणी वेश्या

द्वारा विभवहीन प्रणयी का परित्याग कर उसे अपने घर से निकालने के उपायों का वर्णन है।

चतुर्थ अध्याय में **विशीर्णप्रतिसंधान** नामक प्रकरण है। इस प्रकरण में धनाभिलाषिणी वेश्या द्वारा अपने परित्यक्त विभवहीन पूर्वप्रणयी के पुनः समृद्ध होने पर उसे फिर से अनुरक्त बनाने के उपायों का वर्णन किया गया है। पंचम अध्याय में **लाभविशेष** नामक प्रकरण है। इस प्रकरण में वेश्या द्वारा अपनी मुख्यवृत्ति धनलाभ एवं अनर्थनिवारण के लिए प्रयोग में लाये जाने वाले विविध उपायों का उल्लेख है तथा उत्तमकोटि की गणिकाओं को सामाजिक एवं पारलौकिक लाभ की दृष्टि से देवमंदिर, तालाब, सार्वजनिक बाग-बगीचों, पुल आदि अन्य लोकोपकारी कार्यों को करने हेतु निर्देशित किया गया है।

षष्ठ अध्याय में दो प्रकरण हैं। इसके प्रथम प्रकरण का नाम **अर्थानर्थानुबन्धसंशयविचार** है। इस प्रकरण में वेश्या को अपनी जीवनचर्या में होने वाली अर्थ, अनर्थ, अनुबंध एवं संशय से सम्बन्धित आपत्तियों का निर्देश कर उनके प्रतिकार के उपायों का वर्णन किया गया है। द्वितीय **वेश्याविशेष** प्रकरण है। इस प्रकरण में **कुम्भदासी**, परिचारिका, कुलटा, स्वैरिणी, नटी, **शिल्पकारिका**, **प्रकाशविनष्टा**, **रूपाजीवा** एवं गणिका आदि वेश्याभेदों का उल्लेख करते हुए आनुवंश्य श्लोकों के द्वारा स्त्री एवं पुरुष के मध्य सफल रतिसुख को इस शास्त्र का प्रतिपाद्य बताते हुए इस अधिकरण का उपसंहार है।

सप्तम **औपनिषदिक अधिकरण** में दो अध्याय एवं छः प्रकरण हैं। प्रथम अध्याय में तीन प्रकरण हैं। प्रथम प्रकरण का नाम **सुभगंकरण** है। इस प्रकरण में शारीरिक सौन्दर्य की वृद्धि में सहयोगी विविध प्रकार के औषधीय योगों का उल्लेख है। द्वितीय **वशीकरण प्रकरण** है। इस प्रकरण में अभिलषित स्त्री को संप्रयोग द्वारा वशीभूत करने में सहयोगी विविध प्रकार के औषधीय योगों का वर्णन किया गया है। तृतीय प्रकरण का नाम **वृष्ययोग प्रकरण** है। इस प्रकरण में रतिशक्तिवर्द्धक विविध प्रकार के वाजीकरणीय योगों का वर्णन है तथा पूर्ववर्णित औषधीय योगों का सावधानी पूर्वक उपयोग करने का निर्देश दिया गया है।

द्वितीय अध्याय में तीन प्रकरण हैं। प्रथम प्रकरण का नाम **नष्टरागप्रत्यानयन** है। इस प्रकरण में स्त्रीसंतुष्टि हेतु औपरिष्टक-विधि, कृत्रिम उपायों आदि के प्रयोग का निर्देश है। द्वितीय **वृद्धिविधि प्रकरण** है। इस प्रकरण में **स्मरयंत्र** की वृद्धि के विविध उपायों का वर्णन किया गया है। तृतीय प्रकरण का नाम **चित्रयोग** है। इस प्रकरण में विविध प्रकार के विचित्र औपनिषदिक योगों का वर्णन कर श्वेत गौ के दुग्ध, ब्राह्मणों एवं पूज्य जनों आशीर्वाद को आयु एवं यशवृद्धि का कारक बताया गया है।

ग्रन्थ का उपसंहार करते हुए आचार्य वात्स्यायन कहते हैं कि पूर्वाचार्यों द्वारा प्रणीत शास्त्रों को देखकर एवं उनके प्रयोगों का परीक्षण करके यत्नपूर्वक इस शास्त्र को संक्षेप में

प्रस्तुत किया गया है। इसमें प्रकरणवशात् सभी प्रकार के उपाय बताये गये हैं। परन्तु किन उपायों का प्रयोग किया जाए एवं किन उपायों का नहीं इसका भी निर्देश किया गया है। यह ग्रन्थ शास्त्रविहित लोकयात्रा के निर्विघ्न संचालन हेतु ब्रह्मचर्यपूर्वक विरचित है। अन्त में ग्रन्थ के आदर्श का उद्घोष है-

रक्षन्धर्मार्थकामानां स्थितिं स्वां लोकवर्तिनीम्।
अस्य शास्त्रस्य तत्त्वज्ञो भवत्येव जितेन्द्रियः।। (७/२/५८)।

कामसूत्र के व्याख्याग्रन्थ

कामसूत्र पर संस्कृत में आचार्य यशोधर द्वारा प्रणीत **जयमंगला** टीका, आचार्य भास्कर नृसिंह प्रणीत **प्रौढ़प्रिया** टीका, आचार्य **मल्लदेव** प्रणीत टीका एवं कुछ अज्ञात विद्वानों की टीकाएं प्राप्त होती हैं। बघेलवंशी नरेश **वीरभद्रदेव** प्रणीत कंदर्पचूडामणि कामसूत्र की पद्यमयी टीका है। इनमें से जयमंगला एवं कंदर्पचूडामणि प्रकाशित है।

काशीस्थ सर्वेश्वरशास्त्रिशिष्य **भास्कर नृसिंह** प्रणीत **प्रौढ़प्रिया** की 171 पर्णयुत, देवनागरी लिपि में प्रतिलिपिकृत पूर्ण मातृका भण्डारकर प्राच्यविद्या शोध संस्थान, पुणे के मातृकालय में Acc. No. 285 of 1887-1891 पर संरक्षित है; इसके अतिरिक्त इसकी अन्य मातृकाएँ एशियाटिक सोसाइटी, मुम्बई; Government Oriental Library, मैसूर; Government Oriental Manuscript Library, चेन्नई; आदि के मातृकालयों में संरक्षित है।

मल्लदेव प्रणीत टीका की 126 पर्णयुक्त, देवनागरी लिपि में प्रतिलिपिकृत पूर्ण मातृका भण्डारकर प्राच्यविद्या शोध संस्थान, पुणे के मातृकालय में Acc. No. 665 of 1886-1892 पर संरक्षित है। अज्ञात विद्वानों द्वारा विरचित टीकाओं के लिए NCC (न्यू कैटेलोगस केटेलोगोरम) द्रष्टव्य है।

कामसूत्र के संस्करण

कामसूत्र ग्रन्थ का प्रथम मुद्रण जयमंगला टीका सहित सन् 1891 ई. में निर्णयसागर प्रेस, बम्बई से हुआ था। एक अन्य संस्करण **पं. दामोदर लाल गोस्वामी** द्वारा संपादित होकर सन् 1912 ई. में काशी संस्कृत सीरीज, वाराणसी से प्रकाशित हुआ था। इसकी टीकाओं में से **जयमंगला** अनेक स्थानों से प्रकाशित है। कंदर्पचूडामणि गुजराती न्यूज प्रेस, बम्बई से सन् 1924 ई. में प्रकाशित हुआ था।

कामसूत्र के अनुवाद

भारतीय भाषाओं में यह ग्रन्थ हिन्दी में अनुवाद सहित सर्वप्रथम सन् 1929 ई. में दिल्ली से प्रकाशित हुआ था। बाद में पं. माधवाचार्य, पं. देवदत्त शास्त्री, डॉ. रामानन्द शर्मा,

डॉ. पारसनाथ द्विवेदी आदि के हिन्दी भाषानुवाद सहित अनेक स्थानों से प्रकाशित है। बांग्ला में बंगभाषानुवाद सहित सन् 1909, 1927 ई. में कोलकाता से; तेलुगु में जयमंगला एवं पं. पंचांगुल आदिनारायण शास्त्री द्वारा तेलुगु भाषानुवाद सहित सन् 1924 ई. में मद्रास से; तमिल भाषानुवाद सहित सन् 1924 ई. में कुम्भकोणम से; कन्नड़ में अनुवाद सहित सन् 1924 ई. में बेल्लारी से; मलयालम भाषानुवाद सहित प्रथम भाग सन् 1933 एवं द्वितीय भाग 1945 ई. में त्रिचूर से प्रकाशित हुआ।

वैदेशिक भाषाओं में यह ग्रन्थ अंग्रेजी में सर्वप्रथम Sir Richard Burton एवं F.F. Arbuthnot द्वारा अनुवादित होकर Kama Sastra Society of London and Benaras से सन् 1883 ई. में प्रकाशित हुआ। पुनः के. रंगास्वमी आयंगर द्वारा आंग्ल भाषानुवाद सहित सन् 1921 ई. पंजाब संस्कृत बुक डिपो, लाहौर से प्रकाशित हुआ। संप्रति इसके अनेक आंग्लानुवाद प्रकाशित हैं। फ्रेंच भाषा में Isiodore Liseux द्वारा अनुवादित होकर पेरिस से सन् 1885 ई. में एवं वहीं से E. Lemairesse द्वारा अनुवादित होकर सन् 1891 ई. में प्रकाशित हुआ। जर्मन भाषा में R. Schmidt द्वारा जयमंगला के आलोक में भाषानुवादित होकर लिपजिग् से सन् 1897 ई. में एवं वहीं से Guido Heel द्वारा अनुवादित होकर म्यूनिख से सन् 1965 ई. में प्रकाशित हुआ।

इनके अतिरिक्त और भी अनेक भाषाओं के संस्करण संपूर्ण विश्व में उपलब्ध हैं।

14. मदनोदय (अज्ञातकर्तृक)

अज्ञातकर्तृक इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का प्रथम उल्लेख दामोदरगुप्त विरचित कुट्टनीमतम् के 122वें श्लोक में प्राप्त होता है। इसके अतिरिक्त अन्य उल्लेख राघवभट्ट विरचित अभिज्ञानशाकुन्तल की **अर्थद्योतनिका** टीका में भी प्राप्त होता है।

राघवभट्ट ने अभिज्ञानशाकुन्तल, प्रथम अंक के 30वें श्लोक की टीका में मदनोदय से एक लक्षणवाक्य संदर्भित किया हैः-

> **तदुक्तं मदनोदये-**
> **'विकारो नेत्रवक्त्रस्य तद्वाक्यश्रवणादरः।**
> **अन्यव्याजेन तद्वीक्षा अनुरागेंगितं भवेत्।।'**

इसके अतिरिक्त इस संदर्भ में अन्य विवरण अज्ञात है। इस ग्रन्थ की रचना वात्स्यायन एवं दामोदरगुप्त के मध्य के कालखण्ड में संभावित है।

15. अज्ञातकर्तृक गुणपताकाशास्त्र

अज्ञातकर्तृक इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का उल्लेख रतिरहस्य एवं रतिरत्नप्रदीपिका में प्राप्त होता है। आचार्य **कोक्कोक** ने रतिरहस्य के चतुर्थ अध्याय में गुणपताकाशास्त्र के आधार पर नायिका के विविध भेदोपभेदों का वर्णन किया है-

उक्ता गुणपताकायामवस्थासु क्रिया च या।
तामपि न्यायसंवित्तिसिद्धत्वादाद्रियामहे।। (४/३)
यत्प्रकृतीनां लक्षणमभिहितमधिकं च गुणपताकायाम्।
तच्चाप्यनुभवसिद्धं स्फुटतरमभिचीयते किमपि।। (४/७)
उक्तं गुणपताकायामनुरागेंगितं च यत्।
अजातजातभोगानां तत्साधारणमुच्यते।। (४/२५)

इसीप्रकार प्रौढदेवराज ने भी रतिरत्नप्रदीपिका के द्वितीय अध्याय (श्लोक 36-41) में **गुणपताकाशास्त्र** के आधार पर नायिका के शारीरिक आकार के आधार पर श्लथा-घना-मध्या नामक भेदों का वर्णन किया है।

इसके अतिरिक्त इस ग्रन्थ के उद्धरण **पृथ्वीधर** कृत मृच्छकटिक की टीका में **गणिकादारिका** के विवेचन में **'गणिकादारिका वेश्याविशेषा इति गुणपताकायामुक्तम्'** के रूप में, **पूर्णसरस्वती** कृत मेघदूत की विद्युल्लता टीका में उत्तरमेघ के 40वें श्लोक की टीका में तथा **दक्षिणावर्तनाथ** कृत मेघदूत की प्रदीप टीका में उत्तरमेघ के 37वें श्लोक की टीका में प्राप्त होते हैं। इस ग्रन्थ के बारे में इतना ही कहा जा सकता है कि इसमें कामशास्त्रीय विधानों के अन्तर्गत स्त्री-पुरुषों की जातियों, गुणों एवं सविधि कामोपचार की सभी क्रियाओं वर्णन किया गया है। इस ग्रन्थ की रचना वात्स्यायन एवं कोक्कोक के मध्य के कालखण्ड में संभावित है।

16. नागार्जुन-प्रणीत रतिशास्त्र या वैशिकरणतंत्र

आचार्य नागार्जुन ने कामशास्त्र पर रतिशास्त्र नामक एक ग्रन्थ का प्रणयन किया था। कामशास्त्रज्ञ नागार्जुन का प्रथम उल्लेख रतिरहस्य से प्राप्त होता है-

नागार्जुनेन कथिता योगा बह्वश्चतुर्दशद्रव्यैः।

रतिरहस्य के हिन्दीव्याख्याकार डॉ. रामानन्द शर्मा के अनुसार-'नागार्जुन या **सिद्धनागार्जुन** को वैशिकरणतंत्र का लेखक बताया जाता है, कहीं इस ग्रन्थ का नाम **रतिशास्त्र** भी कहा गया है।'

आचार्य नागार्जुन वात्स्यायन एवं कोक्कोक के मध्यवर्ती कालखण्ड में हुए थे। किन्तु इनका निश्चित कालिक अभिधान नहीं किया जा सकता है। क्योंकि नागार्जुन नाम के कई विद्वान् हो चुके हैं। संप्रति **आचार्य नागार्जुन** कृत **रतिशास्त्र** लघुकाय ग्रन्थ नाग प्रकाशन, दिल्ली से प्रकाशित है।

17. **दामोदरगुप्त-प्रणीत कुट्टनीमतम्**

कश्मीरनरेश जयापीड के मंत्री दामोदरगुप्त ने कामसूत्र के वैशिकतंत्र का आधार ग्रहण कर 1059 आर्याओं में निबद्ध कुट्टनीमतम् का प्रणयन किया है। 'वेश्या द्वारा नायक को वशीभूत करने के लिए किस प्रकार के आचरण किये जाने चाहिए, किस प्रकार के नहीं तथा सभ्यजन उक्त वेश्याजनोचित व्यवहारों को जान कर अपने शील एवं वैभव की रक्षा करें' यही इस ग्रन्थ का विवेच्य विषय है। कुट्टनीमतम् की पुष्पिका में **दामोदरगुप्त** अपना परिचय देते हुए कहते हैं-

इति श्रीकश्मीरमहामण्डलमहीमण्डनराज-जयापीडमंत्रिप्रवर-
दामोदरगुप्तकवि-विरचितं कुट्टनीमतं समाप्तम्।

इसके अतिरिक्त महाकवि कल्हण कृत **राजतरंगिणी** में इनका ग्रन्थसहित उल्लेख प्राप्त होता है-

सदामोदरगुप्ताख्यं कुट्टनीमतकारिणम्।
कविं कविं बलिरिव धुर्यं धीसचिवं व्यधात्।। (४/४९६)

ऐतिहासिक मान्यतानुसार कश्मीरनरेश जयापीड का शासनकाल 779-813 स्वीकार किया जाता है। अतः दामोदरगुप्त का समय अष्टम शतक का उत्तरार्ध स्वीकृत है।

कुट्टनीमत के विषय

वैशिकतंत्र का आधार ग्रहण कर 1059 आर्याओं में निबद्ध इस रचना का प्रारम्भ वाराणसी-वर्णन से करते हुए कवि कहता है कि वाराणसी में निवास करने वाली मालती नामक गणिका, जो कामुक जनों के हृदयाहरण में असमर्थ थी; जब विकराला नामक कुट्टनी से गणिकाजनोचित सफलता का उपाय पूछती है तो विकराला उसके सौन्दर्यादि गुणों से प्रसन्न हो जाती है। मालती अपने समृद्ध प्रणयी भट्टपुत्र को अपने में अनुरक्त करने हेतु गणिकाओं के राग को प्रमाणित करने के उद्देश्य से अर्बुदाचल की प्रेमनिमग्न गणिका हारलता के आख्यान को सुनाने हेतु उससे कहती है। विकराला उसको उपदिष्ट कर गणिकाजनोचित कपटमय व्यवहार के द्वारा प्रणयी कामुक को त्वगस्थिमात्र निःसत्व बनाकर परित्याग करने के संदर्भ में मालती को गणिका मंजरी का आख्यान सुनाकर तदनुकूल आचरण करने का उपदेश करती है। इस प्रकार रूपाजीवा गणिकाओं के द्वारा समृद्ध नवयुवकों को वशीभूत कर उन्हें सत्वहीन करने वाले दृष्टान्त-निदर्शन के माध्यम से उन्हें ऐसी छ□कामिनियों से सतर्क करते हुए कविकथन है कि जो काव्यार्थपूर्वक इस काव्य का श्रवण एवं चिन्तन करेगा वह कभी भी विट, वेश्या, धूर्त, कुट्टनी आदि से वंचित नहीं होगा-

काव्यमिदं यः शृणुते सम्यक्काव्यार्थपालनेनासौ।
नो वंचते कदाचिद्विटवेश्याधूर्तकुट्टनीभिरिति।। (१०५८)

इस ग्रन्थ पर वाराणसी के बाबू गोविन्ददास ने अपने गुर्जर मित्र पं. तनसुखराम त्रिपाठी से टीका लिखने का आग्रह किया। **तनसुखराम त्रिपाठी** ने संवत् 1976 (सन् 1919 ई.) में **रसदीपिका** नामक बृहट्टीका का प्रणयन किया।

यह ग्रन्थ सर्वप्रथम दुर्गाप्रसाद शास्त्री द्वारा संपादित होकर सन् 1887 ई. में काव्यमाला गुच्छक के तृतीय भाग में प्रकाशित हुआ। बाद में वाराणसीस्थ बाबू गोविन्ददास के गुर्जर मित्र तनसुखराम त्रिपाठी कृत रसदीपिका टीका सहित यह ग्रन्थ सन् 1923 ई. में प्रकाशित हुआ। ये दोनों संस्करण संप्रति चौखम्बा से पुनर्मुदित हैं। डॉ. जगन्नाथ पाठक ने इसका राष्ट्रभाषानुवाद प्रस्तुत किया है, जो मित्र प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, इलाहाबाद से सन् 1961 ई. में मुद्रित हुआ।

बंगानुवाद सहित इसका संस्करण सन् 1954 ई. में कोलकाता से प्रकाशित हुआ था। J.J. Meyer द्वारा जर्मन भाषानुवादित इसका संस्करण सन् 1903 ई. में Leipzing से प्रकाशित हुआ था।

18. कोक्कोक-प्रणीत रतिरहस्यम्

कोक्कोक प्रणीत 'रतिरहस्य' कामशास्त्र पर कामसूत्र के पश्चात् दूसरा ख्यातिलब्ध ग्रन्थ है। यह ग्रन्थ कामसूत्र के साम्प्रयोगिक, कन्यासंप्रयुक्तक, भार्याधिकारिक, पारदारिक एवं औपनिषदिक अधिकरणों के आधार पर लिखा गया है। कालान्तर में यह ग्रन्थ इतना प्रसिद्ध हो गया कि ग्रन्थकार के अभिधान से लोक में इसे कोकशास्त्र कहा जाने लगा तथा **कोकशास्त्र** शब्द कामशास्त्र का पर्याय ही बन गया। यशोधर ने कामसूत्र (2/1/11) की जयमंगलाव्याख्या में रतिरहस्य का प्रयोग किया तथा आचार्य विश्वनाथ ने साहित्यदर्पण में कामदशावर्णन में इस ग्रन्थ का प्रयोग किया है।

कोक्कोक रतिरहस्य में अपने पूर्ववर्ती आचार्यों एवं ग्रन्थों में वात्स्यायन, नन्दिकेश्वर, गोणीपुत्र, कर्णीसुत मूलदेव, नागार्जुन, गुणपताकाशास्त्र आदि का सादर उल्लेख करते हैं।

परम्परा कोक्कोक को कश्मीरी पण्डित स्वीकार करती है। रतिरहस्य के 15वें परिच्छेद में प्राप्त विवरणानुसार इनके पिता का नाम **पारिभद्र** था। वे लोक में **श्रीगद्यविद्याधरकवि** उपनाम से विश्रुत थे तथा इनके पितामह का नाम **तेजोक** था–

उद्गतः पारिभद्रादमरनरफणिप्रेयसीगीतकीर्त्तेः
नप्ता तेजोकनाम्नस्सदसि बहुमतः पण्डितानां कवीनाम्।
एतच्छ्रीगद्यविद्याधरकवितनयः कामकेलीरहस्यं
कोक्कोकः कामुकानां किमपि रतिकरम् व्याकरोत्कौतुकेन।।

कोक्कोक ने इस ग्रन्थ का प्रणयन किसी वैन्यदत्त के मनोविनोदार्थ किया था- **कोक्कोकनाम्ना कविना कृतोऽयं श्रीवैन्यदत्तस्य कुतूहलेन।**

इनके समय के बारे में कहा जा सकता है कि **कोक्कोक** सप्तम शतक से दशम शतक के मध्य में हुए थे।

रतिरहस्य की विषयवस्तु

555 छन्दों में निबद्ध यह ग्रन्थ 15 परिच्छेदों में विभक्त है। इस ग्रन्थ के जात्यधिकार नामक प्रथम परिच्छेद में कामशास्त्र का प्रयोजन बताने के अनन्तर वात्स्यायनेतर आचार्यों के मतानुसार शरीर गुण, स्वभाव एवं रतिप्रीति के आधार पर पद्मिनी, चित्रिणी, शंखिनी एवं हस्तिनी भेद से नायिकाओं के चार भेद का वर्णन है। उक्त नायिकाओं के वशीकरण में सहायक तिथि, आसन, मंत्र, समय आदि का उल्लेख भी किया गया है। चन्द्रकलाधिकार नामक द्वितीय परिच्छेद में नन्दिकेश्वर के मतानुसार चन्द्रमा की कलाओं के अनुसार शरीर में **कामवास** के स्थानों, केशकर्षणादि के स्थानों और अकार, इकार, उकार, एकार, एवं ओकार रूप कामदेव के पंचबाणों तथा उनके लक्ष्यरूप हृदय, स्तन, नयन, सिर एवं गुह्य का निरूपण है। इसके अनन्तर गोणी (गोणिका) पुत्र के मत से स्वर की सोलह मात्राओं एवं तिथिक्रम के अनुसार शरीर में कामवास के स्थानों का निर्देश करते हुए विभिन्न तिथियों के अनुसार रमणियों के कामभाव को प्रबुद्ध एवं द्रवित करने के अनेक उपाय बताये गये हैं।

सुरतभेद नामक तृतीय परिच्छेद में छः, नौ एवं बारह अंगुल गुह्यभाग के प्रमाणानुसार क्रमशः शश, वृष एवं अश्व पुरुषभेद तथा मृगी, बडवा एवं हस्तिनी स्त्रीभेद कथन के पश्चात् जननेन्द्रिय प्रमाण के आधार पर त्रिविध समरत, द्विविध उच्चरत, द्विविध नीचरत, अत्युच्चरत एवं अतिनीचरत भेद से रतिक्रीड़ा के नौ भेदों को बताया गया है। स्त्रीपुरुष में रतिक्रीडाजनित सुख की आस्वाद्यात्मकता पर विमर्श करते हुए कालभेद के आधार पर कामतृप्ति के स्वरूप का वर्णन करने के अनन्तर क्रमशः मृगी, बडवा एवं हस्तिनी नायिकाओं तथा शश, वृष एवं अश्व पुरुषों के गुण, स्वरूप रतिक्रीडापरक रुचियों का वर्णन है।

सामान्यधर्माधिकार नामक चतुर्थ परिच्छेद में **गुणपताका** नामक ग्रन्थ का आधार ग्रहण करते हुए स्त्रियों का जाति, अवस्था, प्रकृति एवं सत्वादि के आश्रय से वर्णन तथा स्त्री के **शीलनाश** के कारणों, विरक्त एवं अनुरक्त स्त्री के लक्षणों का वर्णन किया गया है। देशज्ञानाधिकार नामक पंचम परिच्छेद में स्त्रियों को संतुष्ट एवं द्रवीभूत करने के उपायकथन हेतु आभ्यासिकी, **प्रत्ययोत्था** एवं वैषयिकी नामक प्रीतियों का वर्णन तथा मध्य देश, अवन्तिका, बाह्लीक, आभीर, इरावती-सिन्धु-शतद्रु-विराट-वितस्ता-चंद्रभागा इन नदियों से

सिंचित प्रान्त (संभवतः सिन्ध एवं पंजाब प्रान्त), मालव, गुर्जर, लाटदेश, आन्ध्रदेश, स्त्रीराज्य, कोसलदेश, महाराष्ट्र, पाटलिपुत्र, द्रविड़, वनवासदेश, गौड, बंग, कामरूप, अंगदेश, कलिंग, उत्कल आदि देशों में उत्पन्न स्त्रियों के देशज संप्रयोगीय स्वभाव का वर्णन किया गया है।

आलिंगनाधिकार नामक षष्ठ परिच्छेद में प्रेमभावबोधक स्पृष्टक, विद्धक, **उद्धृष्टक**, पीड़ित, लतावेष्टित, वृक्षाधिरूढ, तिलतण्डुल, क्षीरनीर, ऊरूपगूढ़, जघनोपश्लेष, स्तनालिंगन, **लालाटिक** आदि आलिंगनविधियों का वर्णन किया गया है। चुम्बनाधिकार नामक सप्तम परिच्छेद में चुम्बन के योग्य स्थानों का उल्लेख कर निमित्तक, स्फुरितक, घट्टित, भ्रान्त, तिर्यक्, पीड़ित, विघटित, उत्तर, संपुट, अनुवदन, **अभ्यर्थित**, प्रतिबोध एवं **छायिक** आदि चुम्बनविधियों का वर्णन किया गया है। नखाधिकार नामक अष्टम परिच्छेद में नखक्षत के योग्य एवं नखगुणों का उल्लेख कर आच्छुरित, **मण्डलक**, मयूरपदक, शशप्लुत एवं **उत्पलदल** आदि नखक्षतविधियों का वर्णन किया गया है।

बाह्यरताधिकार नामक नवम परिच्छेद में दन्तक्षत के योग्य स्थानों एवं **दन्तगुणों** का उल्लेख कर गूढक, उच्छूनक, प्रवालमणि, बिन्दु, बिन्दुमाला, **खण्डाभ्रक** एवं **कोलचर्वित** आदि दन्तक्षतविधियों का वर्णन किया गया है। सुरताधिकार अथवा करणाधिकार नामक दशम परिच्छेद में आभ्यन्तररत के वर्णनप्रसंग में सुरतगोष्ठी के योग्य केलिगृह के निर्देशपूर्वक द्रावणादि के उपाय तथा सुरत को उत्तानक, तिर्यक्, आसितक, स्थित एवं आनत; इन पाँच भेदों में विभक्त कर उनके ग्राम्य, नागरक, उत्फुल्लक, जृम्भित, इन्द्राणिक, उत्तानसंपुट, पार्श्वसंपुट, पीड़ित, वेष्टित, वाडवक, उद्भुग्न, उरुस्फुटन, अर्द्धनिपीडितक, सरित्, वेणुविदारित, शूलचित, मार्कटक, प्रेंखा, पद्मासन, अर्द्धपद्मासन, फणिपाश, संयमन, कौर्म, ऊर्ध्वगतोरुयुग, परिवर्तित एवं पीडितक, समुद्ग, परिवर्तनक, युग्मपद, विमर्दितक, मार्कटक, जानुकूर्पर, हरिविक्रम, द्वितल, अवलम्बित, व्यानत, ऐभ, संघाटक आदि उपभेदों का निर्देश है। रतिभाव, तृप्ति-अतृप्ति एवं विपरीतरत के अनुपयुक्त स्त्री आदि के लक्षणकथन तथा सुरतयुद्ध को उत्तेजक बनाने में सहयोगी हिंकृत, स्तनित, सीत्कृत, उत्कृत, फुत्कृत, श्वसित, रोदनक आदि रतिकालीन विरुतों और मुष्टि, प्रसृतक, समतल आदि चतुर्विध ताडनों तथा दक्षिणापथ में प्रसिद्ध कर्तरी आदि का उल्लेख कर रतिकाल में प्रेममय व्यवहार का निर्देश किया गया है।

कन्याविश्रम्भण नामक एकादश परिच्छेद में त्रिवर्गसिद्धि हेतु अपने वर्ण में विवाह करने का निर्देश, विवाह हेतु योग्य एवं त्याज्य कन्या के लक्षणों का वर्णन, विवाहानन्तर मांगलिक कार्यों का उल्लेख तथा संप्रयोग से पूर्व नवोढा को अपने प्रति विश्वस्त बनाने के शिष्ट उपायों का वर्णन किया गया है।

भार्याधिकार नामक द्वादश परिच्छेद में विवाहित नारी द्वारा पतिगृह में करणीय आचरणों का वर्णन, सुशील गृहिणी के रूप में अपना स्थान बनाने का निर्देश तथा अनेक स्त्रियों वाले पुरुष के लिए अपने गार्हस्थ्यजीवन की सफलता हेतु की जाने वाली सावधानियों का वर्णन किया गया है। पारदारिकाधिकार नामक त्रयोदश परिच्छेद में परनारीगमन को आयु-यश का नाशक, अधर्म का सुहृद् एवं पाप का मित्र मानते हुए दश कामदशाओं के निर्देश, सर्वथा अगम्या स्त्रियाँ, परस्त्रीगमन के कारणों का वर्णन, असाध्या स्त्री, स्त्रियों के लिए सिद्ध पुरुष, अयत्नसाध्या स्त्री, स्त्री-पुरुषों के परगमन से संबन्धित भावपरक लक्षण, दूती के विविध भेदों एवं उनके दौत्यकर्म को परिभाषित किया गया है।

वशीकरणाधिकार नामक चतुर्दश परिच्छेद में प्रणयी स्त्री-पुरुष के वशीकरण हेतु अनेक प्रकार के मंत्रों, तंत्रों एवं औषधीय योगों का वर्णन किया गया है। सकलयोगाधिकार नामक पंचदश परिच्छेद में रतिसुख एवं शारीरिक सौन्दर्य-अभिवृद्ध्यर्थ तथा गर्भधारण आदि के अनेक उपायों का वर्णन तथा ग्रन्थकर्त्ता द्वारा अपने पिता-पितामह के नामोल्लेखपूर्वक ग्रन्थ का उपसंहार किया गया है।

इस पर **कांचीनाथ**, रामचन्द्रबुधेन्द्र, प्रभु आदि की टीकाएं प्राप्त होती हैं। जिनमें से कांचीनाथ प्रणीत **दीपिका** प्रकाशित है। रामचन्द्रबुधेन्द्र प्रणीत **रतिरहस्यप्रकाशिका** टीका की 151 पर्णयुक्त तेलुगु लिपि में प्रतिलिपित अपूर्ण मातृका Acc. no. D.3907 पर तथा 146 पर्णयुक्त तेलुगु लिपि में प्रतिलिपित अपूर्ण मातृका Acc.no. D.3908 पर Government Oriental Manuscript Library, चेन्नई में संरक्षित है। वैद्यकुलोद्भव प्रभु प्रणीत **गूढ़ार्थदीपिका** टीका की 32 पर्णयुक्त ग्रन्थलिपि में प्रतिलिपिकृत अपूर्ण मातृका सरस्वती महालय पुस्तकालय, तंजौर के मातृकालय में Catalogue no. 10980 पर संरक्षित है। इसके अतिरिक्त इसकी मराठी भाषा में रचित टीका की 39 पर्णयुक्त मातृका सरस्वतीभवन पुस्तकालय, वाराणसी के मातृकागार में क्रमसंख्या 45460 पर संरक्षित है।

इस ग्रन्थ का प्रथम प्रकाशन कांचीनाथ प्रणीत दीपिका सहित सन् 1922 ई. में फ्रीमैन एण्ड कम्पनी द्वारा हुआ था। डॉ. रामानन्द शर्मा ने दीपिका टीका सहित इसका राष्ट्रभाषानुवाद सन् 1994 ई. में प्रस्तुत किया, जो कृष्णदास अकादमी, वाराणसी से प्रकाशित है।

19. कात्यायन-प्रणीत कामशास्त्रीय ग्रन्थ

आचार्य कात्यायन प्रणीत कामशास्त्रीय ग्रन्थ का संदर्भ आचार्य यशोधरकृत कामसूत्र की जयमंगला टीका में प्राप्त होता है। जयमंगलाकार ने नीचरत में प्रयुक्त संपुटक उपवेशन को **कात्यायन** के द्वारा अन्य प्रकार से प्रवर्तित किये जाने को तथा वैशिक को परिभाषित करने को निम्न उद्धरणों से संदर्भित किया है-

कात्यायनस्तु संपुटकमन्यथा प्राह-

'आकुंचितस्तनौ नार्यः संक्रान्तनृकटिः पुनः।
त्र्यस्रस्थनरयोगात्तु संमुखः संपुटः स्मृतः।।' (२/६/१७)

यदाह कात्यायनः-

वेशं वेश्याजनोचितम् इति सप्रयोजनमस्येति वेशिकम् (६/३/४५)

इसके अतिरिक्त अन्य ऐसे अनेक उद्धरण हैं जो संप्रति उपलब्ध किसी अन्य कामाशास्त्रीय ग्रन्थ में नहीं प्राप्त होते हैं। अतः प्रतीत होता है कि जयमंगलाकार द्वारा संदर्भित कामशास्त्रीय उद्धरण प्रायः कात्यायन प्रणीत ग्रन्थ से ही उद्धृत हों। इनका समय वात्स्यायन एवं यशोधर के मध्य के कालखण्ड में संभावित है।

20. **भिक्षु पद्मश्रीज्ञान-प्रणीत नागरसर्वस्वम्**

बौद्धभिक्षु पद्मश्रीज्ञान ने ब्राह्मण वंश में उत्पन्न किसी कलामर्मज्ञ वासुदेव से बारम्वार प्रेरित होकर नागरसर्वस्व का प्रणयन करना स्वीकार किया है-

आसीद् ब्रह्मकुले कलाग्रनिलयो यो वासुदेवः कृती,
तस्य स्नेहवशाच्चिरं प्रति मुहुः संप्रेरणात्साम्प्रतम्।
दीप्तेयं रतिशास्त्रदीपकलिका पद्मश्रिया धीमते,
हृद्यार्थान्प्रकटीकरोतु जगतां संहृत्य हार्दं तमः।। (३८/१७)

नागरसर्वस्वकार अपने व्यक्तित्त्व के विषय में पूर्णतया मौन हैं। नागरसर्वस्व के हिन्दी भाषाकार डॉ. रामसागर त्रिपाठी के अनुसार पद्मश्री ने **नागरसर्वस्व** में अपना व्यक्तिगत परिचय नहीं दिया है। पुष्पिकाओं में कहीं भी इन्होंने न अपने विषय में और न अपने ग्रन्थ के विषय में कुछ कहा है। वस्तुतः पुष्पिकाएं अध्यायसमाप्ति पर नहीं है। सम्पादकों और प्रकाशकों ने अपनी ओर से एक वाक्य लिखकर पुष्पिका की आवश्यकता की पूर्ति की है। अतः इनके स्थितिकाल के विषय में निश्चयात्मक रूप में कुछ नहीं कहा जा सकता, रचना के उल्लेखों पर आधारित कुछ निष्कर्षों पर विश्वास कर शताब्दियों के अन्तराल के निर्देश से ही सन्तोष करना पड़ता है।' भिक्षु पद्मश्रीज्ञान ने नागरसर्वस्व में कुट्टनीमतम् का उल्लेख किया है।

कुट्टनीमतम् का काल अष्टम शतक स्वीकृत है तथा त्रयोदश शतक की रचना 'शार्ङ्गधरपद्धति' एवं द्वादश शतक के **'नाटकलक्षणरत्नकोश'** में नागरसर्वस्व से लक्षणोदाहरण हेतु 16 पद्य ग्रहण किये गये हैं। अतएव उपर्युक्त काल के मध्य भाग का ग्रहण करते हुए पद्मश्रीज्ञान का समय दशम शतक के लगभग माना जा सकता है।

नागरसर्वस्व के विषय

यह 38 परिच्छेदों एवं 313 श्लोकों में विभक्त एक टिप्पण्यात्मक रचना है। इसमें किसी विषय का विशद विवेचन नहीं है अपितु कामशास्त्र से सम्बद्ध अनेक विषयों पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ दी गयी हैं। इस ग्रन्थ के प्रथम परिच्छेद में मंगलाचरण तथा ग्रन्थरचना के उद्देश्यकथन के अनन्तर कामशास्त्र की आवश्यकता, नारी की कामवासनातुष्टि से होने वाले पुण्यलाभ एवं त्रिवर्गसाधन की नैसर्गिकता पर प्रकाश डाला गया है। द्वितीय परिच्छेद में सहृदय नागरिक के सौन्दर्य प्रसादन एवं रमण के अनुकूल गृहसज्जा आदि का उल्लेख किया गया है। तृतीय परिच्छेद में सौन्दर्यवृद्धिकारक विविध प्रकार के रत्नों के गुण-दोष का वर्णन किया गया है। चतुर्थ परिच्छेद में दाम्पत्य जीवन में सुगन्ध की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए **लोकेश्वर** आदि गन्धशास्त्रज्ञों के मतानुसार विविध प्रकार के सौगन्धिक योगों का वर्णन किया गया है।

पंचम परिच्छेद में भाषिक, आंगिक, पोटली, वस्त्र, पुष्प एवं ताम्बूल-परक **संकेतविज्ञान** का निर्देश करते हुए फल, पुष्प एवं प्रकृतिपरक भाषिक संकेतों का वर्णन किया गया है। षष्ठ परिच्छेद में आंगिक संकेतों, सप्तम परिच्छेद में पोटली संकेतों, अष्टम परिच्छेद में वस्त्र-संकेतों, नवम परिच्छेद में ताम्बूल-संकेतों तथा दशम परिच्छेद में पुष्पसंकेतों का निर्देश करने के पश्चात् एकादश परिच्छेद में संकेतज्ञान का उपसंहार करते हुए विदग्ध पुरुष के लिए संकेतज्ञान की आवश्यकता का वर्णन किया गया है।

द्वादश परिच्छेद में **नीचरति** के दुष्परिणाम का निर्देश करते हुए लिंगदृढ़ीकरण, बलीकरण, शुक्रस्तम्भन, योनिद्रावण एवं वाजीकरण से सम्बन्धित औपनिषदिक प्रयोगों का वर्णन किया गया है। त्रयोदश परिच्छेद भावविवेचन के प्रसंग में शुद्ध, अशुद्ध एवं संकीर्ण भेद से भावों का त्रिधा विभाजन, शुद्धभाव को पुनः मन्द, तीक्ष्ण एवं तीक्ष्णतर भेद से तीन भागों में विभक्त कर शृंगारभाव से उत्पन्न हेला, विच्छिति, विव्वोक, किलकिंचित, विभ्रम, लीला, विलास, हाव, विक्षेप, विकृत, मद, मोट्टायित, कुट्टमित, मौग्ध्य, तपन एवं ललित; इन सोलह प्रकार की **चेष्टाओं** का लक्षणोदाहरण-पूर्वक वर्णन किया गया है।

चतुर्दश परिच्छेद में गुह्यभाग के छः, नौ एवं बारह अंगुल प्रमाणानुसार क्रमशः शश, वृष एवं अश्व पुरुषभेद तथा मृगी, बडवा एवं हस्तिनी नारीभेद कथन, शश, वृष एवं अश्व पुरुषों और मृगी, बडवा एवं हस्तिनी नायिकाओं के गुण, स्वरूप रतिक्रीडापरक रुचियों का वर्णन, गुह्यभागप्रमाण के आधार पर त्रिविध उच्चरत, द्विविध नीचरत, अत्युच्चरत एवं अतिनीचरत भेद से रतिक्रीडा के नौ भेदों का कथन तथा स्त्री की **कामकण्डूति** का निर्देश करते हुए काम की दश अवस्थाओं का निर्देश किया गया है।

पंचदश परिच्छेद में परनारीगमन के समय साध्य स्त्री की आवश्यकता पर बल देते हुए साध्य स्त्री, असाध्य स्त्री, दूती-प्रकार, दूती-गुण, दूती-कर्त्तव्य का निर्देश, पति को

कर्त्तव्यनिष्ठता पूर्वक पत्नी के चरित्ररक्षण का उपदेश तथा स्त्रियों के चरित्र के चरित्र पतन के कारणों का निर्देश किया गया है। षोडश परिच्छेद में स्त्रीसेवन विषयक परामर्शपूर्वक स्त्रियों का वयोनुरूप विभाजन, ऋतुओं के अनुसार नारी उपभोग, प्रेम की स्थिति, संभोग के अवसर, सुन्दरी वशीकरण, रत्युत्कण्ठिता के लक्षणों का निर्देश तथा प्रेम एवं समर्पण भावना से युक्त रमणी की प्राप्ति रूपी उत्तम फल का वर्णन किया गया है।

सप्तदश परिच्छेद में तिथिक्रम से नारी के अंगों में कामवास के स्थानों का निर्देश तथा नारी के अंगों में बीजरूप स्वरों के विन्यास के द्वारा नारी की बिना संसर्ग तृप्ति का वर्णन किया गया है। अष्टादश परिच्छेद में नारी की मदवाहिनी नाड़ियों को बताने के अनन्तर उन नाडियों को उत्तेजित करने वाले विविध प्रकार के बीजमंत्रों का निर्देश किया गया है। एकोनविंश परिच्छेद में नारी की योनि में स्थित नाड़ियाँ, उनके स्थानों का निर्देश, तद्‌गत मतान्तर का उल्लेख तथा नाड़ियों के सुव्यवस्थित संचालन के प्रभाव का वर्णन किया गया है।

विंश परिच्छेद में देशभेद से मध्यदेश, लाट, सिन्धु, कुरु, मरु, लंका, कश्मीर, जालन्धर, स्त्रीराज्य, कोसल, कर्णाटक, महाराष्ट्र, द्रविड़, गौड, बंग, नेपाल, कामरूप एवं चीन की स्त्रियों की काम-प्रवृत्तियों का उल्लेख किया गया है। एकविंश परिच्छेद में बाह्यसुरत का वर्णन, संभोगकाल में अथवा उत्कट संभोगेच्छा को प्रकट करने वाले स्त्रियों के स्तनित, कूजित, श्वसित, सीत्कृत, फूत्कृत, हिक्कृत, दूत्कृत आदि कामना-व्यंजक स्वरों का उल्लेख किया गया है। द्वाविंश परिच्छेद में नखक्षत के उच्छुरित, अर्धचन्द्र, मण्डलक, व्याघ्रपद, रेखा, शशप्लुत, उत्पलपत्र, एवं **मयूरपद** नामक भेदों का वर्णन किया गया है। त्रयोविंश परिच्छेद में दन्तक्षत के गूढ़क, उच्छूनक, प्रवालमणि, बिन्दु, **मणिबिन्दुमाला**, गण्डक एवं वराहचर्वित नामक भेदों का वर्णन किया गया है। चतुर्विंश परिच्छेद में आलिंगन के लतावेष्टितक, वृक्षाधिरूढ़, आश्लेषयुग्म, स्पृष्टक, पीड़ित, तिलतण्डुल, नीरक्षीर, जघनोपगूहन, कुचोपगूढ़ एवं लालाटिक नामक भेदों का वर्णन किया गया है। पंचविंश परिच्छेद में चुम्बन के निपीति, भ्रमित, उन्नामित, स्फुरित, **संहितोष्ठ,** वैकृतक एवं **नतगण्ड** नामक भेदों का वर्णन किया गया है। षड्विंश परिच्छेद में संभोगकाल में अपने प्रिय के मुख में जिह्वाप्रवेश के सूची, प्रतता एवं **वाकली** नामक भेदों का वर्णन किया गया है। सप्तविंश परिच्छेद में संभोगकाल में अपने प्रिय के जिह्वाचूषण एवं अधरचूषण के ओष्ठविमृष्ट, चुम्बितक, **आर्द्रचुम्बित** एवं संपुटक नामक भेदों का वर्णन किया गया है।

अष्टाविंश परिच्छेद में अन्तःसुरत का निरूपण प्रारम्भ करते हुए रतिक्रीड़ा के **उत्तानकरण** विषयक स्वस्तिक, मण्डूक, कूर्म, हनुपाद, पद्‌मासन, अर्द्धद्‌मासन, पिण्डित, अर्द्धपिण्डित, जृम्भित, वेणुविदारित, **इन्द्राणी**, सूची, नागरक, ग्राम्य, कार्कट, प्रेंखण, मार्कटक, उद्‌भुग्नक, आयत एवं **नागपाश** नामक भेदों का वर्णन किया गया है। एकोनविंश

परिच्छेद में रतिक्रीड़ा के **तिर्यक् बन्ध** (पार्श्वरत) विषयक संपुटक, पीडितक, मुद्रक, परावृत्तक, वेष्टितक, वाडवक, एवं युग्मपाद नामक भेदों का वर्णन किया गया है। त्रिंश परिच्छेद में रतिक्रीड़ा के **उपविष्टबन्ध** विषयक आसीन एवं ललित नामक भेदों का वर्णन किया गया है। एकत्रिंश परिच्छेद में रतिक्रीड़ा के **व्यानतकरण** विषयक पशुकरण, व्याघ्रस्कन्द, धेनुक एवं ऐभ नामक भेदों का वर्णन किया गया है। द्वात्रिंश परिच्छेद में रतिक्रीड़ा के **उत्थितबन्ध** विषयक हरिविक्रम, व्यायत, अर्पित, दोला, विलम्बित एवं कूर्परजानु नामक भेदों का वर्णन किया गया है।

त्रयस्त्रिंश परिच्छेद में रतिक्रीडाकालीन **ताडन** के शब्दकर्तन, मुष्टि एवं विद्धक नाम भेदों का वर्णन किया गया है। चतुस्त्रंश परिच्छेद में **अंगमर्दन** के आदीपित, कम्पितक एवं समाक्रम नामक भेदों का वर्णन किया गया है। पंचत्रिंश परिच्छेद में **अंगवेष्टन** के बद्धमुष्टि, वेष्टितक, कृतग्रन्थिक एवं समाकृष्टि नामक भेदों का वर्णन किया गया है। षट्त्रिंश परिच्छेद में **अंगुलिप्रवेश** के प्रवेशन, कनक, विकन, पताका, त्रिशूल एवं शनिभोग नामक भेदों का वर्णन किया गया है। सप्तत्रिंश परिच्छेद में नारी-पुरुष की परस्पर प्रेमजन्य व्यवहारकला का वर्णन किया गया है। अष्टत्रिंश परिच्छेद में दम्पती को पुत्र प्राप्ति के अनेक तान्त्रिक एवं औषधीय योगों का उल्लेख करते हुए ग्रन्थ-निर्माण के हेतु का वर्णन किया गया है।

इस ग्रन्थ पर नैपालस्थ भक्तपुरनरेश **जगज्ज्योतिर्मल्ल** (1617-1633 ई.) कृत एवं नागरीदासकृत **नागरसमुच्चय** नामक टीकाएं प्राप्त होती हैं। इनमें से जगज्योतिर्मल्लकृत टीका सर्वप्रथम के साथ तनसुखराम त्रिपाठी द्वारा टिप्पणी के साथ संपादित होकर सन् 1929 ई. में बम्बई से प्रकाशित हुयी। यह पुनः पं. बाबूलाल शुक्ल द्वारा संपादित एवं राष्ट्रभाषानुवादित होकर दिल्ली से प्रकाशित है तथा डॉ. रामसागर त्रिपाठी द्वारा भी टिप्पणी के साथ राष्ट्रभाषानुवादित होकर यह चौखम्बा से प्रकाशित है। नागरीदासकृत नागरसमुच्चय नामक टीका भी बम्बई से प्रकाशित हुयी थी।

21. क्षेमेन्द्र-प्रणीत वात्स्यायनसूत्रसार एवं समयमातृका

आचार्य क्षेमेन्द्र ने वात्स्यायन के कामसूत्र का सार ग्रहण करके ललित छन्दों में **वात्स्यायनसूत्रसार** नामक पद्यमय ग्रन्थ का प्रणयन किया था। इन ग्रन्थ का उल्लेख उन्होंने अपने काव्यशास्त्रीय ग्रन्थ **औचित्यविचारचर्चा** में आशीर्वचनौचित्य के उदाहरण प्रसंग में किया है-

यथा वा मम वात्स्यायनसूत्रसारे-

कामः कामं कमलवदनानेत्रपर्यन्तवासी
दासीभूतत्रिभुवनजनः प्रीतये जायतां वः।

दग्धस्यापि त्रिपुररिपुणा सर्वलोकस्पृहार्हा
यस्याधिक्यं रुचिरतितरामञ्जनस्येव याता।।

एतदतिरिक्त इसका अन्य कोई उल्लेख नहीं प्राप्त होता है। वैशिकतन्त्र पर क्षेमेन्द्र द्वारा प्रणीत **समयमातृका** नामक ग्रन्थ अपने पूर्णस्वरूप में प्राप्त होता है। यह सम्प्रति चौखम्बा से सानुवाद प्रकाशित है। क्षेमेन्द्र ने कुट्टनीमतम् की भाँति ही समयमातृका में वेशोपचार का वर्णन किया है। क्षेमेन्द्र का समय सर्वसम्मत रूप से एकादश शतक निश्चित है।

22. **कविशेखर ज्योतिरीश्वर-प्रणीत पंचसायक**

पंचसायक ग्रन्थ के प्रणेता ज्योतिरीश्वर मैथिल ब्राह्मण पं. रामेश्वर के पौत्र तथा पं. धीरेश्वर के पुत्र थे। ये मिथिलानरेश हरिसिंहदेव के सभापण्डित थे तथा मिथिलानरेश द्वारा इन्हें कविशेखर की उपाधि प्राप्त थी। इनका समय चतुर्दश शतक का पूर्वार्द्ध स्वीकृत है। **ज्योतिरीश्वर** ने कामशास्त्र का सार भाग ग्रहण कर इस ग्रन्थ की रचना की है। यह ग्रन्थ सात सायकों में विभक्त है, जो साम्प्रयोगिक, कन्यासंप्रयुक्त, पारदारिक एवं औपनिषदिक अधिकरणों पर आधारित हैं। ज्योतिरीश्वर ने **पंचसायक** में वात्स्यायन, गोणीपुत्र, मूलदेव, बाभ्रव्य, नन्दीश्वर, रन्तिदेव, क्षेमेन्द्र, आत्रेय, आर्जुन, शाक्यसारण, कवि क्ष्मापाल, वागीश्वर व्याडि, चक्रदत्त, काश्यप, मरुत आदि विविध ज्ञाताज्ञात आचार्यों एवं **हरिमेखला** नामक ग्रन्थ का उल्लेख किया है। इसके अतिरिक्त इनके द्वारा रचित 'धूर्तसमागम' नामक प्रहसन रूपक भी प्राप्त होता है।

पंचसायक के विषय

396 छन्दों में निबद्ध यह ग्रन्थ 7 सायकों में विभक्त है। इस ग्रन्थ के जातिविवेक नामक प्रथम सायक में मंगलाचरण, नायक, पीठमर्द, पद्मिन्यादि नायिका के लक्षण, उनकी सुरततिथियों का निर्देश, सामान्य चंद्रकला को निरूपित करते हुए पद्मिन्यादि नायिकाओं के अनुकूल चन्द्रकलायें तथा मूलदेव एवं बाभ्रव्य के मतान्तर का वर्णन किया गया है। रतिभेदादिनिरूपण नामक द्वितीय सायक में जात्यनुसार सुरतभेद के विविध प्रकार, पुरुषों के शशादिभेद का स्वरूपनिरूपण, स्त्रीस्वरूपस्वभावनिरूपण, देशविशेषनायिकालक्षणनिरूपण, योनिस्वरूप निरूपण, स्त्रीहृदय के सामान्यधर्म एवं प्रीति निरूपण तथा विविध प्रकार के सौन्दर्यवर्द्धक औषधीय योगों का वर्णन किया गया है।

वाजीकरणौषधिनिरूपण नामक तृतीय सायक में रतिसुखार्थ प्रयुक्त होने वाले विविध औषधीय योगों का वर्णन किया गया है। वशीकरणमन्त्रनिरूपण नामक चतुर्थ सायक में वशीकरण हेतु विविध मन्त्रों तथा शारीरिकसौन्दर्यवर्द्धक औषधीय योगों का वर्णन किया गया है। अनेकौषधिभेद नामक पंचम सायक में केशरंजन एवं मुखकंटकादिहरण-योनिसंस्कार-विप्पटहरण-परक औषधीय योगों का वर्णन किया गया है।

बाह्यभोगनिरूपण नामक षष्ठ सायक में कन्या के लक्षण एवं दूषण, जामाता के लक्षण एवं दूषण, अष्टविध विवाह, परदारागमनागमन, परदारागमननिषेध, दूतीलक्षण, कष्टसाध्य-सुखसाध्य-त्याज्य स्त्रियों आदि का निरूपण, सुरत हेतु विहित स्थान, आलिंगन के वृक्षारूढक, लता (वल्लरी) वेष्टितक, जाघन, विद्धक, ऊरूपगूढ, तिलतण्डुल, क्षीरनीरक एवं लालाटिक आदि भेद, चुम्बन के योग्य स्थानों का निर्देश, उसके निमित्त, स्फुरित, घृष्टक, पीडित, सम्पुट एवं समोष्ठ आदि भेद, नखक्षत के योग्य स्थानों का निर्देश, उसके छुरित, अर्द्धेन्दु, मण्डल, शशसम्प्लुत, रेखा, मयूरपाद, पंकजपत्र, दुर्दरक आदि भेद, दशनक्षत के योग्य स्थानों एवं दशनगुणों का निर्देश, उसके विभ्रम, सन्दंश, खण्डाभ्रक एवं रेखा आदि भेद, रतिकाल में रागवृद्ध्यर्थ केशकर्षणादि का उल्लेख किया गया है। रतिभेदादिनिरूपण नामक सप्तम सायक में स्त्रियों के मदनागार में निवासभूत समीरणी, **चान्द्रमसी** एवं गौरी; इन तीन नाड़ियों का उल्लेख, रतिसुखप्रदायक **अतिवल्लभ**, समपाद, नागर, व्योमपाद, त्रैविक्रम, चाटुककामुक, मदनध्वज, अवदारित, उपवीतिक, सम्पुट, नागबन्ध, पद्मासन, कीर्तिबन्ध, हारिणबन्ध, मल्लक, **दध्यायतक**, त्रिपादकरण एवं पुरुषायित आदि रतिबन्धों और रतिकाल में किए जाने वाले ताड़न-सीत्कार आदि का वर्णन करने के अनन्तर स्वाधीनपतिका, उत्कण्ठिता, वासकसज्जा, **कलहान्तरिता**, विप्रलब्धा, खण्डिता, **अभिसारिका** एवं प्रोषिता आदि अष्टविध नायिकाओं के लक्षणकथनपूर्वक ग्रन्थ का उपसंहार किया गया है।

इस ग्रन्थ पर अज्ञात् विद्वान् द्वारा प्रणीत **'लक्ष्यवेधना'** नामक संस्कृत टीका एवं अज्ञातकर्तृक हिन्दी-भाषा टीका प्राप्त होती है। इनमें से 'लक्ष्यवेधना' टीका की 215 पर्णयुक्त देवनागरी लिपि में प्रतिलिपिकृत पूर्ण मातृका श्रीरणवीर संस्कृत संस्थान, जम्मू के मातृकालय में Acc. No. 640 पर संरक्षित है तथा अज्ञातकर्तृक 19वें शतक में विरचित हिन्दी-भाषा टीका की 231 पर्णयुक्त देवनागरी लिपि में प्रतिलिपिकृत पूर्ण मातृका राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर में Acc. No. 30066(3) पर संरक्षित है।

इसका प्रथम प्रकाशन एस्. शास्त्री घिल्डियाल द्वारा संपादित होकर सन् 1921 ई. में लाहौर से हुआ था तथा अन्य संस्करण पं. ढुण्ढिराज शास्त्री द्वारा सम्पादित होकर **'कामकुंजलता'** नामक ग्रन्थ के पंचम मंजरी के रूप में चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी से सन् 1967 ई. में प्रकाशित हुआ; तथा पुनः राष्ट्रभाषानुवादित होकर वहीं से प्रकाशित है।

23. प्रौढदेवराज-प्रणीत रतिरत्नप्रदीपिका

मैसूर के महाराज इम्मादी **प्रौढदेवराज** इस ग्रन्थ के प्रणेता हैं। एम्. कृष्णाचार्य के अनुसार ये 1422-48 ई. तक विजयनगर के शासक थे। सात अध्यायों में विभक्त इस ग्रन्थ में कामशास्त्रीय अन्तर्बाह्य अभियोगों का सरल पद्यों में वर्णन किया गया है। इन्होंने

अपने ग्रन्थ में यत्र-तत्र नन्दीश, गोणीपुत्र, मल्लनाग वात्स्यायन, कोक्कोक, भाष्यकृत्, गुणपताकाकार आदि कामकोविदों के मतों का उल्लेख किया है।

इनके ग्रन्थ पर पंचदश शतक के अंतिम भाग में अवस्थित **रेवणाराध्य** की टीका प्राप्त होती है। इसके अतिरिक्त **महानाटक**, सूक्तिसुधानिधि आदि इनके अन्य ग्रन्थ हैं।

रतिरत्नप्रदीपिका की विषयवस्तु

सात अध्यायों तथा 476 श्लोकों में विभक्त साम्प्रयोगिक, कन्यासंप्रयुक्त, पारदारिक एवं औपनिषदिक अधिकरणों पर आधारित इस ग्रन्थ के क्रीडाधिकार नामक प्रथम अध्याय में गोणीपुत्र के मतानुसार स्त्रीजाति के पद्मिनी, चित्रिणी, शंखिनी एवं हस्तिनी के स्वरूप तथा रतिप्रीति का वर्णन तथा शुक्ल-कृष्ण पक्ष की तिथियों एवं स्वरों के अनुसार कामकला का वर्णन किया गया है। जातिविवरण नामक द्वितीय अध्याय में वात्स्यायनानुमोदित गुह्य अंगों के प्रमाणानुसार स्त्रीजाति के मृगी, बडवा, हस्तिनी और पुरुषजाति के शश, वृष, अश्व भेदों के स्वरूप तथा रतिप्रीति का वर्णन तथा मृगी-शश, बडवा-वृष एवं हस्तिनी-अश्व के मध्य के संबंध को सर्वोत्तम बताने के अनन्तर गुणपताकाकार के मतानुसार स्त्रियों के **श्लथा**, मध्या एवं **घना** भेदों का उल्लेख करते हुए इन स्त्रियों को प्रसन्न करने के उपायों का निर्देश हैं। आयुर्वेदानुसार श्लेष्मला, पित्तला एवं **वातला** प्रकृति की स्त्रियों के लक्षण, सत्त्वभेद के आधार पर स्त्रियों के देवसत्वा, नरसत्वा, नागसत्त्वा, यक्षसत्वा, गन्धर्वसत्वा, पिशाचसत्वा, काकसत्वा, **कपिसत्वा**, खरसत्वा, रक्षःसत्वा, दानवसत्वा, **गजसत्वा** नामक भेदों का वर्णन किया गया है।

नायकनायिकाबाह्यसुरतनिरूपण नामक तृतीय अध्याय में बाह्यरति के वर्णन के प्रसंग में बाह्यरति को परिभाषित करने के अनन्तर आलिंगन को जातरति एवं अजातरति भेद से द्विधा विभक्त किया गया है। **जातरति** के लतावेष्टनक, वृक्षाधिरूढक, तिलतण्डुल, नीरक्षीर, ऊरूपगूहन, जघनश्लेष, स्तनालिंगन एवं लालाटिक तथा **अजातरति** के अपविद्धक, उद्घृष्टक एवं पीड़ित; इन बारह भेदों का वर्णन है। चुम्बन के निमित, स्फुरित, घट्टित, सम, तिर्यक्, भ्रान्त, अवपीड़ित, द्विजग्राह, संपुटक, जिह्वायुद्ध, प्रबोधित, नायिका, छायिक एवं संक्रान्त नामक चौदह भेदों के नामनिर्देश तथा चुम्बन के स्थानों एवं उनके लक्षणों का वर्णन किया गया है। नखक्षत के छुरितक, अर्धचन्द्र, मण्डलक, रेखा, व्याघ्रपद, मयूरपदक, शशप्लुत, उत्पलपत्र, एवं स्मारक नामक नौ भेदों के नामनिर्देश तथा नखक्षत के काल, स्थानों एवं लक्षणों का वर्णन है। इसके अनन्तर दन्तक्षत को परिभाषित कर उसके गूढक, उच्छूनक, विन्दु, प्रवालमणित, बिन्दुमाला, मणिमाला, खण्डाभ्रक एवं **क्रोडचर्वित** नामक आठ भेदों के नामनिर्देश तथा दन्तक्षत के स्थानों, लक्षणों का वर्णन किया गया है।

आभ्यन्तररतिनिरूपण एवं आभ्यन्तररतौ करणनिरूपण नामक चतुर्थ-पंचम अध्यायों में आभ्यन्तररति की परिभाषा, नारी-पुरुष के गुह्यांग के प्रमाण, काल एवं भावभेद के आधार पर 27 प्रकार तथा रतिसुखार्थ रमणीरंजन के उपायों का निरूपण है। अन्तःसम्प्रयोग-बन्ध के उत्तान, तिर्यक्, आसित, स्थित एवं आनत; पंचविध ये भेद, रतिबन्धों के ग्राम्य, नागरिक, उत्फुल्ल, जृम्भित, इन्द्राणिक, संपुट, पार्श्वसंपुट, पीडित, वेष्टित, वाडव, उद्भुग्नक, अर्धांगपीड़ित, जृम्भक, प्रसारितक, वेणुदारित, शूलांक, कार्कटक, प्रेंखक, पद्मासन, अर्द्धपद्मासन, फणिपाश, परावृत्त, संयम, कौर्मबन्ध, समुद्गक, परिवर्तितक, युग्मपद, विमर्दितक, मार्कट, आश्रितक, सम्मुख, त्रैविक्रम, द्वितलक, जानुकूर्पर, अवलम्बितक, धैनुक, ऐभिक, संघाटक, गोयूथक, वारिकेलित, भ्रामर, प्रेंखोलित, मर्दन, कोहल, अवमर्दित, योनिपीडितक, निर्घातक, वराहघात, वृषघात, **चटकोल्लासित**, श्रान्तसंपुट आदि विविध भेदों का वर्णन है।

औपरिष्टादिरतभेद एवं सर्वसुरताधिकारनिरूपण नामक षष्ठ-सप्तम अध्यायों में पूर्ववर्णित करणबन्धों की सिद्धि में सहायक रागवत्, आहार्य, कृत्रिम, व्यवहित, पोटा, खल, अयन्त्रित एवं प्रणय आदि अष्टविध रागों तथा प्रणयकालिक रत के उल्लेखपूर्वक औपरिष्टकरत के स्त्रियों के द्वारा किए जाने वाले निमित, पार्श्वदष्टक, बहिःसन्दंश, अन्तःसन्दंशक, चुम्बितक, परिमृष्टक, आम्रचूषित एवं संगर तथा पुरुषों के द्वारा किए जाने वाले अधरस्फुरित, जिह्वाभ्रमणक, जिह्वामर्दित, चूषितक, उच्चूषितक, उत्क्षोभक, बहुचूषितक एवं काकिलरत-इन अष्टविध भेदों का पृथक् पृथक् निरूपण है। रतिकाल में युवाओं द्वारा किए जाने वाले प्रहाररूप **प्रहणन** के अपहस्तक, प्रसृतक, मुष्टि, समतल, कर्तरी, भद्रकर्तरी, यमलकर्तरी, शब्दकर्तरी, विद्धा, सन्दंशिका आदि दश भेदों; सुरतोद्दीपन में सहायक नर्मस्वरव्यंजक **सीत्कृत** के हिंकृत, स्तनित, श्वसित, रुदित, कूजित, धूत्कृत, फूत्कृत, अम्बार्थक, निषेधार्थक, अलमर्थक, मोक्षार्थक, पीड़ार्थक, करुणोक्ति, स्निग्धोक्ति, परुषोक्ति, काकरुत एवं सीत्कार आदि सप्तदश भेदों; आभ्यासिकी, आभिमानिकी, संप्रत्ययात्मिका एवं वैषयिकी नामक चतुर्विध **प्रीति** आदि का वर्णन है। देशभेद से मध्यदेश, अवन्ति, बाह्लीक, आभीर, मालव, चंद्रभागा-तुंगभद्रा-शतद्रु-सिन्धु, इरावती-वितस्ता इन नदियों से सिंचित प्रान्त (संभवतः सिन्ध एवं पंजाब प्रान्त), लाटदेश, गुर्जर, आन्ध्रदेश, स्त्रीराज्य, कोसलदेश, महाराष्ट्र, पाटलिपुत्र, द्रविड़, वनवासदेश, गौड, बंग, कामरूप, कलिंग आदि देशों में उत्पन्न स्त्रियों के देशज संप्रयोगीय स्वभाव का वर्णन तथा अनुरक्त नारी के लक्षणकथनपूर्वक ग्रन्थ का उपसंहार किया गया है।

यह ग्रन्थ सर्वप्रथम के. रंगास्वामी आयंगर द्वारा संपादित एवं आंग्लानुवादित होकर मैसूर से प्रकाशित हुआ था। इसका अन्य संस्करण पं. ढुण्ढिराजशास्त्री द्वारा संपादित होकर चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी से 1967 ई. में प्रकाशित हुआ।

पुनः चौखम्बा से ही 1981 ई. में यह ग्रन्थ वैद्य शंकरदत्त शास्त्री द्वारा राष्ट्रभाषानुवादित होकर प्रकाशित हुआ है।

24. **जगद्धर-प्रणीत रसिकसर्वस्व**

यह ग्रन्थ प्रसिद्ध मैथिल टीकाकार **आचार्य जगद्धर** द्वारा प्रणीत है। ये मिथिला के प्रसिद्ध पराशरगोत्रीय विद्वत्कुल सुरगण ग्राम के निवासी पं. रत्नधर एवं दमयन्ती के पुत्र थे तथा तत्कालीन मिथिलानरेश धीरसिंह के धर्माधिकरणिक थे। इनका समय पंचदश शतक का पूर्वार्द्ध निर्धारित है।

इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का परिज्ञान सरस्वतीकण्ठाभरण की जगद्धर प्रणीत **'विवरण'** नामक टीका में प्राप्त हाता है; जिसमें रूपकालंकारनिरूपण के प्रसंग में श्लेषोपहित रूपक के उदाहरणपद्य की टीका में प्रवासगमन के समय प्रियतम द्वारा किये जाने वाले नखक्षत के विधान के प्रमाणस्वरूप **रसिकसर्वस्व** संदर्भित है-

तदुक्तं मद्रसिकसर्वस्वे-
'प्रवासगमने देयाः स्नेहसंस्कारका नखाः।
चिरोत्सृष्टेषु रागेषु प्रीतिर्गच्छेत्पराभवम्।।
रागायतनसंस्मारि यदि न स्यान्नखक्षतम्।
रेखास्तिस्रश्चतस्रश्च वक्रा वक्राकृतिर्नखः।।' इति।

इसके अतिरिक्त गीतगोविन्द की कुम्भकर्ण महीमहीन्द्र कृत **रसिकप्रियाटीका** में श्लोक संख्या 2/2, 2/6, 2/7, 2/8 आदि की टीका में एवं शंकरमिश्र कृत **रसमंजरीटीका** में श्लोक संख्या 2/2 की टीका में इस ग्रन्थ से अनेक उद्धरण प्रस्तुत किये गये है। उपर्युक्त उल्लेख जगद्धर द्वारा कामशास्त्रीय ग्रन्थ के प्रणयन की पुष्टि करते हैं।

25. **अनन्त-प्रणीत कामसमूह**

यह ग्रन्थ नागर ब्राह्मण आयर्वेदज्ञ-मंत्री मण्डनसुत **पं. अनन्त** द्वारा सन् 1457 ई. में प्रेमपरक पद्यों में विरचित है। इस ग्रन्थ की मातृकाएँ अनेकशः उपलब्ध हैं। अनेक टीकाकारों ने अपनी टीकाओं में इस ग्रन्थ को संदर्भित किया है।

ऋतु एवं नायिका-अवयव, सुरतवर्णनपरक इस काव्यग्रन्थ में लगभग 600 श्लोक हैं। **कामसमूह** में क्रमशः षड्-ऋतु, बाला, नखशिख, स्त्री-समग्र-शरीरावयव, नवसुरत, वल्लभप्रयाण, पथिक, प्रियाविरह, वियोग, सुरत, कामनिवासस्थान, स्त्रीसेवाप्रकार, सकामा, विरक्ता, पतिव्रता, असती, वैराग्य आदि का वर्णन किया गया है।

26. **हरिहर-प्रणीत शृंगाररसप्रबन्धदीपिका**

'शृंगारदीपिका' इस अपर नाम से भी प्रसिद्ध यह ग्रन्थ **हरिहर** द्वारा प्रणीत है। ग्रन्थ की पुष्पिका के अनुसार ये सर्वविद्यानवद्य, सहजसारस्वतचन्द्र आदि उपाधि से विभूषित पं. राम विद्वान् के पुत्र थे-

'इति सर्वविद्यानवद्यसहजसारस्वतचन्द्रनामांक-रामविद्वन्मणिकुमार-हरिहर-नामांकविरचितायां शृंगाररसप्रबन्धदीपिकायां रतिरहस्ये चतुर्थः परिच्छेदः।'

इसके अतिरिक्त इनका परिचय अज्ञात है।

शृंगाररसप्रबन्धदीपिका के विषय

294 श्लोकों एवं चार परिच्छेदों में यह ग्रन्थ विभक्त है। प्रथम परिच्छेद में ग्रन्थ के उत्कर्ष एवं श्रेष्ठत्व का वर्णन, कामिनी के स्वरूप एवं मुग्धा-मध्या-प्रगल्भा भेद, अविटलक्षण, कामिनी के स्वकीया-परकीया-सामान्या भेद, दश कामावस्था तथा विविध-जातीय स्त्रीप्रसादन के उपायों का वर्णन है। द्वितीय परिच्छेद में क्रमशः स्त्रीपुरुषों के हस्तिनी-चित्रिणी-शंखिनी-पद्मिनी एवं भद्र-दत्त-कूचिमार-पांचाल के लक्षणवर्णनपूर्वक तुल्ययोग से हस्तिनी-भद्र, चित्रिणी-दत्त, शंखिनी-कूचिमार एवं पद्मिनी-पांचाल के रूप में उनका युग्म, रति, के विविध भेद, सप्तधा **दृष्टिभेद**, प्रिय के अनिच्छाव्यापार, चन्द्रकला, कामोद्दीपन हेतु पेटित-कुट्टित-क्लीत-नामित-घटित इस **पंचतन्त्र विधि** का वर्णन ताडन, पेषण, दन्तक्षत, नखक्षत, चुम्बन आदि के करणीय स्थानों का उल्लेख, नायक के अनुकूल-शठ-धृष्ट त्रिविधभेद आदि का वर्णन है।

तृतीय परिच्छेद में नारी-द्रावण के उपाय तथा समबन्ध, उपरतिबन्ध, भ्रमणबन्ध, चक्रबन्ध, लम्बकबन्ध, एकपादबन्ध, धेनुकबन्ध, मार्कटबन्ध, मार्जारबन्ध, श्वानकबन्ध, गार्दभबन्ध, हास्तकबन्ध, मार्गबन्ध, वृषभबन्ध, स्वस्तिकबन्ध, कुक्कुटबन्ध, हंसबन्ध, पल्लीबन्ध, सार्पबन्ध, कूर्मबन्ध, मात्स्यपुटबन्ध, ज्वालामुखबन्ध, कलागृहबन्ध, देवबन्ध, विजयबन्ध, शंखबन्ध, मुसलबन्ध, डोलितबन्ध, मुकुटबन्ध, पल्लवबन्ध, नागबन्ध, संयुतबन्ध, वियुतबन्ध, कर्कटबन्ध, वृश्चिकबन्ध, घट्टितबन्ध, उद्घट्टितबन्ध, मयूरबन्ध, गरुडबन्ध, कलावतरणबन्ध, विलुप्तबन्ध, मुरजबन्ध, कन्दुकबन्ध, एकरूपबन्ध, तोलितबन्ध, वल्लितबन्ध, ध्वजबन्ध, पारावतबन्ध, विक्रमबन्ध, विरजबन्ध, कुण्डलीबन्ध, वेणुबन्ध, तिर्यग्बन्ध, अधोमुखबन्ध, सर्वतोमुखबन्ध, कर्णाभरणबन्ध, कलोलबन्ध, चुम्बनबन्ध, अंगनिपीडन-बन्ध, ध्वजबन्ध, विचित्रबन्ध, त्रिवल्लीबन्ध, मन्मथप्रियबन्ध, लीनबन्ध, उड्डीनबन्ध, माण्डूकबन्ध, नीचबन्ध, रंभाप्रियतमबन्ध, चन्द्राभरणबन्ध, शंकरप्रियबन्ध, तुरगारोहणबन्ध, वीरदर्पविनाशनबन्ध, विटाधिपतिबन्ध, सर्वांगमर्दकबन्ध, गौरीप्रियबन्ध, कांदर्पबन्ध, हास्यबन्ध, अद्भुतबन्ध, नीवीनिवारणबन्ध, गुह्यचुम्बनबन्ध, भयानकबन्ध, वीभत्सबन्ध एवं राजबन्ध आदि चतुरशीति प्रकार के **रतिबन्धों** का सुरतप्रशंसापूर्वक लक्षणनिरूपण एवं प्रमाणभेद से उच्चनीचादि रतिबन्धों का मतान्तरपूर्वक वर्णन किया गया है। चतुर्थ परिच्छेद में विविध प्रकार के औपनिषदिक योगों का वर्णन कर ग्रन्थ का उपसंहार है।

यह ग्रन्थ पं. ढुण्ढिराज शास्त्री द्वारा सम्पादित होकर 'कामकुंजलता' नामक ग्रन्थ के एकादश मंजरी के रूप में चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी से सन् 1976 ई. में प्रकाशित हुआ है।

27. जयदेव-प्रणीत रतिमंजरी

परम्परया 60 श्लोकों में निबद्ध इस ग्रन्थ के रचयिता महाकवि जयदेव माने जाते हैं। आलोचकों ने रतिमंजरीकार जयदेव को गीतगोविन्दकार **जयदेव** से भिन्न मानते हुए इनका समय चतुर्दश से पंचदश शतक के मध्य स्वीकार किया है। यह ग्रन्थ अपनी सरल एवं सुबोध शैली के कारण आलोचकों में विशेष प्रसिद्ध रहा है।

इस लघुकाय ग्रन्थ में ग्रन्थकार द्वारा कामशास्त्र के तत्त्व का सार ग्रहण कर सुबोध शैली में रतिशास्त्र के सिद्धान्तों को प्रस्तुत करने की प्रतिज्ञा है। प्रारम्भ में पद्मिनी, आदि नायिकाओं के लक्षण, शश-पद्मिनी, मृग-चित्रिणी, वृष-शंखिनी एवं हय-हस्तिनी के मध्य संयोग को सर्वोत्कृष्ट मानते हुए उक्त नायिकाओं के शरीरगत **सुगन्धि,** वयगत भेद, उन्हें प्रसन्न करने की विधि और इन नायिकाओं के संयोग से प्राप्त होने वाले फल का वर्णन है। तदनन्तर शुक्लपक्ष एवं कृष्णपक्ष की तिथियों के अनुसार स्त्री-पुरुषों के अंगों में काम के वासस्थानों का निर्देश, संभोग के सामान्य प्रकार, पद्मिनी आदि नायिका के साथ रतिविशेष, भग एवं लिंग के गुण-दोष का वर्णन तथा शश, मृग, वृष, एवं हय नायकों के लक्षण का वर्णन किया गया है। अन्त में कमलासन, **नागपाद**, लतावेष्ट, अर्द्धसंपुट, कुलिश, रतिसुन्दर, केशर, **हिल्लोल**, **नृसिंह**, विपरीत, क्षुद्गार, क्षुद्गार, धेनुक, उत्कण्ठ, **सिंहासन**, रतिनाग एवं विद्याधर नामक सोलह बन्धों का निरूपण करने के अनन्तर स्त्रीप्रसादन में चतुर कामी की प्रशंसा के साथ ग्रन्थ की पूर्णता होती है।

इस ग्रन्थ का सर्वप्रथम संपादन **विद्यासागर** के द्वारा व्याख्यासहित काव्यसंग्रह के तृतीय भाग में 1888 ई. में हुआ था। पुनः यह ग्रन्थ ढुण्ढिराज शास्त्री द्वारा सम्पादित होकर 'कामकुंजलता' नामक ग्रन्थ के सप्तम मंजरी के रूप में चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी से सन् 1967 ई. में प्रकाशित हुआ; पुनः वहीं से पं. रमाकान्त द्विवेदी द्वारा हिन्दी पद्य में अनुवादित होकर प्रकाशित हुआ।

28. कल्याणमल्लभूपति-प्रणीत अनंगरंग

ग्रन्थारम्भ में दिये गये विवरणानुसार ज्ञात होता है कि **भूपमुनि** के रूप में प्रतिष्ठित कलाविदग्ध **कल्याणमल्ल** ने लोदीवंशावतंस अहमदखानसुत लाडखान के कुतूहलार्थ इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का प्रणयन किया था-

लोदीवंशावतंसो हतरिपुवनितानेत्रवारिप्रपूर-
प्रादुर्भूतासु सिन्धुष्वमितवरयशा लीलया प्लाविताक्षः।

सत्पुत्रः ख्यातकीर्तेरहमदनृपतेः कामसिद्धान्तविद्वान्
जीयाच्छ्रीलाडखानः क्षितिपतिमुकुटैर्घृष्टपादरविन्दः।।

तस्यैव कौतुकनिमित्तमनंगरंगं ग्रन्थं विलासिजनवल्लभमातनोति।
श्रीमन्महाकविरशेषकलाविदग्धः कल्याणमल्ल इति भूपमुनिः प्रसिद्धः।। (१/२,३)

लोदीवंश का शासन सन् 1451-1526 ई. तक रहा। लोदीवंशावतंस लाडखान के सम्बन्ध में इतिहास मौन है। अनंगरंग के हिन्दी भाष्यकार डॉ. रामसागर त्रिपाठी ने कल्याणमल्ल के आश्रयदाता लाडखान के लिये इब्राहिम लोदी कालीन आगरा के प्रशासक अहमदखान लोदी के पुत्र होने की संभावना व्यक्त की है। **रामकुमारराय** ने Encyclopedia of Indian Erotics में लाडखान को सिकन्दर लोदी कालीन जौनपुर के प्रशासक अहमदखान लोदी का पुत्र बतलाया है-

Lada-Khan was most probably one of the sons of Ahmad Khan Lodi, Governor of Jaunpur under Sultan Sikandar Lodi (1488-1517 A.D.). He seems to have succeeded his father in his post. According to Kalyanamlla, the auther of Ananga Ranga, Lada Khan acquired unlimited fame by making his steed easily swim across the streams, created by the tears from the eyes of the widows of the foce slain in battle. He was versed in the art of Love. The Auther of ananga Ranga reveals to have composed his work in order to please Lada Khan. (p. 246)

New Catalogus Catalogorum में कल्याणमल्ल को लोदी शासनकाल में अवध के प्रशासक अहमदखान लोदी के पुत्र लाडखान का समकालीन बता कर उनके द्वारा **अनंगरंग** के अतिरिक्त **सुलेमत्चरितम्** नामक ग्रन्थ के प्रणयन का भी उल्लेख किया गया है। कल्याणमल्ल की वस्तुस्थिति जो भी हो, रतिरहस्य के पश्चात् कामशास्त्र का बहुसमादृत ग्रन्थ अनंगरंग ही माना जाता हैं। कल्याणमल्ल लोदी-कालीन हैं। अतः इनका जीवनकाल 1470 से 1530 के मध्य संभावित है।

अनंगरंग के विषय

420 श्लोकों में निबद्ध यह ग्रन्थ 10 स्थल नामक अध्यायों में विभक्त है। इसमें प्रमुख रूप से कामसूत्र के साम्प्रयोगिक अधिकरण एवं गौण रूप से कन्यासंप्रयुक्तक, पारदारिक एवं औपनिषदिक अधिकरणों का आधार ग्रहण किया गया है। ग्रन्थ के प्रथम स्थल में ग्रन्थकर्त्ता द्वारा अपने आश्रयदाता का एवं स्वयं का संक्षिप्त परिचय, कामशास्त्र के महत्त्व एवं कामशिक्षा की आवश्यकता, स्त्रियों के पद्मिन्यादि जातिभेदों का निरूपण, उनके सुरतप्रसंग में अनुकूलनात्मक तिथियों एवं समय का निरूपण किया गया है। द्वितीय स्थल में चन्द्रकला पर विचार, पद्मिन्यादि के विभिन्न अंगों में काम के वास एवं कामोद्दीपन के

विविध उपाय का वर्णन किया गया है। तृतीय स्थल में शशादि भेद से प्रमाण-काल-वेगादि भेद से सुरत के विविध प्रकारों का वर्णन, पुरुष-स्त्री के शश-वृषभ-अश्व एवं मृगी-बडवा-करिणी भेदों का वर्णन है।

चतुर्थ स्थल में स्त्रियों के सामान्य धर्म का निरूपण, उनके अवस्थापरक बाला, तरुणी, प्रौढ़ा एवं वृद्धा-भेद, रंजनोपायों का उल्लेख, उनके कफादि प्रकृति एवं देवादि सत्त्वों, स्त्रीविरक्ति, चतुर्विध प्रीति, भोजनादि व्यवस्था, योनिस्वरूप, अल्पसाध्या स्त्री, रताभिलाषाकांक्षी स्त्री आदि का निरूपण है। पंचम स्थल में स्त्रियों के देशपरक स्वभाव के निरूपणार्थ मध्यदेश, मालव, आभीर, लाट, आन्ध्र, कर्णाट, कोसल, पाटलिपुत्र, महाराष्ट्र, बंग, गौड़, उत्कल, कामरूप, वनवासी, गुजरात, सिन्धुप्रदेश, अवन्ति, बाह्लीक, **तीरभुक्ति**, पुष्पपुर, मद्र, तैलंग, द्रविड़, सौवीर, मलय, काम्बोज, पुण्ड्र, म्लेच्छ, पर्वतदेश, गान्धार एवं काश्मीर देशीय रमणियों के सुरतकालिक स्वभाव का वर्णन किया गया है।

षष्ठ एवं सप्तम स्थलों में विविध प्रकार के औपनिषदिक योगों का वर्णन है। अष्टम स्थल में विवाहादि व्यवस्था के वर्णनप्रसंग में विवाह करने के योग्य कन्या के गुण-अवगुण, जामाता के गुण-अवगुण, परस्त्रीगमननिषेध, अगम्या स्त्री, दूतीभेद, सुखसाध्या स्त्री, अनुरागिणी स्त्री, दुःसाध्या स्त्री, सुरत हेतु त्याज्य एवं विहित स्थान आदि का निरूपण किया गया है। नवम स्थल में बाह्यसुरतवर्णनप्रसंग में वृक्षाधिरूढ़, तिलतण्डुल, लालाटिक, जाघन, विद्धक, ऊरूपगूढ़, नीरक्षीर एवं वल्लरिवेष्टित आदि **परिरम्भणभेद**; चुम्बनयोग्य स्थानों का निर्देश, मिलित, स्फुरित, घट्टित, तिर्यक्, उत्तरोष्ठ, पीडितक, संपुटक, प्रतिबोध एवं **समौष्ठ** चुम्बनभेदों; नखक्षतयोग्य स्थानों एवं नखगुणों का निर्देश, छुरित, अर्द्धचन्द्र, मण्डलक, रेखा, मयूरपाद, शशप्लुत एवं उत्पलपत्र इन भेदों; दशनक्षतयोग्य स्थानों एवं दशनगुणों का निर्देश, गूढक, उच्छूनक, प्रवालमणि, बिन्दु, बिन्दुमालिका, खण्डाभ्रक एवं **कोलवर्च**-इन दशनभेदों, रतिकाल में **केशग्रहण** के विधान का निर्देश, समहस्तक, **तरंगरंगक**, भुजंगवल्लिका एवं कामावतंस-इन केशग्रहणभेदों का वर्णन किया गया है।

दशम स्थल में आभ्यन्तरसुरतवर्णनप्रसंग में सुरत के उत्तानकबन्ध के समपाद, नागर, त्रैविक्रम, **व्योमपद**, स्मरचक्र, अविदारित, सौम्य, जृम्भित, वेष्टित, वेणुविदारित, उद्भुग्नक एवं स्फुटन भेद; तिर्यग्बन्ध के वीणिका, सम्पुट एवं कर्कट भेद; **उपविष्टबन्ध** या स्थितबन्ध के पद्मासन, बन्धुरित, फणिपाश, संयमन, कौर्मक, परिवर्तित, युग्मपद, विमर्दित एवं मार्कट भेद; उत्थितबन्ध के जानुकूर्पर, हरिविक्रम एवं **कीर्तिबन्ध** भेद; आनतबन्ध या **व्यानतबन्ध** के धेनुक एवं ऐभ भेद; तथा **पुरुषायितबन्ध** के भ्रामर एवं उत्कलित भेद, **करताडन** के सन्तानिक, सपताक, बिन्दुमाल एवं **कुन्तल** भेद एवं सीत्कृत के हिंकृत, स्तनित, सीत्कृत, उत्कृत, फूत्कृत आदि के भेदोपभेद तथा खण्डितादि अष्टनायिकाओं का वर्णन कर ग्रन्थ का उपसंहार किया गया है।

इस ग्रन्थ की दो संस्कृत टीकायें प्राप्त होती हैं। जिनमें से प्रथम **अनंगरंगप्रकाशिका** टीकाग्रन्थ का प्रणयन महाराष्ट्रीय विद्वान् पं. नीलकण्ठात्मज गणेश वाठोडकर द्वारा शक 1754 अर्थात् 1832 ई. में किया गया था। इस टीकाग्रन्थ की देवनागरी लिपि में प्रतिलिपिकृत, 136 पर्णयुक्त पूर्ण मातृका नागपुर विश्वविद्यालय पुस्तकालय के मातृकालय में Acc. No. 2260 पर संरक्षित है। द्वितीय अज्ञातकर्तृक **अनंगरंगव्याख्या** नामक टीकाग्रन्थ की तेलुगु लिपि में प्रतिलिपित अपूर्ण मातृका Government Oriental Manuscript Library, चेन्नई में Acc.no. R-3063 पर संरक्षित है।

यह ग्रन्थ सर्वप्रथम Sir Richard Burton द्वारा संपादित एवं आंग्लानुवादित होकर Kama Sastra Society of London and Benares से सन् 1885 ई. में प्रकाशित हुआ था। पुनः आर्. शास्त्री द्वारा संपादित होकर सन् 1890 ई. में लाहौर से प्रकाशित हुआ। संप्रति डॉ. राम सागर त्रिपाठी द्वारा भाषानुवाद एवं 'रंजिनी' नामक बृहद् हिन्दी टीका सहित एक अभिनव संस्करण चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान, दिल्ली द्वारा प्रकाशित है। विविध भारतीय एवं वैदेशिक भाषाओं में इस ग्रन्थ की अनेक व्याख्यायें एवं अनुवाद प्रकाशित हैं।

29. सामराजदीक्षित-प्रणीत रतिकल्लोलिनी

रतिकल्लोलिनी नामक इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ के प्रणेता **सामराज दीक्षित** विद्वद्धुरीण बिन्दुपुरन्दर कुलीन दाक्षिणत्य ब्राह्मण परिवार में उत्पन्न हुए थे। ये बुन्देलखण्ड नरेश आनन्दराय की सभा में सभापण्डित के रूप में समादृत थे। पुष्पिका के अनुसार रतिकल्लोलिनी का प्रणयन बाण (5), इन्द्र (1), पृथ्वीधर (7), शीतपाणि (1) अर्थात् अंकानां वामतो गतिः के सिद्धान्तानुसार संवत् 1715 तदनुसार सन् 1658 ई. में वैशाख शुक्ल पक्ष में पूर्ण हुआ है-

बाणेन्द्रपृथ्वीधरशीतपाणिवर्षे तथा माधवशुक्लभूते।
व्याख्यादिमां दीक्षितसामराजो रत्यादिकल्लोलवर्ती रसेन।। (१६३)

इन्होंने संवत् 1738 अर्थात् सन् 1681 ई. में **श्रीदामचरित** नामक नाटक का प्रणयन किया था। इनके द्वारा प्रणीत अन्य ग्रन्थ हैं-धूर्त्तनर्तक प्रहसन, आर्यात्रिशती, अक्षरगुम्फ, शृंगारामृतलहरी, त्रिपुरसुन्दरीस्तोत्र आदि। सामराज दीक्षित ने रतिकल्लोलिनी की रचना सन् 1658 ई. में तथा श्रीदामचरित की रचना सन् 1681 ई. में की; अतएव इनका जीवनकाल 1625 से 1700 के मध्य निश्चित होता है।

सामराज दीक्षित के वंशजों ने संस्कृतवाणी की सेवा में अपना जीवन समर्पित कर दिया। इनके पुत्र **काव्येन्दुप्रकाश** नामक बृहत् काव्यशास्त्रीय ग्रन्थ के प्रणेता **कामराज दीक्षित** ने वात्स्यायनीय कामसूत्र में प्राप्त आनुवंश्य श्लोकों को बाभ्रव्य मुनि प्रणीत वार्तिक मानकर उन्हें कामसूत्र से पृथक् कर टीकासहित प्रस्तुत किया। यह कामकुंजलता में अष्टम

मंजरी के रूप में प्रकाशित है। इनकी ज्ञात वंशपरम्परा इस प्रकार है-नरहरि दीक्षित >सामराज दीक्षित>कामराज दीक्षित>1. व्रजराज दीक्षित, 2. वैद्यनाथ दीक्षित>व्रजराजसुत जीवराज दीक्षित।

सामराज दीक्षित ने इस ग्रन्थ में कई स्थानों पर लल्ल, भागुरि, कुण्डिन नामक विद्वानों का स्मरण किया है। इनमें से आचार्य लल्ल प्रणीत ज्योतिषशास्त्रीय ग्रन्थ की सूचना Catalogue of Sanskrit Manuscripts in the Nagpur University Library Vol. I के क्रमांक 1863 पर प्राप्त होती है। जिसके अनुसार लल्ल प्रणीत ललितवृत्तिलल्लोक्ति नामक ज्यातिषशास्त्रीय ग्रन्थ, 38 पर्णयुक्त नागरी लिपि में प्रतिलिपिकृत है। यह नागपुर विश्वविद्यालय के मातृकालय में Acc. No. 135 संरक्षित है। अन्य विद्वानों के बारे में कोई भी सूचना ज्ञात नहीं है।

रतिकल्लोलिनी के विषय

193 श्लोकों में विभक्त इस ग्रन्थ में कामशास्त्र के साम्प्रयोगिक अधिकरण एवं गौण रूप से कन्यासंप्रयुक्तक, पारदारिक एवं औपनिषदिक अधिकरणों के आधार पर विषयवस्तु का वर्णन किया गया है। सर्वप्रथम कन्या के पद्मिन्यादि लक्षण, उनके संकीर्णभेद एवं कन्यादूषण, पुरुषों के शशादि चार जाति-भेद, पुरुषदोष का वर्णन है। पुनः परदारगमन-निषेध, अगम्या स्त्री, दूती, सुसाध्यांगना, अनुरागिणी, दुःसाध्या, अल्पसाध्या, **रिरंसु** आदि का निर्देश, स्त्रियों के अवस्थाभेद एवं प्रकृति का वर्णन, नारियों के देवसत्त्वादि रूपों का वर्णन, मध्यप्रदेश, मालव, आभीर, लाट, आन्ध्र, कर्णाट, कोसल, गौडबंग, महाराष्ट्र, गुर्जर, बाह्लीक, अवन्ति, सिन्धु, श्रीखण्डशैल, सौवीर, सौराष्ट्र, काम्बोज, काश्मीर, पर्वतीय, यवन आदि की नारियों के कामज व्यवहार का वर्णन किया गया है।

इसके अनन्तर चन्द्रकला का वर्णन, विविध प्रकार के रतों का निर्देश, योनिलिंगनिरूपण, प्रीतिनिरूपण, विविध प्रकार के औपनिषदिक योगों का निरूपण, मदनलीलाहेयस्थान, सुरतोदितस्थान आदि का वर्णन है। अंत में आलिंगन, **दन्तदान**, नखदान, चुम्बन, केशपाशग्रहणादि बाह्यसंभोग के विधान, **रतिबंध** के समपादकरण, नागर, लोमपाद, स्मरकरण, **वेणुदार**, रतिलीला, रतिबाण, बंधुर, कौर्म, मार्कट, त्रिविक्रम, रतिकीर्ति, **पशुपूर्वबंध**, ऐभक आदि विविध भेद, चारुनारीक्षित पुरुषायितबंध का वर्णन, **नाडीसंगमप्रकार** एवं अन्य अंगों का संक्षिप्त उल्लेख कर ग्रन्थ का उपसंहार किया गया है।

यह ग्रन्थ ढुण्ढिराज शास्त्री द्वारा सम्पादित होकर 'कामकुंजलता' नामक ग्रन्थ के दशम मंजरी के रूप में चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी से सन् 1967 ई. प्रकाशित हुआ।

३०. जनार्दन व्यास-प्रणीत कामप्रबोध

आचार्य जनार्दन व्यास ने बीकानेरनरेश महाराजा अनूपसिंह के प्रसादन हेतु इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का प्रणयन किया था। अनूपसिंह ने ईशवीय सन् 1674-1709 तक बीकानेर में शासन किया था और व्यास उनके बहुमान्य सभासद थे। अतः **जर्नादन व्यास** का जीवनकाल ईशवीय सन् 1650-1725 के मध्य स्वीकार्य है। नोटिसिस् ऑफ दि संस्कृत मैन्युस्क्रिप्ट्स के अष्टम भाग में क्रमांक 2554 पर दिये गये विवरण के अनुसार **कामप्रबोध** की एक मातृका पश्चिम बंगाल स्थित बहरामपुर के बाबू राधिकाप्रसाद सेन के व्यक्तिगत संग्रह में विद्यमान थी। 14 × 4 इंच के आकार वाली, 294 श्लोक एवं 25 पर्णयुक्त, यह प्रति नागरी लिपि में वि.सं. 1892 अर्थात् 1835 ई. में प्रतिलिपिकृत थी। इस ग्रन्थ की देवनागरी लिपि में प्रतिलिपित, 27 पर्णयुत एक अन्य पूर्ण मातृका अनूप संस्कृत पुस्तकालय, बीकानेर के मातृकालय में संख्या 3788/7 पर संरक्षित है।

कामप्रबोध की विषयवस्तु

नोटिसिस् ऑफ दि संस्कृत मैन्युस्क्रिप्ट्स के अष्टम भाग में दिये गये विवरण के अनुसार कामप्रबोध में सर्वप्रथम कामिनियों के पद्मिन्यादि लक्षणों का निरूपण, उनके अंगों में कामवास की चन्द्रकलाओं का निरूपण, **चन्द्रकलाचालन**-प्रकारों का विवेचन है। अन्यमतानुसार हरिणी, बडवा, हस्तिनी भेद से त्रिविधस्त्रीजाति का लक्षण, कामिनियों के देवसत्वादि स्वरूप का निरूपण है। इसके पश्चात् शशक, वृषभ एवं अश्व-कोटिक पुरुष जाति के लक्षण, स्त्रीपुरुष **मदनगृहादि** लक्षण, स्त्रीपुरुष जातिभेद से सुरतभेद का कथन है। स्त्रियों की सामान्यावस्था के वर्णनप्रसंग में उनकी प्रकृति बतलाते हुए देशभेद से कामिनियों के स्वभावभेद तथा उनकी **भोजन-व्यवस्था** का निरूपण किया गया है।

स्त्रियों के प्रीति के निरूपण के प्रसंग में कामिनियों के अभिलाषापरक लक्षणों, अल्पसाध्या-दुःसाध्या स्त्री के लक्षण, स्त्रीशीलनाशहेतुकथन, स्त्रीवैराग्यहेतुकथन एवं विरक्त स्त्री के लक्षणों पर प्रकाश डाला गया है। तदनन्तर विवाहयोग्य कन्या का लक्षण, कन्यादूषण, वरलक्षण, वरदूषण, अगम्यास्त्रीकथन, संभोगयोग्य देशकाल का निरूपण, **अष्टविधनायिका** निरूपण, क्रमानुसार वियोगिन्यादि के लक्षण तथा दूती-लक्षणनिर्देश किया गया है। **अंगरागादिविधानप्रकरण** में सौगन्ध्य, शुक्रस्तंभन, ध्वजस्थूलीकरण, वाजीकरण, मदनगृहसंकोचन, द्रावण, **लोमशातन**, नष्टपुष्पसमुद्भव, पुष्पाधिक्यनिवारण, गर्भधारण एवं गर्भस्तंभन आदि की विधियों का निरूपण है। रतिबंधनिरूपण के प्रसंग में बाह्यसंभोग के विविध प्रकारों निर्देश, परिरम्भन, ललाटिकादि विधियों का वर्णन, नखदान एवं दशनस्थान का कथन, केशग्रहणविधि का वर्णन किया गया है।

31. मीननाथ-प्रणीत स्मरदीपिका

स्मरदीपिका के प्रणेता **मीननाथ** ग्रन्थ के नामकरण का कारण स्पष्ट करते हैं कि भगवान शिव ने कामदेव को भस्म करने के बाद उसे पुनः उद्दीपित किया था, इसीलिए इस ग्रन्थ का नाम स्मरदीपिका रखा गया है। गर्गाचार्य द्वारा कहे गये कामशास्त्रीय सिद्धान्तों को ही स्मरदीपिका के रूप में प्रस्तुति की स्वीकारोक्ति करते हैं-

गर्गेणाभाषितां सम्यक् वक्ष्यामि स्मरदीपिकाम्।
यस्य विज्ञानमात्रेण मूर्खोऽपि रतिरंगधीः।। (५)

इनके सम्बन्ध में अन्य किसी भी प्रकार का विवरण नहीं प्राप्त होता है। अतः आनुमानिक रूप में इनका काल 15-17 शतक के मध्य माना जा सकता है।

स्मरदीपिका के विषय

यह ग्रन्थ 216 श्लोकों में निबद्ध है। इसमें प्रमुख रूप से कामशास्त्र के साम्प्रयोगिक अधिकरण एवं गौण रूप से कन्यासंप्रयुक्तक, पारदारिक एवं औपनिषदिक अधिकरणों के आधार पर विषयवस्तु का वर्णन किया गया है। मीननाथ ने 1-5 श्लोकों में ग्रन्थ के प्रणयन की भूमिका प्रस्तुत करने के अनन्तर 6-10 श्लोकों में ग्रन्थ का प्रयोजन तथा 11-14 श्लोकों में वर्ण्य विषयवस्तु का उल्लेख किया हैं।

15-23 श्लोकों में पुरुष-जाति विभाग, उनके शश, मृग एवं हय; इन चार पुरुष-जातियों के लक्षण, 24-45 श्लोकों में स्त्री-जाति विभाग तथा उनके पद्मिनी, चित्रिणी, शंखिनी एवं हस्तिनी; इन चार स्त्री-जातियों के लक्षण, उनकी वाणी, शोभाकारक स्थान, गन्ध, निद्रा, संतुष्टिदायक रतिबन्ध, भोगकामना आदि का वर्णन है। शश-पद्मिनी, मृग-चित्रिणी, वृषभ-शंखिनी एवं हय-हस्तिनी; के मध्य रतिसंसर्ग को समरत माना गया है। 46-50 श्लोकों में ध्वज एवं भग के लक्षण तथा भेद, 51-60 श्लोकों में शुक्लपक्ष एवं कृष्णपक्ष की तिथियों के आधार पर स्त्री-पुरुष के शरीर में 'काम' के निवास एवं कामचालन का उल्लेख, रतिकाल के समय कामियों को उचित स्थान पर स्पर्शादि के माध्यम से कामभावना को जागृत कर यथेष्ट कामसुख प्राप्त करने का परामर्श वर्णित है।

61-81 श्लोकों में **बाह्यरत** के चुम्बन, दन्तक्षत, आलिंगन, नखक्षत, मर्दन, अधरपान, केशाकर्षण, प्रहरण, नारीक्षोभण आदि के स्थानों तथा विधियों का उल्लेख है। 82-114 श्लोकों में **आभ्यन्तररत** के काकपद, विपरीतक, नागरिक, रतिपाश, केयूर, **प्रियतोषण**, समपद, एकपद, ऊर्ध्वसंपुट, संपुटक, मन्मथप्रिय, रतिसुन्दर, ऊरुपीडन, स्मरचक्र, नागपाशक, गगनक, वंशदारक, **कनकक्षय**, नागर, कुलिश एवं कामसुन्दर; इन इक्कीस रतिबन्धों की प्रयोगविधि का उल्लेख, पशु एवं एकबन्धक नामक दो

31. **मीननाथ-प्रणीत स्मरदीपिका**

स्मरदीपिका के प्रणेता **मीननाथ** ग्रन्थ के नामकरण का कारण स्पष्ट करते हैं कि भगवान शिव ने कामदेव को भस्म करने के बाद उसे पुनः उद्दीपित किया था, इसीलिए इस ग्रन्थ का नाम स्मरदीपिका रखा गया है। गर्गाचार्य द्वारा कहे गये कामशास्त्रीय सिद्धान्तों को ही स्मरदीपिका के रूप में प्रस्तुति की स्वीकारोक्ति करते हैं-

गर्गेणाभाषितां सम्यक् वक्ष्यामि स्मरदीपिकाम्।
यस्य विज्ञानमात्रेण मूर्खोऽपि रतिरंगधीः।। (५)

इनके सम्बन्ध में अन्य किसी भी प्रकार का विवरण नहीं प्राप्त होता है। अतः आनुमानिक रूप में इनका काल 15-17 शतक के मध्य माना जा सकता है।

स्मरदीपिका के विषय

यह ग्रन्थ 216 श्लोकों में निबद्ध है। इसमें प्रमुख रूप से कामशास्त्र के साम्प्रयोगिक अधिकरण एवं गौण रूप से कन्यासंप्रयुक्तक, पारदारिक एवं औपनिषदिक अधिकरणों के आधार पर विषयवस्तु का वर्णन किया गया है। मीननाथ ने 1-5 श्लोकों में ग्रन्थ के प्रणयन की भूमिका प्रस्तुत करने के अनन्तर 6-10 श्लोकों में ग्रन्थ का प्रयोजन तथा 11-14 श्लोकों में वर्ण्य विषयवस्तु का उल्लेख किया हैं।

15-23 श्लोकों में पुरुष-जाति विभाग, उनके शश, मृग एवं हय; इन चार पुरुष-जातियों के लक्षण, 24-45 श्लोकों में स्त्री-जाति विभाग तथा उनके पद्मिनी, चित्रिणी, शंखिनी एवं हस्तिनी; इन चार स्त्री-जातियों के लक्षण, उनकी वाणी, शोभाकारक स्थान, गन्ध, निद्रा, संतुष्टिदायक रतिबन्ध, भोगकामना आदि का वर्णन है। शश-पद्मिनी, मृग-चित्रिणी, वृषभ-शंखिनी एवं हय-हस्तिनी; के मध्य रतिसंसर्ग को समरत माना गया है। 46-50 श्लोकों में ध्वज एवं भग के लक्षण तथा भेद, 51-60 श्लोकों में शुक्लपक्ष एवं कृष्णपक्ष की तिथियों के आधार पर स्त्री-पुरुष के शरीर में 'काम' के निवास एवं कामचालन का उल्लेख, रतिकाल के समय कामियों को उचित स्थान पर स्पर्शादि के माध्यम से कामभावना को जागृत कर यथेष्ट कामसुख प्राप्त करने का परामर्श वर्णित है।

61-81 श्लोकों में **बाह्यरत** के चुम्बन, दन्तक्षत, आलिंगन, नखक्षत, मर्दन, अधरपान, केशाकर्षण, प्रहरण, नारीक्षोभण आदि के स्थानों तथा विधियों का उल्लेख है। 82-114 श्लोकों में **आभ्यन्तररत** के काकपद, विपरीतक, नागरिक, रतिपाश, केयूर, **प्रियतोषण**, समपद, एकपद, ऊर्ध्वसंपुट, संपुटक, मन्मथप्रिय, रतिसुन्दर, ऊरुपीडन, स्मरचक्र, नागपाशक, गगनक, वंशदारक, **कनकक्षय**, नागर, कुलिश एवं कामसुन्दर; इन इक्कीस रतिबन्धों की प्रयोगविधि का उल्लेख, पशु एवं एकबन्धक नामक दो

विपरीतबन्ध तथा त्रिविक्रम, वेष्टनक, दोलायित, प्रालम्बक, हंसलीलक एवं लीलासन नामक छः प्रकार के अधोमुखबन्ध का वर्णन तथा नारी-पुरुष द्वारा परस्पर किए जाने वाले **मुखरत** का वर्णन है।

115-125 श्लोकों में मध्यदेश, सिन्धु, सिंहल, महाराष्ट्र, स्त्रीराज्य, कोसल, कर्णाट, द्रविड़, गौड, बंग, नेपाल, कामरूप आदि देशों की रमणियों के लिये कामभावना तृप्ति के विशेष उपायों का वर्णन तथा रतिप्रसंग में रमणी को पूर्णतः संतुष्ट किये जाने का उल्लेख किया गया है।

126-136 श्लोकों में विवाहयोग्य कन्या के लक्षण एवं उसके परीक्षण की विधियों का वर्णन 137-149 श्लोकों में स्त्री की बाला, तरुणी, प्रौढ़ा, वृद्धा आदि अवस्थाओं का उल्लेख, रतिसंसर्ग के योग्य रमणी का निर्देश कर अवस्था, **ऋतुयोग** एवं बलाबल के अनुसार स्त्री को रतिसंतुष्टि प्रदान करने का निर्देश किया गया है। 150-172 श्लोकों में रतिसंसर्ग हेतु पुरुषाभिलाषणी स्त्री के **इंगितपरिज्ञान** का उल्लेख कर बाह्यजनानुराग से प्रयत्नपूर्वक कुलस्त्री की सम्मानरक्षा का निर्देश है। 173-189 श्लोकों में कुलीन नायक का लक्षण, दूतीकर्म के योग्य स्त्रियों के निर्देश, दूती के गुणों का उल्लेख, नाट्यशास्त्रकार भरतमुनि के अनुसार विप्रलब्धा, स्वाधीनभर्तृका, विरहिणी (प्रोषितपतिका), अभिसारिका, खण्डिता, कुपिता, वासकसज्जा एवं विरहोत्कण्ठिता; इन **अष्टनायिका** स्त्रियों का लक्षणकथन है। 190-216 श्लोकों में कामशास्त्रोपयोगी मन्त्रौषधि के क्रम में वशीकरण, बलिष्ठीकरण, ध्वजस्तम्भन, द्रावण आदि की विधियों का उल्लेख कर ग्रन्थ का उपसंहार किया गया है।

यह ग्रन्थ पं. ढुण्ढिराज शास्त्री द्वारा सम्पादित होकर 'कामकुंजलता' नामक ग्रन्थ के सप्तम मंजरी के रूप में चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी से सन् 1967 ई. में प्रकाशित है।

४०. गणेशप्रसाद-प्रणीत कामप्रकाश

यह ग्रन्थ बिहार प्रान्त के जहानाबादनगरस्थ समृद्ध कायस्थ अकबाल बहादुर की प्रेरणा से **गणेशप्रसाद** द्वारा विरचित है। यह परिचय ग्रन्थ की पुष्पिका से स्पष्ट है-

इतिश्री-जहानाबादनगरस्थित-कायस्थवंशोद्भवलालबहादुरात्मज-श्रीअकबालबहादुर-प्रेरित-पंडितश्रीगणेशप्रसादविरचिते कामप्रकाशे कामवासादिनिरूपणो नाम प्रथमो विलासः।

चतुर्दश विलास के 123वें श्लोक के अनुसार कामप्रकाश गुण (3) भू (1) अंक (9), कु (1) अर्थात् अंकानां वामतो गतिः सिद्धान्तानुसार संवत् 1913 तदनुसार सन् 1857 ई. में माघ कृष्णपक्ष की तृतीया तिथि को पूर्ण हुआ-

समाप्तिमगमच्चासौ गुणभ्वंकंकु(१६१३)वत्सरे।
माघासितद्वितीयेंदौ श्लेषाभेऽर्के च नक्रगे।।

इस ग्रन्थ की देवनागरी लिपि में लिखित 111 पर्णयुत, किंचित् कीटभक्षित, जीर्ण एवं पूर्ण पाण्डुलिपि गंगानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, इलाहाबाद के मातृकालय में S.No.11770 Acc.No. 9726/23 पर सुरक्षित है।

1463 श्लोकों एवं 14 विलासों में विभक्त इस ग्रन्थ में क्रमशः प्रथम विलास में कामवासादि निरूपण, द्वितीय विलास में अवस्थाभेदनिरूपण, तृतीय विलास में अनेकदेशोद्भवनायक-लक्षण एवं चुम्बनादि निरूपण, चतुर्थ विलास में औषधिचिकित्सावर्णन, पंचम विलास में सतीलक्षणवर्णन, षष्ठ विलास में विधवापुनःप्रतिसंस्कारनिषेध निरूपण, सप्तम विलास में चतुरशीतिप्रकारसुरतवर्णन, अष्टम विलास में कवीनाम् उक्तिरूपनिरूपण, नवम विलास में अनेकोक्तिसमुदाय निरूपण, दशम विलास में जीवदेहसंयोग निरूपण, एकादश विलास में देहे मायाजीवभोग निरूपण, द्वादश विलास में जीव-नरकगमनोपरि स्वर्गारोहणोपाय निरूपण, त्रयोदश विलास में जीवमोक्ष-चतुर्विधजीवदेहसंबन्ध निरूपण तथा चतुर्दश विलास में जीव के चतुर्विध देहवर्णन एवं स्त्रियों के भोग न होने पर उत्पन्न दोष का वर्णन करते हुए ग्रन्थ रचना के प्रेरक अकबालबहादुर श्रीवास्तव के वंश का वर्णन तथा **कामप्रकाश** का उपसंहार किया गया है।

४१. केलिकुतूहलम् (मथुराप्रसाद दीक्षित)

इस ग्रन्थ के प्रणेता **मथुराप्रसाद दीक्षित** का जन्म हरदोई जनपद के भगवन्तनगर नामक ग्राम में आयुर्वेदाचार्य हरिहर दीक्षित के पुत्र बदरीनाथ दीक्षित के यहाँ सन् 1878 ई. में हुआ था। इनकी माता का नाम कुन्तीदेवी था। इन्होंने संस्कृत साहित्य की विविध शाखाओं-प्रशाखाओं पर अपनी प्रौढ लेखनशैली का प्रयोग किया है। **केलिकुतूहल** के अन्तिम पद्य के अनुसार इन्होंने गार्हस्थ्य जीवन की सुखसिद्धि एवं सज्जनों के संतोष के लिए अपने इस बीसवें ग्रन्थ का प्रणयन किया-

गार्हस्थ्यसुखसिद्ध्यर्थं सतां तोषाय निर्मितः।
मत्कृतौ विंशतितमो ग्रन्थोऽयं पूर्णतां गतः।।

प्रो. रामजी उपाध्याय द्वारा 'आधुनिक संस्कृत नाटक' के द्वितीय खण्ड में दिए गये विवरण के अनुसार इनके द्वारा विरचित प्रकाशित/अप्रकाशित अन्य ग्रन्थ भारतविजय, वीरपृथ्वीराजविजय, शंकरविजय, भक्तसुदर्शन, भगवन्नखशिखवर्णनशतक, गान्धीविजय, जानकीपरिणय, वीरप्रताप, भूभारोद्धरण, युद्धिष्ठिरराज्य, कौरवोचित्य-भ्रष्टाचार-साम्राज्य, कवितारहस्य, नारदशिववर्णन, पृथ्वीराजरासोटीका, समासचिन्तामणि, आदर्शलघुकौमुदी,

पाणिनीयसिद्धान्तकौमुदी, पालिप्राकृतव्याकरण, प्राकृतप्रकाश, गौरीव्याकरण, मातृदर्शन, वर्णसंकरजातिनिर्णय, नारायणबलिनिर्णय, कुण्डगोलनिर्णय, रोगिमृत्युविज्ञान, मृत्युपरीक्षा, मन्दिरप्रवेशनिर्णय, कुतर्कतरुकुठार, जैनरहस्य, कलिदूतमुखमर्दन, काशीशास्त्रार्थ, निर्णयरत्नाकर आदि हैं।

केलिकुतूहल की विषयवस्तु

यह ग्रन्थ 16 तरंगों एवं 948 श्लोकों में विभक्त आधुनिक रचना है। इसके प्रथम तरंग में करक्रियाजनित दोषों का विस्तार पूर्वक उल्लेख किया गया है। द्वितीय, तृतीय, एवं चतुर्थ तरंगों में करक्रियाजन्य दोषनिवृत्ति हेतु तिला, स्तम्भन, वाजीकरण आदि के शास्त्रीय एवं अनुभूत योग वर्णित हैं। पंचम, षष्ठ एवं सप्तम तरंगों में स्त्रियों के पद्मिन्यादि भेद, तिथ्यनुसार उनके सुप्त कामस्थानों, स्त्री-पुरुषों के चण्डादि भेदों, स्त्रियों के चरमोत्कर्ष तथा उनके देवादिसत्त्वमय विविध प्रकारों का निरूपण किया गया है। अष्टम तरंग में नारी-प्रसादन एवं सुरतक्रिया के उत्तानक, तिर्यक्, आसित, स्थित, आनत आदि विधाओं के अनेक प्रयोगों का वर्णन है। नवम एवं दशम तरंग में बन्ध्या स्त्रियों के भेद, उनके उपचार तथा संतानप्राप्ति के 36 प्रकार के उपायों का वर्णन किया गया है। एकादश, द्वादश एवं त्रयोदश तरंगों में वेश्याप्रसंगजनित कुकृत्य के विविध रूपों, वेश्यासहायक विटों, वेश्याप्रसंगजनित रोगों एवं उनके उपचारों का वर्णन है। चतुर्दश एवं पंचदश तरंगों में **वशीकरण** के 44 योग एवं **संततिनिग्रह** आदि विविध औपनिषदिक योगों का वर्णन करते हुए षोडश तरंग में अध्यात्म के साथ काम के घनिष्ट संबन्ध का प्रतिपादन कर ग्रन्थ का उपसंहार किया गया है।

इस ग्रन्थ का प्रथम प्रकाशन सन् 1948 ई. में खगेश यन्त्रालय, काशी से हुआ था। पुनः हिन्दी अनुवाद सहित इसका प्रकाशन सन् 2002 ई. में कृष्णदास अकादमी, वाराणसी से हुआ है।

इसप्रकार संस्कृत वाङ्मय में प्राप्त कामशास्त्रीय ग्रन्थों का यथोपलब्ध संक्षिप्तरूप में परिचय प्रस्तुत किया गया है। उपर्युक्त ग्रन्थों के अनुक्रमसहित अन्य कामशास्त्रीय ग्रन्थों के विषय में प्राप्त विवरण सारिणीबद्धरूप में प्रस्तुत हैं।

कामशास्त्रीय ग्रन्थानुक्रमणिका

(संस्कृत वाङ्मय के उपलब्ध एवम् अनुपलब्ध कामशास्त्रीय ग्रन्थों की विवरणिका)

क्रम	ग्रन्थ/ग्रन्थकार	अन्य विवरण
01.	**अनंगतिलक (अज्ञातकर्तृक)**	अज्ञातकर्तृक इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का उल्लेख Gustav Oppert द्वारा संपादित एवं 1880 ई. में प्रकाशित List of Sanskrit Manuscripts in Private Libraries of Southern India, Vol. I, नामक कोष के विवरण संख्या 6548, 6856 से प्राप्त होता है। संख्या 6548 पर प्राप्त विवरणानुसार इस ग्रन्थ की एक मातृका उस समय विजगापत्तन जनपदस्थ पद्मनाभ निकटस्थ मड्डी ग्रामाभिजन पं. दर्भराम शास्त्रुलु के व्यक्तिगत संग्रह में विद्यमान थी तथा संख्या 6856 पर प्राप्त विवरणानुसार इस ग्रन्थ की एक अन्य मातृका उस समय विजगापत्तन जनपदस्थ विजयनगररम् निकटस्थ कोट्टपीताभिजन पं. पुलिगड्ड अरुणाचल शास्त्री के व्यक्तिगत संग्रह में विद्यमान थी।
02.	**अनंगदीपिका (जयदेवसुत पं.रुद्रभट्ट)**	जयदेवसुत **रुद्रभट्ट** प्रणीत इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की देवनागरी लिपि में प्रतिलिपिकृत, 10 पर्णयुक्त अपूर्ण मातृका अनूप संस्कृत पुस्तकालय, बीकानेर के मातृकालय में संख्या 3782/1 पर संरक्षित है।
03.	**अनंगरंग (कल्याणमल्ल)**	विवरण इतिहास-लेख में वर्णित।
04.	**अनंगशेखर (अज्ञातकर्तृक)**	अज्ञातकर्तृक इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का उल्लेख Gustav Oppert द्वारा संपादित एवं 1880 ई. में प्रकाशित List of Sanskrit Manuscripts in Private Libraries of Southern India, Vol. I के विवरण संख्या 5482 से प्राप्त होता है। जिसके अनुसार यह ग्रन्थ उस समय तिन्नेवेल्ली जनपदस्थ श्रीवल्लीपुत्तूराभिजन पं. अन्नास्वामी के व्यक्तिगत संग्रह में विद्यमान था।

05.	**कन्दर्पचूडामणि (वीरभद्रदेव)**	कामसूत्र की यह पद्यमयी टीका बघेलवंशी नरेश रामचन्द्रसुत **वीरभद्रदेव** द्वारा प्रणीत है, जो सन् 1577 ई. में पूर्ण हुयी। यह गुजराती न्यूज प्रेस, बम्बई से सन् 1924 ई. में प्रकाशित हुयी थी। संप्रति प्रकाशित प्रति अनुपलब्ध है।
06.	**कन्दर्पतंत्रप्रदीपाष्टक (अज्ञातकर्तृक)**	अज्ञातकर्तृक इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की देवनागरी लिपि में प्रतिलिपिकृत, 1-30 पर्णयुत अपूर्ण मातृका एशियाटिक सोसाइटी, कोलकाता के मातृकालय में Acc. No. 4729 पर संरक्षित है।
07.	**कलाशास्त्र (अज्ञातकर्तृक)**	अज्ञातकर्तृक **कलाशास्त्र** का कामशास्त्रीय संन्दर्भग्रन्थ के रूप में उल्लेख New Catalogues Catalogorum (NCC) में प्राप्त होता है, जहाँ इसका विवरण Lewis Rice द्वारा संपादित एवं 1884 ई. में प्रकाशित Catalogue of Sanskrit Manuscripts in Masore and Coorg नामक ग्रन्थ के विवरण संख्या 292 से तथा Gustav Oppert द्वारा 1885 ई. में संपादित List of Sanskrit Manuscripts in Private Libraries of Southern India, Vol.II, नामक ग्रन्थ के विवरण संख्या 3608 से प्राप्त किया गया था।
08.	**कलासूत्र (अज्ञातकर्तृक)**	अज्ञातकर्तृक **कलासूत्र** का कामशास्त्रीय सन्दर्भग्रन्थ के रूप में उल्लेख NCC में प्राप्त होता है, जहाँ इसका विवरण William Taylor द्वारा संपादित एवं 1860 ई. में प्रकाशित A Catalogue raisonnee of Oriental Sanskrit Manuscripts in the Libtary of the(late) College, Fort Saint George, now in chaege of the Board of Examiners, Vol.II नामक ग्रन्थ के विवरण संख्या 51 (fr.) से प्राप्त किया गया था।
09.	**कादम्बर-स्वीकरणकारिका (राजर्षि भरत)**	रतिकाल में मद्यपान की आवश्यकता के वर्णन से युक्त 132 कारिकाओं में निबद्ध किसी वैष्णव **राजर्षि भरत** द्वारा प्रणीत यह कामशास्त्रीय ग्रन्थ पं. ढुण्ढिराज शास्त्री द्वारा सम्पादित होकर 'कामकुंजलता' नामक संग्रह के चतुर्थ मंजरी के रूप से चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी से सन् 1967 ई. में प्रकाशित है।

10.	**कादम्बर-स्वीकरणसूत्र (राजर्षि पुरूरवा)**	33 सूत्रयुत राजर्षि **पुरूरवा** द्वारा प्रणीत यह ग्रन्थ 'तात्पर्यप्रकाशकविवरण' टीका सहित पं. ढुण्ढिराज शास्त्री द्वारा सम्पादित होकर 'कामकुंजलता' नामक संग्रह के तृतीय मंजरी के रूप में चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी से सन् 1967 ई. में प्रकाशित है।
11.	**कामकलाविलास (सूर्यनारायण)**	पं. **सूर्यनारायण** प्रणीत इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की नन्दिनागरी लिपि में प्रतिलिपिकृत 7 (140-146) पर्णयुक्त 1-2 उपदेश पर्यन्त जीर्ण एवं अपूर्ण मातृका Oriental Research Institute (ORI), University of Mysore, Mysore, में Acc.No. P. 4831/1 पर संरक्षित है।
12.	**कामकलासार (इच्छगिरि)**	यह संग्रहग्रन्थ हिन्दी अनुवाद सहित कोकसार वैद्यक के साथ सन् 1993 ई. में श्री वेंकटश्वर प्रेस, बम्बई से प्रकाशित है।
13.	**कामकल्पलता (कृष्णपति)**	मैथिल विद्वान् **पं. कृष्णपति** कृत इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का उल्लेख NCC में प्राप्त होता है, जहाँ इसका विवरण काशी प्रसाद जायसवाल द्वारा संपादित एवं The Bihar and Orissa Research Society, Patna से 1933 ई. में प्रकाशित A Discriptive Catalogue of Manuscripts in Mithila नामक कोष से प्राप्त किया गया था।
14.	**कामकारिका (अज्ञातकर्तृक)**	अज्ञातकर्तृक इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का उल्लेख NCC में प्राप्त होता है, जहाँ इसका विवरण इम्पीरियल लाइब्रेरी, कोलकाता से प्राप्त 410 पाण्डुलिपियों के विवरणात्मक सूचीपत्र A hand-list of the Sanskrit Manuscripts in Imperial Library, Calcutta के विवरण संख्या 366 (inc.) से प्राप्त किया गया था।
15.	**कामकुतूहल (कन्हैयालाल शर्मा)**	पं. कन्हैयालाल शर्मा द्वारा संगृहीत **नपुसंकानन्दमन्दार** अपरनामक इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का उल्लेख NCC में प्राप्त होता है, जिसमें प्राप्त विवरणानुसार यह संग्रह ग्रन्थ

		हिन्दी अनुवाद एवं भूमिका सहित सन् 1909 ई. में मुरादाबाद से कन्हैयालाल शर्मा द्वारा प्रकाशित है।
16.	कामकौतुकम् (नित्यानन्द)	**पं. नित्यानन्द** ने रतिरहस्य आदि ग्रन्थों से श्लोक संग्रह कर इस ग्रन्थ का प्रणयन किया है। 441 श्लोक एवं 25 पर्णयुक्त देवनागरी लिपि में शक 1624 अर्थात् सन् 1702 ई. में प्रतिलिपिकृत इसकी मातृका प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, बड़ोदरा में Acc.No. 13001 पर सुरक्षित है।
17.	कामकौतूहल (गुरु हेमनाथ)	गुरु **हेमनाथ** प्रणीत इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का उल्लेख NCC में प्राप्त होता है, जहाँ इसका विवरण रायबहादुर हीरालाल द्वारा संपादित एवं 1926 ई. में नागपुर से प्रकाशित Catalogue of Sanskrit and Prakrit Manuscripts in the Central Provinces and Berar नामक कोष के विवरण संख्या 751 से प्राप्त किया गया था।
18.	कामकौतूहल (अज्ञातकर्तृक)	अज्ञातकर्तृक इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का उल्लेख NCC में प्राप्त होता है, जहाँ इसका विवरण L.D. Barnett द्वारा संपादित Catalogue of the Sanskrit, Pali and Prakrit Books in the Library of the British Museum, London, 1892-1906 नामक कोष के विवरण संख्या 291 से प्राप्त किया गया था। इसके अनुसार कामशास्त्रीय चिकित्सापरक यह संग्रहग्रन्थ हिन्दी अनुवाद सहित सन् 1902 ई. में बम्बई से प्रकाशित हुआ था।
19.	कामकौमुदी (रतिनाथ चक्रवर्ती)	**पं. रतिनाथ चक्रवर्ती** प्रणीत 7 उन्मीलनों में विभक्त इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का उल्लेख NCC में प्राप्त होता है, जहाँ इसका विवरण Punjab University Library, Lahore द्वारा 1941 ई. में प्रकाशित A Catalogue of Sanskrit Manuscripts in the Punjab University Library, Lahore, Vol.II नामक कोष के पृष्ठ सं. 208 से प्राप्त किया गया था।

20.	**कामतंत्र** **(दैवज्ञ सूर्य)**	**दैवज्ञ सूर्य** द्वारा स्वोपज्ञ टीका सहित प्रणीत दो सर्गों में विभक्त यह प्रेमविषयक काव्यग्रन्थ पं. ढुण्ढिराज शास्त्री द्वारा सम्पादित होकर 'कामकुंजलता' नामक संग्रह के द्वादश मंजरी के रूप में चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी से सन् 1967 ई. में प्रकाशित हुआ।
21.	**कामतंत्र** **(दियोदास)**	पं.दियोदास वा **दिवोदास** प्रणीत इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का उल्लेख NCC में प्राप्त होता है, जहाँ इसका विवरण रायबहादुर हीरालाल द्वारा संपादित एवं 1926 ई. में नागपुर से प्रकाशित Catalogue of Sanskrit and Prakrit Manuscripts in the Central Provinces and Berar नामक कोष के विवरण संख्या 752 से प्राप्त किया गया था।
22.	**कामतंत्र** **(शिव)**	शिवप्रोक्त इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का उल्लेख NCC में प्राप्त होता है, जहाँ इसका विवरण Girindra Nath Mukhopadhyaya द्वारा संपादित एवं University of Calcutta से प्रकाशित History of Indian Medicine, Vol. I के पृष्ठ संख्या 31 से प्राप्त किया गया था।
23.	**कामदायिनी** **(यदुनाथ सिंह)**	**यदुनाथ सिंह** प्रणीत इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का उल्लेख NCC में प्राप्त होता है, जहाँ इसका विवरण Provincial Museum, Cuttack के विवरणात्मक सूचीपत्र A hand-list of Manuscripts collected for the Govt. of Orissa during 1938-40 and deposited in the Provincial Museum, Cuttack के विवरण संख्या 91 से प्राप्त किया गया था।
24.	**कामदीपिका** **(अज्ञातकर्तृक)**	अज्ञातकर्तृक इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का उल्लेख NCC में प्राप्त होता है, जहाँ इसका विवरण Sanskrit Pathashala Rajapur, District-Ramagiri, के विवरणात्मक सूचीपत्र A hand-list of 1038 Manuscipts in the Sanskrit Pathashala in Rajapur, Ramagiri District, Bombay Presidency के विवरण संख्या 964 से प्राप्त किया गया था।

25.	**कामप्रकाश (गणेशप्रसाद)**	विवरण इतिहास-लेख में वर्णित।
26.	**कामप्रदीप (सर्वज्ञ गुणाकर)**	**पं. सर्वज्ञ गुणाकर** प्रणीत इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की देवनागरी लिपि में प्रतिलिपिकृत, 112 श्लोक एवं 7 पर्णयुक्त मातृका भण्डारकर प्राच्यविद्या शोध संस्थान, पूना में Acc. No. 1029 of 1884-87 पर संरक्षित है।
27.	**कामप्रदीपम् (धनंजय)**	**पं. रघुनाथ मनोहर** ने अपने काव्यशास्त्रीय ग्रन्थ **कविकौस्तुभ** में **धनंजय** प्रणीत कामशास्त्रीय काव्यग्रन्थ कामप्रदीप का संदर्भ देते हुए उस ग्रन्थ से देश-भेदविरोधी वाक्यदोष के उदाहरण में एक उपेन्द्रवज्रा छन्द प्रस्तुत किया है।
28.	**कामप्रबोधम् (जनार्दन व्यास)**	विवरण इतिहास-लेख में वर्णित।
29.	**कामप्राभृतम् (केशव अथवा केशवात्मज)**	**केशव** द्वारा प्रणीत इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की मलयालम लिपि में 12 पर्णयुक्त पूर्ण मातृका Oriental Research Institute & Manuscripts Library (ORI & ML), University of Kerala, Thiruvananthapuram, में संख्या C.O.L. No. 126B. पर संरक्षित है। मलयालम लिपि में शक 1657 अर्थात् सन् 1745 ई. की 1-7a पर्णयुक्त, पूर्ण मातृका प्राच्यविद्या संस्थान, बड़ोदरा के मातृकालय में Acc. No. 13088(a) पर संरक्षित है तथा अंशतः पूर्ण मातृका श्री विश्वेश्वरानन्द वैदिक शोध संस्थान, होशियारपुर के मातृकालय में Acc. No. 216, 3838 पर संरक्षित है।
30.	**कामरत्न (नित्यनाथसिद्ध)**	औपनिषदिक अधिकरण पर आधारित **नित्यनाथसिद्ध** प्रणीत कामरत्न नामक यह ग्रन्थ भाषानुवाद सहित श्रीवेंकटेश्वर प्रेस, कल्याण (महाराष्ट्र) से प्रकाशित है।

31.	**कामरत्नसमुच्चय (क्षमानन्द ब्रह्मचारी)**	क्षमानन्द ब्रह्मचारी द्वारा संगृहीत **सम्भोगरत्नाकर या ऐन्द्रजालिकवशीकरणविद्या** अपरनामयुत इस कामशास्त्रीय संग्रहग्रन्थ का उल्लेख NCC में प्राप्त होता है, इसमें प्राप्त विवरणानुसार यह ग्रन्थ बंग भूमिका सहित सन् 1909 ई. में कलकत्ता से प्रकाशित हुआ था।
32.	**कामराजरतिसार (कुम्भकर्ण महीन्द्र)**	कामराजरतिसार के प्रणेता कुम्भकर्ण महीन्द्र भारतीय इतिहास में मेवाड़नरेश **राणा कुम्भा** के नाम से प्रसिद्ध हैं। यवन शासकों के साथ इनके विरोध एवं युद्ध प्रसिद्ध हैं। धाराधीश भोज की भांति राणा कुम्भा भी संस्कृत वाङ्मय के प्रति समर्पित तथा अनेक ग्रंथों का प्रणयनकर्ता थे। इस ग्रन्थ की एक मातृका राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान के उदयपुर स्थित संग्रहालय में अपूर्ण रूप में संरक्षित है, जिसमें मात्र 32 श्लोक ही प्राप्त हैं। संस्कृत मनीषा के उपासक अगरचंद नाहटा के उल्लेखनुसार इस ग्रन्थ की एक मातृका अहमदाबाद के मुनि पुण्यविजय जी के पास भी विद्यमान है जिसमें सात अंग हैं।
33.	**कामशास्त्र (गोरखनाथ योगीन्द्र)**	**गोरखनाथ** योगीन्द्र द्वारा प्रणीत इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का उल्लेख NCC में प्राप्त होता है, जिसके विवरणानुसार 8 अधिकारों में विभक्त यह ग्रन्थ हिन्दी अनुवाद सहित सन् 1899 ई. में मुरादाबाद से प्रकाशित हुआ था।
34.	**कामशास्त्र (देवीसिंह)**	**देवीसिंह** प्रणीत इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की देवनागरी लिपि में 48 पर्णयुत अपूर्ण मातृका अनूप संस्कृत पुस्तकालय, बीकानेर के मातृकालय में संख्या 3789/8 पर संरक्षित है।
35.	**कामशास्त्र (प्राणहरि योगविशारद)**	इन्द्रजालपरक इस संग्रहग्रन्थ **प्राणहरि** योगविशारद द्वारा संगृहीत का उल्लेख **मोहिनीतन्त्र** नामक कामशास्त्र एवम् NCC में प्राप्त होता है, इसके विवरणानुसार 4 अध्यायों में विभक्त यह ग्रन्थ बंगानुवाद सहित सन् 1901 ई. में कलकत्ता से प्रकाशित हुआ था।
36.	**कामशास्त्र (रंगनाथ सखाराम लाले)**	इस संग्रहग्रन्थ का उल्लेख भी NCC में प्राप्त होता है, **शुक्रसंहिता** अथवा आरोग्यसिन्धु अपरनामक यह ग्रन्थ **रंगनाथ** सखाराम लाले द्वारा संगृहीत है। जिसके विवरणानुसार यह ग्रन्थ मराठी अनुवाद सहित सन् 1900 ई. पूना से प्रकाशित हुआ था।

37.	**कामशास्त्राध्याय आयुर्वेद प्रकाशान्तर्गत (माधवकृत)**	**पं. माधव** प्रणीत आयुर्वेदप्रकाश के अंगरूप में निर्मित इस ग्रन्थ की मातृकाएँ प्राच्यविद्या संस्थान, बड़ोदरा में 8997 पर तथा भण्डारकर प्राच्यविद्या शोध संस्थान पूना में Acc. No. 1030 of 1884-87 पर संरक्षित है।
38.	**कामशास्त्रीय ग्रन्थ (कर्णीसुत मूलदेव)**	विवरण इतिहासलेख के अन्तर्गत वर्णित।
39.	**कामशास्त्रीय ग्रन्थ (कात्यायन प्रणीत)**	विवरण इतिहासलेख के अन्तर्गत वर्णित।
40.	**कामशास्त्रीय ग्रन्थ (गोणिकापुत्र प्रणीत)**	विवरण इतिहासलेख के अन्तर्गत वर्णित।
41.	**कामशास्त्रीय ग्रन्थ (गोनर्दीय)**	विवरण इतिहासलेख के अन्तर्गत वर्णित।
42.	**कामशास्त्रीय ग्रन्थ (घोटकमुखकृत)**	विवरण इतिहासलेख के अन्तर्गत वर्णित।
43.	**कामशास्त्रीय ग्रन्थ (चारायण कृत)**	विवरण इतिहासलेख के अन्तर्गत वर्णित।
44.	**कामशास्त्रीय ग्रन्थ (राजपुत्र)**	किसी **राजपुत्र** नामक विद्वान् के द्वारा कामशास्त्रीय ग्रन्थ के प्रणयन का प्रथम उल्लेख दामोदरगुप्त विरचित कुट्टनीमतम् के 77वें एवं 122वें श्लोक में प्राप्त होता है। इसके अतिरिक्त इस संदर्भ में अन्य विवरण अज्ञात है।
45.	**कामशास्त्रीय ग्रन्थ (सुवर्णनाभ कृत)**	विवरण इतिहासलेख के अन्तर्गत वर्णित।
46.	**कामसमूह (अनन्त)**	विवरण इतिहासलेख के अन्तर्गत वर्णित।
47.	**कामसर्वस्व (अज्ञातकर्तृक)**	अज्ञातकर्तृक इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का उल्लेख **पं. वनमाली** विरचित गीतगोविन्द की संजीवनी टीका में प्रथम सर्ग के 12वें श्लोक में उद्भट चुम्बन के लक्षणकथन के संदर्भ में प्राप्त होता है।

48.	**कामसार (कामदेव वा कणदिव)**	**पं. कामदेव** द्वारा प्रणीत इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की 7 पर्णयुक्त, देवनागरी लिपि में पूर्ण मातृका भण्डारकर प्राच्यविद्या शोध संस्थान, पुणे के मातृकालय में Acc. No. 326 of 1895-98 पर सुरक्षित है। इस ग्रन्थ की मैथिली लिपि में लिखित 1-2 पर्णयुक्त जीर्ण एवं पूर्ण एक अन्य मातृका गंगानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, इलाहाबाद के मातृकालय में Acc.No.9093/15 पर सुरक्षित है। एम्. कृष्णमाचारी द्वारा HCSL के पृष्ठ 895 पर दिये गये उल्लेखानुसार यह **कणदिव** की रचना है।
49.	**कामसूत्र (औद्दालकि श्वेतकेतु)**	विवरण इतिहासलेख के अन्तर्गत वर्णित।
50.	**कामसूत्र (महादेवानुचर नन्दी वा नन्दिकेश्वर)**	विवरण इतिहासलेख के अन्तर्गत वर्णित।
51.	**कामसूत्र (बाभ्रव्य पांचाल)**	विवरण इतिहासलेख के अन्तर्गत वर्णित।
52.	**कामसूत्र (मल्लनाग वात्स्यायन)**	विवरण इतिहासलेख के अन्तर्गत वर्णित।
53.	**कामानन्द (वरदार्य)**	कौण्डिन्यगोत्रीय ईश्वराध्वरीसुत **पं. वरदार्य** प्रणीत तीन पटलों में विभक्त इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की देवनागरी लिपि में पूर्ण मातृका GOML, Chennai के मातृकालय में Acc.No. R.2727(b) पर संरक्षित है।
54.	**कामानुशासन (अज्ञातकर्तृक)**	अज्ञातकर्तृक इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का उल्लेख NCC में प्राप्त है जिसके अनुसार Jain Shvetambara Conference, Bombay द्वारा 1902 ई. में प्रकाशित Jainagranthavali नामक ग्रन्थ के पृष्ठ सं. 361 से इसका विवरण प्राप्त किया गया था।

55.	कामिनीकला-कोलाहल (बुक्क शर्मा)	**पं. बुक्क शर्मा** द्वारा प्रणीत इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की देवनागरी लिपि में 1-10 पर्णयुत जीर्ण एवं अपूर्ण मातृका ORI, University of Mysore, Mysore, में Acc. No. C.3006 पर संरक्षित है।
56.	कामिनीकामकौतुक (कृष्णकान्त विद्यावागीश भट्टाचार्य)	**कृष्णकान्त** विद्यावागीश भट्टाचार्य प्रणीत इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का उल्लेख NCC में प्राप्त होता है। इसका विवरण कोलकाता स्थित संस्कृत साहित्य परिषद् के विवरणात्मक सूचीपत्र A hand-list of the Sanskrit Manuscripts in the Sanskrit Sahitya Parishat, Calcutta, Vol. II के विवरण संख्या E.28 से प्राप्त किया गया था।
57.	कामुकरसायन (अज्ञातकर्तृक)	**अज्ञातकर्तृक** इस कामशास्त्रीय काव्यग्रन्थ की पूर्ण मातृका GOML, Chennai के मातृकालय में Acc.no. 5479 पर संरक्षित है।
58.	कामोद्दीपनकौमुदी (माधवसिंहदेव)	**माधवसिंहदेव** कृत इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का उल्लेख NCC में प्राप्त होता है। इसका विवरण पं. काली प्रसाद द्वारा संपादित एवं लखनऊ से 1951 ई. से प्रकाशित Catalogue of Oriental Manuscripts in the Lucknow University Library नामक कोष के पृष्ठ 73 से प्राप्त किया गया था।
59.	कामोल्लास (सबल सिंह)	मैथिल विद्वान् **सबल सिंह** कृत इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का उल्लेख NCC में प्राप्त होता है। इसका विवरण काशीप्रसाद जायसवाल द्वारा संपादित एवं The Bihar and Orissa Research Society, Patna से 1933 ई. में प्रकाशित A Discriptive Catalogue of Manuscripts in Mitila नामक कोष से प्राप्त किया गया था।
60.	कुचसंस्कार (अज्ञातर्तृक)	अज्ञातकर्तृक इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की 7 पर्णयुक्त देवनागरी लिपि में अपूर्ण मातृका अनूप संस्कृत पुस्तकालय, बीकानेर के मातृकालय में विवरण संख्या 3800 पर संरक्षित है।

61.	**कुचिमारतन्त्र (मुनि कुचिमार)**	विवरण इतिहासलेख के अन्तर्गत वर्णित।
62.	**कुट्टनीमत वा शम्भलीमत (दामोदरगुप्त)**	विवरण इतिहासलेख के अन्तर्गत वर्णित।
63.	**केलिकुतूहलम् (मथुरा प्रसाद दीक्षित)**	विवरण इतिहासलेख के अन्तर्गत वर्णित।
64.	**केलिरहस्य (विद्याधर)**	डॉ. ब्रह्ममित्र अवस्थी द्वारा संपादित एकावली की भूमिका के पृष्ठ 22 में प्राप्त विवरणानुसार त्रयोदश शतक के मध्यभाग में विद्यमान महामाहेश्वर कवि **विद्याधर** कृत यह कामशास्त्रीय ग्रन्थ 18 परिच्छेदों में विभक्त था; जो संप्रति अनुपलब्ध है। इंटरनेट पर प्राप्त **जयन्ती रथ,** Curator-in-charge, Numismatics, Orissa State Museum, Bhubaneswar. द्वारा लिखित शोधलेख Sanskrit Schol ars of Orissa, में Vidyadhara is said to have written 'Keli Rahasya' उल्लेख से उनके द्वारा **केलिरहस्य** के निर्माण की पुष्टि की गयी है।
65.	**कोकशास्त्रम् (मणीन्द्रलाल घोष)**	**मणीन्द्रलाल घोष** द्वारा संगृहीत इस कामशास्त्रीय संग्रहग्रन्थ का उल्लेख NCC में प्राप्त होता है, जिसके विवरणानुसार यह ग्रन्थ आंग्लानुवाद सहित कोलकाता से प्रकाशित था, इसका द्वितीय संस्करण कोलकाता से ही सन् 1908 ई. में प्रकाशित हुआ था।
66.	**कोकशास्त्रम् (नर्मदाचार्य कृत सटीक)**	चौपाई छन्द में प्रणीत प्राचीन राजस्थानी टीका सहित इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की 63 पर्णयुत देवनागरी लिपि में अपूर्ण मातृका राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर में Acc. No. 12414 पर सुरक्षित हैं।

67.	कोकशास्त्रसार (शिवप्रोक्त)	शिवप्रोक्त इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की 1-6 पर्णयुत पूर्ण मातृका एसियाटिक सोसाइटी, कोलकाता के मातृकालय में Acc.No. 8275 पर संरक्षित है।
68.	कोकसारभूषण (नन्दिघोष)	**नन्दिघोष** कृत इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का उल्लेख NCC में प्राप्त होता है। इसका विवरण Indian Museum, कोलकाता से प्राप्त विवरणात्मक सूचीपत्र A Hand-list of the 11286 Sanskrit Manuscripts in the Indian Museum, Calcutta के विवरण संख्या 3693 (Inc.) से प्राप्त किया गया था।
69.	कोकसारवैद्यक (नारायण प्रसाद मिश्र)	**पं. नारायणप्रसाद मिश्र** द्वारा प्रणीत यह आधुनिक कामशास्त्रीय ग्रन्थ हिन्दी अनुवाद सहित सन् 1993 ई. में श्री वेंकटेश्वर प्रेस, बम्बई से प्रकाशित है।
70.	कौतुकचिन्तामणि (अज्ञातकर्तृक)	अज्ञातकर्तृक इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की दो मातृकाएँ सिंधिया प्राव्यविद्या संस्थान, उज्जैन के मातृकालय में Acc.No. 7542 एवं 9116 पर संरक्षित हैं।
71.	कौतुकमंजरी (अज्ञातकर्तृक)	राजेन्द्रलालमित्र एवं म.म. हरप्रसाद शास्त्री द्वारा संपादित Notices of the Sanskrit Manuscripts Vol. III में क्रमांक 1127 पर दिये गये विवरणानुसार अज्ञातकर्तृक इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की बंगलिपि में 109 श्लोक एवं 7 पर्णयुक्त, अशुद्ध एवं प्राचीन मातृका बंगाल स्थित विक्रमपुरा, ढाका के बाबू गंगाचरण तर्करत्न के व्यक्तिगत संग्रह में थी।
72.	गुणपताकाशास्त्रम् (अज्ञातकर्तृक)	विवरण इतिहासलेख के अन्तर्गत वर्णित।
73.	चतुर्वर्गविलासमणि मंजरी (तिरुवेंगदाचार्य)	**पं. तिरुवेंगदाचार्य** प्रणीत इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की 107 पर्णयुक्त शक 1772 अर्थात् सन् 1850 ई. में देवनागरी लिपि की पूर्ण मातृका प्रज्ञा पाठशाला मण्डल, सतारा के मातृकालय में No. 9600 L.No. 10-6/544 पर संरक्षित है।

74.	**जडवृत्त (माधव)**	पं. माधव प्रणीत इस कामशास्त्रीय काव्यग्रन्थ का उल्लेख एम. कृष्णमाचारी के इतिहास ग्रन्थ HCSL के पृष्ठ 894 पर है। एम्. कृष्णमाचारी ने इस ग्रन्थ का विवरण Catalogue of Sanskrit Manuscripts in Travancore से प्राप्त किया था।
75.	**तृतीयपुरुषार्थ-साधकसरणि (अज्ञातकर्तृक)**	अज्ञातकर्तृक इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की ग्रन्थ लिपि में 1-23 पर्णयुक्त, पूर्ण एवं शुद्ध मातृका ORI, University of Mysore, Mysore, में Acc. No. P. 2364 पर संरक्षित है।
76.	**दत्तकसूत्रम् (आचार्यदत्तक)**	विवरण इतिहासलेख के अन्तर्गत वर्णित।
77.	**नर्मकेलिकौतुक-संवाद (कविराजमुकुट दण्डी)**	स्वोपज्ञ टीका सहित **कविराजमुकुट दण्डी** नामक किसी नवीन कवि द्वारा प्रणीत यह ग्रन्थ पं. ढुण्ढिराज शास्त्री द्वारा सम्पादित होकर 'कामकुंजलता' नामक ग्रन्थ के षष्ठ मंजरी के रूप में चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी से सन् 1967 ई. में प्रकाशित हुआ है।
78.	**नागरवल्लभ (अज्ञातकर्तृक)**	अज्ञातकर्तृक इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का उल्लेख एम. कृष्णमाचारी के इतिहास ग्रन्थ HCSL में पृष्ठ 896 पर प्राप्त होता है।
79.	**नागरसर्वस्वम् (भिक्षु पद्मश्री)**	विवरण इतिहासलेख के अन्तर्गत वर्णित।
80.	**पंचसायकम् (ज्योतिरीश्वर)**	यह ग्रन्थ मिथिलनानरेश हरिसिंहदेव के सभापण्डित मैथिल ब्राह्मण पं. रामेश्वरसुत धीरेश्वर के पुत्र कविशेखराचार्य **ज्योतिरीश्वर** द्वारा प्रणीत है। इनका समय चतुर्दश शतक का पूर्वार्द्ध है। इसका प्रथम प्रकाशन एस्. शास्त्री घिल्डियाल द्वारा संपादित, सन् 1921 ई. में लाहौर ई. में लाहौर से किया गया था तथा अन्य संस्करण पं. ढुण्ढिराज शास्त्री द्वारा सम्पादित 'कामकुंजलता' नामक ग्रन्थ के पंचम मंजरी के रूप में चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस,

		वाराणसी से सन् 1967 ई. में प्रकाशित हुआ है; पुनः राष्ट्रभाषानुवादित होकर वहीं से प्रकाशित है। इस ग्रन्थ की अज्ञात् विद्वान् द्वारा प्रणीत **'लक्ष्यवेधना'** नामक संस्कृत टीका की 215 पर्णयुत देवनागरी लिपि में पूर्ण मातृका श्रीरणवीर संस्कृत संस्थान, जम्मू के मातृकालय में Acc. No. 640 पर संरक्षित है तथा अज्ञातकर्तृक हिन्दी-भाषा टीका सहित 19वें शतक में विरचित 231 पर्णयुत देवनागरी लिपि में पूर्ण मातृका राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर में Acc. No. 30066(3) पर संरक्षित है।
81.	**प्रणयचिन्ता (अज्ञातकर्तृक)**	अज्ञातकर्तृक इस कामशास्त्रीय काव्यग्रन्थ का उल्लेख एम्. कृष्णमाचारी के इतिहास ग्रन्थ HCSL में पृष्ठ 895 पर प्राप्त होता है।
82.	**प्रयोगनवरत्न (अज्ञातकर्तृक)**	अज्ञातकर्तृक इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की 3 पर्णयुक्त देवनागरी लिपि में पूर्ण मातृका एसियाटिक सोसाइटी, कोलकाता के मातृकालय में Acc. No. 9134 पर संरक्षित है।
83.	**बन्धभेद (अज्ञातकर्तृक)**	अज्ञातकर्तृक इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की ग्रन्थ लिपि में 5(53-57) पर्णयुत, पूर्ण मातृका ORI, University of Mysore, में Acc.No. P.7323 / 1 पर संरक्षित है।
84.	**बाभ्रव्यकारिका टीका (कामराजदीक्षित)**	सप्तदश शतक में विद्यमान बुन्देलखण्डीय आनन्दरायमहीपति के सभापण्डित सामराज दीक्षित के पुत्र **पं. कामराज दीक्षित** ने कामसूत्र में प्राप्त सामान्य श्लोकों एवं आनुवंश्य श्लोकों को बाभ्रव्यकृत मानकर पृथक्रूपेण **बाभ्रव्यकारिका** नाम से संग्रह कर उस पर लघुटीका का प्रणयन किया है, वह टीका पं. ढुण्ढिराज शास्त्री द्वारा संपादित कामकुंजलता के अष्टम मंजरी के रूप में चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी से सन् 1967 ई. में प्रकाशित है।

85.	मदनमुकुट (अज्ञातकर्तृक)	संस्कृत एवं प्राकृत में विरचित छः परिच्छेदों में विभक्त अज्ञातकर्तृक इस ग्रन्थ की देवनागरी लिपि में 8 पर्णयुत 18वें शतक में विरचित पूर्ण मातृका राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर में Acc.No. 9828(3) पर सुरक्षित है।
86.	मदनसंजीवनी (अज्ञातकर्तृक)	अज्ञातकर्तृक इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का उल्लेख एम्. कृष्णामाचारी के इतिहास ग्रन्थ HCSL में पृष्ठ 896 पर प्राप्त होता है। कृष्णमाचारी ने इसका विवरण Gustav Oppert द्वारा संपादित एवं 1885 ई. में प्रकाशित List of Sanskirt Manuscripts in Private Libray of Southern India, Vol.II, के विवरण संख्या 2738 से प्राप्त किया था।
87.	मदनानन्द (अज्ञातकर्तृक)	अज्ञातकर्तृक इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की ग्रन्थलिपि में अपूर्ण मातृका अड्यार लाइब्रेरी, चेन्नई के मातृकालय में संरक्षित है।
88.	मदनोदय (अज्ञातकर्तृक)	विवरण इतिहासलेख के अन्तर्गत वर्णित
89.	मदनोदयसारसंग्रह (कामराज)	पं. कामराज प्रणीत इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की देवनागरी लिपि की 31 पृष्ठ की अपूर्ण मातृका अनूप संस्कृत पुस्तकालय, बीकानेर के मातृकालय में संख्या 3811/30 पर संरक्षित है।
90.	मनसिजसूत्रम् (राजर्षि पुरूरवा)	52 सूत्रयुक्त राजर्षि पुरूरवा द्वारा प्रणीत यह कामशास्त्रीय ग्रन्थ **पं. जयकृष्ण दीक्षित** विरचित दीपिका टीका सहित पं. ढुण्ढिराज शास्त्री द्वारा सम्पादित 'कामकुंजलता' नामक ग्रन्थ के प्रथम मंजरी के रूप में चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी से सन् 1967 ई. में प्रकाशित है।

91.	**मन्मथसंहिता** (अज्ञातकर्तृक)	अज्ञातकर्तृक इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की देवनागरी लिपि में 12 पर्णयुत पूर्ण मातृका एसियाटिक सोसाइटी, कोलकाता के मातृकागार में Acc.No. 8304 पर संरक्षित है तथा एक अन्य 15 पर्णयुक्त एवं अपूर्ण मातृका, सरस्वतीभवन पुस्तकालय, वाराणसी के मातृकालय में Acc.No. 45421 पर संरक्षित है।
92.	**मोहनामृतम्** (दुर्लभकवि)	वैद्य विद्यापतिसुत **पं. दुर्लभ कवि** प्रणीत इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की 32 एवं 27 पर्णयुक्त देवनागरी लिपि में दो अपूर्ण मातृकाएँ वृंदावन शोध संस्थान, वृंदावन, मथुरा के मातृकालय में Acc. No. 16796 एवं 16797 पर संरक्षित हैं तथा इसकी 5 परिच्छेद एवं 7 पर्णयुक्त पूर्ण मातृका राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर के मातृकालय में भी Acc. No. 23424 पर संरक्षित है।
93.	**योगाधिकारिक** (रन्तिदेवकृत)	औपनिषदिक अधिकरण पर आश्रित इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का उल्लेख एम्. कृष्णमाचारी के इतिहास ग्रन्थ HCSL में पृष्ठ 891 पर प्राप्त होता है।
94.	**योनिमंजरी** (कृष्णदासविप्र)	**पं. कृष्णदासविप्र** प्रणीत 51 श्लोकों में निबद्ध इस कामशास्त्रीय लघुकाव्यग्रन्थ की विक्रम संवत् 1911 अर्थात् सन् 1854 ई. में देवनागरी लिपि में लिखित 4 पर्णयुक्त पूर्ण किन्तु अशुद्ध मातृका लालभाई दलपतभाई भारतीय विद्यामंदिर, अहमदाबाद के मातृकालय में Acc. No. 10971 पर संरक्षित है।
95.	**रतिकला** (अज्ञातकर्तृक)	अज्ञातकर्तृक इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का परिज्ञान Orissa Sahitya Akademi द्वारा प्रकाशित **A Discriptive Catalogue of Sanskrit Manuscripts of Orissa in the Collection of The Orissa State Museum, Bhubaneswar, Vol. II** से प्राप्त होता है। इसके पृष्ठ 149 पर उल्लेख के अनुसार यह ग्रन्थ 18वीं शताब्दी के कविभूषण **गोपीनाथ पात्र** प्रणीत कविचिन्तामणि नामक काव्यशास्त्रीय ग्रन्थ में संदर्भित किया गया है।

96.	**रतिकल्लोल (अज्ञातकर्तृक)**	अज्ञातकर्तृक इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की 19 पर्णयुक्त शक 1603 अर्थात् सन् 1681 ई. में देवनागरी लिपि में शुद्ध एवं पूर्ण मातृका सनातन धर्म सभा, अहमदनगर, महाराष्ट्र के मातृकालय में विवरण संख्या 321 कामशास्त्र, Acc. No. 318/3 पर संरक्षित है।
97.	**रतिकल्लोलिनी (दीक्षित सामराज)**	विवरण इतिहासलेख के अंतर्गत वर्णित
98.	**रतिचन्द्रिका (अज्ञातकर्तृक)**	अज्ञातकर्तृक इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की देवनागरी लिपि में पूर्ण मातृका GOML, Chennai में Acc. no. R.2727(c) पर संरक्षित है।
99.	**रतिदर्पण (हरिहर चन्द्रसूनु)**	**पं. चन्द्रसूनु हरिहर** प्रणीत इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की तेलुगू लिपि में पूर्ण मातृका GOML, Chennai में Acc. no. R.2889 पर संरक्षित है।
100.	**रतिनीतिमुकुल (क्षेमाकर शास्त्री)**	**पं. क्षेमाकर शास्त्री** द्वारा प्रणीत इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का उल्लेख एम्. कृष्णमाचारी के इतिहास ग्रन्थ HCSL में पृष्ठ 896 पर प्राप्त होता है। कृष्णमाचारी के कथनानुसार यह ग्रन्थ बम्बई से प्रकाशित था।
101.	**रतिमंजरी (जयदेवकवि)**	विवरण इतिहासलेख के अन्तर्गत वर्णित
102.	**रतिरत्नप्रदीपिका प्रौढदेव राय)**	विवरण इतिहासलेख के अन्तर्गत वर्णित
103.	**रतिरहस्य (कोक्कोक)**	विवरण इतिहासलेख के अन्तर्गत वर्णित
104.	**रतिरहस्यकौतूहल (अज्ञातकर्तृक)**	अज्ञातकर्तृक इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की 3-50 पर्णयुक्त अपूर्ण मातृका एसियाटिक सोसाइटी, कोलकाता के मातृकागार में Acc. No. 8216 पर संरक्षित है।

105.	**रतिविलास (अज्ञातकर्तृक)**	अज्ञातकर्तृक इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का उल्लेख दक्षिणावर्तनाथ विरचित मेघदूत की प्रदीप टीका तथा राघवभट्ट विरचित अभिज्ञानशकुन्तल की अर्थद्योतनिका टीका में प्राप्त होता है। दक्षिणावर्तनाथ ने मेघदूत उत्तरमेघ के 30वें श्लोक की टीका में तथा राघवभट्ट ने अभिज्ञानशाकुन्तल के द्वितीय अंक 12वें श्लोक की टीका में रतिविलास से एक-एक लक्षणवाक्य संदर्भित किया है।
106.	**रतिशास्त्र (नागार्जुन)**	विवरण इतिहासलेख के अन्तर्गत वर्णित।
107.	**रतिशास्त्रसमुच्चय (सिद्धदेव)**	**सिद्धदेव** प्रणीत इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की 31 पर्णयुत संवत् 1749 अर्थात् सन् 1692 ई. में देवनागरी लिपि की पूर्ण मातृका अनूप संस्कृत पुस्तकालय, बीकानेर के मातृकालय में विवरण संख्या 3817/36 पर संरक्षित है।
108.	**रतिसर्वस्व (अज्ञातकर्तृक)**	अज्ञातकर्तृक इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का उल्लेख **मल्लिनाथ** कृत मेघदूत की **संजीवनी** टीका में प्राप्त होता है। टीकाकार ने मेघदूत उत्तरमेघ के 34वें श्लोक की टीका में **रतिसर्वस्व** से एक लक्षणवाक्य संदर्भित किया है।
109.	**रतिसागर (अज्ञातकर्तृक)**	अज्ञातकर्तृक इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का उल्लेख **धनंजयधरणिदेव** प्रणीत गीतगोविन्द की **सर्वांगसुन्दरी** टीका में प्राप्त होता है। टीकाकार ने गीतगोविन्द में द्वितीय सर्ग के द्वितीय गीत **राधायाः मदनावस्था** के ध्रुवपद की टीका के समय **'अत्र वात्स्यायन-रतिसागर-प्रभृति कामशास्त्रप्रतिपादितसुरतक्रमानुगुणतया संभोगं वर्णयितुं राधिकावचनव्याजेन कवेरुपक्रमः'** द्वारा **रतिसागर** नामक कामशास्त्रीय ग्रन्थ की उपलब्धता का स्पष्ट संकेत किया है। टीका में अनेक स्थानों पर ग्रन्थोल्लेखपूर्वक रतिसागर से कामशास्त्रीय संदर्भ प्रस्तुत किये गये हैं।

110.	रतिसारमाधव (नरेन्द्र)	**माधवदेव नरेन्द्र** प्रणीत इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की ग्रन्थ लिपि में 1-25 पर्णयुक्त शुद्ध एवं अपूर्ण मातृका ORI, University of Mysore, Mysore, में Acc.No. P.3223 पर संरक्षित है तथा 38 पर्णयुक्त ग्रन्थलिपि में एक अन्य अपूर्ण मातृका ORI & ML, University of Kerala, Thiruvanthapuram में संख्या C.O.L. No. 2521 B. पर संरक्षित है।
111.	रसिकबोधिनी (कामराज दीक्षित)	**कामराजदीक्षित** प्रणीत इस कामशास्त्रीय काव्यग्रन्थ का उल्लेख एम्. कृष्णमचारी के इतिहास ग्रन्थ HCSL में पृष्ठ 894 पर प्राप्त होता है। कृष्णमचारी के उल्लेखानुसार इस ग्रन्थ की मातृका GOML, Chennai के मातृकालय में संरक्षित है।
112.	रसिकरंजन (वैद्यनाथ दीक्षित)	कामराजदीक्षितसुत **वैद्यनाथदीक्षित** प्रणीत इस कामशास्त्रीय काव्यग्रन्थ का उल्लेख एम्. कृष्णमाचारी के इतिहास ग्रन्थ HCSL में पृष्ठ 894 पर प्राप्त होता है। कृष्णमाचारी के उल्लेखानुसार इस ग्रन्थ की मातृका GOML, Chennai के मातृकालय में संरक्षित है।
113.	रसिकसर्वस्व (जगद्धर)	विवरण इतिहासलेख के अन्तर्गत वर्णित
114.	वात्स्यायनसूत्रसार (आचार्य क्षेमेन्द्र)	विवरण इतिहासलेख के अन्तर्गत वर्णित
115.	विटवृत्त (सौमदत्ति)	**पं. सौमदत्ति** प्रणीत इस वैशिकतंत्रपरक कामशास्त्रीय ग्रन्थ का उल्लेख एम्. कृष्णमाचारी के इतिहास ग्रन्थ HCSL में पृष्ठ 894 पर प्राप्त होता है। कृष्णमाचारी के उल्लेखानुसार इस ग्रन्थ की मातृका GOML, Chennai के मातृकालय में संरक्षित है।

116.	विलास (सि)-जनवल्लभ (अज्ञातकर्तृक)	अज्ञातकर्तृक इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की कन्नड़ लिपि में 1-32 पर्णयुक्त अशुद्ध एवं अपूर्ण मातृका ORI, University of Mysore, Mysore, में Acc. No. P.6295 पर संरक्षित है।
117.	वेश्यांगनाकल्पद्रुम (अज्ञातकर्तृक)	अज्ञातकर्तृक वैशिकतंत्रपरक इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का उल्लेख एम्. कृष्णमाचारी के इतिहास ग्रन्थ HCSL में पृष्ठ 895 पर प्राप्त होता है। कृष्णमाचारी ने इसका विवरण Gustav Oppert द्वारा संपादित एवं 1885 ई. में प्रकाशित List of Sanskrit Manuscripts in Private Library of Southern India, Vol. II में विवरण संख्या 6220 से प्राप्त किया था।
118.	शयनरहस्य (भगीरथ)	कूर्माचलीय **पं. भगीरथ** प्रणीत इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की देवनागरी लिपि में 5 पर्णयुक्त पूर्ण मातृका एसियाटिक सोसाइटी, कोलकाता के मातृकालय में क्रमसंख्या Acc. No. 8240 पर संरक्षित है।
119.	शृंगारकन्दुक (अज्ञातकर्तृक)	अज्ञातकर्तृक **जारपंचाशत्** अपरनामयुक्त कृष्ण-गोपी प्रणयप्रसंगपरक इस कामशास्त्रीय काव्यग्रन्थ का उल्लेख एम. कृष्णमाचारी के इतिहास ग्रन्थ HCSL में पृष्ठ 895 पर प्राप्त होता है।
120.	शृंगारकुतूहल (अज्ञातकर्तृक)	अज्ञातकर्तृक पंचदश परिच्छेद पर्यन्त प्राप्त इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की 15 पर्णयुक्त उड़िया लिपि में अपूर्ण एवं स्पष्ट मातृका The Orissa State Museum, Bhubaneswar, में S.no. 189, Cat. No. L/81(b) पर संरक्षित है।
121.	शृंगारकौतूहल (कौतुकदेव)	**कौतुकदेव** प्रणीत इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की देवनागरी लिपि में अपूर्ण मातृका GOML, Chennai के मातृकालय में Acc. no. R.3757(b) पर संरक्षित है।

122.	**शृगारमंजरी** (शाहराज)	सन् 1684-1710 के मध्य तंजौर राज्य के शासक तंजौरनरेश **शाहराज** ने इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का प्रणयन किया था। इस ग्रन्थ की 59 पर्णयुक्त तेलुगु लिपि में पूर्ण मातृका सरस्वती महालय पुस्तकालय, तंजौर के मातृकालय में Catalogue no. 11001 पर संरक्षित है।
123.	**शृंगाररसप्रबन्ध-दीपिका** (हरिहर)	विवरण इतिहासलेख के अन्तर्गत वर्णित
124.	**शृंगारसंजीवनी** (अज्ञातकर्तृक)	अज्ञातकर्तृक **कामकलासारसंग्रह** अपरनामयुक्त इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की तेलुगु लिपि में 1-36 पर्णयुक्त शुद्ध एवं पूर्ण मातृका ORI, University of Mysore, Mysore, में Acc.No. P.5152/1 पर संरक्षित है।
125.	**शृंगारसारसारिणी** (अज्ञातकर्तृक)	अज्ञातकर्तृक इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की ग्रन्थलिपि की पूर्ण मातृका GOML, Chennai के मातृकालय में Acc.No.811990 पर संरक्षित है।
126.	**सदर्पकन्दर्प** (भवानन्द ठक्कुर)	मैथिल विद्वान् **पं. भवानन्द ठक्कुर** प्रणीत इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का उल्लेख एम्. कृष्णमाचारी के इतिहास ग्रन्थ HCSL में पृष्ठ 896 पर प्राप्त होता है।
127.	**स्त्रीविलास** (देवेश्वर उपाध्याय)	गौडज्ञातीय पं. मुरारिसूनु **देवेश्वर उपाध्याय** ने औपनिषदिक अधिकरणाश्रित सात तरंगों में विभक्त इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का प्रणयन किया है। भण्डारकर प्राच्यविद्या शोध संस्थान, पुणे के मातृकालय में इस ग्रन्थ की देवनागरी लिपि में 36 पर्णयुक्त, पूर्ण मातृका Acc. No. 1102 of 1886-92 पर एवं 45 पर्णयुक्त, अपूर्ण मातृका Acc. No. 1041 of 1891-95 पर संरक्षित है। देवनागरी लिपि में एक अन्य अपूर्ण मातृका हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग के मातृकालय में ग्रन्थ सं./वेष्टन सं. 3567/1850 पर संरक्षित है।

128.	**स्मरतंत्रकल्प (कामदास)**	**पं. कामदास** प्रणीत इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की 21 पर्णयुक्त मलयालम लिपि में मातृका प्राच्यविद्या संस्थान, बड़ोदरा के मातृकालय में Acc. no. 7878(a) पर संरक्षित है।
129.	**स्मरदीपिका (मीननाथ)**	विवरण इतिहासलेख के अंतर्गत वर्णित।
130.	**स्मरप्रदीप (पशुपतिसुत गुणनफलकृत)**	पशुपतिसुत **पं. गुणनफल** द्वारा प्रणीत इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ का उल्लेख वाचस्पति गैरोला प्रणीत **कामसूत्र-परिशीलन** के पृष्ठ 6 पर प्राप्त होता है।
131.	**स्मररहस्यपंचरत्न (रेवणाराध्य)**	**पं. रेवणाराध्य** कृत **स्मरतत्त्वप्रकाशिका** (पंचरत्नव्याख्या) अपरनामयुत इस कामशास्त्रीय ग्रन्थ की 1-24 पर्णयुक्त पूर्ण मातृका एसियाटिक सोसाइटी, कोलकाता के मातृकागार में Acc.No. 8260 पर संरक्षित है। इसकी अन्य मातृका अड्यार लाइब्रेरी, चेन्नई में 9F 23 देवनागरी लिपि 30 पर संरक्षित है।
132.	**स्मरशास्त्र (वसुनन्द)**	विवरण इतिहासलेख के अंतर्गत वर्णित

क्रीडा एवं मनोरंजनकलायें

संस्कृतवाङ्मय में उपदिष्ट कलाओं के अन्तर्गत क्रीड़ा का महत्त्वपूर्ण स्थान है। प्राचीन भारत की सामाजिक अवस्था का अध्ययन करने में क्रीडा एवं मनोरंजन के विविध साधनों का एक प्रमुख स्थान है। क्रीडा के इन साधनों को मुख्यतः इन तीन वर्गों में बाँटा जा सकता है-

1. घर के बाहर खेले जाने वाले खेल।
2. घर के भीतर खेले जाने वाले खेल।
3. इतर प्रकार के खेल।

बाहरी खेल

मृगया (शिकार)-कदाचित् मानव के उदय के साथ ही क्रीड़ा एवं जीवननिर्वाह के लिये मृगया का प्रादुर्भाव हो गया। वेदों में इसके उल्लेख मिलते हैं।[1] पाणिनि ने इसे **लुब्धयोग** कहा है।[2] कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र में मृगया के गुणों की चर्चा करते हुए इसे राजा के लिये परम उपयोगी बताया है।[3] मृगया के दो रूप मिलते हैं-एक जीविका के लिये, दूसरा शुद्ध मनोरंजन के हेतु। प्रस्तुत प्रसंग में हमें दूसरे प्रकार की मृगया से ही प्रयोजन है। कलाकृतियों में दोनों प्रकार की मृगया का चित्रण है, पर उसमें भी शुद्ध मनोरंजन के लिये की जाने वाली मृगया का अंकन कम है। भरहूत की एक कलाकृति[4] में एक शूकर पर एक छोटे भाले से आक्रमण किया जा रहा है तथा उसके पीछे दो कुत्ते भी छोड़े गए हैं। मथुरा से प्राप्त एक मिट्टी के ठीकरे पर घोड़े पर बैठे हुए दो शिकारी तीन सूअरों का पीछा कर रहे हैं।[5] इनमें से एक शिकारी के पास लंबा भाला है। इसी दृश्य में गर्दन घुमाए हुए एक हिरन भी अंकित है जो पार्श्वभूमि में स्थित अरण्य का प्रतीक है।

धनुर्विद्या-उपयोगी कला के अतिरिक्त धनुर्विधा मनोरंजन का भी प्रमुख साधन थी। इस विद्या में नैपुण्य का प्रदर्शन करने के लिये 'समाज' या उत्सवों का आयोजन हुआ करता था। भरहूत की कलाकृतियों में[6] 'असदिस जातक' की कथा में ऐसा ही एक दृश्य प्रदर्शित है। एक धनुर्धारी आम्रवृक्ष के नीचे खड़ा है और उसका 'करतब' देखने के लिये उक्त दृश्य में एक दर्शक भी दिखलाया गया है।

---

1. अथर्ववेद, 10।26
2. अष्टाध्यायी, 5।4।126
3. अर्थशास्त्र, 8।3।50
4. बी.एम. बरुआ, भरहूत, भाग 3, आकृति 22-23
5. मथुरा संग्रहालय, मिट्टी का ठीकरा, संख्या 2411
6. भरहूत, आकृति 100, फासबेल, जातक सं. 181

महाभारत[1] में आचार्य द्रोण द्वारा आयोजित ऐसे ही एक समाज का विस्तृत चित्रण मिलता है जिसमें धनुर्विद्या की भी प्रतियोगिताएँ हुई थीं और उनमें अर्जुन को सर्वश्रेष्ठ उद्घोषित किया गया था।

मल्लक्रीड़ा या कुश्ती (मल्लयुद्ध-नियुद्ध)–मल्लक्रीड़ा अत्यंत प्राचीन मनोरंजन का साधन है। कला में उसके कई उदाहरण मिलते हैं। भरहूत[2] से प्राप्त एक कलाकृति में दो व्यक्ति मल्लक्रीड़ा में लीन दिखलाए गए हैं। एक दूसरे शुंगकालीन नमूने[3] में हम देखते हैं कि दो मल्ल अभी अखाड़े या रंगस्थल में उतरे हैं और हाथ मिला रहे हैं (चित्र 1)। यह हाथ मिलाने की प्रक्रिया **मुष्टिबंध** नाम से विख्यात थी। प्राचीन भारतीय साहित्य में, जहाँ तक ज्ञान है, ऐसा एक भी ग्रंथ नहीं है जिसका विषय केवल मल्लविद्या हो। इसीलिये यत्रतत्र बिखरे हुए उल्लेखों की सहायता से प्राचीन मल्लविद्या का चित्र निर्धारण करना पड़ता है।

चित्र संख्या-१

1. महाभारत, आदि. पर्व 132।33
2. भरहूत, आकृति 147
3. भारतकलाभवन, वाराणसी, वस्तुसंख्या 4827

रामायण[1] में कुछ दाँव-पेच का वर्णन है। महाभारत[2] में अखाड़ा **(रंगमंडल)**, दर्शकों के स्थान **(प्रेक्षागार)** आदि बनाने की चर्चा है। मल्लयुद्ध के मध्यकालीन इतिहास के लिये महाराज सोमेश्वर का 'मानसोल्लास' (गायकवाड ओरिएण्टल सीरीज़, LXXXIV बड़ोदा 1939) बसव राजेन्द्र का 'शिवतत्त्वरत्नाकर' (संभवतः अप्रकाशित) तथा ज्येष्ठीमल्ल ज्ञाति अने मल्लपुराण (गुजराती, सं.जी. भोगिलाल साण्डेसरा, अहमदाबाद, 1948) विशेष उपयोगी ग्रन्थ हैं। **मानसोल्लास** की चौथी विंशति के छठें अध्याय में तथा **शिवतत्त्वरत्नाकर** के अष्टम कल्लोल के तीसरे तरंग में मल्लशास्त्र की विस्तृत चर्चा है। यहाँ मल्लों को उनके शरीर, दमखम (प्राण) तथा विद्या के आधार पर 'ज्येष्ठिक', **'अन्तर्ज्येष्ठिक'** तथा **'गोवल'** इन वर्गों में बाँटा गया है। आगे चलकर **'ज्येष्ठिक'** शब्द ही जेठी शब्द में बदल गया और अच्छे पहलवान के लिये आदरार्थक रूप में प्रयुक्त होने लगा।

नटों के खेल-भरहूत[3] के एक वेदिकास्तंभ पर पंद्रह पुरुष एक के ऊपर एक खड़े होकर एक शिखर का निर्माण करते दिखलाये गये हैं (चित्र 2)। इन लोगों की पहचान



चित्र संख्या-२

1. वाल्मीकिरामायण, युद्ध, 40।22-26; महाभारत, सभापर्व 23।11-20
2. महाभारत, आदिपर्व, 134।14; 135।6; 136।6
3. सतीशचंद्र काला, भरहूत स्कल्पचर्स, जर्नल आव् दी यू.पी. हिस्टारिकल सोसायटी, संस्था 18,1945, पृ. 67
4. अर्थशास्त्र, 2।27, 38

अर्थशास्त्र[4] के **'प्लवक'** शब्द से की जा सकती है। क्योंकि वहाँ भी उक्त शब्द का अभिप्राय ऐसे लोगों से है जो रस्सी आदि की सहायता से विविध प्रकार की कूद-फाँद दिखलाते हैं।

पशुओं से युद्ध-इस खेल का सर्वप्रथम दृश्य साँची[1] की ऐतिहासिक कला में दिखलाई पड़ता है (चित्र 3)। यहाँ एक घुँघराले बालवाला मनुष्य, जिसके सिर पर कुल्हा (नोकदार तिकोनी टोपी) है तथा जो बिनबाहों की कामदार मिरजई और ऊँचे बूट पहिने हुए है, एक छुरे और ढाल की सहायता से शेर से अपना बचाव कर रहा है। सर जान मार्शल तथा फ्यूहरर ने उक्त दृश्य का इस प्रकार वर्णन करते हुए आगे यह भी कहा है कि यह पर्सीपोलिस की अत्यंत प्रिय कथावस्तु की एक भोंड़ी पर स्पष्ट नकल है।[2] स्पष्ट ही विद्वान् लेखक इस वाक्य के द्वारा प्रस्तुत खेल के विदेशी स्रोत की ओर संकेत कर रहे हैं। वस्तुतः

चित्र संख्या-३

1. मार्शल, साँची, फलक 99/88

स्थिति ऐसी नहीं है। यह खेल पूर्णतया भारतीय है भले ही विदेशों में भी प्राचीन काल से इसका प्रचार रहा हो।

सिंधुघाटी की प्रागैतिहासिककालीन सभ्यता में इस खेल के दृश्य का अंकन[1] तथा महाभारत में इसके उल्लेख[2] इस बात के स्पष्ट प्रमाण हैं कि उस समय से ही यह खेल जनप्रिय रहा है जब भारत में शौर्य और पराक्रम का युग था। प्रयाग से प्राप्त एक दूसरी कलाकृति[3] में इस एक वीर को सपक्ष सिंह के साथ जूझते हुए पाते हैं। माथुरी कला में एक ऐसी मूर्ति भी है[4] जिसमें एक बैठा हुआ नग्न पुरुष अपने पीछे खड़े एक सबल सिंह के पंजों को दृढ़ता के साथ अपने हाथ में पकड़े है। यहीं से प्राप्त सिंह से युद्ध करने वाले एक बलिष्ठ युवक की मूर्ति प्रसिद्ध ही है जो अब तक नेमियन सिंह को परास्त करने वाले हिराकल्स की मूर्ति के नाम से पहचानी जाती है। कला के इस अप्रतिम नमूने के यथार्थ चित्रण की प्रवृत्ति तथा वीर मानव की वस्त्रहीनता इसके यूनानी होने की ओर संकेत करते हैं; पर इस विषय का अंकन करने वाले पूर्ववर्ती मिट्टी व पत्थर के नमूने तथा समकालीन साहित्य में उसके अस्तित्व के प्रमाण अवश्य ही यह बतलाते हैं कि यहाँ पर दिखलाई पड़ने वाला मनुष्य और पशुयुद्ध का चित्रण शुद्ध रूप से भारत की वस्तु है[5]। भले ही अन्यत्र भी उसका प्रचार रहा हो।

वाजिवाह्यालि-विनोद या चौगान

आज 'पोलो' के नाम से प्रसिद्ध इस खेल का विस्तृत उल्लेख **मानसोल्लास** की चौथी विंशति के चौथे अध्याय में है। यह गेंद का खेल है, जिसे दौड़ते घोड़े की सवारी करते हुए **'गेद्दिका'** या लम्बे डण्डे से खेला जाता था। एक धनुष की लम्बाई वाली गेद्दिका बेंत की बनती थी, जिसका एक सिरा टेढ़ा होता था। **वाजिवाह्यालि** के इस खेल में सोलह घुड़सवार भाग लेते थे।

द्वन्द्वयुद्ध

विविध कारणों से द्वन्द्व युद्ध के लिये परस्पर का आह्वान करना भी प्राचीन काल की प्रथा थी। खुलकर होने वाली दो वीरों की इस प्रकार की लड़ाई राजा के लिये एक

---

1. मैके, अर्ली इंडस सिविलजेरान, फलक 17/5
2. महाभारत, विराट0 13।41-42
3. काला, प्रयाग संग्रहालय की कुछ मृणमूर्तियाँ, जर्नल आव् दी यू.पी. हिस्टारिकल सोसायटी, संख्या 21, पृ. 133, क्रम संख्या 8
4. अग्रवाल, फर्दर एक्स्कैवेशंस टू दी मथुरा म्यूजियम, वही, क्रम संख्या 10 पृ. 88
5. इस खेल की लोकप्रियता परवर्ती काल में भी बनी रही। महाकवि बाण ने हाथियों के साथ युद्ध करने वालों का 'बंठ' नाम से उल्लेख किया है। (हर्षचरित, 7, पृ.211, शंकर की टीका पृ.211)

मनोविनोद होता था। मानसोल्लास की चौथी विंशति के पाँचवे अध्याय में इसका विस्तृत विवरण है। **द्वन्द्वयुद्ध** करने वालों को '**अंक**' कहते थे। इनके आठ प्रकार थे। समझाने पर भी न मानने वाले 'अंकों' के युद्ध का आयोजन राजा के सामने होता था। युद्ध का स्थान '**खलक**' कहलाता था। से युद्ध रविवार के दिन ही होते थे। विजयनगर साम्राज्य में द्वन्द्व-युद्धों का बहुत आकर्षण तथा प्रचार था।

मनोरंजन के विशेष आयोजन

समाज - पाणिनि के अनुसार 'समाज' शब्द का अर्थ वह स्थान है जहाँ पर लोग मनोरंजनार्थ एकत्र होते हैं।[1] जातकों के वर्णनानुसार समाज एक विशेष प्रकार का जनसमुदाय था जिसमें आबालवृद्ध स्त्रीपुरुष विविध प्रकार के खेल, अभिनय, संगीत, नृत्य, आख्यान, गजयुद्ध, अश्वयुद्ध, दण्डयुद्ध, मल्लयुद्ध आदि देखते और उनमें स्वयं भी भाग लेते थे।[2] महाभारत में आचार्य द्रोण द्वारा आयोजित ऐसे ही एक समाज का वर्णन है।[3] वहाँ इसका स्पष्ट संकेत है कि इन समाजों में कोई भी भाग ले सकता था। कौटिल्य ने यात्रा, उत्सव, प्रवहण आदि के साथ समाज का भी उल्लेख किया है।[4] काशी के राजघाट नामक स्थान से एक शुंगकालीन मिट्टी का ठीकरा मिला है जिस पर ऐसे ही एक समाज का दृश्य अंकित है (पूर्वप्रदर्शित चित्र 1)।

इस ठीकरे के ऊपरी भाग में दो मुर्गे आपस में लड़ते दिखलाए गए हैं। उसके नीचे दो बैल एक दूसरे के आमने सामने खड़े हैं। उनमें से एक की पूँछ उठी हुई है जो उसके विजेता होने का स्पष्ट संकेत है। **कुक्कुटयुद्ध** और **वृषभयुद्ध** के दाहिनी ओर दो मल्ल दिखलाई पड़ते हैं जो कुश्ती प्रारंभ करने की स्थिति में खड़े हैं। ठीकरे के नीचे वाले भाग में बड़ा आकर्षक दृश्य है। यहाँ पर एक रथ है जिसमें चार हाथी जुटे हैं तथा सारथी का कार्य भी एक हाथी ही कर रहा है जिसकी ऊँची उठी हुई सूँड में लगाम और अंकुश दिखलाई पड़ते हैं। इस **गजसारथी** के पीछे दो छोटी वस्तुएँ बनी हैं जिनका उपयोग कदाचित् बलिकर्म और मंगल के लिये किया गया था क्योंकि '**समाज**' के प्रारंभ में इनके करने का विधान मिलता है।[6]

उद्यानक्रीडाएँ-प्राचीन भारत में उद्यानक्रीडाओं में विहारयात्राएँ, पुष्पचयन, **दोहद** आदि क्रीडाओं का समावेश होता था जिनमें स्त्रीपुरुष समान रूप से भाग लेते थे।

1. अष्टाध्यायी, 3। 3। 99; महाभाष्य 2. 152
2. रतिलाल मेहता, प्री बुद्धिस्ट इंडिया, पृ. 355
3. महाभारत, आदिपर्व 134
4. अर्थशास्त्र 1/21-46
5. भारतकलाभवन, वाराणसी, वस्तुसंख्या 4827
6. महाभारत, आदिपर्व 1341, 21

उद्यान या विहारयात्रा-दैनिक जीवनक्रम को एक दिन के लिये बदलकर विविध प्रकार के खाद्य, मनोरंजनादि के साधनों के साथ गाड़ी पर चढ़कर नगर के बाहर उद्यानादिकों में जाना एवं मनबहलाव करना विहारयात्रा, **गोष्ठीयान** आदि नामों से अभिहित होते थे। इस प्रकार के गोष्ठीयान का सुंदर चित्रण शुंगकालीन खिलौनों में मिट्टी की गाड़ियों के रूप में मिलता है[1]। (चित्र 4) यहाँ पर प्रदर्शित गाड़ी में कुल छः व्यक्ति दो पंक्तियों में बैठे हैं। एक व्यक्ति विविध पक्वान्नों का रस ले रहा है। उसके पास बैठी हुई स्त्री कदाचित् शकटवाहक से बात करने का प्रयास कर रही है, पर उसकी ओर वाहक का ध्यान नहीं हैं। दूसरी पंक्ति में दाहिनी ओर का पुरुष वीणा बजा रहा है। कुछ नमूनों में उसके दाहिने हाथ में लिया हुआ कोण भी स्पष्ट दिखलाई पड़ता है। इस वीणावादक के पास ही एक मिथुन है। स्त्री का एक हाथ ढोलक की भांति प्रतीत होने वाले एक वाद्यविशेष पर है। वाद्य बजाती हुई वह अपने प्रिय से बात भी कर रही है। कुछ खिलौनों में पुरुष के एक हाथ में तो मद्य का चषक है तथा दूसरा प्रिया के गले में है। इस प्रकार इस गोष्ठीयान में खाद्य, पेय तथा संगीत का सम्मिलत आयोजन रहता था।



चित्र संख्या-४

1. भारतकलाभवन, वाराणसी, वस्तुसंख्या 3491; काला, प्रयाग संग्रहालय की कुछ मृण्मूर्तियाँ, जर्नल आव् यू.पी. हिस्टारिकल सोसायटी, खंड 21, पृ. 133 क्रमसंख्या 7

इस क्रीड़ाविशेष का उल्लेख विनयपिटक में भी है।[1] अशोक के शिलालेखों में जिन **विहारयात्राओं** की बात कही गई है उनमें मनोरंजन के अन्य साधनों के साथ मृगया का भी समावेश था।[2] **उद्यानयात्रा** का विस्तृत विवरण वात्स्यायन ने भी दिया है।[3] उन्होंने साथ चलने वाले लोगों में वेश्याओं की भी गिनती की है।

पुष्पचयन - वन या उद्यान में जाकर विविध प्रकार के शृंगार के लिये फूल चुनना स्त्रियों का एक विशेष मनोरंजन था। संस्कृत साहित्य में इसका विस्तृत वर्णन मिलता है। कलाकृतियों में भी पुष्पचयन करने वाली अनेकविध युवतियाँ दिखलाई पड़ती है।[4] अशोकवृक्ष से उनके फूलों को तोड़ने वाली कुमारियाँ वस्तुतः **अशोकोत्तंसिका** हैं जो आभरण बनाने के लिये इन फूलों का संग्रह कर रही हैं।[5] एक दूसरी कलाकृति में एक रमणी अशोकवृक्ष के नीचे खड़ी होकर अपने सजे सजाये केशकलाप पर एक माला धारण कर रही है[6], जो बहुधा उसी वृक्ष के पुष्पों से निर्मित है। दूसरे स्थान पर एक स्त्री कदम्बवृक्ष के फूल चुन रही है।[7] साँची के एक कोणस्तंभ पर पाटलवृक्ष के नीचे खड़ी होकर उसके फूलों को तोड़ती हुई एक नारी की मूर्ति बनी है।[8] कुछ ऐसे ही दृश्यों में वृक्षों की पहिचान कठिन है।[9]

इन क्रीड़ाओं को 'पूर्वीय क्रीड़ायें' कहा गया है। डा. फोगल पाणिनि द्वारा उल्लिखित 'शालभंजिका अभिप्राय' का अध्ययन प्रस्तुत करते हुए बतलाते हैं कि-'यद्यपि इन क्रीड़ाओं के विस्तृत वर्णन प्राप्त नहीं होते, तथापि वे समस्त पद जिनमें इनका उल्लेख होता है, स्पष्टरूप से बतलाते हैं कि इनमें मुख्य कार्य फूलों का चुनना था। यह भी कहा गया है कि ये खेल पूर्वी भारत में अधिक लोकप्रिय थे। यह बात बौद्ध साहित्य में उल्लिखित **शालभंजिका** उत्सव से अधिक पुष्ट होती है। स्पष्ट ही बौद्ध धर्म के उद्गमक्षेत्र मगध में ही इन खेलों का भी उदय था।'[10]

दोहद - यह भारत का एक 'कविसमय' माना जाता है, पर साहित्य और कला में इसके इतने प्रचुर उदाहरण और स्पष्ट संकेत मिलते हैं जिनके आधार पर कदाचित् यह

1. विनयपिटक, चुल्लवग्ग 6।2।7
2. आठवाँ पर्वतलेख
3. कामसूत्र, 1।4।40
4. मथुरा संग्रहालय, वस्तुसंख्या एफ्. 23, लखनऊ संग्रहालय, वस्तुसंख्या बी 80, बी 90
5. कामसूत्र, 1।4।42 टीका
6. स्मिथ जैनस्तूप, फलक 60
7. भरहूत, आकृति 29; मथुरा संग्रहालय, वस्तुसंख्या एम् 1632
8. साँची, फलक 74, 1, ए
9. भरहूत, आकृति 73, लखनऊ संग्रहालय, मूर्तिसंख्या जे 276
10. फोगल, 'दी वुमेन ऐंड ट्री आव् शालभंजिका इन इंडियन आर्ट, एक्टा ओरियंटेलिया, लीडन, खंड 2. पृ.203-4

माना जा सकता है कि **दोहद** और उसकी पूर्ति प्राचीन भारतीयों के मनोरंजन का एक प्रधान अंग था। **'दोहद'** शब्द का लाक्षणिक अर्थ नायिका द्वारा वृक्षविशेष के पास खड़े होकर उन क्रीड़ाओं का करना है जिनके अंतर्गत वृक्ष पर पादप्रहार करना, उस पर मुखोच्छिष्ट मदिरा को फेंकना, उसे आलिंगन करना, उसके नीचे नृत्य आदि करने का समावेश होता है।[1] एतदर्थ यह पद्य ध्यातव्य है-

> **स्त्रीणां स्पर्शात् प्रियंगुर्विकसति बकुलः सीधुगण्डूषसेकात्,**
> **पादाघातादशोकस्तिलककुरबकौ वीक्षणालिङ्गनाभ्याम्।**
> **मन्दारो नर्मवाक्यात् पटुमधुहसनाच्चम्पको वस्त्रवाता-**
> **च्चूतो गीतान्नमेरुर्विकसति च पुरो नर्तनात् कर्णिकारः।।**

अशोकदोहद-कहा जाता है कि रमणी के बाँयें पैर का आघात प्राप्त किए बिना अशोक का वृक्ष पुष्पित नहीं होता, अतएव उसे पादप्रहार से कृतकृत्य करना भारतीय नायिकाओं का एक प्रधान कार्य था।[2] माथुरी कला में इस कार्य में रत रमणियों को चित्रित पाते हैं।[3] एक दूसरे नमूने में इस क्रीड़ा को देखने के लिये अन्य स्त्री पुरुष भी एकत्र हैं।[4] दोहदों का अंकन करने वाले अन्य दृश्यों में परंपरागत वृक्षों के बदले अन्य वृक्ष भी दिखलाई पड़ते हैं जैसे-

	कार्य	अंकित वृक्ष	परंपरागत वृक्ष
1.	वीणावादन[5] तथा कदाचित् गायन	ताड़	नमेरु या रुद्राक्ष
2.	आलिंगन[6]	अशोक	कुरबक
3.	मदिरापान[7] (तथा कदाचित् गंडूषक्षेपण)	अशोक	बकुल

अशोक दोहद का सुन्दर वर्णन कालिदास के मालविकाग्निमित्र में है।

1. काव्यप्रकाश, 7।265, टीका भी द्रष्टव्य
2. साहित्यदर्पण 7।24
3. मथुरा संग्रहालय, मूर्तिसंख्या जे. 55
4. मथुरा संग्रहालय, मूर्तिसंख्या
5. मथुरा संग्रहालय, मूर्तिसंख्या जी 48
6. भरहूत, आकृति 73, 75
7. मथुरा संग्रहालय, मूर्तिसंख्या 264

चित्र संख्या-५

कंदुकक्रीड़ा-यह खेल स्त्रियों एवं बालकों में अधिक लोकप्रिय था। मथुरा की कला में एक स्थान पर एक स्त्री कंदुक को ऊपर उछालकर दाहिने हाथ की केहुनी पर रोकती हुई अंकित की गई है (चित्र 5)।[1] परवर्ती काल के साहित्य और कला में यह खेल लोकप्रिय रहा और अब भी है।

परवर्ती काल में स्त्रियाँ तीन कंदुकों से भी खेलती हुई दिखाई पड़ती हैं। गेंद को नीचे दबाने तथा उछालने के लिये **'आवर्तन'** एवं **'उद्वर्तन'** शास्त्रीय शब्द थे-(श्रीमद्‌भागवत 8।12।18-20)।

पक्षी-पालन-मथुरा से प्राप्त एक सुंदर वेदिकास्तंभ पर शुक के साथ एक रमणी अंकित की गई है।[2] प्रणयविभोर होकर नृत्य करने वाली इस नायिका के पास कदाचित् प्रिय का संदेश लेकर शुक आया है जो उसकी करधंनी की गाँठ को कटि पर बैठकर अपनी चोंच से छू रहा है। शुक की ओर स्नेहसिक्त नेत्रों से एकटक निहारने वाली युवती की यह मूर्ति माथुरी कला की अनूठी देन है।[3] स्त्रियों का शुक के साथ अनेक प्रकार से अंकन होता था। एक दूसरी माथुरी कलाकृति में पिंजड़े से निकला हुआ शुक अपनी स्वामिनी के कंधे पर बैठा है[4]। कहीं पर नायिका अपने हाथ से तोते को फल खिला रही है।[5] यह विषय मिट्टी के खिलौनों से भी अछूता नहीं रहा। कौशांबी से प्राप्त एक सुंदर मिट्टी के ठीकरे पर प्रणयासक्त दंपती के पलंग के दाहिनी ओर पंखा झलने वाला एक वामन खड़ा है तथा बाँयी ओर शुक स्थित है।[6] कदाचित् यह वात्स्यायन का **क्रीडाशुक** है। भवनविन्यास का वर्णन करते हुए कामसूत्रकार यह बतलाते हैं कि विलासमंदिर के बाहर की ओर पालतू पक्षियों का स्थान होना चाहिए।[7]

---

1. मथुरा संग्रहालय मूर्तिसंख्या जे 61
2. अग्रवाल, ए शार्ट गाइड टु द आर्क्योलाजिकल सेक्शन, लखनऊ म्यूजियम, फलक 10, चित्र 12
3. उपर्युक्त वही, पृ. 10
4. मथुरा संग्रहालय, वस्तुसंख्या एफ्. 21
5. उपर्युक्त, एफ्. 11
6. अग्रवाल, मथुरा टेराकोटाज, जर्नल. यू.पी.हि. सोसायटी 9, खंड 2 पृ. 30, आकृति 30
7. कामसूत्र, 1।4।13

शुक के अतिरिक्त मोर तथा हंस भी रमणियों के क्रीडाविषय थे। मथुरा की एक कलाकृति में **सद्यःस्नाता** रमणी के केशपाश से चूनेवाले जलबिंदुओं को अपनी चोंच में लेने वाला एक मोर बनाया गया है।[1] मथुरा के संग्रहालय में एक स्थान पर इसके साथ खेलती हुई एक नायिका भी दिखलायी पड़ती है।[2]

पक्षियों के पालन का उद्देश्य केवल मनोरंजन ही नहीं अपितु आत्मरक्षा भी था।[3] वात्स्यायन का कथन है कि भोजनानन्तर नागरक तोते को पढ़ाने, लावक पक्षियों के युद्ध को देखने तथा मुर्गों और मेढ़ों को लड़ाने आदि प्रकार की क्रीड़ाओं में कुछ समय व्यतीत करें।[4] विरहिणी नायिका के लिये शुक तथा सारिका संदेशवाहन की दृष्टि से विशेष उपयोगी थे।

वनविहार-उद्यानक्रीडाओं के समान लोग वनविहार का भी आनंद लेते थे। साँची में एक शिकारी अपनी पत्नी के साथ वन में क्रीडा करता हुआ दिखलाया गया है।[5] उसकी पत्नी के हाथ में धनुष है पर बाणों का निषंग शिकारी के पास है। बाँयें हाथ से वह पत्नी को पीछे से सम्भाले हुए है क्योंकि सामने ही दो जंगली हाथी आपस में युद्ध कर रहे हैं। संभवतः शिकारी की पत्नी पति के साथ मृगया कर रही थी। इसी बीच एकाएक दो जंगली हाथी आपस में लड़ते हुए आ निकले। फलतः पत्नी की सहायता करने के लिये शिकारी ने हाथ बढ़ाया है। दूसरे दृश्य में राजा अपनी रानी के साथ रथ को हाँकते हुए दिखलाये गये हैं।[6] एक हाथ में घोड़ों की रास सम्भाले हुए हैं ओर उनका दूसरा हाथ रानी के कंधे पर है। रानी के हाथ में घोड़े हाँकने की छड़ी अथवा चाबुक है। रथ के पास एक कुत्ते की उपस्थिति इस दृश्य के शिकार से संबन्धित होने का संकेत करती है।

जलक्रीड़ा-नहाना, तैरना, नौकाविहार आदि विविध प्रकार की जलक्रीडाएँ हैं। साँची के एक तोरणद्वार पर तैरने तथा नौकाविहार का एक सुंदर दृश्य था, पर वह अब नष्ट हो चुका है। केवल श्री मेसी की पुस्तक में दिया गया उसका प्राचीन चित्र ही उसके कभी विद्यमान होने का प्रमाण है।[7] उक्त दृश्य में नदी को पार करने और तैरने के लिये दो साधनों का उपयोग अंकित था, एक तो लकड़ी के तख्त, दूसरा हवा



चित्र संख्या-६

1. मथुरा संग्रहालय, मूर्तिसंख्या जे. 5
2. उपर्युक्त, मूर्तिसंख्या, 3402
3. अर्थशास्त्र, प्रथ. 20।10-14
4. कामसूत्र, 1।42
5. साँची, फलक 43, बीच की धरन
6. उपर्युक्त, फलक 79, 27वी.
7. मेसी, साँची ऐंड इटस् रिमेंस्, फलक 21, आकृति 2

से भरी हुई चमड़े की थैलियाँ जिन्हें **भस्रा** कहते थे। वे इतनी बड़ी होती थीं कि एक मनुष्य का बोझ सरलता से सम्भाल सकती थीं (चित्र 6।)[1]

पद्मवनक्रीडा-कमल की पुष्करिणी में क्रीडा करना भी अत्यन्त प्रिय था। राजा अपने अन्तःपुर की रमणियों के साथ हाथी पर बैठकर कमल से भरी हुई पुष्करिणी में आता था। वहाँ सभी स्नान कर तैरते तथा कमलों को तोड़ते थे। हाथी भी इसमें सहायता करते थे। कमलनालों को तोड़कर अपने स्वामी को भेंट करना उनका प्रिय था। (चित्र 6)

उपर्युक्त चित्र में पाया जाने वाला वर्णन जैन ग्रंथों में वर्णित गंधद्वीप सेचनक की अपने राजा के साथ की हुई जलक्रीड़ा से पर्याप्त मिलता है।[2]

घर में खेले जाने वाले खेल

द्यूतक्रीडा-भारत में द्यूतक्रीड़ा के उल्लेख वैदिक साहित्य से ही मिलने लगते हैं। कला के क्षेत्र में भी उसका अभाव नहीं है। भरहूत की कलाकृतियों में एक स्थान पर लित्तजातक की कथा बनी है जिसमें **द्यूतफलक** दिखलाया गया है।[3] इस फलक में 36 वर्ग बने हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि पत्थर पर उकेरकर ये चिरस्थायी द्यूतफलक बनाए जाते थे। उक्त दृश्य में दिखलाई पड़ने वाले 6 पासे हैं। इनका आकार वर्गाकार घनों का है जिनके चारो ओर खेल से संबंधित चिह्न बने रहते होंगे। पास में एक पेटी है जिसमें खेल के समाप्त होने पर पासों को रखा जाता होगा। यहीं पर एक मोहरा अलग पड़ा हुआ है।

इसी प्रकार के खेल का दूसरा चित्रण बुद्धगया में मिलता है।[4] मनुष्य और **अश्वमुखी** यक्षिणी के बीच पड़े हुए द्यूतफलक पर एक ओर से 8, इसप्रकार संभवतः 64 वर्ग बने हैं। इस आधार पर कहा जा सकता है कि जिस खेल को यहाँ खेला जा रहा है, वह कदाचित् विनयपिटक में उल्लिखित **'अट्ठपद'** खेल हो।[5]

स्कन्दपुराण (वैष्णव खण्ड, कार्तिक., 10.2; 10.19-21, मोर प्र., कलकत्ता, पृ. 454-55) के अनुसार द्यूत की खोज भगवान् शिव ने की थी। वे पार्वती के साथ खेले भी, पर उसमें सब कुछ हार गये। मध्यकालीन कला में इनकी द्यूतक्रीडा के अंकन मिलते हैं।[6]

---

1. साँची फलक 79/27 ए; 102
2. निरयावलिका सूत्र अहमदाबाद 1948, पृ. 171-72
3. भरहूत, आकृति 96, फासबेल की संख्या 91
4. बरुआ, बुद्धगया, आकृति 66 बी.
5. विनयपिटक, चुल्ल. 1।13।1-3
6. रानी दुर्गावती संग्रहालय, जबलपुर, मध्यप्रदेश, मूर्ति संख्या 312; एलोरा, महाराष्ट्र, गुफा संख्या 15, 21, 29

मनोरंजन के अन्य साधन

सँपेरा (अहिगुंडिक)–अमरावती के एक स्तंभ पर एक सँपेरा[1] जिसे **अहिगुंडिक** कहते थे, राजा के सामने अपनी कला का प्रदर्शन कर रहा है। उसके बाल घुँघराले हैं तथा चेहरा निग्रो जाति के लोगों से कुछ मिलता है। राजा की ओर उसने एक पिटारी बढ़ाई है जिसमें एक साँप फन निकाले खड़ा है। सँपेरे की बगल में एक बंदर भी शांतिपूर्वक बैठा है।

खिलौने (क्रीडनक)–देश भर के उत्खनन में मिट्टी के जो सहस्रों विविध प्रकार के खिलौने (क्रीडनक) मिले हैं, उनका प्रमुख उपयोग बालकों का मनोरंजन ही था। इन खिलौनों का कला में बहुत कम ही स्थानों पर अंकन मिलता है। नागार्जुनकोंड की एक कलाकृति में[2] एक बालक हाथ में खिलौने की रस्सी पकड़कर घसीटता हुआ दिखलाया गया है। अमरावती की कला में भी पहियेदार खिलौने दिखलाई पड़ते है।[3]

इसप्रकार विविध क्रीडायें तथा उनके प्रभूत साधन-बड़ों के लिये यष्टिका, कन्दुक, अक्ष आदि और बालकों के लिये क्रीडनक का वर्णन संस्कृत वाङ्मय में पर्याप्त उपलब्ध है। बाल्यावस्था में क्रीडा की विशेष अभिरुचि तथा उसके विविध स्वरूप बालू के घरौंदे, गुड़िया (**पुत्तलिका**) तथा गेंद (**कन्दुक**) आदि के सुन्दर प्रमाण के लिये महाकवि कालिदास द्वारा **क्रीडारसं निर्विशतीव बाल्ये**[3] आदि उदाहरण पर्याप्त हैं। पुराण-साहित्य में भी क्रीडासाधनों का व्यापक वर्णन उपलब्ध है।

---

1. शिवराममूर्ति, अमरावती स्कल्पचर्स इन दी मद्रास म्यूजियम, फलक 36 आकृति 1
2. लांगहर्स्ट, दी बुद्धिस्ट ऐटिक्विटिज आव् नागार्जुनीकोंड, ए.सा. आई. मेमायर नंबर 54, फलक 9. सी
3. अमरावती स्कल्पचर्स, पृ. 143
4. कुमारसम्भवमहाकाव्य, (1/29)

व्यायामकला

प्राचीन तथा मध्ययुगीन भारतीय व्यायामशास्त्र और उससे संबंधित संस्कृत साहित्य का विचार उत्सव, क्रीड़ा और मनोरंजन के संदर्भ में करना आवश्यक है।

मनुष्य **उत्सवप्रिय** होते हैं-उत्सवप्रियाः खलु मनुष्याः (अभिज्ञानशाकुन्तल अंक 6 मिश्रविष्कंभक)। जीवन के सभी महत्त्वपूर्ण प्रसंगों में यथा-जन्म, विवाह, मृत्यु इत्यादि में कुछ कर्मकांड होता है। उसी कर्मकांड का एक रूप उत्सव भी है। सृष्टि के विविध स्वरूपों का भी उत्सवों से घनिष्ठ संबंध है। निसर्गचक्र में जो उसमें विशेष परिवर्तन होते हैं उस समय उत्सवों का आयोजन स्वाभाविक है। उदाहरणार्थ पूर्णिमा तथा अमावस्या इन पर्व दिनों के समय तथा वसंत आदि ऋतुओं का आगमन, खेती का प्रारंभ, फसल की कटाई, सूर्य का संक्रमण इत्यादि कालविशेष पवित्र माने जाते हैं और उसी समय उत्सवों का आयोजन भी होता है। उत्सव शब्द की व्युत्पत्ति उत् सु इस धातु से सिद्ध होती है, इसका अर्थ प्रेरणा देना, गतिमान् बनाना इत्यादि है। इससे उत्सवों की मूलपृष्ठभूमि स्पष्ट होती है। प्राचीन भारतीय विश्वास है कि उत्सवों के अनुष्ठान से वैश्विक चक्र को प्रेरणा मिलेगी तथा उसका सातत्य अबाधित करेगा (J. GONDA : Skt "utsava" festival, in Selected guide II, Leiden, 1995, P. 276)। इसी कल्पना का दूसरा अंग यह भी है कि उत्सवों का आयोजन मानवों का कर्तव्य ही है। और यदि उत्सव नहीं किये जायेंगे तो सृष्टिचक्र के भ्रमण में बाधा आ जायेगी। इसलिए उत्सव और तदनुसार आयोजन कर्तव्य ही माना जाता था। उत्सवों और क्रीड़ाओं से मनोरंजन भले ही हो, केवल मनोरंजन उसका उद्देश्य नहीं था किंतु वैश्विक अनुशासन ही उनका उद्देश्य था। वैदिक साहित्य से लेकर अभिजात साहित्य तक विविध ग्रंथों में क्रीडा तथा मनोरंजन के विविध प्रकार और व्यायाम के बारे में उल्लेख मिलते हैं। पुराणग्रंथों में भी क्रीडा तथा व्यायाम के उल्लेख हैं। तथापि संस्कृत के ज्ञानकोशात्मक ग्रंथों में तथा **मल्लपुराण** में इनका विशेष परिचय है। इसलिए अन्य साहित्य के कुछ संदर्भ तथा मल्लपुराण का विशेष परिचय प्रस्तुत है।

ऋग्वेद में **''समन''** शब्द उन सामाजिक उत्सवों की ओर संकेत करता है जहाँ विविध प्रकार के लोग सम्मिलित होते थे। तरुण, वृद्ध, स्त्री और पुरुष सभी समनों में मिलते थे (समन के विषय में देखें-A.A. Macdonell, A.B. Keith, Vedic index, London 1992 p.4-5)। वैदिक यज्ञों में भी उत्सव और क्रीड़ा के कुछ वैशिष्ट्य हैं। महाव्रत के कर्मकांड में दुंदुभिवादन और कुमारियों का नृत्य होता था (जैमिनीयब्राह्मण 2.404)। वाजपेय याग में रथों की स्पर्धा होती थी (जैमिनीय ब्राह्मण 2.193)। रथों की स्पर्धा के समय दुंदभिवादन होता था (शतपथब्राह्मण 5.1.5.6; तैत्तिरीय ब्राह्मण 1.3.6.2)। अश्वमेध में शाब्दिक स्पर्धा (ब्रह्मोद्य) का प्रयोग (शतपथ. 13.2.6.9 आदि), वीणावादन

(शतपथ. 13.1.2.9) होते थे। वैदिक साहित्य से लेकर विविध ग्रंथों में द्यूतक्रीड़ा के उल्लेख हैं। ऋग्वेद (1034) तथा महाभारत के सभापर्व में भी द्यूत का संदर्भ है।

कालिदास के साहित्य में मृगया की प्रशंसा की गयी है। अभिज्ञानशाकुन्तल में वर्णित है कि इससे शरीर के लिए अच्छा व्यायाम होता है। मेद कम हो जाता है। प्राणियों का निरीक्षण किया जाता है तथा धनुर्विद्या का अभ्यास भी होता है (2.5)। रघुवंश में भी मृगया को व्यायाम का प्रकार माना गया है और उसकी प्रशंसा में कहा गया है कि मृगया से शरीर कृश होता है और मनुष्य श्रम पर विजय पाता है।

सोमेश्वर ने **मानसोल्लास** की रचना 1129 में की। यह ग्रंथ ज्ञानकोशात्मक है। इसमें विविध प्रकार के मनोविनोदन बताये गये है जिनमें विविध प्रकार की कलायें और क्रीड़ायें समाविष्ट हैं, वनक्रीड़ा (5.2), आंदोलनक्रीड़ा (5.3), **सेचनक्रीड़ा** (सुगंधित जल का सेचन करना 5.4), सलिलक्रीड़ा (तैरना) (5.5), शाद्वलक्रीड़ा (5.6), बालुकाक्रीड़ा LX171 ज्योत्स्नाक्रीड़ा (5.8), सस्यक्रीडा (5.9), मधुपानक्रीडा (5.17), तिमिरक्रीडा (5.10), (यह आँख मिचोली का ही एक रूप है जो अंधकार में होती थी), रतिक्रीड़ा जैसी क्रीड़ाओं का वर्णन किया गया है। उसी ग्रंथ में प्रहेलिकाक्रीडा (5.11), **चतुरंग** (शतरंज) क्रीड़ा (5.12), **वराटक** (कौड़ी) **क्रीडा** (5.14), फणींद्रक्रीड़ा, जैसी बौद्धिक क्रीड़ाओं का भी उल्लेख है।

साम्राज्यलक्ष्मीपीठिका (ई. 15 शतक) और शिवतत्त्वरत्नाकर (ई. 1709) जैसे ग्रंथ भी विविध मनोविनोदन के प्रकारों का वर्णन करते हैं। ज्ञानकोशात्मक ग्रंथ केवल विविध ग्रंथों से ज्ञान सम्मिलित करते हैं। ये ग्रंथ विविध प्रकार के ज्ञान से समृद्ध हैं। इन तीनों ज्ञान कोशों में मल्लविद्या तथा व्यायामशास्त्र के सम्बन्ध में भी कुछ उल्लेख है।

व्यायामशास्त्र के विषय में सबसे महत्त्वपूर्ण ग्रंथ **मल्लपुराण** है। भोगीलाल जयचंद सांडेसरा और रमणलाल नागराज मेहता इन दो संपादकों ने संपादित करके ओरियंटल सीरीज में प्रकाशित किया है। संपादकों ने अपनी प्रस्तावना में इस ग्रंथ का समय ईसवी सन् के पंचदश शतक से ई. 1674 तक निश्चित करने का प्रयास किया है। इस ग्रंथ में नारद, ब्रह्मा, कृष्ण, बलराम जैसे पौराणिक व्यक्तिनामों का उल्लेख है। ग्रंथकार के बारे में कुछ भी उल्लेख नहीं है। परंतु सोमेश्वर नाम के ब्राह्मण का उल्लेख ग्रंथ में हुआ है। उसके आधार पर **सोमेश्वर** को ही संपादकों ने लेखक के रूप में स्वीकार किया है। प्राप्त परिस्थिति में सोमेश्वर को ही लेखक मानने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। इसी ग्रंथ के आधार पर व्यायामशास्त्र का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया गया है।

पौराणिक पद्धति के अनुसार व्यायामशास्त्र का मूल दैवी है। गर्गगोत्रज सोमेश्वर ने **व्यायामशास्त्र** की प्राप्ति भगवान् श्री कृष्ण से की (म.पु.2.9 आदि श्री कृष्ण और बलराम कंस और उसके अनुयायी चाणूर का वध करने के पश्चात् मयूखनगर में पहुंचे थे (म.पु. 7.68)। इसमें मल्लविद्या की गरिमा बताते हुए कहा गया है कि कलियुग में

म्लेच्छप्राय राजा होंगे, वे गो-ब्राह्मणों को पीड़ा देंगे। इसलिए मल्लविद्या की आवश्यकता होगी (2.11)। मल्लविद्या शत्रुओं का गर्व नष्ट कर देने वाली (2.13), सदैव अपने शरीर में रहने वाली, चोरों द्वारा चुराने के लिए असंभव (2.14) है। उससे सर्व इच्छाओं की प्राप्ति होती है और धर्म, काम और मोक्ष पुरुषार्थों की प्राप्ति भी उससे ही होती है (2.15)। कुल, शील, जय-विजय, जितश्रमत्व, कर्मजय, भक्तिपरत्व इत्यादि गुणों से मल्ल संपन्न होते हैं (3.11 आदि)। उत्तम मल्ल सुशरीर और मांसल होते हैं (4.2)। अधममल्ल कृशांग और मंदाग्नि होते हैं (4.14-16)। मल्लों का अस्थिसार, मांससार, मेदसार, अस्थिमांससार और मेदाग्निसार इन पाँच प्रकारो में वर्गीकरण किया गया है (4.17 इत्यादि)।

शिवत्तत्वरत्नाकर के अनुसार मल्लों के शरीर के आकार और सामर्थ्य के अनुसार उत्तम, मध्यम और कनिष्ठ-तीन प्रकार होते हैं (8.3.3)। दूसरे विभाजन के अनुसार बीस वर्षों की आयु तक मल्लों को **भविष्णु** कहा जाता है। बीस से तीस साल तक के मल्ल **प्ररूढ़** प्रकार के होते हैं। इस आयु के बाद के मल्ल **हीयमान** कहे जाते हैं और उनको **नियुद्ध** (कुस्ती) में नहीं लाया जाता। मल्लों के महाकाय, भारी, बलाढ्य, **स्वस्थाननिरत**, बहुयोधी, लघु, **दलनसह**, रक्षणक, **टंकण**, लगन, नियत इत्यादि अन्य प्रकार भी किये जाते हैं (शिव. 8.3.70-77)।

मल्लपुराण के छठे अध्याय में रंगभूमि अर्थात् अखाड़े **(आषाढक)** का वर्णन किया गया है (14 आदि)। अभ्यास के लिये हितकर भूमि को **रंगभूमि** या आषाढक कहते हैं (4.15)। इसके निम्न, उन्नत और सम तीन प्रकार होते हैं। इनमें से 'सम' प्रकार ही स्वीकरणीय है (4.17)। रंगभूमि के मान (आकार) की दृष्टि से भी तीन भेद हैं। देवमान-101 हस्त परिमाण; दैत्यमान-50 हस्त परिमाण; मर्त्यमान-21 हस्त परिमाण (4.18-19)। रंगभूमि चतुष्कोणाकार, त्रिकोणाकार तथा वर्तुलाकार होती है (4.20)। रंगभूमि के शुक्लवर्णा, पीतवर्णा, श्यामवर्णा तथा बहुवर्णा-ये वर्णानुसारी भेद हैं (4.20.21)। इस रंगभूमि में किसी प्रकार के कंकर, लौह, काष्ठ या कण्टक नहीं होने चाहिये (4.22)।

मल्लों के लिए विविध प्रकार के आचार-नियम मल्लपुराण में दिये गये हैं। प्रातः उठकर मल्लों को मलमूत्रविशुद्धि और दंतधावन करना चाहिये। संध्यादिक करने के बाद रंग की ओर जाना चाहिये (4.23-24)। प्रथमतः प्राणायाम और भूमिवंदन करने के बाद श्रम (व्यायाम) करना चाहिये (4.25)। व्यायाम करते समय उस परिसर में बाल, वृद्ध, अंध, बधिर, छिन्नांग, क्रोधी, रोगी, पिशुन, असत्यवादी, नास्तिक, धूर्त, पीड़ित, द्यूतकार, चोर, चांडाल, मायिक और स्त्रीजन इसप्रकार के व्यक्ति नहीं आने चाहिये (4.26-27)। जोर से हँसना, खाँसी, ष्ठीवन, करना, वादविवाद करना, रोना, दूर से पुकारना, सोना, बैठना इत्यादि मल्लों को नहीं करने चाहिये (4.28-31)। अखाड़े को पाँच प्रदक्षिणा करके

और नमस्कार करके मल्ल अपने केश बाँधें। फिर आचमन करके अखाड़े में प्रवेश करें और मंत्रपूर्वक सुदर्शन की स्थापना करें तथा भगवान् कृष्ण की दुरित-निवारण करने के लिए प्रार्थना करें (4.32-36)।

व्यायाम करने के समय किसी तरह के अशुद्ध शब्द नहीं बोलने चाहिये (7.1-5)। जो मनुष्य **खाँसी** अथवा **श्वासरोग** से पीड़ित अधातुर या भोजन किया हुआ, क्षीण, चिंतातुर, अजीर्ण-पीड़ित, दुर्बल अथवा शिरोरोगग्रस्त हों, मल्लकर्म उनके लिए वर्जित है (8.25-27)।

व्यायाम के अल्प, अर्ध, पूर्ण और अति-ये चार प्रकार होते हैं (8.23-24)। बाल, वृद्ध, ज्वरपीड़ित, नेत्ररोगी, व्रणी, दुर्बल, मन्दाग्नि, वातपीड़ित और रक्तहीन अल्प व्यायाम करें (8.26-28)। इससे बलवृद्धि होगी, वार्धक्य दूर रहेगा और उत्साह-वृद्धि होगी (8.32-33)। **अर्धव्यायाम** से बल, पुष्टि, उत्साह, सुख, मेदोनाश आदि लाभ होते हैं (8.36-37)। **पूर्णश्रम** से मनुष्य आरोग्यवान्, बलवान्, शूर बनता है। उसके हृद्रोग, पित्त, कृमि, कुष्ठ, जरा, कफ, मेद-इनका नाश होता है (8.42-48)।

शीतजल से स्नान अच्छा होता है। स्नान के वाद शक्कर डालकर दूध पीना आवश्यक है। द्राक्षाभक्षण, श्वेतवस्त्र-धारण, चन्दन और कर्पूर का विलेपन और कटु, तिक्त और अम्ल का त्याग आवश्यक है। भोजन में गेहूँ और गुड़ का उपयोग फलप्रद है। इससे पुष्टि प्राप्त होती है और व्यायामजन्य श्रम नष्ट होते हैं (8.53-54)। **अतिव्यायाम** निषिद्ध है (9.19)। मार्गशीर्ष से चैत्र तक पूर्णश्रम, वैशाख से आषाढ तक अर्धश्रम और श्रावण, भाद्रपद में **अल्पश्रम** करना चाहिये (9.20-24)। अष्टमी, चतुर्दशी, दर्श, क्षयदिवस, सूतक, पितृपक्ष, चन्द्र-सूर्यग्रहण इत्यादि दिनों पर व्यायाम के लिये छुट्टी (**अनध्याय**) करना आवश्यक है (9.29-30)।

मल्लों के लिये उद्वर्तन उबटन) भी उपयुक्त है। उद्धवर्तन से वात, कफ, मेद, तन्द्रा, अरुचि और स्वेद दूर होते हैं तथा स्थैर्य, गन्ध, वर्ण, गौरत्व आदि की वृद्धि होती है (9.31-32)।

स्नान से बल और आरोग्य की वृद्धि होती है (9.31-32)। पित्त, कण्डू, मल, श्रम, निद्रा, स्वेद, तृष्णा इनका नाश होता है (9.35)। स्नान से केश स्थिर होते है, खल्वाटावस्था प्राप्त नहीं होती, कान्ति और निर्मलता प्राप्त होती है (9.35-36)। श्रान्त, घर्मपीड़ित, पित्तसंयुत एवं मदसंयुत मल्ल शीतजल से स्नान करें और कफ या वात से पीड़ित, मन्दाग्नि, त्वचारोगग्रस्त **उष्णोदक** से स्नान करें (9.36-39)।

स्नान और सन्ध्या करने के बाद घर में रहकर यथाकाल भोजन करना उपयुक्त है (9.40-41)। हरीतकी, सैन्धव, हिंग और पिप्पली के चूर्ण से गोलियाँ बना कर भक्षण करने से पुष्टि और आरोग्य प्राप्त होता है (9.43-49)। भोजन में मत्स्य, माँस, दधि, घृत,

शाक, मूल, फल, पानक इनका उपयोग अधिक हो (9.50)। शिवतत्त्वरत्नाकर (8.3.9-10) में भी कहा गया है कि माष, माँस, दधि, दूध, घी, शक्कर मिलाकर कूष्माण्ड का चूर्ण मल्ल भक्षण करें। ज्वर, पित्त, शीत, तृष्णा, श्लेष्म, मूर्च्छा, क्लेश इत्यादि का हरण शक्कर करती है (म.पु. 9.53-54)। मधु बलवर्द्धक तथा व्रणशोधक है (9.55)। गाय, बकरी, भैंस इत्यादि प्राणियों का दूध या घी भी उपयोगी है (9.57-75)। अतिभोजन रोगकारक होता है। अल्पप्रमाण में किया हुआ भोजन बलकारक होता है (9.91)।

मल्लपुराण के दशम अध्याय में व्यायाम के विविध प्रकार बतलाये गये हैं। जैसे-रंगश्रम, स्तम्भश्रम, भ्रमणिका-श्रम, **गोणिकतश्रम**, आमर्दकी-श्रम, कुण्डकर्षणश्रम सबसे श्रेष्ठ हैं (10.1-7)। श्रम से कठिनाङ्गत्व विजय तथा क्षुधावृद्धि आदि लाभ होते हैं। शिवतत्त्वरत्नाकर में श्रम के **चार** प्रकार बताये गये हैं-भारश्रम, जलश्रम और स्तम्भश्रम आदि। भारश्रम में बालुकागोणियाँ हाथों से या पैरों से फेकना समाविष्ट है। तदनन्तर तालाब में तैरना जलश्रम होता है। उनके बाद चंदनादिचर्चित दृढ-स्तंभ पर व्यायाम करना (स्तम्भश्रम) आवश्यक है (8.3.60-66)।

मल्लपुराण में **मर्दना** की बहुत प्रशंसा की गयी है। मर्दना से श्वास, श्रम और मेद दूर होते हैं तथा शरीर की वृद्धि होती है और शरीर सुंदर बनता है (11.44)। मर्दना से निद्रा, तेज, शौर्य, दीपन, अंगशुद्धि और मन की स्थिरता आदि लाभ होते हैं। उत्साह, सुख, मेधा, मार्दव इत्यादि की प्राप्ति होती है (11.47-54)। मर्दना से वातनाश भी होता है।

मल्लों के शरीर में वात, पित्त, और कफ-इन तीनों के दूषण से रोग उत्पन्न होते हैं। इन दोषों का परिहार करने के उपाय मल्लपुराण के 12वें अध्याय में बताये गये हैं। अम्ल, तिक्त, कषाय, तथा कटु इन रसों का सेवन, वेगसंधारण, जागरण, मेघों के आगमन, जीर्णवस्त्रधारण इत्यादि कारणों से वातप्रकोप होता है (12.4-6)। इससे विविध अवयवों में संकोच होता है। भ्रम, कम्प, स्वेद उत्पन्न होते हैं, चापल्य नष्ट होता है, त्वचा रुक्ष बनती है (12.9-12)। वातनाश के लिये स्नेहन, प्रथमतः उपवास और उसके पश्चात् मांसभोजन और उसके बाद त्रिफलाचूर्ण से रेचन उपयुक्त है (12.14-16)। पित्तप्रशमन के लिये इलायची और शक्कर डालकर सात दिन दुग्धपान करना उपयोगी है (12.18)। अतिजलपान, मधुरभक्षण, अतिशीत पदार्थ, दधि, दुग्ध, नवान्न, नवोदक, लवण, दिवास्वाप आदि कारणों से कफ द्वारा शरीर में जाड्य, अग्निमान्द्य आदि होते हैं। (12.23-24)। कफनाश के लिये त्रिकटु, दाडिम, सैन्धव और हिंगु इत्यादि का उपयोग होता है (12.29-32)। इससे वात, पित्त और कफ इन तीनों के रोगों से मल्लों की मुक्ति होती है।

मल्लयुद्ध के विषय में मल्लपुराण के 13 से 16 तक के अध्यायों में जानकारी दी गयी है। राजा और संग्रामरसिक सदैव मल्लयुद्ध का निरीक्षण करें (13.1-2)।

मल्लयुद्ध दुःखनाशक मनोविनोदन है (13.3)। मल्लयुद्ध के पहले मल्लों के हाथ जुड़ाने चाहिये। मल्ल को अपने तुल्य मल्ल से ही नियुद्ध होना चाहिये। नियुद्ध में विजय के लिये मल्ल के मन, वाक्य, दृष्टि, काम, कर्म, आहार, श्रम, श्वास, शयन इत्यादि में संयम होना आवश्यक है (13.25-30)। जब इनका संयम होता है तभी मल्ल विजय प्राप्त कर सकता है। अन्न से काम और काम से वेगनिर्माण होते हैं। इसलिये क्षुधा, पिपासा, वेग और निद्रा इन चारों का सेवन मध्यम प्रमाण में करना चाहिये (13.36-38)। अधिक मात्रा में पानी पीने से जठराग्नि का नाश होता है इसलिये थोड़ा-थोड़ा पानी बार-बार पीना अच्छा है (13.35)। निद्रा न लेने पर अंगजाड्य और मोह होता है। अतिनिद्रा से मेदोवृद्धि होती है। इसलिये निद्रा का सेवन अल्प मात्रा में करना अच्छा है (13.36-38)। मल, मूत्र, वायु, और शुक्र इनके भी वेग का प्रतिबंध नहीं करना चाहिये। अन्यथा भगन्दर, अश्मरी, गुल्म जैसे व्याधि होते हैं। देश, काल और अपना सामर्थ्य देखकर विषयों का सेवन करना उचित है (13.47)। द्विजपत्नी, परपत्नी, गुरुपत्नी, राजपत्नी, कुमारी, गोत्रिणी, व्रतस्थित स्त्री, इन से मल्ल संबंध न रखें (14.7-8)।

मल्लयुद्ध के पूर्वदिन राजा मल्लों को कर्पूरादि सुगंधित द्रव्य, पुष्पधूपादि मंगलद्रव्य तथा नीराजन, नैवेद्य, अर्घ्य-इनका दान करें (14.31)। प्रातःकाल चंदन, कर्पूर, कस्तूरी, कुंकुम, मंगलवाद्य और मृत्तिका लाने के लिये राजा सबको आज्ञा दे (14.33-34)। मल्लयुद्ध की **वर्तुलाकार** रंगभूमि सिद्ध कर ले। रंगभूमि पर रक्षा, कण्टक या कंकर न हों (14.36-38)। रंगभूमि पर होने वाले रंध्र या छिद्र दूर करके फूल तथा अक्षतादि से रंगभूमि का पूजन करे (14.39)। राजा भोजन करने के बाद पण्डित, महारानी, अमात्य, विलासिनी इत्यादि के साथ रंगभूमि तक जाकर मल्लयुद्ध देखे (14.43-47)। विजयी मल्ल को गजारूढ करके पुष्प, वस्त्र, कुंकुम, रक्तचंदन, इनसे अलंकृत कर गाँव के हर घर से उसको घुमाना चाहिये और जयजयकार करनी चाहिये (14.53-54)। नगरप्रदक्षिणा करने के बाद मल्ल पुनः **रंगभूमि** पर आकर नारायण, राजा, महारानी और गुरु का वंदन करे। शिवतत्त्वरत्नाकर के अनुसार राजा मल्लों को वस्त्र, ग्राम, घोड़े आदि पारितोषिक प्रदान करे (8.3.85)।

मल्लयुद्ध (कुश्ती) के विविध प्रकार होते हैं। उदाहरणार्थ धरणीपात, भासुर और मार (म.पु.5.1-2) आदि। **धरणीपात** युद्ध में दूसरें मल्ल को भूमिपर गिराया जाता है। भासुर युद्ध में केशाकर्षण, कर्णस्फोटन, नासिकास्फोटन, चर्वण, दन्तपातन, दूसरे मल्ल के मुख में धूलि भरना, नखों से फाड़ना, ग्रीवाग्रहण, अंगुलिभंग इत्यादि प्रकार होते हैं (15.3-5)। **मारयुद्ध** में किसी भी प्रकार से दूसरे मल्ल को मार दिया जाता है। (15.13)। अन्य देशों के फ्री स्टाइल नियुद्धों के मूलतत्त्व इन भारतीय उल्लेखों में विद्यमान हैं। **धर्मयुद्ध** में आँखें फोड़ना, मुख में या आखों में पांसुक्षेपण, मस्तक पर प्रहार, मर्मभंग नहीं होता है

(15.15-18)। विरोधी मल्ल के भूमि पर गिरने के बाद उसका मत्सर नहीं करना चाहिये (15.19)। यदि कोई मल्ल हिंसित होता है तो राजा दोषी माना जायेगा (15.20-123)। अतः राजा निष्पक्ष होकर युद्ध का निर्णय करे।

मल्लपुराण में श्रीकृष्ण मल्लविद्या का निरूपण करते हुए अन्त में **निम्बजा देवी** की उपासना करने का विधान करते हैं। निम्बजा देवी की नीम वृक्ष के समीप स्थापना करनी चाहिये। वह तेजस्विनी चार हाथों वाली होती है। उसका वाहन सिंह होता है। इसका स्थान बनाने का उपदेश मल्लपुराण में (18.34-36) भगवान् श्रीकृष्ण करते हैं। यह स्थान प्रेक्षणीय और मनोहर हो। निम्बजा देवता की पूजा और स्मरण मल्ल प्रतिदिन करें। उससे मल्ल विजयी होंगे (18.37-39)। होम, बलि, धूप, पुष्प, नमस्कार इत्यादि से उपासना करने से निम्बजा जयप्रद और बलप्रद होगी तथा विघ्नों से संरक्षण करेगी (18.40-42)।

अखाड़े में मल्लशास्त्र का (मल्लपुराण का) पठन या श्रवण करने से विजय, धन, आयु, यश की वृद्धि होती है (18.71-73)। मल्लपुराण का लेखन करके उसकी एक पाण्डुलिपि गुरु को प्रदान करने वाले के वंश में मल्ल उत्पन्न होंगे (9.73-74)।

मल्लशास्त्र श्रवण करने के बाद जो वक्ता की पूजा न करे उसका वंशनाश हो जाता है, लक्ष्मी, यश, सुख की भी प्राप्ति नहीं होती है (18.74.75)। मल्लपुराण के श्रवण से भी मल्लों की पापमुक्ति होती है (18.77-78)। मल्लपुराणश्रवण करने से अठ्ठारह पुराणों के श्रवण का पुण्य मिलता है (18.84)। मल्लपुराण माता के समान रक्षण करता है, पिता के समान हितकारक होता है। इसलिये मल्लों को मल्लपुराण का त्याग नहीं करना चाहिये (18.86)। मल्लपुराण में यातु (Magic) और धर्म (Religion) का अत्यधिक प्रभाव है। विविध प्रकार के शकुन, आचारविषयक नियम, देवताओं की उपासना इत्यादि में व्यायामशास्त्र परिपूर्ण है। इसलिये धर्म और व्यायामशास्त्र इन दोनों विषयों को पृथक् नहीं कर सकते। अतः यह कहना उचित है कि व्यायामशास्त्र भी धर्मशास्त्र का ही एक दूरस्थ विभाग है।

मल्लविद्या के संदर्भ में प्रादेशिक भाषाओं के अनेक शब्दों का संस्कृत भाषा में साम्य लगता है। जैसे-आषाढक, पुहड, कच्छ, कर्तरी, छाड़की, लाग इत्यादि। संस्कृतभाषा-शैली के दृष्टिकोण से देखा जाय तो भी मल्ल शाखा के लेखन में दुर्बोधता और अस्पष्टता है। हस्तलिखित प्रतियों में लेखकों के प्रमादों से भी लेखन दूषित हुआ है। तथापि व्यायामशास्त्र जैसे विषय में साहित्य की दुष्प्राप्यता को देखते हुए जो साहित्य मिलता है उसका महत्त्व स्वीकार करना अपरिहार्य है।

कृषिशास्त्र

संस्कृत वाङ्मय के अपरिमित कोश का मूल वेद है, जिसकी शाखा प्रशाखाओं का विस्तार अनवच्छिन्न नैरन्तर्य में आज तक हो रहा है। ज्ञान मानव का स्वाभाविक धर्म है। उस ज्ञान का उपयोग जीवन के उद्विकास के लिए करते रहना सृष्टि का उद्देश्य है। परमात्मा ने भी मेधा तथा तप से इस सृष्टि के विलक्षण विस्तार की रचना की।

इस प्रकार मेधा तथा तप, ज्ञान तथा कर्म ही जीवन की गतिशीलता का आधार है। भारतीय जीवन-दर्शन ज्ञान तथा कर्म के समुच्चय के रूप में पुरुषार्थ की अवधारणा को मानव-जीवन का प्राणतत्त्व स्वीकार करता है। व्यवहार की दृष्टि से ज्ञान साध्य है तथा कर्म साधन। ज्ञान ही परम-पुरुषार्थ मोक्ष है, जिसके साधनभूत धर्म, अर्थ तथा काम पुरुषार्थों का क्षेत्र कर्म है। पुरुषार्थों की सिद्धि के लिए भारतीय समाज को मनीषियों ने वर्ण तथा आश्रम व्यवस्था में नियमित किया था। जीवन के पुरुषार्थपरक विकास के लिए विद्याओं तथा कलाओं की संरचना की गयी।

संस्कृतवाङ्मय भारतीय जीवन के विकास-क्रम का साक्षी है। इस दृष्टि से उल्लेखनीय है कि समस्त विद्यास्थान को आन्वीक्षिकी, त्रयी, वार्ता तथा दण्डनीति भेद से चार वर्गों में स्वीकार किया गया।[1] मूल रूप से परा तथा अपरा विद्याएँ स्वीकार की गयीं। अपरा विद्या का साक्षात् सम्बन्ध मानव के ऐहिक जीवन से है। शास्त्र की दृष्टि से चतुर्दश विद्याएँ स्वीकार की गयीं। विद्याओं की अङ्गभूत कलाओं की संख्या द्वाषष्टि, चतुःषष्टि अथवा द्वासप्तति मानी गयी है। इस प्रकार शाखाप्रशाखाओं के क्रम से अनन्त विद्याएँ, कलायें, शास्त्र तथा तन्त्र नवीन-नवीन रूपों में प्रकाशित होते रहे हैं। कलायें भी हैतुक तथा अहैतुक भेद से दो वर्गों में विभक्त हैं। **अहैतुक** कलाओं का उद्देश्य आनन्दप्राप्ति तथा हैतुक कलाओं का उद्देश्य जैविक आवश्यकताओं की पूर्ति है। इन्हें व्यावसायिक कलायें भी कहा जा सकता है। दूसरे शब्दों में हैतुक कलायें समष्टिकेन्द्रित होती हैं, अहैतुक कलाएँ व्यक्तिकेन्द्रित हैं।

कृषि की गणना जीवनोपयोगी कला के रूप में की गयी, जिसका उद्देश्य अन्नोत्पादन है। अन्न प्राणियों का जीवनाधार है तथा अन्न का मूल कृषि है। यदि अन्न तथा कृषि के तात्त्विक अभिप्राय की व्याख्या की जाये तो कृषि सृष्टि का मूलाधार तथा अन्न सृष्टि के विकास का हेतु है।

कृषि शब्द का अभिप्राय

कृषि कृष विलेखने धातु से इन् प्रत्यय के योग से व्युत्पन्न शब्द है, जिसका अर्थ विलेखन, उत्कीर्णन, कर्षण अथवा आकर्षण है। निरुक्तकार कृ हिंसायां, कृ विक्षेपे तथा कृ

---

1. अर्थशास्त्र-विद्यासमुद्देश 1/2/1

करणे धातु से भी कृषि शब्द का निर्वचन करते हैं[1]; जिसका अर्थ कृषिकर्म की दृष्टि से द्रष्टव्य है। उक्त चारों व्युत्पत्ति-निर्वचन-परक अर्थों के आधार पर कृषि की लक्षणगत विशेषतायें निम्नलिखित रीति से प्रतिपादित की जा सकती हैं-

1. कृषि विलेखनात्मक क्रिया है, जिससे कृष्य भूमि के सारभूत तत्त्व अथवा आङ्गिरस का आकर्षण होता है।
2. इस विलेखन क्रिया में अनभीष्ट रूप से जीव, बीज आदि की हिंसा सम्भाव्य होती है।
3. कृषि कर्म विक्षेपात्मक होता है। यह विक्षेप बीजवपन की विधि का भी सूचक है तथा वह बीज अनन्त सजातीय परिणाम को प्राप्त करता है।
4. कृषिकर्म सायास क्रिया है, जो करणसापेक्ष है।

यहाँ यह उल्लेख आवश्यक है कि किसी भी जीवसृष्टि के मूल में उक्त तात्पर्य अवश्य निहित होते हैं, चाहे वह प्राजापत्य सृष्टि हो अथवा अन्य कोई। यहाँ तक कि यह अनन्त ब्रह्माण्ड भी चित्यात्मक विलेखन का ही परिणाम है जो सृष्टि के आदि में **हिरण्यगर्भ** से उत्पन्न हुआ।

लोक में **'कृषि'** कर्षणादि कर्म द्वारा **भूसार** को बाहर अभिव्यक्त कर धान्यादि अन्न को चितिपूर्वक प्राप्त करने की प्रक्रिया के रूप में ज्ञेय है।

अन्न प्राणियों के जन्म, स्थिति, लय का साक्षात् कारण है। अन्न से ही प्राणी उत्पन्न होते हैं, अन्न ग्रहण द्वारा वृद्धि को प्राप्त करते हैं तथा अन्त में अन्न द्वारा ही अशित होकर लय को प्राप्त हो जाते हैं।[2] तात्त्विक अर्थ में इस चयापचयात्मक जगत् में प्रत्येक पदार्थ किसी का अन्न है तथा किसी का अत्ता है। उपनिषद् इसे **'अन्नान्नाद'** भाव के रूप में स्वीकार करते हैं। भोज्यभोजकपरम्परा अनादिकाल से अनन्त काल तक व्याप्त है। इस प्रकार जीवभाव तथा अन्न का अविनाभाव सम्बन्ध है। इसी कारण पुरुष को **अन्नरसमय** कहा गया है।[3] पंचकोशात्मक जीव का **अन्नमय कोश** ही अन्य कोशों का आश्रय है। अतएव अन्न के महत्त्व को विविध रूपों में स्वीकार किया गया है। 'अन्नं ब्रह्मेति व्यजानात्; अन्नं हि राष्ट्रम्, अन्नं प्राणमन्नमपानमित्याहुः, आपो वा अन्नम्, पृथिवी अन्नम्' इत्यादि वचनों द्वारा अन्न की व्यापकता का वर्णन किया गया है। आधुनिक वैज्ञानिक भी उक्त वैदिक अन्नान्नादभाव की अवधारणा को 'भोज्यभोजकशृंखला' के रूप में व्यक्त करते हैं। अन्नमय कोश के वृद्धिकर भावों के लिए अन्नाहार की नित्य आवश्यकता लोकसिद्ध है। अतः नियमित रूप से अन्नोत्पादन को कर्मविशेष के रूप में अंगीकार किया गया।

---

1. निरुक्त 2/3/7
2. अन्नाद् भूतानि जायन्ते, जातान्यन्नेन वर्धन्ते। अद्यतेऽत्ति च भूतानि तस्मादन्नं तदुच्यते। (तैत्तिरीयोपनिषद्-ब्रह्मानन्दवल्ली-द्वितीय अनुवाक)।
3. स वा पुरुषोऽन्नरसमयः। (तैत्तिरीयोपनिषद्-12/1)

अन्न का सृष्टिक्रम

जब सृष्टि का विकास हुआ, तो पांचभौतिक सृष्टि में आकाश से वायु, वायु से अग्नि-अग्नि से जल, जल से पृथिवी, पृथिवी से वनस्पति तथा वनस्पति से पुरुष (जीव) की उत्पत्ति हुई।[1] स्पष्ट है कि प्रकृति ने प्राणी की उत्पत्ति से पूर्व ही उसके लिए आहार की व्यवस्था की। समस्त विश्व की अन्नान्नादभावजन्य स्थिति की नैसर्गिक व्यवस्था के रूप में प्रजापति ने प्राण, वाक्, मन, दुग्ध, हुत, अहुत तथा धान्यादि सात अन्नों को मेधा तथा तप से उत्पन्न किया।[2]

विकास के प्रथम चरण में इस प्रकृतिप्रदत्त वनस्पति को आहार के रूप में ग्रहण कर प्राणी अपनी अशना-पिपासा को शान्त करते थे। स्वतः उत्पन्न इस वनस्पति को कल्पवृक्षों के रूप में जाना गया। कल्पवृक्षों से प्राप्त फल, पुष्प, कन्द आदि भोज्य पदार्थों द्वारा मानव की आवश्यकता तब तक पूर्ण होती रही जब तक पृथिवी की प्राकृतिक उर्वरा शक्ति उनके उत्पादन में स्वयं समर्थ रही।[3] शनैः-शनैः **कल्पवृक्षों** का अभाव हो गया। कालक्रम से ऋतुओं का आरम्भ हुआ। वर्षा की परिस्थितियाँ उत्पन्न हुईं तथा पृथिवी में सुप्त बीजों को पृथ्वी के गर्भ में स्थित ऊष्मा और पर्जन्यजन्य वर्षा के संयोग से नव 'जीवन' प्राप्त हुआ। मृत्तिका के आवरण को भेद कर वे सस्य के रूप में **'अविरल'** रूप में प्ररूढ हुए। मानव ने अपनी अशना, पिपासा की शान्ति के लिए उनका भोग करना आरम्भ किया। बार-बार काटने से वे तब तक बार-बार अंकुरित तथा वृद्ध होते रहे, जब तक पृथिवी की बाहरी सतह को पर्याप्त जल, प्रकाश तथा वायु प्राप्त होते रहे और मृत्तिका कठोर नहीं हुई। इस प्रकार 'अकृष्टपच्य' धान्यादि की उपलब्धि हुई।

काल क्रम से अकृष्टपच्य सस्य भी विरल हो गए। अत्यधिक उपभोग के कारण पृथिवी आहारजन्य आवश्यकता की पूर्ति करने में असमर्थ हुई। जनसङ्ख्या में वृद्धि होने लगी। अन्नान्नाद चक्र के आनुपातिक असन्तुलन के कारण जैविक आवश्यकताओं के लिए त्राहि-त्राहि मचने लगी। समाज में अव्यवस्था व्याप्त हो गई। तब सर्वप्रथम वैन्य **पृथु** ने प्राकृतिक परिस्थितियों तथा अन्नोत्पत्ति के रहस्य को समझा। उन्होंने ही अन्तर्दृष्टि द्वारा सर्वप्रथम उच्चावचों से युक्त कठोर भूमि को कर्षण द्वारा मृदु तथा उर्वरा बनाने की दिशा में प्रयास किया।[4] उसी समय समाज को व्यवस्थित करने के लिए संस्कृति का प्रथम उपक्रम किया गया। गुण तथा कर्म के आधार पर सामाजिक सङ्घटन वर्णों के रूप में किया गया।[5]

---

1. तैत्तिरीयोपानिषद्, भृगुवल्ली, प्रथमानुवाक
2. यत्सप्तान्नानि मेधया तपसाजनयत्पिता। (बृहदारण्यकोपनिषद् 5/1)
3. आदिपुराण 3/38, ब्रह्मपुराण 4/52
4. तत्रैव 3/179-182
5. तत्रैव 4/70

यज्ञ (कर्म) का आरम्भ हुआ। पृथु ने समाज को सङ्घटित कर क्षत्रिय धर्म का पालन किया तथा सर्वप्रथम राजसूय यज्ञ किया।[1] वस्तुतः राजसूय यज्ञ का उद्देश्य राज्यव्यवस्था तथा प्रजारंजन था। प्रजा को संगठित कर धनुष की प्रत्यंचा अथवा क्षात्र बल के द्वारा पृथिवी पर कर्षण कराया या 'पृषत्कों' (सिंचाई में दक्ष सेचकों) द्वारा सिंचाई करवाई। मृदु हुई भूमि पर सस्यान्न की प्राप्ति के लिए कृषि का आरम्भ किया। कृषि की आनुषंगिक व्यवस्था के लिए गोरक्ष्य तथा वाणिज्य का आरम्भ हुआ।

'पृथिवीदोहन' का यह प्रथम उपक्रम था, जिसमें पृथिवी के गर्भ में स्थित नाना रत्नों, धातुओं, खनिज पदार्थों के साथ ही सस्यवीजों की भी प्राप्ति हुई।[2] आख्यानों के अनुसार पृथिवी देवी ने स्वयं गोरूपा होकर अपने दोहन का उपाय पृथु को बतलाया था। इसका तात्पर्य है कि पृथिवी के स्वरूप तथा लक्षणों का सूक्ष्म निरीक्षण कर उससे वसु प्राप्ति का उपाय खोजा गया।[3]

पृथु कब हुए, यह निश्चय कर पाना सम्भव नहीं है, किन्तु वैदिक संहिताओं में उनका उल्लेख पृथिवी के समीकरण के लिए प्राप्त होता है।[4] अतः अतिप्राचीन काल से भी पूर्व उनकी स्थिति रही होगी। इस प्रकार 'कृषिकर्म' का आरम्भ यज्ञ के रूप में हुआ। सेचन के लिए वर्षा-जल को अभीष्ट परिमाण तथा अनुकूल काल में प्राप्त करने हेतु वृष्टि के रहस्य को ऋषियों ने अन्तर्दृष्टि से मन्त्रसाक्षात्कार द्वारा ज्ञात किया। इसका मन्त्र था 'यज्ञ से अग्नि, अग्नि से धूम, धूम से अभ्र तथा अभ्र से वृष्टि।'[5] ऋषियों ने सर्व प्रथम स्वयंप्ररूढ व्रीहि तथा यव को सस्य के रूप में प्राप्त किया था। अतः यज्ञ-शेष के रूप में सर्वप्रथम इन्हीं धान्यों का ग्रहण तथा कृषि का आरम्भ हुआ।

निरन्तर अनुसन्धान द्वारा ऋषियों तथा वैज्ञानिकों ने कृषिक्रम का विकास किया। हल आदि उपकरणों का निर्माण किया जाने लगा। कृषितन्त्र को एक नियोजित यज्ञकर्म के रूप में मान्यता प्राप्त हुई। ऋग्वेद संहिता के उल्लेखानुसार कृषि एक विकसित तन्त्र के रूप में समाज में प्रतिष्ठित था। अकर्मण्य तथा अक्षक्रीड़ा आदि में प्रवृत्त व्यक्तियों को समृद्धि तथा सम्मानप्राप्ति के लिए कृषि के महत्त्व से अवगत कराया गया।[6] वैदिक उल्लेखों में कृषिशिक्षा प्रदान करने वाले विशेषज्ञों में तन्त्रविशेषज्ञ मनु तथा कर्षणविशेषज्ञ अश्विनीकुमार प्रमुख हैं। क्रमिक रूप से कृषिकर्म के स्तरों कर्षण, वपन, सेचन, कर्तन, मृणन आदि की विधिवत् व्यवस्था द्वारा प्रचुर अन्न का संग्रह करना कृषकों का लक्ष्य बन गया।

---

1. ब्रह्मपुराण 2/24
2. अर्थशास्त्र 1/4/1, विष्णुपुराण 3/8/30
3. तत्रैव 4/96-97
4. ऋग्वेद 8/9/10, अथर्ववेद 8/10/11
5. शतपथब्राह्मण 5/3/17।
6. ऋग्वेद 10/34/7

जैसे-जैसे कृषि का विकास होता गया, वैसे-वैसे उसके उपायों में भी वृद्धि होती गयी। कृषि कर्म केवल उदरभरण का साधन नहीं रह गया, अपितु व्यवसाय बन गया। प्राकृतिक तथा यज्ञजन्य वृष्टि के अतिरिक्त पार्थिव जल का कृषिप्रयोजन से उपयोग करने हेतु वापी, कूप, तड़ाग आदि की योजना की गयी, नदियों के जल को कृषि-कार्यों में प्रयुक्त किया जाने लगा। इस प्रकार देवमातृक कृषि के साथ ही **अदेवमातृक** कृषि भी प्रचलित हुई।

वर्णव्यवस्था तथा आश्रमव्यवस्था के अन्तर्गत सामान्य तथा विशेष धर्म के रूप में कृषितन्त्र का विकास होता गया। कृषितन्त्र के ज्ञाता ऋषि (ब्राह्मण) कृषिशिक्षा में प्रवृत्त होते थे। क्षत्रिय राजा कृषिप्रबन्ध के दायित्व का निर्वाह करता था। वैश्य कृषिक्रम के अवेक्षण तथा सम्पादन में साक्षात् प्रवृत्त होता था। शूद्र श्रमिक आदि के रूप में उसकी सहायता करता था।

इसी प्रकार वर्णाश्रमों में स्थित गृहस्थों को अनिवार्य रीति से किसी न किसी रूप में कृषिकर्म में प्रवृत्त होना आवश्यक था। सामान्यतः **षण्णिवर्तिनीवृत्ति** में गृहस्थ की दिनचर्या का आरम्भ कृषि से होता था। यज्ञों में सपत्नीक कृषिकर्मविषयक उपचारों का विधान था। इस प्रकार मानवजीवन के अपरिहार्य अङ्ग की भांति कृषितन्त्र का विकास हुआ, क्योंकि अन्न ही जगत् का भौतिक प्राण है।

उपनिषदों में कृषि द्वारा प्रचुर अन्न का उत्पादन घोषवाक्य है।[1] क्रमशः सामाजिक तथा सांस्कृतिक विकास के साथ ही अन्यान्य विद्याओं तथा कलाओं के साथ कृषिशास्त्र का विकास होता गया तथा विधिवत् उसकी शिक्षा दी जाने लगी। ग्रामनगर-नियोजन की कल्पना कृषिक्षेत्रों के आधार पर की जाती थी तथा ग्रामों के चारों ओर पर्याप्त कृषियोग्य भूमि का नियोजन कर **'शूद्रकर्षकप्राय'** ग्रामयोजना प्रचलित हुई तथा कृषिव्यवस्था का सम्पूर्ण दायित्व राजाधीन हो गया। राज्य की अर्थव्यवस्था के प्रमुख अङ्ग के रूप में कृषि का विकास हुआ। व्रीहि, यव आदि धान्यों के अतिरिक्त तिल, माष, मुद्ग, कोद्रव, अतसी, मसूर, निष्पाव, सतीनक, राजमाष, उदार आदि भोज्य धान्यों तथा शण, कार्पासादि व्यावसायिक फसलों का उत्पादन किया जाता था। रामायण तथा महाभारत काल तक अदेवमातृक कृषि का सम्पूर्ण प्रबन्धन राजा का दायित्व समझा जाने लगा था। राजा के अप्रमादी होने पर ही कृषि की प्रगति का विश्वास सम्भव था। बीज का रक्षण, सिंचाई व्यवस्था, अकाल आदि से कृषि की संरक्षा तथा विपत्तिकाल में प्रजा को सुविधाएँ उपलब्ध कराना राज-दायित्व था। प्रचुर अन्न उत्पन्न होने के कारण **कृषिकर** की व्यवस्था की गयी थी।

धान्यों के अतिरिक्त वृक्ष, वनस्पति, लताप्रतान, पुष्प आदि तथा शाकादि की भी नियोजित कृषि का विकास हुआ। एतदर्थ उपयुक्त भूमि का चयन कर व्यापक स्तर पर संघटित कृषि की योजना कर विविध उपयोगों के लिए उनका उत्पादन प्रचलित हुआ।

---

1. अन्नं बहु कुर्वीत (तैत्तिरीयोपनिषद्-भृगुवल्ली नवम अनुवाक)

अर्थशास्त्र में कौटिल्य ने कृषि-प्रबन्ध की चर्चा में विस्तारपूर्वक प्रायः सभी पक्षों पर विचार किया है। राजा के दायित्व के अन्तर्गत कृष्य भूमि तथा बीज उपलब्ध कराना, कृषिविधि का अवेक्षण, कृषिकर का निर्धारण तथा आधान, सिंचाई आदि की व्यवस्था तथा कराधान, धान्यसङ्ग्रह (गोदाम आदि की व्यवस्था), कृषिविषयक अपराधों तथा दण्डों की विवेचना, ऊषर भूमि का उर्वरीकरण आदि की गणना भी की गयी है।

इस प्रकार भारतीय जीवन-पद्धति के तीन प्रमुख आद्य वर्ण, आश्रम तथा पुरुषार्थ के अंगभूत घटक के रूप में कृषि कर्म को यज्ञ की कोटि में प्रतिष्ठित किया गया। कृषिशास्त्र के उपदेशक आचार्यों में पराशर, काश्यप, सुरपाल आदि का नाम उल्लेखनीय है। आयुर्वेद में भी आयुष्य की दृष्टि से **आहारान्न** तथा औषधीय वनस्पतियों का विवेचन कर विविध धान्यवनस्पतियों का वर्गीकरण तथा उनके गुणों की चर्चा की गयी। कालान्तर में आयुर्वेद के उपदेशक ग्रन्थों में अङ्गतया **वृक्षायुर्वेद** तथा आरामरचना विषयक तत्त्वों का निरूपण किया गया।

कृषिशास्त्र का काल-वर्गीकरण

कृषितन्त्र के विकास की दृष्टि से उसके इतिहास को निम्न क्रम में उल्लिखित किया जा सकता है-

(क) कल्प वृक्षों का काल
(ख) अकृष्टपच्य सस्यकाल
(ग) कृष्टपच्य सस्यकाल
(घ) देवमातृक कृषिप्रधान काल
(ङ) अदेवमातृक कृषिप्रधान काल
(च) कृषिक्रान्ति काल
(छ) कृषिविकास काल

कृषि का साक्षात् अथवा परोक्ष उपदेश करने वाले शास्त्रों की दृष्टि से संस्कृत वाङ्मय के इतिहास को निम्नलिखित चरणों में रखा जा सकता है-

(क) वैदिक काल
(ख) उत्तरवैदिक काल (वेदांग तथा उपाङ्ग)
(ग) पुराणेतिहास काल
(घ) धर्मशास्त्र तथा अर्थशास्त्र
(ङ) कृषिशास्त्र का विकासकाल
(च) आधुनिक काल

विषय विवेचन के गुणप्राधान्य की दृष्टि से कृषिविषयक चर्चा करने वाले संस्कृत वाङ्मय को तीन श्रेणियों में रखा जा सकता है-

(क) वर्ण, आश्रम अथवा पुरुषार्थ के अन्तर्गत कृषिकर्म की चर्चा करने वाले ग्रन्थ।
(ख) कृषितन्त्र-प्रधान ग्रन्थ।
(ग) आनुषङ्गिक विषयवस्तु के रूप में कृषि का विवेचन करने वाले ग्रन्थ।

पूर्वोक्त विवरण से स्पष्ट है कि संस्कृत वाङ्मय में कृषिविज्ञान को सामाजिक जीवन के अपरिहार्य अङ्ग के रूप में विश्लेषित किया गया। अतः समानान्तर शास्त्रीय वाङ्मय में भी यथापेक्षित चर्चा की गयी है। संस्कृत वाङ्मय व्यक्तिकेन्द्रित न होकर समष्टि-केन्द्रित रहा है। उसका उद्देश्य विषयवस्तु का प्रतिपादन रहा है, न कि व्यक्ति-प्रचार तथा अभिव्यक्ति। अतः प्राचीन वाङ्मय का कालनिर्णय असम्भवप्राय है। संस्कृत ग्रन्थों तथा शास्त्रों की बृहत्तर परम्परा में ग्रन्थों का पौर्वापर्य तथा शास्त्रों का क्रम निर्धारित कर पाना अत्यन्त कठिन है। विशेषतः सूक्ष्म कालभेद तो प्रायः असम्भव ही है। उदाहरणार्थ उपनिषदों के उपदेश के अनन्तर पुराणों की रचना एक लम्बे अन्तराल में हुई होगी। एक ही कालखण्ड में सभी पुराण नहीं रचे गये। कौन-सा पुराण प्रथम है तथा उत्तरोत्तर क्रम क्या है, यह निर्णय नहीं किया जा सकता। किन्तु प्रथम तथा अन्तिम के मध्य अन्यान्य ग्रन्थों की भी रचना होती है। इसप्रकार समग्र संस्कृत वाङ्मय के कालक्रम में निरपेक्ष विवेचन नहीं किया जा सकता। तथापि स्थूल वर्गीकरण की दृष्टि से प्रतिपाद्यवस्तु के विकासक्रम की कल्पना कर वर्णन में सौविध्य की दृष्टि से कृषिशास्त्र-परक संस्कृत वाङ्मय की चर्चा यहाँ यथोपलब्धि प्रस्तुत है।

वैदिक वाङ्मय में कृषितत्त्व

वैदिक वाङ्मय के अन्तर्गत संहिता, ब्राह्मण, आरण्यक तथा उपनिषद् की गणना की जाती है। परम्परा संहिता के सहित वेद को अपौरुषेय स्वीकार करती है, जिन्हें मन्त्रद्रष्टा ऋषियों ने साक्षात्कार द्वारा प्राप्त किया था। ब्राह्मण विस्तृत विनियोगपरक ग्रन्थ हैं तथा संहिता की ही भाँति वेदपदवाच्य हैं, जैसा कि 'मन्त्रब्राह्मणयोर्वेदनामधेयम्' यह प्रसिद्ध है। आरण्यक वैदिक मन्त्रों में निहित तत्त्व का विवेचन करने वाले ग्रन्थ हैं, उपनिषद् तत्त्वज्ञान के संवादाश्रित ग्रन्थ हैं तथा वेद का सार अथवा अन्तिम भाग होने के कारण वेदान्तपदवाच्य हैं। समस्त वैदिक ज्ञान की दार्शनिक विवेचना करने वाले उपनिषदों का प्रतिपाद्य ब्रह्मविद्या है, जिसका मूल मन्त्र तथा पराकाष्ठा 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' की अवधारणा में निहित है। यह अवधारणा वस्तुतः समस्त विश्व ब्रह्माण्ड को अन्तर्जलवत् एक सूत्र में निबद्ध मानकर ब्रह्मविद्या के अन्तर्गत सभी सम्भाव्य विद्याओं की गणना करती है। यही कारण है कि समग्र रूप में वैदिक वाङ्मय को परा तथा अपरा विद्याओं के भेद से दो वर्गों में विभाजित किया जाता है। पराविद्या का उपदेश करने वाली उपनिषदें तथा अपरा विद्या का उपदेश करने

वाले संहिता, ब्राह्मण एवं दोनों के सेतुभूत आरण्यक भी परस्पर अन्योन्याश्रयभाव से सम्बद्ध हैं।

कृषिशास्त्र की गणना अपरा विद्या के अन्तर्गत की जा सकती है। किन्तु अन्ततः इसका पर्यवसान भी परा विद्या में ही होता है, क्योंकि कृषि का फल अन्न है तथा अन्न भी ब्रह्मात्मक है। वैदिक वाङ्मय में यद्यपि कृषिशास्त्रीय विधि तथा प्रविधि का मुख्यतः साक्षात् उल्लेख नहीं प्राप्त होता, किन्तु संहिताओं में यज्ञ के रूप में, ब्राह्मण तथा आरण्यक में यागों के अङ्गभूत कर्म के रूप में तथा उपनिषदों में तात्त्विक विवेचन तथा शिक्षा के रूप में कृषि-विषयक तत्त्वों का उल्लेख प्राप्त होता है। समासतः उनकी चर्चा यहाँ निरूपित है।

संहिताओं में कृषि-चर्चा

वैदिक संहिताओं में कृषिशास्त्रीय तत्त्वों की चर्चा प्रायः अधोनिर्दिष्ट रूपों में प्राप्त होती है-

(क) कृषि के महत्त्व के रूप में।

(ख) कृषिविधि के रूप में।

(ग) प्रतीक रूप में।

कृषिमहत्त्व

वैदिक संहिताओं में प्राप्त उल्लेखों से ज्ञात होता है कि कृषि को एक सम्मानित कर्म के रूप में स्वीकार किया गया है। अक्षक्रीड़ा आदि दुर्व्यसनों में रत लोगों को कृषिकर्म में प्रवृत्त होने के लिए प्रेरित किया गया है-**अक्षैर्मा दीव्यः कृषिमित् कृषस्व।**[1]

यजुर्वेद में भी 'सुसस्या कृषीष्कृधि'[2] निर्देश द्वारा प्रचुर सस्य उत्पन्न करनेवाली कृषि के लिए आह्वान किया गया है। यजुर्वेद में भूमि की महिमा वपन के लिए स्वीकार की गई है। इसप्रकार कृषि के लिए भूमि के महत्त्व का प्रतिपादन किया गया है।[3] अथर्ववेद में कृषि को प्रतिष्ठित तथा प्राकृतिक व्यवस्था के रूप में परिभाषित कर सस्यश्यामला माता पृथिवी को सहस्रधाराओं में दुग्ध प्रस्तुत करने वाली गो के समान कहा गया।[4]

कृषिक्रम

वैदिक संहिताओं का प्रमुख प्रतिपाद्य यज्ञ है। ऋग्, यजुष्, साम तथा अथर्व सभी संहिताओं में इष्टसाधन के लिए प्रत्येक कर्म को यज्ञविज्ञान की विशिष्ट पद्धति द्वारा

1. ऋग्वेद 10/34/7
2. यजुर्वेद 4/10
3. भूमिरावपनं महत् (यजुर्वेद 23/46)
4. अथर्वसंहिता पृथिवीक्त

सम्पादित किया गया है। इस दृष्टि से कृषिक्रम का साक्षात् विधान करने वाले कृषिसूक्त तीनों संहिताओं (ऋग्, यजुष्, तथा अथर्व) में विशेष उल्लेखनीय हैं। ऋग्वेद के दशम मण्डल (सूक्त सं. 101) में लाङ्गलयोजन, कर्षण, वपन, सस्यलवन आदि कृषिक्रम का उल्लेख प्राप्त होता है। इससे ज्ञात होता है कि कृषक हल के अवयवों को जोड़कर पहले वाहों को जोत कर कर्षण करते थे। तदनन्तर भूमि में लाङ्गपद्धति द्वारा वपनीय भूमि का निर्माण कर बीज बोते थे। यथावश्यक सिंचाई कर सस्य का अवेक्षण करते थे तथा पक जाने पर सृणि (हंसिया) से काटकर धान्य की प्रचुर मात्रा प्राप्त करते थे।[1]

यजुर्वेद के द्वादश अध्याय में पाँच मन्त्रों[2] में साक्षात् कृषिक्रम का उल्लेख है। इसमें लाङ्गलयोजन, योनिनिर्माण, बीजवपन तथा धान्यकर्तन का उल्लेख करते हुए उत्तम कृषि का उपाय बतलाया गया है। तदनुसार कृषक उत्तम फाल (सुफाल) से उत्तम वाहों द्वारा भूमिकर्षण करें तथा हवि के द्वारा **शुनासीर** देव को प्रसन्न करें। कृषक उत्तम गुणों वाली प्रभूत औषधि (धान्य) को प्राप्त करते हैं-

युनक्त सीरा वि युगा तनुध्वं कृते योनौ वपतेह बीजम्।
गिरा च श्रुष्टिः सभरा असन्नो नेदीय इत्सृण्यः पक्वमेयात्।।
शुनं सुफाला वि कृषन्तु भूमिं शुनं कीनाशा अभि यन्तु वाहैः।
शुनासीरा हविषा तोशमाना सुपिप्पला ओषधीः कर्तनास्मै।।[3]

अथर्ववेद में पृथक् कृषिसूक्त प्राप्त होता है जिसके ऋषि विश्वामित्र, देवता सीता तथा छन्द अनुष्टुप् इत्यादि हैं। इस सूक्त में नव मन्त्रों में लाङ्गलयोजन इत्यादि कृषिकर्म के अतिरिक्त सीता[4] (कृषि) के निग्रह हेतु इन्द्र तथा रक्षा के लिए पूषा से प्रार्थना की गई है। लाङ्गल के अङ्गों का सम्यक् संयोजन कर उत्तम कृषि के लिए उत्तम वाहों तथा मनुष्य द्वारा कर्षण का महत्त्व बतलाते हुए कहा गया कि उत्तम कृषि ही धान्यादि की समृद्धि का आधार है।[5]

हल तथा वृषभ कृषि के उपकरणों के रूप में प्रयोग किए जाते थे। अतः दोनों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाता था। हल की फाल लौह की तथा मूठ काष्ठनिर्मित होती थी। त्सरु, वरत्रा, अष्ट्रा, शुनासीर, वृक आदि पारिभाषिक शब्द प्राप्त होते हैं जो विशेष अर्थों के वाचक हैं।' हलों में छः तथा आठ वृषभों को जोता जाता था।[6] तैत्तिरीय संहिता में भी

1. ऋग्वेद 10/101
2. यजुर्वेद 12/67-72
3. तत्रैव 12/68-69
4. इन्द्रः सीतां नि गृह्णातु तां पूषाभि रक्षतु। सा नः पयस्वती दुहामुत्तरामुत्तरां समाम्।। (अर्थववेद 3/17/4)
5. घृतेन सीता मधुना समक्ता विश्वैर्देवैरनुमता मरुद्भिः। सा नः सीते पयसाभ्याववृत्स्वोर्जस्वती घृतवत् पिन्वमाना।। (अथर्वसंहिता 3/17/9)
6. ऋग्वेद 8/6/48, अथर्ववेद 6/91/1, तैत्तिरीयसंहिता 5/2/52

लाङ्गलयोजन की विधि का कथन किया गया है तथा 'सीरा युञ्जन्ति कवयः' इत्यादि मन्त्र प्राप्त होते हैं।[1] इस प्रकार वैदिक संहिताओं में कृषिक्रम के वर्णन के आधार पर तत्कालीन कृषि के विध्यात्मक चरणों को अधोलिखित बिन्दुओं में स्पष्ट किया जा सकता है-

(क) कर्षणक्रिया द्वारा भूमि-संस्कार

(ख) उत्तम वाहों को लाङ्गल में जोतना

(ग) वाप्य क्षेत्र का निर्माण तथा उत्तम बीजों का वपन

(घ) ऋत्वनुसार फसलों का चयन

(ङ) यथाकाल धान्यरोपण तथा सेचन

(च) सस्यपाक होने पर लवन

(छ) खलों में धान्यानयन

(ज) मड़ाई, ओसाई इत्यादि

(झ) धान्यनयन

कृषिक्रम के साक्षात् विवेचन के अतिरिक्त यजुर्वेद में राजसूय यज्ञ के प्रसंग में राजा का **प्रथम कर्म** कृषि बतलाया गया है।[2]

प्रतीकात्मक विवेचन के प्रसंग में धान्यादि कृष्य पदार्थ

वैदिक संहिताभोग में सूर्य, ब्रह्माण्ड आदि आधिभौतिक तत्त्वों के स्वरूप की व्याख्या कृषिविषयक पारिभाषिक शब्दों के माध्यम से है।. इससे यह ज्ञात होता है कि कृषि सम्बन्धी विषय उदाहरण के तथ्य दृष्टान्त के रूप में प्रस्तुत किये गये हैं। 'ब्रह्मौदन सूक्त' में मुसल, उलूखल, शूर्प, शूर्पग्राही, अपविनक्, कण, तण्डुल, तुष, फलीकरण, अभ्र, सीता, कुल्योपसेचन, खल, स्फ्य आदि शब्दों को उपमान के रूप में प्रस्तुत किया गया है।[3] वपन सूक्त में सविता, आदित्य, रुद्र, वसु, अदिति, आपः, प्रजापति, सोम, वरुण आदि देवताओं द्वारा **दिव्यवपन** का उल्लेख प्राप्त होता है। इसी सूक्त में सविता द्वारा वपन के उल्लेख द्वारा प्राचीनकालीन वपनविधि का सङ्केत प्राप्त होता है। तदनुसार **उष्णक्षुर** अथवा क्षुर जैसी नुकीली वस्तु से भूमि में स्थान बनाकर वपन की परम्परा थी।[4]

संहिताओं में दो प्रकार की ओषधियों **'भैषज्य'** तथा **'आयुष्य'** का उल्लेख हुआ है।[5] मूल, अग्र, मध्य, पर्ण, पुष्प, फल आदि पादपावयवों तथा **ओषधीय कृषि** के उपयुक्त पर्वत, सम तथा ह्रद भूमि का उल्लेख भी कृषि का प्रकारान्तर से द्योतक है।[6] अथर्ववेद में चार

1. तैत्तिरीयसंहिता 4/2/5/5
2. यजुर्वेद 9/22
3. अथर्ववेद 6/68/1-3
4. तत्रैव-वपनसूक्त
5. तत्रैव 8/19/3, 7
6. तत्रैव

प्रकार की ओषधियों की चर्चा हुई है-पुष्पवती, प्रसूवती, फलिनी तथा अफला। संहिताओं में कृषिकर्म में पृथक-पृथक् कार्यों के विशेषज्ञ कर्मकरों की चर्चा प्राप्त होती है, जिससे ज्ञात होता है कि जोतने वाले **कीनाश**, बीजबोने वाले **वप**, तुषभेद करने वाले **धान्यकृत्**, तथा सिंचाई करने वाले **पृषत्क** कहलाते हैं।[1]

संहिताभाग में निर्दिष्ट कृषिपद्धति सङ्घटननियोजन पर आधारित है। यव तथा व्रीहि प्रमुख धान्य हैं जो सम्भवतः ग्रैष्म तथा शारदीय धान्यों में प्रमुख थे तथा आहारान्न के रूप में मुख्यरूप से प्रयुक्त किए जाते थे। इनके अतिरिक्त माष, मुद्ग, तिल, नीवार, गोधूम, मसूर, तन्दुल, श्यामाक, सर्षप, शण, प्रियङ्गु, इक्षु आदि की कृषि भी प्रचलित थी।[2]

सेचन तथा क्षेत्ररक्षण

कृषि का आधार जल है। उपयुक्त मात्रा तथा उपयुक्त काल में जलसेचन द्वारा कृषि की गुणवत्ता तथा मात्रा भी उत्तम तथा प्रचुर होती है। यह संहिताओं के उल्लेख में भी स्पष्ट है। मुख्यतः सेचन के लिये वर्षाजल का उपयोग किया जाता था। देवस्तुति के अधिकांश वैदिक सूक्तों में दिक्, वीरुध, मरुत्, पर्जन्य, आपः, स्तनयित्नु, वरुण, मण्डूक, पित्त, वात, प्रजापति, इन्द्र आदि देवता वृष्टि से सम्बद्ध हैं। अनेक मन्त्रों में इन देवताओं से कृषि तथा धान्यप्राप्ति की कामना की गयी है। वर्षा ही भौम जलापगारों-नदी, तडाग आदि की समृद्धि की हेतु है। अतः वर्षा के लिये वृष्टिकामयाग, सोमयाग आदि सम्पन्न किये जाते थे। ऋग्वेद में दो प्रकार के जलों का उल्लेख है जिनमें वर्षाजल को **'स्वयंजा आपः'** तथा भूमिजल को **'खनित्रिमा आपः'** कहा गया है।[3] 'खनित्रिमा आपः' वापी, कूप, तड़ाग, कुल्या आदि के लिए प्रयुक्त हुआ है। वर्षा के अतिरिक्त तडागादि से अदेवमातृक कृषि भी प्रचलित थी। यजुर्वेद में वर्ष्य तथा **अवर्ष्य** धान्यों का उल्लेख है।[4] **वर्ष्य** धान्यों की समृद्धि वर्षा द्वारा होती है। ये अधिक जलापेय व्रीह्यादि धान्य कहे जा सकते हैं। अवर्ष्य धान्य अल्पजलापेय होने से वर्षेतर सेचन साधनों पर भी आश्रित रहते थे।

कूपादि से जल निकालने के लिए **वरत्रा** (रस्सी), **आहाव** (रहट) आदि का प्रयोग किया जाता था।[5] कुल्या तथा **सुषिर** (छोटी नाली) द्वारा भी खेतों में जल पहुँचाया जाता था।[6]

सस्यवृद्धि के लिए उर्वरकों का प्रयोग किया जाता था। मुख्य उर्वरक गोमय, करीष, शकृत् आदि थे। यह **'क्षेत्रसाधः'** पद से ज्ञेय है।[7] जब तक धान्य लवन, मृणन आदि

---

1. ऋग्वेद 10/94/13, 10/19/5-6, अथर्ववेद 12/3/13
2. यजुर्वेद 18/2, अथर्ववेद 6/140/2
3. ऋग्वेद 7/49/2, 10/101/5-6
4. यजुर्वेद 16/38
5. ऋग्वेद 1/101/7
6. तत्रैव 8/69/12, 3/45/3, 10/99/4
7. अथर्ववेद 3/13

संस्कारों के अनन्तर सुखाकर भाण्डागारों में नहीं पहुँच जाता, तब तक अनेक ईतियों की सम्भावना होती है। **ईतियाँ**-अतिवृष्टि, अनावृष्टि, मूषक, शलभ शुकादि पक्षी तथा प्रमादी राजा का दूषित कृषिप्रबन्ध ये 6 कही गयी हैं। संहिता में कीटादि से रक्षा के लिए प्रार्थना की गई है। अथर्ववेद में बीजवृद्धि में बाधक कीटों तथा भूमि के अन्दर बिलों में रहने वाले पृदाकुओं (जन्तुओं) से रक्षा की प्रार्थना तथा **सहायक पृदाकुओं** (सर्प, केचुये आदि) को नमन द्वारा कृतज्ञता व्यक्त की गई है।[1] सुसस्य तथा सुकृषि के लिए **क्षेत्रपति** नामक देवता का स्मरण किया गया है।

पशुपालन

पशु मानवजीवन के अभिन्न अङ्ग हैं। विशेषतः पशु भारतीय कृषि के वाहक रहे हैं। गोवृषभादि पशुओं के महत्त्व के कारण ही कृषि के साथ **गोरक्ष्य** की भी गणना की जाती है। हल से लेकर धान्यनयन तक सभी कृषि-कार्य पशुओं के बिना सम्पन्न नहीं होते। जैव उर्वरक पशुओं द्वारा ही प्राप्त होता है। इसी कारण वैदिक दृष्टि से ही पशुपालन पर बल दिया जाता रहा है। ऋग्वेद में **वायव्य** (पक्षी आदि), आरण्य (वन्य) तथा ग्राम्य (पाल्य) पशुओं का उल्लेख है। कृषिकर्मोपयोगी ग्राम्य पशुओं में अश्व, गो, अजा तथा अवि को महत्त्वपूर्ण बतलाया गया है।[2] अथर्ववेद में उक्त पशुओं को ग्राम्य पशु की कोटि में रखा गया है।[3] ब्रह्मशक्ति द्वारा प्रदत्त सप्त मधुओं में दो गो तथा वृषभ कहे गये हैं।[4] कुछ प्रमुख कृषि की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण संहितामन्त्रों का उल्लेख मात्र यहाँ किया जा रहा है।

ऋग्वेदसंहिता	1/8/42	कृष्यभूमि का अनुसन्धान
	1/8/43, 1/10	
	52, 1/16/110	वृष्टि
	1/17/118	कर्षण
	1/18/122	सेचन
	2/1/13	कृष्यर्थ यज्ञ-भूमिचयन
	2/21/140	ओषधिपाक में अग्नि की भूमिका
	2/24/184	सस्यप्ररोह में अश्विद्वय का कार्य
	3/8/17	क्षेत्रसाधस्
	10/10/14	कृषिक्रम
	10/34/7	कृषिकर्म हेतु प्रेरणा

1. ऋग्वेद 3/8/7 अथर्ववेद 5/25/2, 12/1/10, 3/27/3
2. ऋग्वेद 10/98/8
3. अथर्ववेद 1/48/51
4. तत्रैव 9/1/22

शुक्लयजुर्वेद संहिता	9/22	कृषिप्रबन्ध-राजदायित्व
	16/33, 42, 43	भूमिभेद
	16/38	वर्ष्यावर्ष्य कृषि
	18/14	कृष्टाकृष्ट कृषि
अथर्ववेद संहिता	2/3/2	क्षेत्रियरोगनाशन
	2/1/3	वर्षाऋतु का वैश्यवर्णत्व
	3/17/4	इन्द्र तथा पूषा का कृषिसम्बन्ध
	3/17/1-9	कृषिसूक्त, कृषिक्रमविवेचन
	3/27/3	क्षेत्ररक्षण
	6/50/1	क्षेत्ररक्षण (आख्वादि से)
	6/91/1	कर्षणयन्त्रों का उल्लेख
	8/19/3	ओषधि, भूमि, पादपावयव
	12/26/1	पृथिवीसूक्त में कृष्य धान्यादि[1]

कृषिशास्त्र की दृष्टि से तैत्तिरीयसंहिता तथा मैत्रायणी संहिता भी महत्त्वपूर्ण है। तैत्तिरीय संहिता में भूमिभेद, सांवत्सरिक कृषि, भूमिगत जलज्ञान आदि विषयों का विवेचन प्राप्त होता है।[2]

ब्राह्मणसाहित्य में कृषिशास्त्र-विषयक तत्त्व

ब्राह्मणग्रन्थों के अन्तर्गत शतपथब्राह्मण में कृषिविज्ञान के तत्त्वों का सुनियोजित तथा विस्तृत विवेचन प्राप्त होता है। सर्वप्रथम चार क्रमों में कृषि का उल्लेख शतपथ ब्राह्मण में ही प्राप्त होता है।[3] **कृषितन्त्र** की दृष्टि से अश्वमेधयज्ञ सम्बन्धी आख्यान विशेष महत्त्वपूर्ण है, जिसके आधार पर कृषि को यज्ञसिद्ध कहा जा सकता है। चार प्रकार के अग्नियों में से चतुर्थ अश्वरूप अग्नि का पृथिवी में प्रवेश तथा उस मेध के परिणामस्वरूप व्रीहियव की उत्पत्ति शतपथ ब्राह्मण में उल्लिखित है।[4] आलङ्कारिक भाषा में कहे गये इस आख्यान से यह स्पष्ट होता है कि व्रीहियवादि बीज पार्थिव अग्नि द्वारा ही जीवन को प्राप्त करते तथा सस्यरूप में विकसित होते हैं।

---

1. यस्यामन्नं व्रीहियवौ यस्येमाः पञ्चकृष्टयः। भूम्यै पर्जन्यपत्न्यै नमोस्तु वर्षमेदसे।। (अथर्ववेद-पृथिवीसूक्त)
2. तैत्तिरीयसंहिता 4/5/6-9, 5/1/7
3. कृषन्तः वपन्तः लुनन्तः मृणन्तः (शतपथब्राह्मण) (1/6/1/3)
4. स इमां पृथिवीं प्रविवेश। तं खनन्त इवान्वीषुस्तमन्वविदंस्ताविमौ व्रीहियवौ (शतपथब्राह्मण 1/2/1)

उक्त अंश के सायणभाष्य के अनुसार आरम्भ में अश्वमेध यज्ञान्तर्गत जो भूमिकर्षण किया गया था तथा जिससे व्रीहियव आदि प्राप्त हुए थे, उसी के समान आज भी (सायणभाष्य-काल में) कृषक कर्षण द्वारा अन्नोत्पादन करते हैं।[1] ब्राह्मण ग्रन्थों में व्रीहि तथा यव मुख्य धान्य हैं। पर्वत, झील, नदीतटों पर स्थित उर्वरा भूमि कृषि हेतु उपयोगी समझी जाती थी।[2] भूमि का विभाग कृष्ट तथा अकृष्ट भेद किया जाता था।[3] गार्हपत्याग्नि के प्रसङ्ग में उल्लेख प्राप्त होता है कि ग्रामीण क्षत्रिय राजा द्वारा अनुग्रह के रूप में भूमि प्राप्त कर परस्पर समझौते द्वारा विभक्त कर लेते थे। यज्ञ के अन्त में यजमान पुरोहित को कृष्य भूमि, गो, वृषभादि दक्षिणा में प्रदान करता था[4]। पुरोहित दक्षिणा में प्राप्त भूमि पर कृषि करवाता था।

उक्त विवरण से कृषि की महत्ता द्योतित होती है। उर्वरकों तथा सिंचाई की सम्यक् व्यवस्था थी।[5] दक्षिणादि में प्राप्त प्रचुर भूमि पर ब्राह्मण श्रमिकों द्वारा कृषि करवाता था। हलों में आकार के अनुसार 6 से 24 वृषभ तक युक्त किए जाते थे।[6] स्फ्य, शम्या, आदि कृष्युपकरणों का प्रयोग भूमिखनन द्वारा स्तम्बयजु प्राप्त करने के लिए किया जाता था।[7] **'सृणि'** (हँसिया) द्वारा पके धान्य को काटा जाता था।[8] वृहद् स्तर पर कृषि के कारण प्रचुर अन्न उत्पन्न होता था और उसे **अनस्** (गाड़ी) में लाया जाता था-भूमा हि वा अनस्तस्माद् यदा बहु भवति[9]। शतपथ ब्राह्मण में अनेक प्रकार के अन्नों का उल्लेख प्राप्त होता है। व्रीहि की प्रमुख प्रजातियाँ तण्डुल, **हास्य** तथा **प्लाशुक** नामों से उल्लिखित हैं, जिनमें प्लाशुक शीघ्र पकने वाली व्रीहिप्रजाति थी तथा यज्ञ में प्रायः प्रयोग की जाती थी-प्लाशुकाः पुनः प्ररूढाः व्रीहयः।[10]

इनके अतिरिक्त इन्द्रयव, गोधूम, तिल, माष, प्रियङ्गु, **नाम्ब** (स्वयम् उत्पन्न), गवेधुक, नीवार, इक्षु आदि विविध धान्यों की कृषि ब्राह्मण ग्रन्थों में उल्लिखित, प्रचलित थी।

ब्राह्मण ग्रन्थों में सिंचाई के लिए वर्षा के अतिरिक्त कूप, सरोवर, **सूद**, सरस, ह्रद आदि जलागारों तथा नदियों के जल का उपयोग करने का उल्लेख है।[11] भस्त्रा नामक यन्त्र से कूपों से सेचनार्थ जल निकाला जाता था।[12] इस प्रकार ब्राह्मण ग्रन्थों में राजसूय, अश्वमेध तथा सीतायज्ञ के अन्तर्गत कृषिपद्धति का विवेचन प्राप्त होता है।

---

1. श.ब्रा. 1/2/2/14 (सायणभाष्य)
2. श.ब्रा. 1/8/1/5, 3/1/3/12, 11/5/1/4, 12/8/1/7, 12/2/1/3
3. तत्रैव 7/2/4/17
4. तदेव 7/1/1/4, 7/1/13/5, 1/4/1/15
5. तत्रैव 2/1/1/7
6. षड्गवं भवति चतुर्विंशतिगवं वा (श.ब्रा. 7/2/2/6)
7. तत्रैव 1/2/2/14 सायणभाष्य
8. यदा वान्नं पच्यते अथ तत् सृण्योपचरन्ति (तत्रैव 7/2/2/5)
9. श.ब्रा. 1/1/2/6
10. शतपथ 5/3/3/2
11. श.ब्रा. 8/7/3/21, 13/5/4/9, 11/5/1/4
12. श.ब्रा. 3/5/4/1, 4/4/5/3, 1/1/2/6

आरण्यक-साहित्य में कृषिविषयक उल्लेख

संहिता तथा ब्राह्मण वाङ्मय की भाँति ही आरण्यकसाहित्य में भी वैश्यवर्ण के स्वकर्म में कृषि को स्वीकार किया गया है। पशुओं में गाय के समान ही मनुष्यों में वैश्य पोषणकर्ता माना गया है। वैश्य का सम्बन्ध अन्न तथा कृषि से है। यतः आरण्यक वेद का आध्यात्मिक भाग है, अतः आरण्यकों में साक्षात् कृषितन्त्र का वर्णन अधिक नहीं प्राप्त होता, किन्तु कृषिकर्म समाज में प्रतिष्ठित तथा विकसित दशा में वर्णित है।[1] कृषि का मूल आधार ही प्राणियों के प्राणित्व का हेतु है।[2] यह आरण्यक की उक्ति कृषि के महत्त्व का प्रतिपादन करने के लिए पर्याप्त है। अन्नदान को महादान स्वीकार करते हुए महाव्रत के दिन यज्ञानुष्ठाता प्रचुर अन्न का दान कर परलोक में सुख का भोग करता है, यह निर्देश है[3]। ऐसा प्रतीत होता है कि कृषितन्त्र के पर्याप्त विकास के कारण कृषितन्त्र का उपदेश साक्षात् नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त आरण्यकों का प्रतिपाद्य आध्यात्मिक चिन्तन है। तथापि अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ आधार के रूप में कृषि तथा पशुपालन प्रतिष्ठित तथा प्रचलित थे।

उपनिषदों में कृषिशास्त्रीय-चिन्तन

उपनिषद् समस्त वैदिक वाङ्मय की सारभूत निधि है, जिसमें सभी विद्याओं का उपदेश ब्रह्मविद्या के अंग के रूप में किया गया है। कृषिशास्त्र के विवेचन की दृष्टि से प्रश्नोपनिषद्, ऐतरेय, तैत्तिरीय, छान्दोग्य, मुण्डक तथा बृहदारण्यक उपनिषद् महत्त्वपूर्ण हैं। ऐतरेय, मुण्डक तथा छान्दोग्योपनिषदों में अन्नोत्पत्ति की तात्त्विक व्याख्या करते हुए कृषि-विज्ञान के मूल में ब्रह्म के तपोजन्य चिति के परिणाम के रूप में अन्नोत्पत्ति के सिद्धान्त का प्रतिपादन किया गया है।[4]

तैत्तिरीयोपनिषद् में अन्नब्रह्म की प्रतिष्ठा करते हुए प्राणियों की उत्पत्ति, स्थिति और लय अन्न में ही स्वीकार किये गये हैं।[5] तैत्तिरीयोपनिषद् में अन्न तथा कृषि की प्रतिष्ठा व्यक्त करने हेतु अनेक प्रकार से व्याख्या करते हुए कुछ उद्घोष इस प्रकार हैं-

(क) अन्नं ब्रह्म।

(ख) अन्नं न निन्द्यात्।

(ग) अन्नं न परिचक्षीत।

---

1. ऐतरेय आरण्यक 5/1/1,5
2. तत्रैव 2/12
3. शांखायन आरण्यक 11/6, ऐतरेय आरण्यक 5/1/5
4. तपसा चीयते ब्रह्म ततोऽन्नमुप जायते (मुण्डकोपनिषद् 1/8)
5. अन्नाद्ध्येव इमानि भूतानि जायन्ते,
अन्नेन जातानि जीवन्ति अन्नं प्रयन्त्यभि संविशन्ति (तै.उ.)।

(घ) अन्नं बहु कुर्वीत।
(ङ) अन्नवानन्नादो भवति।
(च) न कञ्चन वसतौ प्रत्याचक्षीत।
(छ) यया कयापि विधया बह्वन्नं प्राप्नुयात्।[1]

ये उद्घोष कृषि के प्रयोजन की ओर संकेत करते हैं तथा कृषि की वैविध्यपूर्ण प्रणाली भी आह्वान करते हैं। छान्दोग्योपनिषद् में व्रीहि, यव ओषधि, वनस्पतिका, तिलु, माष आदि का उल्लेख प्राप्त होता है।[2]

बृहदारण्यक उपनिषद् में वर्णव्यवस्था के सन्दर्भ में कृषि, वाणिज्य आदि के द्वारा धनोपार्जन के कारण वैश्यवर्ण को वसु आदि गणों के नाम से उल्लिखित किया गया है।[3] छान्दोग्योपनिषद् में वर्षा को प्रमुख सिंचाई-साधन स्वीकार किया गया। वर्षा के द्वारा प्रचुर अन्न का उत्पादन किया जाता था।[4] तैत्तिरीयोपनिषद् में ब्रह्मानन्द वल्ली तथा भृगुवल्ली में क्रमशः अन्न के तात्त्विक स्वरूप तथा अन्नोत्पत्तिविज्ञान का विवेचन है। ऐतरेयोपनिषद् में अन्नोत्पत्ति, ओषधिवनस्पति का तात्त्विक तात्पर्य आदि उल्लिखित हैं।[5]

वेदाङ्ग वाङ्मय में कृषिशास्त्रीय तत्त्व

वेदांगों के अन्तर्गत निरुक्त में निर्वचन के प्रसंग में अस्फुट रूप से कृषि-विषयक पारिभाषिक शब्दों तथा उनके अर्थों का उल्लेख प्राप्त होता है। उदाहरणार्थ **बीज** शब्द का निर्वचन 'वेति प्रजायते गच्छत्यनेनानृण्यं पितेति वा'[6] कृष्य बीजों के जीवभाव को व्यक्त करता है। माधवाचार्य ने इसी निरुक्ति की व्याख्या धान्यादि के प्रसंग में करते हुए धान्य बीज के स्वाभिवृद्धि का सिद्धान्त निर्दिष्ट किया।[7]

कृषिशास्त्रीय विषयों का साक्षात् उल्लेख कल्पवेदाङ्ग में प्राप्त होता है। पारस्कर गृह्यसूत्र में सीतायज्ञ, लाङ्गलयोजन, आग्रयणेष्टि आदि कर्मकाण्ड साक्षात् कृषि से सम्बद्ध हैं। उल्लेखनीय है कि गृह्यसूत्रों का प्रतिपाद्य विषय गार्हपत्याग्नि तथा तत्सम्बन्धी यज्ञ हैं। लाङ्गलयोजन कृषिकर्म में प्रथम प्रवृत्त होने वाले कृषक के लिए विहित है। प्रथमवार कर्षण के लिए सुयोग्य तथा प्रशिक्षित कृषि कर्मवेत्ता के निर्देशन में प्रवृत्त होने का निर्देश है।

---

1. तैत्तिरीयोपनिषद्-ब्रह्मानन्दवल्ली, भृगुवल्ली
2. छान्दोग्योपनिषद् 5/10/56
3. बृहदारण्यकोपनिषद् 1/4/12
4. तस्माद्यत्र कुत्र च वर्षति तदेव भूयिष्ठमन्नं भवत्यद् भूय एव तद्ध्यन्नाद्यं जायते। छान्दोग्योपनिषद् 6/2/4
5. ऐतरेयोपनिषद् 3/10
6. निरुक्त 2/2/15
7. धान्यादिबीजमुत्तरँ स्वाभिवृद्धये भवति।

बौधायन गृह्यसूत्र में कृषि-कर्माधिकार का निर्देश करते हुए सर्वप्रथम वेदाध्ययन तथा कृषिकर्म को एक साथ न स्वीकार करने की व्यवस्था बतलायी गयी है क्योंकि कृषि और वेद दोनों श्रमसाध्य, समयसाध्य तथा अवधानसाध्य विषय हैं। इसीलिए बौधायनगृह्यसूत्र में कृषि को वेद के अध्ययनसमय का विनाश करने वाली तथा वेद को कृषि का नाश करने वाला कहकर यह व्यवस्था की गयी कि जिसमें दोनों के निर्वाह का सामर्थ्य है वही कृषि तथा वेद दोनों को स्वीकार करे।[1] बौधायन आश्रमव्यवस्था के प्रसंग में गृहस्थ की नव वृत्तियों में **षण्णिवर्तिनी** वृत्ति को कृषि में बतलाते हैं। इस वृत्ति के अन्तर्गत गृहस्थ कर्षक **कृषिचर्या** में प्रातराश से पूर्व ही षड्निवर्तन (मानविशेष) भूमि में वृषभों को बिना नाथे हुए तथा बिना आघात किए हुए ही बार-बार भूमि का कर्षण कर कृषि द्वारा अन्न उत्पन्न करते थे। अर्जित आय का षष्ठ भाग स्वामी अथवा राजा को अर्पित कर शेष द्वारा अपनी जीविका का निर्वाह करते थे।[2]

इसके अतिरिक्त गोभिलगृह्यसूत्र में लाङ्गलयोजन, कौशिकसूत्र में कर्षणकाल में किये जाने वाले उपचार, आश्वलायन गृह्यसूत्र में लाङ्गलयोजन हेतु उपयुक्त नक्षत्रकाल आदि का निश्चय इत्यादि विषयों का विवेचन है। कुछ विद्वानों ने **बैजवापगृह्यसूत्र** का नामोल्लेख किया है[3] किन्तु यह प्राप्त नहीं होता।

धर्मसूत्र

धर्मसूत्रों का प्रमुख प्रतिपाद्य गृहस्थों के धर्मों विशेषतः पंचमहायज्ञादि का विवेचन है। आपस्तम्ब धर्मसूत्र में राजदायित्व में **कृषिप्रबन्ध** तथा वैश्यादि वर्णों का कृषिकर्म में नियोजन विवेचित है। बौधायन धर्मसूत्र में भूसंस्कार, गृहस्थवृत्ति, पर्वप्रशंसा आदि विषयों का विवेचन है। गृह्य तथा धर्मसूत्रों में प्रायः समान ही कृषिविषयक विवेचन प्राप्त होता है।

श्रौतसूत्र

श्रौतसूत्रों में चातुर्मास्ययागान्तर्गत चार पर्वों-वैश्वदेव, वरुणप्रघास, साकमेध तथा शुनासीरीय में कृषिसमृद्धि के लिए किए जाने वाले अनुष्ठानों का विवेचन है। इस दृष्टि से कात्यायन श्रौतसूत्र का विशेष महत्त्व है। उक्त चारों पर्वों के अन्तर्गत प्रथम तीन पर्वों में गार्हपत्य चिति तथा कृषि-सम्बन्धी अनुष्ठान है तथा चतुर्थ शुनासीरीय पर्व में गोदक्षिणा का

---

1. वेदः कृषिविनाशाय कृषिर्वेदविनाशिनी।
   शक्तिमानुभयं कुर्यादशक्तस्तु कृषिं त्यजेत्।।
   (बौधायनगृह्यसूत्र 1/5/101)
2. बो.गृ. 3/1/1/2
3. पारस्करगृह्यसूत्र-व्या. जगदीशचन्द्र मिश्र, भूमिका-पृ. 9

विधान है। कृषि के लिए **चतुर्मास** का महत्त्व होता है। श्रौतसूत्र के अनुसार संस्कारयुक्त (प्रशिक्षित) गृहस्थ **उख्याग्नि** स्थापित कर औदुम्बर काष्ठ से निर्मित **सीर** (हल) में 6, 12 अथवा 24 बैलों को त्रिगुणित रस्सी से बाँधकर **युग** में जोतता है। द्वादश **सीता** पर्यन्त क्षेत्र कर्षण करने से भूमि वपनयोग्य हो जाती है। तब चम्मच के द्वारा ओषधियों के बपन की परम्परा थी। यह कर्म **कृषिपद्धति** का परिचायक है।

ज्योतिष

वेदाङ्ग के रूप में 'वेदाङ्गज्योतिष' नामक ग्रन्थ प्राचीनतम कहा गया है जिसमें आचार्य **लगध** के सिद्धान्तों का संग्रह उनके शिष्य **शुचि** ने किया है।[1] **'कृषि'** के प्रसङ्ग में वर्षाकाल तथा **हलप्रसारण** आदि के लिये उपयुक्त नक्षत्र व काल का निर्देश कल्पसूत्रों में भी प्राप्त होता है। उदाहरणार्थ **हलप्रवहण** हेतु ज्येष्ठा नक्षत्र उपयुक्त है।[2] वराहमिहिर की बृहत्संहिता, संग्रहशिरोमणि आदि परवर्ती ज्योतिषग्रन्थों में भी कृषिकर्मों के प्रशस्त काल आदि का कथन है। इसप्रकार ज्ञात होता है कि वेदाङ्गकाल में कृषि गृहस्थाश्रम में स्थित लोगों के लिए अनिवार्य कर्म के रूप में प्रतिष्ठित थी तथा विकसित पद्धति के 'कृषिशास्त्र' का समादर धर्म के रूप में था।

वेदाङ्गवाङ्मय के प्रमुख कृषिविषय सीतायज्ञ,[3] नवान्न-आग्रयणेष्टि[4] लाङ्गलयोजन,[5] कृषिप्रवन्धन[6], **कृष्यपराध** तथा दण्ड[7], चातुर्मास्ययागान्तर्गत **कृषिक्रम**[8], भूसंस्कार[9], गृहस्थवृत्ति के रूप में **कृषिचर्या**[10] इत्यादि हैं।[11]

स्मार्तवाङ्मय

स्मृतिग्रन्थ धर्मशास्त्र का उपदेश करते हैं। प्राचीन स्मृतियाँ यद्यपि देशकाल के भेद से अनेक हैं जिनकी संख्या सत्ताईस मानी जाती है, तथापि मनुस्मृति, याज्ञवल्क्यस्मृति, व्यास स्मृति, पराशरस्मृति, नारदस्मृति आदि प्रमुख हैं। वर्णधर्म, वर्णाश्रम-धर्म तथा सामान्य धर्म

---

1. संस्कृत वाङ्मय का बृहद् इतिहास-वेदाङ्ग खण्ड-पृ. 436
2. पारस्करगृह्यसूत्र 2/16
3. पारस्करगृह्यसूत्र 2/7
4. पा.गृ. 3/1
5. पा.गृ. 2/13/1-7
6. आपस्तम्बधर्मसूत्र 2/2/84, 2/28/1
7. तत्रैव
8. कात्यायनश्रौतसूत्र-चातुर्मास्ययागप्रकरण
9. बौधायनधर्मसूत्र-1/6/13/19-चतुर्भिः शुध्यते भूमिर्गोभिराक्रमणात् खननाद् दहनात् अभिवर्षणाच्च।
10. बौ.ध. 3/1/1, 3/2/2, 3/6/6
11. निरुक्त 2/7, 2/2/15

का निर्णय करने वाले स्मृतिग्रन्थों में गृहस्थों के सामान्य धर्म तथा वैश्य और शूद्र, विशेषतः वैश्य के विशेष धर्म के रूप में कृषि, गोरक्ष्य, वाणिज्य का एकमत से निर्देश किया गया। मनुस्मृति में वैश्य के गुणों का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि उसे बीज-वपन इत्यादि कृषिकर्म का ज्ञाता, क्षेत्र (कृष्यभूमि) के दोष-गुणों का विशेषज्ञ तथा **मानयोग** और **तुलायोग** का ज्ञाता होना चाहिए।[1] मनुस्मृति में उद्भिज्जों का स्वभाव तथा भेद, बीज तथा क्षेत्र का उत्तमाधमत्व इत्यादि का प्रतिपादन करते हुए कृषि की प्रशंसा की गई है। मनु के अनुसार विवाह संस्कार के पश्चात् गृहस्थ को कृषि तथा पशुपालन में नित्य युक्त रहना चाहिए-

वैश्यस्तु कृतसंस्कारः कृत्वा दारपरिग्रहम्।
यावार्तायां नित्ययुक्तः स्यात् पशूनां चैव रक्षणे।।

याज्ञवल्क्य वैश्य के लिए कृषि तथा पशुपालन का निर्देश करते हैं।[2] पराशर वैश्य तथा शूद्र के लिए कृषि, वाणिज्य तथा शिल्प आवश्यक मानते हैं।[3] किन्तु गृहस्थ आश्रम में स्थित ब्राह्मण के लिए भी दिवस के आधे भाग में स्थिर अंगों वाले, नीरोग, आहारादि से तृप्त तथा षण्डरहित वृषभों द्वारा कृषि में प्रवृत्त होने के बाद स्नानादि का नियम बतलाया गया है।[4] इस स्मृति में कलियुग में अन्न की महिमा बतलाते हुए[5] वपन के लिये क्षेत्र की प्रधानता, बीजवपन की विधियाँ-उप्त तथा क्षिप्त सुक्षेत्र की प्रशंसा, कृषिव्यवस्था इत्यादि विषयों का उल्लेख प्राप्त होता है।

पराशरस्मृति के प्रथम अध्याय में कलियुग में अन्नमहिमा[6], बीजवपनार्थ क्षेत्र की प्रधानता, बीजवपन की दो विधियाँ-**उप्त**[7] और **क्षिप्त** का निरूपण, द्वितीय अध्याय में वर्णों द्वारा कृष्यधिगम तथा विवेचन करते हुए कृषकों द्वारा यज्ञसम्पादन का विधान एवं कृषि व्यवस्थापन की चर्चा है। इसी अध्याय में हल में वृषभों की संख्या पर विचार किया गया है। ज्ञात होता है, कि हलों के भिन्न आकार के अनुसार आठ, छः, चार अथवा दो वृषभों को हल में जोता जाता था। आठ वृषभों वाला हल **धर्म्य** तथा दो वृषभों वाला हल **वृषघाती** समझा जाता था।[8] इसी कारण **द्विगव** हल से दिन का चतुर्थांश, **चतुर्गव** हल से मध्याह्नपर्यन्त, षड्गव हल से **त्रियामा** (रात्रि तक) तथा **अष्टगव** हल से पूर्ण दिन जोताई करने का नियम था।[9]

---

1. बीजानामुप्तिविच्च स्यात्क्षेत्रदोषगुणस्य च। मानयोगं च जानीयात्तुलायोगांश्च सर्वशः।। (मनुस्मृति 9/330)
2. याज्ञवल्क्स्मृति 1/119-कुसीदकृषिवाणिज्यं पशुपाल्यं विशः स्मृतम्।
3. पराशरस्मृति-2/811 -वैश्यः शूद्रस्तथा कुर्यात् कृषिवाणिज्यशिल्पकान्।
4. प. स्मृ. 2/16
5. प. स्मृ.-1/48, 56
6. कृते चास्थिगताः प्राणास्त्रेतायां मांससंस्थिताः। द्वापरे रुधिरं यावत्कलावन्नादिषु स्थिताः।। (पराशरस्मृति)
7. सुक्षेत्रे च सुपुत्रे च यत्क्षिप्तं नैव नश्यति प.स्पृ. 1/56,
   सुक्षेत्रे च सुपात्रे च उप्तं दत्तं न नश्यति। तदेव 1/48
8. हलमष्टगवं धर्म्यं षड्गवं वृत्तिलक्षणम्। चतुर्गवं नृशंसानां द्विगवं वृषघातिनाम्।। (प.स्मृ. 2/8)
9. द्विगवं वाहयेत्पादं मध्याह्नं तु चतुर्गवम्। षड्गवं तु त्रियामायामष्टभिः पूर्णे तु वाहयेत्।। (प.स्मृ.2/9)

इसके अतिरिक्त शुक्रनीति में **नदीमातृक** कृषि को उत्तम स्वीकार कर[1] ऐसी कृषि प्रशस्त मानी गयी जिससे तीन वर्ष तक के लिए पर्याप्त धान्यसङ्ग्रह हो सके।[2] कृषि के द्वारा राजा को प्राप्त कर का निर्धारण करते हुए शुक्राचार्य का मत है कि राजा कृषक से इतना ही कर ले जिससे उसकी हानि नहीं हो तथा व्यय आदि का योग कर कृषक को दुगुना लाभ हो जाये।[3]

पराशर कृषिशास्त्र के विशेषज्ञ स्वीकार किये गये हैं। निरुक्तकार ने तो 'कृषि' के पर्याय के रूप में 'पराशर' शब्द का निर्वचन किया है-पराशरः कृषिः (नि.4।3।121)। मनु ने कृषि का उपघात करनेवाले तथा कृषि का हरण करने वाले लोगों के प्रति दण्डव्यवस्था का विधान किया है। इस प्रकार मनुस्मृति में कृषि विषयक सामान्य नियम तथा पराशरस्मृति में विशेष कृषिपद्धति का साक्षात् अथवा प्रासंगिक उल्लेख प्राप्त होता है। इसके अतिरिक्त विष्णुस्मृति में **खलयज्ञ** तथा **गोयज्ञ** के द्वारा कृषिकार्य का विधान किया गया है[4] जिससे तत्कालीन कृषिसमृद्धि का अनुमान किया जा सकता है। व्यासस्मृति में प्रसंगतः ऊषर भूमि में उप्त बीज का वैयर्थ्य बतलाया गया है-**ऊषरे वापितं बीजम्.....अशाश्वतम् (६२)।** इसप्रकार कृषि हेतु उर्वर भूमि की प्रशंसा प्रकारान्तर से की गयी है।

पौराणिक वाङ्मय में कृषिशास्त्रीय निर्देश

पुराण प्राचीन इतिहास के स्रोत हैं। अष्टादश पुराणों की वेदव्यास ने रचना की यह प्रसिद्ध है। कालक्रम के प्रसंग में इतना अवश्य है कि पुराणों की रचना एक लम्बी परम्परा में हुई। 'पुराणेतिहास' अभिधान में पुराणों की प्रथम गणना उसकी विषयगत व्यापकता के कारण की जाती है। उल्लेखनीय है कि पुराणों की विशिष्ट प्रतिपादन शैली में सृष्टि के प्रथम चरण से प्रलय तक का इतिहास संगृहीत है।

कृषिशास्त्र की दृष्टि से अग्निपुराण, आदिपुराण, ब्रह्मपुराण, विष्णुपुराण प्रमुख हैं। पुराणों में कृषि के प्रवर्तक के रूप में पृथु को स्वीकार किया गया है। ब्रह्मपुराण के अनुसार जब कल्पवृक्षों के अभाव में प्रजा अन्नाभाव से त्राहि-त्राहि करने लगी तो सर्वप्रथम राजा पृथुवैन्य ने उच्चावच से युक्त तथा शुष्क, अतः कठोर भूमि में कर्षण और सेचन की व्यवस्था की तथा **'कृषि उपाय'** का अनुसन्धान किया। कृषि के द्वारा पृथिवी के गर्भ में स्थित सस्यों का दोहन किया।[5] विष्णुपुराण में ग्राम्य तथा **आरण्यक ओषधि** का विभाग तथा व्रीहि, यव, गोधूम, अणु, तिल, प्रियंगु, उदार, कोरदूष, **सतीनक** (मटर), माष, मुद्ग, मसूर,

1. शुक्रनीति 3/272
2. तत्रैव 4/2/26
3. तत्रैव 4/2/110, 112
4. खलयज्ञं कृषीणां च गोयज्ञं चैव यत्नतः (वि.स्मृ.6)
5. ब्रह्मपुराण-4/56, 2/24, 4/67, 70, 78, 89, 92, 97, 111

निष्पाव, कुलत्थ, आढक्य, चणक, शण आदि धान्यों का उल्लेख प्राप्त होता है।[1] इससे ज्ञात होता है कि उस समय कृषि का पर्याप्त विस्तार हो चुका था तथा प्रभूत संख्या में विविध धान्यों की कृषि की जाती थी। ब्रह्मपुराण के अनुसार राजा सूत, मागध तथा बन्दी जनों को वृत्ति के रूप में कृष्य भूमि प्रदान करते थे। बन्दिजनों को विशेषतः कर्मकरों (श्रमिकों) के रूप में नियुक्त किया जाता था। इस प्रकार पृथिवी सर्वकामदुघा तथा **सर्वसस्यप्ररोहा** थी। कृषि की चरम उन्नति इसमें प्रथित थी।[2]

आदिपुराण में **अकृष्टपच्य** तथा देवमातृक कृषि का विस्तृत विवेचन प्राप्त होता है।[3] आदिपुराण के तृतीय अध्याय में कृषि का आरम्भ अकृष्टपच्यकृषिकाल, पर्जन्यवर्षण द्वारा सस्यों की अविरलोत्पत्ति, वर्षापरिमाण, धान्यभेद आदि के माध्यम से कृषिशास्त्रीय तत्त्वों का संकेत प्राप्त होता है। षोडश अध्याय में नगर-ग्राम नियोजन के प्रसंग में **शूद्रकर्षकप्राय** वसतियों का निर्माण प्रकल्पित है।

अग्निपुराण में अनेक अध्यायों में कृषिविषयक तत्त्वों का विवेचन किया गया है। सामान्यतः पृथु का स्मरण प्रथम कृषिप्रवर्तक के रूप में करते हुए वर्णाधिकार में वैश्यों का कृषिकर्माधिकार निरूपित किया गया है। गृहस्थ के कृषिकर्माधिकार, हलों में वृषभसंख्या, भूमिभेद तथा **त्रिधातुमयत्व,** उद्यानरचनाविधि, वृक्षारोपण में अन्तर (मध्य-दूरी), **वृक्षसेचन** की विधि, बीजवृद्धि के लिए **उर्वरकों** का प्रयोग इत्यादि विषयों का वैज्ञानिक विवेचन अग्निपुराण में प्राप्त होता है। वृक्षायुर्वेद नामक अध्याय में वृक्षों के स्वास्थ्य-सम्बन्धी विषयों को प्रस्तुत किया गया है। वृक्षारोपण तथा **उद्यानशास्त्र** भी कृषि का अंग है। इस दृष्टि से कृषिशास्त्र का उत्तरोत्तर विकासक्रम अग्निपुराण में सुनियोजित तथा वैज्ञानिक रूप में दृष्टिगत होता है। इसके अनुसार कृषि की अनेक वैकल्पिक विधियाँ प्रचलित थीं। **पौधशाला** इत्यादि के निर्देश भी अग्निपुराण में प्राप्त होते हैं-शरावघाटिकापालीस्वाङ्कुरारोहणे हिता।[4]

आरामरचना का महत्त्व दर्शाते हुए अग्निपुराण में जलाशयादि के किनारे वृक्षारोपण की आवश्यकता बतलाई गयी है। वृक्षों को रोपित करते समय उनमें पर्याप्त अन्तर होना चाहिए। यह अन्तर बीस हाथ (उत्तम), सोलह हाथ (मध्यम) तथा बारह हाथ (अधम) माना जाता था। वृक्षों की सामान्य **सेचनविधि** में कहा गया है, कि ग्रीष्म में प्रातः सायम्,- शीत में एक दिन के अन्तर में तथा वर्षाकाल में भूमि के शुष्क होने पर सेचन करना चाहिये। पुराणों में कृषिशास्त्र की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के रूप में अकृष्टपच्य तथा कृष्टपच्य सस्यप्राप्ति के क्रम में पृथु द्वारा नियोजित कृषि के आरम्भ का उल्लेख है तथा कहीं

---

1. विष्णुपुराण 1/6/20-22
2. ब्रह्मपुराण 4/111
3. आदिपुराण पूर्वार्द्ध-3/37-38, 179-185
4. अग्निपुराण 68/4 द्र.अ.पु. 209/2

कृषिविषयक तत्त्वों का अस्फुट तथा नियोजित वर्णन है। आठ आहारद्रव्यों की उत्पत्ति,[1] सूर्य से वृष्टि तथा वृष्टि से अन्न[2], कर्षकों की वृत्ति के रूप में कृषि कर्म[3] आदि कृषिसिद्धान्त विभिन्न पुराणों में प्राप्त होते हैं।

रामायण तथा महाभारत में कृषिशास्त्रीय तत्त्व

रामायण तथा महाभारत आदि इतिहास और काव्य के रूप में समादृत हैं जिनका काल अनुमानाधीन है। अनेक अन्तःसाक्ष्यों तथा बहिःसाक्ष्यों के आधार पर रामायण का रचनाकाल पाश्चात्त्य दृष्टि से द्वादश शताब्दी ईसा पूर्व से पंचम शताब्दी ईसवी पूर्व तथा 1500 ई.पू. से 200 ई.पू. तक स्वीकार किया जाता है।[4] एक परम्परा रामायण का काल 5000 वर्ष पूर्व स्वीकार करती है। महाभारत का काल भी निश्चित नहीं है। संस्कृत वाङ्मय में आर्षकाव्य के रूप में रामायण की प्रतिष्ठा है। रामायण तथा महाभारत इतिहास-काव्य के रूप में भी प्रसिद्ध हैं।

दोनों इतिहासकाव्यों में प्रासंगिक रूप में कृषिशास्त्रीय तत्त्वों का विवेचन है। रामायण में राजसूययज्ञ के अन्तर्गत कृषिप्रबन्ध राजदायित्व समझा गया है। दुर्भिक्षकाल में राजा जनक द्वारा हलकर्षण-आख्यान कृषि की व्यापक समुन्नति का प्रतीक है। उस समय अदेवमातृक कृषि का सम्यक् प्रसार तथा प्रबन्ध था। भूमि का विभाग कृष्याकृष्य भेद से करते हुए कृषियोग्य भूमि की सीमा निर्धारित की जाती थी तथा सम्यक् कृष्ट (जुता हुआ अथवा उत्तम कृषि से युक्त) भूमि प्रशस्त मानी जाती थी।[5] सिंचाई के साधनों की व्यवस्था राजा का दायित्व होता था। शालि उस समय का महत्त्वपूर्ण धान्य था। शरद् ऋतु में शालिपादपों से **सस्यश्यामल** भूमि का अनेक स्थलों पर वर्णन प्राप्त होता है।[6]

महाभारत में प्रसंगवश कृषि तथा पशुपालन की महत्ता बतलाते हुए उन्हें सतत अवेक्षणीय कहा गया है। क्षण भर के भी प्रमाद से कृषि तथा पशु नष्ट हो सकते हैं।[7] गृहस्थों के लिए नैत्यिक कृषि कर्म की व्यवस्था कही गयी है।[8] संक्षेप में रामायण तथा महाभारत में वर्ण तथा आश्रम धर्म के रूप में कृषि की चर्चा की गई है। कृषिप्रबन्ध राजा का अधिकार क्षेत्र था।

---

1. मत्स्यपुराण 60/8-9
2. तत्रैव 125
3. कर्षकाणां कृषिर्वृत्तिः (विष्णुपुराण 5/60/29, 3/8/30)
4. कविर्जयति वाल्मीकिः (पृ.14-20)
5. रामायण 2/100/41, 45
6. रामायण 4/28/25, 31
7. महाभारत, उद्योगपर्व 1/91
8. महाभारत, उद्योगपर्व 6/12

महाभारत के नायक कृष्ण स्वयं गोपाल तथा बलराम हलधर प्रसिद्ध हुए। परवर्ती काल में कृषि के देवता के रूप में बलराम का स्मरण किया गया है। हल तथा गौ क्रमशः कृषि तथा पशुपालन का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह कृषिगोरक्ष्य की समृद्धि तथा स्वातन्त्र्य का परिचायक है। प्रथम कृषिकर्ता के रूप में पृथु का स्मरण किया गया है।[1]

आयुर्वेद तथा कृषिशास्त्र

आयुर्वेद की गणना उपवेदों में की जाती है। चरक तथा सुश्रुत संहितायें आयुर्वेद के प्रतिनिधिभूत ग्रन्थ हैं। आयुर्वेद का प्रतिपाद्य आयुष्य चिन्ता है जिसके लिये आहार के हेयोपादेयत्व का निर्णय आवश्यक है। इस दृष्टि से इन ग्रन्थों में त्रिदोषात्मक शरीर के वृद्धिकरभाव के रूप में **भोज्याभोज्य** औषधि, वृक्ष, वनस्पति आदि का विवेचन करते हुए उनके गुणों की चर्चा की गई है। इसी क्रम में उद्भिज्ज शरीर में वनस्पति, वीरुध, वानस्पत्य तथा औषधियों के प्रकारों का उल्लेख प्राप्त होता है।[2] चरक संहिता के सूत्रस्थानीय सप्तविंशतितम (27वें) अध्याय में धान्य के भेद, गुण, अन्नप्रशंसा, भूमिलक्षण तथा उत्तम, मध्यम, अधम भूमि के लक्षण, शरीरवृद्धिकर भाव तथा आहार-परिणामक भावों (ऊष्मा, वायु, **क्लेद**, स्नेह, काल तथा **समयोग**) का विवेचन है जो योनिज शरीर की भाँति ही **उद्भिज्ज शरीर** के आरोग्य के लिए भी महत्त्वपूर्ण हैं। सुश्रुतसंहिता में प्रसंगवश भूमिभेद तथा उनके लक्षण, शालि, इक्षु आदि की प्रजातियाँ तथा उनके आयुर्वेदीय गुणों की चर्चा की गई है।

चरक ने वनस्पति, वीरुध, वानस्पत्य तथा ओषधि भेद से चतुर्धा **औद्भिदविभाग** करते हुए तीन प्रकार के धान्यों की चर्चा की है-**शूकधान्य**, शमीधान्य तथा **सूप्य धान्य**। शालि की पंचदश प्रजातियों की गणना द्वारा उनके आयुर्वेदीय गुणों का वर्णन चरक ने किया है।[3] इसी प्रकार सुश्रुत ने शालि, व्रीहि, यवादि की विभिन्न प्रजातियों तथा उनके गुणों की चर्चा की है।[4] इस प्रकार कृषि-विधि का अनपेक्षत्व होने के कारण आयुर्वेद के ग्रन्थों में **कृष्य धान्यों** का गुणकथन मात्र किया गया है। कृषिशास्त्र के ज्ञान की दृष्टि से उक्त विवेचन उपकारक कहा जा सकता है।

---

1. म.भा. 59/113-115
2. चरकसंहिता-सूत्रस्थान 1/71
3. चरकसंहिता-सूत्रस्थान 27/8-10, 12, 15, 23-30, 119-120
4. सुश्रुतसंहिता-सूत्रस्थान 46/14-18, 21, 27

प्राचीन वृक्षायुर्वेद

वृक्ष-आरोग्य की चर्चा कृषिशास्त्र का महत्त्वपूर्ण विषय है। प्राचीनतम वृक्षायुर्वेद के के प्रणेता के रूप में **अग्निवेश** का नामोल्लेख प्राप्त होता है। यद्यपि यह ग्रन्थ उपलब्ध नहीं है तथापि प्राप्त उल्लेखों के अनुसार इसके 6 भाग थे-1. बीजोत्पत्तिकाण्ड,2. वनस्पतिकाण्ड, 3. वानस्पत्यकाण्ड, 4. वीरुधवल्लिकाकाण्ड, 5. गुल्मकाण्ड तथा 6. चिकित्सितकाण्ड। इसका रचनाकाल ज्ञात नहीं है।

अष्टाध्यायी तथा महाभाष्य

अष्टाध्यायी तथा महाभाष्य में प्राप्त शब्दों से ज्ञात होता है कि उस समय कृषि की पर्याप्त समृद्धि थी। कृषकों के पास सामान्यतः अनेक हल होते थे। एक हल निर्धनता का द्योतक समझा जाता था। बड़े हल **'हाल'** कहे जाते थे। विविध धान्यों के लिए तत्तद्गुणों वाले भूमिक्षेत्रों में कृषि की जाती थी। क्षेत्रों की माप-जोख के लिए 'काण्ड' मानप्रणाली प्रचलित थीं।[1] खेतों का विभाग दो-तीन काण्डों के परिमाण से किया जाता था। कृष्य भूमि को अनेक बार जोतने की परम्परा थी। कृष्यभूमि को **'सीत्य'** कहा जाता था। पाणिनि के काल में खननोपकरणों को आखान, आखन, आख, आखर, **आखनिक,** आखनि, कवक इत्यादि पदों से जाना जाता था।[2] खेतों में पके हुए धान्य को काटने के लिए **लवक** या 'कर्तक' नियुक्त किये जाते थे। अधिक धान्य उत्पन्न होने के कारण परिवार के सदस्य लावकों को पारिश्रमिक पर नियुक्त करते थे, ऐसा प्रतीत होता है। तदनन्तर यवादि धान्य को **खलभूमि** में ले जाकर मड़ाई की जाती थी। यह अवस्था 'पूयमानं' तथा 'पूतयन्' पदवाच्य थी। तुष को पृथक् करके पशुओं के आहार के लिए रखा जाता था।

पाणिनिकाल में वर्ष में तीन बार वपन होता था, जो 'आश्वयुज्य', **'ग्रैष्मक'** तथा 'वासन्तक' कहलाता था।[3] व्रीहि तथा शालि के क्षेत्र क्रमशः **'व्रैहेय'** तथा 'शालेय' कहे जाते थे। व्रीहि की कृषि वाप्य तथा शालि की कृषि **रोप्य** थी। महाभाष्य में अष्टाध्यायीसूत्रों के भाष्य के प्रसंग में तत्तत् कृषिविषयक तत्त्वों का उल्लेख प्राप्त होता है।

अर्थशास्त्र

'अर्थशास्त्र' अर्थ पुरुषार्थ का दिग्दर्शन कराने वाला अप्रतिम ग्रन्थ है, जिसमें राज्य व्यवस्था के अङ्ग[1] के रूप में कृषि-प्रबन्धन का विवेचन प्राप्त होता है। इसके रचयिता आचार्य कौटिल्य चन्द्रगुप्त मौर्य के राजनीतिक गुरु चाणक्य से अभिन्न स्वीकार किये जाते हैं।

1. काण्डात् क्षेत्रे (अष्टाध्यायी 4/1/23)
2. तत्रैव 3/3/125
3. अष्टाध्यायी 4/3/45-46

अर्थशास्त्र का रचनाकाल भी यद्यपि निश्चित रूप से निर्णीत नहीं है, तथापि भारत के राजनीतिक इतिहास के स्वर्णयुग में इसकी रचना हुई, इसमें सन्देह नहीं। 'अर्थशास्त्र' राज्यप्रबन्धन का निर्देश करता है। इस दृष्टि से 'जनपदनिवेश' के अन्तर्गत ग्रामनियोजन तथा कृष्यभूमि वितरण और प्रबन्धन इसके प्रमुख प्रतिपाद्य का अङ्ग है। 'अर्थशास्त्र' के अध्ययन से ज्ञात होता है कि उस समय **सीताध्यक्ष** कृषि की व्यवस्था करने वाला अधिकारी होता था। समाहर्ता विविध करों के साथ ही कृषि तथा पशु सम्बन्धी कर का आहरण करता था। कोष्ठागाराध्यक्ष कृषि से प्राप्त धान्य को संगृहीत करने की व्यवस्था करने के साथ ही लवण, इक्षु, अम्लद्रव आदि का भण्डारण, तुषभेद के पश्चात् धान्य के परिमाण का अनुमान, परिचारकों तथा गवादिपशुओं के आहारादि के परिमाण तथा गुणवत्ता का अवेक्षण करता था। पण्याध्यक्ष धान्यों तथा शाकों के विपणन की व्यवस्था देखता था तथा पुष्प, फल, वाट, सस्यादि के उत्पादन में विहित कराधान का निश्चय करता था। विवीताध्यक्ष गोचारण हेतु **विवीत** की रचना करता था तथा उसके लिए भूमि की व्यवस्था करता था। सामान्यतः ऊषरभूमि में विवीत (चरागाह) की रचना करके ऊषर का उर्वरीकरण भी किया जाता था तथा पशुचारण की व्यवस्था भी की जाती थी।

इस काल में कृषि न केवल राजप्रबन्धन के अधीन थी, अपितु व्यावसायिक समृद्धि का आधार भी थी। इस ग्रन्थ में अध्यक्षप्रचार अधिकरण के अन्तर्गत 'सीताध्यक्ष' प्रकरण में कृषिप्रबन्धन का विस्तृत विवेचन किया गया है। इस विवेचन से ज्ञात होता है कि कौटिल्य के समय कृषि प्रायः दो प्रकार से की जाती थी। या तो कृषक अपने साधनों से स्वयं कृषि करते थे अथवा सीताध्यक्ष राजकीय भूमि पर कृषि की व्यवस्था कर उसका अवेक्षण करता था।[1] वर्षा कृषि का मूल है। सिंचाई के कृत्रिम साधन भी वर्षाश्रित होते हैं। अतः अधिक, सामान्य तथा अल्प वर्षा वाले क्षेत्रों का ज्ञान कर, वर्षा के परिमाण का अनुमान किया जाता था। वर्षामापन के लिए 'कुण्डक' का प्रयोग किया जाता था। वर्षा को केन्द्र मानकर उससे पूर्व, मध्य तथा पश्चात् वाप्य धान्यों का निर्णय कर बीजों का वपन किया जाता था।[1] भूमिविभाग द्वारा यथानुकूल बीज बोकर सेचन आदि की पर्याप्त व्यवस्था की जाती थी। बीज संग्रह कृषक स्वयं करता था अथवा राजकीय भाण्डारों में संग्रह किया जाता था। सिंचाई के साधनों में सरोवर, कूप, **कुल्या** आदि प्रमुख थे। वर्षा के जल से सिंचाई के लिए वर्षानुमान हेतु एक हाथ चौड़े मुखवाले विशेष **कुण्डक** में भरे हुए वर्षा जल को सोलह द्रोण मानकर अनूप, साधारण तथा मरुभूमि में कृषि हेतु सिंचाई की व्यवस्था की जाती थी। मरुभूमि में सोलह द्रोण तथा अनूप भूमि में उसका आधा परिमाण जल सुकृषि के लिए पर्याप्त समझा जाता था।[2]

---

1. अर्थशास्त्र-जनपदनिवेशप्रचार अर्थशास्त्र 2/24
2. षोडशद्रोणं जाङ्गलानां वर्षप्रमाणमध्यर्धमनूपानाम्। (अर्थशास्त्र 2/24/6-7)

इसी प्रकार अश्मक, मालव राजस्थान आदि प्रान्तों में सिंचाई हेतु नदियों तथा नहरों के जल का प्रयोग किया जाता था।[1] अर्थशास्त्र में सेचनार्थ जल को **'कर्मोदक'** कहा गया हैं। प्राकृतिक तथा कृत्रिम सेचनजल को **'सहोदक'** तथा **'आहार्योदक'** कहा गया है। आहार्योदक के तीन भेद सेचनविधि के आधार पर किये गये हैं-हस्तप्रावर्तिम, स्कन्धप्रावर्तिम तथा स्रोतोयन्त्रप्रावर्तिम।[2] ऐसा प्रतीत होता है कि कृष्य क्षेत्र के परिमाण तथा सिंचाई के साधन की उपलब्धता के आधार पर ये विधियाँ प्रचलित थीं। कूपों से भी सिंचाई का उल्लेख अर्थशास्त्र में प्राप्त होता है। 20 हलों से कर्षण योग्य भूमि में एक कूप पर्याप्त समझा जाता था।[3]

कौटिल्य के समय **'अर्धसीतिक'** (अधिया) की भी व्यवस्था थी। जो कृषक स्वयं कृषि-कर्म में असमर्थ होते थे, वे सम्पूर्ण कृषिदायित्व किसी ऐसे व्यक्ति को देते थे, जो उपज का आधा भाग स्वामी को देता था। ऐसी स्थिति में यदि कोई राजा अथवा व्यक्तिगत स्तर पर भूस्वामी से प्राप्त भूमि पर कृषि नहीं करता था अथवा प्रमाद करता था, तो दण्ड का भागी होता था।[4] कृषि उस समय करयोग्य थी। सामान्यतः उपज का षष्ठ भाग कर रूप में राजा को देय होता था। किन्तु अनावृष्टि, अतिवृष्टि अथवा अन्य ईतियों के कारण यदि पर्याप्त फसल नहीं प्राप्त होती है तो करमुक्ति की व्यवस्था भी थी।

अर्थशास्त्र में कृषिसम्बन्धी विविध अपराधों तथा दण्डों का विस्तार से विवेचन प्राप्त होता है। विस्तार के भय से यहाँ सबका वर्णन नहीं है। ऊषर भूमि को **उर्वरा** बनाने के लिए कौटिल्य ने **मृगयावनों** की योजना, शष्पादि का वर्धन, विवीत (चरागाह) का निर्माण, उद्यानरचना आदि उपायों को **'भूच्छिद्रविधान'** नामक प्रकरण में पृथक् निर्दिष्ट किया है। कृषिशास्त्र का प्रबन्धपरक दृष्टि से उपदेश करने वाला अद्वितीय ग्रन्थ 'अर्थशास्त्र' है।

बृहत्संहिता

बृहत्संहिता यद्यपि ज्योतिषशास्त्र का ग्रन्थ है किन्तु कृषि का सम्बन्ध नक्षत्रों और वर्षा से होने के कारण कालप्रभाव के सम्यक् परिज्ञान की दृष्टि से बृहत्संहिता में कुछ अध्याय कृषिशास्त्र के सन्दर्भ में अत्यन्त उपादेय है। यह ग्रन्थ षष्ठ शताब्दी में विरचित माना जाता है तथा विक्रमादित्य के समय में उज्जयिनी में स्थित आचार्य **वराहमिहिर** की अद्भुत प्रतिभा का उदाहरण है। बृहत्सहिता के जो अध्याय कृषिशास्त्र से साक्षात् अथवा परम्परया सम्बद्ध हैं, उनमें गर्भलक्षणाध्याय, प्रवर्षणाध्याय, रोहिणी योग, स्वाती योग, सद्योवर्षण,

---

1. तत्रैव 2/24/7
2. अर्थशास्त्र-2/24/22-24
3. दशकुलीवाटं कूपः (अर्थशास्त्र 2/1)
4. तत्रैव 2/1/12-14

कुसुमलताध्याय, वृक्षायुर्वेदाध्याय, सस्यजातकाध्याय, द्रव्यनिश्चयाध्याय तथा दकार्गलाध्याय प्रमुख हैं। इनमें से प्रथम चार का साक्षात् सम्बन्ध वर्षा से है। कृषि एक कालापेक्षी तथा दैवनियन्त्रित कर्म है। अतः कृषक कालक्रम से अन्तरिक्षीय लक्षणों को देखकर यदि यह अनुमान कर ले कि कितने समय पश्चात् कितनी वर्षा होगी, तो कृषिसम्बन्धी योजना में सफलता की सम्भावना अधिक होगी। इस दृष्टि से वर्षा का बीज किन आकाशीय लक्षणों तथा जलवायवीय परिस्थितियों से लक्षित होता है, किस लक्षण से कितने दिन बाद वर्षा होती है-इत्यादि विषय गर्भलक्षण तथा प्रवर्षण नामक अध्याय में चर्चित हैं।[1] रोहिणी तथा स्वाती नक्षत्र काल की दृष्टि से कृषि को प्रभावित करने वाले कारक हैं। इसी प्रकार सद्योवर्षण के लक्षणों का पूर्वज्ञान **सस्यरक्षण**, वपन आदि की दृष्टि से उपयोगी है।[2]

कुसुमलताध्याय में विविध पुष्पों तथा लताओं की वृद्धि से विविध धान्यों की वृद्धि के ज्ञान का विवेचन किया गया है। सस्यजातकाध्याय में विविध सस्यों की उत्पत्ति तथा द्रव्यनिश्चयाध्याय में कृष्यादि द्रव्यों का निर्णय किया गया है।

'वृक्षायुर्वेद' नामक अध्याय में पादपों तथा वृक्षों का महत्त्व बतलाते हुए वृक्षारोपण विधि, **बीजसिद्धि**, **आरामनियोजन**, वृक्षों की सेचनविधि, वृक्षों की कायिक संरचना तथा तदाश्रित रोगों का निदान और उपचार, **उर्वरकयोग,** फलवृद्धि तथा पुष्पवृद्धि के उपाय, **ऋतुभिन्नकाल** में पुष्पफल-वृद्धि के उपाय आदि विषयों का विवेचन है। दकार्गलाध्याय में भूमिगत जलज्ञान के विविध उपायों का विस्तारपूर्वक विवेचन किया गया है। सर्वाधिक आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि भूगर्भीय **जलप्रवाहों** का जाल शरीरवत् महाशिरा तथा पूर्ववाहिनी, पश्चिमवाहिनी, इसीप्रकार सभी दिशाओं में प्रवाहित होनेवाली शिराओं का ज्ञान भूमि के ऊपर स्थित लक्षणों द्वारा निर्दिष्ट है। इन उपायों में दीमकों की बाँबी, वृक्षविशेष यथा-अर्जुन, जम्बू आदि की स्थिति, विविध वृक्षों की शाखाओं का झुकाव, भूमि पर प्रहार से उत्पन्न होने वाला **नाद** इत्यादि प्रमुख हैं। सिंचाई की दृष्टि से इस अध्याय का विशेष महत्त्व है।

उक्त विवरण से ज्ञात होता है कि वराहमिहिर के काल में कृषिप्रौद्योगिकी का पर्याप्त विकास था। विशेषतः उद्यानरचना तथा वृक्षारोपण में लोगों की अभिरुचि थी। कृषिशास्त्र में पारंगत विशेषज्ञों ने इस काल में नवीन युक्तियों का अनुसन्धान किया।

---

1. शुक्लपक्षमतिक्रम्य कार्तिकस्य विचारयेत्।
गर्भाणां सम्भवं सम्यक् सस्यसम्पत्तिकारकम्।।
(बृहत्संहिता-गर्भलक्षणाध्याय 6, 19, 22)

2. मेघाः स्निग्धाः संहताश्च प्रदक्षिणगतिक्रियाः।
तदा स्यान्महती वृष्टिः सर्वसस्याभिवृद्धये।।
(बृ. गर्भधारणाध्याय-8)

कोशसाहित्य में कृषिशास्त्रीय उल्लेख

कोश तथा व्याकरण लोकानुगत होते हैं। संस्कृत का कोश साहित्य अपनी विशिष्ट पद्धति के कारण ऐतिहासिक लेखन में सहायक होता है। हलायुध, मेदिनी, शब्दकल्पद्रुम, वाचस्पत्यम्, अमरकोश आदि संस्कृत के प्रमुख शब्दकोश हैं। अमरकोश शब्दों का वर्गीकरण एक निश्चित क्रम से करता है। इन वर्गों में कृषिशास्त्र की दृष्टि से भूमिवर्ग, वनौषधिवर्ग तथा वैश्यवर्ग महत्त्वपूर्ण हैं। भूमिवर्ग के अन्तर्गत कृष्य भूमिलक्षण[1], भूमिभेद[2], मृद्-भेद, कृष्यभूमि के प्रकार आदि उपदिष्ट हैं। वनौषधि वर्ग में उद्भिज्जों के भेद तथा लक्षण, पादपों के अवयव और वैश्यवर्ग में वृषभों के नाम तथा लक्षण[3], कृष्यादि कार्यों में उपयोग में लाए जाने वाले वृषभों की विशेषता, धान्यों के भेदोपभेद, धान्यभेद से क्षेत्रों के नाम, सस्य के वृद्धिगतस्तर, कृषि कर्म में प्रयुज्यमान विविध पारिभाषिक शब्द इत्यादि का नामोल्लेख प्राप्त होता है। **कर्षण** (जोताई) के लिए हल में वृषभों के गुण तथा अवस्थानुसार स्थान निर्धारित होता था। यथा पष्ठवाड्, युग्य, शाकट, हालिक, धूर्वह आदि।

इनके अतिरिक्त अन्य शास्त्रों तथा शास्त्रीय ग्रन्थों में प्रसंगवश अनेक कृषिविषयों का उल्लेख अस्फुट रूप से प्राप्त होता है। बौद्धजैनादि धर्मदर्शनपरक ग्रन्थों में भी कृषिशास्त्र की चर्चा है। बौद्धकाल में आर्थिक सम्पन्नता का मूल कृषि समझी जाती थी। लोग स्वयं कृषिकर्म में प्रवृत्त होते थे अथवा श्रमिकों तथा दासों की सहायता से कृषि करवाते थे। सिंचाई के लिए प्रजा सामूहिक स्तर पर **कुल्या** आदि का खनन करवाती थी। ग्रामीण कृषकों को ग्रामप्रमुख द्वारा कृष्युपकरणों आदि की प्राप्ति के लिए सहायता प्राप्त होती थी। अधिक समृद्ध कृषक **गृहपति** कहलाते थे। बौद्धकालीन कृषिव्यवस्था के उदाहरण जातक कथाओं में प्राप्त होते हैं।

बौद्ध साहित्य की भाँति जैन दर्शन के प्रमुख ग्रन्थों में भी प्रासंगिक रूप से कृषिचर्चा है। जैनधर्म आचारप्रधान धर्म रहा है जिसमें श्रावक तथा मुनियों के आचार का विवेचन किया गया है। इनमें श्रावकों के धर्म में कृषि भी अन्यतम है। जैन आदिपुराण में कृषि की गणना छः जीविका के साधनों के अन्तर्गत की गई है। जैनाचार्यों ने समस्त पदार्थजात को जीव तथा अजीव भेद से विभाजित कर जीव के षड्वर्गों में वनस्पति की गणना की है। इसमें भी वनस्पति के चार भेद कर सम्मूर्छिम वनस्पति के भेद कृषि की विधि के आधार पर हैं जिसके अनुसार जीवरूप बीजों में से कुछ **मूल** से उत्पन्न होते हैं, जैसे हरिद्रा। इक्षुवेत्रादि

---

1. क्षीयते धान्यैरत्र क्षेत्रम् अमरकोश-वैश्य वर्ग-12
2. अमरकोश में भूमि के 13 भेदों का उल्लेख हुआ है। प्रशस्ता, ऊषरा, स्थली या स्थल, कृत्रिमभूमि, मरुस्थल, अकृष्ट, नड्वल, हरित, कुमद्वत, पङ्किल, अनूप, शार्कर तथा सिकता अथवा सिकतिल।
3. अमरकोश वैश्य वर्ग 54-62 (उक्षा, भद्र, बलीवर्द, ऋषभ या वृषभ, अनड्वान्, सौरभेय, गौ इत्यादि)

काण्डरोप्य पादप पर्वबीज कहलाते हैं। पादप के अग्र भाग से उत्पन्न होने वाले कोरण्टक, मल्लिका आदि पुष्पकवर्ग **अग्रबीज** तथा कदली तथा पिण्डालु आदि पृथिवी के अन्दर कन्द के रूप में उत्पन्न होने वाले **कन्दबीज** कहलाते हैं। सल्लकी, पालभद्र आदि पादप के स्कन्ध भाग से उत्पन्न होने के कारण **स्कन्धबीज** कहे जाते हैं तथा यवगोधूमादि बीजोत्पन्न धान्य **बीजबीज** कहलाते हैं।[1]

उक्त ग्रन्थों के अतिरिक्त कुछ ग्रन्थ कृषितन्त्र पर ही लिखे गये जिनमें कृषिशास्त्र तथा **कृषितन्त्र** का परम्परागत विस्तृत विवेचन प्राप्त होता है। महाभारत[2] के एक प्रसंग के अनुसार सर्वप्रथम अर्थ पुरुषार्थ के अंगभूत कृषिशास्त्र का प्रणयन **विशालाक्ष** शिव ने किया था किन्तु यह ग्रन्थ उपलब्ध नहीं है। कृषिशास्त्र-विषयक उपलब्ध स्वतन्त्र ग्रन्थों का संक्षिप्त परिचय यहाँ प्रस्तुत है।

कृषिपराशर

पूर्व उल्लेख किया जा चुका है कि कृषि के पर्याय के रूप में **'पराशर'** शब्द प्रचलित था। पराशर नाम के ऋषि का उल्लेख ज्योतिष, धर्मशास्त्र तथा कृषिशास्त्र के वेत्ता और ग्रन्थकार के रूप में प्राप्त होता है। इनके नाम से 'बृहत्पराशरीयम्', 'पराशरस्मृति' तथा 'कृषिपराशर' प्रसिद्ध हैं। इन तीनों ग्रन्थों के रचयिता पराशर एक ही हैं अथवा भिन्न व्यक्ति, इनका स्थिति काल क्या है-इत्यादि विषयों में निश्चित प्रमाण नहीं प्राप्त होता। किन्तु कृषिशास्त्र पर कृषिपराशर नामक ग्रन्थ उपलब्ध है तथा तीन स्थानों से प्रकाशित हो चुका है, यह सौभाग्य का विषय है। एक संस्करण आचार्य रामचन्द्र पाण्डेय द्वारा सम्पादित तथा हिन्दी भाषा में अनूदित है, जिसका प्रकाशन चौखम्बा प्रकाशन से हुआ है। दूसरा संस्करण द्वारकाप्रसाद शास्त्री द्वारा सम्पादित तथा अनूदित है। इसका प्रकाशन भी चौखम्बा संस्कृत सीरीज में वाराणसी से हुआ है। तृतीय संस्करण एशियन एग्रीहिस्ट्री फाउण्डेशन नामक संस्था द्वारा हैदराबाद से द्वितीय बुलेटिन के रूप में प्रकाशित हुआ है जिसका अंग्रेजी भाषा में सटिप्पण अनुवाद प्रो. वाई.एल.नेने तथा प्रो. नलिनी सधाले ने किया है।

कृषिपराशर का रचनाकाल

यद्यपि कृषिपराशर का रचनाकाल निश्चित नहीं है, तथापि अन्तःसाक्ष्यों तथा बहिः साक्ष्यों के आधार पर विद्वानों ने इसके रचनाकाल का अनुमान किया है। इस क्रम में कुछ विद्वान् "कृषिपराशर" के लेखक पराशर का साम्य स्मृतिकार पराशर से स्थापित करते हैं, क्योंकि पराशर स्मृति में भी कृषिविषयक पर्याप्त निर्देश प्राप्त होते हैं। प्राचीनता के

---

1. मूलाचार
2. महाभारत-उद्योगपर्व 1/91

आधार पर कुछ विद्वान् प्रथम शताब्दी इसका रचनाकाल स्वीकार करते हैं। कुछ विषयवस्तु के आधार पर अष्टम शताब्दी 'कृषिपराशर' का रचनाकाल मानते हैं। इस ग्रन्थ में कृषि के ज्योतिष आधारों का विशेषतः वर्षा तथा कृषिकर्म के लिए अनुकूल नक्षत्र-विचार हैं। अतः यह रचना उसप्रकार की स्वीकार की जा सकती है, जब समाज में ज्योतिषविद्या का सम्मान पर्याप्त था। दूसरी ओर **निरुक्त** के आधार पर कृषिकोविदों के लिए पराशर 'नाम' प्रयुक्त किया जा सकता है।

सम्भव है कि पराशर ने पहले कृषिशास्त्र का उपदेश किया। कालान्तर में उसका संग्रह उन्हीं के नाम से किसी विद्वान् ने कर दिया। संस्कृत वाङ्मय के इतिहास में पंचम शताब्दी से द्वादश शताब्दी तक ज्योतिषशास्त्र विषयक प्रौढ़ ग्रन्थों की रचना हुई है। अतः कृषिविषयक काल तथा नक्षत्रगणना का प्रत्यायक यह ग्रन्थ इस काल से पूर्व लिखित हो सकता है। इसकी भाषा सरल तथा शैली बिना किसी वाग्जाल के अभिधावृत्ति से समन्वित है।

कृषिपराशर का प्रतिपाद्य

ग्रन्थ में सर्वप्रथम कृषि का महत्त्व प्रतिपादित करते हुए ग्रन्थकार ने इसके सम्बन्ध में बतलाया है कि कृषि ही व्यक्ति को भूपति अथवा भूस्वामी बनाती है। कृषि के ही कारण व्यक्ति किसी के समक्ष प्रार्थना (याचना) के लाघव से बचता है। इस प्रकार कृषि को यत्नपूर्वक करने तथा करवाने का निर्देश दिया है।[1] पराशर ने वृष्टि के महत्त्व को बतलाकर वृष्टिज्ञान की उपादेयता का प्रतिपादन किया है।[2] इस सन्दर्भ में **राजानयन, मेघानयन, जलाढक** निर्णय, पौषवृष्टिज्ञान, फाल्गुनवृष्टिज्ञान, चैत्रवृष्टिज्ञान, आषाढ़वृष्टि ज्ञान, सद्योवृष्टिज्ञान, गृहसंचारवृष्टिलक्षण तथा अनावृष्टिलक्षण का कथन किया गया है। इन प्रकरणों में जलवायु तथा बाह्य लक्षणों को देखकर वर्षा की स्थिति के ज्ञान का उद्देश्य कृषिकर्म का नियोजन प्रतीत होता है।

वाहनविधान के अन्तर्गत गोशाला की स्वच्छता तथा देखभाल एवं कृषिवाहन वृषभों के स्वास्थ्य तथा योजनविधि का वर्णन है।[3] इसी के साथ गोपर्व, गोयात्राप्रवेश तथा **गोमय-कूटोद्धार** की विधि बतलाई गई है।[4]

---

1. अन्नं हि धान्यसञ्जातं धान्यं कृष्या विना न च।
   तस्मात् सर्वं परित्यज्य कृषिं यत्नेन कारयेत्।। (कृषिपराशर)
2. वृष्टिमूला कृषिः सर्वा वृष्टिमूलं च जीवनम्। (तत्रैव-10)
3. गोशाला सुदृढा यस्य शुचिर्गोमयवर्जिता।
   तस्य वाहा विवर्धन्ते पोषणैरपि वर्जिताः।। (कृ.प. 87)
4. ईशा युगहलस्थाणुर्नियोलस्तस्य पाशिकाः।
   अड्डचल्लश्च शौलश्च पच्चनी च हलाष्टकम्।। (कृ.प.112)

हलसामग्री कथन के अन्तर्गत हल के आठ अवयवों-**ईशा**, युगहल, स्थाणु, **निर्योल**, **पाशिका**, अड्डचल्ल, शौल तथा पच्चनी एवं उनके मान आदि का उल्लेख है।[1] हल के अवयवों का ज्ञान कृषक को उपयोग तथा अनुरक्षण की दृष्टि से अवश्य होना चाहिये। हल प्रसारण के अन्तर्गत हलकर्षण के प्रशस्त काल तथा विधि का निर्देश है। तदनन्तर बीज-स्थापनविधि, बीजवपनविधि तथा मयकादान का निर्देश है। बीजस्थापन के प्रसंग में संगृहीत बीजों को धोकर, सुखाकर पोटली अथवा **वायुरोधी** पात्र में रखने का निर्देश है।[2] बीजों को तेल तथा अग्नि से दूर रखने का विधान बतलाया गया है।[3] बन्ध्या तथा रजस्वला स्त्री बीज का स्पर्श नहीं करे, यह विशेष पराशर ने बतलाया है। ततः बीजवपन की विधि तथा प्रशस्तकाल का निर्देश किया है।[4]

बीजवपन के पश्चात् **मयकादान** का विधान कहा गया है, जिसे ग्रामीण अंचलों में 'पाटा चलाना' के नाम से जानते हैं। **वृक्षारोपण** के नियमों का उल्लेख भी इस ग्रन्थ में प्राप्त होता है। सस्य के वृद्धिकाल में **धान्यकट्टन** तथा धान्य के निस्तृणीकरण की आवश्यकता को बतलाया गया है। सस्यवृद्धि के लिए ये दोनों क्रियाएँ महत्त्वपूर्ण हैं। धान्यकट्टन (खोटना) द्वारा सस्य की कायवृद्धि होती है तथा **निस्तृणीकरण** द्वारा पोषण तथा आहार का उपयोग सस्य करता है, क्योंकि स्वयंप्ररुढ़ तृणादि के कारण वह नहीं कर पाता जो कृष्य सस्य के लिए आवश्यक होता है।

सस्य के पाकाभिमुख होने पर **भाद्रजलमोक्षण** तथा **धान्यव्याधिखण्डन** मन्त्र का विधान बतलाया गया है। इस क्रिया का उद्देश्य क्षेत्ररक्षण है। सिंचाई के लिए जलरक्षण की विधि भी उक्त है। मार्गशीर्ष मास में सस्य से मुष्टिग्रहण तथा मेधिरोपण का विधान किया गया है। तदनन्तर पौष मास में **पुष्ययात्रा,** आढकलक्षण और धान्यस्थापन का विवेचन है। **मुष्टिग्रहण,** मेधिरोपण तथा पुष्ययात्रा का सांस्कृतिक महत्त्व भी है। **मेधिरोपण** द्वारा लहलहाते सस्य से भरे खेतों की अनपेक्षित चोर आदि तथा पशुपक्षियों से रक्षा की जाती है। यह एक मनोवैज्ञानिक उपाय है। **आढकलक्षण** में धान्यपरिमाण में वृद्धि के अनुमान

---

1. पञ्चहस्ता भवेदीशा स्थाणुः पञ्चवितस्तकः। सार्द्धहस्तस्तु निर्योलो युगं कर्णसमानकम्।।
निर्योलः पाशिका चैव अड्डचल्लस्तथैव च। द्वादशाङ्गुलमानौ तौ शौलोऽरत्निप्रमाणकः।।
सार्द्धद्वादशमुष्टिर्वा कार्या वा नवमुष्टिका। दृढा पच्चनिका ज्ञेया लौहाग्रा वंशसम्भवा।।
(कृ.प. 113-115)
2. कृ.प. 157
3. घृतं तैलं च तक्रं च प्रदीपं लवणं तथा।
बीजोपरि भ्रमेणापि कृषको नैव कारयेत्।। (कृ.प. 164)
4. कृषिपराशर में रोपण तथा वपन विधियों का उल्लेख करते हुए वपन को सस्य के स्वास्थ्य के लिए उत्तम माना गया है-वपनं रोपणं चैव बीजं स्यादुभयात्मकम्। वपनं रोग-निर्मुक्तं रोपणं सगदं तथा।। (कृ.प. 184)

के लिए विशेष विधि का कथन किया गया है। पराशर निरन्तर कृषि देखरेख आवश्यक मानते हैं।[1] अन्त में धान्यस्थापन की पद्धति का उल्लेख है।

कृषिपराशर में इस प्रकार सामान्य कृषिक्रम का विवेचन है, जो कृषकों के व्यावहारिक ज्ञान के लिए अत्यन्त उपयोगी है। इन निर्देशों को कृषकों ने परम्परागत रूप में अंगीकार कर प्रभूत सस्योत्पादन का मन्त्र प्राप्त किया होगा, इसमें सन्देह नहीं है। आज भी ग्रामीण कृषक जो नयी, वैज्ञानिक तकनीकी शिक्षा से दूर हैं, उन्हें नक्षत्रों तथा मेघ, वायु आदि की स्थिति को देखकर वर्षा के अनुमान की समझ हो जाती है। अतः कृषितन्त्र के शास्त्रीय-चिन्तन में इस ग्रन्थ का अभूतपूर्व योग है। प्रत्येक कृषिकर्म के लिए प्रशस्य नक्षत्र तथा काल का निर्देश भी पराशर ने किया है।[2]

काश्यपीय कृषिसूक्ति

काश्यपीय कृषिसूक्ति (सूक्त?) कृषिशास्त्र का नियोजनबद्ध उपदेश करने वाला द्वितीय महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। कृषिपराशर की भाँति ही इस ग्रन्थ का भी रचनाकाल निश्चित नहीं है। यह ग्रन्थ काश्यपऋषि द्वारा प्रोक्त है, लिखित नहीं क्योंकि ग्रन्थ के आरम्भ में इसप्रकार का उल्लेख है।[3] विस्मृति के गर्भ में निमग्न इस ग्रन्थ का मुद्रण तथा प्रकाशन ऐशियन एग्रीहिस्ट्री फाउण्डेशन नामक शोधसंस्था में महाप्रयत्न पूर्वक 2002 ई. में किया। इसके अंग्रेजी भाषा में अनुवाद का कार्य श्री एस.एम. अयाचित ने किया है। उनका अनुमान है कि काश्यपीय कृषिसूक्ति के प्रोक्ता काश्यप का सम्बन्ध मनु के अनुयायी भृगु काश्यप से है।[4] विदेशी विद्वान् जी. बोन्टिल्ल इस ग्रन्थ का तथा उसके रचनाकार का सम्बन्ध **वैखानस शाखा** से स्थापित करते हैं।[5] किन्तु वैखानसशाखा वानप्रस्थाश्रम से सम्बद्ध है, यह कुछ विद्वानों का नाम है जिसके प्रवर्तक विखनस ऋषि माने गए हैं। जबकि कृषिकर्म वानप्रस्थियों से सम्बद्ध न होकर गृहस्थों से सम्बद्ध है। डॉ. नलिनी शधाले ने **काश्यपीय कृषिसूक्ति** के रचयिता का सम्बन्ध काश्यप धर्मसूत्रकार से सम्भावित माना है। कृषिपराशर की भाँति ही यह भी एक संग्रहग्रन्थ है, किन्तु इसमें ज्योतिष-तत्त्वों के स्थान पर कृषिक्रम तथा देशाचार का विशेष विचार किया गया है। इसका रचनाकाल अष्टम शताब्दी स्वीकार किया गया है।

---

1. देखरेख से कृषि स्वर्ण फल देने वाली होती है तथा उपेक्षा करने पर दीनता देने वाली होती है- फलत्यवेक्षिता स्वर्णं दैन्यं सैवानवेक्षिता। कृषिः कृषिपुराणज्ञः इत्युवाच पराशरः।। (कृ.प. 79)
2. कृषिपराशर 25, 65-70, 121-124, 127, 168, 170, 171, 175, 185-186, 241-242
3. तत्र शाखोपदेशक्रमः-काश्यप उपदिशति (काश्यपीयकृषिसूक्ति-पृ.1)
4. तत्रैव Translator's Preface
5. तत्रैव Commentary by Malini Sadhale पृ. 123

काश्यप ने पदे-पदे राजसाहाय्य तथा ग्रामीणों व कृषकों के परस्पर सहयोग की चर्चा की है। इससे प्रतीत होता है कि यह उस काल की रचना है जब कृषि राजनियन्त्रित थी। ग्रामीणों में परस्पर सौमनस्य था। यह ग्रन्थ कश्मीर, बंग, नेपाल, पांचाल, कोसल, कुरु, विराट्, अवन्ती, मालव, शक, सिन्धु, सौवीर, शूरसेन, चेदि, कोङ्कण, आन्ध्र आदि प्रदेशों के देशाचार को कृषिपरम्परा में प्रमुख इंगित करता है।[1]

ग्रन्थ का परिचय

काश्यपीय कृषिसूक्ति में कुल 4 भाग हैं। इनमें प्रथमतः 'धान्यकृषिक्रमकथन' के अन्तर्गत शास्त्रोपदेशक्रम, गिरिनदी-वनसारक्षेत्रादिभेद से सस्यार्ह भूमि का विभाजन, भूमि पर **जलाधारस्थापन**, नदीमातृककुल्याकूपादिक्रम, कृषीबलों तथा ग्रामीण श्रमिकों (कार्यकर) के गुणलक्षण, कृष्यार्ह द्रव्यसंग्रह, लाङ्गलपूजाक्रम तथा उसमें वृषभराज-पूजाक्रम, संग्रहतया गोवृषभलक्षण, सस्यार्हकालपरीक्षाक्रम, नानाविधबीजसंग्रहणक्रम, बीजवापार्थ भूकर्षणक्रम, विविधद्रव्यप्राप्त्यर्थ कृषिक्रमादि का वर्णन किया गया है।

द्वितीय, तृतीय तथा चतुर्थ भाग में **शाकादिकृषिक्रमकथन,** भोज्याभोज्यक्रमकथन तथा विविधहव्यनिवेदनक्रमकथन का विवेचन है।

काश्यपोक्त कृषि-प्रयोजन तथा विधि

कश्यप ने कृषि को देवयज्ञ, भूतयज्ञ तथा ऋषियज्ञादि के लिए आवश्यक मानकर इसका राजदायित्व स्वीकार किया है। उनके अनुसार कृषि से प्राप्त सस्य मेदिनी का ही सार है। **विष्णुपत्नी** मेदिनी सर्वविध सस्यों द्वारा प्रजा का पोषण करती है। अतः राजा को कृषियोग्य स्थली का विभाजन कर अस्थिपाषाण-खण्डों से हीन, मृदु मृत्तिकावाली, स्निग्ध, कुछ रक्तकृष्ण, तुषकाचरहित, जलसंसाधनों से युक्त भूमि को कृषि हेतु प्रयुक्त करना चाहिए। इसप्रकार उत्तम तथा मध्यम भूमि में लक्षणों के अनुसार कृष्य, उद्यानयोग्य, वन योग्य, जलाधारयोग्य, भूमियों का विभाग कर[2] राजा को **जलाधारों** की व्यवस्था करनी चाहिये।

कृषिकार्यों के लिए काश्यप ने नदीमातृक, ह्रदाश्रित, जलाशयाश्रित तथा पर्वत-पार्श्ववर्तिनी भूमि कही है। कुल्यानिर्माण[3] तथा वापी-कूप आदि निर्माण की विधि कृषिक्रम

1. काश्मीरदेश्यके बंगदेश्ये नेपालदेश्यके। पांचालकोसलकुरुविराटावन्त्यभूमिके।।
मालवे शकदेश्ये वा सिन्धुसौवीरभूमिषु। शूरसेनावन्तिचेदिकोङ्कणान्ध्रादि भूमिषु।।
यदा यदा वृष्टिपातस्तदा शस्ता कृषिक्रिया। (काश्यपीय कृषिसूक्ति 324-326)
2. तामेतां वसुधां कृत्स्नां कृषियोग्यस्थलोज्ज्वलाम्। नानादेशेषु विभजेन्-नानाकारां महीपतिः।
(काश्यपीयकृषिसूक्ति 1/36)
3. यत्र सस्यक्षितेः कुल्या जलाधारोऽपि वा क्वचित्। न कल्पिता वा न स्थाप्या सततोदकपूरिता।।
तत्र कुल्या नदीमातृमुखा स्थाप्येति निश्चिता। तच्चतुर्विधमाख्यातं कृषिपद्धतिकोविदैः।। (तत्रैव 111-112)

से पूर्व ही बतलाई है।[1] कृषिकार्यों में भूपालों, क्षत्रियों तथा धनिकों द्वारा साहाय्य, धर्म, यश तथा आयुष्य प्रदान करने वाला होता है। अतः काश्यप ने कृषिसूक्ति में अत्यन्त विस्तारपूर्वक ग्रामयोजना तथा **कृषियुक्ति** के प्रवर्तक ग्रामाधिपति की नियुक्ति की व्यवस्था बतलाई है। यथा-योग्य चारों वर्णों के लोगों की भागर्हता के काश्यप पक्षधर हैं। कृषिसूक्ति के अध्ययन से ज्ञात होता है कि उस समय तक कृषिकर्म में वैदिक परम्परा का निर्वाह किया जाता था।[2] कर्षण से पूर्व वृषभपूजा तथा लाङ्गलपूजा प्रचलित थी। भद्रक लक्षण वाले वृषभों से युक्त लाङ्गलों से प्रशस्त मुहूर्त में सर्वप्रथम ईशान कोण में कर्षण शुभ माना जाता था। कहीं-कहीं आग्नेय अथवा वायव्य कोण में भी कर्षण की परम्परा थी।[3]

नानाविध धान्य, शाक, वृक्ष, पुष्प आदि की सामान्य तथा विशेष कृषिविधि का काश्यप ने देशाचार परक तथा युक्तिपरक उपदेश किया है। शालि आदि धान्यों की कृषिविधि कोसलादि देशों के परम्परानुसार वर्णित है।[4] अरहर (**आढक**), माष, मुद्ग आदि की कृषिपद्धति शालि से भिन्न थी। व्रीहि के क्षेत्र में व्रीहि कट जाने पर माषादि की फसलें उत्पादित की जाती थीं।[5] यह परम्परा देशाचार अथवा कृष्य भूमि तथा वापकाल के अनुसार निश्चित होती थी।[6] इसीप्रकार इक्षु, कदली, पिचु, लकुच आदि की कृषियुक्ति वर्णित है।

काश्यप ने चतुर्विध भोज्यद्रव्यों का उल्लेख कर तण्डुलद्रव्य, सूपद्रव्य तथा शाक-द्रव्य की कृषिविधि का विवेचन करते हुए विविध शाकों को तत्तद्रीति के अनुसार उगाने के लिए देशाचार तथा ऋतु को महत्त्वपूर्ण माना है।[7]

इसप्रकार काश्यप ने कृषिकर्म को **'सर्वकार्येषूत्तमं तु कृषिकर्म प्रशस्यते'** कहकर यथाकाल, यथाचार कृषि करने तथा करद्रव्यादि देकर राष्ट्रक्षेम के लिए वर्णाश्रम में स्थित सभी जनों को निरत रहने का सन्देश दिया है।[8]

ग्रन्थ के तृतीय भाग में भोज्याभोज्य पदार्थों का भी विस्तारपूर्वक विवेचन किया गया है। विविध हव्य द्रव्यों के लिए भी कृषि की उपादेयता काश्यप ने सम्यक् प्रतिपादित की है।[9] इसे कृषिशास्त्र का एक परिपूर्ण ग्रन्थ कहा जा सकता है जिसमें कुल 857 श्लोक है प्रतिभाग में श्लोक संख्या क्रमशः 606, 179, 42 तथा 30 है।

---

1. क्षुद्रकूपं च कूपं च महाकूपं च वापिकाम्। चतुरस्रं मण्डलं वा दीर्घाकारमथापि वा।। (काश्यपीय कृषि सूक्ति 149)
2. तत्रैव 208-215
3. तत्रैव 262-264, 274
4. कोसलादिषु देशेषु नदीसलिलपूरिते। सस्यक्षेत्रसमूहे तु शाल्यादिकृषिरुत्तमा।। (तत्रैव 428)
5. व्रीहिक्षेत्रेषु माषादिबीजावापः क्वचित्स्थले। फलप्रदश्च निर्दिष्टः शास्त्रेऽस्मिन्नपि काश्यपे।। (तत्रैव-541)
6. तत्रैव 542
7. देशाचारं क्रमप्राप्तमृतुयोग्यां कृषिक्रियाम्। कलयेयुः भोज्यखाद्यस्वाद्यादिसुखहेतवे।।
8. का.कृ. शाकादिकृषिक्रमकथनम्-54, तत्रैव 175, 179
9. तत्रैव-विविधहव्यद्रव्यनिवेदनक्रमकथनम् 25

वृक्षायुर्वेद

सुरपाल विरचित वृक्षायुर्वेद पादप-चिकित्साविषयक स्वतन्त्र ग्रन्थ है। इसका रचनाकाल निश्चित नहीं है। विद्वान् अनेक साक्ष्यों द्वारा इस ग्रन्थ का रचनाकाल अनुमानित करते हैं। दासगुप्त तथा डे **सुरपाल** का समय सप्तम शताब्दी से पूर्व स्वीकार करते हैं तथा प्रमाण के रूप में सुबन्धुकृत वासवदत्ता में प्राप्त सुरपाल का नामोल्लेख होना मानते हैं। **वृक्षायुर्वेद** के रचयिता के रूप में परम्परा से सुरपाल का नाम प्रचलित था। यह ग्रन्थ बहुत समय से विलुप्त था। केवल उसका उल्लेख प्राचीन आयुर्वेद के इतिहास में प्राप्त होता था। कुछ वर्ष पूर्व 'एशियन एग्रीहिस्ट्री फाउण्डेशन' नामक शोधसंस्थान के अध्यक्ष डॉ. वाई.एल. नेने ने आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के बोडलिएन ग्रन्थालय से सुरपाल के वृक्षायुर्वेद की प्राचीन हस्तलिपि प्राप्त की[1] जिसकी लिपि प्राचीन देवनागरी है। यह वर्तमान नागरी लिपि से पूर्व की अवस्था प्रतीत होती है। इसका प्रकाशन फाउण्डेशन ने अपने प्रथम बुलेटिन के रूप में 1996 ई. में करवाया। इसका अंग्रेजी अनुवाद सुश्री नलिनी सधाले ने किया है।

वराहमिहिर की बृहत्संहिता तथा शार्ङ्गधर पद्धति के अध्यायभूत **'उपवनविनोद'** से तुलना कर कुछ विद्वान् वृक्षायुर्वेद का रचनाकाल सप्तम, दशम, एकादश अथवा चतुर्दश शताब्दी मानते हैं। यद्यपि निश्चित रूप से इसका काल-निर्णय नहीं किया जा सकता, तथापि यह निश्चित है कि यह उस काल की रचना है, जब उद्यानशास्त्र सुविकसित अवस्था में था। यह वृक्षायुर्वेद-विषयक पूर्ण ग्रन्थ है जिसमें आरामरचना तथा **पादप-स्वास्थ्य** विषयक अधिकतम सामग्री उपलब्ध है।

सुरपाल की प्रसिद्धि भीमपाल नामक किसी राजा के राजवैद्य के रूप में थी, जिनके पिता त्रिलोचनपाल नाम से प्रसिद्ध थे। संयोगवश भीमपाल नामक दो राजाओं का उल्लेख इतिहास में प्राप्त होता है तथा दोनों का समय एकादश शताब्दी है। अतः सुरपाल का स्थितिकाल एकादश शताब्दी स्वीकार किया जा सकता है।[2] सुरपाल **'सिद्धयोग'** नामक अपने ग्रन्थ के लिए विश्रुत थे, ऐसा ज्ञात होता है। सिद्धयोग आयुर्वेद का ग्रन्थ है। इससे अनुमान किया जाता है कि सुरपाल मूलतः वैद्य थे तथा अपने समय में सुप्रसिद्ध थे। वृक्षायुर्वेद कृषिशास्त्र की शाखा के रूप में **आरामरचनाशास्त्र** का उपदेश करने वाला ग्रन्थ है। प्राप्त हस्तलिपि से ज्ञात होता है कि पराशर तथा कश्यप की भाँति शास्त्रोपदेशक न होकर सुरपाल ग्रन्थ के रचयिता थे।

ग्रन्थपरिचय

वृक्षायुर्वेद में परम्परागत रीति से इष्टदेव गणेश को नमनकर सर्वप्रथम श्लेषात्मक शैली में कहा गया है कि जिसके गृहों में विशाल तथा असंख्य आराम हैं वही पृथिवीपति

1. वृक्षायुर्वेद पृ. 36
2. वृक्षायुर्वेद पृ. 38

(राजा अथवा गृहपति) है। राजा के लिए विविध **क्रीडाराम**, विविध वृक्षों के उपवन तथा वनों का निर्माण आवश्यक बतलाते हुए वपनविधि बीज, काण्ड तथा कन्द द्वारा बतलाई है।[1] वृक्षों का महत्त्व धर्म तथा अर्थ के लिए बतलाकर आवास के समीप आरोपित वृक्षों के गुण-दोषों का उल्लेख किया गया है। सम्पूर्ण ग्रन्थ में कुल 325 श्लोको में भूमि, वपनविधि, वृक्षारोपणविधि, **वृक्षपोषण,** वृक्षरोग तथा उनके उपचार, विलक्षण वृद्धिकर अनेक योग, क्रीडोद्यानरचना, **भूमिगतजलसंसाधन** इत्यादि विषयों का विवेचन है।

सुरपाल ने परम्परागत रूप से ही जाङ्गल, अनूप तथा सामान्य भूमियों का विभाग तथा वर्ण एवं रस के आधार पर उसके प्रकार बतलाए हैं। वर्ण के आधार पर असित, विपाण्डु, श्वेत, श्याम, लोहित, सित तथा पीत ये सात भेद हैं। रस के आधार पर मधुर, अम्ल, लवण, तिक्तु, कटु तथा कषाय, छः भेद किए गये हैं।[2] वृक्षारोपण के लिए विषम, पाषाण, वल्मीक, बिलयुक्त, ऊषर आदि विकारों वाली भूमि हितकर नहीं होती। अपितु शुभलक्षणों वाली साधारण भूमि में सभी वृक्ष प्ररूढ होते हैं। भूमिनिर्णय के अनन्तर पादपरूढ़ जातियों का कथन किया गया है। इनमें लगभग 240 पादपों का नामोल्लेख है। ये पुष्प, फल, शाक, औषधि आदि के लिए उपयोगी हैं। वृक्षपोषण के लिए उर्वरक के रूप में **'कुणप'** नामक योग का वर्णन 'वृक्षायुर्वेद' में प्राप्त होता है। यह वराहविट्, वसा, मांस, मज्जा, अस्थि तथा शोणित द्वारा निर्मित जल होता है। इसके निर्माण की विशेषविधि कही गयी है।

कुणपनिर्माणविधि

तुरंग, शूकर, मत्स्य, मेष, छागल तथा शृङ्गी के मेद, मज्जा तथा पल को यथेष्ट परिमाण में एकत्र कर एक साथ मिलाकर उबाल लिया जाये। इस द्रव्य को किसी चिकने बर्तन में रख कर उसमें तिल की खली पीस कर तथा मधु मिलाया जाए। पुनः भीगे हुए उड़द तथा घृत मिलाकर एक-एक भाण्ड में कोष्ठस्थान में रख दिया जाये। इसप्रकार निर्मित कुणपजल से सींचने से वृक्षों में प्रचुर पुष्पसमृद्धि होती है।[3] सुरपाल के मत में **कुणपसेचन** की परम्परा बहुत काल से प्रचलित थी।[4]

---

1. बीजात्काण्डात्तथा कन्दाद्वपनं त्रिविधं मतम् (वृक्षायुर्वेद 45)
2. तत्रैव 35-36
3. वराहविड्वसामांसमज्जामस्थिक्तशोणिताम्। वक्षस्थं सजलं भूमौ कुणपं परिकीर्तितम्।। (तत्रैव 101)
   तुरङ्गशूकमत्स्यानां मेषछागशृंगिणाम्। सङ्ग्राह्य हि यथालाभं मेदोमज्जापलं तथा।।
   तान्सर्वानेकतः कृत्वा वह्नौ नीरेण पाचयेत्। सम्यक् पलासु निक्षिप्य भाण्डे स्निग्धे निधापयेत्।।
   चूर्णीकृत्य खलिर्देया तिलानां माक्षिकं तथा। स्विन्नांश्च माषांस्तत्र दद्याद् घृतं ततः।। (तदैव 102-104)
4. कुणपस्तु भवेदेवं तरूणां पुष्पकारकः।
   संमतेन मयाख्यातं यथोक्तमृषिभिः पुरा।। (तदैव 106)

वृक्षरोग तथा उपचार

वृक्षायुर्वेद का मुख्य विषय वृक्षों में सम्भाव्य रोगों तथा उनके उपचार की विधियों का निर्देश करना है। इस दृष्टि से वनस्पति को उद्भिज्ज जीवशरीर के अन्तर्गत स्वीकार किया गया है। सुरपाल ने आयुर्वेदसिद्धान्त के अनुसार ही **पादपशरीर** को कफ-पित्त-वात के त्रिध ातुमय सङ्घटन के रूप में परिभाषित कर वृक्ष के सर्वविध स्वास्थ्य के लिए सम्भाव्य रोगों तथा उनके उपचार का विस्तृत विवेचन वृक्षायुर्वेद में किया है। उनके अनुसार पादपों में बाह्य तथा आन्तर रोग हो सकते हैं। बाह्यरोग कीटादि, शीत ऋतु आदि के कारण होते हैं तथा आन्तर रोग वातपित्तकफजन्य विकार के कारण होते हैं।[1] तीनों प्रकार के रोगों के लक्षण बतलाकर उनके उपचारों का निर्देश है। वातज रोगों के लिए सामान्यतः मांस, मेद, वसा तथा घृत अथवा कुणपजल से सेचन को हितकर बतलाया गया है।[2] कफजन्य रोगों के लिए कषाय, कटु तथा तीक्ष्ण पंचमूल के क्वाथ से सुरभित जल से सेक लाभकर है।[3] श्रीफल, सर्वतोभद्र, पाटल, मणिकारिका तथा श्योनक ये पंचमूल कहे गये हैं। पित्तजन्य रोगों के लिए सामान्यतः शीतल तथा मधुर द्रव्यों द्वारा सेक हितकर बतलाया गया है।[4] इसके अतिरिक्त अन्य उपाय भी कहे गए हैं।

वृक्षायुर्वेद का सबसे महत्त्वपूर्ण दाय सब ऋतुओं में सर्वविध पुष्पफल आदि प्राप्त करने के उपाय हैं। लगभग सत्तर श्लोकों (223 से 292 तक) में इस प्रकार के योगों का उल्लेख है। ऐसा प्रतीत होता है कि सुरपाल के काल में कृषि, विशेषतः उद्यान तथा पादप का विज्ञान केवल परम्पराश्रित न होकर अनुसन्धान का विषय था तथा शास्त्रीय रीति से नानाविध प्रयोग किये जाते थे। इस शास्त्र को शिक्षा तथा व्यवसाय के रूप में ग्रहण किया जाता होगा।

क्रीडोद्यान तथा उनके अवेक्षण के विषय में आठ श्लोक में विलक्षण उपाय बतलाये गए हैं। गृहवाटिका को **अतिमुक्तक** के स्थूलप्रतानों द्वारा सूर्य की तीक्ष्ण किरणों से बचाने का परामर्श दिया गया है।[5] क्रीडोद्यान के मध्य तड़ाग तथा कूप का निर्माण एवं उस जल को निरन्तर शुद्ध तथा स्फटिकवत् स्वच्छ रखने के उपाय भी कहे गये हैं। कूपादि के खनन के लिए उपयुक्त भूमि का चयन करने के लिये जलार्गल का भी उल्लेख इस ग्रन्थ में प्राप्त होता है। अन्त में स्वयंप्ररूढ़ वृक्षों के चिह्न द्वारा विविध धान्यों के उपयुक्त भूमि का उल्लेख

---

1. तत्र वातात्कफात्पित्ताच्छरीराणां समुद्भवाः। आगन्तूनां समुत्पत्तिः कीटशीतादिभिर्भवेत्।। (वृक्षायुर्वेद 166)
2. जयेद्वातभवान् रोगान्मांसमेदोवसाघृतैः। सेकः कुणपतोयैश्च सर्ववातविकारनुत्।। (तत्रैव 185)
3. कषायैः कटुकैः तीक्ष्णै रोगान् कफकृतान् जयेत्। पंचमूलतैः क्वाथैः सुरभीसलिलेन च।। (तत्रैव 186)
4. वृक्षायुर्वेद 190
5. वृक्षायुर्वेद 293

है। यथा-न्यग्रोध वृक्ष की पार्श्ववर्ती भूमि यव की फसल के लिए उपयुक्त होती है। इसी प्रकार तिन्दुक वृक्ष के निकट षष्टिक धान की कृषि उत्तम परिणाम देती है।[1]

इस वृक्षायुर्वेद के अध्ययन से तत्कालीन अतिविकसित कृषिशास्त्र का अनुमान होता है। इतना महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ शताब्दियों तक विलुप्त रहा, यह आश्चर्य का विषय है। सम्भवतः अन्य ग्रन्थों की रचना भी हुई हो, जो काल के प्रभाव से अप्राप्य हो गये हैं।

प्रसङ्गतः कृषिशास्त्र के प्रतिपादक ग्रन्थ

वृक्षायुर्वेद के पश्चात् अभी कृषि अथवा उद्यानशास्त्र पर तक स्वतन्त्र ग्रन्थ नहीं प्राप्त हुआ है। एकादश शताब्दी के पश्चात् ही भारत की सामाजिक तथा राजनीतिक दशा विदेशियों के आक्रमण से प्रभावित हुई। धार्मिक क्षेत्र में भी उथल-पुथल का वातावरण था। जातिगत व्यवसाय प्रचलित हो गये थे। राज्य की अर्थव्यवस्था पर राजा का पूर्ण नियन्त्रण था। सम्भवतः इन परिस्थितियों तथा देशपरम्परा द्वारा कृषिपद्धति प्रभावित होने के कारण पृथक् ग्रन्थों की आवश्यकता का अनुभव नहीं किया गया। किन्तु इसका तात्पर्य यह नहीं है कि कृषि का विकास अवरुद्ध हो गया था। अनेक ग्रन्थों में प्रसंगवश किसी अध्याय को कृषिशास्त्र के लिए समर्पित किया गया अथवा पूर्वप्रचलित कृषिपद्धति का कथन किया गया। ऐसे ग्रन्थों का विवरण प्रस्तुत है।

कृत्यकल्पतरु

यह ग्रन्थ लेखकीय भावना के अनुसार समाज में मान्य कृत्यों का कल्पवृक्ष है जिसमें चतुर्दश काण्ड हैं। इसके रचयिता **लक्ष्मीधर** कन्नौज राज्य के न्यायाधीश थे। इस ग्रन्थ का रचना काल द्वादश शताब्दी स्वीकार किया जाता है। चतुर्दश काण्डों में से एक कृषिविषयक काण्ड है। यह विस्तृत ग्रन्थ है।[2]

उपवनविनोद

कृत्यकल्पतरु की ही भाँति शार्ङ्गधर विरचित शार्ङ्गधरपद्धति एक विशाल ग्रन्थ है। इसका रचनाकाल द्वादश अथवा त्रयोदश शताब्दी माना जाता है। यह मूलतः आयुर्वेदविषयक ग्रन्थ है। **उपवनविनोद** इसका एक अध्याय है जो अपने परिमाण तथा विषयवस्तु के कारण स्वतन्त्र ग्रन्थ के समान ही महत्त्वपूर्ण है। इसका मुख्य विषय उपवनरचना कृषिशास्त्र का

---

1. न्यग्रोधेन तु यवकास्तिन्दुकवृक्षाच्च षष्टिका भवेत्। अश्वत्थेन च विज्ञेया निष्पत्तिः सर्वसस्यानाम्।। (वृक्षायुर्वेद 320)
2. संस्कृतवाङ्मयकोश-परिभाषाखण्ड

ही अङ्गभूत है। इसमें मृद्विवेक, वृक्षरोपण, पादपसंवर्धन, पादपरोग तथा उपचार, भूगर्भीय जलसंसाधन इत्यादि विषयों का प्रतिपादन किया गया है। प्रतिपाद्य विषय तथा उसके संयोजन की दृष्टि से यह सुरपालकृत वृक्षायुर्वेद की ही परम्परा में लिखा गया प्रतीत होता है। दोनों में अनेक विषयों में पर्याप्त साम्य दृष्टिगत होता है।

मृद्विवेक के अन्तर्गत जाङ्गल, **अनूप** तथा सामान्य भूमि का विभाग कर पुनः वर्णरस भेद से षोढा मृत्तिका इसमें बतलाई गई है।[1] सभी प्रकार के वृक्षों के प्ररोह के लिए सामान्य भूमि सर्वोत्तम कही गई है-

न जाङ्गला नवानूपा भूमिः साधारणी मता।
तस्यां सर्वेऽपि तरवः प्ररोहन्ति न संशयः।।[2]

उपवनविनोद में **पादपप्रजाति** के चार भेद-वनस्पति, द्रुम, लता तथा गुल्म कहे गये हैं। इनके जन्म के हेतु बीज, काण्ड तथा कन्द कहे गए हैं। उप्त बीजों के सम्यक् प्ररोहार्थ सेचन-विधि का निर्देश करते हुए शार्ङ्गधर ने ग्रीष्म में प्रातः सायं, वर्षा तथा शरद् में वृष्टिभिन्न काल में, हेमन्त तथा शिशिर में एक दिन के अन्तर से तथा वसन्त ऋतु में दिन में एक बार सेचन उपयुक्त बतलाया है।[3] वृक्षों के पोषण के लिए सुरपाल की ही भाँति शार्ङ्गधर ने भी 'कुणप' नामक उर्वरकयोग का प्रयोग बतलाया है। कुणपनिर्माण की विधि के अनुसार कुरंग (हरिण) आदि पशुओं, मत्स्य, मेष, छागल तथा खड्गी पशुओं के मांस, मेद, मज्जा तथा वसा को एक साथ जल में पका कर भाण्ड में रखा जाता था। उसमें दूध, तिलों की खली का चूर्ण तथा मधु मिलाकर, भीगे हुए उड़द तथा घृत को उष्ण जल के साथ मिलाया जाता था। इसप्रकार 15 दिन तक **कोष्ठस्थान** में रखकर 'कुणप' तैयार किया जाता था।[4] इस जल से सेचन वृक्षों में वृद्धि करने वाला होता है।

---

1. जाङ्गलानूपसामान्यभेदैः सा भिद्यते मही।
   सा पुनः विद्यते षोढा वर्णतो रसतस्तथा।।
   असितविपाण्डुश्यामलोहितसितपीतकषायरोचिषः।
   मधुराम्ललवणतिक्तकटुकषाया भुवो रसतः।।
   (उपवनविनोद 34-35)
2. तत्रैव 36
3. सर्वस्यापि नवोप्तस्य सायं प्रातर्निषेचनम्। वर्षासु च शरत्काले यदा वृष्टिर्न जायते।।
   हेमन्ते शिशरे देयं तोयं चैकान्तरे दिने। वसन्ते प्रत्यहं ग्रीष्मे सायं प्रातर्निषेचनम्।। (तत्रैव 71-73)
4. कुरङ्गकीटिमत्स्यानां मेषच्छागलखड्गिनाम्। मांसं ग्राह्यं यथालाभं मेदोमज्जावसास्तथा।।
   एकत्र कृत्वा तान् सर्वान् वनौ नीरेण पाचयेत्। संपक्वं हि क्षिपेभाण्डे दुग्धं तत्र च निक्षिपेत्।।
   चूर्णयित्वा खली देया तिलानां माक्षिकं तथा। स्विन्नांश्च सरसान् माषान् तत्र दद्याद् घृतं तथा।।
   उष्णं जलं क्षिपेत्तत्र मात्रा नास्तीह कस्यचित्। पक्षैकं स्थापिते भाण्डे कोष्ठस्थाने मनीषिभिः।।
   कुणपस्तु भवेदेषः तरूणां वृद्धिकारकः।। (तत्रैव 119-122)

यहां उल्लेखनीय है कि सुरपाल ने कुरंग के स्थान पर तुरंग शब्द का प्रयोग किया है। खड्गी के स्थान पर शृङ्गी का उल्लेख किया है, किन्तु दोनों द्वारा प्रोक्त निर्माण-विधि प्रायः समान है। उपवनविनोद के अनुसार यह **कुणपजल** वृक्षों का वृद्धिकारक है, वृक्षायुर्वेद के अनुसार यह पुष्पकारक है।

उपवनविनोद में भी अनेक आश्चर्यकर योगों का कथन किया गया है। चारों ओर से इष्टकाओं से चिने हुए गर्त (पुरुषनिखात) अथवा वर्तमान काल में प्रचलित गमलासदृश विशेष कृत्रिम मृत्तिका में रोपित वृक्ष **वामन** होता है।[1]

गणिकारिका

सुबन्धु की 'वासवदत्ता' में **गणिकारिका** नामक किसी वृक्षविषयक रचना का उल्लेख है जिस पर सुरपालकृत वृत्ति थी। यह उद्यानशास्त्र की रचना मानी जाती है। गणिकारिका एक वृक्षविशेष है, जिससे अरणिमन्थन किया जाता था। सुबन्धु ने श्लेष के द्वारा उक्त संकेत किया है। यह रचना उपलब्ध नहीं है।[2]

क्षेत्रतत्त्वप्रदीपिका

संस्कृतवाङ्मय कोश में क्षेत्रतत्त्वप्रदीपिका नामक ग्रन्थ का उल्लेख मिलता है।[3] इसके लेखक **इलातुरस्वामी** हैं। इसका रचनाकाल सन् 1823 है। यह इस समय उपलब्ध नहीं है।

सङ्ग्रहशिरोमणि

यह संग्रहग्रन्थ मूलतः ज्योतिष की रचना है। इसमें कृषिसम्बन्धी कार्यों के लिए प्रशस्त काल का निर्णय किया गया है। इस संग्रहग्रन्थ का सम्पादन सरयूप्रसाद द्विवेदी द्वारा किया गया। ये विद्वान् 1892 विक्रमाब्द में जन्मे, उत्तर प्रदेश के निकट पण्डितपुरी के निवासी थे तथा जयपुर के महाराजा से सम्मानित थे। इस ग्रन्थ में हलप्रवहण, बीजोप्ति, सस्यारोहण, शालिरोपण, सेचन, धान्यच्छेद, कणमर्दन, धान्यनयन, कोष्ठादि में धान्यस्थापन, बीजसंग्रह, तृणरज्जु से **धान्यबन्धन** इत्यादि कृषिकर्मों के लिए प्रशस्त नक्षत्र तथा काल बतलाये गये हैं।

कृषिविषयक आधुनिक ग्रन्थ

उक्त ग्रन्थों के अतिरिक्त आधुनिक काल में **दशरथ शास्त्री** द्वारा विरचित **कृषिशासन** नामक रचना का उल्लेख द्वारका प्रसाद शास्त्री ने कृषिपराशर के परिशिष्ट में किया है। 'वैदिककृषिविज्ञानम्' शीर्षक से विजयमित्र शास्त्री की रचना है। समय-समय पर

1. समन्तत इष्टकाचितं पुरुषनिखातं जातः तरुः वामनः। (उपवन विनोद 180)
2. सुरपालवृत्तिमिव दर्शितगणिकारिकाम् (वासवदत्ता)।
3. संस्कृतवाङ्मयकोश-परिभाषाखण्ड

लिखे गए अन्य शास्त्रीय ग्रन्थों में भी यत्र-तत्र कृषिविज्ञान विषयक तत्त्वों का उल्लेख हुआ है। **भावप्रकाशनिघण्टु, वनमाला, वर्षप्रबोध, मेघविजय** आदि इस दृष्टि से उल्लेखनीय हैं। **डॉ. धुनीराम त्रिपाठी** ने षट्खण्डात्मक **कृषिशास्त्र** की रचना की है जो अप्रकाशित है।

संस्कृत में उपलब्ध कृषि विज्ञान की व्यापकता

संस्कृतवाङ्मय में यद्यपि कृषिशास्त्र का साक्षात् वर्णन करने वाले उपलब्ध ग्रन्थ अधिक नहीं हैं, तथापि अन्यशास्त्रों में भी **कृषिशासन** तथा कृषिपद्धति का पर्याप्त उल्लेख प्राप्त होता है। वस्तुतः भारतीय जीवनपद्धति समष्ट्यात्मक तथा समग्रात्मक रही है जिसमें जीवन को भी इस प्रकार नियोजित किया गया कि वैयक्तिक अभ्युदय के साथ ही वह समाज के लिए जीने का आदर्श शिरोधार्य कर सके। इसीकारण भारतीय समाज का सङ्घटनात्मक उदय यज्ञसंस्था के आश्रय में हुआ। ज्ञातव्य है कि यज्ञ एक समुच्चयात्मक तथा योजनाबद्ध कृत्य है जिसका उद्देश्य ऐहिक इष्टसिद्धि तथा उसके द्वारा समस्त ब्रह्माण्ड के योग-क्षेम में आदान तथा प्रदान द्वारा अपने कर्मांश का निर्धारण होता था। विशेषतः पृथिवीवासियों को प्रकृति ने जो आहार प्राणिसृष्टि के पूर्व ही उपलब्ध कराये थे, उनके एकपक्षीय उपयोग का परिणाम मानव को भोगना पड़ा है। अनेकयुगों के पूर्व भी अनेक बार मानव को निसर्गदत्त भोज्य तथा सस्य के दुर्भिक्ष का सामना करना पड़ा था।

जब मानव ने यह अनुभव किया कि केवल आदान से जैविक आवश्यकताओं की दीर्घकालीन प्रतिपूर्ति नहीं की जा सकती, तब समाज के प्रबुद्ध तथा मननशील वर्ग ने गहन निरीक्षण द्वारा प्रकृति के रहस्य को जाना तथा प्रकृतिसंरक्षण के सूत्र को मेधा तथा तप द्वारा हृदयङ्गम कर 'मन्त्रद्रष्टा ऋषि' के पद को प्राप्त किया। पृथक्-पृथक् क्षेत्र में पृथक्-पृथक् मन्त्रविधान तथा यज्ञविधान द्वारा सृष्टि के विकास का रहस्यानुसन्धान कर ऋषियों ने कृषि का बीज भी आत्मसाक्षात्कार द्वारा प्राप्त किया। परमात्मा से विराट् तथा उससे भिन्न-भिन्न गुण-कर्म वाले प्राणियों की सृष्टि तथा समाज का नियमन कर सभी मनुष्यों को आहार-द्रव्य उपलब्ध कराने के लिए कृषि का विकास हुआ।

आरम्भ में कृषितत्त्ववेत्ता ऋषि यज्ञ के माध्यम से कृषकों (यजमानों) को कृषिकर्म की शिक्षा देते थे। उनके निर्देश पर लाङ्गल-योजन कर वाहों (वृषभों अथवा अश्वों) को जोतकर भूमिकर्षण, वपन, सेचन तथा लवन कर्म करते थे। अतिप्राचीन काल में यद्यपि अदेवमातृक कृषि का प्रचलन भी प्रारम्भ हो गया था किन्तु वर्षा पर मुख्यनिर्भरता होती थी। क्षेत्ररक्षण के लिए प्राकृतिक शक्तियों को प्रसन्न करने के लिए प्रार्थना की जाती थी। कालक्रम से अनेक प्रविधियों का विकास होता रहा तथा उपनिषद् के उपदेशानुसार 'यज्ञ' के स्थान पर कृषि का प्रौद्योगिक स्वरूप विकसित होने लगा। अन्न की व्यापक आवश्यकता को दृष्टि में रखकर वानप्रस्थी ऋषियों ने 'अन्नं ब्रह्म' का उद्घोष तथा अपने गुरुकुलों में अन्न की आवश्यकता और उसके सैद्धान्तिक पक्ष की शिक्षा देना आरम्भ किया। इस क्रम में महर्षि भृगु का नाम विशेष उल्लेखनीय है जिनके नाम से तैत्तिरीयोपनिषद् में अनेक

सिद्धान्त बतलाये गये हैं। अन्न कृषि द्वारा परिश्रम से प्राप्त होता है, अतः उसकी निन्दा नहीं करनी चाहिए। अन्न का परिक्षय न हो, इसके लिए सावधान रहना चाहिए।

कृषि द्वारा 'बहुत अन्न उत्पन्न करो, क्योंकि वही अन्न का भोग करेगा, जो स्वयं अन्न का स्वामी है' यह उपदेश दिया गया है। किन्तु कृषक अपने लिये ही अन्नोत्पादन नहीं करते थे, अपितु अपने आस-पास के अन्य लोगों के लिये भी अन्न उपजाना उनका दायित्व था। उपनिषद् में कृषिप्रौद्योगिकी का उद्घोष वाक्य है-यया कयापि विधया **बह्वन्नं** प्राप्नुयात्।'

कृषिविधि का और अधिक विस्तार गृह्यसूत्रों तथा धर्मसूत्रों में प्राप्त होता है। यद्यपि यज्ञ के रूप में कृषि की परम्परा उस समय भी थी, किन्तु वृत्ति के रूप में सभी वर्ण तथा गृहस्थाश्रम में स्थित लोगों का धर्म कृषिकर्म स्वीकार किया गया था। पति-पत्नी तथा परिवार के सदस्य मिल कर कृषिकर्म में प्रवृत्त होते थे। कृष्युपकरणों में परिष्कार हुआ था। यथा बीजवपन के लिए विशेष **चमस**। हलों के अनेक आकार तथा परिमाण थे। उदुम्बर के काष्ठ से बने हल-अवयवों को चिकना करने के लिए घृत अथवा तैल का प्रयोग किया जाता था। सीतायज्ञ, आग्रयणेष्टि (नवान्न), चातुर्मास्य आदि कृषिप्रधान पर्व तथा उत्सव हुआ करते थे। कृषि को प्रोत्साहित करने के लिए यज्ञ में दक्षिणा के रूप में वृषभ, गो इत्यादि का दान प्रचलित था। इस प्रकार 'कृषि' के यज्ञकर्म से सामाजिक कर्म बनने की प्रक्रिया आरम्भ से ही थी।

क्रमशः धर्मशास्त्र तथा नीतिशास्त्र में सामाजिक धर्म में कृषिसम्बन्धी सिद्धान्तों तथा नियमों का प्रतिपादन किया गया है। मनुस्मृति में कृष्य पदार्थों का विवेक और विधिभेद से औषधि आदिविभाग तथा उनके लक्षणों का विचार किया गया है। पराशरस्मृति तथा शुक्रनीति में कृषिकर्म के नियम बतलाये गये हैं।

इस प्रकार कृषितन्त्र का क्रमशः विकास होता गया। विकास के साथ ही कृषिकर्म केवल उदरपूर्ति का साधन न होकर आर्थिक उन्नयन का भी मुख्य घटक बना। धर्मशास्त्र में ही कृषिव्यवस्था राज्य के आश्रित होने का उल्लेख है।

'अर्थशास्त्र' की रचनात्मक कृषि पूर्णरूप से व्यवसाय तथा प्रौद्योगिकी का रूप थी। राज्य के अर्थसंसाधन में कृषि का महत्त्व इतना बढ़ गया था कि न केवल भूमि, बीज, **कर्मोदक** (सेचन), धान्यभण्डारण आदि का प्रबन्ध राजा का कर्तव्य था, अपितु **कृषिकर** का निर्धारण तथा यथापरिमाण कराधान की व्यवस्था के लिये अधिकारियों (**समाहर्ता**) की नियुक्ति की जाती थी। कृषिविषयक अपराधों का विनिश्चय कर यथापराध दण्डविधान भी था। यह कृषिविकास का अविस्मरणीय युग था।

प्रासङ्गिक रूप से आयुष्य तथा स्वास्थ्य का विवेचन करने वाले आयुर्वेदवाङ्मय में **आहार** भाव के रूप में कृष्यन्नों, भूमि, जलसंसाधन आदि का विश्लेषण कृषितन्त्र का उपकारक है। वस्तुतः कृषि का साक्षात् प्रयोजन अन्नप्राप्ति है तथा शरीर अन्नरस का ही परिणाम है। अतः अन्न के गुण-दोष स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। वहीं दूसरी दृष्टि से

अन्न पृथिवी तथा जल का परिणाम है। अतः जिस प्रकार के गुणों वाली भूमि में अन्न का उत्पादन होगा, उसी प्रकार के गुण उसमें होंगे। इसके अतिरिक्त अन्नबीज के अपने स्वाभाविक गुण में पंचभूतों में से किसकी प्रधानता है, इससे अन्नभोग करने वाले का शरीर तथा मन प्रभावित होता है। अतः उपयोगी तथा आयुष्यवर्धक अन्नोत्पादन में कृषकों की प्रमुख प्रवृत्ति हो, इसके निर्णय के लिए चरकसंहिता तथा सुश्रुतसंहिता जैसे ग्रन्थों की कृषिपरक उपादेयता में सन्देह नहीं है।

इसके अतिरिक्त रामायण तथा महाभारत में अदेवमातृक कृषि का अवेक्षण राजा का दायित्व समझा गया है। क्योंकि प्रजारंजन राजा का एकमात्र कर्तव्य था। अतः प्रजा के योग-क्षेम के लिए कृषि का प्रबन्ध और पशुपालन हेतु प्रोत्साहन उचित है। कृषि सम्बन्धी नई प्रविधियों तथा उपकरणों की प्रणाली शनैः शनैः देश-काल-ऋतु आदि के अनुसार विविध रूपों में प्रचलित हुई। कृषि-क्षेत्र के परिमाण के अनुसार हलों की व्यवस्था तथा दीर्घकाय हलों में बहुवृषभों की योजना के कारण कालान्तर में गुण तथा अवस्था के अनुसार हल में तत्तद् वृषभों के योजनार्थ स्थान निर्धारित किया जाने लगा, जिसका उल्लेख अष्टाध्यायी, अमरकोश आदि व्याकरण तथा कोश ग्रन्थों में प्राप्त होता है।

व्यापक स्तर पर कृषिविकास के साथ ही कृषकों को कृषि के मूलाधारों की शिक्षा की आवश्यकता हुई। कृषिपराशर तथा काश्यपीय कृषिसूक्ति इस दृष्टि से महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ हैं। कृषि-पद्धति की दृष्टि से दोनों ग्रन्थ सूक्ष्म विषयों का भी प्रतिपादन करते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि भारतीय इतिहास के मध्य काल में कृषिशिक्षा आवश्यक समझी गयी थी। व्यावहारिक रूप से कृषिकर्म में प्रवृत्त होने वाले कृषक को कर्षण, वपन आदि कृषिकर्म का ही ज्ञान आवश्यक नहीं समझा गया, अपितु **वर्षचक्र**, वर्षा के गर्भलक्षण तथा **सद्योवृष्टि**-लक्षण का ज्ञान, विविध प्रशस्त नक्षत्रों का ज्ञान तथा बीजरक्षण, कट्टन, मयकादान और धान्य को खल में संस्कारित कर भाण्डागारों तक पहुंचाकर सुरक्षित रखने तक का ज्ञान कृषि-शास्त्र के अंग के रूप में समझा गया। कृषिपराशर इस दृष्टि से विरचित शास्त्रीय ग्रन्थ है। ग्रन्थ के आरम्भ में ग्रन्थ का प्रयोजन स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि इस ग्रन्थ में कृषकों के हितार्थ कृषि कर्म का विवेचन किया जा रहा है-

प्रजापतिं नमस्कृत्य कृषिकर्मविवेचनम्।
कृषकाणां हितार्थाय ब्रूते ऋषिपराशरः।।

चन्द्रगुप्त मौर्य से लेकर चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य तक भारत का स्वर्णयुग था। इस काल में सभी क्षेत्रों में प्रभूत विकास हुआ। प्रजा धनधान्य से समृद्ध तथा वैभव सम्पन्न थी। इसप्रकार सुख-शान्तिमय जीवन में कृषि (धान्यादि) के अंग के रूप में उद्यानरचना का विकास हुआ। बहुविध पुष्प, फल, शाक आदि के संवर्धन का लोक में कला के रूप में प्रचार-प्रसार हुआ। राजप्रासादों में क्रीडाराम के रूप में, मुनियों के आश्रमों में उटजकुंजों

के रूप में, गृहस्थों में गृहवाटिका के रूप में तथा अन्यत्र जलाशयादि के तटरक्षण, ग्राम, नगर-वनादि के सीमानिर्धारण, कृत्रिम मृगयावदन तथा मनोविनोदार्थ उपवन, वीवीतसंवर्धन आदि के रूप में उद्यान तथा आरामरचना का व्यापक स्तर पर प्रचलन प्रवृत्त हुआ। इसी काल में बृहत्संहिता जैसा ज्योतिषग्रन्थ लिखा गया जिसमें पादपसंवर्धन की शिक्षा देने वाला वृक्षायुर्वेद अध्याय समाविष्ट किया गया।

इसप्रकार कृषि की प्रशाखा के रूप में वृक्षायुर्वेद प्रसिद्ध हुआ। कालान्तर में कृषि तथा उद्यानशास्त्र अन्योऽन्योपकारक ग्रहण किये गये। सप्तम शताब्दी में विरचित वृक्षायुर्वेद नामक पृथक् ग्रन्थ में उद्यानरचना-कला का विस्तारपूर्वक विवेचन प्राप्त होता है। आरामरचना तथा पुष्पफल-संवर्धन के क्षेत्र में नवीन प्रयोगों की कल्पना इस काल की विशेषता है। अनेक पुष्पवृद्धिकर, वृक्षवृद्धिकर तथा फलवृद्धिकर योगों को वृक्षसंवर्धनार्थ प्रयुक्त करने के साथ ही वामन वृक्षों का संवर्धन भी प्रचलित था। उल्लेखनीय है कि आधुनिक कृषिशास्त्र उक्त प्रविधि को पाश्चात्त्य देशों से आगत मानता है, जबकि भारत में षष्ठ, सप्तम शताब्दी में इसका पर्याप्त प्रचलन था। धान्यादि ओषधियों, शाकादि तथा पुष्प-वृक्षादि का संवर्धन एकत्र उपदिष्ट करने वाला ग्रन्थ कश्यपप्रोक्त कृषिसूक्ति के नाम से उपलब्ध है। अष्टम शताब्दी में विरचित इस ग्रन्थ से तत्कालीन कृषि की जो विशेषताएँ ज्ञात होती हैं, उन्हें निम्नलिखित बिन्दुओं में सूत्रबद्ध किया जा सकता है-

1. कृषिकार्यों में राजसाहाय्य
2. सभी वर्णों का कृषिकर्म में समान अधिकार
3. कृषि की प्रतिष्ठित तथा सम्मानित वृत्ति के रूप में स्वीकार्यता
4. ग्रामीणजनों के परस्पर सहयोग से कृषि की सम्भवता
5. परिवार के सभी सदस्यों तथा भृत्यों का सहयोग
6. कृष्य भूमि तथा उसकी अवस्थिति का महत्त्व, भूमिपरीक्षण की अनिवार्यता
7. सिंचाई हेतु कृत्रिम जलागारों के रूप में कुल्या, वापी, कूप तथा जलाशयों की बहुविकल्पीय कल्पना
8. कृष्युपकरणों तथा कृष्यर्थ पशुपालन, विशेषतः वृषभों के उत्तम लक्षणों के परीक्षण पर बल
9. पृथक्-पृथक् कृष्य पदार्थों के लिए पृथक् पृथक् भूमि तथा वापकाल की योजना
10. उत्तम बीजों का संरक्षण
11. जैव उर्वरक के प्रयोग पर बल

उक्त विशेषतायें एक सुविकसित कृषितन्त्र की प्रविधि (तकनीक) का बोध कराती हैं।

इसके पश्चात् द्वादश अथवा त्रयोदश शताब्दी में विरचित शार्ङ्गधरपद्धति में 'उपवनविनोद' नामक ग्रन्थाध्याय से उपवनरचनाशास्त्र अथवा उद्यानशास्त्र का ज्ञान होता है।

विषयवस्तु की दृष्टि से इस पर सुरपाल के वृक्षायुर्वेद का प्रभाव परिलक्षित होता है। वृक्षायुर्वेद तथा उपवनविनोद के रचना काल में पर्याप्त अन्तर (प्रायः 5 शताब्दियाँ) होने पर भी यह साम्य दीर्घकालीन कृषिसमृद्धि का द्योतक है।

द्वादश से चतुर्दश शताब्दी तक भारतीय इतिहास का संक्रान्ति काल था, जब यवन शासकों के निरन्तर आक्रमणों ने सामाजिक संघटन और अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित किया था। तब से स्वतन्त्रताप्राप्ति तक जितना भी विकास हुआ उसका लाभ भारतीय जनता को नहीं प्राप्त हुआ। कृषिकार्यों में राजसाहाय्य के स्थान पर अत्याचार तथा शोषण की प्रवृत्ति बढ़ने लगी। एक धनी देश की निर्धन प्रजा भूस्वामित्व से वंचित होने लगी तथा भृत्य बन कर रह गयी। परतन्त्रता का प्रभाव भारतीय जीवन पर इतना अधिक हुआ कि कृषि-सम्बन्धी शास्त्रों की रचना भी प्रायः इस काल में नहीं हुई।

स्वतंत्रता प्राप्ति के लगभग 60 वर्ष सामाजिक, आर्थिक तथा सांस्कृतिक दायों के पुनरनुसन्धान तथा संरक्षण के उपक्रम में व्यतीत हुए। कृषि के विकास के अनवरत प्रयास के पश्चात् भी भारत अब तक कृषिसम्बन्धी आवश्यकताओं के लिए पूर्णतः आत्मनिर्भर नहीं हो पाया है। संस्कृतभाषा तथा उसके कृषिशास्त्र विषयक वाङ्मय में निहित कृषि के मूलाधारभूत सिद्धान्तों तथा प्रविधियों को आवश्यक परिष्कार के साथ यदि स्वीकार तथा क्रियान्वित किया जाये, तो कृषि के विकास में अभूतपूर्व परिणाम दृष्टिगत हो सकता है।

स्थापत्यशास्त्र

प्राणियों के व्यवहारयोग्य स्थान के पालन (निर्माण, सन्धान, जीर्णोद्धारादि द्वारा रक्षण आदि) कर्ता की संज्ञा स्थपति है[1] तथा इससे सम्बद्ध विद्या स्थापत्यशास्त्र है। चरणव्यूह में स्थापत्यवेद उपवेद माना गया है। मानव जीवन में स्थापत्य का प्रथम प्रयोग आवासगृह के निर्माण से आरम्भ होता है। अन्य निर्माण इसके विस्तारभूत हैं। अतः स्थापत्य उपवेद के मूल उपदेश वेदोक्त गृहनिर्माण के सन्दर्भों से उद्भूत हैं।

स्थापत्यशास्त्र के वैदिक उत्स

मानव जीवन की अनिवार्य आवश्यकताओं में आवासव्यवस्था का प्रमुख स्थान है। भोजनाच्छादन के अनन्तर वैयक्तिक जीवन में आवास की आवश्यकता जीवन की सुरक्षा के लिये आज भी प्रथम मानी जाती है। विश्वमंगल के लिये प्रादुर्भूत वेद में भी मानव को सुरक्षा, स्वास्थ्य तथा आधिदैविक, आध्यात्मिक उन्नति में प्रतिष्ठित करने के कारण 'गृह' को प्रतिष्ठा कहा गया है-गृहा वै प्रतिष्ठा (श.ब्रा.)। वस्तुतः चतुराश्रम-व्यवस्था का आधार गृहस्थाश्रम है। गृहस्थ श्रम का आश्रयभूत गृह है, यह उसके अन्वर्थ अभिधान से ही स्पष्ट है। गृहस्थ पर सम्पूर्ण मानव-समाज आश्रित है। अन्य तीन आश्रमियों को भी गृहस्थ ही अन्न-धनादि का आधार प्रदान करता है। अतः गृहाश्रमी सर्वश्रेष्ठ है, यह मनुस्मृति में निर्दिष्ट है-

एते गृहस्थप्रभवाश्चत्वारः पृथगाश्रमाः। (६/८७)
गृहस्थ उच्यते श्रेष्ठः स त्रीनेतान् बिभर्ति हि। (६/८९)
तथैवाश्रमिणः सर्वे गृहस्थे यान्ति संस्थितिम्। (६/९०)

महाभारत में तो अन्य तीनों आश्रमों को एक पक्ष में रखकर उनसे अधिक गौरवपूर्ण गृहस्थाश्रम को माना गया है-

अस्य काव्यस्य कवयो न समर्था विशेषणे।
विशेषणे गृहस्थस्य शेषास्त्रय इवाश्रमाः।।

तथा- **अस्य काव्यस्य कवयो न समर्था विशेषणे।**
साधोरिव गृहस्थस्य शेषास्त्रय इवाश्रमाः।। (म.भा. आदिपर्व)

---

1. तिष्ठन्त्यस्मिन्निति, स्था+कः स्थः स्थानम्, तं पातीति स्थपतिः।
बाहुलकाद् अतिः इत्युणादिवृत्तौ उज्ज्वलः।

यद्यपि गृहशब्द का तात्पर्य भार्यापरक है, तथापि भरण का मुख्य आश्रय होने के कारण गृह का महत्त्व सर्वविदित है।

गृहाश्रमी की अन्वर्थता निर्मित गृह में निवास करने पर होती है। अतः वैदिक स्थापत्यविज्ञान में गृहनिर्माण मात्र लौकिक कृत्य नहीं है। साम्प्रतिक दृष्टि से वैयक्तिक सुखसाधन मानकर गृहनिर्माण किया जाता है। परन्तु भारतीय परम्परा में अन्याश्रमियों का आश्रय होने के कारण गृहनिर्माण का सामाजिक महत्त्व है। देवोपासना तथा अक्षरब्रह्मोपासना का स्थान होने के कारण गृह के आधिदैविक तथा आध्यात्मिक माहात्म्य की भावना भी वैदिक जीवनपद्धति में अनुस्यूत है। इस भावना का प्रकर्ष वेद के शालासूक्त में भौतिक निर्भयता का उपदेश देता है कि आवासशाला की सुरक्षा भौतिक उपकरणों से नहीं अपितु गृह में सम्पादित होने वाले इष्टापूर्त कर्मों से सुदृढ होती है-**इष्टापूर्तमभि रक्षात्येनाम्** (अ. 3/12/8)।

पाश्चात्त्य विद्वानों की विकासवादी विचारधारा आद्यमानव को जंगल में, वृक्षों के नीचे, पर्वत की गुफा-कन्दराओं में रहने को मजबूर करती है। वह उसे वस्त्रहीन, अपक्वभोजी, प्रज्ञारहित मानने के लिये प्रतिबद्ध है। परन्तु वही पाश्चात्त्यधारा विश्व के प्रथम उपलब्ध अभिलेख के रूप में वेदों (मुख्यतः ऋग्वेद) को मानने के लिये विवश है। ऋग्वेद में अनेकशः गृह, दम, हर्म्य आदि उपलब्ध शब्दों को मात्र मानसिक वर्णन अथवा किसी काल्पनिक सभ्यता से परवर्ती मानकर शोध के यथार्थ से उपरत होना विचारमार्ग में उचित नहीं है। पाश्चात्त्यों की इस विचारधारा को अनेक स्थापत्यशास्त्रियों ने भी निरस्त किया है।[1]

मोहनजोदड़ो की मानवाकृति के उत्तरीय पर उकेरे गये सौन्दर्यचिह्नों का अंकन यह इंगित करता है कि वैदिक जीवनपद्धति में वस्त्रविन्यास ही नहीं, उस पर कढ़ाई, बुनाई तथा अन्य हस्तकौशलविधियों के प्रति अतिशय जागरूकता है। माध्यन्दिनीय संहिता के मन्त्रों में (30.8-9) विदलकारी, कण्टकीकारी, पेशस्कारी तथा **स्मरकारी** (वंश, सुई, कंटकादि रूपनिर्माण तथा सौन्दर्यनिर्माण में कुशल) आदि का निर्देश इस उन्नत कलापूर्ण मानवजीवन की परम्परा को प्रस्तुत करता है। समस्त कला-कौशल का अधिष्ठान तथा प्रयोगस्थल वासगृह के अतिरिक्त अन्यत्र सम्भव नहीं है। यह ज्ञातव्य है कि वैदिक उपदेशों की सूक्ष्मेक्षिका वासगृह की मूलभूत दो आवश्यकताओं को भी रेखांकित करती है। किसी गृह की सुस्थिति जल तथा प्रकाश की व्यवस्था के अभाव में सम्भव नहीं है। अथर्ववेद के शालासूक्त का अन्तिम मन्त्र (अ. 3/12/9) इन दोनों मूलभूत आवश्यकताओं के समाधान के साथ ही गृह में प्रवेश का विधान करता है-

1. Hindu Architecture in India and Abroad (P.K. Acharya, VI) Page 62

इमा आपः प्रभराम्ययक्ष्मा यक्ष्मनाशनीः।
गृहानुप प्र सीदाम्यमृतेन सहाग्निना।।

इस मन्त्र का निर्देश है कि आवासशाला में जल अयक्ष्म अर्थात् प्रदूषणरहित (स्वच्छ) होने पर रोगों की स्वभावतः निवृत्ति रहती है तथा प्रकाश आदि का साधन अग्नि भी अविच्छिन्न (अमृत) रूप से आवासशाला को निरन्तर सौख्यसम्पन्न बनाता है।

वैदिक उल्लेखों से यह स्पष्ट है कि गृहनिर्मिति का विज्ञान तथा कुशलतापूर्वक निर्मित गृहों में निवास भारतीय परम्परा में प्रारम्भ से ही है। पाश्चात्त्य मान्यताओं के अनुसार प्राकृतिक गुफाओं में ही निवास की कल्पना वैदिक उल्लेखों से समाप्त हो जाती है। आवासगृह के लिये विविध प्रकार तथा अभिधान वैदिक संहिताओं में उपदिष्ट हैं।[1] गृह, धाम, पस्त्य आदि गृहप्रकार तथा हर्म्य शब्द सम्पूर्ण परिसर के लिये वेद में प्राप्त हैं।[2] अथर्ववेद के दो सूक्तों (3/12 तथा 9/3) में शालानिर्माण की पूर्ण विधि का उपदेश है।

गृहसम्बन्धी वैदिक शब्दों-स्थान, निवेशन, प्रतिष्ठा, गय, धाम, शर्म, दम आदि का वैविध्य यह सूचित करता है कि गृहनिर्माण की वैदिक अवधारणा अत्यन्त परिपुष्ट परम्परा का सृजन करती है।

वैदिक उल्लेखों से यह भी ज्ञात होता है कि गृह अथवा शाला मात्र पारिवारिक आवास के रूप में नहीं है अपितु वैयक्तिक सम्पत्ति के रूप में इसके उपयोग का अधिकार होता है। निर्मित शालाओं का क्रयविक्रय निर्धारित मूल्य पर करने का भी अथर्ववेद (शेवधिभ्यः तेन शालां प्रतिगृह्णामि-9/3/15) में अस्फुट संकेत है। समृद्ध व्यक्ति अनेक गृहों का अधिपति होता है तथा धनाढ्य गृहपति को इसी कारण 'पस्त्यावान्' संज्ञा से अभिहित (ऋ. 1/151/2, 9/97/18) किया गया है। कतिपय प्रार्थनाये पुरुदम (वयं हि वां पुरुदमासः अ. 7/73/1) होने के सम्बन्ध में हैं। ये बहुगृहस्वामित्व का निर्देश करती हैं।

धनसमृद्धि के सूचक के रूप में आयतन (छा.उप. 7.24.2) को भी परिगणित किया गया है। माध्यन्दिनसंहिता में आयतन का स्वामी प्रजा और पशुओं से समृद्ध होकर सुस्थिर रहे, यह प्रार्थना गृहपरिसर की विशालता की सूचक है (ध्रुवोऽयं यजमानोऽस्मिन्नायतने प्रजया पशुभिर्भूयात् 5/28)। अभिजात्य वर्ग के आवास हर्म्य, शाला हैं तथा राजमहल के लिये अनेक तलों के प्रासादों का भी संकेत वैदिक संहिता-ब्राह्मणग्रन्थों में दृष्टिगत होता है।

---

1. सुरणं गृहे ते ऋ. 3/53/6
   गृहे वसतु नोऽतिथिः। (अथर्व. 10/6/4; ऐ.ब्रा. 8/21
2. अस्य धाम। ऋ. 1/114/1

यद्यपि पाश्चात्त्य विचारकों की विचारसीमा मोहनजोदड़ो-हड़प्पा की कालपरिधि से अधिक नहीं जाती। परन्तु वैदिक आवास-व्यवस्था को इससे अर्वाचीन मानने तथा वैदिक उल्लेखों को काल्पनिक वर्णन के रूप में प्रतिपादित करने का उनका आग्रह वैदिक भवन-निर्माण के विज्ञान की व्यवस्थित एवं पूर्ण परम्परा को अस्वीकार करने में सक्षम नहीं है।

मृन्मय शाला[1] के वैदिक उल्लेखों के आधार पर प्राचीन भारतीय संस्कृति के अध्येताओं तथा स्थापत्यशास्त्र के शोधकर्त्ताओं द्वारा इनकी सुदृढ़ता के सम्बन्ध में भ्रम करना भी समीचीन नहीं है। मृन्मय निर्माण के लिये जिस विधि का यजुर्वेद में निर्देश है, उसके द्वारा निर्मित पदार्थ अत्यन्त सुदृढ़ है। माध्यन्दिनीय संहिता (11/50-55 श.ब्रा. 6.5.1-2) में उखासम्पादन के सन्दर्भ में विधि है कि वल्मीक की मिट्टी में रोम मिलाकर वृक्षकषाय से उसका पिष्ट बनाकर बालू, लौहचूर्ण तथा प्रस्तरकणों को उसमें मिलाने पर यह द्रव्य बनता है। यह स्वाभाविक है कि इस द्रव्य से मृन्मय निर्माण सीमेन्ट के वर्तमान निर्माणों से दुर्बल नहीं होगा। वैदिक मन्त्रों में मृन्मय गृह की निर्माणविधि का पूर्णतः उल्लेख होने के कारण यह समझ लेना उचित नहीं है कि इष्टका (ईंट) अथवा प्रस्तर का निर्माणकार्य वैदिक विधान में अनुपदिष्ट है। इष्टकाओं का उपयोग तथा उनकी निर्माणप्रक्रिया का विशद वर्णन ग्रन्थों में प्राप्त है। निर्मातव्य आकार की दृष्टि से विविध आकारों की **इष्टकायें** पद्या, अर्धपद्या, पादभागा, अध्यर्धा, अर्ध्यपादभागा आदि विभिन्न नामों से निर्दिष्ट हैं। सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण परिमाण 'वक्रा' इष्टका का है। यह वर्तुल तथा कोणात्मक दोनों आकारों में एक साथ निर्माण के लिये प्रयुक्त होती है। इस दृष्टि से आजकल प्रयोग में आने वाली ईंटों से बहुत उन्नत प्रकार वैदिक वाङ्मय में उपलब्ध हैं। इतना ही नहीं, इष्टका को पकाने पर उसका बत्तीसवाँ भाग कम हो जाता है, यह भी निर्णीत किया गया है। अतः गृहनिर्माण, हर्म्य, दुर्ग आदि के निर्माण में इष्टका अथवा प्रस्तर का प्रयोग स्वतः सिद्ध है। वस्तुतः मृन्मय-शालाविधि वैदिक गृहनिर्माणविधि की प्रकृति है। अतः इसका सर्वाङ्ग उपदेश किया गया है। अन्य निर्माण विकृतिभूत हैं। समस्त यागप्रक्रिया इसी प्रकृतिविकृतिभाव से वेदों में उपदिष्ट है। वैदिक प्रयोगों के निर्देश की इस तकनीक को न समझने के कारण यथार्थ के ज्ञान में बाधा होती है।[2]

शालानिर्माण की प्रक्रिया में उपमित, प्रतिमित तथा परिमित ये तीन विशेषण काष्ठस्तम्भों की विविध स्थितियों-उच्छ्रित, स्थापित, तिरश्चीन को निरूपित करते हैं। छदि को नियमित करने का साधन वंश है। मध्यवंश (स्थापित) मुख्य स्थूणा (स्तम्भ) पर आश्रित तथा सुदृढ़ होता है। बाँस की यष्टियों को चीरकर निर्मित अक्षु में लम्बे तृण अथवा धान्य

1. वरुण मृन्मयं गृहम्। ऋ. 7/89/1
2. यत्र समग्रादङ्गोपदेशः सा प्रकृतिः। प्रकृतिवद् विकृतिः कर्त्तव्या।

के पलाल (पलद) को उनके मध्य बाँधकर छदि का निर्माण होता है। इसे जालकबन्ध से छदि मजबूत हो जाती है। छत की समतल भित्ति तथा दीवारों के लेपन द्वारा गृहनिर्माण की विधि सम्पन्न होती है। यह प्रक्रिया अब भी अनेक प्रदेशों में प्रचलित है। स्तम्भ अपने ऊपर परस्पर सम्बद्ध **वली** (परिमित) से संलग्न रहते हैं। सम्पूर्ण आकारनिर्मिति विविध जालकों के रूप में सम्बद्ध होती है। इस सन्दर्भ में अथर्ववेद (9/3/4,5) के नहन, प्राणाह, सन्दंश, परिष्वञ्जल्य शब्द विशेष ध्यातव्य हैं। अनेक कक्षों से आवास पूर्ण होता है तथा यह सुरक्षा की दृष्टि से द्वारपिधान से युक्त होता है।

शालानिर्माण के अथर्ववेदोक्त विधान में नीरोग और सुगुण पुत्रपुत्रियों से सम्पन्न, अश्व, गौ आदि पशुओं से समन्वित, धन, प्राचीन धान्य, दुग्ध, दधि, घृत आदि पदार्थों से परिपूर्ण तथा दीप्तिमान् पात्रों से अलंकृत शाला की कामना की गई हैं।[1] इन उल्लेखों से आवास में वाहन तथा अन्य उपकरणों की स्थिति स्पष्ट है। आवासशाला के अनेक कक्षों में निवासी को असुविधा न हो, यह भावना **मा ते रिषन्नुपसत्तारो गृहाणां शाले** (अ.3/12/6) इस मन्त्र में विशेष रूप से ध्यातव्य है।

अथर्ववेद के स्थापत्यसम्बन्धी अन्य सूक्त में शालागृहों के सम्बन्ध में स्पष्ट निर्देश इस प्रकार प्राप्त होता है-

हविर्धानमग्निशालं पत्नीनां सदनं सदः।
सदो देवानामसि देवि शाले।। (अ. ९/३/७)

इस शालाविधान में यह उपदिष्ट है कि सुविधा एवम् आवश्यकता की दृष्टि से कतिपय कक्षों की निर्मिति अपरिहार्य है। इनमें हविर्धान, अग्निकार्य हेतु अग्निशाला, **पत्नी-सदन**, सदस् तथा देवों के लिये सदस् उल्लिखित हैं। ज्ञातव्य है कि यह निर्देश यागसम्बद्ध होते हुए भी मात्र यज्ञशाला के वर्णन में ही अनुगत नहीं है क्योंकि यज्ञशाला की निर्माणविधि विस्तृत रूप से श्रौतसूत्रादि में निरूपित है तथा इस सूक्त के-**गोभ्यो अश्वेभ्यो नमो यच्छालायां वि जायते** (9/3/13) आदि मन्त्रों में आवासशाला की पशुसमृद्धि उपदिष्ट है। अतः इस मन्त्र में हविर्धान का तात्पर्य अन्न आदि हविर्द्रव्यों को सुरक्षित रखने का भाण्डागार है। प्रत्येक आवासशाला में आज भी यह आवश्यक होता है। अग्निशाला में औपासन अग्नि के लिये स्थान तथा वैदिक गृहस्थ के लिये उसमें पाककार्य का उपदेश है। आधुनिक दृष्टि से यह पाकशाला है। मन्त्र में 'पत्नीनाम्' पद पत्नी-पुत्र आदि सभी के लिये पृथक्-पृथक् सदन अर्थात् कक्षों का निर्देशक है। आवश्यकता के अनुसार पृथक् शयनकक्ष आज भी निर्मित किये जाते हैं। एक 'सदः' अर्थात् बड़ा सभाकक्ष आवासशाला में होना चाहिये, स्वागतकक्ष के रूप में यह आवश्यक है। देवों की उपासना के लिये एक विस्तृत

1. अथर्व. 3/12/1,2,3,,7,8

कक्ष 'देवसदन' के रूप में अथर्ववेद में उपदिष्ट है। भारतीय वास्तुशास्त्र के आवासीय कक्षों के निवेशन-सिद्धान्त का मूल यह अथर्ववेदीय मन्त्र है। वस्तुतः आग्नेय, नैर्ऋत्य, वायव्य तथा ईशान कोणों में अग्निशाला से प्रारम्भ कर इन कक्षों की अवस्थिति का इस मन्त्र में विधान किया गया है। शाला में अवान्तर कक्षों का निर्माण तथा वस्तुओं की सुरक्षा के लिये कोश, **अन्तःकोश** आदि का विधान अधुनातन गृहनिर्माण में भी आलमीरा आदि के रूप में प्रचलित है।[1] द्विस्तरात्मकशाला से प्रारम्भ कर दशस्तरात्मक शाला का निर्माण भी वेदोक्त है। शाला की दोनों द्वारस्थूणा सुदृढ़ तथा बड़ी होनी चाहिये एवं शाला का द्वार दर्शन तथा उपयोग में मंगल, शुभ, सुखावह होना चाहिये।[2] गृहोपकरणों में तल्प (ऋ.7/55/8), **प्रोष्ठ** (दीर्घासन्दी) शयन, आसन्दी, वाह्य(शिविका), रुक्मप्रस्तरण, वितृण्ण (बुनी गयी) आसन्दी, शीर्षण्य (शिरोनिधानयुक्त), उपश्री (पृष्ठनिधानयुक्त), कूर्च, कशिपु, **उपबर्हण**, पीठ, पर्यंक (जै.ब्रा. 2/24; कौ. उप. 1/5; शा.आ.3) नड्वला (मा.सं. 30/16) आदि उपवेशन, शयन के सुन्दर सुखद साधनों का उल्लेख वैदिक वाङ्मय में है।

अतः पारिवारिक आवश्यकताओं के अनुरूप भवननिर्माण की अधुनातन रीति वैदिक स्थापत्यविधि में उपदिष्ट है। भवन के मध्य में मुख्य महागार तथा उसके बगल में अन्य कक्षों का विधान (पक्ष) काठक संहिता (30/5) तथा तैत्तिरीय ब्राह्मण (1/2/3/1) में उपलब्ध है। 'बृहच्छन्दाः' विशेषण शाला के चारों ओर प्रशस्त छदि से युक्त परिक्रमण-स्थान का संकेत करता है। **प्रो. सरकार** ने यह माना है कि वैदिक शालाओं का प्रभाव अभी भी दो चार अथवा आठ छदियों की बंगीय शालाओं में विद्यमान है।[3]

परिजनों के स्मृतिस्थल के विविध निर्माणों का उल्लेख शतपथ ब्राह्मण में अनेक कक्षात्मक गृह तथा प्रज्ञान (प्रस्तर स्तम्भ)-इन प्रकारों में प्राप्त होता है।[4] स्थापत्यविज्ञानी मानते हैं कि स्मृतिस्थल 'वास्तु' निर्माण के प्रभाव से सम्भवतः साम्प्रतिक अभिधान कपिलवस्तु-कपिल के स्मृतिस्थल का स्मरण कराता है। वेदमन्त्रों में 'गृहान्' विशेषण अनेक कक्षों के समूह से पूर्ण होता है। अथर्ववेद के **गृहासो घृतश्चुतः** (18/3/51) तथा अपने परिजनों की बहुलता के अनुसार स्मृतिगृहनिर्माण के उल्लेख (18/4/37) से यह अवगत

---

1. कुलायेऽधि कुलायं कोशे कोशः समुब्जितः। अ. 9/3/20
2. (क.) या द्विपक्षा चतुष्पक्षा षट्पक्षा या निमीयते
   अष्टपक्षां दशपक्षां शालां मानस्य पत्नीमग्निर्गर्भ
   इवा शये।। अ. 9/3/21)
   (ख)........स्थूले देवकृते पथि। शालाया देव्या द्वारं स्योनं कृण्मो
   वधूपथम्।। अ. (14/1/63)
3. Some Aspects of the Earliest Social History of India. PP. 28-32
4. गृहान् वा प्रज्ञानं वा। श.ब्रा. 13/8/1/1

होता है कि परिजनों की संख्या, प्रतिष्ठा और साधनों के अनुरूप गृहनिर्माण होना चाहिये।[1] अथर्ववेद (18/4/55) में प्रार्थना है कि जिस प्रकार यम के लिये पञ्चजन (प्रजाओं) ने हर्म्य का निर्माण किया उसी प्रकार मैं भी बाहुल्य से हर्म्य निर्मित करूँ। गोलाकार परिमण्डल गृहनिर्माण का उल्लेख भी शतपथ ब्राह्मण[2] में है। अनग्निचित् के लिये शर्करा अर्थात् प्रस्तर से तथा अग्न्युपासक के लिये इष्टका के निर्माण का निर्देश है (श.ब्रा. 13/8/4/11)। इसमें अगणित (अनियत) चतुरस्र अग्निचयन के समान एक पद की इष्टकायें प्रयुक्त होती हैं।[3]

परवर्ती बौद्ध स्तूप अथवा शिवमन्दिर के मण्डलात्मक शिखरों पर इस वैदिक निर्माण का प्रभाव स्पष्ट है। वर्तुल शिखरों के उल्लेख तैत्तिरीय संहिता (5/4/11) में हैं। इसका प्रभाव मदुरै, तञ्जौर आदि के शिखरों में द्रष्टव्य है। प्रस्तरगृहों के निर्माण को आधुनिक विचारक प्राच्य और मध्य के समन्वित धर्मों का प्रभाव मानते हैं।[4]

शतपथ ब्राह्मण में गृहों की पृष्ठभित्तियों पर चित्रांकन का भी विधान है। नैसर्गिक चित्रांकन पाषाणभित्तियों पर अथवा इष्टकाभित्तियों पर रंगलेपन द्वारा किया जाता है। प्रज्ञान के रूप में स्तम्भ अथवा शिला, अथर्ववेद (18/3/52) में स्थूणा का समानार्थक है। स्थूणा पर पितृगणों का स्थान यम द्वारा निर्धारित है (ऋ. 10/18/13, अ. 18/3/52)। शतपथ ब्राह्मण में आयसशंकु (स्तम्भ) तीन काष्ठशंकुओं के साथ चारों कोनों में स्थापित करने का उल्लेख है (शत. ब्रा.-13/8/4/1. का श्रौ. 21/3/31)। वैदिक साहित्य में द्रुपद शब्द (ऋ. 1.24.13, मा.सं. 20/20) खम्भे (Post) के वाचक के रूप में भी अनेकत्र प्राप्त होता है।[5] वैदिक उल्लेखों में ग्राम, नगर, दुर्ग तथा व्यवस्थित नगरव्यवस्था के साथ यज्ञीय चितियों का भी निर्देश यह प्रभूततया स्पष्ट करता है कि नागरिक आवास की पूर्ण व्यवस्था वैदिक स्थापत्य के उपदेशों में निहित है। हर्म्य (समृद्धगृह) तथा प्रासाद (देव-राजगृह) के साथ यह विशेष ध्यातव्य है कि आडम्बरविहीन सादे आवास भी भूरिशः वैदिक उल्लेखों में प्राप्त हैं। इन उल्लेखों से यह वैचारिक द्वन्द्व निरस्त हो जाता है कि वैदिक जीवनपद्धति आरण्य, ग्रामीण अथवा नगरीय है। वस्तुतः चतुराश्रम-व्यवस्था के अनुरूप समाज के लिये अपेक्षित समस्त साधनों का निर्देश वैदिक स्थापत्य में है। ये उपदेश वेद की सार्वकालिक, सार्वभौमिक तथा सर्वजनोपकारक प्रकृति को अभिव्यक्त करते हैं।

---

1. ते गृहासो घृतश्चुतो भवन्तु। ऋ. 10/18/12; गृहान् कृणुत यावत्सबन्धु। अ. 18/4/37
2. परिमण्डलानि तेऽनुदन्त। श.ब्रा. 13/8/3/6
3. SAES Histroy of India, Sarkar p.13
4. अयस्मये द्रुपदे बेधिष इहाभिहितो मृत्युभिर्ये सहस्रम्। अ. 6/63/3 द्रुपदादिव मुञ्चताम्। अ. 6/115/2; तं द्रुपदे जहि। अ. 19/47/8
5. पूर्भिरायसीभिः। ऋ. 1/58/8 पुर आयसीर्नि तारीत्। ऋ. 2/20/8 पुर आयसीररक्षन्। ऋ. 4/27/1

स्थापत्यशास्त्र का विस्तार

स्थापत्यशास्त्र का जन्म वेद, मुख्यतः वेदाङ्ग (ज्योतिष एवं कल्प) से हुआ। इसके प्रारम्भिक प्रयोग यज्ञादिकों में सम्बद्ध भूमि-चयन, भूमि-संस्कार, भूमि का मापन तथा वेदी-रचना आदि आवश्यक अंगों के सन्दर्भ में निर्दिष्ट हैं, वे ही कालान्तर में स्थापत्यशास्त्र के सूत्रपात में सहायक बने। वैदिक स्थापत्यविद्या का रूप वेदाङ्गों में स्थिर हुआ तथा पुराणों एवं आगम-ग्रन्थों में उसका विकास हुआ। आगे चलकर वास्तुविद्या के आचार्यों ने उसको एक स्वतंत्र शास्त्र के रूप में स्थापित किया।

वास्तु पद से प्रथम ज्ञान भूमि एवं भवन का होता है। कालान्तर में इसके अर्थ का विस्तार हुआ और इसमें हस्त-शिल्प भी समाहित हो गया। इस प्रकार भूमि एवं भवन के साथ-साथ गृह के प्राणियों के उपयोग में आने वाले यान, पर्यङ्क, आसन-शयनादि का भी समावेश वास्तु के अन्तर्गत हो गया तथा इनका निर्माण भी वास्तुशास्त्र का वर्ण्य-विषय बना। इसके अतिरिक्त दुर्ग, पुर ग्राम, आराम, कूपादि का निर्माण भी वास्तुशास्त्र का अभिन्न अंग हो गया।

भारतीय चिन्तन में सभी विद्यायें अध्यात्ममूला हैं। स्थापत्यशास्त्र भी इसका अपवाद नहीं है। वास्तु-मण्डल एवं वास्तुपुरुष की परिकल्पना ने इस शास्त्र को धार्मिक एवं दार्शनिक स्वरूप प्रदान किया। भवन का निर्माण भोगवाद से हट कर ईश्वरीय प्रसाद बन गया।

इस प्रकार धर्मत्व से अनुप्राणित स्थापत्यशास्त्र एक प्रयोगविज्ञान है जो भारतीय ऋषियों की विश्व को अद्वितीय देन है।

स्थापत्यशास्त्र का अन्य शास्त्रों से सम्बन्ध

स्थापत्यशास्त्र का अन्य शास्त्रों से घनिष्ठ सम्बन्ध है। इसका प्रधान सम्बन्ध ज्योतिष शास्त्र से है। ज्योतिष के ग्रन्थों में एक अध्याय **वास्तुशास्त्र** को समर्पित रहता है तथा वास्तुकर्म में शिलान्यास से लेकर गृहप्रवेश पर्यन्त प्रत्येक कार्य के प्रारम्भ में नक्षत्र, वार, मास तथा दिक्साधन आदि के ज्ञान के लिये ज्योतिष शास्त्र का सहयोग अपेक्षित होता है। वास्तुपूजन के प्रसंग में कर्मकाण्ड तथा धर्मशास्त्र विधिनिर्देश करते हैं। भवन, देवालय आदि का निर्माण, देवालयों में मूर्ति का निर्माण, द्वार, कपाट, मार्ग, गृह के उपस्कर आदि का निर्माण बिना मापन कार्य के सम्भव नहीं है।

भवननिर्माण हेतु भूमिचयन, भूखण्ड की मृत्तिकापरीक्षा, शिलापरीक्षा, जलपरीक्षा आदि के लिये मृदा-शास्त्र एवं भूगर्भ-शास्त्र सहायक सिद्ध होते हैं। इस प्रकार स्थापत्यशास्त्र का अनेक शास्त्रों से घनिष्ठ सम्बन्ध है।

स्थापत्यशास्त्र का कला-तत्त्व एवं शास्त्रत्व

स्थपतिविद्या कला है या शास्त्र अथवा कला और शास्त्र दोनों है; यह पक्ष विचारणीय है।

शास्त्र शब्द से किसी भी कार्य के सिद्धान्त पक्ष का बोध होता है तथा कल्प से शास्त्रीय सिद्धान्त के अनुसार कार्य का भलीभाँति निष्पादन गृहीत होता है।[1] डॉ. कपिला वात्स्यायन के अनुसार शास्त्र किसी भी कार्य-योजना की मानसिक रचना वैचारिक पृष्ठ-भूमि पर करता है तथा कला के माध्यम से उसकी कार्यरूप में परिणति होती है।[2]

वास्तुविद्या का परिगणन वात्स्यायन कामसूत्र की 64 कलाओं में किया गया है। भारतीय मत के अनुसार वह कला नहीं है जिसके उपभोग से विश्रान्ति उत्पन्न हो अपितु परमात्मा में लय ही कला है।[3] विष्णुपुराण के अनुसार नारायण ही इस सृष्टि एवं लय के कारण हैं।[4] सृष्टि के कर्तृत्व के कारण वही प्रथम एवं श्रेष्ठ कलाकार हैं तथा ब्रह्माण्ड का प्राकट्य, संसार में पृथिवी, द्यु, पर्वत, नदी आदि की अभिव्यक्ति नारायण की कलाकृतियाँ हैं। यह ब्रह्मण्ड एवं पृथिवी प्राणियों के निवास स्थल हैं तथा इनका निर्माण कला है।

आधुनिक विचारकों ने भी कला पर अपने विचार प्रकट किये हैं। नीहार रंजन रे के अनुसार कला **शिल्प** से उद्भूत है। कला शब्द से काव्य, नाट्य, नृत्य, संगीत, स्थापत्य एवं चित्र आदि का बोध होता है।[5] एलिस बोनर के अनुसार भारत वर्ष में ललित कलाओं एवं स्थापत्यकलाओं में पार्थक्य नहीं प्रतीत होता है।[6]

स्टेला क्रेमरिश सभी कलाओं का परिगणन शिल्प के अन्तर्गत करती हैं।[7] कुमार स्वामी ने कला एवं शिल्प को समानार्थक माना है।[8]

उपर्युक्त मतों के अनुसार स्थापत्य एवं शिल्प कला है। स्थापत्यविद्या के शास्त्रत्व का प्रतिपादन भी अनेक स्थलों पर किया गया है। आचार्यों द्वारा प्रोक्त होने के कारण स्थापत्य विद्या शास्त्र है। स्थापत्यशास्त्र के प्रवचनकर्ता आचार्यों का उल्लेख पुराणों में प्राप्त

---

1. यद् यद् स्याद् वाचिकं सम्यक् कर्मविद्याभिसंज्ञकम्। शक्तो मूकोऽपि यत्कर्तुं कलासंज्ञं तु तत्स्मृतम्।। शुक्रनीति, 4/24
2. ए.के. कुमारस्वामी-द ट्रांसफार्मेशन आफ नेचर इन आर्ट, पृ. 179 पर पाद टिप्पणी।
3. विश्रान्तिर्यस्य सम्भोगे सा कला न कला स्मृता। लीयते परमानन्दे यया सा परा कला।। -श्रीकृष्ण त्रिपाठी पुराणपर्यालोचन, पृ. 245
4. विष्णुपुराण, 1/1/35
5. नीहार रंजन रे-एन एप्रोच टू इण्डियन आर्ट, पृ. 39-40
6. एलिस बोनर-इन्ट्रोडक्शन टू वास्तुसूत्र उपनिषद्, पृ. 2
7. स्टेला क्रेमरिश-ट्रेडिशन आफ इण्डियन क्राफ्ट्समैन, पृ. 59-60
8. ए.के. कुमारस्वामी-द ट्रांसफार्मेशन आफ नेचर इन आर्ट, पृ. 179

होता है।[1] समराङ्गणसूत्रधार ग्रन्थ के प्रारम्भ में ही स्थापत्य को शास्त्र कहा गया है।[2]

प्रतिपाद्य विषय

इस शास्त्र का प्रमुख प्रतिपाद्य स्थापत्य एवं शिल्प है। इसके अन्तर्गत नगर, ग्राम, पुरी, पत्तन, पुटभेदन, स्थानीय, कटक, शिविर, दुर्ग, मार्ग, प्रणाल-व्यवस्था, पुर, आवास, मण्डप, आरामोद्यान, प्राकार, अट्टालक, गोपुर, प्रतोली, शालभवन, द्वार, राजवेश्म, सभा, अश्वशाला, गजशाला, कूप, वापी, कुण्ड, तडाग, देव-प्रासाद, मूर्तिनिर्माण, यन्त्ररचना आदि हैं।

इनके अतिरिक्त सभी प्रकार के भवनों की सज्जा के लिये उपस्कर, शयन, आसन, रथ, तोरण, दीप-दण्ड, व्यजन, मंजूषा, दोला आदि का निर्माण आता है। इन पदार्थों के निर्माण में वास्तुशिल्प, चित्रकला, प्रतिमाविज्ञान, धातुकला आदि का प्रयोग विस्तार से प्राप्त होता है। इस प्रकार स्थापत्यशास्त्र का क्षेत्र अत्यन्त व्यापक है।

संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि स्थापत्यविद्या शास्त्र एवं कला दोनों ही है। सिद्धान्त प्रतिपादन के कारण यह शास्त्र तथा प्रयोग के कारण यह कला भी है। दूसरे शब्दों में यह प्रयोगविज्ञान है।

वेदों में स्थापत्यविद् देवगण

यह सम्पूर्ण सृष्टि स्वयमेव स्थापत्य का अद्भुत निदर्शन है। सृष्टिप्रक्रिया में सभी देव सहायक हैं। अतः सभी शिल्पी हैं किन्तु उनमें कुछ देवता प्रमुख हैं-

वैदिक देवता

क-संज्ञक प्रजापति-क-प्रजापति प्रथम स्थपति देव हैं। ऋग्वेद के हिरण्यगर्भ सूक्त (10/121) में क-प्रजापति द्वारा अन्तरिक्ष तथा द्यावापृथिवी के निर्माण की चर्चा की गई है।

विश्वकर्मा-विश्व का कर्ता होने के कारण विश्वकर्मा कहे जाने वाले देव प्रजापति से सम्बद्ध हैं।[3] 'ये त्वष्टा देव के साथ समीकृत हैं।[4] निरुक्तकार यास्क ने इन्हें 'विश्वकर्मा

---

1. मत्स्यपुराण, 252/2-4, अग्निपुराण, 39/1-15
2. वास्तुशास्त्रादृते तस्य न स्याल्लक्षणनिश्चयः। तस्माल्लोकस्य कृपया शास्त्रमेतदुदीर्यते।।
   समराङ्गणसूत्रधार 1/4
3. वाजसनेयिसंहिता, 12/61
4. अद्भ्यः सम्भृतः पृथिव्यै रसाच्च विश्वकर्मणः समवर्तताग्रे।
   तस्य त्वष्टा विदधद्रूपमेति तन्मर्त्यस्य देवत्वमाजानमग्रे।। वाजसनेयिसंहिता, 31/17

भौवन'[1] तथा 'सर्वस्य कर्ता'[2] कहा है। शौनक ने विश्वकर्मा का अर्थ 'विश्वस्य कर्म जनयन् स विश्वकर्मा' किया है।[3] इनके पश्चात् कृत्य ब्रह्माण्ड की सृष्टि, जल-निर्मिति[4], सभी जीवों[5] तथा द्यावापृथिवी के निर्माण[6] आदि हैं।

त्वष्टा-त्वष्टा शब्द त्विष् अथवा त्वक्ष् धातु से व्युत्पन्न है।[7] शौनक ने भी यास्क के मत की पुष्टि की है।[8] ये लौहकुठार से युक्त सुन्दर हस्त वाले[9], वस्तुओं के रूप का निर्माण करते हैं[10] तथा तक्षण कर्म से पदार्थों को भास्वर बनाते हैं।[11] ये मनुष्य एवं पशु आदि के[12] तथा गर्भस्थ जीवों के रूप का निर्माण करते हैं।[13] वास्तु-शिल्पी त्वष्टा की प्रसिद्ध शिल्प रचनायें हैं-वाहन, आयुध, सबदुघा धेनु, दिव्य त्रिबन्धुर रथ, हरिसंज्ञक अश्व, अग्नि से कला प्रदर्शन, एक चमस से चार चमसों का निर्माण,[14] वज्र[15] तथा लौहकुठार का तीक्ष्णीकरण।[16] इस प्रकार त्वष्टा निष्णात देव-शिल्पी कहे गये हैं।[17]

ऋभु देवगण-सुन्दर हस्त वाले दक्ष ऋभुगण सुधन्वा अंगिरा के पुत्र तथा त्वष्टा के कर्मकुशल शिष्य हैं। इन्होंने रथ, रथ के चक्र, वक्रधारा, वल्गा,[18] सहस्र रश्मियों[19] हरिसंज्ञक अश्व,[20] माता के निधन के कारण दीन हुये गोवत्स के लिये चमड़े से मातृरूपा धेनु का

1. विश्वकर्मा भौवनः सर्वमेधे सर्वाणि भूतानि जुहाञ्चकार। स आत्मानमप्यन्ततो जुहाञ्चकार। निरुक्त 10/26
2. निरुक्त 10/25
3. बृहद्देवता 2/50
4. ऋग्वेद 10/81/1, तैत्तिरीयसंहिता 7/1/5/1
5. ऋग्वेद 10/81/5
6. ऋग्वेद 10/81/2-4
7. निरुक्त 8/13
8. त्विषितस्त्वक्षतेर्वा स्यात् तूर्णमश्नुत एव वा। कर्मसूत्तारणो वेति तेन नामैतदश्नुते।। (बृहद्देवता 3/16)
9. मैक्डॉनल-वैदिक माइथॉलाजी (हिन्दी अनु. रामकुमार राय) पृ. 220
10. बृहद्देवता 3/25
11. निरुक्त 8/13
12. ऋग्वेद 1/188/9
13. ऋग्वेद 10/184/1
14. बृहद्देवता 3/85-87
15. ऋग्वेद, 1/32/2
16. ऋग्वेद 10/5/9
17. बृहद्देवता 3/84
18. ऋग्वेद 1/180/1, 8/5/29, 22/5
19. ऋग्वेद 1/119/1
20. ऋग्वेद 1/11/1, 161/3 तु. बृहद्देवता 3/83-90

निर्माण किया तथा वृद्ध माता-पिता को पुनर्यौवन से युक्त किया।[1]

वास्तोष्पति-यद्यपि इस देवता का स्थापत्य अथवा वास्तु-परक शिल्पकार्य में कोई योगदान नहीं है तथापि ये गृह के पालक एवं रक्षक देवता हैं।[2] बृहद्देवता में इन्हें त्वष्टा के सदृश शिल्पी कहा गया है।[3]

स्थापत्यवित् पौराणिक देवता

वैदिक देवपरिवार में मुख्यतया उपर्युक्त देवता वास्तुकर्म से सम्बद्ध तो हैं किन्तु उनका स्थापत्यशास्त्र से साक्षात् सम्बन्ध उल्लिखित नहीं है। पुराणों में त्रिमूर्ति का वास्तु-शास्त्र के उपदेष्टा के रूप में उल्लेख प्राप्त होता है।

ब्रह्मा-सृष्टिकर्ता ब्रह्मा को स्थापत्यवेद का प्रोक्ता कहा गया है।[4] **मानसार** के अनुसार ब्रह्मा के चार मुख विश्वकर्मा, मय, त्वष्टा एवं मनु हैं।[5] इनके मानस पुत्र नारद, भृगु, पुलस्त्य, प्रह्लाद, अत्रि एवं वशिष्ठ आदि स्थापत्यवेत्ता कहे गये हैं।[6]

विष्णु-भगवान् विष्णु ने अपने मत्स्यविग्रह से मनु को स्थपतिशास्त्र का उपदेश दिया।[7] विश्वकर्मा ने उन्हीं से चित्रशास्त्र का ज्ञान प्राप्त किया।[8] वराह-विग्रह से विष्णु ने प्रथम वास्तु पृथ्वी का जलौघ से उद्धार किया।[9]

शिव-महादेव शिव समग्र ज्ञानों के मूल-स्रोत हैं।[10] अपने दक्षिणामूर्ति विग्रह से ये भक्तों को विद्या प्रदान करते हैं। इन्हें भी स्थापत्यशास्त्र का उपदेष्टा कहा गया है।[11] वास्तु मण्डल के अधिपति देवता वास्तु का जन्म शिव से ही हुआ है।[12]

स्थापत्यशास्त्र के आचार्य

स्थापत्यशास्त्र के प्रवर्तक आचार्यों का उल्लेख पुराणों, स्थापत्यग्रंथों तथा शिल्पग्रन्थों में प्राप्त होता है। **मत्स्यपुराण** में स्थापत्यशास्त्र के उपदेशक 18 आचार्यों का उल्लेख प्राप्त होता

1. ऋग्वेद 1/110/8
2. निरुक्त 10/17
3. बृहद्देवता 2/44
4. स्थापत्यं चासृजद् वेदं क्रमात्पूर्वादिभिर्मुखैः। (भागवतपुराण, 3/12/38)
5. मानसार 1/2
6. मत्स्यपुराण 252/2-4
7. संक्षेपेणोपदिष्टं यन्मनवे मत्स्यरूपिणा। (मत्स्यपुराण 252/4)
8. विष्णुधर्मोत्तर 3/35/5
9. वराहपुराण 112/1
10. ईश्वरात् ज्ञानमन्वीच्छेत्। मत्स्यपुराण 68/41
11. मानसार 1/2
12. मत्स्यपुराण 5/30

है-भृगु, अत्रि, वशिष्ठ, विश्वकर्मा, मय, नारद, नग्नजित्, विशालाक्ष, पुरन्दर, ब्रह्मा, कुमार, नन्दीश, शौनक, गर्ग, वासुदेव, अनिरुद्ध, शुक्र तथा बृहस्पति। किन्तु इस विद्या को सर्वप्रथम मत्स्यरूपधारी विष्णु ने मनु को प्रदान किया था।[1] अग्निपुराण में 25 तन्त्रग्रन्थों का उल्लेख प्राप्त होता है।[1] इन तन्त्रों के उपदेष्टा स्थापत्यशास्त्र के भी उपदेशक कहे गये हैं।

अन्य स्थापत्यविद्

वाल्मीकि रामायण के युद्धकाण्ड[2] में वास्तुविद् के रूप में नल एवं नील का उल्लेख प्राप्त होता है। नल घृताची के गर्भ से उत्पन्न विश्वकर्मा के पुत्र[3] अथवा अग्नि के पुत्र थे। ऐसा भी उल्लेख प्राप्त होता है कि ऋतध्वज मुनि के शाप के कारण विश्वकर्मा को वानर योनि प्राप्त हुई थी।[4] नल भी विश्वकर्मा के ही समान स्थापत्य में कुशल थे।[5] उन्होंने सागर के ऊपर दश योजन चौड़े एवं शत योजन लम्बे सेतु का निर्माण किया था।[6] विश्वकर्मा के ही अंश से उत्पन्न वानर नील भी इस कार्य में उनके सहायक थे।[7]

महाभारत के प्रख्यात स्थापत्यवित् पुरोचन लाक्षागृह के कर्त्ता थे। अग्निदाह के कारण उसी लाक्षागृह में उनकी मृत्यु हो गयी।[8] स्थापत्यविदों के प्रसंग में विश्वकर्मा तथा मय अग्रगण्य हैं। उनका परिचय इस प्रकार है।

विश्वकर्मा

देवशिल्पी विश्वकर्मा उत्तरभारतीय स्थापत्य की नागरपरम्परा के प्रवर्तक हैं। इन्हें वास्तु एवं शिल्प का ज्ञान विश्वकर्मा से प्राप्त हुआ।[9] वैदिक संहिताओं तथा ब्राह्मणग्रन्थों में विश्व के सृष्टिकार्य में प्रवृत्त विश्वकर्मा देवता हैं। वह ब्रह्मा की मानसी दृष्टि को रूप प्रदान

---

1. भृगुरत्रिर्वशिष्ठश्च विश्वकर्मा मयस्तथा।
   नारदो नग्नजिच्चैव विशालाक्षः पुरन्दरः।।
   ब्रह्मा कुमारो नन्दीशः शौनको गर्ग एव च।
   वासुदेवो ऽनिरुद्धश्च तथा शुक्रबृहस्पती।।
   अष्टादशैते विख्याता वास्तुशास्त्रोपदेशकाः।
   संक्षेपेणोपदिष्टं यन्मनवे मत्स्यरूपिणा।। मत्स्यपुराण 252/2-4
2. द्विजेन्द्रनाथ शुक्ल-हिस्ट्री आफ हिन्दू आर्किटेक्चर, पृ. 65
3. महाभारत वनपर्व 267/41, वाल्मीकिरामायण, युद्धकाण्ड 22/45
4. स्कन्द पुराण 3/1/42
5. वामन पुराण 62, मानसार 68/1-2
6. वाल्मीकिरामायण, युद्धकाण्ड 22/52
7. वाल्मीकिरामायण 22/76, महाभारत, वनपर्व 274/25, भागवतपुराण 9/10/16, प्राचीन चरित्र कोश, पृ. 573
8. महाभारत आदि, 132/8-13, तु. प्राचीन चरित्र कोश, पृ. 436
9. द्विजेन्द्रनाथ शुक्ल-भारतीय स्थापत्य, पृ. 27

करते हैं। शिल्पप्रकाश में इन्हें विष्णु का अवतार कहा गया है। महान् तेजस्वी विश्वकर्मा 64 कलाओं के अधिपति, ऐरावत गज पर आरूढ, उज्ज्वलवदन, आभूषणों से आभूषित, चतुर्भुज, शान्तवदन, पीतवसन तथा दोनों हाथों में मानसूत्र धारण किये हुए स्तूयमान हैं।[1] परवर्ती वाङ्मय में विश्वकर्मा मनुष्यों के अधिक निकट प्रतीत होते हैं।

विश्वकर्मा के जन्म के विषय में ग्रन्थों में अनेकशः वर्णन प्राप्त होता है। धर्म की दस पत्नियों में एक पत्नी दक्ष की पुत्री थी जिसने अष्ट वसुओं को जन्म दिया। सबसे छोटे प्रभास संज्ञक वसु विश्वकर्मा के पिता थे। प्रभास के पुत्र विश्वकर्मा स्थपति-विद्या-विशारद एवं प्रजापति हुये। उन्होंने प्रासाद, भवन, उद्यान, प्रतिमा, भूषण, तडाग, आराम एवं कूपादि की रचना की। वह देव-वर्धकि भी बने।[2] यह भी उल्लेख प्राप्त होता है कि इनकी माता बृहस्पति[3] की बहन थी। समराङ्गणसूत्रधार ग्रन्थ में विश्वकर्मा को प्रभास का पुत्र एवं बृहस्पति का भागिनेय कहा गया है।[4]

इस प्रकार विश्वकर्मा वसु-पुत्र होने के कारण स्थपतिकर्म में निष्णात तथा वास्तुवेत्ता बृहस्पति के भागिनेय होने के कारण वास्तुविद् बने। यह भी उल्लेख प्राप्त होता है कि विश्वकर्मा प्रजापति त्वष्टा के पुत्र थे।[5] अपराजितपृच्छा में विश्वकर्मा को महर्षि भृगु का भागिनेय कहा गया है। भृगु को धातु-कर्म में कुशल कहा गया है। इस प्रकार विश्वकर्मा जन्म से ही स्थपतिकर्म में कुशल थे।[6]

विश्वकर्मा के पुत्रों की चर्चा पुराणों में प्राप्त होती है। विष्णुपुराण में अजैकपाद, अहिर्बुध्न, त्वष्टा एवं रुद्र विश्वकर्मा के पुत्र कहे गये हैं।[7]

ब्रह्मवैवर्तपुराण में विश्वकर्मा के 9 शिल्पकार पुत्रों की चर्चा प्राप्त होती है। ये हैं- मालाकार, कर्मकार, शंखकार, कुविन्दक, कुम्भकार, कांस्यकार, सूत्रधार, चित्रकार एवं स्वर्णकार।[1] ये सभी शूद्रा के गर्भ से उत्पन्न हुये थे। इस प्रकार विश्वकर्मा के प्रत्येक पुत्र

---

1. शिल्पप्रकाश, 1/1-3
2. विश्वकर्मा प्रभासस्य पुत्रः शिल्पी प्रजापतिः। प्रासादभवनोद्यान-प्रतिमाभूषणादिषु। तडागारामकूपेषु स्मृतः सोऽमरवर्धकिः।' (मत्स्यपुराण 5/27-28)
   तु. विष्णु., 1/15/118-128, ब्रह्म. 1/156-158, वायु. 2/5/28-30. ब्रह्मवैवर्त श्रीकृष्णजन्म खण्ड, 14
3. विष्णुपुराण, 1/15/118
4. समराङ्गणसूत्रधार-'सुतः प्रभाासस्य वसोः स्वस्रीयश्च बृहस्पतेः।
   तु द्विजेन्द्र नाथ शुक्ल-भवन निवेश, पृ. 4,5
5. स्कन्दपुराण, 4/2/86/3
6. द्विजेन्द्रनाथ शुक्ल-भवन निवेश, पृ. 4,5
7. विष्णुपुराण, 1/15/11

से शिल्प की इन विधाओं का स्वतन्त्र विकास हुआ। अपरतः शिल्पकर्म से शूद्र वर्ण का सम्बन्ध हो गया। इन पुत्रों के जन्म के प्रसंग में कथा इस प्रकार है-विश्वकर्मा का प्रणय घृताची अप्सरा से हो गया। उसके प्रणय निवेदन को घृताची ने तिरस्कृत कर दिया। इससे विषण्ण होकर विश्वकर्मा ने घृताची को शूद्रा हो जाने का शाप दिया जिसके प्रत्युत्तर में घृताची ने भी उसे शाप दिया। शापवशात् विश्वकर्मा ने कारु ब्राह्मण होकर तथा घृताची ने मदन गोप की पुत्री विद्या होकर पृथिवी पर जन्म लिया। इन्होंने 9 शिल्पी पुत्रों को जन्म दिया।[2]

अपराजितपृच्छा में विश्वकर्मा का कुलपरिचय पुराण से पृथक् है। विश्वकर्मा का जन्म चाक्षुष् मनुवंश में हुआ था। जय, विजय, सिद्धार्थ एवं अपराजित ये चार उनके मानस पुत्र कहे गये हैं। इनमें जय तथा अपराजित वास्तुविद् थे। जय के स्थापत्यविषयक प्रश्न एवं विश्वकर्मा के उत्तर के रूप में जयपृच्छा संज्ञक ग्रन्थ तथा अपराजित के प्रश्न एवं विश्वकर्मा के उत्तर अपराजितपृच्छा संज्ञक ग्रन्थ के रूप में उपस्थित हैं। विजय संगीत के तथा सिद्धार्थ विज्ञान के ज्ञाता थे।[3]

धर्म की दृष्टि से विश्वकर्मा शैव थे। उन्होंने काशी में भगवान् आशुतोष को सन्तुष्ट कर अपने कर्म में नैपुण्य प्राप्त किया।[4] स्थपतिकर्म में कौशल प्राप्त कर उन्होंने शिवलिङ्ग की स्थापना की तथा उनकी विधिवत् पूजा की। पूजा से सन्तुष्ट कर सम्पूर्ण संसार के सभी कर्मों में कौशल का तथा अतिलोकोत्तर कर्मज्ञता का वर प्राप्त किया। इसी से इनकी संज्ञा विश्वकर्मा हुई।[5]

विश्वकर्मा के गुरुकुल में निवास का वर्णन स्कन्दपुराण में प्राप्त होता है। एक बार अध्ययन काल में वर्षा ऋतु से पूर्व गुरु ने उनको कुटिया बनाने का आदेश दिया। गुरु-पत्नी ने उन्हें कञ्चुक रचना के लिये, गुरु-पुत्र ने चर्मबन्ध से युक्त सुखद पादुका के लिये तथा गुरु-पुत्री ने स्वर्णाभरण तथा गज-दन्त से निर्मित खिलौने के लिये कहा। इनके अतिरिक्त गुरु-परिवार ने उनसे मूसल, ऊखल, पीठ आदि गृहोपकरणों के निर्माण के लिये कहा।

1. ततो बभूवुः पुत्राश्च नवैते शिल्पकारिणः।
   मालाकारकर्मकारशंखकारकुविन्दकाः।।
   कुम्भकारः कांस्यकारः षडेते शिल्पिनां वराः।
   सूत्रधारश्चित्रकारः स्वर्णकारः तथैव च।
   पतितास्ते ब्रह्मशापाद् अयाज्या वर्णसंकराः।। ब्रह्मवैवर्तपुराण 1/10/19-21
2. विश्वकर्मा च शूद्रायां वीर्याधानं चकार सः (ब्रह्मवैवर्तपुराण 1/10/19) तु. डॉ. सरकार-शूद्राज इन एन्शियन्ट इण्डिया, पृ. 187
3. अपराजितपृच्छा 34/3-14
4. स्कन्दपुराण 4/2/86/17-59
5. अतिलोकोत्तरकर्म तत्सर्वं वेत्स्यसि स्वयम्। विश्वेषां विश्वकर्माणि विश्वेषु भुवनेषु च।
   यतो ज्ञास्यसि तन्नाम विश्वकर्मेति तेऽनघ। (स्कन्दपुराण 4/2/83-84)

गुरु-पुत्री ने उनसे सूप-कर्म की शिक्षा के लिये प्रार्थना की। गुरु ने उनसे एक काष्ठ से निर्मित स्तम्भ से युक्त गृह के निर्माण के लिये कहा। साथ पढ़ने वालों ने भी उनसे विविध द्रव्य-रचना के लिए प्रार्थना की। विश्वकर्मा ने शिव के अनुग्रह से सभी के मनोरथों को पूर्ण किया।[1]

विश्वकर्मा शिल्प में विभिन्न हस्तकलाओं का परिगणन किया गया है। इनका उल्लेख इस प्रकार है[2]-सुवर्ण आदि धातु-कर्म, दारु-कर्म, दृषत्कर्म, मणिरत्नादिकर्म, पुष्पकर्म, वस्त्रकर्म, कर्पूरादिसुगन्धि-द्रव्य-कर्म, जलकर्म, कन्द-मूलफलों का त्वक्-कर्म, सर्ववस्तु निर्माण-कर्म, सद्मदेवालय आदि का निर्माण, सर्वनेपथ्यरचना, सूप-कर्म, नानाविधयन्त्र रचना, आयुधरचना, जलाशय-दुर्ग आदि का निर्माण, विभिन्न कलायें, इन्द्रजालिकी विद्या, सभी कर्मों में कुशलता तथा सभी की मनोवृत्तियों का ज्ञान। शिल्पप्रकाश ग्रन्थ में शिल्पविद्या के अन्तर्गत दारु, पाषाण, लौह, स्वर्ण तथा लेख कर्म का परिगणन किया गया है।[3]

विश्वकर्मा के कतिपय विश्रुत कृत्य हैं-सर्वदेवमय रथ का निर्माण[4], पार्वती-विवाह के मण्डप की रचना[5], सुधर्मा-देवसभा[6], रसातल में बलि के निवास के लिये मणिमय पुर की रचना[7], लंकापुरी का निर्माण[8], सूर्य के तेज को कम करना,[9] तथा उस तेज से विष्णु के सुदर्शन चक्र, शिव के त्रिशूल तथा इन्द्र के वज्र का निर्माण।[10] विश्वकर्मा द्वारा प्रोक्त कतिपय प्रसिद्ध वास्तुग्रन्थ वास्तुशास्त्र, विश्वकर्मा प्रकाश, दीपार्णव, क्षीरार्णव, वृक्षार्णव, अराजितपृच्छा, जयपृच्छा तथा वास्तुप्रदीप आदि हैं।

मय

स्थापत्यविद्या के दूसरे स्तम्भस्वरूप मय असुर दक्षिण-भारतीय द्रविड-परम्परा के उद्भावक हैं। मत्स्यपुराण में वर्णित 18 आचार्यों में इनका भी परिगणन किया गया है। महाभारत में मय कहते हैं कि-**अहं हि विश्वकर्मा दानवानां महाकविः।**[11]

---

1. स्कन्दपुराण 4/2/86/5-59
2. स्कन्दपुराण 4/2/86/74-83
3. शिल्पप्रकाश 1/5/6
4. शिवपुराण, रुद्रसंहिता, 5/3/4
5. शिवपुराण, रुद्रसंहिता 3/27, स्कन्दपुराण, माहेश्वर. 1/24/2-25
6. पद्म, उत्तर., 260
7. वामनपुराण, 67/1/2
8. वाल्मीकिरामायण, सुन्दर 2/20
9. भविष्यपुराण 121/6, 27
10. पद्म, सृष्टि. 89/39-40
11. महाभारत, सभा. 1/5

अर्थात् यह दानवों के विश्वकर्मा हैं। जिस प्रकार विश्वकर्मा देवों के समस्त स्थापत्य तथा वास्तु-शिल्पपरक कार्य करते हैं, उसी प्रकार मय असुरों के समग्र कार्य सम्पन्न करते हैं। रामायण में इनका कुल-परिचय वर्णित है। मय दिति के पुत्र थे। स्वर्ग की अप्सरा हेमा इनकी पत्नी थी। अप्सरा हेमा के गर्भ से मायावी एवं दुन्दुभि संज्ञक दो पुत्र तथा मन्दोदरी संज्ञक पुत्री उत्पन्न हुई, जिसका विवाह लंकाधिपति रावण के साथ हुआ। इस प्रकार ये लंकापति रावण के श्वसुर बने।[1] महाभारत में इन्हें दनु तथा कश्यप का पुत्र एवं नमुचि का भ्राता कहा गया है।[2]

मय दानव को महा तेजस्वी तथा मायावी कहा गया है।[3] ये माया विद्या के अप्रतिम ज्ञाता एवं कुशल प्रयोक्ता थे। देवों एवं दानवों के युद्ध में इन्द्र की सामग्री माया के विनाश के लिये मय ने अग्निमयी औवीं माया का प्रयोग किया।[4] मय के द्वारा प्रयुक्त एक अन्य माया 'पार्वती' थी। यह शिला, द्रुम, तथा पर्वत आदि से युक्त थी।[5]

मयरचित स्थापत्य एवं शिल्प के कतिपय निदर्शन हैं-पाण्डवसभा[6], सुवर्णवन, सुवर्णभवन[7], मायानगर[8], त्रिपुर[9], वैहायसविमान[10] तथा पुष्पकविमान।[11] मयप्रोक्त प्रधान ग्रन्थ मयमतम् है। मयसंहिता भी इनकी रचना कही गयी है। ऐसा भी वर्णन हैं कि मय मयराष्ट्र (मेरठ) के राजा थे तथा मयराष्ट्र इनकी राजधानी थी।[12]

इस प्रकार वास्तु एवं शिल्प के आचार्य मय एवं विश्वकर्मा का स्थान स्थापत्यविदों में सर्वोपरि है।

गर्ग

उतथ्य-पुत्र आचार्य गर्ग प्रथितयशस्क ज्योतिषशास्त्र के आचार्य थे। उन्होंने शेषनाग से ज्योतिर्विद्या का अध्ययन किया।[13] इन्हें स्थापत्यशास्त्र का आचार्य भी कहा गया

1. वाल्मीकिरामायण, उत्तरकाण्ड, 12
2. महाभारत, आ. 2/8/39
3. मयो नाम महातेजा मायावी वा नरर्षभ। वाल्मीकिरामायण, किष्किन्धा. 51/10
4. तदासृजन् महामायां मयस्तां तामसीं दहन्। युगान्तोद्योतजननी सृष्टामौर्वेण वह्निना।। मत्स्यपुराण 175/18
5. साश्मयन्त्रायुधधना द्रुमपर्वतसंकटा। अभवद् घोरसंचारा पृथिवी पर्वतैरिव।। मत्स्यपुराण 176/27
6. महाभारत, सभा.15/5/9-12
7. वाल्मीकिरामायण कि. 51/11
8. वाल्मीकिरामायण उत्तर. 12/8-9
9. शिवपुराण 5/2
10. भागवतपुराण 8/10/16-17
11. वाल्मीकिरामायण, सुन्दरकाण्ड
12. प्राचीन भारतीय संस्कृत कोश, पृ. 287
13. प्राचीन चरित्र कोश, पृ. 588-589

है।[1] इनके द्वारा प्रोक्त गार्ग्यतन्त्र का उल्लेख अग्निपुराण में प्राप्त होता है।

नारद

महर्षि नारद नारदीय तन्त्र[2] के प्रोक्ता कहे गये हैं। नारद संहिता, नारदीयपाञ्चरात्र, नारदवास्तुविधान आदि ग्रन्थों में वास्तुशास्त्रविषयक वर्णन प्राप्त होता है।

अत्रि

ब्रह्मा के मानस पुत्र अत्रि आत्रेयतन्त्र के प्रोक्ता कहे गये हैं।[3] अत्रि संहिता तथा अत्रिस्मृति भी इनके ग्रन्थ हैं।[4]

शुक्र

भृगुपुत्र, असुरकुलगुरु शुक्राचार्य विविध विधाओं के आचार्य थे। शुक्रनीति ग्रन्थ में इनके स्थापत्यविषयक विचार प्राप्त होते हैं। इनके पुत्र त्वष्टा[5] विख्यात तक्षक[6] थे।

बृहस्पति

देवगुरु बृहस्पति का परिगणन अन्य शास्त्रों के अतिरिक्त शुक्र के साथ स्थापत्यशास्त्र के आचार्य के रूप में भी मत्स्यपुराण में प्राप्त होता है। इनकी बहन विश्वकर्मा की माता कही गयी हैं। बृहस्पतिस्मृति तथा बार्हस्पत्यशास्त्र आदि इनके ग्रन्थ हैं।[7]

नग्नजित्

आचार्य नग्नजित् चित्रकर्म में कुशल कहे गये हैं। इनका ग्रन्थ चित्रलक्षण प्रसिद्ध है। इनके अतिरिक्त काश्यप ऋषि का कश्यप शिल्प, अगस्त्य ऋषि का सकलाधिकार, मरीचि ऋषि का वैखानसागम प्रसिद्ध ग्रन्थ हैं।[8] इन ग्रन्थों में वास्तुशास्त्र एवं स्थापत्य का प्रतिपादन किया गया है।

मानसार में स्थापत्य के आचार्यों का परिगणन इस प्रकार किया गया है-विश्वकर्मा विश्वेश, विश्वेश्वर, प्रबोधक, वृत, मय, त्वष्टा, मनु, नल, मानवित्, मानकल्प, मानसार, प्रष्टा, मानबोध, विश्वबोध, नय, आदिसार, विशाल, विश्वकाश्यप, वासुबोध, महातन्त्र,

1. मत्स्यपुराण 252/3
2. अग्निपुराण 39/1-5
3. अग्निपुराण 39/1-5
4. प्राचीन चरित्र कोश, पृ. 16
5. ब्रह्माण्डपुराण 3/1/77-79
6. ऋग्वेद 1/32/2, अथर्ववेद 12/3/33
7. प्राचीन चरित्र कोश, पृ. 976
8. द्विजेन्द्र नाथ शुक्ल-भवन निवेश, पृ. 4

वास्तुविद्यापति, पाराशरीयक, कालयूप, चैत्य, चित्रक, आवर्य, साधकसारसंहिता, भानु, इन्द्र, लोकज्ञ तथा सूर्य।[1] **बृहत्संहिता**[2] में स्थान-स्थान पर गर्ग, मनु, वशिष्ठ, पराशर, विश्वकर्मा, नग्नजित् तथा मय आदि स्थापत्यविदों के मतों का उल्लेख प्राप्त होता है।

वास्तुकौस्तुभ ग्रन्थ में शौनक, राम, रावण, परशुराम, हरि, गालव, गौतम, शोभित, वैद्याचार्य, मयपुत्र, कार्तिकेय तथा च्यवन का उल्लेख स्थापत्यशास्त्रज्ञ के रूप में मिलता है।[3]

विश्वकर्माप्रकाश ग्रन्थ में स्थापत्य-प्रवर्तकों में गर्ग, पराशर, बृहद्रथ एवं विश्वकर्मा उल्लिखित हैं।[4]

स्थापत्यशास्त्र का ऐतिह्यक्रम

संस्कृत वाङ्मय में स्थापत्यविषयक वर्णन वेद से ही प्रथमतः प्राप्त होते हैं। ऋग्वेद में गृह के अर्थ में वास्तु, शरण, शर्म, क्षय, वरूथ्य, सदन तथा दुरोण आदि पदों का प्रयोग प्राप्त होता है।[5] स्थापत्यविद्या का आद्य प्रयोगस्थान गृह है, यह इस उल्लेख से स्पष्ट है। अन्य निर्माण इसका विस्तार हैं। यजुर्वेद में स्थापत्य-उल्लेखों के अन्तर्गत वास्तु पद का प्रयोग प्रायः यज्ञपरक है यथा यूपनिर्माण[6], स्तूपनिर्माण[7] एवम् आसन्दी, पर्यंक आदि का निर्माण[8]। अथर्ववेद[9] के शालासूक्तों में भवन-निर्माण-परक वर्णन अपेक्षाकृत अधिक स्पष्ट हैं।

ब्राह्मणग्रन्थों में यूप, वेदी एवं श्मशान आदि की संरचना में स्थापत्यकला का सौष्ठव प्रतिबिम्बित होता है। शतपथ ब्राह्मण में यज्ञादि के प्रसंग में चितिवर्णन[10], इष्टकानिर्माण[11] तथा इष्टका के प्रमाण एवं प्रकारों[12] का विस्तार से वर्णन किया गया है।

सूत्रसाहित्य में श्रौत, शुल्ब तथा गृह्यसूत्रों में वास्तु-प्रयोग प्राप्त होता है। यज्ञवेदियों के निर्माण में शुल्बसूत्र ग्रन्थों का विशेष स्थान है। शुल्ब शब्द का अर्थ मापन कर्म में प्रयुक्त सूत्र अथवा रज्जु है। वेदी-निर्माण हेतु वेदी की आकृति के अनुसार क्षेत्रमापन, इष्टका-मापन

---

1. मानसार 68/1-2
2. बृहत्संहिता 57, 58 अ.
3. पी.ओ. सोमपुरा, वास्तुविद्या ग्रन्थ की प्रस्तावना, पृ. 6
4. विश्वकर्माप्रकाश 13/25-27
5. ऋग्वेद 2.3.8; 1.154.6; 6.16.33; 1.121.2; 4.53.6; 8.101.5; 10.11.9; 7.92.3 आदि।
6. तैत्तिरीयसंहिता 1/3/6/3
7. वाजसनेयी संहिता 35
8. वाजसनेयी संहिता 19/86, 20/1
9. अथर्ववेद 3/12, 9/3
10. शतपथ 7/1/20, 8/1-5
11. शतपथ 6/1/2/22, 23, 29 आदि
12. शतपथ 8/7/2/17

एवं उनकी आकृति तथा संख्या का निर्धारण शुल्बसूत्रों का विषय है। इस प्रसंग में कात्यायन, बौधायन तथा आपस्तम्ब शुल्बसूत्र उल्लेखनीय हैं।

गृह्यसूत्रों में भूमिचयन, भूशोधन तथा पूजन आदि का वर्णन प्रतिपादित है जो कि स्थापत्यशास्त्र के अनुकूल है। शांखायन, पारस्कर तथा आश्वलायन गृह्यसूत्र इस कोटि में आते हैं।[1]

वाल्मीकिरामायण तथा महाभारत में स्थापत्यविद्या के निदर्शन भूरिशः प्राप्त होते हैं। दोनों ग्रन्थों में उत्तरभारतीय नागरपरम्परा एवं भारतीय द्राविड परम्परा के अनेक उदाहरण दृष्टिगत होते हैं। रामायण में विविध पुरियों का वर्णन उल्लेखनीय है।[2] किष्किन्धा क्षेत्र में वर्णित विचित्र गुहा मय के स्थापत्यकौशल का अद्वितीय निदर्शन है।[3] इनके अतिरिक्त विविध उद्यानों का वर्णन[4] एवं पुष्पक विमान[5] आदि वास्तुशिल्प के अप्रतिम उदाहरण हैं। इसी प्रकार महाभारत में पुरियों का वर्णन[6], शिविर[7], सभा[8], लाक्षागृह[9] तत्कालीन स्थापत्य के उदाहरण हैं।

पुराणों में स्थापत्य का शास्त्रीय स्वरूप प्रमुखतः मत्स्यपुराण (252-260, अग्निपुराण (105, 247), स्कन्दपुराण (माहेश्वरखण्ड) तथा गरुडपुराण (46-49) में प्राप्त होता है। उपपुराणों में विष्णुधर्मोत्तरपुराण (3/86-87) उल्लेखनीय है।

अर्थशास्त्र में स्थापत्यविषयक वर्णन भी प्राप्त होता है। वास्तु की परिभाषा[10], दुर्ग निवेश[11], ग्राम एवं राष्ट्र आदि का स्थापन[12], भवन-द्वार तथा कपिशीर्ष, पुर-तोरण, एवं प्रतोली आदि शब्दों का प्रयोग ग्रन्थकार के स्थापत्यशास्त्रीय ज्ञान को प्रदर्शित करता है।

---

1. शांखायन. 3/4/5, 1,2 पारस्कर. 3/4, आश्वलायन. 2/9. 10
2. वाल्मीकिरामायण, अयोध्यापुरी 1/5/5-23, किष्किन्धापुरी-किष्किन्धा. 33/4-17, लंकापुरी सुन्दर. 3/2-21,4/4-30 आदि
3. वाल्मीकिरामायण, किष्किन्धा. 50/2-41, 51/10-18
4. वाल्मीकिरामायण, सुन्दर. 7/14-34, उत्तर. 42/1-17
5. वाल्मीकिरामायण, सुन्दर. 9/11
6. महाभारत, इन्द्रप्रस्थपुरी 1/207/30-48, द्वारकापुरी-3/15/5-18, मिथिलापुरी 3/207/7-11
7. महाभारत, 5/511, 156
8. महाभारत, पाण्डवसभा-2/1/4-5, 47, इन्द्रसभा-2/7, यमसभा-2/8, वरुणसभा 2/9, कुबेरसभा 2/10, ब्रह्मसभा 2/7-14
9. महाभारत, 1/144, 8/11
10. अर्थशास्त्र 2/8
11. अर्थशास्त्र 2/4
12. अर्थशास्त्र 2/1, 6
13. मनुस्मृति, 7/114

मनुस्मृति में ग्राम, गुल्म, राष्ट्र एवं दुर्ग आदि के प्रसंग में वास्तु-परिचर्चा प्राप्त होती है।[13]

शुक्रनीति में भूमिमापन, राजधानी-प्रकल्पन, राजप्रासाद, दुर्ग, राजमार्ग, प्रतिमा निर्माण तथा मन्दिरनिर्माण आदि स्थापत्य के विषय प्रतिपादित हैं।[1]

आगमसाहित्य में भी प्रभूत स्थापत्य तथा वास्तुपरिचर्चा प्राप्त होती है। इनमें कामिकागम के 58 पटलों में वास्तुविद्या वर्णित है। इसके अतिरिक्त कर्णागम का तालमान तथा सुप्रभेदागम का प्रासाद-पटल उल्लेखनीय है। आगमग्रन्थों में मूर्तिनिर्माण, विशेषरूप से लिंगोद्भव शैव प्रतिमाओं का सांगोपांग विवेचन प्राप्त होता है।[2]

तन्त्रग्रन्थों में स्थापत्य विवेचन द्रष्टव्य है। अग्निपुराण में मूर्तिस्थापन के प्रसंग में 25 तन्त्रों का उल्लेख किया गया है।[3] मेरुतन्त्र में शालिग्राम[4] तथा शिवलिंगों[5] का वर्णन विशुद्ध रूप से किया गया है।

बौद्ध साहित्य में भी प्रासाद, हर्म्य, गुहा, विहार एवं मण्डप आदि के प्रसंग में स्थापत्य विद्या के दर्शन होते हैं।[6]

वराह मिहिर की बृहत्संहिता के पाँच अध्यायों में भूमिचयन, भू-परीक्षा, वास्तुपदविन्यास, द्वाररचना तथा वज्रलेप के प्रकार वर्णित हैं। स्थान-स्थान पर अन्य आचार्यों के मत भी उल्लिखित हैं।[7]

पूर्वोक्त ग्रन्थों में स्थापत्य का वर्णन प्राप्त होता है किन्तु ये ग्रन्थ स्थापत्यशास्त्रीय नहीं हैं। स्थापत्यशास्त्रीय ग्रन्थ प्रायः दो श्रेणी में आते हैं-मयपरम्परा (द्राविड रीति) तथा विश्वकर्मा परम्परा (नागर रीति)। डॉ. आफरेख्त की ग्रन्थसूची के अनुसार विश्वकर्मा परम्परा के ग्रन्थों में प्रमुख ग्रन्थ इस प्रकार हैं-अपराजितपृच्छा, जयपृच्छा, **कृष्णार्णव**, वास्तुशास्त्र, विश्वकर्मामत, अपराजितप्रभा अथवा विश्वकर्मा संहिता, आयतत्त्व, ज्ञानरत्नकोष, वास्तुशास्त्र, समराङ्गणसूत्रधार, युक्तिकल्पतरु, वास्तुराजवल्लभ अथवा राजवल्लभमण्डन, प्रासादमण्डन, रूपमण्डन, राजसिंह का वास्तुशास्त्र, भुवनप्रदीप, बृहच्छिल्पशास्त्र, मानसोल्लास, मनुष्यालयचन्द्रिका, वास्तुरत्नावली, वास्तुमुक्तावली[8], दीपार्णव, क्षीरार्णव, वृक्षार्णव, **स्वर्गार्णव**, परिमाणमंजरी, वास्तुकौस्तुभकलानिधि, वास्तूद्धार, सुधाननवास्तु, वास्त्वध्याय रत्नतिलक, सूत्रप्रतान, देव्यधिकार तथा शियप्रकाश आदि।[9] उपर्युक्त ग्रन्थ सूची में कुछ ग्रन्थों के वर्ण्य विषय द्राविड परम्परा के अनुसार हैं यथा-मनुष्यालयचन्द्रिका।

1. शुक्रनीति, 1/193-274, 4/4/74-203
2. द्विजेन्द्रनाथ शुक्ल-भारतीय स्थापत्य, पृ. 36-37
3. अग्निपुराण, 39/1-5
4. मेरुतन्त्र 5/588-665
5. मेरुतन्त्र 9/69-191
6. द्विजेन्द्रनाथ शुक्ल-भारतीय स्थापत्य, पृ. 33
7. बृहत्संहिता, 53, 56, 57, 58, 49
8. द्विजेन्द्रनाथ शुक्ल-वास्तुशास्त्र 1, पृ. 83
9. पी.ओ. सोमपुरा-वास्तुविद्या तथा जयपृच्छा ग्रन्थ की प्रस्तावना

मयपरम्परा के पोषक प्रधान ग्रन्थ इस प्रकार हैं- मयमत, मानसार, चित्रलक्षण, कश्यपशिल्प, सकलाधिकार, वास्तुपुरुषविधान, प्रयोगमंजरी, प्रयोगपारिजात, शिल्परत्न, शिल्पसंग्रह, शुक्रनीति, ईशानशिवगुरुदेवपद्धति, हरिभक्तिविलास, मठप्रतिष्ठा तथा चतुर्वर्ग चिन्तामणि।[1]

आधुनिक वास्तुविद् एवं विचारक

स्थापत्यशास्त्र की विचारसरणि आज भी गतिशील है। इस परम्परा में भारतीय एवं पाश्चात्य दोनों ही विद्वान् आते हैं। उनमें कुछ नाम इस प्रकार हैं-स्टेला क्रेमरिश, कुमार स्वामी, प्रसन्न कुमार आचार्य, वासुदेव उपाध्याय, वासुदेव शरण अग्रवाल, गोपीनाथ राव, जितेन्द्रनाथ बनर्जी, रायकृष्ण दास, द्विजेन्द्रनाथ शुक्ल, तारापद भट्टाचार्य, मल्लाया, विनयतोष भट्टाचार्य, सरस्वती, हैवेल स्मिथ, मार्शल लागहर्स्ट, चान्दा, वत्स, श्री नारायण चतुर्वेदी, ढाके, लोवर ड्राविडदेश, जेम्स फर्गुसन, जेम्स बर्गेस, एन एस गांगुली, देवल मित्र, अरबन, जानसन, वाल्टरहेन, निस्मर यजदानी, सुरेन्द्र, स्टुटली, एलिस बोनर आदि।

वास्तुपुरुष एवं वास्तुमण्डल

वास्तुपुरुष का जन्म–वास्तुपुरुष के जन्म की कथा पुराणों एवं शिल्पग्रन्थों में विस्तार से प्राप्त होती है। अन्धकासुर के वध के पश्चात् शिव के ललाट के स्वेद से भूत की उत्पत्ति हुई। उसने उत्पन्न होते ही अन्धकासुर के रक्त का पान किया किन्तु उसकी तृप्ति नहीं हुई। उसने अपने तपोबल से शिव को सन्तुष्ट कर त्रैलोक्य-ग्रसन का सामर्थ्य प्राप्त किया। उस वर के प्रभाव से उसने अपने शरीर से सम्पूर्ण भूमण्डल को ग्रस लिया। इसके पश्चात् जब वह पृथिवी की ओर अधोमुख होकर गिर पड़ा, उसी स्थिति में देवों और असुरों ने उसे स्तब्ध कर दिया एवं उस पर आरूढ़ हो गये। जिस-जिस देवता एवं असुर ने उसके जिस-जिस भाग को आक्रान्त किया, उसी भाग को अपना निवास बना लिया। उनके वास-कर्म के कारण उस भूत की संज्ञा वास्तु हुई।[2] यही आख्यान शब्दान्तर से बृहत्संहिता में वर्णित है।[3] यही वास्तुपुरुष आगे चलकर पूजित हुआ।

शिल्पग्रन्थों में वास्तुपुरुष को शुक्राचार्य द्वारा किये गये याग से समुद्भूत कहा गया है जिसके साथ देवों का संग्राम हुआ। भयाक्रान्त देवता शिव के पास गये। शिव ने उस असुर को परास्त किया। उनसे पराभूत वह असुर प्राणियों का निवासस्थल बन गया। निवास प्रदान करने के कारण उस असुर ने पूजनीय देवस्थान प्राप्त किया।[4]

---

1. द्विजेन्द्रनाथ शुक्ल-वास्तुशास्त्र 1, पृ. 81-83
2. मत्स्यपुराण 252, अग्निपुराण 40, विष्णुधर्मोत्तरपुराण, 3/95
3. किमपि किल भूतमभवद्रुन्धानं रोदसी शरीरेण। तदमरगणेन सहसा विनिगृह्याधोमुखं न्यस्तम्।।
   यत्र च येन गृहीतं बिबुधेनाधिष्ठितः स तत्रैव। तदमरमयं विधाता वास्तुनरं कल्पयामास।।
   बृहत्संहिता 53/2,3
4. अपराजितपृच्छा, 53/27, वास्तुविद्या 4/47 ईशानशिवगुरुदेवपद्धति, 3/26/93,
   शिल्परत्न 7/4-29

मेरुतन्त्र में वास्तु का जन्म इस प्रकार वर्णित है।[1] वास्तुसंज्ञक असुर ने तीनों लोकों पर विजय प्राप्त की। वह प्रजापति बन गया। उससे पराभूत होकर देवगण भगवान् विष्णु की शरण में चले गये। नारद की प्रेरणा से उस असुर ने विष्णु देव के साथ युद्ध किया तथा विष्णु की माया से विमोहित होकर उनसे वर माँगने को कहा। विष्णु ने उससे उसकी मृत्यु का उपाय पूछा। अपने वचनों की रक्षा हेतु उसने अपना देह त्याग दिया। उसी समय अशरीरी वाणी ने कहा कि नूतन गृह के भोगकाल में वास्तुपूजन आवश्यक होगा। यह सुनकर वह असुर भूमि में महा-बिल बना कर उसमें प्रविष्ट हो गया। उस बिल को देवों ने मृत्तिका एवं पाषाण से भर दिया तथा वह असुर पुनः बाहर न निकल पड़े, इस आंशका से 53 देवों ने उस पर निवास बना लिया। इसलिये नवीन गृह में सुख पूर्वक आवास करने के लिये वास्तुपूजन आवश्यक होता है।

इस प्रकार भवन के अधिपति देव का प्राकट्य भयाक्रान्त दशा में हुआ। लोक में भी शीतादि तथा चोर आदि के भय से सुरक्षा हेतु गृह की आवश्यकता होती है।

वास्तुमण्डल तथा वास्तुपदविन्यास

किसी भी प्रकार के निर्माण के लिये चयनित भूमि पर कार्यारम्भ से पूर्व भूमि-पूजन होता है। इस अवसर पर वस्तुतः भूमि पर वास्तु-पुरुष की पूजा की जाती है। इसकी स्थापना वास्तुमण्डल में की जाती है। अधोमुख वास्तु-पुरुष के ऊपर जिन-जिन देवों ने अपना स्थान जिस दिशा में ग्रहण किया था, वास्तुमण्डल में उन सभी देवों को तत्तत् दिशाओं में स्थान दिया जाता है एवं निर्विघ्न कार्य-समाप्ति हेतु उनकी तथा वास्तु-पुरुष की पूजा की जाती है।

वास्तु-मण्डल का प्रकल्पन पुराणों [2] एवं शिल्पग्रन्थों में एक पद से प्रारम्भ कर सहस्र पद पर्यन्त वर्णित है। सामान्यतया भवननिर्माण में 64 पद वास्तु-मण्डल प्रयुक्त होता है। इससे अधिक पद के वास्तुमण्डल ग्राम, नगर, पुर, राजमार्ग तथा देवालय आदि में प्रयुक्त होते हैं।

एकाशीतिपद वास्तुमण्डल

इस वास्तु-विन्यास हेतु वास्तु-मण्डल के क्षेत्र को 81 पदों या कोष्ठों (9×9) में विभक्त किया जाता है।[3] इसे दस खड़ी तथा दस आड़ी रेखाओं से निर्मित किया जाता है। इन पदों के देवता इस प्रकार हैं- शिखि, पर्जन्य, जयन्त, इन्द्र, सूर्य, सत्य, भृश, आकाश, वायु, पूषा, वितथ, गृहक्षत, यम, गन्धर्व, भृङ्गराज, मृग, पितृगण, दौवारिक, सुग्रीव,

1. मेरुतन्त्र 3/143-161
2. मत्स्यपुराण 253, गरुडपुराण 46 आदि
3. सर्ववास्तुविभागेषु विज्ञेया नवका नव। एकाशीतिपदं कृत्वा वास्तुवित् सर्ववास्तुषु।। मत्स्यपुराण 253/21

पुष्पदन्त, जलाधिप, असुर, शोष, पाप, रोग, अहि, मुख्य, भल्लाट, सोम, सूर्य, अदिति एवं दिति। इनके भीतर ईशानकोणस्थ देवता आप, सावित्र, जय एवं रुद्र हैं। केन्द्रस्थ ब्रह्मा को नौ पद प्राप्त होते हैं। ब्रह्मा के चारों ओर ईशान कोण से आपवत्स, अर्यमा, सविता, विवस्वान्, ईशान, मित्र, राजयक्ष्मा एवं पृथिवीधर त्रिपदिक हैं।[1] वास्तु-मण्डल के भीतर 45 देवता होते हैं, जिनमें 32 देवता बाह्य पदों तथा 13 देवता अन्तः पदों पर प्रतिष्ठित होते हैं।

वास्तु-मण्डल के बाहर सभी दिशाओं में ग्रह सम्पूज्य होते हैं। ये हैं-चरकी, विदारी, पूतना, पाप-राक्षसी, हेतुक, त्रिपुरान्त, अग्निवैतालक, यम, अग्निजिह, कालक, कराल, भीमरूप, प्रेतनायक, गन्धमाली तथा क्षेत्रपाल।[2] अग्निपुराण में इनका परिगणन इस प्रकार किया गया है-चरकी, स्कन्द, विदारी, कन्दर्प, पूतना, जम्भक, पाप, पिलिपित्स, रक्षस्, मातृगण, पिशाचगण, पितृगण तथा क्षेत्रपाल।[3] इनकी गणना वास्तुदेवों में नहीं की जाती है।

उपर्युक्त वास्तुपद-विन्यास 81 पद के वास्तुमण्डल में चौकोर अथवा आयताकार भूखण्ड के लिये वर्णित है, किन्तु वास्तुपद-विन्यास भूखण्ड तथा भवन के अनुसार केवल चतुरस्र ही नहीं अपितु त्रिकोण, षट्कोण, अष्टास्र, षोडशास्र, वृत्त, वृत्तायत तथा अर्धचन्द्राकार भी होता है।[4]

विविध वास्तुविन्यास

जिस प्रकार 81 पदों के वास्तु-मण्डल में वास्तुपद-विन्यास होता है, उसी प्रकार 64 पदों के वास्तु-मण्डल में भी किया जाता है। देवों की स्थिति एवं संख्या पूर्वोक्त ही होती है किन्तु उन्हें कम पद प्रदान किये जाते हैं। ब्रह्मा को चार पद, कोणस्थ देवता अर्धपदिक, बाह्य कोण के देवता १$\frac{१}{२}$ पदों में, शेष द्विपदिक हाते हैं।[5] शतपद वास्तुमण्डल 10 × 10 पदों से निर्मित होता है।[6] इसी प्रकार सहस्रपद वास्तु-विन्यास[7] तथा 16 पद वास्तुमण्डल (4×4=16)[8] भी निर्मित होता है।

1. मत्स्यपुराण, 253/23-33, तु, गरुडपुराण, 46, अग्निपुराण 40 आदि
2. गरुडपुराण 46/21-23
3. अग्निपुराण, 40/18-21, तु. भविष्यपुराण, 2/2/11/120, प्रासादमण्डन, 8/112-113
4. बृहत्संहिता, 53/55, 56 एवं पाद-टिप्पणी, तु. समराङ्गणसूत्रधार 38/2-7
5. मत्स्यपुराण, 253/47-48
6. समराङ्गणसूत्रधार, 11/15-20
7. समराङ्गणसूत्रधार, 12/8-12
8. समराङ्गणसूत्रधार 12/1-7, गरुडपुराण 1/47/6-10

रंगमंच में वास्तुविन्यास

रंगशाला में रंगमंच पर प्रकल्पित वास्तु-मण्डल के देवता पूर्व-वर्णित देवों से भिन्न हैं। नाट्यशास्त्र के अनुसार 16 हाथ के वास्तुमण्डल में ब्रह्मा केन्द्रस्थ देवता है। पूर्व दिशा में शिव, नारायण, महेन्द्र, कार्तिकेय, सूर्य, दोनों अश्विनी कुमार, चन्द्र, सरस्वती, लक्ष्मी, श्रद्धा तथा मेधा स्थापित किये जाते हैं। आग्नेय कोण में स्वाहा, अग्नि, विश्वेदेव, गन्धर्व, रुद्र, ऋषि-गण; दक्षिण में यम, मित्र, पितृगण, पिशाच, सर्पगण, गुह्यक; नैर्ऋत्य कोण में राक्षस तथा भूत; पश्चिमी कोण में वरुण एवं समुद्र; वायव्य कोण में सप्त पवन और खग से युक्त गरुड़; उतर में कुबेर, मातृका, गुह्यकों के साथ यक्ष स्थापित किये जाते हैं। पूर्व स्तम्भ में सनत्कुमार, दक्षिण स्तम्भ में दक्ष तथा उत्तर स्तम्भ में ग्रामणी देव गणों की स्थापना होती है।[1] वास्तुमण्डल के देवों के स्वरूप एवं वर्ण का वर्णन विविध ग्रन्थों (यथा मानसार, सिद्धान्तशेखर) में प्राप्त होता है।

वास्तुपद-संख्या

वास्तुपद की संख्याओं का सम्बन्ध निर्माण कार्य से होता है। **प्रासादमण्डन** में एक पद से लेकर सहस्रपदपर्यन्त वास्तुपदविन्यास की चर्चा की गई है।[2] भवन-निर्माण में 64 पद एवं 81 पद वास्तु-विन्यास का प्रयोग होता है। ग्राम, नगर तथा खेट में शतपद वास्तु[3], देशस्थापन में 134 पद वास्तु[4], दुर्ग, महार्चा, कोटिहोम, मेरु, राष्ट्र तथा ज्येष्ठ शिवलिंग के निर्माण में सहस्रपद वास्तु[5], देवप्रासाद में शतपद, मण्डप, कूप, वापी, तडाग, वन आदि में 196 पद वास्तु का प्रयोग होता है।[6] जन्मयन्त्र आदि में 169 पद वास्तु का प्रयोग किया जाता है।[7] इस प्रकार पृथक् पृथक् वास्तुपद विन्यास का प्रयोग होता है।

वास्तुपुरुष-प्रकल्पन

वास्तु-मण्डल में देवों की प्रतिष्ठा करने के पश्चात् उस पर वास्तुदेव का नर रूप में प्रकल्पन किया जाता है। वास्तुपुरुष को अधोमुख निर्मित किया जाता है। वास्तुनर मूर्धा में शिखि, मुख में आप, दोनों स्तनों में अर्यमा तथा पृथिवीधर, वक्ष में आपवत्स, दोनों नेत्रों में दिति एवं पर्जन्य, कानों में अदिति एवं जयन्त, कन्धों में सर्प एवं इन्द्र, भुजाओं में

1. नाट्यशास्त्र, 3/21-34
2. प्रासादमण्डन, 8/101, राजधर्मकौस्तुभ, पृ. 13, श्लोक. 60
3. अग्निपुराण 93/33
4. अग्निपुराण 93/35
5. राजधर्मकौसतुभ, वास्तु., पृ. 14-15
6. राजधर्मकौस्तुभ, वास्तु., पृ. 13, श्लोक 61
7. राजधर्मकौस्तुम, वास्तु पृ. 141, श्लोक, 60

सोम आदि पाँच देवता तथा सूर्यादि पाँच देवता, वाम हस्त में राजयक्ष्मा एवं रुद्र, दक्षिण हस्त में सविता एवं सावित्री, जठर में विवस्वान् एवं मित्र, मणिबन्ध में पूषा और पापक्ष्मा, दोनों पार्श्वों में वितथ तथा गृहक्षत, ऊरु देश में यम एवं वरुण, जानुओं में गन्धर्व तथा पुष्पदन्त, जङ्घाओं में भृङ्ग तथा सुग्रीव, मेढ्र में जय तथा शक्र, पैरों में पितृगण और हृदय में ब्रह्मा स्थित होते हैं।[1]

वास्तु-मण्डल में अधिष्ठित इस वास्तुपुरुष को 'पितृवैश्वानरायत' कहा गया है।[2] यह वैश्वानर ऋग्वेदीय पुरुषसूक्त[3] में वर्णित विराट् पुरुष का स्मरण कराता है। वैश्वानररूप वास्तु-पुरुष ब्रह्माण्ड का प्रतीक है। वह वास्तु-मण्डल में अंकित होकर मानो सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को भूखण्ड में संवृत कर देता है। इस ब्रह्माण्ड की अंशभूता वह भूमि 'यत् पिण्डे तद् ब्रह्माण्डे' भाव से संवलित होकर सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड का प्रतीक बन जाती है।

वास्तुपद-विन्यास में निहित दर्शन

भूखण्ड में वास्तुमण्डल की निर्मिति, वास्तुपदों में देवों की स्थिति तथा वास्तुपुरुष का प्रकल्पन एक ओर निर्माणयोग्य भूमि को देवत्व से अनुप्राणित करते हैं, सभी दिव्य शक्तियाँ वास्तुमण्डल से अंकित क्षेत्र की उसी प्रकार रक्षा करती हैं जैसे यन्त्रस्थ देवता जीव की रक्षा करते हैं,[4] तो दूसरी ओर वास्तु-योजना अथवा भवन के मानचित्र को आधार प्रदान करते हैं। भूमि की किस दिशा में तथा किस पद पर भवन का प्रवेश-द्वार निर्मित हो, कहाँ देवालय, वस्तुओं का संग्रहकक्ष, स्नानगृह, पाक-शाला, दूध-दही आदि का स्थान, शयनकक्ष, शौचालय, अस्त्र-शस्त्र का स्थान, अध्ययन-स्थल, भोजनकक्ष, अन्नागार, भाण्डार, औषधस्थल आदि के कक्ष निर्मित हों, स्तम्भ आदि कहाँ निर्मित हों, आँगन कहाँ हो तथा जल-संग्रह स्थल एवं कूपादि कहाँ बने, इन सबका ज्ञान वास्तुपद-विन्यास से होता है।[5] इन सबके निर्माण में इस तथ्य का ध्यान रखा जाता है कि वास्तु-पुरुष का मर्म-वेध न हो तथा शिरायें पीड़ित न हों अन्यथा गृह में निवास करने वाले सुख से नहीं निवास कर पाते।

सम्पूर्ण अवयवों से युक्त निर्मित भवन को वेशमपुरुष की संज्ञा दी गई हैं। भवन का शीर्ष भाग वेशमपुरुष की पगड़ी होती है तथा इसके नीचे इसका मुख होता है।[6] निर्मित भवन

---

1. मत्स्यपुराण, 253/39-47; गरुडपुराण, 46/1-2, भविष्यपुराण 2/2/11-16, बृहत्संहिता, 53/51-54, समरांगणसूत्रधार, 12/21-34, अपराजितपृच्छा, 55-58 आदि।
2. 'सर्ववास्तुनिर्दिष्टो पितृवैश्वानरायतः।' मत्स्यपुराण 253/38
3. ऋग्वेद 10/90
4. वासुदेव शरण अग्रवाल-मत्स्यपुराण ए स्टडी, पृ. 345-346
5. स्नानाग्निपाकशयनास्त्रभुजेश्च धान्यभाण्डारदैवतगृहाणि पूर्वतः। तन्मध्यस्तु मथनाज्यपुरीषविद्याभ्यासाख्यरोदनरतौषधसर्वधाम।। मुहूर्तचिन्तामणि, वास्तुप्रकरण 21
6. शिरःप्रदेशस्त्वभिधानमुक्तं वेश्माख्यपुंसस्तदधोमुखं स्यात्। मनुष्यायचन्द्रिका 7/8

के रूप में मानो भूमि पर अंकित दिव्य वास्तुपुरुष उठ खड़ा होता है। यह भवन ही उसकी मूर्ति है। वह पार्थिव ही नहीं, अपार्थिव भी है।

वास्तु-पुरुष की यह परिकल्पना, निर्मित भवन में वास्तु-पुरुष के विग्रह का दर्शन देव-प्रासादों में अधिक मुखर होता हैं। अग्निपुराण (61 अ.) में देव-प्रासाद (वैष्णव देवालय) को वासुदेव की मूर्ति कहा गया है। प्रासाद का शुकनास नासिका, रथक बाहु, कलश मूर्धा, कण्ठ कण्ठस्थानीय, स्कन्ध वेदी, प्रणाली पायु एवं उपस्था, सुधालेप त्वचा, द्वार मुख तथा प्रतिमा जीव का स्वरूप है।[1] इस प्रकार देवालय मानो साक्षात् हरि है। इतना ही नहीं, किसी भी देवालय में शिव, ब्रह्मा एवं विष्णु तीनों एक साथ वास करते हैं।[2] इस तथ्य की पुष्टि हयशीर्ष पाञ्चरात्र[3] तथा शिल्परत्न[4] में भी की गयी है।

वास्तु-पूजन

देव-स्वरूप भूमि एवं भवन में वास्तु-पूजन की परम्परा वैदिक काल से ही परिलक्षित होती है।[5] वास्तुपूजन का कर्मकाण्ड के रूप में विकास गृह्यसूत्रों में प्राप्त होता है।[6] पुराणों में वास्तु-पूजन का विकसित रूप प्राप्त होता है। मत्स्यपुराण[7], अग्निपुराण[8], भविष्यपुराण[9], विष्णुधर्मोत्तरपुराण[10], नारदसंहिता[11], समराङ्गणसूत्रधार आदि ग्रन्थों में यह विधान विस्तार से वर्णित है। वास्तु-पूजन के प्रधान अवसर भूमि पर सूत्रपात, स्तम्भोदय, द्वार-स्थापन एवं गृहप्रवेश हैं।[12] इनके अतिरिक्त भवन के जीर्णोद्धार, उद्यान, तडाग, आराम, कूप, वापी एवं पुष्करिणी की प्रतिष्ठा के समय[13], गर्तपूरण, शिलान्यास, मूर्ति-संस्थापन[14], गृह-पुष्पकरिणी,

---

1. अग्निपुराण 61/19-25
2. एवमेषहरिःसाक्षात्प्रासादत्वेन संस्थितः। जङ्घा त्वस्य शिवो ज्ञेयः स्कन्धे धाता व्यवस्थितः। ऊर्ध्वभागे स्थितो विष्णुरेवं तस्य स्थितस्य हि। (अग्निपुराण 61/26-27)
3. हयशीर्षपाञ्चरात्र, 3,9
4. शिल्परत्न, 16/121-123
5. ऋग्वेद 7/54/8, 17 अथर्ववेद 5/26/1-2
6. शांखायनगृह्यसूत्र-3/4, 5. पारस्कर.-3/4, आश्वलायन.-2/9, 6-10, 10/1-2, बौधायन.-3/5, हिरण्यकेशि., 1/27/10, कौशिक. 43/13, गोभिल.-4/70
7. मत्स्यपुराण 268 अ.
8. अग्निपुराण 40, 93/9-30, 65/14-19, 61/1-7
9. भविष्यपुराण 2/2/11
10. विष्णुधर्मोत्तरपुराण 3/94
11. नारदसंहिता 32/14-17
12. मत्स्यपुराण 256/9-11
13. मत्स्यपुराण 268/3-4, 58
14. अग्निपुराण 93/40-41

पुष्पवाटिका, प्रपा, गोचर-भूमि आदि की प्रतिष्ठा[1] के समय वास्तुपूजन विहित है। गरुडपुराण में आवास, वास-वेश्म, पुर, ग्राम, वणिक्पथ, प्रासाद, दुर्ग, देवालय तथा मठ आदि की प्रतिष्ठा के समय वास्तु-पूजन वर्णित है।[2]

शिल्पग्रन्थों में भी वास्तु-पूजन के विविध प्रकार वर्णित हैं। विश्वकर्मा के अनुसार प्रासाद, भवन, तडागखनन, कूप, वापी, वन, जीर्णोद्धार, यागभवन आदि में[3] समराङ्गणसूत्रधार के अनुसार भूमि-शोधन, कर्षण, रूपनिर्माण, स्कन्धावार पुर, ग्राम, मन्दिर, राजप्रासाद तथा गृहादि में प्रवेश के समय वास्तुपूजन करना चाहिये।[4] प्रासादमण्डन में वास्तुपूजन के 14 अवसर वर्णित हैं।[5] भरत मुनि ने नाट्यगृह में भी वास्तु-पूजन का उल्लेख किया है।[6] इस प्रकार समस्त स्थापत्य एवं शिल्पकार्यों के प्रारम्भ एवं पूर्ण होने पर वास्तु-पूजन का विधान है।

---

1. भविष्यपुराण 2/2/10, 2/3/14, 1/3/12, 2/3/2 आदि
2. गरुडपुराण 46/2-3
3. राजधर्मकौस्तुभ, वास्तु., पृ. 11 श्लोक 56
4. समराङ्गणसूत्रधार 36/1-28
5. प्रासादमण्डन 1/37-38
6. नाट्यशास्त्र 3/1-95

स्थापत्यशास्त्र की परम्परा

> आदौ यः सूत्रधारस्त्रिभुवनरचनासूत्रलक्ष्यस्वरूपो
> येनेदं देवदैत्योरगधरणितलं पर्वताकाशरूपम्।
> सृष्टं चित्रं विचित्रं जगदिति सकलं जन्तुवृक्षादिसर्वं
> वन्द्योऽसौ सृष्टिकर्ता सुरदनुजनरैः सर्पविद्याधराद्यैः।।
>
> (मण्डन सूत्रधार)

भारतीय स्थापत्यशास्त्र देव-ऋषिपरम्परा से प्राप्त, धर्म-दर्शन की भूमि पर कला के सृजन का अद्भुत शास्त्र है जिसे श्रद्धा एवं समग्र अभिरुचि के साथ ग्रहण करते हुए स्थपतिवर्ग ने सिद्धान्त एवं प्रयोग की दृष्टि से अद्यावधि सुरक्षित रखा है। विविध कलाओं में कारुकर्म को अपनी आजीविका बनाने वाले शिल्पियों में स्थपति अन्यतम है। विश्वकर्मा के नौ पुत्रों में स्थपति का नाम परिगणित है। स्थपति को "वास्तुविद्याविधानज्ञ", **"लघुहस्त"**, "जितश्रम", "दीर्घदर्शी", तथा "शूर" कहा गया है (शब्दकल्पद्रुम, खण्ड 5)। संस्कृत भाषा के सुविज्ञ विद्वान् नहीं होने पर भी कला एवं शास्त्र के प्रति अतिशय प्रेम के कारण स्थपतिवर्ग ने भारतीय स्थापत्यविद्या के संवहन को अपनी वंशपरम्परा का ध्येय बना रखा है। भारतवर्ष के इन ऋषिकल्प स्थपतियों के कौशल और स्थापत्यकला के संरक्षण में राज्याश्रय का प्रभूत, अविस्मरणीय योगदान रहा है। मूल देवनागरी में प्राप्त संस्कृत वाङ्मय के इस शास्त्र की विविध कलापरम्पराएँ हिन्दी, उत्कल, गुर्जर, मलयालम, आङ्ग्ल आदि भाषानुवादों में अभिव्यक्त हुई हैं।

स्थापत्यशास्त्र के सिद्धान्त ऋग्वेद, यजुर्वेद तथा अथर्ववेद में सूत्ररूप में दृष्टिगत होते हैं। कल्पाङ्ग के अन्तर्गत शुल्बसूत्रों में यज्ञीय चितिनिर्माण, वेदिमापन, इष्टकाप्रकार, प्राग्वंशादि मण्डपविधान में स्थापत्य के प्रकरण सन्निहित हैं। इस क्रम में उपनिषदों, पुराणसाहित्य तथा आदिकाव्यों से प्रसृत होती हुई यह विस्तृत ज्ञानपरम्परा विश्वकर्मा, कश्यप, मयमुनि, नारायण, सोमेश्वरदेव, मण्डनसूत्रधार, कुमार इत्यादि के वचनों से विग्रहवती हुई है। इस शास्त्र के व्यवस्थित स्वरूप का प्रारम्भ उपनिषदों से माना जा सकता है।

शिल्पविद्यारहस्योपनिषद्

आथर्वण "शिल्पविद्यारहस्योपनिषद्" श्रीजयचामराजेन्द्र शिल्पग्रन्थमाला की 2 सङ्ख्या के अन्तर्गत श्रीपरिमल पवर प्रेस, मैसूर से ई0 सन् 1948 में प्रकाशित है। श्रीमत्कौमारभाष्योपेत यह शिल्पग्रन्थ जगद्गुरु नागलिङ्गपरिव्राजकाचार्यपीठाधीश्वर शिल्पसिद्धान्ती श्रीसिद्धलिङ्गस्वामी

के द्वारा सङ्गृहीत और परिष्कृत है। संक्षिप्त पीठिका में संग्रहीता ने अपने अन्य शास्त्रों की भाँति शिल्पशास्त्र को भी वेदमूलक कहते हुए वेदकाल को ही शिल्पशास्त्रकाल कहा है। शिल्पविद्यारहस्योपनिषद् शिल्प से आत्मविज्ञान की सुलभता का प्रकाशन करती है। शिल्पकर्म तथा शिल्पविज्ञानबोधिका इस उपनिषद् में मूलबीज "परब्रह्म" से **जगच्छिल्प** के प्रपञ्च को विस्तार दिया गया है।

"शिल्पविद्यारहस्योपनिषद्" गुरुशिष्यपरम्परा से समाख्यात है। "सह नाववतु..."- इस शान्तिपाठ से इसका आरम्भ तथा समापन हुआ है। छात्र के द्वारा महाशिल्पतत्त्वरहस्य के विषय में प्रश्न करने पर सावधान होकर श्रवण करने का आदेश देते हुए देशिकाचार्य **शैल्पिक** तथा आचार्यपरम्परा से प्राप्त शिल्पविद्या का रहस्य बताते हैं। यह शिल्प दैव और मानुष-द्विविध है। जब-जब इस लोक में शिल्परूप धर्म क्षीण होता है तब-तब भगवान् विश्वकर्मा अपने तेज से आकारों को प्रकल्पित कर आविर्भूत होते हैं। उनसे ही शिल्पविभव-प्रजापति तथा ऋषिगण उत्पन्न होते हैं। परब्रह्म से जगत् के उदय का कारण मन उत्पन्न होता है। मन के सङ्कल्प से जगत् सङ्कल्पित है। सङ्कल्प से अहङ्कार, अहङ्कार से पञ्चभूत, पञ्चभूतों से ओषधियाँ, उनसे अन्न, तदनन्तर स्थावरजङ्गम का सृजन होता है जिनके आकाशादि उपादानकारण हैं। विश्वकृत् के अंश से मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी और विश्वज्ञ-ये पाँच उत्पन्न होते हैं। विश्वकर्ता पञ्चकर्म से लोक का प्रवर्तन करते हैं। शिल्प से यज्ञ का प्रवर्तन होता है। वेदी-कुण्ड-रथ-पात्रादि का व्यूहन तथा सत्र की स्थिति शिल्प से ही है। **आथर्वण शिल्प** को अत्यन्त "भूयिष्ठ" कहा गया है। मन्त्र से स्वरूप का प्रकल्पन, ध्यान से रूपदर्शन, रूप से देवता का ध्यान वर्णित है। रूप ही शिल्प है जो अयोदारुशिलाताम्रहिरण्यविकार होता है। मृदा से अधम रूपमूर्तियाँ निर्मित होती हैं। ये सभी शिल्पकर्म हैं और मोक्षप्रद हैं। शिल्प से पुण्य का संचय होता है। यह शिल्प ब्राह्मण की विद्या तथा कर्म है। "यद्यब्राह्मणो भवेन्न शिल्पी"- इस उक्ति से ब्राह्मणेतर के लिए शिल्प के आश्रयण का निषेध किया गया है। रहस्यविद्या के संरक्षण के प्रयोजन से यह शास्त्रोपदेश प्रोक्त प्रतीत होता है।

"शिल्पविद्यारहस्योपनिषद्" का यह प्रथम प्रकाशन है। इसमें कुल 4 पृष्ठों में ग्रन्थ का गूढार्थ गद्यमय स्वरूप में प्रकाशित है। इसके पश्चात् 29 पृष्ठों के कौमारभाष्य में इसके प्रतिपाद्य का व्याख्यान किया गया है। इस ग्रन्थ की प्राप्ति के पश्चात् लेखकीय प्रमादादिदोषपरिमार्जन के लिए कोई अन्य पाण्डुलिपि संग्रहीता की दृष्टि में नहीं आयी किन्तु आन्ध्रप्रदेशीय ब्रह्मश्री निरंजनशास्त्री के द्वारा प्रकाशित "विश्वकर्मब्राह्मणवंशावलि" ग्रन्थ हस्तगत हुआ जिसमें **महाशिल्पोपनिषद्** नाम से यही उपनिषद् निविष्ट थी। इस उपनिषद् का भाष्य अत्यन्त गम्भीर है। भाष्यकर्ता शिल्परत्नग्रन्थकर्ता कुमार हो सकते हैं, प्रस्तावना में यह आशय व्यक्त किया गया है।

मनुष्य के अभिलषित कर्म और ज्ञान का मूलभूत शिल्प कर्मकाण्ड तथा ज्ञानकाण्डरूप है, इसलिए शिल्पशास्त्र के लिए **"शिल्पवेद"** और "उपवेद" संज्ञा का व्यवहार हुआ है, इस तथ्य को संग्रहीता/परिष्कर्ता ने चरणव्यूह के उद्धरण से व्यक्त किया है। शिल्पविद्यारहस्योपनिषद् सम्भवतः पैप्पलाद शाखा का उपनिषद्ग्रन्थ है।

वास्तुसूत्रोपनिषद्

अथर्ववेद-पैप्पलादशाखीय "वास्तुसूत्रोपनिषद्" का तृतीय पुनर्मुद्रित संस्करण मूल संस्कृत, आङ्ग्लभाषानुवाद तथा टिप्पण्यात्मक विवरण के साथ ई0 सन् 1996 में मोतीलाल बनारसीदास पब्लिशर्स प्रा0 लि0, दिल्ली से प्रकाशित है जिसका संशोधन-सम्पादन सुश्री एलिस बोनर, श्री सदाशिव रथ शर्मा तथा सुश्री बेटिना बूमर ने किया है। इस ग्रन्थ में मूर्तिकला का अभिप्राय रूप और उसके शिल्पविधान में प्रकाशित हुआ है। यह ग्रन्थ अतिप्राचीन शिल्पपरम्परा के रूपनिर्माणसम्बन्धी शास्त्रीय आधार को प्रस्तुत करने के साथ ही प्राचीनतम प्रयोग में विद्यमान शिल्पविधानों के सङ्केत प्रस्तुत करता है। इस संस्करण की भूमिका में बेटिना बूमर ने "वास्तुसूत्रोपनिषद्" का कालनिर्धारण अत्यन्त कठिन बताया है। भारतीय पारम्परिक मान्यताओं के अनुसार उपनिषदों को अपौरुषेय श्रेणी का माना जाता है।

वास्तुसूत्रोपनिषद् एक असाधारण आर्षग्रन्थ है। यह छः प्रपाठकों में ग्रथित है। प्रपाठकों में सूत्र तथा विषयविवरण के विवेचन द्वारा रूप अर्थात् प्रतिमानिर्माणसम्बन्धी वास्तुशिल्प की उपस्थापना की गयी है। आरम्भ में आथर्वण षोडश तापिनी ग्रन्थों में यह प्रबन्ध **"वास्तुस्थापकविद्या"** नाम से समाख्यात है जिसके ज्ञाता देवता वास्तोष्पति अर्थात् विश्वकर्मा कहे गये हैं। पिप्पलाद ऋषि द्वारा उपदिष्ट इस उपनिषद् में षडङ्ग वास्तु को श्रेष्ठ कहा गया है तथा प्रतिमा की उत्पत्ति से लेकर मोक्षपर्यन्त पञ्च वास्तुसोपानों का महत्त्व प्रदर्शित किया गया है। **प्रथम, षट्शिल्पविचारसंज्ञक** प्रपाठक में 10, **द्वितीय, खिलपञ्जरज्ञान** नामक प्रपाठक में 27, **तृतीय, शैलभेदन** में 21, **चतुर्थ, अङ्गप्रयोग** में 29, **पञ्चम, रूपभावनाबोध** में 24 तथा **षष्ठ, सम्बन्धप्रबोधन** में 26 सूत्र हैं। इस प्रकार सम्पूर्ण सूत्रसङ्ख्या 137 है।

"वास्तुसूत्रोपनिषद्" के स्वरूपसम्पादन में उपादानभूत उत्कल प्रदेश से प्राप्त 5 पाण्डुलिपियों की चर्चा की गयी है जिनका विवरण निम्नवत् है-

1. तालपत्र पर उत्कल लिपि में **सोमभट्ट** की "परिशुद्धि टिप्पणी"[1] के साथ प्राप्त इस पाण्डुलिपि के 33 पत्र हैं। प्रत्येक पृष्ठ पर 4-5 पङ्क्तियाँ अङ्कित हैं। इसमें

1. पुष्पिका में प्रतिलिपिकार ने इसका सोमभट्ट की "विषयबोधिनी टिप्पणी" नाम से उल्लेख किया है।

सूत्रसङ्ख्या स्पष्टतः निर्दिष्ट है तथा प्रत्येक प्रपाठक के अन्त में सूत्रसूची दी गयी है। प्रतिलिपिकार का नाम कामदेव उद्गाता प्रोक्त है। इसका प्रतिलिपिकाल ई0 सन् 1579-1580 सम्भावित है।

2. तालपत्र पर उत्कल लिपि में उपलब्ध इस पाण्डुलिपि के 65 पत्र हैं तथा प्रत्येक पृष्ठ पर 2-2 पङ्क्तियाँ अङ्कित हैं। इस पर सूत्रसङ्ख्या स्पष्टतया निर्दिष्ट नहीं है तथा कुछ सूत्र अप्राप्त हैं अथवा भिन्न क्रम में लिपिबद्ध हैं। इस पाण्डुलिपि का प्रतिलिपिकाल 26 फरवरी, 1790 उल्लिखित है।

3. तालपत्र पर देवनागरी लिपि में उपनिबद्ध इस पाण्डुलिपि में 29 पत्र हैं तथा प्रत्येक पृष्ठ पर 5-5 पङ्क्तियाँ हैं। इसमें सूत्रसङ्ख्या उल्लिखित नहीं है। कुछ सूत्र अप्राप्त हैं। इसकी भाषा दोषपूर्ण है। परिशिष्ट भाग में 5 पृष्ठों में मन्त्रखण्ड सन्निविष्ट है। यह पाण्डुलिपि गोवर्धनपीठ, पुरी के शङ्कराचार्य स्वामी **निरंजनदेव तीर्थ** के सौजन्य से प्राप्त है। इसका प्रतिलिपिकाल 10 अक्टूबर, 1749 है।

4. पुराने तालपत्र पर उत्कललिपि में उत्कीर्ण यह पाण्डुलिपि क्षतिग्रस्त है जिसके 17 पत्र हैं तथा प्रत्येक पृष्ठ पर 5-6 पङ्क्तियाँ अङ्कित हैं। पङ्क्तियों के मध्य संक्षिप्त टिप्पणी के साथ कहीं-कहीं सूत्र चिहित किये गये हैं। इसके प्रतिलिपिकरण का समय ई0 सन् 1659 कल्पित किया गया है।

5. तालपत्र पर उत्कललिपि में प्राप्त इस पाण्डुलिपि में कुल 49 पत्र हैं। प्रत्येक पृष्ठ पर 4-4 पङ्क्तियाँ लिखित हैं। पङ्क्तियों के ऊपर कहीं-कहीं टिप्पणी है। इसके सूत्र स्पष्टतः चिहित नहीं हैं तथा प्रतिलिपिकाल का कोई उल्लेख नहीं है।

तृतीय संस्करण के पूर्व इस ग्रन्थ के दो संस्करण क्रमशः 1982 तथा 1986 में प्रकाशित हो चुके हैं। उपर्युल्लिखित पाण्डुलिपियों में से "क" सङ्केत की पाण्डुलिपि का, जो सोमभट्ट की टिप्पणी के साथ है, ग्रन्थ के सम्पादन तथा आङ्ग्लभाषानुवाद के लिए आधार लिया गया है। पादटिप्पणी में उक्त "परिशुद्धि टिप्पणी" दी गयी है तथा अधःस्थान में अन्य पाण्डुलिपियों के पाठ भी निर्दिष्ट हैं। प्रथम संस्करण के Preface के साथ इस तृतीय संस्करण में बेटिना बूमर का Preface तथा विस्तृत प्रस्तावना (Introduction) है जिसके अन्तर्गत "अथर्ववैदिक साहित्य में वास्तुसूत्रोपनिषद् का स्थान" विषय पर आङ्ग्लभाषा में दीपक भट्टाचार्य का लेख संलग्न है। ग्रन्थ का सटिप्पणीक आङ्ग्लभाषानुवाद कुछ चित्रों तथा ज्यामितीय रेखाचित्रों से संस्पृष्ट है। आङ्ग्लभाषा में ही 35 पृष्ठों में समीक्षात्मक एवं व्याख्यात्मक टिप्पणी दी गयी है जिसके पश्चात् 45 पृष्ठों में यह उपनिषद् देवनागरी में प्रकाशित है। क्रमशः "सूत्रपाठ" शीर्षक के अन्तर्गत सभी प्रपाठकों के सूत्रों का आनुक्रमिक सङ्कलन प्रस्तुत किया गया है। अन्त में सम्बद्ध अर्थविवरण के साथ पारिभाषिक शब्दावली तथा पदानुक्रमणी आङ्ग्लभाषा में उपनिबद्ध है।

"वास्तुसूत्रोपनिषद्" के रूप में यह वास्तूपाख्यान प्रकृष्ट ज्ञान के प्रयोजन से है तथा यह प्रज्ञान मानव के लिए मुक्तिप्रदायक है, ग्रन्थ के अन्त में यह घोषणा भारतीय विद्या की चरम सिद्धि की ओर ध्यान आकृष्ट करती है।

पुराणों, आगमों तथा अन्य ग्रन्थों में स्थापत्य

मत्स्यपुराण[1], अग्निपुराण[2], गरुडपुराण[3], विष्णुधर्मोत्तरपुराण[4], भविष्यपुराण, स्कन्दपुराण तथा कौटिलीय अर्थशास्त्र में स्थापत्य के प्रचुर प्रकरण प्राप्त होते हैं। आगमग्रन्थों में तन्त्रसमुच्चय तथा ईशानशिवगुरुदेवपद्धति के साथ ही वैखानसागम, सुप्रभेदागम, कामिकागम, किरणागम, अंशुप्रभेदागम, सकलागम, पूर्वकिरणागम, सिद्धान्तशेखर, सिद्धान्तसार, सारसंग्रह, जीर्णोद्धारदशक, हयशीर्षपञ्चरात्र, प्राणतोषणी, श्रीतत्त्वचिन्तामणि आदि ग्रन्थ स्थापत्यसामग्री से संवलित हैं। इसी प्रकार जैनग्रन्थों-विवेकविलास (जिनदत्तसूरि), प्रतिष्ठासार (वसुनन्दि), शत्रुञ्जयमाहात्म्य, बृहद्वृत्ति, प्रवचन-सारोद्धार, **आचारदिनकर** (सभी धनेश्वरसूरिविरचित); त्रिषष्टिशलाकापुरुष (हेमचन्द्राचार्य), गर्गसंहिता, शुक्रनीति, वसिष्ठसंहिता, नारदसंहिता, चतुर्वर्गचिन्तामणि (हेमाद्रि), लीलावती (भास्कराचार्य) इत्यादि पारम्परिक ग्रन्थों में भी स्थापत्यसम्बन्धी बहुल निर्देश सन्निहित हैं। आदिकाव्यों-वाल्मीकिरामायण के श्रीलङ्कावर्णन तथा महाभारत के लाक्षागृह, युधिष्ठिर के राजसूययज्ञप्रकरण के अन्तर्गत प्रासादवैशिष्ट्य इत्यादि में स्थापत्यसम्बन्धी विलक्षण कौशल चित्त को आवर्जित करता है। अग्निपुराण में स्थापत्य के पारम्परिक ग्रन्थों की सूची दी गयी है जिसमें त्रैलोक्यमोहनतन्त्र, वैभवतन्त्र, पौस्करतन्त्र, शाण्डिल्यतन्त्र, वैश्वकतन्त्र, **शौनकतन्त्र**, ज्ञानसागरवाशिष्ठरत्न, **प्रह्लादतन्त्र**, गार्ग्यतन्त्र, **गालवतन्त्र**, स्वायम्भुवतन्त्र, कपिलतन्त्र, **तार्क्षतन्त्र**, नारायणीयतन्त्र, आत्रेयतन्त्र, नारसिंहतन्त्र, आनन्दतन्त्र, **अरुणतन्त्र**, बौधायनतन्त्र, आर्षतन्त्र, विश्वोक्ततन्त्र (विश्वकर्मप्रोक्त) की सूचना है। दुर्दैववशात् वर्तमान में ये ग्रन्थ उपलब्ध नहीं हैं।[6]

काश्यपशिल्प (महेश्वरोपदिष्ट)

स्थापत्यशास्त्र का यह प्रसिद्ध ग्रन्थ **महेश्वर** के द्वारा उपदिष्ट, कश्यप ऋषि द्वारा प्रणीत तथा गार्ग्य गोत्र में उत्पन्न, विनायकपुत्र शिल्पकलानिधि कृष्णशर्मा बझे द्वारा देवनागरी में प्रकाशन के लिए अपेक्षित रूप में संशोधित एवं सम्पादित है। ग्रन्थ के नाम

---

1. अध्याय 252, 255, 257-258, 262-266, 270
2. अध्याय 42-55, 60, 62, 104-106
3. अध्याय 45-48
4. चित्रसूत्रप्रकरण
5. प्रकरण 23-24
6. "शिल्पशास्त्र" की भूमिका, फणीन्द्रनाथ बोस, 1928

में प्रयुक्त "काश्यप" विशेषण से ग्रन्थ का कर्तृत्व कश्यप ऋषि में घटित होता है-"कश्यपेन प्रोक्तं काश्यपं तच्च तच्छिल्पम्"। ग्रन्थ के आरम्भ में "काश्यपशिल्पसम्बन्धिनिवेदन" प्रस्तुत करते हुए प्रधान संस्कृतग्रन्थावली संशोधनकर्ता शंकरशास्त्रीमारूलकर ने ग्रन्थकार ऋषि को विष्णु के नाभिकमल से उत्पन्न ब्रह्मा का नप्ता (नाती) बताया है जो यज्ञ में कश्य (सोमरस) का पान करने के कारण **"कश्यप"** अभिधान से समन्वित हुए-[1] "कश्यं सोमादिरसं पिबतीति कश्यपः"। कश्यप ऋषि ने लोकानुग्रहकारी इस तन्त्र को महादेव से अभ्यर्थना कर उपदेश के रूप में प्राप्त किया, ग्रन्थ के उपक्रम में यह संकेत प्रकाशित किया गया है-

महादेवं शशिधरं सर्वलोकैकनायकम्।
माहेन्द्रमध्यगं शान्तं पार्वतीसहितं परम्।।
देवदानवसिद्धाद्यैः सेवितं सुरपूजितम्।
प्रणम्य देवचरणमेवं ब्रूयात्स काश्यपः।।

– – – – –

अंशुमन्तमहातन्त्रात्त्वयोक्तं हि पुरार्थकम्
तन्त्रं तद्वद देवानां रुद्राणामधिकारिणाम्।
अल्पायुष्यादिधर्माणां नराणां त्वधिकारिणा-
मनुग्रहार्थं त्वेतेषां संक्षेपाद्वद मे प्रभो ।।

इस प्रकार सभी प्राणियों के सुखसाधनरूप इस वास्तुशास्त्र को कश्यप महर्षि ने देवाधिदेव शंकर से प्राप्त किया। गीर्वाणवाणी में सूत्ररूप में प्राप्त इस शास्त्र को महर्षि ने मनुष्यों के बोध के लिए सुबोध पदवाक्यघटित, विस्तृत, अनुष्टुप्छन्दोमयी गीवार्णवाणी में प्रकाशित किया, अत एव इस शिल्पशास्त्र के कर्ता महर्षि **कश्यप** हैं। मानवसृष्टि के पश्चात् के काल में संसार में इस शास्त्र की प्रवृत्ति बतलाई गयी है।

'काश्यपशिल्प' में स्थापत्यशास्त्र का बृहद्विज्ञान 18 पटलों में विभक्त है। क्रमशः पटलों के नामोल्लेख के साथ निम्नवत् ग्रन्थ के विषयों का सावयव अवलोकन किया जा सकता है-

1. कर्षणपटल	6. अधिष्ठानविधि	12. तोरणकुम्भलतालक्षण
2. प्रासादवास्तुपटल	7. नाललक्षण	13. वृत्तस्फाटितलक्षण
3. वास्तुहोम	8. स्तम्भलक्षण	14. स्तम्भतोरणविधि
4. प्रथमेष्टकाविधि	9. फलकलक्षणविधान	15. कुम्भस्थललक्षण
5. उपपीठ-विधान	10. वेदिकालक्षण	16. वृत्तस्फुटितलक्षण
	11. जालकविधान	17. द्वारविन्यासलक्षण

1. शंकरशास्त्री मारूलकर ने मार्कण्डेय पुराण से उद्धृत किया है-
ब्रह्मणस्तनयो योऽभून्मरीचिरिति विश्रुतः।
कश्यपस्तस्य पुत्रोऽभूत् कश्यपानात्स कश्यपः।।

18. काम्यद्वारलक्षण
19. प्रस्तरलक्षण
20. गलविधान
21. शिखरलक्षण
22. नासिकालक्षण
23. प्रासादमानलक्षण
24. मानसूत्रादिलक्षण
25. नागरादिविधि
26. गर्भन्यासविधि
27. एकतलविमानलक्षण
28. द्वितलविधान
29. त्रितलविधान
30. चतुर्भूमिविधान
31. कूटादिलक्षण
32. पञ्चतलविधान
33. षड्भूमिविधान
34. सप्तभूमिविधान
35. वसुभूमिविधान
36. नवभूमिविधान
37. दशभूमिविधान
38. रुद्रभूमिविधान
39. भानुभूमिविधान
40. त्रयोदशभूमिविधान
41. षोडशभूमिविधान
42. मूर्धेष्टकाविधान
43. प्राकारलक्षण
44. मण्डपलक्षण
45. गोपुरलक्षण
46. सप्तमातृकालक्षण
47. विनायकलक्षण
48. परिवारविधि (षण्मुख-ज्येष्ठादेवी-विष्णु-अश्विन-पितृ-वैवस्वत-रोहिणी-निर्ऋति-अप्सरः-वरुण-महद्-रुद्र-भास्कर-सरस्वती-लक्ष्मी)
49. लिङ्गलक्षणोद्धार
50. (प्रतिमालक्षण) उत्तमदशतालपुरुषमान
51. मध्यमदशतालविधान
52. दशताल
53. उत्तमनवताल
54. मध्यमनवताल
55. अधमनवताल
56. अष्टताल
57. सप्तताल
58. पिण्डिकालक्षण
59. पीठलक्षणोद्धार
60. सकलस्थापनविधि
61. सुखासन
62. द्विषष्टितम पटल
63. चन्द्रशेखरमूर्तिलक्षण
64. वृषवाहनमूर्तिलक्षण
65. नृत्तमूर्तिलक्षण
66. गंगाधरमूर्तिलक्षण
67. त्रिपुरान्तकमूर्तिलक्षण
68. कल्याणमूर्तिलक्षण
69. अर्धनारीश्वरलक्षण
70. गजमहामूर्तिलक्षण
71. पाशुपतमूर्तिलक्षण
72. कङ्कालमूर्तिलक्षण
73. हर्यर्धहरलक्षण
74. भिक्षाटनमूर्तिलक्षण
75. चण्डेशानुग्रह
76. दक्षिणामूर्तिलक्षण
77. कालहामूर्तिलक्षण
78. लिङ्गोद्भवलक्षण
79. वृक्षसङ्ग्रहण
80. शूललक्षण
81. शूलपाणिलक्षण
82. रज्जुबन्धलक्षण
83. मृत्संस्कारलक्षण
84. कल्कसंस्कारलक्षण
85. वर्णसंस्कारलक्षण
86. वर्णलेपन
87. ग्रामादिलक्षण
88. ग्रामलक्षण।

वास्तुविद्या एवं स्थापत्यशास्त्र के विविध विषयों का यह आकरग्रन्थ मूलमात्र रूप में प्राप्त है जो आनन्दाश्रम, पुण्यपत्तन (पुणे) की ग्रन्थावली-प्रायोजना के अन्तर्गत 95वें ग्रन्थ के रूप में शालिवाहन शकाब्द 1848 तदनुसार ई0 सन् 1926 में प्रकाशित हुआ है। उपोद्घात में **श्रीकृष्णशर्मा बझे** ने शिल्प को "मनसः समाधानकारकं वस्तुजातम्" कहकर शील समाधौ धातु से **'शिल्प'** शब्द की निष्पत्ति बतायी है। तदनुरूप मनुष्य की सर्वविध वैचारिक प्रवृत्तियों का विधान-समाधान इस ग्रन्थ में प्राप्त होता है। 88 पटलों का समग्र विषय कुल 274 पृष्ठों में प्रकल्पित है। काश्यपशिल्पसम्बन्धिनिवेदन और उपोद्घात के पश्चात् क्रमशः पटलों में श्लोकबद्ध रूप से विषयवितान का संयोजन है जो अन्तिम 88वें पटल के वर्ण्यविषयों के साथ सम्पन्न होता है। इसके साथ ही ग्रन्थ की सम्पूर्ति हो जाती है।

विश्वकर्मप्रकाश

स्थापत्यकला के औदीच्यपरम्परा के ग्रन्थ "विश्वकर्मप्रकाश" का एक संस्करण "विश्वकर्माप्रकाश" नाम से प्राचीन लिथोप्रिण्ट में, मूल देवनागरी में गणेशप्रभाकर छापाखाना, छोटी पियरी, काशी से वि0सं0 1945 में प्रकाशित है जिसका सम्पादन बाबू कौलेश्वर सिंह ने किया है। वाम एवं दक्षिण पृष्ठ की 01 गणनासंख्या के साथ यह ग्रन्थ 55 पृष्ठों में पूर्ण हुआ है।

पं० मिहिरचन्द्रकृत हिन्दीभाषाटीकासमेत **"विश्वकर्मप्रकाश"** का एक अपर संस्करण खेमराज श्रीकृष्णदास प्रकाशन, बम्बई से वि0सं0 2056, ई0 सन् 1999 में प्रकाशित हुआ है। ग्रन्थान्त में उल्लिखित पुष्पिका में इसे "ब्रह्मोक्त विश्वकर्मप्रकाश" तथा "विश्वकर्मणोक्तवास्तुशास्त्र" कहा गया है। इसके अतिरिक्त अध्यायों के अन्त में प्रदत्त पुष्पिकाओं में ग्रन्थ का नाम "वास्तुशास्त्र" अङ्कित है। वास्तुसाहित्य में इस ग्रन्थ का यह इतर नाम भी प्रसिद्ध है। "विश्वकर्मप्रकाश" का यह संस्करण 100 पृष्ठों के आयतन में कुल 1403 श्लोकों में प्रकाशित है जिसमें कुल 13 अध्याय हैं। इनके नाम क्रमशः इस प्रकार हैं-भूम्यादिपरीक्षालक्षण, समगृहादिनिर्माण, (तृतीय अध्याय अनाम है), गृहादिनिर्माण, शिलान्यास, प्रासादविधान, द्वारनिर्माण, जलाशयादिकरण, वृक्षच्छेदनविधि, गृहप्रवेशविधिप्रकरण, कोटवास्तूकरण (दुर्गप्रकरण), शल्योद्धारनिर्णय, (त्रयोदश अध्याय अनाम)। इन विभागों में मङ्गलाचरण के पश्चात् वास्तुपुरुषोत्पत्तिवर्णनपूर्वक पूजादिक, भूमिलक्षण, भूमिफल, खननविधि, स्वप्नविधि, दिक्साधन, दिक्फल, गृहारम्भ में समयशुद्धि, ध्वजाद्यायफल, आयव्ययांशादिफल, गृहमध्य में देवदेवीस्थाननिर्णय, ध्रुवादिगृहभेद, द्वारमान, स्तम्भप्रमाण, गृहों में शालानिर्णय, गृहारम्भकालनिर्णय, शय्यामन्दिर-भवन-सुमन-सुधारादि गृहों के लक्षण, **पादुका-उपानद्मञ्चादि** का मानलक्षण, शङ्कुशिलान्यासनिर्णय, वास्तुदेहलक्षण-पूजन-बलिदान-शिलान्यासपूजन, प्रासादविधान, प्रासादनिर्णय, पीठिकालक्षण, द्वारलक्षण, वापीकूपतडागोद्यानक्रियानिर्णय, दारुच्छेदनविधि और फल, गृहप्रवेशनिर्णय, शय्याशयन-**दोलिकादिलक्षण** और फल, दुर्गनिर्णय, दुर्गवास्तुपूजन, शल्यज्ञान, शल्योद्धार, नागरराजगृहादिनिर्णय तथा ग्रन्थफलश्रुतिनिरूपणविषयक प्रकरण समाख्यात हैं। विषयानुक्रमणिका के पश्चात् भाषाटीका के साथ यह संस्करण प्रारम्भ और समाप्त होता है। अन्य कोई विवरण इसके साथ प्रकाशित नहीं है।

"विश्वकर्माप्रकाशः अथवा वास्तुशास्त्रम्" नाम से श्रीगणेशदत्त पाठक की हिन्दीभाषाटीका के साथ इस ग्रन्थ का एक अन्य संस्करण वि0सं0 2058, तदनुसार ई0 सन् 2001 में श्री ठाकुर प्रसाद पुस्तक भण्डार, वाराणसी से प्रकाशित है। इसमें इस प्रबन्ध का अन्तिम, त्रयोदश अध्याय "गृहवेधनिर्णय" संज्ञा से अभिहित है। कुल 206 पृष्ठों में ग्रन्थ का विषय पूर्ण हुआ है।

विश्वकर्मवास्तुशास्त्र (विश्वकर्मा)

विश्वकर्मवास्तुशास्त्र देवपरम्परा से प्राप्त प्राचीनतम भारतीय वास्तुशास्त्रीय ग्रन्थ है जिसका उपदेश देवों के शिल्पी, आद्य स्थपति श्री विश्वकर्मा ने किया है। ग्राम एवं नगरसन्निवेश, दुर्गनिर्माणादि के समस्त प्रकरण इस ग्रन्थ में साङ्गोपाङ्ग वार्णित हैं। इस वास्तुप्रबन्ध का प्रथम संस्करण तञ्जौर सरस्वती महल सिरीज के ग्रन्थाङ्क 85 के रूप में 1958 में तञ्जौर सरस्वती महल लाइब्रेरी की प्रशासकीय समिति के सचिव द्वारा प्रकाशित किया गया है। वास्तुशास्त्र का यह एकमात्र प्राचीनतम प्रबन्ध है जो संस्कृतव्याख्या के साथ उपलब्ध है। इसका सम्पादन सरस्वती महल पुस्तकालय के शोधपण्डित श्री के0 वासुदेवशास्त्री ने आङ्ग्ल-भूमिका के साथ तथा मेजर एन0बी0 गाड्रे ने किया है। श्री **अनन्तकृष्ण भट्टारक** की प्रमाणबोधिनी नाम्नी संस्कृत व्याख्या से समलङ्कृत यह बृहद् ग्रन्थ वास्तुजगत् में आधारभूत शास्त्र के रूप में अप्रतिम है।

वास्तुशास्त्र के इस संस्करण में 819 पृष्ठों में 87 अध्यायों के अन्तर्गत विषयों का विवरण सन्निहित है। शिवस्तुतिवर्णन नामक **प्रथम अध्याय** में कैलास पर इन्द्रादि का आगमन, इन्द्रकृत शिवस्तुति तथा नन्दिकृत विश्वकर्मप्रेरणा का प्रसङ्ग अवतरित है। परमेश्वरकृतवरप्रसादकथन नाम से निर्दिष्ट **द्वितीय अध्याय** में विश्वकर्मा द्वारा शिवस्तुति, परमेश्वर शिव द्वारा विश्वकर्मा को वरदान तथा विश्वकर्मकृतशिल्पशास्त्रप्रशंसा का समुल्लेख किया गया है। दिङ्निर्णयकथन संज्ञक **तृतीय अध्याय** देशभेद से कालपरीक्षा, दिङ्निर्णयक्रमसम्बन्धी विषयों से संवलित है। **चतुर्थ अध्याय** द्रव्यसङ्ग्रहणकथन, **पञ्चम** भूपरीक्षाकथन तथा **षष्ठ** भूमिग्रहणकथन नामों से उपहित है जिनमें गृहादिनिर्माण के लिए प्राथमिक विधानों का प्रकरण विशद एवं स्पष्ट रूप से वर्णित है। ग्रामलक्षणकथनसंज्ञक **सप्तम अध्याय** में विवृत विषय हैं-मण्डकग्रामलक्षण, प्रस्तरग्रामलक्षण, बाहुलिकग्रामलक्षण, पराकग्रामलक्षण, चतुर्मुखग्रामलक्षण, पूर्वमुखग्रामलक्षण, मङ्गलग्रामलक्षण, विश्वकर्माग्रामलक्षण, देवेशग्रामलक्षण, विश्वेशग्रामलक्षण, कैलासग्रामलक्षण, नित्यमङ्गलग्रामलक्षण, मानकथन, अङ्गुलादिमानलक्षण तथा मण्डकादिग्रामवीथियों का मानकथन। खेटादिलक्षणनिरूपण अभिधान से उपनिबद्ध **अष्टम अध्याय** में खेटलक्षण, खर्वटलक्षण, **पल्लीग्रामलक्षण**, घोषग्रामलक्षण, आभीरग्रामलक्षण, निगमनगरलक्षण, स्कन्धावारलक्षण, द्रोणकनगरलक्षण, कुब्जनगरलक्षण, पट्टणनगरलक्षण , **शिबिरनगरलक्षण** तथा वाहिनीमुखलक्षणविषयक विवरण विरचित हैं। पद्मादिनगरलक्षणनिरूपण नामक **नवम अध्याय** में चतुरस्रवास्तुदेवभाग-दीर्घवास्तुदेवभाग-मण्डलवास्तुदेवभाग-देवालयवास्तुभागदेव-मनुष्यालयवास्तुभागदेव से सम्बद्ध चित्र अङ्कित हैं तथा सूत्रादिमानकथन, पद्मनगरलक्षण, सर्वतोभद्रनगरलक्षण, विश्वेशभद्रनगरलक्षण, कार्मुकनगरलक्षण, प्रस्तरनगरलक्षण, स्वस्तिकनगरलक्षण, चतुर्मुखनगरलक्षण, श्रीप्रतिष्ठितनगरलक्षण, बलिदेवनगरलक्षण, पुरलक्षण, देवनगरलक्षण,

मानुषनगरलक्षण, वैजयन्तनगरलक्षण, गिरनगरलक्षण, जलनगरलक्षण, गुहानगरलक्षण, अष्टमुखनगरलक्षण, नन्द्यावर्तनगरलक्षण तथा राजधानीनगरलक्षण-विषय सङ्कलित हैं। दुर्गलक्षणकथन नामक **दशम अध्याय** के विषय हैं-गिरिदुर्गलक्षण, वनदुर्गलक्षण, सलिलदुर्गनगरलक्षण, इरिणदुर्गलक्षण, दैवतदुर्गलक्षण, एकमुखद्विमुखचतुर्मुखदुर्गलक्षण, कूर्मदुर्गलक्षण, पारावतदुर्गलक्षण, प्रभुदुर्गलक्षण तथा युद्धदुर्गलक्षण। देवप्रासादभूमानकथन नामक **एकादश अध्याय** के विषय हैं-सकलविधद्वारप्रमाणक्रम तथा गर्भगेहप्रमाण। नृपप्रासादभूमानकथन संज्ञा से **द्वादश अध्याय**, नृपप्रासाददुर्गपरिखाकथन संज्ञा से **त्रयोदश अध्याय**, भवनलक्षणनिरूपण नाम से **चतुर्दश अध्याय** का सङ्केत कर विषयनिरूपण किया गया है। पूर्वभवनलक्षणनिरूपण नामक पञ्चदश अध्याय में विविध प्रकारों से स्तम्भस्थापनविधियों का सचित्र प्रकाशन किया गया है। न्यायशालालक्षणसिंहासनलक्षणकथन संज्ञक **षोडश अध्याय** में न्यायशालाकल्पनोद्धारमण्डलक्रम, अष्टाचत्वारिंशत्स्तम्भयुत प्राचीमुखन्यायशाला, द्वात्रिंशत्स्तम्भयुत उदङ्मुखन्यायशाला, चतुर्विंशतिस्तम्भयुत वरुणदिङ्मुखन्यायशाला का चित्रण करते हुए सिंहासनलक्षण का निरूपण किया गया है। **सप्तदश अध्याय** पौरदेश्यसभादिकथन, **अष्टादश भाण्डागारलक्षणनिरूपण**, **एकोनविंश** अन्तःपुरलक्षणगवाक्षलक्षणकथन, **विंश** आयुधशालापुस्तकशालालक्षणकथन, **एकविंश** अन्तर्भवनलक्षणनिरूपण, **द्वाविंश** भोजनशालालक्षणनिरूपण, **त्रयोविंश** शय्यागृहलक्षण, **चतुर्विंश** वसन्तगृहलक्षणकथन, **पञ्चविंश** सकलविधद्वारलक्षणकथन, **षड्विंश** तोरणलक्षणकथन तथा सप्तविंश अधिष्ठानलक्षणकथन संज्ञा से उपहित तथा सम्बद्ध विषयविन्यास से समन्वित है। **अष्टाविंश अध्याय से प्रारम्भ कर द्वात्रिंश अध्यायपर्यन्त** कुलकरूप हैं जिनका एकादिनवभौमगोपुरविधिकथन नाम से निर्देश कर सम्बद्ध प्रकरणों का संयोजन किया गया है। **त्रयस्त्रिंश अध्याय** वापीलक्षणकथन, **चतुस्त्रिंश** तटाकलक्षणकथन, **पञ्चत्रिंश** एवं **षट्त्रिंश** नृपदेवालयविधानमण्टपविधानकथन, **सप्तत्रिंश** मृगशालालक्षणकथन, **अष्टत्रिंश** तथा **ऊनचत्वारिंश अध्याय** वाजिशालाहस्तिशालालक्षणनिरूपण, **चत्वारिंश** विद्याशालालक्षणकथन, **एकचत्वारिंश** सङ्कीर्णलक्षणकथन-संज्ञाओं तथा तदुपहित विषयों से समाश्लिष्ट हैं। पताकालक्षणपारिभद्रलक्षणकथन नाम से **द्विचत्वारिंश** तथा **त्रिचत्वारिंश अध्यायों** का व्यपदेश किया गया है जो कुलकरूप हैं। इसी प्रकार कुलकरूप **चतुश्चत्वारिंश** तथा **पञ्चचत्वारिंश** अध्याय महाशालालक्षणविशेषशालालक्षणकथन संज्ञा से तथा **षट्चत्वारिंश** से **अष्टचत्वारिंशपर्यन्तअध्याय** कल्याणशालालक्षणकथनात्मकपञ्चभौमविधान क्रमगोपुरविधाननिरूपणात्मक हैं। एकोनपञ्चाश अध्याय रङ्गशालालक्षणकथन, **पञ्चाश** मन्त्र्यादिभवनलक्षणकथन, **एकपञ्चाश** ग्रामगृहनिर्माणक्रमकथन, **द्विपञ्चाश** विप्रादिचातुर्वर्ण्य गृहलक्षणकथन, त्रिपञ्चाश कवाटार्गलादिलक्षणकथन, चतुःपञ्चाश सर्वविधसोपानलक्षणकथन, **पञ्चपञ्चाश** से **सप्तपञ्चाशाध्यायपर्यन्त** एकशालाद्विशालाबहुशालालक्षणकथन, **अष्टपञ्चाश**

अध्याय नानाविधपीठिकावेदिकालक्षणकथन, **ऊनषष्टितम** पोतिकालक्षणकथन, **षष्टितम** चत्वरलक्षणकथन, **एकषष्टितम** सन्धिबन्धलक्षणकथन, द्विषष्टितम सर्वविधावरणलक्षणकथन, **त्रिषष्टितम** लुपालक्षणकथन, **चतुष्षष्टितम** सकलविधस्तम्भलक्षणकथन, **पञ्चषष्टितम** धान्यगृहलक्षणकथन, **षट्षष्टितम** गोशालालक्षणकथन, **सप्तषष्टितम** ग्रामपुरद्वारलक्षणकथन संज्ञाओं तथा तदन्तर्गत विषयविशेषों से संस्पृष्ट हैं। **अष्टषष्टितम** तथा **ऊनसप्ततितम** अध्याय कुलकरूप हैं जो मार्गलक्षणमार्गशालालक्षणकथनात्मक हैं। **सप्ततितम** अध्याय मार्गविश्रान्तिस्थलकल्पनलक्षणकथन संज्ञा से, **एकसप्ततितम** विशेषभौमलक्षणकथन, **द्विसप्ततितम** देवप्रासादलक्षणकथन, **त्रिसप्ततितम** गर्भगृहलक्षणकथन से विषयानुरूप उपदिष्ट है। **चतुःसप्ततितम** अध्याय का नाम शतस्तम्भमण्डपलक्षणकथन है जिसमें सूर्यकान्त-शतस्तम्भमण्टप-चन्द्रकान्तशतस्तम्भमण्टप-इन्द्रकान्तशतस्तम्भमण्टप-गन्धर्वकान्त-**शतस्तम्भमण्टप**-ब्रह्मकान्तशतस्तम्भमण्टप का सचित्र विवरण प्रदत्त है। **पञ्चसप्ततितम** अध्याय विमानलक्षणकथन, **षट्सप्ततितम** प्राकारलक्षणकथन, **सप्तसप्ततितम** उपपीठलक्षणकथन, **अष्टसप्ततितम** सकलविधदेवपीठलक्षणकथन, **ऊनाशीतितम** सकलबेरलक्षणकथन, **अशीतितम** शिवबेरभेदलक्षणक्रमकथन, **एकाशीतितम** विष्णुबेर-भेदलक्षणक्रमकथन, **द्वाशीतितम** लक्ष्मीगौर्यादिबेरलक्षणकथन, **त्र्यशीतितम** भक्तबेरस्थापनक्रमकथन, **चतुरशीतितम** कल्पवृक्षादिवाहनलक्षणकथन, **पञ्चाशीतितम** उत्सवकालनिर्णयकथन, **षडशीतितम** प्रतिमापूजनभजनादिफलकथन तथा अन्तिम **सप्ताशीतितम** अध्याय मनुष्यजन्मफलकथन संज्ञा एवं तदुपलक्षित विषयवैशिष्ट्य से समञ्जित है।

विश्वकर्मवास्तुशास्त्र का यह संस्करण दक्षिण भारत के तातादेशिकचरियार के सौजन्य से प्राप्त एक पाण्डुलिपि के आधार पर संशोधित/सम्पादित है। ग्रन्थ के आरम्भ में सम्पादक **के० वासुदेवशास्त्री** की ओर से आङ्ग्लभाषा में 76 पृष्ठों की भूमिका दी गयी है जिसमें सम्पादकीय दृष्टि के साथ ग्रन्थ की विशेषताओं पर प्रकाश डाला गया है। संस्कृत व्याख्या से विविध विषयों का अर्थबोध सुगम हो पाया है। आरम्भ में पादभाग में कहीं-कहीं आङ्ग्लभाषा में टिप्पणी दी गयी है। मूल में कुछ अस्पष्ट पाठों को रिक्त छोड़ दिया गया है। तञ्जौर सरस्वती महल ग्रन्थमाला के अन्तर्गत स्थापत्य एवं शिल्प विषय का यह प्रथम प्रकाशन है जिसमें प्रतिपादित ग्राम एवं नगरविन्यास के व्यवस्थित विधान वास्तु के क्षेत्र में इसे अतिशय महत्त्व का विद्यास्थान सिद्ध करते हैं।

दीपार्णव (विश्वकर्मा)

ज्ञानप्रकाश "दीपार्णव" वास्तुशास्त्र का अनुत्तम ग्रन्थ है जो प्रभास के पुत्र, देवों के स्थपति तथा भारतवर्ष के आद्य स्थपति श्री विश्वकर्मा द्वारा प्रणीत है। इसका सम्पादन पादलिप्तनगर (पालीताणा), सौराष्ट्र के बीसवीं सदी के सुविज्ञ, भारद्वाजगोत्रीय ब्राह्मण

स्थपति, शिल्पविशारद **प्रभाशंकर ओघडभाई सोमपुरा** ने मूल संस्कृत तथा शिल्पप्रभा नाम्नी गुर्जरभाषाटीकासमेत किया है। सिद्धान्त और प्रयोग में पारङ्गत प्रभाशंकर ओ0 सोमपुरा का स्थपतिकर्म कुलक्रमागत व्यवसाय रहा है। विश्वकर्मा सोमपुराकुल के मूल पुरुष सम्मत हैं। इस वंश का उत्पत्तिक्षेत्र भी प्रभासपाटन माना जाता है। दीपार्णव के इस संस्करण का प्रकाशन भी सोमपुराकुल के सौजन्य से अहमदाबाद, सौराष्ट्र से वि0सं0 2016, तदनुसार ई0 सन् 1960 में हुआ है।

दीपार्णव का स्वरूपविन्यास पूर्वार्द्ध और उत्तरार्द्ध विभागों में हुआ है। सम्पादक ने अध्यायों को सुसंगत चित्रों सहित व्यवस्थित किया है। पूर्वार्द्ध में 19 तथा उत्तरार्द्ध में 8 (कुल 27) अध्याय हैं। पूर्वार्द्ध के अध्याय क्रमशः इस प्रकार व्यपदिष्ट हैं-आयतत्त्वाधिकार, पुरुषाधिकार, जगतीतोरणाधिकार, पीठलक्षणाधिकार, प्रासादोदयमण्डोवराधिकार, द्वारमानाधिकार, देवतादिङ्मुखाधिकार, देवतादृष्टिपदस्थापनाधिकार, शिखराधिकार, मण्डपाधिकार, संवरणाधिकार, कूर्मशिलाधिकार, राजलिङ्गाधिकार, बाणलिङ्गाधिकार, वृषभलक्षण, चतुर्विंशतिगौरीस्वरूप, द्वादशसरस्वतीस्वरूप, त्रयोदशादित्यस्वरूप और पूर्वभद्रादिपञ्चविंशति पञ्चदेवप्रासाद। उत्तरार्द्ध भाग "जिनदर्शन" संज्ञा से प्रोक्त है जिसके विषय इस क्रम में अध्यायों में निविष्ट हैं-जिनेन्द्रप्रासादलक्षण, जिनप्रतिमालक्षण, जिनपरिकरलक्षण, जिनमूर्तिवर्णलांछनादि-यक्षयक्षिणीस्वरूप, जैन दश दिक्पाल-नवग्रह-परिहारादि-देवदेवीस्वरूप, श्रीसमवसरण, अष्टापदस्वरूप, मेरुगिरिस्वरूप तथा नन्दीश्वरदीपरचना।

दीपार्णव के प्रस्तुत संस्करण के प्रारम्भ में गुर्जरभाषा में दीपार्णव की संक्षिप्त अनुक्रमणिका, आमुख-पुरोवाचन-प्रशस्तिशुभाशीःकथन के पश्चात् पूर्वार्द्ध की अनुक्रमणिका दी गयी है। गुर्जरभाषा में प्रस्तावना के पश्चात् हिन्दी भाषा में डॉ0 वासुदेवशरण अग्रवाल (अध्यापक, कला और स्थापत्य विभाग, काशी विश्वविद्यालय) की विशद भूमिका में शास्त्र का विषय, सम्पादक का प्रशस्त उद्योग तथा भूमिकाकार का अभीप्सित मन्तव्य प्रकाशित हुआ है। जगती, प्रासादपीठ, मण्डोवर, शिखर, मण्डप, संवरण, थर, प्रासाद अथवा देवमन्दिर के प्रमुख अङ्गों के गणितीय प्रमाण से सम्बद्ध परिभाषाओं के स्पष्टीकरण हेतु किये गये परिश्रम की दृष्टि से सम्पादक के पाण्डित्य की भूरिशः प्रशंसा की गयी है। क्रमशः शुद्धिपत्र के पश्चात्, पूर्वार्द्ध का विषय वितान 19 अध्यायों में प्रकल्पित है। पूर्वार्द्ध के अन्त में परिशिष्ट भाग में गुर्जर भाषा में आयुध, वर्ण, वाहन, नृत्य, आभूषणादि का वैशिष्ट्य बताया गया है। इसके पश्चात् दीपार्णव-उत्तरार्द्ध की अनुक्रमणिका तथा 20-27 अध्यायगत विषयों का संयोजन किया गया है। अन्त में परिशिष्ट 1 में "जिनप्रासाद आयतनादि" तथा परिशिष्ट 2 में "जिन दर्शन" का वैशिष्ट्य गुर्जर भाषा में अङ्कित है। सम्पादक के आयास से प्रकाशित ग्रन्थ का स्वरूप तथा प्रकाशनविधि समस्त स्थापत्यकला के गहन अध्ययन के लिए प्रविधि का नवीन द्वार उद्घाटित करते हैं।

क्षीरार्णव (विश्वकर्मा)

"दीपार्णव" की भाँति "क्षीरार्णव" भी भारतीय स्थापत्यकला का गौरवभूत ग्रन्थ है जिसका सम्पादन सौराष्ट्र के सुप्रसिद्ध भारद्वाजगोत्रीय ब्राह्मण स्थपति, शिल्पविशारद श्री प्रभाशंकर ओघडभाइ सोमपुरा ने किया है। श्री विश्वकर्मा-नारदसंवादरूप यह शिल्पग्रन्थ मूल देवनागरी में सुप्रभानाम्नी हिन्दीगुजराती भाषाटीका के साथ अहमदाबाद से वि0सं0 2033 तदनुसार ई0 सन् 1967 में प्रकाशित हुआ है। इसके प्रारम्भिक 98 अध्यायों की सामग्री अप्राप्त है, 99 वें अध्याय से आरम्भ कर 120 वें अध्यायपर्यन्त प्राप्त विषयसामग्री का ही सम्पादन कर उसे ग्रन्थरूप दिया गया है। 120 वें अध्याय के पश्चात् ग्रन्थविस्तार कितना रहा है, सम्पूर्ण सामग्री के अनुपलब्ध होने से यह आकलन सम्भव नहीं हो सका है। ग्रन्थसंशोधन के लिए सम्पादक ने अपने "हस्तलिखित ग्रन्थसङ्ग्रह" की छः-सात पाण्डुलिपियों का आधार लेने की बात कही है। इनके अतिरिक्त रॉयल एसियाटिक सोसायटी, बॉम्बे की शकाब्द 1818 की पाण्डुलिपि, बड़ौदा प्राच्य विद्यामन्दिर की प्रति, गुजरात के शिल्पी **श्री नटवरलाल, मो० सोमपुरा** की वि0सं0 1710 के निकटवर्ती काल की पाण्डुलिपि की सहायता ली गयी है। सौराष्ट्र के सोमनाथ मन्दिर तथा अन्य अनेक प्रसिद्ध देवालयों का निर्माण करने वाले प्रभाशंकर ओ. सोमपुरा अपनी कुलपरम्परा से समागत वास्तुविद्या के सुविज्ञ साधक तथा कुशल प्रायोजक रहे हैं जिन्होंने मध्यकालीन पारिभाषिक शब्दावली की अर्थवत्ता देवमन्दिरों के अवयवों में विश्लेषित किया है। देवालयों, देवविग्रहों एवम् अन्य प्रमाणादि के चित्रालेखन से यह संस्करण सुपुष्ट तथा आकर्षक कलेवर से समृद्ध हुआ है।

क्षीरार्णव के प्रस्तुत संस्करण के 22 अध्यायों (99-120 अध्यायपर्यन्त) की वास्तुसामग्री कुल 808 श्लोकों में प्रकाशित है। शीर्षकों के अनुरूप अध्यायान्तर्गत विषयों को चित्रसहित व्यवस्थित किया गया है। ये अध्याय इस अनुक्रम से व्यपदिष्ट हैं, यथा- आयव्ययादिलक्षणाधिकार (अ0 99), जगतीलक्षणाधिकार (अ0 100), कूर्मशिलानिवेशन (अ0 101), **भिट्टमानाधिकार** (अ0 102), पीठमानप्रमाण (अ0 103), प्रासादोदयमान (अ0 104), द्वारमानाधिकार (अ0 105), पीठथरविभाग (अ0 106), मेरुमण्डोवराधिकार (अ0 107), महामेरुमण्डोवराधिकार (अ0 108), गर्भगृहद्वारशाखाधिकार (अ0 109), प्रतिमापीठलिङ्गमानाधिकार (110), देवतादृष्टिपदस्थापनाधिकार (अ0 111), शिखरभद्रनासिकादिसरवेधादि (अ0 112), शिखराधिकार (अ0 113), रेखाविचार (अ0 114), स्तम्भमानलक्षणाधिकार (अ0 115), मण्डपाधिकार (अ0 116), सांधारभ्रमनिरूपणाधिकार (अ0 117), सांधारचतुर्मुखप्रासादलक्षण (अ0 118), केसरादिवैराज्यकूलप्रासादाधिकार (अ0 119), चातुर्मुखप्रासादस्वरूपलक्षण (अ0 120)।

"क्षीरार्णव" के प्रस्तुत संस्करण के संशोधन-सम्पादन में भी अन्य प्राचीन वास्तुग्रन्थों की भाँति संस्कृत भाषा की अत्यधिक अशुद्धियों तथा शुद्धपाठ पाण्डुलिपि के अभाव के कारण अत्यधिक कठिनाई की बात कही गयी है। अध्यायों का अव्यवस्थित क्रम, प्रसङ्ग से असम्बद्ध अपूर्ण तथा अस्पष्टाशय वाले पाठ का निपातन इत्यादि कठिनाइयों का निवारण करते हुए सम्पादक ने विषयसंयोजन किया है। कई स्थानों पर अति अशुद्धियों के कारण अनुवाद करना अशक्य हो गया है। अस्तु, सम्पादक की ओर से भविष्य में सुधार की सम्भावना की गयी है। हिन्दी भाषा में अनुवाद का कार्य राष्ट्रभाषारत्न श्री जयेन्द्रकुमार माणेकलालशाह ने तथा मुद्रण का कार्य नवप्रभात प्रेस, अहमदाबाद के श्रीमणिलालभाई और श्रीशंकर सिंह ने किया है। ग्रन्थारम्भ में **"क्षीरार्णव"** ग्रन्थ की संक्षिप्त अनुक्रमणिका, अध्यायक्रमाङ्क, अनुवाद-संशोधन में ऋणस्वीकार एक पृष्ठ में अङ्कित है। सम्पादक की ओर से 39 पृष्ठों की प्रस्तावना में वास्तुशास्त्र, स्थापत्य और शिल्प की व्याख्या, स्थापत्य का विकासक्रम, भारत का शिल्पिवर्ग, भारतीय शिल्पियों की प्रशंसा, भारतीय कला में आयी हुई विकृति, भारत के प्रासादों की जातियाँ, शिल्प-स्थापत्य में विवादग्रस्त प्रश्न शिल्पस्थापन-जगती-प्रासाद-द्वारमानमण्डोवर-देवतापदस्थापन-शिखर-ध्वजदण्डादि विषय विवेचित हैं। 5 पृष्ठों में **डॉ० मोतीचन्द्र** की भूमिका तथा उत्तरप्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल कनैयालाल मा0 मुनशी द्वारा प्रदत्त संक्षिप्त आमुख ग्रन्थ की महत्ता को परिवर्धित करते हैं। यह ग्रन्थ कुल 322 पृष्ठों में पूर्ण हुआ है। अप्राप्त विपुल भाग की गवेषणा के साथ यदि सम्पूर्ण क्षीरार्णव की उपलब्धि होती है तो यह भारतीय स्थापत्यविज्ञान की सर्वाङ्ग सम्पूर्णता के लिए प्रशंसनीय परिणाम होगा।

वृक्षार्णव (विश्वकर्मा)

"वृक्षार्णव" स्थापत्य का एक अद्भुत ग्रन्थ है जिसकी विषयसामग्री लघ्वाकार अध्यायों में उपनिबद्ध है। इसमें सान्धार एवं निरन्धार महाप्रासादों की रचना के सम्बन्ध में विवरण तथा उसके यम-नियम दिये गये हैं। प्रभाशङ्कर ओ0 सोमपुरा ने मारवाड (पाली) से प्राप्त वि0सं0 1768 की पाण्डुलिपि तथा रॉयल एसियाटिक सोसायटी की पाण्डुलिपि के आधार पर इस ग्रन्थ का परिश्रमपूर्वक संशोधन एवं सम्पादन किया है तथा इसके प्रकाशन की सूचना दी है। सम्पादक ने मधुसूदन अ0 ढाकी के सहयोग से वृक्षार्णव के आङ्ग्ल संस्करण के प्रकाशन का भी सङ्केत दिया है।

यह ग्रन्थ सम्पूर्ण रूप से प्राप्त नहीं हो सका है।

मयमत (मयमुनि)

मयमत दक्षिणभारतीय स्थापत्यपरम्परा अथवा द्राविड रीति का मानक ग्रन्थ है जिसके प्रणयन का श्रेय मयमुनि को जाता है। यह वास्तुशास्त्र का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण तथा

उपलब्ध प्राचीनतम प्रबन्धों में से एक है जिसको परवर्ती ग्रन्थकारों ने प्रचुरता से उद्धृत किया है। इसका काल चोल राजाओं का काल माना गया है जो ईसा की 8वीं से 9वीं शताब्दी के अन्तर्गत है। अनन्तशयन ग्रन्थावली (त्रिवेन्द्रम) के 65 वें ग्रन्थाङ्क के रूप में मूलकरामवर्म कुलशेखर महाराज के शासन में कोलम्बाब्द 1094 तदनुसार ई0 सन् 1919 में इस ग्रन्थ का सम्पादकीय टिप्पणी के साथ मूल देवनागरी में प्रकाशन हुआ है। इसका संशोधन/सम्पादन संस्कृतग्रन्थप्रकाशनाध्यक्ष, राजकीय मुद्रणालय, **टी० गणपति शास्त्री** ने किया है। इस संस्करण में कुल 34 अध्याय हैं किन्तु सम्पादक की ओर से प्रथम अध्याय में प्रदत्त विषयसूची के अनुसार इसके कम से कम 4 और अध्यायों के होने का निश्चय व्यक्त किया गया है। कथञ्चित् उपलब्ध दो अध्याय पाण्डुलिपि के अत्यन्त त्रुटिपूर्ण होने के कारण इस संस्करण में समाहित नहीं किये जा सके हैं, यह वक्तव्य संशोधक आचार्य ने प्रारम्भिक निवेदना में दिया है।

मयमत के उपलब्ध 34 अध्यायों में अध्यायाभिधानों के विभाग द्वारा विषय की स्थापना की गयी है। इनमें प्राप्त सम्पूर्ण श्लोकसंख्या 2900 ½ है। प्रत्येक अध्याय का नामसङ्केत उस अध्याय के अन्त में दिया गया है। ये क्रमशः इस प्रकार हैं-सङ्ग्रह, वस्तुप्रकार, भूपरीक्षा, भूपरिग्रह, मानोपकरण, दिक्परिच्छेद, पददेवताविन्यास, बलिकर्मविधान, ग्रामविन्यास, नगरविधान, भूलम्भविधान, गर्भविन्यास, उपपीठविधान, अधिष्ठानविधान, पादप्रमाणद्रव्यपरिग्रह, प्रस्तरकरण, सन्धिकर्मविधान, शिखरकरणभवनकर्मसमाप्तिविधान, एकभूमिविधान, द्विभूमिविधान, **त्रिभूमिविधान**, चतुर्भूम्यादिबहुभूमिविधान, सन्धिकर्मविधान, गोपुरविधान, मण्डपलक्षण, शालाविधान, चतुर्ग्रहविधान, गृहप्रवेश, राजवेश्मविधान, द्वारविधान, यानाधिकार, यानशयनाधिकार, लिङ्गलक्षण तथा पीठलक्षण।

प्रस्तुत संस्करण के आरम्भ में संशोधनकर्ता/सम्पादक की ओर से आङ्ग्ल Preface तथा संस्कृत भाषा (निवेदना) में ग्रन्थ के विषय में संक्षिप्त विवरण दिया गया है। ग्रन्थसंशोधन के लिए उपायत्त आदर्शग्रन्थ हैं-(1) राजकीय ग्रन्थशाला से प्राप्त तमिलभाषानुवादसहित केरलीय लिपि (मलयालम) में प्राप्त तालपत्र पर अंकित 34 अध्याय जिनमें 28-32 तक के अध्याय विकल हैं। यह लिपि इस संस्करण में 'क' अक्षर से सङ्केतित है। (2) आरक्कल से केशवकृष्णसम्बन्धी केरलीय लिपि में त्रयोदशाध्यायपर्यन्त तालपत्रात्मक लिपि जो 'ख' अक्षर से इङ्गित है। (3) पुरातनवस्तुविचारकार्यालयाध्यक्ष गोपीनाथरायसम्बन्धी 26 अध्यायात्मक सामग्री जिसे 'ग' अक्षर से व्यक्त किया गया है। इस लिपि के पाठभेद परिशिष्टरूप में इस पुस्तक के अन्त में निविष्ट हैं । (4) चेन्नई के राजकीय ग्रन्थशालीय ग्रन्थ से तदध्यक्ष के साह्य से प्रतिरूपायित कर आनीत 28-32 पञ्च अध्यायात्मक सामग्री, जिसे प्रकृत प्रबन्ध में 'घ' सङ्केत से उद्धृत किया गया है। म0म0 टी0 गणपतिशास्त्री ने सम्भवतः उपर्युक्त प्रथम लिपि (तमिलभाषानुवाद) को इस संस्करण

है द्वितीय भाग के रूप में शीघ्र ही प्रकाशित करने का सङ्कल्प व्यक्ति किया है। प्रथम सङ्कलनात्मक अध्याय के अन्त में उन (कम से कम) 4 अध्यायों का उल्लेख है जिनकी अनुपलब्धता की ओर संशोधनकर्ता का सङ्केत है-(पीठस्य लक्षणं) सम्यगनुकर्मविधिं तथा। प्रतिमालक्षणं देवदेवीनां मानलक्षणम्। चक्षुरुन्मीलनं चैव संक्षिप्याह (प्यैव) यथाक्रमम्। 10-11। संस्करण के अन्त में प्रकाशित तथा 'ग' लिपि के अन्तर्गत विद्यमान पाठभेद को कुल 23 पृष्ठों में प्रदर्शित किया गया है। यह शिल्पशास्त्र द्राविडपरम्परा के प्रायः सभी ग्रन्थों का उपजीव्य ग्रन्थ है जो स्थापत्यग्रन्थों में गम्भीर एवं मौलिक विषयस्थापना की दृष्टि से अप्रतिम एवम् अनुपेक्षणीय है।

मानसार

"मानसार" में स्थापत्यसिद्धान्तों का विस्तृत विवरण प्राप्त होता है। **मानानां स्थापत्यशिल्पानां सारो मूलं सङ्कलनं वा यत्र शास्त्रेऽस्ति तन्मानसारम्** इस प्रकार विषयानुरूप ग्रन्थ की संज्ञा संगत है। प्रसन्नकुमार आचार्य, कलासङ्कायाध्यक्ष तथा प्रोफेसर-संस्कृत, इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने संस्कृतमूल तथा समीक्षात्मक टिप्पणी के साथ मानसार का सम्पादन किया है जिसका प्रथम संस्करण आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस से सन् 1933 में प्रकाशित हुआ है। "मानसार" शिल्पशास्त्र एवं भारतीय स्थापत्य विज्ञान" पर **प्रसन्न कुमार आचार्य** ने पाँच अङ्कों के रूप में ग्रन्थ निर्माण किया है, जो इसप्रकार हैं-(1) A dictionary of Hindu Architecture, (2) Indian Architecture According to Manasara Śilpasastra, (3) Manasara - Sanskrit Text with Critical Notes, (4) Architecture of Manasara-Translation in English, (5) Architecture of Manasara-Plates (Architectural and Sculptural). "मानसार" वेदों, पुराणों, श्रेष्ठमुनियों, विद्वानों तथा शिल्पशास्त्रों के तत्त्व का समुच्चय है जिसके कर्ता अज्ञात हैं। ग्रन्थस्थ कुछ श्लोकों[1] पर दृष्टिपात करते हुए सम्पादक ने मानसार नामक किसी ग्रन्थकर्ता की सम्भावना कल्पित की है। ईसा की पञ्चम शताब्दी में इसके प्रणयन का अनुमान किया गया है तथापि अद्यावधि इसके प्रणेता और काल से सम्बन्धित प्रकरण विशेषज्ञों की मीमांसा के विषय हैं।

"मानसार" गृहनिर्माण एवं नगरसन्निवेशविषयक स्थापत्यकला का अग्रगण्य ग्रन्थ है। ब्रह्माण्डपुराण, मत्स्यपुराण, शिल्परत्न, बृहत्संहिता, कारणागम, वैखानसागम, कामिकागम, सुप्रभेदागम इत्यादि में **तालमान** का समुपवर्णन उपलब्ध होता है। सम्पादक के मत में सभी

1. तन्मानसार ऋषिणापि हि लक्ष्यते स्म।। 1/2
   इत्थं वेदैः पुराणैः सकलमुनिवरैर्मानसारादिमुख्यैः।
   विद्वद्भिः शिल्पशास्त्रैरपि च यदुदितं शास्त्रतन्त्रं प्रकुर्यात्।। 49/112
   मानविन्मानकल्पश्च मानसारो बहुश्रुतः। 68/12

पौराणिक तथा आगमिक विवरण मानसारमूलक हैं। मानसार के प्रतिपाद्य को 70 प्रकरणों में विभाजित किया गया है जो 418 पृष्ठों में सम्पूर्ण हुआ है। अध्यायनाम से ये प्रकरण क्रमशः इस प्रकार अवगुम्फित हैं-सङ्ग्रह, शिल्पिलक्षणपूर्वक मानोपकरणविधान, वास्तु प्रकरण, भूमिसङ्ग्रहविधान, भूपरीक्षाविधान, शङ्कुस्थापनलक्षण, पदविन्यासलक्षण, बलिकर्मविधान, ग्रामलक्षण, नगरविधान, भूमिलम्बविधान, गर्भविन्यासविधान, उपपीठविधान, अधिष्ठानविधान, स्तम्भलक्षण, प्रस्तरविधान, सन्धिकर्मविधान, विमानलक्षण, एकतलविधान, द्वितल-त्रितल-चतुस्तल-पञ्चतल-षट्तल-सप्ततल-अष्टतल-नवतल-दशतल-एकादशतल-**द्वादशतलविधान**, प्राकारविधान, परिवारविधान, गोपुरविधान, मण्डपविधान, शालाविधान, गृहमानस्थानविधान, गृहप्रवेशविधान, द्वारस्थानविधान, द्वारमानविधान, राजहर्म्यविधान, राजाङ्गविधान, राजलक्षण, रथलक्षण, शयनविधान, सिंहासनलक्षण, तोरणविधान, मध्यरङ्गविधान, कल्पवृक्षविधान, मौलिकलक्षण, भूषणलक्षण, त्रिमूर्तिलक्षण, लिङ्गविधान, पीठलक्षण, शक्तिलक्षण, जैनलक्षण, बौद्धलक्षण, मुनिलक्षण, यक्षविद्याधरलक्षण, भक्तलक्षण, हंसलक्षण, गरुडलक्षण, वृषभलक्षण, सिंहलक्षण, प्रतिमाविधान, उत्तमदशतालविधान, मध्यमदशतालविधान, प्रलम्बलक्षण, **मधूच्छिष्टविधान**, अङ्गदूषणविधान तथा नयनोन्मीलनलक्षण।

मानसार के इस संस्करण की प्रकल्पना सम्पादक ने ग्रन्थ-तमिल-तैलङ्ग-मलयालम-देवनागरी-इन पाँच प्रकार की लिपियों में प्राप्त हस्तलिखित पुस्तकों का समालोचन करते हुए पाश्चात्त्य तथा आधुनिक सरणि का अवलम्बन लेकर किया है। इन पाण्डुलिपियों का संक्षिप्त परिचय इस प्रकार है-

A. लाइब्रेरी ऑफ इण्डिया ऑफिस (B 482) की यह पाण्डुलिपि देवनागरी में 9¾" × 7½" के पर्ण पर है जिसमें 100 पत्र हैं। अन्तिम पत्र पर 1 पङ्क्ति तथा अन्य प्रत्येक पर 21-21 पङ्क्तियाँ हैं जो श्लोकभाग हैं। इस लिपि के पत्र संख्या 786 की 16वीं पङ्क्ति में मानसार का विवरण है।

B. एसियाटिक सोसायटी बंगाल की ओरिएण्टल लाइब्रेरी की यह पाण्डुलिपि 12" × 8½" के पर्णों पर लिखित है। आफ्रेक्ट ने इसको Catalogues Catalogorum, भाग III पृ0 97 पर उद्धृत किया है। यह पाण्डुलिपि दो भागों में है। प्रथम भाग **नरपतिविजय** नाम से है जिसमें 88 पत्र हैं। द्वितीय भाग को मानसारवास्तु तथा कुमारवास्तु कहा गया है। इसमें 163 पत्र हैं। एक-एक पर 16-24 पङ्क्तियाँ हैं जो श्लोकभाग हैं। अन्तिम पत्र पर श्लोकों की संख्या 5760 दी गयी है, यद्यपि इस गणना का सत्यापन नहीं हुआ है। सम्पादक ने इसे अनेक आचार्यों द्वारा लिखित माना है किन्तु अन्तिम पृष्ठ पर इसके **रामानुजाचार्य** नामक व्यक्ति द्वारा शालिवाहन शकाब्द 1677 में कम्पनी बहादुर (ईस्ट इण्डिया कम्पनी) के लिए लिखे जाने का उल्लेख है। आङ्ग्लभाषा में इसकी तिथि 14 अप्रैल, 1823 अंकित है।

C. लाइब्रेरी आफ इण्डिया आफिस (E 3141, 3041) से प्राप्त यह प्रति देवनागरी में, श्लोकरूप है तथा 11" × 7" के पर्णों पर अङ्कित है। इसके 472 पत्र हैं जिनमें एक पृष्ठ खाली है। एक-एक पर 16-18 पङ्क्तियाँ हैं। पत्र सं0 100 तक श्लोक संख्या परिगणित की गयी है। एक सादे पत्र पर शिल्पशास्त्र के इस भाग को त्रिचुनापॉली में खोजी गयी तमिल लिपि की एक अत्यन्त प्राचीन पाण्डुलिपि से प्रतिलिपिकृत बताया गया है जो फिलिप ब्राउन (1830) के निर्देश पर लिखी गयी थी। अन्य अनेक सङ्केतों के आधार पर प्रो0 पी0के0 आचार्य ने सम्भावना व्यक्त की है कि यह प्रति दो भिन्न-भिन्न पाण्डुलिपियों-(1) ग्रन्थलिपि, सं0 1987 तथा (2) तेलगुलिपि, पाण्डुलिपि सं0 525 (टेलर के कैटलाग 171; II, 355 पर निर्दिष्ट) से प्रतिलिपिकृत है।

D. लाइब्रेरी आफ इण्डिया ऑफिस (मैकेन्जी कलेक्शन, सं0 III, 187) से उपलब्ध यह पाण्डुलिपि तेलगुलिपि में 13" × 2" आकार के तालपत्र पर टङ्कित है। इसमें 162 पत्र हैं। एक-एक पर 9-11 पङ्क्तियाँ हैं। इस पाण्डुलिपि पर शकाब्द 1656 (ई0 सन् 1734) तिथि दी गयी है।

E. लाइब्रेरी आफ इण्डिया ऑफिस (मैकेन्जी कलेक्शन, सं0 III, 190) की यह पाण्डुलिपि भी तालपत्र पर, तेलगुलिपि में है। इसके कुल 68 पत्र हैं। एक-एक पर 7-8 पङ्क्तियाँ हैं। कुछ पत्र रिक्त हैं। प्रत्येक श्लोक का तेलगु में अनुवाद किया गया है तथा पृष्ठों की गणना 131 से 198 तक है।

F. तञ्जौर पैलेस इस्टेट की यह पाण्डुलिपि ग्रन्थ और तमिल लिपि में 16½ × 5" के तालपत्र पर उत्कीर्ण है। इसके 202 पत्र हैं। एक-एक पत्र पर 4-5 पङ्क्तियाँ हैं।

G. तञ्जौर पैलेस इस्टेट की यह पाण्डुलिपि ग्रन्थलिपि में 16" × 2½" के तालपत्र पर उत्कीर्ण है। इसके 82 पत्र हैं। एक-एक पत्र पर 4-6 पङ्क्तियाँ हैं।

H. डेकन कॉलेज, पूना, बॉम्बे की यह प्रति देवनागरी में 9½" × $7\frac{3}{8}$" के आकार वाले पत्र पर लिखित है। इसके 44 पत्र हैं। प्रत्येक पर 21 पङ्क्तियाँ निविष्ट हैं। यह डॉ0 भाण्डारकर के प्रतिवेदन 1887-91 में निर्दिष्ट है। यह आधुनिक पुस्तकरूप में है जो किसी प्राचीन पाण्डुलिपि की आधुनिक प्रतिलिपि प्रतीत होती है। पृष्ट 1a पर ग्रन्थ का शीर्षक **"मानवशिल्प"** अङ्कित है। इस पर कोई तिथि उल्लिखित नहीं है।

I. राजकीय प्राच्य पुस्तकालय, मद्रास की यह पाण्डुलिपि ग्रन्थलिपि में 13¼" × 8" के आकार में बँधी है। इसमें 495 पत्र हैं तथा प्रत्येक पर 18-18 पङ्क्तियाँ हैं। इसमें मानसार के सभी अध्याय हैं। प्रतिलिपिकार का नाम "लोकनाथशास्त्री" निर्दिष्ट है। प्रतिलिपिकाल का उल्लेख नहीं है।

J. गवर्न्मेन्ट ऑफ मद्रास से सम्बद्ध यह पाण्डुलिपि ग्रन्थलिपि में, 12 ½" × 1$\frac{3}{8}$" आकार के तालपत्रों पर उत्कीर्ण है। इसमें 12 पत्र हैं तथा प्रत्येक पर 8-8 पङ्क्तियाँ अङ्कित हैं। यह अपूर्ण और क्षतिग्रस्त है। प्रतिलिपिकर्ता का कोई नाम अथवा दिनाङ्क का सङ्केत नहीं है।

K. पैलेस लाइब्रेरी, त्रिवेन्द्रम की दो पाण्डुलिपियाँ मलयालयम में तालपत्र पर उत्कीर्ण हैं। प्रथम में 7½" × 1½" आकार के 25 पत्र हैं। प्रत्येक पत्र पर 9-9 पङ्क्तियाँ हैं। इसकी कुल श्लोकसंख्या 63 है। द्वितीय पाण्डुलिपि में भी 7½" × 1½" आकार के कुल छः पत्र हैं। प्रत्येक पर 9-9 पङ्क्तियाँ हैं। इसमें शङ्कुस्थापन तथा आयादिषड्वर्ग का अस्पष्ट, अपूर्ण विवरण है जिसे सम्पादक आचार्य ने "मानसार" के परिशिष्ट "ग" में संगृहीत किया है।

मानसार के प्रस्तुत संस्करण में सम्पादक की ओर से आङ्ग्लभाषा में प्रदत्त भूमिका (Preface) में प्रकाशनवृत्त (History of Publication), प्राचीन हस्तलिखित पुस्तकों का विवरण (Description of MSS), सम्पादननीति की व्याख्या (Method followed in preparing the text) और उपकारस्मरण (acknowledgement) प्रस्तुत किया गया है। विषयसूची और संक्षिप्त भूमिका संस्कृत में दी गयी है।

अध्यायों में ग्रन्थविस्तारण के पश्चात् 33 पृष्ठों का परिशिष्टभाग प्रकल्पित है जिनमें अन्यान्य शिल्पग्रन्थों से विषय सङ्कलित हैं। परिशिष्ट "क" में सूत्रक्रम, **नालिग्रहविधि**, कामकोष्टविधि, देवतास्थापन, कामकोष्टलक्षणविधि; परिशिष्ट "ख" में गोपुरलक्षण, द्वितल-त्रितलादिप्रस्तरोत्सेध, जीर्णोद्धारलक्षण, शङ्कुस्थापन, आयादिलक्षण तथा परिशिष्ट "ग" में मानववास्तुलक्षण के 64 श्लोक सङ्गृहीत हैं। 57 पृष्ठों में ग्रन्थागत शब्दों की अनुक्रमणिका है तथा अन्त में 311 पृष्ठों में अध्यायक्रम से समीक्षात्मक टिप्पणी (Critical Notes) दी गई है जिसमें भिन्न-भिन्न पाण्डुलिपियों के अनुसार पाठभेद प्रदर्शित किया गया है। मानसार की संस्कृतभाषा में प्रायशः त्रुटियाँ हैं। कोष्ठकों मे सम्भावित शुद्धपाठ-वर्ण/पदोपन्यासपूर्वक सम्पादक ने इस बृहद्ग्रन्थ को आकार दिया है।

बृहत्संहिता (वराहमिहिर)

बृहत्संहिता त्रिस्कन्ध ज्योतिष के संहिताभाग के अन्तर्गत है। यद्यपि यह ज्योतिषशास्त्र का प्रमुख ग्रन्थ है तथापि **वराहमिहिर** ने इसमें अनेक विषयों का विवरण प्रस्तुत किया है। वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से 1968 में श्री अवधविहारी त्रिपाठी, तत्रत्य ज्योतिषविभागाध्यक्ष के सम्पादन में सरस्वतीभवनग्रन्थमाला के ग्रन्थाङ्क 9 के अन्तर्गत **भट्टोत्पल** की "विवृति" संस्कृत व्याख्या के साथ बृहत्संहिता का एक संस्करण दो भागों में प्रकाशित है। वराहमिहिराचार्य का जन्मकाल शकाब्द 412, तदनुसार ई0 सन् 590 तथा

मृत्युकाल शकाब्द 509, ई0 सन् 587 प्रकीर्तित है। तदनुसार बृहत्संहिता का प्रणयनकाल ईसा की छठीं शताब्दी निर्धारित होता है। कश्मीराभिजन **भट्टोत्पल** ने विवृति नाम्नी संस्कृत टीका शकाब्द 888, ई0 सन् 966 में लिखी है।

1968 के इस संस्करण के द्वितीय भाग (अध्याय 52-106) का प्रारम्भ "वास्तुविद्या" नामक अध्याय से होता है। इस (अध्याय सं0 52) के अतिरिक्त 55, 56 तथा 57 संख्या के अध्यायों में भी गृहप्रमाणादि तथा स्थापत्य से सम्बन्धित कुछ सामग्री प्राप्त होती है जिनके नाम क्रमशः प्रासादलक्षण, वज्रलेपलक्षण तथा प्रतिमालक्षण हैं। वास्तुविद्याध्याय में सविस्तर वर्णित सम्बद्ध विषय इस क्रम में उपनिबद्ध हैं-वास्तुज्ञान (पुरुष) की उत्पत्ति, नृपगृहप्रमाण, सेनापतिगृहप्रमाण, सचिवगृहप्रमाण, युवराजगृहलक्षण, सामन्तप्रवरराजपुरुष-कञ्चुकिवेश्याकलाज्ञों के गृहलक्षण, कर्मान्ताध्यक्ष दूतों के पञ्चगृह, दैवज्ञभिषक्पुरोहितवास्तुप्रमाण, गृहोच्छ्रायप्रमाण, एकशालदैर्घ्य, ब्राह्मणादिवर्णचतुष्टयगृहप्रमाण, कोषरतिभवनप्रमाण, राजपुरुषगृहप्रमाण, पारशवादिवास्तुप्रमाण, पशुप्रव्राजकधान्यगृहआयुधगृहवह्निगृहरतिगृहप्रमाण, शालाऽलिन्दप्रमाण, वीथिकाप्रमाण, तदुपलक्षित वास्तुनाम, भूमिकाप्रमाण, भित्तिप्रमाणज्ञान, पक्वेष्टका-दारुकृतवास्तु में विशेष, नृपबलेशचातुर्वर्ण्यविवर्जितों के द्वारप्रमाण, चातुर्वर्ण्यद्वारप्रमाण, स्तम्भाग्र-मूल में शाखा (द्वारिका)-उदुम्बर (देहली-निटाल) का बाहुल्य और पृथुत्व, स्तम्भादिनाम, स्तम्भ-अधरोर्ध्वभागरचना, भारतुलातुलोपतुलाप्रमाण, सर्वतोभद्रलक्षण, नन्द्यावर्तलक्षण, वर्धमानलक्षण, स्वस्तिकलक्षण, रुचकलक्षण, पञ्चचतुःशालफल, हिरण्यनाभ-सुक्षेत्र-चुल्लीपक्षघ्नत्रिशाललक्षण, सिद्धार्थ-यमसूर्य-दण्ड-वाताख्य-चुल्ली-काचद्विशाललक्षण, एकाशीतिपदक्षेत्रविभाग, बाह्यकोष्ठस्थ द्वात्रिंशदेव, अभ्यन्तरस्थित त्रयोदश देव, देवतापदसङ्ख्याप्रदर्शन, वास्तुनर-अङ्गप्रविभाग, चतुःषष्टिपदवास्तुनरप्रविभाग, एकाशीतिपदवृत्तक्षेत्र (वास्तुनरप्रविभाग), चतुरस्र में एकाशीतिपदवास्तुनर, चतुरस्र में चतुःषष्टिपदवास्तुनर, वृत्त में एकाशीतिपदवास्तुनर, वृत्त में चतुःषष्टिपदवास्तुनर, त्र्यस्र में एकाशीतिपदवास्तुनर, मर्मविभागप्रदर्शन, शल्यज्ञान, शल्यप्रविभाग से फल, वंशरज्जुलक्षण, **महामर्म**, वंशशिरापरिमाणज्ञान, विकलवास्तु में दोष, नगरग्रामवास्तुनरप्रविभाग, नगरग्रामों में ब्राह्मणादिवास, चतुर्दिक् में द्वात्रिंशद्वारफल, पूर्वद्वारफल, दक्षिणद्वारफल, पश्चिमद्वारफल, उत्तरद्वारफल, द्वारनक्षत्र, द्वारवेधफल, द्वार-विशेषफल, कोणनिवासफल, दिशाओं में शुभाशुभ वृक्ष, गृहसमीपगत वृक्षों का फल, भूमिलक्षण, भूमिविधानवश शुभाशुभत्व, गृहप्रारम्भविधान, शल्यज्ञानविधान, शुभमाङ्गल्यज्ञान, शिलान्यासप्रदर्शन, शङ्कुप्रतिष्ठालक्षण, लग्नशुद्धि, शङ्कुदेवता, वास्तुभूमि में विशेष, चतुःशालगृह में देवगृहादिस्थापन, तरुच्छेदलक्षण, वृक्षशल्यज्ञान, तथा गृहप्रवेशफल। प्रासादलक्षणनामक 55वें अध्याय में प्रतिष्ठाकरण में भूमिगुण, देवतागृह में वास्तुपुरुषलक्षण एवं द्वारप्रविभाग, प्रासादविधान, प्रासादनाम, मेरुप्रासादलक्षण, मन्दरकैलासप्रासादलक्षण, विमान-नन्दनलक्षण, समुद्ग-पद्मलक्षण, गरुड-नन्दिवर्धनलक्षण, कुञ्जर-गृहराजलक्षण, वृष-हंस-घटलक्षण, सर्वतोभद्रलक्षण,

सिंहवृत्तचतुष्कोणषोडशाश्रयष्टाश्रिलक्षण तथा मय-विश्वकर्ममत में भूमिकाप्रमाण विषय विवेचित हैं। 56वें वज्रलेपलक्षणाध्याय में **वज्रलेपनिर्माणविधि** प्रोक्त है। 57वाँ प्रतिमालक्षण संज्ञक अध्याय परमाणुप्रमाण, अङ्गुलप्रमाण, प्रतिमाप्रमाण, प्रतिमावयवप्रमाण, प्रतिमाविशेषलक्षण, विष्णुस्वरूपकथन, हलधरलक्षण, एकानंशालक्षण, शाम्बप्रद्युम्नलक्षण, ब्रह्म-कुमारलक्षण, इन्द्रलक्षण, महेश्वरलक्षण, बुद्धलक्षण, भास्करलक्षण, लिङ्गलक्षण, मातृगणलक्षण, यमवरुणकुबेरलक्षणादि विषयों से युक्त है।

बृहत्संहिता के इस संस्करण के पूर्व श्री सुधाकर द्विवेदी के सम्पादन में ई0 सन् 1897 में तथा पश्चात्काल में डॉ0 कृष्णचन्द्र द्विवेदी के सम्पादन में ई0 सन् 1996-97 में अन्य संस्करण प्रकाशित हो चुके हैं। प्रकृत संस्करण की भूमिका में पं0 बलदेव उपाध्याय ने इसे श्लोकानुक्रमणिका के अतिरिक्त सर्वाङ्ग रूप से पूर्व प्रकाशन (पं0 सुधाकर द्विवेदिसम्पादित) के यथावत् बताया है। इसी प्रकार उत्तरवर्ती प्रकाशन (डॉ0 कृष्णचन्द्रद्विवेदिसम्पादित) समग्रतः इस संस्करण का प्रतिरूप है।

शिल्पप्रकाश (रामचन्द्र महापात्र)

शिल्पप्रकाश मन्दिरशिल्प का एक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है जिसमें उत्कल शैली के मन्दिरों के विशिष्ट प्रकारों तथा उनके स्थापत्य का सूक्ष्म विवेचन प्रस्तुत किया गया है। ग्रन्थ के रचनाकार **रामचन्द्र महापात्र** कौलभट्टारक हैं जो तन्त्र के कौलाचार मत के अनुयायी वास्तुशिल्पी थे और ऐरावतमण्डल के राजा वीरवर्मन के संरक्षण में रहते थे। ग्रन्थकार ने स्वयं को उद्गातृकुलोद्भव कहा है तथा अपने ज्ञान के स्रोत के रूप में सौधिकागम का उल्लेख किया है। शिल्पप्रकाश तान्त्रिक सिद्धान्तों से ओतप्रोत है। इसकी रचना 10 वीं शताब्दी के मध्य से 11 वीं शताब्दी के आरम्भ तक के अन्तराल में अनुमानित की गयी है। इसका प्रथम संस्करण 1966 में लेडेन (Leiden) से प्रकाशित हुआ। ग्रन्थ की अंग्रेजी में भूमिका, अनुवाद तथा समीक्षात्मक सम्पादन का कार्य एलिस बोनर और सदाशिव रथ शर्मा ने किया है।

शिल्पप्रकाश में उत्कल शैली के मन्दिरों के स्थापत्य तथा मूर्तिकला पर प्रकाश डाला गया है जिनमें चौरासी का वाराही मन्दिर विशेष रूप से उल्लेखनीय है। इस मन्दिर का काल 10वीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध बताया गया है। यह मन्दिर उत्कल की तान्त्रिक परम्पराओं तथा उनकी वास्तु एवं मूर्तिगत अभिव्यक्तियों का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस ग्रन्थ के मन्दिरशिल्प के माध्यम से 9वीं शताब्दी से 17वीं शताब्दी तक तान्त्रिक परम्पराओं के सातत्य पर प्रकाश पड़ता है। शिल्पप्रकाश का आरम्भ मन्दिर-भवन के अधिष्ठाता देवता के रूप में विश्वकर्मा तथा यन्त्रकालिका के ध्यान के साथ होता है और सम्पूर्ण ग्रन्थ में मन्दिर की नींव, विभिन्न भागों के नीचे तथा देवप्रतिमाओं के नीचे यन्त्रों के निक्षेप तथा प्रतिष्ठा की क्रिया वर्णित है।

यह ग्रन्थ दो प्रकाशों में विभक्त है। प्रथम प्रकाश **'मुखशालाङ्गनिर्णय'** नाम से अभिहित है। ग्रन्थ के वामपृष्ठ पर देवनागरी में मूलसंस्कृतश्लोक तथा दक्षिणपृष्ठ पर उनका आङ्ग्लभाषानुवाद है। प्रथम प्रकाश विश्वकर्मप्रतिमाध्यान तथा यन्त्रकालिकाध्यान से प्रारम्भ होता है। इस प्रकाश में पञ्चधा शिल्पविद्या, भूमिनिर्वाचन, भूमिलक्षण, वास्तुभूमिपरीक्षा, वास्तुभूमिभेद, भूमिमार्जनपद्धति, नागबन्ध, गर्भयन्त्रनिर्णय, मुखशालाङ्ग, योगिनीयन्त्र, शालानिर्णय तोरणपद्धति, वज्रमस्तकभेद, भित्तिभाग, भैरवयन्त्र, नन्दीभैरव, तोरणलक्ष्मी, शुभलक्ष्मी, तोरणबन्ध, पीठनिरूपण, स्तम्भविधि, कोणकविधान, राहापागादिनिर्णय, शक्तिगृह, महाविद्यायन्त्र, शक्तियन्त्र, **लताभेद** (कुञ्चिता-हंसलता-वर्तुला-आगमा-रतिकेरा-सगुम्फा-कुटिला-समभागिका-पल्लवा-कलियुक्ता-रङ्गणी-चातुकी-पङ्कजा-उत्पला), गृहादिभागनिर्णय, भारभैरवप्रतिमालक्षण (युगल-एक-सिंह-विराल (विराज)-कौतूहल), गवाक्षनिर्माणविधि, शिक्षादानमूर्तियन्त्र, अलसानिर्णय,अलसायन्त्र,अलसा-तोरणा-मुग्धा-मानिनी-डालमालिका-पद्मगन्धा-दर्पणा-विन्यासा-केतकीभरणा-मातृमूर्ति-चामरा-गुण्ठना-नर्तकी-शुकसारिका-नूपुरपादिका-मर्दला (शिल्पगृहनिवासिनी षोडश कन्यायें), ऊर्ध्वबन्धना एवं लहराभाग, राजबन्ध, चापक्षेत्र, वायव्यस्थान, कुम्भभेद (पूर्णकुम्भ-पर्णकुम्भ-मकरमालिनी), मिथुनबन्धनिर्णय, पाटपातनविधि, ग्रन्थकार परिचय-ये विषय वर्णित हैं।

द्वितीय प्रकाश **'विमानभागनिर्णय'** नाम से प्राप्त होता है जिसमें प्रासादभेद (मञ्जुश्री-रत्नसार-मृदङ्ग-वसुश्री-महामेरु-कैलासशिखर-वैताल), भैरवयन्त्र, भैरवभेद (असिताङ्ग-सिताङ्ग-एकाङ्घ्रि-कालभैरव-महाकाल-वीरभद्र-कालाग्नि-वटुक), हेमकूटप्रासाद, कोणकभाग, अनुराहाभाग, अनर्थबन्ध, राहापाग, राहविग्रह, विमानमालिनी, गर्भकशङ्करपूजा, वामदेवध्यान, नटाम्बरध्यान, नटाम्बरयन्त्र, नटाम्बरभेद, पीठभूमिमार्जनविधि, प्रासादपद्धति, पद्मगर्भ-कामगर्भभेद, पद्मगर्भपञ्चकर्म, कामगर्भपञ्चकर्म, पद्मगर्भकोणक, अनुराहा, नागभेद, अनर्थ, आवरणभेद, सद्योजात, ततुरुष, श्रीकण्ठरुद्र, घोर, मृत्युञ्जय, विरूपाक्ष, राहापाग, तलगर्भिका, निशाभाग, पार्श्वदेवता (हेरम्ब-अम्बिका-कार्त्तिकेय), ऊर्ध्वगर्भिका, भित्तिबन्धना, राजबन्ध, पञ्चकर्म, कोणक, विमानिका, लतास्तम्भ, भुजङ्गबन्ध, कामबन्ध, कामकलायन्त्र, महाकामकलेश्वरीध्यान, कामकलेश्वर शिव, राहागर्भक, पार्श्वदेवता (काली-कात्यायनी-दक्षिणकालिका-उग्रा-उग्रचण्डी-कपालिका-वाराही-वगला-श्यामा), **खर्परभेद**, केरकर्म, मुद्रकभाग, सिंहभेद (विराज-जाग्रत-उद्यत-गजक्रान्त), सिंहयन्त्र, कलशभेद, यूप, कुम्भ, अन्यगर्भकप्रकार, प्रासादनिर्माणप्रशंसा, द्वारकर्म, प्रतिमाप्रमाण, अलंकरण, प्रतिमाप्रमाण, कीर्त्तिप्रशंसा, पीठलक्षण, रत्नगर्भ, आसनभेद (कणिपीठ-पद्मपीठ), विग्रहभेद (उत्तम-मध्यम-अधम), शक्तिमूर्ति, शिल्पान्तकर्म वर्ण्य विषय हैं। इस प्रकाश की सम्पूर्ति शिल्पशास्त्रस्तोत्र तथा ग्रन्थकारपरिचय से होती है।

शिल्पप्रकाश का द्वितीय संस्करण इन्दिरागान्धी राष्ट्रीय कला केन्द्र, नई दिल्ली तथा मोतीलाल बनारसीदास पब्लिशर्स प्रा0 लि0 दिल्ली के समवेत सहयोग से प्रकाशित हुआ है।

इसके पुनरीक्षण तथा सम्पादन का कार्य सुश्री **बेटिना बूमर**, राजेन्द्र प्रसाद दास तथा सदानन्द दास ने किया है। इसके प्रथम संस्करण में **डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल** के पुरोवाक् तथा सुश्री एलिस बोनर एवं सदाशिव रथ शर्मा के कार्तज्ञ्यप्रकाशन के साथ-साथ सुश्री बेटिना बूमर का पुरोवाक् तथा कार्तज्ञ्यप्रकाशन संलग्न है। राजेन्द्र प्रसाद दास द्वारा प्रदत्त ऐतिहासिक विवरण ग्रन्थ के कालनिर्धारण में उपयोगी है। संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से भाषा में त्रुटियाँ हैं जिनकी ओर भूमिका में संकेत किया गया है; तथापि एलिस बोनर की शोधपरक दृष्टि तथा सदाशिव रथ शर्मा के पारम्परिक ज्ञान से समन्वित आङ्ग्लानुवाद विषय का अर्थज्ञान कराने में सफल हो पाया है। पारिभाषिक शब्दावली, सन्दर्भग्रन्थसूची, श्लोकानुक्रमणी तथा पदानुक्रमणी सहित 471 पृष्ठों के इस ग्रन्थ के साथ अन्त में मन्दिरों, उनके विविधि अवयवों तथा प्रकारों, यन्त्रों एवम् अलंकरणों इत्यादि के चित्रों का संग्रह अतिरिक्त रूप से जुड़ा है जो स्थापत्यविज्ञान को समझने में सौकर्य प्रदान करता है।

समराङ्गणसूत्रधार (भोजदेव)

परमारवंशीय शासक धाराधिपति भोजदेव द्वारा रचित "समराङ्गणसूत्रधार" **मालवपरम्परा** का प्रतिनिधिभूत बृहद् वास्तुग्रन्थ है जिसमें वास्तु एवं स्थापत्यसम्बन्धी समस्त विषयों- ग्रामविन्यास, नगरसन्निवेश, भवन एवं प्रासादनिर्माण, विविधप्रकार के आयादि तथा यन्त्रों से सम्बद्ध विवरण समाहित हैं। गायकवाड संस्कृत सीरीज के ग्रन्थाङ्क 25 के अन्तर्गत महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय, बडौदा की ओर से ओरिएण्टल इन्स्टीट्यूट् बडौदा से इस ग्रन्थ का द्वितीय संस्करण ई0 सन् 1966 में प्रकाशित हुआ है जिसका संशोधन-सम्पादन डॉ0 वासुदेवशरण अग्रवाल ने किया है। भोजदेव का शासनकाल ई0 सन् 1000-1055 है। इस प्रकार समराङ्गणसूत्रधार ईसा की 11 वीं शताब्दी में रचित शिल्पग्रन्थ है। व्याकरण, साहित्य तथा वास्तुशास्त्र के क्षेत्र में ग्रन्थकार की कृतियों को देखते हुए यह निश्चित होता है कि राजा भोजदेव संस्कृतविद्या और भारतीय संस्कृति के मूर्धन्य मनीषी तथा विद्वत्प्रिय शासक रहे हैं।

प्राप्त पाण्डुलिपियों के आधार पर प्रकाशित 83 अध्यायों, 662 पृष्ठों के इस ग्रन्थ का स्वरूप अपूर्ण है। आदर्शभूत लिपियों के पूर्णाकार में अनुपलब्ध होने से इसके अतिरिक्त विस्तार का प्रकाशन नहीं हो पाया है। विपुल विषयराशि को आत्मसात् किये हुए इस महान् ग्रन्थ के विषयसङ्केतक अध्यायों का क्रम इस प्रकार है-

1. महासमागमनाध्याय
2. विश्वकर्म-तत्पुत्रसंवादाध्याय
3. प्रश्नाध्याय
4. महदादिसर्गाध्याय
5. भुवनकोशाध्याय
6. सहदेवाधिकार
7. वर्णाश्रमप्रविभागाध्याय
8. भूपरीक्षाध्याय
9. हस्तलक्षणाध्याय
10. पुरनिवेशाध्याय
11. वास्तुत्रयविभागाध्याय
12. नाड्यादिसिरादि-विकल्पाध्याय
13. मर्मवेधाध्याय

14. पुरुषाङ्गदेवतानि-घण्ट्वादि-निर्णयाध्याय
15. राजनिवेशाध्याय
16. वनप्रवेशाध्याय
17. इन्द्रध्वजनिरूपणाध्याय
18. नगरादिसंज्ञाध्याय
19. चतुःशालविधानाध्याय
20. निम्नोच्चादिफलाध्याय
21. द्वासप्ततित्रिशाल-लक्षणाध्याय
22. द्विशालगृहलक्षणाध्याय
23. एकशाललक्षणाध्याय
24. द्वारपीठभित्ति-मानाद्यध्याय
25. समस्तगृहसङ्ख्या-कथनाध्याय
26. आयादिनिर्णयाध्याय
27. सभाष्टकाध्याय
28. गृहद्रव्यप्रमाणाध्याय
29. शयनासनलक्षणाध्याय
30. राजगृहाध्याय
31. यन्त्रविधानाध्याय
32. गजशालाध्याय
33. अश्वशालाध्याय
34. अप्रयोज्य-प्रयोज्याध्याय
35. शिलान्यासविध्यध्याय
36. बलिदानविध्यध्याय
37. कीलकसूत्रपाताध्याय
38. वास्तुसंस्थानमातृकाध्याय
39. द्वारगुणदोषाध्याय
40. पीठमानाध्याय
41. चयविध्यध्याय
42. शान्तिकर्मविध्यध्याय
43. द्वारभङ्गफलाध्याय
44. स्थपतिलक्षणाध्याय
45. अष्टाङ्गलक्षणाध्याय
46. तोरणभङ्गा-दिशान्तिकाध्याय
47. वेदीलक्षणाध्याय
48. ग्रहदोषनिरूपणाध्याय
49. रुचकादिप्रासाद-लक्षणाध्याय
50. प्रासादशुभाशुभ-लक्षणाध्याय
51. आयतननिवेशाध्याय
52. प्रासादजात्यध्याय
53. जघन्यवास्तुद्वाराध्याय
54. प्रासादद्वारमानाद्यध्याय
55. मेर्वादिषोडशप्रासादादि-लक्षणाध्याय
56. रुचकादिचतुष्षष्टिप्रा-सादकाध्याय
57. मेर्वादिविंशिकाध्याय
58. प्रासादस्तवनाध्याय
59. विमानादिचतुष्षष्टिप्रा-सादलक्षणाध्याय
60. श्रीकूटादिषट्-त्रिंशत्प्रासाद-लक्षणाध्याय
61. पीठपञ्चकलक्षणाध्याय
62. द्राविडप्रासादलक्षणाध्याय
63. मेर्वादिविंशिकानागर-प्रासादलक्षणाध्याय
64. दिग्भद्रादिप्रासाद-लक्षणाध्याय
65. भूमिजप्रासादलक्षणाध्याय
66. मण्डपलक्षणाध्याय
67. सप्तविंशतिमण्डप-लक्षणाध्याय
68. जगत्यङ्ग-समुदायाधिकाराध्याय
69. जगतीलक्षणाध्याय
70. लिङ्गपीठप्रतिमा-लक्षणाध्याय
71. चित्रोद्देशाध्याय
72. भूमिबन्धाध्याय
73. लेप्यकर्मादिकाध्याय
74. अण्डकप्रमाणाध्याय
75. मानोत्पत्त्यध्याय
76. प्रतिमालक्षणाध्याय
77. देवादिरूपप्रहरणसंयोग-लक्षणाध्याय
78. दोषगुणनिरूपणाध्याय
79. ऋज्वागतादिस्थान-लक्षणाध्याय
80. वैष्णवादिस्थानक-लक्षणाध्याय
81. पञ्चपुरुषस्त्री-लक्षणाध्याय
82. रसदृष्टिलक्षणाध्याय एवं
83. पताकादिचतुष्षष्टि-हस्तलक्षणाध्याय।

"समराङ्गणसूत्रधार" के इस संस्करण का स्वरूप ओरिएण्टल इन्स्टीट्यूट्, बडौदा से गायकवाड ओरिएण्टल सीरीज के ग्रन्थाङ्क 25 तथा ग्रन्थाङ्क 32 के रूप में ई0 सन् 1924–1925 में प्रकाशित प्रथम संस्करण के दो अङ्कों पर आधारित है जिनका सम्पादन महामहोपाध्याय **टी० गणपति शास्त्री** ने किया था। प्रथम संस्करण की भूमिका में टी0 गणपतिशास्त्री ने ग्रन्थ के संशोधन-सम्पादन के लिए आदर्शभूत 3 पाण्डुलिपियों का उल्लेख किया है–

1. सेन्ट्रल लाइब्रेरी, बडौदा की पाण्डुलिपि जो 82 वें अध्याय के एक निश्चित भाग तक के विषयों से समन्वित है, किन्तु इसके 19 पत्र अप्राप्त हैं। इसका प्रतिलिपिकाल वि0सं0 1594 अङ्कित है। प्रकाशित संस्करण में इसका निर्देश 'क' वर्ण से किया गया है।
2. सेन्ट्रल लाइब्रेरी, बडौदा की पाण्डुलिपि जो 55 वें अध्याय के एक निश्चित भाग तक के विषयविवरण से युक्त है। यह ग्रन्थ में 'ख' वर्ण से निर्दिष्ट है।
3. पाटण से मँगाई गयी पाण्डुलिपि जो 49 अध्यायपर्यन्त सामग्री से युक्त है किन्तु इसके 10 पत्र अनुपलब्ध हैं। यह पाण्डुलिपि 'ग' अक्षर से प्रकाशित संस्करण में उल्लिखित है।

डॉ0 **वासुदेवशरण अग्रवाल** ने द्वितीय संस्करण के संशोधन-सम्पादन के लिए ओरिएण्टल इन्स्टीट्यूट्, बडौदा की एक पाण्डुलिपि की चर्चा की है जो वहाँ के पुस्तकालय से प्राप्त है। इसमें 83वें अध्याय के 237 संख्या तक के श्लोक हैं। इसके आगे के पत्र त्रुटित हैं। यह पाण्डुलिपि द्वितीय संस्करण में 'द' सङ्केत से निर्दिष्ट की गयी है।

ये पाण्डुलिपियाँ त्रुटिपूर्ण, अस्पष्ट एवं दुष्पाठ्य पदों वाली रही हैं। ग्रन्थ के मूल पाठ में लिप्यन्तर के संगत पाठ को अथवा सम्भावित शुद्ध पाठ को प्रश्नवाचक चिह्न के साथ रखा गया है। कुछ अस्पष्ट अथवा अप्राप्त पदों की सूचना ++++ चिह्न द्वारा प्रदर्शित की गयी है। पादटिप्पणी में पृथक् पृथक् पाण्डुलिपियों के पाठभेद, सम्भावित शुद्धपाठ के संकेत, पाण्डुलिपि से प्राप्त सामग्री की सूचना आदि विषय संस्कृत भाषा में प्रदत्त हैं। व्याकरण की दृष्टि से ग्रन्थ की भाषा शुद्ध है। समराङ्गणसूत्रधार की असाधारण विशेषता यह है कि इस वास्तुग्रन्थ में वास्तुपददेवता के **निघण्टु** (पर्याय) दिये गये हैं। प्रथम संस्करण की सम्पादकीय भूमिका के साथ इस संस्करण में सम्पादक की ओर से संक्षिप्त प्रस्तावना (Introduction) आङ्ग्लभाषा में संलग्न है। विस्तृत विषयानुक्रमणिका के साथ यह ग्रन्थ भारतीय स्थापत्य का विश्वकोश प्रतीत होता है।

"समराङ्गणसूत्रधार" का अंशभाग समराङ्गणसूत्रधार-वास्तु-शास्त्र (भवन-निवेश-प्रथम भाग) नाम से **डॉ० द्विजेन्द्रनाथ शुक्ल,** पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ द्वारा सम्पादित है जो ई0 सन् 1965 में वास्तुवाङ्मयप्रकाशनशाला, लखनऊ से प्रकाशित है। प्रो0 शुक्ल ने इस ग्रन्थ से सम्बद्ध अपनी प्रकाशनयोजना को इस प्रकार सूचित किया है-भवन-निवेश (प्रथम भाग-अध्ययन एवं हिन्दी अनुवाद; द्वितीय भाग-मूल का संस्करण एवं वास्तु-पदावली), प्रासाद-निवेश (प्रथम भाग-अध्ययन एवं हिन्दी अनुवाद; द्वितीय भाग-मूल का संस्करण एवं वास्तु-शिल्प-पदावली) तथा चित्र, यन्त्र एवं शयनासनादि शिल्प (प्रथम भाग-अध्ययन एवं हिन्दी अनुवाद; द्वितीय भाग-मूल का संस्करण एवं वास्तु-चित्र पदावली)।

अपराजितपृच्छा (भुवनदेव)

गायकवाड ओरिएण्टल सीरीज के ग्रन्थाङ्क 115 के रूप में ओरिएण्टल इन्स्टीट्यूट, बडौदा से ई0 सन् 1950 में प्रकाशित "अपराजितपृच्छा" नगरसन्निवेश, गृहनिर्माण, प्रासादनिर्माणविज्ञान के सिद्धान्तों एवं प्रयोगों की विविध शैलियों का निदर्शन प्रस्तुत करता है। इसका सम्पादन आभियान्त्रिकी के क्षेत्र में विशेषज्ञ **पोपटभाई अम्बाशङ्कर मॉकड** ने किया है। सम्पादक ने स्पष्ट किया है कि ग्रन्थ की पुष्पिकाओं में संस्मृत श्रीभुवनदेवाचार्य वास्तुविद्या के व्याख्याता विश्वकर्मा हैं जिन्होंने अपने कनिष्ठ पुत्र अपराजित के द्वारा पृष्ट प्रश्नों की शृङ्खला का समाधान दिया है। कुछ आङ्ग्लभाषीय लेखकों ने ग्रन्थकार का नाम **"भवदेव"** उल्लिखित किया है। इस प्रबन्ध के अवान्तरविभाग "सूत्र" संज्ञा से अभिहित हैं। "सूत्रसन्तानगुणकीर्तिप्रकाश" तथा **"सूत्रसन्तान"**-इन अपर पर्यायों से भी इसका सङ्केत मिलता है। सम्पादक श्री पोपटभाई अम्बाशङ्कर माँकड ने अपराजितपृच्छा का रचनाकाल ईसा की 11 वीं शताब्दी से 12 वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध तक के मध्य माना है।

ग्रन्थ का यह संस्करण 614 पृष्ठों, तदन्तर्गत 239 सूत्रों के अवान्तरविभागों में मूल रूप में प्रकल्पित है जिसमें अन्तिम सूत्र के केवल 13 उपलब्ध श्लोक मुद्रित हैं। इस विशालकाय ग्रन्थ में नगर, द्राविड, व्यन्तर, वेसर, कलिङ्ग और यामुन-छः प्रकार की **शिल्पशैलियों** तथा नागर, द्राविड, लतिन (ललित), वराट, विमान, सान्धार, विमाननागर, मिश्रक, भूमिज, विमानपुष्पक, वलभी, सिंहालोकन, दारुज और नपुंसक-इन 14 प्रासादप्रकारों का विवरण सन्निहित है। विस्तृत विषयराशि को अपने में समाहित किये हुए इस ग्रन्थ के सूत्रों का क्रम इस प्रकार है-

1. गन्धमादन
2. सूत्रलक्षण
3. ब्रह्माण्डोत्पत्ति
4. पातालद्वीपार्णवसूत्रण
5. सप्तोर्ध्वलोक
6. अष्टशक्त्युद्भव
7. सृष्टिसंसारावतारण
8. सप्तपातालराज्योद्भव
9. भूराज्यनिवेशन
10. सारभूतग्रामोत्पत्तिपञ्चतत्त्वनिर्णय
11. पञ्चतत्त्वपञ्चगुणनिर्णय
12. गर्भविज्ञानोद्भव
13. कर्मज्ञानोद्भव
14. शिवशक्तिब्रह्मज्ञान
15. गीतासदमावोऽपरेऽपराजितबोधन
16. सत्त्वरजस्तमोऽधिकार
17. ग्रहादिध्रुवमण्डल
18. ग्रहगतिमानमुहूर्तादिप्रमाण
19. तिथिमासर्तुकालसंवत्सर
20. कल्पान्त
21. अक्षयलिङ्गसृष्ट्युद्भव
22. पञ्चलिङ्गोद्भवकाश्यपसृष्ट्युद्भव
23. प्रथमहरि–मत्स्यावतार
24. कूर्मावतार में मन्दरार्णवमंथन
25. वराहावतार
26. वामनावतार
27. रामावतार
28. हरि का अष्टम–कृष्णावतार
29. विष्णुजन्मरहस्यदशम अवतार
30. विष्णुवाक्योद्भवारण्य में श्रीसोमेश्वरनिर्णय
31. विष्णुवाक्योद्भवसोमनाथोक्त द्वादशशिवरात्रिनिर्णय,
32. विश्वकर्मावतार
33. पृथुपृथिवीसंवाद में भूलोक में विश्वकर्मागमन
34. जयविजयसिद्धार्थपृच्छा
35. एकविंशतिस्वर्ग
36. महापर्वतप्रमाण

37. विश्वकर्मावलोकितपृथिवीनवखण्ड,
38. भारतक्षेत्रग्रामसङ्ख्यानृपराज्यप्रमाण
39. वनयात्रा
40. वनयात्राशिलापरीक्षा
41. हस्तकम्बीप्रमाण
42. गणितशब्दनिघण्टु
43. ज्योतिषपञ्चाङ्गवासना
44. अवकहोडाचक्रज्योतिष
45. ज्योतिषफल
46. ज्योतिषलक्षण
47. गणितक्षेत्रनिर्णय
48. भूपरीक्षाग्रहपूजा
49. सूत्रधारपरीक्षा
50, सूत्रधारनिर्णय
51. भूपरीक्षाग्रहकीलकारोपण
52. कूर्मप्रमाणपदप्रतिष्ठा
53. देवासुरसङ्ग्रामादिवास्तूद्भव
54. वास्तूत्पत्ति
55. वास्तूत्पत्त्यधिकार में देवतान्यास
56. वास्तुदेवतानिघण्टु
57. वास्तुक्षेत्र
58. वास्तुपददेवताभिधाननिर्णय
59. वास्तुमर्मोपमर्मनिर्णय
60 दिक्पालादिवास्तुदेवपूजाबलिकर्मयुक्ति
61. आचार्यसूत्रधारपूजानिर्णय
62. वास्तुपरिभ्रमणादिगुणदोषनिर्णय
63. गृहारम्भप्रतिष्ठादिनमासनिर्णय
64. आयाधिकार
65. नक्षत्रराशिचन्द्रमैत्र्यनुक्रम
66. व्ययांशकताराग्रहजीवमृत्युसर्वबल
67. शास्त्रच्छन्दनिर्णय
68. गृहप्रासादसंभूतच्छन्दभेद
69. गृहोत्पत्तिहर्म्यादिराजप्रासादनिर्णय
70. भूधरादिब्रह्मनगर
71. हेमकूटाख्यनगरप्रमाण
72. महाराजाधिराजपुरनिवेश
73. पुरलक्षण
74. वापीकूपतडागादिनिर्णय
75. शस्यावतार
76. महाराजनिवेश
77. सभाष्टकवेदीनिर्णय
78. महाराजाधिराज
79. गजशालाप्रमाणहस्तिलक्षण
80. अश्वलक्षणशाला
81. राजालयसिंहासनछत्रप्रमाण
82. राजभवन
83. पञ्चप्रतोली
84. गृहग्रामनगरशोभा
85. गृहग्रामनगरशोभा
86. महाराजाधिगृहशुद्धशेखर–संघाटमिश्रकच्छन्दनिर्णयब्रह्मनगर–भूधराख्यगृह
87. महाराजगृहमाडलक्षण
88. धारागिर्युद्यानलक्षण
89. जलयन्त्रलक्षणक
90. वाद्यशालालक्षण
91. चतुरुत्तरशतैकशालागृहलक्षण
92. हर्म्यादिगुणदोष
93. युग्महंसविमलगृहद्वात्रिंशद्भेद–लक्षण
94. द्विशालगृहलक्षण
95. द्विशालगृहलक्षणक्रम
96. त्रिशाललक्षण
97. त्रिशालगृहलक्षणक्रम
98. चतुःशालगृहलक्षण
99. गृहसंयोजननिर्णय
100. शालागृहनिर्णय
101. द्वारलक्षण
102. महाराजप्रासादायतननिवेश
103. त्रैलोक्यदीक्षा
104. नागरप्रासादलक्षण
105. चतुर्दशप्रासादोत्पत्तिमहोत्सव
106. प्रासादचतुर्दशजातिलक्षण
107. पुरप्रासादगृहप्रमाण
108. प्रासादसंस्थानोन्मानलक्षण
109. प्रासादजीर्णवास्तुनिर्णय
110. प्रासादनवजीर्णवास्तुक
111. जीर्णप्रासादलक्षण
112. प्रासाददेशानुक्रम
113. प्रासादन्यूनाधिकलक्षण
114. मिश्रकप्रासादसप्तपुण्याहमाहात्म्य
115. जगत्यङ्गसमुदाय
116. चतुःषष्टिजगतीनामभेदात्मक
117. गणपतिशिवाष्टाष्टजगतीलक्षण
118. ब्रह्मविष्णुत्रिपुरुषजगती
119. सूर्य–पार्थिव्यष्टजगतीलक्षण
120. चतुःषष्टिजगतीचतुःषष्टिपीठनाम
121. आयतनदेवानुक्रमनिर्णय
122. बलाणकलक्षण
123. प्रासादपीठोदयमान
124. नागरप्रासादपीठलक्षणक
125. प्रासादज्ञातिच्छन्दपीठलक्षण
126. समस्तप्रासादोदयमान
127. नागरप्रासादविभक्तिस्तरप्रमाणलक्षण
128. प्रासादसमस्तमण्डोवर
129. प्रासादगर्भगृहोदुम्बरार्ध चन्द्रलक्षणद्वारप्रतिष्ठा
130. समस्तजातीयप्रासादद्वारप्रमाण
131. प्रासादविभक्तिद्वारनिर्णय
132. द्वारशाखाविभक्तिनिर्णय
133. प्रासादद्वारप्रतिहारानुक्रम
134. देवतादिग्भागमुखद्वारदोष

135. देवतापदसंस्थान
136. त्रिपुरुषप्रतिष्ठासूर्यमण्डला–दिव्योमलक्षण
137. द्वारदृष्टिनिर्णय
138. प्रासाद–ऊर्ध्वमाननिर्णय
139. रेखानिर्णय
140. चन्द्रकलादिषट्पञ्चाशच्छ–तद्व्यरेखानिर्णय
141. रेखार्णवस्कन्धोदयकलाभेद
142. प्रासादघण्टामलसारकनिर्णय
143. कलशप्रमाणलक्षण
144. प्रासादध्वजदण्डलक्षण
145. समस्तध्वजानिर्णय
146. ध्वजा–माहात्म्यनिर्णय
147. सप्तप्रतिष्ठायज्ञमण्डप–कुण्डविधिनिर्णय
148. मण्डलविधि
149. रत्नन्यासप्रतिष्ठा
150. प्रासाददेवतान्यास
151. सूत्रधारपूजाविधि
152. गुरुयागनिर्णय
153. शिलाकूर्मपुरुषप्रमाण
154. वैराज्योद्भवप्रासादनिर्णय
155. वैराज्यादिप्रासादलक्षण,
156. वैराज्यप्रसादाभिधान
157. वैराज्यादिनगरप्रासादलक्षण,
158. पञ्चविंशतिलतिनप्रासादनिर्णय
159. केशर्यादिसान्धारप्रासादनिर्णय
160. नागरोद्भवविमानपुष्पकप्रासादलक्षण
161. कुम्भकाद्युद्भवप्रासादात्मक
162. विमाननागरच्छन्दजपुष्पकादि–प्रासादलक्षण
163. श्रीधरादिप्रासादलक्षण
164. पूर्णभद्रादिनागरप्रासादलक्षण
165. भूधरादिप्रासादलक्षण
166. सुरतर्वादिप्रासादलक्षण
167. एकविंशतिमेरुलक्षण
168. मिश्रकप्रासादलक्षण,
169. सागरतिलकादिप्रासादलक्षण
170. मेरुविंशति
171. भूमिजप्रासादलक्षण
172. विमानप्रासादलक्षण
173. द्राविडप्रासादपञ्चपीठलक्षण
174. द्राविडप्रासादलक्षण
175. वराटप्रासादलक्षण
176. स्त्रीसंज्ञकवलभीप्रासादलक्षण
177. सिंहावलोकनप्रासादनिर्णय
178. नपुंसकप्रासादलक्षण
179. विमानादिचतुःषष्टिप्रासादलक्षण
180. विमाननागरच्छन्दजनवमेरु
181. महामेरुप्रासादनिर्णय
182. श्रीचतुर्दशभुवनगिरिमेरुप्रासाद–लक्षण
183. मेरुप्रासादवर्णनिर्णय
184. समस्तमण्डपनिर्णय
185. समस्तमण्डपनिर्णय
186. पुष्पकादिसप्तविंशतिमण्डप
187. विंशतिमण्डप
188. मण्डपनिर्णय
189. वितानिर्णय
190. वितानवर्णन
191. वितानदेवतानुक्रम
192. वितानच्छन्द
193. मण्डपोर्ध्व में संवरणा
194. पञ्चतोरणहिन्दोलका
195. सप्तमठनवरथनिर्णय
196. ब्रह्मविष्णुसंवाद में लिङ्गाधिकार
197. लिङ्गार्चनविधि
198. रत्नजलिङ्गप्रमाण
199. अष्टलोहमयलिङ्गनिर्णय
200. दारुलिङ्गनिर्णय
201. शैलजलिङ्गहस्ताङ्गुलप्रमाण–निर्णय
202. शैलजघाट्यादिलिङ्गनिर्णय
203. लिङ्गपरीक्षा
204. पार्थिवलिङ्गव्यक्ताव्यक्तनिर्णय
205. बाणलिङ्गोत्पत्ति
206. बाणलिङ्ग
207. पीठिकालक्षण
208. नन्दीश्वर (वृषभ)–लक्षण
209. प्रतिमालक्षण
210. प्रतिमालक्षणविधि
211. स्थानकविधिनिर्णय
212. एकादशरुद्रनिर्णय
213. दिक्पालादिविविधमूर्तिलक्षण
214. ब्रह्मसूर्यादिनवग्रह
215. सर्वप्रतिमा
216. ऊर्ध्वासनस्थशयनस्थार्चापरिकर
217. विष्णुमूर्तिलक्षण
218. द्वारवती
219. विष्णुमूर्तियाँ
220. सर्वप्रतिहारनिर्णय
221. जिनेन्द्रमूर्तिलक्षण
222. गौरीललीया दुर्गामूर्तियाँ
223. देवीमूर्तिलक्षण,
224. चित्रसद्भावनिर्णय
225. चित्रप्रतिमातालनिर्णय
226. स्वच्छन्दभैरवावतार
227. चित्रपत्रोत्पत्तिनिर्णय
228. पत्रजाति–कण्टकभेद–जीवसूत्रनिर्णय

229. देशजातिकुलस्थानवर्णभेदवर्णन
230. सरस्वत्यर्चन–गुरुशिष्यसम्बन्धलक्षण
231. पट्टपत्रवर्तनानिर्णय
232. लेपकर्म
233. चित्राभिधाननिर्णय
234. स्त्रीपुरुषलक्षण
235. षट्त्रिंशदायुधनिर्णय
236. षोडशाभरणलक्षण
237. तालवादित्रलक्षण
238. गीतभाषास्वरग्रामभेदलक्षण तथा
239. ताण्डवादिनृत्यलक्षण।

अपराजितपृच्छा का यह संस्करण ओरिएण्टल इन्स्टीट्यूट्, बडौदा की दो पाण्डुलिपियों के आधार पर संशोधित-सम्पादित है। प्रथम पाण्डुलिपि (सं0 3587) में 238 पूर्ण सूत्र हैं तथा 239वाँ सूत्र अपूर्ण है। द्वितीय (सं0 9214) 225 सूत्र पर समाप्त होती है किन्तु इसमें सूत्र सं0 101 से 156 तक अनुपलब्ध हैं। ये पाण्डुलिपियाँ क्षेपकों तथा दोषपूर्ण पदावली से युक्त रही हैं। अनेकत्र पारिभाषिक शब्दों के अर्थबोध में कठिनाई तथा कहीं-कहीं सूत्रों के परस्पर मिल जाने से स्पष्टता का अभाव प्रदर्शित किया गया है। कई सूत्रों में अनेक पद अथवा पङ्क्तियाँ आंशिक अथवा पूर्णरूप से नष्ट हैं जिन्हें ...../---- चिह्न द्वारा रिक्त दिखााया गया है। सम्पादक ने विस्तृत भूमिका में अनेक वास्तुग्रन्थों का तुलनात्मक सङ्ग्रह प्रस्तुत करते हुए **"अपराजितपृच्छा"** के प्रतिपाद्य पर प्रकाश डाला है। 38 पृष्ठों की विषयानुक्रमणी इस बृहदाकार ग्रन्थ के पर्यालोचन का दिक्सङ्केत करती है।

मानसोल्लास/अभिलषितार्थचिन्तामणि (सोमेश्वरदेव)

मानसोल्लास अथवा अभिलषितार्थचिन्तामणि चालुक्यवंशीय नरेश **सोमेश्वरदेव**विरचित सौराष्ट्रपरम्परा का ग्रन्थ है जिसमें स्थापत्यकला तथा वास्तुविषय के साथ-साथ राजभवन से सम्बद्ध 100 प्रकरणों का विवरण सन्निविष्ट है। यह ग्रन्थ बडौदा ओरिएण्टल इन्स्टीट्यूट् से तीन अङ्कों में क्रमशः ई0 सन् 1925, 1939 तथा 1961 में प्रकाशित है। इसका सम्पादन ओरिएण्टल इन्स्टीट्यूट्, बडौदा के पाण्डुलिपिविभाग के अधीक्षक जी0के0 श्रीगोण्डेकर ने किया है। सोमेश्वरदेव को विक्रमादित्य का पुत्र कहा गया है[1]। इनके काल के अनुसार इस ग्रन्थ का रचनाकाल ईसा की 12 वीं शताब्दी में नियत होता है। यह प्रबन्ध 'राजमानसोल्लास' तथा **'राजमानससुखोल्लास'** (लिपिकार द्वारा पुष्पिका में निर्दिष्ट) संज्ञाओं से भी अभिहित है। इस ग्रन्थ से राजा सोमेश्वर की वास्तुविज्ञान, सङ्गीत एवं कला में अभिरुचि का प्रकाशन होता है।

मानसोल्लास के द्वितीय अङ्क में राजसुखोचित कुछ विशिष्ट प्रकार के भवनों का वर्णन है। इसमें नगरसन्निवेश अथवा दुर्गनिर्माणादि से सम्बद्ध सामग्री का अभाव है। इसके 100 प्रकरणों का विभाजन 20-20 प्रकरणों के पाँच अध्यायों में किया गया है जिन्हें

1. विक्रमादित्यपुत्रेण सोमभूपेन भाषितः।। मानसोल्लास 4/20/1493

"विंशति" नाम दिया गया है। प्रथम अङ्क में दो विंशति (प्रथम-द्वितीय), द्वितीय अङ्क में तृतीय विंशति तथा चतुर्थ के 15 प्रकरण और तृतीयाङ्क में चतुर्थ विंशति के शेष 5 प्रकरणों के साथ पञ्चम विंशति के विषय प्रवर्तित हैं। प्रत्येक विंशति (अध्याय) का आरम्भ 1 सङ्ख्या के श्लोक से हुआ है। द्वितीय अङ्क राज्योपभोगकथन से सम्बद्ध है जिसका आरम्भ गृहोपभोगप्रकरण से होता है। यह प्रकरण 81 पृष्ठों के अन्तर्गत 926 श्लोकों में विस्तारित है। इसमें प्रासादमुहूर्त तथा तिर्यङ्मानलक्षण प्रकरण वर्णित हैं। भूपति के लिए चित्रयुक्त, रुचिर, सौवर्णकलशान्वित, उत्तम दारु से समाकीर्ण, विशाल स्तम्भों वाले दिव्य भवन में निवास करना अभीष्ट बताया गया है। इसके पश्चात् "प्रमोदकविनोदकथन" से सम्बद्ध चतुर्थ विंशति के 15 प्रकरण समाहित हैं जिनमें शास्त्र-शस्त्र-मल्ल-मृगयादि राजोचित विनोदों का विवरण सङ्गृहीत है। तृतीय ग्रन्थाङ्क **विनोदविंशति** के 16 वें प्रकरण से आरम्भ होता है जिसमें सङ्गीत विषय की विपुल सामग्री सन्निहित है। पञ्चम विंशति **राजक्रीडा** से सम्बद्ध 20 प्रकार की क्रीडाविधियों से संवलित है। वास्तुशास्त्रीय प्रकरणों से युक्त द्वितीय अङ्क के संशोधन-सम्पादन में 4 पाण्डुलिपियाँ आदर्श रही हैं जिनका विवरण निम्नवत् है-

A. ओरिएण्टल इन्स्टीट्यूट्, बडौदा की यह पूर्णाकार लिपि है जो तीन पाण्डुलिपियों की सहायता से तैयार की गयी है।

B. भाण्डारकर ओरिएण्टल इन्स्टीट्यूट्, पूना से सम्बद्ध यह पाण्डुलिपि अपूर्ण है। इसमें तृतीय विंशति का प्रथम प्रकरण गृहोपभोग भी पूर्ण नहीं है।

C. बीकानेर दरबार से सम्बद्ध यह पाण्डुलिपि पूर्ण किन्तु अशुद्धिबहुल है। इसमें असाधारण विषयों का विवरण है। खेर्डा कुल के राम नामक व्यक्ति इसके प्रतिलिपिकर्ता हैं जो सम्भवतः डेकन ब्राह्मण रहे हैं। प्रतिलिपिकाल शकाब्द 1592, ई0 सन् 1671 है।

D. भाण्डारकर ओरिएण्टल इन्स्टीट्यूट्, पूना से सम्बद्ध इस पाण्डुलिपि में भी अशुद्धियों की अधिकता है।

इस संस्करण में सम्पादक ने मूलपाठ के अन्तर्गत कोष्ठकों में सम्भावित शुद्ध पाठ दिये हैं। पादटिप्पणी में पाण्डुलिपियों से पाठभेद दर्शाये गये हैं। कुछ पृष्ठों पर छन्दों की सङ्ख्या अनुक्रम में नहीं है। सम्पादक की आङ्ग्लभाषीय भूमिका में ग्रन्थ का विस्तृत परिचय प्रदत्त है।

ईशानशिवगुरुदेवपद्धति (ईशानशिवगुरुदेव)

म0म0 टी0 गणपति शास्त्री द्वारा सम्पादित "ईशानशिवगुरुदेवपद्धति" का एक संस्करण 4 अङ्कों में भारतीय विद्या प्रकाशन, वाराणसी से ई0 सन् 1988 में प्रकाशित

है। यह ग्रन्थ मुख्यतः शैवागमों एवं तान्त्रिक अनुष्ठानों पर आधारित एक विशाल, महत्त्वपूर्ण प्रबन्ध है जिसमें तन्त्रयन्त्रमन्त्रस्वरूप, जपहोमादिविधान, तत्साधनप्रकार, मन्त्रविनियोग, निमित्तविज्ञान इत्यादि विषयों के साथ देवालयविमानविधि, देवप्रतिष्ठा, देवपूजानित्योत्सवादिविधान विषय वर्णित हैं। "तन्त्रसार", "तन्त्रसारपद्धति", "सिद्धान्तसार" इस प्रबन्ध की अपर संज्ञाएँ हैं। ग्रन्थकर्ता के नाम के साथ "मिश्र" उपनाम जुड़ा है जिसके आधार पर सम्पादक ने इन्हें मिथिला अथवा उससे संलग्न किसी प्रदेश का निवासी बताया है। इसके साथ ही उन्होंने **हरप्रसाद शास्त्री** (कलकत्ता) के मत को उद्धृत किया है जिनके अनुसार **ईशानशिवगुरुदेव** धारा की शैवयोगिपरम्परा से सम्बद्ध हैं जिनका ईसा की 9वीं से 11वीं शताब्दी तक सम्पूर्ण भारतवर्ष पर प्रभाव था। किन्तु टी0 गणपति शास्त्री ने ग्रन्थकार को भोजदेव का परवर्ती माना है[1]। इस प्रकार ग्रन्थ का प्रणयनकाल ईसा की 12 वीं शताब्दी अनुमत है जो हरप्रसादशास्त्री के मत से सङ्गत नहीं होता।

ईशानशिवगुरुदेवपद्धति एक अति विपुल ग्रन्थ है जिसमें 119 पटल, तदन्तर्गत लगभग 18,000 श्लोक हैं। इस प्रबन्ध का पूर्वार्द्ध तथा उत्तरार्द्धभाग "सामान्यपाद", "मन्त्रपाद", "क्रियापाद" तथा "योगपाद" प्रकरणों के अन्तर्गत निम्नवत् उपनिबद्ध है-

1. पूर्वार्द्ध-

अङ्क I -	सामान्यपाद -	1 - 14 पटल	(पृ0सं0 1 - 142)
अङ्क II -	मन्त्रपाद -	15 - 52 पटल	(पृ0सं0 1 - 394)

1. उत्तरार्द्ध-

अङ्क III -	क्रियापाद -	1 - 30 पटल	(पृ0सं0 1 - 306)
अङ्क IV -	क्रियापाद -	31 - 64 पटल	(पृ0सं0 307 - 636)
	योगपाद-	1 - 3 पटल	

प्रत्येक पटल का आरम्भ 1 सङ्ख्या के श्लोक से हुआ है। ग्रन्थ के पूर्वार्द्ध तथा उत्तरार्द्ध विभाग में स्थापत्यकला एवं वास्तुप्रसंगों का विवरण सन्निहित है। पूर्वार्द्ध-प्रथम अङ्क के "कुण्डमण्डलविधि" नामक षष्ठ पटल में चतुरस्रसाधन, पञ्चकोणकुण्डाधिकार, भद्रकाधिकार, पार्वतीकान्तप्रासादाधिकार, स्वस्तिकसर्वतोभद्र, त्रिपुरमण्डलाधिकार प्रकरण; "वास्तुविद्या" नामक 11 वें पटल में वास्तुविन्यासपूजाधिकार, वास्तुहोमाधिकार प्रकरण के अन्तर्गत वास्तुपूजा; उत्तरार्द्ध-तृतीय अङ्क के **"कुण्डमण्डल"** नामक 8वें पटल में चतुरस्रसाधन, कुण्डाधिकार, भद्रकाधिकार, सर्वतोभद्राधिकार, पार्वतीकान्तप्रासादाधिकार, स्वस्तिकाब्जद्वयाधिकार, स्वस्तिकसर्वतोभद्र आदि से सम्बद्ध विषय वर्णित हैं। 23वाँ

1. इस संस्करण के भूमिकालेखक डॉ0 एन0 पि0 उण्णि ने सम्पादक के मत को अन्यथा उद्धृत कर ग्रन्थकर्ता को भोजदेव का पूर्ववर्ती बताया है।

"भूलक्षण" नाम से, 24वाँ पटल "शङ्कुच्छायाङ्गुलादिविधि" संज्ञा से, 25वाँ "पदविन्यासग्रामपुरलक्षण" नाम से, 26वाँ "देशकालकर्षणशल्योद्धारवास्तूत्पत्तिविधि" संज्ञा से, 27वाँ "वास्तुपूजाप्रथमेष्टकागर्भन्यासपटल" संज्ञा से प्राकरणिक विषयों का आलेख प्रस्तुत करता है। 28 वें "मुख्यविमानादिलक्षण" संज्ञक पटल में नलिन, प्रलीन, स्वस्तिक, चतुर्मुख, सर्वतोभद्र, हस्तिपृष्ठ, समुज्ज्वल, श्रीच्छन्द, वृत्तभद्र, श्रीकान्त, श्रीप्रतिष्ठित, शिवभद्र, शिवच्छन्द, अष्टाङ्ग, पद्माकृति, विष्णुच्छन्द, सौभद्र, कैलासच्छन्द, रुद्रच्छन्द, ललितभद्र नामक शिव, हरि तथा ब्रह्मा के विमानों (प्रासादों) का विवरण प्रोक्त है। 29वें "जातीतरजात्यलङ्कारविधिपटल" में जात्याख्य तथा जातीतरसंज्ञित देवालयों एवं मनुष्यालयों की **अलङ्कारविधि** निषक्त है। इस सन्दर्भ के अन्तर्गत मेरुविमान, मन्दर, कैलास, कुम्भविमान, जयाङ्ग, विशालाङ्ग, विमलाकृति, हंसच्छन्द, वृषच्छन्द, गरुडच्छन्द, पद्माङ्ग, पद्मभद्र, कैलासकान्तक, रुद्रकान्त, योगभद्र, भोगिच्छन्द, सुदर्शन, स्कन्दकान्त, विन्ध्यच्छन्द, मेरुकूट, चित्रकूट, श्रीमण्डन, सौमुख्य, जयमङ्गल, नीलपर्वत, निषध, मङ्गल, विजय, ललितकान्त, श्रीकर, श्रीविशाल, जातीतरविमानालङ्कार, सोमच्छन्द, नागच्छन्द, कुड्यावर्त, द्विकूटक, श्रीवर्धन, पद्मगृह, प्रेक्षागृह, ऋतुवर्धन, वृत्तगृह, भानुकान्त, चन्द्रकान्त, ब्राह्मणविमान, चतुःस्फुट, मन्त्रपूत, आवन्त्य, माहिष, तन्त्रीकान्त, विजयाङ्ग, विशालभद्र, गणिकाविशाल, कर्णभद्रक, कणशाल, पद्मवसन्तक, इन्द्रकान्त, योगकान्त, सर्वललित, प्रत्यन्तकान्त, विशाल, उत्पलपत्र, महाराजच्छन्द, मालीगृह, नन्दीविशाल, पृथिवीजय, सर्वाङ्गसुन्दर, छायागृह, रतिवर्धन, विशालालय, चतुष्पादिक, तुरङ्गवदन, गणिकापिण्डिक, श्येनच्छन्द, कुक्कुरपुच्छक, उत्पल, मुण्डप्रासाद विषय प्रतिपादित हैं। "जात्यादिविमानविभागोपपीठविधि" संज्ञोपेत 30वाँ पटल जातिविमान, छन्दविमान, विकल्पविमान, आभासविमान, क्षुद्रविमान, तलविभाग से सम्बद्ध शास्त्रीय विवरणों से युक्त है। इस क्रम में चतुर्थाङ्क के 31वें, "अधिष्ठानादिद्वारान्तविधिपटल" में पादबन्ध, चारुबन्ध, पुष्कल, श्रीबन्ध, अधिष्ठान, स्तम्भालङ्कार, उत्तरलक्षण, प्रस्तराद्यधिकार, देवविमानद्वार, मानुषद्वार, तथा द्वारलक्षण प्रकरण वर्णित हैं। "तोरणादिलक्षण" संज्ञा से अभिहित 32 वें पटल में शिखरलक्षण, सोपान, नाललक्षण, मण्डपलक्षण; "दार्वादिलक्षण" संज्ञक 33 वें पटल में दारुनियम, दारुस्वीकरण, इष्टका, इष्टकालोष्टकरण, सुधाधिकार, स्तम्भसन्धि; "स्तूप्यादिलक्षण" संज्ञक 34 वें पटल में स्तूपीविन्यास, कुम्भविन्यास, विमानप्रतिष्ठा; 35 वें "अनुकर्मादिलक्षण" नामक पटल में **अनुकर्मविधान**, प्रस्तरलक्षण तथा "लिङ्गविशेषपटल" सज्ञक 36 वें पटल में क्षणिकलिङ्ग-विधि एवं लिङ्गपीठोपादान विषय समाहित हैं। 37 वें से 42 सङ्ख्या तक के पटल क्रमशः "मानुषशिलालिङ्गलक्षण", "आर्षादिलिङ्गलक्षण", "पीठविधिलक्षण", "मिश्रलिङ्गरत्नलिङ्ग-विधि" तथा "स्त्रीपुमानादिलक्षणपटल" संज्ञाओं से विज्ञापित हैं जिनमें संज्ञोपलक्षित वास्तुप्रसङ्गों का उपपादन किया गया है।

यह ग्रन्थ सर्वप्रथम टी0 गणपति शास्त्री के सम्पादन में ई0 सन् 1920 में 4 अङ्कों में त्रिवेन्द्रम संस्कृत सीरीज के अन्तर्गत प्रकाशित हुआ था। ग्रन्थसम्पादन में आदर्शभूत निम्नाङ्कित पाण्डुलिपियों का उल्लेख किया गया है-

क- राजकीयग्रन्थशालीय पाण्डुलिपि जो चतुर्दशपटल से प्रारम्भ कर मन्त्रपादपर्यन्त है।

ख- वाडक्कुल-चेन्नस् मनक्कल् से श्रीयुत कुमारस्वामी नम्बूरि से सम्बद्ध मन्त्रपादपर्यन्त पाण्डुलिपि।

ग- कैलासपुरस्थ श्रीगोविन्दपिषारोटिसम्बन्धी मन्त्रपादान्त पाण्डुलिपि।

ग्रन्थ के मूलपाठ में शुद्धपदोचित वर्ण कोष्ठकों में उपन्यस्त हैं तथा अस्पष्ट अथवा अनुपलब्ध पदों/ पङ्क्तियों को +++ चिह से प्रदर्शित किया गया है। पादटिप्पणी में पाण्डुलिपियों से पाठभेद विवृत हैं। प्रस्तुत संस्करण में डॉ0 एन0पि0 उण्णि की 126 पृष्ठों में आङ्ग्लभाषा में भूमिका संलग्न है।

प्रमाणमञ्जरी (मल्ल सूत्रधार)

"प्रमाणमञ्जरी" त्रिवर्गसाध्य, सामान्य कोटि के आवासीय निर्माण से सम्बद्ध लघ्वाकार, विशिष्ट ग्रन्थ है जो राजप्रासादों और देवालयों के विन्यासविधानों के पुरोधा, बड़े शिल्पियों से अस्पृष्ट रहा है। एम0एस0 यूनिवर्सिटी ओरिएण्टल सिरीज के ग्रन्थाङ्क 3 के रूप में ओरिएण्टल इन्स्टीट्यूट, बड़ौदा से ई0 सन् 1958 में प्रकाशित इस प्रबन्ध के प्रथम संस्करण का समीक्षात्मक सम्पादन डॉ0 प्रियबाला शाह, अध्यक्ष, प्राचीन भारतीय संस्कृति, रामानन्द महाविद्यालय, अहमदाबाद ने किया है। यह **"जय"** नाम्ना ख्यात स्थपतिपरम्परा का शिल्पग्रन्थ है[1]। नकुल के पुत्र विद्वान् शिल्पी **मल्ल** ने इसकी रचना की है। ग्रन्थस्थ सङ्केत[2] के आधार पर सम्पादिका ने श्रीमुञ्ज-भोज (परमार) राजवंश के किसी "भानु" नामक नृपति के प्रिय नकुल के शिल्पज्ञ पुत्र मल्ल का सन्दर्भ लिया है। भानु के कालादि का सम्यक् निर्धारण नहीं हो पाया है। इस स्थिति में तथा ग्रन्थान्तर्गत कुछ यवनगृहों के सन्दर्भों के आधार पर इस ग्रन्थ का काल 13 वीं शताब्दी अथवा इसके बाद का अनुमानित किया गया है।

---

1. अथोच्यते सारतरस्य सारं काष्ठोदयालिन्दसमुद्भवन्तम्।
   मानं समस्तं जयवीक्षदृष्टं सुशिल्पकं सर्वजनोपकृत्यम्।। प्रमाणमञ्जरी 2
   तञ्जौर के स्थपति तीन प्रख्यात कलाकारों की परम्पराओं का उल्लेख करते हैं-जय, पराजय और विजय, The Indian Concept of Beautiful, K.S. Ramaswamy Shastri, University of Travancore, 1947.
2. श्रीमुञ्जभोजान्वयभानुभूपप्रसादमात्रं नकुलाभिधानः।
   शिल्पीसुतस्तस्य चकार शास्त्रं मल्लाभिधः सत्क्रियते नितान्तम्।। प्रमाणमञ्जरी 309

प्रमाणमञ्जरी का यह प्रथम संस्करण कुल 24 पृष्ठों के अन्तर्गत 309 श्लोकों में मूलमात्र स्वरूप में है। यह **द्वारमाप** के विवरण के साथ प्रारम्भ होता है। शाखा, प्रतिशाखा, पृष्ठशाखा, तोडका, मञ्चिका, प्रतिमञ्चिका, पीठ-जाड्यकुम्भ-कणी-भद्रकोण-उदम्बर-मन्दारक एवं रथिका-अलङ्करण, उत्तराङ्गमाप, छाद्यकी का वर्णन गृहावयवों के स्वरूप एवं निर्माणसम्बन्धी परिचय देते हैं। इनके अनन्तर गृहोच्छ्राय, कुम्भिका, स्तम्भ, काष्ठरचना, पट्टविस्तार, पिण्ड, तन्त्रिक, गगारक, जाड्यकुम्भ, कन्द, स्तम्भ, चिप्पिका, खुर, भरण, शीर्ष, फालना, तुण्डिका, निर्व्यूहक, मदला, भरणी, पिच्छ, तुला, छाद्य, सन्धिपाल, छाद्यलक्षण, जलपट्टी, उदक्प्लव, तुरग, दीपालय, सोपान, गवाक्षलक्षण, गवाक्षद्वार, गवाक्षद्वारशाखा, गवाक्षस्तम्भ, दर्दरिका, लुम्बिका, चिप्पिक, मदल, राजसेन, मत्तवारण, कपाट, कीलक, कटक, भूमिका और अलिन्द के आनुपूर्व्येण विवरण के साथ यह लघु ग्रन्थ पूर्ण होता है।

इस संस्करण का संशोधन/सम्पादन हेमचन्द्राचार्य जैनभण्डार, पाटण की एकमात्र पाण्डुलिपि (सं0 12866) से किया गया है। "प्रमाणमञ्जरी" नाम से देवनागरी लिपि में यह पाण्डुलिपि 2" x 5" के 14 पन्नों पर टङ्कित है। प्रत्येक पत्र पर 2 पङ्क्तियाँ तथा प्रत्येक पङ्क्ति में 37-38 वर्ण हैं। इस पर लेखक का नाम मल्ल तथा काल वि0सं0 1945, मार्गशीर्ष शुदि 5 उल्लिखित है। सम्पादकीय सूचना के अनुसार **"परिमाणमञ्जरी"** अथवा **"काष्ठमापसङ्ग्रह"** नाम से इसी कृति का सम्पादन पाटण के नारायणभारती, यशवन्तभारती ने किया था जिसे महादेव रामचन्द्र ने ई0 सन् 1912 के सन्निकट प्रकाशित किया। इसमें केवल 247 श्लोक गृहीत हैं तथा अन्तिम श्लोक में लेखक का नाम उल्लिखित है। नारायणस्वामी ने 247 श्लोकों की एक सारांशिका गुर्जरभाषा में दी है जो अनेक स्थलों पर अस्पष्ट तथा दोषपूर्ण है।

तन्त्रसमुच्चय (नारायण)

त्रिवेन्द्रम संस्कृत सीरीज के तत्त्वावधान में नारायणप्रणीत "तन्त्रसमुच्चय" का संशोधित एवं परिवर्धित संस्करण दो सम्पुटों में नागप्रकाशक, दिल्ली से ई0 सन् 1990 में प्रकाशित है। शङ्करकृत **"विमर्शिनी"** संस्कृतव्याख्यासमेत इस ग्रन्थ का प्रथम संस्करण त्रिवेन्द्रम संस्कृत सीरीज के ग्रन्थाङ्क 67 तथा 71 के रूप में ई0 सन् 1919 तथा 1921 में संस्कृतग्रन्थप्रकाशनकार्याध्यक्ष टी0 गणपतिशास्त्री के संशोधन-सम्पादन में प्रकाशित हुआ था। ग्रन्थकर्ता **नारायण नम्पूतिरि** केरलप्रदेशीय "चेन्ना" नामधारी, लब्धप्रतिष्ठ, भार्गवगोत्रीय नम्पूतिरि ब्राह्मणकुल में उत्पन्न हुए थे। इनका जन्मकाल कल्यब्द 4529, ई0 सन् 1426 उल्लिखित है। "तन्त्रसमुच्चय" तन्त्रविद्या का अद्वितीय ग्रन्थ है जो केरल के मन्दिरों में स्थापित 7 प्रमुख देवताओं- विष्णु, शिव, शङ्करनारायण, दुर्गा, सुब्रह्मण्य, गणपति तथा शास्ता से सम्बन्धित तान्त्रिक कृत्यों के अनुष्ठान का विवरण प्रस्तुत करता है। इन विषयों

के साथ प्रारम्भिक प्रकरणों में प्रासादनिर्माणसम्बन्धी पर्याप्त विधान तथा निर्देश इस महनीय ग्रन्थ के वैशिष्ट्य को प्रोद्भासित करते हैं।

"तन्त्रसमुच्चय" का विषयविस्तार दो सम्पुटों के अन्तर्गत कुल 12 पटलों में प्रकल्पित है। प्रथम सम्पुट में 1-6 तथा द्वितीय में 7-12 पटल हैं जो 319 पृष्ठों के ग्रन्थाकार में सम्पूर्ण होते हैं। प्रारम्भिक तीन पटलों तथा अन्तिम द्वादश पटल में वास्तुशास्त्रीय विवरण उपलब्ध होते हैं। प्रथमपटल में इष्टदेववन्दन तथा गुरुलक्षणादि विषयों की स्थापना के बाद सामान्यतः प्रतिष्ठास्थाननिर्देश, विष्णु आदि के स्थाननियम, उत्तमादि भूभेद, भूमिदोष, ब्राह्मणाद्यधिकारिभेद से भूमिलक्षण, वर्ज्य भूमि, भूमिपरीक्षणरीति, सुपद्मादि भूभेद के लक्षण, भूपरिग्रहविधान, मूर्तिभेद से भूसंस्करणप्रकार, वास्तुपूजा, ब्रह्मपूजा, द्वादश वास्तुदेवताओं का स्थाननिर्देश तथा नामकथन, बिम्बादि के लिए शिलाकल्पन, शिलालक्षण, वर्ज्य शिलाएँ, शिलाभेद, शिलापरिग्रहादि विषय वर्णित हैं। द्वितीयपटल में प्रासादभेद, योन्यादि का स्वरूपकथन, आयाधिक्य का वैशिष्ट्य, वास्तुवय, प्रासादोन्नतिनियम, स्तम्भ तथा अधिष्ठान के उन्नतिनियम, स्तम्भविचार, उपपीठक्लृप्ति, पद्मावयव तथा अधिष्ठान-क्लृप्ति, गर्भगृहविभाग, भित्तिलक्षण, प्रणाललक्षण, कुड्यस्तम्भस्थापननियम, स्तम्भों के आकृतिभेद, द्वारकल्पन, द्वारोत्सेधविचार, **कवाटलक्षण**, कवाटभूषण, सोपानलक्षण, तोरणलक्षण, वेदिकालक्षण, भित्तिभूषण, कूटादिलक्षण, पञ्जरजालकलक्षण, कुम्भलताख्य अलङ्कारविशेष, चतुरस्रादि प्रासादनाम, मुखमण्डपलक्षण, पाँच प्राकारों के विभाग, दण्डलक्षण, पूजामण्डपविधान, अन्तहारादि में दण्डावसाननियम, सभालक्षण, इत्यादि वास्तुविषयों का समावेश किया गया है। तृतीयपटल में तन्त्रविषयों के वर्णन के साथ प्रासादपरिग्रहविधान वर्णित है। इसके पश्चात् के पटलों में तन्त्र के अनुसार विम्बस्थापना, पूजापद्धति, प्रायश्चित्तविधानादि विषय वर्णित हैं। तन्त्रप्रकरणों के साथ ही अन्तिम द्वादश प्रकरण में दिग्विभागज्ञानविधान, तोरणादिप्रमाण, कुण्डमण्डलादि के निर्माणार्थ चतुरस्रसाधनक्लृप्ति, कुण्डलक्षण इत्यादि विषय सन्निविष्ट हैं।

सम्पादक टी0 गणपतिशास्त्री ने इस ग्रन्थ के संशोधन में आधारभूत 4 आदर्शों का उल्लेख किया है - 1. राजकीय ग्रन्थशाला से प्राप्त ("क" संज्ञोपेत), 2. कैलासपुर-गोविन्दपिषारोटे से प्राप्त ("ख" संज्ञक), 3. तालमणूमठ- श्रीकृष्णतन्त्री से उपलब्ध ("ग" संज्ञान्वित) तथा 4. मुञ्चिर-शिवनूपोत्तिसम्बन्धी ("घ" संज्ञक)। इसी प्रकार "विमर्शिनी" व्याख्या के आदर्शरूप 6 लिपियों का सङ्केत दिया गया है, जो इस प्रकार हैं-1. राजकीयग्रन्थशालीय (दशमपटलान्त) ("क"), 2. वेलप्परम्बु- श्रीचित्रनम्बूरि से प्राप्त ("ख"), 3. कल्पकश्शेरि-श्रीरुद्रनम्बूरि से प्राप्त ("ग"), 4-5, कालटिमनश्रीसूर्यभट्टतिरिसम्बन्धी ("घ" तथा "ङ"), 6. तालमणू-श्रीकृष्णतन्त्रीसम्बन्धी ("च")। प्रकृत संशोधित एवं परिवर्धित प्रकाशन में डॉ0 एन0पि0 उण्णि, संस्कृत विभागाध्यक्ष-केरल विश्वविद्यालय की विस्तृत भूमिका आङ्ग्लभाषा में संलग्न है। दोनों सम्पुटों के आरम्भ में पृथक्-पृथक्

विषयानुक्रमणी दी गयी है तथा ग्रन्थ के अन्त में 27 पृष्ठों में श्लोकानुक्रमणिका संयोजित की गयी है।

"तन्त्रसमुच्चय" के प्रथम संस्करण के अतिरिक्त त्रिवेन्द्रम मलयालम सीरीज से तीन अङ्कों-ग्रन्थाङ्क 64, 66 तथा 68 के अन्तर्गत क्रमशः 4-4 पटलों के प्रकरण ई0 सन् 1941, 1942 तथा 1945 में प्रकाशित हुए हैं जिनमें प्रथम दो अङ्कों का सम्पादन डॉ0 एल0ए0 रविवर्मा ने तथा तृतीय का प्रो0 वी0ए0 रामस्वामीशास्त्री ने किया है। ग्रन्थ का एक तृतीय संस्करण भी त्रिवेन्द्रम मलयालम सीरीज से तीन अङ्कों-सं0 151, 169, तथा 200 के रूप में शङ्करकृत **"विमर्शिनी"** एवं नारायणशिष्य की **"विवर्ण"** टीका के साथ ई0 सन् 1945, 1953 तथा 1962 में प्रकाशित है। प्राकरणिक संस्कृत संस्करण के दोनों सम्पुट एक ग्रन्थायतन में उपनिबद्ध हैं।

राजवल्लभमण्डन (मण्डन सूत्रधार)

स्थापत्यशास्त्र का यह अप्रतिम ग्रन्थ गृह, दुर्ग एवं राजभवन-निर्माण तथा शकुनविचार का शास्त्रीय विमर्श प्रस्तुत करता है। राजा के हित अथवा अभीष्ट का इस ग्रन्थ में समग्र चिन्तन समाहित है। अतः 'राजवल्लभमण्डन' यह ग्रन्थनाम सर्वथा समीचीन है। गणेश, सूर्य, विष्णु, गौरी, महेश्वर, वाणी तथा सूत्रधार विश्वकर्मा की प्रार्थना के साथ आरम्भ हुए इस ग्रन्थ में वास्तुविद्या के सिद्धान्तों एवं प्रयोग का गम्भीरता से प्रकाशन हुआ है। शास्त्र एवं प्रयोग दोनों पक्षों के सुविज्ञ मनीषी ग्रन्थकार मण्डन ने मेवाड के राजा कुम्भकर्ण अथवा **महाराणा कुम्भा** के समादर का पात्र बनते हुए अनेक वास्तुग्रन्थों के साथ इस महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ की रचना की। वंशपरम्परा से स्थपतिकर्म से सम्बद्ध ग्रन्थकार **मण्डन** के नाम के साथ संलग्न 'सूत्रधार' पद उपनाम है। 'राजवल्लभमण्डन' का रचनाकाल 15वीं शताब्दी के मध्यकाल में माना गया है। कलिकातासंस्कृतग्रन्थमाला के 32 वें अंक के रूप में 'प्रासादमण्डन' के साथ 'राजवल्लभमण्डन' का मूलमात्र मेट्रोपोलिटन प्रिंटिंग एण्ड पब्लिशिंग हाउस, लि0 कलकत्ता से ई0 सन् 1948 में देवनागरी में प्रकाशित हुआ है जिसका आधार एशियाटिक सोसायटी, बंगाल की पाण्डुलिपि है।

राजवल्लभमण्डन में 14 अध्यायों में सम्पूर्ण श्लोकसंख्या 474 है। इनमें क्रमशः विषय को इस प्रकार विस्तार दिया गया है-'मिश्रकलक्षण' नामक प्रथम अध्याय में कुल 40 श्लोक हैं जिनमें मंगलाचरण के पश्चात् गृहप्रशंसा, गृहारम्भ, मासशुद्धि, वत्सचक्र, दिक्शोधन, द्वारदिग्विभाग, भूमिपरीक्षा, खातपरीक्षा, प्लवपरीक्षा, कीलस्थापन, शल्यज्ञान, नागमुखज्ञान, खातकरण, शिलान्यास एवं स्तम्भस्थापन, वास्तुयज्ञ, त्याज्यवृक्ष, प्रवेशद्वार, हस्तप्रकल्प, हस्तप्रकार एवम् उनका प्रयोग, हस्तदेवता, दैवतपीडन, माननिर्धारण, सूत्राष्टक, सूत्रधार-विषय वर्णित हैं। वास्तुलक्षण नामक द्वितीय अध्याय में 38 श्लोक हैं जिनके विषय

हैं-वास्तुपुरुष का उद्‌भव, वास्तुपुरुष का पूजन, वास्तुदेवता, चतुष्षष्टिपदवास्तु तथा एकाशीतिपदवास्तु, शतपदवास्तु, चतुश्चत्वारिंशदधिक शतपदवास्तु, एकोनसप्तत्यधिक शतपदवास्तु, षण्णवत्यधिक शतपदवास्तु, एकोनपञ्चाशत्पदवास्तु, रेखाकरण, सहस्रपदवास्तु, वास्तुपूजन, देवतानैवेद्य, वास्तुपूजा-अकरण में दोष, वास्तुपूजन से लाभ, निषिद्ध गृह। आयादिलक्षण नामक तृतीय अध्याय के 23 श्लोकों के अन्तर्गत विषय हैं-आयादिविचार, मान, आयकल्पन, आयस्वरूप, आयवश द्वारविचार, आयाद्यायन, अंशानयन, ताराविचार, चन्द्रस्थिति, तिथियाँ और राशियाँ, राशियाँ और ग्रह, गणविचार, नक्षत्रवैर, राशिवर्ण, योनिमैत्री, सहजवैर, तिथिवारलग्नानयन, वर्गस्वामी एवम् उनके वैर, नाडीज्ञान, गृह के विनाशहेतु तथा आयुर्ज्ञान, गृहप्रशंसा। प्राकारयन्त्रवापीकूपतडागलक्षण अभिधान वाले चतुर्थ अध्याय के 36 श्लोकान्तर्गत विषय हैं-दुर्गप्रशंसा, दुर्गभेद, पुरों का आकृतिविचार, पुरों के गुण, पुरों के सप्त दोष, पुरप्रमाण, पुर में मार्गविन्यास, पुरभेद, पुरप्राकारमान, पुर में देवता, मार्गप्रमाण तथा प्राकारोदय, पुर में वसतिविन्यास, द्वारविन्यास, यन्त्रों का प्रयोजन, अष्टभैरव, यन्त्रप्रमाण, मर्कटिकाविधान, पञ्जरकविधान, वापीकूपतडाकनिर्माण, वापीभेद, सरोवरलक्षण एवं भेद, भिट्टविबुध, जलाशयप्रशस्ति, राजगृह। राजगृहनिवेशादिलक्षण पञ्चम अध्याय में 47 श्लोक हैं जिनके वर्ण्य विषय हैं-विविध राजगृहों का मान, मन्त्रिगृह, गृहप्रमाण, भित्तिप्रमाण, शिलाप्रमाण, पीठप्रमाण, द्वारप्रमाण, प्रतोली, हर्म्योदयभेद, त्याज्यवृक्ष, ग्राह्यवृक्ष, गेहोदय, हर्म्योदय, शाला एवम् अलिन्द, दीपस्थापन, द्वारस्थापन, द्वारों की अशुभ स्थिति, द्वारवेध, दशविधद्वार, द्वारदोष, गृह में प्राशस्त्य, स्तम्भ, छाद्य, आरोहण, गृहप्रवेश, जीर्णगृह, गृहवृद्धि, उपकरणगृह, गोपुरप्रकल्पन। षष्ठ अध्याय एकशालद्विशालगृहलक्षण संज्ञक है जिसके 35 श्लोकों में एकशालगृह, प्रस्तारविधि, षोडश गृह, रम्याष्टकगृह, सुन्दरादि षोडशगृह, हंसादि षोडश गृह, अलंकृतादि षोडशगृह, प्रभावादि षोडशगृह, चूडामण्यादि षोडशगृह, द्विशाललक्षणगृह, द्विशालप्रकार वर्ण्य विषय हैं। सप्तम अध्याय द्विशाल-त्रिशाल, चतुःशालगृहलक्षणवर्णन नाम से अंकित है जिसके 30 श्लोकों में वर्णित विषय हैं-द्विशालगृह, सूर्यादि षोडशगृह, त्रिशालगृह, त्रिदशादि षोडशगृह, सोमादि षोडशगृह, त्रिदशादि नवगृह, चतुश्शालगृह शुद्धादि शालाएँ। अष्टम अध्याय का नामनिर्देश शयन-सिंहासन-छत्र-गवाक्ष-सभाष्टक-वेदिकाचतुष्टय-दीपस्तम्भलक्षण शीर्षक से है जिसके अन्तर्गत 18 श्लोकों में शीर्षक के अनुरूप शयन, सिंहासन एवं छत्र, वातायन, सभाष्टक, वेदिकाएँ तथा दीपस्तम्भ के विषय में वास्तुविचार प्रकाशित हैं। राजगृहादिलक्षण नामक नवम अध्याय 39 श्लोकों से समन्वित है जिसमें राजगृह, षड्विधगृह, क्रीडावाटिका, धारामण्डप में जलयन्त्र, वाटिकावृक्ष, आस्थानमण्डप, अश्वशाला, अश्वमान, सिंहद्वार, गजशाला, गृहमान और द्वारमुख-विषयों का प्रकल्पन किया गया है। शयित (गणित ?)- **क्षेत्राद्भुतलक्षण** नामक दशम अध्याय में कुल 24 श्लोक हैं जो मात्रक, चतुरस्रक्षेत्रफल, वृत्तक्षेत्रफल, वृत्त का घनफल, चापफल

अष्टास्रकक्षेत्रफल, षोडशास्रक्षेत्रफल, विषम व सम का क्षेत्रफल, क्षेत्रसूत्रण, क्षेत्राद्भुतलक्षण विषयों को उद्घाटित करते हैं। दिनशुद्धि-गृहनिवेश-गृहप्रवेश-विवाहमुहूर्तलक्षण नामक एकादश अध्याय 36 श्लोकों में उपनिबद्ध है जिसमें विषय हैं-दिनशुद्धि, गृहनिवेश, वत्सचक्र, गृहप्रवेश तथा विवाहमुहूर्त। गोचर-दिनरात्रिमान-स्वरोदय-कोटचक्र-मातृकालक्षण नामक द्वादश अध्याय में 33 श्लोक हैं जिनमें गोचरप्रकरण, दिनरात्रिमान, शरीरस्वरोदय, बालादि पञ्चस्वरविचार, कोटचक्र, लग्नविचार, मातृकाशकुन तथा महादशाविचार के विषय में वर्णन किया गया है। त्रयोदश अध्याय ज्योतिषलक्षण नामक है जिसकी श्लोकसंख्या 31 है। इस अध्याय में नक्षत्रों की मुखस्थिति, सीमन्तोन्नयन, अन्नप्राशन, कर्णवेध, मौञ्जीबन्ध तथा मोचन, विद्यारम्भ, अग्न्याधान, क्षौरकर्म, वस्त्रधारण, अलंकारादिधारण, राजदर्शन तथा राज्याभिषेक, गजाश्वकर्म, भैषज्यकर्म, रोग तथा सर्पदंश, रोगमुक्त का स्नान, प्रसूतिस्नान, पशुगमनागमन, कृषिकर्म, पादपरोपण, जलाशयनिर्मिति, यात्राकाल, धनसंग्रह, सुरप्रतिष्ठा, शुभग्रह तथा चन्द्रफल का वर्णन प्राप्त होता है। चतुर्दश अध्याय जो इस संस्करण में अनाम किन्तु अन्य संस्करण (चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, 2001) में 'शकुनलक्षण' नाम से व्यवहृत है, 44 श्लोकों से युक्त है जिनमें शकुनप्रभाव, दिग्दाह, शकुनप्रकार, यात्राशकुन, अपशकुन, स्वरशकुन, अन्यशकुन, श्यामाशकुन, गतिशकुन, ताराशकुन, दुर्गाशकुन, तोरणशकुन, पिङ्गलाशकुन, श्वानशकुन, हरिणशकुन, अन्यशकुन, पिपीलिकाशकुन, शवक्षुदादिशकुन, क्षुच्शकुन, स्पन्दशकुन, उपश्रुतिशकुन, पल्लीपतन-आरोहण, दिग्विचार, विविधशकुन तथा ग्रन्थकृत्परिचय का विवरण प्राप्त होता है।

कलिकाताग्रन्थमाला के इस संस्करण में ग्रन्थ के अन्त में लिपिकार द्वारा शक संवत् 1756 (तदनुसार ई० सन् 1834) में लिपिकरण का काल दिया गया है। **'राजवल्लभ'** संज्ञा से इस शिल्पशास्त्र का एक संस्करण मूल श्लोक देवनागरी लिपि के साथ गुर्जर भाषा तथा गुर्जर लिपि में ई० सन् 1968 में नारायण भारती यशवन्त भारती, अहमदाबाद से प्रकाशित है जिसमें राजवल्लभमण्डन के वर्ण्यविषयों का विवेचना के साथ विशद अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। 'वास्तुराजवल्लभ' शीर्षक से श्री अनूप मिश्र द्वारा सम्पादित, मूल देवनागरी लिपि के साथ हिन्दी भाषानुवाद से युक्त एक अन्य संस्करण मास्टर खेलाड़ी लाल, वाराणसी से ई० सन् 1996 में प्रकाशित है। इन तीनों संस्करणों की सहायता से परिष्कृत ग्रन्थ का अर्वाचीन संस्करण चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी से ई० सन् 2001 में प्रकाशित हुआ है जो डॉ० (श्रीमती) शैलजा पाण्डेय के विवेचनात्मक सम्पादन-कौशल तथा व्याख्या से समन्वित है। संस्करण के आरम्भ में गंगानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, प्रयाग के प्राचार्य डॉ० गयाचरण त्रिपाठी का संक्षिप्त किन्तु सारपूर्ण प्राक्कथन संलग्न है। ग्रन्थकर्त्री की प्ररोचना, विषयवस्तु के हिन्दी भाषा में सारकथन, विषयसूची, हिन्दीभाषानुवाद, अध्यायान्त में व्याख्यात्मक टिप्पणी, पारिभाषिक शब्दावली, श्लोकानुक्रमणिका तथा चित्रावली

से संवलित यह संस्करण ग्रन्थ के अभिप्राय के प्रकाशन में नितान्त उपयोगी है। नौ अध्यायपर्यन्त राजवल्लभमण्डन का संकलन राजा राधाकान्त देव के शब्दकल्पद्रुम (काण्ड 5, 'शिल्पशास्त्र') में भी प्राप्त होता है।

"वास्तुराजवल्लभ" नाम से इस ग्रन्थ का प्रकाशन काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के ज्योतिषाचार्य पं0 श्रीरामयत्न ओझाविरचित भाषाटीकासमेत, उनके सम्पादकत्व में वि0सं0 1991, तदनुसार ई0 सन् 1934 में भार्गवभूषण प्रेस, बनारस सिटी द्वारा किया गया है। यह प्रकाशन इस ग्रन्थ का द्वितीय संस्करण है जिसका संशोधन-परिष्कार वाराणसीवास्तव्य श्री माधवप्रसाद ने किया है। विषयानुक्रम के पश्चात् इस संस्करण में श्लोकों में समाहित विशिष्ट विषयों से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण वास्तुचित्र श्लोकसङ्ख्या के उल्लेख के साथ दिये गये हैं। हिन्दीभाषाटीका के साथ 164 पृष्ठों में इसका विषयवितान प्रकल्पित है। कुछ लेखकों ने **"राजवल्लभवास्तुशास्त्र"** नाम से भी इस स्थापत्यग्रन्थ का उल्लेख किया है।

प्रासादमण्डन (मण्डन सूत्रधार)

प्रासादमण्डन भारतीय स्थापत्य एवं मूर्तिकला का संक्षिप्त प्रबन्ध है जो देवमन्दिरों के निर्माण की विधियों एवं प्रक्रियाओं का विवरण प्रस्तुत करता है। प्रसीदन्त्यस्मिन्निति-इस व्युत्पत्ति के अनुसार भवन अथवा मन्दिर को **"प्रासाद"** संज्ञा दी गयी है। प्रस्तुत ग्रन्थ में यह अभिधान "देवमन्दिर" अर्थ में संगत होता है।[1] प्रासाद के निर्माण अथवा शास्त्रोक्त विधि से निर्मिति द्वारा अलंकरण (मण्डन) के प्रकारों को रेखांकित करने के कारण 'प्रासादमण्डन' ग्रन्थ की अन्वर्थ संज्ञा है। ग्रन्थकार के अन्य ग्रन्थ 'राजवल्लभमण्डन' की भाँति इस ग्रन्थनाम में संयुक्त 'मण्डन' पद ग्रन्थकार का नामसंकेतक है, यह विचार भी व्यक्त किया गया है। मण्डन मूलतः गुजरात के भारद्वाजगोत्रीय ब्राह्मण थे। मेवाड के विद्वान् सम्राट् कुम्भकर्ण या महाराणा कुम्भा (शासनकाल ई0 सन् 1433-1468) के आमन्त्रण पर उनकी सभा में प्रतिष्ठित होकर अपने शिल्पज्ञान एवं कौशल के बल पर इन्होंने अनेक शिल्पग्रन्थों की रचना की तथा दुर्ग प्रासाद इत्यादि का निर्माण किया। 'प्रासादमण्डन' का रचनाकाल 15वीं शताब्दी के मध्य के कुछ पूर्व में अनुमानित है। द कश्मीर सीरीज ऑफ टेक्स्ट्स् एण्ड स्टडीज के 72वें ग्रन्थांक के रूप में इसका एक संस्करण देवनागरी लिपि में जम्मू एवं कश्मीर सरकार (श्रीनगर) के अनुसन्धान विभाग की ओर से सन् 1947 में प्रकाशित हुआ है जिसका सम्पादन रिसर्च कार्यालयाध्यक्ष पं0 जगद्धरजाडू शास्त्री ने विद्वानों के सहयोग से संशोधन करके किया है। इस प्रकाशन का आधार आर0एन0 लाइब्रेरी की देवनागरी लिपि में तालपत्र (21 पत्र) पर प्राप्त पाण्डुलिपि सं0 2803 बतायी गयी है। सम्पादक ने **सूत्रधारमण्डन** की अन्य पुस्तकों सहित इस कृति को मौलिक न मानकर आधुनिक संग्रह अथवा संकलन माना है।

1. देवभूभुजां गृहम् (अमरकोष 2/2/9)

'राजवल्लभमण्डन' के साथ 'प्रासादमण्डन' का एक संस्करण देवनागरी में कलिकातासंस्कृतग्रन्थमाला के 32 वें ग्रन्थांक के रूप में मेट्रोपोलिटन प्रिटिंग एण्ड पब्लिशिंग हाउस, लि0 कलकत्ता से जुलाई 1948 में प्रकाशित हुआ है। यह संस्करण एशियाटिक सोसायटी बंगाल से प्राप्त पाण्डुलिपि पर आधारित है।

उपर्युक्त दोनों संस्करण श्री विश्वनाथ पुस्तकालय काशी में हैं। इनमें प्रासादमण्डन का मूलमात्र 8 अध्यायों में प्रकाशित है जिनकी सम्पूर्ण श्लोकसंख्या 452 है किन्तु पृथक्-पृथक् अध्यायों की श्लोकसंख्या और पाठ में अन्तर प्राप्त होता है। ग्रन्थ में विषयों का उपस्थापन क्रमशः इस प्रकार किया गया है-

प्रथम अध्याय में ग्रन्थावतरण और ग्रन्थकार के नामनिरूपण के पश्चात् देवप्रार्थना के साथ शिव का प्रासादनिरूपण, भूपरीक्षण, भूसेक, वास्तुलेखननिरूपण, तदधिष्ठातृदेवपूजा, त्याज्य दिन (निषिद्धकाल), खातविधिविधान, कूर्मस्थापन, शिलास्थान में पूजाबलिदान, शिलाविन्यासयोग, देवायतननिरूपण, प्रासादप्रमाणनिरूपण; **द्वितीय अध्यायान्तर्गत** प्रासादनिर्माणनिरूपण, प्रासादप्रकार, देवप्रतिष्ठा, देवप्रदक्षिणा, देवदृष्टिदोष, गणेशायतन, विष्ण्वायतन, चण्डिकायतन, शिवायतन, त्रिपुरुषन्यासनिरूपण (रुद्र-हरि-ब्रह्मा का स्थानन्यास); **तृतीय अध्याय** में भिट्टनिरूपण, पीठस्थापन, **मण्डोवर**, मेरुमण्डोवर, सामान्य मण्डोवर, मण्डोवरप्रकारान्तर, गर्भगृहोदयप्रमाण, उदुम्बरनिरूपण, अर्धचन्द्रनिरूपण, नागरप्रासाद, भूमिज द्वार, द्राविड द्वार, द्वारप्रमाण, त्रिशाखानिरूपण, पञ्चशाखानिरूपण, सप्तशाखानिरूपण, नवशाखानिरूपण; **चतुर्थ अध्याय** में प्रतिमाप्रमाणदृष्टिपदनिरूपण, प्रासाद का ऊर्ध्वलक्षण, कलशनिरूपण, ध्वजलक्षणपुण्याधिकार; **पंचम अध्याय** में सूत्रधारलक्षण, नन्दननिरूपण, सिंहकनिरूपण, पंचांगतिलकनिरूपण, सप्तांगतिलकनिरूपण, भद्रप्रमाणनिरूपण; **षष्ठ अध्याय** में पञ्चविंशतिप्रासादनिरूपण, पञ्चक्षेत्र, प्रासादों की जातियाँ, मेरुभेद, सुरवल्लभनामनिर्देश, भुवनमण्डननिर्देश, रत्नशीर्षनिरूपण, कमलहंसनिरूपण, नवमेरुनिरूपण; **सप्तम अध्याय** में मण्डपनिरूपण, अष्टगूढमण्डप, द्वादशमण्डपनिरूपण, सामान्यमण्डपनिरूपण, पञ्चविधवलानकनिरूपण, मण्डप के ऊर्ध्वसंवर्ण; **अष्टम अध्याय** में वास्तुनिरूपण, जीर्णोद्धारनिरूपण, अचाल्यलिंगनिरूपण, भिन्नदोषनिरूपण, स्तम्भदोषनिरूपण, देवपुरराजपुरनिरूपण, मठनिरूपण, प्रतिष्ठाविधि, मण्डपनिरूपण, कुण्डनिरूपण, होमप्रमाण, मण्डलप्रमाण, स्थण्डिलमान, स्थण्डिलपरिषेक, दिग्देवतास्थिति, स्थण्डिलार्चानिरूपण, स्थावरप्रतिष्ठा, सूत्रधारार्चा, प्रतिष्ठाविधि, जिनप्रतिष्ठा, वास्तूत्पत्तिनिरूपण, चतुष्षष्टिवास्त्वर्चा, वास्तुपुरुषन्यास (कश्मीर संस्करण)।

कश्मीरसंस्करण के प्रकाशन में केवल प्रथम पृष्ठ पर अधःस्थान में "वेश्म इति पाठान्तरम्" टिप्पणी दी गयी है जिसका ऊपर सङ्केताङ्क अनुपलब्ध है। कलिकातासंस्कृतग्रन्थमाला का संस्करण अधःस्थान में, लघ्वक्षरों में प्रदत्त यथालब्ध पाठभेद,

पाठसंशोधनों तथा सम्बद्ध उपयोगी टिप्पणी के साथ प्रकाशित है। "स्यात्" और "साधीयान्" पदों द्वारा सम्पादक के स्वकीय संशोधनों को व्यक्त किया गया है। सविधि साङ्गोपाङ्ग मन्दिरों के निर्माण तथा देवप्रतिमास्थापन के विषय में यह स्थापत्यग्रन्थ प्रचुर विधिविधानों का परिचय कराता है।

देवतामूर्तिप्रकरण (मण्डन सूत्रधार)

'देवतामूर्त्तिप्रकरण' भारतीय स्थापत्यशास्त्र में मूर्तिविज्ञान का महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। देवतामूर्ति, उसके विविध अवयव और उपकरण धर्म, दर्शन तथा संस्कृति के तत्त्वों का संवहन करते हैं। वास्तुविद्या के कुशल प्रयोक्ता एवं शास्त्रज्ञ मण्डन सूत्रधार द्वारा प्रणीत अनेक ग्रन्थों में यह कृति अन्यतम है। मेवाड (मेदपाट) के नृपति महाराणा कुम्भा के मानभाक्, श्रीक्षेत्र के ज्येष्ठ पुत्र मण्डन का स्थपतिकर्मविशिष्ट "सूत्रधार" यह उपनाम है। महाराणा कुम्भा का शासनकाल ई0 सन् 1433 से 1468 रहा है। इस अवधि में उनके संरक्षण में रहते हुए मण्डन ने इस ग्रन्थ को वाङ्मयस्वरूप प्रदान किया। कलिकाता संस्कृत सिरीज के 12 वें ग्रन्थाङ्क के रूप में 'देवतामूर्तिप्रकरण' तथा **"रूपमण्डन"** का एक ही साथ मेट्रोपोलिटन प्रिंटिंग एण्ड पब्लिशिंग हाउस, लि0 कलकत्ता से ई0 सन् 1936 में देवनागरी लिपि में मूल प्रकाशित हुआ है। नरेन्द्रचन्द्र भट्टाचार्य (वेदान्ततीर्थ) ने सामान्य सम्पादन तथा **उपेन्द्रमोहनसांख्यतीर्थ** ने संस्कृत में विशद विवेचना एवं टिप्पणी के साथ सम्पादन का कार्य सम्पन्न किया है।

यह ग्रन्थ 8 अध्यायों में विभक्त है जिसकी सम्पूर्ण श्लोक संख्या 668 है। इसमें वर्णित प्रतिमाविज्ञान के विषयों का विवरण इसप्रकार है-

शिलापरीक्षाप्रतिमाप्रमाणगुणदोषाद्भुताधिकार नामक **प्रथम अध्याय** में मङ्गलाचरण, शिलापरीक्षा, शिलाभेद से कर्मभेद, शिलास्थितिक्रम से प्रतिमाशिरोविधान, आकृति से ग्राह्यशिलाकथन, त्याज्यशिलाकथन, वर्ण से ग्राह्यशिलाकथन, शिलाद्याहरणक्षण, प्रासादमान से ऊर्द्ध्वस्थज्येष्ठप्रतिमालक्षण, ऊर्द्ध्वस्थप्रतिमा का मध्यमाधमभेदकथन, आसनस्थ-उत्तमप्रतिमापरिमाण, आसनस्थमध्यमाधमप्रतिमापरिमाण, द्वारमान से ज्येष्ठप्रतिमा-परिमाण, मध्यमप्रतिमापरिमाण, कनिष्ठप्रतिमापरिमाण, गृहपूज्यप्रतिमापरिमाण, देवगृहोचितप्रतिमापरिमाण, बहिरर्चनीयप्रतिमापरिमाण, उसमें विशेषकथन, देवगृहभित्त्यादिनिर्णय, गर्भगृहमान से ज्येष्ठादिप्रतिमाकथन, बहिरायतनस्थाप्यदेवता, अशुभप्रतिमालक्षण, शुभप्रतिमालक्षण, अद्भुत, दिव्याद्भुत, अन्तरिक्षाद्भुत, भौमाद्भुत, इनका शान्ति-निवर्त्यानिवर्त्यत्वविकल्प, दैवोत्पात में राजा के लिए विशेष, लिङ्गादिवैकृत तथा उसका फल, उसमें विशेषकथन, अर्चावैकृत और उसका फल, अन्य वैकृत, उत्पातविशेष का प्राणिविशेष के विषय में फलदायकत्व, उत्पातों का फलकाल, उनकी शान्ति, शान्ति का फल-इन विषयों का उल्लेख है।

प्रतिमातालनिर्णयाधिकार संज्ञा वाले **द्वितीय अध्याय** में माननिर्णय, तालमानकथन, तालमान से मूर्तियों की कर्तव्यता, तालानुसार अवयवमान, सप्तताल में अवयवमाननिरूपण, मध्यमसप्तताल में अवयवमाननिरूपण, अष्टताल में अवयवमान, मध्यमाष्टताल में अवयवमान, नवताल में अवयवमान; **प्रतिमापदस्थानदृष्टिस्थानाधिकार** नामक **तृतीय अध्याय** में देवतापदस्थान, देवतादृष्टिस्थान, देवतास्थापन में दिङ्निर्णय; **ब्रह्मसूर्यनवग्रहदशदिक्पालाधिकार** नामक **चतुर्थ अध्याय** में विश्वकर्मा, कमलासन, विरिञ्चि, पितामह, ब्रह्मा, सावित्री, ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, नृत्यशास्त्र, ब्रह्मायतन में अन्यदेवतापद, ब्रह्मप्रतीहार, द्वादश सूर्यमूर्त्तियाँ (सुधामा-मित्र-अर्यमा-रुद्र-वरुण-सूर्य-भग-विवस्वान्-पूषा-सविता-त्वष्टा-विष्णु), सूर्यायतन, सूर्यप्रतीहार, नवग्रह (चन्द्र-भौम-बुध-बृहस्पति-शुक्र-शनि, राहु, केतु) ग्रहमूर्त्ति में साधारण विधि, दश दिक्पाल; **विष्णुशालग्रामशिला-परीक्षाभेदाधिकार** संज्ञा वाले **पञ्चमाध्याय** में वर्णविशेषों में मूर्तिभेद से विष्णु का शुभदायकत्व, अवस्थाभेद से मूर्तियों का ग्राह्याग्राह्यत्व, विष्णु की चौबीस मूर्तियाँ (केशव-मधुसूदन-सङ्कर्षण-दामोदर-वासुदेव-प्रद्युम्न-विष्णु-माधव-अनिरुद्ध-पुरुषोत्तम-अधोक्षज-जनार्दन-गोविन्द-त्रिविक्रम-श्रीधर-हृषीकेश-नृसिंह-अच्युत-वामन-नारायण-पद्मनाभ-उपेन्द्र-हरि-कृष्ण), चतुर्विंशति मूर्तियों का आयुधन्यासक्रम, शालग्रामशिलापरीक्षा, आकृति से ग्राह्यशिलालक्षण, प्रमाण से ग्राह्यशिलालक्षण, त्याज्यशिलालक्षण, प्रतिप्रसव, वर्णभेद से फलभेदनिरूपण, वर्णभेद से संज्ञाभेद, चक्रप्रमाण, चक्रविशेषलक्षण, वासुदेव, सङ्कर्षण, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध, इनके पूजाधिकारी, त्रिचक्रलक्ष्मीनारायण, मधुसूदन, दामोदर, द्विचक्रलक्ष्मीनृसिंह, द्विचक्रपुरुषोत्तम, एकचक्र में वर्णकृत विशेष, वर्णक्रम से चक्रनाम, यथाक्रम इनका फल, द्विचक्र में चक्रनिबन्धनविशेष, यथाक्रम इनका फल, अन्य चक्र, हरि, इनकी पूजा का फल, नृसिंह, कपिलनृसिंह, सुदर्शन, हयग्रीव, मत्स्य, जनार्दन, कूर्म, वराह, नरसिंह, वामन, जामदग्न्य, कौशल्यानन्दन, बुद्ध, कल्की, चक्रप्रतिष्ठानिषेध, चक्रविक्रयादिनिषेध, चक्रप्रशंसा, मूर्तिविशेष, पन्नगासन, वामन, राम, नरवराह, प्रकारान्तर, नरसिंह, प्रकारान्तर, जलशायी, वैकुण्ठ, विश्वरूप, अनन्त, त्रैलोक्यमोहन, विष्ण्वायतन, विष्णुप्रतीहार; **रुद्रमूर्तिलिङ्गाधिकार** संज्ञा वाले **षष्ठ अध्याय** में शिवमूर्तियाँ-सद्योजात, वामदेव, अघोर (1), तत्पुरुष, ईशान, मृत्युञ्जय, विजय, किरणाक्ष, अघोर (2), श्रीकण्ठ, महादेव, सदाशिव, अर्धनारीश्वर, उमामहेश्वर, कृष्णशंकर, कृष्णकार्त्तिकेय, शिवनारायण, हरिहरपितामह, सूर्यहरिहरपितामह, चन्द्राङ्कपितामह, चण्डभैरव, विरूपाक्ष, त्र्यम्बक, हरिहरमूर्ति, लिङ्ग-धातुलिङ्गमान, धातुलिङ्गनाम, धातुलिङ्ग में विशेष, रत्नलिंग, दारवलिङ्गमान, दारवलिङ्गनाम, लिङ्गोचित वृक्ष, वृक्षों का लक्षणोद्धार, लिङ्गोचित गृह, शैललिङ्गमान, शैललिङ्गनाम, प्रासादमान से लिङ्गमान, गर्भगेहमान से लिङ्गमान, लिङ्गविस्तार, लिङ्ग के ब्रह्मादिभाग, नागरलिङ्ग, द्राविडलिङ्ग, वेशरलिङ्ग, लिङ्गप्रासादोचित नक्षत्रानयन, तस्कराद्यंशानयन, धनर्ण-योन्यानयन, वारानयन, तिथ्यानयन, प्रशस्तचिह्न, लिङ्ग में

रेखाकरण, लिङ्गशिरोवर्त्तन, दुष्टलिङ्गलक्षण, स्फाटिकलिङ्गमान, बाणलिङ्गोत्पत्तिस्थान, बाणलिङ्गपरीक्षा, वर्ज्यबाणलिङ्ग, स्थानविशेषोत्पन्न पाषाण का भी पूज्यत्व, बाणस्थापनप्रशंसा, एकाम्रादिबाणमाहात्म्य, शिवतीर्थोदकलक्षण, शिवतीर्थोदक का पुण्यजनकत्व, शिवतीर्थोदकलङ्घन में प्रत्यवाय, प्रदक्षिणनियम, जैनदेवालय में विशेष, प्रणालदिङ्नियम, पिण्डिकालक्षण, पिण्डिका का स्वजातिकर्तव्यत्व, मतान्तर, पीठों का सन्धिस्थान, नालमध्य में कर्णसन्धि का निषेध, प्रणालभागकथन, मेखला, खातविधान, पीठ, लिंगपीठ का न्यूनाधिक्यनिषेध, इनके न्यूनाधिक्य में दोष, पीठिकाभेद तथा उनके नाम, पीठिकालक्षणस्थण्डिला, मण्डला, पूर्णचन्द्रा, वज्रा, पद्मा, अर्धचन्द्रा, त्रिकोणा, पीठिकाफल, पीठिकाओं का स्वजातिकर्तव्यत्व, प्रणालव्यवस्था, मुखलिंग, मुखनाम, एकद्वारशिवायतन, चतुर्मुखशिवायतन, पूर्वप्रतीहार, **दक्षिणप्रतीहार**, पश्चिमप्रतीहार, उत्तरप्रतीहार, वाहनविधान, वाहनदृष्टिकथन; **जिनमूर्ति-चतुर्विंशतियक्षयक्षिण्य-धिकार** नामक **सप्तम अध्याय** में चतुर्विंशति तीर्थंकर, जिनों के वर्ण, जिनों की ध्वजाएँ, जिनों के नक्षत्र, जिनों की जन्मराशियाँ, जिनोपासक यक्षों के नाम, जिनों के **शासनदेवता**, यक्षों और शासनदेवताओं के लक्षण-गोमुख, चक्रेश्वरी, महायक्ष, अपराजिता, त्रिमुख, दुरितारि, यक्षनायक, कालिका, तुम्बर, महाकाली, कुसुम, श्यामा, मातङ्ग, शान्ता, विजय, भृकुटि, अजित, सुतारका, ब्रह्मा, अशोका, यक्षेट्ट, मानवी, कुमार, प्रचण्डा, षण्मुख, विदिता, पाताल, अङ्कुशी, किन्नर, कन्दर्पा, गरुड, निर्वाणी, गन्धर्व, बला, धारिणी, कुबेर, धरणप्रिया, वरुण, वरदन्ता, भृकुटि (यक्ष), गान्धारी, गोमेध, अम्बिका, पार्श्व, पद्मावती, मातङ्ग, सिद्धायका, द्वितीय भेद से चक्रेश्वरी, जिनप्रतीहार, इनका स्वरूप; **देवमूर्तिलक्षणाधिकार** नाम वाले अन्तिम **अष्टम अध्याय** में गौरीमूर्तियों का सामान्य लक्षण, गौरीनाम (उमा, पार्वती, गौरी, ललिता, श्रिया, कृष्णा, हिमवन्ती, रम्भा, सावित्री, त्रिखण्डा, तोतला, त्रिपुरा), गौर्यायतन, गौरीप्रतीहार-गणेश, हेरम्ब, गजानन, वक्रतुण्ड, उच्छिष्टगणपति, क्षिप्रगणपति; गणेशायतन, गणेशप्रतीहार-कार्त्तिकेय, द्वादशभुजकार्त्तिकेय, द्विभुज कार्त्तिकेय, चतुर्भुज कार्त्तिकेय, पञ्चशीला; नवदुर्गा-महालक्ष्मी, नन्दा, क्षेमङ्करी, सर्वती, महरण्डा, भ्रामणी, सर्वमंगला, रेवती, हरसिद्धि; क्षेत्रपाल, माताएँ-ब्राह्मी, माहेश्वरी, कौमारी, वैष्णवी, वाराही, ऐन्द्री, चामुण्डा, चण्डिका; द्वादश **सरस्वती देवियाँ**-महाविद्या, महावाणी, भारती, सरस्वती, आर्या, ब्राह्मी, महाधेनु, वेदगर्भा, ईश्वरी, महालक्ष्मी, महाकाली, महासरस्वती; भद्रकाली, चण्डी, चण्डिकाप्रतीहार, लक्ष्मी, महालक्ष्मी, कात्यायनी, नृत्य में **संस्थानवैशिष्ट्य**, हस्त आदि की रसाभिव्यञ्जकता, नृत्य में आस्यादि का प्रातिस्विक विषयनिरूपण, ग्रन्थकर्ता का स्वाहङ्कारपरिहार विषय वर्णित हैं। अन्त में इस श्लोक के साथ ग्रन्थ समाप्त होता है-

यस्या नो कलयन्ति रूपमखिलं ब्रह्मादयो देवता
गौर्या विश्वमिदं विचित्ररचनाश्चर्यं समुत्पद्यते।

कल्पान्तावसरे सुरासुरगणो यस्यां समालीयते
तस्मात्सा जगदम्बिकाऽखिलजगद्वन्द्या सुखं यच्छतु।।

"देवतामूर्तिप्रकरण" दक्षिणभारतीय मूर्तिशिल्प पर आधारित है। मण्डन सूत्रधार ने इस ग्रन्थ के प्रणयन के लिये दक्षिणभारतीय स्रोतों का आधार लिया है किन्तु उन्होंने तमिल, शैव, अथवा वैष्णव आगमों का उपयोग नहीं किया अपितु शिल्परत्न और मयमत का उपयोग किया। इनके साथ ही विष्णुधर्मोत्तरपुराण, मत्स्यपुराण, पद्मपुराण, स्कन्दपुराण, ब्रह्मपुराण का भी शिवलिंग एवं शालग्राम के प्रकरण में उपयोग हुआ है। इसीप्रकार विश्वकर्मशास्त्र के शिल्पवैशिष्ट्य का भी प्रभाव दृष्टिगोचर होता है। "रूपमण्डन" के साथ "देवतामूर्तिप्रकरण" का यह संस्करण एसियाटिक सोसायटी, बंगाल की मूल पाण्डुलिपि (कैट. नं. I जी. 89) से सम्पादित है। ग्रन्थारम्भ में सम्पादक की संक्षिप्त भूमिका के साथ श्रीहरिदास मित्र की 70 पृष्ठों की विस्तृत प्रस्तावना इस स्थापत्यग्रन्थ के सार का बोध कराने में अत्यन्त सहकारी है। ग्रन्थ की भाषा दुरूह और पारिभाषिक शब्दावली से परिपूर्ण है। भाषा में दोष तथा अशुद्धियाँ भी हैं। संस्करण के अन्त में पाठभेदों की विस्तृत सूची दी गयी है तथा टीका में प्रमाणत्वेन उद्धृत ग्रन्थों के नाम दिये गये हैं । इस संस्करण को विवेचनात्मक सम्पादन के साथ प्रस्तुत देवतामूर्तिप्रकरण का प्रथम प्रकाशन बताया गया है।

रूपमण्डन (मण्डनसूत्रधार)

वास्तुशिल्प और स्थापत्यशास्त्र की परम्परा में "रूपमण्डन" का योगदान उल्लेखनीय है। देवतामूर्ति-दशावतार-दिक्पाल-ग्रह-प्रतीहार-शालग्राम-शिवलिंग तथा जैनमूर्तियों के लक्षण, अंगविधान, ध्यानादि का साङ्गोपाङ्ग निरूपण 'रूपमण्डन' की अन्वर्थता को सिद्ध करता है। कलिकाता संस्कृत सिरीज के 12 वें ग्रन्थाङ्क के रूप में "देवतामूर्तिप्रकरण" के साथ ई0 सन् 1936 में प्रकाशित "रूपमण्डन" को सम्पादक ने मण्डनसूत्रधार की मौलिक कृति बतायी है तथा इन दोनों ग्रन्थों का आधार एसियाटिक सोसायटी, बंगाल की एकमात्र पाण्डुलिपि को घोषित किया है । विस्तृत भूमिका से संस्करण को समृद्ध बनाने वाले हरिदास मित्र ने भी कवीन्द्राचार्य (17वीं शताब्दी) के पुस्तकालय में अन्य ग्रन्थों के साथ **"रूपमण्डन"** की पाण्डुलिपि (संख्या 2151) प्राप्त होने की बात कही है। **कवीन्द्राचार्य** डेकन ब्राह्मण थे जिन्हें हरिदास मित्र ने काशी के पण्डितसमाज में मूर्धन्य घोषित किया है। मेवाड (मेदपाट) के नृपति महाराणा कुम्भा के राज्याश्रय में दक्ष स्थपति एवं शास्त्रज्ञ मण्डनसूत्रधार के द्वारा ग्रथित होकर अन्य ग्रन्थों सहित "रूपमण्डन" ने काशी में प्रसिद्धि अर्जित की। डॉ0 बलराम श्रीवास्तव द्वारा हिन्दी भाषानुवाद सहित सम्पादित एक अन्य संस्करण में "रूपमण्डन" को मण्डन की मौलिक रचना न मानकर संकलित ग्रन्थ बताया गया है जिसका अधिकांश भाग 'अपराजितपृच्छा' का उद्धरण अथवा छायाग्रहण कथित है। ग्रन्थ का प्रणयनकाल महाराणा

कुम्भा की शासनावधि के अन्तर्गत 15वीं शताब्दी ईसवी के मध्य से कुछ पूर्व का माना गया है।

कलिकाता संस्करण जिसे सम्पादक ने रूपमण्डन का प्रथम प्रकाशित संस्करण कहा है, ग्रन्थ का सम्पूर्ण कलेवर छः अध्यायों तदन्तर्गत 371 श्लोकों में निबद्ध है। अध्यायानुसार वर्णित विषय निम्नवत् संगृहीत हैं-

प्रतिमाद्रव्यगुणदोषतालाधिकार नामक **प्रथम अध्याय** में विश्वरूपं नमस्कृत्य पूर्वतन्त्रानुसारतः। मण्डनस्तनुते वास्तुशास्त्रं श्रीरूपमण्डनम्।। इसप्रकार ग्रन्थारम्भ के पश्चात् मूर्तियों का कर्तव्यतोपदेश, प्रशस्तशिलालक्षण, दुष्टशिलालक्षण, पुनः शुभशिलालक्षण, शिलाहरणदिनादिनिर्देश, गृहपूज्यप्रतिमामान, देवालयपूज्यप्रतिमामान, अनावृतदेशपूज्यप्रतिमामान, प्रतिमाघटनद्रव्य, जीर्णोद्धारविधि, भीषणदेवतास्थान, दुष्टप्रतिमाएँ, अर्चाविकृतकथन, प्रतिमाशिरोज्ञान, तालमान मूर्त्तियाँ, तालानुसार षट्ताल-सप्तताल-अष्टताल-नवतालाङ्गविधान-विषय वर्णित हैं। **ब्रह्मसूर्यादिग्रहदिक्पालमूर्त्यधिकार** नामक **द्वितीय अध्याय** में जीर्णोद्धार में विशेषकथन, एकत्रदेवपूजानिषेध, तुलसी से पूजानिषेध, कमलासन, सावित्री, ऋषिगण, विश्वकर्मा, ब्रह्मायतन, ब्रह्ममूर्ति, आयतन, प्रतीहार, सूर्यादिनवग्रहआयतनप्रतीहार, सूर्य, ग्रहवर्ण, ग्रहवाहन, ग्रहभूषण, सूर्यायतन, प्रतीहार, दिक्पालमूर्त्तिध्यान (इन्द्र-वह्नि-यम-नैर्ऋत-वरुण-पवन-कुबेर-ईशान) विषयों का वर्णन किया गया है। **विष्णुमूर्त्यधिकार** संज्ञक **तृतीय अध्याय** के प्रकरण हैं-युगभेद और वर्णभेद से विष्णुमूर्त्तियाँ, शिरोविधान, वर्णभेद से विष्णुमूर्तियों का शुभत्व, श्रीहरि की 24 मूर्तियाँ (1) वासुदेव, (2) केशव, (3) नारायण (4) माधव, (5) पुरुषोत्तम, (6) अधोक्षज, (7) संकर्षण (8) गोविन्द (9) विष्णु (10) मधुसूदन (11) अच्युत (12) उपेन्द्र (13) प्रद्युम्न (14) त्रिविक्रम (15) नरसिंह (16) जनार्दन (17) वामन (18) श्रीधर (19) अनिरुद्ध (20) हृषीकेश (21) पद्मनाभ (22) दामोदर (23) हरि तथा (24) कृष्ण), दशावतार (मत्स्य, कूर्म, वराह, नृसिंह, वामन, परशुराम, राम, बलराम, बुद्ध, कल्की), जलशयन, शालग्रामपरीक्षा, पूज्यशिलालक्षण, त्याज्यशिलालक्षण, मतान्तर, वर्णभेद से फलविशेषकथन, चक्रविशेष में वर्णभेद, उत्तमादिचक्रप्रमाण, त्रिचक्रलक्ष्मीनारायण, शालग्राम-प्रतिष्ठानिषेध, शालग्रामप्रशंसा, मूर्तिविशेष, (गरुड, वैकुण्ठ, विश्वमुख, अनन्त, त्रैलोक्यमोहन), विष्ण्वायतन, विष्णुप्रतीहार। **शिवमूर्तिशिवलिङ्गलक्षणाधिकार** नाम वाले **चतुर्थ अध्यायगत** विषय हैं-द्वादश शिवमूर्त्तियाँ (सद्योजात, वामदेव, अघोर, तत्पुरुष, ईश, मृत्युञ्जय, किरणाक्ष, श्रीकण्ठस्वरूप, अहिर्बुध्न, विरूपाक्ष, बहुरूपी सदाशिव, त्र्यम्बक), उमामहेश्वर, हरिहरमूर्त्ति, हरपितामह, युग्म, लिङ्ग, अष्टलोहलिङ्गफल, अष्टरत्नलिङ्गफल, पीठविधि, लिङ्गोचित मणियाँ, **चलाचललिङ्ग**, चललिङ्ग, स्थिर-लिङ्ग, लक्षणादिहीन का भी पूज्यत्व, रत्नलिङ्गमान, धातुलिङ्गमान, दारवलिङ्गमान, शैललिङ्गमान, लिङ्गमान, लिङ्गवृक्ष, वृक्षलक्षण, दार्वादिलिङ्गोचित प्रासाद, प्रासादमान से लिङ्गमान, लिङ्ग में

शुभचिह्न, लिङ्ग में ब्रह्मादिभाग, लिङ्ग के उर्द्ध्वादिभाग, घटितरत्नलिङ्गलक्षण, बाणोत्पत्तिस्थान, बाणपरीक्षा, वर्ज्यलिङ्ग, बाणलिङ्गप्रशंसा, वाहनविधि, पीठिका, मुखलिङ्ग, एकद्वारशिवायतन, चतुर्मुखशिवायतन, **शिवप्रतीहार** (पूर्वप्रतीहार, दक्षिणप्रतिहार, पश्चिमप्रतीहार, उत्तरप्रतीहार)। **गौरी-प्रमाणमूर्तिलक्षणाधिकार** नाम से **पञ्चम अध्याय** सम्बोधित है जिसमें गौरी की मूर्त्तियाँ, गौरीमूर्त्ति के सामान्य लक्षण, उमा, पार्वती, श्रिया, रम्भा, तोतला, त्रिपुरा, गौर्यायतन, गौरी की आठ द्वारपालिकाएँ, गणेश, हेरम्ब, वक्रतुण्ड, गणेशायतन, गणेशप्रतीहार, कार्तिकेय, पञ्चलीलाएँ, दुर्गामूर्तियाँ,-महालक्ष्मी, क्षेमङ्करी, हरसिद्धि, गौर्यादि के वाहन, चामुण्डा, रक्तचामुण्डा, कात्यायनीमूर्ति, चण्डिका के आठ प्रतीहार, लक्ष्मीमूर्ति, महालक्ष्मी, महाविद्या, सरस्वती, **सप्त माताएँ**-(ब्राह्मी, माहेश्वरी, कौमारी, वैष्णवी, वाराही, इन्द्राणी, चामुण्डा), क्षेत्रपाल तथा बटुकभैरव के विषय में विवरण प्राप्त होते हैं। **षष्ठ अध्याय जैनमूर्त्तिलक्षणाधिकार** नाम से हैं जिसमें चौबीस अर्हन्त, जिनों के वर्ण, यथाक्रम जिनों की ध्वजाएँ, नक्षत्र, राशियाँ, जिनोपासक यक्षनाम, जिनों के शासनदेवता, जिनों के यक्ष-यक्षिणियों के नाम, इनके लक्षण-गोमुख, चक्रेश्वरी, अम्बिका, पार्श्व, पद्मावती, मातङ्ग, सिद्धायका, द्वितीयभेद से चक्रेश्वरी; जिनों में वर्णों का प्राधान्यकथन, इनके नाम, जिनप्रतीहारनाम, प्रतीहारों के आयुध और परिकर-विषयों का वर्णन है।

कलकत्ता संस्कृत सीरीज के संस्करण (ई0 सन् 1936) का सम्पादन देवतामूर्त्तिप्रकरण के साथ नरेन्द्रचन्द्र भट्टाचार्य ने तथा अधःस्थान में पाठसंशोधन एवं पाठभेद के उल्लेख के साथ विवेचनात्मक सम्पादन श्री उपेन्द्रमोहन सांख्यतीर्थ ने किया है। प्रारम्भ में **श्रीहरिदासमित्र** की आङ्ग्लभाषा में विस्तृत भूमिका में आधारभूत पण्डुलिपियों के अत्यन्त भ्रष्ट और त्रुटिपूर्ण होने की बात कही गयी है किन्तु भारतीय शिल्पकला-परम्परा को श्रद्धा और आदरभाव के साथ पीढ़ियों तक अपना पवित्र कर्तव्य समझ कर चलाये रखने के लिए शिल्पियों की प्रशंसा की गयी है। विषयानुक्रमणी के साथ प्रारम्भ हुए रूपमण्डन के इस संस्करण में अन्त में देवतामूर्त्तिप्रकरण में व्याख्यात सरूप तथा ईषद्विरूप, रूपमण्डनीय पद्यों का दो पृष्ठों में विवरण प्रदत्त है। तदनन्तर देवतामूर्तिप्रकरण तथा रूपमण्डन की शब्दसूची दी गयी है।

रूपमण्डन का एक अन्य संस्करण हिन्दी भाषानुवाद के साथ डॉ0 बलराम श्रीवास्तव द्वारा सम्पादित है जो ई0 सन् 1964 में मोतीलाल, बनारसीदास, वाराणसी से प्रकाशित है। यह संस्करण वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालयीय सरस्वतीभवन की खण्डित प्रति पर आधृत है। पाठसंशोधन के लिये सम्पादक ने एसियाटिक सोसायटी, कलकत्ता से प्राप्त रूपावतारमण्डन तथा वास्तुशास्त्र, ई0 सन् 1936 में प्रकाशित उपर्युल्लिखित संस्करण, मत्स्यपुराण, अग्निपुराण, विष्णुधर्मोत्तरपुराण, मानसोल्लास आदि ग्रन्थों से सहायता लेने की बात कही है। रूपमण्डन के पाठ के अत्यधिक अशुद्ध होने के कारण यथार्थ आशय के

साथ अनुवाद के कार्य को कठिन बताया गया है। ग्रन्थ के आरम्भ में वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय के उपकुलपति श्री सुरतिनारायणमणि त्रिपाठी की संक्षिप्त प्रस्तावना के पश्चात् सम्पादक/अनुवादक की ओर से क्रम और संक्षिप्त ग्रन्थनामसूची तथा 103 पृष्ठों की विस्तृत भूमिका दी गयी है। ग्रन्थ के अन्त में शब्द और विषयसूची के साथ दो पृष्ठों में शुद्धिपत्र दिया गया है। भूमिका भाग दो खण्डों में है जिसमें प्रथमखण्ड में वास्तु तथा शिल्पशास्त्र की परम्परा और रूपमण्डन, वास्तुशास्त्रोपदेष्टाओं की सूची, पूर्वमध्यकालीन युग में वास्तुशास्त्र की परम्परा तथा द्वितीयखण्ड में रूपमण्डन का अध्यायानुसार विवेचन किया गया है।

वास्तुसारमण्डन (मण्डनसूत्रधार)

सौराष्ट्रपरम्परा के यशस्वी स्थपति श्रीक्षेत्रात्मज मण्डन सूत्रधार द्वारा मेदपाट (मेवाड) नृपति महाराणा कुम्भा अथवा कुम्भकर्ण के राज्याश्रय में विरचित **"वास्तुसार"** इनके अन्य ग्रन्थ "आयतत्त्व" के साथ "वास्तुसारमण्डनम् आयतत्त्वञ्च" शीर्षकान्वित एक ग्रन्थकलेवर में न्यू भारतीय बुक कॉरपोरेशन, दिल्ली से ई0 सन् 2005 में प्रकाशित हुआ है जिसे हिन्दी भाषाटीका के साथ श्रीकृष्ण जुगनू ने सम्पादित किया है। मण्डन सूत्रधार विश्वकर्ममत के रूप में स्वीकार्य उत्तरभारतीय स्थापत्यपरम्परा के भी सुविज्ञ मनीषी रहे हैं। वास्तुसार (मण्डन) इनकी संक्षिप्त किन्तु वास्तुविज्ञान की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण रचना है। सम्पादकीय दृष्टि से मण्डन ने राजवल्लभमण्डन और **वास्तुमण्डन** के सार को इस ग्रन्थ के रूप में संगृहीत किया है। महाराणा कुम्भा के शासनकाल के अनुरूप ग्रन्थरचना का काल ईसा की 15वीं शताब्दी है।

वास्तुसारमण्डन की विषयसामग्री हिन्दीभाषाटीका समेत 70 पृष्ठों, कुल 154 श्लोकों में संगृहीत है। सम्पादक ने इस संस्करण में विषयनिचय को आठ अध्यायों में विभाजित करने का प्रयास किया है तथा प्रत्येक अध्याय के अन्त में अन्य ग्रन्थों से सन्दर्भ दिये हैं। ग्रन्थ के वास्तुप्रकरणों का विवरण इसप्रकार है-मङ्गलाचरण, गृहारम्भ में मासफल, सङ्क्रान्त्यनुसार द्वारविचार, वत्सदोषविचार, प्लवविचार, भूमिपरीक्षण, गृहारम्भ में योग्य नक्षत्र, ध्वजादिच्छायाविचार, वृक्षच्छायाविचार, हस्तप्रकल्पन, हस्तदेवता, हस्तप्रकार एवम् उनका प्रयोग, आयादिगणित, आयकल्पन, अंशानयन, आयस्थान, गुणदोषविचार, राशिवश द्वारदिग्विभाग, अहिबलचक्र, वर्णानुसार गृहप्रमाण, तलविचार, द्वारमान, द्वारवेध, द्वारस्थापन, गृहोदयमान, स्तम्भविचार, उदुम्बरमान, जालागवाक्षमान, कपाट पर दीपस्थापन, शालालिन्दप्रमाण, शालोच्छ्रायविचार, गृहोपयोगी द्रुम, निषिद्ध-ग्राह्य काष्ठ, वृक्षच्छेदनमुहूर्त, आरोहण, भित्तिप्रमाण, वास्तुचक्र, चतुःषष्टिपदवास्तुचक्र, वास्तुदेवताभागनिर्णय, वास्तुपूजालाभ, मर्मवास्तुविन्यास, नगरपुरप्रमाण, पुरमार्गप्रमाण, ब्रह्मपुरसंरचना, राजमार्गविचार, पुर में ब्राह्मणादिवर्णवासविचार,

प्राकारोदय, दुर्गमान एवं फल, कीर्तिस्तम्भादिविन्यास, ध्रुवादिगृहप्रस्तारविधि, रम्यादि अष्ट गृह, सुन्दरादि षोडश गृह, हंसादि षोडश गृह, अलङ्कृतादि पञ्चदश गृह, द्विशालगृह, त्रिशालगृह, विमलादित्रिशालगृहनाम, चतुःशालगृह, हस्त्यश्वादिशाला, प्रतापवर्धनराजगृह, लक्ष्मीविलासभवन, कमलोद्भवगृह, राजछत्रसिंहासनादिप्रमाण, राजगृहाङ्ग, वेधदोष, पञ्चदश गवाक्ष, प्रवेशप्रतिष्ठामुहूर्त तथा वास्तुपूजन।

मण्डनसूत्रधारकृत "वास्तुसार" का प्रथम प्रकाशन 1976 में पद्मश्री प्रभाशङ्कर ओघडभाइ सोमपुरा ने गुर्जरभाषानुवाद के साथ किया था जिसमें 155 श्लोक तथा परिशिष्ट भाग में 55 श्लोक (कुल सं0 210) रहे हैं। इसके सम्पादन में सोमपुरा ने चाम्पानेर में लिखी गयी 161 श्लोकों से युक्त वि0सं0 1888 की पाण्डुलिपि, राजस्थान से प्राप्त 149 श्लोकों की वि0सं0 1950 की पाण्डुलिपि, छिटपुट मिले 30 पृष्ठों की 161 श्लोकों से युक्त वि0सं0 1885 की प्रतिलिपि, वि0सं0 1904 में लिपिकृत 18 पृष्ठों की 147 श्लोक समन्वित प्रतिलिपि तथा पाटण, गुर्जरप्रदेश से प्राप्त 149 श्लोकों से युक्त वि0सं0 1942 की पाण्डुलिपि का आधार लिया है। प्रस्तुत संस्करण के सम्पादक श्रीकृष्ण ने ओघडभाई सोमपुरा की कृति से पर्याप्त सहयोग लिया है। ग्रन्थकार तथा प्रथम प्रकाशन के सम्पादक की ओर से ग्रन्थ का नाम **"वास्तुसार"** प्रदत्त है किन्तु प्रकृत संस्करण में सम्पादक ने अन्य लेखकों की रचनाएँ इस नाम से प्राप्त होने तथा मण्डन सूत्रधार की अन्य कृतियों में "मण्डन" नाम संयुक्त होने के कारण अपनी ओर से इसे "वास्तुसारमण्डन" नाम देना युक्तियुक्त बताया है। इस ग्रन्थ की वि0सं0 1878, शकाब्द 1743 की एक पाण्डुलिपि (सं0 8266) के गायकवाड ओरिएण्टल इन्स्टीट्यूट्, बडौदा में विद्यमान होने की सूचना दी गयी है (चित्र इस संस्करण के अन्त में संलग्न) तथा पुरानी मेवाडी में बालबोधटीका के दृष्टिगत होने की बात सम्पादक द्वारा कही गयी है। ग्रन्थारम्भ में 27 पृष्ठों में "वास्तुविज्ञान एवं वास्तुसारमण्डन" विषय पर सामग्री संयोजित है। कहीं-कहीं विषयानुरूप चित्र दिये गये हैं। अध्यायविभाग, विषयानुक्रमणिका तथा ग्रन्थस्थविषयप्रकाशन में संस्कृतभाषा की अशुद्धियाँ सम्पादकीय अनवधानता को प्रदर्शित करती हैं।

आयतत्त्व (मण्डन सूत्रधार)

मेदपाटनृपति महाराणा कुम्भा के प्रिय, स्थपतिवर्ग में अग्रगण्य, सौराष्ट्र तथा उत्तरभारतीय स्थापत्यपरम्परा के विशेषज्ञ सूत्रधार मण्डन द्वारा विरचित "आयतत्त्व" नामक लघुप्रबन्ध "वास्तुसारमण्डनम् आयतत्त्वञ्च" शीर्षकोपेत, श्रीकृष्ण जुगनू द्वारा "मोहनबोधिनी" हिन्दीभाषाटीका के साथ सम्पादित एक ग्रन्थाकार में न्यू भारतीय बुक कॉरपोरेशन, दिल्ली से ई0 सन् 2005 में प्रकाशित हुआ है। वास्तुशास्त्र में आयतत्त्व की प्राचीन, स्वीकृत मान्यता के अनुरूप कुशल स्थपतिवर्ग ने देव एवं मानव वास्तुकर्म में

भूमिचयन के साथ ही आयादि का विचार करना आवश्यक मानते हुए गृह एवं प्रासाद को सुखसाधन बनाने हेतु उद्यम किया है। ज्योतिष तथा आयादि षड्वर्ग के गणितज्ञान के साथ स्थापत्यशास्त्र सम्पूर्ण होता है, अतः स्थापत्यविदों ने इनकी गणना एवं परिभाषाएँ कर रखी हैं। आयादि षड्वर्ग पर भलीभाँति विचार कर दैव एवम् आर्ष निर्देश के अनुसार गृहारम्भ करना गृहस्थ के लिए आयुष्य, धन, आरोग्य तथा यश की वृद्धि करने वाला होता है, इसलिए इस ग्रन्थ में ध्वज, धूम्र, सिंह, श्वान, वृष, खर, गज, ध्वाङ्क्ष-इन आठ आयों का विवरण देते हुए इस गणित को परिभाषित करने का प्रयास किया गया है। इस ग्रन्थ का रचनाकाल महाराणा कुम्भा के शासनकाल ई0 सन् 1433-1468 के मध्य निर्णीत है।

अन्यग्रन्थसन्दर्भों, चित्रों और वास्तुचक्रों के साथ यह लघुग्रन्थ पृष्ठसंख्या 131 से प्रारम्भ होकर 157 (27 पृष्ठ) पर समाप्त होता है जिसमें बिना अध्यायविभाजन के कुल 81 श्लोक हैं। वास्तुप्रकरण में आयादि आय, व्यय, अंश, ऋक्ष, योनि, तिथि-वार के समूह की पारिभाषिक संज्ञा है। गणित के द्वारा आयादि के आकलन की विधा वास्तुकर्म के लिए अत्यन्त आवश्यक है। यह आयतत्त्व प्रकृत ग्रन्थ में इस क्रम में निरूपित है-शुभकाल, गृहारम्भ में मासफल, शुभतिथि, शुभाशुभ ग्रहादि, ध्वजादि आयनाम, विषमायविचार, द्वारासनोपयोगी आय, वर्णानुसार आयफल, आयगुणदोष, ध्वजायस्थान, धूम्रायस्थान, श्वनायस्थान, वृषायस्थान, खरायस्थान, गजायस्थान, ध्वङ्क्षायस्थान, मूलराशि, नक्षत्रानयन, देवादिगण, नक्षत्रमुख, ऊर्ध्वमुखनक्षत्रकर्म, तिर्यङ्मुखनक्षत्र, तिर्यङ्मुखनक्षत्रकर्म, अधोमुखनक्षत्र, राश्यानयन, योनिमैत्री, चन्द्रमा, दिशानुसार चन्द्रफल, राशिमैत्री, ग्रहराशिमैत्री, ग्रहवैर, ग्रहमैत्री, व्ययनाम, व्ययफलाफल, अंशानयन, इन्द्रांशस्थान, यमांशस्थान, राजांशस्थान, तारा, शुभाशुभ तारा, आयुष्य एवं विनाश।

इस संस्करण के सम्पादन के लिए भी "वास्तुसारमण्डन" की भाँति **प्रभाशङ्कर ओघडभाइ सोमपुरा** के प्रकाशन का आधार लिया गया प्रतीत होता है जिसकी आदर्शरूप पाण्डुलिपियों का विवरण पूर्वग्रन्थ "वास्तुसारमण्डन" के प्रकरण में दिया गया है। इसके अतिरिक्त मुम्बई के वेलजी धरमचन्द द्वारा प्रतिलिपिकृत, गायकवाड ओरिएण्टल इन्स्टीट्यूट्, बडौदा की वि0सं0 1878, शकाब्द 1743 की प्रतिलिपि (ग्रन्थाङ्क 8266) का भी इस ग्रन्थ के प्रसङ्ग में उल्लेख किया गया है जिसमें "वास्तुसार" तथा **आयतत्त्व**-दोनों के विषय अङ्कित हैं। यह पाण्डुलिपि इस संस्करण के अन्त में संयोजित की गयी है। "वास्तुशास्त्र में आयतत्त्व" विषय पर ग्रन्थारम्भ में 28 पृष्ठों में परिचयात्मक सामग्री दी गयी है जिसमें अन्त में ग्रन्थों के सन्दर्भ प्रदत्त हैं। ग्रन्थ के 81 श्लोकों में कहीं-कहीं आनुपूर्वी का अभाव है। विषयानुक्रमणिकादि में संस्कृतभाषा की अशुद्धियाँ उद्वेगकारक हैं।

प्रासादमञ्जरी (नाथजी)

मेवाड के महाराणा कुम्भा के समय में मण्डन सूत्रधार के कनिष्ठ भ्राता **नाथजी** द्वारा इस ग्रन्थ के प्रणयन की सूचना मिलती है जिसमें सम्पादक का स्थापत्यविषयक पारम्परिक ज्ञान एवं विद्वत्ता का प्रमाण समाहित है। यह संस्करण मूल संस्कृत, हिन्दी एवं गुर्जर भाषानुवाद तथा पृथक् पृथक् 80 रेखाचित्रों से सम्पृक्त, मर्मटिप्पणी एवम् अन्य स्थापत्यग्रन्थों के प्रमाणों से सम्पुष्ट है।

मूल संस्कृत तथा आङ्ग्लभाषानुवादसहित एक अन्य संस्करण आङ्ग्लभाषान्तरित प्रभाशङ्कर ओ0 सोमपुरा की प्रस्तावना के साथ सङ्केतित है जिसमें पुरातत्त्वज्ञ श्रीमधुसूदन भाई अ0 ढाकी ने प्रासाद की 14 जातियों तथा भारत के प्रत्येक प्रान्त की स्थापत्यकला का सुन्दर परिचय दिया है।[1]

मुहूर्त्तचिन्तामणि (श्रीराम दैवज्ञ)

"मुहूर्त्तचिन्तामणि" ज्योतिषशास्त्र का प्रसिद्ध मुहूर्त्तग्रन्थ है जिसका एक प्रकरण "वास्तुप्रकरण" संज्ञा से सम्बोधित है। पञ्चाङ्गविभाग, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के पं0 हरिशङ्कर पाठक के सम्पादन में हिन्दी व्याख्या के साथ इसका एक (प्रथम) संस्करण भारतीय विद्या भवन, वाराणसी से वि0सं0 2046 तदनुसार ई0 सन् 1989 में प्रकाशित हुआ है। इसकी रचना अनन्त दैवज्ञ के पुत्र, नीलकण्ठ के अनुज **श्रीराम दैवज्ञ** ने वि0सं0 1522, ई0 सन् 1465 में की है।

इस ग्रन्थ के प्रतिपाद्य विषय 13 प्रकरणों में विभाजित हैं। द्वादशसङ्ख्या के "वास्तुप्रकरण" में गृहनिर्माण, ग्रामसन्निवेश इत्यादि से सम्बद्ध विषय दृष्टिगत होते हैं। वास करने योग्य ग्राम और उससे लाभादि का विचार, राशि के अनुसार ग्रामवास का विचार, गृह का विस्तारदैर्घ्यपिण्डविचार, आयवशात् द्वारविचार, गृहारम्भ में निषिद्धकाल, गृह में व्ययवंशविचार, शालाध्रुवाङ्कानयन, ध्रुवाङ्कयोग से गृहनामाक्षरसंख्या, षोडश गृहों के नाम, प्रकारान्तर से आयाद्यानयनविधि, गृह में वृषवास्तुचक्र, गृहद्वारवशात् मास और गृहारम्भनक्षत्र, पूर्वोक्त मासों की प्रकारान्तर से एकवाक्यता, तिथि के अनुसार द्वारविशिष्ट गृहनिर्माण-निषेध, गृहारम्भ में पञ्चाङ्गशुद्धि, राहुमुखविचार, कूपविचार, गृहविभाग, गृहारम्भ से गृहायुर्योग, अन्य योग, लक्ष्मीयुक्त गृहयोग, गृहारम्भ में नक्षत्र और वार से विशेष फल तथा अन्य आचार्य के मत से द्वारचक्र-ये वास्तुविषय वर्णित हैं।

मुहूर्त्तचिन्तामणि का यह संस्करण "सुधा" नामक हिन्दीभाषा टीका सहित सान्वय प्रकाशित है। सरल व्याख्यापद्धति इस गम्भीर ग्रन्थ का अर्थबोध कराने हेतु अत्यन्त उपयोगी है।

---

1. द्रष्टव्य प्रकाशनसूची, प्रभाशङ्कर ओ0 सोमपुरा द्वारा ई0 सन् 1967 में सम्पादित "क्षीरार्णव"।

मनुष्यालयचन्द्रिका (नीलकण्ठन मूसत)

भारतीय स्थापत्यकला की परम्परा में द्राविड स्थापत्यग्रन्थ "मनुष्यालयचन्द्रिका" का महत्त्वपूर्ण स्थान है। देवनागरी में उपनिबद्ध इस लघुकाय ग्रन्थ में नगरसन्निवेश के विषय में पर्याप्त निर्देश दिये गये हैं तथा मनुष्यों के आवास, भवन एवम् उनमें अपेक्षित संसाधनों पर प्रकाश डाला गया है। ग्रन्थ के कर्ता **नीलकण्ठन मूसत**, तिरुमङ्गलम का स्पष्टतः नामाल्लेख नहीं प्राप्त होता है किन्तु ग्रन्थारम्भ में मङ्गलमूर्ति गजानन के नामस्मरण के साथ इनका संकेत मिलता है।[1] चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी से कृष्णदास संस्कृत सीरीज के ग्रन्थाङ्क 207 के रूप में ई0 सन्0 2006 में प्रकाशित इस ग्रन्थ का सम्पादन एवं हिन्दीभाषानुवाद श्रीकृष्ण जुगनू ने किया है। मनुष्यालयचन्द्रिका का प्रणयन केरल प्रदेश में राज्याश्रय में हुआ जिसके शिल्पी गत चार शताब्दियों से इस ग्रन्थ के सिद्धान्तों और निर्देशों के अनुसार भवनों का निर्माण करते रहे हैं। इस प्रबन्ध के लिए **"मानववास्तुलक्षण"** संज्ञा का भी व्यवहार हुआ है।[2] इसका प्रणयनकाल ईसा की 16वीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध माना गया है। कृतिकार अपने पूर्ववर्ती आचार्यों एवं विशेषज्ञों के मतों के सुविज्ञ विचारक तथा सम्पादक रहे हैं। इन्होंने मय, गर्ग, दक्ष, मार्कण्डेय, कुमार, मनु आदि के मतों का उल्लेख करते हुए उन पर दृष्टिपात करने की आवश्यकता बतायी है। इस ग्रन्थ में अधिकांश श्लोक मौलिक न होकर नारायणनम्बूदरीपादकृत तन्त्रसमुच्चय, देवालयचन्द्रिका आदि से लिये गये हैं।

इस ग्रन्थ में 7 अध्याय, तदन्तर्गत 246 सम्पूर्ण श्लोक हैं। **भूपरीक्षापरिग्रह** नामक **प्रथम अध्याय** में मङ्गलाचरण और भगवान् गजानन की स्तुति के पश्चात् मुनिजनपादवन्दन, ग्रन्थप्रयोजन, उपस्कारकग्रन्थनाम, आचार्यवरण एवं भूचयन, आचार्यकर्तव्य, कारुकृत्य, स्थपत्यादिवरण, स्थपतिलक्षण, सूत्रग्राहीतक्षकवर्धकीगुणलक्षण, वास्तु-वास्त्वङ्ग-प्रशस्तभवनप्रशंसा, निर्माणविधान, भूमिभेद, त्याज्यभूमि, वास्तुशास्त्रप्रसिद्ध (भूमि-) संज्ञाभेद, दिशानुसार उच्चभूमिफल, दिशावशात् शुभवृक्षों का रोपण, अश्वत्थादि वृक्षों की निषिद्ध दिशाएँ, अन्तःसारादि वृक्षों का रोपण, वर्ज्य वृक्ष, देवालयावस्थानुसार गृहस्थिति, भवन के लिए नेष्टस्थानोच्छ्रायादि, ब्राह्मणाद्यधिकारिभेद से भूलक्षण, वर्णानुसार निम्नोन्नतभूमिचयन, सर्वथावर्जनीय (वर्णसाङ्कर्ययुक्त) भूमि, भूमिपरीक्षणविधि-विषय वर्णित हैं। **दिङ्निर्णयादिशुभवीथीपरिग्रहवास्तुदेवतानिर्णय** नामक **द्वितीय अध्याय** में समीकरण में शङ्क्वादिमान, शङ्कुस्थापन, दिङ्निर्धारण,

---

1. श्रीमङ्गलास्पदसदाश्रयनीलकण्ठ-
प्रेमप्रकर्षनिलयः सकलाभिन्वद्यः (वन्द्यः)।
श्रीमद्गिरीन्द्रतनयातनयो ऽङ्घ्रिभाजां
कामप्रदो जयति मत्तमत्तङ्गजास्यः।।

2. द्रष्टव्य "तन्त्रसमुच्चय"-आङ्ग्लभूमिका, एन0पि0 उण्णि, पृ0 35

पूर्वापरज्ञान, सूत्रनिर्धारण, ईशादिकोणानयन, खण्डज्ञान, खण्डनिर्धारण एवम् उपयोग, चतुरस्रपरिकल्पन, सूत्रवेधदोष, वेधदोष, सूत्रविभाग, सूत्र-रज्ज्वादिवेधपरिहार, तालप्रमाण एवं वीथीपरिकल्पन, **वीथीविन्यास**, अङ्गणप्रमाण से वीथीमान, अल्पक्षेत्र में वीथीविचार, भू-आकारनिर्धारण, पदविन्यास, मर्मदोषनिवारणोपाय, एकाशीतिपदवास्तु में न्यासचक्र, देवतान्यासक्रम, वास्तुपुरुषोत्पत्तिकथा, वास्तुपुरुषप्रसारणक्षेत्र, वास्तुपुरुषदेहव्याप्य देवस्थितिकल्पन, अन्यान्य देवस्थिति, वास्तुशरीरस्थ देवसन्तर्पण से इष्टफल-इन विषयों का विवरण है। **मानभेदयोन्यायव्ययादिनिर्णय** नाम से **तृतीय अध्याय** सङ्केतित है जिसके वर्ण्य विषय हैं -मानसाधन, तिलयवोदरमात्रादिमान, प्राजापत्यादिहस्तमान, धनुर्ग्रहधनुर्मुष्टिहस्तमान, यथाक्रम विनियोग, वर्णानुसार हस्तमानप्रयोजन, वैश्यादिहस्तमान, हस्तमाननिर्देश, सुरालयार्थ अभीष्ट मान, यवोदरानुसार अङ्गुलमान के त्रिविध भेद, शाल्यप्रमाणानुसार त्रिविधाङ्गुलमान, नवधाप्रकार से द्विसप्ततिहस्तमानप्रकार, अन्यमानप्रमाण, रज्जुदण्डयष्टिप्रमाण, तालयववितस्त्यङ्गुलमानप्रयोग, विप्रादिभवनबहुलतानुसार ग्रामभेद, क्षेत्राकारानुसार उच्चमध्यमाधम ग्रामनिर्धारण, नगर की पत्तनसंज्ञा, एकभोग, विप्रादिभेद से ग्रामभेद, देवालयसीमानिर्धारण, दण्डानुसार अन्यप्रमाण, योनिविचार, योनिज्ञानार्थ प्रमापनविधि, योन्यादिक (योनि-व्यय-आय-नक्षत्र-वयस्-तिथि), योनिनाम तथा शुभाशुभविचार, केतुयोनिविचार, सिंहगजवृषयोनिविचार, धूमश्वानखरयोनिविचार, दिशानुसार शुभयोनि, योनिमाहात्म्य, आयव्ययविचार, वयोविचार, योन्यादि के विशिष्ट भेद, अन्य प्रकार से योन्याद्यानयन में ग्राह्यविचार, भिन्नमाननिर्धारण, व्ययाद्यानयनविधि, आयव्ययार्थ अन्य विधि, वार एवं ध्रुवानयन तथा ध्रुवादिगृह (ज्ञानार्थ) षोडशविधि। **चतुर्थ अध्याय गृहाणामिष्टदीर्घ-परिणाहदीर्घविस्तारशालाभेदादिनिर्णय** संज्ञा से अभिहित है जिसमें समाहित विषय हैं-इष्टविस्तारानुसार शालामान, भवनाङ्गमानपरिगणन, उत्तरप्रमाण से लुपा-नीप्रादि का प्रमाण, योन्यादि परिणाहों का विस्तार एवं दैर्घ्य, नाहानयन, देवालयार्थ गुणविस्तारविधि, मानभवन में पादोनानुपातनिषेध, विस्तारदैर्घ्यानुपात, चतुःशाल के दिग्गृहकोणालयादि, चतुःशालप्रकार, विशुद्धभिन्नशालाप्रकार, श्लिष्टभिन्नशाला, संश्लिष्टभिन्नशाला, कोणालय-योनि, श्लिष्टभिन्नाष्टशाला, उत्तरसन्धिकर्म, उत्तरसंयोजन, मिश्रभिन्नचतुःशाल, चतुःशाल, मध्यप्ररूढशालावर्णन, एकद्वित्रिशालचतुःशालभवन में विशेष, त्रिशालभवनवर्णन तथा द्विशालभवनवर्णन। **स्तम्भादिगृहावयवविधयः** नामक **पञ्चम अध्याय** में वास्तुकार्य में उच्छ्रायनिर्देश, उपपीठप्रणाल, मल्लीकुट्टिम, **मासूरोपानह**, पत्रमान, मानप्रमाण, प्राङ्गण, उसके स्वरूप-योनि-आयाम, गमननियम, योन्यर्थ अन्योपाय, अन्तरालवर्णन, पादमान, अधिष्ठानप्रमाण, मासूरमान, अधिष्ठानाङ्ग, पादुकजगतीप्रतिगलप्रमाण, अन्य प्रमाण, कुट्टिम के चतुर्दशभाग विभाजनानन्तर पादुकादिप्रमाण, स्तम्भप्रमाणाङ्ग, स्तम्भपीठ पर ओमाख्य का प्रमाण, स्तम्भ में दण्डमान, चतुरस्राकार स्तम्भाग्रभाग, स्तम्भ के वृत्तादि चरणत्रयपरिकल्पन,

स्तम्भ के विषय में प्रमाणान्तर, उत्तर में वाजनप्रमाण, स्तम्भोपरि पोतिकामान, अन्यपोतिकाप्रमाण, उत्तरायाम, चूली-लुप, उत्तरन्यासविधि, उत्तरपट्टिका अथवा क्षुद्रोत्तरप्रमाण, कीलस्थिति, छादनार्थ वंशजयन्त्यादिविन्यास, तुलाविन्यास इत्यादि विषय संगृहीत हैं। **कूटलुपादिमानशिखर-विधयः** संज्ञा से ग्रन्थ का **षष्ठ अध्याय** सङ्केतित है जिसके अन्तर्गत आरूढोत्तरविधान, विष्कम्भविन्यास, **लुपालम्बप्रमाण**, ऋजुमञ्चकोट्यादिकथन, लुपा (कड़ियाँ)-परिकल्पननिर्देश, वंशपर्याय एवं प्रमाण, कूटप्रमाण, चतुरस्र-वृत्ताकार-बहुभुजकूटालङ्कार, कूटपरिणाह, आयताकारगृह में लुपादिसंयोजन, कूटवंशसंयोजन, मुखसहितायतभवन का निर्देश, कूटसंयोजन-विधि, भुज-कोटि-कर्णकथन, लुपापङ्क्त्यादिनिर्देश, अन्तराल, लुपोत्तरायामसमतुल्य में करण, लुपाकार में वर्गपरिकल्पन, लुपाविभाग में ध्वजसूत्रकरण, अन्यरेखानिर्देश, वर्ग में कर्ण-वितान-लम्बविषयक निर्देश संकलित हैं। **सप्तम अध्याय** का अभिधान **अल्पमन्दिरकवाटबाह्यगेहकूपादिविधान** है। इस अध्याय में वर्णित विषय हैं-अल्पमन्दिर-विधि, लुपोपनिबद्धनीप्रफलकप्रमाण, उच्चनिम्नपट्टमान, धूलिनिरोधनाख्य पटलप्रान्तपट्टिकायोजनकर्म, वलयप्रमाण, पट्टिकाप्रमाण तथा तदन्तरमान, लोष्टाच्छाद्य गृह में विशेष, शिरःप्रदेश में अभिधानमानादिकथन, गृह का द्वारस्थान, द्वारोर्ध्व-पट्टालङ्कारनिर्देश, भित्तिविस्तार के अनुसार द्वारपरिकल्पन, अन्तर्नाहजमन्दिर के विषय में विशेष , कवाटलक्षण, कवाटाङ्गादि, सूत्रपट्टिका एवं सन्धिपाल, मातृकवाटफलकसूत्रपट्टी का मान, अर्गलप्रमाण, कबलीविधान, अर्गलविन्यास, एककाष्ठप्रयोगशुभत्व, एककवाटद्वारनिर्देश, बाह्यद्वारप्रमाण, प्राङ्गण से गमागमद्वार, परमशायिकपदानुसार मुख्यद्वारनिवेशनादि, उपद्वारनिवेशन, वेदिकाप्रमाण, वेदिकानिष्क्रमण, वेदिकाद्रव्यादि, तुला-स्तम्भलुपादि का समसङ्ख्या में विन्यास, भवन में कक्षों की स्थिति, लघुस्थानीय भवन में प्राङ्गणप्रमाण, कृषिकार्यार्थ कक्षनिर्धारण, गोशाला-दिनिर्धारण, कर्णोल्लङ्घननिषेध, पचनालयभुक्तिसदन, कूपस्थानचयन, अन्य शुभाशुभविचार, विपरीत दिशा में कूप का फलाफल, राजभवन में ब्राह्मणगृह तथा देवार्चास्थान, सेवितकुल-दैवतधामस्थिति, प्रतिष्ठाप्यप्रतिमाविधान, राजा के मणिगृहादि, दुर्गार्थ वप्रपरिखावृत्तविन्यास, गृहप्रवेशार्थ निर्देश तथा गृहप्रवेशोत्तरकालीन कर्तव्यविधि।

मनुष्यालयचन्द्रिका का प्रथम प्रकाशन ई0 सन् 1917 में देवनागरी लिपि में अनन्त शयन संस्कृत ग्रन्थावली के ग्रन्थाङ्क 56 के अन्तर्गत श्रीमूलकरामवर्म कुलशेखर महाराज के शासन में राजकीय मुद्रणालय, त्रिवेन्द्रम से हुआ था जिसका सम्पादन तत्रस्थ संस्कृत पाण्डुलिपि प्रकाशनविभाग के कार्याध्यक्ष टी0 गणपतिशास्त्री ने किया था। इस पाठ के संशोधन में राजकीय ग्रन्थमाला-त्रिवेन्द्रम, मणालिक्करमठ-पद्मनाभपुरा तथा एण्णक्काट्टू कोट्टराम स्वामी की प्रतियों का आधार लिया गया है। ये पाण्डुलिपियाँ तालपत्र पर अङ्कित हैं तथा अत्यन्त पुरातन हैं। पद्मनाभपुरा की पाण्डुलिपि पर कोलम्बाब्द 950 अङ्कित है। इसका प्रतिलिपिकाल ई0 सन् 1775 सम्भावित है।

ग्रन्थ के चौखम्बा कृष्णदास अकादमी के वर्तमान संस्करण में टी0 गणपतिशास्त्री द्वारा सम्पादित प्रकाशन उपस्कारक है। सम्पादक श्रीकृष्ण ने पुरोवाक् के पश्चात् "वास्तुविज्ञान और मनुष्यालयचन्द्रिका" के विषय में 30 पृष्ठों का उपयोगी विवरण देते हुए विषयानुक्रमणिका प्रस्तुत की है। ग्रन्थ का हिन्दीभाषानुवाद आलोचनापाठ तथा अन्य ग्रन्थों के उद्धरणों के साथ हुआ है। अन्त में "मयोक्तगृहप्रवेशविधि" परिशिष्ट में दी गयी है। तदनन्तर उपस्कारक ग्रन्थों का विवरण, श्लोकानुक्रमणिका, आङ्ग्लभाषा में पारिभाषिक शब्दावली तथा ग्रन्थोक्त विषय से सम्बन्धित चित्र प्रदत्त हैं।

मनुष्यालयचन्द्रिका का आंशिक अंग्रेजी अनुवाद जर्नल ऑफ अन्नामलाई विश्वविद्यालय के भाग 4, अङ्क 2 में प्रकाशित हुआ जिसे के0पी0 पिशरोती तथा टी0बी0 नागर ने किया था। वास्तुविद्या प्रतिष्ठान कालीकट से 1998 में डॉ0 ए0 अच्युतन तथा डॉ0 बालगोपाल टी0एस0 प्रभु के द्वारा अंग्रेजी में कृत आभियान्त्रिकी टीका प्रकाशित हुई है। मलयालम में नीलकण्ठन असरी के द्वारा 1987 में, पय्यानूर एन0 केशवाचारी द्वारा 1991 में तथा पण्डितराज कनिप्पयूर शङ्करन नम्बूदरीपाद द्वारा 1993 में टीकाएँ की गयी हैं। ग्रन्थ का एवंविध विस्तार स्थापत्यविज्ञान के क्षेत्र में इसके महत्त्व को दर्शाता है।

वास्तुसौख्य (टोडरमल्ल)

"वास्तुसौख्य" में भवननिर्माण, गृहप्रवेश इत्यादि के विधि-विधानों सहित वास्तुशास्त्रीय विषयों का विश्लेषण किया गया है। ग्रन्थ के आरम्भ में मङ्गलाचरण के साथ ग्रन्थकार ने धन, आरोग्य, सौख्य तथा कीर्ति की विवृद्धि के लिए इस ग्रन्थ के निरूपण की प्रतिज्ञा की है। सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से ई0 सन् 1996 तथा 1999 में म0म0 सुधाकरद्विवेदिग्रन्थमाला के चतुर्थ पुष्प के रूप में प्रकाशित दो संस्करणों के पश्चात् तत्रस्थ शिक्षण-शोध-प्रकाशन संस्थान द्वारा ई0 सन् 2010 में आचार्य कमलाकान्त शुक्ल के सम्पादकत्व में उनकी हिन्दी व्याख्या के साथ इसका तृतीय संस्करण प्रकाशित हुआ है। ग्रन्थकार राजा **टोडरमल्ल** मुगल सम्राट् अकबर के इसका दरवार में प्रधानमन्त्री थे जो अकबर के शासनकाल में क्रमशः सैनिक तथा सहायक दीवान के पद पर कार्य करते हुए ई0 सन् 1582 से 1589 तक प्रधानमन्त्री के रूप में प्रतिष्ठित रहे। 1589 ई0 में इनका देहान्त हुआ। अपने जीवन के अन्तिम समय में इन्होंने बौद्धिक तथा राजनैतिक रूप से अत्यधिक प्रसिद्धि अर्जित की। टोडरमल्ल के जन्मस्थान तथा जन्मकुल के प्रसंग में उत्तरप्रदेश के वाराणसी, सीतापुर, लाहौर के पास चुनियाँ गाँव के खत्री परिवार तथा अवध के किसी कायस्थ परिवार से सम्बन्धित मत-मतान्तर उपलब्ध होते हैं किन्तु अधिकांश इतिहासकारों के मत में इनका जन्म टण्डनवंश में हुआ था जिसे बालापरिवार भी कहा गया है। यह परिवार पंजाब, यूनाइटेड प्रोविन्स (संयुक्त प्रान्त), अवध तथा आगरा

से सम्बद्ध रहा है। **टोडरमल्ल** के सात पूर्वजों के नाम-(1) बाल, (2) अट्टाली, (3) दामोदर, (4) अस्सू, (5) द्वारकादास (6) द्विजमल्लदास, (7) भगवतीदास-इस क्रम में प्राप्त होते हैं। टोडरमल्ल भगवतीदास के पुत्र थे । प्राप्त इतिवृत्त के अनुसार इन्हें वैद्यक इत्यादि के साथ-साथ ज्योतिष की पाण्डुलिपियाँ प्राप्त हुईं जिनका संकलन सात प्रकरणों (अद्भुत-व्यवहार-संस्कार-विवाह-यात्रा-प्रकीर्ण-वास्तुसौख्य) से युक्त **"संहितासौख्य"** नाम से कराया गया है जो त्रिस्कन्ध ज्योतिष (सिद्धान्त, संहिता, होरा) के संहितास्कन्ध के अन्तर्गत समाहित है। "वास्तुसौख्य" संहितासौख्य का अन्तिम प्रकरण है। इसका ग्रथनकाल ई0 सन् 1589 बताया गया है। इसकी एक प्रति ई0 सन् 1829 में नन्दराम उपाध्याय जी मनिकपुरकृत प्रतिलिपि के रूप में सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के सरस्वती भवन पुस्तकालय में उपलब्ध है।

ग्रन्थ का सम्पूर्ण विषयवितान नौ भागों में प्रकल्पित है। **प्रथम भाग** में ग्रन्थकर्ता के मङ्गलाचरण के पश्चात् प्रवेशस्वरूपनिरूपण, गृहसम्बन्धी वशिष्ठादिऋषिवचन, गृहनिर्माणप्रयोजन, वास्तुपुरुषस्वरूप तथा नामकरण एवं **द्वितीय भाग** में भूपरीक्षण, दिक्साधन, दिक्साधन की आवश्यकता, वराहसंहितानुसार भूपरीक्षण, निवासहेतु स्थाननिर्वाचन, प्रकारान्तर से भूपरीक्षण, मत्स्यपुराणानुसार भूपरीक्षण, भूमिपरीक्षण के विषय में गर्ग का प्रमाणान्तर विषय संकलित हैं। **तृतीय भाग** में दिग्वशेन शुभाशुभवृक्षनिरूपण, अशुभवृक्षपरिहार तथा शुभवृक्षवर्णन, वृक्षविषय में **राजमार्त्तण्ड** के वचन, मत्स्यपुराण में निषिद्ध वृक्ष, वास्तुशास्त्र में शल्यशोधन, शल्यज्ञानार्थ रेखाकरण, रेखाकरण में वस्तुनिर्देश, रेखालक्षण, शल्यज्ञान में अन्य विधान, शकुनद्वारा शल्यज्ञान, शुभमाङ्गल्यज्ञान, प्रकारान्तर से शुभाशुभज्ञान, वर्णपरत्व से सूत्रनिर्माण, वशिष्ठोक्त षड्वर्गशुद्धि, प्रश्नवर्णानुसार शल्यज्ञानोपक्रम, वास्तुशास्त्र में क्षेत्रशोधनप्रकार, खनन में भूमिशुद्धि, हलोत्कर्षण से उत्पन्न वस्तु का शुभाशुभ फल, शल्यदोषोद्धार में कर्तव्यनिरूपण-ये विषय प्रतिपादित हैं। **चतुर्थ भाग** के प्रकरण हैं-भूदोषाज्ञान में विशुद्धिकरणप्रक्रिया, भूशुद्ध्यनन्तर इतिकर्तव्यता, कल्पितशेषस्वरूप तथा तदनुसार प्रथमखातखनन और फल, वास्तुनरविषय में वशिष्ठोक्ति, शेषविषय में चिन्तामणि, शेषविषय में पुनः वशिष्ठोक्ति, वास्तुचक्रनिरूपण, प्रकारान्तर से कशलचक्र, कलशचक्रफल, कुछ के मत में प्रवेशचक्र, शिलान्यासोपक्रम, स्तम्भ के ऊपर प्राणिविशेष के उपवेशन का फल, वास्तुविशेष, जीर्णगृहभूमिपरिवर्धितदिक्फल, गृह में ग्राह्यकाष्ठोपक्रम, गृहनिर्माणार्थ **वृक्षच्छेदनविधि** तथा वृक्षशल्यज्ञान। **पञ्चमभाग** में समाहित विषय हैं-प्राचीनगृहकाष्ठ का नूतन गृह में नियोजन, च्यवनमतानुसार आयों का कार्यनिरूपण, ध्वजाद्यायफल। **षष्ठ भाग** में आयाद्यपेक्षकार्यनिरूपण, गृहपिण्डवशात् गृहनक्षत्रज्ञान, गृहक्षेत्रफलवश पैशाचादिज्ञान, गृहपिण्डवशात् इन्द्राद्यंशज्ञान, ताराज्ञान, गणनासम्बन्धी संकेत, गृहनक्षत्रवशात् राशिज्ञान, गृहपिण्डवशात् तिथिज्ञान, गृहपिण्डवशात् ध्रुवज्ञान, द्रव्यादिज्ञान, गृहपिण्डनिर्माण में प्रशस्तनक्षत्र,

दोषसत्त्व में इतिकर्तव्यता, गृहार्थ क्षेत्रफलनिर्णय, हस्तात्मकक्षेत्रफलत्रुटिविषय में इतिकर्तव्यता, गृह में हस्तप्रधानता, गृहपिण्डसाधन, गृहपिण्ड से आयाद्यायन, ऋणधनज्ञान, गृह-प्रवेश-नक्षत्रैक्यफल, ताराफल, गृह में भकूटफल, नाडीवैशिष्ट्य, सूर्यादिवारफल, राजा का गृहनिरूपण, उत्तमोत्तमाधमगृहविचार, सेनापतिगृहप्रमाण, राजमहिषी-सचिवगृहप्रमाण, युवराज-युवराजानुजगृहप्रमाण, सामन्त-प्रवर-राजपुरुष- कञ्चुकि-वेश्या-कलाज्ञों का गृहप्रमाण, दैवज्ञ-पुरोहित-भिषग्गृहप्रमाण, अध्यक्षाधिकृत-कर्मान्ताध्यक्षदूतों के गृहप्रमाण, ब्राह्मणादिवर्णचतुष्टयगृहप्रमाण, ब्राह्मणादिगृह में वैशिष्ट्य, कोष-रति-राजपुरुषगृहप्रमाण, पारशवादि (अनुलोम-विलोम जाति से उत्पन्न मनुष्यों) के वास्तुप्रमाण, वास्तु में कश्यपप्रोक्त **गृहोच्छ्रृतिमान**, पारशवाश्रमियों के धान्य-आयुध-वाहन-रतिगृहों का परमत से उच्छ्रायमान, तृणगृहोच्छृति, गृहमाप में हस्ताधिकारी, शालालिन्दप्रमाण, वीथिका प्रमाण-तदुपलक्षित वास्तुओं का नामनिरूपण, समस्त वास्तु में भौमप्रमाण, भौमसंख्याविषय में विश्वकर्ममत, गृहोच्छ्राय में हस्तसंख्यानिरूपण, वराहमत में भित्तिप्रमाण तथा गर्गमत में भित्तिप्रमाण-विषय निरूपित हैं। **सप्तम भाग** में संगृहीत विषय हैं-नृपसचिवों का द्वारज्ञान, चातुर्वर्ण्य का द्वारप्रमाण, शाखोदुम्बरादिकाष्ठप्रमाण, स्तम्भप्रमाण, स्तम्भों का नामनिरूपण, किरणतन्त्रानुसार स्तम्भनाम, भारतुला-तुलोपतुलाप्रमाण, सर्वतोभद्रलक्षण, नन्द्यावर्तलक्षण, वर्धमानवास्तुलक्षण, स्वस्तिकलक्षण, रुचकलक्षण, पञ्चचतुःशालवास्तुफल, त्रिशालवास्तुलक्षण और नाम, द्विशालवास्तुलक्षण और नाम, शालाभेद से वास्तुसंख्याविचार, गृहाकृतिप्रमाण, गृहाकृतिफल, गृहस्थ के प्रशस्तकर्म, गृह में शालाविचार, शालाभेद, गृहादि षोडश गृहज्ञान के लिए नारदोक्त प्रस्तार, गृहनाम, ध्रुवादिनामगृह के फल, ध्रुव का भौमप्रमाण, शिखरभेद से फल, एकशालगृह में द्वारवशात् नामफल, द्विशालवास्तुनाम और फल, द्विशालगृहनिर्माण में विचार, त्रिशाल-चतुःशालगृह में द्वारवशात् नाम और फल, प्रासादशालाप्रमाण, गृह में कार्यानुसार दिक्स्थाननिर्णय, वास्तुपुरुष का नामान्तरवशात् कार्यनिर्देश, वास्तुपुरुष का नामनिरूपण, आयनाम, आवश्यकतानुसार मन्थनादिगृहस्थाननिर्देश, गवाक्ष-स्वाग्रजश्रेष्ठपुरुषगृहस्थान, आयादिविचार, परस्पर आयादिपरिवर्तन तथा वास्तुजलस्थान। **अष्टम भाग** विश्वकर्ममत में दिग्लक्षण, प्रकारान्तर से जलस्थान, एकाशीतिपद-वास्तुवेदी पर रेखाकरण, एकाशीतिपदवास्तुदेवतानिरूपण, वास्तुवेदी के आभ्यन्तर में स्थित देवताओं का निरूपण, वास्तुदेवतापदनिरूपण, वास्तुवेदी के बाहर स्थित देवता, वास्तुपुरुष के अङ्गविभाग से देवता, चतुष्षष्टिपद वास्तुनर का विभागवर्णन, वास्तुनर का मर्मज्ञान, मर्मस्थानोत्पीडन विषय, शकुनशल्यज्ञान, शल्यफल, मर्मप्रमाण, वंशशिराप्रमाण, वास्तुवेदीविभागरेखानामनिरूपण, **ब्रह्मवेधफल**, विकलवास्तुफल, नगरग्रामों में भी वास्तुदेवताविचार-विषयों से संवलित है। ग्रन्थ के अन्तिम **नवम भाग** में वर्णानुक्रम से वासदिशानिरूपण, मुख्यद्वारनिर्णय, मध्यद्वारस्थाननिर्णय, एकभित्तिसम्बद्धगृहद्वयनिषेध, पूर्वदिशा में द्वार का फल, दक्षिणद्वारफल, पश्चिमद्वारफल, उत्तरद्वारफल, द्वारप्रमाण, द्वारविषय में वराहोक्ति,

वराहोक्तपूर्वद्वारफल, वराहोक्तदक्षिणद्वारफल, वराहोक्तपश्चिमद्वारफल, वराहोक्तोत्तरद्वारफल, दीपिकामत से वासस्थान, दिशाओं में शुभाशुभद्वारनिर्णय, द्वारफलबोधक चक्र, वास्तुपदनिष्ठदेवस्थानद्वारफल, समाससंहिता में परिपोषण वचन, द्वार के विषय में गर्गवचन, द्वारविषय में विश्वकर्मा का वैशिष्ट्य, बृहत्संहिता के अनुसार द्वारवेधफल, द्वारवेध में विशेषफल, द्वारवेधापवाद, द्वार के कपाटविषय में वराहवचन, द्वारविषय में वैशिष्ट्य, कोणवास का फल, वेदी के बाह्यभाग में स्थित देव, दृष्टिवेध, वेध में वैशिष्ट्य, द्वारोपरि द्वारविषय में विशेष, कूप में छायावेधविचार, छायावैशिष्ट्य, गृह में लक्ष्मीवास में कारण, गृहारम्भ में मासफल, मत्स्यपुराणोक्त मासफल, गृहारम्भविषय में नारदवचन, द्वार को लक्ष्य कर सौरमासनिरूपण, तृणगृहविषय में विशेष वचन, **जगन्मोहन** के अनुसार सौरमास में गृहनिर्माणविचार, निषेधवचन, मासविषय में वैशिष्ट्य, प्राणिविशेष से गृहनिर्माण में मास, पक्षतिथिपरत्व से गृहारम्भफल, गृहारम्भसमयवैशिष्ट्य, गृहनिर्माण में नक्षत्र, मत्स्यपुराणानुसार योगविचार, गृहारम्भ में मुहूर्तविचार, गृहारम्भ में लग्नफल, लग्न में रव्यादिग्रहफल, गृहारम्भ में सम्मुखस्थचन्द्रफल, ब्रह्मशम्भुमत से चन्द्रविचार, कोणद्वारव्यवस्थापन, गृहारम्भ में सप्तशलाकाचक्र, नक्षत्रायवश द्वारविचार, आयसम्बन्धी नक्षत्र, गृहारम्भ में लग्नबल, रत्नमालानुसार लग्नबल, दैवज्ञवल्लभ के अनुसार गृहारम्भयोग, गृहारम्भ में अन्यान्य योग, परहस्तगत गृहयोग, गृहारम्भ में शुभ योग, अग्निभयदयोग, यक्षादिभययोग, गृहारम्भ में विशेष (राजयोग), वसिष्ठमत से लग्नबल, गृहारम्भ में शङ्कुस्थापन, शङ्कुस्थापन में ग्राह्य काष्ठविचार, शङ्कुरोपण में मुहूर्त, शङ्कुरोपण मुहूर्त के विषय में लल्लमत, गर्गवचन, माण्डव्यमत से शिलान्यासादिमुहूर्तविचार, अस्तदोषापवाद, शिलान्याससस्थान, शिलान्यास-विधिनिरूपण, शिलान्यास में निर्देश, शिलान्यासमन्त्र, वास्तुपूजाविधि, वास्तुदेवप्रतिमाविधान तथा पूजनविधि, वास्तुपूजा के अभाव में दोष-विषय संगृहीत हैं। ग्रन्थ के परिशिष्ट भाग में भी वास्तुसम्बन्धी विस्तृत विवरण प्रदत्त हैं, यथा-वास्तु में हस्तप्रमाण में अधिकारी, हस्तप्रमाण, वास्तु में भित्तिप्रमाण, गृहपिण्डसीमा के विषय में नारदविचार, गृह में स्रावविचार, अजिरविचार, गृह में चन्द्रवासविचार, जलाशयारम्भ में जलज्ञान, कूप में निर्झरज्ञान, राशिवशात् जलज्ञान, जलाशय में मृत्तिकाविचार, जलविषय में पुनर्विचार, दीपद्वारा जलज्ञान, गृह में सूर्यचन्द्रवेधविचार, मण्डलेशज्ञान और फल, व्ययज्ञान, गृहारम्भ का दिङ्निरूपण, वेधविचार, दशाविचार में स्थाननिर्णय, गृह में दशेशों का फल, ग्रामादिवास में काकिणीविचार, गृहपिण्डसारिणी तथा मेलापकसारिणी।

वास्तुसौख्य ग्रन्थ में गृह के दो अङ्गों-निर्माण और प्रवेश की विधियों पर प्रकाश डाला गया है जिनमें वराह, **लल्ल** द्वारा व्याख्यात, वसिष्ठ, गर्ग, ब्रह्मा, शम्भु, विश्वकर्मा के सिद्धान्तों का अनुसरण किया गया है। वास्तुशास्त्रीय सिद्धान्तों के सत्यापन तथा वर्धापन में धर्मशास्त्र के ग्रन्थों, स्मृतियों एवं वृद्धगर्ग, गर्ग, कश्यप प्रभृति ऋषियों के वचनों को टिप्पणी

के रूप में उद्धृत किया गया है। तृतीय संस्करण के इस प्रकाशन के आरम्भ में प्रो0 वेम्पटि कुदुम्बशास्त्री द्वारा देववाणी में प्रस्तावना दी गयी है। तत्पश्चात् मंगलाचरण एवं प्रथम संस्करण की भूमिका के साथ ग्रन्थकार के जीवनवृत्त, ग्रन्थपरिचय तथा विस्तृत विषयानुक्रमणिका का सन्निवेश है। परिशिष्टान्तर्गत मेलापक-अङ्कन के साथ ग्रन्थ समाप्त होता है।

शिल्परत्न (श्रीकुमार)

स्थापत्यकला का अपूर्व तथा महार्घ ग्रन्थ "शिल्परत्न" दो भागों में मूल रूप में प्राप्त है। पूर्वभाग अनन्तशयन ग्रन्थावलि के ग्रन्थाङ्क 75 तथा उत्तरभाग ग्रन्थाङ्क 98 के अन्तर्गत प्रकाशित है। पूर्वभाग का संशोधन-सम्पादन संस्कृत ग्रन्थप्रकाशन-कार्याध्यक्ष टी0 गणपति शास्त्री ने किया है जो श्रीमूलकरामवर्मकुलशेखरमहाराज के शासन में कोलम्बाब्द 1097, ई0 सन् 1922 में प्रकाशित है। उत्तर भाग के सम्पादक तत्कालीन संस्कृतग्रन्थ प्रकाशन कार्याध्यक्ष के0 साम्बशिव शास्त्री हैं। यह श्रीसेतुलक्ष्मी महाराज्ञी के राज्याश्रय में कोलम्बाब्द 1104, ई0 सन् 1929 में प्रकाशित है। केरल के भार्गवगोत्रीय, ब्राह्मणकुलोत्पन्न, समादृत शिल्पज्ञ **श्रीराम** के पुत्र, शिल्पविद्याविशारद **श्रीकुमार** ने प्राचीन शिल्पागमों से विषयसङ्कलन कर इस ग्रन्थ को आकार दिया है।[1] वञ्चिराज्यान्तर्गत अम्बलप्पुल नगर को राजधानी बनाकर शासन करने वाले भूपति देवनारायण की आज्ञा से उनके राज्याश्रय में इसके प्रतिलेखन का कार्य सम्पन्न हुआ है। विद्वत्प्रिय भूपति देवनारायण का काल ईसा की 16वीं शताब्दी का अन्तिम भाग निर्धारित है। तदनुसार श्रीकुमार द्वारा इस ग्रन्थ के प्रणयन का काल भी ईसवीय 16 वीं शताब्दी का अन्तिम भाग निश्चित होता है।

ग्रन्थ के पूर्व भाग में 46 अध्याय हैं जो 258 पृष्ठों में पूर्ण हुए हैं। इस भाग में गृहग्रामादिनिर्माण से सम्बद्ध विषय हैं। विषयसङ्केतक अध्यायों का क्रम इस प्रकार है- 1. गुर्वादिलक्षण, 2. मानसाधनकथन, 3. भूमिलक्षण, 4. भूमिपरिग्रहण, 5. ग्रामादिलक्षण, 6. पदविन्यास, 7. वास्तुपूजाविधान, 8. द्वारविन्यासलक्षण, 9. देवालयस्थाननियम, 10. खातविधि, 11. दिक्परिच्छेद, 12. गर्भस्थापन, 13. वास्तुमर्मविधान, 14. शिलादार्वादि-साधनलक्षण, 15. आयादिलक्षण, 16. प्रासादलक्षण, 17. पादाधिष्ठानाद्युन्नतिनियम, 18. उपपीठलक्षण, 19. अधिष्ठानलक्षण, 20. नाललक्षण, 21. भित्तिवेदिकास्तम्भलक्षण, 22. द्वारलक्षणकथन, 23. तोरणलक्षण, 24. जालकलक्षण, 25. कूटकोष्ठविधान, 26. पञ्जरकरणविधान, 27. वृत्तस्फुटितलक्षण, 28. कुम्भलताविधान, 29. उत्तरलक्षण,

---

1. ब्राह्मं क्षात्रं च तेजोऽहमहमिकया वर्णिते यत्र वीरे
तस्य देवनारायणधरणिपतेराज्ञयाज्ञाकरोऽहम्।
मन्दोऽप्यत्यन्तमोहादतिविपुलतरेभ्योऽथ पूर्वागमेभ्यः
संक्षिप्तं शिल्परत्नं प्रतिलिखितुमधुना प्रक्रमे तत्क्रमेण।। शिल्परत्न 1/7

30. प्रस्तरविधान, 31. गलविन्यासलक्षण, 32. शिखरलक्षण, 33. लुपालक्षण, 34. मूर्धेष्टकाविन्यास, 35. नासिकालक्षण, 36. स्तूपिकालक्षण, 37. शान्तिकादिनियम, 38. वृत्तषडश्रादिप्रासादलक्षण, 39. मण्डपविधान, 40. पञ्चप्राकारलक्षण, 41. गोपुर-विधान, 42. परिवारविधान, 43. बलिपीठलक्षण, 44. ध्वजलक्षणकथन, 45. सन्धिलक्षण तथा 46. चित्रलक्षण।

उत्तरभाग में 251 पृष्ठों में 35 अध्यायों के अन्तर्गत इस शास्त्र के विषयों का समावेश है। ये क्रमशः इस प्रकार वर्णित हैं-1. बिम्बादिसाधनविधि, 2. लिङ्गलक्षण, 3. लक्षणोद्धारविधि, 4, प्रतिमोत्सेधविधि, 5. उत्तमदशताललक्षण, 6. मध्यमदशताललक्षण, 7. अधमदशताललक्षण, 8. उत्तमनवताललक्षण,9. मध्यमनवताललक्षण, 10. अधमनवताललक्षण, 11. अष्टताललक्षण, 12. सप्तताललक्षण, 13. षट्‌ताललक्षण, 14. पञ्चताललक्षण, 15. चतुस्तालविधि, 16. किरीटकटकादिलक्षण, 17. शूलस्थापनलक्षण, 18. रज्जुबन्धलक्षण, 19. मृल्लेपनविधि, 20. देवीकुमारलक्षण, 21. वाहनलक्षण, 22. ध्यान में शैवप्रकरण, 23. ध्यान में वैष्णवप्रकरण, 24. ध्यान में शाक्तप्रकरण, 25. इन्द्रादिदेवताध्यानप्रकरण, 26. बिम्बदोषलक्षण, 27. पीठादिलक्षण, 28. प्रतिष्ठाविधान, 29. जीर्णोद्धारप्रकरण, 30. लिङ्गप्रसादप्रकरण, 31. मनुष्यालयलक्षण, 32. कूपप्रश्नविधान, 33. आसनादिपरिच्छदलक्षण, 34. कर्मकारवेतनाक्रम तथा 35. शस्त्रलक्षण।

"शिल्परत्न" प्रथम भाग के संयोजन में आदर्शभूत केरल लिपि में प्राप्त तालपत्रात्मक दो पाण्डुलिपियों का उल्लेख है-क. राजकीय ग्रन्थशाला की पाण्डुलिपि तथा ख. मणिलिक्करमठसम्बन्धी । इनके अतिरिक्त कोच्चि राज्य के कुन्नड्कुल निवासी काणिप्पैयूरु परमेश्वरनम्बूतिरि के सौजन्य से तथा चिरक्कल राजभवन से प्राप्त दो आदर्शों से पाठविचार में सहायता मिली है जिन्हें "ग" और "घ" सङ्केत से इस भाग के अन्त में 49 पृष्ठों में सन्निविष्ट किया गया है। उत्तर भाग का संशोधन/सम्पादन जिन आदर्शों के आधार पर किया गया है, वे हैं-क. राजकीय ग्रन्थशाला, अनन्तशयन की पाण्डुलिपि, ख. तिरुवल्ला के कुलिक्कट्टिल्लं ब्रह्मश्री पि0 नारायणन् भट्टतिरिस्वामी के सकाश से प्राप्त प्रति, ग. मणिलिक्करमठाधिपति ब्रह्मश्री केशवस्वामी, कल्कुलं से प्राप्त, तथा घ. कुन्नत्तुनाटु ओलवूर-श्रीमन्नारायणन् नम्पियार स्वामीसम्बन्धी पाण्डुलिपि। पादटिप्पणी से संवलित मूलभाग के अस्पष्ट पाठों के स्थल +++ सङ्केत से चिह्नित हैं। मनुष्यालय तथा देवालयनिर्माण का साङ्गोपाङ्ग विवरण प्रस्तुत करने वाला यह ग्रन्थ स्थापत्यकला का एक सम्पूर्ण प्रबन्ध है।

शिल्परत्नकोश (निरञ्जनमहापात्र)

"शिल्परत्नकोश" उत्कल शैली की स्थापत्यकला का ग्रन्थ है जिसमें उत्कलप्रदेश के देवालयों, उनके विविध अवयवों, देवालयप्रकारों तथा देवमूर्तियों का विवरण सन्निहित है। विषयवर्णनक्रम में प्रासादशिल्प की पारिभाषिक शब्दावली की व्याख्या इस ग्रन्थ की प्रमुख विशेषता है। इन्दिरा गान्धी राष्ट्रीय कला केन्द्र के कलामूलशास्त्रग्रन्थमाला के 16वें ग्रन्थाङ्क के अन्तर्गत इसका प्रकाशन इन्दिरा गान्धी राष्ट्रीय कलाकेन्द्र, नई दिल्ली तथा मोतीलाल बनारसीदास पब्लिशर्स प्रा0 लि0 दिल्ली के संयुक्त तत्त्वावधान में ई0 सन् 1994 में हुआ है। मूल संस्कृत सहित इसका समीक्षात्मक सम्पादन बेटिना बूमर तथा राजेन्द्र प्रसाद दास ने आङ्ग्लभाषानुवाद तथा सचित्र विवरण के साथ किया है। उत्कलप्रदेश के भरद्वाजगोत्रीय, स्थपतिकुलोत्पन्न **निरञ्जन महापात्र** ने शकाब्द 1542, ई0 सन् 1620 में इस ग्रन्थ की रचना की है।

मूलग्रन्थ का स्वरूप श्लोकबद्ध रूप में, दो खण्डों में है । प्रथम खण्ड प्रासाद- निर्माण से सम्बद्ध है जिसका कोई प्रारम्भिक सङ्केत नहीं है। पुष्पिकासहित यह भाग 435 श्लोकों में पूर्ण हुआ है। द्वितीयखण्ड (प्रासादमूर्ति) में श्लोकों का सातत्य पूर्वक्रम से प्राप्त है जो 436 से 481 तक की सङ्ख्या तक है। 481वें श्लोक में विहित प्रतिज्ञा[1] के अनुसार आगे के 36 श्लोकों का संग्रह "प्रतिमालक्षण" शीर्षक के अन्तर्गत सन्निविष्ट है जो किसी एक पाण्डुलिपि से प्राप्त हुआ है। मङ्गलाचरण के पश्चात् ग्रन्थ का आरम्भ भास्करमतानुसार **रेख** और **पीढ** नामक दो प्रकार के प्रासादों के उल्लेख के साथ हुआ है। पुरुषाकार विमान, भित्तिपीठ, सौम्यभद्रपीठ, पद्मपीठ, मुक्तपद्मपीठ, वर्तुलपीठ, महापीठ, त्रिवर्त वज्रमुण्ड, त्रिवर्तुल वज्रमुण्ड, वज्रमस्तक, सिंहपीठ, वलापीठ, कौलभट्टारकपीठ, पुष्करखुर, कणिपीठ और पंचकर्म, लीलापट्ट और राजबन्ध, जाङ्घ, लताजाङ्घ, विमानशिखरिका, चालमण्डनशिखरिका, खाकारशिखरिका, नागस्तम्भ, धर्मविराल, निशासहित रेखशिखर, ललितस्तम्भ, दिव्यस्तम्भ, जलकुम्भी, पर्यङ्कस्तम्भ, पीढचाल एवं घण्टिचाल, खर्पर, कमलपीठिका खर्पर, शरावपात्रखर्पर, वसाखर्पर, कसाखर्पर, वर्तुल आमलक, कण्यामलक, मृदङ्गामलक, यूपकुम्भ, कुम्भकलश, पूर्णकुम्भ, मङ्गलकुम्भ, आयुध, कोणक, मेलन और भूमि, अनुरथ शिखर, मणिजालिका अनुरथ, गृह अनुराहा, कुम्भिक अनुराहा, वज्रमस्तक, कर्णसिंह, मञ्जुश्रीप्रासाद, वटुशिखर, कौलभवनलक्षण, समखाकार, विषमखाकार, दीर्घविषमखाकार, द्वारबन्ध, तोरण, द्विविध मूर्तियाँ–अर्चा एवं मण्डना, अव्यक्तव्यक्तमूर्तियाँ, ध्यानमूर्ति, यूपसंस्थापन, शैलमूर्ति, दारुमूर्ति, धातुमूर्ति, मृन्मूर्ति, स्थपति के लिए

1. शैलमूर्तिः प्रकर्तव्या मूर्तिज्ञानार्थमुत्तमम्।
वर्णयामि पृथग्रूपे प्रतिमालक्षणं तथा।। शिल्परत्नकोश 481

धातु-मृन्मूर्तिकरणनिषेध, ज्ञानप्रशंसा इत्यादि विषय इस ग्रन्थ के प्रतिपाद्य हैं । भिन्न क्रमाङ्क 36 श्लोकों में मूर्तिनिर्माण के लिए निर्दुष्ट शिला के प्रयोग, शिलाविभाग, पञ्चक्षेत्र (आसन-गणस्थान-मण्डल-दैवमण्डल-प्रतिमाकरण)-निर्णय, पञ्चक्षेत्रस्वरूप, न्यासकर्म, आयुध, मण्डन, **त्रिविध विग्रह** (लास्य-उग्र-भयङ्कर)-विधान,नेत्रकपालनासिकोष्ठचिबुककण्ठ-वृक्षोदरकटिभागस्वरूपनिर्णय इत्यादि निर्देशों के साथ यह प्रकरण समाप्त होता है। उत्कलप्रदेशस्थ स्थपतिद्विवर्ग-विरजामण्डली तथा माहेन्द्रमण्डली के उल्लेख के साथ इस शिल्पज्ञान को 'गोपन' तथा केवल शिल्पियों के लिए देय बताया गया है।

"शिल्परत्नकोश" के इस प्रथम संस्करण के सम्पादन में निम्नाङ्कित 3 पाण्डुलिपियाँ आदर्शभूत हैं-

A. गंजाम जनपद के योगेन्द्र विश्वकर्मा के पास से प्राप्त उत्कल लिपि में तालपत्रात्मक पाण्डुलिपि जिसमें 47 पत्र हैं तथा एक-एक पर 3-4 पङ्क्तियाँ अङ्कित हैं। इस पर पृष्ठ अथवा पत्र संख्या अङ्कित नहीं है तथा इसमें "प्रतिमालक्षण" भाग नहीं है।

B. गंजाम जनपद के नर महाराणा के सकाश से प्राप्त उत्कल लिपि में तालपत्रात्मक पाण्डुलिपि जिसमें 26 पत्र हैं तथा प्रत्येक पर 4-4 पङ्क्तियाँ उत्कीर्ण हैं। प्रथम 13 पत्रों तथा पत्र सं0 18,24,25 के किनारों पर चित्र हैं। इसमें "प्रतिमालक्षण" भाग समाविष्ट है, किन्तु यह अपूर्ण है।

C. गोपालतीर्थमठ, भुवनेश्वर के स्वामी गोपालतीर्थ के अनुग्रह से प्राप्त (पुस्तक संख्या 505) यह प्रति कागज के पत्रों पर देवनागरी लिपि में है। इसमे 74 पृष्ठ हैं । यह पाण्डुलिपि पूर्ण है किन्तु इसमें "प्रतिमालक्षण" तथा कोई चित्र नहीं है। यह एक अन्य ग्रन्थलिपि "अद्वैतपीठस्य विश्वेश्वरपद्धति" के साथ ग्रथित है।

इस संस्करण के प्रारम्भ में आङ्ग्लभाषा में 23 पृष्ठों की भूमिका में विषय तथा इसके प्रकाशन सम्बन्धी सूचनाएँ दी गयी हैं। अन्त में शब्दकोष, श्लोकानुक्रमणी, पदानुक्रमणी तथा चित्रपट्ट संयोजित हैं।

वास्तुमाणिक्यरत्नाकर (मातृप्रसाद पाण्डेय दैवज्ञ)

"वास्तुमाणिक्यरत्नाकर" विद्याभवन प्राच्यविद्याग्रन्थमाला के 121 वें ग्रन्थाङ्क के अन्तर्गत चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी से ई0 सन् 2002 में पुनर्मुद्रित संस्करण के रूप में प्रकाशित है। ग्रन्थकार साङ्कृत्य गोत्रोत्पन्न **पं० मातृप्रसादपाण्डेय** ने स्वरचित श्लोकों में सुधा (सुधाधारा[1]) भाषाटीका के साथ गृहनिर्माणसम्बन्धी सभी विवरणों का सङ्ग्रह प्रस्तुत

1. आन्तरिक मुखपृष्ठ पर "सुधा" तथा 1,2 प्रकरणान्त की पुष्पिकाओं में "सुधाधारा" टीका अङ्कित है।

किया है। इसकी रचना वि0सं0 1913, ई0 सन् 1856 में हुई है[1] तथा इसका संस्कार पं0 रामतेजपाण्डेय ने किया है। ग्रन्थ का विषयविस्तार 4 प्रकरणों में किया गया है। **प्रथम, वास्तुप्रकरण** में मङ्गलाचरण के पश्चात् गृहावश्यकता, ग्रामवासविचार, राशिवश ग्रामवासनिषेध, विप्रादि के लिए हितकर भूमि, भूमिगन्धादिज्ञान, गजपृष्ठलक्षण, कूर्मपृष्ठलक्षण, दैत्यपृष्ठलक्षण, नागपृष्ठलक्षण, जीवितादिभूमिविचार, शल्यविचार, भूमिपरीक्षा, खनन में पाषाणादिदर्शनफल, भूमिशयन, शुभशकुन, खननकोणनिर्णय, **खनननिर्णय**, वास्तुपुरुषवास, कूर्मचक्र, दशाज्ञान, दशाधीश, दशाफल, गृहवृद्धिविचार, काकिणीविचार, दिक्साधन, राशिनिर्णय, गणनाविचार, भकूटचक्र, नक्षत्रनाडीबोधकचक्र, गुणबोधचक्र, हस्तप्रमाण, पिण्डप्रकार, मुख्यपिण्डचक्र, दीर्घविस्तारप्रकार, गृह के आय, आयादिकानयन, ध्रुवादिषोडशगृहज्ञान, ध्रुवादिगृहाक्षरसंज्ञा, दातादिमण्डलज्ञान, सूर्यचन्द्रवेधज्ञान, गृहद्वययोगनिषेध, अलिन्दप्रमाण, भित्तिविचार, गृहारम्भमासफल, वृषभचक्र, गृहारम्भनक्षत्र, सूतीगृह में विशेष, गृहारम्भकालनिरूपण, गृहारम्भ में कालनिषेध, गृहचन्द्रनक्षत्रशुभाशुभज्ञान, अन्यहस्तप्राप्तियोग, गृहारम्भकुण्डलीफल, नक्षत्रविशेषफल, असत्फल, असद्योग, गृहारम्भ में शुभयोग, आयमासतिथिनक्षत्रपरत्वेन गृहद्वार, द्वारविचार, द्वारचक्र, वेध, वेधापवाद, गृहोच्छ्राय-द्वारोच्छ्रायप्रमाण, दिक्परत्वेन गृह (भवन) में गृह(शाला)करण, षोडशगृहचक्र, गृहवारिनिःसारणस्थानफल, **कूपफल**, अजिरानयन, द्वारशाखास्थापनचक्र, स्थापननक्षत्र, चतुर्दिक्वृक्षफल, गृह में ग्राह्य एवं त्याज्य काष्ठ, चरणीविचार, गजराजगृहनिर्माण, गजलक्षण तथा अश्वलक्षण-विषयों का प्रतिपादन किया गया है। **द्वितीय, गृहप्रवेशप्रकरण** में निरूपित विषय हैं-वास्तुशान्तिमुहूर्त, गृहप्रवेशमुहूर्त, जीर्णदग्धगृहप्रवेश, वामरविज्ञान, कुम्भचक्र। **तृतीय, जलाशयप्रकरण** के अन्तर्गत जलाशयनिर्माणावश्यकता, कूपचक्र, कूपमुहूर्त, जलविचार, चन्द्रवासज्ञान, जलादिज्ञान, कूप में मृत्तिकाविचार, तडागचक्र, वापीचक्र, इष्टकारम्भचक्र, इष्टकारम्भमुहूर्त, नेवारविचार, जीर्णोद्धार तथा जलादिप्रतिष्ठामुहूर्त से सम्बद्ध विवरण दिये गये हैं। **चतुर्थप्रकरणान्तर्गत** 28 पृष्ठों में गृहसारिणीचक्र प्रदर्शित किये गये हैं। 98 पृष्ठों की इस विषयसामग्री के पश्चात् **"वास्तुकर्मसर्वस्वम्"** शीर्षक के अन्तर्गत 55 पृष्ठों में विश्वकर्मप्रकाश तथा अग्निपुराणादि के अनुसार शिलाप्रमाणादि के प्रकरण के साथ पूजनपद्धति, देहलीन्यास तथा वास्त्वर्चनपद्धति का विवरण संकलित है।

गृहनिर्माणविधान के क्षेत्र में यह अवान्तरकालीन रचना है किन्तु इसका प्रकाशन व्यवस्थित रूप से नहीं किया गया है। प्रकरणविभागों का आरम्भ तथा अन्त में स्पष्ट निर्देश

1. ग्रन्थ के अन्त में जोड़े गये एक पर्ण के सम्मुख पृष्ठ पर ग्रन्थकार की ओर से दी गयी विज्ञप्ति में सं0 1913 तिथि अङ्कित है। पृष्ठभाग पर एक श्लोक में प्रदत्त ग्रन्थकृत्परिचय की अन्तिम पङ्क्ति "षट्पञ्चाष्टधराशके व्यरचयत् सोऽयं शिवपो(प्री?)तये।।"-में 1856 शकाब्द उल्लिखित है जो पूर्वपृष्ठगत दिनाङ्क से मेल नहीं खाता।

नहीं है। अपेक्षित उपयोगी भूमिका के अभाव में ग्रन्थ के रचनाकाल, संस्करण, स्वरचित एवं संकलित सामग्री के परिज्ञान में कठिनाई होती है।

वास्तुप्रकरण

यह ग्रन्थ विश्वभारती पुस्तकालय के पाण्डुलिपिविभाग में पाण्डुलिपि के रूप में है जिसकी सङ्ख्या 1614 है। यह देवनागरी लिपि में 29 पत्रों पर उत्कीर्ण है। इसमें प्रतिलिपिकार के नाम अथवा प्रतिलिपिकाल का सङ्केत नहीं है। इस पाण्डुलिपि में स्थापत्य तथा वास्तुविद्या के विशेषज्ञों-गौतम, **गार्ग्य,** विश्वकर्मा इत्यादि का उल्लेख प्राप्त होता है। इस पाण्डुलिपि को पूर्व के पारम्परिक शिल्पग्रन्थों का सङ्कलनमात्र कहा गया है।[1]

शिल्पशास्त्र

पंजाब ओरिएण्टल सीरीज के ग्रन्थाङ्क 17 के रूप में ई0 सन् 1928 में मोतीलाल बनारसीदास से प्रकाशित "शिल्पशास्त्र" उत्कलपरम्परा का स्थापत्यग्रन्थ है जिसका सम्पादन आङ्ग्लभाषा में भूमिका, टिप्पणी तथा अनुवाद के साथ प्रो0 फणीन्द्रनाथ बोस ने किया है। सम्पादक के विचार में इस ग्रन्थ का **"शिल्पशास्त्र"** नाम सामान्यतया प्रोक्त है, इसमें भवननिर्माण से सम्बद्ध वर्ण्य सामग्री सङ्गृहीत है, अतएव इसे "वास्तुशास्त्र" कहना अधिक युक्तियुक्त है। ग्रन्थकर्ता के रूप में उत्कलप्रदेशीय **बाउरी महाराणा** का नामोल्लेख प्राप्त होता है जिन्होंने स्वयं को विश्वकर्मा कहा है किन्तु इस प्रबन्ध के मूल संस्कृत श्लोकों के रचनाकार के रूप में उनके नाम पर सन्देह व्यक्त करते हुए सम्पादक ने उन्हें उत्कलभाषाटीका का लेखक बताया है। निःसन्दिग्धतया श्री विश्वकर्मा को भी इसका कर्ता मानना दुष्कर होने से कृतिकार का नाम एवं काल निश्चित नहीं हो पाया है। समग्र विश्व के हित के लिए इस ग्रन्थ के प्रणयन की बात कही गयी है।

"शिल्पशास्त्र" का आकार 31 पृष्ठों के अन्तर्गत 5 अध्यायों में उपनिबद्ध है। **वास्तुलक्षण** नामक **प्रथम अध्याय** में नक्षत्रशुद्धि से गृहनिर्णय, **षोडशवास्तुभूमि** (आयत, चतुरस्र, छत्र, भद्रासन, चक्र, विषमबाहु, त्रिकोण, शकटाकृति, दण्ड, प्रणव, मूर्ति, गृहद, व्यजन, कूर्मक, धनुराकार तथा सूर्यक), भूमिशुभाशुभफल, तिथिशुद्धि, वारफल, नक्षत्रफल; **द्वितीय अध्याय** में गृहबन्ध (**गृहबन्ध** के 8 प्रकार- ध्वज, धूम्र, सिंह, श्वा, वृष, खर, गज, ध्वांक्ष), नागप्रमाण, वास्तुनागविचार; **तृतीय** में सूत्रलक्षण; **चतुर्थ** में मंगलारोपणविधि, गृहवृद्धि, शुभवृक्ष तथा **पञ्चम** में गृहप्रवेशविधि वर्णित है।

उत्कलभाषाटीका के साथ प्रकाशित "शिल्पशास्त्र" की आदर्शभूत सामग्री का विवरण निम्नवत् प्रदत्त है –

---

1. शिल्पशास्त्र की भूमिका, पृ0 v, एम.एल.बी.डी., 1928

अ. **"शिल्पसदाजय"** नाम की यह पाण्डुलिपि उत्कलप्रदेश के बनतली ग्राम के करुणि महाराणा के पुत्र नीलकण्ठ महाराणा से प्राप्त है।

ब. **"भुवनप्रवेश"** नाम वाली यह पाण्डुलिपि पुरी के गोविन्द महाराणा के पुत्र श्री बाबाजी महाराणा से सम्बद्ध है। इसमें वास्तु तथा अन्य सम्बद्ध विषय वर्णित हैं।

स. उत्कललिपि में यह "शिल्पशास्त्र" कटक प्रिंटिंग कम्पनी लिमिटेड से 1923 में प्रकाशित है।

प्रकृत ग्रन्थ में प्रारम्भ में 29 पृष्ठों में विस्तृत भूमिका है। ग्रन्थ के अन्तिम पञ्चम अध्याय में मूल संस्कृतश्लोक प्रकाशित नहीं हैं, आङ्ग्लभाषानुवाद के साथ केवल उत्कलभाषा टीका प्राप्त है। पाण्डुलिपि "ए" में संस्कृत श्लोकों के अत्यन्त अशुद्ध होने के कारण इस अध्याय के श्लोक प्रकाशित नहीं हो सके हैं, ऐसा सङ्केत सम्पादक ने दिया है। ग्रन्थ के अन्त में एपेण्डिक्स I में पुराणों तथा प्राचीन पारम्परिक ग्रन्थों से 2 पृष्ठों में भूमिपरीक्षाविषयक श्लोक दिये गये हैं। एपेण्डिक्स II में "वास्तुप्रकरण" (पाण्डुलिपि) का विवरण प्रदत्त है। इसके पश्चात् वर्णानुक्रम से एकपृष्ठात्मक शब्दसूची दी गयी है।

वास्तुरत्नाकर (विन्ध्येश्वरीप्रसाद द्विवेदी)

"वास्तुरत्नाकर" वास्तुविज्ञान एवं स्थापत्यकलासम्बन्धी प्रकरणों का एक संग्रहग्रन्थ है जिसमें शुल्बसूत्र, बृहत्संहिता, विश्वकर्मप्रकाश, राजमार्तण्ड इत्यादि प्रमाणग्रन्थों का आधार लेते हुए **श्री विन्ध्येश्वरीप्रसाद द्विवेदी**, ज्योतिषाचार्य ने विषयसंग्रह किया है। उत्तरप्रदेश के आजमगढ़ जनपदान्तर्गत ब्रह्मपुर ग्राम में जन्म लेकर तथा काशी में अध्ययन करते हुए ज्योतिष में आचार्य की परीक्षा उत्तीर्ण कर इन्होंने ग्रन्थलेखन का कार्य प्रारम्भ किया। विक्रम संवत् 1991 तदनुसार ई0 सन् 1934 में इन्होंने हिन्दी व्याख्या एवं टिप्पणी के साथ "वास्तुरत्नाकर" का प्रणयन किया जो चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी से हरिदास संस्कृत सीरीज के ग्रन्थाङ्क 46 के रूप में प्रकाशित हुआ है। प्रस्तुत संस्करण ई0 सन् 2008 में प्रकाशित इस कृति का दशम संस्करण है।

वास्तुरत्नाकर का सम्पूर्ण कलेवर 12 प्रकरणों, तदन्तर्गत 643 श्लोकों में ग्रथित है। प्रत्येक प्रकरण में विषय का सन्निवेश क्रमिक एवं सरल ढंग से किया गया है। **भूपरिग्रह** संज्ञक **प्रथम प्रकरण** में ग्रामवासविचार, ग्रामदिग्वासविचार, दिग्दशा (विंशोत्तरीया तथा अष्टोत्तरीया), ब्राह्मणादि वर्णों के लिए प्रशस्त भूमि, **भूप्लवविचार** तथा भूशोधन विषय संगृहीत हैं। **द्वितीय, दिक्शोधनप्रकरण** में दिशाओं के ज्ञान की विविध विधियाँ निर्दिष्ट हैं। **तृतीय, शल्योद्धारप्रकरण** में शङ्कुन्यास, सूत्रपात, शल्यज्ञानप्रकार, अहिबलचक्र विषयों का संकलन है। **मेलापकप्रकरण** नाम से **चतुर्थ प्रकरण** का सङ्केत किया गया है जिसमें गृहनक्षत्रकल्पना तथा गृहगृहेश के नक्षत्रों का मेलापक प्रस्तुत किया गया है। **पञ्चमप्रकरण**

पिण्डाद्यानयन संज्ञोपेत है जिसके विषय हैं-पिण्डज्ञान, दैर्घ्यविस्तृतिकल्पना, षोडश प्रकार के गृह, हस्तविचार, आयादिज्ञान, वार-अंशादि का साधन, ध्रुवादि गृहों के नाम तथा उनके जानने का प्रस्तारक्रम, गृहभूमिप्रमाण, प्राङ्गण (आङ्गन) विचार, तृणादि गृह में आयादि का विचार इत्यादि। **षष्ठ, गृहोपकरणप्रकरण** में भित्ति का विचार, गृहोच्चमान, गृह में प्रशस्त काष्ठ इत्यादि की संख्या, गृहाच्छादनभेद, पूर्वादिक दिशाओं में जलाशय, वृक्षादि के फल, ग्राह्याग्राह्य काष्ठ, प्रवाहविचार तथा महाभारतादि **युद्धचित्र** के निषेध का विवरण दिया गया है। **सप्तम, इष्टकाप्रकरण** में ब्राह्मणादि वर्णों के लिए इष्टकाप्रमाण, इष्टकारम्भमुहूर्त, इष्टकारम्भचक्र, अग्निदाहचक्र, इष्टकानिःसारणचक्र इत्यादि विषय उपनिबद्ध हैं। **अष्टम, द्वारप्रकरण** में आय, नक्षत्र, मास, तिथि, राशि, जाति आदि के अनुसार पूर्व आदि दिशाओं में द्वार का शुभाशुभविचार, कपाटविचार, मुहूर्तादि विषयों का समावेश है। **नवम, गेहारम्भप्रकरण** में गेहारम्भ में अयन, मास, पक्ष, तिथि, वार, नक्षत्रादिकों का विचार और लग्नशुद्धि आदि के शुभाशुभत्व का विचार किया गया है। **दशम प्रकरण गृहप्रवेशप्रकरण** है जिसमें गृहप्रवेश का मुहूर्त, प्रवेश की विधि इत्यादि का निरूपण किया गया है। **एकादश, परिशिष्टप्रकरण** में राजा, माण्डलिक, सामन्त इत्यादि के गृहों का भेदोपभेद और प्रमाण, वास्तुपूजनविधि, राजगृह, अश्वगृह, चरणिविचार, ग्रहशान्ति, वास्तुशान्ति इत्यादि विषय वर्णित हैं। **द्वादश, जलाशयप्रकरण** में तालाब, वापी, कूपादि के भेद और प्रमाण, **सरलक्षण**, कुण्डलक्षण, तडागचक्र, जीर्णोद्धारमुहूर्त प्रभृति विषय संगृहीत हैं।

ग्रन्थारम्भ में लेखक ने कृति के विषय में स्वकीय वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए विषयसूची दी है। आधारभूत प्रमाणग्रन्थों का सकर्तृक विवरण देते हुए हिन्दी टीका सहित ग्रन्थ का प्रारम्भ किया गया है। अन्त में सारणीविषयक ज्ञातव्य निर्देश देकर लेखक ने कुल 56 पृष्ठों में विविध प्रकार की सारणियाँ प्रस्तुत की हैं। 18 श्लोकों में सङ्ग्रहकृद्वंशपरिचय के साथ यह संस्करण समाप्त हुआ है।

शिल्परत्नाकर (नर्मदाशङ्कर सोमपुरा)

"शिल्परत्नाकर" प्राचीन एवं मध्यकालीन भारतीय स्थापत्य एवं शिल्पपद्धतियों के ज्ञान के लिए अत्यन्त उपयोगी सङ्ग्रहग्रन्थ है जिसका प्रथम प्रकाशन गुर्जरभाषाटीका के साथ ग्रन्थकार ने ध्रांगध्रा, काठियावाड से वि0सं0 1995, ई0 सन् 1939 में कराया है। इस ग्रन्थ की रचना में अपराजितपृच्छा, क्षीरार्णव, दीपार्णव, वृक्षार्णव, वास्तुकौस्तुभ, समराङ्गणसूत्रधार, वास्तुसार, प्रासादमण्डन, रूपमण्डन, 24 तीर्थङ्करों के जिनप्रासाद, आयतत्त्व, कुण्डसिद्धि इत्यादि ग्रन्थों से सामग्री ली गयी है तथा प्रासादों एवम् उनके विभिन्न अवयवों के चित्र संलग्न किये गये हैं। ईसा की 20वीं शताब्दी के प्रारम्भ में प्रणीत यह ग्रन्थ शिल्पप्रकरणों के विविध सन्दर्भों से समञ्जित विवरण प्रस्तुत करता है।

ग्रन्थ के इस संस्करण की मूल सामग्री 631 पृष्ठों के आकार में, "रत्न" संज्ञा से अभिहित 14 अवान्तर विभागों में अवगुम्फित है। सम्पूर्ण श्लोकसङ्ख्या 2553 है। विषयसंकेतक इन रत्नों (अध्यायों) के नाम इस प्रकार प्रोक्त हैं-प्रथम रत्न-आयाद्येकविंशत्यङ्गलक्षणाधिकार, द्वितीय-प्रासादोत्पत्तिप्रासादरचनालक्षणाधिकार, तृतीय-मण्डोवरादिद्वारशाखालक्षणाधिकार, चतुर्थ-मण्डपादि अर्चादृष्टिलक्षणाधिकार, पञ्चम-शिखरनिर्दोषलक्षणाधिकार, षष्ठ-श्रीकेशरादिपञ्चविंशतिप्रासादलक्षणाधिकार, सप्तम-तिलकसागरादिपञ्चविंशतिप्रासादलक्षणाधिकार, अष्टम-ऋषभादिद्विसप्ततिप्रासादलक्षणाधिकार, नवम-वैराज्यादिपञ्चविंशतिप्रासादलक्षणाधिकार, दशम-मेर्वादिविंशतिप्रासादलक्षणाधिकार, एकादश-देवमूर्तिस्वरूपलक्षणाधिकार, द्वादश-जिनप्रतिमास्वरूपलक्षणाधिकार, त्रयोदश-प्रतिष्ठाविधिलक्षणाधिकार तथा चतुर्दश-ज्योतिर्मुहूर्तलक्षणाधिकार। परिशिष्टप्रकरणान्तर्गत 94 श्लोकों में राहु-केतुमूर्ति, द्वारमान में प्रतिमाप्रमाण, प्रासादमान में प्रतिमाप्रमाण, मण्डपविधान, देवस्वरूपवर्णन, मातृका देवियों के नाम, देवसेना मातृदेवी, कुण्डप्रार्थना, सूत्रधारपूजनविधि, वास्तुकर्म में अधिकार, शिल्पी के लिए देय सामग्री, द्वारप्रतिष्ठाविधान, वास्तुशास्त्रावतार, वास्तुशास्त्रप्रवर्तक, वास्तुशास्त्र के ज्ञाता, **वास्तुविज्ञ** की प्रशंसा तथा वास्तुशास्त्रप्रशंसा विषय समाहित हैं।

"शिल्परत्नाकर" के प्रारम्भ में प्रस्तावना ग्रन्थकृद्निवेदन तथा विषयानुक्रमणिका गुर्जरभाषा में दी गयी है। ग्रन्थान्त में परिशिष्टभाग, शुद्धिपत्रपरिशिष्ट तथा शिल्पशास्त्रपारिभाषिकशब्दार्थकोश भी गुर्जरभाषार्थ के साथ संयोजित हैं। सङ्गृहीत विषयों की दृष्टि से यह ग्रन्थ विविध प्रासादों के प्रत्यवयवों, देवमूर्तियों, परिकरों के सचित्र प्रकाशन के साथ स्थापत्यविज्ञानसम्बन्धी प्रचुर सूचनाओं से अवगत कराता है।

वास्तुसारसङ्ग्रह (कमलाकान्त शुक्ल)

महामहोपाध्याय सुधाकरद्विवेदिग्रन्थमाला के षष्ठ पुष्प के रूप में सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी से वि0सं0 2059, ई0 सन् 2002 में प्रकाशित वास्तुसारसङ्ग्रह (प्रथम संस्करण) का हिन्दी व्याख्यासहित प्रणयन एवं सम्पादन **पं. कमलाकान्त शुक्ल**, (सम्मानिताचार्य, सम्पूर्णानन्दसंस्कृत विश्वविद्यालय) ने किया है। लेखक के द्वारा इस ग्रन्थ में गृहनिर्माणविषयक गम्भीर शास्त्रों का अध्ययन कर उनका सारतत्त्व संगृहीत किया गया है। वास्तुवाङ्मय के महत्त्वपूर्ण सिद्धान्तों और निष्कर्षों से समवेत यह संग्रहग्रन्थ सरल भाषानुवाद के कारण सर्वजनसंवेद्य है। ग्रन्थकार आचार्य शुक्ल ज्योतिषशास्त्र के प्रकाण्ड विद्वान् तथा वास्तुशास्त्र के मर्मज्ञ मनीषी हैं।

इस सङ्ग्रह की विषयसंयोजना कुल 29 "सोपानों" में 335 पृष्ठों में की गयी है जो इसप्रकार है-सम्बन्धाभिधेयप्रयोजन-लोकानुकम्पाहेतु भूम्युक्ति, विश्वकर्मा का परिचय,

गृहप्रयोजन, निर्माण में कोटिफल, जीर्णोद्धारफल, **गृहसूक्त** (अथर्ववेद पैप्पलादशाखीय); 2. ग्रामादिवास-दिशादिचयन, देशग्रामादिनिवासचक्र, राशिवशग्रामवासफल, भकूटफल, वासार्थ ग्रहदशा, दशावर्षप्रमाण, वासस्थानदशाज्ञान, काकिणीविचार, अष्टवर्ग; 3. स्थानचयन-भूमिचयन, कर्मभूमि, दैत्यपृष्ठभूमिलक्षण, दैत्यपृष्ठभूमिफल, नागपृष्ठभूमिलक्षण, गजपृष्ठभूमिलक्षण, भूम्याकृति; 4. परीक्षण से भूमिचयन-वर्णानुसार भूमिपरीक्षण, उर्वरकशक्ति से भूमिपरीक्षण, खननविधा से भूमिपरीक्षण, वर्णादि से भूमिपरीक्षण, भूशोधन, पृथक्-पृथक् वर्णानुकूल भूमि, वासयोग्य देशस्थान, त्याज्यभूमिलक्षण, भूमिस्थशल्यफलज्ञान, भूपरीक्षण से खातखनन के पूर्वकृत्य, खातमध्यदृश्यवस्तुफल; 5. शकुनों से भूमिपरीक्षण-शाकुनिककृत्य, शकुनप्रकार, गृहसीमानिर्धारण, वास्तुसीमानिर्धारण के लिए शङ्कुनिखात, दीप्तादिदशाज्ञान, शकुनसमय, भू का शुभाशुभत्व, वृक्षवशेन शुभाशुभत्व, भूमिसम्बन्धी विवेक, खातप्रमाण; 6. प्रश्नवशाच्छुभाशुभज्ञान-भूजीवितादिज्ञान, प्रश्नाक्षर से भूशल्यज्ञान, प्रश्नानुसार दिशाओं में शल्य, प्रश्नविधि, रक्षामन्त्र, प्रश्नक्रम, भूमि में स्थापनीय नवकोष्ठ चक्र; 7. दिक्साधन-दिक्शोधन, दिक्साधन, नक्षत्रवेधवशात् दिक्साधन; 8. सदननिर्माणोपयोगिक्षेत्रफलपिण्डसाधन-गृहेष्ट नक्षत्र, कृत्तिकादिगणनाचक्र, मण्डलेशज्ञान, आयानयन, पिण्डसाधन, ध्रुवज्ञानचक्र, आयवारादिसाधन, दिक्परत्व से इसका प्रयोजन, आयाभावस्थल; 9. पिण्डद्वारा आयाद्यानयन-वाराद्यानयन में वैशिष्ट्य, अंशानयन, द्रव्यानयन, द्रव्यनाम, ऋणज्ञान, नक्षत्रज्ञान के लिए प्रकारान्तर, नक्षत्रफल, गृहनक्षत्र से राशिज्ञान, योगानयन, आयुष्यानयन, प्राङ्गण में मण्डलेश, ध्रुवादिवर्णज्ञान, आठ व्यय, तारानाम, ध्रुवादिगेह-ज्ञानार्थ प्रस्तार, प्रस्तारचक्र; 10. गृहारम्भमुहूर्तकथन-मासफल, तिथिफल, गृहारम्भ में नक्षत्रशुद्धि, भूमिशयनविचार, शयनचक्र, गृहारम्भ में **वत्सचक्र**, वास्तुपुरुषवास; 11. वास्तुकुण्डली; 12. शिलान्यास-शिलालक्षण, शिलादोष, शिलापूजन, शिलाचालनफल, शिलान्याससम्भार, शिलामन्त्र; 13. शङ्कुस्थापन-शङ्क्वर्थ ग्राह्यवृक्ष, शङ्कुकरप्रमाणादिलक्षण, शङ्कुस्थापन में लग्नशुद्धि, वर्णानुक्रम से कीलकवृक्ष, कीलकप्रमाण, शङ्कुग्रहणसमय, शङ्कुस्थापनक्रम, शङ्कुग्रहण-विधि, शङ्कुनिवेशार्थ **प्रहारविधि**, प्रहारपात्र, प्रहारपात्रफल, वृक्षविशेष; 14. रेखाकरण - रेखाकरण, वास्तुपद्धति में विरुद्धवस्तुनिर्मितरेखाफल, स्तम्भलक्षण, स्तम्भाकृति विषय में वराहमत, भित्तिप्रमाण, भौमसङ्ख्या विषय में विश्वकर्ममत, उच्छ्राय में हस्तप्रमाण; 15. चयन; 16. द्वारकरण-मुख्यद्वार, कोणद्वार अभीष्ट होने पर कर्तव्य, सप्तशलाकाचक्र से दिग्द्वारनक्षत्र, सप्तशलाकाचक्र, आयसम्बन्ध में राममत, द्वारविषय में नारायणमत, द्वारकरण में मुहूर्तचक्र, चुल्लीचक्र, नूतनगृह में मार्जनीचक्र, देहलीचक्र, कपाटचक्र, सर्वकार्यारम्भ में मुहूर्त, राजाप्रभृति का द्वारोच्छ्राय, औदुम्बरद्वारशाखाप्रमाण में वराहमत, भारतुलातुलोपतुलालक्षण में वराहमत, सफलद्वारशाखासङ्ख्याविषय में सूत्रधारमत, स्तम्भविषय में सूत्रधारमत, द्वारशाखास्तम्भ-शकुनविचारविषय में वराहमत, मुख्यद्वारस्थाननिर्णय में

वास्तुप्रदीप, वशिष्ठसंहिता में द्वारविधान, द्वारभागगणना में नारायण, पूर्व-दक्षिण-पश्चिम-उत्तरद्वार का फल, द्वारफलचक्र, द्वारविषयवैशिष्ट्य, द्वारगुण में सूत्रधारमत; 17. द्वारदोषनिरूपण-द्वारवेध, वेधफलविषय में वराहमत, बाह्यान्तःस्थद्वारवेधफल, वास्तुशास्त्र में वेध, छायावैशिष्ट्य, कपाटदोष, द्वारवेधविषय में सूत्रधारमत, द्वारकरण में अन्य वैशिष्ट्य, 18. द्वारभङ्गगृहदोष-शुभलक्षणप्रसङ्ग, अपशकुनसमय, अन्यगृहदोष, प्रसङ्ग से भूमिविचार, विविधभूमिफल, द्विशालादिवेश्मवैशिष्ट्य, गृहदोषवैशिष्ट्य, प्रवेशलक्षण, प्रवेशफल, मूषावस्था, द्वारवेध में विशेष, तुलाविकृति, गृह में द्रव्यसंयोजन, गृहदोष में दुष्ट काष्ठ; 19. गृहार्थकाष्ठग्रहण में शुभाशुभवृक्षनिरूपण-ग्राह्यवृक्ष, **त्याज्यवृक्ष**, वृक्षच्छेदपूर्व भूतबलिक्रिया, बलिदानानन्तर कृत्य, वृक्षशल्यज्ञान, वृक्षशल्यलक्षण, वृक्षशल्यफल, दिशाओं में परिवर्धन-फल, वास्तुसमीप में वृक्षशुभाशुभत्व, अशुभवृक्षपरिहार, जीर्णगृहकाष्ठादि विवेचन, **सोपानविषय** में विचार; 20. वास्तुपददेवतानिरूपण-देवताममर्वेधनिरूपण, देवाधिवास, वास्तुपुरुषाङ्गविभाग में देवता, प्रासाद में चतुःषष्टिवास्तुविवेचन, वास्तुमर्मज्ञानफल, वंशशिराप्रमाण, शिरानाम, पुरुषाकार-वास्तुस्वरूप, वास्तुपूजनवेदी, एकाशीति-चतुःषष्टिवास्तुचक्र; 21. हस्तमाननिरूपण- हस्तलक्षण, अङ्गुलवितस्त्यादिप्रमाण, हस्तप्रयोगफल; 22. शालाविवेचन-अजिर-अलिन्दादि भेद से शाला के बहुप्रकार, प्रस्तरोत्पन्न षोडश प्रकार तथा उनके फल, दारुनिर्मित षोडश प्रकार तथा उनके फल, एकशालादिगृह; 23. भवनाकृतिनिम्नोच्चादिफल-दिशा में उच्चनीचफल, नूतनपुरातनमिश्रितद्रव्यविषय में सूत्रधारमत, एकभागस्थ आलिन्द का फल, द्विशालसदनसंज्ञा; 24. नृपसेनापतिप्रभृति-सिद्धपिण्डगृहाकृति-राजगृहप्रमाण, सेनापतिगृहप्रमाण, राजमहिषि-सचिव-युवराज-युवराजानुज-सामन्त-प्रवर-राजपुरुष-कञ्चुकि-वेश्या-कलाज्ञों के गृहप्रमाण, अन्याधिकारिगृह, रति-कोष-गृहप्रमाण, दैवज्ञपुरोहितभिषग्ब्राह्मणादिचतुर्वर्गगृहप्रमाण, ब्राह्मण-क्षत्रिय-वैश्य-शूद्रगृहमानचक्र, ब्राह्मणराजपुरुष-क्षत्रियराजपुरुष-वैश्यराजपुरुष-शूद्रराजपुरुषगृहमानचक्र, सूत-अम्बष्ट-निषाद-चाण्डालादिकगृहमानचक्र, माहिष्य-मागध-उग्रक्षत्रिय-करणजातिगृहमानचक्र, सेनापतिनृपति-शालालिन्दमान, सर्वतोभद्रस्वरूप, नन्द्यावर्तवर्धमानस्वस्तिकरुचकचक्र; 25. गृहप्रवेशविवेचन-गृहनिर्माणचक्र, गृह में जलस्थान, गृहस्रावबोधकचक्र, प्रवेशनियम, लग्नशुद्धि, विविध ग्रहों के फल; 26.विधिविहित-विरुद्धगृहनिर्माणोत्पन्नदोषसङ्ग्रह-भूप्लवदोष, दिक्प्लवफल, देवस्थानपरकदोष, **दिङ्मूढदोष**, भूमिफल, भवनचतुष्टयमर्मदोष, द्वारफल, शालाभेदफल, चयनदोष, द्वारदोष, ध्वजच्छाया, शयनविषय में विचार, गृह में काष्ठग्रहणवैशिष्ट्य, समीपस्थ वृक्षविषय में विचार; 27. गृहदोषोपशान्ति-अपशकुननिरूपणपूर्वक तच्छान्तिकरणविधान; 28. यथासम्भवप्राप्त-वास्तुसम्बन्धिविधानवर्णन-हस्तप्रमाण में अधिकारी, हस्तमान, प्रशस्तहस्त, पिण्डप्रमाण, प्राङ्गण, चन्द्रवासफल, जलज्ञान, दीपद्वारा जलज्ञान, गृहद्वयसंयोगफल, दीर्घविस्तारसाधन, गृहारम्भ में दिग्ज्ञान, गृहदशाविचार, भूमिपरिग्रहण, चतुःषष्टिपदवास्तुचक्र, मासविचार, भूमिशुद्धि,

वास्तुसंस्थापन, व्यवहार के लिए निवासगृह, वास्तुपूजनान्त में वास्तुपुरुषप्रार्थना, चतुःशालादिलक्षण, आर्द्रा-पुनर्वसु-पुष्य-आश्लेषा-मघा-पूर्वाफाल्गुनी-शतभिषा-पूर्वाभाद्रपद-उत्तराभाद्रपदचक्र; 29. भूमिस्थनिधिसाधनविषयक बहुप्रकारात्मक (सोपान)-अहिबलचक्र, भूशोधन में हस्तमिति, चक्रस्थापनविधि, नक्षत्रस्थापनक्रम, चन्द्रसूर्यनक्षत्रविभाग, सूर्यचन्द्रनक्षत्रसाधन, निधिभेद, निधिपात्रज्ञान, बाधाप्रकार, अग्निसंग्रहमन्त्र, वर्ति-दीप-कज्जलग्रहणमन्त्र, **सर्वाञ्जनविधि**, निधिसमुद्धरणमुहूर्त, ज्ञातनिधि का ग्रहणोपाय, शिखाबन्धन-पूजन-बलि-अभिषेकमन्त्र, भूखननोपाय, शाबरस्वरूप, निधिभेद, द्रव्यशुद्धीकरण, समयदर्शन, **निधिसाधन**।

ग्रन्थकार ने इस संस्करण में 29 सोपानों में विषयनिर्देश कर श्लोकसङ्ग्रह किया है। प्रत्येक सोपान का प्रारम्भ 1 संख्या श्लोकक्रम से हुआ है। पूरे ग्रन्थ में कुल 1687 श्लोक हैं। कुछ रेखाचित्र विषयबोध के लिए सौकर्यप्रदायक हैं। आरम्भ में संस्कृतभाषा में प्राक्कथन ग्रन्थ एवं ग्रन्थकार के प्रयोजन को उद्भासित करता है। अन्त में 36 पृष्ठों में श्लोकार्द्धानुक्रमणिका सन्निविष्ट है।

वास्तुसार (देवीप्रसाद त्रिपाठी)

"वास्तुसार" वास्तुशास्त्र एवं स्थापत्यकला का एक बृहद् ग्रन्थ है जिसमें प्राचीन ग्रन्थों के सार को एकत्र कर विषयविन्यास की दृष्टि से व्यवस्थित किया गया है। ग्रन्थकर्ता डॉ0 देवीप्रसाद त्रिपाठी, आचार्य-ज्योतिषविभाग, श्री लालबहादुरशास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ ने भूमिपरीक्षण से प्रारम्भ कर गृहनिर्माण तथा गृहसज्जापर्यन्त समस्त विषयों को इस कृति में सरल एवं क्रमबद्ध रूप से प्रस्तुत किया है। डॉ0 देवीप्रसाद त्रिपाठी उत्तराञ्चल के चमोली जनपद में जन्मप्राप्त हैं तथा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से शोधोपाधि अर्जित कर ज्योतिष के क्षेत्र में अध्यवसायरत हैं। वास्तुसार का यह प्रथम संस्करण ई0 सन् 2006 में परिक्रमा प्रकाशन, शाहदरा, दिल्ली से प्रकाशित है।

"वास्तुसार" में 12 प्रकरणों, तदन्तर्गत 968 श्लोकों तथा परिशिष्ट भाग के अन्तर्गत विषयवितान प्रकल्पित है। **प्रथम वास्तुविधानप्रकरण** शास्त्रीय एवम् ऐतिहासिक विवरण के साथ आरम्भ होता है। इसमें वास्तुशास्त्र, वास्तुपुरुषोत्पत्ति, वास्तुशास्त्रप्रवर्तक आचार्य, गृहस्थाश्रम का महत्त्व, गृहनिर्माणफल, गृहारम्भ से पूर्व विचारणीय विषय, ग्रामवासविचार, ग्रामवास में काकिणीविचार इत्यादि विषय संगृहीत हैं। **द्वितीय, भूमिपरीक्षण प्रकरण** में भूमिपरीक्षा, भूमिलक्षण, भूमिप्लवविचार, निवासयोग्यभूमि, भूमि का शुभाशुभत्व, भूमिशोधन, शल्यविचार, शुभशकुन प्रभृति विषयों का समावेश किया गया है। **तृतीय** प्रकरण **दिक्साधनप्रकरण** है जिसके अन्तर्गत दिक्साधन का प्रयोजन, भास्करमत से दिक्साधन, गृहलाघवीय तथा शुल्बसूत्रीय दिक्साधन एवं नक्षत्रवशेन दिग्ज्ञान का विवरण दिया गया है। **चतुर्थ वास्तुयोजनाप्रकरण** राजा-सचिव-सेनापति-युवराज-राज्याधिकारी-राजपुरोहित तथा

सामान्य जनों के निवास एवं गृहप्रमाण, परशवादि के निवास, पश्वादिगृहप्रमाण से सम्बद्ध सामग्री से संवलित है। **वास्तुविन्यासप्रकरण** नामक **पञ्चम** विभाग में ब्राह्मणादि के शालालिन्दप्रमाण, वास्तुस्थानसंज्ञा, भवनोच्छ्रायप्रमाण, द्वारनिर्णय, गृहद्वारविचार, स्तम्भप्रकार, भारतुलादिप्रमाण, सर्वतोभद्रनन्द्यावर्तवर्धमानस्वस्तिकवास्तुलक्षण, चतुःशाल-त्रिशाल-द्विशालवास्तुलक्षण, तलविधान, वास्तुमण्डल, विविधपदवास्तु, शल्यज्ञानप्रकार, वर्णों के वासस्थान, द्वारफल, द्वारवेधफल, नगर अथवा गृह में **कोणविचार** इत्यादि विषय वर्णित हैं। **षष्ठ, कालविधानप्रकरण** में उपनिबद्ध विषय हैं-कालविधान की आवश्यकता, देशभेद से कालपरीक्षा, गृहारम्भ में सौरमास, चान्द्रमास, मासदोषाभाव, निषिद्ध तिथियाँ एवं योग, वास्तुवृषभचक्र, नक्षत्रग्रहयोगवशात् शुभाशुभ फल इत्यादि। **शिलान्यासप्रकरण** नामक **सप्तम** विभाग शिलान्यासविधि, शङ्कुस्थापन, गृहपिण्डसाधन, आयसाधन, मापकविचार, वार-अंशाद्यानयन, द्वादशद्रव्यसाधन, नक्षत्रविचार, नाडीविचार, गृहायु, राजमार्तण्ड के अनुसार षोडश गृह, गृहविनाश में कारणदोष, गृहभूमिप्रमाणादि विषयों से समन्वित है। **अष्टम, गृहनिर्माणप्रकरण** में भित्तिस्थापन, भूमिदोष, शालगृहप्रस्तारविधि, विविध प्रकार के षोडश गृह, अपवर्गनिर्माण, त्रिशालादि नवगृह, एकभित्तिगृहद्वयकरणनिषेध, नूतनकाष्ठप्रयोग, गृहाच्छादनभेद, आरोहण (सोपान) विधि, कक्षविन्यास, इष्टिकाप्रमाण, शिलाभेदनमुहूर्त, प्रशस्तद्वारस्थापना, गृहस्तम्भप्रमाण, गृहस्राव, सिंहद्वारप्रमाण, अश्वगजशालाप्रमाणादि विषय सङ्कलित हैं । **गृहसज्जाप्रकरण** नामक **नवम** विभाग में क्रीडावाटिका, जलयन्त्र, वाटिकावृक्ष, गृह में **अप्रयोज्य चित्रादि** का वर्णन किया गया है। **दशमविभाग गृहदोषप्रकरण** है जिसमें भूमिप्लवफल, त्याज्यभूमि, भवननिर्माण में त्याज्यमास, अप्रशस्तगृह, मर्मदोष, वास्तुप्रवेशविचार, शालाभेददोष, द्रव्यस्थापन, द्वारस्थापन में ध्यातव्य विषय, गृहमध्य में **निर्माणदोष** इत्यादि विषय सङ्गृहीत हैं। **एकादश** प्रकरण **गृहप्रवेशप्रकरण** है जिसमें प्रवेशप्रकार, शुभप्रवेशकाल, कुम्भचक्र, आहुतिविचार, अग्निवासज्ञान, प्रवेश में नक्षत्रों के शुभाशुभत्वादि विषयों का सङ्ग्रह किया गया है। **द्वादश, वृक्षारोपणप्रकरण** में वृक्षारोपणप्रयोजन, ग्राह्य वृक्ष, दिग्विभाग से वृक्षारोपणप्रकार, वृक्षरोपणनक्षत्र इत्यादि विषय समाहित हैं।

उपर्युक्त प्रकरणों के अतिरिक्त संग्रहकर्ता लेखक ने 228 पृष्ठों के 5 परिशिष्टों शालविधान-विमानलक्षण-द्वारस्थानविधान-द्वारपीठभित्तिविधान-निम्नोच्चादिफल में समराङ्गण-सूत्रधार तथा मानसार के सन्दर्भित कुछ विशेष प्रकरणों का विपुल संग्रह प्रस्तुत किया है। वास्तुसार के इस प्रथम संस्करण में यथास्थान चित्रसहित 36 पृष्ठों की भूमिका में ग्रन्थ का आशय व्यक्त किया गया है। लेखक की हिन्दी टीका प्रकरणों के अर्थसाधन में उपयोगी है।

स्थापत्यशास्त्र के सन्दर्भ में सूचित अन्य ग्रन्थ

विभिन्न विद्वानों ने स्थापत्यशास्त्र के अनुशीलन के सन्दर्भ में कतिपय अन्य ग्रन्थों की सूचना दी है। ये ग्रन्थ निम्नलिखित है-

अगस्त्यवास्तुशास्त्र
आगारविनोद
कलानिधि
क्रियासंग्रहपंजिका
गृहनिरूपणसंक्षेप
गृहपीठिका
गृहरत्नभूषण
जयपृच्छा
जलाश्रयाधिकार
ज्ञानरत्नकोष
तत्त्वनिधि
दिङ्मीमांसा
दीपमण्डन
द्वारदीपिका
नित्यषोडशिकार्णव
प्रतिष्ठातन्त्र
प्रतिष्ठासार
प्रयोगपारिजात
प्रयोगमंजरी
प्रासादकल्प
प्रासादतिलक
भुवनप्रदीप
भूपालवल्लभ
मंजुश्रीमूलकल्प
मयदीपिका
मयशिल्प
मयसंग्रह
मुहूर्तगणपति
मुहूर्तमार्तण्ड
युक्तिकल्पतरु
रत्नमाला
राजमार्तण्ड
रूपावतार
लक्षणसारसमुच्चय
वास्तु-उद्धारधोरणी
वास्तुकल्पलता
वास्तुकौस्तुभ
वास्तुतत्त्व
वास्तुनिधि
वास्तुप्रदीप
वास्तुप्रबन्ध
वास्तुप्रबोध
वास्तुमञ्जरी
वास्तुमुक्तावली
वास्तुयागतत्त्व
वास्तुरत्नतिलक
वास्तुरत्नावली
वास्तुराज
वास्तुविद्या
वास्तुवेधटीका
वास्तुशिरोमणि
वास्तुसमुच्चय

वास्तुसर्वस्व	वेधवास्तुप्रभाकर
वास्तुसर्वस्वसंग्रह	शिल्पचक्रार्थबोधिनी
वास्तुसार (ठक्कुरफेरुविरचित)	शिल्पशास्त्रविधान
वास्तुसार (सूत्रधारमण्डनविरचित)	शिल्पसारिणी
वास्तुसारणी	शुक्रनीति
वास्तुसारप्रकरण	शुल्बसूत्र
वास्त्वध्यायसूत्र	षट्पञ्चाशिका
विवेकविलास	सच्छिल्पतन्त्र
वीरमित्रोदय	स्वर्गार्णव
	हयशीर्षपञ्चरात्र

इनके अतिरिक्त अन्य ग्रन्थ भी अन्वेषणीय हैं।

इस गम्भीर शास्त्र का प्रचुर भण्डार अभी भी श्रमसाध्य एवम् अर्थसाध्य उपक्रम की अपेक्षा रखता है जिसके लिए संस्कृतसाधना में यथार्थतः तपोनिरत मेधाविवर्ग तथा राष्ट्रीय संस्कृति एवं सम्पदा के प्रति आस्थायुक्त प्रशासन के सतत सहयोग की आवश्यकता है। देश के विभिन्न भागों में स्थित स्थापत्यकला के पुरातात्त्विक प्रासादों में भारतीय स्थापत्यशास्त्र के सिद्धान्तों एवं प्रविधियों का प्रकाशन हुआ है। ऐसी कृतियाँ राष्ट्र की संस्कृति तथा गौरव की मूर्त प्रतिमान हैं। इस शास्त्र के असंख्य अनधिगत ग्रन्थों के अनुशीलन तथा अत्यल्प संख्या में विद्यमान पारम्परिक स्थपतियों के सान्निध्य से कला के अनेक अज्ञात पक्ष उद्घाटित हो सकते हैं। अतः पाण्डुलिपियों अथवा दुर्लभ ग्रन्थों के रूप में देश-विदेश में स्थित स्थापत्यशास्त्र के विषयसम्भार की गवेषणा करते हुए उसके संशोधन, भाषानुवाद, सम्पादन एवं तदनुरूप निर्माण की अपेक्षा है जिससे मूर्तिमती होकर भारतीय मनीषा विश्व के सम्मुख स्थापत्यविज्ञान एवं कला का अनुपम ऐश्वर्य प्रोद्भासित कर सके।

परिशिष्ट
विशिष्टपद एवं ग्रन्थनाम-अनुक्रमणी

अ

अकृष्टपच्य 333
अंक 298
अंगमर्दन 254
अंगहार 122, 185
अंगरागादिविधान 266
अङ्गवेष्टन 254
अंगुलिप्रवेश 254
अग्निवेश 336
अग्रबीज 342
अच्युतराय 134
अजातरति 257
अजिनसन्ध 5
अंजलिमुद्रा 98
अट्ठपद 304
अतिभाषा 68
अतिमुक्तक 351
अतिवल्लभ 256
अतिव्यायाम 309
अर्थ 194
अर्थद्योतनिका 244
अर्थशास्त्र 209
अर्थागमोपाय 241
अर्थानर्थानुबन्धसंशयविचार 242
अदेवमातृक 317
अदूरवाह्य 70
अधरसंस्कार 47
अर्धव्यायाम 309
अर्धसीतिक 339
अनधिकारी 82
अनध्याय 309
अनस 326
अनंगतिलक 271
अनंगदीपिका 271
अनंगरंग 271
अनंगरंगव्याख्या 264
अनंगरंगप्रकाशिका 264
अनंगशेखर 271
अनंगहर्ष 116
अनन्त 259, 278
अन्तर्ज्येष्ठिक 295
अन्तःपुरिकदाररक्षितक 241
अन्तःकोश 362
अन्तारितवाह्य 70
अन्नब्रह्म 57
अन्नान्नाद 314
अन्नरसमय 314
अन्नमय कोश 314
अनन्तकृष्ण भट्टारक 393
अनुकर्मविधान 416
अनुवंश्य श्लोक 132
अनुवृत्त 95
अनुरंजन 84
अनुष्ठान 223

अनूप 352
अपराजिता 74
अपराजितपृच्छा 413
अपद्रव्यादि 2
अप्रयोज्य चित्रादि 454
अभ्यर्थित 249
अभिधानकोश 71
अभियोगप्रकरण 240
अभिसारिका 256
अमरसिंह 13
अमृतमन्थन 108
अयत्नसाध्यपोषित 240
अरुणतन्त्र 389
अलंकारविधि 416
अल्पश्रम 309
अवनद्ध 41
अवलोकित 95
अवर्ष्य 323
अवबोध 223, 224
अविरल 315
अशोकमल्ल 97
अशोकोत्तंसिका 300
अश्वमुखी 304
असंयुत हस्तमुद्रायें 143
अष्टगव 331
अष्टविधनायिका 266, 268
अक्षरच्युतक 59

आ

आकाशिक मण्डल 124
आखनिक 336
आगम 20
आघाटी 41
आचारशास्त्र 73
आचारदिनकर 389
आढक 347
आढकलक्षण 345
आथर्वण शिल्प 386
आर्द्रचुम्बित 253
आद्य आचार्य 79
आनन्दराय मखि 117
आन्तःपुरिकावृत्त 240
आपस्तम्बगृह्यसूत्र 219
आप्रपदीन 52
आपीड 52
आभ्यन्तर चर 9
आभ्यन्तररत 267
आयतत्त्व 433
आयुष्य 322
आरण्यक ओषधि 332
आरामरचना 333
आरामरचनाशास्त्र 349
आरामनियोजन 341
आरोग्यसिन्धु 277
आरुणि 202
आरुणेय 202
आलाप 78
आलेख्य 8
आलेख्य कला 44
आलिंगनविचार 231

आवर्तन 302
आषाढक 308
आहार्य 53
आहारान्न 318
आहाव 323
आहार्योदक 339
आत्रेय 124

इ

इंगितकारसूचन 235
इंगितपरिज्ञान 268
इन्द्रजाल 55
इन्द्रध्वज 104
इन्द्राणी 254
इलातुरस्वामी 353

ई

ईतियाँ 324
ईशानशिवगुरुदेव 415
ईश्वरकामित 241
ईश्वरदत्त 117, 208
ईहामृग 62

ऋ

ऋक्प्रातिशाख्य 204
ऋतुयोग 268
ऋतुभिन्नकाल 341

उ

उख्याग्नि 330
उच्चण्ड ताण्डव 138
उच्छिष्ट 17
उत्तानकरण 254
उत्थितबन्ध 254
उत्पलदल 249
उत्सादक 5
उत्सादन 67
उत्सवप्रिय 306
उत्सित 123
उद्दण्ड कवि 117
उद्दालक 202
उद्भिज्ज शरीर 335
उद्वर्तन 302
उद्यानयात्रा 300
उद्यानशास्त्र 333
उद्धत 130
उद्घृष्टक 249
उपवनविनोद 348, 352
उपविद्या 21
उपविष्टबन्ध 254, 263
उपबर्हण 362
उपेन्द्रमोहन सांख्यतीर्थ 425
उप्त 331
उर्वरक 333
उर्वरकयोग 341
उर्वरा 340
उर्वशी 43
उशना 15
उष्णोदक 309
उष्णक्षुर 322

ए

एकचारिणीवृत्त 237
एकपुरुषाभियोग 235
एकलप्रयोज्या 131

ऐ

ऐन्द्रजालिक वशीकरणविद्या 277

ओ

ओपश 6
ओपेरा 114
ओल्डेनबर्ग 105
ओषधीय कृषि 322

औ

औचित्यविचारचर्चा 255
औद्‌भिद विभाग 335
औद्दालकि श्वेतकेतु 279
औपरिष्टक 234

क

कच्छपी वीणा 59
कर्णचूर 54
कर्णदेव 279
कर्णपत्र 53
कर्णीसुत मूलदेव 215, 278
कण्ठमालिका 51
कथक 93
कनकक्षय 268
कन्दबीज 342
कन्दर्पचूडामणि 272
कन्दर्पतन्त्रप्रदीपाष्टक 272
कन्याविश्रम्भण 235
कन्यासम्प्रयुक्तक 235
कन्हैयालाल शर्मा 273
कन्दुक 305
कन्दुकनृत्य 73
कनिष्ठावृत्त 239
कपिसत्त्वा 257
कमलाकान्त शुक्ल 450
कर्मार 64
कर्मान्तिक 7
कर्मोदक 339, 356
करण 119
करताडन 264
करवीणा 86
कला 1, 24, 27
कलहान्तरिता 256
कलापक 122
कलाक्रीडा 65
कलायाचना 91
कलाशास्त्र 272
कलास्वाद 26
कलासूत्र 272
कल्पवृक्ष 2, 315
कल्याणमल्ल 262
कवाटलक्षण 419
कविकौस्तुभ 276
कविराजमुकुटदण्डी 283
कवीन्द्राचार्य 428
कश्यप 390
कर्षण 341

काण्डरोप्य 342
कांचनाचार्य 117
काञ्चीनाथ 250
कात्यायन 251, 278
कादम्बरस्वीकरणकारिका 272
कादम्बरस्वीकरणसूत्र 273
कान्तानुवर्तन 241
काम 194, 196
कामकण्डूति 253
कामकलाविलास 273
कामकलासार 273
कामकल्पलता 273
कामकारिका 273
कामकलासारसंग्रह 291
कामकुंजलता 207, 256
कामकुतूहल 273
कामकौतुक 274
कामकौतूहल 274
कामकौमुदी 274
कामतन्त्र 215, 275
कामतन्त्रसूत्रधार 215
कामदायिनी 275
कामदास 292
कामदेव 279
कामदीपिका 275
कामानन्द 279
कामानुशासन 279
कामप्रकाश 269, 276
कामप्रदीप 276
कामप्रबोध 266, 276
कामप्राभृत 276
कामरत्न 276
कामरत्नसमुच्चय 277
कामराज 285
कामराजदीक्षित 207, 265, 284, 289
कामराजरतिसार 277
कामवास 248
कामविशेष 196, 221
कामशास्त्र 277
कामशास्त्राध्याय 278
कामशास्त्रीय ग्रन्थ 278
कामसमूह 259, 278
कामसर्वस्व 278
कामसार 279
कामसूत्र 219, 222, 279
कामिनीकलाकोलाहल 280
कामिनीकामकौतुक 280
कामुकरसायन 280
कामोद्दीपनकौमुदी 280
कामोल्लास 280
कार्यावस्था 112
कारुशिल्पी 5
कालिदास 115
काव्येन्दुप्रकाश 265
काश्यपीय कृषिसूक्ति 346
काष्ठमापसंग्रह 418
काष्ठिका 52
किन्नरी वीणा 59
कीर्तिबन्ध 263
कीथ 105
कीनाश 323
कुक्कुटयुद्ध 66, 298

कुचसंस्कार 280
कुचुमार 214
कुचिमारतन्त्र 281
कुट्टनीमत 208, 216, 281
कुण्डक 339
कुण्डमण्डल 415
कुणप 349
कुणपजल 353
कुणपसेचन 350
कुन्तल 264
कुन्तलशातकर्णि 218
कुम्भकर्ण महीन्द्र 277
कुम्भदासी 242
कुलवधू 237
कुल्या 339, 342
कुलशेखर 117
कुन्दमाला 52
कुशलगृहिणी 238
कूटभाषा 68
कूटोद्धार 344
कूपफल 446
क्राकचिक 7
क्रीडाराम 349
क्रीडाशुक 302
कृशाश्व 133
कृष्णकान्त विद्यावागीश 280
कृष्णदास विप्र 286
कृष्णपति 273
कृष्णार्णव 377
कृष्य धान्य 335
कृष्यपराध 330
कृषि 314, 330
कृषि उपाय 332
कृषिकर 317, 356
कृषिक्रम 330
कृषिचर्या 329, 330
कृषितन्त्र 325, 342
कृषिपद्धति 330
कृषिप्रबन्ध 329
कृषियुक्ति 347
कृषिशास्त्र 354
कृषिशासन 354
कृत्रिम गन्ध 54
केलिकुतूहल 269, 281
केलिरहस्य 281
के. वासुदेव शास्त्री 395
केशमर्दन 67
केशग्रहण 263
केशव 276
कैयट 212
कैवर्त 7
कैशिकीवृत्ति 103, 108
कोक्कोक 214, 245, 248
कोणविचार 454
कोलचर्वित 249
कोलवर्च 263
कोकशास्त्र 247, 281
कोनो 105
कोकशास्त्रसार 282
कोकसारभूषण 282
कोकसारवैद्यक 282
कोष्ठस्थान 353

कोहलरहस्य 133

कोहलीयम् 133

कोहलमतम् 133

क्रोडचर्वित 258

कौतुकचिन्तामणि 282

कौतुकमालिका 52

कौतुकमाला 56

कौतुकमंजरी 282

कौतुकदेव 290

क्लेद 335

क्षमानन्द ब्रह्मचारी 277

क्षारनिष्कासन 38

क्षिप्त 331

क्षीरार्णव 398

क्षेमेश्वर 117

क्षेमाकर शास्त्री 287

क्षेमेन्द्र 289

क्षेत्रपति 324

क्षेत्रसाध 323

क्षेत्राद्भुतलक्षण 421

ख

खटकामुख 98

खण्डाभ्रक 249

खण्डश्लेषोपमा 99

खननिर्णय 446

खनित्रिमा आपः 323

खर्परभेद 406

खलक 298

खलभूमि 336

खलयज्ञ 332

ग

गजगामिनी गति 98

गजलीला गति 98

गजसारथी 298

गजसत्त्वा 257

गणिका 185

गणिकारिका 353

गणिकादारिका 245

गणेशप्रसाद 268, 276

गतिभेद 98

गद्यविद्याधर कवि 247

गन्धोपजीवी 7

गन्धधूप 54

गन्धर्व 79, 80, 105

गन्धर्वराज 185

गमक 60

गमनकरण 241

गम्यागम्यचिन्ता 241

गम्योपावर्तनविधि 241

गलाढक 344

गार्ग्य 447

गान्धार शैली 105

गान्धर्ववेदसार 134

गान्धर्वविवाह 236

गालव 205

गालवतन्त्र 389

गुणापताका 248

गुणापताकाशास्त्र 245, 282

गुणनफल 292

गुण्डली 141

गूढार्थदीपिका 250

गृहबन्ध 447
गृहोच्छ्रितिमान 440
गृहपति 342
गृहसूक्त 451
गृहवाटिका 237
ग्रन्थिमत 52
ग्राम्यधर्मी 106
गेह्निका 297
गेहारम्भप्रकरण 442
ग्रैष्मक 336
गोणिकतश्रम 310
गोणिकापुत्र 213, 278
गोनर्दीय 211, 228
गोपीनाथ चक्रवर्ती 117
गोपीनाथ पात्र 286
गोमय 344
गोयज्ञ 332
गोरखनाथ योगीन्द्र 277
गोरक्ष्य 324
गोवल 295
गोष्ठीयान 299
गोष्ठीविहार 238

घ

घना 257
घनवाद्य 41
घनश्याम 117
घोटकमुख 209, 278

च

चटकोल्लासित 258
चतुरंग 307
चतुर्गव 331
चतुर्मास 330
चतुर्हस्तप्रमाणग्रन्थ 141
चतुष्षष्टि 205
चतुष्षष्टिपांचालिकी 206
चतुर्वर्गविलासमणिमंजरी 282
चन्द्रकलाचालन 206
चन्द्रसूनु हरिहर 287
चमस 355
चरणराग 48
चलाचललिङ्ग 429
चान्द्रमसी 236
चारी 123
चारायण 209, 278
चारुशिल्प 39
चित्रकला 19
चित्रसूत्र 20
चित्रकार 44
चित्र 43, 108
चित्रकाव्य 71
चित्ररत 233
चित्रयोग 51, 242
चुम्बनविकल्प 231
चेष्टायें 252

छ

छऊ नृत्य 100
छलिक 43
छायानाटक 105
छायिक 249
छायाचुम्बन 232

ज

जगन्मोहन 441

जगच्छिल्प 386

जगज्ज्योतिर्मल्ल 254

जगदीश्वर 117

जगद्धर 259, 289

जडवृत्त 283

जनार्दनव्यास 266, 276

जय 417

जयकृष्ण दीक्षित 285

जयदेव 117, 261

जयसिंह सूरि 117

जयमंगला 203, 206, 243

जयदेव कवि 287

जलाघात 50

जलप्रवाह 341

जलाधारस्थापन 346

जलाधार 347

जागीरदार 105

जातरति 257

जानपदी वृत्ति 7

जारपंचाशत् 290

ज्येष्ठिक 295

ज्येष्ठावधू 239

ज्येष्ठावृत्तप्रकरण 239

ज्योतिरीश्वर 255, 283

ज्योतिरीश्वर कविशेखर 117

ट

टङ्कण 308

टी. गणपति शास्त्री 399, 408

टोडरमल्ल 438, 439

ड

डमरु 59

डल्हण 205

डिम 117

त

तण्डु 119, 141

तत (वाद्य) 41

तनसुखराम त्रिपाठी 247

तन्त्रसमुच्चय 419

त्याज्यवृक्ष 452

तरंगरंगक 263

तलव 5

त्सरु 321

तक्षा 61

ताडन 254

ताण्डव 43, 119, 141

तालाब्धि 134

तालमान 400

तार्क्षतन्त्र 389

तिर्यग्बन्ध 254

तिरुवेंगदाचार्य 282

तीरभुक्ति 263

तुन्नवाय 7

तुम्बरु 40

तुम्बरु वीणा 59

तुलायोग 331
तृतीयपुरुषार्थसाधकसरणि 283
तेजोक 247
तौर्यत्रिक 11, 128
त्रिधातुमय 333
त्रिभूमिविधान 399
त्रियामा 331
त्रिवर्ग 193
त्रिवर्गप्रतिपत्ति 223
त्रिविध विग्रह 445

द

दत्तक 207, 283
दत्तकसूत्र 207, 222, 283
दत्तिलम् 134
दत्तिलकोहलीयम् 134
दध्यायतक 256
दन्तगुण 249
दन्तदान 265
दन्तपत्र 53
दलनसह 308
दशरथशास्त्री 354
दशरूपविकल्पन 112
दशनच्छेद्यविधि 232
दक्षिणप्रतीहार 427
दक्षिणावर्तनाथ 245
दामोदर मिश्र 117
दामोदर गुप्त 246, 281
दामोदरलाल गोस्वामी 243
दारुकर्म 61
द्राक्षालता 2
द्वादशतलविधान 401
द्वारमाप 418
दिङ्मूढदोष 452
दिवोदास 275
दिव्यवपन 322
द्विगव 331
द्विजेन्द्रनाथ शुक्ल 402
दीपार्णव 396
दीपिका 250
दुर्भगावृत्त 240
दुर्लभकवि 286
दुर्विनीत 208
दूतीकर्म 240
द्यूतफलक 304
दृष्टिभेद 260
देवतामूर्ति 425
देवल 203
देवदत्ता 215
देवसेना 215
देवशिल्प 24, 27
देवीसिंह 277
देवेश्वर उपाध्याय 291
देशभाषा 68
देशी 42
देश्योपचार 232
दैवज्ञ सूर्य 275
दैवीवीणा 86
दोलिकादिलक्षण 392
दोहद 65, 298, 301
द्रोहिण 133
द्वन्द्वयुद्ध 298

ध

धनंजय 276
धनंजयधरणिदेव 288
धर्म 194, 225
धर्मयुद्ध 311
धर्म्य 331
धरणीपात 311
धातुवादविद् 64
धान्यभेद 341
धान्यकुट्टन 345
धान्यव्याधिखण्डन 345
धान्यबन्धन 354
धान्यकृत् 323
धारणाशक्ति 70
धुनीराम त्रिपाठी 354
धूर्तविटसंवाद 208, 215
धूपक 7
धीरनाग 117

न

नखोत्कर्ष 232
नटवरलाल 397
नटसूत्र 118
नट्टीय 187
नर्तनशाला 186
नतगण्ड 253
नन्दिकेश्वर 40, 202
नन्दिघोष 282
नन्दिसूत्र 209
नन्दी 222, 279
नदीमातृक 332
नपुंसकानन्दमन्दार 273
नर्मदाचार्य 281
नर्मकेलिकौतुकसंवाद 282
नखरदनजाति 232
नरपतिविजय 401
नष्टरागप्रत्यानयन 242
नाडीसंगमप्रकार 265
नागरकवृत्तप्रकरण 10
नागसत्त्वा 257
नागरसमुच्चय 254
नागपाश 254
नागपाद 261
नागरवल्लभ 283
नागरकवृत्त 230
नागरसर्वस्व 251, 283
नागार्जुन 246, 288
नागेशभट्ट 212
नाट्यवेद 11, 103
नाट्याचार्य 93
नाट्यमाता 109
नाट्यधर्मी 111, 128
नाट्यलक्षण 112
नाटकलक्षणरत्नकोश 252
नाटिका 117
नाथजी 434
नाद 341
नादयोग 87
नाभियन्त्र 202
नाम्ब 326
नारायण मुनि 43
नारायण नम्पूतिरि 418

नारायणप्रसाद मिश्र 282
नालिग्रहविधि 403
निकुंच 97
निघण्टु 409
निदानसूत्र 212
निधिसाधन 453
निम्बजा देवी 312
निर्माणदोष 454
नियुद्ध 308
निर्योल 344
नित्यनाथसिद्ध 276
निरुक्त 343
निरंजन देवतीर्थ 388
निरंजन महापात्र 444
निस्तृणीकरण 345
निष्कासनप्रकार 242
नीचरति 252
नीलकण्ठ मूसत 435
नृतवः 184
नृत्त 103, 108, 118
नृत्तकरण 119
नृत्य 140
नृत्याचार्य 94
नृसिंह 261
नेता 112
नेपथ्यपालिनी 53
नैसर्गिक वाद्य 41

प

पंचतत्त्व 108
पंचतन्त्र 219
पंचतन्त्रविधि 260
पंचम वेद 107
पंचसायक 258, 283
पंचमूल 350
पटवास 54
पण्डितमण्डली 134
पदार्थाभिनयता 128
पद्मप्राभृतकम् 208
परातिसंधान 72
पराशर 342
परिचयकारण 240
परिरम्भण-भेद 263
परिमाणमंजरी 418
पल्लीग्रामलक्षण 393
पशुपूर्वबन्ध 265
पत्रकारी 241
पत्रच्छेद्य 45
पाकदर्पण 57
पांचालिकी कला 230
पाणिघ्न 5
पाणिवादक 185
पादताडितक 208
पादपूर्ति 61
पादपप्रजाति 352
पादपस्वास्थ्य 348
पादपशरीर 350
पादुका-उपानद्-मंचादि 392
पारदारिक अधिकरण 240
पारदारिकतन्त्र 213
पारिभद्र 247
पाशकक्रीडा 72

पाशिका 344
पाक्षिकी नायिका 214
पिण्डीबन्ध 124
पिनाकी वीणा 59
पीढ 444
पुत्तलिका 305
पुत्तलिकानृत्य 105
पुनर्भू 239
पुनर्भूवृत्त 239
पुरुषायित 233
पुरुषायितबन्ध 264
पुरुषार्थ 193
पुरुषोपसृप्त 233
पुरूरवा 273, 285
पुष्यमित्र 212
पुष्ययात्रा 345
पुष्कर 41
पुष्करस्रज 51
पुष्पसज्जा 47
पूर्णाश्रम 309
पूर्ण सरस्वती 202, 215, 245
पूर्वाचार्य 132
पृथिवीदोहन 316
पृथ्वीधर 245
पृथु 315
प्रकरण 117
प्रकाशविनष्टा 242
प्रजापति ब्रह्मा 221
प्रणहन 233, 259
प्रणयकलह 234
प्रणयचिन्ता 284
प्रतिक्षेप 124
प्रथमकर्म 322
प्रभाशंकर ओघडभाई सोमपुरा 396, 433
प्रमाणमंजरी 417
प्रयोगनवरत्न 284
प्रयोज्योपावर्तन 236
प्ररूढ 308
प्रलम्बित 52
प्रवासचर्याप्रकरण 239
प्रवाणि 7
प्रसन्नकुमार आचार्य 400
प्रसाधनकला 53
प्रस्वापन 51
प्रहसन 117
प्रह्लादतन्त्र 389
प्रह्लाददेव 117
प्रहारविधि 451
प्राणहरि 277
प्रालम्ब 51
प्रासाद 423
प्रासादमण्डन 381
प्रियतोषण 268
प्रीति 258
प्रीतिविशेषप्रकरण 231
प्रेक्षागार 295
पेशस्करी 5, 58
पोपटभाई अम्बाशंकर माकड 410
प्रौढदेवराज राय 214, 256, 287

ब

बन्धभेद 284
बह्वन्न 355
बाउरी महाराणा 447
बाभ्रव्य 204, 205
बाभ्रव्यकारिका 207, 284
बाभ्रव्य पांचाल 222, 279
बालोपक्रम 235
बार्हस्पत्य अर्थशास्त्र 222
बाह्यरत 267
बिल्हण 117
बीज 328
बीजबीज 342
बीजसिद्धि 341
बुक्क शर्मा 280
बृहत्कथा 208
बृहत्संहिता 15, 375
बृहद्देवता 205
बृहस्पति 222
बृहती वीणा 59
ब्रह्मवीणा 59
ब्रह्माण्डवीणा 86
ब्रह्मवेधफल 440
ब्राह्मणग्रन्थ 375
बेटिना बूमर 407
बैजवापगृह्यसूत्र 329
बैले 114

भ

भगीरथ 290
भट्टोत्पल 403, 404
भरण-पोषण 238
भरतपुत्र 104
भरतबालबोध 134
भरतमिति 134
भरतमुनि 42, 90
भरतोत्तर 134
भरतकोश 134
भवदेव 410
भवानन्द ठक्कुर 291
भविष्णु 308
भस्रा 304
भाण 117
भाण्डागारलक्षण 394
भाद्रजलमोक्षण 343
भानुचन्द्रगणि 215
भार्याधिकारिक 237
भारती 108
भावाश्रय नृत्य 42
भावप्रकाशन 135
भावप्रकाशनिघण्टु 354
भावपरीक्षा 240
भास्करनृसिंह 242
भाषावृत्ति 205
भिट्टमानाधिकार 397
भुवनप्रवेश 448
भूच्छिद्रपिधान 340
भूपमुनि 261
भूमिगतजलसंसाधन 349
भूप्लवविचार 448
भूसार 314
भैषज्य 322

भोजनव्यवस्था 266
भोज्याभोज्य 335
भोज्यद्रव्य 348
भौमिक मण्डल 124

म

मण्डन 420
मण्डन सूत्रधार 358
मण्डल 122, 124
मण्डलक 249
मण्डलस्थान 95
मण्डोवर 424
मणिबिन्दुमाला 253
मणीन्द्रलालघोष 281
मत्स्यपुराण 369
मथुराप्रसाद दीक्षित 269, 281
मदनपाल सरस्वती 117
मदनगृहादि 266
मदनमुकुट 285
मदनसंजीवनी 285
मदनानन्द 285
मदनोदय 285
मदनोदयसारसंग्रह 285
मर्दना 310
मधुसूदन मिश्र 117
मधूच्छिष्टविधान 401
मनमोहन घोष 105
मनसिजसूत्र 285
मनु 222
मनुष्यालयचन्द्रिका 437
मन्मथसंहिता 286
मयकादान 345
मयूरपद 253
मल्ल 417
मल्लदेव 243
मल्लनाग 10, 193, 216, 279
मल्लपुराण 306, 307
मल्लिनाथ 212, 288
महाविषय 11
महती वीणा 59
महादेव 117
महाभाष्य 209
महानाटक 257
महाराणा कुम्भा 420
महावादी 115
महाशिल्पोपनिषद् 386
महामर्म 404
महेश्वर 389
महारत्न 63
मार्ग 40
मातृप्रसाद पाण्डेय 445
मातुलीकन्या 235
माधव 278, 283
माधवमहाधिराज 208
माधवसिंह देव 280
माधवदेव नरेन्द्र 289
मानयोग 331
मानसार 368, 374, 400
मानसोल्लास 295, 297, 307
मानववास्तुलक्षण 435
मानवधर्मशास्त्र 222
मानुषशिल्प 6

मायूरक 7
मारयुद्ध 311
मासूरोपानह 436
मज्झिमनिकाय 209
मिहिरचन्द्र 392
मीननाथ 267, 292
मुकुलहस्त 97
मुण्डमाला 52
मुखरत 268
मुष्टिबन्ध 294
मुष्टिग्रहण 345
मुरारि 116
मूक अभिनय 105
मूकदूती 241
मूल 342
मृगी 232
मृगयावन 340
मेघानयन 344
मेघिविजय 354
मेधिरोपण 345
मोक्ष 194
मो. सोमपुरा 397
मोतीचन्द्र 398
मोहनामृत 286
मोहिनीतन्त्र 277

य

यदुनाथ सिंह 275
यन्त्र 69
यन्त्रविज्ञान 70
यशचन्द्र 117
युग 330
युद्ध-चित्र 449
यूनानी प्रभाव 105
योगाधिकारिक 286
योनिमंजरी 286
योन्यन्तरी भाषा 68

र

रंगनाथ लाले 277
रंगने की कला 47
रंगमंडल 295
रंगभूमि 308, 311
रंगपूजा 108
रघुनाथ मनोहर 276
रंजना 113
रतविशेष 234
रतारम्भावसानिक 234
रतिकला 286
रतिकल्लोल 287
रतिकल्लोलिनी 287
रतिचन्द्रिका 287
रतिदर्पण 287
रतिनीतिमुकुल 287
रतिमंजरी 287
रतिरहस्यकौतूहल 287
रतिविलास 288
रतिशास्त्रसमुच्चय 288
रतिसर्वस्व 288
रतिसागर 288
रतिसारमाधव 289
रतिरहस्य 202, 213, 215

रतिशास्त्र 245, 246, 288
रतिबन्ध 261, 265
रतिरहस्यप्रकाशिका 250
रतिरत्नप्रदीपिका 213, 287
रथचर्या 28
रन्तिदेव 286
रस 27
रसदीपिका 247
रसमंजरी टीका 259
रसरत्नसमुच्चय 202
रसिकबोधिनी 289
रसिकरंजन 289
रसिकसर्वस्व 259, 289
रसिकप्रिया टीका 259
रवि वर्मा 117
राग 83, 84
राजस्थपति 63
राजानयन 344
राजक्रीडा 414
राजवल्लभ 422
राजवल्लभवास्तुशास्त्र 423
राजमार्त्तण्ड 439
राजशेखर 116, 210
राजतरंगगिणी 216, 246
राजर्षि भरत 272
राजपुत्र 278
रामानुजाचार्य 401
रामचन्द्र महापात्र 405
रामकुमार राय 262
रामचन्द्र 117
राम कवि 117
रावणहस्ता 59
रिरंसु 265
रुद्रभट्ट 271
रुद्रवीणा 59
रूप 102
रूपगोस्वामी 37
रूपमण्डन 425, 428
रूपाजीवा 242
रेख 444
रेचक 124
रेवणाराध्य 257, 292
रोचक 7
रोप्य 336
रोमहर्षण 17

ल

लगध 330
लघुहस्त 385
लताभेद 406
लल्ल 441
लवक 336
लवी 104
लक्ष्मीधर 352
लक्ष्यवेधना 256
लाभहानि 238
लाभविशेष 242
लास्य 139, 185
लास्यनृत्य 43
लासिका 187
लालाटिक 249
लुब्धयोग 293

लुपालम्बप्रमाण 437
लूडर्स 105
लोकवृत्त 17
लोकधर्मी 111, 128
लोकनृत्य 118
लोकोपदेश 106
लोकेश्वर 252
लोमशातन 266

व

वज्रबाहु 88
वज्रलेपनिर्माणविधि 405
वडवा 233
वत्सगुल्म 412
वत्सचक्र 451
वत्सराज 117
वर्तुलाकार 311
वधूनेपथ्य 453
वनमाला 354
वनमाली 278
वय 323
वरत्र 61
वरत्रा 323
वराटकक्रीडा 307
वराहमिहिर 14, 340, 403
वरदार्य 279
वरणसंविधान 234
वररुचि 117
वली 361
वंशकृत 7,61
वशीकरण 270
वशीकरण-प्रकरण 242
वर्ष्य 323
वर्षप्रबोध 354
वर्षचक्र 357
वस्तु 112
वसुनन्द 292
वाक्यवीणा 86
वाक्यार्थाभिनयता 128
वाकली 253
वाजिवाह्यालि 297
वार्तिक 134
वातदूती 241
वात्स्यायन 216
वात्स्यायनसूत्रसार 254, 289
वानश्रोडर 105
वामनभट्ट बाण 117
वामन 353
व्यंकटवर्य 117
व्यायामशास्त्र 307
व्यानतकरण 254
व्यानतबन्ध 264
व्यायोग 117
व्यावर्तनकारण 240
वायव्य 324
वायुरोधी 344
वाशी 5
वासला 257
वासवदत्ता 218
वासुदेवशरण अग्रवाल 407, 409
वास्तुकौस्तुभ 375
वास्तुशास्त्र 364

वास्तुस्थापकविद्या 387
वास्तुसार 431, 432
वास्तुलक्षण 447
वास्तुसूत्रोपनिषद् 389
वास्तुमण्डन 431
वास्तुकर्मसर्वस्व 446
विंडिश 105
वितत 52
विदलकारी 61
विन्ध्येश्वरीप्रसाद द्विवेदी 448
विनोदविंशति 414
विपुला 215
विमर्शिनी 418, 420
विद्यासमुद्देश 228
विद्याधर 281
विद्यासागर 261
विद्युल्लता-टीका 202
विटवृत्त 289
विरक्तप्रतिपत्ति 241
विरक्तलिंग 241
विलासमेखला 52
विलासिजनवल्लभ 290
विवरण-टीका 259
विवर्ण 420
विवाह 236
विवीत 337
विशालाक्ष 342
विशाखदत्त 115
विशीर्णप्रतिसन्धान 241
विश्वेश्वर 117
विश्वकर्माप्रकाश 375
विश्वकर्मप्रकाश 392
विशेषक 45
विष्णुशर्मा 219
विष्णुपत्नी 347
विहारयात्रा 300
वीणावादन 59
वीथीविन्यास 436
वीरभद्रदेव 243, 272
वृत्ति 111
वृद्धिविधि 242
वृषघाती 331
वृष्ययोग 56, 242
वृषभयुद्ध 298
वृक्षायुर्वेद 318, 348
वृक्षसेचन 333
वृक्ष-आरोग्य 336
वृक्षपोषण 349
वृक्षच्छेदनविधि 439
वृक्षारोपण 345
वेणीस्रक् 51
वेणुदार 265
वेष्टिम 52
वेत्रपट्टिका 61
वेदव्यास 107
वेधक 7
वेश्याविशेष 242
वेश्यांगनाकल्पद्रुम 290
वैकक्षक 51
वैखानस शाखा 346
वैशिक अधिकरण 241
वैशिकतन्त्र 246

वैद्यनाथदीक्षित 289
व्रैहेय 336
व्योमपद 263

श

शकटिका 69
शक्तिभद्र 117
शंखधर 117
शतस्तम्भमण्टप 395
शम्भलीमत 281
शम्भुराज 134
शय्या 49
शयनरहस्य 290
श्यामलिक 117, 208
शरशलाकायन्त्र 61
श्लथा 257
श्वासरोग 309
शाकादिकृषिक्रमकथन 346
शारिफलक 72
शालभंजिका 300
शासनदेवता 427
शाहराज 291
शिखरहस्त 97
शिल्प 1,23, 365, 391
शिल्पकारिका 27, 242
शिल्पवेद 387
शिल्पशास्त्र 16, 447
शिल्पशैलियाँ 410
शिल्परत्न 443
शिल्परत्नकोश 445
शिल्पसदाजय 448
शिल्परत्नाकर 450
शिवप्रतीहार 430
शिवस्वरूपविमर्शिनी 25
शिवतत्त्वरत्नाकर 295
शिबिरनगरलक्षण 393
शीलनाश 249
श्रीकृष्णशर्मा बझे 391
श्रीराम दैवज्ञ 434
श्रीराम 442
श्रीरामचरित 264
श्रीकुमार 442
शुक्रसंहिता 277
शुक्राचार्य 16
शुचि 330
शुनासीर 321
शूकधान्य 335
शूद्रकर्षकप्राय 317, 333
शूद्रक 117, 208
शूलस्थापनलक्षण 443
शृंगारकन्दुक 290
शृंगारकुतूहल 290
शृंगारकौतूहल 290
शृंगारमंजरी 290
शृंगारदीपिका 260
शृंगाररसप्रबन्धदीपिका 291
शृंगारसंजीवनी 291
शृंगारसारसारणी 291
शेखर 52
श्वेतकेतु 203, 205, 222
शैल्पिक 386
शैलालक 118

शैलूष 185
शौनकतन्त्र 389

स

संज्ञालिपि 8, 68
स्कन्धबीज 342
संकेतविज्ञान 252
संख्यान 26
संख्याता 59
संगीत 128
संगीत-साधना 85
संगीतसमयसार 133
संगीतशिरोमणि 134
संगीतरत्नाकर 134
संघात्य 52
संघातक 122
संजीवद्यूत 66
संजीवनी-टीका 288
संततिनिग्रह 270
सतीनक 333
स्थानक 20, 123
सदर्पकन्दर्प 291
स्नापक 7
स्नानचूर्ण 54
सन्धियाँ 112
सप्त मातायें 430
सबलसिंह 230
समापान 58
समागता 59
समाज 298
समन 306, 118
समयमातृका 255
समवकार 117
समज्जा 118
सम (स्थिति) 125
समयोग 335
समाहर्ता 337, 356
समरतिसंयोग 231
सम्बन्धनिश्चय 235
सम्भोगरत्नाकर 277
सम्प्रतिपत्ति 223
स्मरतन्त्रकल्प 292
स्मरप्रदीप 293
स्मररहस्यपंचरत्न 292
स्मरतत्त्वप्रकाशिका 292
स्मरयन्त्र 242
स्मरकारी 358
स्मरशास्त्र 216, 292
स्वर्गार्णव 377
सद्योवृष्टि 357
सद्यःस्नाता 303
समौष्ठ 263
संयुक्तहस्तमुद्रायें 143
सरकार 362
सरस्वतीदेवियाँ 427
सरलक्षण 449
संवाहक 67
संवाहन 28, 67
सर्वलिपिज्ञ 68
सर्वज्ञ गुणाकर 276
सर्वाङ्गसुन्दरी टीका 288
सर्वसस्यप्ररोहा 333

संवेशनविधि 232
सर्वांजनविधि 453
स्वस्थाननिरत 308
स्वयंजा आपः 323
संस्थानवैशिष्ट्य 427
सस्यश्यामल 334
सस्यरक्षण 340
सहायक पृदाकु 324
सहोदक 339
संहितासौख्य 439
संहितोष्ठ 253
साकेतक 115
साची 95
सात स्वर 83
सात्त्वती 108, 111
सातवाहन 218
साम 40, 77
सामराज दीक्षित 117, 264, 287
साम्राज्यलक्ष्मीपीठिका 307
सिंगाचार्य 134
सिद्धयोग 349
सिद्धिविधान 111
सिद्धदेव 288
सिद्धनागार्जुन 245
सिंहासन 261
सीता 330
सीताध्यक्ष 337
सीत्य 336
सीत्कृत 233
सीत्कार 258
सीर 330
स्त्रीराज्य 241
स्त्रीविलास 291
स्त्रीसिद्धपुरुष 240
स्त्रीपुरुषशीलावस्थापन 240
सुकुमार 130
सुखशास्त्र 203
सुगन्धि 261
सुधाकर 7
सुपर्णाध्याय 105
सुपेशस् 3
सुबालक बाभ्रव्य 204
सुबन्धु 216
सुभगंकरण 242
सुभट कवि 117
सुरपाल 348
सुलेमच्चरितम् 262
सुवर्चला 203
सुवर्णनाभ 210, 278
सुषिर 41, 323
सूद 326
सूप्यधान्य 335
सूर्यनारायण 273
सूत्रधार 11
सूत्रसाहित्य 375
सूत्रसन्तान 410
सूत्रधारमण्डन 423
सृणि 321, 326
सेचनक्रीडा 307
सेचनविधि 333
सोपानविषय 452
सोमदत्ति 289

सोमभट्ट 387
सोमेश्वर 307
सोमेश्वरदेव 413
सौष्ठव 121

ह

हयग्रीव 19, 76
हरप्रसाद शास्त्री 415
हर्टेल 105
हरमन रीक 105
हरिमेखला 255
हरिहर 260, 291
हरिदास मित्र 430
हलप्रसारण 330
हलप्रवहण 330
हस्तिनी 233
हस्ताभिनय 96
हस्तलक्षणदीपिका 135
हर्षवर्धन 116
हाल 336
हास्य 326
हिल्लोल 261
हिलब्रान्ड 105
हीयमान 308

संपादक

प्रो. श्रीकिशोर मिश्र

संक्षिप्त परिचय

जन्मतिथि : १२ अगस्त, १९५९

जन्मस्थान - वाराणसी

पितृनाम - (स्व.) प्रो. गोपाल चन्द्र मिश्र (वेदविभागाध्यक्ष, संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी)

शिक्षादीक्षा-वेदाचार्य (स्वर्णपदकप्राप्त), विद्यावारिधि, मीमांसाचार्य (सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी) एम.ए. संस्कृत (स्वर्णपदकप्राप्त) (काशी हिन्दू विश्वविद्यालय) पीएच.डी. (कलकत्ता विश्वविद्यालय) डी.लिट्. (सम्मानित) कलकत्ता।

कार्यक्षेत्र-प्राध्यापक (वेदविभाग) सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, प्राध्यापक (संस्कृतविभाग) काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, उपाचार्य (संस्कृत विभाग) काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, प्रोफेसर (संस्कृतविभाग) काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (१९९९ से सतत), (अध्यापन एवं शोध-निर्देशन, २५ से अधिक छात्र शोधोपाधि प्राप्त)।

प्रमुख प्रकाशित कृतियाँ-संस्कृत रचनायें-वेदशाखापर्यालोचनम् (१९८५) मधुपर्कपर्यालोचनम् (१९८८) कात्यायनीयच्छन्दःसूत्रम् (१९८९) प्राचीन-भारतीयसामाजिकधर्मः (१९९०) याज्ञिकन्यायमालाविस्तरः (१९९४) कौशिकगृह्यसूत्रभाष्यम् (प्रथमाध्यायः१९९८, द्वितीयाध्यायः २०१५) मूल्याध्यायपरिशिष्टभाष्यम् (२०१०) कौशिकसूत्रप्रयोगोद्द्योतः (२०१२) उपाकर्मपीयूषः (२०१३) आदि।

हिन्दी रचनायें- छन्दश्शात्र कः उद्भव एवं विरुतार (२००६) वेदार्थ-पारिजातभाष्य (अनुवाद, खण्ड ३ एवं ४ १९९२) बाष्कालमन्त्रोपनिषद् (अनुवाद २००६) श्रीश्यामदेवोपासना (२०१०) आदि।

सम्पादन- स्मार्तोल्लासः (१९९९) अथर्ववेदीयव्रात्यसूक्तम् (२००८) श्रीविद्यामन्त्रमहायोग (शोधपत्रिका) संस्कृतसौदामनी (शोधपत्रिका) अनुसन्धानवल्लरी (शोधपत्रिका)।

प्रकाशित निबन्ध- वेद, धर्मशास्त्र, संस्कृतसाहित्य, आगम आदि विषयों पर ७५ से अधिक शोधलेख आदि प्रकाशित।

पुरस्कार- उत्तर-प्रदेश-संस्कृत-संस्थान-संस्कृत साहित्य पुरस्कार (१९८५, १९८८, १९८९, १९९८, १९९९, २००१, २०१४) शंकरपुरस्कार (१९९१) विशेष पुरस्कार (२००६, २००९) वेदपण्डित पुरस्कार (१९९४) विशिष्ट पुरस्कार (२०१३) **राजस्थान संस्कृत अकादमी**-पन्नालाल जोशी पुरस्कार (१९८७) अम्बिकादत्त व्यास पुरस्कार (१९८७) कांकर पुरस्कार (१९९०) साहित्य पुरस्कार (१९९३) शास्त्रपुरस्कार (१९९८) मण्डनमिश्र पुरस्कार (२०१५-१६) **दिल्ली संस्कृत अकादमी**-खानखाना पुरस्कार (१९९२) गंगेश्वरानन्द पुरस्कार (महाराष्ट्र १९९१) हारीतराशिपुरस्कार (उदयपुर (१९९६), श्री शृंगेरीशंकराचार्य महासंस्थान पुरस्कार (२००६), सरस्वती सम्मान (नाशिक २०१०) श्री करपात्रस्वामीस्मृति पुरस्कार (२०११) आदि।

सम्मान- वैदिकशिरोमणि-सम्मान (जयपुर १९९६), श्रीकाशीविश्वनाथमन्दिर न्यास सम्मान पुरस्कार (२००४) ब्रह्मकीर्ति-सम्मान (पुणे २००९) शास्त्रपारंगत-सम्मान (जयपुर २००९) पण्ड्यास्मृति-सम्मान (उज्जैन २०११) गणेशोत्सव-सम्मान (वाराणसी २०१३) संस्कृत-सम्मान (कलकत्ता विश्वविद्यालय २०१३ आदि।